PRĀKṚTA BHAṢĀ AUR SĀHITYA KĀ ĀLOCANĀTAMAKA ITIHĀSA

(*A Comprehensive and Critical History of Prakrit Language and Literature*)

DR. N. C. SHASTRI

Jyotishacharya, Nyayatirtha, Kavyatirtha, M. A. (Sanskrit, Hindi & Prakrit)
Gold Medalist, Ph. D

Head of the Dept. of Sanskrit & Prakrit
H. D. Jain College Arrah, (Bihar)
(Magadh University)

TARA PUBLICATIONS
KAMACHHA, VARANASI
1966

प्राकृत भाषा और साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास

[प्राकृत भाषा और साहित्य का ई० पू० ६०० से ई० सन् १८०० तक का विश्लेषणात्मक एवं आलोचनात्मक इतिवृत्त ।]

कथ्यरूप में छान्दस्-पूर्व प्राकृत की सत्ता, अर्धमागधी, शौरसेनी प्रभृति प्राकृत भाषाओं का आलोचनात्मक एवं व्याकरणमूलक विवेचन तथा प्राकृत का भाषा-वैज्ञानिक विश्लेषण।
कालविभाजन, आगमसाहित्य, काव्य, सट्टक और कथाप्रभृति काव्य-विधाओं का अनुशीलन।

डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री

ज्योतिषाचार्य, न्यायतीर्थ, काव्यतीर्थ, साहित्यरत्न,
एम० ए० (संस्कृत, हिन्दी एवं प्राकृत) गोल्ड मेडलिस्ट, पी-एच० डी०,
अध्यक्ष संस्कृत-प्राकृत-विभाग,
एच० डी० जैन कालेज, आरा (मगध-विश्वविद्यालय)

तारा पब्लिकेशन्स

कमच्छा, वाराणसी।

१९६६

प्रथम संस्करण १९६६

मूल्य बीस रुपए

प्रकाशक . तारा पब्लिकेशन्स, वाराणसी।

मुद्रक : गौरीशंकर प्रेस, वाराणसी।

गंथ-समप्पणं

दंस्स दंस्सं पहवदि मणो कस्स णो जस्स दिव्वं,
विद्दुज्जाए सघणरुइरं णाण-विण्णाण-तेओ।
लोयालोए दिहि दिहि चिरं सुज्झदे जस्स कित्ती,
हीरालालो जयदु विउसां अग्गगण्णो हि जेणो॥

भासायासे पहर-रवि इव पाइए भासमाणो,
जो अब्भंसे विलसदि सुही वुन्दमज्झेऽद्दुइयो।
अज्झेइणां हरदि हिअयं संकिदा जस्स भूई,
सोऽयं लोए भवदु णियरा कस्स णो पूयणीयो॥

जो साहित्ते परमसरसो दसणे दंसणीयो,
तक्के तिव्वो अपहदगदी वादिहिं वंदणिज्जो।
जीहा-देसे विहरदि सदा जस्स वाणी पसण्णा,
तम्हे सीयां विदरदि कदि सांजली णेमिचंदो॥

●

विषय-सूची

आमुख — १-२०

प्रथम खण्ड

अध्याय १

भाषाविकास और प्राकृत	१
वैदिक या छान्दस् में प्राकृतभाषा के तत्त्व	४
प्राकृत भाषा का विकास	८
प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति	११
प्राकृत के भेद	१७
प्राकृत भाषा के शब्द	१८
प्राकृत की प्रधान विशेषताएँ	२०

अध्याय २

द्वितीय स्तरीय—प्रथम युगीन प्राकृत	२४
पालि	२४
पालि का व्याकरण सम्बन्धी गठन	२८
जैन सूत्रों की प्राकृत	३१
अर्धमागधी	३२
अर्धमागधी का रूपगठन	३४
अर्धमागधी की ध्वनि परिवर्त्तन सम्बन्धी विशेषताएँ	३७
प्राचीन शौरसेनी या जैन शौरसेनी	४२
प्राचीन शौरसेनी का व्याकरण सम्बन्धी गठन	४५
शिलालेखी प्राकृत	४९
पश्चिमोत्तरी प्राकृत की ध्वनि परिवर्त्तन सम्बन्धी विशेषताएँ	५०
दक्षिणी-पश्चिमी शिलालेखों की प्राकृत का विश्लेषण	५४
पूर्वी समूह : प्राकृत का व्याकरण मूलक विवेचन	५८
खारवेल के शिलालेख की प्राकृत	६०

णमोकार मन्त्र का पाठ ६०
ध्वनि परिवर्तन सम्बन्धी विशेषताएँ ६१
नियां प्राकृत : विश्लेषण ६६
धम्मपद की प्राकृत : विश्लेषण ६९
अश्वघोष के नाटकों की भाषा ७०

अध्याय ३

द्वितीय स्तरीय मध्ययुगीन प्राकृत ७२
मध्ययुगीन प्राकृत भाषा की प्रमुख विशेषताएँ ७६
महाराष्ट्री प्राकृत का व्याकरणमूलक विश्लेषण ८०
शौरसेनी प्राकृत : ध्वनि परिवर्तन एवं गठन ८४
मागधी : ध्वनिपरिवर्त्तन एवं गठन ८८
पैशाची : ध्वनि परिवर्त्तन एवं गठन ९०
चूलिका पैशाची : ध्वनि परिवर्त्तन एवं गठन ९४
अन्य प्राकृत ९५

अध्याय ४

अपभ्रंश का स्वरूप विश्लेषण ९८
अपभ्रंश का विस्तार क्षेत्र १०१
अपभ्रंश के अनुशासन सम्बन्धी नियम १०६

अध्याय ५

प्राकृत भाषा और भाषा-विज्ञान ११६
ध्वनि परिवर्त्तन के कारणों का प्राकृत में सद्भाव ११८
आदिस्वर लोप ११९
मध्यस्वर लोप १२०
आदिव्यञ्जन लोप १२०
मध्यव्यञ्जन लोप १२१
अन्त्यव्यञ्जन लोप १२२
समाक्षर लोप १२२
आदि स्वरागम १२३
मध्य और अन्त्य स्वरागम १२३

आदिव्यञ्जनागम	१२३
मध्यव्यञ्जनागम	१२४
अन्त्यव्यञ्जनागम	१२४
विपर्यय	१२५
ह्रस्व मात्रा का नियम	१२५
समीकरण	१२८
अपश्रुति	१३१
सम्प्रसारण	१३४
स्वर परिवर्त्तन पर स्वराघात का प्रभाव	१३५
स्वरभक्ति	१३७
सन्धि	१३८
अकारण अनुनासिकता	१४२
घोषीकरण	१४२
अघोषीकरण	१४३
महाप्राणीकरण	१४३
अल्पप्राणीकरण	१४४
उष्मीकरण	१४४
तालव्यीकरण	१४४
मूर्धन्यीकरण	१४५
य-व-श्रुति का सतर्क निरूपण और उसका हेतु	१४५
पदरचना	१४६

द्वितीय खण्ड

अध्याय १

कालविभाजन और उसका औचित्य	१५७
आगम साहित्य का सामान्य विवेचन	१६१
अर्धमागधी आगम साहित्य	१६५
आयारंग	१६५
सूयगडंग	१६६
ठाणांग	१६७

समवायांग	१६८
वियाहपण्णत्ति	१६९
नायाधम्मकहा	१७१
उवासगदसाओ	१७३
अंतगडदसाओ	१७५
अणुत्तरोववाइयदसाओ	१७७
पण्हवागरणाइं	१७७
विवागसुयं	१७८
दिट्ठिवाद	१७६
औपपातिक	१८०
रायपसेणिय	१८०
जीवाभिगम	१८१
पण्णवणा	१८२
सूरियपण्णत्ति	१८२
जंबूदीवपण्णत्ति	१८३
चंदपण्णत्ति	१८४
कप्पिया	१८५
कप्पावडंसियाओ	१८५
पुप्फिया	१८६
पुप्फचूला	१८६
वण्हिदसाओ	१८६
छेदसूत्र	१८७
निसीह	१८७
दससुयक्खंध	१९१
कप्प	१९१
पंचकप्प	१९२
मूलसूत्र	१९२
उत्तराध्ययन	१९२
आवस्सय	१९५
दसवेयालिय	१९५
पिंडणिज्जुत्ति	१९६

दस पइण्णग	१९७
चूलिकासूत्र	१९९
नन्दीसूत्र	१९९
अनुयोगद्वारसूत्र	१९९
टीका और भाष्य	२००
शौरसेनी आगम साहित्य	२०३
छक्खंडागम (षट्खण्डागम)	२०३
महाबन्ध	२११
कसायपाहुड (कसायप्राभृत)	२१३
शौरसेनी टीका साहित्य : धवलाटीका	२१६
जयधवलाटीका	२१८
आचार्य कुन्दकुन्द और उनका साहित्य	२२१
यतिवृषभ और उनका साहित्य	२२९
वट्टकेर और उनका साहित्य	२३२
शिवार्य और उनकी भगवती आराधना	२३३
स्वामिकार्त्तिकेय और उनकी कार्त्तिकेयानुप्रेक्षा	२३५
आचार्य नेमिचन्द्र और उनका साहित्य	२३६
अन्य आगम साहित्य	२३८
न्यायविषयक प्राकृत-साहित्य	२४०
आचार विषयक प्राकृत-साहित्य	२४१
आगम साहित्य की उपलब्धियाँ	२४४

अध्याय २

शिलालेखी साहित्य	२४७
सम्राट् खारवेल का हाथीगुंफा शिलालेख	२४९
मूलपाठ और संस्कृत छाया	२५०
कक्कुक शिलालेख : मूलपाठ और हिन्दी अनुवाद	२५५
मथुरा के प्राकृत शिलालेख	२५८

अध्याय ३

प्राकृत के शास्त्रीय महाकाव्य	२६०
सेतुबन्ध का रचयिता	२६३

सेतुबन्ध की कथावस्तु २६६
सेतुबन्ध : समीक्षा २६८
सेतुबन्ध : अलंकार योजना २७१
सांस्कृतिक निर्देश २७४
गउडवहो : रचयिता २७४
गउडवहो : कथावस्तु २७६
गउडवहो . समीक्षा २७८
गउडवहो : अलंकार योजना १७९
निष्कर्ष २८०
द्वयाश्रयकाव्य : रचयिता २८१
द्वयाश्रयकाव्य : कथावस्तु २८३
आलोचना २८४
द्वयाश्रयकाव्य : अलंकार योजना २८५
रस-भाव-योजना २८७
लीलावई . स्वरूप २८९
लीलावई : रचयिता २९०
लीलावई कथावस्तु २९०
लीलावई : समीक्षा २९१
लीलावई . अलंकार योजना २९२
सिरिचिंधकव्व २९५
सोरिचरित २९६
प्राकृत खण्डकाव्य २९७
कंसवहो स्वरूप और रचयिता २९८
कंसवहो कथावस्तु २९९
कंसवहो . समीक्षा ३००
कंसवहो : अलंकार योजना ३०२
कंसवहो : भाषा ३०५
उषानिरुद्ध स्वरूप और रचयिता ३०५
भृंगसन्देश : परिचय ३०६

अध्याय ४

प्राकृत-चरितकाव्य	३०८
चरितकाव्यों के प्रबन्धप्रारूप	३०९
चरितकाव्य के तत्त्व	३१०
पउमचरियं : रचयिता	३१२
पउमचरियं : कथावस्तु	३१२
पउमचरियं . समीक्षा	३१४
पउमचरियं : प्रकृतिचित्रण	·१६
पउमचरिय अलंकारयोजना	३१७
पउमचरियं प्रमुख विशेषताएँ	३१९
सुरसुन्दरीचरियं · स्वरूप और रचयिता	३१९
परिचय और समीक्षा	३२०
सुपासनाहचरियं रचयिता	३२३
सुपासनाहचरियं : कथावस्तु	३२३
सुपासनाहचरियं . आलोचना	३२४
सिरिविजयचंद केवलिचरियं · स्वरूप और रचयिता	३२६
सिरिविजयचद केवलिचरियं · परिचय और आलोचना	३२७
महावीरचरियं · रचयिता का परिचय	३३०
महावीरचरियं : कथावस्तु और आलोचना	३३०
सुदसणाचरियं . रचयिता का परिचय	३३१
कथावस्तु और आलोचना	३३२
कुम्मापुत्तचरियं रचयिता, कथावस्तु और आलोचना	३३३
अन्य चरितकाव्य	३३५
गद्य-पद्य-मिश्रित चरित-काव्य	३३७
चउप्पन-महापुरिसचरियं : परिचय और समीक्षा	३३८
जंबुचरियं . परिचय और समीक्षा	३४१
रयणचूडरायचरियं . परिचय और समीक्षा	३४६
सिरिपासनाहचरियं परिचय और समालोचना	३५२
महावीरचरियं : परिचय और आलोचना	३५६

अध्याय ५

प्राकृत–चम्पूकाव्य स्वरूप और तत्त्व	३६०
कुवलयमाला : रचयिता और कथावस्तु	३६१
कुवलयमाला : आलोचना	३६४

अध्याय ६

प्राकृत-मुक्तककाव्य . स्वरूप, विकास और तत्त्व	३६९
गाहासत्तसई : परिचय और समीक्षा	३७२
वज्जालग्गं परिचय और समालोचना	३७७
विषमबाणलीला	३८३
प्राकृत पुष्करिणी	३८४
प्राकृत के रसेतर मुक्तक	३८५
वैराग्यशतक . परिचय और समीक्षा	३८७
वैराग्य-रसायन-प्रकरण परिचय और समीक्षा	३८९
धम्मरसायण परिचय और समालोचना	३९२
धार्मिकस्तोत्र : विवेचन	३९४
ऋषभपचासिका परिचय और आलोचना	३९५
उवसग्गहर स्तोत्र परिचय और आलोचना	३९६
अजिय-संतिथय परिचय	३९६
शाश्वतचैत्यास्तव	३९७
भवस्तोत्र	३९७
निर्वाणकाण्ड	३९८
लघ्वजित-शान्तिस्तवनम्	३९९
निजात्माष्टकम्	४०२
अरहंतस्तवनम्	४०३

अध्याय ७

सट्टक	४०५
सट्टक की उत्पत्ति और विकास	४०८
सट्टक का स्वरूप और उसकी विशेषताएँ	४१२
कर्पूरमंजरी · रचयिता	४१३
कथावस्तु	४१४

समीक्षा ४१६
चंदलेहा : रचयिता, कथावस्तु और समीक्षा ४१८
आनन्दसुन्दरी : रचयिता, कथावस्तु और समीक्षा ४२४
रंभामंजरी रचयिता, परिचय और समालोचना ४२६
शृङ्गारमंजरी : रचयिता, परिचय और समालोचना ४३०
अन्य सट्टक ४३१
नाटक साहित्य में प्राकृत ४३२

अध्याय ८

प्राकृत कथा साहित्य : स्वरूप और तत्त्व ४३८
प्राकृत कथा साहित्य का विकास ४४०
प्राकृत कथाओं के प्रकार ४४३
तरंगवती परिचय और समीक्षा ४५०
वसुदेवहिण्डी परिचय और आलोचना ४५६
समराइच्चकहा : रचयिता, कथावस्तु और आलोचना ४६३
धूर्त्ताख्यान : परिचय और समीक्षा ४७४
हरिभद्र की लघु प्राकृत कथाएँ ४७६
निर्वाण लीलावती कथा परिचय और समीक्षा ४८०
कथाकोषप्रकरण : परिचय और समालोचना ४८२
संवेग-रंगशाला : परिचय और समालोचना ४८६
नागपञ्चमीकहा रचयिता, परिचय और आलोचना ४८८
कहारयणकोस : आलोचनात्मक विश्लेषण ४९१
नम्मयासुन्दरीकहा : समालोचनात्मक अध्ययन ४९३
कुमारपालप्रतिबोध समालोचनात्मक विश्लेषण ४९८
आख्यानमणिकोश : आलोचनात्मक विवेचन ५०१
उक्त कथाकोश की विशेषताएँ ५०२
जिनदत्ताख्यान : आलोचनात्मक विश्लेषण ५०५
सिरिसिरीवालकहा : परिचय और समीक्षा ५०८
रयणसेहरनिवकहा समालोचनात्मक विश्लेषण ५१०
महिवालकहा : परिचय और आलोचना ५१३
पाइअकहासंगहो : आलोचनात्मक विवेचन ५१५

अध्याय ९

व्याकरणशास्त्र का इतिवृत्त ५१८
प्राकृतलक्षण ५२२
प्राकृतप्रकाश ५२३
सिद्धहेमशब्दानुशासन ५२४
त्रिविक्रमदेव का प्राकृत शब्दानुशासन ५२५
षड्भाषा चन्द्रिका ५२६
प्राकृत रूपावतार और प्राकृत सर्वस्व ५२६
छन्दश्शास्त्र : स्वरूप विश्लेषण ५२७
वृत्तजातिसमुच्चय ५२८
कविदर्पण ५२८
गाहालक्खण ५२८
प्राकृतपैंगलम् ५२९
अलंकार साहित्य ५३३
अलंकारदप्पण ५३६
कोषग्रन्थ ५३६
पाइयलच्छी नाममाला ५३७
देशीनाममाला : परिचय ५३९
देशीनाममाला : साहित्यिक सौन्दर्य ५४०
आधुनिक भाषा शब्दों से साम्य ५४२
विशेष शब्द ५४४
संस्कृतिसूचक शब्द ५४६
अन्य प्राकृत कोषग्रन्थ ५४८
अन्य विषयक प्राकृत साहित्य ५४८
प्राकृत साहित्य की उपलब्धियाँ ५५२
ग्रन्थ और ग्रन्थकारनामानुक्रमणिका ५५७
पात्रनामानुक्रमणिका ५७४
नगर, जनपद और देश नामानुक्रमणिका ५८४
नदी नामानुक्रमणिका ५८७
उद्धृत प्राकृत पद्यानुक्रमणिका ५८८
उद्धृत संस्कृत पद्यानुक्रमणिका ५९५
उदाहृत प्राकृत शब्दानुक्रमणिकाएँ ५९६
प्रकाशित प्राकृत ग्रन्थानुक्रमणिका ६३२

आमुख

साहित्य-पाथोनिधि-मन्थनोत्थं कर्णामृतं रक्षत हे कवीन्द्रा.

—विक्र० च० १।११ ।

संस्कृति की आत्मा साहित्य के भीतर से अपने रूप-लावण्य को अभिव्यक्त करती है। इसी कारण साहित्य सामाजिक भावना, क्रान्तिमय विचार एवं जीवन के विभिन्न उत्थान पतन की विशुद्ध अभिव्यञ्जना है। यह समाज के यथार्थ स्वरूप को अवगत करने के लिए मुकुर है और है सस्कृति का प्रधान वाहन। साहित्य किसी भाषा, देश, समाज या व्यक्ति का सामयिक समर्थक नही होता, अपि तु यह सार्वदेशिक और सार्वकालिक नियमो द्वारा परिचालित होता है। ससार की समस्त भाषाओ में रचित साहित्य मे आन्तरिक रूप से भावो, विचारो, क्रियाकलापो और आदर्शों का सनातन साम्य-सा पाया जाता है। यत: क्रोध, हर्ष, अहङ्कार, करुणा सहानुभूति की भावधारा और जीवन मरण की समस्याएँ एक-सी है। प्राकृतिक रहस्यो से चकित होना, सौन्दर्य को देखकर पुलकित होना, कष्ट से पीडित व्यक्ति के प्रति सहानुभूति का जाग्रत होना एव बालसुलभ चेष्टाओ को देखकर वात्सल्य से विभोर हो जाना मानवमात्र के लिए समान है। अतएव साहित्य मे साधना और अनुभूति के समन्वय से समाज और ससार से ऊपर सत्य और सौन्दर्य का चिरन्तन रूप पाया जाता है। साहित्यकार चाहे किसी भी भाषा मे साहित्य सृजन करे अथवा वह किसी भी जाति, समाज, देश और धर्म का हो, अनुभूति का भाण्डार समान रूप से अर्जित करता है। वह सत्य और सौन्दर्य की तह मे प्रविष्ट हो अपने मानस से भावराशि रूपी मुक्ताओ को चुन-चुन कर शब्दावली की लड़ी मे शिव की साधना करता है।

सौन्दर्य पिपासा मानव की चिरन्तन प्रवृत्ति है। मानव अपनी विभिन्न समस्याओ के समाधान के लिए सतत प्रयत्नशील रहता है, फिर भी सौन्दर्य वृत्ति की तुष्टि के हेतु ग्रीष्म की उष्मा, वसन्त की सुषमा और शरद् की निर्मलता से प्रभावित होता है। विश्व के कण-कण मे सौन्दर्य और आनन्द का अमर प्रवाह उसे दृष्टिगत होता है। परन्तु सहृदय कवि या लेखक ही इन्द्रिय-सवेद-नया कल्पना द्वारा सौन्दर्य का भावन या आस्वादन कर साहित्य का सृजन करता है (प्राकृत भाषा के साहित्य स्रष्टाओ ने चिरन्तन सौन्दर्य की अनुभूति को साहित्य मे रूपायित कर अमूल्य मणियो का प्रणयन किया है। जीवन-सभोग और प्रणयचित्रो की यथेष्ट उद्भावना की गयी है। प्राकृत काव्यो मे प्रकृति और मानव के प्रणय-व्यापार-सम्पृक्त अनेक चित्र वर्तमान है। हृदय स्थित सौन्दर्यानुभूति को देश,

काल, पात्र और वातावरण के अनुसार अभिव्यक्त कर शाश्वत साहित्य का सृजन किया गया है। वस्तुतः सौन्दर्य और प्रणय एक दूसरे के पूरक, पोषक और संवर्द्धक ही होते हैं। यही कारण है कि प्राकृत काव्यों मे जहाँ नैतिक और धार्मिक उपदेश प्राप्त होते है, वहाँ प्रणय-सभोग सुख के रम्य एव मधुमय चित्र भी। जीवन मे अध्यात्ममार्ग के सत्य होने पर भी रतिसुख गर्हित नही है। यह स्वस्थ जीवन का स्वस्थ प्रकार है। यत काम और रति की प्रणयलीला जीवन का एक अविच्छेद्य अग है। जिसे जीवन और जगत् से प्यार है, रूप और यौवन के प्रति आकर्षण है, वह सभोग-सुख को अश्लील और मिथ्या नही कह सकता है। गाथासप्तशती मे बताया गया है कि प्रणय और सौन्दर्य चित्र प्राकृत-काव्य की थाती है, जो प्राकृत-काव्य का रसास्वादन किये बिना शृङ्गार और रति की चर्चा करता है, वह अपने को धोखे म डालता है। यथा—

अमिअं पाउअकव्वं पढिउं सोउं अ जे ण आणन्ति।
कामस्स तत्ततन्ति कुणन्ति ते कहँ ण लज्जन्ति॥

—प्रथम शतक, पद्य २।

जो अमृत समान मधुर प्राकृत-काव्य का पाठ एवं श्रवण करना नही जानते, वे काम—शृङ्गार और रति की तत्त्वचिन्ता मे प्रवृत्त हो लज्जित क्यो नही होते ?

शृङ्गार और यौवन के चित्राङ्कन प्रसग मे दीपावली-उत्सव का वर्णन करता हुआ कवि कहता है—

अण्णे वि हु होन्ति छणा ण उणो दीआलिआसरिच्छादे।
जत्थ जहिच्छं गम्मइ पिअवसहीं दीवअमिषेण॥

—सरस्वतीकण्ठाभरण ५,३१५।

उत्सव बहुत से है, पर दीपावली के समान कोई उत्सव नही है। इस अवसर पर इच्छानुसार कही भी जा सकते है और दीपक जलाने के बहाने अपने प्रिय की वसति मे प्रवेश कर सकते है।

प्रवास पर जाते हुए पथिक की विरह-दशा का एक चित्र देखिये—

आलोन्त दिसाओ समंत जंभंत गन्त रोअन्त।
मुज्झंत पडंत वसंत पहिअ किं ते पउत्थेण॥

— गाथा० ६।४६।

हे पथिक ! अभी से तेरी यह दशा है कि तू इधर-उधर देख रहा है, तेरी साँस चलने लगी है, तू जम्हाई ले रहा है, कभी तू गाता है, कभी रोता है, कभी बेहोश हो जाता है, कभी गिर पड़ता है और कभी हँसने लगता है, अब तेरे प्रवास पर जाने से क्या लाभ ?

उद्धच्छो पिअइ जलं जह जह विरलंगुली चिरं पहिओ।
पाआवलिया वि तह तह धारं तणुअंपि तनुएइ॥
—गाथा० २।६१।

ऊपर की ओर नयन उठाकर हाथ की अंगुलियो को विरलकर पथिक (पानी पिलाने वाली के सौन्दर्य का पान करने के लिए, बहुत देर तक पानी पीता है, प्याऊ पर बैठ कर पानी पिलानेवाली भी पानी की धार को कम-कम करती जाती है।

इसी प्रकार प्रोषितपतिका की भावना का चित्रण देखिये—

ऐहिइ सो वि पउत्थो अहअं कुप्पेज्ज सो वि अणुणेज्ज।
इअ कस्स वि फलइ मणोरहाणं माला पिअअमम्मि॥
—गा० स० १।१७।

जब प्रवास पर गया हुआ प्रियतम वापस लौटेगा, मै कोप करके बैठ जाऊँगी, फिर वह मेरी मनुहार करेगा, मै धीरे-धीरे मान को तोड़ूँगी, मनोरथो की यह अभिलाषा किसी भाग्यशालिनी की ही पूरी होती है।

मानवती नायिका के अन्तस्तल मे स्थित प्रणय का चित्रण कवि ने कितने सुन्दर रूप मे किया है—

अणुणिअखणलद्धसुहे पुणो वि संभरिअमण्णदूमिअविहले।
हिअए माणवईण चिरेण पणअगरुओ पसम्मई रोसो॥
—सरस्वतीकण्ठाभरण, बम्बई ५।२७७।

प्रिय द्वारा मनुहार के कारण क्षणभर के लिए सुख को प्राप्त और स्मरण किये हुए क्रोध के कारण विह्वल ऐसी मानवती नायिकाओ के हृदय का प्रणययुक्त गम्भीर रोष बहुत देर मे शान्त होता है।

कवि सहधर्मिणी की प्रशसा करते हुए कहता है कि नारी मनुष्य के जीवन को हरा-भरा बनाने वाली है। उसके स्नेह-सीकर प्राप्त कर मनुष्य का चिन्तित मन प्रफुल्लित हो उठता है। वासनायुक्त नारी जहाँ निन्दनीय है, वहाँ सेवाभावी, स्नेहशीला नारी प्रशंस्य है। यथा—

णेहब्भरियं सब्भावणिब्भरं रूव-गुणमहग्घवियं।
समसुह-दुक्खं जस्सऽत्थि माणुसं सो सुहं जियइ॥
—चउप्पन्न० पृ० ५७, गा० २६।

स्नेहपूरित, सद्भावयुक्त, और रूप-गुणो से सुशोभित नारी पति के सुख-दुःख मे समान रूप से भाग लेती है, इस प्रकार की नारी को प्राप्त कर मनुष्य सुख और शान्ति पूर्वक जीवन-यापन करता है।

कवि दीर्घायु होने के लिए आचार को आवश्यक समझता है। वह कहता है—

सील-दम-खंतिजुत्ता दयावरा मंजुभासिणो पुरिसा।
पाणवहाउ णियत्ता दीहाऊ होन्ति संसारे॥

—चउप्पन्न० पृ० ८०, गा० ६२।

शील, दया, क्षमा, इन्द्रियनिग्रह एवं मनोहर भाषण से युक्त और हिंसा से विरत रहने वाले व्यक्ति दीर्घायु होते है।

आभूषणो की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कवि राजशेखर ने लिखा है—

णिमग्गचंगस्स वि माणुसस्स सोहा समुम्मलदि भूसणेहिं।
मणीण जच्चाणं वि कंचणेण विभूसणे लब्भदि का वि लच्छी॥

—कर्पूरमं० २।२५।

सहज सौन्दर्य युक्त मनुष्य की शोभा आभूषणो से वैसे ही बढ जाती है, जैसे श्रेष्ठ रत्नो की आभा सुवर्णमय आभूषणो मे जटित होने से।

कवि महेश्वर सूरि ने काव्य और संगीत के माधुर्य का निरूपण करते हुए लिखा है—

वरजुवइविलसिएण गंधव्वेण च एत्थ लोएम्मि।
जस्स न हीरइ हिययं सो पसुओ अहव पुण देवा॥

नागपंचमी १०।२९४।

सुन्दर युवतियो के हाव-भाव मे अथवा संगीत के मधुर आलाप मे जिसका हृदय मुग्ध नही होता वह या तो पशु है अथवा देवता। संगीत, काव्य और रमणियो के हाव-भाव मानव-मात्र को रससिक्त बनाने की क्षमता रखते है।

विभवेण जो न भुल्लइ जो न वियारं करेइ तारुन्ने।
सो देवाण वि पुज्जो किमंग पुण मणुयलोयस्स॥

—नागपंचमी २।९२।

जो वैभव से फूल नही जाता, जिसे तारुण्य मे विकार नही होता, वह देवताओ का भी पूज्य होता है, फिर मनुष्य-लोक का तो कहना ही क्या।

प्रिय के विरह मे सारा ससार शून्य दिखलायी पडता है, कवि कौतूहल कहता है—

ण य लज्जा ण य विणयो कुमारि-जणेइयं अणुट्ठाणं।
ण य सो पिओ ण मोक्खं तो किं हय-जीविएण म्ह॥

—लीलावई ७१४।

न लज्जा रही, न विनय, न कुमारीजनोचित अनुष्ठान रह गया, न वह प्रिय रहा, न अब छुटकारा ही है, अतएव प्रिय-विरह मे मुझ अभागिन का जीना व्यर्थ है।

शृङ्गार और जीवन सभोग सम्बन्धी चित्रो के अतिरिक्त शब्द और अर्थ चमत्कार से युक्त अनूठी सूक्तियाँ भी प्राकृत साहित्य मे विद्यमान है। दुष्ट के स्वभाव का श्लेष और उपमा के द्वारा सुन्दर चित्रण किया है। यथा—

वसइ जहिं चेअ खलो पोसिज्जन्तो सिणेहदाणेहिं।
तं चेअ आलअं दीअओ व्व अइरेण मइलेइ॥ गाथा० २२५।

जिस घर मे स्नेहदान द्वारा खलजन सवर्द्धित होते है, स्नेह-तैलदान द्वारा पोषित दीपक की भाँति वे उस घर को शीघ्र ही मलिन बना देते है।

जे जे गुणिणो जे जे चाइणो जे वियड्ढविण्णाणा।
दारिद्द रे विअक्खण ताण तुमं साणुराओ सि॥ गा० ७।७१।

हे दारिद्रय, तू सचमुच कुशल है, क्योंकि तू गुणियो, त्यागियो, विदग्धो एव विज्ञानियो मे अनुराग रखता है।

जं जि खमेइ समत्थो, धणवंतो जं न गव्वमुव्वहइ।
ज च सविज्जो नमिरो, तिसु तेसु अलंकिया पुहवी॥ वज्जालग्ग ८७।

सामर्थ्यवान जो क्षमा करे, धनवान जो गर्व न करे, विद्वान् जो नम्र हो—इन तीन से पृथ्वी अलकृत है।

दान का महत्त्व बतलाते हुए लिखा है—

किसिणिज्जंति लयंता उदहिजलं जलहरा पयत्तेण।
धवलीहूंती हु देता, देंतलयन्तन्तरं पेच्छ॥ वज्जा० १३७।

बादल समुद्र मे जल लेने मे काले पड जाते है और देने मे—वर्षा हो जाने के उपरान्त, धवल हो जाते है, देने और लेने का यह अन्तर स्पष्ट देखा जा सकता है।

शील की महत्ता का निरूपण करते हुए कहा है—

अधणाणं धणं सील भूसणरहियाण भूसणं परमं।
परदेसे नियगेहं सयणविमुक्काण नियसयणो॥ आख्यानमणिकोश
२९ अ०, २८४ गा०, पृ० २५४।

शील निर्धनो का धन है, आभूषण रहितो का आभूषण है, परदेश मे निजगृह है और स्वजनो से रहितो के लिए स्वजन है।

अविचारित कार्य सदा कष्ट देता है, इससे व्यक्ति का मन सदैव पश्चात्ताप से जलता रहता है। कवि अविचारित कार्य के पश्चात्ताप का यथार्थ चित्रण करता हुआ कहता है—

न तहा तवेइ तवणो, न जलियजलणो, न विज्जुनिग्घाओ।
जं अवियारियकज्जं विसंवयंतं तवइ जंतुं॥ आख्यानमणिकोश,
५।९९, पृ० ९४।

सूर्य, अग्नि, विद्युत्-निर्घोष एव वज्रपतन आदि मे प्राणी को जितना सन्ताप होता है, उससे कही अधिक अविचारित कार्य करने से होता है।

कवि दैवकी अनिवार्यता का निरूपण करता हुआ कहता है—

पवणखुहियनीरं नीरनाहं धरंति,
झरियमयपवाहं वारणं वारयंति।
खरनखरकरालं केसरिं दारयंति,।
न उण वलजुया वी दिव्वमेत्तं जयंति ॥ आख्यानमणि० ३३।१०७, पृ०३०८।

इस प्रकार प्राकृत साहित्य मे जीवन की समस्त भावनाएँ व्यञ्जित हुई है। कथ्यरूप में प्राकृत भाषा का अस्तित्व चाहे जितना प्राचीन हो, पर इस भाषा मे साहित्य-रचना ई० पू० ६०० से उपलब्ध होती है। भगवान् महावीर और बुद्ध ने इसका आश्रय लेकर जनकल्याण का उपदेश दिया था। सम्राट् अशोक ने शिलालेख और स्तम्भलेखो को इसी भाषा मे उत्कीर्ण कराया है। खारवेल का हाथीगुफा शिलालेख प्राकृत मे ही है। प्राकृतभाषा मे ईस्वी सन् की प्रथम-द्वितीय शताब्दी तक उपभाषाओं के भेद दिखलायी नही पडते है। देशभेद से उस समय दो प्रकार की प्रवृत्तियाँ उपलक्षित होती है—पूर्वी और पश्चिमी। पूर्वी प्राकृत मागधी कहलाई और पश्चिमी शौरसेनी। आगे चलकर शौरसेनी का एक शैलीगत भेद महाराष्ट्री हुआ, जिसमे काव्यग्रन्थों का प्रणयन किया गया है। वास्तव मे महाराष्ट्री महाराष्ट्रप्रदेश की भाषा नही है, यतः काव्यग्रन्थो की रचना सर्वत्र इसी भाषा मे की गयी है। यह काव्य के लिए स्वीकृत ऐसी परिनिष्ठित भाषा थी, जिसमे प्राकृत के कवियो ने अपनी उच्चस्तरीय ललित रचनाएँ लिखी है। अतएव यह स्पष्ट है कि नाटको और काव्यो की प्राकृत भाषा बोल-चाल की प्राकृत नही है, यह साहित्यिक प्राकृत है। वैयाकरणो ने प्राकृत भाषा को अनुशासित करने के लिए व्याकरण ग्रन्थ लिखे है और उन्ही नियमो के आधार पर भाषा का रूपगठन कर रचनाएँ लिखी गयी है। वेणीसहार जैसे नाटको की प्राकृत का अवलोकन करने से अवगत होता है कि पहले सस्कृत गद्य या पद्य लिखे गये है, अनन्तर उन्हे प्राकृत मे अनूदित कर दिया है। इसी कारण इन ग्रन्थो की प्राकृतभाषा मे कृत्रिमता दृष्टिगोचर होती है। श्रीहर्ष, भट्टनारायण प्रभृति नाटककारो ने व्याकरण के नियमो के अनुसार सस्कृत शब्दो, पदो और पदरचना मे ध्वनिपरिवर्तन सम्बन्धी नियमो का उपयोग कर नाटकीय प्राकृत का प्रणयन किया है।

साहित्यनिबद्ध प्राकृतभाषा को काल की दृष्टि से प्राचीन, मध्यकालीन और अर्वाचीन इन तीन युगो मे विभक्त किया जा सकता है। प्राचीन प्राकृत का स्वरूप आर्षग्रन्थो, शिलालेखो एव अश्वघोष के नाटको मे उपलब्ध होता है। मध्यकालीन प्राकृत का स्वरूप भास और कालिदास के नाटको, गीतिकाव्य और महाकाव्यो में तथा अर्वाचीन प्राकृत का स्वरूप अपभ्रंश साहित्य मे पाया जाता है। प्राकृत को धर्माश्रय और लोकाश्रय

के साथ राजाश्रय भी प्राप्त हुआ है। अशोक, खारवेल के अनन्तर वैदिक धर्मावलम्बी आन्ध्रवंशी राजाओने प्राकृत भाषा के कवियो और लेखको को केवल आश्रय ही प्रदान नही किया, बल्कि प्राकृत को राजभाषा का पद प्रदान किया। आन्ध्रवशी शातवाहन ने स्वय ही 'गाथाकोश' का सकलन कर अपने समय की ललित और उत्तम गाथाओ को सुरक्षित किया। इस 'गाथाकोश' मे सवर्द्धन और परिवर्द्धन आठवी–नवी शती तक होते रहे है और इसका सवर्द्धित रूप गाथासप्तशती की सज्ञा को प्राप्त हो गया है। प्राकृत का आश्रयदाता होने से ही प्राकृत के 'कोऊहल' जैसे कवि ने अपने काव्य लीलावई का नायक इसे बनाया है। कन्नौज के राजा यशोवर्मन् ने प्राकृत के प्रसिद्ध कवि वाक्पतिराज को आश्रय प्रदान किया, जिसने 'गउडबहो जैसे काव्य की रचना की। वाकाटक नरेश प्रवरसेन प्राकृत के कवियो को सम्मान तो देता ही था, स्वय भी काव्य रचना करता था। उसका 'सेतुबन्ध' नामक प्राकृत महाकाव्य प्रसिद्ध है। वाक्पतिराज के १००–१५० वर्ष बाद कन्नौज राज्य ने यायावरीय राजशेखर को आश्रय प्रदान किया, जिसने कपूर-मजरी सट्टक की रचना की। बारहवीं शती मे गुजरात मे चालुक्य नृपति कुमारपाल ने हेमचन्द्र को अपना गुरु बनाया, जिसने आश्रयदाता के नाम को अमर बनाने के लिए प्राकृत मे कुमारपालचरित नामक महाकाव्य की रचना की। वररुचि के प्राकृतप्रकाश के आधार पर अपना एक नया प्राकृतव्याकरण भी हेमचन्द्र ने लिखा, जो प्राकृत भाषा के अनुशासन की दृष्टि से सर्वाधिक उपयोगी और पूर्ण है। यद्यपि हेमचन्द्र के इस व्याकरण मे मौलिकता कम ही है तो भी प्राकृत अभ्यासियो के लिए इसका महत्त्व और उपयोगिता सर्वाधिक है।

प्राकृत भाषा का जनता मे प्रचार था, जनता इसका उपयोग करती थी, इसका सबसे बड़ा प्रमाण शिलालेख ही है। शिलालेखो, सिक्का और राजाज्ञाओ मे सर्वदा जनभाषा का व्यवहार किया गया है। अशोक ने धर्माज्ञाएं प्राकृत म प्रचारित की थी, उनके धर्म-शिलालेख शाहबाजगढी (पेशावर जिला), मसेहरा (हजारा जिला), गिरनार (जूनागढ़), सोपारा (थाना जिला), कालसी (देहराबून), धौली (पुरीजिला), जौगढ (गजाम जिला) और इरागुडी (निजाम रियासत) से प्राप्त हुए है। स्तम्भ लेख टोपरा (दिल्ली), मरठ, कौशाम्बी इलाहाबाद), रामपुरवा (अरेराज), लौरिया (नन्दनगढ), रूपनाथ (जबलपुर), सहसराम (शाहाबाद), वैराट (जयपुर) प्रभृति स्थानो से प्राप्त हुए है। इससे स्पष्ट है कि प्राकृत का जनभाषा के रूप मे सर्वत्र प्रचार था। आन्ध्रराजाओ के शिलालेखो के अतिरिक्त लका, नेपाल, कागडा और मथुरा प्रभृति स्थानो मे प्राकृत भाषा में लिखे गये शिलालेख उपलब्ध हुए है। सागरजिले से ई० पू० तीसरी शती का धर्मपाल का एक सिक्का मिला है, जिसपर "धमपालस" लिखा है। एक दूसरा महत्त्वपूर्ण सिक्का ई० पू० दूसरी शती का खरोष्ठी लिपि में लिखा

दिमित्रियस का मिला है, जिस पर "महरजस अपरजितस दिमे" लिखा है। इतना ही नहीं ई० सन् की प्रथम द्वितीय शती तक के प्रायः समस्त शिलालेख प्राकृत में ही लिखे उपलब्ध हुए हैं। अतः जनभाषा के रूप में प्राकृत का प्रचार प्राचीन भारत में था। संस्कृत नाटकों में स्त्री और निम्नश्रेणी के पात्रों द्वारा प्राकृत का प्रयोग भी प्राकृत को जनभाषा सिद्ध करने के लिए सबल प्रमाण है।

प्राकृत भाषा का व्यवहार साहित्य के रूप में भी ई० पू० ६०० से ई० सन् १८०० तक होता रहा है। इस लम्बे समय में विभिन्न प्रकार के साहित्य का सृजन हुआ है। त्याग, तप, संयम और सद्भावना से पूरित प्राकृत साहित्य का रमणीय आध्यात्मिक रूप सहृदयों के हृदय को बरबस आकृष्ट कर लेता है। समाज के विशुद्ध वातावरण में विचरण करनेवाले प्राकृत-साहित्यकारों ने समाज के सुख-दुःख की भावना, दीन दुखियों की दीनता, जनसामान्य की विचारधारा और प्रवृत्तियाँ, हृदय को सरस बनाने वाली कोमल भावनाएँ एवं समाज-व्यवस्था के नियमों का सम्यक् प्रकार अंकन किया है। शृङ्गार-विलास, वीरता और साहस की अभिव्यञ्जना के साथ मानवतावादी विचारधाराओं ने भी प्राकृत साहित्य में स्थान प्राप्त किया है। अतएव इस साहित्य के अध्ययन-अनुशीलन की ओर आकृष्ट होने वाले जर्मन विद्वानों में हर्मन याकोबी, विण्टरनित्स, पिशल, ल्यूमन प्रभृति के नाम उल्लेखनीय हैं। मौरिस विण्टरनित्स ने 'हिस्ट्री ऑव इण्डियन लिटरेचर' की दूसरी जिल्द में प्राकृत साहित्य का इतिहास लिखने का सर्वप्रथम उपक्रम किया है। श्री हीरालाल रसिकदास कापड़िया ने "हिस्ट्री ऑव द कैनोनिकल लिटरेचर ऑव द जैन्स" में प्राकृत भाषा में लिखित धर्म-ग्रन्थों का इतिवृत्त उपस्थित किया है। इसके अनन्तर आपके द्वारा लिखित सन् १९५० ई० में गुजराती भाषा में "पाइयभाषाओ अने साहित्य" पुस्तक प्रकाशित हुई। इस पुस्तक में प्राकृतभाषा और साहित्य के सम्बन्ध में अनेक विवरणात्मक बहुमूल्य सूचनाएँ उपलब्ध होती हैं। डॉ० हरदेव बाहरी का 'प्राकृत और उसका साहित्य'' नामक एक छोटी-सी उपयोगी पुस्तक राजकमल से प्रकाशित हुई। इस कृति में लेखक ने प्राकृत साहित्य के प्रारम्भिक अध्येता के लिए उपयोगी और आवश्यक जानकारी उपस्थित की है। डा० जगदीशचन्द्र जैन ने "प्राकृत साहित्य का इतिहास" नामक एक बृहत्काय ग्रन्थ लिखा। इस ग्रन्थ में आगमसाहित्य, कथासाहित्य, चरितसाहित्य, काव्यसाहित्य, नाटक-छन्द-अलंकार-कोषसाहित्य एवं शास्त्रीय प्राकृतसाहित्य का परिचय प्रस्तुत किया गया है। प्राकृत-साहित्य का यह प्रथम इतिहास है, जिसमें ग्रन्थों का विवरणात्मक परिचय प्राप्त होता है। प्राकृत और अपभ्रंश के लब्धप्रतिष्ठ विद्वान् डा० हीरालाल जैन के 'भारतीय संस्कृति में जैनधर्म का योगदान'' नामक ग्रन्थ में प्राकृत भाषा के अनेक ग्रन्थों का पर्यवेक्षणात्मक सारभूत-विमर्श प्रस्तुत किया गया है।

प्राकृत भाषा के सम्बन्ध में सर्वप्रथम पिशल का "प्राकृत भाषाओं का व्याकरण" ग्रन्थ महत्त्वपूर्ण है। आज भी पिशल को विद्वान् प्राकृत का पाणिनि मानते है। इस दिशा में एस० एम० कत्रे का "प्राकृत लैंग्वेजेज् एण्ड देअर कॉण्ट्रीब्यूशन टु इण्डियन कल्चर", सुकुमारसेन द्वारा लिखित "ग्रामर ऑव मिडिल इण्डो आर्यन", ए० सी० वुल्नर का "इण्ट्रोडक्शन टु प्राकृत", दिनेशचन्द्र सरकार का "ए ग्रामर ऑव दि प्राकृत लैंग्वेज", डॉ० ए० एम० घाटगे का "एन इण्ट्रोडक्शन टु अर्धमागधी" एव प० बेचरदास दोशी का "प्राकृत व्याकरण" उपयोगी और उल्लेखनीय रचनाएँ है। इन रचनाओ से प्राकृत भाषा के सम्बन्ध मे पर्याप्त जानकारी उपलब्ध होती है।

उपर्युक्त सामग्री के अतिरिक्त "हिन्दी साहित्य का बृहत् इतिहास" (प्रथम भाग) मे डॉ० भोलाशंकर व्यास ने प्राकृत और अपभ्रंश साहित्य का सक्षिप्त इतिहास निबद्ध किया है। डॉ० व्यास ने सक्षेप मे प्राकृत साहित्य की विभिन्न प्रवृत्तियो को निष्पक्ष रूप मे प्रस्तुत किया है। डॉ० ए० एन० उपाध्ये और मुनिश्री जिनविजय द्वारा सम्पादित तथा सिंघी जैनग्रन्थमाला द्वारा प्रकाशित प्राकृत के विभिन्न ग्रन्थो की प्रस्तावनाओ में पर्याप्त बहुमूल्य सामग्री वर्तमान है। डॉ० उपाध्ये ने जे० टी० शिपले द्वारा सम्पादित "साइक्लोपीडिक डिक्शनरी ऑव वर्ल्ड लिटरचर" मे भी प्राकृत साहित्य पर महत्त्वपूर्ण प्रकाश डाला है। प्राकृत-ग्रन्थ-परिषद् वाराणसी से प्रकाशित प्राकृत ग्रन्थों की प्रस्तावनाओ मे भी प्रचुर सामग्री है। इस उपलब्ध सामग्री का उपयोग कर मैने प्रस्तुत रचना लिखी है।

प्रस्तुत ग्रन्थ—

अभी तक प्राकृत भाषा और साहित्य के आलोचनात्मक इतिहास की आवश्यकता बनी हुई थी। विधाओ का विकास एवं गुण-दोषो का परीक्षण कर ग्रन्थो का मूल्याङ्कन स्थापित करने की आवश्यकता अवशिष्ट थी। यत. साहित्य की पूरी छान-बीन करने के लिए उसकी आलोचना अपेक्षित होती है। गुण-दोषो के बिना जाने किसी भी साहित्य का आनन्द नही उठाया जा सकता है। कवि तो काव्य का निर्माण करता है, पर आलोचना द्वारा ही उसका यथार्थ मर्म समझा जाता है महाकवि सोमदेव ने बताया है कि साहित्यकार न होने पर भी काव्य-समालोचक कोई भी व्यक्ति हो सकता है। रसीले सुस्वादु भोजन बनाना न जानने पर भी सुस्वादु भोजन का आनन्द तो लिया ही जा सकता है। मैंने भी उक्त तथ्य के अनुसार केवल स्वाद लेने का ही प्रयास किया है—

अवक्तापि स्वयं लोक:, कामं काव्यपरीक्षक:।
रसपाकानभिज्ञोऽपि भोक्ता वेत्ति न किं रसम्[1]॥

---

१. यशस्तिलकचम्पू १।२९, महावीर जैन ग्रन्थमाला, कमच्छा वाराणसी, सन् १९६० ई०।

जिस प्रकार मिष्टान्नो की पाकविधि से अपरिचित होने पर भी उनका आस्वाद करने वाला व्यक्ति उनके मधुर रसो को जानता है, उसी प्रकार जनसाधारण स्वय कवि न होने पर भी काव्यो के गुण दोषो का अभिज्ञ हो सकता है।

सोमदेव ने समालोचक के गुणो का निरूपण करते हुए लिखा है —

> काव्यकथासु त एव हि कर्त्तव्या साक्षिणः समुद्रसमाः।
> गुणमणिमन्तर्निदधति दोषमलं ये बहिश्च कुर्वन्ति[1] ॥

काव्य, कथा-नाटक आदि की परीक्षा में उन व्यक्तियो को प्रवृत्त होना चाहिए, जो समुद्र के समान गम्भीर होते हुए माधुर्य, ओज आदि गुणरूपी मणियो को अपने हृदय में स्थापित करते हुए दोषो को निकाल बाहर करते हो, उन पर दृष्टि नही डालते हो।

> गुणेषु ये दोषमनीषयान्धा दोषान् गुणीकर्त्तुमथेशते वा।
> श्रोतुं कवीनां वचनं न तेऽर्हाः सरस्वतीद्रोहिषु कोऽधिकारः[2] ॥

जो काव्यशास्त्र के दोषो को जानते है और काव्य-गुणो की अवहेलना करते है अथवा जिन्हे काव्य के गुण-दोषो की जानकारी नही है, अत दोषो को गुण बतलाते है और गुणो को दोष, ऐसे व्यक्ति सरस्वती से द्रोह करने वाले समालोचक नही हो सकते।

प्राकृत-साहित्य की समालोचना मे मैने आलोचक के गुण-धर्मो का कहाँ तक पालन किया है, इस बात का निर्णय तो पाठको के ऊपर ही छोडा जाता है, पर इतना सत्य है कि मेरा यह प्रयास इस दिशा मे सर्वप्रथम है। इस ग्रन्थ के निम्न लिखित दृष्टिकोण उपलब्ध होगे—

१. वैदिक काल मे एक जनभाषा थी, जिससे सस्कार कर साहित्यिक छान्दस् भाषा निस्सृत हुई। ऋग्वेद और विशेषत. अथर्ववेद की भाषा मे उक्त जनभाषा के बीज-सूत्रो को प्राप्त किया जा सकता है। अत. साहित्यिक प्राकृत की उत्पत्ति छान्दस् से जोडी जा सकती है। तद्भव प्राकृत शब्द भी छान्दस् सस्कृत से निस्सृत है, लौकिक संस्कृत से नही।

२ प्राकृत मे सामान्यत. विभाषाओ का विकास देशभेद एव कालभेद से हुआ है। प्रस्तुत रचना मे विभाषाओ के क्रमिक विकास का इतिवृत्त अंकित किया गया है। बौद्धागम और जैनागम की प्राकृतो का विश्लेषण, उनकी व्युत्पत्ति एव व्याकरणमूलक विशेषताएँ प्रदर्शित की गयी है। शिलालेखी प्राकृत के विवेचन-सन्दर्भ मे खारवेल के हाथीगुंफा शिलालेख की भाषा मे जैन शौरसेनी प्राकृत की प्रवृत्तियों का विश्लेषण किया

१. यशस्तिलकचम्पू १।३६, महावीर जैन ग्रन्थमाला, वाराणसी सन् १९६० ई०।
२. वही १।३८।

गया है। प्राकृत भाषा में उत्कीर्णित लगभग दो सहस्र शिलालेख हैं, ईस्वी सन् तीसरी शती के पूर्व के प्राय समस्त शिलालेख प्राकृत भाषा मे ही उपलब्ध हैं।

३ वैयाकरणो द्वारा विवेचित प्राकृतो का विश्लेषण और विवेचन करने के प्रसङ्ग मे साहित्यिक प्रसङ्गो मे ध्वनिपरिवर्तन, वाक्यगठन एवं पदरचना सम्बन्धी विशेषताओ पर प्रकाश डाला गया है।

४ प्राकृत-भाषा का भाषा-वैज्ञानिक विश्लेषण करते हुए स्वरलोप, व्यञ्जनलोप, समाक्षरलोप, स्वरागम, विपर्यय, ह्रस्वमात्रानियम, समीकरण, विषमीकरण, अपश्रुति, स्वराघात, स्वरभक्ति, सन्धि, घोषीकरण, अघोषीकरण, महाप्राणीकरण, अल्पप्राणीकरण, तालव्यीकरण, मूर्धन्यीकरण और य-व श्रुति पर सतर्क विचार किया गया है। इस सन्दर्भ में अनेक नवीनताएँ उपलब्ध होगी।

५ शब्दो की बनावट और उनके कार्यों पर विचार करने के उपरान्त प्राकृत भाषा में प्रविष्ट हुई सरलीकरण की प्रवृत्ति का विश्लेषण विस्तारपूर्वक किया गया है। मात्रा-परिवर्तन के नियमो मे प्राकृत-अक्षरो की मात्रा पर समीकरण और सयुक्त व्यञ्जनो में एक के लोप का प्रभाव दिखलाया गया है। विभिन्न अवस्थाओ मे परिवर्तित होनेवाली मात्राओ की स्थिति का विवेचन किया है।

६ साहित्य के इतिवृत्त खण्ड मे आगम-साहित्य के इतिहास के अनन्तर कवित्व के दोनो आधार दर्शन और वर्णन का विवेचन किया है। कवि या साहित्यकार अपनी प्रतिभा द्वारा वस्तु के विचित्र भाव और उसके अन्तर्निहित गुणधर्म को जानता है। इस अनुभूति की अभिव्यञ्जना ही वर्णन है। दर्शन आन्तरिक गुण है, वर्णन बाह्य। दोनो के मञ्जुल सामञ्जस्य से काव्य का निर्माण होता है।

७ भारतीय काव्यशास्त्र के अनुसार प्राकृत काव्य को चार भेदो मे विभक्त किया जा सकता है—(१) इन्द्रियगत, (२) अर्थगत, (३) शैलीगत और (४) प्रबन्धगत। प्रथम भेद ज्ञानेन्द्रिय पर सीधे पडनेवाले प्रभाव के आधार पर किया जाता है तथा इस दृष्टि से दृश्यकाव्य और श्रव्यकाव्य ये दो भेद सम्पन्न होते है। श्रव्यकाव्य के अन्तर्गत प्रबन्धकाव्य, मुक्तक, कथा आदि हैं और दृश्यकाव्य के अन्तर्गत सट्टक, नाटक आदि। अर्थ के भेद से काव्य तीन प्रकार का होता है – उत्तम, मध्यम और अधम। उत्तम काव्य में वाच्यार्थ गौण रहता है और व्यंग्यार्थ की ही प्रधानता रहती है और और इसलिए इसे ध्वनिकाव्य भी कहते है। मध्यम-काव्य मे वाच्यार्थ की अपेक्षा व्यंग्यार्थ गौण या समान होकर रहता है, अत. इसे गौणीभूत व्यग्य भी कहते हैं। अधम-काव्य अथवा चित्र काव्य मे वाच्यार्थ की ही प्रधानता रहती है। शैली की अपेक्षा गद्यकाव्य और पद्यकाव्य ये दो भेद किये गये हैं अथवा रीतियो की अपेक्षा गौडी, पांचाली और वैदर्भी भेद किये गये हैं। प्रबन्ध या बन्ध के आधार पर मुक्तक, चरित-काव्य,

खण्डकाव्य, चम्पूकाव्य प्रभृति भेद किये जाते है। काव्य का यह प्रकार आन्तरिक व्यवस्था तथा सघटना के आधार पर ही किया जाता है। प्रस्तुत ग्रन्थ में आगमसाहित्य शिलालेखी साहित्य, शास्त्रीय महाकाव्य, खण्डकाव्य, चरितकाव्य, गद्य-पद्य मिश्रित चरित काव्य, चम्पूकाव्य, मुक्तक-काव्य, सट्टक और नाटक, कथासाहित्य एव व्याकरण-छन्द-कोष-अलकारसाहित्यभेदो द्वारा इतिवृत्त का अकन किया गया है।

८. ग्रन्थो के काव्य-सौन्दर्य के चित्रण के साथ तुलनात्मक विवेचन द्वारा मूल्य-निर्धारण का भी कार्य सम्पन्न किया गया है। प्रत्येक विधा के इतिवृत्त के पूर्व उसके स्वरूप स्थापन एव विधा की विकास-परम्परा पर यथेष्ट प्रकाश डाला गया है।

९ चरित-काव्य विधा का प्रारम्भ प्राकृत मे ही हुआ है। विमलसूरि का 'पउम-चरिय' प्राकृत का ही प्रथम चरित-काव्य नही है, अपितु भारतीय श्रेण्य साहित्य का प्रथम चरित काव्य है। प्राकृत भाषा के कवियो ने आगमो से दर्शन और आचार तत्त्व, पुराणो से चरित, लोकजीवन से प्रेम और रोमान्स, नीतिग्रन्थो से राजनीति, विश्वास और सास्कृतिक परम्पराएँ एव स्तोत्रो स भावात्मक अभिव्यञ्जनाएँ ग्रहण कर चरित-काव्य विधा का सूत्रपात किया है। प्राकृत चरित-काव्यो के अनुकरण पर सस्कृत मे हर्ष-चरित, नैषधीयचरित, विक्रमाकदेवचरित, रघुनाथचरित प्रभृति काव्यो का प्रणयन हुआ प्रतीत होता है। यह सत्य है कि सस्कृत के चरित-काव्य काव्य-गुणो की दृष्टि से प्राकृत के चरितकाव्यो की अपेक्षा श्रेष्ठ है।

१० प्राकृत भाषा का कथासाहित्य अत्यन्त समृद्ध और गौरवपूर्ण है। अग और उपाग साहित्य मे सिद्धान्तो के प्रचार और प्रसार के हेतु अपूर्व प्रेरणाप्रद और प्राजल आख्यान उपलब्ध है। इनमे ऐसे अनेक चिरगूढ और सवेदनशील आख्यान आये है, जो ऐतिहासिक और पौराणिक तथ्यो की प्रतीति के साथ बर्बरता की निर्मम घाटी पर निरुपाय लुढकती मानवता को नैतिक और आध्यात्मिक भावभूमि पर ला मानव को महान् और नैतिक अधिष्ठाता बनाने मे क्षम है। आगमकालीन कथाओ की उत्पत्ति उपमानो, रूपको और प्रतीको से ही हुई है। प्राकृत कथाओ का स्वरूप पालिकथाओ के समान होने पर भी भिन्नता यह है कि पालिकथाओ मे पूर्वजन्म कथा का मुख्यभाग रहता है, पर प्राकृत कथाओ मे यह केवल उपसहार का कार्य करता है। पालिकथाओ मे बोधिसत्त्व या भविष्य बुद्ध ही मुख्य पात्र रहते है, जो अपने उस जीवन मे अभिनय करते हैं और आगे चलकर उनका वह आख्यान कथा बन जाता है। यद्यपि उस कथाका मुख्याश गाथा भाग ही होता है, गद्याश उस मुख्य भाग की पुष्टि के लिए आता है, तो भी कथा में समरसता बनी रहती है। प्राकृत कथाओ मे वैविध्य है, अनेक प्रकार की शैली और अनेक प्रकार के विषय दृष्टिगोचर होते है। प्राकृत कथाएँ भूत की नही, वर्तमान की होती है। प्राकृत कथाकार अपने सिद्धान्त की सीधे प्रतिष्ठा नही करते, बल्कि पात्रो के कथोपकथन और शीलनिरूपण आदि के द्वारा सिद्धान्त की अभिव्यञ्जना करते है। चरित्र-

विकास के हेतु किसी प्रेमकथा अथवा अन्य किसी लोककथा को उपस्थित किया जाता है। लम्बे संघर्ष के पश्चात् नायक या अन्य पात्र किसी आचार्य या संन्यासी का सम्पर्क प्राप्त कर नैतिक जीवन आरम्भ करते है। प्राकृत कथा-साहित्य की एक अन्य विशेषता है कि कथा मे आये हुए प्रतीको की उत्तरार्ध मे सैद्धान्तिक व्याख्या करना। यहाँ उदाहरणार्थ वसुदेवहिण्डी का 'इब्भपुत्तकहाणय' का उपसहार अश उद्धृत किया जाता है :—

अयमुपसंहारो—जहा सा गणिया, तहा धम्मसुई। जहा ते रायसुयाई, तहा सुर-मणुयसुहभोगिणो पाणिणो। जहा आभरणाणि, तहा देसविरतिसहियाणि तवोववहाणाणि। जहा सो इब्भपुत्तो, तहा मोक्खकंखी पुरिसो। जहा परिच्छा-कोसल्लं, तहा सम्मन्नाणं। जहा रयणपायपीढं, तहा सम्मद्दंसणं। जहा रयणाणि, तहा महव्वयाणि। जहा रयणविणिओगो तहा निव्वाणसुहलाभो त्ति[1]।

प्राकृत-कथाकृतियो मे पात्रो की क्रियाशीलता और वातावरण की सजावट नाना प्रकार की भावभूमियो का सृजन करने मे क्षम है। प्राकृतकथाकारो मे यह गुण पाया जाता है कि वे पाठक के समक्ष जगत् का यथार्थ अकन कर नैतिकता की ओर ले जाने वाला कोई सिद्धान्त उपस्थित कर देते है। प्राकृतकथा-साहित्य की एक विशेषता यह भी है कि इनसे प्रेमाख्यानक परम्परा का सम्बन्ध घटित होता है। इनमें प्रेम की विभिन्न दशाओ का विवेचन बड़ी मार्मिकता और सूक्ष्मता से पाया जाता है।

प्राकृतकथा-साहित्य की एक अन्य विशेषता यह है कि देव और मनुष्य दोनो ही श्रेणी के पात्र एक ही धरातल पर उपस्थित हो कथारस का सचार करते है। कथाओ मे अवान्तर मौलिकता या मध्य मौलिकता का समावेश रहता है, जिससे देहली-दीपक-न्याय से मध्य मे निहित मौलिक सिद्धान्त कथा के पूर्व और उत्तरभाग को भी प्रकाशित कर देते है। कथाओ मे पदार्थों, घटनाओ और पात्रों के स्वभाव-वर्णन के साथ कुतूहलपूर्ण घटनाओ का समावेश पाया जाता है।

११. काव्य और कथाओ के हृदयपक्ष का उद्घाटन प्रस्तुत कृति में किया गया है। प्राकृत कवि और लेखक अपने पात्रों के अन्तस्तल मे प्रविष्ट हो अवस्था-विशेष मे होने वाली उनकी मानस-वृत्तियो का विश्लेषण करते हैं और उचित पदन्यास द्वारा भाव-अनुभावो की अभिव्यञ्जना करते है। इन्होने विस्मृत और अतीत, जीवित और वर्त्तमान को स्मृति के द्वारा एक सूत्र मे बाधने का आयास किया है। सच्चा प्रणय कुल और समाज की मर्यादा का उल्लघन नही करता। वह सयत और निष्काम होता है। काल की कराल छाया उसे आक्रान्त नही कर सकती। अनेक जन्मो तक चलने वाला प्रेम, वैर और सौहार्द पात्रो के जीवन मे केवल विकार जन्य आनन्द का ही सञ्चार नही करता,

१. वसुदेवहिण्डी— आत्मानन्दसभा भावनगर, पृ० ४।

अपितु तृष्णारूपी विष-लता को उन्मूलन कर देने की क्षमता रखता है। कामवासना के चित्रण भी मनोवैज्ञानिक तथ्यो से पुष्ट है। यथास्थान इन तथ्यो का विश्लेषण किया गया है।

१२. प्राकृत-साहित्यकारो की प्रभावशाली शैली की आलोचना यथास्थान की गयी है। प्राकृत गद्य-लेखक जहाँ छोटे-छोटे वाक्यो का प्रयोग कर अपनी शैली को सशक्त और प्रभावोत्पादक बनाते है, वहा राजवैभव, नारीरूप छटा, प्राकृति-रमणीयता के चित्रण के अवसर पर दीर्घ समास तथा अलकारो मे मण्डित वाक्यो का प्रयोग करते हैं, जिससे पाठको के हृदय पर वर्णन अपने सश्लिष्ट और सघटित रूप मे प्रभाव उत्पन्न कर देते है। नैतिक उपदेश, मर्मस्पर्शी कथन एव लोकपक्ष का उद्घाटन करते समय सरल स्निग्ध और मनोरम शैली का उपयोग किया गया है। पूर्वास्वादित सुख की अभिव्यजना स्वच्छरूप मे प्रस्तुत की गयी है। सुरतोत्सव मनानेवाली प्रमदाओ के सुख-विलास का सहज चित्रण किया गया है। नवपदविन्यास, नूतन अर्थाभिव्यक्ति, मजुल भावभगी, ओजस्विता एवं शब्दो की प्रभुता प्राकृत-गद्य मे सस्कृत-गद्य से कम नही है। यहाँ गद्य-सौन्दर्य के उदाहरणार्थ एक गद्याश उपस्थित किया जाता है—

तं अभिनवुब्भिन्न-नव-चूत-मंजरी-कुसुमोतर-लीन-पवन-संचालित-मंदमंदंदोलमानमुपात-पातपंतरल साखा-संघट्ट-वित्तासित-छच्चरन-रनरनायमान—तनुतर-पक्ख-संतति-विघट्टनुद्धूत-विचारमान-रजो-चुन्न-भिन्न-हितपक-विगलमान-विमानित-मानिनी-सयंगाह-गहित-विय्याथर-रमनो विय्याथरोपवनाभोगोरमनिय्यो' त्ति[1]।

स्पष्ट है कि वर्ण्य विषय के अनुरूप पदो का विन्यास और मजुल भावभगी पायी जाती है।

१३ प्राकृत के प्रतिभाशाली लेखक और कवियो की कृतियो की तुलना सस्कृत के प्रधान ग्रन्थो के साथ की गयी है और इस तुलना द्वारा साहित्य की प्रवृत्तियो के विवेचन का प्रयास किया गया है। प्राकृत के महाकाव्य सस्कृत के महाकाव्यो से प्रभावित है तथा माघ की शैली का अनुकरण करते है।

१४ चरित-काव्यो और प्राकृत के मुक्तको मे आन्तरिक वासनाओ, एषणाओ एव भौतिक प्रलोभनो का सस्कृत-काव्यो की अपेक्षा अधिक गम्भीर विवेचन पाया जाता है। प्रस्तुत कृति में यथास्थान उसे विश्लेषण करने का प्रयत्न किया है।

१५. प्राकृत-साहित्य का भाषा-वैज्ञानिक दृष्टि से जितना महत्व है, भारतीय सस्कृति के इतिवृत्त को अवगत करने के लिए उससे भी अधिक इसकी उपयोगिता है। ढाई

---

१ कुवलयमाला—सिंघी जैन शास्त्र-शिक्षापीठ, भारतीय विद्याभवन, बम्बई, वि० सं० २०१५, पृ० ७१ अनु० १३९।

हजार वर्षों के भारतीय जीवन की स्पष्ट झाकी पायी जाती है। इस विषय पर एक स्वतन्त्र रचना लिखे जाने की आवश्यकता है। यहाँ एक-दो सास्कृतिक विशेषताओ का निरूपण किया जाता है। कथाकोषप्रकरण मे शालिभद्र के आख्यान मे भद्रा सेठानी द्वारा महाराज श्रेणिक के किये गये स्वागत तथा भोज का बहुत ही सुन्दर चित्रण है। श्रेणिक ने अपनी महारानी चेलना सहित शालिभद्र के उपवन मे स्थित पुष्करिणी मे स्नान किया। कवि ने लिखा है—

तत्थ पेच्छइ सव्वोउयपुप्फफलोवचियं पुण्णागनागचंपयाइनाणादुमसयकलियं नंदणवणसंकासं काणण। उवरि निरुद्धरविसंसिपहं भित्तिभाएसु थम्भदेसेसु छयणसिलासु य निवेसियदसद्धवण्णरयणपहापणासियंधयारे तस्स मज्झदेसभाए कीलापोक्खरिणी, कीलियापओगसंचारियावणीयपाणिया चंदमणिघडियपेरन्तवेइया, तोरणोवसोहिया देवाण वि पत्थणिज्जा। तत्थ य कीलानिमित्तमोइण्णो राया सहचेल्लणाए मज्जिउमाढत्तो[1]।

अभ्यग और उद्वर्तन के अनन्तर राजा-रानी ने सभी ऋतुओ मे विकसित होने वाले पुष्पो से युक्त पुन्नाग, नाग, चपक आदि सैकडो प्रकार के पुष्पवृक्ष और लताओ से वेष्टित नन्दनवन जैसे सुन्दर उपवन को देखा। उसके मध्य भाग मे एक क्रीड़ा पुष्करिणी दिखलायी पडी, जिसके ऊपर का भाग ढका हुआ था। परन्तु आस-पास दीवालो मे, स्तम्भो और छज्जो मे लगे हुए पाँचो प्रकार के रग फैलानेवाले रत्नो के प्रकाश से उस पुष्करिणी का जल दीप्तिमान हो रहा था। इसका जल नटबोल्ट के प्रयोग द्वारा बाहर निकाला जाता था। चन्द्रमणि से इसके आस-पास की वेदी बनायी गयी थी। चारो ओर तोरण लगे हुए थे और इस प्रकार वह देवताओ के लिए वाछनीय वस्तु थी। राजा रानी चेलना सहित उसमे स्नान करने के लिए प्रविष्ट हुआ।

दिव्य भोज का बहुत ही सुन्दर और व्यारेवार चित्रण किया गया है।

उवणीयाइं चव्वणीयाइं दाडिमदक्खादंत सरबोररायणाइं। पसाइयाइं रण्णा जहारिहं। तयणंतरमुवणीयं चोसं सुसमारियइक्खुगंडिया खज्जूर-नारंग-अंबगाइभेयं। तओ सुसमारियबहुभेयावलेहाइयं लेहणीयं। तयणंतरं असोगवट्टि-सग्गव्वुयसेवा-मोयग-फेणिया सुकुमारिया-घयपुण्णाइय बहुभेयं भक्खं। तओ सुगन्धसालि-कूर-पहित्ति-सारय-घय-नाणा सालणगाइं। तओ अणेगदव्वसंजोइयनिव्वत्तिया कड्ढिया। तओ अवणीयाइ भायणाइ। पडिग्गहेसु सोहिया हत्था। नाणाविहदाहिविहत्तीओ उवणीयाओ, तेण भुत्त तदुचियं। पुणो वि

१. कथाकोषप्रकरण—सिंघी जैन शास्त्र-शिक्षापीठ, भारतीय विद्याभवन, बम्बई, वि० सं०, २००५, पृ० ५७

अवणीयाइं भायणाइं। सोहिया तत्थ हत्था। आणीयमद्धावट्टं पारिहट्टिदुद्धं, महुसक्कराघणसारसारं। तयणंतरमुवणीयं आयमणं। तओ उवणीयाओ दंतसला- गाओ। नाणागंधसुयंधं समप्पियं हत्थाणमुव्वट्टणं। आणीयं मणयमुण्हं पाणीयं। निल्लेविया तेण हत्था। अवगओ अण्णाइगन्धो। उवणीया गन्धकामाइया कर- निमज्जणत्थं। उवविट्ठो अन्नत्थं मंडवे[१]।

सर्वप्रथम दाडिम, द्राक्षा, दनसर, वेर, रायण–खिरनी, आदि चर्वणीय पदार्थ उपस्थित किये गये, जिनमे मे यथायोग्य लेकर राजा ने अपना प्रसादभाव प्रकट किया। इसके पश्चात् ईख की गडेरी, खजूर, नारंग, आम आदि चोष्य वस्तुएं उपस्थित की गई। उसके बाद अनेक प्रकार के अच्छी तरह से तैयार किये गये लेह्य पदार्थ लाये गये। अनन्तर अशोक, वट्टीसक, सेव, मोदक, फेणी, सुकुमारिका, घेवर आदि अनेक प्रकार के भोज्य पदार्थ परोसे गये। बाद मे सुगन्धित चावल, विरज आदि लाये गये। पश्चात् नाना प्रकार के द्रव्यो के मिश्रण से बनाई गई कढ़ी रखी गयी। उनका आस्वादन कर लेने पर वे वर्तन उठा दिये गये। पतग्रह--धातु की कुडी मे हाथ धुलाये गये। अनन्तर नाना प्रकार की दही मे बनी वस्तुएँ उपस्थित की गईं, जिनका यथोचित उपभोग किया। उन बर्तनो को उठा कर हाथ साफ किये गये। अब आधा ओटा हुआ मधु, चीनी और केसर मिश्रित दूध दिया गया। पश्चात् आचमन कराया गया। दात साफ करने के लिये दन्तशलाकाएँ दी गई। दाँतो को निर्लेप करने के हेतु सुगन्धित उद्वर्तन रखा गया। किंचिदुष्ण जल से पुनः हाथ धुलाये गये, जिससे अन्नादि की गन्ध दूर हो गयी। पुन हाथो को मलने के लिये सुगन्धित काषायित वस्तुएं उपस्थित की गयीं। राजा दूसरे मण्डप में जाकर बैठ गया। वहाँ पर विलेपन, पुष्प, गन्ध, माल्य और ताम्बूल आदि चीजे दी गईं।

भारतीय संस्कृति, सभ्यता, समाज, राजनैतिक संगठन आदि का यथार्थ ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्राकृत-साहित्य बहुत उपयोगी है। जनसाधारण से लेकर राजा-महा- राजाओ तक के चित्र जितनी स्पष्टता, सूक्ष्मता और विस्तार के साथ प्राकृत-साहित्य में चित्रित है, उतने अन्य भाषा के साहित्य मे नहीं। जीवन के विस्तार, व्यवहार, विश्वास मे जितनी समस्याएँ और परिस्थितियाँ आती है, उनका बार-बार निरूपण प्राकृत- साहित्य मे पाया जाता है। वाणिज्य के हेतु की गयी समुद्र-यात्राओं का सजीव वर्णन पाया जाता है। वणिक् व्यापार के निमित्त बड़े-बडे जहाजी बेडे चलाते थे और सिंहल, सुवर्णद्वीप और रत्नद्वीप आदि से धनार्जन कर लौटते थे। धन नामक पात्र के सम्बन्ध मे 'समराइच्चकहा' मे आया है कि वह स्वोपार्जित वित्त द्वारा दान करने के निमित्त समुद्र-व्यापार

१. वही पृ० ५८।

करने गया। वह अपने साथ मे अपनी पत्नी धनश्री और भृत्य नन्द को भी लेता गया। जहाज मे नाना प्रकार का समान था। मार्ग मे उसकी पत्नी धनश्री ने उसे विष खिला दिया। अपने जीवन से निराश होकर उसने अपना माल-मता नन्द को सुपुर्द कर दिया। कुछ दिनो के बाद जहाज महाकटाह पहुँचा और नन्द सौगत लेकर राजा से मिला। यहाँ नन्द ने माल उतरवाया और धन की दवा का भी प्रबन्ध किया, पर उसे औषधि से लाभ नही हुआ। यहाँ से भी माल खरीद कर जहाज मे लाद दिया गया[1]। 'समराइच्चकहा' के पञ्चम भव की कथा में सनत्कुमार और वसुभूति सार्थवाह समुद्रदत्त के साथ ताम्रलिप्ति से व्यापार के लिए चले। जहाज दो महीने मे सुवर्णभूमि पहुँचा। सुवर्णभूमि से सिंहल के लिए रवाना हुए। तेरह दिन चलने के बाद एक बडा भारी तूफान उठा और जहाज काबू से बाहर हो गया[2]।

समराइच्चकहा मे गण्डोपधान[3]—गोल तकिया, आलिंगणिका[4]—मशनद जैसे तकियाओ के कई प्रकार परिलक्षित होते है। प्राचीन भारत मे मसूरक—गोल गद्दे का व्यवहार भी किया जाता था "चित्तावाडिमसूरयम्मि[5]" का प्रयोग चित्र-विचित्र गद्दे के अर्थ मे हुआ है।

कुवलयमाला मे १८ प्रकार के घोडो का लक्षण निर्देश किया गया है। यथा—

तुरयाणं[6] ताव अट्ठारस जाईओ। तं जहा—माला हायणा कलया खसा कक्कसा टंका टंकणा सारीरा सहजाणा हूणा संधवा चित्तचला चंचला पारा पारावया हंसा हंसगमणा वत्थव्वय त्ति एत्तियाओ चेव जाईओ। एयाणं जं पुण वोल्लाहा कयाहा सेराहाइणो तं वण्ण-लंछण-विसेसेण भण्णइ। अवि य

आसस्स पुण पमाणं पुरिसंगुल णिम्मियं तु जं भणियं।
उक्किट्ठवयस्स पुरा रिसीहिं किरी लक्खणण्णूहिं॥
बत्तीस अगुलाइं मुहं णिडालं तु होइ तेरसयं।
तस्स सिरं केसं तो य होइ अट्ठट्ठ विच्छिण्णं॥
चउवीस अगुलाइं उरो हयस्स भणिओ पमाणेणं।
असीति से उस्सेहो परिहं पुण तिउणियं वेंति॥
एयप्पमाण-जुत्ता जे तुरया होंति सव्व-जाईया।
ते राईणं रज्जं करेंति लाहं तु इयरस्स॥

---

१. समराइच्चकहा—भगवानदास संस्करण, चतुर्थ भव, पृ० २४०।

२. वही, पञ्चम भव की कथा, पृ० ३६८।

३–५. वही, पृ० ६७४।

६ कुवलयमाला, सिंघी जैन शास्त्रशिक्षापीठ, भारतीय विद्याभवन, बम्बई, वि० सं० २०१५, पृ० २३, अ० ५६।

उपर्युक्त पद्यो मे उत्तम घोड़े का लक्षण बताते हुए कहा कि उसका मुख बत्तीस अंगुल, मस्तक तेरह अगुल, हृदय चौबीस अगुल और ऊँचाई अस्सी अगुल प्रमाण होनी चाहिए। ऊँचाई मे तिगुने प्रमाण परिधि होनी चाहिए। इस प्रकार का तुरङ्ग राजाओ को राज्य कराता है और इतर व्यक्तियो को लाभ कराता है।

इस सन्दर्भ मे अश्वो के दोप और गुण का भी विस्तारपूर्वक वर्णन किया है। शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम मे बहत्तर कलाओ को स्थान दिये जाने का उल्लेख है।

आलेक्ख णट्टं जोइसं च गणियं गुणा य रयणाण।
वागरण वेय सुई गन्धव्व गंध-जुत्ती य॥
संखं जोगो वारिस-गुणा य होरा य हेउ-सत्थं च।
छंदं वित्ति-णिरुत्तं समिणय सत्थं मउण-जाण॥
आउज्जाण तुरयाण लक्खण लक्खण च हत्थीण।
वत्थु वट्टाखेड्डं गुहागमं इंदजालं च॥
दंत-कय तंब कयं लेप्पय-कमाइं चेय विणिओगो।
कव्व पत्त-च्छेज्जं फुल्ल विही अन्न-कम्मं च॥
धाउव्वाओ अक्खाइया य तंताइं पुप्फ-सयडी य।
अक्खर-समय णिघंटा रामायण-भारहाइं च॥
कालायास कम्मं सेक्कु-णिण्णओ तह सुवण्ण-कम्मं च।
चित्त-कला-जुत्तीओ जूयं जंत-प्पओगो य[1]॥

आलेख्य--धूलिचित्र, सादृश्यचित्र, और रसचित्र, नाट्यकला, ज्यौतिप, गणित, मूल्यपरिज्ञान, व्याकरण, वेद-श्रुति, गन्धर्व-सगीतकला, गन्धजुत्ती--इत्र, केसर, कस्तूरी आदि सुगन्धित पदार्थों की पहचान और गुणदोषो का परिज्ञान, साख्य, योग, वारिस-गुणा--वर्षा के गुण-दोष या परिज्ञान की कला अथवा सवत्सर परिज्ञान, होरा--जातक-शास्त्र, हेतुशास्त्र--न्यायशास्त्र, छन्दःशास्त्र, वृत्तिभाष्यज्ञान, निरुक्तशास्त्र, स्वप्नशास्त्र, शकुनशास्त्र, आयुर्ज्ञान, अश्वलक्षण, गजलक्षण, वत्थु-वास्तुकला वट्टाखेड्ड--वार्त्ताक्रीडा-पहेली बुझाना या बाह्याली मे घुडसवारी करने की कला, गुफाज्ञान, इन्द्रजाल, दन्त-कर्म, ताम्रकर्म, लेपकर्म, विनियोग--क्रय विक्रय परिज्ञान, काव्यकला, पत्रच्छेद, पुष्प-विधि, अल्लकर्म--सिचाई की कला धातुवाद, आख्यान, तन्त्र, पुप्फसयडी--शरीरविज्ञान, अक्षरनिघण्टु, पदनिघण्टु, रामायण-महाभारत काव्य, लौहकर्म, सेनानिर्गमन, सुवर्णकर्म, चित्रकला, द्यूतकला, यन्त्रप्रयोग, वणिज्य, मालनिर्माण, भस्मनिर्माण, वस्त्रनिर्माण या वस्त्रकर्म, आलकारिकर्म--आभूषण निर्माणविधि, जलस्रोत परिज्ञान, पन्द्रह के तन्त्र

---

१. वही, पृ० २२, अनु० ५२।

का परिज्ञान, नाटकयोग, कथा-निबन्ध, धनुर्वेद, सूपशास्त्र, आरुह—वृक्षारोहण या पर्वतारोहणकला, लोकवृत्तकला, औषधिनिर्माणविधि, ताला खोलने की कला, मातृभा-मूल परिज्ञान—भाषाविज्ञान, तीतर लडाने की कला, कुक्कुटयुद्धपरिज्ञान, शयनसवि-धान, आसनसविधान, समय पर देने-लेने की कला, मधुर वस्तुओ के माधुर्य का परिज्ञान या आलता और मोम बनाने की कला मे राजकुमारो को प्रवीण किया जाता था।

इन कलाओ के निर्देश के अतिरिक्त प्राकृत-साहित्य मे शिक्षा के सम्बन्ध मे अन्य भी कई महत्त्वपूर्ण तथ्य उपलब्ध होते है। रायपसेणिय मे तीन प्रकार के आचार्यो का वर्णन आया है—कालाचरिय–कालाचार्य, सिप्पाचरिय–शिल्पाचार्य और धम्माचरिय-धर्माचार्य। आचार्य को ज्ञान की दृष्टि से पूर्ण होना आवश्यक था। उक्त तीनो प्रकार के आचार्य छात्रो, राजकुमारो और सार्थवाहो को शिक्षा देकर नैतिक और आध्यात्मिक मार्ग मे प्रवृत्त करते थे। प्राकृत-साहित्य मे शिष्य के विधेय कर्त्तव्यो का विवेचन निम्न प्रकार उपलब्ध होता[1] है—

१ जिज्ञासु, इन्द्रियजयी, उत्साही और मधुरभाषी होने के साथ परिश्रमी होना आवश्यक है।

२ गुरु की आज्ञा का पालन करनेवाला, विनयी और विवेकी बनकर विद्यार्जन करना चाहिये।

३. गुरु के समक्ष किसी भी प्रकार की उद्दण्डता या पापाचरण करना सर्वथा वर्जित है।

४ गुरुजनो के समक्ष किसी भी प्रकार का प्रमाद करना या अनैतिक व्यवहार करना निषिद्ध है। गुरु को उत्तर-प्रयुत्तर देना भी वर्जित है।

५. विषय स्पष्ट न होने पर विनयपूर्वक पूछना, पुन पुन. स्मरण करना और असत्य भाषण का त्याग कर अपराध को स्वीकार करना तथा गुरु द्वारा दिये गये दण्ड को ग्रहण करना अच्छे शिष्य का कर्त्तव्य है।

६ शरीर सस्कार का त्याग कर कला, दर्शन और अध्यात्म ज्ञान का अर्जन करने मे सलग्न रहना आवश्यक है।

इस प्रकार प्राकृत-साहित्य का महत्त्व सस्कृति, शिक्षा एव सभ्यता के अध्ययन की दृष्टि से अत्यधिक है। प्रस्तुत इतिहास मे केवल साहित्यिक सौन्दर्य का ही विश्लेषण किया है। इसमे जो कुछ अच्छाइयाँ है वे गुरुजनो के प्रसाद का फल है और दोष या भूलें मेरे अज्ञान का परिणाम है। अत मुज्ञ पाठको से त्रुटियो के लिए क्षमा-याचना करता हूँ।

---

१. उत्तराध्ययन ११।१४।

आभार :

सर्व प्रथम मैं उन समस्त कवियो, आचार्यों, साहित्य-स्रष्टाओ, लेखको और विद्वानो के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ, जिनकी रचनाओ का उपयोग इस कृति के कलेवर-सपोषण मे किया गया है। पूज्य गुरुदेव पण्डित कैलाशचन्द्रजी शास्त्री, सिद्धान्ताचार्य, काशी के प्रति अपनी सविनय भक्ति प्रकट करता हूँ, जिन्होने एक बार इस कृति का अवलोकन कर मेरा उत्साह बढाया है। इसके प्रकाशक बन्धुद्वय श्रीरमाशकरजी और श्रीविनयशकरजी का मैं अत्यन्त आभारी हूं, जिनकी कृपा से यह रचना पाठको के समक्ष प्रस्तुत हो रही है। प्रूफ-सशोधन मे भाई प्रा० दरबारीलालजी कोठिया एम० ए० आचार्य हि० वि० वि० काशी तथा प्रो० राजारामजी जैन एम० ए०, पी० एच० डी०, एच० डी० जैन कालेज आरा (मगधविश्वविद्यालय) मे सहायता प्राप्त हुई है, अत उक्त दोनो बन्धुओ के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। अन्य सहायको मे अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुशीलादेवी के प्रति भी आभार प्रकट करता हू, जिनके गृह-सम्बन्धी सुप्रबन्ध के कारण कालेज के कार्य के उपरान्त शेष समय का बहुभाग मुझे अध्ययन-अनुशीलन के लिए प्राप्त हो जाता है।

कमियो और भूलो के लिए पुन क्षमायाचना करता हूँ।

एच डी० जैन कालेज,
आरा (मगध विश्वविद्यालय)
नेहरू-जन्मदिवस
१४ नवम्बर, १९६५

नेमिचन्द्र शास्त्री

प्रथमोऽध्याय

भाषाविकास और प्राकृत

भाषा और विचार का अटूट सम्बन्ध है। मनुष्य के मस्तिष्क मे जब विचार उठे होगे तभी भाषा भी आयी होगी। पाणिनि ने बताया है--"आत्मा बुद्धि के द्वारा अर्थो को समझकर मन को बोलने की इच्छा से प्रेरित करती है। मन शरीर की अग्नि-शक्ति पर जोर डालता है और वह शक्ति वायु को प्रेरित करती है, जिससे शब्द-वाक् की उत्पत्ति होती[1] है।"

भाषा का विकास

उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि मनुष्य के विकास के साथ-साथ वाणी का भी विकास हुआ है। अतएव आदिकाल मे यदि भिन्न-भिन्न स्थानो पर मनुष्य समाज का विकास हुआ होगा तो सम्भव है कि भिन्न-भिन्न भाषाएं आरम्भ से ही विकसित हुई हो। यदि एक ही स्थान पर सुसंगठित रूप मे मनुष्य समुदाय का आविर्भाव माना जाय तो आरम्भ मे एक भाषा का अस्तित्व स्वयमेव सिद्ध हो जाता है। यत स्थान और काल भेद से ही भाषाओ मे वैविध्य उत्पन्न होता है। इसमे सन्देह नही कि मनुष्य की भाषा सृष्टि के आरम्भ से ही निरन्तर प्रवाहरूप मे चली आ रही है, पर इस प्रवाह के आदि और अन्त का पता नही है। नदी की वेगवती धारा के समान भाषा का वेग अनियन्त्रित रहता है। अतः यह निश्चयपूर्वक नही कहा जा सकता कि वर्तमान मे भाषाओ की जो विभिन्नता दृष्टिगोचर हो रही है, वह कितनी प्राचीन है और न यही कहा जा सकता है कि मानवसृष्टि का विकास पृथ्वी के किस विशिष्ट स्थान मे हुआ है। तथ्य यह है कि मूलभाषा एक या अनेक रूप मे जैसी भी रही हो, पर भौगोलिक परिस्थितियो का आधार पाकर विकास और विस्तार को प्राप्त करती है। इस प्रकार विकास और विस्तार करते-करते एक से अनेक भाषाएँ बनती जाती हैं, उन अनेको मे भी ऐसी और अनेक शाखा-प्रशाखा, परिवार-उपपरिवार एवं भाषा-उपभाषाएँ बनती जाती हैं, जिनमें मिलान करने पर पूर्णतः भिन्नता पायी जाती है। विद्वानो ने स्थूल रूप मे संसार

१ आत्मा बुद्धया समेत्यार्थान् मनो युङ्क्ते विवक्षया।
मनः कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम्॥
—पाणिनीय शिक्षा श्लोक ६ चौखम्बा संस्करण, १६४८।

की भाषाओ को निम्नलिखित बारह परिवारो मे विभक्त किया है। यो तो विश्व मे दो-ढाई सौ परिवार की भाषाएँ वर्तमान हैं, पर प्राकृत भाषा के स्थान निर्धारण के लिए उक्त बारह प्रकार के परिवार ही अधिक अपेक्षित है।

(१) भारोपीय परिवार (२) सेमेटिक परिवार, (३) हैमेटिक परिवार, (४) चीनी परिवार या एकाक्षरी परिवार, (५) यूराल अल्टाई परिवार, (६) द्राविड परिवार, (७) मैलोपालीनेशियन परिवार, (८) बंटू परिवार, (९) मध्य अफ्रीका परिवार (१०) आस्ट्रेलिया प्रशान्तीय परिवार, (११) अमेरिका परिवार, (१२) शेष परिवार।

इन बारह भाषा परिवारो मे से प्राकृत भाषा का सम्बन्ध भारोपीय परिवार से है। इस भाषा परिवार को भी आठ उपभाषा परिवारो मे बाटा जाता है।

(१) आरमेनियन, (२) बाल्टस्लैवानिक (३) अलबेनियम (४) ग्रीक, (५) भारत, ईरानी या आर्यपरिवार (६) इटलिक, (७) कैल्टिक (८) जर्मन या ट्यूटानिक।

इन आठो उपपरिवारो मे भी हमारी प्राकृत का सम्बन्ध पाचवें उपपरिवार भारत-ईरानी अथवा आर्य उपपरिवार मे है। इस 'भारत ईरानी' उपपरिवार मे भी तीन शाखा परिवार है।

(१) ईरानी शाखा परिवार (२) दरद शाखा परिवार, (३) भारतीय आर्य शाखा परिवार।

प्राकृत भाषा का कौटुम्बिक सम्बन्ध उक्त तीन शाखा परिवारो मे से भारतीय आर्यशाखा परिवार मे है, अत भारतीय आर्यभाषा का ही एक रूप प्राकृत भाषा है। भारतीय आर्यशाखा परिवार के विकास को विद्वानो ने तीन युगो मे विभक्त किया है —

प्राचीन भारतीय आर्यभाषाकाल	(१६०० ई० पू०—६०० ई० पू०)
मध्यकालीन आर्यभाषाकाल	(६०० ई० पू० - १००० ई०)
आधुनिक आर्यभाषाकाल	(ई० १०००-- वर्तमान समय)

प्राचीन भारतीय आर्यभाषा का स्वरूप ऋग्वेद की प्राचीन ऋचाओ मे सुरक्षित है। यत भारतीय साहित्य का उष काल वैदिक युग मे प्रकृति के कोमल और रौद्र दोनो तरह के गान से आरम्भ होता है। आर्यो ने यज्ञपरायण संस्कृति के प्रसार, प्राकृतिक शक्तियो के पूजन, देवत्व विषयक भावनाओ के अभिव्यञ्जन एव बौद्धिक चिन्तन से सम्बद्ध विपुल साहित्य का निर्माण किया है। इस साहित्य मे जिस छान्दस या वैदिक भाषा का रूप उपलब्ध होता है, वही प्राचीन भारतीय आर्यभाषा है। वैदिक युग की इस भाषा मे हमे कई वैभाषिक प्रवृत्तियो का सकेत

प्राप्त होता है, जो तत्तत्काल और तत्तत् प्रदेश की लोकभाषा का सूचक है। यह सत्य है कि छान्दस् भाषा उस समय की साहित्यिक भाषा है, यह जनभाषा का परिष्कृत रूप है। निश्चयत. जनता की बोल-चाल की भाषा इससे भिन्न रही होगी। बोल-चाल की भाषा मे परिवर्तन के तत्त्व सर्वदा वर्तमान रहते हैं, यही कारण है कि यास्क (८०० वि० पू०) के समय तक छान्दस् भाषा में इतना विकास और विस्तार हुआ कि मन्त्रो के अर्थ को समझना कठिन हो गया। फलतः यास्क को निरुक्त लिखने की आवश्यकता प्रतीत हुई।

भाषा की विकसनशील शक्ति के कारण पाणिनि के पूर्व छान्दस् संस्कृत के अनेक रूप प्रादुर्भूत हो गये थे। इस काल मे ब्रह्मर्षि देश तथा अन्तर्वेद की विभाषा, उत्तरी विभाषा उस काल की परिनिष्ठित (स्टैण्डर्ड) भाषा थी और पाणिनि से पहले भी कुछ वैयाकरणों ने—शाकटायन, शाकल्य, स्फोटायन, इन्द्र प्रभृति ने इसे व्याकरण सम्मत साहित्यिक रूप देने का प्रयत्न किया था। पाणिनि ने जिस भाषा को व्याकरण द्वारा अनुशासित किया, वह निश्चय ही उस समय की साहित्यिक भाषा रही होगी। मेरा अनुमान है कि छान्दस् भाषा, जिसमें लोकभाषा के अनेक स्रोत मिश्रित थे, परिमार्जित और परिष्कृत हो साहित्यिक संस्कृत रूप को प्राप्त हुई है। तथ्य यह है कि भारतवर्ष मे अनेक जातियो के लोग एवं उनकी विभिन्न भाषाएँ है। इन उपादानो के सम्मिश्रण मे ही आर्य भाषा और भारतीय संस्कृति निर्मित हुई है। भारत में निषाद द्रविड, किरात और आर्य इन चारो जातियों ने मिल कर भारतीय जनजीवन एवं संस्कृति को विकसित किया है। श्री डॉ० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या का अभिमत है—"ऑस्ट्रिक और द्रविडो द्वारा भारतीय संस्कृति का शिलान्यास हुआ था, और आर्यो ने उस आधारशिला पर जिस मिश्रित सस्कृति का निर्माण किया उस सस्कृति का माध्यम, उसकी प्रकाशभूमि एवं उसका प्रतीक यही आर्य भाषा बनी[1]।"

अतएव स्पष्ट है कि छान्दस् या वैदिक संस्कृत मे भी कई विभाषाओ के बीज वर्तमान है। यही कारण है कि ऋग्वेद को तत्कालीन जन-भाषा मे लिखा नहीं माना जाता है। वास्तव मे ऋग्वेद की भाषा उस काल के पुरोहितों और राजाओ की भाषा है। जन-भाषा का रूप अथर्ववेद मे उपलब्ध होता है। इसमे जिन शब्दो का प्रयोग उपलब्ध है, उनमे अधिकाश शब्द ऐसे हैं, जिनका व्यवहार जन-साधारण अपने दैनिक जीवन मे करता था। शिष्टता एवं रूढिवादिता की सीमा से

१ भारतीय आर्य भाषा और हिन्दी—पृ० १५, ले०—डॉ० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, प्र०—राजकमल प्रकाशन, सन् १९५७।

अथर्ववेद की भाषा पृथक है[1]। अत प्राचीन भारतीय आर्यभाषा का वास्तविक रूप केवल ऋग्वेद मे ही नही मिलता है, इसके लिए अथर्ववेद एव ब्राह्मण साहित्य का भी अध्ययन करना अपेक्षित है।

वैदिक भाषा में अन्य भाषा तत्त्वों का समावेश

वैदिक काल मे ही वैदिक भाषा बोलनेवाले आर्य सप्तसिन्धु और मध्यप्रदेश से आगे बढ गये थे और उनकी भाषा द्रविड एवं मुण्डा वर्ग की भाषाओ मे प्रभावित होने लगी थी। ध्वन्यात्मक एव पदरचनात्मक दृष्टि से उसमे अनेक विशेषताएँ मिश्रित होने लगी थी। मूर्धन्य टवर्गीय ध्वनिया, सामासिक प्रवृत्ति एव प्रत्यय सयोग के कारण संश्लिष्ट रूपो का विकास प्राचीन भारतीय आर्यभाषा मे आर्यों के विस्तार के पश्चात् ही हुआ है। यही कारण है कि वैदिक काल से ही विभाषाओ और उपभाषाओ का विकास होता आ रहा है।

वैदिक या छान्दस के साथ प्राकृत भाषा के तत्त्व

वैदिक भाषा के समानान्तर जनभाषा जिसे प्राकृत कहा गया है निरन्तर विकसित होती जा रही थी। विकट, कीकट, निकट दण्ड, अण्ड पृष्ठ वट क्षुल्ल इस प्रकार के जनभाषा के रूप है, जिनके वास्तविक वैदिक रूप क्रमश विकृत किकृत निकृत दन्द्र, अन्द्र, प्रथ्, प्रथ क्षुद्र (क्षुद्ल) हैं[2]। ये रूप वस्तुत प्राकृत या देश्य थे, जो शनै शनै वैदिक भाषा मे मिश्रित हो गये। इसी प्रकार 'इन्द्रावरुणा', 'मित्रावरुणा', 'उ र', 'नीचा, पश्चा' भोतु', दूडभ', दूणाभ' प्रभृति प्रयोग भी वैदिक भाषा मे प्रादेशिक बोलियो से हो गये है। अतएव स्पष्ट है कि वैदिककाल मे भी जनभाषा विद्यमान थी, जिसका प्रभाव छान्दस पर पडा है। परवर्ती वैदिककाल मे देश्य भाषा के विभाग को विद्वानो ने निम्न रूप मे विश्लेषित किया है।[3]

१ अथर्ववेद की सृष्टि ऋग्वेद से निराली है, रोज-ब-रोज के रीति रिवाज और जीवन व्यवहार की बाते और मान्यताएँ उसमे ठीक-ठीक प्रतिबिम्बित होती है। समग्र दृष्टि से अथर्ववेद के कुछ अश ऋग्वेद के समकालीन तो है ही। फिर भी अथर्ववेद के शब्द और शब्द प्रयोग ऋग्वेद से काफी निराले है। जिन शब्दो को ऋग्वेद मे स्थान नही, वे शब्द अथर्ववेद मे व्यवहृत होते है।

डॉ. प्रबोध बेचरदास पंडित—प्राकृतभाषा पृ० १३।

२. चाटुर्ज्या द्वारा लिखित– भारतीय-आर्यभाषा और हिन्दी' द्वितीय संस्करण पृ० ७४।

३. विशेष जानने के लिए देखें—भारतीय-आर्य भाषा और हिन्दी पृ० ७१–७२ द्वितीय संस्करण।

ब्राह्मण साहित्य पर जिन देश्य भाषाओं का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है, वे हैं—(१) उदीच्य या उत्तरीय विभाषा (२) मध्यदेशीय विभाषा (३) प्राच्य या पूर्वीय विभाषा। उदीच्य विभाषा उस काल की परिनिष्ठित विभाषा थी, इसका व्यवहार सप्तसिन्धु प्रदेश में होता था। इसी परिनिष्ठित विभाषा में ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद् साहित्य लिखा गया है। आधुनिक पश्चिमोत्तर सीमाप्रान्त एवं उत्तरीय पंजाब की भाषा उस समय परिनिष्ठित या शुद्ध मानी जाती थी और यही उस समय की साहित्यिक भाषा थी। यह प्राचीन भारतीय आर्यभाषा के निकट एवं रूढिबद्ध थी। 'कौषीतकि ब्राह्मण' में बताया गया है कि 'उदीच्य प्रदेश में भाषा बड़ी सावधानी से बोली जाती है, भाषा सीखने के लिए लोग उदीच्य जनों के पास ही जाते हैं, जो भी वहां से लौटता है, उससे सुनने की लोग इच्छा करते हैं'।[1] इससे सिद्ध है कि उदीच्यों का उच्चारण बहुत ही शुद्ध होता था और वे भाषा सिखलाने के लिए गुरु माने जाते थे। यही वह भाषा है, जिसे आधार मानकर महर्षि पाणिनि ने अष्टाध्यायी की रचना की और संस्कृत भाषा को आधारशिला को दृढ बनाया। पाणिनि का जन्म गान्धार में शालातुर गांव में हुआ था और उनकी शिक्षा तक्षशिला में सम्पन्न हुई थी। ये दोनों ही स्थान उदीच्य प्रदेश में हैं।

देश्य भाषा के तीन रूप

मध्यदेशीय विभाषा का रूप स्पष्ट नहीं है, पर इतना निश्चित है कि यह उदीच्य भाषा के समान रूढिबद्ध नहीं थी और न प्राच्या के समान शिथिल ही। इसका स्वरूप मध्यम मार्गीय था।

प्राच्या उपभाषा सम्भवतः आधुनिक अवध, पूर्वी उत्तरप्रदेश एवं विहार-प्रदेश में बोली जाती थी। यह असंस्कृत एवं विकृत विभाषा थी। इसमें द्रविड एवं मुण्डा भाषा के तत्त्वों का पूर्ण मिश्रण विद्यमान था। इस भाषा के बोलने वाले ऐसे लोग थे, जिनका विश्वास यज्ञीय संस्कृति में नहीं था। इसी कारण उन्हें व्रात्य कहा जाता था। इन व्रात्यों का सामाजिक एवं राजनैतिक संघटन भी उदीच्य आर्यों की अपेक्षा भिन्न था। बुद्ध और महावीर इन्हीं आर्यों में से थे। इन दोनों ने सामाजिक क्रान्ति के साथ मातृभाषा को समुचित महत्त्व दिया। परिनिष्ठित उदीच्य भाषा के आधिपत्य को हटाकर जनभाषा को अपना उचित पद प्रदान किया। डॉ० चाटुर्ज्या ने ब्राह्मण ग्रन्थों के आधार पर बताया

---

१. तस्मादुदीच्यां प्रज्ञाततरा वागुद्यते। उदञ्च उ एव यन्ति वाचं शिक्षितुं; यो वा तत आगच्छति, तस्य वा शुश्रूषन्त इति। कौषीतकि ब्राह्मण ७–६, डॉ० चाटुर्ज्या द्वारा उद्धृत भा० आ० भा० और हिन्दी पृ० ७२ द्वितीय संस्करण।

है[1] कि—"व्रात्य[2] लोग उच्चारण में सरल एक वाक्य को कठिनता से उच्चारणीय बतलाते हैं और यद्यपि वे दीक्षित नहीं हैं, फिर भी दीक्षा पाये हुओं की भाषा बोलते हैं। इस कथन से स्पष्ट है कि पूर्व के आर्य लोग—व्रात्य संयुक्त व्यञ्जन, रेफ एवं सोष्म ध्वनियों का उच्चारण सरलता से नहीं कर पाते थे। संयुक्त व्यञ्जनों का यह समीकृत रूप ही प्राकृत ध्वनियों का मूलाधार है। इस प्रकार वैदिक भाषा के समानान्तर जो जनभाषा चली आ रही थी, वही आदिम प्राकृत थी। पर इस आदिम प्राकृत का स्वरूप भी वैदिक साहित्य से ही अवगत किया जा सकता है।

मध्यकालीन आर्य-भाषा और प्राकृत

यह निर्विवाद सत्य है कि छान्दस् और संस्कृत में मूर्धन्य ध्वनियों का अस्तित्व प्राकृत तत्त्वों को सिद्ध करने के लिए पर्याप्त है। अतः भारत-जर्मनिक परिवार की किसी अन्य भाषा—यहाँ तक कि अवेस्ता में भी मूर्धन्य ध्वनियाँ नहीं है। संस्कृत व्याकरण के नियमानुसार दन्त्य न् के पूर्व यदि उसी शब्द में ऋ, र अथवा ष हो तो वह मूर्धन्य ण् में परिवर्तित हो जाता है। इस नियम के भीतर प्रवेश करने पर अवगत होगा कि प्राचीन या मध्यकालीन आर्यभाषा में यह णत्व की प्रवृत्ति द्राविड भाषा परिवार के सम्पर्क के कारण आयी है। आर्यों के आगमन के समय यहाँ नेग्रिटो, ऑस्ट्रिक एवं द्राविड जाति के लोग निवास करते थे। ऑस्ट्रिक जाति के लोग निषाद एवं द्राविड लोग आर्यों में दस्यु और दास नामों से प्रसिद्ध हुए। उत्तर या उत्तर-पूर्व से आये हुए तिब्बती-चीनी लोग किरात कहलाये। अतः आर्यभाषा को द्राविड और आग्नेय दोनों परिवारों ने प्रभावित किया। मूर्धन्य ध्वनियों का अस्तित्व द्राविड परिवार के सम्पर्क से ही आया है। यही कारण है कि भारोपीय परिवार की अन्य किसी भी भाषा में इन ध्वनियों का अस्तित्व नहीं है। छान्दस् में 'र' का 'ल' ध्वनि के रूप में विकास पाया जाता है। वही 'ल' दन्त्य ध्वनि से मिलकर उसको मूर्धन्यी भाव कर देता है। छान्दस में ळ वाली प्रवृत्ति पायी जाती है, जो प्राच्या भाषा या प्राकृत का प्रभाव है। यात

१. अदुरुक्तवाक्यं दुरुक्तमाहुः, अदीक्षिता दीक्षितवाचं वदन्ति। ताण्ड्य ब्रा० १७–४, भा० आ० भा० और हिन्दी पृ० ७०, द्वितीय संस्करण।

२. उपनयनादि से हीन मनुष्य व्रात्य कहलाता है। ऐसे मनुष्यों को लोग वैदिक कृत्यों के लिए अनधिकारी और सामान्यतः पतित मानते हैं। परन्तु यदि कोई व्रात्य ऐसा हो, जो विद्वान् और तपस्वी हो तो ब्राह्मण उससे भले ही द्वेष करें, परन्तु वह सर्वपूज्य होगा और देवाधिदेव परमात्मा के तुल्य होगा। —डॉ० सम्पूर्णानन्द द्वारा सम्पादित व्रात्य काण्ड भूमिका पृ० २, प्रथम संस्करण।

यह है कि उत्तरी भारत समतल मैदानों का प्रदेश होने के कारण, पश्चिम से पूर्व की ओर प्राय तथा कभी-कभी पूर्व से पश्चिम की ओर लोगों का आवागमन होने से एक प्रदेश की भाषा मे प्रचलित विशेष रूप दूसरे प्रदेश की भाषा में सरलतया पहुँच जाते थे। अत. प्राचीन भारतीय आर्यभाषा काल से ही आन्तर्प्रादेशिक भाषाओं का सम्मिश्रण होता आ रहा है। अतएव वैदिक भाषा के साथ जन-भाषा का अस्तित्व स्वयमेव सिद्ध है। इस जनभाषा को स्वरूप और प्रकृति के आधार पर प्राकृत कहा जा सकता है। डॉ० पी० डी० गुणे ने अपने 'An Introduction to Comparative philology' नामक ग्रन्थ मे लिखा है—"From the above it will be seen, that the linguals in vedic and later Sk are due to the influence of the old Prakrits, Which therefore must have existed side by side with the Vedic dialects These gave us the later literary Prakrits Side by side with the language of the Vedas and the Prakrit there was current even during the period of the production of the hymns, a language which was much more developed than the priestly language and which had the chief characteristics of the oldest phase of the mid-Indian dialects*, अर्थात् प्राकृतो का अस्तित्व निश्चित रूप से वैदिक बोलियो के साथ-साथ वर्तमान था। इन्ही प्राकृतो से परवर्त्ती साहित्यिक प्राकृतो का विकास हुआ। वेदो एव पण्डितो की भाषा के साथ-साथ, यहा तक कि मन्त्रो की रचना के समय भी, एक ऐसी भाषा प्रचलित थी जो पण्डितो की भाषा से अधिक विकसित थी। इस भाषा मे मध्यकालीन भारतीय बोलियो की प्राचीनतम अवस्था की प्रमुख विशेषताएँ वर्तमान थी।

वैदिक तथा परवर्ती सस्कृत के व शब्द, जिनमे न के स्थान मे ण का प्रयोग हुआ है, प्राकृत रूप है। अत आणि पुण्य, फण, काण, कर्ण, निपुण, गण, कुणार, तूण वेणु, वेणी शब्दो को भी मूलत प्राकृत का ही माना जाता है। इसी प्रकार शिथिल शब्द मे इकार का होना तथा रेफ के स्थान पर ल हो जाना भी पूर्वीय प्रवृत्ति के साथ प्राचीन प्राकृत का अस्तित्व सिद्ध करता है। यह एक सामान्य सिद्धान्त है कि कोई भी नयी जाति पुराने निवासियो के सम्पर्क से सामाजिक और सास्कृतिक विकास करती है। वनस्पति, पशुसृष्टि, भौगोलिक, परिस्थिति, प्रतिदिन के रीति-रिवाज एवं धार्मिक मान्यताएँ आर्यो ने आर्येतरो से ही ग्रहण की होगी। फलत उनका शब्दभाण्डार अनार्य भाषाओ के सम्पर्क से पुष्ट एवं समृद्ध

---

* An Introduction to Comparative philology, Page 163 by Dr P D Gune, second Impression, 1950

हुआ होगा। इस प्रकार छान्दस् साहित्य में प्राकृत भाषा के तत्त्वों का समावेश आर्यों के आगमनकाल से ही चला आ रहा है।

प्राकृत भाषा की गणना मध्य भारतीय आर्यभाषा में की जाती है और इसका विकास वैदिक संस्कृत या छान्दस् भाषा से माना जाता है। अतः प्राकृत की प्रकृति वैदिक भाषा से मिलती-जुलती है। प्राकृत में व्यञ्जनान्त शब्दों का प्रयोग प्रायः नहीं होता। संस्कृत के व्यञ्जनान्त शब्द का अन्तिम व्यञ्जन लुप्त हो जाता है। जैसे संस्कृत के तावत्, स्यात्, कर्मन् प्राकृत में क्रमशः ताव, सिया, कम्म हो जायेंगे। वैदिक भाषा में व्यञ्जनान्त शब्दों की दोनों स्थितियाँ उपलब्ध हैं—कहीं उनका अस्तित्व रहता है और कहीं-कहीं उनका लोप भी हो जाता है। यथा पश्चात् के स्थान पर पश्चा, (अथर्व० १०।४।११, शत० ब्रा० १।६।२।५), युष्मान् के स्थान पर युष्मा (वाजस० ११।१३।१, शत० ब्रा० १।२।६), उच्चात् के स्थान पर उच्चा (तै० स० २।३।१४) एवं नीचात् के स्थान पर नीचा (तै० १।२।१४) प्रयोग उपलब्ध होते हैं। प्राकृत में विजातीय संयुक्त वर्णों में से एक का लोप कर पूर्ववर्ती ह्रस्व स्वर को दीर्घ कर दिया जाता है। जैसे—निश्वास = नीसास, कर्तव्य = कातव्व, दुर्हार = दूहार, दुर्लभ = दूलह। यह प्रवृत्ति वैदिक संस्कृत में भी पायी जाती है। यथा—दुर्दभ = दूडभ (ऋग्वेद ४।९।८, वा० सं० ३।३६), दुर्नाश=दूणाश (शुक्ल यजुर्वेदीय प्रातिशाख्य ३।४३), इत्यादि।

प्राकृत भाषा का विकास

स्वर भक्ति के प्रयोग प्राकृत और छान्दस दोनों भाषाओं में समान रूप से पाये जाते हैं। प्राकृत में क्लिष्ट = किलिट्ठ, स्व = सुव मिलते हैं। इसी प्रकार छान्दस में तन्व. = तनुव (तैत्ति० आरण्यक ७।२२।१), स्व = सुव (तैत्ति० आरण्यक ६।२।७), स्वर्ग = सुवर्ग, (तैत्ति० आरण्यक ४।२।७), स्वर्ग = सुवर्ग (तैत्ति०संहिता ४।२।३, मैत्र० ब्रा० १।४।१), राज्या = रात्रिया, महस्रय = महसिरिय इत्यादि। पदरचना में भी दोनों में पर्याप्त समानता पायी जाती है। तृतीया के बहुवचन में प्राकृत में देव शब्द का देवेहि रूप बनता है। छान्दस में इस स्थान पर देवेभि (ऋग्वेद १।१।२) प्रयोग पाया जाता है। छान्दस् और प्राकृत में पद-गत किसी वर्ण का लोप करके उसे पुनः सङ्कुचित कर देने की प्रवृत्ति समान रूप से वर्तमान है। यथा—प्राकृत में राजकुल = राउल, कालायस = कालास, इत्यादि, वैदिक में शतक्रतव = शतक्रत्व, पशवे = पश्वे, निविविशिरे = निविविश्रे, इत्यादि

१. प्राकृत में चतुर्थी विभक्ति के लिए षष्ठी का प्रयोग पाया जाता है। छान्दस् में भी 'चतुर्थ्यर्थे बहुलम् छन्दसि २।४।६२, षष्ठ्यर्थे चतुर्थी वाच्यम्' सूत्र उक्त तथ्य को सिद्ध करते हैं।

रूप पाये जाते हैं। प्राकृत मे अकारान्त शब्द प्रथमा के एकवचन मे ओकारान्त हो जाते हैं यथा—देव. = देवो, स = सो, धर्म. = धम्मो इत्यादि। यह प्रवृत्ति वैदिकभाषा मे भी कुछ अंश तक पायी जाती है, यथा—स चित् = सो चित्, (ऋक १।१६१।११) संवत्सर: अजायत = संवत्सरो अजायत (ऋग्वेद १०।१९०।२) पाणिनि ने हशि च ६।१।११४ सूत्र छान्दस् की उक्त प्रवृत्ति का नियमन करने के लिए ही लिखा है। उन्होंने इस ओकारान्तवाले प्रयोग को सीमित करने के लिए विसर्ग सन्धि के नियमो का प्रणयन किया है।

अतएव उक्त विवेचन से स्पष्ट है कि प्राकृत का विकास प्राचीन आर्यभाषा छान्दस् से हुआ है, जो उस समय की जनभाषा रही होगी। लौकिक संस्कृत या संस्कृत भाषा भी छान्दस् से विकसित है। अत. विकास की दृष्टि से प्राकृत और संस्कृत दोनो सहोदरा हैं। दोनो एक ही स्रोत से उद्भूत हैं। कुछ विद्वान् ऋग्वेद की भाषा को साहित्यिक एवं रूढिग्रस्त मानते हैं और उनका मत है कि यह भाषा भी उस समय की प्राकृत भाषा से विकसित है। डा. हरदेव बाहरी का अभिमत है —"प्राकृतो से वेद की साहित्यिक भाषा का विकास हुआ, प्राकृतो से संस्कृत का विकास भी हुआ और प्राकृतो से इनके अपने साहित्यिक रूप भी विकसित हुए"[1]।

इस मत पर विचार करने से स्पष्ट अवगत होता है कि वर्तमान मे जो प्राकृत साहित्य उपलब्ध है, वह तो इतना प्राचीन नही है और न उसकी भाषा ही प्राचीन है। हां वैदिक युग मे भी कोई जनभाषा अवश्य थी, उसी जनभाषा से छान्दस साहित्यिक भाषा विकसित हुई होगी। पश्चात् इस छान्दस् को भी अनुशासित कर दिया गया और इसमे से विभाषा के तत्त्वो को निकाल बाहर किया। इसी परिमार्जित और संस्कृत रूप को संस्कृत घोषित किया गया। अत. डा० हरदेव बाहरी के मत मे इतना तथ्य अवश्य है कि प्राचीन और मध्यकालीन आर्यभाषाओं का विकास किसी जनभाषा—प्राकृत भाषा से ही होता है। यत ज्ञान एवं सभ्यता के विकास के साथ ही साथ भाषा का भी निरन्तर प्रसार होता रहता है। मनुष्य जिस वातावरण मे रहता है, वह अपनी सुविधा एवं सुगमता के अनुसार बोलियो का विकास करता है। जिस बोली का बहुत-से व्यक्ति बहुत समय तक प्रयोग करते रहते हैं, वह बोली कुछ समय के लिए किन्ही विशेष ध्वनियो तथा किन्ही विशेष रूपो पर आश्रित हो जाती है। वैयाकरण उस शिष्ट बोली का व्याकरण निर्मित करते हैं और वह बोली व्याकरण के अनु-

---

१. प्राकृत भाषा और उसका साहित्य—डॉ० हरदेव बाहरी—राजकमल प्रकाशन, प्रथम संस्करण पृ० १३।

शासन में बँध कर भाषा बन जाती है। जनसाधारण उन नियमों से अपरिचित होने के कारण स्वेच्छानुसार भाषा के स्वतन्त्र रूपों का निर्माण करते हैं और प्राचीन रूपों में परिवर्तन हो जाता है। इस स्थिति में प्राचीन भाषा तो साहित्य की भाषा का रूप ग्रहण कर लेती है और नवीन भाषा लौकिक भाषा—जन-भाषा—प्राकृत भाषा का रूप धारण कर लेती है। कालान्तर में व्याकरण और साहित्य के नियमों से पुन यह सुसंस्कृत बनती है और एक नवीन बोली का विकास होता है। इस प्रक्रिया द्वारा साहित्यिक भाषा और जनबोलियों का विकास होता चला जाता है।

प्राचीन भारत की मूल भाषा या बोली का क्या रूप था यह तो स्पष्ट नहीं है, पर आर्यों की अपनी एक भाषा थी और उस भाषा पर अन्य जातियों का भी प्रभाव पड़ा और छान्दस् भाषा विकसित हुई। पुरोहितों ने इस छान्दस् को भी रूढ़िग्रस्त बनाया। इसके भी पद वाक्य, ध्वनि एवं अर्थ इन चारों अंगों को विशेष अनुशासनों में आबद्ध कर दिया तो भी जनसाधारण की बोली का प्रवाह तीव्र गति से आगे बढ़ता ही गया। फलस्वरूप ऋग्वेद की अपेक्षा अथर्व-वेद और ब्राह्मण साहित्य में जनतत्त्व अधिक समाविष्ट हो गये। पाणिनि ने उक्त छान्दस् का भी परिष्कार किया और एक नया भाषा संस्कृत का आविर्भाव हुआ। छान्दस् में जो जनतत्त्व समाविष्ट थे वे अनुशासित किये जाने पर भी सर्वथा परिमार्जित न हो पाये और उनका विकास होता रहा, फलत छान्दस् का मौलिक विकसित रूप प्राकृत कहलाया। अत अद्यतन उपलब्ध प्राकृत भाषा का विकास छान्दस से ही हुआ है। दूसरे शब्दों में प्राकृत को बहता नीर और संस्कृत को बद्ध महा सरोवर कह सकते हैं। प्राकृत स्रोत वैदिक काल से लेकर अप्रतिहत रूप में प्रवाहित होता चला आ रहा है, पर संस्कृत को नियम और अनुशासनों के घेरे में इतना आबद्ध कर दिया गया, जिससे उस भाषा में आवर्त-विवर्तों की लहरें उत्पन्न न हो सकी। यही कारण है कि प्राकृत और संस्कृत दोनों के एक ही छान्दस् स्रोत से प्रवाहित होने पर भी एक वृद्धा कुमारी बनी रही और दूसरी कुमारी युवती। तात्पर्य यह है कि संस्कृत पुरानी होती हुई भी सदा मौलिक रूप धारण करती है, इसके विपरीत प्राकृत चिर युवती है, जिसकी सन्तानें निरन्तर विकसित होती जा रही हैं और अपना उत्तराधिकार सन्तानों को सौंपती जा रही है। स्पष्ट है कि प्राचीन प्राकृत के पश्चात् मध्यकालीन प्राकृत का विकास हुआ और उस मध्यकालीन प्राकृत ने अपना उत्तराधिकार अपभ्रंश को अर्पित किया। अपभ्रंश भी बाँझ नहीं है, इसने भी हिन्दी, बंगला, गुजराती एवं मराठी आदि आधुनिक भाषा सन्तानों को उत्पन्न किया है। इस प्रकार संस्कृत वृद्धाकुमारी स्वयं सुन्दरी और धनी तो बनी रही, पर सन्तान उत्पन्न न कर उन्हें अपना

उत्तराधिकारी न बना सकी। यही कारण है कि संस्कृत को कूपजल और प्राकृत को बहता नीर कहा गया है।

साहित्य निबद्ध प्राकृत का सिकास मध्यभारतीय आर्यभाषा काल से माना जाता है। विप्रत्व और शिष्टत्व के वर्तुल से निकलकर जनभाषा को विकास का पूरा अवसर प्राप्त हुआ। बुद्ध और महावीर ने इस जनभाषा को अपनाया और इसके विकास का नया अध्याय आरम्भ हुआ। शिष्टता के घेरे को तोडकर यह प्रवाह इतनी तेजी से आगे बढा, जिससे संस्कृत भी इससे प्रभावित हुए बिना न रह सकी। यज्ञ-याग एवं उपनिषदो की चर्चा से आगे बढकर समाज के विभिन्न विषय संस्कृत साहित्य के वर्ण्य विषय बने। सस्कृत मे जनोपयोगी विषयो का विवेचन प्राकृत के प्रभाव का ही फल है। सस्कृत का व्यवहार आर्य और अनार्य दोनो ही करने लगे। फलत मध्यकाल मे सस्कृत के भाषास्वरूप मे भी कुछ परिवर्तन हुआ। यद्यपि पाणिनि का अनुशासन इतना नियमबद्ध था, जिससे उसकी सीमा का उल्लघन करना सहज बात नही थी, तो भी संस्कृत के व्यवहार क्षेत्र मे पर्याप्त विकास हुआ तथा इसका शब्दकोष भी समृद्ध हो गया। साहित्य के इस आन्तरिक स्वरूप का परीक्षण कर डॉ० प्रबोध बेचरदास पण्डित ने बताया है "इस काल के कई साहित्य स्वरूप ऐसे हैं, जो बाहर से सस्कृत है, जिस पर सस्कृत का आवरण है, नीचे प्रवाह है प्राकृत का। यह साहित्य समाज के दोनो वर्ग मे — नागरिक और ग्राम्य प्रजा मे सफल होता रहा। इसके आबाद नमूने है महाभारत जैसी विशाल रचनाएँ। वस्तुत इस महान् ग्रन्थ के नीचे प्रवाह है प्राकृत भाषा का, उसका बाहरी रूप है संस्कृत का"[1]।

अतएव सिद्ध है कि प्राकृत भाषा और साहित्य ने मध्यकाल मे सस्कृत को पर्याप्त प्रभावित किया है। इसने क्रान्तिकारी तत्त्वो ने जनजीवन मे एक नयी स्फूर्ति उत्पन्न की है। अभिजात्य और शिष्टवर्ग की सीमा के घेरे को तोड लोक-चेतना को विकसित करने मे प्राकृत का बहुत बडा हाथ है। समय-सीमा की दृष्टि से प्राकृत का विकास काल मध्यकाल माना जाता है।

प्राकृत भाषा का बोध करानेवाला 'प्राकृत' शब्द प्रकृति से बना है। प्रकृति शब्द के अर्थ के सम्बन्ध मे विद्वानो मे बहुत मतभेद है। कुछ मनीषी इस शब्द का अर्थ एक मूल तत्त्व अथवा आधारभूत भाषा मानते है और उनका मत है कि प्राकृत की आधारभूत भाषा संस्कृत है तथा इसी संस्कृत से प्राकृत भाषा निकली है। हेमचन्द्र,

प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति

१. प्राकृतभाषा — डॉ० प्रबोध बेचरदास पण्डित, प्रकाशक श्री पार्श्वनाथ विद्याश्रम, वाराणसी, सन् १९५४, पृ० १६।

मार्कण्डेय, धनिक, सिंहदेव गणी आदि प्राचीन वैयाकरणो और आलंकारिको ने प्राकृत की प्रकृति संस्कृत को ही माना है। हेमचन्द्र ने कहा है—

प्रकृतिः संस्कृतम्। तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम्। संस्कृतानन्तरं प्राकृतमधिक्रियते। संस्कृतानन्तरं च प्राकृतस्यानुशासनं सिद्धसाध्यमानभेदसंस्कृतयोनेरेव तस्य लक्षणं न देश्यस्य इति ज्ञापनार्थम्[1]।

अर्थात् प्रकृति—संस्कृत है, इस संस्कृत से आयी हुई भाषा प्राकृत है। संस्कृत के पश्चात् प्राकृत का अधिकार आरम्भ होता है। प्राकृत मे जो शब्द संस्कृत के मिश्रित है, उनको संस्कृत के समान ही अवगत करना चाहिए। प्राकृत में तद्भव शब्द दो प्रकार के है—साध्यमान संस्कृतभव और सिद्ध संस्कृत भव। अनुशासन इन दोनो प्रकार के शब्दो का ही प्रतिपादित है। देश्य शब्दो का नही। यह कथन संस्कृतानन्तर पद द्वारा समर्थित होता है। डॉ० पिशल ने साध्यमान संस्कृत भव शब्दो की व्याख्या करते हुए बतलाया है कि "इस वर्ग मे वे प्राकृत शब्द आते है, जो उन संस्कृत शब्दो या, जिनमे वे प्राकृत शब्द निकले है, बिना उपसर्ग या प्रत्यय के मूल रूप बताते है। इनमे विशेष कर शब्दरूपावली और विभक्तियां आती है जिनमे वह शब्द व्याकरण के नियमो के अनुसार बनाया जाता है और जिसे साध्यमान कहते है। बीम्स ने इन शब्दो को आदि तद्भव (Early tadbhavas) कहा है। ये प्राकृत के अंश हैं जो स्वयं सर्वाङ्गपूर्ण है। दूसरे वर्ग मे प्राकृत के वे शब्द शामिल है, जो व्याकरण से सिद्ध संस्कृत रूपो से निकले है जैसे अर्धमागधी वन्दित्ता जो संस्कृत वन्दित्वा का विकृत रूप है।"[2]

इसी अर्थ का समर्थन मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व से भी होता है

प्रकृतिः संस्कृतम्। तत्र भवं प्राकृतमुच्यते[3]।

दशरूपक के टीकाकार धनिक ने परिच्छेद २, श्लोक ६० की व्याख्या करते हुए लिखा है—

प्रकृतेः आगतं प्राकृतम्। प्रकृतिः संस्कृतम्।

---

१. सिद्धहैमशब्दानुशासन ८।१।१—'अथ प्राकृतम्'।

२. प्राकृत भाषाओं का व्याकरण—बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् पटना द्वारा प्रकाशित पृ० १२।

३ प्राकृतसर्वस्व १।१।

यह मत 'कर्पूरमंजरी' के टीकाकार[1] वासुदेव, 'षड्भाषाचन्द्रिका'[2] के रचयिता लक्ष्मीधर, 'वाग्भटालंकार'[3] के टीकाकार सिंहदेवगणि, 'प्राकृत शब्दप्रदीपका' के रचयिता नरसिंह, गीतगोविन्द की 'रसिक सर्वस्व' टीका के लेखक नारायण एवं शकुन्तला के टीकाकार शंकर का भी है। इन विद्वानों ने भी प्राकृत की प्रकृति संस्कृत को ही माना है। "प्रक्रियते यया सा प्रकृति" जिससे दूसरे पदार्थों की उत्पत्ति हो—मूलतत्त्व, व्युत्पत्ति के आधार पर प्राकृत के लिए संस्कृत को ही मूल उत्पादक कहा है। यत. सांख्यदर्शन में 'मूलप्रकृतिरविकृति'"[4]—प्रकृति को अविकृत विकार रहित कार्य रहित माना गया है। इसी प्रकार उक्त सभी वैयाकरण और आलंकारिक प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत से मानते हैं। इनके मतानुसार संस्कृत ही मूल प्रकृति है।

उक्त व्युत्पत्तियों की विशेष व्याख्या करने पर निम्न फलितार्थ प्रस्तुत होते हैं—

१ प्राकृत भाषा की उत्पत्ति संस्कृत से नहीं हुई है किन्तु 'प्रकृतिः संस्कृतम्' का अर्थ है कि प्राकृत भाषा को सीखने के लिए संस्कृत शब्दों को मूलभूत रख-कर उनके साथ उच्चारण भेद के कारण प्राकृत शब्दों का जो साम्य-वैषम्य है, उसको दिखाना अर्थात् संस्कृत भाषा के द्वारा प्राकृत भाषा को सीखने का यत्न करना है। इसी आशय से हेमचन्द्र ने संस्कृत को प्राकृत की योनि कहा है। २. संस्कृत और प्राकृत भाषा के बीच किसी प्रकार का कार्यकारण या जन्य-जनक भाव है ही नहीं। ये दोनों भाषा सहोदरा हैं, दोनों का निकास किसी अन्य स्रोत से होता है। वह स्रोत छान्दस ही है। ३ उच्चारण भेद के कारण संस्कृत और प्राकृत में अन्तर हो जाता है। पर इतने अन्तर से इन दोनों भाषाओं को बिल्कुल भिन्न नहीं माना जा सकता है। जनसाधारण प्राकृत का उच्चारण करते हैं, पर संस्कारापन्न नागरिक संस्कृत का। अत. संस्कृत को प्राकृत की योनि इसी अर्थ में कहा गया है कि शब्दानुशासन से पूर्णतया अनुशासित संस्कृत भाषा के द्वारा ही प्राकृत के तद्भव शब्दों को सीखा जा सकता है। वस्तुत संस्कृत और प्राकृत एक ही भाषा के दो रूप हैं।

---

१. प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृत योनि. ९।२ संजीवनी टीका।

२ प्रकृते. संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृती मता —षडभाषा चन्द्रिका, पृ० ४ श्लो० २५।

३. प्रकृते संस्कृताद् आगतं प्राकृतम् —वाग्भटालंकार २।२ की टीका।

४. सांख्यतत्त्वकौमुदी कारिका ३।

रुद्रटकृत काव्यालंकार के श्लोक[1] की व्याख्या करते हुए ग्यारहवीं शताब्दी के विद्वान् नमिसाधु ने लिखा है—

"प्राकृतेति' सकलजगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचन-व्यापारः प्रकृतिः, तत्र भवं सैव वा प्राकृतम्। 'आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी' इत्यादिवचनाद् वा प्राक् पूर्वं कृतं प्राक्कृतं बालमहिलादिसुबोध सकलभाषानिबन्धभूतं वचनमुच्यते। मेघनिर्मुक्त-जलमिवैकस्वरूप तदेव च देशविशेषात् संस्कारकरणाच्च समासादितविशेषं सत् संस्कृताद्युत्तरविभेदानाप्नोति। अत एव शास्त्रकृता प्राकृतमादौ निर्दिष्टं तदनु संस्कृतादीनि। पाणिन्यादिव्याकरणोदितशब्दलक्षणेन संस्करणात् संस्कृतमुच्यते।"

अर्थात्—प्रकृत शब्द का अर्थ है लोगों का व्याकरण आदि के संस्कारों से रहित स्वाभाविक वचन व्यापार, उससे उत्पन्न अथवा वही प्राकृत है। 'प्राक् कृत' पद से प्राकृत शब्द बना है और प्राक् कृत का अर्थ है - पहले किया गया। द्वादशाङ्ग ग्रन्थों मे ग्यारह अङ्ग ग्रन्थ पहले किये गये हैं और इन ग्यारह अङ्ग ग्रन्थों की भाषा आर्ष वचन मे—सूत्र में अर्धमागधी कही गयी है, जो बालक, महिला आदि को सुबोध—सहज गम्य है और जो सकल भाषाओं का मूल है। यह अर्धमागधी भाषा ही प्राकृत है। यही प्राकृत मेघ-मुक्त जल की तरह पहले एक रूपवाली होने पर भी देशभेद से और संस्कार करने से भिन्नता को प्राप्त करती हुई संस्कृत आदि अवान्तर विभेदों मे परिणत हुई है अर्थात् अर्धमागधी प्राकृत से संस्कृत और अन्यान्य प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। इसी कारण से मूलग्रन्थकार रुद्रट ने प्राकृत का पहले और संस्कृत आदि का बाद मे निर्देश किया है। पाणिन्यादि व्याकरणों में बताये हुए नियमों के अनुसार संस्कार पाने के कारण संस्कृत कहलाती है।

आठवीं शताब्दी के विद्वान् वाक्पतिराज ने अपने 'गउडवहो' नामक महाकाव्य मे प्राकृत भाषा को जनभाषा माना है और इस जनभाषा से ही समस्त भाषाओं का विकास स्वीकार किया है। यथा—

---

१. प्राकृतसंस्कृतमागधपिशाचभाषाश्च शौरसेनी च।
षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः॥

—काव्यालंकार २।१२।

सयलाओ इमं वाया विसंति एत्तो य णेति वायाओ।
एंति समुद्दं चिय णेति सायराओ च्चिय जलाइं[1] ॥६३॥

अर्थात्— जिस प्रकार जल समुद्र मे प्रवेश करता है और समुद्र से ही वाष्प रूप से बाहर निकलता है, इसी तरह प्राकृत भाषा मे सब भाषाएँ प्रवेश करती हैं और इस प्राकृत भाषा से ही सब भाषाएँ निकलती है। तात्पर्य यह है कि प्राकृत भाषा की उत्पत्ति अन्य किसी भाषा से नही हुई है, किन्तु संस्कृत आदि सभी भाषाएँ प्राकृत से ही उत्पन्न हैं।

नवमी शती के विद्वान् कवि राजशेखर ने 'बालरामायण, मे—"याद्योनि: किल संस्कृतस्य सुदशां जिह्वासु यन्मोदते"[2] द्वारा प्राकृत को संस्कृत की योनि— विकास स्थान कहा है। अतएव स्पष्ट है कि प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत से नही है। बल्कि ये दोनो ही भाषाएँ किसी अन्य स्रोत से विकसित हैं। डॉ० एलफ्रेड सी० वुलनर ने भी प्राकृत भाषा का विकास संस्कृत से नही माना है। उन्होने अपने "इन्ट्रोडक्सन टू प्राकृत' नामक ग्रन्थ मे लिखा है कि—"It is probable that it was in the more general sense that प्राकृत (शौरसेनी पद, महाराष्ट्री पद) was first applied to ordinary common speech as distinct from the highly polished perfected Samskritam

Grammarians and Rhetoricians of later days however explain Prakritam as derived from the Prakriti i e Samskritam This explanation is perfectly intelligible even if it be not historically correct Practically we take Sanskrit forms as the basis and derive Prakrit forms therefrom Nevertheless modern philology insists on an important reservation Sanskrit forms are quoted as the basis in as far as they represent the old Indo—Aryan forms, but sometimes the particular old Indo-Aryan form required to explain a Prakrit word is not found in Sanskrit at all, or only in a late work and obviously borrowed from Prakrit

If in "Sanskrit" we include the Vedic language and all dialects of the old Indo-Aryan period, then it is true to say that all the Prakrits are derived from Sanskrit If on the other hand

१. सफला एताप्राकृतं वाचो विशन्तीव। इतश्च प्राकृताद्विनिर्गच्छन्ति वाचः आगच्छन्ति समुद्रमेव निर्यान्ति सागरादेव जलानि। प्राकृतेन हि संस्कृतापभ्रंश-पैशाचिकभाषाः प्रसिद्धतमेन व्याख्यायन्ते। अथवा प्रकृतिरेव प्राकृतं शब्दब्रह्म। तस्य विकारा विवर्ता वा संस्कृताद्य इति मन्यते स्म कविः ॥६३॥

२. बालरामायण ४८, ४९।

'Sanskrit" is used more strictly of the Panini—Patanjali language or "Classical Sanskrit" ther it is untrue to say that any Prakrit is derived from Sanskrit except that Sauraseni, the Midland Prakrit, is derived from the old Indo Aryan dialect of the Madhyadesa on which classical Sanskrit was mainly based*

उपर्युक्त उद्धरण से स्पष्ट है कि वुल्नर संस्कृत को शिष्ट समाज की भाषा और प्राकृत को जनसाधारण की भाषा मानते हैं। प्राकृत का सम्बन्ध श्रेण्य संस्कृत की अपेक्षा छान्दस से अधिक है। शौरसेनी प्राकृत का सम्बन्ध भले ही श्रेण्य संस्कृत मे मान लिया जाय, क्योकि इस साहित्यिक प्राकृत का मुख्य भाग संस्कृत शब्दो से बना है। छान्दस् के साथ प्राकृत पद रचनाओ एवं ध्वनियो की तुलना सहज मे की जा सकती है।

डॉ० पिशल ने भी मूल प्राकृत को जनता की भाषा ही माना है। इनके मत मे साहित्यिक प्राकृतें संस्कृत के समान ही सुगठित हैं। बताया है "प्राकृत भाषाओ की जडे जनता की बोलियो के भीतर जमी हुई है और इनके मुख्यतत्त्व आदिकाल मे जीती-जागती और बोली जानेवाली भाषा से लिये गये है, किन्तु बोलचाल की वे भाषाएँ जो बाद को साहित्यिक भाषाओ के पद पर प्रतिष्ठित हुई, संस्कृत की भांति ही बहुत ठोकी-पीटी गई, ताकि उनका एक सुगठित रूप बन जाय"[1]।

इस प्रकार अनेक युक्ति और प्रमाणो से यह सिद्ध है कि प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत मे नही हुई है। छान्दस् का विकास जिस प्रथम स्तर की प्रादेशिक भाषा से होता है उसीसे प्राकृत भी विकसित है। पश्चिमी विद्वानो ने प्राचीन प्राकृत का सम्बन्ध छान्दस् से माना है और दोनो की तुलना मे यह सिद्ध किया है कि प्राकृत के अनेक शब्द और प्रत्यय लौकिक संस्कृत की अपेक्षा छान्दस् के साथ अधिक समता रखते हैं। अत मध्यकाल मे प्राकृत का विकास छान्दस् मे ही होता है। प्रथम प्राकृत का जो साहित्य उपलब्ध है, उसकी भाषा की प्रकृति मे लोकतत्त्व के साथ साहित्यिक तत्त्व भी मिश्रित है। इसलिए यह अनुमान लगाना कोई दूर की पकड नही है कि इसका विकास उस समय की छान्दस् भाषा से हुआ होगा। हा, कथ्यरूप मे वर्तमान प्राकृत का स्रोत भले ही छान्दस् के समान स्वतन्त्र रूप से चलता रहा हो। पर साहित्य रूप मे उपलब्ध प्राकृत

*. "Introduction to Prakrit" Published by the university of the Panjab, Lahore, second edition, 1928, Page 3-4

१. डा० पिशल द्वारा लिखित प्राकृत भाषाओ का व्याकरण—पृ० १४, राष्ट्रभाषा परिषद पटना।

छान्दस से ही विकसित प्रतीत होती है। इसका विकास ऋग्वेद की अपेक्षा अथर्व-वेद और ब्राह्मण ग्रन्थों की भाषा से मानना अधिक तर्कसंगत है।

प्राकृत के भेद

प्राकृत भाषा के मूल दो भेद हैं—कथ्य और साहित्य निबद्ध। कथ्यभाषा, जो कि जनबोली के रूप में प्राचीन समय में वर्तमान थी, जिसका साहित्य नहीं मिलता है, किन्तु उसके रूपों की झलक छान्दस् साहित्य मे मिल जाती है, प्रथम स्तरीय प्राकृत है। वैदिक साहित्य में कृत > कुठ (ऋग्वेद १।४६।४), पुरोदास > पुरोडाश (शुक्लयजुः प्राति-शाख्य ३, ४४), प्रतिसधाय > प्रतिसंहाय (गोपथब्राह्मण २, ४) प्रभृति अनेक रूप उपलब्ध होते हैं, जिनसे प्रथम स्तरीय प्राकृत का स्वरूप बहुत कुछ स्पष्ट हो जाता है। अत साहित्य के अभाव में भी उक्त स्तरीय भाषा का अस्तित्व स्वीकार करना ही पड़ेगा। यह कथ्य भाषा ही प्राकृत की धारा को स्वतन्त्र अस्तित्व प्रदान करती है।

द्वितीय स्तरीय प्राकृत भाषा को तीन युगो में विभक्त किया गया है। प्रथम युग, मध्य युग और उत्तर अर्वाचीन युग या अपभ्रंश युग।

प्रथम युगीन प्राकृतो मे (१) शिलालेखी प्राकृत, (२) प्राकृत धम्मपद की प्राकृत, (३) आर्ष - पालि, (४) प्राचीन जैन सूत्रो की प्राकृत और (५) अश्वघोष के नाटको की प्राकृत। इस युग की समय सीमा ई० पू० ६वीं शती से ईस्वी द्वितीय शताब्दी तक है। बौद्ध जातको की भाषा भी इसी युग के अन्तर्गत मानी जा सकती है।

मध्ययुगीन प्राकृतो मे (१) भास और कालिदास के नाटको की प्राकृत, (२) गीतिकाव्य और महाकाव्यो की प्राकृत, (३) परवर्ती जैन काव्य-साहित्य की प्राकृत, (४) प्राकृत वैयाकरणो द्वारा निरूपित और अनुशासित प्राकृतें एव (५) बृहत्कथा की पैशाची प्राकृत। इस युग की कालसीमा ई० २०० से ६०० ई० तक है।

उत्तर अर्वाचीन युग या अपभ्रंश युग ई० ६०० से १२०० ई० तक है। इस युग में विभिन्न प्रदेशों की प्राकृत भाषाएँ आती हैं।

जैसा कि पूर्व में लिखा जा चुका है कि प्राकृत जनभाषा थी और इसका विकास देश्य भाषा के रूप में ही होता रहा है। भगवान महावीर और भगवान् बुद्ध ने इसका आश्रय लेकर लोककल्याण का उपदेश दिया है। अशोक ने इसी में अपने धर्मलेखो को उत्कीर्ण कराया और खारवेल ने हाथीगुंफा के शिलालेख को इसी भाषा मे टंकित किया। प्राकृत भाषा में ई० सन् की दूसरी शती तक

उपभाषाओं के भेद भी प्रकट नहीं हुए थे। सामान्यत: प्राकृतभाषा एक ही रूप में व्यवहृत हो रही थी। इस काल में वैयाकरणों ने व्याकरण निबद्ध कर इसे परिनिष्ठित रूप देने की योजना की। फलत: महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची आदि में ध्वनिपरिवर्तन के अतिरिक्त शेष सभी प्रवृत्तियाँ सामान्य ही बनी रहीं। वैयाकरणों ने भी सामान्य प्राकृत का व्याकरण ही प्रमुख रूप से लिखा है। विभिन्न विभाषाओं का केवल जिक्र भर ही कर दिया है और ध्वनिपरिवर्तन में जो प्रमुख विशेषताएँ वर्तमान हैं, उन्हें गिना दिया गया है।

प्राकृत भाषाके शब्द

वैयाकरणों ने प्राकृत भाषा के शब्द संस्कृत शब्दों के सादृश्य और पार्थक्य के आधार पर तीन भागों में विभक्त किये हैं—(१) तत्सम, (२) तद्भव और (३) देश्य।

जो शब्द संस्कृत से प्राकृत में ज्यों के त्यों रूप में ग्रहण कर लिये जाते हैं, जिनकी ध्वनियों में कुछ भी परिवर्तन नहीं होता है वे तत्सम शब्द कहलाते हैं।

तत्सम

यथा—नीर, दाह, धूलि, माया, वीर, घोर, कंक, कण्ठ, ताल, तीर, तिमिर, कल, कवि, दावानल, संसार, कुल, केवल, देवी, तीर, परिहार, दारुण मरण, रस, लव, वारि, परिमल, गण, खज, जल, चित्त, आगम, इच्छा, ईहा एव किङ्कर आदि शब्द तत्सम हैं।

संस्कृत से वर्णलोप, वर्णागम, वर्णपरिवर्तन एव वर्णविकार द्वारा जो शब्द उत्पन्न हुए हैं, वे तद्भव या सस्कृतभव कहलाते हैं। यथा—अग्ग < अग्र, इट्ठ <

तद्भव

इष्ट, ईसा < ईर्ष्या, गअ < गज, उग्गम < उद्गम, कसण < कृष्ण खज्जूर < खर्जूर, धम्मिअ < धार्मिक, चक्क < चक्र, छोह < क्षोभ, जक्ख < यक्ष, झाण < ध्यान, डंस < दंश, णाह < नाथ, तिअस < त्रिदश, दिट्ठ < दृष्ट, पच्छा < पश्चात्, फंस < स्पर्श, भारिआ < भार्या, मेह < मेघ, लेस < लेश हैं।

प्राकृत भाषा का व्याकरण तद्भव शब्दों का ही अनुशासन करता है। यत तत्सम में अनुशासन की आवश्यकता नहीं होती है।

जिन प्राकृत शब्दों की व्युत्पत्ति अर्थात् प्रकृति—प्रत्यय का विभाग नहीं हो

देश्य

सकता है और जिन शब्दों का अर्थ मात्र रूढ़ि पर अवलम्बित है, ऐसे शब्दों को देश्य या देशी कहते हैं। आचार्य हेम ने देश्य शब्दों की परिभाषा उपस्थित करते हुए कहा है—

जे लक्खणे ण सिद्धा ण पसिद्धा सक्कयाहिहाणेसु।
ण य गउणलक्खणासत्तिसंभवा ते इह णिबद्धा ॥१।३॥

देसविसेसपसिद्धीइ भण्णमाणा अणन्तया हुन्ति ।
तम्हा अणाइपाइअपयट्टभासाविसेसओ देसी[1] ॥

अर्थात्—जो शब्द न तो व्याकरण से व्युत्पन्न हैं और न संस्कृत-कोशों में निबद्ध हैं तथा लक्षणा शक्ति के द्वारा भी जिनका अर्थ प्रसिद्ध नहीं है, ऐसे शब्दों को देशी कहा जाता है। देशी शब्दों से महाराष्ट्र, विदर्भ, केरल, आभीर आदि देशों में प्रचलित शब्दों को भी नहीं ग्रहण किया जा सकता है। यत: इन देशों के शब्दों में भी ऐसे शब्द विपुल परिमाण में रह सकते हैं जिनकी व्युत्पत्ति संभव हो सकती है। अतः यहाँ देशी शब्दों से तात्पर्य जनसाधारण की बोल-चाल की प्राकृत भाषा से है। इन शब्दों का संस्कृत के साथ कुछ भी सामञ्जस्य नहीं है और न इनका संस्कृत के साथ किसी भी प्रकार का सम्बन्ध स्थापित किया जा सकता है। यथा—

अगय (दैत्य), आकासिय (पर्याप्त), इराव (हस्ती), ईस (कीलक), उअचिस (अपगत), ऊसअ (उपधान), एलविल (धनाढ्य), कंदो (कुमुद), खुड्डिअ (सुरत), गयसाउल (विरक्त), चउक्कर (कार्त्तिकेय), जच्च (पुरुष), जच्चा (प्रसूतिका स्त्री), टंढर (पिशाच), तोमरी (लता), थमिअ (विस्मृत), गड्डा (बलात्कार), घघण, (गृह), विच्छड्ड (समूह), सयराह (शीघ्र), थढ (स्तूप) एवं टंका (जंघा) इत्यादि। देशी शब्दों की व्याख्या के विषय मे बड़ा मतभेद है। संस्कृत भाषा ज्ञान और प्रतिभा के आधार पर अधिकांश देशी शब्दों का सम्बन्ध भी संस्कृत शब्दों से जोड़ा जा सकता है। अनेक ऐसे प्राकृत शब्द हैं, जिनका संस्कृत धातुओं से किसी भी प्रकार का सम्बन्ध स्थापित नही किया जा सकता है, पर वैयाकरणों ने इस कोटि के देशी शब्दों को धात्वादेश के नाम मे परिगणित कराया है। संस्कृत व्याकरणों में उणादि द्वारा अनुशासित शब्द प्राय देशी हैं। ऐसा मालूम होता है कि वे शब्द स्थानीय विशेषताओं के आधार पर ही विकसित हुए होंगे। उन्नत बोलियों से आये हुए शब्द ध्वनिपरिवर्तन एवं प्रयोग विशेष के कारण देशी मान लिए गये हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने देशी नाममाला नामक ग्रन्थ मे जिन शब्दों को देशी कहा है, उन्हीं को अपने व्याकरण मे तद्भव मान लिया है। उदाहरण के लिए 'अमयणिग्गमो' शब्द चन्द्र के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है, यह संस्कृत के अमृतनिर्गम शब्द से निष्पन्न है। हेम ने संस्कृत कोष में इस शब्द को न मिलने के कारण ही देशी शब्दों मे स्थान दिया है। इसी प्रकार डोला, तुलुअ, अइहारा, थेरो शब्द देशीनाममाला मे देशी माने गये हैं और प्राकृत व्याकरण मे संस्कृत निष्पन्न।

---

१. देशीनाममाला मु० बनर्जी सम्पादक, कलकत्ता सन् १९३१ ई० १।३, १।४

इसी प्रकार धनपाल ने 'पाइअलच्छीनाममाला' की अन्तिम प्रशस्ति[1] में इसे देशी शब्दो का कोष कहा है। पर इस कोष मे तत्सम और तद्भव शब्दो की संख्या ही अधिक है। आरम्भ में ब्रह्मा के नामों का उल्लेख करते हुए कमलासण, सयंभू, पिआमह, चउमुह, परमिट्ठी, थेर, विही, विरिंच, पयावई और कमलजोणी ये दस नाम उनके बताये हैं। ये सभी शब्द तद्भव हैं[2]।

आचार्य हेम ने अपने से पूर्ववर्ती देशी कोष रचयिताओं का उल्लेख किया है। अभिमान चिह्न ने सूत्ररूप मे देशीकोश, और गोपाल ने श्लोक रूप में देशीकोश लिखा है। देवराज ने एक छन्द सम्बन्धी कोश रचा है, जिसमे प्राकृत के देशी शब्दों का अर्थ प्राकृत भाषा मे ही लिखा गया है। द्रोण ने भी प्राकृत भाषा मे देशी शब्दो के अर्थ को स्पष्ट किया है। हेमचन्द्र ने पादलिप्ताचार्य के देशीकोश और राहुलक की रचना को भी महत्व दिया है। शीलाङ्क के देशीकोश का पता भी हेमचन्द्र की देशीनाममाला से मिलता है। आचार्य हेम की देशीनाममाला बहुत ही महत्त्वपूर्ण है, इसमे पूर्ववर्ती कोशकारो का प्रामाणिक निर्देश भी उपलब्ध है।

अतएव स्पष्ट है कि प्राकृत भाषा के देशी शब्द अपनी महत्वपूर्ण स्थिति बनाये हुए हैं। इन शब्दो का रूप स्थिर और निश्चित होते हुए भी तद्भव या अर्धतत्सम की कोटि मे चला जाता है। कुछ ही ऐसे शब्द हैं, जिनको व्युत्पत्ति स्थापित नहीं की जा सकती है। प्राकृत भाषा के कोशकारो ने देशी शब्दो को सुरक्षित रखने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

प्राकृत भाषा के शब्दो में उक्त तीन प्रकार के शब्दो के अतिरिक्त द्राविड, फारसी और अरबी भाषा के शब्द भी मिश्रित हैं। इस कोटि के शब्दो को देशज की अपेक्षा विदेशी शब्द कहना ज्यादा तर्कसंगत है। अतः ये शब्द अन्य भाषा-परिवारो से उधार लिए हुए हैं।

प्राकृत की प्रधान विशेषताएँ

प्रथम स्तरीय प्राकृत सामान्य प्राकृत ही कहलाती थी। द्वितीय स्तर में प्रवेश करने पर भी आरम्भ में सामान्य प्राकृत ही रही होगी। इस सामान्य प्राकृत को हम विभाषा के बीजों से युक्त पर्वत से निकलने वाली नदी स्रोत के समान एक ही धारा के रूप में स्वीकार कर सकते हैं। कुछ दूर आगे बढ़ने पर ही इस स्रोत मे अन्य स्थानो के स्रोत आकर मिले होंगे, तभी उसमें विभाषाओं के तत्त्व समाविष्ट हुए होंगे।

---

१ नामम्मि जस्स कमसो तेणेसा विरइया देसी ॥—अन्तिम प्रशस्ति पद्य ३

२. कमलासणो सयंभू पिआमहो चउमुहो य परमिट्ठी।
थेरो विही विरिंचो पयावई कमलजोणी य ॥ —गा० २

इस सम्बन्ध में एक बात और भी ध्यान देने की है कि आर्यों का प्रवेश एक ही समय मे नहीं हुआ, बल्कि वे आगे-पीछे कर भारत में आये फलतः आर्यों के इस आगमन भेद से भाषा भेद होने के कारण ही प्राकृत भाषाओं मे भी भेद उत्पन्न हुए होंगे। हॉर्नले और ग्रियर्सन का वह मत भी उल्लेखनीय है, जिसके अनुसार भारतीय आर्यभाषाएँ दो वर्गों मे विभक्त पायी जाती हैं—एक बाह्य और दूसरा आभ्यन्तर। उत्तर, पश्चिम, दक्षिण और पूर्व की भाषाओं में कुछ ऐसी समानताएँ हैं, जो मध्य आर्यावर्त की भाषाओं की अपेक्षा विलक्षणता रखती हैं। इसका कारण ग्रियर्सन के अनुमान से यह है कि पूर्वकाल में आये हुए जो आर्य मध्यदेश मे बसे थे, उन्हें पीछे आने वाले आर्यों ने अपने प्रवेश द्वारा चारों ओर खदेड़ दिया और इस प्रकार भाषाओं के मूलतः दो वर्ग उत्पन्न हो गये। इसे संक्षेप में समझने के लिए महाराष्ट्र प्रदेश के नामो—जैसे गोखले, खरे, परांजपे, मुंजे, गोडबोले, ताम्बे एवं लंका मे प्रचलित नामो—जैसे गुणतिलके, सेनानायके, वंदरनायके, भाण्डारनायके मे जो अकारान्त कर्त्ता कारक एक वचन मे 'ए' प्रत्यय दिखाई पड़ता है, वही मागधी प्राकृत की प्रवृत्ति का बोधक है। पीछे से आये हुए आर्यों की भाषा छान्दस् कहलाई है। अतएव यह मानना तर्क संगत है कि ई० पू० ६०० मे प्राकृत भाषा मे भेद-प्रभेदो का विकास नही हुआ था। भीतर ही भीतर जो भी भेद-प्रभेद पनप रहे थे, वे भी सामान्य प्राकृत के अन्तर्गत ही थे। सामान्य प्राकृत की निम्नाङ्कित विशेषताएँ हैं:—

१. प्राकृत मे प्राचीन भा० आ० भाषा के ऋ, ॠ, ऌ एवं ॡ का सर्वथा लोप हो गया।

२. ऋवर्ण के स्थान पर अ, इ, उ और रि का प्रयोग होने लगा। यथा—पश्चिमी प्राकृत मे ऋ के स्थान पर अ उपलब्ध है—णच्च < नृत्य, तण < तृण, मग, मअ < मृग। पश्चिमोत्तरी प्राकृत में ऋवर्ण के स्थान पर इ स्वर पाया जाता है—माइ < मातृ, तिण < तृण, मिग, मिअ < मृग; कीइस < कीदृश, घिणा < घृणा, गिद्ध < गृध्र, कुछ स्थानो पर ऋ का रि रूप भी अवशिष्ट है—रिसि < ऋषि, रिण < ऋण, सरिस < सदृशः।

३. ऐ और औ के स्थान पर ए, ओ का प्रयोग पाया जाता है। कहीं-कहीं इनके अइ और अउ रूप भी मिलते हैं। यथा—सेलो < शैलः, दइवे < दैवः तेलुक्कं < त्रैलोक्यम्, अइसीरं < ऐश्वर्यम्, कोमुई < कौमुदी, कउसलं < कौशलम्, पउरो < पौरः।

४. प्रायः ह्रस्व स्वर सुरक्षित है। यथा—अक्खि < अक्षि, अग्गि < अग्निः, इक्खु < इक्षुः, उच्छाह < उत्साहः, उम्मुक्कं < उन्मुक्तम्।

५. स्वराघात के अभाव मे दीर्घस्वर ह्रस्व हो गये हैं। यथा—सीयं < सीताम्, अवमग्गो < अवमार्गः, जिअंतो < जीवन्ती ।

६. जिन शब्दों में स्वराघात सुरक्षित है, उन शब्दो मे दीर्घस्वर भी बना रह गया है। यथा—पीठिआ < पीठिका, मूसओ < मूषकः ।

७. संयुक्त व्यञ्जनों के पूर्ववर्त्ती दीर्घस्वर ह्रस्व हो गये हैं। यथा—संतो < शान्तः, दंतो < दान्त., वंतो < वान्तः, सक्को < शाक्य ।

८. सानुनासिक स्वर बदलकर दीर्घस्वर हो जाते हैं। यथा—सीहो < सिंहः वीसति < विंशति. ।

९. दीर्घस्वर के स्थान पर सानुनासिक ह्रस्वस्वर हो गया है। यथा—सनंतनो < सनातन', सम्मुंजनी < सम्मार्जनी ।

१० प्राकृत मे विसर्ग का प्रयोग नही होता। प्राय. इसके स्थान पर ए या ओ हो गये हैं। यथा—वच्छो < वृक्ष, धम्मो < धर्मः, देवे < देवः ।

११. पदान्त के व्यञ्जनो का लोप हो गया है और अन्तिम म् के स्थान पर अनुस्वार हो गया है। यथा—पश्चा < पश्चात्, नीचा < नीचैस् ।

१२. श, ष और स के स्थान पर केवल एक ही ध्वनि श या स रह गई है। यथा—अस्सो < अश्व., माणुसो < मनुष्य., पुलिशे < पुरुष. ।

१३. दो स्वरो के बीच मे आनेवाले क ग च ज त द व का प्रायः लोप हो गया है। यथा—कअलि, कयलि < कदलि, वअणं, वयण < वदनम्, णअरं, णयरं < नगरम्, राय < राजन्, लाअण्ण < लावण्यम् ।

१४. कुछ अवस्थाओ मे अघोष का सघोष और सघोष का अघोष पाया जाता है। यथा—गच्छदि < गच्छति, कागो < काक., कम्बोचो < कम्बोजः तामोतरो < दामोदरः ।

१५. तवर्ग के स्थान पर ट वर्ग के रूप पाये जाते है। यथा—पट्टन < पत्तनं, वट्टि < वृत्तिः ।

१६. संयुक्त व्यञ्जनान्त ध्वनियो का समीकरण हो गया है। अर्थात् क्त, क्त्, क्क के स्थान पर त्त, क्क का प्रयोग पाया जाता है।

१७. ऊष्म ध्वनियो मे परिवर्तन हो गये। यथा—स्प् के स्थान पर प्फ्, त्स् के स्थान पर च्छ्, त्य के स्थान पर च्च्, क्ष् के स्थान पर क्ख् एवं स्न् के स्थान पर न्न् ध्वनि आ गयी।

१८. सगीतात्मक स्वराघात के स्थान पर बलात्मक स्वराघात होने लगा।

१९ द्विवचन का लोप हो गया और अजन्त तथा हलन्त शब्दों के रूप अकारान्त शब्दों के समान ही प्रचलित हो गये ।

२०. हलन्त प्रातिपदिक समाप्त हो गये ।

२१. धातुओ के कालों (Tenses) तथा वृत्तियों (Moods) की संख्या में भी कमी हो गई । भूतकाल के तीन रूपों के स्थान पर एक ही रूप हो गया । सम्भावना सूचक वृत्ति (Subjunctive mood) समाप्त हो गई । धातुओं के सन्नन्त (इच्छार्थक) और यङन्त (अतिशय् बोधक) रूप भी प्रायः समाप्त हो गये ।

२२. दस गणो के स्थान पर एक गण ने ही प्रमुखता प्राप्त कर ली । असमापिका क्रियाओं की संख्या भी घट गयी ।

२३ पालि को छोड, शेष प्राकृतों से आत्मनेपद का भी लोप हो गया ।

२४. षष्ठी का प्रयोग चतुर्थी के स्थान पर और चतुर्थी का प्रयोग षष्ठी के स्थान पर होने लगा ।

२५. संख्यावाची शब्दो मे नपुंसकलिंग का विशेष प्रयोग होने लगा ।

उपर्युक्त परिवर्तन अवध, विहार तथा अन्य पूर्वीय स्थानो मे शीघ्रता से हुए; पर शनै शनैः इन परिवर्तनो ने सर्वमान्य रूप प्राप्त कर लिया ।

द्वितीयोऽध्याय

द्वितीय स्तरीय—प्रथम युगीन प्राकृत

यह पहले ही लिखा जा चुका है कि जिस प्राकृत में लिखित साहित्य उपलब्ध है, उस प्राकृत को द्वितीय स्तरीय प्राकृत कहा जाता है। इस प्राकृत के मूल तीन भेद हैं—

१. प्रथम युगीन

२. द्वितीय युगीन

३. तृतीय युगीन

द्वितीय स्तरीय प्रथम युगीन प्राकृत सबसे प्राचीन है। इसका वर्गीकरण निम्न प्रकार सम्भव है।

१. आर्ष प्राकृत

२. शिलालेखी प्राकृत

३. निया प्राकृत

४ प्राकृत धम्मपद की प्राकृत

५. अश्वघोष के नाटकों की प्राकृत

आर्ष प्राकृत से अभिप्राय बौद्ध और जैन आगमों की प्राकृत भाषा से है। अतः इस प्राकृत का पालि और जैन सूत्रों की भाषा इन दो विभेदों द्वारा विश्लेषण करना युक्तिसंगत होगा।

जिसे हम पालि कहते हैं, वह एक प्रकार की प्राकृत है। भाषा विशेष के अर्थ में पालि का प्रयोग अपेक्षा कृत नवीन है। ईस्वी सन् की तेरहवीं या चौदहवी शती के पूर्व उसका प्रयोग इस अर्थ मे नही मिलता है[1] यही कारण है कि विचारक मनीषी विद्वान् गायगर ने इसे आर्ष (Archaic) प्राकृत कहा है[2]। आचार्य बुद्धघोष ने इस शब्द का प्रयोग बुद्धवचन या मूलत्रिपिटक के अर्थ मे किया है। अट्ठकथा से बुद्धवचनों को अलग करने के उद्देश्य से 'पालि' शब्द का प्रयोग किया गया है। पालि शब्द की व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में विद्वानों में मतभेद है। भिक्षु जगदीशकाश्यप 'पलियाय' का

पालि

---

१. भरतसिंह उपाध्याय—पालिसाहित्य का इतिहास, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, लि०, सं० २००८ पृ० १।

2. Pali is an archaic Prakrit. ...old Indian—Pali Literature and Language Page 1.

संक्षिप्त रूप 'पालि' को मानते हैं[1]। वे इस शब्द का प्रयोग पलियाय (परियाय) बुद्धोपदेश के अर्थ में अशोक के शिलालेखों मे भी प्रयुक्त बतलाते हैं। भिक्षु सिद्धार्थ संस्कृत 'पाठ' शब्द का प्राकृतरूप पालि मानते हैं[2]। पं० विधुशेखर भट्टाचार्य ने 'पालि' शब्द को पंक्ति वाचक कहा है[3]। यही रूप संस्कृत में भी 'पंक्ति' के अर्थ में व्यवहृत है। अभिधानप्पदीपिका मे पालि का अर्थ बुद्धवचन और पंक्ति दोनो हैं—"तन्ति बुद्धवचन पन्ति पालि"। श्रीमती रीजडेविड्स भी पालि को पंक्तिवाचक मानती हैं[4]। जर्मन विद्वान् मैक्स वेलेसर ने पालि को पाटलि या पाडलि का संक्षिप्त रूप मानकर इसका अर्थ पाटलिपुत्र की भाषा माना है[5]। एक अन्य सिद्धान्त मे पालि की व्युत्पत्ति पल्लि शब्द से मानी गई है। यह व्युत्पत्ति अन्य सभी व्युत्पत्तियो की अपेक्षा समीचीन मालूम पडती है। यत. पल्लि शब्द मूलत: संस्कृत का नही है, प्राकृत का है। यह पीछे से संस्कृत मे समाविष्ट हुआ है। इस शब्द का प्रयोग 'विपाकश्रुत' (पत्र ३८–३९) मे भी आया है। इसका अर्थ ग्राम या गाँव है। अतएव पालि का अर्थ गाँवो मे बोली जानेवाली भाषा—ग्राम्य-भाषा है। इस भाषा का प्रयोग किसी प्रदेश विशेष मे होता था और उस समस्त प्रदेश या जनपद की प्राकृत-भाषा को पालि कहा जा सकता है[6]।

पालि का वैदिक संस्कृत के साथ अधिक सादृश्य है। इसी कारण, द्वितीय स्तर की समस्त प्राकृत भाषाओ मे इसे प्राचीन माना जाता है।

पालि प्राकृत का कौन-सा रूप है और यह कहाँ की भाषा थी, इस सम्बन्ध मे मतभिन्नता है। बौद्धधर्म के अनुयायियो के अनुसार पालि मागधी ही है तथा यही वह मूलभाषा है, जिसमे भगवान् बुद्ध ने जनकल्याण के लिए अपना उपदेश दिया था। डॉ० कोनो और सर ग्रियर्सन ने इस भाषा का सम्बन्ध पैशाची के साथ बताया है।

पालि बनाम प्राकृत स्थान निर्णय

तुलना करने पर पालि का सम्बन्ध पैशाची के साथ अधिक निकट का मालूम पड़ता है। यथा—

१. पालिमहाव्याकरण महाबोधि-सभा, सारनाथ, १९४० ई० पृ० ८–१२।
२. डॉ० लाहा द्वारा सम्पादित बुद्धिस्टिक स्टडीज, पृ० ६४१–६५६।
३. पालि महाव्याकरण, सारनाथ, १९४० ई० पृ० ८।
४. शाक्य और बुद्धिस्ट ऑरोजिन्स, पृ० ४२९–३०।
५. पालिसाहित्य का इतिहास, प्रयाग, वि० सं० २००८ पृ० ८।
६. पाइअ–सद्द–महण्णवो–द्वितीय संस्करण वाराणसी उपोद्घात, पृ० २७।

संस्कृत	पालि	मागधी	शौरसेनी	पैशाची
लोक	लोक	लोअ	लोअ	लोक
रजत	रजत	लअद	रअद	रजत
नगर	नगर	णअल	णअर	नगर
कृत	कत	कड	कद	कत
वश	वस	वश	वस	वस
वचन	वचन	वअण	वअण	वचन
पट्ट	पट्ट	पस्ट	पट्ट	पट्ठ
अर्थ	अत्थ	अस्त	अत्थ	अत्थ
मेष	मेस	मेश	मेस	मेस
वृक्ष	रुक्ख	लुक्ख	रुक्ख	रुक्ख

उपर्युक्त तुलनात्मक विवेचन से स्पष्ट है कि पालि का सादृश्य जितना पैशाची के साथ है, उतना मागधी के साथ नहीं। अतएव जिस प्रदेश की पैशाची भाषा है उसी प्रदेश की पालिभाषा भी रही होगी। डॉ कोनो ने पालिका उत्पत्ति स्थान विन्ध्याचल का दक्षिण प्रदेश और ग्रियर्सन ने भारत का उत्तर-पश्चिम प्रदेश माना है। इन दोनो विद्वानो के मतानुसार पैशाची भाषा भी उक्त स्थानो मे व्यवहृत होती थी। पालि का गठन अशोक के गिरनारवाले शिलालेख के अनुरूप है, अतः यह अनुमान लगाना सहज है कि इसकी उत्पत्ति भारत के पश्चिम प्रदेश मे हुई है और वहाँ से यह भाषा सिंहल पहुँची।

लूडर्स ने प्राचीन अर्ध-मागधी को पालि का आधार माना है। इनका अभिमत है कि मौलिक रूप मे पालि त्रिपिटक प्राचीन आर्ध-मागधी मे था, और बाद मे उसका अनुवाद पालि भाषा मे, जो कि पश्चिमी बोली पर आश्रित थी, किया गया। अतएव इनके मतानुसार त्रिपिटक मे आज जो मागधी रूप दृष्टिगोचर होते हैं, वे प्राचीन अर्ध मागधी के अवशिष्ट अंश मात्र हैं। अनुवाद करते समय वे ज्यो के त्यों रूप मे छूट गये हैं[1]। गायगिर ने उक्त सिद्धान्त का खण्डन किया है और बतलाया है[2]—

I am unable to endorse the view, which has apparently gained much currency at present that the Pali canon is translated from some other dialect (according to Luders, from old Ardha-Magadhi) The peculiarities of its language may be fully explained on the hypothesis of (a) a gradual development and inte-

---

१. लाहा हिस्ट्री ऑव पालिलिटरेचर जिल्द पहली पृ० २०–२१ भूमिका।
2. Geiger—Pali Literature and language, Page 5.

gration of various elements from different parts of India (b) a long oral tradition extending over several centureis, and(c) the fact that the texts were written down in a different country."

अर्थात् पालि का विकास धीरे-धीरे देश के विभिन्न भागों में हुआ है और इसमे बहुत से तत्वों का सम्मिश्रण हैं। पालि आगम का प्रणयन भी विभिन्न प्रदेशो मे हुआ है। अतएव पालि को अर्ध-मागधी का पूर्वरूप मानना इनके मत से उचित नहीं।

गायगर ने पालि का मूलाधार मागधी को ही सिद्ध किया है। पालि में प्राप्त ध्वनितत्व, शब्दचयन एवं वाक्य विन्यास मे मागधी भाषा की अपेक्षा, जो अन्य प्रवृत्तियां पायी जाती है, उनका कारण बुद्ध का विभिन्न प्रदेशो मे विहार करना तथा विभिन्न जाति और वर्ग के शिष्यो के सम्पर्क मे आना है। यह सत्य है कि बुद्ध वचनो का सकलन बुद्ध के जीवन काल मे नहा हुआ है, बल्कि उनके महा-परिनिर्वाण के अनन्तर दो-तीन शताब्दियो में हुआ होगा। अतः मागधी के मूल म रहने पर भी पालि मे विभिन्न भाषाओं के तत्व मिश्रित हो गये हैं।

हमारा अपना विचार है कि वर्तमान पालि का सम्बन्ध मागधी के साथ नहीं है, यत मागधो की प्रवृत्तिया इसमे बहुत कम है। सर जार्ज ग्रियर्सन ने पालि में मागधी एव पैशाची की कुछ विशेषताएँ देखकर यह निष्कर्ष निकाला है कि पालि मूलतः मगध की भाषा थी। यहा से वह तक्षशिला के विद्यापीठ मे पहुँची और वहां पर पैशाची का प्रभाव पडा। ग्रियर्सन का यह कथन भी वास्तविक स्थिति को स्पष्ट करने मे असमर्थ है। यत. तक्षशिला महायान सम्प्रदाय का केन्द्र था और उसका त्रिपिटक सस्कृत मे था। अतएव तक्षशिला मे पालि त्रिपिटक के अध्ययन की सम्भावना नही है।

प्राकृत भाषा के वैयाकरणो ने मागधी भाषा का जो निरूपण किया है, और जो मागधी संस्कृत नाटको मे मिलती है, वह पालि त्रिपिटक के बहुत बाद की भाषा है। परन्तु अशोक के सारनाथ, रामपुरवा आदि पूर्वी अभिलेखो की भाषा तथा मौर्यकाल क प्राचीन अभिलेखो से जिस मागधी भाषा का पता चलता है, उसमे और पालि मे वे सभी भिन्नताएँ परिलक्षित होती है, जो उत्तरकालीन मागधी और पालि मे है। मागधी मे संस्कृत की श्, ष् और स् ये तीनो ऊष्म ध्वनियाँ श् मे परिणत हो गई हैं, परन्तु पालि मे इन तीनो ध्वनियो के स्थान पर केवल 'स्' ध्वनि ही मिलती है। मागधी मे केवल ल् ध्वनि है, जब कि पालि मे र और ल् दोनो ध्वनियां विद्यमान है। पुंल्लिङ्ग एवं नपुंसकलिङ्ग के कर्त्ता कारक एक वचन मे 'ए' प्रत्यय जोड़ा जाता है, पर पालि मे 'ओ' प्रत्यय पाया जाता है। यथा मागधी मे धम्मे, पालि मे धम्मो। अतएव पालि का सम्बन्ध मागधी के साथ जोड़ना तर्कसंगत नहीं है।

यद्यपि सिंहली अनुश्रुति के अनुसार पालि भाषा मागधी भाषा का दूसरा नाम है। स्थविरवादी परम्परा में बताया गया है :—

सा मागधी मूलभासा नरा यायादिकप्पिका।
ब्रह्मातो चस्सुतालापा सम्बुद्धा चापि भासरे[1]॥

अर्थात्—वह मागधी प्रथम कल्प के मनुष्यों, ब्रह्माओं तथा अश्रुत वचनवाले शिशुओं की मूलभाषा है और बुद्धों ने भी इसी मे व्याख्यान दिया है।

सिंहली इस धारणा का मूल कारण हमे यह प्रतीत होता है कि सिंहल को बौद्धधर्म एवं त्रिपिटक की परम्परा मगध के राजकुमार महामहेन्द्र द्वारा प्राप्त हुई थी, अतएव सिंहल मे पालि को मागधी मान लिया गया। वस्तुतः पालि का भाषागत सम्बन्ध पैशाची प्राकृत अथवा ऐसी जनपदीय भाषा से है, जिसका व्यवहार पश्चिम में होता था। पालि मे मध्यदेशीय प्राकृत - शौरसेनी की प्रवृत्तियाँ भी विद्यमान है। अत पालि का रूपगठन अनेक बोलियो के मिश्रण से हुआ है। इस पर छान्दस का प्रभाव भी पूर्णतया सुरक्षित है। आत्मनेपदी क्रियारूप, लुङ्लकार, प्राचीनगण वाले क्रियारूपो की अवस्थिति छान्दस के समान है। अवन्ती, कौशाम्बी, कन्नौज, सकाश्य, मथुरा और कोशल प्रभृति स्थानो की बोलियो का प्रभाव भी इस भाषा पर स्पष्ट लक्षित होता है। अतएव ब्राह्मण ग्रन्थो की परिनिष्ठित संस्कृत के साथ अनेक प्रदेश की बोलियो के सम्पर्क से बुद्धागम की इस भाषा का रूप गठित हुआ होगा। यह सत्य है कि पालि किसी प्रदेश विशेष की कथ्य भाषा नहीं है। यतः इससे किसी भी प्रादेशिक बोली का विकास नहीं हुआ है। यह ध्यातव्य है कि कथ्य भाषाओं की परम्परा चलती है और उत्तरोत्तर जनभाषाएँ अपना उत्तराधिकार अन्य जनभाषाओं को समर्पित करती रहती हैं।

पालि मे ध्वनि सम्बन्धी विशेषताएँ भी वर्तमान हैं। ळ्, ळ्ह् व्यञ्जनो का प्रयोग अधिक होता है। दो स्वरो के बीच मे आनेवाले ड् का स्थान ळ ने और ढ् का स्थान ळ्ह् ने ग्रहण कर लिया है। मिथ्यासादृश्य के कारण ळ् का प्रयोग ल् के स्थान पर भी पाया जाता है। स्वतन्त्र स्थिति मे 'ह्' प्राणध्वनि व्यञ्जन है, पर य्, र्, ल्, व् या अनुनासिक से संयुक्त होने पर इसका उच्चारण एक विशेष प्रकार से होता है, जिसे पालि वैयाकरणों ने औरस—हृदय से उत्पन्न कहा है। पालि मे ध्वनि-परिवर्तन सम्बन्धी निम्न नियम प्रमुख हैं :—

पालि का व्याकरण सम्बन्धी गठन

---

1. कच्चायन व्याकरण—तारा पब्लिकेशन्स, वाराणसी सन् १९६२ ई० भूमिका पृ० ३३

१. प्रायः संस्कृत ह्रस्व स्वर अ इ उ पालि में सुरक्षित रहते है। यथा—
अग्नि. > अग्नि अर्थ > अट्ठो रूक्ष: > रुक्खो

२. यदि संस्कृत मे अ संयुक्त व्यञ्जन से पहले हो, तो पालि में उसका कहीं-कहीं ए हो जाता है। यथा –

फल्गु: > फेग्गु शय्या > सेय्या

३. संस्कृत के इ और उ स्वर सयुक्त व्यञ्जन से पहले हो तो पालि में वे, क्रमशः ए और ओ हो जाते हैं। यथा—
विष्णुः > वेण्हु उष्ट्र > ओट्टो उल्कामुख > ओक्कामुखं

४ संयुक्त व्यञ्जन के पूर्ववर्ती दीर्घस्वर पालि मे ह्रस्व हो जाते हैं। यथा –
चैत्य: > चेतियो औष्ठ. > ओट्ठो मौर्य > मोरियो

५ ऋ का परिवर्तन अ, इ और उ के रूप मे होता है। पर इस परिवर्तन की स्थिति समीपवर्ती ध्वनियो के ऊपर निर्भर करती है। यथा—
वृक: > वको मृग. > मग्गो कृत: > कितो मृत > मितो
ऋजु: > उजु या उज्जु ऋषभ: > उसभो पृच्छति > पुच्छति

६. ऋ का परिवर्तन क्वचित् व्यञ्जन के रूप मे भी होता है। ऌ का उ भी पाया जाता है यथा --
बृहस्पति > ब्रूहेति वृक्ष. > रुक्खो क्लृप्ति. > कुत्ति

७. ऐ और औ के स्थान पर ह्रस्व और दीर्घ ए और ओ का आदेश होता है। यथा—
मैत्री > मेत्ता पौर > पोरो

८ शब्द के मध्य में स्थित विसर्ग का परिवर्तन आगे आनेवाले व्यञ्जन के रूप मे हो जाता है। अकारान्त शब्दो के परे विसर्ग का ओ और इकारान्त तथा उकारान्त शब्दो के परे विसर्ग का लोप हो जाता है। पालि मे विसर्ग नहीं रहता। यथा—

दु:ख > दुक्खं दु:सह > दुस्सहो देव: > देवो
अग्नि: > अग्गि धेनु: > धेनु

९ व्यञ्जनो का परिवर्तन पालि में उनकी स्थिति के अनुसार होता है। सामान्यत: आदि व्यञ्जन पालि मे सुरक्षित हैं। मध्य व्यञ्जनों की तीन स्थितियाँ उपलब्ध हैं। पहली स्थिति मे अघोष स्पर्श घोष हो जाते हैं। दूसरी स्थिति मे घोष स्पर्श 'य' ध्वनि मे परिवर्तित हो जाते हैं। तृतीय स्थिति मे य ध्वनि का भी लोप हो जाता है। पालि मे प्रथम दो अवस्थाएँ पाई जाती हैं। अतएव

शब्द के मध्य में स्थित संस्कृत अघोष स्पर्श पालि में उसी वर्ग के घोष स्पर्श हो जाते हैं। यथा—

शाकल: > सागलो स्रुच् > सुजा अपाङ्गः > अवंगो
कपि: > कवि ग्रथितः > गधितो

१०. शब्द के मध्य में स्थित घोष महाप्राण—घ्, ध्, भ आदि ह में परिवर्तित मिलते हैं। यथा—

लघु > लहु रुधिर > रुहिरो साधु > साहु

११ पालि में कहीं-कहीं संस्कृत को द् ध्वनि के स्थान पर र् ध्वनि पाई जाती है। यथा—

एकादश > एकारस ईदृश > ऐरिस

१२ न् के स्थान पर पालि में ल या र् पाये जाते हैं तथा कहीं-कहीं ण् के स्थान पर ळ् पाया जाता है। यथा—

एन: > एलो नीराञ्जना > नेरांजरा
वेणु > वेळु मृणाल. > मुळालो

१३. पालि मे सस्कृत पकार मकार में, यकार वकार में और वकार यकार में परिवर्तित पाया जाता है। यथा—

सुपन्त > सुमन्त धूपायति > धूमायति
कंडूयति > कंडुवति दाव > दाय

१४. संयुक्त व्यञ्जनों में साधारणतया प्रथम अक्षर दूसरे अक्षर का रूप ग्रहण कर लेता है। यथा—

मुक्त > मुत्तो दुग्ध: > दुद्धो प्राग्भार > पब्भारो
खड्ग: > खग्गो पुद्गल: > पुग्गलो

१५. स्पर्श व्यञ्जनों के साथ अनुनासिक या अन्तःस्थ वर्णों का संयोग होने पर परवर्ती व्यञ्जन लुप्त हो पूर्ववर्ती व्यञ्जन का रूप धारण कर लेता है। यथा --

लग्न > लग्गो स्वप्न. > सप्पो
शाक्य > सक्को प्रज्वलति > पज्जलति

१६. ऊष्म और अन्तःस्थ तथा अनुनासिक और अन्तःस्थ के संयुक्त होने पर भी परिवर्ती व्यञ्जन लुप्त होकर पूर्ववर्ती व्यञ्जन का रूप धारण कर लेता है। यथा—

मिश्र: > मिस्सो अवश्यम् > अवस्सं
किण्व: > किण्णो रम्य: > रम्मो

१७. मूर्धन्य रेफ अपने बाद वाले व्यञ्जन का रूप ग्रहण कर लेता है। यथा—

शर्करा > सक्करा वर्ग: > वग्गो कर्पूर: > कप्पूरो

कर्म > कम्म दर्शनं > दस्सनं

१७ ल प्राय. अपने बाद वाले व्यञ्जन का रूप धारण कर लेता है और व अपने पहले वाले व्यञ्जन का रूप ग्रहण करता है। ज्ञ तथा ण्य के स्थान पर ञ्ञ पाया जाता है। यथा—

कल्प: > कप्पो प्रगल्भ: > पगब्भो पश्व: > पस्सो

पक्व: > पक्को चत्वार: > चत्तारो सर्वज्ञ: > सव्वञ्ञो

कन्या > कञ्ञा पुण्य: > पुञ्ञो

१८. पालि मे संस्कृत के श्, ष्, और स् के स्थान पर दन्त्य स् ही पाया जाता है।

देश. > देसो पुरुष: > पुरिसो

१९. पालि मे द्विवचन नहीं होता। चतुर्थी तथा षष्ठी विभक्ति के रूप प्राय: एक ही रहते हैं। तृतीया तथा पञ्चमी के रूपों में भी प्राय: समानता रहती है। धातु रूपो में आत्मनेपद और परस्मैपद दोनो के ही रूप मिलते हैं। भ्वादि, रुधादि, दिवादि स्वादि, क्र्यादि तनादि और चुरादि इन सात गणों के रूप पालि मे वर्तमान हैं। लकारों मे आशीर्लिङ् लकार का प्रयोग नही मिलता। लिट् का प्रयोग भी बहुत कम पाया जाता है। भूतकाल के लिए लुङ् का प्रयोग बहुत अधिक होता है।

२०. प्रेरणा के अर्थ में संस्कृत णिच् प्रत्यय के स्थान पर पालि मे अय तथा आयय प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

जैन आगम की भाषा को अर्धमागधी कहा गया है। क्योंकि भगवान् महावीर के उपदेश की भाषा भी अर्धमागधी थी, पर उस प्राचीन अर्धमागधी का क्या स्वरूप था, इस सम्बन्ध मे कोई निश्चित जानकारी आज उपलब्ध नहीं है। श्वेताम्बर आगम ग्रन्थो मे आज जो अर्धमागधी का स्वरूप उपलब्ध है उसका गठन देवर्द्धि गणि क्षमाश्रमण की अध्यक्षता मे सम्पन्न बलभी नगर के मुनिसम्मेलन में हुआ है। यह सम्मेलन वीर निर्वाण सवत् ९८० में हुआ था। इस मुनि सम्मेलन ने आगम ग्रन्थो को सुसम्पादित किया। अत. भाषा और विषय इन दोनो ही क्षेत्रों मे कुछ बातें पुरानी बनी रह गयीं और कुछ नवीन बातें भी जोड़ी गयीं। यही कारण है कि पद्य भाग की भाषा गद्य भाग की भाषा की अपेक्षा अधिक प्राचीन तथा आर्ष है। आयारंगसुत्त, सूयगडंगसुत्त एवं उत्तराज्झयणसुत्त की भाषा मे पर्याप्त प्राचीन तत्त्व उपलब्ध हैं।

जैन सूत्रों की प्राकृत

अर्धमागधी के प्राचीन रूप का आभास अशोक के उडीसा प्रदेशवर्ती कालसी जौगढ़ एवं धौली नामक स्थानों पर उत्कीर्ण १४ प्रशस्तियों में मिलता है। इनमें

र् के स्थान पर फ् और ल · तीनो ऊष्म श्, ष् और स् के स्थान पर स् तथा अकारान्त संज्ञाओं के कर्त्ताकारक एक वचन मे ए विभक्ति चिह्न प्राप्त होता है। अतः मागधी के तीन प्रमुख लक्षणो मे से दो लक्षण ही प्रचुर रूप में पाये जाते हैं। तीसरा तालव्य शकार की प्रवृत्तिवाला लक्षण घटित नहीं होता है। अतएव उक्त तीनों स्थान की प्राकृत को अर्धमागधी प्राकृत का प्राचीन रूप माना जा सकता है।

शौरसेनी प्राकृत, जिसके बीज पालि में और प्राचीन रूप अशोक की गिरनार प्रशस्तियो मे पाये जाते हैं, दिगम्बर आगमो की भाषा बनी। वीर निर्वाण संवत् ६८३ के लगभग जब अंगज्ञान लुप्त होने लगा था, तो खण्डश. ज्ञान के आधार पर कर्म प्राभृत (षट खण्डागम) एवं कसायपाहुड जैसे गम्भीर सैद्धान्तिक ग्रन्थो का प्रणयन किया गया। यह यहाँ ज्ञातव्य है कि उपलब्ध अर्धमागधी भाषा की अपेक्षा उपलब्ध शौरसेनी भाषा प्राचीन है। कालगणनानुसार प्राप्त शौरसेनी अर्धमागधी की अपेक्षा तीन सौ वर्ष प्राचीन है। आर्षप्राकृत मे अर्धमागधी और शौरसेनी दोनो ही भाषाओ का विश्लेषण करना आवश्यक है। साधारणत. अर्धमागधी शब्द की व्युत्पत्ति "अर्धमागध्या"—

अर्धमागधी

अर्थात् जिसका अर्धांश मागधी कहा गया है। इस व्युत्पत्ति का समर्थन ईस्वी सन् सातवीं शताब्दी के विद्वान् जिनदास गणि महत्तर के निशीथचूर्णि नामक ग्रन्थ मे उल्लिखित "पोराणयद्धमागहभासानियय हवईसुत्त" द्वारा भी होता है। अर्धमगध शब्द की व्याख्या—"मगहद्धविसयभासानिबद्ध अद्धमागई" अर्थात् मगध-देश की अर्धप्रदेश को भाषा मे निबद्ध होने से प्राचीन सूत्रग्रन्थ अर्धमागध कहलाते हैं। अर्धमागधी में अट्ठारह देशी भाषाओ का मिश्रण माना गया है। बताया है—"अट्ठारसदेसीभासानिययं वा अद्धमागहं"। अन्यत्र भी इसे सर्वभाषामयी कहा है[1]।

अर्धमागधी का मूल उत्पत्ति स्थान पश्चिम मगध और शूरसेन (मथुरा) का मध्यवर्ती प्रदेश अयोध्या है। तीर्थङ्करो के उपदेश की भाषा अर्धमागधी ही मानी गयी है। आदि तीर्थंकर ऋषभदेव अयोध्या के निवासी थे, अत. अयोध्या मे ही

---

१. नाना भाषात्मिका दिव्यभाषायेकात्मिकामपि।
प्रथमयन्तमयत्नेन हृदध्वान्तं नुदतीं नृणाम्॥
जिनसेन महापुराण ३३ पर्व श्लो॰ १२०।

दिव्यभाषा तवाशेष भाषा भेदानुकारिणी।
निरस्यति मनोध्वान्तम् आवाचामपि देहिनाम्॥ वही पर्व ३३ श्लो॰ १४८।
सर्वार्धमागधी सर्वभाषासु परिणामिनीम्।
सर्वेषा सर्वतो वाचं सार्वज्ञी प्रणिदध्महे॥—वाग्भट काव्यानुशासन पृ॰ २।

इस भाषा की उत्पत्ति मानी जा सकती है। प्रदेश की दृष्टि से अधिकांश विचारक इसे काशी-कोशल प्रदेश की भाषा मानते हैं।

एक विचार यह भी प्रचलित है कि भगवान् महावीर अर्धमागधी में उपदेश देते थे। उनका जन्म वैशाली में हुआ था। उनके विहार और प्रचार का मुख्य क्षेत्र पूर्व मे राढ भूमि से लेकर पश्चिम मे मगध की सीमा तक, उत्तर में वैशाली से लेकर दक्षिण मे राजगृह और मगध के दक्षिणी किनारे तक था। अतः अर्धमागधी इसी क्षेत्र की भाषा रही होगी। यह भी ज्ञातव्य है कि कि इन क्षेत्रों में बोली जानेवाली अन्य बोलियो का प्रभाव भी अवश्य पडा होगा। आर्यभाषा के अतिरिक्त इन क्षेत्रो मे मुण्डा भाषा भी प्रचलित थी। अत. मुण्डा का प्रभाव भी अर्धमागधी पर अवश्य वर्तमान है। अर्धमागधी में संस्कृत के स्वार्थिक 'क' प्रत्यय के स्थान पर 'ह' प्रत्यय भी पाया जाता है। यह 'ह' प्रत्यय मुण्डा भाषा से ही गृहीत है। तथ्य यह है कि प्राचीन भारत मे मुण्डा भाषा बोलने-वाले पश्चिमी बगाल और बिहार के पहाडी प्रदेशो मे ही निवास नहीं करते थे, बल्कि वे सम्पूर्ण भारत मे फैले हुए थे। अतः अर्धमागधी पर मुण्डा तथा द्रविड़ का प्रभाव पडना कोई क्लिष्ट कल्पना की बात नही है। समवायाङ्ग सूत्र में अर्धमागधी की विशेषताओ का निरूपण करते हुए कहा गया है कि आर्य और अनार्य इस भाषाओ को अनुचित नही समझते हैं। अतः इसमे आर्य और अनार्य के प्रभाव-मिश्रण को स्वीकार करना अनुचित नहीं। "भगवं च णं अद्धमागहीए भासाए धम्मं आइक्खइ। सा वि य णं अद्धमागहीभासभासिज्जमाणी तेसिं सव्वेसिं आरियमनारियाणं दुप्पय चउप्पयमियपसुपक्खिसरिसिवाणं अप्पप्पणो हियसिवसुहदाय भासत्ताए परिणमइ"[1]।

अर्थात्—भगवान् महावीर अर्धमागधी भाषा मे धर्मोपदेश देते थे। यह शान्ति, आनन्द और सुखदायिनी भाषा आर्य, अनार्य, द्विपद, चतुष्पद, मृग, पशु, पक्षी और सरीसृपो के लिए उनकी अपनी-अपनी बोली मे परिणत हो जाती थी।

ओववाइयसुत्त से भी उक्त तथ्य की पुष्टि होती है :—

तए णं समणे भगवं महावीरे कूणियस्स रण्णो भिभिसारपुत्तस्स अद्धमागहए भासाए भासइ। अरिहा धम्मं परिकहेइ।...सा वि य णं अद्धमागहा भासा तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं अप्पणो सभासाए परिणामेणं परिणमइ।

उपर्युक्त उद्धरण से यह निष्कर्ष सहज में निकाला जा सकता है कि अर्ध-माग की भाषा पर आर्येतर भाषाओ का प्रभाव पड़ा है। उदाहरणार्थ ऊपर के

१ समवायाङ्ग अहमदाबाद, सन् १९३८ ई० सूत्र ९८।

उदाहरण में आया हुआ अरिहा शब्द लिया जा सकता है। आर्य शब्द से प्राकृत में अय्य और अरिया शब्द निष्पन्न होंगे। तब यह अरिहा शब्द किस प्रकार बन गया। आर्य शब्द से स्वार्थिक 'क' प्रत्यय जोड़कर आर्यक से अरिय या अरिया बन सकता है, पर अरिहा कैसे बन गया है। विचार करने पर उक्त समस्या का समाधान मुण्डा भाषा के स्वार्थिक 'ह' प्रत्यय द्वारा हो जाता है। वस्तुतः यहाँ आर्य भाषा का 'क' प्रत्यय नहीं है, बल्कि मुण्डा भाषा का 'ह' प्रत्यय है। उत्तरकालीन प्राकृत वैयाकरणों ने उक्त समस्या के समाधान के हेतु 'क' के स्थान पर 'ह' प्रत्यय का विधान स्वीकार किया।

अर्धमागधी को ऋषिभाषिता भाषा कहा गया है। वैदिक भाषा के समान इसे भी प्राचीन भाषा माना जाता है। इसमें बहुत से प्राचीन वैदिक रूप ध्वनि-परिवर्तन के साथ सुरक्षित हैं। उदाहरणार्थ भूतकाल में जुड़नेवाला इंसु प्रत्यय सकारात्मक लुङ्लकार अन्य पुरुष बहुवचन का विकसित रूप है। इसी प्रकार वैदिक प्रत्यय त्वानम् का ह्रस्वरूप तूणम् भी इस भाषा में प्रचुर परिमाण में प्रयुक्त होता है। अर्धमागधी के घेप्पइ रूप का सम्बन्ध भी छान्दस् धातु 'घृ' से जोड़ना अधिक उपयुक्त है उक्त रूप में 'प्प' विस्तार के रूप में आया है। प्राकृत वैयाकरणों ने √ग्रह के स्थान पर 'घेप्प' आदेश कर घेप्पइ रूप निष्पन्न किया है, वस्तुतः इसकी सहज निष्पत्ति √घृ धातु से की जाय सकती है, आदेश वाली दूर की कौड़ी बैठाने की आवश्यकता ही नहीं है।

सर्वमान्य सिद्धान्त है कि अर्धमागधी का रूपगठन मागधी और शौरसेनी से हुआ है। हार्नले ने[1] समस्त प्राकृत बोलियों को दो वर्गों में बांटा है। एक वर्ग को उसने शौरसेनी प्राकृत बोली और दूसरे वर्ग को मागधी प्राकृत बोली कहा है। इन बोलियों के क्षेत्रों के बीचों-बीच में उसने एक प्रकार की एक रेखा खींची, जो उत्तर में खालसी से लेकर वैराट, इलाहाबाद और फिर वहाँ से दक्षिण को रामगढ़ होते हुए जौगढ़ तक[2] गयी है। ग्रियर्सन[3] उक्त मत से सहमत होते हुए लिखते हैं कि उक्त रेखा के पास आते-जाते शनैः शनैः ये दोनों प्राकृतें आपस में मिल गयीं और इसका परिणाम यह हुआ कि इनके मेल से एक तीसरी बोली उत्पन्न हुई, जिसका नाम अर्धमागधी पड़ा। इस कथन से यह निष्कर्ष

अर्धमागधी का रूपगठन

---

१ कम्पैरेटिव ग्रामर भूमिका पृ० १७ और उसके बाद के पृष्ठ।

२. चण्ड के प्राकृत लक्षण की भूमिका पृ० २१।

३ सेवन ग्रैमर्स ऑव द डायलेक्टस एन्ड सबडायलेक्टस ऑव द बिहारी लैंग्वेज; खण्ड १ पृ० ५ (कलकत्ता १८८३ ई०)।

निकलता है कि भाषा की सहज प्रवृत्ति के अनुसार पड़ोस-पड़ोस की बोलियों के शब्द धीरे-धीरे आपस मे एक-दूसरे की बोली में घुल-मिल जाते हैं और उन बोलियों के भीतर इतना घर कर लेते हैं कि बोलनेवाले यह नहीं समझपाते कि वे किसी दूसरी बोली के शब्दो का प्रयोग कर रहे हैं। फलत. शौरसेनी और मागधी के संयोग से अर्धमागधी बनी होगी। मार्कण्डेय ने प्राच्या का व्याकरण शौरसेनी के समान बताया है। उनका मत है—"प्राच्या सिद्धिः शौरसेन्या।"[1] यद्यपि मार्कण्डेय ने प्राच्या की विशेषताओं पर प्रकाश नहीं डाला है, पर इतना स्पष्ट है कि प्राचीन समय में पूर्व की बोली मागधी और पश्चिम की बोली शौरसेनी कही जाती थी। अतएव अर्धमागधी मे मागधी और शौरसेनी की प्रवृत्तियो का समन्वय पाया जाना युक्तिसगत ही है।

मार्कण्डेय ने अर्धमागधी भाषा के स्वरूप का विवेचन करते हुए लिखा है "शौरसेन्या अदूरत्वादियमेवार्धमागधी"—अर्थात् शौरसेनी भाषा के निकट-वर्त्ती होने के कारण मागधी ही अर्धमागधी है। क्रमदीश्वर ने अपने प्राकृत व्याकरण में अर्धमागधी का लक्षण बतलाते हुए कहा है कि "महाराष्ट्रीमिश्राऽर्ध-मागधी"[2]। हमें ऐसा मालूम होता है कि क्रमदीश्वर के उक्त कथन का आधार महाराष्ट्री प्राकृत का आर्षप्राकृत के साथ सादृश्य ही कारण हो सकता है। वास्तव मे जैन सूत्रो की अर्धमागधी मागधी और महाराष्ट्री के संयोग से उत्पन्न नहीं है, यह तो नाटकीय अर्धमागधी का स्वरूप हो सकता है।

अभयदेव ने उवासगदसाओ की टीका में मागधी के पूर्ण लक्षणो को न पाकर लिखा है —"अर्धमागधी भाषा यस्यां रसोरलशौ मागध्यामित्यादिकम् मागधभाषालक्षणं परिपूर्णं नास्ति"। अर्थात् अर्धमागधी वह भाषा है जिसमें मागधी के पूर्ण लक्षण रकार और सकार के स्थान पर लकार और शकार नहीं पाये जाते। स्पष्ट है कि अभयदेव भी अर्धमागधी का रूप मागधी मिश्रित शौरसेनी मानते हैं। पर इतना सत्य है कि मागधी की प्रवृत्तियो मे शौरसेनी की जो प्रवृत्तियां मिश्रित हैं, वे नाटकीय शौरसेनी की नहीं हैं, बल्कि जैन शौरसेनी की हैं। अकारान्त शब्दों में कर्त्ताकारक एकवचन मे ए प्रत्यय के समानन्तर ओ प्रत्यय भी पाया जाता है। यह 'ओ' प्रत्यय अर्धमागधी को मागधी की प्रवृत्ति से पृथक् सिद्ध कर देता है। यद्यपि र कार के स्थान पर ल कार और सकार के स्थान पर शकार की प्रवृत्ति बच्चो, स्त्रियो और अशिक्षित व्यक्तियो की बोली में ही पायी जाती है। नाटकीय मागधी के लक्षणकारो ने इन्हीं पात्रविशेषों की

---

१. प्राकृत सर्वस्व पृ० १०३।

२. संक्षिप्तसार पृ० ३८।

भाषा का सामान्यीकरण कर मागधी का लक्षण निर्दिष्ट कर दिया है। ऋषिभाषित अर्धमागधी में पात्रविशेष की भाषा की अपेक्षा नही है और न इसमे स्थानगत वैशिष्ट्य की सम्भावना है। वर्तमान मे मागध अपभ्रंश से उत्पन्न बंगला भाषा को छोड़ अन्य किसी भी भाषा मे सकार के स्थान पर शकार के व्यवहार का प्रचलन नही है। विहार की सभी आधुनिक बोलियो में भी तीनो उष्म ध्वनियों के स्थान पर प्रायः दन्त्य उष्म स ध्वनि का प्रयोग पाया जाता है। अतएव मागधी के उक्त दो लक्षणो के न रहने पर भी अर्धमागधी को मागधी नहीं कहा जा सकता। अतः अकारान्त शब्दो मे प्रथमा विभक्ति एकवचन मे ए के साथ ओ और छान्दस् की क् ध्वनि के स्थान पर ग् ध्वनि का पाया जाना जैन शौरसेनी के लक्षणो के अन्तर्गत है। इतना ही नही दो स्वरो के मध्यवर्ती असयुक्त क के स्थान में अनेक स्थानो पर ग तथा अनेक स्थलो मे त और य होते हैं।

उक्त शौरसेनी प्रवृत्तियो के साथ अर्धमागधी मे मागधी की कुछ ऐसी प्रवृत्तियाँ भी वर्तमान हैं, जिनके कारण उसमे मागधी का मिश्रण मानना नितान्त आवश्यक है। अकारान्त शब्दो मे कर्त्ताकारक एकवचन मे ए प्रत्यय का होना तथा ऋ मे समाप्त होनेवाले धातु के त स्थान मे ड का पाया जाना ऐसे लक्षण है, जिनके कारण उसे मागधी से सर्वथा पृथक् नही किया जा सकता।

अर्धमागधी भाषा के प्राचीन उल्लेख पर्याप्त रूप मे मिलते हैं। भरत ने अपने नाट्यशास्त्र मे नाटक मे प्रयुक्त होनेवाली भाषाओ का उल्लेख करते हुए निम्नलिखित प्राकृतो का निर्देश किया है

मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरशेन्यर्धमागधी ।।
बाल्हीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषा प्रकीर्त्तिता[1] ।

अर्थात् मागधी, अवन्ती, प्राच्या, शौरसेनी, बाल्हीका और दाक्षिणात्या के साथ अर्धमागधी भाषा विभिन्न देशवाले पात्रो की कथ्य भाषा होती है। भरत मुनि का समय अनुमानत ई० पू० ३०० माना जाता है। ल्यूडर्स ने अश्वघोष कृत सारिपुत्रप्रकरणम् के प्राप्त खण्डित अशो मे गोभिल द्वारा प्रयुक्त भाषा को प्राचीन अर्धमागधी कहा है। सम्भवत अश्वघोष के समय तक अर्धमागधी का प्रयोग साहित्य में होता था। पर सारिपुत्रप्रकरणम् मे प्राप्त अर्धमागधी भाषा के उद्धरण इतने अल्प हैं कि उनके आधार पर कोई विशेष सिद्धान्त निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

इस प्रसग मे एक बात और उल्लेखनीय है कि प्राकृत के प्रसिद्ध वैयाकरण वररुचि ने महाराष्ट्री, पैशाची, शौरसेनी और मागधी इन चार ही प्राकृत भाषाओ

१. नाट्य शास्त्र—चौखम्भा संस्कृत सीरिज वाराणसी—१८ अध्याय, श्लो० ३५–३६।

का निर्देश किया है। वररुचि अर्धमागधी का उल्लेख नहीं करते। इनका समय ई० सन् तीसरी शती माना जाता है। अतः वररुचि का अर्धमागधी के सम्बन्ध मे मौन रहना खटकनेवाली बात है। प्रत्येक अध्येता के मन में यह शङ्का उत्पन्न होती है कि जब भरत मुनि ने अर्धमागधी का उल्लेख किया तो वररुचि इसका अनुशासन करना क्यों भूल गये ? कौन सी ऐसी बात है, जिसके कारण वे अर्धमागधी के सम्बन्ध में कुछ नहीं कह पाये। उक्त प्रश्न पर विचार करने से अवगत होता है कि सम्भवतः वररुचि को नाटकीय साहित्यिक प्राकृतों का निर्देश करना अभीष्ट था। इसी कारण प्रमुख साहित्यिक भाषाओं का निर्देश कर "शेष महाराष्ट्रीवत्" लिखकर वे मौन हो गये। अथवा यह भी सम्भव है कि तीसरी शती में अर्धमागधी का प्रयोग नाटकों मे नहीं होता था। यद्यपि "चेटानां राजपुत्राणां श्रेष्ठीनाञ्चार्धमागधी"[1] अर्थात्—दासी, राजपुत्रों और सेठों द्वारा इस बोली का व्यवहार किया जाना चाहिए। परन्तु नाटकों मे इस नियम का सर्वत्र पालन नहीं किया गया है। लास्सन ने प्रबोधचन्द्रोदय और मुद्राराक्षस में अर्धमागधी की विशेषताएँ दिखलाने की चेष्टा की है। मुद्राराक्षस का जीवसिद्धि क्षपणक जिस भाषा का प्रयोग करता है, वह अर्धमागधी से मिलती-जुलती है। इसमे ओ के स्थान पर ए का प्रयोग पाया जाता है। अतएव सक्षेप मे इतना ही कहा जा सकता है कि प्राचीन अर्धमागधी का व्यवहार जैन सुत्तागमों और उत्तरवर्ती अर्धमागधी का प्रयोग नाटकों मे भी क्वचित् होता था। अर्धमागधी ध्वनितत्त्व, रूपतत्त्व, शब्दसम्पत्ति एवं अर्थतत्त्व की दृष्टि से प्राचीन *शौरसेनी और प्राचीन मागधी का मिश्रित* रूप है। अर्धमागधी नाम भी इस तथ्य का सूचक है कि इस भाषा मे मागधी के आधे ही लक्षण वर्तमान हैं। शेष आधे लक्षण प्राचीन शौरसेनी के हैं। इन दोनों भाषाओं के मेल से निष्पन्न अर्धमागधी भाषा है।

अर्धमागधी मे इ ए और उ ओ का परस्पर विनिमय पाया जाता है। जैसे इदिस एदिस < ईदृश तथा तूण तोण। अर्धमागधी मे सस्कृत की परम्परा से भिन्न

अर्धमागधी की ध्वनिपरिवर्तन सम्बन्धी विशेषताएँ

ह्रस्व ए, ओ का विकास भी पाया जाता है। खुले शब्दखण्डों मे प्रधान या गौणरूप से उत्पन्न इ, उ का ए, ओ के साथ परस्पर विनिमय पाया जाता है। यथा—गिरु गे/रु, मुसा मोसा < मृषा। ध्वनि परिवर्तन के प्रमुख नियम निम्न प्रकार हैं :—

१. अर्धमागधी मे दो स्वरो के मध्यवर्ती असंयुक्त क् के स्थान मे सर्वत्र ग और अनेक स्थलों मे त् और य् पाये जाते हैं। यथा—

[1] देखें—भरतमुनि का नाट्यशास्त्र, चौखम्भा वाराणसी, १८।३८।

ग—पगप्प < प्रकल्प—प्र के स्थान पर प, क् को ग् और संयुक्त ल् का लोप तथा प् को द्वित्व ।

आगर < आकर—क् के स्थान पर ग् ।

आगास < आकाश—क् को ग् और श् के स्थान पर दन्त्य स् ।

सावग < श्रावक—संयुक्त रेफ का लोप, श् को स् और क् के स्थान पर ग् ।

त—आराहत < आराधक—क् के स्थान पर त् और ध् के स्थान पर ह् आदेश हुआ है ।

सामातित < सामायिक—य् के स्थान पर त् और क् के स्थान पर त् ।

अहित < अधिक—ध् के स्थान पर ह् और क् के स्थान पर त् ।

साउणित < शाकुनिक—तालव्य श् को दन्त्य स्, ककार का लोप और उ स्वर शेष, न् को ण् तथा अन्तिम क् के स्थान पर त् ।

य—लोय < लोक—क् को य् हुआ है ।

अवयार < अवकार—क् को य् हुआ है ।

२. दो स्वरों के बीच का असंयुक्त ग् प्रायः स्थित रहता है । कहीं-कहीं त् और य् भी पाये जाते हैं । यथा—

ग—आगम < आगम—ग् ज्यों का त्यों अवस्थित है ।

आगमण < आगमन—ग् ज्यों का त्यों और न् के स्थान पर ण् हुआ है ।

अणुगमिय < अनुगमिक—ग् ज्यों का त्यों, न् के स्थान पर ण् और क् के स्थान पर य् हुआ है ।

आगमिस्स < आगमिष्यत्—ग् ज्यों का त्यों, संयुक्त य् का लोप और स् को द्वित्व, अन्तिम हल् त् का लोप ।

भगवं < भगवान्—ग् ज्यों का त्यों और न को अनुस्वार और 'आ' को ह्रस्व ।

त—अतित < अतिग—ग् के स्थान पर त् ।

य—सायर = सागर—ग् के स्थान पर य् ।

३. दो स्वरों के बीच में आनेवाले असंयुक्त च् और ज् के स्थान में त् और य् दोनों ही होते हैं । यथा—

त—णारात < नाराच—न् के स्थान पर ण् और च् के स्थान पर त् ।

वति < वचस्—अन्त्य हल् स् का लोप और च् के स्थान पर त् तथा इकार ।

पावतण < प्रवचन—प्र के स्थान पर प और च् के स्थान पर त् ।

य—कयातो < कदाचित्—द् कार का लोप, आ शेष और य श्रुति, च् के स्थान पर य् और अन्तिम व्यञ्जन त् का लोप एवं पूर्ववर्ती इ को दीर्घ ।

वायणा < वाचना—च् को य् और न् को ण् ।

ज—त—भोति < भोजिन्—ज् के स्थान पर त् और अन्तिम न् का लोप।

वतिर < वज्र—ज् के स्थान पर त् और र् का पृथक्करण तथा त् में इ स्वर-भक्ति का संयोग।

पूता < पूजा—ज् के स्थान पर त्।

रातीसर < राजेश्वर—ज् के स्थान पर त्, ऐकार को ईत्व, संयुक्त व् का लोप और तालव्य श् को दन्त्य स्।

४. दो स्वरों का मध्यवर्ती त् प्रायः बना रहता है; कहीं-कहीं इसका य् भी हो गया है। यथा—

वंदति < वन्दते—त् ज्यों का त्यों है, आत्मनेपद की क्रिया परस्मैपद में परिवर्तित है।

नमंसति < नमस्यति—त् ज्यो का त्यों, संयुक्त य् का लोप और म् के ऊपर अनुस्वार।

पज्जुवासति < पर्युपास्ते—संयुक्त रेफ का लोप, य् को ज् और द्वित्व। प के स्थान पर व और स्वरभक्ति के अनुसार पृथक्करण, ए का ह्रस्व।

जितिदिय < जितेन्द्रिय—त् ज्यो का त्यो, एकार को इत्व और संयुक्त रेफ का लोप।

आगति < आकृति—क् के स्थान पर ग्, ऋकार को इ और त् ज्यो का त्यो है।

य—करयल < करतल—मध्यवर्ती त के स्थान पर य हुआ है।

५. दो स्वरों के बीच में स्थित द् के स्थान पर द् और त् ही अधिकांश में पाये जाते हैं। यथा—

द—पदिसो < प्रदिशः—प्र को प, द् के स्थान पर द् और श् को स्।

अणादियं < अनादिकं—न् के स्थान पर ण्, द् को द् और क् के स्थान पर य्।

णदति < नदति—न् के स्थान पर ण् और द् को द्।

वेदहिति < वेदिष्यति—संयुक्त य् का लोप्, ष् को स् और स् के स्थान पर ह् तथा द् और त् के स्थान पर उक्त दोनों ही वर्ण विद्यमान हैं।

त—जता < यदा—य् के स्थान पर ज् और द् को त्।

पात < पाद—द् के स्थान पर त्।

नती < नदी—द् को त्।

मुसावात < मृषावाद—मकारोत्तर ऋ के स्थान पर उ, ष् को स और द के स्थान पर त् हुआ है।

कताली < कदाचित्—द के स्थान पर त्, च् को त् और अन्तिम हल् त् का लोप तथा त् के पूर्ववर्ती इकार को दीर्घ ।

य—पडिच्छायण < प्रतिच्छादन—प्रति के स्थान पर पडि, द् को य् और न् को ण् ।

चउप्पय < चतुष्पद—त् का लोप, उ स्वर शेष, संयुक्त ष् का लोप, प् को द्वित्व और द् के स्थान पर य् ।

कयत्थो < कदर्थः—द् के स्थान पर य्, रेफ का लोप, थ् को द्वित्व और पूर्ववर्ती थ् को त् ।

६ दो स्वरों के मध्यवर्ती प् के स्थान पर व् होता है । यथा—

पावग < पापक– मध्यवर्ती प् को व् और अन्त्य व्यञ्जन क् को ग् ।

संलवति < संलपति—मध्यवर्ती प् को व हुआ है ।

उवणीय < उपनीत < प् के स्थान मे व् और न् को ण् ।

७. स्वरों का मध्यवर्ती य् प्राय. ज्यो का त्यो रह जाता है कहीं-कहीं उसका त् भी हो जाता है । यथा—

वायव < वायव पिय < प्रिय इंदिय < इन्द्रिय

त—सिता < सिया

परितात < पर्याय—स्वर भक्ति के नियम से र्य का पृथक्करण और इ का आगम, दोनो य् के स्थान पर त् ।

साति < शयिन्– श् को स्, य् के स्थान पर त् और अन्त्य न् का लोप ।

नेरतित < नैरयिक—ऐकार को एकार, य् के स्थान पर त् और क को भी त् ।

८. दो स्वरो के मध्यवर्ती व् के स्थान पर व्, त् और य् होते हैं । यथा—

वायव < वायव—व् के स्थान पर व् हो रह गया है ।

गारव < गौरव—औकार के स्थान पर आकार और व् के स्थान पर व् ।

त—परिताल < परिवार—व् के स्थान पर त् और र् के स्थान पर ल् ।

कति < कवि—व् के स्थान पर त् ।

य—परियट्टण < परिवर्तन—व् के स्थान पर य्, र्त् के स्थान पर ट्ट और न् को ण् ।

९. शब्द के आदि, मध्य और संयोग में सर्वत्र ण् की तरह न् भी स्थित रहता है । यथा—

नई < नदी—न् ज्यों का त्यो स्थित है, द् लोप और ई शेष ।

नायपुत्त < ज्ञातपुत्र—ज्ञ् के स्थान पर न्, त् को य् और त्र् के स्थान पर त्त् ।

विन्नु < विज्ञ—ज्ञ के स्थान पर न्नु।

१०. एव के पूर्व अम् के स्थान पर आम् होता है। यथा—

जामेव < यमेव—य् के स्थान पर ज् और एव के पूर्ववर्ती अम् के स्थान पर आम्।

एवामेव < एवमेव—एव के पूर्ववर्त्ती अम् के स्थान पर आम्।

११. दीर्घ स्वर के बाद इति वा के स्थान में ति वा और इ वा का प्रयोग होता है। यथा—

इंदमहे ति वा < इन्द्रमह इति वा—इति वा के स्थान पर ति वा।

इदमहे इ वा < इन्द्रमह इति वा— ,, ,, ,, इ वा।

१२. यथा और यावत् शब्द के य् का लोप और ज् दोनों ही देखे जाते हैं। यथा—

अहक्खाय < यथाख्यात—यथा के स्थान पर अह और ख्यात को क्खाय हुआ है।

अहाजात < यथाजात—यथा के स्थान पर अहा हुआ है।

१३. दिवस् शब्द मे व् और सकार के स्थान पर विकल्प से यकार और हकार आदेश होते है। यथा—

दियहं, दियसं < दिवसं

१४. गृह शब्द के स्थान पर गह, घर, हर और गिह आदेश होते हैं। यथा—

गह, घरं, हरं, गिहं < गृहम्।

१५ म्लेच्छ शब्द के च्छ के स्थान पर विकल्प से क्खू तथा एकार के स्थान पर विकल्प से अकार और उकार आदेश होते हैं। यथा—

मिलेक्खू, मिलक्खू, मिलुक्खू < म्लेच्छः—विसर्ग के कारण यहाँ दीर्घ ऊकार हुआ है।

१६. पर्याय शब्द के र्याय भाग के स्थान पर विकल्प से रियाग, रिआग और जाय आदेश होते हैं। यथा—

परियागो, परिआगो, पज्जायो < पर्यायः।

१७. बुधादिगण पठित शब्दो के धकार के स्थान पर विकल्प से हकार आदेश होता है। यथा—

बुहो < बुधः—ध् को ह् और विसर्ग को ओत्व।

रुहिरं < रुधिरं—ध् को ह्।

१८. वर्जं आदि शब्दो में व् के स्थान पर विकल्प से उ आदेश होता है। यथा—

आउज्जो, आवज्जो < आवर्जः।

आउज्जण, आवज्जणं < आवर्जनम्।

१६. पुट और पुर शब्द के पकार का विकल्प से लोप होता है। यथा—

तालउडं, तालपुडं < तालपुटम्।

गोउरं, गोपुरं < गोपुरम्।

२०. पदरचना की दृष्टि से अर्धमागधी मे अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्दो के प्रथमा एकवचन मे प्राय सर्वत्र ए और क्वचित् ओ प्रत्यय हुआ है। सप्तमी एकवचन में स्सि प्रत्यय होता है। तृतीया विभक्ति के एकवचन में ण के साथ सा और चतुर्थी एकवचन मे आये या आते प्रत्यय जुड़े है।

२१. समूह, सम्बन्ध और अपत्यार्थ बतलाने के लिए इय, अण् और इज्ज प्रत्यय; निज सम्बन्ध बतलाने के लिए इच्चिय और इज्जिय प्रत्यय· भावार्थ में इय, इल्ल, इज्ज, इय, इक और क प्रत्यय; स्वार्थ मे अण्, इक, इज्ज, इय, इयण्, इम, इल्ल, त्ता, उल्लह और मेत्त प्रत्यय, अतिशय अर्थ बतलाने के लिए इट्ठ, इज्ज प्रत्यय; भाववाचक संज्ञा बनाने के लिए त्त और तण प्रत्यय, विकार अर्थ में मण् और मय प्रत्यय एव प्रकार अर्थ मे हा प्रत्यय होते हैं।

२२ आख्यातो मे अर्धमागधी मे भूतकाल के बहुवचन मे इंसु प्रत्यय जोडा गया है। यथा – पुच्छिसु, गच्छिसु, आभासिसु। कर्मणि में इज्ज प्रत्यय और प्रेरणा में आवि प्रत्यय जोडने के अनन्तर धातु प्रत्यय जोडने से कर्मणि और प्रेरणा के रूप होते हैं।

२३ कृत्प्रत्ययों मे अर्धमागधी में सम्बन्धार्थक क्त्वा प्रत्यय के स्थान पर त्ता, त्तु, तूण, ट्टु, उँ, ऊण, इय, इत्ता, इत्ताण, एत्ताण, इत्तु और च्च प्रत्यय, हेत्वर्थक तुमुन् के स्थान पर इत्तए, इत्तवे, त्तुं, और उँ प्रत्यय एवं वर्तमान अर्थ मे न्त और माण प्रत्यय होते हैं। अकारान्त धातुओ से होने वाले त प्रत्यय के स्थान पर ड हो जाता है। यथा—कृ + त = कड मृ + त = मड अभि + हृ + त = अभिहृड, इत्यादि।

भारतीय आर्यभाषा से मध्ययुग में जो नाना प्रादेशिक भाषाएँ विकसित हुईं, उनका सामान्य नाम प्राकृत है। विद्वानो ने देशभेद के कारण मागधी और शौरसेनी इन दो प्राकृतो को प्राचीन माना है। एक भाषा का प्रचार काशी के पूर्व में था और दूसरी का काशी के पश्चिम मे। सम्राट् अशोक के शिलालेखो मे उक्त दोनो ही भाषाओ

प्राचीन शौरसेनी या जैन शौरसेनी

के प्राचीनतम स्वरूप सुरक्षित है। अशोक के १४ धर्मलेख, जो कि काठियावाड़ के गिरनार नामक स्थान की शिला पर उत्कीर्ण हैं, वे भाषा की दृष्टि से शौरसेनी का प्राचीनरूप व्यक्त करते हैं। इस प्रकार ई० पू० तीसरी शती में पश्चिम भारत मे शौरसेनी के वर्तमान रहने के शिलालेखी प्रमाण उपलब्ध हैं। ई० पू० १५० के लगभग खारवेल के शिलालेख मे प्राचीन शौरसेनी का व्यवहार किया गया है। अतः यह मानना पडता है कि पश्चिम से पूर्व की ओर शौरसेनी का विस्तार हुआ है। कलिङ्ग (उडीसा) मे जैन धर्म के सिद्धान्तो के साथ शौरसेनी भी पहुँची थी। मानभूम और सिंहभूम जिलो की भाषा की प्रवृत्ति आज भी प्रत्ययतत्त्व की दृष्टि से शौरसेनी के निकट है।

मौर्यकाल में जैनमुनि भद्रबाहु ने सम्राट् चन्द्रगुप्त को प्रभावित किया था और वे राज्य छोडकर जैन मुनि बन गये थे। मगध मे जब द्वादश वर्षीय दुष्काल पड़ा तो आचार्य भद्रबाहु सदाचार निर्वाह के हेतु अपने बारह हजार शिष्य साधुओ के साथ मुनि चन्द्रगुप्त, जिनका दूसरा नाम विशाखाचार्य था, सहित दक्षिणापथ की ओर चले गये। यह साधु संघ उज्जैनी एवं गिरनार होते हुए कर्णाटक देश के कटवप्र पर्वत—श्रवणबेलगोल मे पहुँचा। यहाँ भद्रबाहु की मृत्यु हो गयी और उनकी मृत्यु के अनन्तर विशाखाचार्य अपर नाम चन्द्रगुप्त संघ के उत्तराधिकारी निर्वाचित किये गये। चन्द्रगुप्त ने जहाँ तपस्या की थी, उस पर्वत को चन्द्रगिरि तथा उस गुफा को चन्द्रगुफा कहते हैं। इस मुनि संघ के साथ-साथ प्राचीन शौरसेनी भी दक्षिण भारत मे पहुँची।

सम्राट् खारवेल का दक्षिण के अनेक राजाओ से राजनैतिक सम्बन्ध था। उसने दक्षिणापथ का भी दिग्विजय किया था और मूषिक, राष्ट्रिक, भोजक आदि राज्यो को अपने अधीन किया था। पैठन के सातवाहन सातकर्णी को भी उसने पराजित किया था और पाण्ड्यदेश के राजा के साथ मित्रता स्थापित की थी। इस प्रकार खारवेल के साथ शौरसेनी की जड़े दक्षिण भारत में बहुत दूर तक प्रविष्ट हो गयी। भद्रबाहु के संघ ने जिस शौरसेनी का बीजवपन किया था, उसकी पुष्टि और समृद्धि सम्राट् खारवेल के द्वारा दक्षिण भारत मे हुई। तथ्य यह है कि गिरनार के शिलालेखी की शौरसेनी ने उड़ीसा के माध्यम से समग्र भारत मे विस्तार प्राप्त किया और यह भाषा साहित्य का कलेवर बनी।

यहाँ यह भी ज्ञातव्य है कि ई० सन् की प्रथम शती के लगभग—वी० नि० सं० ६८३ मे काठियावाड़ भी जैन संस्कृति का केन्द्र था। धरसेनाचार्य गिरनार की चन्द्रगुफा मे रहते थे। उन्होने वहीं पुष्पदन्त और भूतबलि नामक आचार्यों को बुलवाकर आगम ज्ञान प्रदान किया, जिसके आधार पर उन दोनो ने द्रविड

देश में जाकर षट्खण्डागम के सूत्रों की रचना पश्चिमीय और दक्षिणीय प्राकृत भाषा—प्राचीन शौरसेनी में की। इसके पश्चात् तो कुन्दकुन्द आदि आचार्यों ने इस भाषा को सार्वभौमिकता प्रदान की। एक प्रकार से दिगम्बर जैन आगम ग्रन्थों की यह मूलभाषा बन गई। संशोधक मनीषियों ने इस भाषा का स्वरूप नाटकीय शौरसेनी से कुछ प्रवृत्तियों मे भिन्न देखकर इसका नाम जैन शौरसेनी रखा है। अत यहाँ हम भी इसी नाम से इसे अभिहित करेंगे।

यह पहले लिखा जा चुका है कि उपलब्ध अर्धमागधी का स्वरूपगठन मागधी और प्राचीन शौरसेनी के मिश्रण के आधार पर किया गया है। पर भगवान् महावीर का उपदेश जिस अर्धमागधी में होता था, वह अर्धमागधी यह नहीं है। उस प्राचीन अर्धमागधी का स्वरूप अनेक भाषाओं के मिश्रण से तैयार हुआ था। अर्धमागधी शब्द स्वयं ही इस बात का सूचक है कि इसके स्वरूप मे आधे लक्षण मागधी के तथा आधे इतर भाषाओं के मिश्रित थे। जिनसेनाचार्य ने इस भाषा की विशेषता पर प्रकाश डालते हुए कहा है —

त्वद्दिव्यवागियमशेषपदार्थगर्भा भाषान्तराणि सकलानि निदर्शयन्ती।
तत्त्वावबोधमचिरात् कुरुते बुधानां स्याद्वादनीति विहितान्धमतान्धकारा॥
—महापुराण ज्ञानपीठ, काशी २३।१५४

अर्थात्—यह भाषा अर्धमागधी समस्त भाषाओं के रूप का परिणमन करती है। इसमे अनेक भाषाओं का मिश्रण होने से शीघ्र ही तत्त्वज्ञान को समझ लेने की शक्ति वर्तमान है। यह स्याद्वादरूपी नीति के द्वारा समस्त विवादों का निराकरण करनेवाली है।

अतएव यह स्पष्ट है कि प्राचीन शौरसेनी या जैन शौरसेनी उपलब्ध अर्धमागधी की अपेक्षा प्राचीन है और इसका प्रचार पूर्व, पश्चिम और दक्षिण भारत में सर्वत्र था। नाटकों मे भी शौरसेनी भाषा का प्रयोग व्यापक रूप में हुआ है। कुछ विद्वानों का तो यहाँ तक अभिमत है कि महाराष्ट्री शौरसेनी का एक शैलीगत भेद है, यह कोई स्वतन्त्र प्राकृत नहीं है। भेद की दृष्टि से शौरसेनी को ही स्वातन्त्र भाषा मानना चाहिए। इस नाटकीय शौरसेनी का विकास जैन शौरसेनी से ही हुआ है। यही कारण है कि नाटकीय शौरसेनी में जैन शौरसेनी की अनेक प्रवृत्तियाँ विद्यमान हैं। कुछ विद्वान् नाटकीय शौरसेनी से जैन शौरसेनी मे थोडा सा ही अन्तर रहने के कारण जैन शौरसेनी को पृथक् भाषा नहीं मानते हैं। पर इतना तो स्वीकार करना ही पडेगा कि प्राचीन शौरसेनी का रूप जैन शौरसेनी मे सुरक्षित है और नाटकीय शौरसेनी की अपेक्षा इसमे कुछ विशिष्टताएँ पाई जाती है।

जैन शौरसेनी के प्राचीन उदाहरण षट्खण्डागम के सूत्रो में उपलब्ध हैं। इन सूत्रो मे अत्थि क्रिया एकवचन और बहुवचन इन दोनों के लिए प्रयुक्त है। ध्वनियो मे र् ध्वनि क्वचित् कदाचित् ल् ध्वनि मे परिवर्तित उपलब्ध होती है। सूत्रो मे वर्ण-विकार के अनेक उदाहरण आये हुए हैं। प्रमुख नियम निम्नांकित हैं :—

जैन शौरसेनी का व्याकरण सम्बन्धी गठन

१. जैन शौरसेनी मे ऋ ध्वनि अकेली शब्दारम्भ मे आने पर इ, कभी-कभी. व्यञ्जन के साथ सयुक्त रहने पर भी इ मे परिवर्तित हो जाती है। ऋ का परिवर्तन अ, इ, ओ और उ रूप में पाया जाता है। यथा —

ऋ — इ	इड्ढि < ऋद्धि	(षट् ख० १।१।५९)
	किण्हलेस्सिया < कृष्णलेश्या	(षट् खं० १।१।१३६)
	मिच्छाइट्ठि < मिथ्यादृष्टि	(षट् ख० १।१।७९)
	सम्माइट्ठि < सम्यग्दृष्टि.	(षट् ख० १।१।६२)
ऋ - अ	गहिय < गृहीत्वा	(स्व० का० गा० ३७३)
	कट्टु < कृत्वा	(द्र० स० गा०)
	अगहिद < अगृहीत	(षट् खं० प्रथम जिल्द पृ० १०६)
ऋ ओ	मोस < मृषा	(ष० खं० १।१।४९)
ऋ — उ	पुढविकाइया < पृथिवीकायका:	(ष० ख० १।१।४३)
	पहुडि < प्रभृति	(ष० खं० १।१६१)

२ त के स्थान पर द और थ के स्थान पर ध हुआ है। यथा —

त — द	चेदि < चेति	(ष० खं० १।१।७)
	संजदा < संयता	(ष० १।१।१५)
	विगदरागो < विगतराग	(प्र० सा० गा० १४)
	सजुदो < संयुत.	(प्र० सा० गा० १४)
	पदिमहिदो < पतिमहित	(प्र० सा० गा० १६)
	पयासदि < प्रकाशयति	(स्वा० का० गा० २५४)
थ - ध	तधप्पदेसा < तथाप्रदेशा	(प्र० सा० गा० १३७)
	जध < यथा	(प्र० सा० गा० १४६)
	वाध < वाथ	(प्र० सा० १९३ गा०)
	अजधा < अयथा	(प्र० सा० गा० ८५)
	कध < कथम्	(प्र० सा० गा० ५७, ११३, १०६)

३. षट् खण्डागम के सूत्रो मे कहीं-कहीं थ ज्यो का त्यो भी स्थित है और त के स्थान पर त तथा य भी पाये जाते हैं। यथा—

ध—ध सौधम्म < सोधर्मं (ष० खं० १।१।६६)
साधारण < साधारण (ष० खं० १।१।४१)
त—य रहियं < रहितं (प्र० सा० गा० ५६)
वीयराय < वीतराग (ष० खं० १।१।१६)
सव्वगयं < सर्वगतम् (प्र० सा० गा० २३, ३१)
भणिया < भणिता (प्र० सा० गा० २६)
संजाया < संजाता (प्र० सा० गा० ३८)
त—त तिहुवणतिलयं < त्रिभुवनतिलकम् (स्वा० का० गा० १)
जलतरंगचपला < जलतरङ्गचपला (स्वा० का० गा० १२)
तिव्वतिसाए < तीव्रतृषया (स्वा० का० गा० ४३)
अक्खातीदो < अक्षातीत (प्र० सा० गा० २६)

४ जैन शौरसेनी मे अर्धमागधी के समान क के स्थान पर ग भी पाया जाता है। यथा—

वेदग < वेदक (ष० खं०)
सग < स्वकं (प्र० सा० गा० ५४)
एगतेण < एकान्तेन (प्र० सा० गा० ६६)

५. जैन शौरसेनी में क के स्थान पर क और य भी पाये जाते हैं। यथा —

क—क संतोसकरं < सन्तोषकरं (स्वा० का० गा० ३३५)
चिरकाल < चिरकालं (स्वा० का० गा० २६३)
अणुकूलं < अनुकूलं (स्वा० का० गा० ४५६)
क—य सामाइय < सामायिकम् (स्वा० का० गा० ३५२)
कम्मविवायं < कर्मविपाक (स्वा० का० गा० ३५२)
णिरयगदी < नरकगतिः (ष० खं० १।१।२४)
क—म स्वरशेष अलिअं < अलोकम् (स्वा० का० गा० ४०६)
नरए < नरके (प्र० सा० गा० १६४)
काए < काये (ष० खं० १।१।४)

६ जैन शौरसेनी मे मध्यवर्ती क, ग, च, ज, त, द और प का लोप विकल्प से पाया जाता है। यथा —

सुयकेवलिमिसिणो < श्रुतकेवलिनमृषय' (प्र० सा० गा० ३३)
लोयप्पदीवयरा < लोकप्रदीपकरा (प्र० सा० गा० ३५)
गइ < गति (ष० खं० १।१।४)
वयणेहि < वचनैः (प्र० सा० गा० १४)

सयलं < सकलम् (प्र० सा० गा० ५१)
बहुभेया < बहुभेदा (द्र० सं० गा० ३५)

७ जैनशौरसेनी में मध्यवर्ती व्यञ्जन के लोप होने पर अवशिष्ट अ या आ स्वर के स्थान में य श्रुति भी पायी जाती है। यथा—

तित्थयरो < तीर्थङ्कर—क् का लोप होने पर अवशेष अ स्वर के स्थान में यश्रुति।

पयत्थ < पदार्थः – द कार का लोप और अवशिष्ट आ स्वर के स्थान मे यश्रुति।

वेयणा < वेदना—द् लोप और अवशिष्ट अ स्वर के स्थान में यश्रुति।

८ उ के पश्चात् लुप्त वर्ण के स्थान मे बहुधा व श्रुति पाई जाती है। यथा—
बालुवा < बालुका—क् लोप और अवशिष्ट आ स्वर के स्थान मे वश्रुति।
बहुवं < बहुक—क् लोप और अवशिष्ट अ स्वर के स्थान में वश्रुति।
विहुव < विधूत—त् लोप और अवशिष्ट अ स्वर के स्थान में वश्रुति।

९. जैन शौरसेनी मे प्रथमा विभक्ति के एकवचन मे ओ और पुरानी अर्धमागधी के प्रभाव के कारण सप्तमी के एकवचन मे म्मि और म्हि विभक्ति चिन्ह पाये जाते हैं। षष्ठी और चतुर्थी के बहुवचन मे सि प्रत्यय जोड़ा जाता है। पञ्चमी मे विभक्ति चिन्ह के लोप के साथ आदो आदु प्रत्यय भी पाये जाते हैं। यथा—

दव्वसहावो < द्रव्यस्वभाव —प्रथमा के एकवचन में ओ प्रत्यय।

सदविसिट्ठो < सदविशिष्ट — ,, ,, ,,

एकसमयम्हि < एक समये (प्र०सा०गा० १४२)—सप्तमी के एकवचन मे म्हि प्रत्यय जोड़ा गया है।

एगम्हि < एकस्मिन् (प्रा०सा०गा० १४३)—सप्तमी के एकवचन मे म्हि प्रत्यय जोड़ा गया है।

अण्णदवियम्हि < अन्यद्रव्ये (प्र०सा०गा० १५६)

गब्भम्मि < गर्भे (स्वा०का०गा० ७४)—सप्तमी के एकवचन मे म्मि प्रत्यय जोड़ा गया है।

ससरुवम्मि < स्वस्वरूपे—(स्वा०का०गा० ४८३)—सप्तमी के एकवचन में म्मि प्रत्यय जोड़ा गया है।

जोगम्मि < योगे (स्वा०का०गा० ४८४)

एक्कम्मि, एक्कम्हि, लोयम्मि, लोयम्हि जैसे वैकल्पिक प्रयोग भी जैनशौरसेनी में पाये जाते हैं।

तेसिं < तेभ्यः (प्र॰सा॰गा॰ ८२) चतुर्थी के बहुवचन में सि प्रत्यय जोड़ा गया है।

सव्वेसिं < सर्वेषाम् (स्वा॰का॰गा॰ १०३)—षष्ठी के बहुवचन मे सि प्रत्यय जोड़ा गया है।

एदेसि < एतेषाम् (ष॰खं॰ १।१।५)—षष्ठि के बहुवचन मे सि प्रत्यय जोड़ा गया है।

णियमा < नियमात् (ष॰खं॰ १।१।८०)—पञ्चमी एकवचन का विभक्ति चिन्ह लुप्त है।

णाणादो < ज्ञानात्—पञ्चमी विभक्ति एकवचन का 'आदो' प्रत्यय जुड़ा है।

कालादो < कालात्— ,, ,, ,,

१० कृ धातु का रूप जैन शौरसेनी मे कुव्वदि भी मिलता है। इसका प्रयोग स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा गा॰ ३१३, ३२९, ३४०, ३५७, ३८४ में देखा जाता है।

११ स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा और प्रवचनसार मे शौरसेनी के समान करेदि का व्यवहार भी पाया जाता है। स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा गा॰ ६१, २२६, २९६, ३२०, ३५०, ३६६, ३७८, ४२०, ४४ , ४४९ और ४५१ मे एवं प्रवचनसार की गाथा १८५ मे आया है।

१२. जैन शौरसेनी में कृ धातु के रूप कुणेदि और कुणइ भी मिलते हैं। यथा—कुणेदि—स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा गा॰ १८२, १८८, २०६, ३१६, ३७०, ३८८, ३८६, ३९६ और ४२० प्रवचनसार गा॰ ६६ और १४६ मे कुणादि क्रिया रूप व्यवहृत है।

कुणइ का प्रयोग स्वा॰ का॰ गा॰ २०६, २२७, २८५ और ३१० मे आया है। जैन शौरसेनी मे कृ धातु का रूप 'करेइ' भी मिलता है। स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा गा॰ २२५ मे यह रूप प्रयुक्त है।

१३. जैन शौरसेनी मे क्त्वा के स्थान पर त्ता प्रत्यय पाया जाता है। यथा—
जाण + त्ता = जाणित्ता, वियाण + त्ता = वियाणित्ता
णयस + त्ता = णयसित्ता पेच्छ + त्ता = पेच्छित्ता

१४. जैन शौरसेनी मे क्त्वा के स्थान पर य, च्चा, इय, त्तु, दूण, ऊण एव ऊ प्रत्यय भी पाये जाते है। यथा—

गहिय < गृहीत्वा (स्वा॰ का॰ गा॰ ३७३) - इसे इय प्रत्यय का उदाहरण भी माना जा सकता है।

किच्चा < कृत्वा

भविय < भूत्वा (प्र॰ गा॰ १२)

गमिऊण <गत्वा (गौ० सा० गा० ५०)

जाइऊण, गहिऊण, भुंजाविऊण (स्वा० का० गा० ३७३, ३७४, ३७५, ३७६)

काढूण <कृत्वा (स्वा० का० गा० ३७४)

छड्डिय <त्यक्त्वा (इय प्रत्यय का संयोग)—षट् खं० टीका १ जिल्द पृ० २११

कट्टु <कृत्वा (त्तु— ट्टु प्रत्यय का संयोग)

अस्सिदूण, अस्सिऊण <आश्रित्य

१५. जैन शौरसेनी में तीनों ऊष्मध्वनियों के स्थान पर केवल दन्त्य स् ध्वनि तथा वर्णविकार सम्बन्धी अन्य अनेक उदाहरण मिलते हैं। यथा—

अड्ढाइज्ज <अर्धतृतीय (ष० खं० १।१।१६३), ओधि, ओहि <अवधि (ष० खं० १।१।११५, ११।१३१, उराल <उदार (ष० ख १।१।१६०), इंगाल <अंगार (ष० खं० १।१।१५१) एवं खेत्तज्ज <क्षेत्रज्ञ (ष० खं० १।१।५२)

शिलालेखी प्राकृत

द्वितीय स्तरीय प्रथम युगीन मध्यभारतीय आर्य भाषाओं में सबसे प्राचीन आर्ष प्राकृत है, जिसका विवेचन अभी तक किया गया है। शिलालेखी प्राकृत का स्थान उसके पश्चात् ही आता है। यद्यपि लिखित रूप मे मध्ययुग का अत्यन्त पुरातन जो भी साहित्य उपलब्ध है, वह शिलालेखी प्राकृतों का ही है, तो भी आर्ष प्राकृत को प्राचीन मानना उचित और न्याय संगत है।

शिलालेखी प्राकृत के प्राचीनतम रूप अशोक के शिलालेखो में सुरक्षित हैं। इन शिलालेखो की दो लिपियाँ हैं—ब्राह्मी और खरोष्ठी। खरोष्ठी लिपि मे शाहबाजगढ़ी और मनसेरा के शिलालेख मिलते हैं तथा अवशेष शिलालेखों की लिपि ब्राह्मी है। अशोक के शिलालेख अनुमानत. ३० हैं, जिनका विवरण निम्न प्रकार हैं।—

१ चतुर्दश धर्मलेख शाहबाजगढ़ी (पेशावर जिला), मंसेहरा (हजारा जिला), गिरनार (जूनागढ़), सोपारा (थाना जिला), कालसी (देहरादून), धौली (पुरी जिला), जौगड़ (गंजाम जिला) और इरागुडी (निजाम रियासत) स्थानो मे प्राप्त हुए हैं।

२. सात स्तम्भ लेख—टोपरा (दिल्ली), मेरठ, कौशाम्बी (इलाहाबाद), रामपुरवा, लौरिया (अरराज), लौरिया (नन्दनगढ़) स्थान में उत्कीर्णित हैं। इनमें अन्तिम तीन स्थान बिहार के चम्पारन जिले में हैं।

३. लघु शिलालेख

४. दो लघु शिलालेख—नं० १ शिलालेख सिद्धपुर, जटिंग रामेश्वर, ब्रह्मगिरि, रूपनाथ (जबलपुर), सहसराम (शाहाबाद), वैराट (जयपुर), मास्की,

गवीमठ, पल्कीगुण्डू और इरागुडी में पाया जाता है, पर नं० २ सिद्धपुर जटिंग रामेश्वर और ब्रह्मगिरि में ही पाया गया है। ये तीनों स्थान मैसूर के चीतल दुर्ग में हैं।

५. दो कलिङ्ग अभिलेख—धौली और जौगढ़ में प्राप्त हैं।

६. दो तराई अभिलेख—रुम्मिनदेई और निग्लिव—

७. तीन लघुस्तम्भ लेख—साँची, कौशाम्बी और सारनाथ में है।

८ तीन गुहालेख —बराबर दरीगृह के तीन अभिलेख हैं।

उपर्युक्त शिलालेखो में केवल ई० पू० तीसरी शती की प्राकृत भाषा का रूप ही सुरक्षित नहीं है, अपितु इनमें तात्कालीन भाषा के प्रादेशिक भेद भी प्राप्त होते हैं। मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा का अध्ययन करने के लिये अशोक के शिलालेखों का अत्यधिक महत्त्व है। इनमें भाषाओं का विकासक्रम जानने के लिए प्रचुर सामग्री वर्तमान है।

अशोक शिलालेखो मे चार वैभाषिक प्रवृत्तियाँ परिलक्षित होती हैं—

१. पश्चिमोत्तरी प्राकृत

२. पश्चिमी या दक्षिण-पश्चिमी प्राकृत

३. मध्यपूर्वी प्राकृत

४. पूर्वी प्राकृत

पश्चिमोत्तरी या उत्तरपश्चिम प्राकृत

पश्चिमोत्तरी भाषा के विश्लेषण के लिए शाहबाजगढ़ी और मानसेहरा के शिलालेखों को उदाहरणीकृत किया जाता है। पर इस प्रदेश की भाषा का वास्तविक प्रतिनिधित्व शाहबाजगढ़ी के शिलालेख ही करते है। यतः मानसेहरा पर मध्यपूर्वी समूह का प्रभाव दिखलाई पडता है। इस भाषा को सामान्य प्रवृत्तियाँ निम्नांकित हैं—

१ इस समूह की भाषा में ऋ का परिवर्तन रि, रु, र और आगे का मध्य व्यञ्जन मूर्धन्य में परिवर्तित हो गया है। यथा—

मानसेहरा के शिलालेख मे ऋ का यह परिवर्तन नहीं पाया जाता।

क्रिट < कृत

मिग, म्रुग < मृग

वुध्रेषु, वुद्धेषु < वृद्धेषु

२. शाहबाजगढ़ी मे क्ष के स्थान पर छ और मानसेहरा में ख पाया जाता है। यथा—

मोछ < मोक्ष (शाहबाजगढ़ी)

बुद्र, बुद्र < बुद्ध (मानसेहरा)

३. स्म और स्व संयुक्त व्यञ्जन के स्थान पर स्प तथा स्मिन् के स्थान पर स्पि पाये जाते हैं। यथा—

विनितस्पि < विनीतस्मिन्

स्पमिकेन < स्वामिकेन

४. संयुक्त व्यञ्जनो में सन्निविष्ट 'र' ध्वनि का परिवर्तन कहीं-कहीं होता। यथा—

ध्रम < धर्म

द्रशन < दर्शन

५. संयुक्त व्यञ्जनो में स ध्वनि हो तो उसका समीकरण हो जाता है और आगे के दन्त्य व्यञ्जन का विकल्प से मूर्धन्यरूप प्राप्त होता है। यथा—

ग्रहथ < गृहस्थ

अठ < अष्ट (मानसेहरा)

६. पश्चिमोत्तरी प्राकृत में दन्त्य व्यञ्जनों का मूर्धन्यरूप में अधिक विकास मिलता है। यथा—

अठर < अर्थ

त्रेडस < त्रयोदश (मानसेहरा)

ओषढनि < औषधानि (शाहबाजगढ़ी और मानसेहरा)

डॉ० सुकुमारसेन ने लिखा है कि शाहबाजगढ़ी की भाषा मे मूर्धन्य ध्वनियाँ सम्भवतः वर्त्स्य प्रकार की थीं। इसी कारण दन्त्य और मूर्धन्य मे कोई भेद नहीं मिलता। पश्चिमोत्तरी शिलालेखी प्राकृत मे मूर्धन्य एव दन्त्य दोनो ही प्रकार की ध्वनियो का अस्तित्व वर्तमान है[1]; यथा—स्नेठम् और स्नोतमिति, अठवय और अस्तवय।

७. शब्द में व्यञ्जन के बाद य आने पर उसका समीकरण हो गया है। यथा—

कलण < कल्याण, कटव < कर्तव्य

मानसेहरा में साधरणीकरण नहीं भी पाया जाता है। यथा—

एकतिए < एकत्य (शाहबाजगढ़ी)

एकतिय < एकत्य (मानसेहरा)

---

1. Cerebralisation of dental plosives is more marked here than in the other dialects. Thus S uistritena: o, vistatena 'in extenso' S, athra, G atha—sartha, M Tredsa; G Traidasa 'thirteen' . . . . . , Comparative Grammar of Middle Indo-Aryan—page 8.

८. शब्द में अनुनासिक व्यञ्जन के साथ प्रयुक्त य और ञ का ञ्ञ पाया जाता है। यथा—

अञ्ञ < अन्य (शाहबाजगढ़ी)
अणत्र < अन्यत्र (मानसेहरा)
पुञ्ञ < पुन्यं (शाहबाजगढ़ी)
पुणं < पुण्यम् (मानसेहरा)
ञ्ञानं < ज्ञानम्

९. शब्द के मध्य मे प्रयुक्त ह का भी प्रायः लोप हो जाता है। यथा—
इअ < इह
ब्रमण < ब्राह्मण (शाहबाजगढ़ी)
बमण < ब्राह्मण (मानसेहरा)

१० शाहबाजगढ़ी और मानसेहरा के लेखों में दीर्घ स्वरों का बिल्कुल अभाव है। जहाँ दीर्घ स्वर की आवश्यकता है, वहाँ भी ह्रस्व स्वर से काम चलाया गया है। यथा—

लिखयेशमि < लेखयिष्यामि— ए के स्थान पर इ
ओषुढनि < औषधानि— अ के स्थान पर उ
लिखपितु < लेखितो— ओ के स्थान पर उ

११. ष के स्थान पर श और स तथा स के स्थान पर श और ह पाये जाते हैं यथा—
मनुश < मनुष्य (२ शि० ले०, ४ ला०)
अभिसित < अभिषिक्त (४ शि० ले०, १० ला०)
अनुशशनं < अनुशासन (४ शि० ले०, १० ला०)
हचे < सचेत (६ शि० ले०)

१२. पदरचना की दृष्टि से पश्चिमोत्तरी प्राकृत मे प्रथमा के एकवचन में पुल्लिङ्ग मे ओ तथा क्वचित् ए प्रत्यय पाये जाते हैं। और नपुंसकलिङ्ग के प्रथमा एकवचन का रूप मकारान्त और एकारान्त दोनों ही पाया जाता है। कर्तृवाचक संज्ञा मे रवो रूप मिलता है। हलन्त शब्द प्रायः अजन्त हो जाते हैं, पर कुछ शब्दों में हलन्त रूप विद्यमान रहता है। यथा—

देवनं प्रियो < देवानां प्रियः (शाहबाजगढ़ी, १० शिलालेख)
देवन प्रिये < देवानं प्रियः (मानसेहरा—१० शिलालेख)
यदिशं '''न बुतपुवे सदिशे (४ शि० ले०, ८ ला०)
रज < राजा

रञो < राज्ञः
रजनो < राज्ञानः (१० शि० ले०, २१ ला०)

१३. सप्तमी के एकवचन में प्राय: एकारान्त होता है, पर कहीं-कहीं उसके अन्त में असि भी रहता है। यथा—

महनसि < महानसे (१ शि० ले०, १ ला०)
गणनसि < गणने (३ शि० ले०)

१४. धातुरूपों मे पालि के नियमों के अनुसार स्वर और व्यञ्जनों में परिवर्तन होता है। शाहबाजगढ़ी में आह के स्थान अहुति रूप मिलता है। प्रेरणार्थक क्रिया में अय अथवा पय प्रत्यय लगा दिया जाता है और अय का ए हो गया है। यथा—

लिखपेशमि < लिखापयिष्यामि (१४ शि० ले०)

१५. शाहबाजगढ़ी मे क्त्वा का रूप 'तु' में परिवर्तित पाया जाता है[1]। यथा—

श्रुतु < श्रुत्वा (१३ शि० ले०)

शाहबाजगढ़ी और मानसेहरा के पाठो को देखने से अवगत होता है कि ध्वनि की दृष्टि से दोनों में महत्वपूर्ण अनुरूपता है, पर ओ और ए विभक्ति में समविचार की दृष्टि से शाहबाजगढ़ी के पाठ गिरनार के अधिक निकट है और मानसेहरा के पाठ जौगढ़ के। इसी स्वरूप साम्य के कारण कुछ विद्वान् अशोक के शिलालेखो को भाषा प्रवृत्ति की दृष्टि से दो ही वर्गों में विभक्त करते हैं—एक गिरनार और शाहबाजगढ़ी के शिलालेख और दूसरा वर्ग कालसी, मानसेहरा, धौली, जौगढ़ तथा अन्य सभी स्थानों के गौण शिलालेख। यहाँ ध्यातव्य यह है कि अशोक के शिलालेखो में मगध की प्रधान केन्द्रीय बोली के अतिरिक्त उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी भाषा का स्वरूप भी वर्तमान है, अत उक्त स्वरूप के विश्लेषण के हेतु पूर्वोक्त वर्गीकरण के आधार पर ही प्रवृत्तियों का विश्लेषण करना आवश्यक है। पश्चिमोत्तर को भाषा मे ज्ञ और ण्य के स्थान पर ञ्ञ का प्रयोग होता है, अत: यह पैशाची का पूर्वरूप है।

---

१ विशेष जानकारी के लिए देखें—Comparative grammar of middle Indo-Aryan Page—78.

तथा—

डॉ० मधुकर अनन्त मेहेंडल, कम्परेटिव स्टडी ऑफ अशोकन इन्स्क्रिप्शन्स् पृ०—१-४५।

दक्षिण-पश्चिमी समूह

जूनागढ़ और गिरनार के शिलालेखों की भाषा इस समूह का प्रतिनिधित्व करती है। गिरनार के शिलालेख की भाषा शौरसेनी है। यह मध्यदेश की भाषा से प्रभावित है। इस भाषा की प्रधान प्रवृत्तियाँ निम्न प्रकार हैं:—

१. शब्द में 'व' ध्वनि के पश्चात् प्रयुक्त होनेवाले ऋ स्वर के स्थान पर अ और उ स्वर पाये जाते हैं। यथा—

वुत, वत < वृत्त

मग < मृग

२. सामान्यतः ऋ स्वर के स्थान पर अ स्वर ही पाया जाता है। यथा—

मग < मृग मत < मृत, दढ < दृढ

३. संयुक्त व्यञ्जन की स् ध्वनि का लोप नहीं होता। यथा—

अस्ति < अस्ति, हस्ति < हस्ति

सष्टि < सृष्टि—ऋ स्वर का परिवर्तन अ के रूप मे हुआ है।

४. क्ष् ध्वनि के स्थान पर पश्चिमोत्तरी के समान छ् ध्वनि ही उपलब्ध होती है। यथा—

छुद < क्षुद्र—संयुक्त रेफ का लोप

व्रछा < वृक्ष—ऋ ध्वनि के स्थान पर र् ध्वनि हुई है, यह पश्चिमोत्तरी प्रवृत्ति है।

इत्थी मख < स्त्री अध्यक्ष—यहाँ संयुक्त स् ध्वनि और क्ष् ध्वनि के परिवर्तन में उक्त नियम प्रवृत्त नहीं होता। अतः इसे अपवाद ही मानना चाहिए।

५. संयुक्त 'र' का वैकल्पिक लोप उपलब्ध होता है। यथा—

अतिक्रांत, अतिकांत < अतिक्रान्तम् त्री, तो < त्रि

सर्व, सव < सर्व

६. संयुक्त व्यञ्जनों में व्य के अतिरिक्त अन्यत्र य का समीकरण हो जाता है। यथा—

कलान < कल्याण

अपवाद रूप में—

कतव्य < कर्तव्य मगव्या < मृगव्या

७ संयुक्त व्यञ्जन त्व और त्म का परिवर्तन त्प ध्वनि के रूप में और द्व का व्द के रूप में परिवर्तन पाया जाता है। यथा—

चत्पारो < चत्वारः आत्प < आत्म

दुवादस < द्वादश—यह अपवाद का उदाहरण है

८. श्, ष् और स् इन तीनों ऊष्मों के स्थान पर एक मात्र दन्त्य स् ध्वनि का व्यवहार पाया जाता है। यह शौरसेनी की शुद्धतम प्रवृत्ति है। यथा—

पसति < पश्यति (१ शि० ले०, ५ ला०)

अभिसितेन < अभिषिक्तेन (१ शि० ले०, १ ला०)

सकं < शक्यं (१३ शि० ले०)

९. संयुक्त व्यञ्जनों में त्य के स्थान पर च, त्स के स्थान पर छ, ध के स्थान पर ज, ध्य के स्थान पर झ, त्त के स्थान पर त, भ्र के स्थान पर भ तथा श्च के स्थान पर छ पाये जाते हैं। यथा—

आचायिकं < आत्ययिकं (६ शि० ले०)

चिकीछ < चिकित्सा (२ शि० ले०)

अज < अद्य (४ शि० ले०)

मझम < मध्यम (१४ शि० ले०)

असमातं < असमाप्तं (१४ शि० ले०)

भाता < भ्राता (११ शि० ले०)

पछा < पश्चात् (११ शि० ले०)

१०. साधारणत स्वरपरिवर्तनों मे ह्रस्व स्वर के स्थान पर दीर्घ तथा अनुस्वार अथवा संयुक्त व्यञ्जन के पूर्व दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है। पर कभी-कभी व्यञ्जन द्वित्व नहीं होता और उसके बदले में पहिलेवाला स्वर दीर्घ कर दिया जाता है। यथा—

आनन्तर < अनन्तरं (६ शि० ले०)

चा < च (४ शि० ले०)

एसा < एष: (१३ शि० ले०)

तत्रा < तत्र (१३ शि० ले०)

धाम < धर्मं (५ शि० ले०)

वास < वर्षं (५ शि० ले०)

११. सप्तमी के एकवचन में स्म संयुक्त ध्वनि के स्थान पर म्ह ध्वनि पायी जाती है। यथा—

म्हि < स्मिन्

तम्हि < तस्मिन्

१२ पद रचना मे प्रथमा विभक्ति में अकारान्त एकवचन मे ओ प्रत्यय मिलता है, कहीं-कहीं मागधी का प्रभाव रहने से एकारान्त रूप भी मिलते हैं। यथा—

प्रियो < प्रियः (११ शि०ले०)

अनारंभो < अनालम्भः (११ शि०ले०)

समवायो < समवायः (१२ शि० ले०)

देवानां पिये < देवानां प्रियः (१२ शि०ले०)—मागधी के प्रभाव से एत्व।

१३. हलन्त शब्द अजन्त रूप में उपलब्ध हैं, पर कुछ शब्दों में संस्कृत का शुद्ध रूप सुरक्षित है। यथा—

परिसा < परिषद्—हलन्त द् ध्वनि का लोप

कंम < कर्मन्—हलन्त न् ध्वनि का लोप

राजानो < राजानः – हलन्त न् ध्वनि यहाँ सुरक्षित है

पियदसिनो < प्रियदर्शिनः—,, ,, ,,

१४ द्वितीया विभक्ति एकवचन का रूप प्रायः एकारान्त होता है। यथा—

अथे < अर्थं (६ शि० ले०)

युते < युक्तं (३ शि० ले०)

१५. सप्तमी एकवचन मे अम्हि और ए दोनो विभक्ति चिन्ह मिलते हैं। यथा—

काले < काले

ओरोधनम्हि < अवरोधने (६ शि० ले०)

गभागारम्हि < गर्भागारे (६ शि० ले०)

१६. स्त्रीलिङ्ग रूपो में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में आयो, तृतीया के एकवचन में आय और सप्तमी के एकवचन मे आय प्रत्यय पाये जाते हैं। यथा—

महिडायो < महिलाः—स्त्रियः (६ शि० ले०)

माधूरताय < माधुर्याय—माधुर्येण (१४ शि० ले०)

परिसाय < परिषदि - परिषदा (६ शि० ले०)

१७. √स्था का भारतो ईरानी में स्ता √होता है, यहा इस संयुक्त व्यञ्जन की एक ध्वनि का मूर्धन्य रूप हो गया है। यथा

स्ठिता < स्थिता

तिष्टंतो < तिष्ठत

१८. क्रियापदो मे आत्मनेपद के रूपो में परिवर्तन नहीं हुआ है और अस धातु का अ स्वर विधिलिङ् में स्थिर रह गया है। यथा—

अस < स्यात् (अस्यत)

असु < अस्युः

१९. भू धातु के भवति और होति दोनो ही रूप उपलब्ध हैं।

२०. क्त्वा का रूप त्वा में परिवर्तित पाया जाता है। प्रेरणार्थक क्रिया में अय अथवा पय प्रत्यय जुड़ा हुआ है और अय का ए हो गया है। यथा—

आलोचेत्पा < आलोचयित्वा (१४ शि० ले०)

हापेसति < हापयिष्यति (५ शि० से०)

डॉ० सुकुमार सेन ने[1] कुछ विशेष शब्द भी उदाहृत किये हैं, जिनके परिवर्तन के लिए कोई विशेष नियम या सूत्र प्रस्तुत नहीं किये जा सकते हैं। यथा—

यारिस, यादिस < यादृश्

तारिस, तादिस < तादृश्

महिडा < महिला

मध्य पूर्वी समूह

इस भाषा के स्वरूप को अवगत करने के लिए कालसी शिलालेख, टोपरा—दिल्ली के स्तम्भ लेख, जोगीमारा के गुफालेख को उदाहरण के लिए ग्रहण किया जा सकता है। इसकी प्रमुख प्रवृत्तियाँ निम्न प्रकार हैं—

१ अन्तिम ह्रस्व स्वर के स्थान पर दीर्घ स्वर हो गया है। यथा—

आहा < आह लोकसा < लोकस्य

२. शब्द मे प्रयुक्त संयुक्त र्, स्, ष् ध्वनियों का लोप हो गया है। यथा—

अठ < अष्ट अठ < अर्थ सव < सर्व

३ शब्द मे त्, व् के अनन्तर प्रयुक्त य् ध्वनि का इय् हुआ है, परन्तु उसके पूर्व मे द्, ल् के रहने पर समीकरण हो गया है। यथा—

कटविय < कर्त्तव्य मज्झ < मध्य

उयान < उद्यान कयान < कल्याण

४ त्य के स्थान पर च और स्म, ष्म के स्थान पर फ पाये जाते हैं। यथा—

सच < सत्य, तुफे < तुष्मे

अफाक < अस्माकम्, येतफा < एतस्मात्

५. संयुक्त व्यञ्जन क्ष के स्थान ख पाया जाता है। यथा—

मोख < मोक्ष, खुद < क्षुद

६ मध्यवर्ती क्वा का घोष रूप मे विकास मिलता है। यथा—

अधिगिच्य < अधिकृत्य लोगं < लोकम्

७. प्राच्य समूह की भाषा के समान र् के स्थान पर ल् एवं स् और ष्के प्रयोग पाये जाते हैं।

८. प्रथमा विभक्ति के एकवचन में ए प्रत्यय तथा सप्तमी विभक्ति के एकवचन में स्सि और सि प्रत्यय के प्रयोग पाये जाते हैं।

---

1 Comparative Grammar of middle Indo Aryan Page 10

महानससि < महानसे (का० १ शिला लेख)

६. भू धातु का विकास हु के रूप में पाया जाता है। यथा—

होति < भवति

इस समूह की भाषाओं का रूप अधिक स्थिर है। पूर्वी भाषा अशोक की राजभाषा थी, सम्भवत: इसका रूप मागधी भाषा का ही है। एक प्रकार से इसे

पूर्वी समूह

प्राचीन मागधी का प्रतिनिधि कहा जा सकता है। दिल्ली, इलाहाबाद, कौशाम्बी, सारनाथ, साँची के शिलालेखों में पूर्वी भाषा का रूप सुरक्षित मिलता है। रुम्मिनदेह और नेपाल के नीगलिव स्थानों में मिले दानलेखों की भाषा भी पूर्वी है। इसकी प्रवृत्तियाँ निम्नांकित हैं—

१. ऋ के स्थान पर अ स्वर पाया जाता है। यथा—

मग < मृग

२. पूर्वी प्रवृत्ति के अनुसार र् के स्थान पर ल् ध्वनि का प्रयोग पाया जाता है। यथा—

कालनेम < कारणेन, लाजा < राजा

मजुला < मयूरा:, लजूका < रज्जुका

अभिहाले < अभिहारे, पटिचलिटवे < परिचरितुम्

३. संयुक्त व्यञ्जनों में र् और स्, का परिवर्तन समीकरण में हो जाता है। यथा—

सव्वत्त, सवत < सर्वत्र

अत्थि, अथि < अस्ति

४. संयुक्त व्यञ्जन के अनन्तर प्रयुक्त य् और व् के स्थान पर इय् और उव् पाये जाते हैं। यथा—

दुवादस < द्वादश, कटविय < कर्तव्य

५ संयुक्त व्यञ्जन ल्य के स्थान पर य पाया जाता है। यथा—

कयाने < कल्याणं

६. एवं के स्थान पर हेव का प्रयोग पाया जाता है। यथा—

हेवं आहा < एवमाह

७. दन्त्य त् के स्थान पर कुछ स्थानों में मूर्धन्य 'ट्' और कहीं-कहीं ज्यो का त्यो 'त्' भी पाया जाता है। यथा—

कटेति < कृतमिति, दुपटिवेखे < दुष्प्रत्यवेक्ष्यम्

८, अहं के स्थान पर हकं या अहकं रूप मिलते हैं। यथा—

हुकं < अहं

९ सप्तमी एकवचन में स्मिन् के स्थान पर सि, स्सि पाये जाते हैं तथा प्रथमा विभक्ति के एकवचन में ए प्रत्ययान्त रूप आये हैं। यथा—

पिये < प्रियः, धम्मसि, धम्मस्सि < धर्मस्मिन्

तसि, तस्सि < तस्मिन्

१० कृत् प्रत्ययों के रूपों में त्वा के स्थान पर तु और त्वा दोनो ही उपलब्ध हैं। यथा—

आलभितु < आरभित्वा

११. √दृश् धातु के स्थान पर √देख का प्रयोग पाया जाता है। यथा—

देखति < पश्यति, देखिये < द्रष्टव्यम्

प्राकृत के प्राचीन स्वरूप की जानकारी के लिए अशोक के शिलालेख अत्यन्त उपयोगी हैं। इनका समय ई० पू० २७०—२५० है। विशाल साम्राज्य की फैली हुई सीमाओं पर खुदवाये गये इन शिलालेखो को भारत का प्रथम लिंग्विस्टिक सर्वे कहा जा सकता है। यद्यपि ये शिलालेख एक ही शैली मे लिखे गये हैं, फिर भी उनकी भाषा मे स्थलानुसार भेद है। मूलत. इन शिलालेखों में पैशाची, मागधी और शौरसेनी प्राकृत की प्रवृत्तियाँ पायी जाती हैं। पश्चिमोत्तरी शिलालेख पैशाची का स्वरूप उपस्थित करते हैं, पूर्वी मागधी का और दक्षिण-पश्चिमी शौरसेनी का।

अन्य शिलालेख

शिलालेखी प्राकृत का काल ई० पू० ३००—सन् ४०० ई० अर्थात् सातसौ वर्षों तक का लम्बा समय है। इस लम्बे कालखण्ड में उपलब्ध समस्त शिलालेखो की संख्या लगभग दो हजार है। इनमें कुछ शिलालेख लम्बे और कुछ एक ही पंक्ति के हैं।

अशोक के बाद इस युग के शिलालेखो मे खारवेल का हाथीगुफा शिलालेख, उदयगिरि तथा खण्डगिरि के शिलालेख एवं पश्चिमी भारत के आन्ध्र राजाओं के शिलालेख साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। यतः प्राकृत के विकसित रूप इन शिलालेखो मे पाये जाते हैं। नाटकीय प्राकृतो के रूप भी इनकी भाषा में समाविष्ट है।

इनके अतिरिक्त लंका में भी प्राकृत भाषा मे लिखे गये शिलालेख प्राप्त हुए हैं। कुछ बाद के खरोष्ठी लिपि मे लिखे गये शिलालेख काँगड़ा, मथुरा आदि स्थानों से भी मिले हैं। शिलालेखो के अतिरिक्त सिक्को पर भी प्राकृत के लेख उपलब्ध हैं। ई० पू० तीसरी शती का धर्मपाल का एक सिक्का सागर जिले से प्राप्त हुआ है, जिसमें ब्राह्मी लिपि में—'धम्मपालस < धर्मपालस्य लिखा है। एक दूसरा

महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक सिक्का खरोष्ठी लिपि में दिमिलियस (ई० पू० दूसरी शती) का है, जिसमें :—'महरजस अपरजितस दिये' लिखा है। इन सिक्को पर कोई लम्बे-चौड़े प्राकृत के लेख नहीं हैं, पर जो दो-एक वाक्य हैं, उनसे उस समय की प्राकृत पदरचना की स्थिति का ज्ञान हो जाता है। 'धमपालस' इस बात का संकेत करता है कि संस्कृत-रेफ का लोप हो गया था, पर ष्य का विकास स्स मे नहीं हुआ था और इसके स्थान पर केवल 'स' ही अवशिष्ट था। परवर्ती संयुक्त व्यंजन के लोप हो जाने पर अवशिष्ट व्यञ्जन को द्वित्व करने की पद्धति अभी विकसित नहीं हुई थी। मध्यवर्ती क्, ग्, च्, ज्, त् द्, प्, य् और व् का लोप भी प्रारम्भ नहीं हुआ था। यही कारण है कि 'महाराजस्य' के स्थान पर 'महाराअस्स' या 'महारायस्स' पद न होकर 'महरजस' तथा 'अपरजितस्य' के स्थान पर 'अवराइस्स' पद न होकर 'अपरजितस' पदो के प्रयोग पाये जाते हैं। प्राकृत भाषा के विकासक्रम को अवगत करने के लिए शिलालेखो के समान ही सिक्कों का भी महत्त्व है। प्राचीन भारतीय आर्यभाषा की विकसित परम्परा मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा के रूप में किस प्रकार आ रही थी, इसकी जानकारी के लिए शिलालेखो का अध्ययन आवश्यक है। वास्तव मे प्राकृतो के मूल-रूप शिलालेखो में ही विद्यमान हैं।

खारवेल के शिलालेख की प्राकृत

खारवेल के शिलालेख की भाषा प्राचीन शौरसेनी या जैनशौरसेनी है। यद्यपि इस शिलालेख मे प्राचीन शौरसेनी की समस्त प्रवृत्तियाँ परिलक्षित नही होती, तो भी इसे उसका आदिम रूप मानने मे किसी भी प्रकार की विप्रतिपत्ति नही है। खारवेल का यह शिलालेख भारतीय इतिहास की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। इससे ज्ञात होता है कि नन्द के समय मे उत्कल या कलिंग देश मे जैनधर्म का प्रचार था और आदि जिन की मूर्त्ति पूजी जाती थी। कलिंग—जिन नामक मूर्त्ति को नन्द उड़ीसा से पटना उठा लाये थे और सम्राट् खारवेल ने मगध पर चढ़ाई कर शताब्दियो के बाद बदला चुकाया और अपने पूर्वजो की मूर्त्ति को वापस ले गया। खारवेल ने अपने प्रबल पराक्रम द्वारा उत्तरापथ से पाण्ड्य देश तक अपनी विजय-वैजयन्ती फहराई थी। वह एक वर्ष विजय के लिए निकलता था और दूसरे वर्ष महल बनवाता, दान देता तथा प्रजा के हितार्थ अनेक महत्त्वपूर्ण कार्य करता था। इस शिलालेख का समय ई० पू० १०० है। इसमें प्राकृत—शौरसेनी प्राकृत की एक निश्चित परम्परा दृष्टिगोचर होती है।

इस शिलालेख की भाषा मे कई मौलिक तथ्य उपलब्ध है। पञ्चनमस्कार मन्त्र के प्रथमपद का रूप 'नमो अरहंतानं' (पंक्ति १), अरहत (पंक्ति १५) में प्रयुक्त अरहन्त शब्द अहिंसा संस्कृति का पूर्णतया प्रतिनिधित्व करता है। स्वर-

भक्ति के सिद्धान्तानुसार र् और ह् ध्वनियों का पृथक्करण हो गया है और अ स्वर का आगम हो जाने से अरहन्त पद बन गया है। वर्तमान में 'अरिहंत' पद प्रचलित है, जो अहिंसासंस्कृति के अनुकूल नहीं है। इस पद का शाब्दिक अर्थ है—अरि-शत्रुओं-कर्मशत्रुओं के हंत-हनन करनेवाले, पर इस कोटि के मंगल मन्त्र में हन् धातु का प्रयोग अहिंसा संस्कृति के अनुकूल किस प्रकार माना जायगा? व्यवहार में देखा जाता है कि भोजन के समय मारना, काटना जैसे हिंसावाची क्रियापद अन्तराय का कारण माने जाते हैं, अतः कोई भी अहिंसक व्यक्ति इन शब्दों का प्रयोग मंगलकार्य में किस प्रकार कर सकेगा? शिलालेख में प्रयुक्त अरहंत पद का अर्थ सातिशय पूजा के योग्य है। क्योंकि गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और निर्वाण इन पाँचों कल्याणकों में देवों द्वारा की गयी पूजाएँ देव, असुर और मनुष्यों की प्राप्त पूजा से अधिक हैं। अतएव अतिशयों के योग्य होने से ही तीर्थंकरों को अरहन्त अथवा ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय और अन्तराय इन चार कर्मों के नाश होने से अनन्तचतुष्टय विभूति की प्राप्ति के कारण अरहन्त कहा जाता है। षट्खण्डागम टीका में वीरसेनाचार्य ने उपरि—अंकित अर्थ की पुष्टि करते हुए कहा है—

अतिशयपूजार्हत्वाद्वार्हन्त.। स्वर्गावतरणजन्माभिषेकपरिनिष्क्रमण-केवलज्ञानोत्पत्तिपरिनिर्वाणेषु देवकृतानां पूजानां देवासुरमानवप्राप्तपूजा-भ्योऽधिकत्वादतिशयनामर्हत्वाद्योग्यत्वादर्हन्त।—धवला टीका प्रथम जिल्द, पृ० ४४।

आचार्य वीरसेन द्वारा उद्धृत प्राचीन गाथाओं में भी 'अरहंत' पद आया है। "सिद्ध-सयलट्पख्वा अरहंता दुण्णय-कयंता"[1]—समस्त आत्मस्वरूप को प्राप्त करनेवाले एवं दुर्नय का अन्त करनेवाले पूजायोग्य अरहन्त परमेष्ठी हैं। अतएव खारवेल का यह शिलालेख पञ्चपरमेष्ठी वाचक नमस्कार मन्त्र के प्रथम पद का पाठ निश्चित करने में भी सहायक है। ई० पू० १०० तक 'अरहन्त' पद का ही व्यवहार किया जाता था, पता नहीं किस प्रकार 'अरिहंत' पद पीछे प्रविष्ट हो गया। व्याकरण सम्बन्धी विश्लेषण निम्न प्रकार है।

१ समस्यन्त पदों एवं क्रियापदों में दीर्घस्वर के स्थान पर ह्रस्व स्वर पाये जाते हैं। यथा—

राजसुयं < राजसूयं (पं० ६)
मुतमणि < मुक्तामणिः (पं० १३)
अहरापयति < आहारयति (पं० १३)

---

१. ष० खं० ध० टीका १ जिल्द, गा० २५

परिखिता < परीक्षिता (पं० १४)
पभारे < प्राग्भारे (पं० १४)
पुसिकनगरं < पूषिकनगरं (पं० ४)

२. इस शिलालेख में ऋ के स्थान पर अ, इ, ई और उ का परिवर्तन उपलब्ध होता है। यथा—

बहस्पति < बृहस्पति: (पं० १२) शौरसेनी प्रवृत्ति है।
विसजति < विसृजति (पं० ७)— ,,
कतं < कृतं (पं० ११)— त के स्थान पर द वाली प्रवृत्ति का विकास उत्तर-
नत < नृत्य (पं० ५) काल मे द्राविड भाषाओ के संयोग से हुआ है।
सुकति < सुकृति (पं० १५)
हित < हृत (पं० ६)
पीथुड < पृथुल (पं० ११)
मतुकं < मातृकं (पं० ७)

३. ऐ और औ के स्थान पर ए और ओ का परिवर्तन वर्तमान है। यथा—
सेसय < शैशव (पंक्ति २) यह प्रवृत्ति शौरसेनी की है।
वेसिकनं < वैशिकानां (पं० १३)
योवरजं < यौवराज्यं (पं० २)
पोरं < पौर – पौराय (पं० ७)

४ व्यञ्जन परिवर्तनो मे जैन शौरसेनी या प्राचीन शौरसेनी की प्रवृत्तियाँ पूर्णरूप से समाविष्ट हैं। इस शिलालेख मे थ् के स्थान पर ध् ध्वनि का परिवर्तन पाया जाता है। यथा —

उतरापध < उत्तरापथ (पं० ११)
रधगिरि < रथगिरि (पं० ७)
रध < रथ (पं० ४)
पधमे < प्रथमे (पं० ३)
वितध < वितथ (पं० ५)
मधुरं < मथुराम् (पं० ८)

५ महाप्राण वर्णों के स्थान पर अल्पप्राण वर्णों का परिवर्तन पाया जाता है। यथा—

चेति < चेदि

६. दन्त्य वर्ण 'द्' के स्थान पर मूर्धन्य ड् तथा त् के स्थान पर भी ड् और ट् व्यञ्जन पाये जाते हैं। यह प्रवृत्ति द्राविड भाषाओं के सम्पर्क से आयी है। यथा—

पटिहार < प्रतिहार (पं० १२)
वेडुरिय < वैडूर्य (पं० १६)
वढराजा < वर्द्धराज: (पं० १६)
पटि < प्रति (पं० १)
पटिसंठपनं < प्रतिसंस्थापनम् (पं० ३)

७. श् और ष ऊष्म ध्वनि के स्थान पर स् ध्वनि पायी जाती है। यथा—
वस < वंश (पं० १)
विसारदेन < विशारदेन (पं० २)
नववसानि < नववर्षाणि (पं० २)
मुसिकनगरं < मूषिकनगर (पं० ४)
पवेसयति < प्रवेशयति (पं० ६)
प्रसासतो < प्रशासतो (पं० ७)
सत < शत (पं० १३)

८. उत्तरकालीन प्राकृत में ल् के स्थान पर ड् होने की प्रवृत्ति पायी जाती है। यह विशेषता इस शिलालेख मे भी वर्तमान है। जब किसी शब्द के अन्त मे दीर्घस्वर के अनन्तर ल आता है, तो उसके स्थान पर ड हो जाता है। यथा—
पनाडि < प्रणाली (पं० ६)
पीथुड < पृथुल (पं० ११)
पाडि < पाली (प० ३)

९. संयुक्त रेफ का लोप हो जाता है और व्यञ्जनमात्र शेष रह जाता है। यथा—
सव < सर्व (पं० २)
वस < वर्ष (पं० २)
वंधनेन < वर्धनेन (पं० १)
संपुण < सम्पूर्ण (पं० २)
गन्धव < गन्धर्व (पं० ५)
संदसन < सन्दर्शन (पं० ५)
वसे < वर्षे (पं० ७)
कासयति < कर्षयति (पं० ११) ककारोत्तर अकार को दीर्घ हुआ है।
पवते < पर्वते (प० १४)

१०. स्थ, ष्ठ, ध्य, स्क और श्च के स्थान पर क्रमशः थ, ठ, ज, ख और छ व्यञ्जन मिलते हैं। यथा—

पसथ < प्रशस्त (पं० १)
थंभे < स्तम्भान् (पं० १६)
अठ < अष्ट (पं० १०)
चोयठि < चतुषष्टि: (पं० १६)
विजाधदातेन < विद्यावदातेन (पं० २)
विजाधर < विद्याधर (पं० ५)
संखारयति < संस्कारयति (पं० ३)
संकारकारको < संस्कारकारक: (पं० १७)
अछरिय < आश्चरियं (पं० १३)
पछिमदिसं < पश्चिमदेशं (पं० ४)

उयातानं < उद्यातानां (पं० १४) यहाँ अपवादरूप मे द्य के स्थान पर य हुआ मिलता है।

११. प्राय संयुक्ताक्षरों में पूर्ववर्ती व्यञ्जन शेष रहता है और उत्तरवर्ती का लोप हो जाता है। यथा --

बहसति < बृहस्पति (पं० १२)
पंड < पाण्ड्य (पं० १३)
ववहार < व्यवहार (पं० २)
योवरजं < यौवराज्यं (पं० २)
संपुण < सम्पूर्ण (पं० २)
उसव < उत्सव (पं० ५)
कोडा < क्रीडा (पं० ५)

१२ ज्ञ के स्थान पर ञ और ल के स्थान पर न भी पाया जाता है। यथा--
ञावकेहि < ज्ञापकेभ्य (पं० १४)
नंगलेन < लांगलेन (पं० ११)

१३ गृह शब्द के स्थान पर घर और त्रय के स्थान पर ते तथा त्रयोदश शब्द में रहनेवाले द के स्थान पर र पाया जाता है। कुछ शब्दों मे गृह के स्थान पर गह भी उपलब्ध है। यथा --

घरवति < गृहपती (पं० ७)
घरनी < गृहिणी (पं० ७)
राजगह < राजगृह (पं० ८)
तेरस < त्रयोदश (पं० ११)
तेरसमे < त्रयोदशे (पं० १४)

१४. भारतवर्ष के स्थान पर 'भरधवस' का व्यवहार हुआ है। इस शब्द में त ध्वनि ध ध्वनि के रूप मे परिवर्तित है। उत्तरकाल मे भरध से ही भरह शब्द का परिवर्तन हुआ है।

भरधवस < भारतवर्ष (पं० १०)

१५. द्वा के स्थान पर वा और चतुर्थ शब्द में रहनेवाले तु के स्थान पर वु व्यञ्जन पाये जाते हैं। यथा—

वारसमे < द्वादशो (पं० ११)

चवुथे < चतुर्थे (पं० ५)

१६ वृक्ष शब्द के स्थान पर रुख का प्रयोग हुआ है। यथा—

रुख < वृक्ष (पं० ६)

१७. स्वर भक्ति के कारण कुछ शब्दो के मध्य मे स्वरागम भी पाये जाते हैं। यथा—

सिरि < श्री (पं० १)

रतनानि < रत्नानि (पं० १०)

मुरिय < मौर्य (पं० १६)

१८ कारकरचना की दृष्टि से इस शिलालेख मे प्रथमा एकवचन मे ओकार, द्वितोया बहुवचन मे ए, तृतीया बहुवचन मे हि, चतुर्थी के बहुवचन मे भी हि और षष्ठी के एकवचन मे स विभक्ति पायी जाती है। यथा—

पूजको < पूजक. (प० १७)

अभिसितमितो < अभिषिक्तमात्रः (प० ३)

भोजके < भोजकान् (पं० ६)

वेडूरियगभे < वैडूर्यगर्भान् (पं० १६)

भिंगारे < भृङ्गारान (प० ६)

पडिहारेहि < प्रतिहारै (पं० १२)

ससितेहि < सस्रुतिभ्य (प० १४)

जिनस < जिनस्य (पं० ११)

१९ धातुरूपो मे शतृ प्रत्यय के स्थान पर अंतो, क्त्वा के स्थान पर ता और प्रेरणार्थक रूपो मे पय लगा दिया गया है। यथा—

पसतो < पश्यन् (प० १६)

अनुभवंतो < अनुभवन् (प० १६)

घातापयिता < घातयित्वा (प० ८) - प्रेरणार्थक रूप बनाने के लिए गिरनार शिलालेख के समान धातु में पय प्रत्यय जोड़ा गया है।

कोडापयति < क्रोडयति (पं० ५)
बंधापयति < बन्धयति (प० ३)
पीडापयति < पीडयति (पं० ८)

सर ऑरेल स्टेन (Sir Aurel stein) ने चीनी तुर्किस्तान में कई खरोष्ठी लेखों का अनुसन्धान किया है। उन्होंने यह खोज वि० सं० १९५८ से वि० सं० १९७१ तक तीन बार की थी। ये लेख निया प्रदेश से प्राप्त हुए हैं, अत इनकी भाषा का नाम निया प्राकृत है। योरोपीय विद्वान् बोयर, रेप्सन तथा सेनर ने इन लेखों का सपादन सन् १९२९ ई० मे किया था। सन् १९३७ ई० मे टी० बरो ने इस भाषा पर एक गवेषणात्मक निबन्ध प्रकाशित किया। यह भाषा पश्चिमोत्तर प्रदेश (पेशावर के आस-पास) की मानी गयी है। क्योंकि इस भाषा का सम्बन्ध खरोष्ठी धम्मपद और अशोक के पश्चिमोत्तर प्रदेश के खरोष्ठी शिलालेखो की भाषा से है। बरो ने इन लेखो की भाषा को भारतीय प्राकृत भाषा कहा है, जो कि वि० तीसरी शती मे क्राइना या शनशन की राजकीय भाषा थी। भाषाविज्ञान की दृष्टि से इसका दरदी भाषाओं से विशेष सम्बन्ध दिखायी पडता है। दरदी वर्ग की तोखारी के साथ इसका निकट का सम्बन्ध है। इन लेखो मे अधिकतर लेख राजकीय विषयो से सम्बद्ध हैं, उदाहरण के लिए राजाज्ञाएँ, प्रान्ताधीशो या न्यायाधीशो के प्रसारित राजकीय आदेश, क्रय-विक्रयपत्र, निजीपत्र तथा नाना प्रकार की सूचियाँ ली जा सकती हैं। इस निया प्राकृत मे दीर्घस्वर, ऋ ध्वनि और सघोष उष्म ध्वनियो का अस्तित्व वर्तमान है, जबकि भारतीय प्राकृत मे ये ध्वनियो नहीं है। डॉ सुकुमार सेन ने — 'A comparative Grammar of middle Indo-Aryan" नामक पुस्तक मे इस भाषा की विशेषताएँ बतलाते हुए कहा है[1], कि तत्सम और अर्धतत्सम शब्दो मे अय, अव प्रायः ज्यो के त्यो रह जाते हैं। इस प्राकृत मे य, या, ये के स्थान पर इ ध्वनि पायी जाती है। यथा —

समदि < समादाय, भवइ < भावये, मूलि < मूल्य, एश्वरि < ऐश्वर्य
भमणइ < भावनायाम्

२ मध्य ए स्वर के स्थान पर इ का प्रयोग हुआ है। यथा—
इमि < इमे, उवितो < उपेत', छित्र < क्षेत्र

---

1 The documents are mostly administrative reports from or letters of instruction issued to the district officers and other officials In tatsama and semi tatsama words aya and-ava are generally not contracted to eando respectively A comparative Grammar of middle Indo Aryan Page 13-15

अन्त मे ग्रानेवाले विसर्ग युक्त अ का वैकल्पिक उ मिलता है। यथा—

प्रातु < प्रात ।

३. स्वरमध्यवर्ती स्पर्श उष्म और स्पर्श-संघर्षी अघोष व्यंजन सघोष मे परिवर्तित हैं। उष्म के अतिरिक्त अन्य व्यञ्जन का लोप हो गया है और उसके स्थान पर इ अथवा य के प्रयोग वर्तमान हैं। यथा—

यथा < यथा, सदिइ < सन्तिके, त्वया < त्वचा

पढम < प्रथम, कोडि < कोटि, गोयरि < गोचरे, भोयन < भोजन

४ यदि संयुक्त व्यञ्जन मे अनुनासिक अथवा कोई उष्म ध्वनि सन्निविष्ट हो तो अघोष व्यञ्जन सघोष का रूप ग्रहण कर लेता है। यथा—

पज < पञ्च, सिज < सिञ्च, सबन्नो < सम्पन्न

दुबकति < दुष्प्रकृति, सघर < संस्कार

अदर < अन्तर, हदि < हन्ति

५ सघोष वर्णों के स्थान पर अघोष वर्ण होने के भी कुछ उदाहरण उपलब्ध हैं। यथा—

विरकु < विराग, समकत < समागता, विकय < विगाह्य

योक < योग, किलने < ग्लान', तण्ट < दण्ड, योग < भोग

६. महाप्राण व्यञ्जनो के स्थान पर अल्पप्राण व्यंजन भी विद्यमान हैं। यथा—

बूम < भूमि, तनना < धनानाम्

७ विसर्ग के अनन्तर ख और स्वतन्त्र रूप से क्ष का परिवर्तन ह के रूप में उपलब्ध है। यथा—

दुह < दुःख, अनवेहिनो < अनपेक्षिणः, अवेह < अपेक्ष

८ सघोष व्यञ्जन उष्म ध्वनि रूप मे उच्चरित होने के कारण घ के स्थान पर उष्म व्यञ्जन का प्रयोग मिलता है। यथा—

मसुरु < मधुर, मसु < मधु,

गशान < गाथानाम्, असिमत्र < अधिमात्रा

९ ऋ के स्थान पर अ, इ, उ, स, रि का विकास वर्तमान है। यथा—

मुतु < मृत , सव्वतो < संवृत

स्वति < स्मृति, व्रिढ < वृद्ध

किड < कृत, प्रछिदवो < पृच्छितव्य

१०. सयुक्त व्यञ्जनो मे यदि र्, ल् सन्निविष्ट हो तो उनमे परिवर्तन नहीं होता है। यथा—

कीत्ति < कीर्त्ति, धमं < धर्म

मर्ग < मार्ग, परिव्रयति < परिव्रजति, द्रिघम् < दीर्घम्

११. संयुक्त व्यञ्जन को एक अनुनासिक ध्वनि में दूसरी निरनुनासिक ध्वनि का समीकरण हो जाता है। यथा--

पणिदो < पण्डित, दण < दण्ड

गभिर < गम्भीर, पञ < प्रज्ञा

१२ संयुक्त व्यञ्जन ष्ट् और ष्ठ् का समीकृत रूप पाया जाता है। यथा—

दिठि < दृष्टि, जेठ < ज्येष्ठ, शेठ < श्रेष्ठ

१३ संयुक्त व्यञ्जन श्र का प्रयोग ष के रूप मे और क्र, ग्र, श्र, द्र, प्र, ब्र, भ्र और स्त अपरिवर्तित रूप में उपलब्ध हैं। यथा—

षगक < श्रवक, मषु < श्मश्रू

त्रिहि < त्रिभि:, सभ्रमु < सभ्रम

१४. संयुक्त व्यञ्जनो मे ऊष्म ध्वनि निहित रहने पर भी परिवर्तन नहीं होता।। 'स्थ' के स्थान पर ठ का प्रयोग उपलब्ध है। यथा –

उठन < उत्थान, कठ < काष्ठ, स्थान < ठाण

१५. पदरचना मे प्रथमा विभक्ति और द्वितीया विभक्ति के एकवचन प्रत्यय का लोप पाया जाता है। द्विवचन का प्रयोग एक दो स्थानो पर ही मिलते हैं।

१६. क्रियाओ की कालरचना मे वर्तमान, निश्चयार्थ, आज्ञा, विधि एवं भविष्य निश्चयार्थ के रूप मे मिलते है। वर्तमान और विधिलिङ् के रूप अशोकी प्राकृत के समान है। भूतकाल का विकास कर्मवाच्य कृदन्त मे प्रथम पुरुष बहु-वचन मे न्ति तथा उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष मे वर्तमान निश्चयार्थ कर्तृवाच्य √अस् के सदृश प्रत्ययो को जोडकर बनाया गया है—

श्रुतेमि < श्रुतोस्मि, श्रुतम < श्रुत स्म., दिनेसि < दत्तोसि

१७ पूर्वकालिक कृदन्त का विकास क्रियार्थक सज्ञा अत् के चतुर्थी एकवचन से होता है[1] यथा—

गच्छनए < गच्छनाय, देयनए < दात्रे

करनए < कर्त्तुम्, विसजिदुं < विसर्जितुम्

---

१ विशेष जानकारी के लिए देखिये—

Comparative Grammar of middle Indo-Aryan Pages—16--17.

कलकत्ता से बी० एम० बरुआ और एस० मित्रा ने सन् १९२१ में 'प्राकृत धम्मपद' के नाम से एक ग्रन्थ प्रकाशित किया था। कहा जाता है कि खोतान में खरोष्ठी लिपि मे सन् १८९२ ई० मे फ्रांसीसी यात्री एम० दुत्रुइल द रॉं (M. Dutrieul de Rhine) ने कुछ महत्त्वपूर्ण लेख प्राप्त किये हैं। रूसी विद्वान डी० ओल्डेनबर्ग (D oldenburg) ने उन लेखो का स्पष्टीकरण किया और फ्रांसीसी विद्वान् ई० सेनार्ट (E. Senart) ने १८९७ ई० मे उन्हे सम्पादित रूप प्रदान किया। इस धम्मपद की भाषा पश्चिमोत्तर प्रदेश की बोलियो से मिलती है। ज्यूल्स ब्लाक (Jules block) ने खरोष्ठी धम्मपद की ध्वनि सम्बन्धी तथा अन्य विशेषताओ के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि इसका मूल भारतवर्ष मे ही लिखा गया होगा। खरोष्ठी लिपि मे रहने के कारण इसका नाम खरोष्ठी धम्मपद पड गया है। यद्यपि इसकी भाषा प्राकृत है और इसकी समता अशोक के उत्तर पश्चिम के शिलालेखो की भाषा से की जा सकती है। यह ग्रन्थ बारह सर्गों मे विभक्त है और इसमे कुल ३३२ पद्य है। इसका रचनाकाल २०० ई० के लगभग माना जाता है। प्राकृत धम्मपद की भाषा का संकेत निम्न गाथा से मिल सकता है—

प्राकृत धम्मपद की प्राकृत भाषा

यस एतदिश यन गेहि परवइतस व।
स वि एनिन यनेन निवनसेव सत्तिए॥

जिस किसी गृहस्थ या साधु के पास यह यान है, वह व्यक्ति वस्तुतः निर्वाण के पास ही है। इस गाथा मे भाषा सम्बन्धी निम्न सूचनाएँ उपलब्ध होती हैं—

यस < यस्य—संयुक्त यकार का लोप हुआ है, किन्तु अवशिष्ट ऊष्म को द्वित्व नहीं किया गया है।

एतिदिश < एतादृशम्—यहाँ तकारोत्तर आकार के स्थान पर ईकारादेश, दकारोत्तर = ईकार को भी ईत्व कर दिया गया है।

यन < यानं यहा यकार को ह्रस्व कर दिया गया है।

गेहि < गृहिण — पञ्चमी और षष्ठी के एकवचन मे इ प्रत्यय किया है।

पवइतस < प्रव्रजितस्य —प्र और व्र की संयुक्त रेफ ध्वनियो का लोप किया गया है। ऊष्म और अन्तस्थ के संयोग में अन्तिम अन्तस्थ का लोप हो गया है और ऊष्म ध्वनि शेष है।

व < वा—दीर्घ को ह्रस्व किया गया है।

वि < वै—दीर्घ उच्चरित ध्वनि ह्रस्व इ मे परिवर्तित है।

निवनसेव < निर्वाणस्यैव—रेफ का लोप होने से ह्रस्व हुआ है तथा शेष कार्य पूर्ववत् ही हैं।

अश्वघोष के नाटकों की भाषा

प्रथम युग की प्राकृत सामग्री मे अश्वघोष के नाटको का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है। प्रतः प्राकृत भाषा के विकास की परम्परा इन नाटको की भाषा मे सुरक्षित है। मागधी, शौरसेनी और अर्धमागधी इन तीनों प्राकृतो की त्रिवेणी यहाँ अपना सगम स्थल बनाये हुए है। इस सामग्री का काल ई० सन् १०० के लगभग है। यहाँ पर तीन पात्रो की विभाषाएँ भिन्न-भिन्न प्रकार की मिलती हैं। खलपात्र की भाषा मागधी, गणिका और विदूषक की प्राचीन शौरसेनी एव गोभम की मध्यपूर्ववर्ती—अर्धमागधी भाषा है। अशोक के कालसी, जौगढ़ और धौली नामक स्थानो की प्रज्ञापनाओं मे जिस अर्धमागधी का दर्शन होता है; यहाँ वही अर्धमागधी अपने विकसित रूप में मिलती है। इसी प्रकार गिरनार की प्रशस्तियो में अंकित शौरसेनी का रूप भी यहाँ बहुत स्पष्ट रूप मे मिलता है। इसमे प्रयुक्त विभाषाओ की प्रवृत्तियाँ निम्न प्रकार है —

१ मागधी की प्रवृत्ति के अनुसार 'खलपात्र' की भाषा मे 'र्' के स्थान पर 'ल्' ध्वनि पायी जाती है। यथा—

कालणा < कारणात्, कलेमि < करेमि

२. ष् और स् ध्वनि के स्थान पर 'श्' ध्वनि पायी जाती है। यथा—

किश्श < किष्य

३. पदरचना मे अकारान्त पुँल्लिङ्ग और नपुसक लिंग शब्दो की प्रथमा विभक्ति के एकवचन मे एकार और षष्ठी विभक्ति के एकवचन मे 'हो' विभक्ति का प्रयोग मिलता है। यथा —

वुत्ते < वृत्त', मक्कडहो < मर्कटस्य

अहकं (अ हकं) < अहम् (अहं के स्थान पर इस भाषा को प्रवृत्ति के अनुसार अ हकं पाया जाता है)

४ गणिका और विदूषक जिस भाषा का प्रयोग करते हैं, उसमे प्रथमा विभक्ति के एकवचन मे ओ विभक्ति पायी जाती है। यथा—

दुक्करो < दुष्करः (ष् ध्वनि का समीकरण हो गया है)

५. न्य और ज्ञ संयुक्त व्यञ्जनो के स्थान पर ञ्ञ की प्रवृत्ति पायी जाती है। यथा—

हञ्ञन्तु < हन्यतु, अकितञ्ञ < अकृतज्ञ

६. व्य सयुक्त व्यञ्जन स्थान पर व्व पाया जाता है। यथा—

धार्यितव्वो < धारयितव्य

७. संयुक्त व्यञ्जन के स्थान पर क्ख पाया जाता है। यथा —

सक्खी < साक्ष्यी पेक्खामि < प्रेक्ष्यामि

८ वर्तमानकालिक कृत् प्रत्ययों मे मान प्रत्यय का प्रयोग स्थिर रूप मे पाया जाता है। यथा —

भुंजमानो < भुञ्जमान:

पाटयमानो < पाट्यमान — ट् और य् ध्वनियो का पृथक्करण तथा अ स्वर का आगम।

९. इस तथाकथित शौरसेनी में कुछ अनियमित विशेष परिवर्तन भी पाये जाते हैं। खलु के स्थान पर खु एवं भवान् के स्थान पर भवं का प्रयोग वर्तमान है। विशेष परिवर्तन निम्नाङ्कित श्रेणी के हैं—

तुवब < त्वम् (मेरा अनुमान है कि यह विदेशी भाषा का रूप है।)

करिय < कृत्वा करोथ < कुरुथ

१०. गोभय की विभाषा को ल्यूडर्स ने प्राचीन अर्धमागधी कहा है। यो इसकी प्रवृत्तियाँ मध्यपूर्वी विभाषा से मिलती-जुलती हैं। इसमें रेफ के स्थान पर ल् और प्रथमा एकवचन में ओ विभक्ति-प्रत्यय मिलता है। आक और इक प्रत्ययो का प्रयोग बहुलता से मिलता है। यथा—

पाण्डर > पाण्डलार्क — रेफ के स्थान पर ल् ध्वनि और अक प्रत्यय।

करमोद > कलमोदनार्क — ,, ,, ,,

महाकवि भास के नाटकों की भाषा प्राय शौरसेनी है। मागधी का प्रयोग प्रतिज्ञा, चारुदत्त तथा बालचरित मे एव अर्धमागधी का प्रयोग कर्णभार मे मिलता है। भास की प्राकृत पर्याप्त प्राचीन है, पर अश्वघोष के बाद ही इस प्राकृत को स्थान प्राप्त है।

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि ई० पू० ६०० से ई० २०० तक प्रथम युगीन प्राकृतें व्यवहृत होती आयीं। आरम्भ मे प्राकृत सामान्य नाम था, पर वैभाषिक प्रवृत्तियो का प्राकृत मे विकास हुआ और देशभेद और कालभेदके कारण उन सबका समूह प्राकृत के नाम से ही अभिहित किया जाने लगा। लगभग आठ सौ वर्षों तक मागधी, शौरसेनी, और पैशाची इन तीन प्रमुख वैभाषिक प्रवृत्तियो एवं इनके मिश्रण से निष्पन्न अर्धमागधी प्रवृत्ति से प्राकृत भाषा के रूप को सजाया और सँभाला। मध्यभारतीय आर्यभाषा की यह प्रवृत्ति वैदिक सस्कृत के साथ भी अपना यत्किञ्चित् सम्बन्ध बनाये चली जा रही थी। परन्तु प्राचीन जो प्रस्तर लेख गुफाओ, स्तूपो, स्तम्भो आदि मे मिलते हैं उनसे सिद्ध है कि उस समय जनता की एक ऐसी भाषा थी, जो भारत के सुदूर प्रान्तो मे भी समानरूप से समझी जाती थी।

तृतीयोऽध्याय

द्वितीय स्तरीय मध्ययुगीन या द्वितीय युगीन प्राकृत

मध्ययुगीन प्राकृतों में अलंकार शास्त्रियो और वैयाकरणो द्वारा उल्लिखित एवं काव्य और नाटको मे प्रयुक्त प्राकृत भाषा की गणना की जाती है। हम पहले ही यह लिख चुके हैं कि प्राकृत भाषा के भेद-प्रभेदो का वर्णन भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में उपलब्ध होता है। इन्होंने वाणी का पाठ दो प्रकार का माना है[1] संस्कृत और प्राकृत। नाटक में भाषा प्रयोग का निरूपण करते हुए बताया है कि उत्तम पात्र संस्कृत का व्यवहार करें और यदि वे ऐश्वर्य से प्रमत्त और दरिद्र हो जायँ तो प्राकृत बोलें[2]। श्रमण, तपस्वी, भिक्षु, स्त्री, बालक और मत्त आदि सभी को प्राकृत भाषा के प्रयोग करने का निर्देश किया है[3]। भरत ने प्राकृत ध्वनियो एव उनके परिवर्तनो को लगभग बीस पद्यो मे बतलाया है[4]। उनके इस विवेचन से स्पष्ट है कि मध्यवर्ती क्, ग्, त्, द्, य् और व् के लोप का विधान प्राकृत मे प्रविष्ट हो चुका था। प् का परिवर्तन व् रूप मे, ख्, घ् आदि महाप्राण वर्णों के स्थान पर ह् का आदेश, ट् के स्थान पर ड् का आदेश, अनादि त् का अस्पष्ट दकार उच्चारण एवं ष्ट् और ष्ण ध्वनि का ख रूप मे परिवर्तन होता है। भरत मुनि के उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि उनको उक्त प्रवृत्तिया मध्ययुगीन प्राकृत भाषा की है। नाट्यशास्त्र के ३२ वें अध्याय मे ध्रुवा नामक गीतिकाव्य का विस्तारपूर्वक सोदाहरण प्रतिपादन किया गया है। बताया गया है कि ध्रुवा मे शौरसेनी का ही प्रयोग किया जाना

मध्ययुगीन प्राकृत

---

1. एवं तु संस्कृत पाठ्यं मया प्रोक्तं द्विजोत्तमाः।
   प्राकृतस्यापि पाठ्यस्य संप्रवक्ष्यामि लक्षणम्॥
   विज्ञेयं प्राकृतं पाठ्यं नानावस्थान्तरात्मकम्।
   —भरत नाट्य० १८।१-२चौख० वाराणसी।

2. ऐश्वर्येण प्रमत्तस्य दारिद्र्येण प्लुतस्य च।—वही १८।३१.

3. भिक्षुचाण्टचराणाञ्च प्राकृतं सम्प्रयोजयेत्।
   बाले ग्रहोपसृष्टे स्त्रीणा स्त्रीप्रकृतौ तथा॥ वही १८।३३.

4. ए ओ आरपराणिप्रकारपरोचवा अएणायिवस आरमसिमाहतवमं निभणा-
   वंञ्छतिकटतदवयवालोरसवमयचसेवहतिसरा होलञ्रखो॥वही १८।६-८.

चाहिए[1]। अतएव इस भ्रान्त धारणा का खण्डन हो जाता है कि पद्यभाग मे महाराष्ट्री का प्रयोग किया जाता है और गद्य में शौरसेनी का। वास्तव मे प्राचीन भारत मे सभी प्राकृतो को सामान्यत प्राकृत शब्द के द्वारा ही अभिहृत किया जाता था। भरत के मत से नाटक मे गद्य और पद्य दोनो मे शौरसेनी का प्रयोग ही अभीष्ट है, किन्तु उन्होने इच्छानुसार किसी भी देश-भाषा के प्रयोग का भी निर्देश किया है। इनके मत से देशभाषाएँ सात हैं[2]—मागधी, आवन्ती, प्राच्या, शौरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीका और दाक्षिणात्या।

अन्त.पुर निवासियो के लिए मागधी चेट, राजपुत्रो और सेठो के लिए अर्धमागधी विदूषकादि के लिए प्राच्या, नायिका और उसकी सखियो के लिए शौरसेनी से अविरुद्ध आवन्ती, योद्धा, नागरिक तथा जुआरियो के लिए दाक्षिणात्या तथा उदीच्या एव खश, शबर, शक आदि जातियो को वाह्लीका भाषा का प्रयोग करना चाहिए[3]। इनके अतिरिक्त भरत ने शबर, आभीर, चाण्डाल आदि की हीन भाषाओ को विभाषा कहा है[4]। इस प्रकार भरत मुनि ने नाटक के पात्रो के लिए भाषा का जो विधान निरूपित किया है, उसका संस्कृत नाटको मे आशिक रूप से ही पालन पाया जाता है।

सस्कृत नाटको मे सबसे अधिक प्राकृत का उपयोग और वैचित्र्य शूद्रक कृत मृच्छकटिक मे मिलता है। डा० पिशल, कीथ आदि विद्वानो के मतानुसार तो मृच्छकटिक की रचना का उद्देश्य ही प्राकृत सम्बन्धी नाट्यशास्त्र के नियमो को उदाहृत करना प्रतीत होता है। इस नाटक के टीकाकार पृथ्वीधर के मतानुसार इसमे चार प्रकार की प्राकृत भाषाओ का व्यवहार पाया जाता है—शौरसेनी, अवन्तिका, प्राच्या और मागधी। प्रस्तुत नाटक मे सूत्रधार, नटी, नायिका, वसन्तसेना, चारुदत्त की ब्राह्मणी— स्त्री और श्रेष्ठी तथा इनके परिचारक-परिचारि-

१ अन्वर्था तत्र कर्त्तव्या ध्रुवा प्रासादिकी त्वथ।
भाषा तु शूरसेनी स्यात् ध्रुवाणा सम्प्रयोजयेत्॥ – वही ३२।४०८.

२. वही १८।३५—३६

३. मागधी तु नराणाश्चैवान्त पुरनिवासिनाम्।
चेटाना राजपुत्राणा श्रेष्ठीनाञ्चार्धमागधी॥
प्राच्या विदूषकादीना योज्या भाषा अवन्तिजा।
नायिकाना सखीनाञ्च शौरसेन्यविरोधिनी॥
यौधनागरिकादीना दाक्षिणात्या च दीव्यताम्।
बह्लीक भाषोदीच्याना खसानाञ्च स्वदेशजा॥—भरत नाट्यशास्त्र १८।३७ ४८.

४. हीना वनेचराणाञ्च विभाषा नाटके स्मृता — उपर्युक्त १८।३७.

काएँ इस प्रकार ग्यारहपात्र शौरसेनी बोलते है। आवन्ती भाषा बोलनेवाले वीरक और चन्दनक अप्रधानपात्र है। प्राच्या भाषा केवल विदूषक बोलता है। संवाहक, शकार, वसन्तसेना और चारुदत्त के चेटक, भिक्षु एवं चारुदत्त का पुत्र छह पात्र मागधी भाषा बोलते हैं। राष्ट्रिय शकारी, चाण्डाल चाण्डाली भाषा और माथुर तथा द्यूतकार ढक्की भाषा का व्यवहार करते हैं[1]।

इन सब पात्रो की भाषा का विश्लेषण किया जाय तो हम उन सबको दो वर्गों मे विभक्त कर सकते है—शौरसेनी और मागधी। तात्पर्य यह है कि देश भेद से मागधी भाषा पूर्व प्रदेश की है और दूसरी शौरसेनी पश्चिम प्रदेश की। उत्तर और दक्षिण मे भी शौरसेनी या उसका यत्किञ्चित् विकृत रूप व्यवहार लाया जाता था। अयोध्या अथवा काशी के पूर्व में रहने वाले पात्र पूर्वी भाषा—मागधी का व्यवहार करते थे और उक्त स्थानो मे पश्चिम मे रहनेवाले पात्र—पश्चिमी भाषा—शौरसेनी का। टीकाकार पृथ्वीधर ने स्वयं ही कहा है[2] कि आवन्ती मे केवल रकार और लोकोक्तियो का बाहुल्य रहता है तथा प्राच्या में स्वार्थिक ककार का। अन्य बातो मे वे शौरसेनी ही हैं। शकारी, ढक्की, चाण्डाली तो एक प्रकार से मागधी भाषा की शैलियाँ ही हैं। इस प्रकार मृच्छकटिक मे नाममात्र का ही प्राकृत बाहूल्य है उन्हे कई भाषाएँ न मानकर प्रधान दोनो ही भाषाओ के शैलीगत भेद मानना अधिक तर्क संगत है। महाकवि अश्वघोष के नाटको मे जिन प्राकृतो का व्यवहार पाया जाता है यहाँ भी वे ही भाषाएँ प्राय व्यवहार मे लायी जाती है। इतना होने पर भी यह तो मानना ही पडता है कि प्राकृत का स्वरूप कालगति से यहा विशेष विकसित है। देशगत और कालगत भेदो ने प्राकृत को इतना आवेष्टित कर लिया है, जिससे इन नाटको की प्राकृत को प्रथम युगीन प्राकृत की अपेक्षा भिन्न माना

१. तत्रास्मिन्प्रकरणे प्राकृतपाठकेषु सूत्रधारो नटी रदनिका मदनिका वसन्तसेना तन्माता चेटी कर्णपूरकश्चारुदत्तब्राह्मणी शोधनक श्रेष्ठी—एते एकादश शौरसेनी भाषा पाठका'। अवन्तिभाषापाठकौ वीरकचन्दनकौ। प्राच्य-भाषापाठको विदूषक'। सवाहक' शकारवसन्तसेनाचारुदत्ताना चेटकत्रितयं भिक्षुरचारुदत्तदारक एते षण्मागधीपाठका। अपभ्रंशपाठकेषु शकारी भाषापाठको राष्ट्रिय। चाण्डालीभाषापाठकौ चाण्डालौ। ढक्कभाषा-पाठकौ माथुरद्यूतकरौ।—पृथ्वीधर टीका-मृच्छकटिकम्, पृ० १—२, निर्णयसागर, सन् १९५०।

२. तत्रावन्तिजा रेफवती लोकोक्तिबहुला। प्राच्या स्वार्थिककंकारप्राया।—मृच्छ० पृ० २ निर्णयसागर सं०।

जाना स्वाभाविक है अश्वघोष के नाटको मे व्यवहृत प्राकृत के स्वरूप की अपेक्षा भाषा और कालिदास के नाटको की प्राकृत प्रवृत्तियो एवं स्वरूप विकास की दृष्टि से बहुत कुछ भिन्न है। कई नयी प्रवृत्तियो का विकास इस प्राकृत मे हमे दिखलायी पडता है। इस युग की प्राकृत और उसके देश भेदो का विवरण हमे उपलब्ध प्राकृत व्याकरणो मे भी मिलता है। अतएव कुछ विचारको ने इस मध्ययुगीन प्राकृत का नाम साहित्यिक प्राकृत रखा है। वास्तव मे सौन्दर्य बोधक साहित्य इसी युग की प्राकृत मे लिखा गया है। रस और भाव की परम्पराएँ इसी साहित्य मे सुरक्षित है।

मध्ययुगीन प्राकृत का सबसे प्राचीन व्याकरण चण्डकृत 'प्राकृतलक्षण'[1] है। यह अत्यन्त संक्षिप्त है, इसमे तीन प्रकरण हैं—

विभक्ति विधान, स्वरविधान और व्यञ्जनविधान। विभक्ति विधान मे ४० सूत्र, स्वर विधान मे ३४ सूत्र और व्यञ्जनविधान में ४१ सूत्र हैं। इस व्याकरण में प्राय. सभी अनुशासन अत्यन्त संक्षिप्त रूप मे वर्णित हैं। इस युगीन प्राकृत की प्रमुख विशेषताएँ निम्नाङ्कित सूत्रो के उल्लेखो द्वारा अवगत की जा सकती हैं।

चण्ड ने प्राकृत शब्दराशि को *"सिद्ध प्राकृत त्रेधा"* १ वि॰ वि॰ द्वारा तीन भागो मे विभक्त किया है। संस्कृतसम, देशी सिद्ध और संस्कृत योनिज। इन्होंने संस्कृतयोनिज शब्दो का अनुशासन ही इस व्याकरण में निबद्ध किया है। इस संस्कृत योनिज का पर्याय तद्भव शब्द भी हो सकता है। आशय यह है कि वैयाकरण चण्ड ने संस्कृत शब्दो में ध्वनि विकार, वर्णागम, वर्णविपर्यय से निष्पन्न प्राकृत शब्दावलि का निरूपण किया है। प्रथम युगीन प्राकृत की धारा को अनवच्छिन्न रूप में ले जाते हुए काव्य और नाटको में प्रयुक्त होनेवाली प्राकृत शब्दराशि को इस शब्दानुशासन द्वारा अनुशासित किया है। प्रथम युगीन प्राकृत मे षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में ण और ह का प्रयोग यदा-कदा मिलता था। अत इन्होने अपने इस अनुशासन मे 'ण' और 'ह' का एक साथ वैकल्पिक रूप में विधान किया। बताया—"सागमस्याऽऽयो णो ह्वौ त्रा"—५ वि॰ वि॰— ताण, ताहं, देवाण, देवाह, कम्माण, कम्माह, सरिताण, सरिताहं। संख्यावाची शब्दो के लिए षष्ठी के बहुवचन मे 'ण्ह' का अनुशासन लिखा—यथा पचण्ह, तीसण्हं। दो—द्वि शब्द के प्रथमा बहुवचन मे दुण्णि, विण्णि, दुवे, दो और वे वैकल्पिक रूप लिखकर प्राकृत में उत्पन्न देश भेद को स्पष्ट किया है। चण्ड के

---

१. इसके संपादक हैं मुनिराज दर्शनविजय और प्रकाशक—चारित्र स्मारक ग्रन्थमाला वीरमगाम (गुजरात), वि॰ स॰ १९९२।

समय तक प्राकृत भाषा में वैभाषिक प्रवृत्तियों का विकास पर्याप्त रूप में हो चुका था। आर्येतर भाषाओं के उच्चारण एवं शब्दराशि ने संस्कृत भाषा को प्रभावित कर *प्राकृत भाषाओं में अनेक रूपों का प्रादुर्भाव कर दिया था।* उद्वृत्त स्वर के परे सन्धि कार्य का निषेध इस बात का सूचक है कि व्यञ्जन लोप की प्रणाली का प्रवेश हो चुका था और भाषा को सुकुमार बनाने के लिए व्यञ्जनों के स्थान पर स्वर ग्रहण करने लगे थे।

अशोक के शिलालेखों में शाहबाजगढ़ी और गिरनार की लिपि में संयुक्त वर्णों के पूर्ववर्ती दीर्घ स्वर को ह्रस्व बना देने की प्रक्रिया पायी जाती है, पर यह सत्य है कि उक्त नियम का पालन सार्वजनीन रूप में नहीं किया गया है। इस प्रवृत्ति को यहाँ अनुशासन का रूप दे दिया गया है और "ह्रस्वत्वं संयोगे" ६ स्वर वि० सूत्र द्वारा संयुक्ताक्षर के परे स्वरों को ह्रस्व किया है। यथा कज्जं < कार्यम्, तिक्खं < तीक्ष्णम्, सिग्घो < शीघ्रम् उद < ऊर्ध्वम् सुज्जो < सूर्य।

मध्ययुगीन प्राकृत भाषा की निम्नलिखित प्रमुख विशेषताएँ अवगत होती है—

१. "प्रथमस्य तृतीय" १२ व्यञ्जनवि० द्वारा वर्गो के प्रथमाक्षर—क्, च्, ट्, त् आदि वर्णों के स्थान पर तृतीय वर्ण का आदेश होना है। यथा—

एग < एकम् तित्थगरो < तीर्थंकर

पिसाजो < पिशाची श् के स्थान पर स् ध्वनि हुई है।

जडा < जटा कद < कृतम्

पदिसिद्ध पडिसिद्धं < प्रतिसिद्धम्—त के स्थान पर द और ड दोनों की प्रवृत्ति पायी जाती है।

"हो-ख-घ-ध-भानम्" १४ व्यञ्जन वि० सूत्र द्वारा ख, घ्, ध् और भ के स्थान मे ह् ध्वनि के आदेश का विधान किया है। यथा—

मुहं < मुखं मेहो < मेघ, महवो < माधव वसहो < वृषभः

"क—तृतीययो स्वरे" ३६ व्य० वि सूत्र क् तथा वर्गों के तृतीय वर्णों ग्, ज, ड्, द् आदि का स्वर के परे लोप होने का अनुशासन करता है। यथा—

कोइलो < कोकिल मोइओ < मौगिक

राया < राजा राई < राजी नई < नदी

"यत्वमवर्णे" ३७ व्यं० वि० सूत्र के अनुसार लुप्त व्यञ्जन के परे अ होने पर यश्रुति होती है।

काया < काका नाया < नागा राया < राजा

इसके अनन्तर प्राकृत की अन्य व्यवस्था को शिष्ट प्रयोगों से अवगत कर लेने का निर्देश किया है। आगे के सूत्रों में अपभ्रंश, पैशाची और मागधी का

अनुशासन एक-एक सूत्र में निहित है। अपभ्रंश के लक्षणों मे संयुक्त वर्ण से रेफ का लोप न होना, पैशाची में र् और ण के स्थान पर ल् और न् का आदेश होना, मागधी मे र् और स् के स्थान में ल् और श् का आदेश होना अनुशासित है।

भाषा शास्त्रियो का मत है कि मध्ययुग मे आते-आते क् आदि अघोष ध्वनियाँ ग् आदि सघोष ध्वनियो के रूप मे उच्चरित होने लगी थी। अनन्तर इनमे अल्पतर ध्वनियाँ ही शेष रह गयी। पश्चात् उनका सर्वथा लोप हो गया तथा महाप्राण ध्वनियो के स्थान पर केवल एक शुद्ध ऊष्म ध्वनि ह् ही अवशिष्ट रह गयी। उच्चारण भिन्नता पर देश और काल का प्रभाव अवश्य पड़ता है, अतः कुछ प्राकृतो में सघोष महाप्राण ध्वनियाँ सघोष अल्पप्राण ध्वनियो के रूप में भी विकसित मिलती है। सक्षेप में इस व्याकरण में निम्न विशेष प्रवृत्तियाँ परिलक्षित होती है—

१ यश्रुति—३७ व्यं० वि०

२ संयुक्त दो व्यञ्जनो को पृथक् कर उनके बीच में इष्ट स्वर का आगमन (३२ व्यं० वि०)।

३. व्यञ्जनो के लोप की प्रवृत्ति के कारण सुकुमारता का सन्निवेश।

४. सम्प्रसारण की प्रवृत्ति का विकास फलत यकार के स्थान पर इ और वकार के स्थान पर उ का आदेश। यथा तेरह < त्रयोदश होति < भवति (३३ व्यं० वि०)।

५. सयुक्त अक्षर का लोप होने पर अवशेष को द्वित्व होने की प्रवृति। द्वितीय स्तर की प्राचीन युगीन भाषा मे द्वित्ववाली प्रवृत्ति का प्राय अभाव था। यथा — अशोक के शिलालेखो में सव < सर्व मिलता है पर इस व्याकरण के नियम से सव्व < सर्व हो जाता है (२६ व्य० वि)।

६. वर्ग के द्वितीय और चतुर्थ व्यञ्जन के द्वित्व होने पर इनके स्थान में क्रमश. प्रथम और तृतीय हो जाते हैं। यथा सुक्ख < सौख्यम्, अग्घो < अर्घः सज्झो < साध्य, पुप्फ < पुष्पम् वुड्ढो < वृद्धः, पत्थो < पार्थ (२८ व्यं० वि०)।

७ पदादि में द्वित्व का निषेध किया है। यथा—कोहो < क्रोध., खुद्दो < क्षुद्र'। कभी कभी पदमध्य और पदान्त में भी द्वित्व नही होता है। यथा— कासवो < काश्यप, फुड < स्फुट कातव्वं < कर्त्तव्यम्, सीसो < शीर्ष, दीहो < दीर्घः (३१ व्य० वि०)।

८. ऐ और औ स्वर प्रथम युगीन प्राकृत में ए और ओ के रूप मे परिवर्तित थे, पर मध्य युग के आरम्भ में ही इन दोनो सन्ध्यक्षरो का उच्चारण ह्रस्व और

दीर्घ दोनो रूपो में होने लगा था। फलत अइ और अउ रूप भी ऐ और औ ने प्राप्त कर लिये। यथा – अइसरियं < ऐश्वर्यम्, वइर < वैरम्, सउहं < सौधम्, मउणं < मौनम्, पउरिसं < पौरुषम् (१० व्य० वि०, १२ व्यं० वि०)।

इस व्याकरण का दूसरा नाम 'आर्य प्राकृत' व्याकरण भी है। यह सामान्यतया प्राकृत सामान्य का स्वरूप उपस्थित करता है।

आर्ष प्राकृत व्याकरण के पश्चात् वररुचि कृत प्राकृत व्याकरण का स्थान आता है। वररुचि ने इसके नौ परिच्छेद ही लिखे हैं। इसमें आदर्श प्राकृत की स्वरविधि, असयुक्त व्यञ्जन-विधि, सयुक्त व्यञ्जन-विधि, सज्ञारूप, सर्वनामरूप, क्रियारूप, धात्वादेश एवं अव्ययो का निरूपण किया गया है। अन्त मे बताया गया है कि प्राकृत के शेष रूप संस्कृत के समान समझना चाहिए। इस व्याकरण मे सर्वप्रथम मध्ययुग या द्वितीय युग की प्राकृत का स्वरूप पूर्णरूप से निर्धारित हुआ है। चण्ड ने अपने व्याकरण मे जिन नियमो या अनुशासनो की मात्र सूचना ही दी थी, वररुचि ने उन नियमो को स्थिर और समृद्ध कर दिया है। ऐसा प्रतीत होता है कि वररुचि के समय तक द्वितीय युग की प्राकृत का स्वरूप बिल्कुल निश्चित और स्थिर हो चुका था। यही कारण है कि उन्होने प्राकृत को व्याकरण के अनुशासन द्वारा पूर्णतया निश्चित सीमा मे बाँधने का प्रयास किया।

इस व्याकरण के अनुसार मध्यवर्ती क्, ग्, च, ज्, त्, द्, प्, य् और व् का प्राय. लोप होता है एव ख्, घ्, थ्, ध्, और भ्, के स्थान पर ह् ध्वनि का आदेश होता है।

वररुचिकृत नौ परिच्छेदो पर कात्यायन, भामह, वसन्तराज, सदानन्द और रामपाणिवाद की टीकाएँ उपलब्ध हैं। सन् १९२७ मे उत्तरप्रदेश की सरकार द्वारा वसन्तराज की सञ्जीवनी व्याख्या एव सदानन्दकृत सुबोधिनी टीकासहित प्राकृत प्रकाश का प्रकाशन हुआ था। जिसमे नौ के स्थान पर आठ ही परिच्छेद हैं, इसके सपादक वटुकनाथ शर्मा और बलदेव उपाध्याय ने पञ्चम और षष्ठ परिच्छेद के सूत्रो को एक साथ मिलाकर पञ्चम परिच्छेद मे सगृहीत कर दिया है तथा वररुचिकृत आठ ही परिच्छेद स्वीकार किये हैं। संभवत इसके प्रकाशन की आधार प्रति गवर्नमेन्ट संस्कृतकालेज लाइब्रेरी की कोई पाण्डुलिपि है, जिसमें सज्ञा और सर्वनाम के अनुशासनो को सुबन्त मे शामिल कर दिया गया है और मूल आठ ही परिच्छेद माने गये हैं।

आगेवाले १०वें और ११वें परिच्छेदो मे क्रमश. १४ सूत्रो मे पैशाची का और १७ सूत्रो मे मागधी का निरूपण किया गया है। इन दोनो भाषाओ की प्रकृति शौरसेनी बतायी गयी है। यहाँ यह ज्ञातव्य है कि इसके पूर्व शौरसेनी

का कहीं नाम भी नहीं आया है। अतएव ऐसा मालूम पडता है कि उक्त दोनो परिच्छेदो के रचयिता की दृष्टि मे शौरसेनी प्राकृत से अभिप्राय सामान्य प्राकृत से ही है। प्राचीन समय मे शौरसेनी इतनी ख्यात थी कि उसे ही सामान्य प्राकृत समझा जाता था। इन दोनो परिच्छेदो पर केवल भामह की टीका है। विद्वानो का अनुमान है कि ये दोनो परिच्छेद उन्ही के जोड़े हुए हैं। इनमे पैशाची की विशेषता बतलाते हुए लिखा है कि शब्द के मध्य मे तृतीय, चतुर्थ वर्णों के स्थान पर प्रथम, द्वितीय वर्णों का आदेश, ण् के स्थान पर न्, ञ् तथा न्य के स्थान पर ञ्ञ और स् ध्वनि के स्थान पर श् का आदेश, ज् के स्थान पर य्, ष्क के स्थान पर स्क, अ ह के स्थान पर हके, हगे और अहके का आदेश होता है। अकारान्त शब्दो मे कर्त्ताकारक एकवचन मे 'ए' प्रत्यय का संयोग किया जाता है।

'प्राकृत प्रकाश' का अन्तिम बारहवाँ परिच्छेद बहुत पीछे से जोडा गया प्रतीत होता है। इस पर भामह या अन्य किसी की टीका नही है। इस परिच्छेद की अवस्था बडी विलक्षण है। इसमे शौरसेनी के लक्षण बतलाये गये हैं और इसकी प्रकृति सस्कृत को माना गया है। अन्तिम ३२वें सूत्र मे "शेष महाराष्ट्रीवत्" द्वारा अन्य अनुशासनो को महाराष्ट्री से अवगत कर लेने की ओर सकेत है, जब कि इसके पूर्व इस ग्रन्थ मे महाराष्ट्री शब्द कही नही आया और न इस भाषा का कोई अनुशासन ही इस ग्रन्थ मे कही उल्लिखित है। अत यह निष्कर्ष निकालना सहज है कि यह परिच्छेद उस समय जोडा गया है, जब यह धारणा दृढ हो चुकी थी कि प्राकृत काव्य की भाषा महाराष्ट्री ही होनी चाहिए, अतएव जहाँ प्राकृत का निर्देश है, वहाँ महाराष्ट्री को ही ग्रहण किया जाय। इस व्याकरण मे शौरसेनी का जो स्वरूप निर्दिष्ट है, वह स्पष्टत. कभी सामान्य प्राकृत का रहा है। इस प्रसंग मे यह भी ज्ञातव्य है कि कालक्रमानुसार शौरसेनी उक्त रूप को प्राप्त कर चुकी थी। इसी कारण सामान्य प्राकृत नाम की कोई भाषा कल्पित की जा चुकी थी, जो शौरसेनी स्वरूप से भिन्न थी। उदाहरणार्थ शौरसेनी मे मध्यवर्ती त् और थ् के स्थान पर क्रमश: द् और ध् होते है, वहा प्राकृत मे द् का लोप और थ् का ह् होता है। भू धातु का शौरसेनी मे भो भी रहता है, किन्तु प्राकृत मे वहाँ हो आदेश का विधान है। शौरसेनी मे नपुंसक लिङ्ग बहुवचन मे णि प्रत्यय जोडकर जलाणि, वणाणि जैसे रूप निष्पन्न किये जाते हैं, वहाँ प्राकृत मे केवल इ रहता है, यथा—जलाइं, वणाइ आदि। शौरसेनी मे दोला, दड और दंसण का आदि द् अपने मूलरूप मे ज्यो का त्यो रहता है, पर प्राकृत मे यह द् 'ड्' ध्वनि के रूप मे परिवर्तित हो जाती है, यथा—डोला, डड और डसण। इससे स्पष्ट है कि प्राकृत प्रकाश के बारहवें परिच्छेद की रचना के समय प्राकृत का अर्थ महाराष्ट्री प्राकृत हो गया था और शौरसेनी एक पृथक् स्थान प्राप्त कर चुकी थी। यद्यपि दोनो की

प्रवृत्तियो से यह स्पष्ट है कि ये दोनो एक ही भाषा की दो शैलियां हैं, तो भी वैयाकरणों ने सामान्य प्राकृत मे महाराष्ट्री को ही ग्रहण किया है।

प्राकृत प्रकाश के पश्चात् महत्वपूर्ण कृति आचार्य हेमचन्द्र का प्राकृत व्याकरण है। इसका रचनाकाल ई० १२वी शती है। इस व्याकरण में चार पाद हैं। इनमें से लगभग साढे तीन पादो मे प्राकृत का सुव्यवस्थित विवरण दिया गया है। और लगभग दो सौ सूत्रो मे क्रमश. शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिका-पैशाची और अपभ्रंश भाषाओ के विशेष लक्षण बतलाये गये है। हैम व्याकरण के आधार पर उक्त भाषाओ के स्वरूप एव प्रवृत्तियो पर संक्षेप मे प्रकाश डाला जाता है।

प्राकृत के विवेचन मे रचनाशैली और विषयानुक्रम के लिए आचार्य हेम ने

महाराष्ट्री प्राकृत

'प्राकृतलक्षण' और 'प्राकृतप्रकाश' को ही आधार माना है, पर उनका विषय-विस्तार और ग्रथन-शैली बेजोड है। महाराष्ट्री प्राकृत की निम्नलिखित प्रवृत्तियाँ उल्लेख योग्य हैं। इस भाषा का व्यवहार काव्यग्रन्थो मे पाया जाता है। यह श्रेष्ठ प्राकृत मानी गयी है। आचार्य हेम ने इसे सामान्य प्राकृत कहा है।

१ विजातीय—भिन्न वर्गवाले सयुक्त व्यञ्जनो का प्रयोग प्राकृत मे नहीं होता। अतः प्राय पूर्ववर्ती व्यञ्जन का लोप होकर शेष का द्वित्व कर देते है। यथा

उक्कंठा < उत्कण्ठा, सक्को < शक्र

विक्लव. > विक्कवो, योग्यः > जोग्गो,

२ शब्द के अन्त मे रहनेवाले हलन्त व्यञ्जन का लोप होता है। निद्, अन्तर् और दुर् के अन्त्य व्यञ्जन का लोप नही होता। यथा—

काव < यावत्, णह < नभस,

अन्तरप्पा < अन्तरात्मा, णिरवसेस < निरवशेषम्,

३ विद्युत् शब्द को छोडकर स्त्रीलिङ्ग मे वर्तमान सभी व्यञ्जनान्त शब्दो के अन्त्य हलन्त व्यञ्जन का आत्व होता है। यथा—

सरिया, सरिआ < सरित्, वाआ, वाया < वाक्,

पडिवया, पडिवआ < प्रतिपदा

४ क्षुध्, ककुभ और धनुष् शब्दो मे अन्तिम व्यञ्जन के स्थान पर हा या ह् आदेश होता है। यथा—

छुहा < क्षुध, कउहा < ककुभ्, धणुह < धनुष्,

५. जिन श्, ष् और स् से पूर्व अथवा पर में रहनेवाले य्, र्, व्, श्, ष् और स वर्णों का प्राकृत के नियमानुसार लोप हुआ हो उन शकार, षकार और सकार के आदि स्वर को दीर्घ होता है। यथा—

पासइ—पस्सइ < पश्यति, कासवो—कस्सवो < काश्यप

संफासो–संफस्सो < संस्पर्शः वीसासो–विस्सासो < विश्वास.

६ समृद्धयादि गण के शब्दो मे आदि अकार को विकल्प से दीर्घ होता है। यथा—

सामिद्धो, समिद्धो < समृद्धि., पाअडं, पअड < प्रकटम्,

पासिद्धो, पसिद्धो < प्रसिद्धि,

७ स्वप्न आदि शब्दो मे आदि अकार को इकार होता है। यथा—

सिविणो, सिमिणो, सुमिणो < स्वप्नः, इसि < ईषत्

विअण < व्यञ्जनम्, मिरिअ < मरिचम्,

८. सामासिक पदो में ह्रस्व का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व होता है। यथा—

अन्तावेई < अन्तर्वेदि, सत्तावीसा < सप्तविंशति,

पईहरं, पइहर < पतिगृहम्, नइसोत्त < नदीस्रोतम्

९ किसी स्वर वर्ण के परे रहने पर उसके पूर्व के स्वर का विकल्प से लोप होता है। यथा—

तिअसीसो < त्रिदश + ईश, राउलं < राजकुलम्,

गइंद < गज + इन्द्र.,

१०. कितने ही शब्दो में प्रयोगानुसार पहले, दूसरे या तीसरे वर्ण पर अनुस्वार का आगम होता है। यथा—

अंसुं, अंसु < अश्रु तस, तसं < त्र्यस्रकम्,

वंक, वंकं < वक्रम्, फसो, फंसा < स्पर्श..

११ पद के परे आये हुए अपि अव्यय के अ का लोप विकल्प से होता है। लोप होने के बाद अपि का प यदि स्वर से परे हो तो उसका व हो जाता है। यथा—

केणवि, केणावि < केनापि, कहपि, कहमवि < कथमपि,

१२ पद के उत्तर मे आनेवाले इति अव्यय के आदि इकार का विकल्प से लोप होता है और स्वर के परे रहनेवाले तकार को द्वित्व होता है। यथा—

किंति—किं-इति < किमिति, दिट्ठत्ति—दिट्ठ-इति < दृष्टमिति,

१३. संयोग से अव्यवहित पूर्ववर्ती दीर्घ का कभी-कभी ह्रस्व रूप हो जाता है। यथा—

अबं < आम्रम्, विरहग्गी < विरहाग्नि तित्थं < तीर्थम्.

१४ आदि इकार का संयोग के परे रहने पर विकल्प मे एकार होता है।

पेण्डं, पिण्डं < पिण्डम्, सेंदूर, सिंदूरं < सिन्दूरम्,

१५ पथि, पृथिवी, प्रतिश्रुत्, मूषिक, हरिद्रा और बिभीतक में आदि इकार के स्थान पर अकार होता है। यथा—

पहो < पथि, पुहई, पुढवी < पृथिवी,

१६ बदर शब्द मे दकार सहित अकार के स्थान पर ओकार और लवण तथा नवमल्लिका शब्द मे वकार सहित आदि अकार को ओकार होता है। यथा—

बोर < बदरम् लोण < लवणम्

णोमल्लिआ < नवमल्लिका

१७. ऋ के स्थान मे भिन्न भिन्न स्वर एवं रि का आदेश होता है। यथा

तण < तृण, किवा < कृपा,

माइ, माउ < मातृ, मुसा, मूसा, मोसा < मृषा,

रिद्धि. < ऋद्धि, सरिस < सदृश.

१८ लृ के स्थान मे इलि होता है। यथा

किलित्त < क्लृप्त

१९. ऐ के स्थान पर ए और अइ तथा औ के स्थान पर ओ और अउ पाये जाते हैं। यथा—

सेलो < शैल:, केलासो, कइलासो < कैलाश:,

गोडो, गउडो < गौड., सउहो < सौध,

२०. स्वरो के मध्यवर्ती क्, ग्, च्, ज्, त्, द्, य् और व का प्राय लोप होता है। यथा—

लोओ < लोक, सई < शची,

गआ < गदा, जई < यती

२१. स्वरो के मध्यवर्ती ख्, घ्, थ्, ध और भ् के स्थान में ह् होता है। यथा—

साहा < शाखा, णाहो < नाथ·

साहु < साधु·, सहा < सभा

२२. स्वरो के बीच मे ट् का ड् और ठ् का ढ् होता है। यथा—

भडो < भट:, घडो < घट:

मढो < मठ, पढइ < पठति

२३. स्वरों के मध्यवर्ती त् का अनेक स्थलों मे ड् होता है। यथा—
पडिहास < प्रतिभास, पडाआ < पताका

२४. न् के स्थान पर सर्वत्र ण् होता है। यथा—
कणओ < कनकः, णरो < नरः, वअणं < वचन

२५ दो स्वरों के मध्यवर्ती प का कहीं-कहीं व् और कहीं-कहीं लोप होता है। यथा—
सवहो < शपथः, सावो < शापः, उवसग्गो < उपसर्ग
कइ < कपि

२६. आदि के य् के स्थान पर ज् होता है। यथा —
जम < यम, जाइ < याति

२७ कृदन्त के अनीय और य प्रत्यय के य का ज्ज होता है। यथा—
पेज्जं < पेयम्, करणिज्जं < करणीयम्

२८ अनेक स्थानों पर र् का ल् होता है। यथा —
हलिद्दा < हरिद्रा, दलिद्दो < दरिद्र.
इंगालो < अगार

२९ श् और ष् का सर्वत्र स् होता है। यथा—
सद्दो < शब्दः, पुरिसो < पुरुष, सेसो < शेषः

३० क्ष के स्थान मे प्राय. ख और कहीं-कहीं छ और झ होते हैं। यथा—
खयो < क्षय। लक्खणो < लक्षण., छीणो, झीणो < क्षीण.

३१. द्य और र्य का ज्ज होता है। यथा—
मज्जं < मद्यं, कज्जं < कार्यम्

३२ ध्य और ह्य का झ होता है। यथा—
झाण < ध्यानम्, सज्झं < साध्यम्, सज्झं < सह्यम्

३३ र्त के स्थान में ट, ष्ट के स्थान पर ठ, म्न के स्थान में ण, ज्ञ के स्थान मे ण और ज एवं स्त के स्थान में थ होता है। यथा—
णट्टई < नर्तकी, पुट्ठो < पुष्ट.
इट्ठं < इष्टम्
पज्जुण्णो < प्रद्युम्न, थोत्तं < स्तोत्रम्

३४ ष्प और स्प के स्थान मे फ आदेश होता है। यथा—
पुप्फं < पुष्पम्, फंदणं < स्पन्दनम्

३५. संयोग मे पूर्ववर्ती क्, ग्, च्, ज्, त्, द्, प्, श, ष् और स का लोप होता है। और अवशेष को द्वित्व कर देते हैं। यथा—

उप्पल < उत्पल, सुत्तो < सुप्त

णिच्चलो < निश्चल;

३६. अकारान्त पुंल्लिङ्ग मे एकवचन मे ओ प्रत्यय होता है, पञ्चमी के एकवचन मे त्तो, ओ, उ, हि और विभक्ति चिन्ह का लोप भी होता है तथा पञ्चमी के बहुवचन मे एकवचन सम्बन्धी प्रत्ययो के अतिरिक्त हिन्तो और सुन्तो प्रत्यय भी जोडे जाते हैं। यथा—

जिणो < जिन..

जिणात्तो जिणाओ, जिणाउ, जिणाहि, जिणा < जिनात्

३७ परस्मैपद और आत्मनेपद का विभाग नहीं है, प्राकृत मे सभी धातु उभयपदी की तरह हैं। ति और ते के त का लोप होता है। यथा—

हसइ < हसति, रमइ रमए < रमते

३८ भविष्यत्काल के प्रत्ययो के पहले 'हि' होता है। यथा—

हसिहिइ < हसिष्यति, करिहिइ < करिष्यति

३९ वर्तमानकालिक, भविष्यत्कालिक, विधिलिङ्ग और आज्ञार्थक प्रत्ययो के स्थान मे ज्ज और ज्जा प्रत्यय भी होते हैं। यथा—

हसेज्ज, हसेज्जा < हसति, हसिष्यति, हसेत्, हसतु

४० भाव और कर्म मे ईअ और इज्ज प्रत्यय होते हैं। यथा—

हसीअइ, हसिज्जइ < हस्यते

४१. क्त्वा प्रत्यय के स्थान मे तुम्, तूण, अ, तुआण और त्ता प्रत्यय होते हैं। यथा

पढिउ, पढिअ, पढिऊण पढिउआण, पढित्ता < पठित्वा

४२ शीलाद्यर्थक तृ प्रत्यय के स्थान मे इर होता है। यथा—

गमिरो < गमनशील, णमिरो < नमनशील

४३ तद्धित त्व प्रत्यय के स्थान में त्त और त्तण होते हैं। यथा—

देवत्तं, देवत्तणं < देवत्वम्

शौरसेनी

शौरसेनी का व्यवहार नाटको मे हुआ है, अत इसे नाटकीय शौरसेनी भी कहा जा सकता है। संस्कृत नाटको मे स्त्रीपात्र और विदूषक इसका प्रयोग करते थे। मध्यदेश की भाषा होने के कारण यह संस्कृत के बहुत समीप है। इस पर संस्कृत का निरन्तर प्रभाव पडता रहा है। आचार्य हेमचन्द्र के अनुसार निम्न विशेषताएँ हैं—

१. शौरसेनी की प्रकृति संस्कृत है, इसमे अनादि मे वर्तमान त् का द् और थ् को ध् होता है। यथा—

आगदो < आगत, कधेदु < कथयतु

(क) संयुक्त होने पर त् का द् नहीं होता। यथा—

अज्जउत्त और सउन्तले में त् ध्वनि का द् ध्वनि के रूप मे परिवर्तन नहीं हुआ है।

(ख) आदि मे रहने पर भी त् का द् नही होता। यथा—

'तधाकरेध जधा तस्स राइणो अणुकंम्पणीआ भोमि' में तधा और तस्स के तकारो को दकार नही हुआ।

(ग) कही कही वर्णान्तर के अधः—अनन्तर वर्तमान त् का द् होता है। यथा—

महन्दो < महान्त., निच्चिदो < निश्चिन्त

अंदे-उरं < अन्त.पुरम्

(घ) तावत् के आदि तकार को विकल्प से दकार होता है। यथा—

ताव, ताव < तावत्, कधं < कथम्

कधिद < कथितम्, राजपधो, राजपहो < राजपथः

२ इन्नन्त शब्दो के सम्बोधन के एकवचन मे विकल्प से इन् के नकार को आकार होता है। यथा

भो कञ्चुइआ < भो कञ्चुकिन्, सुहिआ < सुखिन्

३ नकारान्त शब्दो मे सम्बोधन एकवचन मे विकल्प से न् स्थान पर अनुस्वार होता है। यथा—

भो रायं < भो राजन्, भो विअयवम < भो विजयवर्मन्

४. भवत् और भगवत् शब्दो मे प्रथमा विभक्ति के एकवचन मे नकार के स्थान पर अनुस्वार हो जाता है। यथा—

एदु भवं, समणो भगवं महावीरो

५. र्य के स्थान पर विकल्प से य्य आदेश होता है और विकल्पाभाव मे ज्ज आदेश होता है। यथा—

अय्यउत्तो, अज्जउत्तो < आर्यपुत्रः

कय्यं, कज्जं < कार्यम्

सुय्यो, सुज्जो < सूर्यः

६. संयुक्त व्यञ्जनो मे से एक का तिरोभाव कर पूर्ववर्ती स्वर को दीर्घ करने की प्रवृत्ति शौरसेनी में अधिक नहीं है।

७. शौरसेनी में इह, और ह्य आदेश के हकार के स्थान पर विकल्प से ध होता है। यथा—

इध < इह, होध, होह < भवथ, परित्तायध, परित्तायह < परित्रायध्व

८. क्ष के स्थान पर क्ख होता है। यथा—

चक्खु < चक्षु कुक्खि < कुक्षिः, इक्खु < इक्षुः

९ भू धातु के भकार को विकल्प से हकार आदेश होता है। यथा—
भोदि, होदि < भवति

१० पूर्व शब्द के स्थान पर विकल्प से पुरव, इदानीम् के स्थान पर दाणिं, और तस्मात् के स्थान पर ता आदेश होता है। यथा—

अपुरवं नाटयं < अपुर्वं नाटकम्

अपुरवागदं, अपुव्वागद < अपूर्वागतम्

अनन्तरं करणीय दाणिं आणेवदु अय्यो < अनन्तरं करणीयमिदानीमाज्ञापयतु आर्य। ता जाव पविसामि < तस्मात् तावत् प्रविशामि।

ता अलं एदिणा माणेण < तस्मात् अलं एतेन मानेन।

११. इत् और एत् के पर मे रहने पर अन्त्य मकार के आगे विकल्प से णकार का आगम होता है। यथा—

जुत्तं णिमं, जुत्तमिमं < युक्तमिदम्

सरिसं णिम, सरिसमिम < सदृसमिदम्

१२. शौरसेनी मे एव के अर्थ मे य्येव का, चेटी के आह्वान अर्थ में हञ्जे का, विस्मय और निर्वेद अर्थों में हीमाणहे का, ननु अर्थ में णं का, हर्ष व्यक्त करने के अर्थ में अम्महे का एव विदूषक के हर्ष द्योतन में हीही का निपात होता है। यथा—

हीमाणहे जीवन्तवच्छा मे जणणी – विस्मय अर्थ मे।

हीमाणहे पलिस्सन्ता हगे एदेण नियविधिणो दुव्ववसिदेण—निर्वेद मे।

ण अफलोदया, णं भवं मे अग्गदो चलदि—ननु अर्थ में णं का निपात।

अम्महे एआए सुम्मिलाए सुपलिगढिदो भवं—हर्ष प्रकट करने मे अम्महे का।

हीही भो संपन्न मणोरधा पियवयस्स—विदूषक के हर्ष द्योतन मे हीही का।

१३. व्यापृत शब्द के तृ को तथा क्वचित् पुत्र शब्द के त् को ड् होता है। यथा—

वावडो < व्यापृत, पुडो, पुत्तो < पुत्रः

१४. गृध्र जैसे शब्दों के ऋकार के स्थान पर इकार होता है। यथा—
गिद्धो < गृध्रः

१५. ब्राह्मण्य, विज्ञ, यज्ञ और कन्या शब्दों के ण्य, ज्ञ और न्य के स्थान में विकल्प से ञ्ज आदेश होता है। यथा –

बम्हञ्जो < ब्राह्मण्यः - विकल्पाभाव में बम्हणो होता है।

विञ्जो < विज्ञ —विकल्पाभाव में विण्णो रूप होता है।

जञ्जो < यज्ञः—विकल्पाभाव में जण्णो रूप होता है।

कञ्जो < कन्या - विकल्पाभाव में कण्णा रूप होता है।

१६. स्त्री शब्द के स्थान पर इत्थी, इव के स्थान पर विअ, एव के स्थान पर जेव्व और आश्चर्य के स्थान पर अच्चरिअ का आदेश होता है। यथा—

इत्थी < स्त्री, विअ < इव, जेव्व < एव

अहह अच्चरिअं अच्चरिअ < अहह आश्चर्यमाश्चर्यम्

१७ पञ्चमी एकवचन में आदो और आदु प्रत्यय होते हैं। संज्ञा और सर्वनाम शब्दो से पर में आनेवाली सप्तमी एकवचन को ङि विभक्ति के स्थान में स्सि, म्मि आदेश होते हैं। जस् सहित अस्मद् के स्थान में वयं और अम्हे ये दोनो रूप होते है। यथा —

वीरादो, वीरादु < वीरात्, वीरस्सि, वीरम्मि < वीरे

१८. क्रियारूपों में ति के स्थान पर दि और ते के स्थान पर दे, दि आदेश होते है। भविष्यत् अर्थ में विहित प्रत्यय के पर में रहने पर स्सि होता है। यथा—

हसदि, हसिदे < हसति, भणिस्सिदि, भणेस्सिदि < भणिष्यति

१९ विधि (Optative) के रूप संस्कृत के समान बनते है। यथा—

वट्टे < वर्तेत

२० य प्रत्यय का प्रतिरूप ईअ हो जाता है। यथा—

पुच्छीअदि < पृच्छ्यते, गच्छीअदि < गम्यते

२१. कृञ् धातु के स्थान पर कर, स्था के स्थान पर चिट्ठ, स्मृ के स्थान पर सुमर, दृश् के स्थान पर पेक्ख और अस् के स्थान पर अच्छ आदेश होता है।

२२. क्त्वा प्रत्यय के स्थान पर इय दूण और त्ता प्रत्यय होते हैं। यथा –

हविय, भविय < भूत्वा, पढिय < पठित्वा, भोदूण, होदूण < भूत्वा

भोत्ता, होत्ता < भूत्वा

२३. कृ और गम् धातुओं से पर में आनेवाले क्त्वा प्रत्यय के स्थान में कडुअ और गडुअ आदेश होते हैं और धातु के रि का लोप होता है। यथा—

कडुआ < कृत्वा, गडुअ < गत्वा

करिय < कृत्वा – विकल्पाभाव पक्ष में

करित्ता < कृत्वा

मागधी—मगध की भाषा थी। प्राच्यदेश की लोकभाषा होने के कारण इसमें अन्य लोकभाषाओं की अपेक्षा अधिक वर्ण विकार आदि विकसित हैं। संस्कृत नाटकों में निम्न श्रेणी के पात्रों द्वारा इसका व्यवहार किया गया है। हेम के अनुसार प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं।

मागधी

१ मागधी की प्रकृति शौरसेनी है। इसमें अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्दों के प्रथमा के एकवचन में एकारान्त रूप होते हैं। यथा—

एशे मेशे < एष मेष., ऐशे पुलिशे < एष पुरिषः,

करोमि भन्ते < करोमि भदन्त,

२ मागधी में रेफ के स्थान पर लकार और दन्त्य सकार के स्थान पर तालव्य शकार होता है। यथा—

नले < नरः, कले < कर.,

विआले < विचार, हशे < हस,

शालशे < सारस., शुदं < श्रुतम्, शोभणं < शोभनम्,

३ मागधी में यदि सकार और षकार अलग-अलग संयुक्त हों तो उनके स्थान में स होता है, पर ग्रीष्म शब्द में उक्त आदेश नहीं होता है। यथा—

पक्खलदि हस्ती < प्रस्खलति हस्ती—यहाँ स् और त् संयुक्त हैं, अत. स के स्थान पर श् नहीं हुआ।

बुहस्सदी < बृहस्पतिः—संयुक्त स् को श् नहीं हुआ।

मस्कली < मस्करी— ,, ,,

शुस्कदालु < शुष्कदारु—ष् और क् संयुक्त है, अतः मूर्धन्य ष ध्वनि के स्थान पर श् ध्वनि नहीं हुई, बल्कि उसके स्थान पर स् ध्वनि हुई है।

कस्टं < कष्टं—संयुक्त होने से ष् के स्थान पर दन्त्य स् हुआ है।

विस्नुं < विष्णुम्— ,, ,, ,,

निस्फलं < निष्फलम्— ,, ,, ,,

धनुस्खंडं < धनुष्खण्डम्— ,, ,, ,,

गम्हिवाशले < ग्रीष्मवासरः—ग्रीष्म शब्द में उक्त नियम लागू नहीं होता।

४. द्विरुक्त ट (ट्ट) और षकार से युक्त ठकार के स्थान पर मागधी में स्ट आदेश होता है। यथा—

पस्टे < पट्टः—ट्ट के स्थान पर स्ट

भस्टालिका—भट्टारिका

शुस्टुकद < सुष्ठुकृतम्—ष्ठु के स्थान पर स्टु, ऋकार को अ, त् को द् ।

कोस्टागाल < कोष्ठागारम्—ष्ठ् को स्ट् , रेफ को ल ।

५. स्थ और र्थ इन दोनो वर्णो के स्थान पर मागधी मे सकार से संयुक्त तकार होता है । यथा—

उवस्तिदे < उपस्थित'—प् को व् , स्थि को स्ति, त् को द् और एत्व ।

शुस्तिदे < सुस्थित., अस्तवदी < अर्थवती

शस्तवाहे < सार्थवाह,

६. मागधी मे ज् , ध् और य् के स्थान मे य् आदेश होता है । यथा—

यणवदे < जनपद', अय्युणे < अर्जुन याणादि < जानादि

गय्यिदे < गर्जिते, वय्यिदे < वर्जित

७. मागधी में न्य, ण्य, ज्ञ और इन संयुक्ताक्षरो के स्थान पर द्विरुक्त ञ्ञ होता है । यथा—

अहिमञ्ञुकुमाले < अभिमन्युकुमार'

कञ्ञकावलण < कन्यकावरणम्, अबह्मञ्ञ < अब्रह्मण्यम्, पुञ्ञाहं < पुण्याहम्,

सव्वञ्ञे < सर्वज्ञ , अञ्ञली < अञ्जलि

८ मागधी मे अनादि वर्तमान छ के स्थान में शकार युक्त च (श्च) होता है । यथा —

गश्च < गच्छ, उश्चलदि < उच्छलति

तिरश्चि पेस्कदि < तिर्यक् प्रेक्षते

९ मागधी मे अनादि वर्तमान क्ष के स्थान पर जिह्वमूलीय ≍ क आदेश होता है । यथा—

ल ≍ कशे < राक्षसः

१० मागधी मे प्रेक्ष और आचक्ष के स्थान पर स्क आदेश होता है । यथा—

पेस्कदि < प्रेक्षते

११ हृदय शब्द के स्थान पर हडक्क आदेश होता है । यथा—

हडक्के आलले मम < हृदये आदरो मम

१२. मागधी मे अस्मद् शब्द को प्रथमा एकवचन मे हके, हगे और अहके ये तीन आदेश होते हैं । यथा—

हके, हगे, अहके भणामि < अह भणामि ।

१३. मागधी मे शृगाल शब्द के स्थान पर शिआल और शिआलक आदेश वोते हैं । यथा—

शिआले आअच्छदि, शिआलके आअच्छदि < शृगाल आगच्छति ।

१४ मागधी में अवर्ण से पर में आनेवाले ङस षष्ठी के एकवचन के स्थान में विकल्प से आह आदेश होता है । आह के पूर्ववर्ती टि का लोप होता है । यथा—

हगे न ईदिशाह कम्माह कालो < अहं न ईदृशस्य कर्मण- कारी ।

१५. मागधी मे अवर्ण मे परे विद्यमान आम् के स्थान मे विकल्प से आहँ आदेश होता है और पूर्व के टि का लोप हो जाता है । यथा—

आहँ < येषाम्

१६. मागधी मे अहम् और वय के स्थान पर हगे आदेश होता है । यथा -
हगे शक्कावदालतित्थणिवाशी धीवले < अह शक्रावतारतीर्थनिवासी धीवर ।

१७ मागधी मे अकारान्त शब्दो को सु पर रहते इ ए होते हैं और सु का लोप होता है । यथा

एशि लाआ < एष राजा

एशे पुलिशे < एष पुरुष

१८ मागधी के धातुरूप शौरसेनी के समान ही होते हैं, पर धातुओ मे वर्ण परिवर्तन मागधी की प्रवृत्तियो के अनुसार हैं ।

पैशाची

पैशाची एक बहुत प्राचीन प्राकृत है । इसकी गणना पालि, अर्धमागधी और शिलालेखी प्राकृतो के साथ की जाती है । चीनी तुर्किस्तानके खरोष्ट्री शिलालेखो में तथा कुवलयमाला मे पैशाची की विशेषताएँ देखने को मिलती है । डॉ० जार्ज ग्रियर्सन के अनुसार पैशाची का रूप पालि में सुरक्षित है । पैशाची की अनेक प्रवृत्तियाँ आर्यभाषाओ के विभिन्न रूपो के साथ मिश्रित है ।

पैशाची की प्रकृति शौरसेनी है । मार्कण्डेय ने पैशाची भाषा को कैकय, शौरसेन और पाञ्चाल इन तीन भेदो मे विभक्त किया है । अत सिद्ध होता है कि पैशाची भाषा पाण्ड्य काञ्ची और कैकय आदि प्रदेशो मे बोली जाती थी । अब यहाँ यह आशका उत्पन्न होती है कि इतने दूरवर्ती इन तीनो प्रदेशो मे एक ही भाषा का व्यवहार क्यो और कैसे होता था ? इसका उत्तर यही हो सकता है कि पैशाची भाषा एक जाति विशेष की भाषा थी । यह जाति जिस-जिस स्थान पर गयी, उस स्थान पर अपनी भाषा को भी लेती गयी । अनुमान है कि यह कैकय देश मे उत्पन्न हुई और बाद मे उसीके समीपस्थ शूरसेन और पञ्जाब तक फैल गयी । हार्नले का मत है कि पैशाची द्राविड भाषा परिवार से उत्पन्न हुई थी, अतः इसका मूलस्थान विन्ध्य के दक्षिण मे होना चाहिए ।

यह मान्यता पैशाची में गुणाढ्य की रचना रहने के कारण उत्पन्न हुई है। कीथ का भी यही मत है। यह सत्य है कि पञ्जाब, सिन्ध, बिलोचिस्तान और कश्मीर की भाषाओं पर इसका प्रभाव आज भी लक्षित होता है। डॉ० सर जार्ज ग्रियर्सन के अनुसार पैशाची का आदिम स्थान उत्तर-पश्चिम पञ्जाब अथवा अफगानिस्तान प्रान्त है। यहीं से इस भाषा का विस्तार अन्यत्र हुआ है। इनकी यह भी मान्यता है कि पिशाच, शक और यवनों के मेल की एक जाति थी, जिसका निवासस्थान सभवत भारत के पश्चिमोत्तर प्रदेश मे रहा है, उन्हीं की बोली का आधार पैशाची प्राकृत है। एक यह भी बात है कि पैशाची मे अधिकाश लक्षण उसी प्रदेश की भाषाओ के पाये जाते है।

वाग्भट्ट ने पैशाची को भूतभाषा कहा है। पिशाच नाम की एक जाति प्राचीन भारत मे निवास करती थी। उसीकी भाषा को पैशाची कहा गया है। देश-भेद से पैशाची का स्थान उत्तर-पश्चिम प्रदेश है। पैशाची की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं —

१ पैशाची मे आदि मे न रहने पर वर्गों के तृतीय और चतुर्थ वर्गों के स्थान पर उसी वर्ग के क्रमश प्रथम और द्वितीय वर्ण हो जाते है। यथा—

गकनं < गगनम् ग के स्थान पर क

मेखो < मेघ — कवर्ग के चतुर्थ वर्ण घ के स्थान पर उसी वर्ग का द्वितीय वर्ण ख हुआ है।

राचा < राजा तृतीय वर्ण ज के स्थान पर च।

णिच्छरो < णिज्झरो < निर्झर —ज्झ के स्थान पर च्छ।

दसवतनो < दशवदनो < दशवदन —मध्यवर्ती के स्थान पर त।

सलफो < सलभो < शलभ — भ के स्थान पर फ।

२ पैशाची मे ज्ञ के स्थान पर ञ्ञ आदेश होता है। यथा—

पञ्ञा < प्रज्ञा, सञ्ञा < सँज्ञा

सव्वञ्ञो < सर्वज्ञ, विञ्ञान < विज्ञानम्

३ राजन् शब्दो के रूपो मे जहाँ-जहाँ ज्ञ रहता है वहाँ-वहाँ ज्ञ के स्थानमे विकल्प से चिञ् आदेश होता है। यथा—

राचिञा धन < रञ्ञो धनं < राज्ञा धनम्

४ पैशाची में न्य और ण्य के स्थान में ञ्ञ आदेश होता है। यथा—

कञ्ञका < कन्यका

अभिमञ्ञू < अभिमन्यु

५. पैशाची मे णकार का नकार होता है। यथा—

गुनगनयुत्तो < गुणगणयुक्त' —शौरसेनी के ण के स्थान पर न।
गुनेन < गुणेन— ,, ,,

६. पैशाची में तकार और दकार के स्थान में तकार हो जाता है। यथा—
भगवती < भगवती—त अपने रूप मे स्थित है।
पव्वती < पार्वती — ,, ,,
मतनपरवसो < मदनपरवश — द के स्थान पर त आदेश हुआ है।
सतनं < सदनम् - ,, ,,
तामोतरो < दामोदर - ,, ,,
होतु < होदु—शौरसेनी के द के स्थान पर त हुआ है।

७ पैशाची मे ल के स्थान पर ळकार होता है। यथा—
सळिकं < सलिलम्, कमळ < कमलम्

८. पैशाची मे श और ष के स्थान पर स आदेश होता है। यथा—
सोभति < शोभते— श के स्थान पर स।
सोभन < शोभनं— ,,
ससी — शशि— ,, ,,
कञ्ञका < कन्यका
अभिमञ्ञू < अभिमन्यु
विसमो < विषम. ष के स्थान पर स।

९ पैशाची मे हृदय शब्द के यकार के स्थान मे पकार हो जाता है। यथा—
हितपकं < हृदयकम्—द के स्थान पर त और य के स्थान पर प।

१०. टु के स्थान पर विकल्प से तु आदेश होता है। यथा—
कुतुम्बकं < कुटुम्बकम्—

११ कहीं-कहीं र्य, स्न और ष्ट के स्थान मे रिय, सिन और सट आदेश होते हैं। यथा—
भारिया < भार्या— र्, य् का पृथक्करण और इ स्वर का आगम।
कसट < कष्टम्—

१२. यादृश, तादृश आदि के दृ के स्थान पर ति आदेश होता है। यथा—
यातिसो < यादृश, तातिसो < तादृश, भवातिसो < भवादृश
युम्हातिसो < युष्मादृश

१३ पैशाची मे शौरसेनी ज्ञ के स्थान पर ञ्ञ आदेश होता है। यथा—
कञ्ञं < कज्जं कार्यम्—शौरसेनी के ज्ज के स्थान पर ञ्ञ।

१४. शौरसेनी का सुज्ज शब्द यहाँ ज्यों का त्यों रहता है। यथा –

सुज्जो < सूर्यः

१५. पैशाची में स्वरों के मध्यवर्ती क्, ग्, च्, ज्, त्, द्, य् और व् का लोप नहीं होता। यह प्रवृत्ति प्राचीन प्राकृत की है।

लोक < लोक, इंगार < अंगार, सपथ < शपथ

१६ पैशाची मे ख् भ् और ध् ध्वनि के स्थान पर ह् नहीं होता। यथा —

साखा < शाखा, पतिभास < प्रतिभास

१७ पैशाची मे ट के स्थान पर ड और ठ के स्थान पर ढ नहीं होता। यथा —

भट < भट, मठ < मठ

१८ रेफ के स्थान पर ल और ह के स्थान पर घ नही होता। यथा —

गरुड < गरुड रेफ के स्थान मे ल नही हुआ

दाह < दाह– ह के स्थान में घ नही हुआ।

१९ शब्दो रूपो में पञ्चमी के एकवचन में आतो और आतु प्रत्यय होते हैं। यथा —

जिनातु, जिनातो < जिनात्

२० पैशाची मे तद् और इदम् शब्दो मे टा प्रत्यय सहित पुल्लिङ्ग मे नेन और स्त्रीलिङ्ग मे नाए आदेश होते हैं। यथा –

नेन कितसिनानेन < तेन कृतस्नानेन

पूजितो च नाए < पूजितश्चानया

२१ क्रियारूपो मे पैशाची मे दि और दे के स्थान पर ति और ते प्रत्यय होते हैं।

२२. पैशाची मे भविष्यत्काल में स्सि, प्रत्यय के स्थान पर एय्य प्रत्यय जोड़ा जाता है। यथा—

त तद्घून चिन्तित रञ्ञा का एसा हुवेय्य < तां दृष्ट्वा चिन्तितं राज्ञा का एषा भविष्यति

२३ पैशाची मे भाव और कर्म मे ईअ तथ इज्ज के स्थान मे इय्य प्रत्यय होता है।

गिय्यते < गीयते, रमिय्यते < रम्यते

२४ क्त्वा प्रत्यय के स्थान पर पैशाची मे तून, त्थून और द्घून प्रत्यय होते हैं। यथा—

पठितून < पठित्वा, गन्तून < गत्वा

नद्दून, नत्थून < नष्ट्वा तत्थून, तद्दून < दृष्ट्वा

चूलिका पैशाची

चूलिका पैशाची पैशाची का ही एक भेद है। इसका सम्बन्ध सभवत 'चूलिग्' अर्थात् काशगर से माना जाय तो अनुचित न होगा। उस प्रदेश के समीपवर्ती चीनी, तुर्किस्तान से मिले हुए पट्टीकालेखो मे इसकी विशेषताएँ पायी जाती हैं। चूलिका पैशाची के कुछ उदाहरण हेमचन्द्र के कुमारपाल और जयसिंह सूरि के हम्मीरमर्दन नामक नाटक तथा षड्भाषा स्तोत्रो मे पाये जाते है। आचार्य हेमचन्द्र के अतिरिक्त षड्भाषा चन्द्रिका के रचयिता पं० लक्ष्मीधर ने इसे स्वतन्त्र भाषा मानकर अनुशासन लिखा है। इसकी ध्वनि परिवर्तन सम्बन्धी निम्न विशेषताएँ हैं —

१ चूलिका पैशाची मे र् के स्थान में विकल्प से ल् होता है। यथा—

गोलो < गोरो, चलन < चरण,

लुद्द < रुद्र, लाचा < राजा

लामो < रामो, हल < हरम्

२. चूलिका पैशाची मे पैशाची के समान ही वर्ग के तृतीय और चतुर्थ वर्णों के स्थान पर प्रथम और द्वितीय वर्ण होते हैं। यथा -

मक्कनो < मार्गण: ग् के स्थान पर क् संयुक्त रेफ का लोप होने से क को द्वित्व —

नको < नग ग् के स्थान पर क

मेखो < मेघ - घ् ध्वनि के स्थान पर ख्।

वखो < व्याघ्र संयुक्त य् का लोप, संयुक्त रेफ का लोप, घ को ख।

चीमूतो < जीमूत — ज् ध्वनि के स्थान पर च ध्वनि। यह पैशाची रूप है।

छलो < झर — झ ध्वनि को छ और र् को ल।

तटाक < तडागम्— ड् ध्वनि को ट तथा ग् को क।

टमलुको < डमरुक ड् ध्वनि को ट्, र् ध्वनि को ख।

ठक्का < ढक्का— ढ् ध्वनि को ठ

तामोतलो < दामोदर. द ध्वनि के स्थान पर त और रेफ को ल।

मथुलो < मधुर. ध को थ् और रेफ को ल्

थाला < धारा — ,, ,,

पालो < बाल —ब् के स्थान पर प्।

लफसो < रभस.—रेफ के स्थान ल् और भ के स्थान पर फ।

फकवती < भगवती—भ् के स्थान पर फ्।

चलनग्ग < चरणाग्र—रेफ को ल्, ण, को न्।

३ चूलिका पैशाची मे तृतीय और चतुर्थ वर्ण जब शब्द के आदि में आते हैं तो उक्त नियम लागू नहीं होता[1]। यथा –

गति < गति —हेमचन्द्र के पूर्ववर्ती आचार्यों के मते से ग् के स्थान पर क् नही हुआ।

धम्मो < धर्मः—ध के स्थान पर थ् नही हुआ।

घनो < घन —घ के स्थान पर ख् नही हुआ।

जनो < जन —ज् के स्थान पर च नही हुआ।

नियोजितं < नियोजितम् —युज् धातु मे भी उक्त नियम नही लगा।

झल्लरी < झल्लरी– प्राचीनो के मत से झ के स्थान पर छ् नहीं हुआ।

४ शब्दरूप और धातुरूप चूलिका पैशाची मे पैशाची के समान ही होते हैं, परन्तु ध्वनि परिवर्तन के नियमो का प्रयोग कर लेना आवश्यक है। यथा –

फोति < भवति भ् को फ् हुआ है।

फवते < भवते „ „

फवति < भवति „ „

फोइय्य < भोइय्य

इन प्रधान प्राकृतो के अतिरिक्त नाटको मे जहा-तहां अन्य प्राकृतो के अवतरण एव व्याकरणो मे उनके कुछ लक्षण पाये जाते हैं। मृच्छकटिक में शाकारी ढक्की तथा अन्यत्र शाबरी और चाण्डाली पायी जाती है। मार्कण्डेय ने प्राकृत के चार भेद किये हैं भाषा, विभाषा, अपभ्रंश और पैशाची। भाषाओ के महाराष्ट्री, शौरसेनी, प्राच्या, अवन्ती और मागधी ये पाँच भेद बतलाये हैं तथा विभाषाओ के शाकारी, चाण्डाली, शाबरी आभीरिका एव शाकारी ये पाँच भेद हैं। अपभ्रंश के २७ भेद और पैशाची के कैकेयी, शौरसेनी एवं पाञ्चाली ये तीन भेद किये हैं।

अन्य प्राकृत

इनमे शाकारी मागधी की एक बोली है। मार्कण्डेय ने "मागध्या शाकारी साध्यतीति शेष." लिखा है। शाकारी मे तालव्य वर्णो से पहले य बोलने का प्रचलन था अर्थात् सम्कृत तिष्ठ के स्थान पर यचिष्ठ बोला जाता था। इस य का उच्चारण इतने हलके रूप मे होता था, जिससे कविता मे इसकी मात्रा गिनी नहीं

१. नादि–युज्योरन्येषाम्–४।३२७ चूलिकापैशाचिकेपि अन्येषामाचार्याणां मतेन तृतीयतुर्ययोरादौ वर्तमानयोर्युजिधातौ च आद्यद्वितीयौ न भवत.। हेम० तथा अन्येषामादियुजि न ३।२।६६–चूलिकापैशाच्यामन्येषामाचार्याणा मते गजडदबघझढधभामादौ वर्तमानाना युजिधातौ चकारादयो न भवन्ति। लक्ष्मीधर षड्भाषा च० यह प्राचीन मत है, आचार्य हेमचन्द्र या लक्ष्मीधर का नहीं है।

जाती थी। मार्कण्डेय के अनुसार यह नियम मागधो और व्राचड अपभ्रंश मे भी प्रयुक्त होता था। इस बोली की अन्य विशेषताओं मे त के स्थान पर द का प्रयोग; अकरान्त सज्ञा शब्दो के षष्ठी एकवचन मे अश्श के साथ-साथ आह का प्रयोग, सप्तमी के अन्त मे आहि और सम्बोधन बहुवचन के अन्त मे आहो का प्रयोग भी परिगणित हैं। पृथ्वीधर ने शाकारी को अपभ्रंश कहा है। उनका यह कथन तर्कसंगत है, यत. शाकारी मे अपभ्रंश की अनेक प्रवृत्तियां मिश्रित हैं।

चाण्डाली बोली मागधी और शौरसेनी के मिश्रण से उत्पन्न हुई है। मार्कण्डेय के अनुसार मागधी को एक बाली बाल्हीकी भी है। कुछ विद्वान् इसे पिशाचभूमि को बोली मानते हैं। तथ्य यह है कि मागधी भाषा मे स्थान भेद के कारण अनेक बोलियों का मिश्रण है। यही कारण है कि क्ष के स्थान पर कहीं ह्क् और कही श्क, र्थ के स्थान पर कही स्त और श्त, ष्क के स्थान पर कहीं स्क और श्क का व्यवहार पाया जाता है। अतएव चाण्डाली बोली एक जाति विशेष की बोली थी, जिसका विकास मागधी और शौरसेनी के मिश्रण से हुआ था।

ढक्की बोली भी मागधी का एक उपभेद है। पूर्व बङ्गाल मे स्थित ढक्क प्रदेश के नाम पर एक प्रकार की प्राकृत बोली का नाम ढक्की है। मृच्छकटिक मे जुआकर का मालिक और उसके साथी इस बोली मे बात-चीत करते हैं। भौगोलिक परिस्थितियो के अनुसार यह बोली मागधी और अपभ्रंश बोली बोलने वाले प्रदेशो के बीच बोली जाती थी। इसमे रकार का जोर है और तालव्य शकार तथा दन्त्य सकार का भी प्रयोग होता है। इस बोली मे के रुद्ध स्थान पर लुद्ध, परिवेपित के स्थान पर पलिवेविद, कुरुकुरु के स्थान पर कुलुकुलु, धारयति के स्थान पर धालेदि, पुरुष के स्थान पर पुलिसो का प्रयोग पाया जाता है। ढक्की मे मागधी के सामान रेफ के स्थान पर ल का प्रयोग होना अनिवार्य है। तथ्य यह है कि ग्राम्य भाषा की प्रवृत्तियो मे यह प्रायः देखा जाता है कि पूर्वी प्रभाव से र् के स्थान पर ल् उच्चरित हो जाता है।

आवन्ती बोली महाराष्ट्री और शौरसेनी के मिश्रण से उत्पन्न हुई थी। आवन्ती उज्जैन के आस-पास की बोली थी। इसमे रेफ और सकार के साथ मुहावरो की भरमार है। इस बोली मे भवति के स्थान पर होइ, प्रेक्षते के स्थान पर पेच्छदि और दर्शयति के स्थान पर दरिसेदि रूप पाये जाते है। इस बोली में महाराष्ट्री और शौरसेनी के पद एक साथ प्रयुक्त है, कहीं-कही इन दोनो के मिश्रण से उत्पन्न वजइ, कहिज्जदि जैसे मिश्रित पद भी पाये जाते हैं। इस बोली को बोलने वाला चन्दनक अपने को दाक्षिणात्य कहता है। अतः चन्दनक की

बोली को आवन्ती मानना कुछ अटपटा जरूर लगता है। नाट्यशाला के अनुसार शिकारी और कोतवाल की यह बोली होनी चाहिए।

शाबरी भाषा शबर जाति की बोली है। यह मागधी का विकृत रूप है। आभीरी अनुमानत पश्चिम की बोली थी। आभीर जाति सिन्धु के पश्चिम में रहनेवाली जाति थी। आभीरों का आधिपत्य गुप्तसाम्राज्य की सीमा पर मालवा, गुजरात और राजस्थान मे बताया गया है। शनै शनैः यह जाति मध्यभारत एवं पूर्वी प्रदेशों में भी फैल गयी और इसका प्रभुत्व बढ़ता गया। आभीरी भाषा को अपभ्रंश भी कहा गया है। बहुत संभव है कि आरम्भिक आभीरी शौरसेनी और पैशाची का मिश्रित रूप रही हो। उत्तरकाल मे परिनिष्ठित होकर अपभ्रंश के रूप में विकसित हुई हो।

इस प्रकार प्राकृत वैयाकरणो ने प्राकृत भाषाओं का विवेचन किया है। साहित्य मे प्रयुक्त होनेवाली शौरसेनी, महाराष्ट्री, अर्धमागधी, और पैशाची प्रमुख हैं। अवशेष प्राकृतो का छिट-पुट प्रयोग नाटकों मे पाया जाता है।

द्वितीय युग या मध्ययुग साहित्यिक प्राकृतो के विकास के लिए बहुत महत्त्व-पूर्ण है। इस युग की भाषा का संस्कृत पर भी पर्याप्त प्रभाव है। संस्कृत नाटक-कार तो एक प्रकार से पहले संस्कृत मे कथोपकथन लिख देते थे, पश्चात् उसका प्राकृत में अनुवाद करते थे। परिणाम यह हुआ है कि वेणीसंहार और मुद्राराक्षस जैसे नाटको की प्राकृत मे पर्याप्त कृत्रिमता आ गयी है। उन नाटकों की प्राकृतो मे प्राकृत का निजी स्वभाव अत्यन्त विकृत रूप मे प्रस्तुत हुआ है। इतना होने पर भी भाषाविकास की एक निश्चित रूपरेखा उपलब्ध होती है। जन-बोली के रूप में प्राकृत का विकास किस प्रकार हुआ है और परिनिष्ठित हो साहित्य में कैसे प्रयुक्त होती रही यह उपर्युक्त अध्ययन से अवगत किया जा सकेगा।

मध्य भारतीय आर्यभाषा के बहुत से शब्द वट < √वृत्, नापित < √स्ना, लांचन < लक्षण, पुत्तल < पुत्र, भट्टारक < भर्तः, भट < भृत, को अपनाने के साथ संस्कृत मे धातुओ एव गण सम्बन्धी विकरण भी प्राकृतो से संस्कृत मे प्रविष्ट हुए। वाक्यो का गठन एवं पदो का निर्माण सस्कृत एवं प्राकृत मे इतना साम्य रखता है कि इन दोनो भाषाओ को एक ही मूल भाषा की दो शैलियाँ माना जा सकता हैं। अतएव संक्षेप में इतना ही कहना पर्याप्त है कि साहित्यिक प्राकृत और साहित्यिक सस्कृत मे भेदक रेखा खोचना कठिन है। अत इन दोनो का आन्तरिक गठन बहुत कुछ अंशो में समान है।

चतुर्थोऽध्याय

द्वितीय स्तरीय तृतीय युगीन या अर्वाचीन प्राकृत अपभ्रंश

विक्रम की पहली शताब्दी मे प्राकृत भाषा साहित्यिक रूप धारण करने लग गयी थी। जब वैयाकरणो ने इसे भी संस्कृत के समान साहित्य और व्याकरण के नियमो से अनुशासित कर दिया तथा यह परिनिष्ठित स्वरूप में आश्रय ग्रहण करने लगी, तो जनभाषा के स्वरूप से दूर हट गयी। फलत परिनिष्ठित प्राकृतो के अतिरिक्त एक नयी तृतीय युगीन प्राकृत का विकास हुआ जिसका नाम भाषा-शास्त्रियो ने अपभ्रंश रखा। यह प्राकृत तथा नव्य भारतीय आर्यभाषाओ के बीच की महत्वपूर्ण कडी है। इस अपभ्रंश के प्राकृत रूप अवहंस[1], अवब्भंस, अवहट्ट, अवहत्थ आदि भी मिलते है।

अपभ्रंश शब्द का सर्व प्रथम प्रयोग पतञ्जलि के महाभाष्य में मिलता है[2], किन्तु वहाँ यह शब्द भाषावैज्ञानिक अर्थ मे प्रयुक्त न होकर अपाणिनीय पद के लिए प्रयुक्त हुआ है। पतञ्जलि के समय तक अपभ्रंश भाषा की प्रवृत्तियाँ देश्यभाषाओ मे प्रस्फुटित नही हुई थीं। भरत मुनि ने नाट्य शास्त्र मे प्राकृत पाठ्य का संकेत करते समय विभ्रष्ट शब्द का प्रयोग किया है[3]। इस शब्द का यहाँ प्रयोग तद्भव शब्दो के लिए हुआ है। भरत मुनि के समान, विभ्रष्ट और देशी शब्दो की व्याख्याएँ स्पष्ट करती हैं कि उकारबहुला विभाषा थी, जो अपभ्रंश के निकट है। हिमालय के पार्वत्य प्रदेश, सिन्धु और सौवीर प्रदेश के निवासी उकारबहुला विभाषा का प्रयोग करते थे। संभवतः वह अपभ्रंश का ही पूर्वरूप रहा होगा।

अपभ्रंश का अर्थ भ्रष्ट, च्युत, स्खलित, विकृत या अशुद्ध है। अर्थात् भाषा के सामान्य मानदण्ड से जो शब्द रूप च्युत हो, वे अपभ्रंश हैं। अपभ्रंश के जन्म काल मे पाणिनीय व्याकरण का नियन्त्रण शब्दो पर था, जो शब्द इस

१ ता किं अवहंस होहइ त सक्कय पाय उभय सुद्धासुद्ध. . . . मणोहरम्

—कुवलयमाला

२. एकस्यैव शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः तद्यथा गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिकेत्येवमादयोऽपभ्रंशाः।—महाभाष्य १।१।१

३. समानशब्दं विभ्रष्टं देशीमतमथापि च—ना० शा० १८।३

नियन्त्रण के अन्तर्गत नहीं आते थे, वे अपाणिनीय रहने के कारण अपभ्रंश कहे जाते थे। अपभ्रंश से आचार्यों की घृणा व्यक्त नहीं होती है, बल्कि उनके एक विशेष दृष्टिकोण का पता इससे लगता है। महाकवि दण्डी ने[1] इसी परम्परा की ओर संकेत करते हुए कहा है कि शास्त्र में संस्कृत से इतर शब्द को अपभ्रंश कहा जाता है। यहाँ शास्त्र का अर्थ संस्कृत का व्याकरणशास्त्र है। दण्डी के इस कथन की पुष्टि अनेक वैयाकरणों के मतों से भी होती है। भर्तृहरि (५वीं शती) ने संस्कार हीन शब्दों को अपभ्रंश कहा है। यहाँ यह ज्ञातव्य है कि संस्कृत से इतर भाषा के लिए प्राकृत और संस्कृत से इतर शब्द के लिए अपभ्रंश शब्द का प्रयोग किया गया है। इस प्रयोग से स्पष्ट है कि भर्तृहरि ने पाणिनि से असिद्ध शब्दों को अपभ्रंश कहा है[2]। महाभाष्य के टीकाकार कैयट (१० शती) ने उन शब्दों को अपभ्रंश बताया है जो, साधु शब्दो के समान अर्थ में लोक मे प्रयुक्त होते हैं[3]।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि संस्कृतेतर भाषाओ अथवा बोलियो को अपभ्रंश कहा गया है। दण्डी का यह कथन भी स्मरणीय है कि आभीर आदि की भाषा अपभ्रंश है[4]। चण्ड ने "न लोपोऽपभ्रंशेऽधो रेफस्य" ३९ अ० वि० सूत्र में अपभ्रंश का भाषा के रूप में उल्लेख किया है। आलंकारिको मे भामह ने अपभ्रंश को काव्यशैलियो की भाषा कहा है[5]। तथ्य यह है कि जो अपभ्रंश शब्द ई० पू० द्वितीय शताब्दी में अपाणिनीय अपशब्द के लिए प्रयुक्त होता था, वही ई० सन् की छठी शताब्दी तक आते-आते एक साहित्यिक भाषा के रूप को प्राप्त हो गया। यही कारण है कि वलभी के राजा धरसेन द्वितीय के ताम्रपत्र (षष्ठ शती ई०) में धरसेन के पिता गुहसेन को संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश भाषाओं की प्रबन्ध-रचना मे निपुण कहा है[6]।

संस्कृत के आचार्यों ने तो इसे देशभाषा कहा ही है पर अपभ्रंश के कवियो ने भी अपनी भाषा को देशभाषा के रूप मे स्वीकार किया है। महाकवि स्वयंभू ने

१. काव्यादर्श अ. ३६
२. शब्दसंस्कारहीनो यो गौरिति प्रयुयुक्षिते।
तमपभ्रंशमिच्छन्ति विशिष्टार्थनिवेशिनम्॥
वाक्यपदीय १ का०, कारिका १४८
३ अपशब्दो हि लोके प्रयुज्यते साधुशब्दसमानार्थश्च।
४. आभीरादिगिरः काव्येष्वपभ्रंश इति स्मृता —का० आ० १।३६
५. शब्दार्थौ सहितौ काव्यं गद्यपद्यञ्च तद्द्विधा।
संस्कृतं प्राकृतं चान्यदपभ्रंश इति त्रिधा॥—काव्यालङ्कार १.१६
६ संस्कृतप्राकृतापभ्रंश भाषात्रय-प्रतिबद्ध-प्रबन्धरचना-निपुणान्तःकरणः।

अपने रामायण को 'देशी भाषा' या 'ग्रामीण भाषा' में रचित लिखा है[1]। पुष्पदन्त ने भी अपनी भाषा को 'देसी' नाम से अभिहित किया है[2]। मध्य भारतीय आर्य-भाषा साहित्य में अपभ्रंश से पहले प्राकृत को देशी भाषा कहे जाने की प्रथा थी और जब प्राकृत साहित्य के आसन पर आरूढ़ हुई तो अपभ्रंश—लोक भाषा को देशी भाषा कहा जाने लगा। आशय यह है कि प्रत्येक युग में साहित्यिक भाषा के समानान्तर कोई न कोई देशी भाषा अवश्य रहती है और यही देशी भाषा उस साहित्यिक भाषा को नया जीवन प्रदान कर सदैव विकसित करती चलती है। छान्दस् से प्राकृत भाषा का विकास हुआ और प्राकृत को भी अपने रूढ़ि-बन्धनों को दूर करने के लिए लोकभाषा की सहायता लेनी पड़ी, फलतः भारतीय आर्य भाषा में अपभ्रंश की उत्पत्ति हुई, जिससे आगे चलकर सिन्धी, गुजराती, राजस्थानी, पंजाबी ब्रज, अवधि आदि आधुनिक भारतीय भाषाओं का जन्म हुआ।

भाषाशास्त्रियों का मत है कि भाषाओं के विकासक्रम में ऐसी अवस्था आती है, जब प्रारम्भिक देशी भाषा शिष्टों की साहित्यिक भाषा बन जाती है और शब्दानुशासक उसका अनुशासन लिखते समय शिष्ट प्रयोगों को समक्ष रखते हैं। जिस अपभ्रंश को महाकवि स्वयंभू ने 'गामेल्ल भासा' कहा है, ई० ११वीं शताब्दी के वैयाकरण पुरुषोत्तम ने उसे शिष्ट प्रयोग से जानने की सलाह दी है[3]।

यह सत्य है कि अपभ्रंश तृतीय युग की प्राकृत है। यह कभी बोल-चाल की भाषा थी या नहीं, पर्याप्त विवादास्पद है। पिशेल, ग्रियर्सन, भण्डारकर, चटर्जी, बुलनर जैसे विद्वानों ने अपभ्रंश को देशभाषा माना है। पर याकोबी, कीथ, ज्यूल, ब्लाख, आल्सडोर्फ प्रभृति विद्वान् अपभ्रंश को देशभाषा मानने में इंकार करते हैं। पिशेल ने लिखा है 'मोटे तौर पर देखने से पता चलता है कि प्रामाणिक संस्कृत से जो बोली थोड़ा बहुत भी भेद दिखाती है, वह अपभ्रंश है। इसलिए भारत की जनता द्वारा बोली जानेवाली भाषाओं का नाम अपभ्रंश पड़ा और बहुत बाद को प्राकृत भाषाओं में से एक बोली का नाम भी अपभ्रंश रखा गया। यह भाषा जनता के रात-दिन के व्यवहार में आनेवाली बोलियों से उपजी और प्राकृत की अन्य भाषाओं की तरह थोड़े बहुत फेर-फार के साथ साहित्यिक भाषा बन गई[4]।' इससे स्पष्ट है कि एक प्रकार की अपभ्रंश शब्द-

१. देसीभाषा उभय तडुज्जल' ' गामेल्ल भास परिहरणाइं—
पउमचरिउ १।१

२. णउ हउं होमि ''देसि ण वियाणमि —महापुराण १।८

३ "शेषं शिष्टप्रयोगात्"—पुरुषोत्तम १७-२१।

४. प्राकृतभाषाओं का व्याकरण—बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्—पृ० ५७।

रचना और रूपरचना मे प्राकृत की लीक को नहीं छोड़ती है और दूसरी अपभ्रंश बोलचाल की भाषा रही है। अपभ्रंश के इन दोनो रूपों की सिद्धि सर जार्ज ग्रियर्सन के "लैंग्वेजेज ऑव इण्डिया" निबन्ध से भी होती है। इन्होने प्राकृतों को प्रारम्भिक अपभ्रंश कहा है, पर साथ ही परवर्ती अथवा वास्तविक अपभ्रंश से उन्हें भिन्न माना है[1]। 'लिंग्विस्टिक सर्वे ऑव इण्डिया' मे ग्रियर्सन ने अपभ्रंशो को प्राकृत का स्थानीय अथवा प्रादेशिक विकार कहा है। इसी प्रकार 'ऑन द माडर्न इण्डो आर्यन वर्नाक्यूलर्स' (इण्डियन एन्टीक्वेरी, जिल्द ६०) मे उन्होंने अपभ्रंश के अन्तर्गत बोलचाल की प्राकृतो को लेने से इंकार करते हुए अपभ्रंश को साहित्यिक प्राकृतों के बाद की देशभाषा माना है। स्पष्ट है कि अपभ्रंश मे देशी-भाषा के तत्त्व अवश्य हैं। यह सम्भव है कि अपभ्रंश बोलचाल की भाषा न भी रही हो, पर इतना तो मानना पड़ता है कि पूर्ववर्ती साहित्यिक प्राकृत ही देशी-भाषा के योग से अपभ्रंश की अवस्था मे विकसित हुई है। नमि साधु ने काव्या-लंकार की टीका मे "प्राकृतमेवापभ्रंश" द्वारा प्राकृत को ही अपभ्रंश कहा है[2]। इनके मत में अपभ्रंश महाराष्ट्री प्राकृत पर आधारित है और वह मागधी आदि अन्य प्राकृतो से विशिष्ट है।

अपभ्रंश का विस्तार क्षेत्र— अपभ्रंश भाषा का प्रयोग ई० पू० की प्रथम शताब्दी से ही मिलने लगता है। भरत के नाट्यशास्त्र के अतिरिक्त महाकवि कालिदास के विक्रमोर्वशीय नाटक के चतुर्थ अङ्क में अपभ्रंश के कुछ दोहे भी मिलते हैं। याकोबी, एस० पी० पण्डित आदि विद्वान् इन पद्यों को कालिदास कृत नहीं मानते हैं, परन्तु डॉ० ए० एन० उपाध्ये और डॉ० ग० वा० तगारे इन दोहो की प्रामाणिकता मे आशंका नहीं करते। फलतः अपभ्रंश मे साहित्य रचना चतुर्थी शताब्दी से मानना अनुचित नहीं है। कुछ विद्वानो का मत है कि ईस्वी छठी शताब्दी से अपभ्रंश मे काव्यरचनाएँ आरम्भ होकर १६वीं शताब्दी तक होती रही। हेमचन्द्र के व्याकरण मे आये हुए अपभ्रंश के दोहे इस बात के साक्षी हैं कि अपभ्रंश और ग्राम्यभाषा मे भेद हो गया था। अत' १२वीं शती तक अपभ्रंश लोकभाषा का पद छोड़ साहित्यिक भाषा का पद ग्रहण कर चुकी थी। व्याकरण के नियमो में बद्ध भी हो चुकी थी।

उकारबहुला भाषा का विधान भरत मुनि ने हिमवत् सिन्धु और सौवीर देशो के लिए किया था। इससे स्पष्ट है कि अपभ्रंश का विस्तार उत्तर-पश्चिमी प्रदेशो से आरम्भ हुआ। ई० सन् की दसवीं शताब्दी के विद्वान् राजशेखर ने

---

१. जिल्द १, पृ० १२३।

२ रुद्रटकृत काव्यालंकार २–१२ की टीका।

लिखा है[1]— "सापभ्रंशप्रयोगाः सकलमरुभुवष्टक्कभादानकाश्च" अर्थात् सकल मरुभूमि, टक्क और भादानक। मरुभूमि का तात्पर्य राजस्थान से है और टक्क प्रदेश की स्थिति विपाशा और सिन्धु नदी के बीच मानी जाती है। भादानक की स्थिति के सम्बन्ध में मतभेद है, सम्भवतः टक्क और मरु के साथ उल्लेख रहने से यह प्रदेश भी विनशन—थानेसर से शतलज के मध्य का भाग होना चाहिए। यत महाभारत (सभापर्व, ३२ अध्याय) मे भाटधान या भादान जनपद का उल्लेख मिलता है, जो उत्तर भारत मे था। अतएव राजशेखर के समय तक अपभ्रंश का विस्तार राजपूताना और पंजाब तक हो चुका था। अपभ्रंश का आज जो साहित्य उपलब्ध हैं, उसका रचनास्थान राजस्थान, गुजरात, पश्चिमोत्तर भारत, बुन्देलखण्ड, बंगाल और दक्षिण मे धान्यखेट तक विस्तृत प्रतीत होता है। अतएव यह मानना तर्क संगत है कि हेमचन्द्र के समय तक अपभ्रंश का विस्तार समस्त उत्तर भारत और दक्षिण तक हो चुका था।

अपभ्रंश को कुछ विद्वानो ने आभीरो की बोली कहा है। महाभारत में ई० पू० दूसरी शताब्दी तक पश्चिमोत्तर भारत मे आभीर जाति के पाये जाने का उल्लेख मिलता है। नकुल के प्रतीची-विजय-प्रसग मे आभीरो को सिन्धु के किनारे रहनेवाला कहा है[2]। शल्यपर्व में बलदेव की तीर्थयात्रा के सन्दर्भ मे बताया गया है कि राजा ने उस विनशन में प्रवेश किया जहाँ शूद्र आभीरो के कारण सरस्वती नष्ट हो गई[3]। अर्जुन वृष्णियो की विधवाओ को लेकर जब द्वारका जा रहे थे, उस समय पञ्चनन्द में प्रवेश करते समय महिलाओ को आभीरो ने छीन लिया था[4]। ई० ३६० के समुद्रगुप्त के प्रयागवाले लौह स्तम्भ लेख के अनुसार आभीर जाति उस समय गुप्तसाम्राज्य की सीमा पर राजस्थान, मालवा, दक्षिण-पश्चिम एव पश्चिमी प्रदेशो मे डटी हुई थी। पुराणो के अनुसार आन्ध्रभृत्यो के बाद बकन आभीरो के ही हाथ मे आया और छठवी शती क बाद से निकल गया। जार्ज इलियट ने लिखा है कि ८वीं शताब्दी मे काठी जाति के प्रवेश के समय गुजरात का अधिकाश भाग आभीरो के हाथ म था[5]। खानदेश मे भी आभीरो के निवास के प्रमाण मिले हैं। मध्यदेश मे मिर्जापुर जिले का अहिरौरा आभीरो के नाम से प्रसिद्ध माना जाता है।

१ काव्यमीमासा दशमोऽध्याय·
२ पर्व २, अध्याय ३२, श्लोक १०
३. पर्व ६, अध्याय ३७ श्लोक ७
४ महाभारत पर्व १६ अध्याय ७, श्लोक ४६–४७
५ लिंग्विस्टिक सर्वे ऑव इण्डिया, जि० १, भाग १, पृ० १२५ की पादटिप्पणी

उपर्युक्त उल्लेखों से स्पष्ट है कि आभीर जाति बड़ी दुर्धर्ष और पराक्रमी थी, यह समस्त उत्तर भारत में व्याप्त हो गयी थी। गुर्जर भी इसी के अंग थे। महाकवि दण्डी ने अपभ्रंश को आभीरों की भाषा कहकर इस बात की ओर संकेत किया है कि यह ग्रामीण भाषा थी और बोलनेवालो में आभीरो की संख्या अधिक थी। यह भी सभव है कि आभीरों और गुर्जरों के अतिरिक्त ऐसी ही अन्य गोपालक जातियो ने अपभ्रंश के प्रसार में योग दिया होगा, इसीलिए नमिसाधु ने "आभारी भाषा अपभ्रंशस्था कथिता" लिखा है। निष्कर्ष यह है कि अपभ्रंश के बोलने वालो में आभीर, गुर्जर आदि चाहे जिस जाति की प्रधानता रही हो, परन्तु भौगोलिक दृष्टि से वह प्रायः पश्चिमी भारत की बोली थी। नागर अपभ्रंश—परिनिष्ठित अपभ्रंश इसी बोली का साहित्यिक रूप है। कुछ लोग इसे शौरसेनी अपभ्रंश भी कहते हैं। डॉ० ग्रियर्सन ने बताया है—"साहित्यिक अपभ्रंश मूलतः पश्चिमी भारत की बोली होते हुए भी ८वीं से १३वीं शताब्दी तक समूचे उत्तर भारत की साहित्यिक भाषा थी[1]।" रचनाओं को दृष्टि से विचार करने पर ज्ञात होता है कि एक ओर बंगाल मे सरह और कारह जैसे सिद्ध कवियो ने दोहाकोशो की रचना की दूसरी ओर मिथिला मे ज्योतिरीश्वर और विद्यापति ने स्थानीय बोली का पुट देकर साहित्यिक अपभ्रंश मे ग्रन्थ लिखे। तीसरी ओर मुल्तान मे अब्दुल रहमान ने सदेशरासक जैसा प्रेमकाव्य लिखा, चौथी ओर दक्षिण मे मान्यखेट के पुष्पदन्त ने इसी वाणी को अपनी रचना का माध्यम बनाया। कनकामर और स्वयंभू ने भी इसी मे रचनाएँ लिखी। इस प्रकार अपभ्रंश का क्षेत्र पूर्व में बगाल, विदेह, पश्चिम मे राजस्थान और सौराष्ट्र, दक्षिण मे दक्कन एवं मान्यखेट, उत्तर भारत मे बुन्देलखण्ड, कान्यकुब्ज, मालवा एव उत्तरपश्चिम मे पंजाब तक विस्तृत था। इस भाषा को राजकीय और साम्प्रदायिक संरक्षण प्राप्त रहा। राष्ट्रकूट नरेशो ने इस भाषा की समृद्धि के लिए अनेक कवि और साहित्यकारो को संरक्षण दिया।

अपभ्रंश के भेद—डॉ० हार्नलि का मत है कि आर्यों की बोल-चाल की भाषाएँ भारत के आदिम निवासी अनार्य लोगो की भिन्न-भिन्न भाषाओ के प्रभाव से जिन रूपान्तरो को प्राप्त हुई थीं, वे ही भिन्न-भिन्न अपभ्रंश भाषाएँ हैं और ये महाराष्ट्री की अपेक्षा अधिक प्राचीन हैं। सर जार्ज ग्रियर्सन प्रभृति विद्वान् डॉ० हार्नलि के मत से सहमत नहीं हैं। इनका मत है कि साहित्यिक प्राकृतो को व्याकरण के नियमो मे आबद्ध हो जाने पर जिन नूतन

१. लिंग्विस्टिक सर्वे आव इंडिया, जि० १, भाग १, पृ० १२५ की पाद टिप्पणी।

जिन भाषाओं की उत्पत्ति हुई, वे भाषाएँ अपभ्रंश कहलायीं। डॉ० तगारे ने अपभ्रंश भाषाओं का वर्गीकरण करते हुए दक्षिणी, पश्चिमी और पूर्वी अपभ्रंश ये तीन भेद बताये हैं। उत्तरी अपभ्रंश की केवल एक कृति मिलती है, अतएव वे उत्तरी को इसमें शामिल नहीं करना चाहते हैं। डॉ० तगारे ने दक्षिणी अपभ्रंश में पुष्पदन्त के महापुराण, जसहरचरिउ और णायकुमारचरिउ तथा कनकामर के करकंडुचरिउकाव्यों की गणना की है। दक्षिणी अपभ्रंश की विशेषताओं में संस्कृत की ष् ध्वनि को छ् ध्वनि के रूप में परिवर्तित होना माना है। अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द तृतीया के एकवचन मे 'एण' प्रत्ययान्त रूप, उत्तम पुरुष एकवचन मे सामान्य वर्तमानकाल की क्रिया मि परकरूप, अन्य पुरुष बहुवचन मे 'न्ति' परकरूप एवं सामान्य भविष्यत्काल के क्रियापद के रूप मे स परक होते हैं। विचार करने पर ये प्रवृत्तियाँ अलग वर्गीकरण सिद्ध करने मे असमर्थ हैं, यत इस प्रकार के छोटे से भेद किसी प्रकार का मौलिक अन्तर उपस्थित करने मे असमर्थ हे। इन्हें शैलीगत भेद मानना ही अधिक उपयुक्त है।

भाषा प्रवृत्तियो के मर्मज्ञ याकोबी अपभ्रंश के दो भेद मानते हैं—पूर्वी और पश्चिमी। डॉ० ग्रियर्सन की यह स्थापना कि प्राकृत वैयाकरण पूर्वी और पश्चिमी दो वर्गों मे विभक्त हैं, उनके वर्गीकरण का आधार है। वररुचि, लंकेश्वर, क्रमदीश्वर, रामशर्मा और मार्कण्डेय आदि पूर्वी वर्ग से सम्बद्ध हैं तो हेमचन्द्र, त्रिविक्रम, लक्ष्मीधर, सिंहराज आदि पश्चिमी वर्ग से। याकोबी ने साहित्य और व्याकरण के उक्त दोनो आधारो को ग्रहण कर अपभ्रंश के दो भेद किये हैं। इसमें सन्देह नही कि सरह और कारह के दोहाकोशो में परिनिष्ठित अपभ्रंश के अतिरिक्त स्थानीय प्रभाव भी पाये जाते है। इस अपभ्रंश का सम्बन्ध मागधी प्राकृत से जोडना सरल है। पश्चिमी अपभ्रंश शौरसेनी और महाराष्ट्री की प्रवृत्तियो से पूर्णतया सम्बद्ध है। साहित्य मे पूर्व और पश्चिम का भेद प्राकृतकाल से ही चला आ रहा है।

प्राचीन व्याकरणो मे प्राकृतचन्द्रिका मे अपभ्रंश के २७ भेद बतलाये गये हैं। मार्कण्डेय ने व्राचड, लाटी, वैदर्भी, उपनागर, नागर, बार्बर, आवन्ती, पचाली टाक्क, मालवी, कैकेयी, गौडी, कौन्तेली, ओढ्री, पाश्चात्या, पाण्ड्या, कौन्तली, सैंहली, कालिङ्गी, प्राच्या, कार्णाटी, काञ्ची, द्राविडी, गौर्जरी, आभारी, मध्यदेशीया एवं वैतालिकी इन भेदो का अपने प्राकृतसर्वस्व मे निर्देश किया है[1]।

मार्कण्डेय ने नागर, उपनागर और व्राचड को पृथक् स्थान नहीं दिया है। स्वयं उनका विचार है—

---

१. व्राचडो लाटवैदर्भावुपनागरनागरौ।
बार्बरावन्त्यपाञ्चालटाक्कमालवकैकयाः ॥

नागरो ब्राचडश्चोपनागरश्चेति ते त्रय'
अपभ्रंशाः परे सूक्ष्मभेदत्वान्न पृथक् मताः ॥

मार्कण्डेय ने इन तीनो अपभ्रंश में बहुत थोडा सा ही भेद स्वीकार किया है। मार्कण्डेय के अनुसार पिंगल की भाषा नागर है और उसने इस भाषा के जो उदाहरण दिये हैं, वे पिंगल से ही ग्रहण किये हैं। ब्राचड को नागर अपभ्रंश से निकली भाषा कहा है। मार्कण्डेय इसे सिन्ध देश की बोली मानते हैं। 'सिन्धु-देशोद्भवो ब्राचडोऽपभ्रंश'। इसके दो विशेष लक्षण माने गये हैं—(१) च और ज के आगे य लगाया जाता है तथा (२) ष और स का रूप श में परिवर्तित हो जाता है। नागर और ब्राचड अपभ्रंशों के मिश्रण से उपनागर अपभ्रंश भाषा निकली है।

इस विवेचन के आधार पर यह निष्कर्ष निकालना सहज है कि वैभाषिक और क्षेत्रीय भेदो के रहने पर भी अपभ्रंश भाषा का एक परिनिष्ठित रूप भी था। इस परिनिष्ठित रूप का मूल आधार पश्चिमी प्रदेशो की बोलियां थी, जिन्हे ऐतिहासिक दृष्टि से शौरसेनी की प्राकृत परम्परा मे सम्मिलित किया जाता है। हेमचन्द्र ने "शौरसेनीवत् ४।४४६—अपभ्रंशे प्राय शौरसेनीवत् कार्यं भवति," लिख-कर इस तथ्य को ओर संकेत किया है। अतएव सिद्ध है कि शौरसेनी अथवा पश्चिमी अपभ्रंश ने शौरसेनी प्राकृत की अनेक विशेषताओ के साथ बहुत-सी नई विशेषताएँ भी प्राप्त कर ली थीं। अपभ्रंश के इस परिनिष्ठित रूप का वैयाकरणों ने सुन्दर विश्लेषण किया है। ध्वनि परिवर्तन और रूपनिर्माण की दृष्टि से इसका विवेचन आचार्य हेमचन्द्र के व्याकरणानुसार उपस्थित किया जाता है।

अपभ्रंश की सामान्य प्रवृत्तियां निम्नलिखित हैं.—

१ सस्कृत-प्राकृत से प्राप्त अन्त्य स्वरो का ह्रास।

२ उपान्त्य स्वरो की मात्रा सुरक्षित।

३ आद्य अक्षर मे क्षतिपूरक दीर्घीकरण द्वारा द्वित्व व्यंजन के स्थान पर एक व्यजन का प्रयोग।

४. समीपवर्ती स्वरो मे संकोच के साथ विस्तार।

गौडीद्रवैदपाश्चात्यपाण्ड्यकौन्तलसैंहलाः।
कालिङ्ग्यप्राच्यकार्णाटकाञ्च्यद्राविडगौर्जराः॥
आभीरो मध्यदेशीयः सूक्ष्मभेदव्यवस्थिता.।
सप्तविंशत्यपभ्रंशाः वैतालादिप्रभेदतः॥

— प्राकृतसर्वस्व १ पा०, ७ सूत्र पृ०, २।

५. अन्त्य स्वरलोप अथवा ह्रस्वीकरण।

६. उपधा स्वर (Penaltimate vowels) की सुरक्षा।

७. आद्य व्यञ्जन को सुरक्षित रखने की प्रवृत्ति।

८. मध्यवर्ती व्यञ्जनों के लोप तथा स्वर शेष और क्वचित् यश्रुति।

९. कारकों में परसर्गों के प्रयोग। कारको के दो समूह—(१) तृतीया और सप्तमी, (२) चतुर्थी—पञ्चमी और षष्ठी। प्रथमा-द्वितीया-सम्बोधन में विभक्ति प्रत्ययो का अप्रयोग।

१०. सर्वनाम के रूपों मे अल्पता।

११. क्रियाओ का अर्थ व्यक्त करने के लिए कृदन्तरूपो का अधिक प्रयोग।

१२. धातुओ के कालरूपो मे विविधता की कमी।

१३. आत्मनेपद का सर्वथा अभाव

१४. लिङ्ग भेद प्राय समाप्त।

१५. आद्य स्वर को पूर्णतया सुरक्षित रखना।

अनुशासन सम्बन्धी नियम

१. अपभ्रंश मे अ, इ, उ, एं और ओं ये पांच ह्रस्व स्वर और आ, ई, ऊ, ए और ओ ये पांच दीर्घ स्वर माने गये हैं। ऋ, लृ, ऐ और औ का अभाव है।

२. ऋ स्वर के स्थान पर अपभ्रंश मे अ, इ, उ, आ, ए और रि का आदेश हो जाता है। कुछ स्थानो में ऋ ज्यो की त्यो पायी जाती है। यथा—

ऋ = अ—तणु < तृण, पट्ठि < पृष्ठ, कच्चु < कृत्य

ऋ = आ—काच्चु < कृत्य

ऋ = इ—तिणु < तृण, पिट्ठि < पृष्ठ

ऋ = उ—पुट्ठि < पृष्ठ

ऋ = ए गेहु < गृह

ऋ = रि, री—रिणु < ऋण, रिसहो < ऋषभ, रीच्छ < ऋच्छ

३. लृ के स्थान पर अपभ्रंश मे इ और इलि आदेश होता है। यथा—

किन्नो, किलिन्नो < क्लृन्न।

४. ऐ के स्थान पर अपभ्रंश मे एं ए और अइ तथा औं के स्थान पर ओ, ओं और अउ आदेश होते हैं। यथा—

ऐ = एं—अवरेंक < अपरैक

ऐ = ए—देव < दैव

ऐ = अइ—दइव < दैव

औ = ओं—गोंरी < गौरी

औ = ओ - जोव्वण < यौवन

औ = अउ—पउर < पौर, गउरी < गौरी

५. अपभ्रंश में पद के अन्त मे स्थित, उं हुं हिं और हं का भी लघु—ह्रस्व उच्चारण होता है। यथा—

(क) अन्न जु तुच्छउं ते धन हे

(ख) दइवु घटावइ वणि तरहुं

(ग) तणहुं तइज्जी भंगि नवि

६. अपभ्रंश मे एक स्वर के स्थान पर प्राय दूसरा स्वर हो जाता है। यथा —

अ = इ—किविण < कृपण

अ = उ— मुणइ < मनुते

अ = ए - वेल्लि < वल्ली

आ = अ— सीअ < सीता

आ = उ—उल्ल < आर्द्र

आ = ए वेइ < दा, लेइ < ला, मेत < मात्र

इ = अ— पडिवत्त < प्रतिपत्ति

इ = ए वेल्ल < विल्व,

ई = अ—हरडइ < हरीतिकी

ई = आ— कम्हार < कश्मीर

ई = ऊ —विहूण < विहीन

ई = एँ—एरिस < ईदृश, वेण < वीणा

ई = ए—खेड्डुअ < क्रीडा

उ = अ— मउड < मुकुट, बाह < बाहु, सउमार < सुकुमार

उ = इ—पुरिस < पुरुष

उ = ओ मोग्गर < मुद्गर, पोत्थय < पुस्तक

ऊ = ए नेउर < नूपुर

ऊ = ओ—मोल्ल < मूल्य

ऊ = ओ—थोर < स्थूल

ए = इ, ई, ए - लिह, लीह, लेह < लेखा

७. अपभ्रंश मे स्वादि विभक्तियो के आने पर प्राय: कभी तो प्रातिपदिक के अन्त्य स्वर का दीर्घ और कभी ह्रस्व हो जाता है। यथा—

ढोला सामला < विट श्यामल,

धण < धन्या, सुवण्णरेह < सुवर्णरेखा

विट्ठीए < पुत्रि, पइट्ठि < प्रविष्टा

८. अनुस्वारयुक्त ह्रस्व स्वर के आगे र, श, ष, स और ह हो तो ह्रस्व को दीर्घ और अनुस्वार का लोप होता है। यथा—

वीस < विंशति, सीह < सिंह

९. अपभ्रंश को छन्द के कारण ह्रस्व को दीर्घ और दीर्घ को ह्रस्व हो जाता है। कई स्थानों पर ह्रस्व को दीर्घ न करके अनुस्वार कर देते हैं। यथा—

दसण < दर्शन, फंस < स्पर्श अंसु < अश्रु,

व्यंजन विकार

सामान्यतः शब्द के आदि व्यंजन मे विकार नहीं होता। पर ऐसे भी कुछ अपवाद हैं, जिनमे आदि व्यंजन मे परिवर्तन पाया जाता है। यथा—

दिट्ठि < धृति, धूम, धुआ < दुहिता, यादि < जाति,

१० अपभ्रंश में पद के आदि मे वर्तमान, किन्तु स्वर से पर मे आनेवाले और अ संयुक्त क, ख, त, थ, प और फ वर्णों के स्थान मे प्राय ग, घ, द, ध ब और भ होते हैं। यथा—

पिअमाणुसविच्छोहगरु < प्रियमनुष्यविक्षोभकरम्

सुघि चिंतिज्जइ माणु < सुख चिन्त्यते मानः

कधिदु < कथितम्

११. कुछ शब्दो मे दो स्वरों के बीच मे स्थित ख घ, थ, ध, फ और भ को ह होता है। यथा—

साहा < शाखा, पहुल < पृथुल

मुत्ताहल < मुक्ताफल,

१२. अपभ्रंश मे प्राकृत के समान ट के स्थान पर ड, ठ के स्थान पर ढ और प के स्थान पर व होता है। यथा—

तड < तट, कवड < कपट, सुहड < सुभट

मढ < मठ, वीढ < पीठ

दीव < द्वीप, पाव < पाप

१३. कुछ शब्दो मे अल्पप्राण वर्णों के स्थान पर महाप्राण वर्ण हो जाते हैं। यथा—

खेड्ड < क्रीड, खप्पर < कर्पर, भारथ < भारत, वसधि < वसति,

१४ दन्त्य व्यंजनों के स्थान पर मूर्धन्य व्यंजन हो जाते हैं। यथा—

पडिअ < पतित, पडाय < पताका, डहइ < दहति

१५. अपभ्रंश मे पद के आदि मे वर्तमान असंयुक्त मकार के स्थान में विकल्प से अनुनासिक वकार होता है। यथा -

कवँलु < कमल, भवँरु < भ्रमर, जिवँ < जिम,

१६ अपभ्रंश में संयोग के बाद मे आनेवाले रेफ का विकल्प से लोप होता है। यथा—

जइ केवँइ पावीसु पिउ < यदि कथञ्चित् प्राप्स्यामि प्रियम्।

१७. अपभ्रंश मे कहीं-कहीं सर्वथा अविद्यमान रेफ भी देखा जाता है। यथा—

व्रासु महारिसि एउ भणइ < व्यासो महर्षि- एतद् भणति।

१८. अपभ्रंश में प्राकृत के म्ह के स्थान मे विकल्प से म्भ आदेश होता है। यथा—

गिम्भो < गिम्हो,

१९ ड, त और रेफ के स्थान पर क्वचित् ल होता है। यथा -

ड = ल - कील < क्रीडा, सोलस < षोडश, तलाउ < तडाग।

त = ल अलसी < अतसी, विज्जुलिया < विद्युतिका

र = ल - चलण < चरण

य = ज— जमुना < यमुना, जसु < यस्य

व = प - पवट्ट < प्रवृत्त

ष = छ— छ < षट्,

ष = ह = पाहान < पाषाण

२०. स्वरों के बीच मे स्थित छ को च्छ होता है। यथा—

विच्छ < वृक्ष

२१. आदि संयुक्त व्यञ्जनो मे यदि दूसरा व्यंजन य, र, ल और व हो तो उसका लोप होता है। यथा —

जोइसिउ < ज्योतिषी, वावारउ < व्यापार

वामोहु < व्यामोह, प्रिय < पिउ, सर < स्वर

२२. अपभ्रंश मे प्राकृत के समान त्य के स्थान पर च्च, थ्य के स्थान पर च्छ और द्य के स्थान पर ज्ज होता है। यथा—

पच्चन्तं < प्रत्यन्त, मिच्छत्त < मिथ्यात्व, मज्जु < मद्य

२३. अपभ्रंश में क्ष के स्थान पर ख, छ, झ, च्छ और ह आदेश होते हैं। यथा—

खार < क्षार, खवण < क्षपण, छण < क्षण,

झिज्जइ < क्षीयते, कडक्ख < कटाक्ष, निहित < निक्षिप्त

२४. वर्णागम में स्वर या व्यञ्जन का आदि, मध्य और अन्त्य स्थान में आगम होता है। यथा—

इत्थी < स्त्री, वासु < व्यास

समासण < श्मशान, दीहर < दीर्घ

२५. वर्ण विपर्यय भी होता है। यथा—

हर < गृह, रहस < हर्ष

पद विधान की दृष्टि से अपभ्रंश में अनेक विशेषताएँ दृष्टिगोचर होती हैं। कारकरूप घट जाने से अनुसर्ग या परसर्गों का प्रयोग होने लगा।

२६. अपभ्रंश में प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के एकवचन में अकारान्त शब्दों के अन्तिम अ को उ होता है। यथा

दहमुहु < दशमुख:, तोसिय-संकरु < तोषित-शंकर:

चउमुहु < चतुर्मुखम्

२७. अपभ्रंश में तृतीया विभक्ति के एकवचन में अन्तिम अ के स्थान पर ए हो जाता है। यथा—

पवसन्ते < प्रवसता, नहे < नखेन

तृतीया एकवचन में ण और अनुस्वार दोनों होते हैं। अत: तृतीया एकवचन में तीन रूप बनते हैं। यथा—

देवे, देवें, देवेण < देवेन

२८. अपभ्रंश में तृतीया विभक्ति के एकवचन में अन्त्य अकार और ङि— सप्तमी एकवचन के स्थान में इकार और एकार होते हैं। यथा—

तलि घल्लइ, तले घल्लइ < तले क्षिपति

२९. तृतीया विभक्ति के बहुवचन में अन्त्य अकार के स्थान में विकल्प से एकार आदेश होता है और हिं प्रत्यय जुड़ जाता है। यथा—

लक्खेहिं < लक्षैः, गुणेहिं < गुणैः

३०. अकारान्त शब्दों से पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में हे और हु तथा बहुवचन में हुं प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यथा—

वच्छहे, वच्छहु गिण्हइ < वृक्षात् गृह्णाति

गिरिसिंगहुं < गिरिशृंगेभ्य:

३१. षष्ठी विभक्ति के एकवचन में सु, हो और तथा बहुवचन में हं प्रत्यय होते हैं। यथा—

तसु < तस्य, दुल्लहहो < दुर्लभस्य, सुअणस्सु < सुजनस्य

तणहं < तृणानाम् ।

३२ अपभ्रंश में इकारान्त और उकारान्त शब्दों से पर में आनेवाले आम् प्रत्यय—षष्ठी बहुवचन में हुं और हं दोनों आदेश होते हैं। यथा—

सउणिह < शकुनीनाम्, सउणिहँ < शकुनीनाम्

३३. इकारान्त और उकारान्त शब्दों से पञ्चमी के एकवचन, बहुवचन और सप्तमी के एकवचन में क्रमशः हे, हुं और हि आदेश होते हैं। यथा—

गिरिहे < गिरेः, तरुहे < तरो

तरुहं < तरुभ्यः, कलिहि < कलौ

३४. अपभ्रंश मे इकारान्त और उकारान्त शब्दो से तृतीया विभक्ति के एकवचन मे ए, ण और अनुस्वार का आदेश होता है। यथा—

अग्गिएं < अग्निना, अग्गि, अग्गिणं < अग्निना

३५. अपभ्रंश मे सु, अम्, जस् और शस् विभक्तियो का लोप हो जाता है। यथा—

एइ ति घोडा < एते ते घोटका

वालइ वग्ग < वालयति वल्गाम्

गय कुम्भइं दारन्तु < गजानां कुम्भान् दारयन्तम्

३६. अपभ्रंश मे स्त्रीलिङ्ग में वर्तमान शब्द से पर में आनेवाले ङस् (षष्ठी एकवचन) और ङसि (पञ्चमी एकवचन) के स्थान मे हे आदेश होता है। यथा—

मज्झहे < मध्यायाः, तहे < तस्या

धणहे < धन्याया

३७. स्त्रीलिङ्ग मे भ्यस् (पञ्चमी बहुवचन) मे और आम् (षष्ठी बहुवचन) के स्थान में हु आदेश होता है। यथा—

वयंसियहु < वयस्याभ्य, अथवा वयस्यानाम्

३८. नपुंसक लिङ्ग मे प्रथमा और द्वितीया के बहुवचन में इं आदेश होता है। यथा—

कमलइ < कमलानि

३९ लुप्त विभक्तिक पदो के कारण वाक्य विन्यास में अस्पष्टता का आना स्वाभाविक था, इसी कारण अपभ्रंश में परसर्गों का प्रयोग किया जाता है। यथा—

(क) करण कारक में सहुँ एवं तण परसर्गों का व्यवहार किया जाता है। यथा—

जस पवसन्ते सहुँ न गयक—[यदि प्रवास करते हुए प्रिय के साथ न गई]

(ख) सम्प्रदान में रेसि और केहिं परसर्ग जुड़ते हैं। यथा

तुहुँ पुणु अन्नहि रेसि < त्वं पुन. अन्यस्याः कृते।

(ग) अपादान मे होन्तहु और होन्त परसर्ग जोड़े जाते हैं। यथा

तहां होन्तउ आगदो < यस्मात् भवान् आगत.।

(घ) सम्बन्ध कारक से केरम, केर और केरा जोडे जाते हैं तथा सप्तमी—अधिकरण में थिउ, मज्झि एवं मज्झे का प्रयोग होता है।

चम्पयकुसुमहो मज्झि < चम्पककुसुमस्य, चम्पककुसुमेषु मध्ये

जीवहि मज्झे एइ < जीवानां जीवेषु मध्ये आयाति

सर्वनाम

४० अपभ्रंश मे अकारान्त सर्वादि शब्दो को पञ्चमी के एकवचन मे हां आदेश होता है। यथा—

जहाँ < यस्मात्, तहाँ < तस्मात्, कहाँ < कस्मात्

४१. उत्तम पुरुष एकवचन मे हउं द्वि० तृ० ग० च० प, ष० मे मइ, मज्झु एवं सप्तमी मे मइं, मइ, मज्झु रूप बनता है। प्रथमा द्वि के बहुवचन मे अम्हे, अम्हइं, तृ० अम्हेहि च० पं०, ष० मे अम्हइ और स० अम्हासु रूप होते हैं।

४२ मध्यम पुरुष एकवचन प्र० तुहु, द्वि० तु० और स० पइ, तइ तथा च० पं० ष० में तउ, तुज्झ और तुध्र। बहुवचन में प्र० द्वि मे तुम्हे, तुम्हइ तृ० तुम्हेहि, च०, प०, ष० मे तुम्हह और सप्तमी मे तुम्हासु।

४३ अन्य पुरुष एकवचन प्र० सा सु द्वि त तृ० तेण, ते च०, ष० मे तसु तासु, तस्सु, तहो, प० ता, तो, तहां सप्तमी मे तहि, तट्ठ। बहुवचन मे प्र० ते, ति, द्वि० ताइं, ते, तृ० तेहि, च० ष तहं, ताहं, ताण स० तहि।

४४ स्त्रीलिङ्ग एक व० प्र० सा, द्वि० त, तृ० ताए, च०, ष० तहे, तासु।

४५. दूरवर्ती निश्चयवाचक सर्वनाम सस्कृत अदस् का अपभ्रंश मे ओइ रूप बनता है।

४६. निकटवर्ती निश्चयवाचक सर्वनाम सस्कृत एतद् एव इदम् के अपभ्रंश में निम्नलिखित रूप बनते हैं—

ए० व० एहो, ब० व० एइ

स्त्रीलिङ्ग में—ए० व० एह, ब० व० एईउ, एहाउ, नपुंसक लि० ए० व० एहु, ब० व० एहइं, एहाइं।

४७. सम्बन्ध वाचक सर्वनाम संस्कृत 'यद्' ने अपभ्रंश मे जे, जो रूप धारण किये। प्रश्नवाचक एवं अनिश्चयवाचक संस्कृत किम् ने कोई, कि और कवण रूप ग्रहण किये।

४८. निजवाचक संस्कृत आत्मन् शब्द अपभ्रंश में अप्प एवं अप्प रूपों को प्राप्त हुआ है। परिमाणवाचक सर्वनाम वड्ड, तुल, त्तिय, त्तिउ प्रत्ययों के योग से बने। यथा—

जेवड्ड, जेत्तिय, जित्तिउ (हि० जितना)। गुणवाचक सर्वनाम इसो, एहु के योग से—जइसो, जेहु तथा सम्बन्ध वाचक तुम्हारिस और हम्हारिस रूप बनते हैं।

४९. तद्धितान्त रूप बनाने के लिए अपभ्रंश मे संज्ञा से स्वार्थ में अ, अड और उल्ल प्रत्यय होते हैं और स्वार्थिक क प्रत्यय का लोप होता है। यथा—

पथिअ < पथिक., वे दोसडा < द्वौ दोषौ

कुडुल्ली < कुण्डलिनी; चुडुल्लउ, वलुल्लडा।

५० भाववाचक संज्ञा बनाने के लिए त्व और तल प्रत्यय के स्थान में प्पण और तणु प्रत्यय जोड़े जाते हैं। तण और त्तण प्रत्यय भी आते है—

बड्डप्पणु, बड्डत्तणु, बड्डत्तणहो < महत्वम्—बडप्पन

स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए अपभ्रंश मे आ और ई प्रत्ययो मे से कोई एक प्रत्यय जोडा जाता है। यथा—

गोरडी, धूलडिआ

क्रियारूप

५१. अपभ्रंश मे संस्कृत की व्यञ्जनान्त धातु मे अ प्रत्यय जोडकर रूप बनाये जाते हैं। यथा—

कह् + अ + इ = कहइ—अ विकरण है

५२ उकारान्त धातुओ को उव, ईकारान्त को ए और ऋकारान्त धातुओं मे ऋ स्वर को अर होता है। कुछ धातुओ में उपान्त्य स्वर को दीर्घ भी हो जाता है। यथा--

सु स् + उव + इ = सुवइ < स्वपति

नी—नेइ—न् + ए + इ = नेइ < नयति

कृ — करइ—क् + अर + इ = करइ < करोति, करेइ भी बनता है।

हृ—हर ह + अर + इ = हरइ < हरति

तुष — तूसई, पुष — पूसइ।

५३. कुछ धातुओ के अन्तिम व्यञ्जन को द्वित्व हो जाता है। यथा—

फुट्—फुट्टइ, कुप्—कुप्पइ

तुट्—तुट्टइ, लग्—लग्गइ

५४. मध्यम पुरुष एकवचन मे सि, हि और बहुवचन में हु, ह प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यथा—

करहि, करसि < करोषि, करहु, करह < कुरुथ,

५५. उत्तम पुरुष के एकवचन में उं, मि तथा बहुवचन में हुं, मु प्रत्यय होते हैं।

करउं, करिमि < करोमि, करहुं, करिमु < कुर्मः

५६. आज्ञा और विधि मे प्रथम पुरुष एकवचन मे उ, बहुवचन मे हुं, मध्यम पुरुष एकवचन में इ, उ, ए और बहुवचन में हु एवं उत्तमपुरुष एकवचन में उ और बहुवचन मे उं प्रत्यय होते हैं।

५७ भविष्यत्काल मे स्य के स्थान पर स विकल्प से आदेश होता है। यथा— प्र० ए० करेसइ, बहुव० करेसहि, करेहिति; म० ए० व० करेसहि, करेससि म०ब०व० करेसहु, करेसहो, उ० ए० व० करेसमि, करोहिमि, बहुवचन करेसहुं।

५८. वर्तमान कृदन्त अंत और माण प्रत्यय जोड़कर बनाये जाते हैं। यथा—

डज्झ + अंत = डज्झंत, सिच+अत = सिचंत,

पविस्स+माण = पविस्समाण — आत्मनेपद, मण+माण = मणमाण,

५९. भूतकालिक कृदन्त बनाने के लिए अ, इअ और इय प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यथा—

हु+अ = हुअ, मुक्क्+अ = मुक्क ग+अ = गअ

गाल+इअ = गालिअ, भक्ख + इअ = भक्खिअ

कह+इय = कहिय, उप्पड + इय = उप्पाडिय

६०. पूर्वकालिक क्रिया के लिए इ, इउ, इवि, अवि, एप्पि, एप्पिणु, एविणु एवं एवि प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यथा —

लह+इ = लहि < लब्ध्वा, कर+इउ = करिउ < कृत्वा,

कर+इवि = करिवि < कृत्वा, कर+एप्पि = करेप्पि < कृत्वा,

कर + एविणु = करेविणु < कृत्वा, कर+एवि = करेवि < कृत्वा,

६१. क्रियार्थक क्रिया या हेत्वर्थ कृदन्त के लिए अपभ्रंश मे निम्न आठ प्रत्यय जोड़ने से रूप बनाये जाते हैं। यथा —

चय् + एव = चएवं < त्यक्तुम्

दा+एवं = देवं < दातुम्

भुंज्+अण = भुंजण < भोक्तुम्

कर+एप्पि = करेप्पि < कर्त्तुम्,

कर+एप्पिणु = करेप्पिणु < कर्त्तुम्,

६२. विध्यर्थक इएव्वउं, एव्वउं एवं एवा प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यथा—
कर+इएव्वउं = करिएव्वउं < कर्त्तव्यम्,
कर+एव्वउं = करेव्वउं < कर्त्तव्यम्,
कर+एवा = करेवा < कर्त्तव्यम्,

६३. शील और स्वभाव बतलाने के लिए अणअ प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यथा—
हस+अणअ = हसणअ, हसणउ।

इस प्रकार साहित्यिक प्राकृतों में अपभ्रंश भाषा अन्तिम कड़ी है और इसे भारतीय आर्यभाषा के मध्ययुग के अन्तिम युग की भाषा माना गया है। वर्णविकार एवं वर्णलोप की जिन प्रवृत्तियों के आधार पर प्राकृत भाषाओं का विकास हुआ है, वे अपभ्रंश में अपनी चरमसीमा पर पहुँच गयी हैं। अतएव अपभ्रंश भाषा में कोमलता अधिक है। अपभ्रंश का युग ई० ६०० — १२०० तक माना जाता है। अपभ्रंश भाषा से ही हिन्दी भाषा का विकास हुआ है। शब्द एवं धातु रूपों में नये-नये प्रयोग कर अपभ्रंश ने हिन्दी तथा आधुनिक आर्यभाषाओं के विकास की आधारभूमि उपस्थित कर दी है। अपभ्रंश का साहित्यिक क्षेत्र मध्यदेश है, जो कि हिन्दी का जन्मस्थान है। यह हिन्दी के विकास की पूर्वपीठिका है।

पञ्चमोऽध्यायः

प्राकृत भाषा और भाषाविज्ञान

भाषाविज्ञान के द्वारा ही भाषाओं का वैज्ञानिक विवेचन किया जाता है। प्रधानतः इसके अन्तर्गत ध्वनि, शब्द, वाक्य और अर्थ इन चारों का विचार एवं गौणरूप से भाषा का आरम्भ, भाषाओं का वर्गीकरण, भाषा की उत्पत्ति, शब्द समूह, भाषाविज्ञान का इतिहास, प्रागैतिहासिक खोज, लिपि प्रभृति विषयों का विवेचन सम्मिलित रहता है।

भाषा का मुख्य कार्य विचार-विनिमय या विचारों, भावों और इच्छाओं को प्रकट करना है। यह कार्य वाक्यों द्वारा ही सम्पन्न होता है, अतः वाक्य ही भाषा का सबसे स्वाभाविक और महत्वपूर्ण अंग हैं। वाक्यों के आधार पर ही हम भाषा का रचनात्मक अध्ययन करते हैं। वाक्यों का निर्माण शब्दों से होता है, अतः शब्दों के रूप पर विचार करना रूप तत्त्व (Morphology) कहलाता है। अयोग्यता, असमर्थता एवं अज्ञानता के कारण हम शब्दों को जिस रूप में सुनते हैं, उसी रूप में ग्रहण नहीं कर पाते और यदि ग्रहण भी कर लेते हैं तो अपनी ध्वनि के रूप में कुछ मिश्रित करके उसको प्रकट करते हैं। इस प्रकार उच्चारण की भिन्नता के कारण प्रथम शब्दों का रूप परिवर्तित होता है, अनन्तर कालान्तर में वाक्यों के रूपों में भी परिवर्तन आरम्भ हो जाता है और कुछ वर्षों में सम्पूर्ण भाषा ही एक नया कलेवर धारण कर लेती है। प्राकृत भाषा में देश भेद एवं काल भेद से जो अनेक भेदोपभेद उत्पन्न हुए हैं, वे इस बात का सबल प्रमाण हैं। लचीलापन भाषाओं का स्वाभाविक गुण है, इसी कारण उनके रूपों में परिवर्तन होता है। यह परिवर्तन बाहर से आरोपित नहीं रहता, बल्कि भाषाओं के मूल में ही विद्यमान रहता है। यह विकृति ध्वनि विकार से आरम्भ होती है और समस्त भाषा के स्वरूप को विकसित कर देती है। यह विकास की परम्परा ही भाषा की जीवनीय शक्ति है और प्रजनन सामर्थ्य भी इसी के कारण भाषा में आता है। पालि को प्राकृत से पृथक् भाषा स्वीकार न करने का प्रधान कारण यही है कि उसमें विकास या प्रजनन का सामर्थ्य नहीं है, इस सामर्थ्य के अभाव में उसे प्राकृत का ही एक रूप मानना आवश्यक है। प्राकृत में प्रजनन शक्ति सर्वाधिक है, उसने अपभ्रंशों को जन्म दिया तथा इन अपभ्रंशों ने अधुनातन लोकभाषाओं को विकसित किया है। अतः प्राकृत भाषा भाषाविज्ञान के तत्त्वों की दृष्टि से खूब समृद्ध है। इसमें उस विज्ञान के सभी सिद्धान्त पूर्णतया घटित होते हैं।

शब्द के दो तत्त्व हैं—प्रकृति और प्रत्यय। प्रकृति या धातु शब्द का वह प्रधानरूप है, जो स्वयं स्वतन्त्र रहकर अपने साथ वाले प्रत्ययरूपो को अपने सेवार्थ या सहायतार्थ अपने आगे, पीछे या मध्य में जहाँ भी आवश्यकता होती है, उपयोग कर लेता है। तथ्य यह है कि प्रत्यय के सहयोग से शब्दो के रूपो की रचना होती है और भाषा का रूप विकसित होता जाता है। भाषा का जीवन-क्रम इस रूपात्मक विकास पर आधारित है।

जिस प्रकार वाक्य शब्दो के संयोग से बनते हैं, उसी प्रकार शब्द ध्वनियो के संयोग से। इस प्रकार भाषाशास्त्रियो ने भाषा की सबसे पहली इकाई ध्वनि को माना है, इसीके आधार पर भाषा का सम्पूर्ण प्रासाद खडा हुआ है। प्रत्येक सजीव प्राणी किसी न किसी प्रकार की ध्वनि या शब्द को उस वायु की सहायता से किया करता है, जिसे वह अपने जीवन धारण के लिए बाहर से ग्रहण करता है तथा उसे बाहर निकालता है। ध्वनियो के आधार पर ही प्रत्येक क्रिया, विचार या भावो के लिए अलग-अलग शब्दो का निर्माण होता है। ध्वनियो के सम्बन्ध मे विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए ध्वनियन्त्र, ध्वनि उत्पन्न होने की क्रिया, ध्वनिवर्गीकरण, ध्वनियो की श्रवणीयता प्रभृति बातो पर विचार किया जाता है। यही विचार ध्वनिविज्ञान (Phonetics) कहलाता है।

अर्थ भाषा का आन्तरिक अवयव है। यतः वस्तुओ के जो चित्र मस्तिष्क मे बनते और बिगड़ते है, उन्हीं की अभिव्यक्ति या प्रकाशन के लिए ध्वनियो का निर्देश होता है। मानस क्षितिज मे निर्मित होनेवाले वस्तुचित्र अर्थ प्रतिमाओ के आधार पर ही अपने अस्तित्व का निर्माण करते हैं। अतः वाक्य, शब्द और ध्वनि यदि भाषा का शरीर है, तो अर्थ उसकी आत्मा।

प्राकृत भाषा मे ध्वनिपरिवर्तन की सभी स्थितियाँ वर्तमान हैं। प्राकृत भाषा के वैयाकरणो ने ध्वनि विकारो का विवेचन बड़ी स्पष्टता के साथ किया है। भाषाविज्ञान के अनेक सिद्धान्तो को प्राकृत के अनुशासको ने व्यवस्थित ढग से निबद्ध किया है। विश्व की प्रत्येक वस्तु में भिन्नता है, जिस वस्तु का जो रूप आज दिखलायी पडता है, कालान्तर मे उसमें परिवर्तन, परिवर्धन और संशोधन होते रहने से उसका स्वरूप परिवर्तित रूप में दिखलायी पड़ता है। कभी-कभी तो यह रूपपरिवर्तन इतना क्रान्तिपूर्ण हो जाता है, कि वस्तु बिल्कुल नवीन ही दिखलायी पडने लगती है। उसके मौलिक आधारभूत कारण भी नवीनरूप मे दिखलायी पड़ते हैं। समाज में नवीन मनुष्य और जातियो का सम्मिश्रण होता जाता है, भाषा के रूप में भी नवीनता उत्पन्न होती जाती है। शब्दानुशासक उस नवीनता को रोकने का प्रयास करते हैं, पर विभिन्न प्रकार के मिश्रण स्वाभाविक

विकास को अवरुद्ध करने में असमर्थ रहते हैं, और भाषा का विकास निरन्तर होता जाता है। शब्दानुशासकों द्वारा किया गया शब्दविधान समय की गति के साथ चल नहीं पाता और जनभाषा का रूप अपनी नैसर्गिक गति से आगे बढ़ता चला जाता है। मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा—प्राकृत में इस परिवर्तन की समस्त धाराओं का अवलोकन किया जा सकता है। बोलियों की भिन्नता एवं रूपविकारों की बहुलता का दर्शन भी प्राकृत भाषा में वर्तमान है।

ध्वनिपरिवर्तन—ध्वनिपरिवर्तन मुख्यतया दो प्रकार के होते हैं—स्वयम्भू (Unconditional Phonetic Changes) और परोद्भूत (Conditional Phonetic Changes) भाषा के प्रवाह में स्वयंभू परिवर्तन किसी विशेष अवस्था या परिस्थिति की अपेक्षा किये बिना कहीं भी घटित हो जाते हैं। अकारण अनुनासिकता नाम का ध्वनिपरिवर्तन इसी में आता है। यद्यपि संसार में अकारण कोई कार्य नहीं होता, पर अज्ञात कारण होने से इसे अकारण कहा जाता है। प्राकृत मे अंसुं < अश्रु, तंस < त्र्यस्रम्, वंकं < वक्रम्, मंसू < श्मश्रू, पुंछ < पुच्छम्, गुंछं < गुच्छम्, मुंडं < मूर्द्धा, फंसो < स्पर्श, बंधो < बुध्न:, विंछिओ < वृश्चिकः, पडंसुआ < प्रतिश्रुत्, मणंसी < मनस्वी, मणंसिला < मन:शिला, वयंसो < वयस्यः पडिंसुद < प्रतिश्रुतम्, अणिउंतयं < अतिमुक्तकम् आदि शब्दों में अकारण अनुनासिकता का सन्निवेश स्वयंभू परिवर्तन का सूचक है। यद्यपि यह सत्य है कि इस प्रकार के परिवर्तन भाषा में प्रवाह उत्पन्न करने के लिए किये जाते हैं, इनके सम्बन्ध में किसी विशेष अनुशासन की व्यवस्था नहीं है। स्वयंभू परिवर्तन के उदाहरणों में एक स्वर के स्थान पर अकारण जो द्वितीय स्वर हो जाता है, वह भी लिया जा सकता है। उदाहरणार्थ संस्कृत की ॠ ध्वनि इ और ई के रूप में परिवर्तित हो गयी है। यथा—कुप्पिसो < कूर्पास:, आइरिओ < आचार्य:, निसिअरो < निशाकर:, खल्लीडो < खल्वाट:, ठीणं < स्त्यानम् आदि प्रयोगों में स्वयंभू परिवर्तन देखा जाता है। इक्षु > उच्छू, निमग्न > णुमन्नो, प्रवासो > पावासु आदि प्रयोगों में घटित हुए विजातीय स्वर परिवर्तनों में स्वयंभू परिवर्तन वर्तमान है। स्वयंभू परिवर्तन किसी भाषा के लिए महत्त्वपूर्ण होते हैं। इससे निम्न तीन बातों पर प्रकाश पड़ता है—

१. मूलस्वरों की वास्तविक स्थिति का स्पष्टीकरण—अ (a) का अ (ʌ), ए (e), ओ (o) रूप में विकसित होना—परिवर्तन मूल स्वरों के भीतर ही होता है।

२. अनुस्वार या अनुनासिकता का विकास एवं विस्तार—मनुष्य उच्चारण करते समय उच्चारण अवयवों में नासिका का स्वभावत: अधिक उपयोग करता

है। ध्वनिविज्ञान की दृष्टि से सानुस्वार और सानुनासिक वर्ण विशेष महत्त्वपूर्ण हैं। क्योंकि ये बहुमात्रिक हैं।

३. प्राकृत में ए (e) और ओ (o) मूल स्वर के रूप में पाये जाते हैं। संस्कृत अ (a), इ (i.e) के स्थान पर प्राकृत में संयुक्त व्यञ्जनों के पूर्व ए (e) हो जाता है। यथा—

एत्थ < इत्थ, पेएड < पिएड, तेत्तीस < त्रयस्त्रिंशत्।

४. प्राकृत में ओ भी मूल स्वर जैसा ही है। संस्कृत उ प्राकृत में संयुक्त व्यञ्जनों के पूर्व ओ हो जाता है। यथा—

तोएड < तुएड; सोएड < शुण्ड, पोक्खर < पुष्कर; मोग्गर < मुद्गर; कोप्पर < कर्पूर, मोल्ल < मूल्य।

स्वयम्भू परिवर्तन स्वर और व्यञ्जन दोनों में होते हैं। ये वे परिवर्तन हैं, जो किसी विशेष प्रकार की पार्श्ववर्ती ध्वनियों, बलाघात और सुर या मात्रालय के प्रभाव के बिना घटित होते हैं। प्राकृत में स्वयंभू परिवर्तन प्रचुर परिमाण में पाये जाते हैं।

परोद्भूत या परिस्थितिजन्य ध्वनि परिवर्तन के सहस्रों उदाहरण प्राकृत में पाये जाते हैं। शब्द मे ध्वनि का आदि, मध्य या अन्त्य स्थान, बलाघात या सुर तथा वाक्य में दो शब्दो का संयोग अथवा सन्धि इत्यादि समीपवर्ती ध्वनियों का प्रभाव परिस्थितिजन्य परिवर्तन के कारण हैं। प्राकृत में शब्द के अन्त में व्यंजन नहीं आते; जैसे पच्छा < पश्चात्, जाव < जावत्, ताव < तावत्, भगवं < भगवान्, सम्मं < सम्यक् इत्यादि।

इस परिवर्तन में सर्वप्रथम लोप (Elision) आता है। कभी-कभी बोलने में शीघ्रता या स्वराघात के प्रभाव से कुछ ध्वनियों का लोप हो जाता है। लोप दो प्रकार का संभव है—स्वर लोप और व्यञ्जनलोप। पुनः इन दोनो के तीन-तीन भेद हैं आदि लोप, मध्य लोप और अन्त्य लोप।

आदि स्वरलोप (Aphesis) प्राकृत में आदि स्वरलोप के अनेक उदाहरण उपलब्ध होते हैं। आदि स्वर का लोप परिस्थिति पर निर्भर करता है। पद एव पद के प्रयोग स्थलो की स्थिति का प्रभाव ही आदि स्वरलोप का कारण होता है। प्राकृत भाषा के वैयाकरणों ने[1] शब्द विशेषों में ही आदि स्वरलोप दिखलाया है। यथा—

---

१. लोपोऽरण्ये १।४ वररुचि—अरण्यशब्दे आदेरकारस्य लोपः स्यात्। वालाब्वरण्ये लुक् ८।१।६६—अलाब्वरण्यशब्दयोरादेरस्य लुग् वा भवति—हेमचन्द्र।

रण्णं < अरण्यम् — आदि स्वर 'अ' का लोप हुआ है।

दाणि < इदानीम्— आदि स्वर इ का लोप हुआ है।

लाऊ, लाऊ < अलाबु—आदि स्वर अ का लोप हुआ है।

मध्य स्वरलोप (Syncope) मध्य स्वर के लोप के उदाहरण प्राकृत में अनेक हैं। संस्कृत व्यञ्जनों के लोप होने के अनन्तर जो प्राकृत शब्द रहते हैं, उन्हीं प्राकृत शब्दो में से मध्यवर्ती स्वर का लोप होता है[1]। यथा —

राजकुलं > राअउलं = राउलं — मध्यवर्ती अ स्वर का लोप

तवार्द्धं > तुह्मअद्ध = तुहद्धं - मध्यवर्ती अ स्वर का लोप

ममार्द्धं > मम अद्ध = मद्ध— ,, ,,

पादपतनं > पाअवडण = पावडणं - ,, ,,

कुम्भकारः > कुंभ आरो - कुंमारो— ,, ,,

पवनोद्धतम् > पवणोद्धअं = पवणुद्धअ—,, ,,

सौकुमार्यं > सोअमल्लं = सोमल्ल — मध्यवर्ती अ का लोप।

अन्धकारः > अधआरो = अधारो मध्यवर्ती अ साधं रूप मे।

पादपीठम् > पाअवीडं = पावीड—मध्यवर्ती अ का लोप।

अन्त्य स्वर लोप के उदाहरण प्राकृत मे नहीं मिलते, यत. प्राकृत मे स्वरान्त शब्दो का ही व्यवहार किया जाता है।

आदि व्यञ्जनलोप—प्राकृत मे आदि व्यञ्जन लोप के उदाहरण बहुत कम हैं। संयुक्त वर्णों के परिवर्तन मे आदि व्यंजन लोप के अनेक उदाहरण आये हैं। तथ्य यह है कि प्राकृत मे सयुक्त वर्णों में से आदि वर्ण का लोप होता है और कहीं-कहीं सयुक्त वर्ण के स्थान पर कोई दूसरा वर्ण ही आदिष्ट हो जाता है। प्राप्त उदाहरणो मे प्राय. आदि लुप्त व्यंजन स् ही उपलब्ध है[2]। यथा—

स्थाणु > थाणू - आदि व्यञ्जन स् का लोप हुआ है।

स्तवः > थवो — ,, ,, और त के स्थान पर थ।

स्तम्भ > थभो— ,, ,, ,, ,,

स्तुतिः > थुइ— ,, ,, ,, ,,

स्तोत्रम् > थोत्तं— ,, ,, ,, ,,

स्त्यानम् > थीणं— ,, ,, ,, ,,

---

१. लुक् ८।१।१० स्वरस्य स्वरे परे बहुलं लुग् भवति—हेमचन्द्र।

२. स्तम्भे स्तो वा ८।२।८, थ—ठावस्पन्दे ८।२।९—हेमचन्द्र; स्तम्बे ३।१३, स्तम्भे खः ३।१४, स्थाणावहरे ३।१५, स्फोटके ३।१६—वररुचि।

स्तम्ब > तंबो—आदि व्यञ्जन स का लोप ।

मध्य व्यञ्जन लोप – मध्य व्यजनलोप की प्रवृत्ति प्राकृत भाषा में सबसे अधिक पायी जाती है। महाराष्ट्री प्राकृत मे तो यह व्यञ्जनलोप की परम्परा इतनी अधिक विकसित है, जिससे शब्दो की भाषा स्वरान्त या स्वरमयी हो गयी है। सभी प्राकृत व्याकरणो मे मध्यव्यञ्जन लोप के सिद्धान्त आये हुए हैं। साहित्यिक प्राकृत मे मध्यवर्ती क्, ग्, च्, ज्, त्, द्, प्, य् और व् का नियमत. लोप होता है[1]। यथा—

सयड < शकटम्—मध्यवर्ती क् व्यञ्जन का लोप, स्वर शेष और य श्रुति
मुउलो < मुकुलः—मध्यवर्ती क् का लोप ।
मुउलिदा < मुकुलिता— ,, ,, ,,
णअरं < नगरम्—मध्यवर्ती ग् का लोप ।
मअंको < मृगाङ्क.— ,, ,,
साअरो < सागरः - ,, ,,
भाईरही < भागीरथी—मध्यवर्ती ग् का लोप ।
भअवदा < भगवता — ,, ,,
कअग्गहो < कचग्रहः—मध्यवर्ती च् का लोप ।
रोअदि < रोचते — ,, ,, ।
उइदं < उचितम् — ,, ,, ।
सूअअं < सूचकम्— ,, ,, ।
रअओ < रजक.—मध्यवर्ती ज् का लोप ।
किअं < कृतम्—मध्यवर्ती त् का लोप ।
रसाअल < रसातलम्— ,, ,, ।
वअणं < वदनम्—मध्यवर्ती द् का लोप ।
विउल < विपुलम्—मध्यवर्ती प् का लोप ।
णअण < नयनम्—मध्यवर्ती य् का लोप ।
दिअहो < दिवस.—मध्यवर्ती व् का लोप ।
विओओ < वियोग.—मध्यवर्ती य् का लोप ।
तित्थअर < तीर्थंकर—मध्यवर्ती क् का लोप ।
पआवई < प्रजापतिः—मध्यवर्ती ज् का लोप, प् का व् ।

---

१. क–ग–च–ज–त–द–प–य–वां प्रायो लुक ८।१।१७७—हेमचन्द्र कगचजतदपयवां प्रायो लोपः २।२ -वररुचि

यह सिद्धान्त हैम व्याकरण में ८।१।१६५—१७१ सूत्र तक मिलता है। यों तो प्राकृत भाषा का स्वभाव ही मध्यवर्ती व्यंजनो के विकार का है, पर मध्य व्यंजन का लोप प्राय सभी व्याकरणो मे उपलब्ध है।

अन्त्य व्यंजन लोप—प्राकृत में अन्त्य हल् व्यंजन का प्रयोग नहीं होता है। अन्त्य व्यंजन का लोप हो जाता है या अन्त्य व्यंजन के स्थान पर कोई स्वर हो जाता है। प्राकृत की प्रकृति यह है कि इसमें स्वरान्त शब्द ही होते हैं, अन्त्य हल् व्यंजन नहीं होते। यथा—

जाव < यावत्—अन्त्य हल् त् का लोप हो गया है।
ताव < तावत् — ,, ,, ,,
जसो < यशस् —अन्त्य हल 'स्' का लोप।
नह < नभस्— ,, ,, ,,
सरो < सरस् ,, ,, ,,
कम्मो < कर्मन् अन्त्य व्यंजन न् का लोप।
जम्मो < जन्मन्— ,, ,,
सरिआ < सरित्—अन्त्य व्यंजन त् का लोप और उसके स्थान पर आ
पडिवआ < प्रतिपत् - ,, ,, ,,
संपआ < सम्पत्— ,, ,, ,,
वाआ < वाच्— ,, ,, ,,
सरओ < शरत् अन्त्य त् का लोप और उसके स्थान पर ओ।
भिसओ < भिषक् —अन्त्य क् का लोप और उसके स्थान पर ओ।
पाउसो < प्रावृट्—अन्त्य ट् का लोप और उसके स्थान पर स।

समाक्षर लोप (Haplology) एक ही प्रकार की दो ध्वनियो के पास पास आने पर उच्चारण सौकर्य के हेतु एक ध्वनि का लुप्त हो जाना समाक्षर लोप (Haplology) कहलाता है। मध्य भारतीय आर्यभाषाओ मे इसके अनेक उदाहरण आये हैं। यथा—

गच्छिस्ससि—गच्छिसि स्स का लोप हो गया है, यही कारण है कि प्राकृत मे दूसरा रूप 'गच्छिहिसि' प्रतिनिधि के रूप में पाया जाता है।

विपस्ससि- विपस्सी—एक स् का लोप हो गया है।
कोउहलं— कोहलं— उकार का लोप हुआ है।
चउत्थो, चोत्थो — — ,, ,,
नेयेय्यं— नेय्यं—यका का लोप।
राउउलं राउलं—उकार का लोप।
देउउलं—देउलं—उकार लोप।

आगम—लोप का उल्टा आगम है। इसमें किसी नयी ध्वनि का स्वर या व्यंजन के रूप में आगम होता है। लोप के समान आगम के भी कई भेद हैं। प्राकृत में प्रायः सभी के उदाहरण पाये जाते हैं।

आदि स्वरागम (Prothesis) शब्द के आरम्भ मे कोई स्वर आ जाता है। प्रायः यह स्वर ह्रस्व होता है। प्राकृत वैयाकरणों ने आदेश द्वारा आदि स्वरागम के सिद्धान्त का निरूपण किया है[1]। यथा—

इत्थी < स्त्री — आरम्भ में इ का आगम
पिक्कं < पक्वम्—अकार के स्थान पर इकार
सिविणो < स्वप्नः — इकार का आगम हुआ है।

मध्य स्वरागम- अज्ञान या आलस्य से बोलने की सुविधा के लिए बीच में स्वर का आगम हो जाता है[2]। इस सिद्धान्त का विस्तारपूर्वक विवेचन स्वर भक्ति (Anaptysis) के प्रसंग में किया जायगा। यहाँ कुछ उदाहरण दिये जाते हैं।

लहुवी > लघ्वी - उकार स्वर का मध्य में आगम
गरुवी > गुर्वी— ,, ,, ,,
बहुवी > बह्वी — ,, ,, ,,
पहुवी > पृथ्वी — ,, ,, ,,
विसमइओ > विषमय- — मध्य मे इ स्वर का आगम
जोआ > ज्या - ,, ,,

अन्त्य स्वरागम प्राकृत में व्यञ्जनान्त शब्दो का अभाव है। अत संस्कृत ध्वनियो में अन्त्य व्यञ्जन का लोप हो जाता है और स्वर का आगम भी। यथा—

सरिआ > सरित् — त् का लोप और उसके स्थान पर आ स्वर का आगम।
पडंसुआ > प्रतिश्रुत्— त् का लोप और इ कार का आगम।
हसि > हर्षत्—त् कार का लोप और इ अ का आगम।

आदि व्यञ्जनागम- प्राकृत में आदि व्यंजनागम के पर्याप्त उदाहरण उपलब्ध हैं। प्रयत्नलाघव या मुख-सुख को ध्यान मे रखते हुए मनुष्य

---

१. इः स्वप्नादौ ८।१।४६हे०, पक्वाङ्गार-ललाटे वा ८।१।४७, स्त्रिया इत्थी ८।२।१३० हे०।

२ मध्यम-कतमे द्वितीयस्य ८।१।४८, सप्तपर्णे वा ८।१।४९; मयट्यइर्वा ८।१।५० हेमचन्द्र

की उच्चारण प्रवृत्ति कार्य करती है, अतः नये व्यंजनों को आदि में लाने से प्रयत्नलाघव या मुख सुख में विशेष सुविधा नहीं मिलती है। इतना होने पर भी प्राकृत में आदि व्यंजन आगम की प्रवृत्ति संस्कृत अथवा हिन्दी की अपेक्षा अधिक है[1]। इसका प्रधान कारण यह है कि ऋ स्वर का प्राकृत में अस्तित्व नहीं है, उसके स्थान पर कोई स्वर या व्यंजन का आगम होता है। यथा —

रिद्धि < ऋद्धि — ऋ के स्थान पर रि—र व्यंजन का आगम और ऋ का इ स्वर
रिच्छो < ऋक्ष — ,, ,,
रिणं < ऋणं — ,, ,,
रिज्जू < ऋजु — ,, ,,
रिसहो < ऋषभः — ,, ,,
रिऊ < ऋतु — ,, ,,
रिसि < ऋषिः — ,, ,,

मध्य व्यंजनागम मध्य व्यंजनागम के उदाहरण प्रायः सभी भाषाओं में पाये जाते हैं। यतः शब्द के मध्य भाग को बोलने में अधिक कठिनाई का अनुभव होता है, इस कठिनाई को आगम और लोप द्वारा ही दूर किया जा सकता है। प्राकृत में मध्य व्यंजन लोप के अनेक उदाहरण वर्तमान हैं। यथा—

भुमया, भमाया < भ्रू मध्य में म का आगम।
पत्तलं < पत्रम् मध्य में ल का आगम।
पीवलं < पीतम् मध्य में व का आगम।
मिसालिअं < मिश्रम् मध्य में ल का आगम।
जम्मणं < जन्म ण का आगम
पाउरणं < प्रावरणम् — मध्य में ग् ध्वनि का आगम, व् का सम्प्रसारण होने से उ ध्वनि।
मउअत्तयाइ < मृदुकत्वेन — यकार का आगम।

अन्त्य व्यंजनागम—अन्त्य व्यंजन आगम प्राकृत में उन्हीं स्थलों में होता है जहाँ प्रत्यय विधान किया गया है। प्रातिपदिक से इल्ल, उल्ल और स्वार्थिक 'ल्ल' प्रत्ययों का अनुशासन होने पर ही इसके उदाहरण उपलब्ध होते हैं। यथा—

पुरिल्लं < पुर—इल्ल प्रत्यय होने से अन्त में ल्ल व्यंजन का आगम
एकल्लो < एक ल्ल प्रत्यय होने से अन्त्य में ल्ल व्यंजन का आगम
महुल्लं < मधु— ,, ,,

---

1. रिः केवलस्य ८।१।१४०, ऋणर्जुवृषभत्वृषौ वा ८।१।१४१ हेमचन्द्र

अंध ल्लो < अन्ध — ल्ल प्रत्यय होने से अन्त्य में ल्ल व्यंजन का आगम माना जायगा।

उवरिल्लं < उपरि—इल्ल प्रत्यय होने से अन्त में ल्ल व्यजन का आगम माना जायगा।

नवल्लो < नव — ल्ल प्रत्यय, अतः ल्ल व्यजनागम।

विपर्यय (Metathesis) विपर्यय को कुछ भाषा शास्त्री 'परस्परविनियम' भी कहते हैं। किसी शब्द के स्वर, व्यंजन अथवा अक्षर जब एक स्थान से दूसरे स्थान पर चले जाते हैं और उस दूसरे स्थान के प्रथम स्थान पर आ जाते हैं, तो इनके परस्पर परिवर्तन को विपर्यय कहा जाता है। प्राकृत मे वर्णों विपर्यय के अनेक उदाहरण उपलब्ध हैं। यथा —

अलचपुरं < अचलपुर—च-ल में स्थान विपर्यय हुआ है।

आणालो < आलान:--ल—न में स्थान विपर्यय हुआ है।

मरहट्ठं < महाराष्ट्रं—ह–र में स्थान विपर्यय है।

कणेरू < करेणू —ण–र में स्थान विपर्यय है।

हलुअं < लघुकम्—ल–घ (ह) में स्थान विपर्यय है।

वाणारसी < वाराणसी — र–ण में स्थान विपर्यय है।

दहो < ह्रद—ह्–द में स्थान विपर्यय हुआ है।

णडालं < ललाटम् — ल–ट (ड) में स्थान विपर्यय हुआ है।

हलिआरो < हरिताल - र–ल में स्थान विपर्यय है।

गुय्ह -- गुज्झ < गुह्यम्—ह्–य् में स्थान विपर्यय।

सय्ह < सह्य— ,, ,,

ह्रस्वमात्रा का नियम (Law of Mora) डॉ० गायगर ने पालि में ध्वनि-परिवर्तन के नियमो के आधार पर ह्रस्वमात्रा काल का नियम निर्धारित किया है। वस्तुत' मात्रा भेद ध्वनिपरिवर्तन की एक प्रमुख दिशा है। इसमें स्वर कभी ह्रस्व से दीर्घ और दीर्घ से ह्रस्व हो जाते हैं। प्राकृत में शब्दो की दो ही स्थितियाँ उपलब्ध हैं— ह्रस्व - एक मात्रिक और दीर्घ द्विमात्रिक। दो से अधिक मात्रा काल वाले शब्द प्राकृत में नहीं हैं। स्पष्टी करण के लिए यो कहा जा सकता है कि दीर्घ सानुनासिक स्वर प्राकृत में नहीं हैं। वररुचि ने मासादिषु वा' ४।१६ और हेम ने 'मांसादेर्वा ८।१।२६ में मासादि दीर्घ सानुनासिक शब्दो में अनुस्वार के लोप का वैकल्पिक विधान किया है और वक्रादि गण में इन शब्दो का पाठ कर प्राचीन भारतीय आर्यभाषा के मांस शब्द से मंस और मासं रूप सिद्ध किये हैं। अतएव स्पष्ट है कि प्राचीन भारतीय आर्यभाषा में जहाँ दो से अधिक मात्राकालिक नियम था, वहाँ प्राकृत में द्विमात्रा कालिक नियम ही रह गया। इसी कारण वैयाकरणों को वक्रादिगण, आकृतिगण, पानीयगण, गभीरादिगणों में बहुमात्रिक शब्दो का पाठ कर द्विमात्रिक बनाने का अनुशासन करना पड़ा।

१. उपर्युक्त नियम के अनुसार प्राचीन भारतीय आर्य भाषा के जिन शब्दों में संयुक्त व्यंजन से पूर्व दीर्घ स्वर था, प्राकृत में प्राय वह ह्रस्व रूप में उपलब्ध होता है। यथा—

मग्ग < मार्ग—संयुक्त 'र्ग' से पूर्ववर्ती म को ह्रस्व किया गया है।
जिण्ण < जीर्ण—संयुक्त 'र्ण' से पूर्ववर्ती 'जी' को ह्रस्व किया गया है।
चुण्णं < चूर्णम्—संयुक्त 'र्ण' से पूर्ववर्ती 'चू' को ह्रस्व किया गया है।
तित्थं < तीर्थम्—'र्थ' संयुक्त से पूर्ववर्ती 'ती' को ह्रस्व किया गया है।
दुमत्तो < द्विमात्र—'त्र' संयुक्तवर्ण से पूर्ववर्ती म को ह्रस्व किया है।
उल्लं < आर्द्रम्—'र्द्र' संयुक्त से पूर्ववर्ती 'आ' के स्थान पर ह्रस्व उ।
सुण्हा < सास्ना—'स्ना' संयुक्त से पूर्ववर्ती सा के स्थान पर ह्रस्व सु।
कंसिओ < कांसिक—'कां' बहु मात्रिक के स्थान पर द्विमात्रिक 'कं'।
सुहुमं < सूक्ष्मम्—'क्ष्म' संयुक्त के पूर्ववर्ती सू के स्थान पर ह्रस्व सु।
गिम्हो < ग्रीष्म—ष्म संयुक्त वर्ण के पूर्ववर्ती ग्री के स्थान पर गि।
उम्हा < ऊष्मदा—ष्म संयुक्त वर्ण के पूर्ववर्ती ऊ के स्थान पर उ।
उवज्झाओ < उपाध्याय संयुक्त ध्य के पूर्ववर्ती पा के स्थान पर व (प)
सज्झाओ < स्वाध्याय—संयुक्त ध्या के पूर्ववर्ती स्वा को ह्रस्व।
कज्जं < कार्यम्—'र्य' संयुक्त के पूर्ववर्ती का को ह्रस्व।
अच्छेरं < आश्चर्यम्—'श्च' संयुक्त वर्ण के पूर्ववर्ती आ को ह्रस्व
धुत्तो < धूर्त—संयुक्त र्त के पूर्ववर्ती धू को धु।
कित्ती < कीर्ति—संयुक्त 'र्त' के पूर्ववर्ती की को ह्रस्व कि।

२. जिन स्थानों पर प्राचीन भारतीय आर्यभाषा में संयुक्त व्यंजन के पूर्व दीर्घ स्वर था, कहीं-कहीं प्राकृत में उनका प्रतिरूप दीर्घ बना रहता है, पर इस अवस्था में संयुक्त व्यंजन असंयुक्त हो जाते हैं। यथा—

दीहर < दीर्घ—यहाँ संयुक्त व्यंजन का पूर्ववर्ती 'दी' ज्यों का त्यों है, पर 'र्घ' संयुक्त असंयुक्त हर हो गया है।

भारिआ < भार्या—
वीरिअं < वीर्यम्—
सूरिओ < सूर्य, आयरिओ < आचार्य

वस्तुतः उपर्युक्त प्रवृत्ति मध्य भारतीय आर्यभाषा के आरम्भिक काल के अनुरूप नहीं है। अपभ्रंश काल या आधुनिक आर्यभाषाओं के विकास काल में उत्पन्न हुई है। इसी कारण उपर्युक्त शब्दों के प्रायः वैकल्पिक रूप भी उपलब्ध होते हैं। यथा—दिग्घं < दीर्घम्, भज्जा < भार्या, विज्जं < वीर्यम्, सुज्जो < सूर्य आदि। इन रूपों के अस्तित्व का कारण लिपि विकास है। ब्राह्मी लिपि की आरम्भिक

अवस्था में संयुक्त व्यजनो के स्थान पर एक ही व्यंजन लिखा जाता था और इसी को स्पष्ट करने के लिए उससे पूर्व के स्वर को दीर्घ लिख दिया जाता था। बाद में यह लिखित रूप ही बोलचाल में प्रयुक्त होने लगा और दोहर जैसे शब्दो के लिए स्वरभक्ति के नियमों का अनुशासन करना पड़ा।

३ जब ध्वनि का बल दीर्घ स्वर के पहले के अक्षर पर पड़ता है, तब उन शब्दो का दीर्घ स्वर ह्रस्व कर दिया जाता है। यथा—

उक्खा, उक्खय < उत्खात—खा को ह्रस्व किया गया है।

वरई < वराकी—रा को ह्रस्व किया है।

अणिय < अनीक—नी, को ह्रस्व कर णि किया है।

अलिअ, अलिय < अलीक—ली को ह्रस्व किया गया है।

४. दीर्घ स्वर के अनन्तर आने वाले अक्षर पर ध्वनिबल पड़ने से दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है। यथा—

आयरिअ < आचार्य—चा, के अनन्तर ध्वनि बल है,

ठवेइ < स्थापयति प पर ध्वनि बल होने से स्था को ह्रस्व।

कुमर, कुँवर < कुमार-- र पर ध्वनि बल होने से मा को ह्रस्व।

५ सयुक्ताक्षरो के पहले ए आने पर एं और ओ आने पर ओं हो जाता है, जो कि उन वर्णों के ह्रस्व रूप हैं। यथा—

पेंच्छइ < प्रेक्षते, अवेंक्खि < अपेक्षित्।

दुप्पेंच्छ < दुष्प्रेक्ष, पओंट्ठ < प्रकोष्ठ।

६ शब्द के अन्त में आनेवाला दीर्घ स्वर सन्धि होने पर प्राकृत में ह्रस्व हो जाता है। यथा—

णइसोत्तो < नदोस्रोत', कण्णउरं < कर्णपूरं

बहुमुहं < बधूमुखम्, पीआ-पिअं < पीतापीतम्

गामणिसुओ < ग्रामणीसुतः

७. प्राचीन भारतीय आर्यभाषा में जहाँ साधारण व्यंजन से पूर्व दीर्घ स्वर होता है, वहाँ प्राकृत मे संयुक्त व्यञ्जन से पूर्व ह्रस्व स्वर हो जाता है। यथा—

उदुक्खलं < उदूखलम्, निड्डं < नीडम्

८. छन्द में यतिभंग दोष बचाने के लिए ह्रस्व स्वर और मात्राओं को दीर्घ कर दिया जाता है। यथा—

अंसू < अश्रु, धीमओ < धूमत.

मईयं < मतिमान्

९. यदि कोई स्वर अनुस्वारवाला हो और उसके ठीक बाद ही र, श, ष, स और ह में से कोई व्यञ्जन हो तो अनुस्वार का लोप कर दिया जाता है और स्वर दीर्घ हो जाता है यथा --

वीसा < विंसति, तीसा < त्रिंशत्

चत्तालीसा < चत्वारिंशत्, सीह < सिंह

१०. सामासिक पदों में ह्रस्व का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व हो जाता है। यथा —

अन्त+वेई = अन्तावेई (अन्तर्वेदि.)

सत्त+वीसा = सत्तावीसा (सप्तविंशतिः)

पइ+हरं = पईहर (पतिगृहम्)

भुअ+यंतं = भुआयंतं (भुजायन्त्रम्)

दीर्घ का ह्रस्व—

जउँणा+यडं = जउँणयड (यमुनातटम्)

मणा+सिला = मणसिला (मनःशिला)

गोरी+हरं = गोरिहर (गौरीगृहम्)

सिला+खलिअं = सिलखलिअ (शिलास्खलितम्)

११. उपसर्गों का पहला स्वर शब्दों के साथ जुडने पर दीर्घ कर दिया जाता है। यथा—

आहिजाइ < अभिजाति

पाडिवआ, पडिवआ < प्रतिपदा

पाडिसार, पडिसार < प्रतिस्मार

सामिद्धी, समिद्धी < समृद्धि

समीकरण (Assimilaton) एक ध्वनि दूसरी ध्वनि को प्रभावित कर अपना रूप दे देती है, तो उसे समीकरण कहते हैं। जैसे संस्कृत चक्र का प्राकृत में चक्क होता है। समीकरण प्रधानतः दो प्रकार का होता है—(१) पुरोगामी (२) पश्चगामी।

समीकरण को सावर्ण्य, सारुप्य और अनुरूप भी कहा जाता है।

पुरोगामी (Progressive Assimilation) जहाँ पहली ध्वनि दूसरी ध्वनि को प्रभावित कर अपना रूप प्रदान करती है, वहां पुरोगामी समीकरण होता है। यथा—

तक्क < तर्क - प्रथम ध्वनि क ने द्वितीय ध्वनि र को प्रभावित कर अपना स्थान बनाया है।

वक्क < वक्र—प्रथम ध्वनि क ने द्वितीय ध्वनि र को प्रभावित कर अपना स्थान बनाया है।

लग्ग < लग्न—प्रथम ध्वनि ग् ने न् को प्रभावित कर अपना रूप उपस्थित किया है,

तिग्गं < तिग्मं—प्रथम ध्वनि ग् ने द्वितीय ध्वनि म् को प्रभावित किया है।
कव्वं < काव्यम्—प्रथम ध्वनि व् ने य को प्रभावित किया है।
मल्लं < माल्यम्—प्रथम ध्वनि ल् ने द्वितीय ध्वनि य् को प्रभावित किया है।
रुद्दो < रुद्रम्—प्रथम ध्वनि द् ने द्वितीय ध्वनि र् को प्रभावित किया है।
भद्दं < भद्रम्— ,, ,, ,, ,,
समुद्दो < समुद्र— ,, ,, ,, ,,
धत्ती < धात्री—प्रथम ध्वनि त् ने द्वितीय ध्वनि र् को प्रभावित किया है।

पश्चगामी समीकरण (Regressive Assimilation) जब दूसरी ध्वनि पहली ध्वनि को प्रभावित करती है और अपना रूप प्रदान करती है तो परचगामी समीकरण कहलाता है यथा—

कम्म < कर्म—द्वितीय ध्वनि म् ने प्रथम ध्वनि र् को प्रभावित कर अपना रूप ग्रहण किया है।

जम्म < जन्म—द्वितीय ध्वनि म् ने प्रथम ध्वनि न् को प्रभावित किया है।
सव्व < सर्व—द्वितीय ध्वनि व् ने प्रथम ध्वनि र् को प्रभावित किया है।
सप्प < सर्प—द्वितीय ध्वनि प् ने प्रथम ध्वनि र् को प्रभावित किया है।
धम्म < धर्म—द्वितीय ध्वनि म् ने प्रथम ध्वनि र् को प्रभावित किया है।
भत्तो < भक्तः—द्वितीय ध्वनि त् ने प्रथम ध्वनि क् को प्रभावित किया है।
दुद्धो < दुग्धः—द्वितीय ध्वनि ध् ने प्रथम ध्वनि ग् को प्रभावित किया है।
कट्ठं < कष्टं—द्वितीय ध्वनि ट् ने प्रथक ध्वनि ष् को प्रभावित किया है।
सद्दो < शब्दः—द्वितीय ध्वनि द् ने प्रथम ध्वनि ब् को प्रभावित किया है।
अक्को < अर्क.—द्वितीय ध्वनि क् ने प्रथम ध्वनि र् को प्रभावित किया है।
वक्कलं < वल्कलम्—द्वितीय ध्वनि क् ने प्रथम ध्वनि ल् को प्रभावित किया है।

पारस्परिक व्यंजन समीकरण (Mutual Assimilation) जब दो पार्श्ववर्ती व्यंजन एक दूसरे को प्रभावित करते हैं और इस पारस्परिक प्रभाव के कारण दोनों ही परिवर्तित हो जाते हैं और एक तीसरा ही व्यञ्जन आ जाता है। इस प्रवृत्ति को पारस्परिक व्यञ्जन समीकरण कहते हैं। प्राकृत में इस सिद्धान्त का निर्वाह प्रचुर परिमाण में हुआ है। यथा—

सच्चो < सत्यः—त् और य् परस्पर में एक दूसरे को प्रभावित कर रहे हैं, अतः उसके स्थान पर च्च का आदेश।

किच्चो < कृत्य'—त् और य् परस्पर में एक दूसरे को प्रभावित कर रहे हैं, अतः उनके स्थान पर च्च का आदेश।

वम्महो < मन्मथः—न् म् के प्रभाव से मन्म के स्थान पर वम्म आदेश।

तिक्खं < तीक्ष्णं—ष्, ण् के प्रभाव से क्ख आदेश।

थत्थो < ध्वस्तः—स् और त् के प्रभाव से त्थ आदेश।

विषमीकरण (Dissimilation) समीकरण का उल्टा विषमीकरण है। इसमें दो समान ध्वनियों में से एक के प्रभाव से या यों ही मुख-सुख के लिए एक ध्वनि अपना स्वरूप छोड़कर दूसरी बन जाती है। इसके भी दो भेद हैं—पुरोगामी विषमीकरण और पश्चगामी विषमीकरण।

पुरोगामी विषमीकरण (Progressive Dissimilation) जब प्रथम व्यञ्जन ज्यों का त्यों रहता है और दूसरा परिवर्तित हो जाता है तो उसे पुरोगामीकरण कहते हैं। यथा—

मिस्स—मिश्रं—श् और र् में से प्रथम ध्वनि श (स्) शेष और र् का लोप तथा स् को द्वित्व।

अस्सो < अश्वः—श् और व् मे से प्रथम ध्वनि श् (स्) शेष और द्वित्व।

कागो < काक - प्रथम व्यजन क ज्यों का त्यो है, इसने द्वितीय क को प्रभावित कर ग में परिवर्तित कर दिया है।

अवस्सं < अवश्यम् प्रथम ध्वनि श् (स्) का द्वित्व।

विउअं < विवृतम् —प्रथम व्यजन व् ज्यो का त्यो और द्वितीय व् के स्थान पर उ ध्वनि।

कालओ < कालक.—प्रथम क् ध्वनि ज्यों की त्यों और द्वितीय क् के स्थान पर अ ध्वनि।

लांगूल < लघूर—

दोहलो < दोहदो—

पश्चगामी विषमीकरण (Regressive Dissimilation) इसमे दूसरा व्यंजन या स्वर ज्यों का त्यों बना रहता है और प्रथम व्यंजन या स्वर में विकार होता है। यथा—

हलिद्दा < हरिद्रा—द्वितीय द्रा—संयुक्त द् ध्वनि के प्रभाव से प्रथम र् का ल के रूप में परिवर्तन।

गेन्दुओ < कन्दुकः—द्वितीय क ध्वनि के प्रभाव से प्रथम क् के स्थान में ग

मउलं < मुकुलं—मकारोत्तर प्रथम उ के स्थान पर द्वितीय उकार के प्रभाव के कारण प्र ध्वनि ।

मउरं < मुकुरं - मकारोत्तर प्रथम उ के स्थान पर द्वितीय उकार के प्रभाव के कारण प्र ध्वनि ।

निउरं < नूपुरं – द्वितीय उकार के प्रभाव से प्रथम ऊ के स्थान पर प्र ।

मउडं < मुकुटं – द्वितीय उकार के प्रभाव से प्रथम उ के स्थान पर प्र ।

वम्महो < मन्मथः—द्वितीय म के प्रभाव से प्रथम म के स्थान पर व ।

अपश्रुति (Ablaut) भाषाविज्ञान मे प्रयुक्त अपश्रुति शब्द वस्तुतः जर्मन शब्द Ablaut के आधार पर गढ़ा गया है । इसका अर्थ है स्वर परिवर्तन । इस भाव के लिए अपश्रुति से इतर स्वर क्रम, अक्षरावस्थान, अक्षरश्रेणीकरण इत्यादि पारिभाषिक शब्द प्रयुक्त होते हैं । जब केवल स्वरों के परिवर्तन से शब्दो में अर्थ- वैभिन्य प्रकट होता है तो उस प्रक्रिया को अपश्रुति कहते हैं । अंग्रेजी मे इसे Vawel gradation स्वरानुक्रम कहा जाता है । इस प्रक्रिया के अनुसार व्यञ्जन अक्षुण्ण बने रहते हैं, केवल स्वरो में परिवर्तन होता है। यह प्रवृत्ति सेमेटिक तथा भारोपीय परिवार की भाषाओ में विशेष रूप से पायी जाती है । डॉ० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या का मत है कि इस प्रणाली के कारण एक धातु के विभिन्न व्युत्पादित रूप और विभक्त्याश्रित सुबन्त तथा तिङन्त रूपों में अनेक प्रकार के स्वरो की अपश्रुति लक्षित होती है । इस प्रकार स्वर परिवर्तन बहुत कुछ स्वराघात तथा बलाघात पर भी आधारित है। अपश्रुति मूलत दो प्रकार की है—गुणात्मक अपश्रुति (Qualitative ablaut) और मात्रिक अपश्रुति (Quantitative ablaut) ।

गुणात्मक अपश्रुति (Qualitative ablaut) एक ही मूल रूप कई भाषाओं में कभी एक स्वर से युक्त तथा कभी दूसरे स्वर से युक्त पाया जाता है। इस प्रकार की अपश्रुति को गुणात्मक अपश्रुति कहते हैं। गुणात्मक अपश्रुति में स्थान परिवर्तन की अनेक दिशाएँ सम्भव हैं । यथा—

१. अग्र—मध्याग्र

संवृत से अर्धसंवृत—यथा—

ई = ए आमेलो < आपीडः—अग्र संवृत ई के स्थान पर अग्रअर्धसंवृत ए स्वर

केरिसो < कीदृशः—	,,	,,	,,
एरिसो < ईदृशः—	,,	,,	,
पेऊस < पीयूषम्—	,,	,,	,,
बहेडओ < विभीतकः	,,	,,	,,
पेढ < पीठम्—	,,	,,	,,

२. अग्र—मध्याग्र
संस्कृत से अर्धविवृत—यथा—
इ = एँ
पेंण्डइ < पिण्डइ
सहसेंत्ति < सहसा + इति
ममेंत्ति < मम + इति
३. अग्र—पश्च
अर्द्धसंवृत से संवृत अर्थात् ए = ऊ यथा—
थूणो < स्तेन:—अग्र अर्ध संवृत एकार के स्थान पर पश्च संवृत ऊ।
मध्य अर्ध विवृत के स्थान पर पश्च विवृत—अ = आ
आहिआई < अभियाति—मध्य अर्धविवृत के स्थान पर पश्च विवृत आ
आफंसो < अस्पर्श:— ,, ,, ,,
दाहिणो < दक्षिण:— ,, ,, ,,
पारकेरं < परकीयम्— ,, ,, ,,
पायडं < प्रकटम्— ,, ,, ,,

इस प्रकार प्राकृत भाषा मे ध्वनि परिवर्तनों की अनेक दिशाएँ सम्भव हैं। प्राकृत् ही एक ऐसी भाषा है जिसमें आठों मूल स्वरो के परिवर्तन पाये जाते हैं।

मात्रिक अपश्रुति (Quantitative ablaut) कभी-कभी एक ही शब्द में ह्रस्व, दीर्घ ये दोनो ही रूप पाये जाते हैं। अतः संस्कृत व्याकरण में इसकी तीन अवस्थाएँ पायी जाती हैं—गुण, वृद्धि और सम्प्रसारण। वैयाकरणो की दृष्टि मे अपश्रुति से तात्पर्य स्वर-ध्वनियो तथा स्वर ध्वनियुग्मो के उस परिवर्तन से है जो मूलभारोपीय भाषा में होता था। इस परिवर्तन का मुख्यतः सम्बन्ध उदात्तादि स्वरो के साथ था। अ, ए, ओ इन तीनों स्वरों के ह्रस्व तथा दीर्घ रूप परस्पर परिवर्तन से निष्पन्न होते थे। प्राकृत होते थे। प्राकृत में एँ, ओ को ह्रस्व माना गया है। वे जब ये वर्ण ह्रस्व होते हैं, तो लघुता के कारण अर्थ में भी परिवर्तन दृष्टिगोचर होता है। गुण के उदाहरण प्राकृत भाषा में अनेक वर्तमान है, पर वृद्धि सम्बन्धी उदाहरणो की कमी है। यत वृद्धिवाले सन्ध्यक्षरों का प्रयोग प्राकृत मे नहीं होता है।

गुण के उदाहरण—
दिसा+इभ = दिसेभ
पामअ+उद = पामओद
महा+इसी = महेसी

राअ+इसी = राऐसी
सव्व+उवय = सव्वोवय
णिव+उग = णिवोउग
करिअर+उरु = करिअरोरु
मण+उवय = मणोवय

प्राकृत में वृद्धि का विकृत रूप उपलब्ध होता है। ए और ओ से पहले किन्तु उस ए और ओ से पहले नहीं, जो संस्कृत के ऐ और औ से निकले हों, पूर्ववर्ती अ और आ का लोप होकर ए और ओ मिल जाते हैं। यथा—

गाम+एणी = गामेणी
णव+एला = णवेला
फुल्ल+एला = फुल्लेला
जाल+ओलि = जालोलि
वाअ+ओलि = वाओलि
पहा + ओलि = पहोलि
जल + ओह = जलोह

मात्रिक अपश्रुति के अन्य उदाहरण निम्नलिखित भी हैं—

दीर्घ (वृद्धि) गुण
पिआ— पिअर— पितृ

पत्—पाडइ (व०) पाडीअ (भू०), पाडिहिइ (भवि०), पाडउ (वि०) पाडेज (क्रि०)
रुड्—आहोडइ (व०) आहोडीअ (भू०) आहोडिहिइ (भवि०), आहोडउ (वि०), आहोडेज (क्रि०)
दृश्—दरिसइ (व०) दरिसीअ (भू०) दरिसिहिइ (भ०), दरिसउ (वि०), दरिसेज (क्रि०)
अर्प—अप्पइ (व०) अप्पीअ (भू०) अप्पिहिइ (भवि०) अप्पउ (वि०) अप्पिअ (क्रि०)
स्था—ठाअइ (व०) ठाअसी (भू०) ठाइहिइ (भवि०) ठाअउ (वि०) ठाएज (क्रि०)
ध्यै—झाअइ (व०) झाअसी (भू०), झाइहिइ (भवि०) झाअउ (वि०) झाएज (क्रि०)

उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि स्वर परिवर्तन से अर्थ में बहुत अधिक अन्तर हो गया है। प्राकृत के क्रियारूपों में गुणात्मक अपश्रुति के समस्त लक्षण घटित होते हैं। इसी प्रकार संज्ञा और सर्वनाम के सुबन्तों में भी अपश्रुति के के लक्षण वर्तमान हैं।

सम्प्रसारण—अपश्रुति का एक अंग सम्प्रसारण है। इसमें या एवं य के स्थान में ई और वा एवं व के स्थान में उ स्वर पाया जाता है। प्राकृत में सम्प्रसारण ठीक उन्हीं अवसरों पर होता है, जिन पर संस्कृत में; ध्वनि बलहीन अक्षर में य का इ और व का उ हो जाता है। यथा यज् धातु से इष्टि बना और प्राकृत में यही इट्ठि हो गया। वप् से उप्त बना, पर प्राकृत में इसी का उत्त हो गया है। स्वप् से सुप्त निकला, प्राकृत में यही सुत्त हो गया।

असंयुक्त व्यञ्जन के पूर्व में जब य अथवा या आता है तो उसके स्थान पर ईकार और संयुक्त व्यञ्जन के पहले आता है तो प्राय इकारादेश होता है। यथा—

थीणा, ठीणा < स्त्यान—असंयुक्त व्यञ्जन न से पूर्व होने से ईकार—

राइण्ण < राजन्य - संयुक्त व्यञ्जन न्य से पूर्व होने से इकार

वीईवयमाण < व्यतिव्रजमाण – असंयुक्त व्यञ्जन ति से पूर्व होने से ईकार

वीईवइत्ता < व्यतिव्रजित्वा — ,, ,,

अपवाद—

विअण < व्यजन—

विलिअ < व्यलीक

यदि व संस्कृत शब्दों में संयुक्त व्यञ्जनों के पहले आता है, तो प्राकृत में उसका रूप ऊ न होकर उ होता है और पश्चात् ओ के रूप मे परिवर्तित हो जाता है। यथा—

अस्सोत्थ < अश्वत्थ व् का उ, पश्चात् ओ।

तुरिअ < त्वरित्—व् का उ।

सुवइ < स्वपिति— व् का उ और प का व।

सोत्थि < स्वस्ति— व का उ, पश्चात् ओ।

सोत्थिवायण < स्वस्तिवाचन — ,, ,,।

प्राकृत मे सम्प्रसारण नियम के अन्तर्गत अय् का ए और अव् का ओ में परिवर्तित होना भी सम्मिलित है। यथा -

ठवेइ < स्थापयति—पकारोत्तर अकार और य इन दोनो के स्थान पर ए हुआ है।

कहेइ < कथयति—थकारोत्तर अकार और य इन दोनों के स्थान पर ए।

णेइ < नयति—अय के स्थान पर ए।

अव, अउ होकर ओ के रूप में परिवर्तित हो गया है। यथा –

ओयरण < अवतरण – अव के स्थान पर ओ हुआ है।

णोमालिया < नवमल्लिका — अव के स्थान पर ओ।

ओसरइ < अपसरति — अप के स्थान अव और इसके स्थान प र ओ, उय, ऊ और ओ में परिवर्तित हो जाता है। यथा —

ऊहसियं, ओहसियं, उवहसियं < उपहसितम्

उज्झाओ, ओज्झाओ < उपाध्यायः

ऊआसो, ओआसो < उपवासः

स्वरपरिवर्तन पर स्वरघात का प्रभाव (Influence of accent on vocalision) प्राकृत मे स्वराघात का क्या स्वरूप था, इसका निर्णय अभी तक नहीं हुआ है। प्राचीन भारतीय आर्यभाषा काल के पश्चात् स्वराघात को अंकित करने की प्रथा उठ गयी थी। पर इतना सत्य है कि जिन अक्षरो पर स्वराघात होता था, उनके पूर्ववर्ती अक्षरो मे स्वर परिवर्तन के उदाहरण अभी भी मिलते हैं। अक्षरो में स्वर प्रमुख है, वह अक्षर का मेरुदण्ड है। उच्चारण करते समय स्वर का आरोह (Rising tone) या अवरोह (Falling tone) अथवा इन दोनो की मिश्रित स्थिति अवश्य होती है। प्राकृत भाषा मे इस स्थिति को किसी चिन्ह विशेष द्वारा व्यक्त नहीं किया जाता, बल्कि इसका ज्ञान स्वर-परिवर्तन द्वारा किया जाता है। स्वराघात का प्रभाव निम्न प्रकार अवगत किया जाता है।

१ जब प्रथमाक्षर पर स्वराघात होता है, तो प्राकृत में ऐसे कई शब्दो में अ के स्थान पर इ हो जाता है। यथा—

मज्झिम < मध्यम—म पर स्वराघात है, अतः ध्य (ज्झ) में रहनेवाले अ के स्थान पर इ।

उत्तिम < उत्तम—'उ' पर स्वराघात है, अतः त में रहने वाले अ के स्थान पर इ।

उत्तिमंग < उत्तमाङ्ग — " " "

कइम < कतम—'क' पर स्वराघात है, अतः अ के स्थान पर इ।

चरिम < चरम— च पर स्वराघात, अतः रकारोत्तर अकार को इ।

२. स्वराघात वाले अक्षर के बाद 'अ' का 'उ' भी हो जाता है। यथा -

पाउरणं < प्रावरणम्—'पा' पर स्वराघात है, अतः वकारोत्तर अकार को उकार।

गउओ < गवयः—'ग' पर स्वराघात, अतः वकारोत्तर अ को उ।

वीसुं < विष्वक्—'वि' पर स्वराघात, अत. उकार।

पढुमं < प्रथमम्—'प्र' पर स्वराघात अतः थकारोत्तर अ कार को उकार

३. कभी-कभी स्वराघात वाले अक्षर के अनन्तर इ का उ और उ का इ भी हो जाता है । यथा—

भिउडी < भ्रुकुटिः

उच्छू < इक्षुः—इकार के स्थान पर उ ।

दुविहो < द्विविधः—इ के स्थान पर उ ।

दुआई < द्विजातिः— „ „

णुमज्जइ < निमज्जति— „ „

णुमज्जो < निमग्नः— „ „

पावासु < प्रवासिन्— „ „

पुरिसो < पुरुष—उकार के स्थान पर इ ।

पउरिसं < पौरुषम्— „ „

४. स्वराघात के प्रभाव के कारण ही अनुदात्त अन्त्य अक्षर ह्रस्व कर दिए जाते हैं । यथा—

करेत्ति < करोति, घरसामिणी च्चेय < गृहस्वामिनी चैव

सहस च्चिय < सहसा चैव

गअणें च्चिअ < गगने चैव

आवाएँ च्चिअ < आपाते चैव

भिक्खु त्ति < भिक्षोरिति

चाइत्ति < त्यागी इति

५. कहीं-कहीं शब्द का दूसरा अक्षर ह्रस्व कर दिया जाता है । यह परिवर्तन प्राकृत में स्वराघात को दूसरे अक्षर से हटाकर प्रथम अक्षर पर कर देने से होता है । यथा—

गहिल < गृहीत, पाणिय < पानीय

६ कभी-कभी उन अक्षरो मे इ हो जाता है, जो स्वरित वर्णों के बाद आते हैं । यह परिवर्तन विशेष कर सर्वनामो के षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में और परस्मैपद धातुओ के उत्तम पुरुष बहुवचन मे होता है । यथा—

तेसि < तेषाम्—ते स्वरित वर्ण के अनन्तर आकार को इ—

तासि < तासाम्—ता स्वरित वर्ण के अनन्तर आकार को इ ।

एएसि < एतेषाम्—ते स्वरित वर्ण के अनन्तर आकार को इ—

जेसि < येषाम्—ये स्वरित वर्ण के अनन्तर आकार को इ ।

जासि < यासाम्—या (जा) स्वरित वर्ण के अनन्तर आकार को इ ।

अण्णेसि < अन्येषाम्—ण्णे स्वरित के अनन्तर आकार को इ ।

एसि < एषाम्—ए स्वरित के अनन्तर आकार को इ ।

परेसिं < परेषाम्—य स्वरित के अनन्तर आ को इ।
वंदिमो < वन्दामहे—'वं' स्वरित के अनन्तर आ को इ।
नमिमो < नमामः—न स्वरित के अनन्तर आ को इ।
भणिमो < भणाम.—भ स्वरित के अनन्तर आ को इ।

७. कभी-कभी अ के समान आ भी स्वरित वर्णों के पहले इ में बदल जाता है और यह स्पष्ट ही है कि पहले आ का अ हो जाता है। यथा—

इत्थामित्त < इत्थामात्र
अदिमेत्तं < अतिमात्रम्
दुग्गेज्झ < दुर्गाह्य

स्वरभक्ति (Anaptyxis) संयुक्त ध्वनियों के उच्चारण में कठिनाई का अनुभव होने के कारण उच्चारण सौकर्य के लिए उनके बीच में स्वरागम होता है। इसीको स्वरभक्ति अथवा विप्रकर्ष कहते हैं। प्राचीन आर्यभाषा से ही प्रयत्न लाघव की प्रवृत्ति पायी जाती है। छान्दस् में इन्दर (इन्द्र), दरशत् (दर्शत्) जैसे स्वरभक्ति युक्त उच्चारण का उल्लेख प्रतिशाख्यों मे पाया जाता है और संस्कृत मे पृथिवी (पृथ्वी), सुवर्ण (स्वर्ण) जैसे रूप पर्याप्त मात्रा में मिलते हैं। मध्य भारतीय आर्यभाषा काल मे विप्रकर्षयुक्त उच्चारण की प्रवृत्ति और अधिक बढ़ती हुई दृष्टिगोचर होती है और य्, र्, ल् तथा सानुनासिक संयुक्त व्यञ्जनो में इसका प्रयोग मिलता है। अपभ्रंश मे स्वर भक्ति युक्त पदों का प्रचलन पाया जाता है। प्राकृत के उदाहरण निम्नाङ्कित हैं—

गंभीरिअं < गाम्भीर्यम्—र् और य् का पृथक्करण और इ स्वर का आगम।
गहीरिअं < गाम्भीर्यम्— ,, ,, ,, ,,
चोरिअं < चौर्यम्— ,, ,, ,, ,,
धीरिअं < धैर्यम् र और य् का पृथक्करण तथा इ स्वर का आगम
भारिआ < भार्या— ,, ,, ,,
वरिअं < वर्यम्— ,, ,, ,,
थेरिअं < स्थैर्यम्— ,, ,, ,,
सूरिओ < सूर्यः— ,, ,, ,,
सुन्दरिअं < सौन्दर्यम्— ,, ,, ,,
सोरिअं < शौर्यम्— ,, ,, ,,
गरिहा < गर्हा—र् और ह् का पृथक्करण तथा इ स्वर का आगम
वरिहो < वर्ह— ,, ,, ,,
अरिहो < अर्हः ,, ,, ,,

वरिसं < वर्षम् – र् और ष् (स) का पृथक्करण तथा इ स्वर का आगम।
वरिससयं < वर्षशतम्— „ „ „
वरिसा < वर्षा — „ „ „
किलम्मइ < क्लाम्यति—क् और ल् का पृथक्करण तथा इ का आगम।
किलेसो < क्लेशः— „ „ „
गिलाइ < ग्लायति—ग् और ल् का पृथक्करण तथा इ का आगम।
गिलाणं < ग्लानम्— „ „ „
मिलाण < म्लानम् –म् और ल् का पृथक्करण तथा इ का आगम।
सिलोओ < श्लोक —श् (स्) और ल् का पृथक्करण तथा इ का आगम।
सुइलं < शुक्लम् क और ल् का पृथक्करण तथा क् का लोप, इ का आगम

सन्धि -सन्धानं सन्धिः। उत्कृष्टो वर्णाना सन्निकर्ष उच्यते। तद्विषयमपि कार्यं समानदीर्घादि सन्धिरित्यभिजातम्, उपचारात्। वर्णानां समवायः सन्धि। अर्थात् मिलने को सन्धि कहते हैं। जब किसी शब्द में दो वर्ण निकट आने पर मिलते हैं, तो उनके मेल से उत्पन्न होनेवाले विकार को सन्धि कहते हैं। प्राकृत मे सन्धि की व्यवस्था विकल्प से होती है, नित्य नहीं। सन्धि के तीन भेद हैं - (१) स्वर सन्धि, (२) व्यञ्जन सन्धि, (३) अव्यय सन्धि।

स्वर सन्धि—दो अत्यन्त निकट स्वरों के मिलने से जो ध्वनि में विकार उत्पन्न होता है उसे स्वर सन्धि कहते हैं। इसके प्राकृत मे पांच भेद हैं—दीर्घ, गुण, विकृत वृद्धि सन्धि, ह्रस्व-दीर्घ और प्रकृतिभाव या सन्धि निषेध।

१. दीर्घ सन्धि – ह्रस्व या दीर्घ अ, इ और उ से उनका सवर्ण स्वर परे रहे तो दोनो के स्थान मे विकल्प से सवर्ण दीर्घ होता है। यथा—

(क) दंड + अहीसो = दंडाहीसो, दंड अहीसो
विसम + आयवो = विसमायवो, विसम आयवो
रमा + अहीणो = रमाहीणो रमा अहीणो
रमा + आरामो = रमारामो, रमा आरामो

(ख) मुणि + इणो = मुणीणो, मुणि इणो
मुणि + ईसरो = मुणीसरो, मुणि ईसरो
गामणी + इइहासो = गामणीइहासो, गामणी इइहासो
गामणी + ईसरो = गामणीसरो, गामणी ईसरो

(ग) भाणु + उवज्झाओ = भाणूवज्झाओ, भाणु उवज्झाओ
साहु + ऊसवो = साहूसवो, साहु ऊसवो

बहू + उअरं = बहूअरं, बहू उअरं
कणेरु + ऊसिअं = कणेरूसिअं, कणेरु ऊसिअ

२. गुण सन्धि—अ या आ वर्णों से परे ह्रस्व या दीर्घ इ और उ वर्ण हो तो पूर्व-पर के स्थान में एक गुण आदेश होता है। यथा—

(क) वास + इसी = वासेसी, वास इसी
रामा + इअरो = रामेअरो, रामा इअरो
वासर + ईसरो = वासरेसरो, वासर ईसरो
विलया + ईसो = विलयेसो, विलया ईसो

(ख) गूढ + उअर = गूढोअरं, गूढ उअरं
रमा + उवचिअं = रमोवचिअं, रमा उवचिअं
सास + ऊसासा = सासोसासा, सास ऊसासा
विज्जुला + ऊसुंभिअं = विज्जुलोसुंभिअं
दिसा + इभ = दिसेभ
महा + इसि = महेसि
करिअर + उरु = करिअरोरु

३. विकृतवृद्धि सन्धि—ए और ओ से पहले अ और आ हो तो उनका लोप हो जाता है। यथा—

णव + एला = णवेला
वण + ओलि = वणोलि
माला + ओहड = मालोहड

४ ह्रस्व दीर्घ विधान सन्धि—सामासिक पदो में ह्रस्व का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व होता है। इस ह्रस्व या दीर्घ के लिए कोई निश्चित नियम नहीं है। यथा—

वारि + मई = वारीमई, वारिमई
वेलु + वणं = वेलूवणं, वेलुवणं
सिला + खलिअं = सिलखलिअ, सिलाखलिअं

५ प्रकृतिभाव सन्धि—सन्धि कार्य के न होने को प्रकृतिभाव कहते हैं। प्राकृत में संस्कृत की अपेक्षा सन्धि निषेध अधिक मात्रा मे पाया जाता है। इस सन्धि के प्रमुख नियम निम्नाङ्कित हैं :—

(क) इ और उ का विजातीय स्वर के साथ सन्धि कार्य नहीं होता। यथा—
पहावलि + अरुणो = पहावलिअरुणो
वि + अ = विअ

(ख) ए और ओ के आगे यदि कोई स्वर वर्ण हो तो उनमें सन्धि कार्य नहीं होता है। यथा—

वणे + अइह = वणे अइह

देवीए + एत्थ = देवीए एत्थ

एओ + एत्थ = एओ एत्थ

(ग) उद्वृत्तस्वर का किसी भी स्वर के साथ सन्धि कार्य नहीं होता। यथा—

निसा + अरो = निसा अरो

रयणी + अरो = रयणी अरो

मणु + अत्त = मणु अत्तं

(क) इस सन्धि का अपवाद भी मिलता है अर्थात् कहीं-कहीं विकल्प से सन्धि कार्य हो जाता है और कहीं नित्य भी सन्धि कार्य देखा जाता है। यथा—

कुंभ + आरो = कुम्भारो, कुम्भ आरो

सु + उरिसो = सूरिसो, सुउरिसो

चक्क + आओ = चक्काओ

साल + आहणो = सालाहणो

(ङ) तिप् आदि प्रत्ययों के स्वरों के साथ भी सन्धि कार्य नहीं होता है। यथा—

होइ + इह = होइ इह

(च) किसी स्वरवर्ण के पर मे रहने पर उसके पूर्व के स्वर का विकल्प से लोप होता है। यथा—

तिअस + ईसो = तिअसीसो

राअ + उलं = राउलं

गअ + इंद = गइंद

व्यंजन सन्धि—प्राकृत में सन्धि के अधिक नियम नहीं मिलते, यतः अन्तिम हल् व्यंजन का लोप हो जाने से सन्धिकार्य का अवसर ही नहीं आता है। इस सन्धि के प्रमुख नियम निम्नलिखित हैं—

१. अ के बाद आये हुए संस्कृत विसर्ग के स्थान मे उस पूर्व 'अ' को ओ हो जाता है।

अग्रतः > अग्गओ

मनः + सिला = मणोसिला

२. पद के अन्त में रहनेवाले मकार का अनुस्वार होता है। यथा—

गिरिम् > गिरिं, जलम् > जलं

३. मकार से परे स्वर रहने पर विकल्प से अनुस्वार होता है। यथा—

उसभम् + अजिअं = उसभमजिअं, उसभं अजियं

वणम् + एव = वणमेव, वणं एव

४. बहुलाधिकार रहने से हलन्त अन्त्य व्यञ्जन का भी मकार होकर अनुस्वार हो जाता है। यथा—

साक्षात् > सक्खं, यत् > जं

पृथक् > पिहं, सम्यक् > सम्मं

५. ङ्, ञ्, ण् और न् के स्थान में पश्चात् व्यञ्जन होने से सर्वत्र अनुस्वार हो जाता है। यथा—

पंक्ति > पंति, पंती

कञ्चुकः > कंचुओ, लाञ्छनम् > लंछण

विन्ध्य > विंझो,

अव्यय सन्धि – संस्कृत में इस नाम को कोई सन्धि नहीं है, पर प्राकृत में अनेक अव्यय पदों में यह सन्धि पायी जाती है। यह सन्धि दो अव्यय पदों में होती है। इसके प्रमुख नियम निम्नलिखित हैं —

१ पद से परे आये हुए आदि अव्यय के अ का लोप विकल्प से होता है। लोप होने के बाद अपि का प यदि स्वर से परे हो तो व हो जाता है। यथा—

केण + अपि = केणवि, केणावि

कह + अपि = कहपि, कहमवि

किं + अपि = किंपि, किमवि

२. पद के उत्तर में रहनेवाले इति अव्यय के आदि इकार का लोप विकल्प से होता है और स्वर के परे रहनेवाले तकार को द्वित्व होता है। यथा—

किं + इति = किंति

जं + इति = जंति

दिट्ठं + इति = दिट्ठंति

तहा + इति < तहात्ति, तहत्ति

पुरिसो + इति = पुरिसोत्ति

३. त्यद् आदि सर्वनामों से पर में रहनेवाले अव्ययों तथा अव्ययों से पर में रहनेवाले त्यदादि के आदि-स्वर का विकल्प से लोप होता है। यथा —

एस + इमो = एसमो

अम्हे + एत्थ = अम्हेत्थ

जइ + एत्थ = जइत्थ

अम्हे + एब्ब = अम्हेब्ब

अकारण अनुनासिकता (Spontanious Nazalization) ध्वनि परिवर्तन में अनुनासिकता का महत्त्वपूर्ण स्थान है। मुख-सुविधा के लिए कुछ लोग निरनुनासिक ध्वनियों को सानुनासिक बना देते हैं। इस अनुनासिकता का कारण कुछ मनीषी द्रविड भाषाओं का प्रभाव मानते हैं। पर हमारा विचार है कि मुख-सुविधा के कारण ही भाषा में अनुनासिकता आ जाती है और स्वभावतः बिना किसी कारण के निरनुनासिक ध्वनियाँ सानुनासिक बन जाती हैं। प्राकृत में अकारण अनुनासिकता का प्राचुर्य है।

प्राकृत में कितने ही शब्दों में प्रयोगानुसार पहले, दूसरे या तीसरे वर्ण पर अनुस्वार का आगम होता है। यथा—

प्रथम वर्ण के ऊपर अनुस्वार—
असु (अश्रु) = अंसुं
तस (त्र्यस्रम्) = तंसं
वंक (वक्रम्) = वक्कं
मसू (श्मश्रू) = मंसू
मुंडं (मूर्द्धा) = मुंडं
द्वितीय वर्ण के ऊपर अनुस्वारागम
इह = इहं, पडसुआ = पडंसुआ
मणसो (मनस्वी) = मणंसी
मणसिणी (मनस्विनी) = मणंसिणी
मणसिला (मनःशिला) = मणंसिला
तृतीय वर्ण के ऊपर अनुस्वारागम --
अणिउतयं (अतिमुक्तकम्) = अणिउंतयं
उवरि (उपरि) = उवरिं

क्त्वा एवं स्यादि ण और सु के आगे विकल्प से अनुस्वार का आगम होता है। यथा—

काउण (कृत्वा) = काउणं
कालेण (कालेन) = कालेणं
वच्छेण (वृक्षेण) = वच्छेणं
वच्छेसु (वृक्षेषु) = वच्छेसुं

घोषीकरण (Vocalization) ध्वनि परिवर्तन मे घोषीकरण का सिद्धान्त भी महत्त्वपूर्ण है। इस सिद्धान्तानुसार अघोष ध्वनियाँ घोष हो जाती हैं, क्योंकि ऐसा करने से उच्चारण में सुविधा होती है। शौरसेनी प्राकृत में यह प्रवृत्ति

और अधिक पायी जाती है। सामान्यतः प्राकृत भाषा में अघोष वर्णों के स्थान पर सघोष वर्ण हो जाते हैं। यथा -

एग्गो < एकः— अघोषवर्ण क के स्थान घोषवर्ण ग हुआ है।
अमुगो < अमुकः— ,, ,, ,,
आगारो < आकारः— ,, ,, ,,
आगरिसो < आकर्षः— ,, ,, ,,
परगास < प्रकाश— ,, ,, ,,
होदि < भवति—अघोष वर्ण त के स्थान पर द हुआ है।

अघोषीकरण (Devocalization)—ध्वनि परिवर्तन के सिद्धान्तों में अघोषीकरण का सिद्धान्त भी आता है। प्राकृत भाषा की ध्वनियों मे इस सिद्धान्त का प्रयोग बहुत कम हुआ है। पर पैशाची प्राकृत मे यह सिद्धान्त सर्वत्र प्रचलित है। यतः पैशाची में वर्ग के तृतीय और चतुर्थ वर्ण के स्थान पर प्रथम और द्वितीय वर्ण का आदेश होता है। यथा—

राचा < राजा—घोष वर्ण ज के स्थान पर अघोष च।
तामोतरो < दामोदरः – घोष वर्ण द के स्थान पर अघोष त।
मेखो < मेघः - घोष वर्ण घ के स्थान पर अघोष ख।
गकनं < गगनम् –घोष वर्ण ग के स्थान पर अघोष क।
मरफसं < सरभसं घोष वर्ण भ के स्थान पर अघोष फ।

महाप्राणीकरण (Aspiration) उच्चारण प्रसंग में कभी-कभी अल्प-प्राण ध्वनियाँ महाप्राण हो जाती हैं। यथा—

पुरुषः > फरुसो – अघोष अल्पप्राण प के स्थान पर अघोष महाप्राण फ हुआ है।
परिघ > फलिहो — ,, ,, ,,
परिखा > फलिहा — ,, ,, ,,
पनसः > फणसो — ,, ,, ,,
परिभद्रः > फलिहद्दो— ,, ,, ,,
पुष्पम् > पुप्फं— ,, ,, ,,
स्पन्दनम् > फंदणं – ,, ,, ,,
स्तुतिः > थुई—अघोष अल्पप्राण त के स्थान पर अघोष महाप्राण थ।
स्तोकं > थोयं— ,, ,, ,,
स्तवः > थवो— ,, ,, ,,
पुष्करं > पोक्खर—अघोष अल्पप्राण क के स्थान पर अघोष महाप्राण ख।
पुष्करिणी > पोक्खरिणी—,, ,, ,,
स्कन्धः > खन्धो— ,, ,, ,,

अल्पप्राणीकरण (Despiration) महाप्राण ध्वनियों के स्थान पर अल्पप्राण ध्वनियाँ उच्चारण सौकर्य के कारण स्थान प्राप्त कर लेती हैं। यथा—

भगिनी—बहिन

उष्मीकरण—कभी-कभी कुछ ध्वनियां ऊष्म में परिवर्तित हो जाती हैं। प्राकृत में ख, घ, थ, ध, और भ वर्णों के स्थान पर ह हो जाता है। शीकर, निकष, स्फटिक और चिकुर शब्द में क के स्थान पर भी ह हो गया है। परिवर्तन की यह प्रक्रिया ऊष्मीकरण है। यथा—

शीकरः > सीहरो—क के स्थान पर ह ऊष्म वर्ण हो गया।
निकषः > निहसो— ,, ,, ,,
स्फटिकः > फलिहो - ,, ,, ,,
चिकुर > चिहुरो— ,, ,, ,,
मुखं > मुहं—ख के स्थान पर ह ऊष्म वर्ण हो गया है।
मेखला > मेहला— ,, , ,,
मेघः > मेहो—घ के स्थान पर ह ऊष्म वर्ण हो गया है।
नाथः > नाहो—थ के स्थान पर ह ऊष्म वर्ण हो गया है।
मिथुनं > मिहुणं— ,, ,, ,,
साधुः > साहू—ध के स्थान पर ह ऊष्म वर्ण हो गया है।

तालव्यीकरण- प्राकृत की कुछ विभाषाओं में दन्त्य वर्णों के स्थान पर तालव्यीकरण—तालव्य वर्ण भी पाये जाते हैं। यथा—

चिच्छइ < त्यक्षति—दन्त्य त् ध्वनि के स्थान पर तालव्य च्।
चिट्ठइ < तिष्ठति दन्त्य त् के स्थान पर तालव्य च्।
विज्जज्झर < विद्याधर—दन्त्य द् और ध् के स्थान पर ज् और झ तालव्य वर्ण।
चियत्त (अर्ध मा०) < त्यक्त—दन्त्य त् के स्थान पर तालव्य च्।

दन्त्यवर्ण—अर्धमागधी मे तालव्य वर्णों के स्थान पर दन्त्य वर्ण पाये जाते हैं। यथा—

तेइच्छा < चिकित्सा—तालव्य च् के स्थान पर दन्त्य त्।
दिगिच्छंत < जिघत्सत्—तालव्य ज् के स्थान पर दन्त्य द्।
दिगिच्छा < जिघत्सा— ,, ,, ,,
दोसिणा < ज्योत्स्ना— ,, ,, ,,
दोसिणी < ज्योत्स्नी - ,, ,, ,,
वणदोसिणी < वनज्योत्स्नी— ,, ,,

दोॅग्ग < युग्म— तालव्य य् के स्थान पर दन्त्य द् ।

मूर्धन्यीकरण—संस्कृत दन्त्य वर्ण प्राकृत मे प्राय. मूर्धन्य बन जाते हैं। डॉ० पिशल का अनुमान है कि प्राकृत की ध्वनि प्रक्रिया मे मूर्धन्य वर्ण दन्त्य भी पाये जाते हैं। इससे स्पष्ट है कि प्राकृत का सम्बन्ध केवल छान्दस् से ही नहीं है, बल्कि अनेक जनबोलियो से है, जिससे उच्चारण की भिन्नता के कारण इस प्रकार का वैविध्य आ गया है। यथा—

टगरो < तगर —दन्त्य त् ध्वनि के स्थान पर मूर्धन्य ट् ध्वनि ।

टूबरो < तूबर — ,, ,, ,,

टसरो < त्रसर — ,, ,, ,,

पडाया < पाताका — ,, ,, ड ध्वनि

पडिकरइ < प्रतिकरोति—दन्त्य त् ध्वनि के स्थान पर मूर्धन्य ड् ध्वनि

पडिमा < प्रतिमा— ,, ,, ,,

पहुडि < प्रभृति — ,, ,, ,,

मडय < मृतकम् — ,, ,, ,,

पढमो < प्रथम— दन्त्य थ् ध्वनि के स्थान पर मूर्धन्य ढ ध्वनि ।

निसीढो < निशीथ— ,, ,, ,,

डस < दंश - दन्त्य द् ध्वनि के स्थान पर मूर्धन्य ड् ध्वनि ।

डंभो < दम्भ — ,, ,, ,,

डोला < दोला — ,, ,, ,,

कई स्थानो पर यह मूर्धन्यीकरण छिपा-सा रहता है। यथा—

पइण्णा < प्रतिज्ञा -

पइट्ठाण < प्रतिष्ठान, पइट्ठा < प्रतिष्ठा

य, व-श्रुति— प्राकृत मे य और व श्रुति पायी जाती है। इसका भाषावैज्ञानिक हेतु यह है कि प्राचीन भारतीय आर्यभाषा के मूल अक्षर-भार (Syllabic weight) को सुरक्षित रखना है। संस्कृत मे एक पद मे एक साथ दो स्वर ध्वनियाँ नहीं पायी जाती हैं, उनमें सन्धि हो जाती है, पर प्राकृत मे दो स्वर ध्वनियाँ एक साथ भिन्न अक्षर प्रक्रिया का सम्पादन करती हुई पायी जाती हैं। सम्भवत स्वर सन्धि की इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए ही य-व श्रुति का विधान किया गया है। उदाहरणार्थ 'ओअणं' शब्द लिया जा सकता है। प्राचीन भारतीय आर्यभाषा के नियम से ओ के मध्यवर्ती ओ और अ में सन्धि होनी चाहिए और सन्धि हो जाने पर अक्षर-भार अक्षुण्ण नहीं रह सकेगा। अतएव ओअणं, ओयणं < योजनं में ओ तथा अ मे सन्धि न हो तथा अक्षरभार भी अक्षुण्ण बना रहे, इसी कारण य-व श्रुति का प्राकृत वैयाकरणो ने विधान किया है।

य और व ध्वनि के विकासक्रम पर विचार करने से भी ज्ञात होता है कि प्राकृत मे ये ध्वनियां शुद्ध संस्कृत ध्वनियो के रूप मे विकसित नहीं हुई है। प्राकृत में पदादि य सदा ज हो जाता है। यदि संस्कृत य स्वरमध्यगत है तो वह प्राकृत में लुप्त हो जाता है। इस प्रकार प्राकृत में संस्कृत य का दुहरा विकास देखा जाता है। आचार्य हेमचन्द्र ने बताया है कि अ या उसके दीर्घरूप आ के पूर्व तथा पर य श्रुति का प्रयोग होता है—क, ग, च, ज आदि का लोप होने पर अ, आ, अ, आ के बीच मे य श्रुति का प्रयोग होता है। य श्रुति मे य का उच्चारण 'लघु-प्रयत्नतर' होता है। यहाँ लघुप्रयत्नतर' शब्द विचारणीय है। आज के पाश्चात्य ध्वनिशास्त्री श्रुति (Glide) को ध्वन्यात्मक तत्त्व (Phonematic elements) न मानकर सन्ध्यात्मक तत्त्व (Prosodic elements) मानते हैं। सम्भवत आचार्य हेम के इस श्रुति रूप य का उच्चारण इतना पूर्ण नहीं हो पाया, कि वह य वर्ण (Phoneme) हो सके। अत. यह स्पष्ट है कि य श्रुत्यात्मकता को ही संकेतिक करता है, ध्वन्यात्मकता को नहीं।

पद रचना—पश्चिम की बोलियो मे य श्रुति की प्रवृत्ति देखी जाती है और पूर्व की बोलियो मे व श्रुति की। य-व श्रुति का पूर्णतया विकास अपभ्रंश मे पाया जाता है। प्राकृत को पदरचना संस्कृत की अपेक्षा बहुत सरल है। यह सारल्य प्रवृत्ति शब्दो एवं धातुओं दोनो के रूपो मे दिखलायी पडती है। संस्कृत के तीन वचन प्राकृत मे दो ही रह गये—एकवचन और बहुवचन। प्राकृत की इसी परम्परा का निर्वाह आधुनिक भारतीय भाषाएँ भी कर रही हैं।

प्राकृत मे तीन प्रकार के ही प्रातिपदिक पाये जाते हैं—(१) अ और आ से अन्त होनेवाले, इ और ई से अन्त होनेवाले एव उ और ऊ से अन्त होनेवाले, संस्कृत के हलन्त शब्द यहा अजन्त बन गये है। अत प्रयोगकाल मे अकारान्त आकारान्त, इकारान्त ईकारान्त और उकारान्त, ऊकारान्त शब्द ही उपलब्ध होते हैं। ऋकारान्त शब्द भी प्राकृत में नही है। ये भी उक्त छ कार के शब्दो मे ही परिवर्त्तित हो गये है।

प्राकृत भाषा मे संस्कृत के लिङ्ग सुरक्षित हैं। पुल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग तथा नपुसक लिङ्ग तीनो प्रकार के रूप यहाँ पाये जाते हैं। पर नपुसक-लिङ्ग के रूपो मे कुछ क्षीणता दिखलायी पडती है। यो तो संस्कृत मे ही नपुसकलिङ्ग के रूप प्रथमा और द्वितीया विभक्तियो को छोड़कर शेष सभी विभक्तियो में पुल्लिङ्ग के समान हो गये हैं। प्राकृत मे भी कर्त्ता और कर्म इन दो कारको मे एकवचन और बहुवचन के रूप प्राय सुरक्षित रहे। हाँ, एक बात यह अवश्य हुई कि प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के रूप समान हो गये, जबकि संस्कृत में इन दोनो विभक्तियो के रूपो मे

क्वचित्, कदाचित् अन्तर भी हो जाता था। अपभ्रंशकाल में आकर नपुंसकलिङ्ग शब्द भी प्राय: पुँल्लिङ्ग मे परिवर्तित हो गये और इस लिङ्ग के सभी शब्दो के रूप पुँल्लिङ्ग शब्दो के समान ही बनने लगे। यही प्रभाव आधुनिक भारतीय भाषाओ पर पड़ा और नपुंसकलिङ्ग की स्थिति समाप्त होती गयी। पुंल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग दो ही प्रकार के शब्द रूप शेष रह गये हैं।

प्राकृतकाल में विभक्तियों मे भी सरलता आयी। संस्कृत में आठ विभक्तियाँ थीं, किन्तु प्राकृत मे चतुर्थी का लोप हो गया, और वह षष्ठी में सम्मिलित कर दी गयी। अतएव प्राकृत मे आठ विभक्तियो के स्थान पर सात विभक्तियाँ ही पायी जाती हैं। यही नही रूपो तथा सुप् आदि विभक्तियो मे भी बडी सरलता हो गयी तथा सभी पुंल्लिङ्ग शब्दो के रूप प्राय: अकारान्त शब्दों के रूपो से प्रभावित हुए। फलत अकारान्त तथा इकारान्त-उकारान्त शब्दो के षष्ठी एकवचन के रूपो मे जो भेद था, वह लुप्त हो गया तथा इकारान्त उकारान्त शब्दो मे वे रूप भी सम्मिलित हो गये, जो अकारान्त शब्दो में बनते थे। उदाहरण के लिए अग्गि और वाउ शब्द को लिया जा सकता है। इन दोनो शब्दो के षष्ठी के एकवचन मे अग्गिस्स, अग्गिणो < अग्ने, वाउस्स, वाउणा < वायो, रूप अकारान्त वच्छ शब्द के समान वैकल्पिक रूप मे उपलब्ध होते हैं। तृतीया आदि विभक्तियो मे भी सरलता दिखलायी पडती है।

स्त्रीलिङ्ग आ, ई और ऊ से अन्त होनेवाले शब्दो के रूपो में समानता पायी जाती है। प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में उक्त शब्दो के तीन-तीन रूप पाये जाते हैं।

(१) शून्य—अविकारी रूप
(२) ओ — विभक्ति चिह्नवाला रूप
(३) उ-विभक्ति चिह्नवाला रूप

उदाहरणार्थ माला, नई और बहू शब्दो को लिया जा सकता है। इन तीनो शब्दों के प्रथमा विभक्ति बहुवचन मे निम्नलिखित रूप होगे -

माला, मालाओ, मालाउ < माला - प्रथमा बहुवचन
नई, नईओ नईउ < नद्य.— ,, ,,
बहू, बहूओ, बहूउ < बध्व:

स्पष्ट है कि आकारन्त, ईकारान्त और ऊकारान्त शब्दो में पर्याप्त समानता का प्रवेश हो गया था और रूपो की विभिन्नता दूर होने लगी थी। इतना ही नहीं तृतीया, चतुर्थी, षष्ठी और सप्तमी इन चारो विभक्तियो के एकवचन में एक ही रूप बनने लगा है। द्वितीया विभक्ति के एकवचन में प्रातिपदिक की अन्तिम स्वर-

ध्वनि को ह्रस्व बनाकर 'मृ' विभक्ति चिह्न प्रयुक्त होने लगा। यह प्रवृत्ति भी सरलीकरण की ही है। यथा

मालं < माला, नइं < नदी, बहूं < बधू।

स्त्रीलिङ्ग में आकारान्त शब्द प्राय आकारान्त हो गये और उनकी रूपावलि आकारान्त शब्दों के समान बन गयी। हलन्त शब्दों के रूप अजन्त शब्दों में परिणत हो गये और शब्द रूपावलि का सघन जाल छिन्न-भिन्न हो गया तथा संज्ञा रूपों में पर्याप्त सरलता आ गयी।

सर्वनाम शब्दों के रूपों में युष्मत् और अस्मत् शब्दों के रूपों में कई तरह के परवर्ती विकास पाये जाते हैं। अहं का विकसित रूप है, अहं और अहम्मं तथा त्वं का तं, तुम और तु रूप पाये जाते हैं। इन शब्दों की रूपावलि में कुछ पर संस्कृत का प्रभाव है, और कई रूप अकारान्त पुंल्लिङ्ग शब्दों से प्रभावित हैं। यथा—मह, मए, ममम्मि ममस्सि < मयि मत्तो मइत्ता, ममाओ ममाउ, ममाहि < मत् आदि पर अकारान्त शब्दों का प्रभाव देखा जा सकता है। अन्य सर्वनाम रूपों में कोई विशेष अन्तर नहीं है, उनकी रूपावलि प्राय अकारान्त शब्दों के समान ही होती है।

शब्दरूपों की अपेक्षा प्राकृत क्रियारूपों में अत्यधिक परिवर्तन पाया जाता है। जिस प्रकार शब्दरूपों में एकरूपता लाने की प्रवृत्ति प्राकृत में पायी जाती है, उसी प्रकार क्रियारूपों में भी एकरूपता लाने की प्रवृत्ति वर्तमान है। संस्कृत धातुओं में व्यञ्जन ध्वनियाँ भी वर्तमान थीं पर प्राकृत में आकर सभी धातु स्वरान्त हो गये। संस्कृत में दस गणों में धातुओं को बाँटा गया था और प्रत्येक गण का विकरणात्मक कार्य पृथक् होता था जिससे क्रियारूपों में पार्थक्य समाविष्ट हो गया था। पर प्राकृत में शनैः शनैः यह गणभेद लुप्त होने लगा और अपभ्रंश में आते-आते सभी धातु भ्वादि गण के हो गये। शब्द रूपों के समान द्विवचन के रूप भी लुप्त हो गये। आत्मनेपदी रूपों का प्राय अभाव हो गया।

कालों में व्यवहारानुसार भूत, भविष्यत् और वर्तमान के अतिरिक्त आज्ञा एवं विधि के रूप ही शेष रह गये। लिट् और लङ् लकार का लोप हो जाने से कृदन्त रूपों का प्रयोग अधिक बढ़ गया। भूतकाल की क्रिया का कार्य कृदन्तों से ही चलने लगा। परिणाम यह निकला कि भूतकाल के सभी पुरुष और सभी वचनों में एक ही रूप का अस्तित्व समाविष्ट है। यथा—

√ग्रह् से भूतकाल के सभी पुरुष और सभी वचनों में गहणीअ रूप अग्रहीत्, अगृह्णात् तथा जग्राह के स्थान पर प्रयुक्त होने लगा। इसी प्रकार √कृ से काही, कासी, काहीअ और √स्था से ठाही, ठासी, ठाहीअ रूप अकार्षीत्, अकरोत्, चकार तथा अस्थात्, अतिष्ठत्, तस्थौ के स्थान पर प्रयुक्त होने लगे। वर्तमान का

अर्थ बतलाने के लिए वर्तमान काल, अतीत–भूत का अर्थ बतलाने के लिए भूत, भविष्य का अर्थ प्रकट करने के लिए भविष्यत्काल, संभावना (Possiblity), संशय (Doubt), विधि, निमन्त्रण, आमन्त्रण, अधीष्ट (Speaking of honorary duty), संप्रश्न (Questioning) और प्रार्थना, इच्छा, आशीर्वाद, आज्ञा, शक्ति (Ability) एवं आवश्यकता (Necessity) अर्थ मे विधि या अनुज्ञा का प्रयोग और जब परस्पर सकेतवाले दो वाक्यो का एक सकेतवाक्य बने और उसका बोध कराने वाली साकेतिक क्रिया जब अशक्य प्रतीत हो, तबके लिए क्रियातिपत्ति का प्रयोग होता है। क्रियातिपत्ति में क्रिया की अतिपत्ति–असम्भवता की सूचना मिलती है। कहा गया है—

The conditional is used instead of the potential, when the non-performance of an action is implied

सस्कृत और प्राकृत मे वर्तमान काल और भविष्यत्काल के चिह्न प्राय समान हैं। सस्कृत का विकरण स्य प्राकृत में स्स हो गया हैं। यथा पढइ, पढन्ति, पढसि, पढित्था, पढामि, पढामो, पढिस्सइ, पढिस्सन्ति, पढिस्ससि, पढिहित्था पढिस्सामि पढिस्सामो रूप बनते है। व्यञ्जनान्त धातुओ मे अ विकरण जोडने के अनन्तर प्रत्यय जोड़े जाते है। अकारान्त धातुओ के अतिरिक्त शेष स्वरान्त धातुओ मे अ विकरण विकल्प से जुडता है। उकारान्त धातुओ मे उ के स्थान पर उव् आदेश होने के अनन्तर अ विकरण और ऋकारान्त धातुओ मे ऋ के स्थान पर अर हो जाने के अनन्तर अ विकरण जोडा जाता है। उपान्त्य ऋ वर्णवाले धातुओ मे ऋकार के स्थान पर अरि आदेश होता है पश्चात् अ विकरण जोडा जाता है। इकारान्त धातुओ मे इकार के स्थान पर ए हो जाता है। कुछ व्यञ्जनान्त धातुओ मे उपान्त्य स्वर को दीर्घ होता है तथा कुछ धातुओ मे अन्त्य व्यञ्जन को द्वित्व हो जाता है। यथा √नी = नेति, नेंति, √रुष्—रूस = रूसइ, √तुस् = तूसइ √चल् = चल्लइ, √त्रुट् = तुट्टइ, √नश् = नस्सइ आदि।

प्राकृत मे कर्मणि रूप बनाने के लिए वर्तमान और विधि एवं आज्ञार्थ में धातु प्रत्ययो के पूर्व ईअ, और इज्ज विकरण जुड जाते हैं। पर यह नियम उन्हीं धातुओ के लिए हैं, जिन धातुओ के स्थान पर धात्वादेश नही होता है। भविष्यत्काल और क्रियातिपत्ति के रूप कर्त्तरि के समान ही कर्मणि मे होते हैं। यथा—√हस् = हसीअइ, हसीअन्ति, हसीअसि, हसीइत्था, हसीआमि, हसीआमो रूप वर्तमान काल के हैं।

प्रेरणार्थक क्रियाओ के रूप अ, ए, आव और आवे प्रत्यय जोडने से निष्पन्न होते हैं तथा और ए प्रत्यय के रहने पर उपान्त्य अ को आ हो जाता है। मूल

धातु के उपान्त्य मे इ स्वर हो तो ए और उ स्वर हो तो ओ हो जाता है। यथा— √कृ = करावइ, कारे, करावेइ—कराता है।

प्राकृत मे प्रेरणार्थक धातु में भावि और कर्मणि के रूप बनाने के लिए मूल धातु मे आवि प्रत्यय जोडने के उपरान्त कर्मणि और भावि के प्रत्यय ईअ, ईय और इज्ज जोडने चाहिए। मूल धातु मे उपान्त्य अ के स्थान पर आ कर दिया जाता है और उस अङ्ग में ईअ, ईय या इज्ज प्रत्यय जोड देने से प्रेरक कर्मणि और भावि के रूप होते हैं।

कृत् प्रत्ययो मे वर्तमान कृदन्त के रूप, अन्त और माण प्रत्यय जोडने से बनाये जाते हैं। यथा भणतो, भणमाणो रूप बनते हैं, पर स्त्रीलिङ्ग मे भणती, भणमाणा, भणमाणी जैसे रूप बनते हैं। धातु मे अ, द और त प्रत्यय जोडने से भूतकालीन कृदन्त के रूप बनते हैं। गमिओ गमिदो और गमितो रूप (गतः), गमिता, गमिआ स्त्रीलिङ्ग मे और गमित, गमिअ नपुंसक लिङ्ग के रूप हैं। हेत्वर्थ कृत् प्रत्ययो मे तुं, दु और तए की गणना की गयी है। भणिउं, भणेतु और भणेदुं—भणितुम् रूप तुमुन् प्रत्यय के स्थान पर प्रयुक्त हैं। सम्बन्ध सूचक कृत् प्रत्ययो मे तूण तुआणे, इत्ता, आए आदि प्रत्ययो की गणना है। ये प्रत्यय क्त्वा प्रत्यय का प्रतिनिधित्व करते है। हसिउ, हसिऊण, हसित्ता रूप हसित्वा के स्थान पर आते हैं। शील, धर्म तथा भली प्रकार सम्पादन इन तीनो मे से किसी एक अर्थ को व्यक्त करने के लिए प्राकृत मे इर प्रत्यय होता है। हासिरो, नविरो जैसे पद हसनशील और नमनशील. के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं।

प्राकृत पद रचना की एक प्रमुख विशेषता समास और तद्धित प्रक्रिया की है। प्रक्रिया प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओ के विकासक्रम को सूचित करती है। समस्त भारोपीय परिवार की भाषाएँ विभक्ति प्रधान हैं, मूलतः समास प्रधान नहीं। यत विश्व की भाषाओ को दो वर्गों में विभक्त किया गया है—सावयव और निरवयव। निरवयव परिवार मे चीनी आदि एकाक्षर परिवार की भाषाएँ ही आती हैं। सावयव भाषाओ के तीन वर्ग हैं—(१) समास प्रधान, (२) प्रत्यय प्रधान और (३) विभक्ति प्रधान। समास प्रधान भाषाओ में सभी शब्द समास होकर प्रयुक्त होते हैं तथा कभी-कभी तो पूरा का पूरा वाक्य ही समस्त पद-सा होता है। अमेरिका के जगली लोगो की भाषाएँ इस कोटि में आती हैं। प्रत्यय प्रधान भाषाएँ वे हैं, जिनमे किसी भी शब्द का दूसरे शब्द के साथ सम्बन्ध बताने के लिए प्रत्ययो का प्रयोग किया जाता है। तामिल, तैलगू आदि द्राविड परिवार की भाषाएँ इसी कोटि की हैं। विभक्ति प्रधान भाषाओं में किन्हीं दो

शब्दों के सम्बन्ध को विभक्तियों के द्वारा व्यक्त किया जाता है। संस्कृत और प्राकृत भाषाएँ इसी वर्ग की हैं। इनमें सुप् और तिङ विभक्तियों द्वारा शब्दों का सम्बन्ध व्यक्त होता है। अत: समास का प्रयोग कब और कैसे होने लगा, यह विचारणीय है। छान्दस् भाषा में समास प्रक्रिया बहुत ही संकुचित थी, लौकिक संस्कृत के परवर्ती साहित्य में आकर दण्डी, बाण, माघ, श्रीहर्ष आदि ने प्रचुर समस्त पदावलियों का प्रयोग किया। अत. समास भारतीय आर्यभाषा का अपना वास्तविक रूप नहीं है, कृत्रिम रूप है। समासान्त पदावलियों मे भी विभक्ति का प्रयोग होता है, विभक्ति प्रयोग के अभाव में सम्बन्ध का परिज्ञान होना शक्य नही है। अत यह अनुमान लगाना सहज है कि समास का विकास भारतीय आर्यभाषा मे द्राविड भाषाओ अथवा अमेरिकी भाषाओ के प्रभाव से हुआ है। प्रत्यय प्रधान भाषाओं मे भी समासान्त पदो की प्रचुरता है। छान्दस् मे उदात्त स्वरो को एक स्थान पर रखने के लिए समास प्रक्रिया का प्रवेश हुआ था, उसका विकास उत्तरोत्तर होता गया।

प्राकृत मे अव्वईभाव (अव्ययीभाव), तप्पुरिस (तत्पुरुष), दिगु (द्विगु), बहुव्वीहि (बहुव्रीहि) दद (द्वन्द्व), कम्मधारय (कर्मधारय) और एक्कसेस (एकशेष) ये सात प्रकार के समास माने गये है। अव्ययीभाव समास मे पहला पद बहुधा कोई अव्यय होता है और यही प्रधान होता है। अव्ययीभाव समास का समूचा पद क्रियाविशेषण अव्यय होता है और विभक्ति आदि अर्थों मे अव्यय का प्रयोग होने से अव्ययीभाव समास कहलाता है। जिस समास मे उत्तरपद पूर्वपद की अपेक्षा विशेष महत्त्व रखता है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। तत्पुरुष समास के आठ भेद हैं प्रथमा तत्पुरुष, द्वितीया तत्पुरुष, तृतीया तत्पुरुष, चतुर्थी तत्पुरुष, पञ्चमी तत्पुरुष, षष्ठी तत्पुरुष, सप्तमी तत्पुरुष और अन्य तत्पुरुष। अन्य तत्पुरुष समास के न तप्पुरिस (नञ् तत्पुरुष), पादितप्पुरिस (प्रादितत्पुरुष) उपपद समास और कम्मधारय (कर्मधारय) भेद किये हैं। पर अनुयोगद्वारसूत्र मे कम्म-धारय की पृथक् गणना की गयी है। जिस तत्पुरुष समास के संख्यावाचक शब्द पूर्वपद मे हो, वह द्विगु समास है। जब समास में आये हुए दो या अधिक पद किसी अन्य शब्द के विशेषण हो तो उसे बहुव्रीहि समास कहा जाता है। द्वन्द्व समास मे दोनो पद स्वतन्त्र होते हैं और उन पदो को अव्यय से जोड़ा जाता है।

समास के विकास पर दृष्टिपात करने से अवगत होता है कि मूलत. समास तीन ही प्रकार के होते थे--उभय पदार्थ प्रधान—द्वन्द्व, उत्तर पदार्थ प्रधान बहुव्रीहि। द्विगु और कर्मधारय दोनो ही तत्पुरुष के उपभेद हैं। द्विगु का विकास कर्मधारय के बाद हुआ है। अव्ययीभाव समास का विकास कर्मधारय और

बहुव्रीहि से माना जाता है। प्राकृत मे प्रारम्भ से ही सातो प्रकार के समासों के उदाहरण पाये जाते हैं[1]।

संस्कृत के समान प्राकृत में भी तद्धित प्रत्ययो के सहयोग से पदो की रचना की जाती है। प्राकृत मे तद्धित प्रत्यय तीन प्रकार के होते हैं—सामान्यवृत्ति, भाववाचक और अव्यय संज्ञक। सामान्यवृत्ति के अपत्यार्थक, देवतार्थक और सामूहिक आदि नौ भेद हैं। इदमर्थ—'यह इसका' इस सम्बन्ध को सूचित करने के लिए 'केर' प्रत्यय जोड़ा जाता है। अपत्यर्थ मे अ (अण), इ (इञ), इत, एय, ईण और इक प्रत्यय होते हैं। भव अर्थ बतलाने के लिए 'इल्ल और उल्ल प्रत्यय लगाये जाते हैं। गाम + इल्ल = गामिल्ल ग्रामे भवम्, स्त्रीलिङ्ग मे गामिल्ली—ग्रामे भवा और नपुसक लिङ्ग मे पुरिल्ल—पुरे भवम्—रूप होते हैं। संस्कृत् के वत् प्रत्यय के स्थान पर 'व्व' आदेश होता। भाववाचक संज्ञाएँ बनाने के लिए प्राकृत मे इमा और तण प्रत्यय लगाये जाते है। पीण + इमा = पीणिमा < पीनत्वम्, पीण + त्तण = पीणत्तण रूप पीण < पीन के भाववाचक रूप हैं।

क्रिया की अभ्यावृत्ति की गणना के अर्थ मे संस्कृत के कृत्वस् प्रत्यय के के स्थान पर हुत्त प्रत्यय होता है। प्राचीन प्राकृत मे यह प्रत्यय खुत्तं हो जाता है। एय + हुत्त = एयहुत्तं < एककृत्व —एकवारम्, दुहुत्त < द्विकृत्व —द्विवारम् आदि रूप बार-बार अर्थ प्रकट करने के लिए बनते है। 'वाला' अर्थ बतलानेवाले संस्कृत के मतुप् प्रत्यय के स्थान पर आलु इल्ल, उल्ल, आल, वन्त और मन्त प्रत्यय जोडे जाते है। रस + आल = रसालो < रसवान्, जडालो < जटावान्, ईसा + आलु = ईसालू < ईर्ष्यावान, कव्व + इत्त = कव्वइत्तो < काव्यवान्, सोहा + इल्ल = सोहिल्लो < शोभावान्, वियारुल्लो < विचारवान, धणमणो < धनवान हणुमन्तो < हनुमान्, भत्तिवतो < भक्तिमान प्रभृति प्रयोग निष्पन्न होते हैं। संस्कृत् के तस् प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत मे त्तो और विकल्प से दो प्रत्यय जोड़े जाते हैं। सव्व + त्तो = सव्वत्तो, सव्वदो और सव्वओ जैसे रूप बनते हैं। स्वार्थिक क प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत मे अ, इल्ल और उल्ल प्रत्यय जोड़े जाते हैं। इस प्रकार प्राकृत पद रचना बहुत कुछ अंशो में संस्कृत के समान ही रही है। हां, कुछ ऐसी बातें अवश्य है, जिनके कारण प्राकृत पदरचना मे संस्कृत की अपेक्षा भिन्नता पायी जाती है। पर सभी भारतीय आर्य भाषाएँ विभक्ति-प्रधान होने के कारण विभक्ति संयोग से अवश्य संश्लिष्ट हैं। प्राकृत पदरचना मे निम्नलिखित विशेषताएँ हैं—

१ विशेष जानकारी के लिए देखिये—'अभिनव प्राकृत व्याकरण' का समास प्रकरण—तारा पब्लिकेशन्स, वाराणसी, सन् १९६३।

१ रूपो की अल्पता—समान रूपों का प्रयोग और सरलीकरण।

२. वचन और विभक्तियों की संख्या मे न्यूनता।

३. हलन्त शब्दो का अजन्त होना और तदनुसार रूप।

४ कारक बन्धन की शिथिलता—संस्कृत की अपेक्षा कारक बन्धन बहुत शिथिल है।

५. वर्ण परिवर्तन के कारण शब्दो मे सरलीकरण की प्रवृत्ति।

६ मध्यवर्ती व्यजन लोप के कारण कोमलता और माधुर्य का आधिक्य।

७. क्रिया रूपों में काल, गण एवं पदो—आत्मनेपद और परस्मैपद के लोप के कारण अधिक समानता। लकारो के स्थान पर व्यवहारानुसार कालो का विकास और तदनुसार रूपो का प्रयोग।

८ भूतकाल के रूपो का ह्रास और सहायक क्रिया के रूपो मे कृदन्त पदो के व्यवहार का प्रचार।

९. गणो का लोप होने से विकरणो का ह्रास तथा केवल 'अ' विकरण का प्रयोग।

द्वितीय खण्ड

प्राकृत साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास

प्रथमोऽध्यायः

कालविभाजन और आगमसाहित्य

प्रादुर्भाव और काल विभाजन— साहित्य सनातन उपलब्धि का साधन है। इसीलिए कतिपय मनीषियो ने 'आत्म तथा अनात्म भावनाओ की भव्य अभिव्यक्ति को साहित्य कहा है। यह साहित्य किसी देश, समाज या व्यक्ति का सामयिक समर्थक नहीं, बल्कि सार्वदेशिक और सार्वकालिक नियमों से प्रभावित होता है। मानव मात्र की इच्छाएँ, विचार धाराएँ और कामनाएँ साहित्य की स्थायी सम्पत्ति हैं, इसमे हमारे वैयक्तिक हृदय की भाँति सुख-दु ख, आशा निराशा, भय-निर्भयता उत्थान-पतन, आचार-विचार एवं हास्य-रोदन का स्पष्ट स्पन्दन रहता है। आन्तरिक रूप से विश्व के समस्त साहित्यो मे भावो, विचारो और आदर्शों का सनातन साम्यसा है, क्योकि आन्तरिक भाव धारा और जीवन मरण की समस्या एक है। सौन्दर्य को देखकर पुलकित होना, जीवन-निर्माण और उत्थान के लिए रसमयी वाणी मे आदर्शो को उपस्थित करना एव विभिन्न दृष्टियो से जीवन की व्याख्याएँ प्रस्तुत करना मानवमात्र के लिए समान है। अतएव साहित्य मे साधना और अनुभूति के समन्वय मे समाज और ससार से ऊपर सत्य, शिव और सुन्दर का अद्भुत समन्वय पाया जाता है। यह साहित्य वह रसायन है जिसके सेवन मे जाति, लिङ्ग एव अन्य किसी भेदभाव को स्थान नही है। यह तो सभी प्रकार के सेवन करनेवालो को अजर-अमर बनाता है। साहित्यकार चाहे वह किसी जाति, समाज, देश और धर्म का हो अनुभूति का भाण्डार समान रूप से ही अर्जित करता है। वह सत्य और सौन्दर्य की तह मे प्रविष्ट हो अपने मानस से भावराशिरूपी मुक्ताओ को चुन-चुनकर शब्दावलि की लडो मे गूथकर शिव की साधना करता है।

सौन्दर्य-पिपासा मानव की चिरन्तन प्रवृत्ति रही है। जीवन की नश्वरता और अपूर्णता की अनुभूति सभी करते हैं। जीवन का मर्म जानने के लिए सभी प्रयास करते हैं। इसी कारण साहित्य अनुभूति की आंचो पर उदय लेता है। मानव के भीतर चेतना का एक गूढ और प्रबल आवेग है, अनुभूति इसी आवेग की सच्ची, सजीव और साकार लहर है। इस अनुभूति के प्रकाशन मे किसी भाषा, धर्म, जाति, वर्ग एवं समाज के बन्धन की अपेक्षा नही है। अतएव आत्मदर्शन को ही साहित्य का दर्शन मानना अधिक तर्कसगत है। अपने में जो आभ्यन्तरिक सत्य है, उसे देखना और दिखलाना ही साहित्यकार की चरम साधना है।

प्राकृत साहित्य जनसामान्य की वैचारिक क्रान्ति के साथ उदित होता है। विक्रम संवत् से कई सौ वर्ष पूर्व से ही संस्कृत भाषा धर्म और काव्य की भाषा बन चुकी थी। शिष्ट और अभिजात्य वर्ग ने ही अपने को साहित्यसृजन का अधिकारी समझ लिया था तथा साहित्य में वे ही भावनाएँ स्थान पाती थी, जिनका सम्बन्ध उस समय के शिष्ट समुदाय से था, जो समुदाय अपने को सर्वोच्च और जनसामान्य को हीनता की दृष्टि से देखता था। लोकपरक सुधारवादी वैचारिक क्रान्ति को कोई स्थान नहीं था, पर यह सत्य है कि जन क्रान्ति की चिनगारियाँ भीतर ही भीतर समाज में सुलग रही थी। शिष्ट समुदाय में भी कतिपय विचारशील राजन्य वर्ग के व्यक्ति पुरोहितों की रूढ़िवादिता से ऊब गये थे। वे जनभाषा में अपनी क्रान्तिकारी विचारधारा को उपस्थित करना चाहते थे। फलतः प्राकृत भाषा यहीं से साहित्य के सिंहासन पर आरूढ हुई और प्राकृत साहित्य का श्रीगणेश धार्मिक क्रान्ति से हुआ।

ई॰ पू॰ छठी शती में बुद्ध और महावीर ने जनबोली प्राकृत में ही अपना धर्मोपदेश दिया। इस प्रकार पूर्व की बोलियों में नये जीवन स्रोत प्रस्फुटित हुए, पर पश्चिम की जनबोलियों में साहित्य का निर्माण जल्द न हो सका। यत. मध्य-देश आर्य वैदिक संस्कृति का केन्द्र था, अतएव कुछ शताब्दियों तक वहाँ संस्कृत का पद अक्षुण्ण बना रहा। आगे जाकर जब संस्कृत अधिक रूढ़ हो गयी और उसकी रूढ़िवादिता पराकाष्ठा को पहुँच गयी तो पश्चिम में भी पूर्व के समान ही समानान्तर रूप में प्राकृत साहित्य विकसित होने लगा। अतएव प्राकृत साहित्य का प्रारम्भ ई॰ पू॰ छठी से मानना तर्कसगत है।

धर्माश्रय के साथ राजाश्रय और लोकाश्रय भी प्राकृत साहित्य को उपलब्ध हुआ। प्राकृत को राज्यभाषा के रूप में सबसे पहले महत्त्व देनेवाला प्रियदर्शी राजा अशोक है, इसने अपने आदेशों को प्राकृत में उत्कीर्ण कराया। मौर्यवंश के प्रतिष्ठापक सम्राट चन्द्रगुप्त ने भी प्राकृत साहित्य के निर्माण में सहयोग दिया था। जैन मुनि होकर उसने दक्षिणभारत में भी प्राकृत को साहित्यिक पद पर प्रतिष्ठित करने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। मौर्यवंश को समाप्त कर शुंगवंशी पुष्यमित्र ने ई॰ पू॰ १८४ में मगध का सिंहासन स्वायत्त किया। फलतः वैदिकधर्म के पुनरुत्थान से संस्कृत भाषा की पुनः प्रतिष्ठा बढ़ी तथा प्राकृत राज्यभाषा के पद से च्युत कर दी गयी। पर कलिंग के जैन राजाओं ने प्राकृत को ही राज्यभाषा का पद दिया। खारवेल के हाथीगुफा शिलालेख को उक्त तथ्य की सिद्धि के लिए प्रमाण रूप में उद्धृत किया जा सकता है। प्राकृत साहित्य की उन्नति में वैदिक धर्मावलम्बी आन्ध्रवंशी राजाओं ने बहुत सहायता प्रदान की और आन्ध्रसाम्राज्य शीघ्र ही प्राकृत का गढ़ बन गया। वाकाटक वंशी राजा प्रवरसेन स्वयं ही प्राकृत

में रचना करते थे। कई राजाओं ने प्राकृत कवियों को अपने यहाँ सम्मानित पद भी प्रदान किया था। इस प्रकार राजाश्रय पाकर प्राकृत साहित्य वृद्धिगत होने लगा।

लोकाश्रय के अन्तर्गत काव्य, नाटक, लोकगीत एवं कथा सम्बन्धी वे रचनाएँ हैं, जिनका सीधा सम्बन्ध जन साधारण से है। प्राकृत साहित्य के विकास में उक्त सम्भ्रान्त कवि और लेखकों का जितना स्थान है, कम से कम उतना ही उन सामान्यजनों का है, जो अपनी बोली में स्वान्तः सुखाय कुछ गुनगुना लेते थे। इसके सबल प्रमाण 'गाथा सप्तशती' तथा 'वज्जालग्गं' में संग्रहीत गाथाएँ ही हैं। इस प्रकार प्राकृत साहित्य ई० पू० ६०० में उदित हुआ और ई० ८०० तक निरन्तर गतिशील होता रहा है। यद्यपि प्राकृत मे रचनाएँ १५-१६ वी शती तक भी होती रही हैं, पर भाषा विकास की दृष्टि से इस काल को अपभ्रंश काल कहना अधिक उपयुक्त है। यह अपभ्रंश प्राकृत का उत्तरकालीन विकसित रूप है।

प्राकृतभाषा के साहित्य के इतिहास का कालविभाजन कालक्रम के अनुसार सभव नही है, अत आदिकाल, मध्यकाल और आधुनिककाल जैसे कालखण्डो में विभक्त कर उसका सम्यक् विवेचन नही किया जा सकता है। किसी भी भाषा के साहित्य की धारा निश्चित और अनिश्चित की न होने के बदले बाह्य परिस्थितियो तथा आभ्यन्तर विकास के परिणाम स्वरूप ऐसे रूप ग्रहण करती है और ऐसी दशाओ मे प्रवाहित होती है, जिनका निर्धारण और निर्देश किसी कालखण्ड मे संभव नहीं होता। अत. तिथिक्रम के अनुसार विवेचन में बाह्य और अन्तरंग प्रभावो की अभिव्यञ्जना पूर्णतया नहीं हो पाती, फलत. समस्त समसामयिक प्रवृत्तियो का विवेचन होने से रह जाता है।

राजनैतिक घटनाओ, राजाओ के नामो, प्रधान कवि या आचार्य के नामो, मुख्य प्रवृत्तियो एव भाषागतविशेषताओ के आधार पर भी साहित्य के इतिहास का कालवर्गीकरण किया जाता है। प्राकृतभाषा के साहित्य का इतिहास अभी तक मनीषियो ने भाषा की विशेषताओ के आधार पर लिखा है। इस प्रस्तुत अध्याय मे साहित्य की प्रमुख विधाओ के आधार पर ही प्राकृत साहित्य का इतिहास निबद्ध किया जायगा। प्राकृत साहित्य का जो रूप उपलब्ध है, उसमे मात्र काव्य की स्वकीय विशेषता ही नहीं है, अपितु अन्तस् के शुद्धिकरण के नियम भी वर्तमान हैं। एक सुचिन्तित विचारधारा की ऐसी सबल परम्परा निबद्ध है, जिसका इतिहास स्वयं ही कालखण्डो मे विभक्त किया जा सकता है। प्रज्ञात्मक सम्बन्धो के साथ निजी चिन्तन की प्रक्रिया आचार-विचार के नियमो के साथ उपस्थित हो वाङ्मय की एक ऐसी धारा प्रस्तुत करती है, जिसमे एक साथ अनेक प्रवृत्तियों का समावेश दृष्टिगोचर होता है। अत प्राकृत साहित्य के इतिहास को प्रमुख

प्रवृत्तियों के आधार पर लिखना संभव नही है। इसका सबसे सुगम उपाय विधाओं के रूप मे निबद्ध करना ही हो सकता है। यों तो प्राकृत-साहित्य की प्रत्येक विधा मे प्रज्ञात्मक और भावात्मक दोनो ही प्रकार के सम्बन्ध वर्तमान है। प्रज्ञात्मक सम्बन्ध का तात्पर्य लोकनीति, धर्मनीति राजनीति एव शास्त्र वाङ्मय के भावो के साथ, हमारा जो भावनात्मक सम्बन्ध होता है और इससे हृदयगत भावो को उत्तेजना मिलती है, से है। भावात्मक सम्बन्ध काव्यग्रन्थो में जिन पात्रो का चरित्र हम पढते हैं, उनके साथ हमारा भावनात्मक सम्बन्ध स्थापित होता है और यही सम्बन्ध साहित्य के क्षेत्र मे भावात्मक हो जाता है। प्राकृत साहित्य के इतिहास विवेचन में उक्त सम्बन्धो का ध्यान रखना आवश्यक है।

कालखण्डो को दृष्टि से प्राकृतसाहित्य का इतिहास निम्न तीन खण्डों में विभक्त किया जा सकता है -

१. आदिकाल—ई० पू० ६०० से १०० ई० तक।
२. मध्यकाल - ई० सन् १०१ से ८०० तक।
३. अर्वाचीनकाल - ई० ८०१ मे १६०० ई० तक।

भाषा वैशिष्ट्य की दृष्टि से प्राकृत साहित्य के इतिहास को निम्नवर्गों मे विभक्त किया जा सकता है।

१. अर्धमागधी साहित्य।
२ प्राचीन शौरसेनी या जैनशौरसेनी साहित्य।
३ महाराष्ट्री साहित्य।
४. शौरसेनी नाटक साहित्य।
५ मागधी साहित्य।
६. पैशाची साहित्य।
७. अपभ्रंश साहित्य।

साहित्य विधाओं की दृष्टि से प्राकृत साहित्य के इतिहास का वर्गीकरण निम्न प्रकार सभव है। प्रस्तुत रचना मे इसी वर्गीकरण के आधार पर निरूपण किया जायगा।

१ आगम साहित्य।
२ शिलालेखी साहित्य।
३. शास्त्रीय महाकाव्य।
४. खण्डकाव्य।
५. चरित काव्य।
६. मुक्तक काव्य।
७. सट्टक और नाटक साहित्य।

८. कथा साहित्य ।

९ इतर प्राकृत साहित्य ।

आगम साहित्य के अन्तर्गत अर्धमागधी आगम साहित्य और शौरसेनी आगम साहित्य परिगणित हैं । इन दोनो भेदो के अतिरिक्त आगम ग्रन्थो का टीकासाहित्य भी आगम साहित्य मे ही शामिल है । विषय और शैली की दृष्टि से आगम साहित्य में एक ही प्रकार की प्रवृत्ति अनुस्यूत दिखलायी पड़ती है । मानवता की स्थापना आद्यन्त इस साहित्य मे पायी जाती है । भगवान् महावीर के प्रवचन, जिनमे व्यक्तित्व-निर्माण के तत्त्व सर्वाधिक हैं, प्रबुद्ध और जागरूक व्यक्ति के लिए मगलकारी है । अतएव आगम साहित्य का निम्नलिखित वर्गों मे विभक्त कर विवेचन किया जायगा ।

१ अर्धमागधी आगम साहित्य ।

२ टीका और भाषा साहित्य ।

३ शौरसेनी आगम साहित्य ।

४. शौरसेनी टीका साहित्य ।

५ न्याय या तर्कमूलक साहित्य ।

६ सिद्धान्त कर्म और आचारात्मक साहित्य ।

समस्त आगम साहित्य का आलोडन करने पर कुछ ऐसी प्रमुख प्रवृत्तियाँ उपलब्ध होती हैं जो सम्पूर्ण आगम साहित्य मे वर्तमान हैं । यद्यपि विषय की दृष्टि से आगम ग्रन्थो में परस्पर अनेक प्रकार की विभिन्नताएँ पायी जाती हैं, तो भी कुछ ऐसी सामान्य प्रवृत्तियाँ हैं, जो विभिन्नताओ के बीच भी समानता बनाये रखने में सक्षम हैं । मोटे रूप मे शील, सदाचार, विचार समन्वय, त्रिभुवन निर्माण, सृष्टितत्त्व, कर्मसंस्कार सम्बन्धी प्रवृत्तियो को निम्नाङ्कित रूप मे विभक्त किया जा सकता है ।

१. शील, सदाचार और सयम का निरूपण ।

२. आत्मा के प्रति आस्था और उसके शोधन की विभिन्न प्रक्रियाएँ ।

३. मानवता की प्रतिष्ठा के हेतु जातिभेद और वर्गभेद की निस्सारता ।

४. अपवर्ग-प्राप्ति के हेतु आहार-विहार की शुद्धि एव स्व की आलोचना ।

५. साधनामार्ग के विवेचनार्थ अहिसा, सत्य, अचौर्य ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह का निरूपण ।

६ वैदिक क्रियाकाण्ड का वैचारिक विरोध ।

७. सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र की स्थापनाएँ और विवेचन ।

८. आत्मशुद्धि के हेतु आलोचना, प्रतिक्रमण के साथ प्रायश्चित तथा तप-साधनाओं का विश्लेषण।

९. साहसिक, पारलौकिक यात्रा सम्बन्धी एवं धार्मिक आख्यानो द्वारा जीवन की अनेक दृष्टियो से व्याख्या।

१०. आचार की शुद्धि के लिए अहिंसा और विचार की शुद्धि के लिए स्याद्वाद सिद्धान्त का प्ररूपण।

११. राग-द्वेषादि सस्कारो को अनात्म भाव होने का सिद्धान्त।

१२. अपने पुरुषार्थ पर विश्वास कर सर्वतोमुखी विशाल दृष्टि का विकास।

१३. अपने को स्वय अपना भाग्यविधाता समझकर परोक्ष शक्ति का पल्ला छोड पुरुषार्थ मे प्रवृत्त होने की प्रेरणा।

१४. मिथ्याभिमान छोडकर उदारतापूर्वक विचार सहिष्णु बन अपनी भूल को सहर्ष स्वीकार करने की प्रवृत्ति।

१५. तत्त्वज्ञान के चिन्तन द्वारा अहभाव का इदंभाव के साथ सामञ्जस्य।

१६. विरोधी विचारो को महत्व देना तथा अपने विचारो के समान अन्य के विचारो का भी आदर करना।

१७. वैयक्तिक विकास के लिए हृदय की वृत्तियो से उत्पन्न अनुभूतियो को विचार के लिए बुद्धि के समक्ष प्रस्तुत करना और बुद्धि द्वारा निर्णय हो जाने पर कार्य मे प्रवृत्त होने का निर्देश।

१८. निर्भय और निर्वैर होकर शान्ति के साथ जीना और दूसरो को जीवित रहने देने की प्रवृत्ति।

१९. वासना इच्छा और कामनाओ पर नियन्त्रण कर आत्मालोचन की ओर प्रवृत्ति।

२०. दया, ममता करुणा आदि के उद्घाटन द्वारा मानवता की प्रतिष्ठापना।

२१. भौतिकवाद की मृगमरीचिका को आध्यात्मवाद की वास्तविकता द्वारा दूर करने की प्रवृत्ति।

२२. शोषित और शोषक मे समता लाने के लिए आर्थिक विषमताओ मे सतुलन उत्पन्न करने के हेतु अपरिग्रहवाद और सयम को जीवन में उतारने की प्रवृत्ति।

उपर्युक्त प्रवृत्तियो के विश्लेषण से स्पष्ट है कि भारत के सांस्कृतिक इतिहास और विकास में आगमिक साहित्य का महत्त्वपूर्ण स्थान है। आगमिक साहित्य

दो भाषाओं मे निबद्ध है—अर्धमागधी और शौरसेनी। भगवान् महावीर का मूल उपदेश अर्धमागधी में हुआ था। इस अर्धमागधी के स्वरूप पर हम पहले ही विचार कर चुके हैं। भगवान् महावीर की शिष्यपरम्परा ने भी जन सामान्य में मानवता एवं सदाचार के प्रचार के लिए इसी भाषा का व्यवहार किया। वर्द्धमान महावीर के उपदेशो का संग्रह उनके समसामयिक शिष्य-गणधरो ने किया। उन गणधरो द्वारा रचित ग्रन्थ श्रुत कहलाते हैं। श्रुत शब्द का अर्थ है—सुना हुआ अर्थात् जो गुरुमुख से सुना गया हो, वह श्रुत है। भगवान् महावीर के उपदेश उनके शिष्य—गणधरो ने सुने और गणधरो से उनके शिष्यो ने। इस प्रकार शिष्य-प्रशिष्यो के श्रवण द्वारा प्रवर्तित होने से श्रुत कहलाया और यही श्रुत आगे जाकर आगम के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

कहा जाता है कि समस्त श्रुत-ज्ञान के अन्तिम उत्तराधिकारी श्रुतकेवली भद्रबाहु हुए। इनका समय महावीर के निर्वाण के दो सौ वर्ष के बाद—चन्द्रगुप्त के राज्यकाल मे माना जाता है। उस समय मगध मे एक भीषण अकाल पड़ा, जो १२ वर्षों तक रहा। भद्रबाहु श्रुतकेवली अनेक जैन मुनियो के साथ मुनिचर्या निर्वाह के हेतु दक्षिण भारत को चले गये। इस उथल-पुथल मे जैन आगम का संरक्षण कठिन हो गया। जो मुनि उत्तर भारत मे रह गये थे, वे शिथिल हो गये और श्वेतवस्त्र धारण करने लगे। तभी से जैन मत मे दो सम्प्रदाय हो गये—श्वेताम्बर और दिगम्बर। दिगम्बर वे साधु थे जो ऋषभदेव और अन्तिम तीर्थंकर महावीर के पथचिह्नो का अनुगमन करते थे और दिगम्बर रूप मे विचरण करते थे। दिगम्बर सम्प्रदाय की मान्यता है कि (१) आचाराङ्ग, (२) सूत्रकृताङ्ग, (३) स्थानाग, (४) समवायाङ्ग, (५) व्याख्याप्रज्ञप्ति, (६) ज्ञातृधर्मकथाङ्ग, (७) उपासकाध्ययन (८) अन्त-कृद्दशाङ्ग, (९) अनुत्तरोपपाद, (१०) प्रश्नव्याकरण, (११) विपाक सूत्र और (१२) दृष्टिवाद इन बारह अगो का ज्ञान प्रतिभा और मेधा की कमी आजाने से उत्तरोत्तर क्षीण होने लगा। वीर-निर्वाण के ६८३ वर्ष पश्चात् उक्त द्वादशाङ्ग का कुछ अंश ही स्मरण रह गया और शेष ज्ञान स्मृति क्षीण होने से काल के गाल में समाविष्ट हो गया। अत धरसेनाचार्य के तत्त्वावधान मे सत्कर्मप्राभृत (षट्खण्डागम) और गुणधर आचार्य के तत्त्वावधान मे कसायपाहुड नामक आगम[1] सूत्र ग्रन्थ लिखे गये। इन ग्रन्थो की भाषा शौरसेनी है।

श्वेताम्बर सम्प्रदाय की मान्यता है कि उक्त आगम ग्रन्थो को उत्पन्न होती हुई विकृतियो से बचाने के लिए समय-समय पर मुनियो ने उनकी वाचनाएं कीं

---

१ आगच्छतीति आगम —जो परम्परा से चला आ रहा है, वह आगम है।

और उन्हें सुरक्षित रखने का पूर्ण प्रयत्न किया। प्रथम वाचना भगवान् महावीर के निर्वाण के १६० वर्ष बाद पाटलिपुत्र मे स्थूलभद्राचार्य की अध्यक्षता मे हुई जिसमें सभी श्रुतधर एकत्र हुए और उनकी स्मृति के आधार पर ग्यारह अगो का सकलन किया गया। बारहवें दृष्टिवाद अग का ज्ञान उपस्थित श्रुतधरो मे से किसी को भी नही था, फलतः उसका व्यवस्थित रूप मे उद्धार न हो सका। जैन मुनियो की अपरिग्रह वृत्ति, वर्षा काल को छोड शेष समय मे निरन्तर परिभ्रमण एवं उस काल की अन्य कठिनाइयो के कारण यह अंगज्ञान पुन छिन्न-भिन्न होने लगा।

इधर मगध मे मौर्य साम्राज्य के पतन और शुंगवशी पुष्यमित्र के मगध-सिहासनासीन होने के पश्चात् जैन मुनियो का मगध से स्थानान्तरित होना तथा जैनधर्म के केन्द्र का वहा से टूट जाना स्वाभाविक ही था। अत जैनधर्म का केन्द्र मगध से हटने के पश्चात् मथुरा ही बना। कुशानवशी राजाओ के समय मे जैनधर्म की पर्याप्त उन्नति हुई। अत वीर-निर्वाण के ८२७—८४० वर्ष के मध्य आर्य स्कन्दिल ने मथुरा मे मुनिसघ का सम्मेलन बुलाया और उन्ही ग्यारह अगो को पुन. एकबार व्यवस्थित करने का प्रयत्न किया गया। कहा जाता है कि उस समय भी बारह वर्ष का भयकर दुर्भिक्ष पडा था, जिससे बहुत-सा श्रुत नष्ट तथा विच्छिन्न हो गया था। इस माथुरी वाचना मे सकलित और व्यवस्थित सिद्धान्तो को मान्यता प्रदान की गयी।[1]

इसके अनन्तर लगभग १५० वर्ष पश्चात् — वीर-निर्वाण ९८० वर्ष व्यतीत होने पर देवर्द्धिगणिक्षमाश्रमण के नेतृत्व मे बलभी नगर मे एक मुनि सम्मेलन बुलाया गया। इस सघसमवाय मे विविध पाठान्तर और वाचना-भेद का समन्वय करके माथुरी वाचना के आधार पर आगमो का सकलन कर लिपिबद्ध किया गया। जिन पाठो का समन्वय नही हो सका उनका 'वायणान्तरे पुण', 'नागार्जुनीयास्तु एवं वदन्ति' इत्यादि रूप से उल्लेख किया गया[2]। श्वेताम्बर सम्प्रदाय द्वारा मान्य वर्तमान आगम इसी सकलना के परिणाम हैं। इस वाचना या सकलना मे ११ अगो के अतिरिक्त अन्य ग्रन्थ भी, जो कि उस काल तक रचे जा

---

१. बारस संवच्छरिए महते दुब्भिक्खे काले भत्तट्ठा अण्णण्णतो हिंडियाण गहणगुणणणप्पेहाभावाओ विप्पणट्ठे सुत्ते, पुणो सुब्भिक्खे काले जाए महुराए महंते साधुसमुदए खंदिलायरियप्पमुहसंघेण जो अ सभरइत्ति इव संघडियं कालियसुयं। जम्हा एव महुराए कयं तम्हा माहुरी वायणा भण्णइ।

—जिनदासमहत्तर कृत नन्दिचूर्णि, पृ० ८

२. वीरनिर्वाण और जैनकाल गणना पृ०, ११२—११८।

चुके थे, संकलित किये गये। इस साहित्य को ११ अंग, १२ उपांग ६ छेदसूत्र, ४ मूलसूत्र, १० प्रकीर्णक और २ चूलिका इस प्रकार ४५ ग्रन्थो मे व्यवस्थित किया गया है। इन ग्रन्थो की भाषा अर्धमागधी है, अत ये ४५ ग्रन्थ अर्धमागधी के कहे जाते हैं।

यह सत्य है कि इन आगमो की भाषा भगवान् महावीर की अर्धमागधी नही है। जैन मुनि अनेक प्रदेशो से आकर उक्त सम्मेलन मे सम्मिलित हुए थे और वे उन-उन प्रदेशो की भाषाओ से प्रभावित थे। महावीर के निर्वाण से वलभी-वाचना तक एक हजार वर्ष का लम्बा समय बीत भी गया था। इस बीच मे मूलभाषा मे कई मिश्रण और कई परिवर्तन अवश्य हुए होगे। यही कारण है कि आगमो मे परस्पर एक ही ग्रन्थ के भिन्न-भिन्न अशो मे और कही-कही एक ही वाक्य मे भाषा और शैली का भेद सुस्पष्ट दिखलायी पडता है।

ये आगम गद्य और पद्य दोनो मे मिलते है। दार्शनिक और सैद्धान्तिक विषयो का विवेचन सूत्रशैली मे किया गया है। दृष्टान्तो, कथाओ और छन्दोबद्ध उपदेशो मे कल्पना की रमणीयता के साथ अन्य काव्यतत्त्वो की कमी नही है। छन्द मधुर हैं गेय तत्त्व की भी प्रचुरता है तथा रूपक, उपमा और उत्प्रेक्षा के चमत्कार भी वर्तमान है। अर्धमागधी के इन ४५ ग्रन्थो का सक्षिप्त परिचय यहा प्रस्तुत किया जा रहा है।

अर्धमागधी आगम साहित्य

१—आयारग (आचाराङ्ग) इस ग्रन्थ मे मुनियो के आचार व्यवहार के नियम बतलाये गये हैं। यह दो श्रुतस्कन्धो-खण्डो में विभाजित है। प्रथम श्रुत-स्कन्ध मे नौ अध्ययन और उनके अन्तर्गत चवालीस उद्देशक हैं। ग्रन्थ का यह भाग मूल एव भाषाशैली की दृष्टि से प्राचीन है। द्वितीय श्रुतस्कन्ध चूलिका रूप है और वह तीन चूलिकाओ तथा सोलह अध्ययनो मे विभाजित है। प्रथम शास्त्र-परिज्ञा नामक अध्ययन मे जीवो की हिंसा का निषेध किया गया है। लोकविजय अध्ययन मे धनसग्रह के दुष्परिणाम, अज्ञान और प्रमाद से होनेवाली बुराइयो पर प्रकाश डाला गया है। पापकृत्य सभी प्राणियो को कष्ट देते हैं। जो जीवन को कष्ट देते हैं। जो जीवन को सुखी, शान्त और सन्तोषी बनाना चाहता है, उसे धनसंचय की लम्बी-लम्बी आशाओ का त्याग कर देना चाहिए। अहिंसा-सिद्धान्त का निरूपण करते हुए कहा गया है—

"सव्वे पाणा पियाउया, सुहसाया, दुक्खपडिकूला, अप्पियवहा, पियजीविणो जीविउकामा। सव्वेसि जीवियं पियं।

अर्थात् समस्त प्राणियो को अपना-अपना जीवन अधिक प्रिय है। सभी सुख चाहते हैं, दुःख कोई नहीं चाहता। मरण-वध सभी को अप्रिय है, सभी जीवित

रहना चाहते हैं। प्रत्येक प्राणी को जीवन की इच्छा है और सभी को जीवित रहना अच्छा लगता है।

इससे स्पष्ट है कि जीवन की प्रियता का निर्देश कर हिंसा-त्याग एवं अहिंसा के सेवन पर जोर दिया गया है।

लोकसार अध्ययन मे जीवन-शोधन की विविध दिशाओ का निरूपण करते हुए कुशील-त्याग, संयमाराधन, चरित्रपालन एवं तपश्चरण का प्रतिपादन किया है। बाह्यशत्रुओ की अपेक्षा अन्तरग—राग, द्वेष, एव मोहरूप शत्रुओ से युद्ध करना अधिक श्रेयस्कर है। इन्द्रिय-निग्रह के लिए भोजन पर नियन्त्रण करना, शरीर-धारणार्थं भोजन ग्रहण करना एव मन की चंचलता को रोकने का सदा प्रयत्न करना आवश्यक है।

श्रुतस्कन्ध के नवें 'उपधान' नामक अध्ययन मे महावीर की उग्रतपस्या एव लाढ, वज्रभूमि, शुभ्रभूमि आदि स्थानो मे विहार करते हुए उपसर्गों के सहने का मार्मिक वर्णन है।

द्वितीय श्रुतस्कन्ध के पिण्डैषणा अध्ययन मे भिक्षु एव भिक्षुणियो के लिए आहार-सम्बन्धी नियमो का विस्तृत वर्णन है। ईर्या और शय्या अध्ययन मे मुनियो के आहार-विहार का बहुत ही सूक्ष्म निरूपण किया गया है।

दूसरी चूलिका के सात अध्ययनो मे स्वाध्याय करने के स्थान सम्बन्धी नियमो के साथ मल-मूत्र त्याग एव गृहस्थी द्वारा परिचर्या किये जाने पर साधु के तटस्थ रहने की चर्चा की गयी है। तीसरी चूलिका मे दो अध्ययन है भावना और विमुक्ति। भावना मे महाव्रतो की भावनाएँ एव उनके स्वरूप पर प्रकाश डाला गया है। विमुक्ति अध्ययन मे मोक्ष का उपदेश है। मुनियो के आचार परिज्ञान के लिए यह ग्रन्थ उपयोगी है[1]।

२ *सूयगडग* (*सूत्रकृताङ्ग*) इसमे स्वसमय और परसमय का विस्तृत वर्णन है। इसके नाम की व्युत्पत्ति करते हुए कहा गया है 'स्वपरसमयार्थ-सूचक सूत्रा, साऽस्मिन् कृतमिति सूत्रकृताङ्गम् अर्थात् स्वसमय स्वागम और परसमय—परागम के भेद और स्वरूप का विश्लेषित करना सूत्रा है और यह सूत्रा जिसमे रहे, वह सूत्रकृताङ्ग है। इसके भी दो श्रुतस्कन्ध है। पहले मे सोलह और दूसरे मे सात अध्ययन है। इस ग्रन्थ की सबसे बडी विशेषता यह है कि इसमें क्रियावाद, अक्रियावाद, नियतिवाद, अज्ञानवाद, जगत्कर्तृत्ववाद और

१ आचाराङ्ग का प्रकाशन सन् १९३५ मे आगमोदय समिति बम्बई द्वारा किया गया है।

लोकवाद जैसे प्राचीन दार्शनिक सम्प्रदायों का स्वरूप एवं उनका निरसन किया है। श्रमण, ब्राह्मण, भिक्षु, निर्ग्रन्थ आदि के स्वरूपों की विस्तृत व्याख्याएँ भी की गयी हैं।

इस ग्रन्थ का अन्तिम अध्ययन 'नालन्दीय' है। इस अध्ययन मे वर्णित घटनाएँ नालन्दा मे घटित हुई, इसीलिए इसका नाम नालन्दीय पड़ा है। गौतम गणधर लेप गृहपति के हस्तियाम नामक वनखण्ड मे ठहरे हुए थे। वहाँ इनका पार्श्वनाथ के शिष्य उदकपेढालपुत्र के साथ वार्तालाप हुआ। इस वार्तालाप से पार्श्वनाथ के चातुर्याम धर्म पर प्रकाश पड़ता है। कहा जाता है कि पार्श्वनाथ ने अहिंसा, सत्य, अचौर्य और अपरिग्रह रूप चातुर्याम धर्म का प्रवर्तन किया था। भगवान् महावीर ने इस चातुर्याम मे ब्रह्मचर्य व्रत को जोड़कर पञ्च महाव्रत रूप धर्म का निरूपण किया। इस प्रकार इस अध्ययन मे पार्श्वापत्यीय उदकपेढालपुत्र को चातुर्याम छोड़कर महावीर का अनुयायी बनने से महावीर के पूर्व मे रहनेवाली जैनधर्म की परम्परा का ज्ञान होता है।[1]

३ *ठाणांग (स्थानाङ्ग)* इस श्रुताङ्ग मे दस अध्ययन हैं और सात सौ तिरासी सूत्र। इस आगम मे उपदेशों का संकलन नहीं है, बल्कि संख्याक्रम से बौद्धों के अंगुत्तर निकाय के समान जैन सिद्धान्तानुसार वस्तु संख्याओं का निरूपण है। प्रथम अध्ययन मे बताया गया है कि एक दर्शन, एक चरित्र, एक समय, एक प्रदेश, एक परमाणु, एक आत्मा आदि। दूसरे अध्ययन मे जीव की दो क्रियाएँ, श्रुतज्ञान के अंगबाह्य और अंगप्रविष्ट ये दो भेद, जीव क्रिया के सम्यक्त्व क्रिया और मिथ्यात्व क्रिया एवं अजीव क्रिया के ईर्यापथिक और साम्परायिक ये भेद बताये गये हैं। तीसरे अध्ययन मे ऋक्, यजु और साम ये तीन वेद, धर्म, अर्थ और काम ये तीन पुरुषार्थ, पत्रोपेत, पुष्पोपेत और फलोपेत ये तीन वृक्ष, नामपुरुष, द्रव्यपुरुष और भावपुरुष, अथवा ज्ञानपुरुष, दर्शनपुरुष और चारित्रपुरुष अथवा उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष और जघन्य पुरुष भेद बताये गये हैं। उत्तम पुरुष के धर्मपुरुष, भोगपुरुष और कर्मपुरुष ये तीन भेद हैं। अर्हन्त धर्मपुरुष हैं, चक्रवर्ती भोगपुरुष, हैं और वासुदेव कर्मपुरुष। धर्म के भी तीन भेद हैं—श्रुतधर्म, चरित्रधर्म और अस्तिकाय धर्म। इस ग्रन्थ के चतुर्थ अध्ययन मे ऋषभ और महावीर को छोड़ शेष बाईस तीर्थङ्करों को चतुर्याम धर्म का प्रज्ञापक कहा गया है। आजीविक उग्रतप, घोरतप, रसनिर्यूहणता और जिह्वेन्द्रिय प्रति सलीनता नाम के चार तपों का आचरण करते हैं। क्षमाशूर, तपशूर, दानशूर, और युद्धशूर ये चार प्रकार के शूरवीर बतलाये गये हैं। चन्द्रप्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति और द्वीपसागरप्रज्ञप्ति

---

१ सन् १९१७ मे आगमोदय समिति बम्बई द्वारा प्रकाशित।

इन चार प्रज्ञप्तियों का निर्देश किया गया है। इस अध्ययन मे चार प्रव्रज्या, चार कृषि, चार संघ, चार बुद्धि, चार नाट्य, चार गेय और चार अलंकारो का निरूपण किया गया है। आचार्य और शिष्यो का वर्णन करते हुए बताया है कि कोई आचार्य और उसका शिष्य परिवार शालवृक्ष के समान विराट् और सुन्दर होते हैं, और कोई आचार्य तो शालवृक्ष के समान महान् होते हैं, पर उनका शिष्य परिवार एरंडवृक्ष के समान क्षुद्र होता है किसी आचार्य का शिष्य समुदाय तो शालवृक्ष के समान महान् होता है पर आचार्य स्वय एरंड के समान खोखला होता है। कही आचार्य और शिष्य दोनो ही एरड के समान तुच्छ और निस्सार होते है। पाँचवें अध्ययन में पाच महाव्रत पांच राजचिह्न एवं जाति, कुल, कर्म, शिल्प और लिङ्ग के भेद मे पाच प्रकार को आजीविकाओ का प्ररूपण किया गया है। गगा, यमुना, सरयू, एरावती और मही नामक महा नदियो का उल्लेख किया है। छठे अध्ययन मे अम्बष्ठ, कलद, विदेह, वेदिग, हरित, चुचुण नामक छः आर्यजातियो का तथा उग्र भोज राजन्य, इक्ष्वाकु, णाय और कौरव नामक छः आर्यकुलो का निरूपण किया गया है। सातवें अध्ययन मे कासव, गौतम, वच्छ कोच्छ, कोसिय, मडव और वासिट्ठ इन सात गोत्रो का उल्लेख किया है। आठवें अध्ययन मे आठ क्रियावादी, आठ महानिमित्त और आठ प्रकार के आयुर्वेद का उल्लेख है। नौवें अध्ययन मे नौ निधि तथा महावीर के नौ गणो का निर्देश है। दसवें अध्ययन मे चम्पा मथुरा, वाराणसी, श्रावस्ती साकेत, हस्तिनापुर, कांपिल्य, मिथिला, कौशाम्बी और राजगृह नाम को दस राजधानियो के नाम गिनाये गये हैं। इस प्रकार इस श्रुताङ्ग का इतिहास और प्राचीन भारतीय भूगोल की दृष्टि से अत्यधिक महत्व है[1]।

४--समवायाग—इस श्रुताङ्ग मे २७५ सूत्र हैं। स्थानाङ्ग के समान इसमे भी एकादि क्रम से संख्या विषयक वस्तुओ का निरूपण करते हुए १७८ वें सूत्र मे १०० तक संख्या पहुँच गयी है। एक सख्या मे आत्मा, दो मे जीव और अजीव राशि, तीन मे तीन गुप्ति, चार मे चार कषाय, पाँच मे पाँच महाव्रत, छह मे षट्काय के जीव, सात मे सात समुद्घात, आठ मे आठ मद, नौ मे आचाराङ्ग प्रथम श्रुतस्कन्ध के नौ अध्ययन, दस मे दस प्रकार के श्रमण धर्म, दस प्रकार के कल्पवृक्ष ग्यारह मे ग्यारह प्रतिमा, ग्यारह गणधर, बारह मे बारह भिक्षु प्रतिमा, तेरह मे त्रयोदश क्रिया स्थान, चौदह में चतुर्दश पूर्व, चतुर्दश गुणस्थान रत्न एव पन्द्रह मे पन्द्रह योग, सोलह मे सूत्रकृताङ्ग सूत्र के प्रथम श्रुतस्कन्ध के सोलह अध्ययन, सत्रह में सत्रह प्रकार के असयम और अठारह मे बंभी (ब्राह्मी), जवणी (यवनानी),

---

१ सन् १९३७ में अहमदाबाद से प्रकाशित।

दोसाउरिया, खरोट्टिया (खरोष्ठी), खरसाविया, पहराइया, उच्चत्तरिया, अक्खर पुट्ठिया, भोगवयता, वेणइया, णिण्हइया अक, गणिय गधव्व आदस्स, माहेसर, दामिली और पोलिन्दी इन अठारह लिपियो का निर्देश किया गया है। उन्नीस वस्तुओ मे महावीर, नेमिनाथ, पार्श्व, मल्लि और वासुपूज्य को छोड शेष उन्नीस तीर्थंकरो को गृहस्थ प्रव्रजित कहा है। पापश्रुतो मे भौम, उत्पात, स्वप्न, अन्तरीक्ष आग, स्वर, व्यंजन और लक्षण इन अष्टाङ्ग निमित्तो की गणना की गयी है। इस प्रकार संख्याओ का विवेचन करते हुए १७८वें सूत्र तक सौ की सख्या पहुँची है। इसके अनन्तर २००—३०० आदि क्रम से वस्तुनिर्देश बढता जाता है और १९०वे सूत्र पर दस सहस्र तक सख्या पहुँच जाती है। पश्चात् २०८वें सूत्र तक दशशत सहस्र और २०९वें सूत्र मे कोटा-कोटि तक सख्या पहुँच गयी है। अनन्तर २११वें सूत्र से २१७वें सूत्र तक आचाराङ्ग आदि अंगो के विभाजन और विषय का सक्षिप्त परिचय दिया गया है। २४६वें सूत्र से २७५वें सूत्र तक कुलकर, तीर्थङ्कर, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेव के माता, पिता, जन्मनगरी, दीक्षास्थान आदि का वर्णन है। इस अश मे पौराणिक सामग्री के आरम्भिक तत्व उपलब्ध होते है। अवशेष तथा मध्यवर्ती सूत्रो मे ५४ शलाका पुरुष, मोहनीय कर्म के ५२ पर्यायवाची नाम, क्रोध, राग-द्वेष, मोह, अक्षम सज्वलन आदि का वर्णन है। १५०वे सूत्र मे गणित, रूप, नाट्य, गीत, वादित्र आदि ७२ कलाओं के नामनिर्दिष्ट है। यह श्रुताङ्ग जैन सिद्धान्त और इतिहास की परम्परा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। अधिकाश रचना गद्य रूप मे है, बीच-बीच मे नामावलियाँ एव अन्य विवरण सम्बन्धी गाथाएँ भी आयी है। साहित्यिक ग्रन्थ न होने पर भी अलकार और कल्पना की दृष्टि से यह रचना महत्वपूर्ण है। सख्याओ के सहारे पार्श्वनाथ एव महावीर के पूर्ववर्ती चौदह पूर्वो के ज्ञाता मुनियो का निर्देश भी इस श्रुताङ्ग मे पाया जाता है। तीर्थङ्करो के चैत्यवृक्षो का निरूपण भी इस ग्रन्थ मे आया है।[1]

५—*वियाहपण्णत्ति (व्याख्याप्रज्ञप्ति)* इस श्रुताङ्ग का दूसरा नाम भगवती सूत्र भी है। जीवादि पदार्थों की व्याख्याओ का निरूपण होने से इसे व्याख्या प्रज्ञप्ति कहा जाता है। इसमे ४१ शतक हैं और प्रत्येक शतक मे अनेक उद्देशक है। इनमे से कुछ शतक दस-दस उद्देशको मे विभाजित हैं और कुछ मे उद्देशको की संख्या हीनाधिक पायी जाती है। पन्द्रहवें शतक मे उद्देशक नहीं हैं। यहाँ पर मंखलि गोशाल का चरित एक स्वतन्त्र ग्रन्थ जैसा प्रतीत होता है। इस ग्रन्थ मे कुल ८६७ सूत्र हैं।

---

१ १९३८ ई० मे अहमदाबाद से प्रकाशित।

इस ग्रन्थ की व्याख्याएँ प्रश्नोत्तर के रूप मे प्रस्तुत की गयी हैं। गौतम गणधर सिद्धान्त विषयक प्रश्न पूछते हैं और महावीर उनका उत्तर देते हैं। इस श्रुताङ्ग मे भगवान् महावीर को वेसालिय (वैशालिक – वैशाली निवासी) कहा गया है। अनेक स्थलो पर पार्श्वनाथ के शिष्य उनके चातुर्याम धर्म का त्याग कर महावीर के पञ्चमहाव्रत मार्ग को स्वीकार करते है। इस प्रसंग के वर्णनो से स्पष्ट है कि भगवान् महावीर के समय मे पार्श्वनाथापत्यो का निर्ग्रन्थ सम्प्रदाय पृथक् वर्तमान था, पीछे चलकर उन्ही के समय मे यह महावीर के सम्प्रदाय मे समाविष्ट हुआ है। इस श्रुताग मे अग, वग, मलय, मालवय, गच्छ, कच्छ कोच्छ, पाढ लाढ, वज्जि, मौलि, कासी, कोसल, अवाह और सभुत्तर इन सोलह जनपदो का भी उल्लेख मिलता है। राजनैतिक और ऐतिहासिक दृष्टि मे सबसे बडी बात यह है कि इसके सातवे शतक मे वैशाली मे सम्पन्न हुए दो महायुद्धो का वर्णन है। इन युद्धो के नाम हैं—महाशिलकण्टक-सग्राम और रथ-मुसल संग्राम। इन सग्रामो मे एक और वज्जी एव विदेहपुत्र थे और दूसरी ओर नौ मल्लकी, नौ लिच्छवी, काशी, कौशल एव अठारह गण राजा। इन युद्धो मे वज्जी, विदेहपुत्र कुणिक (अजातशत्रु) की विजय हुई। प्रथम युद्ध मे ८४ लाख और दूसरे मे ९६ लाख लोग मारे गये।

इस ग्रन्थ के आठवें शतक के पाचवें उद्देशक मे आजीविको के प्रश्न प्रस्तुत किये गये हैं। यहाँ आजीविको के आचार विचार का बहुत ही सुन्दर निरूपण है। ग्यारहवें शतक मे रानी प्रभावती के वासगृह का सुन्दर निरूपण है। बारहवें शतक के दूसरे उद्देशक मे कौशाम्बी मे राजा उदयन की माता मृगावती और जयती आदि श्रमणोपासिकाओं का उल्लेख है। मृगावती और जयन्ती ने भगवान् महावीर से धर्मश्रवण किया था और अनेक प्रश्न पूछे थे। २१, २२ और २३वें शतक मे नाना प्रकार की वनस्पतियो के वर्गीकरण किये गये है। वेद, मूल, स्कन्ध, त्वचा, शाखा, प्रवाल, पत्र, पुष्प, फल एवं बीज का सजीव और अजीव की दृष्टि से निरूपण किया गया है। इसमे सन्देह नही कि उक्त तीनो शतक वनस्पति शास्त्र के अध्ययन की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। पार्श्वापत्यीय कालावेसिय पुत्त और गाङ्गेय के विवरण निर्ग्रन्थ सम्प्रदाय का इतिहास अवगत करने के लिए बडे महत्त्वपूर्ण है। इस ग्रन्थ मे अभयदेव की टीका के अनुसार ३६००० प्रश्नोत्तर हैं। इन प्रश्नोत्तरो में इतिहास, भूगोल, राजनीति, धर्म, सम्प्रदाय, रीतिरिवाज, दर्शन, वस्तुस्वभाव प्रभृति शताधिक विषयो का ऐसा सुन्दर वर्णन आया है, जिससे इसे ज्ञान-विज्ञान का एक महत्त्वपूर्णकोष ही माना जा सकता है।

इस श्रुतांग के आख्यानों और उदाहरणों को साहित्यिक शैली मे निबद्ध किया गया है। काव्यशैली के विकास की अनेक कड़ियाँ इसमे वर्तमान हैं। प्राचीन भारत की जीवन-शोधन एव आचार सम्बन्धी प्रक्रिया को अवगत करने के लिए तो यह वस्तुतः मार्ग दर्शक है।

इस ग्रन्थ मे बलभी वाचना के नेता देवार्धिगणि क्षमाश्रमण द्वारा रचित नन्दिसूत्र का भी उल्लेख है, अत इसे प्रस्तुत रूप वी० नि० सं० ९८०- के पश्चात् ही प्राप्त हुआ होगा। हाँ, इसमे वर्णित विषय प्राचीन परम्परा से प्राप्त ही ग्रहण किये गये हैं[1]।

६. *नायाधम्मकहा (ज्ञातृधर्मकथा)*- इस ग्रन्थ का सस्कृत नाम ज्ञातृ धर्म कथा है, जिसका व्युत्पत्तिगत अर्थ है कि ज्ञातृ पुत्र भगवान् महावीर द्वारा उपदिष्ट धमकथाओ का प्ररूपण। इस श्रुताङ्ग का दूसरा सस्कृत नाम 'न्याय धर्म कथा' भी सम्भव है। इस नाम के अनुसार इसमे न्याय नीति एवं आचार सम्बन्धी नियमो को दृष्टान्तो और आख्यानो द्वारा समझानेवाली कथाओ का समावेश है। तथ्य यह कि इसमे संयम, तप और त्याग को उदाहरणो, दृष्टान्तो एव लोक प्रचलित कथाओ के द्वारा प्रभावशाली और रोचक शैली मे समझाया गया है। इन कथाओ की शैली की प्रमुख विशेषता यह है कि आरम्भ मे ही कथाएँ एक एक बात को स्पष्ट करती हुई शनै शनै आगे की ओर बढती हैं। यही कारण है कि पुनरावृत्ति का प्राचुर्य है। वस्तु और प्रसगो के निरूपण मे सामासान्त पदावली सस्कृत साहित्य का स्मरण कराती हैं।

इसमे दो श्रुताङ्ग हैं- प्रथम और द्वितीय। प्रथम मे १९ अध्ययन हैं और दूसरे मे १० वर्ग। प्रथम श्रुतस्कन्ध के उन्नीस अध्ययनो मे नीतिकथाएँ और दूसरे श्रुतस्कन्ध के दस वर्गों मे धर्मकथाएँ अङ्कित हैं। ये सभी कथाएँ एक मे एक गुथी हुई है। पर सब का अस्तित्व स्वतन्त्र है और सब का लक्ष्य एक है संयम तप एवं त्याग।

प्रथम अध्ययन मे मेघकुमार की कथा है। मेघकुमार का जीवन वैभव जन्य अहभाव का त्याग कर सहिष्णु बन आत्मभावना मे गलग्न रहने का संकेत करता है। यही इसका अन्तिम लक्ष्य और सन्देश है। अवान्तर रूप मे इस कथा मे आदर्श राज्य की कल्पना की गयी है। राजगृह नगरी के सुशासन का वर्णन और महाराज श्रेणिक के आदर्श राज्य की कल्पना श्रोता या पाठक के मन मे आदर्श

---

१. सन् १९२१ मे अभयदेव की टीका सहित आगमोदय समिति, बम्बई द्वारा प्रकाशित।

राज्य और सुशासन के प्रति श्रद्धा उत्पन्न करने में पूर्ण क्षम हैं। इस कथा का विकास लोक कथा की शैली पर हुआ है—लोक कथा मे कोई जटिल अनहोनी-सी बात—समस्या रख दी जाती है और एक पात्र के द्वारा उसकी पूर्ति के संकल्प की घोषणा कर दी जाती है तत्पश्चात् उसके प्रयत्नो को सामने लाया जाता है इससे कौतूहल की सृष्टि होती है। महारानी धारिणी देवी को असमय मे वर्षा-कालीन दृश्य देखने की इच्छा उत्पन्न होती है और एक ऐसी ही समस्या का बीजारोपण हो जाता है। इस कथा के पात्र ही आदर्श नही है, अपितु इसमे आदर्श दृश्यो का भी उल्लेख हुआ है। मेघकुमार का दीक्षित होना प्रव्रज्याकाल मे अपमान का अनुभव होने से प्रव्रज्या को छोडने का विचार कर महावीर के पास जाना तथा भगवान महावीर द्वारा पूर्वभवावलि को सुनकर उनके चित्त का स्थिर होना आदि कथानक बहुत ही सुन्दर हैं।

दूसरे अध्ययन मे धन्ना और विजय चोर की कथा है। तीसरे म सागरदत्त और जिनदत्त की कथा है। इस कथा का मूलोद्देश्य मयूर के अण्डो के उदाहरण द्वारा सम्यक्त्व के निश्शंकित गुण की अभिव्यञ्जना करना है। इस उद्देश्य म यह कथा सफल है। चतुर्थ अध्ययन मे जन्तु कथा है। यह कथा दो कच्छप और शृगालो की है। इसमे बताया गया है कि जो व्यक्ति संयमी और इन्द्रिय जयी है वह अग सिकोडनेवाले कछुए के समान आनन्द पूर्वक और जो इन्द्रियाधीन तथा असयमी है वह उछल-कूद करनेवाले कछुए के समान कष्ट मे जीवन यापन करता है और विनाश का कारण बनता है। पाचवें अध्ययन म थावर्चाकुमार, शुकमुनि और सेलग राजर्षि के कथानक है सातवें अध्ययन मे धन्ना और उसकी पतोहुओ की सुन्दर कथा है। आठवें मे मल्लिकुमारी की कथा है। यह कथा समस्या मूलक घटनाप्रधान और नाटकीय तत्वो से युक्त है। नौवें अध्ययन मे माकन्दी पुत्र जिनरक्ष और जिनपालित की कथा है। बारहवें मे दुर्दर नामक देव, चौदहवें मे अमात्य तेतलि, सोलहवें मे द्रोपदी एवं उन्नीसवें में पुण्डरीक और कुंडरीक की सुन्दर कथाएँ आयी हैं। इन सभी कथाओ की शैली सरल और कौतूहलोत्पादक है।

दूसरे श्रुतस्कन्ध में मानव, देव और व्यन्तर आदि की सामान्य घटनाएँ वर्णित हैं। इसके दस वर्ग भी अनेक अध्ययनो मे विभक्त हैं। श्रुतस्कन्ध मे पुण्यशाली नारियो की महत्ता के निरूपण में बताया गया है कि पुण्य के प्रभाव से वे व्यन्तर, ज्योतिषी एवं कल्पवासी देवो की अग्रमहिषियो के रूप मे जन्म ग्रहण करती हैं। तीसरे वर्ग मे देवकी के पुत्र गजसुकुमाल का आख्यान उल्लेखनीय है। अतः इस कथानक के आधार पर उत्तरवर्ती जैन कवियो ने स्वतन्त्र ग्रन्थ लिखे हैं।

इस श्रुतांग[1] का साहित्य की दृष्टि से बहुत महत्व है। इनके कथानक आगे जाकर बहुत ही समादृत एवं विस्तृत हुए हैं। इसकी निम्नांकित विशेषताएँ हैं–

१. द्रौपदी के पूर्वभव का आख्यान नागश्री का सुगन्धदशमी की कथा का आधार है।

२. देश और काल की परिमिति के भीतर इतिवृत्तो का समावेश किया गया है।

३. गजसुकुमाल जैसे आख्यान सूत्रो के—पल्लवन से आगे स्वतन्त्र ग्रन्थ-निर्माण की सामग्री प्रस्तुत की गयी है।

४. कथाओ मे प्रतीको का सन्निवेश किया है।

५. जन्तुकथाओ का सूत्रपात - आगे चलकर ये जन्तुकथाएँ साहित्य का प्रमुख अग बनी।

७. *उवासगदसाओ उपासकदशाध्ययन*—इस श्रुतांग मे दस अध्ययन है, और इनमे क्रमश: आनन्द, कामदेव, चुलनीप्रिय, सुरादेव, चुल्लशतक, कुंडकौलिक, सद्दालपुत्र, महाशतक, नन्दिनीप्रिय, और शालिनीप्रिय इन दस उपासको के कथानक है। इन कथानको द्वारा जैन गृहस्थो के धार्मिक नियम समझाये गये हैं। ये उपासक अपनी धर्मसाधना मे अत्यन्त संलग्न थे और नाना प्रकार की विघ्न-बाधाओ के आने पर भी अपनी साधना से च्युत न हुए। प्रथम अध्ययन मे श्रावक के पाँच अणुव्रत, तीन गुण व्रत और चार शिक्षाव्रत एव अन्य बारह व्रतो के अतिचारो का सुन्दर विवेचन किया है। आनन्द धनिक श्रावक है, उसके पास करोडो स्वर्ण मुद्राओ की सम्पत्ति है। आनन्द ने भगवान् महावीर से व्रत ग्रहण किये थे और परिग्रह तथा भोगोपभोग के परिमाण को सीमित कर धर्मसाधना मे प्रवृत्त हुआ था। इसने बीस वर्ष की साधना द्वारा अवधिज्ञान प्राप्त कर लिया था। गौतम गणधर को इसके अवधिज्ञान के विषय मे आशका हुई और उसने अपनी शका का समाधान भगवान् महावीर से किया। इस कथा मे वाणिज्य ग्राम और कोल्लाग सन्निवेश के आस-पास रहने की चर्चा आयी है। कोल्लाग सन्निवेश मे ज्ञातृकुल की पोषधशाला थी, यहाँ का कोलाहल वाणिज्य ग्राम तक सुनायी पडता था। अतएव वैशाली के समीप जो बनिया ग्राम और कोल्हुआ ग्राम हैं, वे ही प्राचीन वाणिज्यग्राम और कोल्लाग सन्निवेश हैं। दूसरे अध्ययन मे कामदेव की कथा अन्य बातो मे आनन्द की कथा के समान ही है, पर पिशाच द्वारा उसकी दृढ़ता की परीक्षा लेना और नाना प्रकार के उपसर्ग पहुँचाने पर भी उसका विचलित न होना, एक नवीन घटना है। इस कथानक मे पिशाच की आकृति का

१. सन् १९४० में एन० वी० वैद्य द्वारा फर्गुसन कालेज, पूना से प्रकाशित।

ऐसा हृदयस्पर्शी वर्णन किया है, जिससे उसकी घोरमूर्ति पाठकों के समक्ष उपस्थित हो जाती है। उपमा उत्प्रेक्षा और रूपकों द्वारा पिशाच की आकृति का चित्रण साहित्य की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। तीसरे चौथे और पाँचवें अध्ययन में भी पिशाच द्वारा उपासकों की परीक्षा ली गयी है, उपासक अनेक विघ्न-बाधाओं के आने पर भी अपनी धर्मसाधना से विचलित नहीं होते हैं। छठें अध्ययन में एक देव मखलिपुत्र गोशाल के सिद्धान्तों को उपासक के समक्ष प्रस्तुत करता है, पर श्रावक अपनी श्रद्धा से विचलित नहीं होता। सातवें अध्ययन में आजीविक सम्प्रदाय के उपासक सद्दालपुत्र को भगवान् महावीर उपदेश देते हैं और आजीविक मत के प्रमुख सिद्धान्त नियतवाद का खण्डन करते हैं। इस अध्ययन में भगवान् महावीर को महाब्राह्मण, महागोप, महासार्थवाह महाधर्मकथक और महानिर्यापक कहा गया है जिससे उनकी विविध महाप्रवृत्तियों का परिज्ञान हो जाता है। आठवें अध्ययन में उपासक की धर्मपत्नी ही धर्मसाधन में बाधा पहुँचाती है। वह अधार्मिक और मांसलोलुपी है तथा विषय-सेवन के लिए सदा तैयार रहती है। फलतः अपने पति की साधना में अनेक प्रकार से बाधाएँ उत्पन्न करती है, पर साधक महाशतक अडिग रहता है। नौवें और दशवें अध्ययन बहुत ही छोटे हैं, इनमें नन्दिनीप्रिय और शालिनीप्रिय की साधनाओं का वर्णन है।

आचाराङ्ग में जिस प्रकार मुनिधर्म का प्रतिपादन है, उसी प्रकार इस श्रुताङ्ग में श्रावकधर्म का। एक प्रकार से यह[1] आचाराङ्ग का पूरक है। साहित्यिक दृष्टि से इस श्रुताङ्ग का निम्नलिखित महत्त्व है।

१ चरित्रों की उत्थापना का श्रीगणेश—जिनका विकास काव्यग्रन्थों में पाया जाता है।

२. पारिवारिक भित्ति पर चरित्र आधारित है – परिवार के बीच रहकर भी ऊँची साधनाएँ की जा सकती हैं, की सिद्धि। बौद्ध एवं जैन परम्परा में ऊँची साधना साधु होने पर ही प्राप्त की जा सकती है, इस मान्यता के समानान्तर गृहस्थधर्म की मान्यता को खड़ा करना। गौतम गणधर की आनन्द के अवधिज्ञान के विषय में आशंका इस बात का प्रमाण है, कि इस उपलब्धि का इसके पहले श्रमण जीवन में ही प्राप्त किया जाता था, पर श्रावक होकर सबसे प्रथम संभवतः आनन्द ने ही प्राप्त किया है। अतः श्रावक जीवन को उपासना की दृष्टि से महत्त्व प्रदान किया गया है। श्रावक भी उपसर्ग और परीषहों का विजयी हो सकता है।

१. सन् १९५३ ओरियण्टल बुक एजेन्सी, १५ शुक्रवार पेठ, पूना २ से प्रकाशित।

३. विषय-वस्तुओं का साहित्यिक निरूपण पिशाच, रथ प्रभृति का काव्यात्मक वर्णन किया है।

४. कथाओं में तर्क का प्रवेश। संवाद तत्त्वों में तर्क का आधार ग्रहण किया गया है, यथा भगवान् महावीर सद्दालपुत्र के समक्ष तर्क द्वारा नियतिवाद का खण्डन करते हैं। इससे स्पष्ट है कि प्रश्नोत्तर प्रणाली तर्क का रूप ग्रहण करने लगी थी और दार्शनिक विषय भी प्रविष्ट होने लगे थे।

५. मानव मनोविज्ञान का समावेश—वार्तालापों में इस तत्त्व के बीज वर्तमान हैं। प्रियवस्तु या प्रियव्यक्ति की प्रशंसा कर देने से व्यक्ति प्रसन्न होता है इस मनोविज्ञान के सिद्धान्त का उपयोग मंखलिपुत्र गोसाल सद्दालपुत्र को प्रसन्न करने के लिए करता है। जब वह देखता है कि सद्दालपुत्र महावीर का श्रद्धालु हो गया है, तो उसकी श्रद्धा को दूर करने के लिए आरम्भ में महावीर की प्रशंसा कर सद्दालपुत्र का प्रियपात्र बनना चाहता है। इस प्रकार कार्यव्यापारों में मनोविज्ञान का भी समावेश विद्यमान है।

६. जीवन के कार्यव्यापारों का अधिक विस्तार हो चुका था, इसी कारण महावीर को महाब्राह्मण, महागोप महासार्थवाह आदि उपाधियों से विभूषित किया गया है।

७ प्राचीन भारत के सम्पन्न, वैभवपूर्ण और विलासी जीवन का सुन्दर निरूपण हुआ है।

८—*अंतगडदसाओ*[1] (*अन्तकृद्दशा*)—इस श्रुताङ्ग में उन स्त्री-पुरुषों के आख्यान है, जिन्होंने अपने कर्मों का अन्त करके मोक्ष प्राप्त किया है। इसमें ८ वर्ग और ९ अध्ययन हैं। ये आठ वर्ग क्रमशः १०, ८, १३, १०, १०, १६, १३ और १० अध्ययनों में विभक्त हैं। प्रत्येक अध्ययन में किसी न किसी व्यक्ति का नाम अवश्य आता है। पर कथानक अपूर्ण हैं, अधिकांश वर्णनों को अन्य स्थान से पूर्ण कर लेने की सूचना दी गयी है। 'वण्णओ" की परम्परा द्वारा कथानकों को अन्यत्र से पूरा कर लेने को कहा गया है। प्रथम अध्ययन में गौतम का कथानक द्वारावती नगरी के राजा अन्धकवृष्णि की रानी धारणी देवी को सुप्तावस्था तक वर्णन कर कह दिया गया है और बताया है कि स्वप्नदर्शन, कुमारजन्म, उसका बालकपन, विद्याग्रहण यौवन, पाणिग्रहण, विवाह, प्रासाद एवं भोगों का वर्णन महाबल की कथा के समान जानना चाहिये। आगेवाले प्रायः सभी अध्ययनों में नायक-नायिका के नामों का निर्देश कर ही वर्णनों को अन्यत्र से अवगत कर लेने की सूचना दी गयी है।

---

१. ओरियण्टल बुक एजेंसी, पूना सन्, १९५३।

इस श्रुतांग के आख्यानों को दो भागो मे विभक्त किया जा सकता है। आदि के पाँच वर्गों के कथानकों का सम्बन्ध अरिष्टनेमि के साथ है और शेष तीन वर्ग के कथानकों का सम्बन्ध महावीर तथा श्रेणिक के साथ है। इस श्रुतांग मे मूलतः दस अध्ययन रहे होगे उत्तर काल मे इसको विकसित कर यह रूप प्राप्त हुआ है। इसमे निम्नलिखित विशेषताएँ हैं —

१ राजकीय परिवार के स्त्री-पुरुषों को दीक्षा ग्रहण करते देखकर आध्यात्मिक साधना के लिए प्रेरणा प्राप्त होती है।

२. कृष्ण और कृष्ण की आठ पत्नियों का आख्यान — सम्यक्त्वकौमुदी की कथाओं का स्रोत है। जम्बूस्वामी की आठ पत्नियाँ एवं उनको सम्यक्त्व प्राप्ति की कथाएँ भी इन्हीं बीजों से अंकुरित हुई है।

३ पौराणिक और चरितकाव्यों के लिए बीजभूत आख्यान समाविष्ट है।

४ कथानकों के बीजभाव काव्य और कथाओं के विकास मे उपादान रूप मे व्यवहृत हुए हैं। एक प्रकार से उत्तरवर्ती साहित्य के विकास के लिए इन्हें 'जर्मिनल आइडिया' कहा जा सकता है।

५ द्वारिका नगरी के विध्वंस का आख्यान जिसका विकास परवर्ती साहित्य मे खूब हुआ है।

६. ललित गोष्ठियों के अनेक रूप — अर्जुन मालाकार के आख्यान से प्रकट हैं।

७ प्राचीन मान्यताओं और अन्धविश्वासों का प्रतिपादन—यक्षपूजा, मनुष्य के शरीर मे यक्ष का प्रवेश आदि के द्वारा किया है।

८. अहिंसक के समक्ष हिंसावृत्ति का काफूर होना और अहिंसा-वृत्ति मे परिणत होना अर्जुन लौह मुद्गर से नगरवासियों का विध्वंस करता है, पर अहिंसा की मूर्ति भगवान महावीर के समक्ष जाकर नतमस्तक हो जाता है और प्रव्रज्या ग्रहण कर लेता है।

९ नगर, पर्वत - रैवतक, आयतन सुरप्रिय यक्षायतन आदि का वर्णन काव्यग्रन्थों के लिए उपकरण बना।

१० देवकी के पुत्र गजसुकुमाल के दीक्षित हो जाने पर सोमिल ने ध्यानास्थित दशा मे उसे जला दिया, अत्यन्त वेदना होने पर भी वह शान्त भाव से कष्ट सहन करता रहा, यह आख्यान साहित्य निर्माताओं का इतना प्रिय हुआ, जिससे 'गजसुकुमाल' नामक स्वतन्त्र काव्य ग्रन्थ लिख गये। इस प्रकार परवर्ती साहित्य के स्रोत की दृष्टि से इस श्रुतांग का पर्याप्त महत्त्व है।

९ अणुत्तरोववाइयदसाओ (अनुत्तरोपपातिकदशा) इस श्रुताग मे उन विशिष्ट पुरुषो का चरित्र वर्णित है, जिन्होने अपनी धर्मसाधना के द्वारा मरण कर अनुत्तर स्वर्ग के विमानो मे जन्म ग्रहण किया है। अनुत्तर विमानवासी देवो को एक बार मनुष्य जन्म प्राप्त कर निर्वाण हो जाता है। यह श्रुताग तीन वर्गों मे विभक्त है। प्रथम वर्ग मे १०, द्वितीय में १३ और तृतीय मे १० अध्ययन है। उपासकदशा और अन्तः-कृद्दशा के समान इसमे भी दस अध्ययन रहे होगे। इस श्रुताग मे घटनाएँ और आख्यान पल्लवित नही है, केवल चरित्रो का निर्देश भर प्राप्त होता है। प्रथम वर्ग मे धारणीपुत्र जाली तथा तृतीय वर्ग मे भद्रापुत्र धन्य का चरित्र विस्तारपूर्वक वर्णित है। अनुत्तर-विमानवासी ३३ महान् पुरुषो मे से २३ का सम्बन्ध महाराज श्रेणिक की पत्नी धारणी, चेलना और नन्दा से है, ये इन तीन रानियो के पुत्र थे। शेष दस व्यक्ति काकन्दी नगरी की सार्थवाही भद्रा के पुत्र है। तीसरे वर्ग के प्रथम अध्ययन मे धन्य की कठोर तपस्या और उसके कारण क्षीण हुए अग-प्रत्यगो का मार्मिक और विस्तृत वर्णन है। इस वर्णन की तुलना बुद्ध की तपस्या से की जा सकती है। इस श्रुताग की निम्न विशेषताएँ है—

१ पादोपगमन सन्यास-विधि का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया है।

२ उपवास और तपश्चरण का प्रभाव और महत्त्व अंकित है।

३. घटनाओ या कथानको के मात्र ब्योरे—अवयव मात्र है।

४ धन्य की तपस्या के प्रसग मे आलंकारिक वर्णन आया है, यथा—अक्खसुत्तमाला-विव-गणेज्जमाणेहिं पिट्ठिकरडगसधीहिं, गगातरगभूएण उरकडगदेसभाएण, सुक्कसप्पमाणेहिं बाहाहिं, सिढिलकडालीविवलबतेहिं य अग्गहत्थेहि, कपमाणवाइए विव वेबमाणीए सीस-घडीए । अर्थात् उस धन्य की पीठ की हड्डियाँ अक्षमाला की तरह एक-एक कर के गिनी जा सकती थी। वक्ष स्थल की हड्डियाँ गगा की लहरो के समान अलग-अलग दिखलायी पडती थी। भुजाएँ सूखे हुए साँप की तरह कृश हो गयी थी। हाथ घोड़े के मुंह पर बाँधने के तोबरे के समान शिथिल होकर लटक गये थे और सिर वात-रोगी के समान काँप रहा था।

१० पण्हवागरणाइं (प्रश्नव्याकरण)—इस श्रुताग में दो खण्ड है। प्रथम खण्ड मे पाँच आस्रव द्वारो का और दूसरे में पाँच सवर द्वारो का वर्णन किया है। आस्रव द्वारो मे हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह रूप पाँच पापो का तथा संवर द्वारो मे अहिसादि पाँच व्रतो का विवेचन किया गया है। हिंसक जातियो के पेशेवरो में शौकरिक—शूकरो का व्यापार और शिकार करनेवाले, मच्छबंध—मत्स्य व्यापार करनेवाले, शाकुनिक—चिडीमार, व्याध, वागुरिक—जीव-जन्तुओ को पकड़कर आजीविका करने-वाले व्यक्तियो का निर्देश किया है।

प्रश्न व्याकरण का अर्थ है—स्वसमय—स्वसिद्धान्त और परसमय—अन्य सिद्धान्त सम्बन्धी प्रश्नोत्तर के रूप मे नाना विद्याओ, मन्त्र-तन्त्र एव दार्शनिक बातो का निरूपण। पर इस व्युत्पत्ति के अनुसार इस श्रुताग मे विषय-विवेचन का अभाव है। अत यह अनुमान सहज मे किया जा सकता है कि इसका प्राचीन रूप वही था, जिसका आभास प्रश्न विवेचन के रूप मे नान्दीसूत्र मे मिलता है। समय के प्रभाव से इसका वास्तविक मूल रूप लुप्त हो गया है।

प्रस्तुत श्रुताग[1] मे साहित्यिक और सास्कृतिक निम्न विशेषताएँ है—

१. अनेक जातियो और देशो का उल्लेख आया है।

२ नाना प्रकार के आभूषण, रत्न, सुगन्धित पदार्थ एवं मणिमुक्ताओ का विवेचन किया गया है ।

३ विनय, शील और तप सम्बन्धी अनेक नियमोपनियम वर्णित है।

४. उपमा अलकार का विस्तार —ब्रह्मचर्य के प्रसग मे ३२ प्रकार की उपमाओ का प्रयोग आया है।

५. उपमा के प्रसग मे कई अभुक्त और नवीन उपमान आये है, यथा कांस्य पात्र के समान स्नेहरूप जल से दूर कछुए की भाँति गुप्त। कास्य-पात्र और कच्छप उपमान काव्य ग्रन्थो मे नही आये है, इनका प्रयोग आगमिक साहित्य मे ही मिलता है।

६ काचना, रक्तसुभद्रा, अहिल्या आदि नये स्त्रीपात्र आये है, जिनके लिए युद्ध होने का उल्लेख है।

११. विवागसुय (विपाकश्रुतं) – विपाकश्रुत मे प्राणियो के द्वारा किये गये अच्छे और बुरे कर्मो का फल दिखलाने के लिए बीस कथाएँ आयी है। इस ग्रन्थ के प्रथम श्रुतस्कन्ध के दस अध्ययनो मे दु ख विपाक अशुभ कर्मो का फल दिखलाने के लिए मृगापुत्र, उज्झित, अभग्गसेन, शकट, बृहस्पतिदत्त, नन्दिषेण, उम्बरदत्त, सोरियदत्त, देवदत्ता और अजदेवी की जीवनगाथाएँ अकित है। द्वितीय श्रुतस्कन्ध के दस अध्ययनो मे सुबाहु, भद्रनन्दी, सुजात, सुवासव, जिनदास, धनपति, महाबल, भद्रनन्दी, महाचन्द्र और वरदत्त की जीवन गाथाएँ उल्लिखित है। उपर्युक्त इन बीसो आख्यानो द्वारा यह बतलाया गया है कि कोई भी प्राणी जन्म-जन्मान्तरो मे अपने योग – मन, वचन और काय की क्रिया के द्वारा अपने राग-द्वेष और मोह आदि भावो के निमित्त से कर्मों का बन्ध करता है। इन बँधे हुए कर्मो का आत्मा के साथ किसी विशेष समय की अवधि तक रहना कषाय की मन्दता या तीव्रता पर निर्भर है। यदि कषाय हल्के

१. सन् १६ , ६ मे आगमोदय समिति बम्बई द्वारा अभयदेव की टीका सहित प्रकाशित।

दर्जे की होती है तो कर्मपरमाणु भी जीव के साथ कम समय तक ठहरते है और फल भी कम प्राप्त होता है। कषायो की तीव्रता होनेपर आये हुए कर्म परमाणु जीव के साथ अधिक समय तक बने रहते है और फल भी अधिक मिलता है। इस श्रुताग मे कर्मसिद्धान्त का सुन्दर विवेचन है। प्रसगवश श्वास, कफ, भगन्दर, अर्श, खाज, यक्ष्मा और कुष्ठ आदि नाना रोगो का एव इन रोगो से पीडित व्यक्तियो का चित्रण किया गया है। गर्भिणी स्त्रियो के दोहद, भ्रूणहत्या, नरबलि, वेश्यावृत्ति प्रभृति पापो का फल सहित विवेचन किया गया है। इस श्रुताग[1] की निम्नलिखित विषताएँ है—

१. कर्मसिद्धान्त के ग्रन्थो की पृष्ठभूमि—आस्रव, बन्ध, उदय, सत्त्व, उदीरणा प्रभृति के विवेचन के हेतु यह उपजीव्य है।

२. नाना सामाजिक प्रथाओ, मान्यताओ एव अन्धविश्वासो का विश्लेषण वर्तमान है।

३. अनेक रोगो और औषधि-उपचारो का निरूपण तथा अष्टाग आयुर्वेद के सिद्धान्त निबद्ध किये गये है।

४. कर्म सस्कारो की महत्ता वर्णित है।

५ कथातत्त्व की दृष्टि मे घटनाओ मे क्रमबद्धत्ता के साथ उतार-चढ़ाव विद्यमान है।

६. प्रश्नोत्तर शैली द्वारा कथोपकथनो मे प्रभावोत्पादकता निहित है।

७ समस्त उपाख्यानो मे वर्गशील का निरूपण है।

८. चरित्रो के विकास मे समगतित्व निहित है।

९. वर्णनो मे काव्यत्व है।

१२. दिट्ठिवाद (दृष्टिवाद)–एक मान्यता के अनुसार यह श्रुताग लुप्त हो गया है। समवायाग के अनुसार इसके परिकर्म, सूत्र, पूर्वगत, अनुयोग और चूलिका ये पाँच विभाग है। इन पाँचो के नाना भेद-प्रभेदो का उल्लेख पाया जाता है। विवरणो से ऐसा ज्ञात होता है कि परिकर्म के अन्तर्गत लिपिविज्ञान और गणित का विवरण भी सम्मिलित था। सूत्र मे छिन्न-छेदनय, अनिछन्न-छेदनय, त्रिकनय और चतुर्नय का विवेचन है। इन चारो के समन्वय से जैन नयवाद का विकास हुआ है। दृष्टिवाद के पूर्वगत विभाग मे उत्पाद पूर्व, अग्रायणी पूर्व, वीर्यप्रवाद पूर्व, अस्तिनास्ति प्रवाद पूर्व आदि चौदह पूर्वों का उल्लेख मिलता है। अनुयोग के दो भेद है—मूल प्रथमानुयोग और गडिकानुयोग। मूल प्रथमानुयोग मे तीर्थंकर, जैसे महान् पुरुषो के चरितो का उल्लेख किया गया है। इसमे उनके गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और निर्वाण सम्बन्धी इतिवृत्त समाविष्ट है। गडिकानुयोग मे कुलकर, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव आदि अन्य महापुरुषो के इतिवृत्त वर्णित है। दिगम्बर ग्रन्थो मे एक सामान्य नाम अनुयोग ही मिलता है, पर इसकी परिभाषा में

१. वि० सं० १९२२ में अभयदेव की वृत्ति सहित बड़ौदा से प्रकाशित।

त्रेसठ शलाका पुरुषो के चरितो को समेट लिया गया है। दृष्टिवाद के जिस विषय का संकलन परिकर्म, पूर्व और अनुयोग मे नही किया जा सका है, उसका सग्रह चूलिका में किया गया है। समवायाग मे चारो पूर्वों की चूलिकाएँ बतलायी गयी है। समस्त चूलिकाएँ बत्तीस होती है। दिगम्बर परम्परा मे जलगता, स्थलगता, मायागता, रूपगता और आकाशगता ये पाँच चूलिकाएँ मानी गयी हैं। इन चूलिकाओ का श्रुतस्कन्ध मे जो स्वरूप प्राप्त है, उससे स्पष्ट है कि इनका विषय मन्त्र-तन्त्र एव जादू-टोना आदि रूप था। इनके विषयो की तुलना अथर्ववेद के अभिचार सूक्तो से की जा सकती है।

उपांग—

१. औपपातिक[1]- अगो के समान बारह उपाग भी आगमिक साहित्य मे सम्मिलित है। बारह उपाङ्गो मे से सबसे पहला उपाग औपपातिक है। इस उपाग मे उदाहरण पूर्वक यह बताया गया है कि नाना भावो, विचारो और साधनाओ पूर्वक मृत्यु प्राप्त करनेवाले प्राणियो का पुनर्जन्म कहाँ होता है? इस ग्रन्थ मे तेतालीस सूत्र है, इसकी विशेषताएँ निम्नलिखित है।

१. नगर, चैत्य, राजा एव रानियो का साङ्गोपाङ्ग वर्णन किया गया है। यह वर्णन अन्य श्रुतागो के लिए आधार बनता है और इसी ग्रन्थ का उल्लेख कर वर्णन को छोड दिया गया है।

२ चम्पा नगरी का आलकारिक वर्णन परवर्ती अन्य प्राकृत साहित्य के लिए स्रोत है। इस प्रकार का सूक्ष्म और पूर्ण वर्णन सस्कृत साहित्य मे भी कम ही मिलता है।

३. सस्कृति और समाज की दृष्टि से भी इसका महत्त्व है।

४. प्रबन्धकाव्यो के योग्य वस्तु-वर्णनो का सद्भाव है।

५. सवाद शैली के अनेक तत्त्वो का सद्भाव वर्त्तमान है।

६. धार्मिक और नैतिक मूल्यो की स्थापना की गयी है।

२ रायपसेणिय (राजप्रश्नीय)—इस उपाग की गणना प्राचीन आगमो मे की जाती है। इसमे दो भाग है और कुल सूत्र २१७ हैं। इसमे राजा पएसी (प्रदेशी) द्वारा किये गये प्रश्नो का केशी मुनि द्वारा समाधान प्रस्तुत किया गया है। विद्वानो का अनुमान है कि इस ग्रन्थ का यथार्थ नायक कोशल का इतिहास प्रसिद्ध राजा प्रसेनजित ही रहा है, बाद में उसके स्थान पर प्रदेशी कर दिया है[2]। इसके प्रथम भाग में तो सूर्याभदेव का वर्णन है और दूसरे भाग मे इस देव के पूर्वजन्मो का वृत्तान्त है। सूर्याभ का जीव राजा प्रदेशी के रूप मे पार्श्वनाथ की परम्परा के मुनि केशी से मिला था।

---

१. आगमोदक समिति भावनगर द्वारा प्रकाशित।

२ विशेष जानकारी के लिए देखें—श्री डॉ० हीरालाल जी द्वारा लिखित 'भारतीय सस्कृति मे जैनधर्म का योगदान' सन् १९६२ पृ० ६५।

उसने उनसे आत्मा की सत्ता के सम्बन्ध मे अनेक प्रकार से प्रश्न किये थे। अन्त में केशी मुनि के उपदेश से वह सम्यग्दृष्टि बना था। सम्यक्त्व के प्रभाव से वह सूर्याभदेव हुआ। इस उपाग की निम्न विशेषताएँ है—

१. स्थापत्य, सगीत और नाट्यकला की दृष्टि से अनेक तत्त्वो का समावेश है। बत्तीस प्रकार के नाटको का उल्लेख किया है। सूर्याभदेव ने महावीर को ३२ प्रकार के नाटक दिखलाये थे।

२. लेखन सम्बन्धी सामग्री का निर्देश किया है।

३. साम, दाम और दण्डनीति के अनेक सिद्धान्तो का समावेश वर्तमान है।

४. बहत्तर कलाओ, चार परिषदो एव कलाचार्य, शिल्पाचार्य और धर्माचार्यो का निरूपण किया गया है।

५ साहित्यिक दृष्टि से केशी और राजा प्रदेशी के मध्य सम्पन्न हुआ सवाद है।

६ पार्श्वनाथ की परम्परा सम्बन्धी अनेक बातो की जानकारी उपलब्ध है।

७ मुनि केशी ने जीव की अनिवार्य गति के स्पष्टीकरण के लिये बन्द कमरे के भीतर आवाज करने पर भी उसके बाहर निकलने का उदाहरण प्रस्तुत किया है। यही उदाहरण हरिभद्र सूरि की समराइच्चकहा के तीसरे भव मे पिंगल और विजयसिंह के वाद-विवाद मे भी पाया जाता है। उदाहरण दोनो ही स्थानो मे समान रूप से आया है।

८ काव्य और कथाओ के विकास के लिये वार्तालाप और सवादो का आदर्श यहाँ प्रस्तुत है। इसी प्रकार के सवाद काव्य का अग बनते है।

३ **जीवाभिगम**—इस उपाग में गौतम गणधर और महावीर के प्रश्नोत्तर के रूप मे जीव और अजीव के भेद-प्रभेदो का विस्तृत वर्णन है। इसमे नौ प्रकरण और २७२ सूत्र है। इसका तीसरा प्रकरण बडा है। इसमे द्वीप और सागरो का विस्तार-पूर्वक वर्णन पाया जाता है। इसमे प्रसगवश रत्न, आभूषण, भवन, वस्त्र, लोकोत्सव, यान, अलकार एवं मिष्टान्नो का महत्त्वपूर्ण वर्णन है। इसकी[1] कुछ विशेषताएँ निम्न है—

१. सांस्कृतिक सामग्री का प्राचुर्य है।

२. कला की दृष्टि से पर्याप्त सामग्री वर्तमान है।

३ उद्यान, वापी, पुष्करिणी, कदली-घर, प्रसाधन-घर एव लतामण्डप आदि का सरस और साहित्यिक वर्णन किया गया है। वस्तुत प्रबन्ध काव्यो के विकास में शिलालेखो के अतिरिक्त उक्त प्रकार के आगमिक वर्णन भी सहायक है। प्रबन्ध काव्यो का विकास इसी प्रकार के वस्तु व्यापारो से हुआ हैं। सुधर्मा सभा का प्रतिपादन भी अच्छा हुआ है।

---

१ सन् १९१९ में देवचन्द लालभाई पुस्तकोद्धारफड, सूरत द्वारा प्रकाशित।

४ प्रश्नोत्तर प्रणाली का यहाँ विकसित रूप उपस्थित है।

४. **पण्णवणा (प्रज्ञापना)** —इस उपाङ्ग मे छत्तीस पद—परिच्छेद है, जिनमे जीव से सम्बन्ध रखनेवाले प्रज्ञापना, स्थान, बहुवक्तव्य, स्थिति, कषाय, इन्द्रिय, लेश्या, कर्म, उपयोग, वेदना एव समुद्घात आदि विषयो का अच्छा निरूपण किया गया है[1]। जो स्थान अग साहित्य मे भगवती सूत्र का है, वही स्थान उपाग मे इस ग्रन्थ का है। यह भी एक प्रकार से ज्ञान-विज्ञान का कोष है। साहित्य, धर्म, दर्शन, इतिहास और भूगोल के अनेक महत्वपूर्ण उल्लेख उपलब्ध है। अध्ययन करनेवालो को साहित्य रस भी प्राप्त होता है। इस ग्रन्थ के रचयिता आर्य श्याम का भी उल्लेख पाया जाता है, इनका समय सुधर्म स्वामी से २३वी पीढी अर्थात् ई० पू० द्वितीय शताब्दी सिद्ध होता है। इसकी निम्न विशेषताएँ है—

१. इस उपाग में २५½ आर्य देशो का उल्लेख है। मगध, अग, बग आदि पच्चीस देशो को पूरा देश कहा है और केकय (श्वेतिका) को आधा आर्य देश माना है।

२ कर्म-आर्य, शिल्प-आर्य एव भाषा-आर्य जैसे आर्य जाति के भेदो को स्पष्ट किया है।

३. वर्णनो मे आलकारिक प्रयोग कम ही आये है।

४ जैनागम सम्बन्धी पारिभाषिक शब्दावली विशेषरूप से वर्तमान है।

५. पशु-पक्षियो के अनेक भेद-प्रभेद निर्दिष्ट है।

५. **सूरियपण्णत्ति[2] (सूर्यप्रज्ञप्ति)** इस उपाग मे २० पाहुड और १०८ सूत्र है। इसमे सूर्य, चन्द्र और नक्षत्रो की गतियो का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया है। प्रसगवश द्वीप और सागरो का निरूपण भी आया है। प्रमुख विशेषताएँ निम्न प्रकार है :—

१. प्राचीन ज्योतिष सम्बन्धी मूल मान्यताएँ सकलित है। इसके विषय की वेदाग ज्योतिष से तुलना की जा सकती है। पञ्च वर्षात्मक युग का मान कल्पित कर सूर्य और चन्द्र का गणित किया गया है।

२. सूर्य के उदय और अस्त का विचार अकित है।

३ दो सूर्य और दो चन्द्रमा का सिद्धान्त प्रतिपादित है। इन सूर्यों का भ्रमण एकान्तररूप से होता है, इससे दर्शको को एक ही सूर्य दिखलायी पडता है।

४ दिनमान का कथन है—उत्तरायण मे सूर्य लवण समुद्र के बाहरी मार्ग से जम्बू-द्वीप की ओर आता है और इस मार्ग के आरम्भ मे सूर्य की चाल सिहगति, जम्बूद्वीप

---

१ सन् १९१८ मे निर्णयसागर प्रेस बम्बई से प्रकाशित।

२. सन् १९१९ मे मलयगिरि की टीका के साथ आगमोदय समिति बम्बई द्वारा प्रकाशित।

के भीतर आते-आते क्रमश मन्द होती हुई गजगति को प्राप्त हो जाती है। इस कारण उत्तरायण के आरम्भ मे दिन लघु और रात्रि बृहत् तथा उत्तरायण की समाप्ति पर गति के मन्द होने से दिन बड़ा होने लगता है। इसी प्रकार दक्षिणायन के आरम्भ मे सूर्य जम्बूद्वीप के भीतरी मार्ग से बाहर की ओर–लवण समुद्र की ओर मन्द गति से चलता हुआ शीघ्रगति को प्राप्त होता है। यह सिद्धान्त ही परवर्ती साहित्य मे दिनमान एवं उत्तरायण और दक्षिणायन के निरूपण मे स्रोत सिद्ध हुआ है।

५ नक्षत्रो के गोत्र एव नक्षत्रो मे विधेय भोजनादि का निरूपण मुहूर्त्त शास्त्र की नीव है। अत, उक्त नक्षत्र स्वरूप सम्बन्धी सिद्धान्त मुहूर्त्त का अग है। मुहूर्त्त शास्त्र मे प्रधान रूप से नक्षत्रो के स्वभाव और गुणो का ही विचार किया जाता है।

६. जंबूदीवपण्णत्ति[1] (जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति)—यह उपाग दो भागो मे विभक्त है—पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध। पूर्वार्द्ध मे चार और उत्तरार्द्ध मे तीन वक्षस्कार (परिच्छेद) है तथा कुल १७६ सूत्र है। प्रथम भाग के चारो परिच्छेदो मे जम्बूद्वीप, भरत क्षेत्र तथा उसके पर्वतो, नदियो एव उत्सर्पण और अवसर्पण कालो का निरूपण किया गया है। इस उपाग मे कुलकरो का कथन है तथा ऋषभदेव का चरित विस्तृत रूप मे वर्णित है। ऋषभदेव ने ७२ कलाओ का पुरुषो के लिए और ६३ कलाओ का स्त्रियो के लिए उपदेश दिया है। ऋषभदेव को परिमनमाल नगर के उद्यान मे केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसमे भरत चक्रवर्ती के दिग्विजय का विस्तार सहित वर्णन है। तीर्थंकर के जन्मोत्सव का साहित्यिक वर्णन उपलब्ध है। भरत को निर्वाण प्राप्ति का भी प्रतिपादन किया गया है। इस उपाग की निम्नाङ्कित विशेषताएँ है—

१ जम्बूद्वीप स्थित भरत क्षेत्र —भारत वर्ष के दुर्गम स्थान, पर्वत, नदी, अटवी, श्वापद आदि का विस्तृत प्रतिपादन किया है। भारत के प्राचीन भूगोल की दृष्टि से यह अश महत्वपूर्ण है।

२. जैन सृष्टि विद्या के बीज सूत्र वर्तमान है।

३. ऋषभदेव का पौराणिक चरित निरूपित है। इस चरित मे प्रसंगवश यह बताया गया है कि निर्वाण के अनन्तर उनके अस्थि-अवशेष पर चैत्य और स्तूप स्थापित किये गये थे।

४. भरत चक्रवर्ती का दिग्विजय विष्णुपुराण से मिलता-जुलता है।

५. प्राचीन युद्ध प्रणाली की जानकारी भरत और किरातो की सेना मे सम्पन्न हुए युद्ध से प्राप्त होती है।

---

१. सन् १६२० मे देवचन्द लालभाई ग्रन्थमाला द्वारा निर्णय सागर प्रेस बम्बई में मुद्रित।

६. तीर्थङ्करो के कल्याणक उत्सवो का निरूपण पाया जाता है। जन्मोत्सव का जैसा निरूपण इस ग्रन्थ में किया गया है, वैसा ही पुराणो मे पाया जाता है। अत. यह अनुमान लगाना सहज है कि पुराणो की रचना को इन बीज सूत्रो ने अवश्य प्रेरणा प्रदान की होगी।

७. तीर्थंकर, चक्रवर्ती, बलदेव और वासुदेवो के चरितो के सकेत पुराणो के विकास-क्रम को अवगत करने के लिए उपयोगी हैं।

७ चंदपण्णत्ति[1] (चन्द्रप्रज्ञप्ति)—इसका विषय सूर्य प्रज्ञप्ति के समान ही है। इसमे बीस प्राभृत है, जिनमे चन्द्र के परिभ्रमण, गतियाँ, विमान आदि का निरूपण है। सूर्यप्रज्ञप्ति के समान विषयानुक्रम होने पर भी निम्नलिखित विशेषताएँ वर्तमान है—

१ चन्द्र की प्रति दिन की योजनात्मिका गति का निरूपण किया है।

२. उत्तरायण और दक्षिणायन की वीथियो का अलग-अलग विस्तार निकालकर सूर्य और चन्द्रमा की गतियो का निर्णय किया है। इस प्रकार की प्रक्रिया सूर्यप्रज्ञप्ति मे नही मिलती है।

३. वीथियो मे चन्द्रमा के समचतुरस्र, विषमचतुरस्र आदि विभिन्न आकारो का खण्डन कर समचतुरस्र गोलआकार सिद्ध किया गया है। सृष्टि के आदि मे श्रावण कृष्णा प्रतिपदा के दिन जम्बूद्वीप का प्रथम सूर्य पूर्व-दक्षिण—आग्नेयकोण मे और द्वितीय सूर्य पश्चिमोत्तर—वायव्यकोण मे चला। इसी प्रकार प्रथम चन्द्रमा पूर्वोत्तर—ईशान-कोण में और द्वितीय चन्द्रमा पश्चिम-दक्षिण—नैऋत्यकोण मे चला। सूर्य चन्द्र की यह गमन प्रक्रिया ज्योतिष मे निरूपित नाडीवृत्त और कदम्बपोतवृत्त से मिलती-जुलती है। ज्योतिष की दृष्टि से यह विषय महत्त्वपूर्ण है।

४. छाया साधन और छाया प्रमाण पर से दिनमान का साधन बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह साधन प्रक्रिया 'प्रतिभा' गणित का मूल है और सभवत: इसीसे ज्योतिष के प्रतिभा गणित का विकास हुआ होगा।

५. छाया साधन मे कीलकच्छाया या कीलच्छाया का उल्लेख आता है। इसी कील-कच्छाया से शंकुच्छाया का विकास हुआ है और गणित मे 'शकु गणित' का विकास भी कीलच्छाया से मानना बहुत ही तर्क सगत है।

६. पुरुषच्छाया का विस्तृत विवेचन है, यही पुरुषच्छाया सहिता ग्रन्थो मे फलाफल द्योतक बन गयी है। वराहमिहर ने इसका पर्याप्त विस्तार किया है, वराहमिहर का स्रोत इस पुरुषच्छाया को मानने मे कोई आपत्ति नही है।

७. इसमें गोल, त्रिकोण और चोकोर वस्तुओ की छाया का कथन है, इनसे उत्तर-काल में ज्योतिष विषयक गणित का पर्याप्त विकास हुआ है।

---

१. अमोलक ऋषि का संस्करण।

८. चन्द्रमा को स्वत: प्रकाशमान बताया गया है, इसके घटने-बढने का कारण राहु ग्रह है।

८. कप्पिया[1] (कल्पिका)—इस उपाग मे १० अध्ययन है। प्राचीन मगध का इतिहास जानने के लिए यह उपाग अत्यन्त उपयोगी है। पहले अध्ययन में कुणिक अजात शत्रु का जन्म, पिता श्रेणिक के साथ मनमुटाव, पिता को कारागृह मे बन्द कर कुणिक का स्वय राज्य सिंहासन पर बैठना, श्रेणिक का आत्म-हत्या को कर लेना, कुणिक का अपने भाई बेहल्लकुमार से सेचनक हाथी को लौटा देने का अनुरोध तथा कुणिक का वैशाली के गणराजा चेटक के साथ युद्ध करने का वर्णन है। इससे कुणिक का विस्तृत परिचय प्राप्त होता है। इस उपाग की निम्नलिखित विशेषताएँ है—

१ मगध नरेश श्रेणिक एव उनके वंशजो का विस्तृत वर्णन है।

२ अजितशत्रु का जीवन परिचय पूर्णतया उपलब्ध है।

३ वैशाली नरेश चेटक के साथ अजातशत्रु के युद्ध की सूचना मिलती है।

४ चेलना द्वारा कुणिक के सम्बन्ध की बचपन की एक घटना है जिसमें उसने कहा—"पैदा होने पर तुझे अपशकुन समझ कर मैने कूडे मे फिकवा दिया। वहाँ मुर्गे की पूँछ से तुम्हारी अँगुली मे चोट लग जाने के कारण तुम्हे अपार वेदना हुई, तुम्हारे पिता बिम्ब-सार—श्रेणिक तुम्हारी वेदना को शान्त करने के लिए रात भर तुम्हारी अँगुली को अपने मुँह की गर्म भाप से गर्म करते रहते थे।" इस प्रकार के मार्मिक आख्यान इस उपाग को सरस बनाते है।

९. कप्पावडंसियाओ (काल्पावतंसिका)—इसमे श्रेणिक के दस पौत्रो की कथाएँ है, जिन्होने अपने सत्कर्मों द्वारा स्वर्ग प्राप्त किया था। इन कथाओ मे जन्म और कर्म की सन्तति मात्र का ही उल्लेख किया है। इस उपाग की निम्न विशेषताएँ है.—

१ कथाओ के विकास की विस्तृत पट भूमि—जन्म और कर्म सन्तति एव विभिन्न फलादेश, जिनके आधार पर कथानको की नियोजना की जाती है।

२. जीवन शोधन की प्रक्रिया का विश्लेषण—व्रताचरण आदि की उपयोगिता का कथन है।

३. पौराणिक कथाओ को लोककथाएँ बनाने का आयास तथा पौराणिक तत्त्वो को लोकतत्त्व बनाकर प्रस्तुत करने की चेष्टा की गयी है।

४. पिताओ के नरक मे रहने पर भी, पुत्रो का स्वर्गलाभ अर्थात् स्वकर्म ही जीवन के निर्माण मे सहयोगी होते है। अपने उत्थान और पतन का दायित्व स्वयं अपने

---

१ सन् १९३८ में प्रो० गोपाणी और चौकसी द्वारा सम्पादित होकर अहमदाबाद से प्रकाशित।

ऊपर ही निर्भर है। अतः भगवान् बनना भी मनुष्य के हाथ मे है और भिखारी बनना भी। जो जैसा पुरुषार्थ करता है, वह वैसा ही बन जाता है।

१० पुप्फिया (पुष्पिका)—इसमे दस अध्ययन है। इस उपाग के तीसरे अध्ययन में सोमिल ब्राह्मण की कथा है। इस ब्राह्मण की तपस्या का वर्णन विस्तार पूर्वक किया गया है। चतुर्थ अध्ययन मे एक बहुत ही सरस और मनोरजक कथा है। सुभद्रा सन्तान न होने के कारण ससार से विरक्त हो जाती है और सुव्रता आर्यिका के पास दीक्षा ग्रहण कर लेती है। दीक्षित हो जाने पर भी वह बच्चो मे बहुत स्नेह करती है, उन्हे खिलाती-पिलाती है और उनका शृगार करती है। प्रधान आर्यिका के द्वारा समझाये जाने पर भी उसकी ममता बच्चो से कम नही होती। फलत. इस राग भावना के कारण वह अगले भव मे ब्राह्मणी होती है और सन्तान से उसका घर भर जाता है। अगले अध्ययनो मे भी साधना करनेवाले व्यक्तियो के अर्धविकसित चरित दिये गये है। इस उपाग की निम्नलिखित विशेषताएँ है—

१. स्वसमय और परसमय के ज्ञान के हेतु कथाओ का सकलन है।

२. कथाओ मे कुतूहल तत्त्व का समावेश किया है।

३ चरितो का अर्धविकसित रूप—आख्यान उतने ही अश तक है, जितने अश से उनके नायको के परलोक पर प्रकाश पडता है। वर्तमान जीवन से उनका सम्बन्ध बहुत कम है।

४ सासारिक राग-मोह और ममताओ का सफल चित्रण है।

५. जीवन के मर्मस्थलो का यत्र-तत्र समावेश किया है सभी कथानक सरस नही है, कुछ मे साधनाएँ इतनी मुखरित है, जिससे कथतत्त्व दब गया है।

६. पुनर्जन्म और कर्मफल के सिद्धान्त का सर्वत्र समावेश है।

११ पुप्फचूला (पुष्पचूला)—इस उपाग मे भी ऐसे व्यक्तियो की कथाएँ है, जिन्होने धार्मिक साधना द्वारा स्वर्गलाभ एव दिव्य सम्पदाएँ प्राप्त की है। इसमे दस अध्ययन हैं, जिनके नाम श्री, ह्री, धृति आदि है। कथा साहित्य की दृष्टि से इसका रूप-गठन पुष्पिका अग के समान ही है। साहित्यिक छटा पञ्चम अध्ययन में दिखलायी पडती है। स्वर्ग के देव अपने अतुल वैभव के साथ भगवान् महावीर की वन्दना के लिए आते है।

१२. वण्हिदसाओ (वृष्णिदशा)—इसमे बारह अध्ययन है, जिनमें द्वारकावती के राजा कृष्ण वासुदेव के वर्णन के साथ वृष्णिवंशीय बारह राजकुमारो के दीक्षित होने का वर्णन है। अरिष्टनेमि विहार करते हुए रैवतक पर्वत पर जाते हैं और वहाँ उनके दर्शनार्थं अनेक वृष्णिवशीय कुमार पहुँचते हैं। इस उपाग की निम्न विशेषताएँ हैं।

१. यदुवंशीय राजाओ के इतिवृत्त अंकित है, जिनकी तुलना श्रीमद्भागवत मे आये हुए यदुवशी चरितो से की जा सकती है। हरिवंश पुराण के निर्माण के लिए भी यहाँ से उपकरण लिए गये होगे। वस्तुत अरिष्ट नेमि और कृष्ण चरित की एक सामान्य झाँकी इस ग्रन्थ मे वर्तमान है।

२ कथातत्त्व की अपेक्षा पौराणिक तत्त्वो का प्राचुर्य है। कथा के लिए जिस जिज्ञासा या उत्कण्ठा वृत्ति की आवश्यकता रहती है, उसका अभाव है। वृष्णिवश, जिसका आगे जाकर हरिवश नाम पडा है और हरिवश की स्थापना 'हरि' नामक पूर्वपुरुष से हुई है. अत सिद्ध है कि वृष्णिवश इसी हरिवश का एक अग बना है।

३. तीर्थंकर अरिष्टनेमि का कई दृष्टियो से महत्त्व वर्णित है।

आठवे उपाग से लेकर बारहवे तक पाँच उपाग निरयावलियाओ भी कहलाते है। ऐसा ज्ञात होता है कि ये पाँच उपाँग अपने विषयानुसार अग साहित्य से सम्बद्ध रहे होगे। पीछे द्वादशाङ्ग की देखा देखी उपाँगो की सख्या भी बारह हो गयी होगी।

छेद सूत्र[1]—जैन आगम का प्राचीन भाग है। इन सूत्रो मे निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थिनियो की प्रायश्चित्त विधि का प्रतिपादन किया गया है। जीवन के दैनिक व्यवहार मे सावधान रहने पर भी दोष का होना स्वाभाविक है, अत उन लगे हुए दोषो का पश्चात्ताप द्वारा परिमार्जन करना ही प्रायश्चित्त है। छेद सूत्रो को उत्तम श्रुत कहा जाता है। निशीथ सूत्र मे बताया गया है कि "जम्हा एत्थ सपायच्छित्तो विधी भण्णति, जम्हा यतेण चरणसुद्धो करेति तम्हा तं उत्तमसुतं—१६ उद्देशक अर्थात् प्रायश्चित्त विधि का वर्णन होने से चारित्र शुद्धि विधायक ये सूत्र ग्रन्थ हैं, अत. ये उत्तम सूत्र कहलाते है।

छेद सूत्रो की संख्या छः है—(१) निसीह (निशीथ) (२) महानिसीह (महानिशीथ), (३) ववहार (व्यवहार), (४) दसासुयक्खध (दशाश्रुतस्कन्ध) अथवा आचारदसा (आचारदशा), (५) कप्पसुत्त (कल्पसूत्र), (६) जीयकप्प (जीतकल्प) या पचकप्प (पंचकल्प)।

१. निसीह (निशीथ)—छेद सूत्रो मे निशीथ का सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसे आयाराङ्ग सूत्र को दूसरी चूला के रूप मे माना जाता है। इसका दूसरा नाम आचार कल्प भी है। साधु और साध्वियो के आचार-विचार सम्बन्धी नियमो का निरूपण है तथा इन नियमो के उत्सर्ग एव अपवाद मार्ग भी वर्णित हैं। किसी भी प्रकार के नियम का भग होनेपर समुचित प्रायश्चित्त का विधान किया गया है। निशीथ २० उद्देशो मे विभक्त है। प्रथम उद्देश में ब्रह्मचर्य के पालन करने के

---

१. सभी छेद सूत्र लोहामडी आगरा से प्रकाशित हैं।

नियमों का वर्णन है। ब्रह्मचारी साधु को अग सचालन करना एव सुगन्धित पुष्प आदि का सूघना वर्जित है। इस उद्देश मे नखछेदक, कर्णशोधक आदि के रूप में शृंगार प्रसाधन का निषेध किया गया है। साधक अपने साध्य की सिद्धि मे जब किसी प्रकार के दोष का सामना करता है, तो अधिकारी के समक्ष उसे स्वीकार कर सच्चे हृदय से पुन न करने तथा लगे हुए दोष को हल्का करने के लिए प्रायश्चित्त करता है।

द्वितीय उद्देश मे भिक्षुओ को चर्म रखने तथा काष्ठ के दण्डवाले रजोहरण के रखने का निषेध किया गया है। जूता पहनने तथा बहुमूल्य वस्त्र धारण करने का भी निषेध किया गया है। तृतीय उद्देश में भिक्षा वृत्ति की विधि का निरूपण है। पैरो का मर्दन, प्रक्षालन, प्रमार्जन आदि का निषेध है। चतुर्थ उद्देश मे भिक्षु-भिक्षुणियो के उपाश्रय मे रहने की विधि का निरूपण है। कुशील और आडम्बरी साधुओ के साथ रहने का भी निषेध है। पाँचवें मे वृक्ष के नीचे बैठकर स्वाध्याय या आलोचना करने का निषेध है। दण्ड ग्रहण करने एव वीणा बजाने आदि का भी निषेध किया गया है। छठे और सातवें उद्देश मे मैथुन एव मैथुन सम्बन्धी अन्य क्रियाओ का निषेध किया गया है।

आठवें उद्देश मे उद्यान एव उद्यान गृह मे अथवा अन्य किसी एकान्त स्थान मे भिक्षुणियो के साथ रहने का निषेध किया है। नौवे उद्देश मे भिक्षु को राजपिण्ड ग्रहण करने का निषेध है। प्रसगवश इस उद्देश म कुब्जा, किरातिका, वामनी, वडभी—बड़े पेटवाली, बब्बरी वडसी, जोयणिया, पल्हविया, लासिया, सिहली, अरबी, पुलिदी, शबरी आदि दासियो के उल्लेख है। आगे के उद्देशो में युक्ताहार विहार, रहन-सहन, आवागमन, वार्त्तालाप आदि का पूर्ण विवेचन किया गया है। वस्तुत. इस ग्रन्थ मे ऐसे साधको के लिए प्रायश्चित्त करना आवश्यक कहा है, जो अपवाद मार्ग ग्रहण करते है। मानवीय दुर्बलताएँ त्यागी होनेपर भी पीछा नही छोड पाती है, अत नियमोपनियम टूटने लगते है और प्रायश्चित्त का अवसर आने लगता है। सक्षेप मे इस सूत्र की निम्नलिखित विशेषताएँ दृष्टिगोचर होती है—

१. ऐतिहासिक, सास्कृतिक, राजनैतिक और भाषा सम्बन्धी सामग्री का प्राचुर्य है, जो सर्वत्र बिखरी पडी है।

२. उत्सर्ग और अपवाद मार्गों का विवेचन किया गया है।

३. विवेकशून्य आचरण या तो शिथिलाचार है अथवा केवल अर्थशून्य आडम्बर। इन दोनो से बचने के लिए देशकालानुरूप मार्ग का निरूपण किया है।

४. सयमी व्यक्तियो के लिए निषिद्ध कार्यों का कथन है।

५. साधना मार्ग मे अत्यन्त सावधानी की आवश्यकता है, असावधान व्यक्ति ही प्रायश्चित्त करने को बाध्य होता है।

६ साधक के लिए आहार-विहार सम्बन्धी अनेक नियमो का निरूपण किया गया है । जीवनशोधन के लिए ब्रह्मचर्य के साथ भोजन शुद्धि को भी महत्त्व दिया गया है ।

७ अहिंसादि व्रतो का भी अच्छा निरूपण है ।

८. प्राचीनपरम्पराओ, विश्वासो एव जीवन-शोधन सम्बन्धी नियमो का विस्तृत विवेचन किया है ।

९. साहित्य की दृष्टि से भी काव्य के तत्त्व सन्निविष्ट है ।

१० मालव और सिन्धु-देश की भाषाओ को परुष भाषा कहा है ।

११ वापी, सरोवर, निर्झर और पुष्करिणी के सौन्दर्य का चित्रण है ।

१२ ग्राम, नगर, पट्टण आदि के स्वरूप भी वर्णित है ।

१३. आगमिक सिद्धान्त शील, सयम, भावना और तप का वर्णन है ।

२ महानिसीह (महानिशीथ) इस छेद सूत्र को समस्त प्रवचन का सार कहा जाता है । निशीथ को लघु निशीथ और इसे महानिशीथ कहा गया है । पर बात इसके उलटी है । वस्तुत मूल महानिशीथ नष्ट हो गया है । बाद मे हरिभद्रसूरि ने इसका सशोधन किया और सिद्धसेन, जिनदास गणि ने इसे मान्यता प्रदान की है । भाषा और विषय की दृष्टि से यह प्राचीन प्रतीत नही होता है । इस ग्रन्थ मे छ. अध्ययन और दो चूला है । प्रथम और द्वितीय अध्ययन मे पाप कर्मो की निन्दा और आलोचना की गयी है । तृतीय और चतुर्थ अध्ययन मे साधुओ को कुशील साधुओ के सम्पर्क से बचने का उपदेश दिया गया है । नवकार मन्त्र, दया और अनुकम्पा आदि का भी विवेचन है । पञ्चम अध्ययन मे गुरु-शिष्य के सम्बन्ध का निरूपण किया गया है । छठवें अध्ययन मे प्रायश्चित्त और आलोचना के चार भेदो का वर्णन है । इस छेद सूत्र की निम्न विशेषताएँ है —

१ —कर्मफल दिखलाने वाली कथाओ मे— लक्ष्मणा देवी की कथा प्रमुख है, तपस्या-काल मे पक्षियो की सभोग क्रीडा को देखने से वह कामातुर होती है, फलस्वरूप अगले जन्म मे उसका जन्म गणिका की दासी के यहाँ होता है ।

२—गच्छो का वर्णन, जैनसघ के इतिहास की दृष्टि से भी यह वर्णन उपयोगी है ।

३—चूलाओ मे भी कई कथाएँ आयी है, इन कथाओ में सती होने तथा विधवा राजकुमारी को गद्दी पर बैठने का निरूपण है ।

४—मंगलमन्त्र णमोकार के उद्धारक रूप मे वज्रस्वामी का उल्लेख है; षट्खडागम में आचार्य पुष्पदन्त को इसका उद्धारक माना गया है ।

५—साधु और साधुओ के बृहत् सघो का निरूपण किया है; इन संघो में सैकडो साधु और साध्वियाँ रहती थी। साधुओ की अपेक्षा साध्वियो की सँख्या अधिक होती थी। आचार्य भद्र के गच्छ में पाँच सौ साधु थे, पर बारह सौ साध्वियाँ।

६—तान्त्रिक उल्लेख भी इस ग्रन्थ मे पाये जाते है।

७—सास्कृतिक सामग्री प्रचुरता से उपलब्ध है।

३ ववहार (व्यवहार) इस ग्रन्थ के कर्त्ता श्रुतकेवली भद्रबाहु को माना गया है। इस सूत्र पर भाष्य और निर्युक्ति भी है। इस ग्रन्थ मे दस उद्देशक है। प्रथम उद्देशक मे बताया गया है कि प्रमाद या अज्ञानता मे अपराध हो जाने पर भी आलोचना करनी चाहिए तथा प्रायश्चित्त भी। आगे के उद्देशको मे भी विभिन्न स्थितियो मे आलोचना, गर्हा और निन्दा के साथ प्रायश्चित्त ग्रहण करने का विधान किया गया है। साधु-साध्वियो के भोजन व्यवहार, एकाकी विहार तथा समूह मे विहार करने के अनेक नियम वर्णित है। आचार्य के अनुशासन मे शिष्यो को रहना अत्यावश्यक है। भिक्षु प्रतिमा, मोक्षप्रतिमा, यवमध्यचन्द्रप्रतिमा और वज्रमध्यप्रतिमा मे नियमो का साङ्गोपाङ्ग, वर्णन है। इस सूत्र मे चार प्रकार के आचार्य, चार प्रकार के अन्तेवासी एव तीन प्रकार के स्थविरो का उल्लेख किया गया है। साठ वर्ष की अवस्थावाला जातिस्थविर, श्रुत का धारक श्रुतस्थविर एव बीस वर्ष की पर्यायवाला साधु पर्याय स्थविर कहा जाता है। साधु का अध्ययन क्रम उसकी दीक्षा के काल के अनुसार बताया गया है। जैसे जैसे दीक्षा का समय बढ़ता जाता है, वैसे-वैसे ग्रन्थो के अध्ययन की दिशा भी बदलती जाती है। दीक्षा के अठारह वर्ष समाप्त होने पर दृष्टिवाद एव बीस वर्ष की दीक्षा होने पर समस्त सूत्रो के पठन का अधिकारी माना गया है। इस सूत्र की निम्न विशेषताएँ है—

१ स्वाध्याय पर विशेष जोर दिया है, पर अयोग्य काल में स्वाध्याय करने का निषेध किया गया है। अनध्याय काल का भी विवेचन है।

२. साधु और साध्वियो के बीच अध्ययन की सीमाएँ वर्णित है।

३. स्थविरो के लिए उपधान रखने का विधान है।

४. कवलाहारी, अल्पाहारी एव ऊनोदरी निर्ग्रन्थो का कथन है।

५ आचार्य और उपाध्याय के लिए विहार करने के नियम वर्णित है।

६ आलोचना और प्रायश्चित्त की विधियो का विस्तृत वर्णन है।

७. सघ व्यवस्था के नियमोपनियम निबद्ध है।

८. दस प्रकार के वैयावृत्यो का विवेचन है।

९ साध्वियो के निवास, अध्ययन, चर्या, उपधान आदि सम्बन्धी विस्तृत नियमो का निरूपण किया गया है।

४. दससुयक्खंध (दशाश्रुतस्कन्ध)—इस छेद सूत्र के रचयिता आचार्य भद्रबाहु माने गये है। नियुक्ति के रचयिता भद्रबाहु मूल ग्रन्थ के रचयिता से भिन्न हैं। ब्रह्मर्षि पार्श्वचन्द्रीय ने वृत्ति लिखी है। इस ग्रन्थ का दूसरा नाम आचारदशा है। इसमें दस अध्ययन हैं, जिनमे आठवे और दसवें विभाग को अध्ययन और शेष विभागो को दशा कहा गया है। इस छेद सूत्र के आरम्भ मे हस्तकर्म, मैथुन, रात्रिभोजन, राजपिण्ड-ग्रहण एव एक मास के भीतर गण छोड़ कर दूसरे गण मे चले जाने के अलोचना-प्रायश्चित्त लिखे गये है। चौथी दशा मे आचार सम्पदा, श्रुतसपदा, शरीरसपदा, वचन-सपदा, यतिसपदा, प्रयोगसपदा और संग्रहसंपदा का कथन है। इन आठ सम्पदाओ का विस्तारपूर्वक विवेचन किया गया है। आठवें अध्ययन मे भगवान् महावीर के पञ्चकल्याणको का विवेचन किया गया है। महावीर का जीवन चरित भी वर्णित है। नवमी दशा मे मोहनीय के तीस बन्ध स्थान तथा दसवे अध्ययन मे नौ प्रकार के निदानो का निरूपण किया गया है। इस सूत्र की निम्नाङ्कित विशेषताएँ है—

१ भगवान् की जीवनी काव्यात्मक शैली मे लिखी गयी है। भाषा भी प्रौढ है। इस जीवन चरित के तथ्य श्वेताम्बर सम्प्रदाय द्वारा ही मान्य है।

२- चित्त-समाधि एव धर्म चिन्ता का सुन्दर वर्णन है। ग

३ मिथ्यात्व सवर्धक क्रियाओ का विस्तार पूर्वक निरूपण किया गया ज्जं, इसी प्रसग मे क्रियावादी, अक्रियावादी सम्प्रदायो का भी विवेचन वर्तमान है। केसि

४. आर्य संस्कृति के प्रतीक शिखा धारण का समर्थन तथा भिक्षुप्रतिमा प्रतिमाओ के भेद-प्रभेदो का निरूपण किया गया है। है। बाईस

५. महावीर के चरित के साथ पार्श्व, नेमि और ऋषभदेव के च क्षिमार्ग, लेश्या, रूपरेखाएँ प्रस्तुत की गयी है। न्तिक विषयो का

६ मोहनीय कर्म बन्ध के तीस स्थानो का निरूपण है। द्धा, मनुष्यता, पवि-

७. अर्द्ध ऐतिहासिक तथ्य के रूप मे अजातशत्रु, चम्पा नर्य एवं धर्माचरण का वर्णन किया गया है। इसमे पुराण एवं इतिहास के तथ्यो का इषुकार, सयती, मृगापुत्र,

५. कप्प (कल्प) जैन श्रमणो के प्राचीनतम आ ही महत्त्वपूर्ण हैं। इस ग्रन्थ मे किया गया है। निशीथ और व्यवहार की भ षताएँ हैं—

इसमे छः उद्देशक है और इनमे साधु-साध्वियो के नश नही है, बल्कि साहित्यिक ऐसे वस्त्र, पात्र आदि का विवेचन किया गया है। इ की परम्परा को जोडते हैं। कपिल समान भद्रबाहु स्वामी ही माने जाते है। निर्ग्रत्तम ब्राह्मण कुल में जन्म लेता है। विस्तृत वर्णन प्रथम उद्देशक के ५१ सूत्रो मे पास अध्ययन करता है। यौवन की भी इसी उद्देशक में प्ररूपित है। दूसरे उ एक कामुकी के चक्र मे फँस जाता है। प्रतिपादित हैं। तीसरे उद्देशक में निर्ग्रन्थ की प्रेरणा करती है और दरिद्रता का हारा

में आने-जाने की मर्यादा का उल्लेख किया गया है। चौथे उद्देशक मे प्रायश्चित्त और आचार विधि का निरूपण है। पाँचवें उद्देशक मे सूर्योदय के पूर्व और सूर्योदय के पश्चात् भोजन-पान के सम्बन्ध मे नियमो का निरूपण किया गया है। छट्ठे उद्देशक में दुर्वचन बोलने का निषेध किया गया है। इसमे साधु और साध्वियो को किस प्रकार और किस अवस्था मे परस्पर सहयोग देना चाहिए, इसका उल्लेख भी है।

६ पंचकप्प (पंचकल्प) पचकल्प सूत्र मे भी साधु और साध्वियो के रहने, विहार करने एव आहार ग्रहण करने के नियमोपनियम वर्णित है। प्रायश्चित्त और आलोचन विधि का निरूपण भी किया गया है।

जीतकल्प सूत्र को गणना पचकल्प सूत्र के स्थान मे की जाती है। इसमे दस प्रकार के प्रायश्चित्तो का वर्णन किया गया है। जीतकल्प सूत्र के रचयिता जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण है।

मूलसूत्र—मूलसूत्रो मे साधुजीवन के मूलभूत नियमो का विवेचन पाया जाता है। मूलसूत्र चार है—(१) उत्तरज्झयण (२) आवस्सय (आवश्यक), (३) दसवेयालिय (दशवैकालिक) और (४) पिंडणिज्जुत्ति (पिंडनिर्युक्ति)।

ती· **१. उत्तराध्ययन**—यह धार्मिक काव्य ग्रन्थ है। डॉ० विण्टरनित्स ने इस प्रकार
स्थवि·ाहित्य को श्रमण काव्य कहा है और इसकी तुलना धम्मपद, महाभारत एव सुत्त-
कहा जा· से की है। भगवान् महावीर ने अपने जीवन के उत्तरकाल मे निर्वाण से पूर्व
है। जैसे जै· दिये थे, उन्हीका सकलन इस ग्रन्थ मे किया गया है। 'उत्तराध्ययन' शब्द
बदलती जाती· चार करने के लिये इस शब्द की व्युत्पत्ति को समझ लेना आवश्यक है।
दीक्षा होने पर ·र और अध्ययन इन दो शब्दो के योग मे बना है। उत्तर शब्द के दो अर्थ
विशेषताएँ हैं— पश्चाद्भावी। प्रथम अर्थ के अनुसार धर्म सम्बन्धी एक से एक बढकर
१ स्वाध्याय प· वह ग्रन्थ उत्तराध्ययन कहलायेगा। द्वितीय अर्थ के अनुसार पश्चात्
निषेध किया गया है। अ· उत्तराध्ययन कहलायेगा। प्राचीन समय मे आचाराङ्गादि सूत्रो
२. साधु और साध्वि· के अध्ययनो का पाठ किया जाता था। एक मान्यता यह भी
३. स्थविरो के लिए उप· आचाराङ्गादि सूत्रो के अनन्तर ही हुई है। निर्युक्ति की एक
४. कवलाहारी, अल्पाहारी ए·
५. आचार्य और उपाध्याय के गयं आयारस्सेव उवरिमाइं तु।
६. आलोचना और प्रायश्चित्त के· खलु अज्झयणा हुंति णायव्वा॥
७ सघ व्यवस्था के नियमोपनियम· राङ्ग के उत्तरकाल मे पढे जाते थे, इसी कारण
८. दस प्रकार के वैयावृत्यो का विवे·
९ साध्वियो के निवास, अध्ययन, चर्या· इस सूत्र के अध्ययन की प्रथा प्रचलित हो
का निरूपण किया गया है। ·र्थक है।

इस ग्रन्थ के ३६ अध्ययन है । इन अध्ययनो को विषय के अनुसार तीन भागो मे विभाजित किया जा सकता है—(१) सैद्धान्तिक (२) नैतिक या सुभाषितात्मक एव (३) कथात्मक । सैद्धान्तिक विषयो से सम्बन्ध रखनेवाले परीसहा (परिषहा), अकाममरणिज्ज (अकाममरणीय), खुड्डागनियंणिज्ज (क्षुल्लकनिर्ग्रन्थीयं), बहुस्सुयपुज्जं (बहुश्रुतपूज), बम्भचेरसमाहिठाण (ब्रह्मचर्यसमाधिस्थान), पावसमणिज्ज (पापश्रमणीयं), समितीओ (समिति), सभिक्खू (सभिक्षु), मोक्खमग्गगई (मोक्षमार्गगति), अप्पमाओ (अप्रमाद), तवोमग्गो (तपमार्ग), दुमपत्तय (द्रुमपत्रकं), चरणविही (चरणविधि), पमायठाणाइं (प्रमादस्थानानि), कम्मपयडी (कर्मप्रकृति), लेसज्झयण (लेश्याध्ययन), सम्मत्तपरक्कम (सम्यक्त्व पराक्रमम्), अणगार मग्गो (अणगारमार्ग:) और जीवाजीवाविभत्तय (जीवाजीवविभक्ति) अध्ययन है । चरित्र सम्बन्धी अध्ययनो मे विणयसुत्तं (विनयश्रुत), चाउरंगिज्ज (चतुरंगीय), असखयं (असस्कृतम्), एलय (एलक), जन्नइज्जं (यज्ञीय), समायारी (समाचारी) और खलुंकिज्ज (खलुङ्कीयम्) परिगणित है ।

आख्यानात्मक या कथात्मक सूत्रो मे काविलीय (कापिलिकम्) नमिपवज्जा (नमिप्रव्रज्या), हरिएसिज्ज (हरिकेशीय), चित्तसम्भूइज्ज (चित्तसंभूतीय), उसुयारिज्ज (इषुकारीय), सजइज्ज (सयतीयम्) मियापुत्तीय (मृगापुत्रीयम्), महानियण्ठिज्जं, (महानिर्ग्रन्थीय), समुद्दपालीय (समुद्रपालीय), रहनेमिज्ज (रथनेमीयं), और केसिगोयमिज्ज (कोशिगौतमीयं) परिगणित है ।

सूत्रो के वर्गीकरण के अनुसार ही विषयो का निरूपण किया गया है । बाईस परिषह, ब्रह्मचर्य, समिति, प्रमाद स्थान, कर्मबन्ध, तपश्चरण, सम्यग्दर्शन, मोक्षमार्ग, लेश्या, जीवाजीव का विभाजन, चर्या के नियम, समाधि, स्वाध्याय आदि सैद्धान्तिक विषयो का सूत्ररूप मे विवेचन किया गया है । नीति के निरूपण मे विनय, श्रद्धा, मनुष्यता, पवित्रता, सुसस्कृत जीवन, यज्ञ की अहिंसात्मक व्याख्या, कर्त्तव्य कार्य एव धर्माचरण का समावेश किया है । कपिलमुनि, नमि, हरिकेशी, चित्तसभूति, इषुकार, सयती, मृगापुत्र, समुद्रपालित, रथनेमि, एव केशी गौतम के आख्यान बहुत ही महत्त्वपूर्ण है । इस सूत्र की विषय और साहित्य की दृष्टि से निम्नलिखित विशेषताएँ है—

१. इसमे कथा साहित्य के बीजो का ही सन्निवेश नही है, बल्कि साहित्यिक ऐसे आख्यान भी है, जो परवर्त्ती कथा साहित्य के विकास की परम्परा को जोडते है । कपिल का कथानक हृदयहारी है । कपिल कौशाम्बी के उत्तम ब्राह्मण कुल मे जन्म लेता है । युवा होने पर श्रावस्ती के एक दिग्गज विद्वान् के पास अध्ययन करता है । यौवन की आन्धी से आहत होकर मार्गभ्रष्ट होता है और एक कामुकी के चक्र में फँस जाता है । एक दिन इसकी प्रिया राजदरबार मे जाने की प्रेरणा करती है और दरिद्रता का हारा

कपिल स्वर्ण मुद्राओं की भीख के लिए रात्रि के अन्तिम प्रहर मे दरबार की ओर प्रस्थान करता है, पहरेदार उसे चोर समझकर पकड लेते है और उसे अपराधी के रूप में राजा के सामने प्रस्तुत करते है। राजा कपिल की मुद्रा से ही उसे निर्दोष समझ लेता है और उससे इच्छानुसार धन मागने को कहता है। कपिल तृष्णावश राज्य तक माँग लेना चाहता है, पर विवेक जागृत होने से विरक्त हो साधु बन जाता है।

२ काव्य की दृष्टि से इसमें उपमा, उत्प्रेक्षा रूपक और अर्थान्तरन्यास अलकारो का बहुत अच्छा समावेश हुआ है। उपमा का निम्नलिखित उदाहरण दर्शनीय है—

कणकुण्डगं चइत्ताणं, विट्ठं भुंजइ सूयरे।
एवं सीलं चइत्ताणं, दुस्सीले रमई मिए॥ १।५॥

जिस प्रकार स्वादिष्ट भोजन को छोडकर शूकर विष्ठा का ही भक्षण करता है, उसी प्रकार अज्ञानी जीव शुद्ध आचार का परित्याग कर दुराचार का सेवन करता है। इस पद्य मे अज्ञानी उपमेय और शूकर उपमान, सदाचार उपमेय और स्वादिष्ट भात का भोजन उपमान एव दुराचार उपमेय और विष्ठा उपमान है। अत इस मालोपमा द्वारा अज्ञानी व्यक्ति द्वारा सेवन किये जानेवाले दुराचार के प्रति निन्द्य भावना व्यक्त की गयी है। काव्य की दृष्टि से यह पद्य, बहुत सुन्दर है। इसी प्रकार 'तेणे जहा सधिमुहे गहिए' (४।३) 'कामगिद्धे जहा बाले (५।४) 'जहा सागडिओ जाण' (५।१४) जहा कुसग्गे उदग' (७।२३) जैसे प्रयोग प्रचुर परिमाण मे पाये जाते है।

३ प्राचीन शिक्षाशास्त्र के सम्बन्ध मे तथा शिष्य और आचार्य के पारस्परिक व्यवहार के सम्बन्ध मे विनय सूत्र मे अच्छा प्रकाश पडता है।

४ लक्षण विद्या, स्वप्नविद्या और अगविद्याओं के नाम निर्देश के साथ इन्हे हेय ज्ञान कहा है।

५. चरित्र बल ही मनुष्यता का कारण है, जाति मे हीन होनेपर भी चरित्र बल से व्यक्ति पूज्य बन जाता है, यह हरिकेशीय अध्ययन मे स्पष्ट है।

६. जरा-मृत्यु का विचार कर समय के सदुपयोग करने पर जोर दिया गया है।

७ सैद्धान्तिक अध्ययनो से समिति, परीषह, पापश्रमण, सदाचार, भिक्षु, तपश्चरण, कर्मप्रकृति, प्रमाद स्थान एव मोक्षमार्ग का सुन्दर निरूपण किया गया है।

८ आचार या नीति सम्बन्धी अनेक महत्त्वपूर्ण तथ्य आये है। जिनमे जीवन शोधन की दिशा का प्रतिपादन किया गया है। मनुष्यता क्या है ? और उसे किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है, इस पर पूरा प्रकाश डाला गया है।

९ अरिष्ट नेमि के भाई रथनेमि का आख्यान नारि चरित्र को उदात्त भूमि पर प्रतिष्ठित करता है। राजीमती का कथन नारी के शील के लिए गौरवशिला है।

तपस्विनी नारी विचलित होते हुए पुरुष को किस प्रकार स्थिर कर सकती है, यह इस आख्यान से स्पष्ट है।

१० यज्ञ की अहिंसक और आध्यात्मिक व्याख्या यज्ञीय नामक अध्ययन मे प्रस्तुत की गयी है। आरण्यक ग्रन्थो मे आयी हुई आध्यात्मिक व्याख्याओ मे इसकी तुलना की जा सकती है। धम्मपद के 'ब्राह्मणवग्ग' से तो यह विषय बहुत मिलता-जुलता है।

११ "कम्मुणा बंभणो होई, कम्मुणा होइ खत्तिओ" (२५।३३) जैसा कर्मानुसार जाति का सिद्धान्त मानवता की प्रतिष्ठा के लिए आया है।

१२ समता से श्रमण, ब्रह्मचर्य से ब्राह्मण, ज्ञान से मुनि और तप से तपस्वी होने का निरूपण जीवन मूल्यो की प्रतिष्ठा के लिए उपादेय है।[1]

२ आवस्सय (आवश्यक)—नित्य कर्म के अन्तर्गत सामायिक, चतुर्विशति-स्तव, वन्दना, प्रतिक्रमण, कायोत्सर्ग और प्रत्याख्यान ये छः क्रियाएँ बतलायी गयी है। इस सूत्र मे इन्ही छह नित्यकर्मो का प्रतिपादन किया गया है। प्रत्येक श्रमण के लिए उक्त छहो क्रियाएँ आवश्यक है, इसी कारण इसका नाम आवश्यक है। इस पर निर्युक्ति और भाष्य नामक टीकाएँ भी है।

३ दसवेयालिय[3] (दशवैकालिक)—काल को छोड विकाल अर्थात् सन्ध्या समय मे इनका अध्ययन किया जाता है, इसलिए यह ग्रन्थ दशवैकालिक कहलाता है। इसके रचयिता शय्यभव है। इस ग्रन्थ मे दस अध्ययन है। इन सभी अध्ययनो का विषय मुनि का आचार है। इस पद्यबद्ध रचना मे उपमा, उत्प्रेक्षा और रूपक अलकार भी आये है। उत्तराध्ययन के समान यह भी श्रमण काव्य है। इसके प्रथम अध्ययन मे साधक के लिए आवश्यक मधुकरी भोजन-वृत्ति का विवेचन किया गया है। यहाँ द्रुम-पुष्प और मधुकर उपमान है और यथाकृत आहार और श्रमण उपमेय है। इसमे श्रमण को भ्रामरी वृत्ति द्वारा आजीविका प्राप्त या सकेत किया गया है। इस ग्रन्थ की विषमानुक्रम निम्नलिखित है—

१. श्रमण के लिए अहिंसक मधुकरी वृत्ति का उल्लेख मिलता है।

२. अहिंसा-सयम-तप रूप कर्म का विश्लेषण किया गया है।

३ श्रामण्य—जो सयम प्राप्ति के लिए श्रम करे, वह श्रमण है और श्रमण के भाव को श्रामण्य कहा जाता है। श्रामण्य का धारण करनेवाले को जितेन्द्रिय और विषय-राग का त्यागी होना आवश्यक है।

---

१ उत्तराध्ययन और दशवैकालिक के कई सस्करण उपलब्ध है।

२ सन् १९२८ मे रतलाम से प्रकाशित। ३ सन् १९३३ मे रतलाम से प्रकाशित।

४ ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप और वीर्याचार का पालन करना आवश्यक माना है। यत· सयम की स्थिरता और आचार का गहरा सम्बन्ध है। आचार के साथ प्रतिषिद्ध कर्म रूप—अनाचार का भी निर्देश किया गया है।

५. निर्ग्रन्थो के लिए उद्दिष्ट भोजन, स्नान, गध, दन्तधावन, वमन, विरेचन आदि समस्त क्रियो के त्याग का निरूपण है।

६ परिग्रह की मीमाओ का विवेचन किया गया है।

७. वाक्यशुद्धि एवं आचार प्रणधि का निरूपण वर्तमान है।

८. विनय का विस्तार पूर्वक विवेचन किया है।

९ नीति एव उपदेशो का प्राचुर्य है। यथा—

जरा जाव ण पीलेइ वाही जाव ण बड्ढइ।
जाव इंदिया ण हायंति ताव धम्मं समाचरे॥

× × × ×

उवसमेण हणे कोहं, माणं मद्दवया जिणे।
मायं चाज्जव-भावेणं, लोभं संतोसओ जिणे॥

अर्थात्—जब तक बुढापा पीडा नही देता, व्याधि कष्ट नही पहुँचाती और इन्द्रियाँ क्षीण नही होती, तब तक कर्म का आचरण करे।

क्रोध को उपशम से, मान को मृदुता से, माया को आर्जव से और लोभ को सन्तोष से जीतना चाहिए।

१०. सुभाषितो के साथ न्यायो और रूपको की भी बहुलता है।

४ पिंडणिज्जुत्ति[१] (पिण्डनिर्युक्ति)—पिण्ड अर्थात् मुनि के ग्रहण करने योग्य आहार। इसमे मुनि के ग्रहण करने योग्य आहार का विवेचन किया गया है। इसमे ६७१ गाथाएँ है और आठ अधिकार है—उद्गम, उत्पादन, एषणा, सयोजना, प्रमाण, अगार, धूम और कारण। उद्गम दोष सोलह प्रकार के है। साधुओ के निमित्त अथवा उद्देश्य से तैयार किया गया, खरीद कर अथवा उधार लाया हुआ, किसी वस्तु को हटाकर दिया गया एव ऊपर चढकर आया हुआ भोजन निषिद्ध कहा है। उत्पादन दोष के भी सोलह भेद है। धाय का कार्य करके भिक्षा प्राप्त करना धात्रीपिंड दोष और किसीका कोई समाचार ले जाकर भिक्षा प्राप्त करना दूतीपिण्ड दोष कहा गया है। इसी प्रकार भविष्य बताकर, जाति, कुल, गण, कर्म और शिल्प की समानता उद्घोषित कर भोजन ग्रहण करना भी तत्तद्दोष है। किसीका भक्त बनकर क्रोध-मान-माया-लोभ

१. सन् १९१८ में देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार ग्रन्थमाला सूरत से प्रकाशित

का उपयोग कर, दाता की प्रशंसा कर, चिकित्सा, विद्या, मन्त्र, अथवा वशीकरण का उपयोग कर भिक्षा ग्रहण करना दोष है। एषणा—निर्दोष आहार के दस भेद है। बाल, वृद्ध, उन्मत्त, कपित शरीर, ज्वर पीडित, अन्ध, कुष्ठी, खडाऊँ पहने और बेडी बद्ध आदि पुरुषो से भिक्षा ग्रहण करना भी निषिद्ध है। इस प्रकार भोजन करती हुई, दही मथती हुई, आटा पीसती हुई, चावल कूटती हुई, रुई धुनती हुई, कपास ओटती हुई स्त्रियो से भिक्षा ग्रहण करने का निषेध है। स्वाद के लिए भिक्षा मे प्राप्त भोजन को ग्रहण करना सयोजना दोष है। आहार के प्रमाण का उल्लघन करना प्रमाण दोष है। सुपक्व भोजन के प्रति आसक्ति दिखलाना अगार दोष और अपक्व भोजन की निन्दा करना धूमदोष है। सयमपालन, प्राणधारण एव धर्मचिन्तन का ध्यान न रखकर गृध्रता के हेतु भोजन करना कारण दोष है।

निर्युक्ति आगमो की सबसे प्राचीन टीकाओ का नाम है और इनके कर्त्ता भद्रबाहु माने जाते है। प्रस्तुत पिण्डनिर्युक्ति यथार्थत: दशवैकालिक के अन्तर्गत पिण्ड-एषणा नामक पाँचवें अध्ययन की प्राचीन टीका है, जिसे अपने विषय के महत्व और विस्तार के कारण आगम मे स्वतन्त्र स्थान प्राप्त हो गया है।

वास्तव मे उपर्युक्त चार मूलसूत्रो मे उत्तराध्ययन और दशवैकालिक ये दो सूत्र ग्रन्थ ही महत्वपूर्ण है। ये दोनो रचनाएँ प्राय पद्यमय है, कुछ ही स्थलो पर गद्य का उपयोग किया गया है। भाषा की दृष्टि से इनकी भाषा आचाराङ्ग और सूत्रकृताङ्ग के समान प्राचीन प्रतीत होती है। इन नामो के दो सूत्रो ग्रन्थो का उल्लेख दिगम्बर साहित्य मे भी पाया जाता है।

दस पइण्णग (दस प्रकीर्णक)—प्रकीर्णक ग्रन्थो की रचना के सम्बन्ध में आगम ग्रन्थो के टीकाकारो का अभिमत है कि तीर्थकरो द्वारा दिये गये उपदेश के आधार पर अनेक मुनियो द्वारा जिन ग्रन्थो की रचना की गयी है, वे प्रकीर्णक है। प्रकीर्णक ग्रन्थो की सख्या सहस्रो है, किन्तु वल्लभी वाचना के समय दस ग्रन्थो को ही आगम मे सम्मिलित किया गया है। उनके नाम ये है—

(१) चउसरण (चतु शरण), (२) आउरपच्चक्खाण (आतुर प्रत्याख्यान), (३) महापच्चक्खाण, (महाप्रत्याख्यान), (४) भत्तपइण्णा (भक्तपरिज्ञा), (५) तदुलवेयालिय (तदुलवैचारिक), (६) सथारक (सस्तारक), (७) गच्छा-यार (गच्छाचार), (८) गणिविज्जा (गणिविद्या), (९) देविंदथव (देवेन्द्रस्तव), और (१०) मरणसमाहि (मरण समाधि)।

(१) **चतु:शरण** मे ६३ गाथाएँ है। इसमे छह आवश्यको के निर्देश के अनन्तर अरहत, सिद्ध, साधु और जिनधर्म इन चार को शरण मानकर पाप के प्रति निन्दा और पुण्य के प्रति अनुराग प्रकट किया गया है। यह रचना वीरभद्र कृत मानी जाती

है और इसपर भुवनतुंग की वृत्ति और गुणरत्न की अवचूरि भी है। (२) **आतुर-प्रत्याख्यान** में ७० गाथाएँ है। बालमरण और पण्डितमरण के सम्बन्ध मे विस्तृत विवेचन किया गया है। प्रत्याख्यान—परित्याग को मोक्षप्राप्ति का साधन माना गया है। इसके रचयिता भी वीरभद्र है। इसमे पद्यो के अतिरिक्त कुछ अश गद्य मे भी है। (३) **महाप्रत्याख्यान**—१४२ अनुष्टुप पद्यो द्वारा दुश्चरित्र की निन्दा, सच्चरित्रात्मक भावनाओ, व्रतो एव आराधनाओ पर जोर दिया गया है। प्रत्याख्यान के परिपालन पर खूब जोर दिया गया है। यह रचना पूर्वोक्त आतुर प्रत्याख्यान का पूरक ही है। (४) **भक्तपरिज्ञा**—१७२ गाथाओ में परलोक सिद्धि का निरूपण किया गया है। भक्तपरिज्ञा, इगिनी और पादोपगमन रूप मरण भेदो का स्वरूप बतलाया गया है। बन्ध-मोक्ष का कारण मन ही है, अत मन को वश करने के लिए अनेक दृष्टान्तो का प्रयोग किया गया है। मन को बन्दर की उपमा देकर उसका यथार्थस्वरूप उपस्थित किया है। (५) **तंदुलवैचारिक** या वैकालिक ५८६ गाथाओ मे लिखी गयी गद्य-पद्य मिश्रित रचना है। इसमे गौतम और महावीर के बीच हुए प्रश्नोत्तर के रूप मे जीव की गर्भावस्था, आहार-विधि, बालजीवन क्रीडा, आदि अवस्थाओ का वर्णन है। प्रसगवश स्त्रियो के स्वरूप का विश्लेषण अनेक रूपको द्वारा किया गया है। साधुओ को स्त्रियो से सर्वदा सावधान रहने के लिए चेतावनी दी गयी है। प्रमदा, नारी, महिला, रामा, अगना, ललना, योषिता, वनिता प्रभृति शब्दो की व्युत्पत्तियाँ भी प्रदर्शित की गयी है। इन व्युत्पत्तियो से सस्कृति के स्वरूप पर नया प्रकाश पडता है। (६) **संस्तारक**—मे १२३ गाथाएँ है। इसमे साधु के लिये अन्तसमय मे तृण का आसन—सथारा ग्रहण कर समाधिमरण धारण करने की विधि वर्णित है। मृत्यु के समय मे स्थिर परिणाम रखकर पण्डितमरण द्वारा ही सद्गति प्राप्त की जा सकती है। इस प्रसग मे अनेक मुनियो के दृष्टान्त दिये गये है, जिनमे सुबन्धु और चाणक्य के उपसर्ग जय की प्रशसा की गयी है। (७) **गच्छाचार** मे १३७ गाथाएँ है। इसमे मुनि और आर्यिकाओ के गच्छ में रहने एव तत्सम्बन्धी विनय तथा नियमोपनियम पालन की विधि बतलायी गयी है। इसमे निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थिनियो को एक दूसरे के प्रति पर्याप्त सतर्क रहने तथा कामवासना को वश रखने का निरूपण किया गया है। मन के स्थिर रहने पर भी सयोगो से अपने को सर्वदा बचाना हितकर होता है। जो मुनि अपना सयम खो बैठते है, उनकी अवस्था उसी प्रकार की होती है, जिस प्रकार श्लेष्म में लिपटी मक्खी की। मुनि को बाल, वृद्धा, दुहिता, बहिन आदि के शरीर का भी स्पर्श नही करना चाहिये। (८) **गणिविद्या** मे ८२ गाथाओ द्वारा दिवस, तिथि, नक्षत्र, करण, ग्रह, मुहूर्त्त, शकुन आदि का विचार किया गया है। ज्योतिष की दृष्टि से यह ग्रन्थ उपयोगी है। इसमे लग्न और होरा का भी निर्देश पाया जाता है। (९)

देवेन्द्रस्तव मे ३०७ गाथाएँ है। यहाँ कोई श्रावक चौबीस तीर्थंकरो की वन्दना कर स्तुति करता है। स्तुतिकार एक प्रश्न के उत्तर मे कल्पो और कल्पातीत देवो का वर्णन करता है। इस ग्रन्थ के रचयिता भी वीरभद्र माने जाते है। (१०) **मरणसमाधि** सबसे बडा प्रकीर्णक है। इसमे ६६३ गाथाएँ है। इसमे आराधना, आराधक, आलोचन, सल्लेखन, क्षमा यापन आदि चौदह द्वारों से समाधिमरण की विधि बतलायी गयी है। बारह भावनाओ का भी निरूपण किया गया है। आचार्य के गुण, तप एव ज्ञान की महिमा भी इस ग्रन्थ मे निरूपित है। धर्म का उपदेश देने एव पादोपगमन आदि तप के द्वारा सिद्धगति प्राप्त करनेवालो के दृष्टान्त उल्लिखित है।

उपर्युक्त दस प्रकीर्णको के अतिरिक्त तित्थुग्गालिय (तीर्थोद्गार), अजीवकल्प, सिद्धपाहुड, आराहण पडाआ (आराधन पताका), दीवसायर पण्णत्ति (द्वीप-सागर प्रज्ञप्ति), जोइसकरंडग (ज्योतिष्करण्डक), अंगविज्जा। (अगविद्या), पिंडविसोहि (पिण्डविशुद्धि), तिहिपइण्णग (तिथि-प्रकीर्णक), सारावलि, पज्जंताराहणा (पर्यन्ताराधना), जीवविहत्ति (जीवविभक्ति), कवचप्रकरण और जोगि पाहुड (योनि प्राभृत) प्रकीर्णक भी माने जाते है। इन ग्रन्थो मे जीवन शोधन की विभिन्न प्रक्रियाओं के साथ ज्योतिष और निमित्त सम्बन्धी अनेक बातो पर प्रकाश डाला गया है। ज्योतिष्करण्डक मे ग्रीक ज्योतिष से पूर्ववर्ती विष्त्रक काल के लग्न-सिद्धान्त का निरूपण है, जो सुनिश्चित रूप से ग्रीक् पूर्व प्रणाली है।

चूलिका सूत्र—नन्दी और अनुयोग द्वार की गणना चूलिका सूत्रो मे की जाती है। ये दोनो ग्रन्थ आगमो की अपेक्षा अर्वाचीन माने जाते है।

नन्दीसूत्र के रचयिता दूष्य गणि—के शिष्य देववाचक है, ये देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण से भिन्न है। इसमे ६० गाथाएँ और ५६ गद्य सूत्र है। स्तुति के अनन्तर स्थविरावली मे भद्रबाहु, स्थूलभद्र, महागिरि, आर्य श्याम, आर्य समुद्र, आर्य मगु, आर्य नागहस्ति, स्कन्दिल आचार्य, नागार्जुन आदि के नाम उल्लिखित है। सम्यक् श्रुत मे द्वादशाङ्ग, गणिपिटक के आचाराग आदि १२ भेद बताये गये है। मिथ्याश्रुत मे आत्मबोध से च्युत करनेवाली रचनाएँ परिगणित है। इसमे श्रुतज्ञान के मूलत दो भेद किये गये है—अंग बाह्य और अग प्रविष्ट। टीकाकारो के अनुसार अग प्रविष्ट गणधरो द्वारा और अग बाह्य स्थविरो द्वारा रचे जाते है। आचाराग, सूत्रकृतागादि भेद अग प्रविष्ट के हैं। अग बाह्य के आवश्यक और आवश्यक व्यतिरिक्त भेद है।

अनुयोगद्वार के रचयिता आर्य रक्षित माने—जाते है। विषय और भाषा की दृष्टि से यह ग्रन्थ पर्याप्त अर्वाचीन है। प्रश्नोत्तर शैली मे पल्योपम, सागरोपम, संख्यात, असंख्यात, और अनन्त के प्रकार एव निक्षेप, अनुगम और नय का प्ररूपण किया गया हैं। इस ग्रन्थ में व्याकरण सम्बन्धी समास, तद्धित, धातु, निरुक्ति, वर्णागम, लोप

एवं वर्णविकार तथ्यों का विवेचन किया गया है। पाखण्डियो में श्रमण, पाण्डुरंग, भिक्षु, कापालिक, तापस एव परिव्राजको के उल्लेख आये है। पेशेवर लोगो मे दोसिय—कपड़ा बेचनेवाले, सोत्तिय -सूत बेचनेवाले, भडवेआलिअ—बर्तन बेचनेवाले, कोलालिय—कुम्हार आदि का निर्देश किया है। शिल्पजीवियो मे ततुवाय—बुनकर, चित्रकार, दतकार आदि के नाम आये है। काव्य के नवरस एव संगीत के सप्त स्वरो का वर्णन भी इस ग्रन्थ मे पाया जाता है। चरक, गौतम, महाभारत, रामायण प्रभृति ग्रन्थो के नाम निर्देश भी किये गये है।

काव्य के नवरसो की व्याख्या भी की गयी है। यहाँ शृगार रस का स्वरूप दिया जाता है।

> सिंगारो नाम रसो, रति-संजोगाभिलाससंजणणो।
> मंडण-विलास-विब्बोअ-हास-लीला रमण लिंगो॥
> महुर विलास-सललिअ हिययउम्मादणकरं जुवाणाणं।
> सामा सद्दुद्दामं, दाएति मेहला दाम॥

इसी प्रकार सभी रसो का स्वरूप विश्लेषण किया गया है। क्रम निरूपण मे सर्वं प्रथम वीर रस को स्थान दिया है तथा अन्तिम रस प्रशान्त माना है।

टीका और भाष्य साहित्य

अर्धमागधी आगम-साहित्य पर निर्युक्ति, भाष्य, चूर्णि, टीका, विवरण, विवृत्ति दीपिका, अवचूरि, अवचूर्णी, व्याख्या एव पञ्जिका रूप मे विपुल साहित्य लिखा गया है। गम्भीर और पारिभाषिक साहित्य व्याख्याओ के अभाव मे स्पष्ट नही हो पाता, अतः व्याख्यात्मक साहित्य का प्रणयन अत्यन्त आवश्यक था। प्राकृत भाषा मे निर्युक्ति, भाष्य एवं चूर्णि टीकाएँ लिखी गयी है। यह टीका साहित्य गुण और परिमाण दोनो ही दृष्टियो से विशाल एव उपयोगी है। भारतीय सस्कृति का समुज्ज्वल, सुन्दर एव स्वाभाविक चित्र इस टीका साहित्य मे पाया जाता है। मनुष्य के चूडान्त आदर्श की स्थापना आगम साहित्य मे उपलब्ध होती है, टीकाएँ उस आदर्श का व्यापक एव विशद निरूपण उपस्थित करती है। निर्युक्ति, भाष्य, चूर्णि और टीका साहित्य आगम को पञ्चाङ्गी कहते है।

निज्जुत्ति (निर्युक्ति)—भाषा, शैली और विषय की दृष्टि से निर्युक्तियाँ प्राचीन मानी जाती हैं। निर्युक्तियाँ प्राय गाथाओ मे निबद्ध मिलती हैं। इनकी शैली सक्षेप में विषय को प्रस्तुत करने की है। प्रसगानुसार विविध कथाओ एव दृष्टान्तो के सकेत भी उपलब्ध हैं, जिनका विस्तार आगे टीका ग्रन्थो में हुआ है। वर्तमान मे आचाराङ्ग, सूत्रकृताङ्ग, सूर्य प्रज्ञप्ति, व्यवहार, कल्प, दशाश्रुतस्कन्ध, उत्तराध्ययन, आवश्यक

दशवैकालिक, और ऋषिभाषित इन दस ग्रन्थो पर नियुंक्तियाँ मिलती हैं। पिण्ड नियुंक्ति और ओघनियुंक्ति मुनियो के आचार की दृष्टि से इतनी महत्वपूर्ण है कि इनकी गणना मूलसूत्रो में की जाती है। नियुंक्तियो के रचयिता भद्रबाहु माने जाते है।

भास (भाष्य)—भाष्य की रचना प्राकृत गाथाओ में की गयी है। शैली की दृष्टि से भाष्य की नियुंक्तियो के साथ इतनी समानता है कि इन दोनो का अनेक स्थलो पर ऐसा मिश्रण हो गया है, जिसका पृथक्करण सभव नही है। भाष्य का समय ई० ४-५ वी शती माना जाता है। निर्युक्तियो के समान भाष्य की प्राकृत भाषा अर्ध-मागधी है, पर शौरसेनी और मागधी के प्रयोग भी मिलते है। कल्प, पञ्चकल्प, जीतकल्प, उत्तराध्ययन, आवश्यक, दशवैकालिक, निशीथ और व्यवहार ग्रन्थो पर भाष्य उपलब्ध है। भाष्यो मे अनेक प्राचीन अनुश्रुतियाँ, लोक कथाएँ एव मुनियो के आचार-व्यवहार की विधियो का निरूपण हुआ है। जैन श्रमण सघ का प्राचीन इतिहास अवगत करने के लिए निशीथ भाष्य, व्यवहार भाष्य और बृहत्कल्प भाष्य का गम्भीर अध्ययन आवश्यक है। निशीथ भाष्य मे शश आदि चार धूर्तों की कथा दी गयी है, जिसको हरिभद्रसूरि ने धूर्ताख्यान के रूप मे पल्लवित किया है। कल्प, व्यवहार और निशीथ भाष्य चे कर्त्ता सघदास गणि है और विशेषावश्यक भाष्य के कर्त्ता जिनभद्र हैं।

चुण्णी (चूर्णी) चूर्णियो की रचना गद्य मे की गयी है। इनकी भाषा संस्कृत-प्राकृत मिश्रित है, पर इनमे प्राकृत की प्रधानता है। सामान्यत. चूर्णियो के रचयिता जिनदास गणि महत्तर माने जाते है, इनका समय अनुमानतः ई० की छठी-सातवी शती है। आचाराग, सूत्रकृताग, व्याख्या प्रज्ञप्ति, कल्प, व्यवहार, निशीथ, पञ्चकल्प, दशाश्रुता-कल्प, जीतकल्प, जीवाभिगम, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, उत्तराध्ययन, आवश्यक, दशवैकालिक, नन्दी और अनुयोगद्वार पर चूर्णियाँ पायी जाती हैं। चूर्णियो में अर्ध ऐतिहासिक, सामा-जिक एव कथात्मक सामग्री प्रचुर रूप मे उपलब्ध है। ये महत्वपूर्ण मानव समाज शास्त्र है, इनमे सहस्रो वर्षों के आर्थिक जीवन का सजीव वर्णन उपस्थित है। उस युग की सामाजिक और राजनैतिक परिस्थितियो पर प्रकाश डालनेवाली सामग्री बिखरी पडी है। प्राचीन भारत के वेशभूषा, मनोरञ्जन, नगरनिर्माण, शासनव्यवस्था, और यातायात के साधनो का पूरा विवेचन किया गया है।

टीकाएँ—टीका-साहित्य ग्रन्थो के स्पष्टीकरण के हेतु रचा जाता है। टीकाओ की भाषा सस्कृत है, पर कथाओ में प्राकृत का आश्रय ग्रहण किया गया है। आवश्यक, दशवैकालिक, नन्दी और अनुयोगद्वार पर हरिभद्र सूरि की टीकाएँ उपलब्ध हैं। आचा-राग और सूत्रकृताग पर शीलाक आचार्य ने महत्वपूर्ण टीकाएँ ई० ८७६ मे लिखी हैं। ११ वी शती मे शान्ति सूरि द्वारा उत्तराध्ययन की शिष्यहिता टीका प्राकृत मे बड़ी ही महत्वपूर्ण लिखी गयी है। इसी शताब्दी मे उत्तराध्ययन पर देवेन्द्रगणि नेमिचन्द्र ने

सुखबोधा नामक टीका लिखी है, जिसमे अगडदत्त, मूलदेव, करकण्डु आदि कई प्राकृत कथाएँ निबद्ध हैं। उत्तराध्ययन पर अभयदेव, द्रोणाचार्य, मलयगिरि, मलधारी हेमचन्द्र क्षेमकीर्त्ति, शान्तिचन्द्र आदि की टीकाएँ भी मिलती है। टीकाओ में लिखित लघु लोक-कथाएँ विशेष महत्त्वपूर्ण है। यहाँ आवश्यक टीका की एक लघु लोक कथा उद्धृत की जाती है—

वर्षाकाल में शर्दी से काँपते हुए किसी बन्दर को देख कर एक चिड़िया बोली—"पुरुष के समान हाथ पैर होकर भी तुम इस वृक्ष के ऊपर कोई कुटिया क्यो नही बना लेते हो ?" इस बात को सुन कर बन्दर चुप रहा, पर उस चिड़िया ने पुन बात दुहराई। इस पर बन्दर को क्रोध आया और चिड़िया के घोसले के तिनको को एक-एक कर हवा मे उडा दिया और बोला—हे सुघरे तू अब बिना घर के रह—

बानर ! पुरिसो सि तुमं निरत्थयं वहसि बाहुदंडाइं।
जो पायवस्स सिहरे न करेसि कुडि पडालि वा॥
नवि सि ममं मयहरिया, नवि सि ममं सोहिया व णिद्धावा।
सुघरे अच्छसु विघरा जा वट्टसि लोगतत्तीसु॥

शौरसेनी आगम साहित्य

पूर्वोक्त आगम साहित्य को श्वेताम्बर सम्प्रदाय प्रामाणिक मानता है, पर दिगम्बर सम्प्रदाय उसे प्रामाणिक नही मानता। इस मान्यतानुसार मूल आगम ग्रन्थो का लोप हो गया है और मात्र आशिक ज्ञान मुनि परम्परा मे सुरक्षित है। इसी ज्ञान के आधार पर आचार्य धरसेन के सरक्षण मे षट् खण्डागम सूत्र की रचना सम्पन्न हुई।

षट् खण्डागम[1] सूत्र—यह आगम ग्रन्थ छह खण्डो मे विभक्त है—जीवट्ठाण, खुद्दाबध, बधसामित्तविचय, वेदना, वग्गणा और महाबन्ध। इस ग्रन्थ का विषय स्रोत बारहवें दृष्टिवाद श्रुताग के अन्तर्गत द्वितीय पूर्व आग्रायणीय के चयनलब्धि नामक ५ वें अधिकार के चौथे पाहुड कर्म प्रकृति को माना जाता है। सूत्र की परिभाषा के सम्बन्ध मे बताया गया है—

सुत्तं गणहरकहियं तहेव पत्तेयबुद्धकहियं च।
सुदकेवलिणा कहियं अभिण्णदसपुव्वकहियं च॥

धवला वग्गणाखण्ड भाग १–३ पृ० ३७१

सूत्र वह है जिसका कथन गणधर, प्रत्येकबुद्ध, श्रुतकेवली और अभिन्नदशपूर्वी ने किया हो। अत उक्त आगमग्रन्थ मे सूत्र की यह परिभाषा घटित होती है।

(१) जीवट्ठाण नामक प्रथम खण्ड मे जीव के गुण, धर्म और नाना अवस्थाओ का वर्णन आठ प्ररूपणाओ मे किया गया है। ये आठ प्ररूपणाएँ—सत्, सख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व है। इसके अनन्तर मे नौ चूलिकाएँ है, जिनके नाम प्रकृति समुत्कीर्त्तन, स्थान समुत्कीर्त्तन, प्रथम महादण्डक, द्वितीय महादण्डक, तृतीय महादण्डक, उत्कृष्ट स्थिति, जघन्य स्थिति, सम्यक्त्वोत्पत्ति और गति-अगति है। सत्प्ररूपणा के प्रथम सूत्र मे पञ्चनमस्कार मन्त्र का पाठ है। सत्प्ररूपणा का विषय निरूपण ओघ और आदेश क्रम से किया गया है। ओघ मे मिथ्यात्व, सासादन आदि चौदह गुण स्थानो का और आदेश मे गति, इन्द्रिय, काय आदि चौदह मार्गणाओ का विवेचन उपलब्ध होता है। सत्प्ररूपणा मे १७७ सूत्र हैं। इनमे ४० वे सूत्र से ४५ वे सूत्र तक छह काय के जीवो का विस्तार पूर्वक वर्णन किया है। जीवो के बादर और सूक्ष्म भेदो के पर्याप्त और अपर्याप्त भेद किये गये है। वनस्पति काय के साधारण और प्रत्येक ये दो भेद किये गये है और इन्ही

---

१. यह ग्रन्थराज १६ भागो मे डा० एच० एल० जैन के द्वारा सम्पादित होकर धवला टीका सहित जैन साहित्योद्धारक फण्ड, अमरावती द्वारा प्रकाशित है।

भेदो के बादर और सूक्ष्म तथा इन दोनो भेदो के पर्याप्त और अपर्याप्त उपभेद कर विषय का निरूपण किया है। स्थावर और बादर काय से रहित जीवो को अकायिक कहा हैं।

जीवट्ठाण खण्ड की दूसरी प्ररूपणा द्रव्य प्रमाणानुगम है। इसमे १६२ सूत्रो द्वारा गुणस्थान और मार्गणाक्रम से जीवो की सख्या का निर्देश किया है। इस प्ररूपणा के सख्या निर्देश को प्रस्तुत करने वाले सूत्रो मे शतसहस्रकोटि, कोडाकोडी, सख्यात, असंख्यात, अनन्त और अनन्तानन्त सख्याओ का कथन मिलता है। इसके अतिरिक्त सातिरेक, हीन, गुण, अवहार–भाग, वर्ग, वर्गमूल, घन, अन्योन्याभ्यास आदि गणित की मौलिक प्रक्रियाओ के निर्देश मिलते है। काल गणना के प्रसग मे आवली, अन्तर्मुहूर्त्त, अवसर्पिणी, उत्सर्पिणी, पल्योपम आदि एव क्षेत्र की, उपेक्षा अगुल, योजन, श्रेणी, जगत्प्रतर एव लोक का उल्लेख आया है।

क्षेत्र प्ररूपणा मे ९२ सूत्रो द्वारा गुण स्थान और मार्गणा क्रम से जीवो के क्षेत्र का कथन किया गया है उदाहरणार्थ कुछ सूत्र उद्धृत कर सिद्ध किया जायगा कि सूत्र कर्त्ता की शैली प्रश्नोत्तर के रूप मे कितनी स्वच्छ है। विषय को प्रस्तुत करने का क्रम कितना मनोहर है।—" ओघेण मिच्छाइट्ठी केवडि खेत्ते, सव्वलोगे। सासण सम्माइट्ठिप्पहुडि जाव अजोगकेवलि त्ति केवडि खेत्ते, लोगस्स असखेज्जदि भाए (सूत्र २–३) अर्थात्—मिथ्या दृष्टि जीव कितने क्षेत्र मे पाये जाते है, सर्व लोक मे। सासादन सम्यग्दृष्टि से लेकर अयोगकेवलि गुणस्थान पर्यन्त जीव कितने क्षेत्र मे है, लोक के असख्यात भाग में, इत्यादि।

स्पर्शन प्ररूपणा मे १८५ सूत्र हैं। इसमे नाना गुण स्थान और मार्गणावाले जीव स्वस्थान, समुद्घात एव उपपात सम्बन्धी अनेक अवस्थाओ द्वारा कितने क्षेत्र का स्पर्श करते है, विवेचन किया है। सूत्रकार ने विभिन्न दृष्टियो से जीवो के स्पर्शन क्षेत्र का कथन विस्तार पूर्वक किया है।

कालानुयोग मे ३४२ सूत्र है। इस प्ररूपणा मे एक जीव और नाना जीवो के एक गुणस्थान और मार्गणा मे रहने की जघन्य और उत्कृष्ट मर्यादाओ की कालावधि का निर्देश किया है। मिथ्यादृष्टि मिथ्यात्वगुणस्थान मे कितने काल पर्यन्त रहते है, उत्तर देते हुए बताया है कि नाना जीवो की अपेक्षा सर्वकाल, पर एक जीव की अपेक्षा अनादि अनन्त, अनादि सान्त और सादि-सान्त हैं। तात्पर्य यह है कि अभव्यजीव अनादि अनन्त तथा भव्यजीव सादिसान्त है। जो जीव एक बार सम्यक्त्व ग्रहण कर पुनः मिथ्यात्व गुण स्थान में पहुँचता है, उस जीव का वह मिथ्यात्व सादिसान्त कहलाता है।

अन्तर प्ररूपणा मे ३९७ सूत्र है। इस प्ररूपणा में बताया गया है कि जब विवक्षित गुण गुणान्तर रूप से संकमित हो जाता है और पुनः उसकी प्राप्ति होती है,

तो मध्य के काल को अन्तर कहते है। यह अन्तर काल सामान्य और विशेष की अपेक्षा दो प्रकार का होता है। सूत्रकार ने एक जीव और नाना जीवो की अपेक्षा एक ही गुणस्थान और मार्गणा मे रहने की जघन्य और उत्कृष्ट कालावधि का निर्देश करते हुए अन्तर काल का निरूपण किया है। मिथ्यादृष्टि जीवका अन्तर काल कितना है, इस प्रश्न का उत्तर देते हुए बताया है कि नाना जीवो की अपेक्षा कोई अन्तर नही है - ऐसा कोई काल नही जब ससार मे मिथ्या दृष्टि जीव न पाये जायें। पर एक जीव की अपेक्षा मिथ्यात्व का जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर १३२ सागरोपम काल है। तात्पर्य यह है कि मिथ्यादृष्टि जीव परिणामो की विशुद्धि से सम्यक्त्व को प्राप्त होकर कम से कम अन्तर्मुहुर्त्त काल मे सक्लिष्ट परिणामो द्वारा पुन मिथ्यादृष्टि हो सकता है। अथवा अनेक मनुष्य और देवगतियो मे सम्यक्त्व सहित भ्रमण कर अधिक से अधिक १३२ सागरोपम को पूर्णकर पुन मिथ्यात्व को प्राप्त हो सकता है। तीव्र और मन्द परिणामो के स्वरूप का विवेचन भी किया गया है। नाना जीवो की अपेक्षा मिथ्यादृष्टि, असयत सम्यग्दृष्टि, सयतासयत, प्रमत्तसयत, अप्रमत्तसयत और सयोगकेवली ये छह गुणस्थान इस प्रकार के है, जिनमे कभी भी अन्तराल उपस्थित नही होता। मार्गणाओ मे उपशम सम्यक्त्व, सूक्ष्मसापराय सयम, आहारक काययोग आहारक मिश्र-काययोग, वैक्रियिक मिश्रकाययोग, लब्ध पर्याप्त मनुष्य, सासादन सम्यक्त्व और सम्य-ग्मिथ्यात्व ऐसी अवस्थाएँ है, जिनमे गुणस्थानो का अन्तरकाल सम्भव होता है। इनका जघन्य अन्तरकाल एक समयमात्र और उत्कृष्ट अन्तरकाल सात दिन या छह मास आदि बतलाया गया है।

भावानुयोग मे ९३ सूत्र है। इसमे गुणस्थान और मार्गणा क्रम से जीवो के औदयिक, औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक और पारमाणिक भावो के भेद-प्रभेदो और स्थितियो का विवेचन किया गया है। दर्शन मोहनीय और चारित्र मोहनीय कर्म प्रकृ-तियो के उदय, उपशम, क्षमोपशमादि की विभिन्न अवस्थाएँ भी इसमे वर्णित है। कर्म-सिद्धान्त का यह विषय यहाँ विशद रूप से विवेचित है।

अल्पबहुत्व प्ररूपणा में ३८२ सूत्र है। नाना गुणस्थान और मार्गणा स्थानवर्ती जीवो की संख्या का हीनाधिकत्व इस प्ररूपणा मे वर्णित है। अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्म साम्पराय गुणस्थान मे उपशम सम्यक्त्वी जीव अन्य सब स्थानो की अपेक्षा प्रमाण मे अल्प और परस्पर तुल्य होते है। इनसे अपूर्वकरणादि तीन गुणस्थानवर्ती क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीव संख्यात गुणित हैं। क्षीणकषाय जीवो की संख्या भी इतनी ही है। सयोगकेवली सयम की अपेक्षा प्रविश्यमान जीवो से संख्यात गुणित है।

उपर्युक्त आठ प्ररूपणाओ के अतिरिक्त जीवस्थान की नौ चूलिकाएँ हैं। प्रकृति-समुत्कीर्तन नाम की चूलिका मे ४६ सूत्र हैं। क्षेत्र, काल और अन्तर प्ररूपणाओ में जो जीव के क्षेत्र और काल सम्बन्धी अनेक परिवर्तन बतलाये गये हैं, वे विशेष

कर्मबन्ध के द्वारा ही उत्पन्न हो सकते है। इन्ही कर्मबन्धो का व्यवस्थित निर्देश इस चूलिका में किया गया है। दूसरी 'स्थान समुत्कीर्त्तन' नाम की चूलिका मे ११७ सूत्र हैं। प्रत्येक मूलकर्म की कितनी उत्तरप्रकृतियाँ एक साथ बाँधी जा सकती है और उनका बन्ध किस-किस गुणस्थान मे होता है, इसका सुस्पष्ट विवेचन किया गया है। प्रथम महादण्डक नामक तृतीय चूलिका मे केवल दो सूत्र है। इसमे प्रथम सम्यक्त्व को ग्रहण करनेवाला जीव जिन ७३ प्रकृतियो का बन्ध करता है, वे प्रकृतियाँ गिनायी गयी हैं। इन प्रकृतियो का बन्धकर्त्ता सज्ञी पञ्चेन्द्रिय मनुष्य या तिर्यञ्च होता है। द्वितीय महादण्डक नाम की चौथी चूलिका मे भी केवल दो सूत्र है। इनमे ऐसी कर्म प्रकृतियो की गणना की गयी है, जिनका बन्ध प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ देव और छह पृथिवियो के नारकी जीव करते है। तृतीयदण्डक नामक पाँचवी चूलिका मे दो सूत्र है और इन सूत्रो मे सातवी पृथिवी के नारकी जीवो के सम्यक्त्वाभिमुख होने पर बन्ध योग्य प्रकृतियो का निर्देश किया गया है। छठी उत्कृष्टस्थिति नामक चूलिका मे ४४ सूत्र है। इसमे बँधे हुए कर्मो की उत्कृष्टस्थिति का निरूपण किया गया है। आशय यह है कि सूत्रकर्त्ता आचार्य ने यह बतलाया है कि बन्ध को प्राप्त विभिन्न कर्म अधिक से अधिक कितने काल तक जीवो से लिप्त रह सकते है और बन्ध के कितने समय बाद — आबाधा काल के पश्चात् विपाक आरम्भ होता है। एक कोडाकोडी वर्ष प्रमाण बन्ध की स्थिति पर सौ वर्ष का आबाधा काल होता है और अन्त कोडाकोडी सागरोपम स्थिति का आबाधाकाल अन्तर्मुहूर्त्त होता है। परन्तु आयुकर्म का आबाधाकाल इससे भिन्न है, क्योकि वहाँ आबाधा अधिक से अधिक भुज्यमान आयु के तृतीयाश प्रमाण होती है। सातवी जघन्य स्थिति नामक चूलिका मे ४३ सूत्र है। इस चूलिका मे कर्मों की जघन्य स्थिति का निरूपण किया गया है। परिणामो की उत्कृष्ट विशुद्धि जघन्य स्थिति बन्ध का और सक्लेश वृद्धि कर्मस्थिति की वृद्धि का कारण है। आठवी चूलिका सम्यक्त्वोत्पत्ति मे १६ सूत्र हैं। इसमे सम्यक्त्वोत्पत्ति योग्य कर्मस्थिति, सम्यक्त्व के अधिकारी आदि का निरूपण है। जीवन शोधन के लिये सम्यक्त्व की कितनी अधिक आवश्यकता है, इसकी जानकारी भी इससे प्राप्त होती है। नवमी चूलिका गत्यागति नाम की है, इसमे २४३ सूत्र हैं। विभिन्न गतियो के जीव कब, कैसे सम्यक्त्व की प्राप्ति करते है, गतियो मे प्रवेश करने और निकलने के समय जीवो के कौन-कौन गुणस्थान होते है और कौन-कौन सी गतियो मे जाते है एव किस गति से निकलकर और किस गति मे जाकर जीव किस-किस गुणस्थान को प्राप्त करता है, आदि विषयो का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है।

इस प्रकार जीवस्थान (जीवट्ठाण) नामक प्रथम खण्ड मे कुल २३७५ सूत्र हैं और यह १७ अधिकारो मे विभाजित है।

२. खुद्दाबन्ध (क्षुद्रकबन्ध)—इसमे मार्गणास्थानो के अनुसार कौन जीव बन्धक है और कौन अबन्धक, का विवेचन किया है। कर्मसिद्धान्त की दृष्टि से यह द्वितीय खण्ड भी बहुत उपयोगी है। इसका विवेचन निम्नलिखित ग्यारह अनुयोगो द्वारा किया गया है—

(१) एक जीव की अपेक्षा स्वामित्व।
(२) एक जीव की अपेक्षा काल।
(३) एक जीव की अपेक्षा अन्तर।
(४) नाना जीवो की अपेक्षा भगविचय।
(५) द्रव्यप्रमाणानुगम।
(६) क्षेत्रानुगम।
(७) स्पर्शानुगम।
(८) नाना जीवो की अपेक्षाकाल।
(९) नाना जीवो की अपेक्षा अन्तर।
(१०) भागाभागानुगम।
(११) अल्पबहुत्वानुगम।

इन ग्यारह अनुयोगो के पूर्व प्रास्ताविकरूप मे बन्धको के सत्त्व की प्ररूपणा की गयी है और अन्त मे ग्यारह अनुयोग द्वारो की चूलिका के रूप मे महादण्डक दिया गया है। इस प्रकार इस खण्ड मे १३ अधिकार है।

प्रास्ताविकरूप मे आयी बन्ध सत्त्व प्ररूपणा मे ४३ सूत्र है। गतिमार्गणा के अनुसार नारकी और तिर्यञ्च बन्धक है, मनुष्य बन्धक भी है और अबन्धक भी। सिद्ध अबन्धक है। इन्द्रियादि मार्गणाओ की अपेक्षा भी बन्ध के सत्त्व का विवेचन किया है। जबतक मन, वचन और कायरूप योग की क्रिया विद्यमान रहती है, तब तक जीव बन्धक रहता है। अयोग केवली और सिद्ध अबन्धक होते हैं।

स्वामित्व नामक अनुगम मे ९१ सूत्र हैं, जिनमे मार्गणाओ के अनुक्रम से इनकी पर्यायो में कारणीभूत कर्मोदय और लब्धियो का प्रश्नोत्तर रूप मे प्ररूपण किया गया है।

कालानुगम मे २१६ सूत्र हैं। इस अनुगम मे गति, इन्द्रिय, काय आदि मार्गणाओ मे जीव की जघन्य और उत्कृष्ट कालस्थिति का विवेचन किया है। जीवस्थान खण्ड मे प्ररूपित कालप्ररूपणा की अपेक्षा यह विशेषता है कि यहाँ गुणस्थान का विचार छोड़कर प्ररूपणा की गयी है।

अन्तर प्ररूपणा में १५१ सूत्र हैं। मार्गणा क्रम से जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल बतलाया गया है।

भंगविचय मे २३ सूत्र हैं। किन मार्गणाओ में कौन से जीव सदैव रहते है और कौन से जीव कभी नही रहते, का वर्णन है। बताया गया है कि नरकादि चारो गतियो

में जीव सदैव नियम से निवास करते हैं, किन्तु मनुष्य अपर्याप्त कभी होते हैं और कभी नहीं भी होवे। इसी प्रकार वैक्रियिक मिश्र आदि जीवो की मार्गणाएँ भी सान्तर हैं।

द्रव्य प्रमाणानुगम मे १७१ सूत्र हैं। गुणस्थान को छोड़कर मार्गणाक्रम से जीवो की संख्या उसीके आश्रय से काल एव क्षेत्र का प्ररूपण किया गया है।

क्षेत्रानुगम मे १२४ और स्पर्शानुगम मे २७९ सूत्र है। इन दोनो मे अपने-अपने विषय के अनुसार जीवो का विवेचन किया गया है।

नाना जीवो की अपेक्षा कालानुगम मे ५५ सूत्र है। इसमे अनादि-अनन्त, अनादि-सान्त, सादि-अनन्त एव सादि-सान्तरूप से काल प्ररूपणा की गयी है।

नाना जीवो की अपेक्षा अन्तरानुगम मे ६८ सूत्र है। बन्धको के जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल की प्ररूपणा की गयी है।

भागाभागानुगम मे ८८ सूत्र है। इस अनुगम मे मार्गणानुसार अनन्तवें भाग, असंख्यातवें भाग, सख्यातवें भाग तथा अनन्तबहुभाग, असख्यात बहुभाग, सख्यात बहुभाग रूप से जीवो का सर्वजीवो की अपेक्षा प्रमाण बतलाया गया है। एक प्रकार से इस अनुगम मे जीवो की सख्याओ पर प्रकाश डाला गया है तथा परस्पर तुलनात्मक रूप से सख्या बतायी गयी है। यथा—नारकी जीवो का विवेचन करते हुए बताया गया है कि वे समस्त जीवो की अपेक्षा अनन्तवे भाग है। इस प्रकार परस्पर मे तुलनात्मकरूप से जीवो की भाग-अभानुक्रम मे सख्या बतलायी है।

अल्पबहुत्व अनुगम मे १०६ सूत्र हैं, जिनमे १४ मार्गणाओ के आश्रय से जीव-समासो का तुलनात्मक द्रव्य प्रमाण बतलाया गया है। गतिमार्गणा मे मनुष्य सबसे थोड़े है, उनसे नारकी असख्य गुणे है, देव नारकियो से असख्यगुणे है। देव से सिद्ध अनन्तगुणे है तथा तिर्यञ्च देवो से भी अनन्तगुणे है।

अन्तिम चूलिका महादण्ड के रूप मे है। इसमे ७९ सूत्र हैं। इसमे मार्गणा विभाग को छोडकर गर्भोपक्रान्तिक मनुष्य पर्याप्त से लेकर निगोद जीवो तक के जीव-समासो का अल्पबहुत्व प्रतिपादित है। सापेक्षिक जीवो के राशिज्ञान के लिये यह चूलिका उपयोगी है।

इस प्रकार समस्त खुद्दाबध मे १५८२ सूत्र हैं। इनमे कर्मप्रकृति प्राभृत के बन्धक अधिकार के बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान नामक चार अनुयोगो मे से बन्धक का प्ररूपण किया गया है। इसे खुद्दक (क्षुद्रक) बन्ध कहने का कारण यह है कि महाबन्ध की अपेक्षा यह बन्ध प्रकरण छोटा है।

३. बंधसामित्तविचय (बन्धस्वामित्वविचय)—इस तृतीय खण्ड मे बन्ध के स्वामी का विचार किया गया है। यत विचय शब्द का अर्थ विचार, मीमासा और परीक्षा है। यहाँ इस बात का विवेचन किया है कि कौन-सा कर्म बन्ध किस गुण-

स्थान और मार्गणा में सम्भव है अर्थात् कर्मबन्ध के स्वामी कौन से गुणस्थानवर्ती और मार्गणास्थानवर्ती जीव हैं। इस खण्ड मे कुल ३२४ सूत्र हैं। इनमे आरम्भ के ४२ सूत्रो मे गुणस्थानक्रम से बन्धक जीवो का प्ररूपण किया है। कर्मसिद्धान्त की दृष्टि से यह प्रकरण बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। प्रकृतियो का बन्ध, उदय, सत्व, बन्ध-व्युच्छित्ति आदि का विस्तृत विवेचन किया है।

४ वेदनाखण्ड—कर्म प्राभृत के चौबीस अधिकारो में से कृति और वेदना नामक प्रथम दो अनुयोगो का नाम वेदनाखण्ड है। सूत्रकार ने आरम्भ मे मंगलाचरण किया है और इस चौथे खण्ड के प्रारम्भ मे भी मंगलाचरण किया गया है। अतः यह अनुमान सहज मे लगाया जा सकता है कि प्रथम बार का मंगल आरम्भ के तीन खण्डो का है और द्वितीय बार का मगल शेष तीन खण्डो का। ग्रन्थ के आदि और मध्य मे मंगल करने का जो सिद्धान्त प्रतिपादित है, उसका समर्थन भी इससे हो जाता है। कृति अनुयोग द्वार मे ७६ सूत्र हैं, जिनमे ४४ सूत्रो मे मगल पाठ किया गया है। शेष सूत्रो मे कृति के नाना भेद बतलाकर मूलकरण कृति के १३ भेदो का स्वरूप बतलाया गया है।

द्वितीय प्रकरण का १६ अधिकारो मे विवेचन किया गया है। अधिकारो की नामावलि निम्न प्रकार है—

(१) निक्षेप—३ सूत्र।
(२) नय—४ सूत्र।
(३) नाम—४ सूत्र।
(४) द्रव्य— १३ सूत्र।
(५) क्षेत्र —९९ सूत्र।
(६) काल—२७९ सूत्र।
(७) भाव—३१४ सूत्र।
(८) प्रत्यय— १६ सूत्र।
(९) स्वामित्व —१५ सूत्र।
(१०) वेदना विधान—५८ सूत्र।
(११) गति—१२ सूत्र।
(१२) अनन्तर—११ सूत्र।
(१३) सन्निकर्ष ३२० सूत्र।
(१४) परिमाण—५३ सूत्र।
(१५) भागाभाग—२१ सूत्र।
(१६) अल्प-बहुत्व—२७ सूत्र।

निक्षेप अधिकार मे नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव इन चार निक्षेपो द्वारा वेदना के स्वरूप का स्पष्टीकरण किया गया है। नय अधिकार मे उक्त निक्षेपो मे कौन-सा अर्थ यहाँ प्रकृत है, यह नैगम, सग्रह आदि नयो के द्वारा समझाया गया है। नामविधान अधिकार मे नैगमादि नयो के द्वारा ज्ञानावरणीय आदि आठ कर्मो मे वेदना की अपेक्षा एकत्व स्थापित किया गया है। द्रव्यविधान अधिकार मे कर्मो के द्रव्य का उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य, सादि-अनादि स्वरूप समझाया गया है। क्षेत्रविधान मे ज्ञानावरणीयादि आठ कर्मरूप पुद्गल द्रव्य को वेदना मानकर समुद्घातादि विविध अवस्थाओ मे जीव के प्रदेश क्षेत्र की प्ररूपणा की गयी है। कालविधान अधिकार मे पदमीमास, स्वामित्व और अल्पबहुत्व अनुयोगो द्वारा काल के स्वरूप का विवेचन किया गया है। भावविधान में पूर्वोक्त पद-मीमासादि तीन अनुयोगो द्वारा ज्ञानावरणीय आदि आठ कर्मों की उत्कृष्ट, अनुत्कृष्टरूप भावात्मक वेदनाओ पर प्रकाश डाला गया है। वेदना प्रत्यय मे नयो के आश्रय द्वारा वेदना के कारणो का विवेचन किया है। वेदना स्वामित्व मे आठो कर्मों के स्वामियो का प्ररूपण किया है। वेदना-वेदन अधिकार मे आठो कर्मों के बध्यमान, उदीर्ण और उपशान्त स्वरूपो का एकत्व और अनेकत्व की अपेक्षा कथन किया है। वेदनागति विधान अनुयोग द्वार मे कर्मो की स्थित, अ[illegible] अथवा स्थितास्थित अवस्थाओ का निरूपण किया है। अनन्तर विधान अनुयोग द्वार[illegible] कर्मों की अनन्तर परम्परा एव बन्ध प्रकारो का विचार किया है। कर्मो की वेदना [illegible]व्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा किस प्रकार उत्कृष्ट और जघन्य होती है, का [illegible]विवेचन वेदना सन्निकर्ष मे किया गया है। वेदना परिमाण विधान अधिकार मे आ[illegible] कर्मों की प्रकृत्यर्थता, समय-प्रबद्धार्थता और क्षेत्र-प्रत्यास की प्ररूपणा की गयी है। महाभाग प्रकरण मे कर्म प्रकृतियो के भागाभाग का विवेचन है। अल्पबहुत्व विधान मे कर्मों के अल्पबहुत्व का निरूपण है। वेदनाखण्ड मे १४४९ सूत्र हैं।

५. वर्गणाखण्ड—इसमे स्पर्श, कर्म और प्रकृति नामक तीन अनुयोग द्वारो का प्रतिपादन किया गया है। स्पर्श अनुयोग द्वार मे स्पर्शनिक्षेप, स्पर्शनयविभाषणता, स्पर्शनामविधान, स्पर्शद्रव्यविधान आदि १६ अधिकारो मे स्पर्श का विचार किया गया है। कर्म-अनुयोग द्वार मे नामकर्म, स्थापनाकर्म, द्रव्यकर्म, प्रयोगकर्म, सम[illegible]कर्म, अध करणकर्म, ईर्यापथकर्म, तप कर्म, क्रियाकर्म और भावकर्म का [illegible] प्ररूपण है। प्रकृति-अनुयोग द्वार में प्रकृति-निक्षेप आदि सोलह अनुयोग द्वारो का [illegible] विवेचन है। इन तीनो अनुयोग द्वारो मे क्रमश ६३, ३१ और १४२ सूत्र है।

बन्धन के चार भेद हैं (१) बन्ध, (२) बन्धक, (३) बन्धनीय (४) बन्ध-विधान। बन्ध और बन्धनीय का विवेचन ७२७ सूत्रो में इस किया गया है। बन्ध प्रकरण ६४ सूत्रो मे समाप्त किया है। बन्धनीय का स्वरूप बतलाते हुए कहा है कि विपाक या अनुभव करानेवाले पुद्गल स्कन्ध ही बन्धनीय होते है और वे वर्गणा रूप हैं।

६ **महाबन्ध**—बन्धनीय अधिकार की समाप्ति के पश्चात् प्रकृतिबन्ध, प्रदेशबन्ध, स्थितिबन्ध और अनुभागबन्ध का विवेचन है। यह महाबन्ध अपनी विशालता के कारण पृथक् ग्रन्थ माना जाता है।

रचयिता और रचनाकाल—षट्खण्डागम के सूत्रों में रचयिता के सम्बन्ध में कोई निर्देश नही मिलता है, पर धवला टीकाकार वीरसेन आचार्य ने इसके रचयिता के सम्बन्ध में प्रकाश डाला है। उन्होने श्रुतज्ञान की परम्परा का निर्देश करते हुए बताया है कि अनुक्रम से समस्त अगो और पूर्वो का एक-एक देश मात्र का ज्ञान धरसेनाचार्य को प्राप्त हुआ। ये धरसेनाचार्य सोरठ देश के गिरनगर पट्टन की चन्द्रगुफा मे निवास करते थे। ये अष्टाङ्ग महानिमित्तशास्त्र के परगामी थे। टीकाकार ने लिखा है—

तेण वि सोरट्ठ–विसय–गिरिणयरपट्टण–चंदगुहा–ठिएण अट्ठंग-महाणिमित्त–पारएण गंथ–वोच्छेदो हाहदि त्ति जाद–भएण पवयण–वच्छलेण दक्खिणावहाइरियाणं महिमाए मिलियाणं लेहो पेसिदो। लेह–ट्ठिय–धरसेण–वयणमवधारिय तेहि वि आइरिएहि वे साहू गहण–धारण–समत्था धवलामल–बहु–विह–विणय–विहूसियंगा सील–माला–हरा गुरुपेसणासण–तित्ता देस–कुल-जाइ-सुद्धा सयल–कला–पारया तिक्खुत्ताबुच्छियाइरिया अन्ध–विसय–वेण्णायडादो पेसिदा। तेसु आगच्छमाणेसु रयणीए पच्छिमे भाए कुंदेदु–संख–वण्णा सव्व–लक्खण–संपुण्णा अप्पणो कय–तिप्पयाहिणा पाएसु णिसुढिय–पदियगा वे वसहा सुमिणंतरेण धरसेण–भडारएण दिट्ठा।

—जीवस्थान सत्प्ररुपणा
१ पुस्तक पृ० ६७–६८

सौराष्ट्र देश के गिरिनगर नामक नगर की चन्द्रगुफा मे रहनेवाले, अष्टाग महानिमित्त के पारगामी, प्रवचनवत्सल धरसेनाचार्य ने अङ्गश्रुत के विच्छेद हो जाने के भय से महिमा नगरी में सम्मिलित दक्षिणापथ के आचार्यों के पास एक पत्र भेजा। पत्र में लिखे गये धरसेन के आदेश को स्वीकार कर उन आचार्यों ने शास्त्र के अर्थ को ग्रहण और धारण करने मे समर्थ विविध प्रकार मे उज्ज्वल और निर्मल विनय से विभूषित, शीलरूपी माला के धारी गुरुओ के प्रेषणरूपी भोजन मे तृप्त, देश-कुल जाति से शुद्ध, समस्त कलाओ के पारगामी और आचार्यों से तीन बार पूछकर आज्ञा लेनेवाले दो साधुओ को आन्ध्र देश की वन्या नदी के तट से रवाना किया। इन दोनों साधुओ के मार्ग मे आते समय धरसेनाचार्य ने रात्रि के पिछले भाग में स्वप्न में कुन्दपुष्प, चन्द्रमा और शख के समान श्वेतवर्ण के दो बैलो को अपने चरणो मे

झुके हुए और तीन प्रदक्षिणा करते हुए देखा। प्रातःकाल उक्त दोनो साधुओ के आने पर धरसेनाचार्य ने उन दोनो की परीक्षा ली, और जब उन्हे उनकी योग्यता पर विश्वास हो गया, तब उन्हे अपना श्रुतोपदेश देना आरम्भ किया, जो आषाढ़ शुक्ला एकादशी को समाप्त हुआ। गुरु ने इन दोनो शिष्यो का नाम पुष्पदन्त और भूतबलि रखा। गुरु के आदेशानुसार वे शिष्य गिरिनार से चलकर अंकुलेश्वर आये और वहाँ उन्होने वर्षाकाल व्यतीत किया। अनन्तर पुष्पदन्त आचार्य वनवास देश को और भूतबलि तामिलदेश को गये। पुष्पदन्त ने जिनपालित को दीक्षा देकर उसके अध्यापन हेतु सत्प्ररूपणा तक के सूत्रो की रचना कर भूतबलि के पास भेजा। भूतबलि ने जिनपालित के पास उन सूत्रो को देखकर और पुष्पदन्त आचार्य को अल्पायु जानकर महाकर्म प्रकृति पाहुड का विच्छेद न हो जाय, इस ध्येय से आगे द्रव्यप्रमाणादि अनुगमो की रचना की। अत षट् खण्डागम के रचयिता पुष्पदन्त और भूतबलि आचार्य है तथा रचना का निमित्त जिनपालित है। निष्कर्ष यह है कि सत्प्ररूपणा के १७७ सूत्र पुष्पदन्त ने और शेष समस्त षट्खण्डागम के सूत्र भूतबलि ने रचे है।

रचनाकाल के सम्बन्ध मे षट्खण्डागम के सूत्रो में कोई निर्देश नही मिलता है। पर टीकाकार वीरसेनाचार्य ने महावीर स्वामी से लोहाचार्य तक जो गुरु परम्परा दी है, उससे रचनाकाल पर प्रकाश पडता है। बताया गया है कि शक सवत् के ६०५ वर्ष ५ माह पूर्व भगवान् महावीर का निर्वाण हुआ। अनन्तर ६२ वर्ष मे तीन केवली, १०० वर्ष मे पाँच श्रुतकेवली, १८३ वर्ष मे ग्यारह दशपूर्वी, २२० वर्ष मे पाँच एकादश अगधारी और ११८ वर्ष मे चार एकागधारी हुए। इस प्रकार श्रुतज्ञान की परम्परा महावीर निर्वाण के पश्चात् गौतम स्वामी से लेकर ६८३ वर्ष अर्थात् शक सवत् ७७-७८ तक चलती रही। इसके कितने समय पश्चात् धरसेनाचार्य हुए, यह निश्चित रूप से नही कहा जा सकता है। इन्द्रनन्दी कृत श्रुतावतार मे लोहाचार्य के पश्चात् विनयदत्त, श्रीदत्त, शिवदत्त और अर्हद्दत्त इन चार अरातीय आचार्यो का उल्लेख किया है और तत्पश्चात् अर्हद्बलि का और अर्हद्बलि के अनन्तर धरसेनाचार्य का नाम आता है।

इन्द्रनन्दि ने षट्खण्डागम के कई टीकाकारो मे कुन्दकुन्द और समन्तभद्र का भी नाम निर्देश किया है। इससे यह स्पष्ट जाना जा सकता है कि उक्त दोनो आचार्य षट्खण्डागम के सूत्रकारो के परवर्ती है अत षट्खण्डागम के सूत्रो का रचनाकाल शक सवत् की प्रथम-द्वितीय शताब्दी के मध्य मे है। नन्दी आम्नाय की प्राकृत पट्टावलि[1] मे आचार्यों की जो परम्परा दी गयी है, उसमे वीर निर्वाण सवत् के ६८३ वर्षों तक अर्हद्बलि, माघनन्दि, धरसेन, पुष्पदन्त और भूतबलि का समय भी व्यतीत होना निर्दिष्ट है। इस क्रम से षट्खण्डागम के सूत्रो का रचनाकाल शक सवत् की प्रथम शती है।

---

१. देखे— जैन सिद्धान्त भास्कर, आरा भाग १ किरण ४

कसायपाहुड (कषाय प्राभृत)

कसाय पाहुड[1] का दूसरा नाम पेज्जदोसपाहुड भी है। पेज शब्द का अर्थ राग है, यत: यह ग्रन्थ राग और द्वेष का निरूपण करता है। क्रोधादि कषायो की राग-द्वेष-परिणति और उनके प्रकृति, स्थिति, अनुभाग, और प्रदेशबन्ध सम्बन्धी विशेषताओं का विवेचन ही इस ग्रन्थ का मूल वर्ण्य विषय है। यह ग्रन्थ १८० + ५३ = २३३ गाथा सूत्रो में लिखा गया है। इस ग्रन्थ के पदो की सख्या सोलह हजार है।

इस ग्रन्थ के रचयिता आचार्य गुणधर है। ये पाँचवें ज्ञानप्रवाद पूर्व स्थित दशम वस्तु के तीसरे कसायपाहुड के पारगामी थे। गुणधराचार्य ने इस ग्रन्थ की रचना कर आचार्य नागहस्ति और आर्यमक्षु को इसका व्याख्यान किया था। इसका रचना काल कुन्दाकुन्दाचार्य से पूर्व है। समय अनुमानत भूतबलि और पुष्पदन्त से पूर्ववर्ती है। अत: ईस्वी सन् द्वितीय शती और प्रथम शती के मध्य सुनिश्चित है। कसायपाहुड की भाषा छक्खण्डागम के सूत्रो की भाषा की अपेक्षा प्राचीन है। अत मेरा अनुमान है कि इसका रचनाकाल ईस्वी सन् प्रथम शताब्दी होना चाहिए।

कषाय प्राभृत में कुल १६ अधिकार है। पहला अधिकार पेज्जदोसविभत्ति नाम का है। शेष अधिकारो की नामावली निम्न प्रकार है—

(१) प्रकृति विभक्ति अधिकार।

(२) स्थिति विभक्ति अधिकार।

(३) अनुभाग विभक्ति अधिकार।

(४) प्रदेश विभक्ति-क्षीणाक्षीणस्थित्यन्तिक।

(५) बधक अधिकार।

(६) वेदक अधिकार।

(७) उपयोग अधिकार।

(८) चतु स्थान अधिकार।

(९) व्यञ्जन अधिकार।

(१०) दर्शनमोहोपशमना अधिकार।

(११) दर्शनमोहक्षपणा अधिकार।

---

१. यह ग्रन्थ प० कैलाशचन्द्र शास्त्री और प० फूलचन्द्र शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर जयधवला टीका सहित दि० जैन संघ चौरासी, मथुरा द्वारा प्रकाशित हो रहा है। अभी तक इसके ९ भाग मुद्रित हो चुके हैं।

(१२) संयमासयम लब्धि अधिकार ।
(१३) सयम लब्धि अधिकार ।
(१४) चारित्रमोहोपशमना ।
(१५) चारित्रमोहक्षपणा ।

इनमें आरम्भ के आठ अधिकारो मे ससार के कारणभूत मोहनीय कर्म का नाना दृष्टियों से अनेक रूपो में विवेचन किया गया है और अन्तिम सात अधिकारो मे आत्म-परिणामो के विकास शिथिल होते हुए मोहनीय कर्म की विविध दशाओ का निरूपण किया है। विवेचन और विश्लेषण के लिए प्रत्येक अधिकार कई अनुभागो मे विभक्त है, पर इन सभी अनुयोगो में कर्म की विभिन्न स्थितियो का बहुत ही सुन्दर विवेचन किया है। कर्म किस स्थिति मे किस कारण से आत्मा के साथ सम्बन्ध को प्राप्त होते हैं, उनके इस सम्बन्ध का आत्मा के साथ किस प्रकार सम्मिश्रण होता है, किस प्रकार उनमें फलदानत्व घटित होता है और कितने समय तक कर्म आत्मा के साथ लगे रह जाते हैं, इसका विस्तृत और स्पष्ट विवेचन वर्त्तमान है। उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट रूप अनुभागो का निरूपण २३ अनुयोग द्वारो में किया गया है।

महा-बन्ध

महाबन्ध[१] का दूसरा नाम महाधवल भी है। पहले ही यह लिखा जा चुका है कि महाबन्ध षट्खण्डागम का छठा खण्ड है। इसकी रचना आचार्य भूतबलि ने चालीस हजार श्लोक प्रमाण मे की है। इसका मगलाचरण भी पृथक् नही है, बल्कि यह चतुर्थ वेदना खण्ड मे उपलब्ध मगलाचरण से ही सम्बद्ध है। विशालता के कारण ही महाबन्ध को पृथक् ग्रन्थ का रूप प्राप्त हुआ। इस ग्रन्थ में चार अधिकार हैं—

(१) प्रकृतिबन्ध अधिकार ।
(२) स्थितिबन्ध अधिकार ।
(३) अनुभागबन्ध अधिकार ।
(४) प्रदेशबन्ध अधिकार ।

प्रथम अधिकार को सर्वबन्ध, नोसर्वबन्ध, उत्कृष्टबन्ध और अनुत्कृष्टबन्ध आदि उप अधिकारो में विभक्त कर विवेचन किया गया है। स्थितिबन्ध अधिकार के मूल दो भेद हैं—मूल प्रकृति-स्थितिबन्ध और उत्तर प्रकृतिस्थितिबन्ध। मूल प्रकृति-स्थितिबन्ध को स्थितिबन्ध स्थान प्ररूपणा, निषेक प्ररूपणा, आबाधाकाण्ड प्ररूपणा और अल्पबहुत्व

१. भारतीय ज्ञानपीठ, काशी द्वारा प्रकाशित ।

प्ररूपणा द्वारा विवेचन किया है। अनुभाव अधिकार का प्ररूपण मूलप्रकृति अनुभाग-बन्ध और उत्तर प्रकृति अनुभाग बन्ध की अपेक्षा से किया है। सन्निकर्ष, भगविचय, भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र और स्पर्शन आदि प्ररूपणाएँ भी इस अधिकार की है। चतुर्थ प्रदेश-बन्ध अधिकार के विषय का कथन क्षेत्र प्ररूपणा, कालप्ररूपणा, अन्तरप्ररूपणा, भावप्ररूपणा, अल्पबहुत्वप्ररूपणा, भुजाकारबन्ध, पदनिक्षेप, समुत्कीर्त्तना, स्वामित्व, अल्पबहुत्व, वृद्धि-बन्ध, अध्यवसान, समुदाहार और जीव समुदाहार उप-अधिकारो द्वारा किया है। कर्म स्वरूप को अवगत करने के लिए यह ग्रन्थ अत्यधिक उपयोगी है।

शौरसेनी टीका साहित्य

शौरसेनी आगम ग्रन्थो पर भी महत्वपूर्ण टीकाएँ प्राकृत मिश्रित सस्कृत में लिखी गयी हैं। विस्तार और विषयानुक्रम की दृष्टि से ये टीकाएँ स्वतन्त्र ग्रन्थ कही जा सकती हैं। मूल विषय के सुन्दर स्पष्टीकरण के साथ प्रसगवश अनेक लोकोपयोगी विषयो का समावेश भी इन टीकाओ में पाया जाता है। यहाँ सक्षेप मे टीकाओ का विवेचन किया जायगा। टीकाओ मे कुन्दकुन्दाचार्य कृत परिकर्म, शामकुण्ड कृत पद्धति, तुम्बुलूदाचार्य कृत चूडामणि, समन्त भद्र टीका एव बोप्पदेव कृत व्याख्याप्रज्ञप्ति प्रधान है।

धवला टीका

छक्खण्डागम (षट्खण्डागम) पर लिखी गयी यह सबसे महत्त्वपूर्ण टीका है। इस टीका के रचयिता आचार्य वीरसेन हैं, इनके गुरु का नाम आर्यनन्दि [illegible] य का नाम जिनसेन। जिनसेन ने अपने गुरु वीरसेन की सर्वार्थगामिनी नैस[illegible] न श्लाघा की है। वीरसेन ने बप्पदेव गुरु की व्याख्याप्रज्ञप्ति टीका के [illegible] णयो की शैली में ७२ हजार श्लोक प्रमाण प्राकृत मिश्रित सस्कृत मे धवला टीका लिखी है। टीकाकार की प्रशस्ति के अनुसार यह टीका वाटग्राम पुर मे सन् ८१६ मे समाप्त की गयी है। टीका में आये हुए अनेक ग्रन्थो के उल्लेख से स्पष्ट है कि आचार्य वीरसेन ने दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनो ही सम्प्रदायो के विशाल साहित्य का आलोडन किया था। ये बहुश्रुत विद्वान् थे। आचार्य वीरसेन ने स्थान-स्थान पर उत्तर प्रतिपत्ति और दक्षिण प्रतिपत्ति नामको मान्यताओ का निर्देश करते हुए दक्षिण प्रतिपत्ति को ऋजु और आचार्य परम्परागत तथा उत्तर प्रतिपत्ति को अनृजु और आचार्य परम्परा के बाह्य बतलाता है। सूत्र ग्रन्थो के भिन्न-भिन्न पाठो का उल्लेख करते हुए शंका-समाधान के रूप में विषय को उपस्थित किया है। नागहस्ति और आर्यमक्षु के मतभेद भी इस टीका मे उपलब्ध हैं। धवला टीका दो भागो मे विभक्त की जा सकती है —

१. वीरसेनाचार्य द्वारा लिखी गयी प्राकृत-सस्कृत मिश्रित टीका-अश।

२. टीका में उद्धृत प्राचीन पद्यमय उद्धरण।

टीका की प्राकृत भाषा प्रौढ, मुहावरेदार और विषय के अनुसार सस्कृत की तर्क शैली से प्रभावित है। सन्धि और समास का भी यथास्थान प्रयोग हुआ है। प्राकृत गद्य का स्वच्छ रूप वर्तमान है। न्याय शास्त्र की शैली में गम्भीरतम विषयो को प्रस्तुत किया गया है। इस टीका में तीन चौथाई अश प्राकृत मे है, शेष एक-चौथाई सस्कृत में। इस

प्राकृत में शौरसेनी प्राकृत की प्रवृत्तियाँ वर्तमान है। संस्कृत भाषा भी परिमार्जित और न्यायशास्त्र के अनुरूप है।

उद्धृत प्राचीन गाथाओं की भाषा शौरसेनी होते हुए भी महाराष्ट्रीपन से युक्त है। भाषा की दृष्टि से गाथाओ मे एकरूपता नही है। वस्तुत ये गाथाएँ भिन्न-भिन्न काल के रचे गये भिन्न-भिन्न ग्रन्थो से उद्धृत की गयी है। इन गाथाओ का महत्व विषय की दृष्टि से जितना अधिक है, उतना ही भाषा की दृष्टि से भी। अर्धमागधी और महाराष्ट्री का सम्मिलित प्रभाव इन पर देखा जा सकता है। इस धवला टीका की प्रमुख विशेषताएँ निम्नाङ्कित है—

१. षट्खण्डागम के सूत्रो का मर्मोद्घाटन करने के साथ कर्म सिद्धान्त का सविस्तर निरूपण किया है।

२. समकालीन राजाओ, पूर्ववर्ती आचार्यो और ग्रन्थो का नामोल्लेख वर्तमान है।

३ कर्मसिद्धान्त का सुस्पष्ट और विस्तृत निरूपण किया गया है।

४ प्रसगवश दर्शनशास्त्र की अनेक मौलिक मान्यताओ का समावेश हुआ है।

५ लोक के स्वरूप विवेचन मे नये दृष्टिकोण की स्थापना है। अपने समय तक प्रचलित वर्तुलाकार लोक की प्रमाण प्ररूपणा करके उस मान्यता का खण्डन, क्योंकि इस प्रक्रिया मे सात रज्जू के घन-प्रमाण क्षेत्र प्राप्त नही होता। अनन्तर आयत चतुरस्राकार होने की स्थापना की है।

६ स्वयम्भूरमण समुद्र की बाह्य वेदिका के परे भी असख्यात योजन विस्तृत पृथिवी का अस्तित्व सिद्ध किया है।

७ अन्तर्मुहूर्त के सम्बन्ध मे नयी मान्यता—मुहूर्त्त से अधिक काल भी अन्तर्मुहूर्त्त कहा जाता है।

८ गणित की नाना प्रवृत्तिया का प्ररूपण, परिकर्माष्टक के गणित के साथ सकलित धन, अर्द्धच्छेद, घाताङ्क सिद्धान्त, लघुरिक्थ, समीकरण, अज्ञात राशियो के मानानयन, भिन्न की अनेक मौलिक प्रक्रियाएँ, वृत्त, व्यास, परिधि सम्बन्धी गणित, अन्त: वृत्त, परिवृत्त, सूची व्यास, वलयव्यास, परिधि, चाप, वृत्ताधारवेल्लन आदि सम्बन्धी गणित प्रक्रियाएँ एव गुणोत्तर और समानान्तर श्रेणियो का विवेचन किया है। गणित शास्त्र की दृष्टि से यह टीका बहुत ही महत्वपूर्ण है।

९. ज्योतिष और निमित्त सम्बन्धी प्राचीन मान्यताओ का स्पष्ट विश्लेषण तथा रौद्र श्वेत, मैत्र, सारभट, दैत्य, वैरोचन, वैश्वदेव, अभिजित, रोहण, बल, विजय, नैऋत्य, वरुण, अर्यमन और भाग्य नामक पन्द्रह मुहूर्त्तो का उल्लेख वर्तमान है। इसके अतिरिक्त नक्षत्रो के नाम, गुण, स्वभाव, ऋतु, अयन, पक्ष आदि का विवेचन भी उपलब्ध है।

१०. सम्यक्त्व के स्वरूप का विशेष विवेचन किया है। सम्यक्त्वोन्मुख जीव के परिणामों की बढ़ती हुई विशुद्धि और उसके द्वारा शुभ प्रकृतियों का क्रमश. बन्ध विच्छेद, सत्त्वविच्छेद, उदय विच्छेद का विवेचन हुआ है। सम्यक्त्वोन्मुख होने पर बन्धयोग्य कर्म प्रकृतियों का निरूपण भी किया है।

११. नाम, निक्षेप और प्रमाण की परिभाषाएँ तथा दर्शन के सिद्धान्तों का विभिन्न दृष्टियों से निरूपण विद्यमान है।

१२. गौण्यपद, नोगौण्यपद, आदानपद, प्रतिपक्षपद आदि उपक्रम के दश भेदों का विवेचन है।

१३ दया का विस्तृत विवेचन किया गया है।

१४ आक्षेपणी, विक्षेपणी, संवदनी और निर्वेदनी कथाओं का स्वरूप विश्लेषण किया है।

१५. भाषा और कुभाषाओं का विवेचन है।

१६ श्रुतज्ञान के पदों की संख्या का निरूपण किया है।

१७ गुणस्थान और जीव समासों का विवेचन हुआ है।

१८. सांस्कृतिक तत्त्वों का प्राचुर्य है।

१९ विषयों की बहुलता एवं काव्यशास्त्रीय तर्क प्रधान शैली के कारण यह ग्रन्थराज एक विश्वकोष जैसा महान् है। इसमें लोक, समाज, धर्म, सिद्धान्त एवं दर्शन सम्बन्धी अनेक मान्यताओं का समावेश हुआ है।[1]

कसायपाहुड पर जयधवला टीका

आर्यमंक्षु और नागहस्ति ने कसायपाहुड का व्याख्यान किया तथा आचार्य यतिवृषभ ने इसपर चूर्णि सूत्रों की रचना की है। आचार्य वीरसेन ने जयधवला नाम की टीका लिखना आरम्भ किया था तथा बीस हजार श्लोक प्रमाण टीका लिखने के अनन्तर ही उनका स्वर्गवास हो गया। फलत उनके इस महान् कार्य को उनके योग्य शिष्य आचार्य जिनसेन ने चालीस हजार श्लोक प्रमाण अवशेष टीका लिखकर ईस्वी सन् ८३७ में इसे पूर्ण किया। इस प्रकार 'जयधवला' टीका साठ हजार श्लोक प्रमाण है। इस टीका से अवगत होता है कि वीरसेन और जिनसेन इन दोनों आचार्यों के समक्ष आर्यमंक्षु और नागहस्ति आचार्यों के व्याख्यान पृथक्-पृथक् विद्यमान थे। उक्त दोनों आचार्यों ने

१. षट्खण्डागम का प्रकाशन धवला टीका सहित ही हुआ है। यह टीका भी सूत्रों के साथ १६ भागों में जैन साहित्य उद्धारकफण्ड अमरावती से प्रकाशित है। इसका सम्पादन डॉ० एच० एल० जैन ने किया है।

अनेक स्थलो पर आर्यमक्षु और नागहस्ति के मतभेदो का निरूपण किया है। इस टीका की प्रमुख विशेषताएँ निम्नांकित हैं—

१. राग–द्वेष का विस्तृत विवेचन वर्तमान है।

२. प्रकृति बन्ध का अनेक दृष्टियो से विश्लेषण किया है।

३. मूलग्रन्थ के विषय के स्पष्टीकरण के साथ प्रसगवश शकासमाधान के रूप में कर्मसिद्धान्त का गहन एव सूक्ष्म विश्लेषण हुआ है।

४ अनुयोग द्वारो का वर्णन उच्चारणावृत्ति के अनुसार किया है। समुत्कीर्त्तना, सादि-अनादि-ध्रुव-अध्रुव, काल, अन्तर, भगविचयानुगम, भागाभागानुगम, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व का विस्तृत विवेचन किया गया है।

५ सान्तरमार्गणाओ का विस्तृत विवेचन है।

६ मोहनीय की जघन्य स्थिति और अजघन्य स्थितिवाले जीवो का नियम से विवेचन तथा विविध भगो द्वारा उत्कृष्ट स्थितिविभक्त का निरूपण किया है।

७. सम्यक्त्व और मिथ्यात्व की स्थितियो का निरूपण है।

८ कृष्ण, नील, कापोत आदि विभिन्न लेश्यावाले जीवो की विभिन्न भगस्थितियो का निरूपण है।

९ विभिन्न प्ररूपणाओ द्वारा जीवो की सख्या का विवेचन किया है।

१०. एक स्थानिक, द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतु स्थानिक अनुभागो का विस्तारपूर्वक विवेचन है।

सिद्धान्त, कर्म और आचारात्मक शौरसेनी साहित्य

सिद्धान्त साहित्य में जैनधर्म के प्रमुख सिद्धान्त गुणस्थान और मार्गणा का निरूपण किया गया है। इस कोटि का साहित्य आत्मशोधन में सहायक होता है। लोक निरूपण एवं स्वर्ग, नरक और मध्य लोक का विभिन्न आकृतियों का निरूपण भी इस कोटि के साहित्य में सम्मिलित है। त्रिलोक सम्बन्धी मान्यताएँ एवं त्रिलोक-व्यवस्था सम्बन्धी धारणाएँ भी इसी प्रकार के साहित्य में पायी जाती है।

कर्म साहित्य में कर्म के स्वरूप और उसके फल देने की प्रक्रिया का निरूपण रहता है। बताया गया है कि जीव का प्रत्येक कर्म अपना बुरा या अच्छा सस्कार छोड़ जाता है यतः प्रत्येक कर्म या प्रवृत्ति के मूल में राग और द्वेष रहते है। यद्यपि प्रवृत्ति या कर्म क्षणिक होता है, पर उसका द्रव्य भाव जन्य सस्कार फलकाल तक स्थायी रहता है। सस्कार से प्रवृत्ति और प्रवृत्ति से सस्कार की परम्परा अनादिकाल से चली आती है। इसीका नाम ससार है। सस्कार के अतिरिक्त कर्म एक वस्तुभूत पदार्थ है, जो रागी-द्वेषी जीव की क्रिया से आकृष्ट होकर जीव के साथ मिल जाता है। कर्मबन्ध का कारण कषाय और योग है। क्योंकि कर्म परमाणुओं को जीव तक लाने का काम जीव की योगशक्ति करती है और उसके साथ बन्ध कराने का काम कषाय—राग-द्वेष रूप भाव करते हैं। यह कर्मबन्ध चार प्रकार का होता है—(१) प्रकृतिबन्ध (२) प्रदेशबन्ध, (३) स्थितिबन्ध और (४) अनुभागबन्ध। बन्ध प्राप्त होनेवाले कर्म-परमाणुओं में अनेक प्रकार का स्वभाव पड़ना प्रकृति-बन्ध है। उनकी सख्या का नियत होना प्रदेशबन्ध है। काल की मर्यादा का पड़ना स्थितिबन्ध और फल देने की शक्ति का पड़ना अनुभाग बन्ध है। प्रकृति बन्ध के मूल प्रकृतिबन्ध और उत्तर प्रकृति बन्ध ये दो भेद है। मूल प्रकृतिबन्ध के आठ भेद और उत्तर प्रकृतिबन्ध के १४८ भेद है। इन १४८ प्रकृतियों के घातियाकर्म और अघातिया कर्म ये दो विभाग है। घातिकर्म की ४७ प्रकृतियों में से २६ देशघाती तथा शेष २१ सर्वघाती है। घातिकर्म को पापकर्म और अघातिकर्म को पुण्यकर्म कहा जाता है। कर्मों की बन्ध, उत्कर्षण, अपकर्षण, सत्ता, उदय, उदीरणा, संक्रमण, उपशम, निघत्ति और निकाचना ये दस अवस्थाएँ होती हैं, जो करण कही जाती है। कर्म सिद्धान्त में नाना दृष्टियों से कर्म का तात्त्विक विवेचन रहता है। यद्यपि सिद्धान्त साहित्य में कर्म साहित्य का अन्तर्भाव हो जाता है, पर विषय के व्यापक और साङ्गोपाङ्ग रहने से इस साहित्य को उप प्रकरण के रूप में अलग विवेचित करना अधिक उपयुक्त है।

शील या आचार विषयक साहित्य से अभिप्राय उस श्रेणि के साहित्य से है, जिसमें अहिंसा मूलक व्यवहार को बनाये रखने का उपदेश दिया गया है। अहिंसाधर्म की रक्षा के लिए सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रहरूप धर्म का पालन करना भी आवश्यक है। ये पाँच महाव्रत जैनाचार का मूल हैं। गृहस्थ या श्रावक इनके एक अश या अंग का पालन करते है और मुनि या साधु सर्वांश का। यो तो मनुष्य जो कुछ सोचता, बोलता या करता है, वह सब उसका आचरण कहलाता है। उस आचरण का सुधार ही मनुष्य का उत्थान है और उसका बिगाड मनुष्य का पतन। मनुष्य प्रवृत्तिशील है और उसकी प्रवृत्ति के तीन द्वार है मन, वचन एव काय। जो व्यक्ति अपने इन तीनो द्वारों को नियन्त्रित रखता है, वह शील या सदाचार का पालन करता है। अत आचारात्मक साहित्य मे प्रवृत्ति को शुभ रखने पर तो जोर दिया ही जाता है, पर साथ ही प्रवृत्ति को नियन्त्रित कर निवृत्तिमूलक बनने पर भी जोर दिया गया है।

उपर्युक्त सिद्धान्त, कर्म और आचारमूलक साहित्य निर्माताओ का कालक्रमानुसार विवेचन किया जायगा।

आचार्य कुन्दकुन्द और उनका साहित्य

प्राकृत भाषा के महान् विद्वान् और सिद्धान्त साहित्य के प्ररूपक के रूप मे आचार्य कुन्दकुन्द का नाम अत्यन्त प्रसिद्ध है। अध्यात्म साहित्य के मुख्य प्रणेता होने के कारण प्रत्येक मगल कार्य के प्रारम्भ मे "मगल कुन्दकुन्दाद्यो" कहकर आपका स्मरण किया जाता है।

जीवन परिचय—आचार्य कुन्दकुन्द दक्षिण भारत के निवासी थे। आपके पिता का नाम करमण्डु और माता का नाम श्रीमती था। आपका जन्म 'कोण्डकुन्दपुर' नामक स्थान मे हुआ था। इस गाँव का दूसरा नाम 'कुरुमरई' भी कहा गया है। यह स्थान पिदथनाडु नामक जिले मे है। कहा जाता है कि करमण्डु दम्पति को बहुत दिनो तक कोई सन्तान नही हुई। अनन्तर एक तपस्वी ऋषि को दान देने के प्रभाव से पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई, जिसका आगे चलकर गाँव के नाम पर कुन्दकुन्द नाम प्रसिद्ध हुआ। बाल्यावस्था से ही कुन्दकुन्द अत्यन्त प्रतिभाशाली थे। अपनी विलक्षण स्मरणशक्ति और कुशाग्र बुद्धि के कारण अल्प समय मे ही इन्होने अनेक ग्रन्थो का अध्ययन कर लिया। युवावस्था प्राप्त होते ही विरक्त हो श्रमणदीक्षा धारण कर ली।

कुन्दकुन्द का दीक्षाकालीन नाम पद्मनन्दि प्राप्त होता है। देवसेनाचार्य ने दर्शनसार में बताया है—

जइ पउमणंदि-णाहो सीमंधरसामि-दिव्वणाणेण।
ण विवोहइ तो समणा कहं सुमग्गं पयाणंति ॥ ४३ ॥

इस कथन की पुष्टि श्रवणबेलगोल के ४० नं० शिलालेख से भी होती है।

कुन्दकुन्द महान् तपस्वी और ऋद्धि प्राप्त थे। किंवदन्तियों से पता चलता है कि इनके जीवन में कई महत्त्वपूर्ण घटनाएँ घटित हुई थीं। कुछ घटनाएँ निम्न प्रकार हैं—

(१) विदेह क्षेत्र में सीमन्धर स्वामी के समवशरण में जाना और वहाँ से आध्यात्मिक सिद्धान्त का अध्ययन कर लौटना।

(२) ५९४ साधुओं के संघ को लेकर गिरनार की यात्रा करना और वहाँ श्वेताम्बर संघ के साथ वाद-विवाद का होना।

(३) विदेह क्षेत्र जाते समय पिच्छिका मार्ग में गिर पड़ी, अतः गृध्र पक्षी के पंखों की पिच्छि धारण करने से गृद्धपिच्छाचार्य के नाम से प्रसिद्ध होना।[1]

(४) अध्ययन अधिक करने से गर्दन झुकजाने के कारण वक्रग्रीव नाम से प्रसिद्ध होना।[2]

कुन्दकुन्द मूलसंघ के आदि प्रवर्तक माने जाते हैं। कुन्दकुन्दान्वय का सम्बन्ध भी इन्हीं से कहा गया है। वस्तुतः कोण्डकुन्दपुर से निकले मुनिवंश को कुन्दकुन्दान्वय कहा गया है। शिलालेखों में कुन्दकुन्दान्वय का अस्तित्व ई० सन् ७ वीं शती से ही प्राप्त होने लगता है। मूलसंघ की सत्ता ई० ४-५ में शती में ही प्राप्त होती है। अतएव स्पष्ट है कि आचार्य कुन्दकुन्द का कर्णाटक प्रान्त के साधुओं पर बहुत बड़ा प्रभाव था।

समय निर्धारण—तिथि के सम्बन्ध में निम्नलिखित मत प्रचलित हैं। डा० ए० एन० उपाध्ये ने अपनी प्रवचनसार की प्रस्तावना में इन मतों पर विचार कर निष्कर्ष निकाला है। विचार-विनिमय की दृष्टि से इन मतों पर ऊहा-पोह कर लेना अनुचित न होगा।

(१) परम्परा प्राप्त

(२) श्री पं० नाथूराम प्रेमी का अभिमत

(३) डा० पाठक का अभिमत

(४) प्रो० चक्रवर्ती का अभिमत

(५) आचार्य जुगलकिशोर मुख्तार का अभिमत

(६) डा० ए० एन० उपाध्ये का अभिमत

१–२ पट्टावली में बताया है—

ततोऽभवत्पञ्चसुनामधामा श्रीपद्मनन्दी मुनिचक्रवर्ती।
आचार्यकुन्दकुन्दाख्यो वक्रग्रीवो महामतिः।
एलाचार्यो गृध्र-पिच्छः पद्मनन्दीति तन्यते ॥

नन्दिसंघ गुर्वावलि

यह निश्चित है कि तत्त्वार्थसूत्र के रचयिता कुन्दकुन्द नही है। ऐसा मालूम होता है कि ये गृध्रपिच्छ कोई दूसरे है।

१ पट्टावलियाँ—पट्टावलियो—के आधार पर मान्य परम्पराओ मे सबसे पुरानी परम्परा यह है कि कुन्दकुन्द ने ई० पू० ८ वर्ष मे ३६ वर्ष की अवस्था में आचार्य पद प्राप्त किया। 'बोहपाहुड'[१] के अन्त की एक गाथा में इन्होने अपने को श्रुतकेवली भद्रबाहु का शिष्य बताया है। दूसरी पट्टावली के अनुसार (हार्नले आदि द्वारा सूचित) ई० पू० ६२ में आचार्यपद प्राप्त करने का निर्देश हुआ है। तीसरी परम्परा (विद्वज्जन बोधक ग्रन्थ मे उद्धृत एक श्लोक के अनुसार) कुन्दकुन्द को ई० सन् २४३ मे उमास्वाति के समकालीन मानती है।

२. प्रेमीजी का अभिमत—प्रेमीजी ने इन्द्रनन्दी श्रुतावतार का उल्लेख करते हुए लिखा है कि महावीर निर्वाण ई० पू० ५२७ के पश्चात् ६८३ वर्षों मे पाँच श्रुतकेवली, एकादश दशपूर्व के पाठक, पाँच एकादश अगधारी हुए। अनन्तर चार आरातीय साधु, अर्हद्बली, माघनन्दि, धरसेन, पुष्पदन्त-भूतबलि और उनके बाद कुन्दकुन्द हुए। इससे स्पष्ट है कि कुन्दकुन्द वीर निर्वाण ६८३ (ई० १५६ के बाद) के अनन्तर हुए है।

कुन्दकुन्द और श्वेताम्बरो का ऊर्जयन्त गिरि पर जो वाद-विवाद हुआ, उसके आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि दिगम्बर और श्वेताम्बर साम्प्रदायिक भेदों के उत्पन्न होने के पश्चात् ही कुन्दकुन्द का आविर्भाव हुआ होगा। देवसेन के दर्शनसार के अनुसार वि० सं० १४६ (७६ ई० सन्) मे श्वेताम्बर-दिगम्बर का भेद हुआ है, अत. कुन्दकुन्द का समय ई० सन् १५६ के बाद ही होना चाहिए।

३. डॉ० पाठक का मत—डॉ० पाठक ने ई० सन् ७६७ और ई० ८०२ के ताम्रपत्र के अनुसार यह बतलाया है कि इस ताम्रपत्र मे उल्लिखित प्रभाचन्द्र पुष्पनन्दि के शिष्य थे और पुष्पनन्दि कुन्दकुन्द की परम्परा के तोरणाचार्य के शिष्य थे अर्थात् ई० सन् ७६७ मे प्रभाचन्द्र और उनके पूर्व लगभग १२० वर्ष मे तोरणाचार्य हुए होगे। इससे निष्कर्ष निकलता है कि ई० सन् ५२८ मे कुन्दकुन्द हुए होगे।

इस तथ्य की पुष्टि के लिए उन्होने 'पञ्चास्तिकाय' ग्रन्थ की बालचन्द्र और जयचन्द्र की टीका मे उल्लिखित शिवकुमार महाराज को उपस्थित किया है। आचार्य ने शिव कुमार महाराज को उपदेश देने के लिए इस ग्रन्थ की रचना की है। यह शिवकुमार सम्भवत. ई० सन् ५८८ में होनेवाला कदम्बवंशीय शिवमृग वर्मन से अभिन्न है। अत. डॉ० पाठक कुन्दकुन्द का समय ई० सन् ५८८ के लगभग मानते हैं।

---

१. सद्दवियारो हूओ भासा—सुत्तेसु ज जिणे कहिय।
सो तह कहिय णाय सीसेण य भद्दबाहुस्स ॥ ६१ ॥—बोहपाहुड

४. चक्रवर्ती का मत—इनके मतानुसार थिरुकुरल नामक तमिल ग्रन्थ के रचयिता एलाचार्य द्रविडदेशीय कुन्दकुन्द से अभिन्न है। इनका समय ईस्वी प्रथम सदी है। चक्रवर्ती जी ने अपने कथन के समर्थन मे डॉ० पाठक के मत का खण्डन करते हुए लिखा है कि शिवकुमार कादम्बवशीय शिवमृग वर्मन से अभिन्न है। अपितु यह शिवकुमार दक्षिभारत के पल्लववंशीय शिवस्कन्दवर्मन ही है। यह राजा काञ्जीवरम् मे ई० सन् प्रथम शती मे है। इसने जनधर्म को आश्रय भी दिया था। अत कुन्दकुन्द का समय ई० प्रथम शताब्दी है।

५ मुख्तार सा० का अभिमत—श्री जुगलकिशोर मुख्तार सा० ने हॉर्नले आदि के द्वारा पट्टावलियो के आधार पर जो मत स्थिर किये, उनका निरसन करते हुए लिखा है कि परस्पर विरोधी होने के कारण वे सभी मत सदोष है। डॉ० पाठक का मत तो किसी भी प्रकार विश्वास करने के योग्य नहीं है। इस मत को मान लेने मे सभी आचार्यो के समय निर्धारण मे कठिनाई उपस्थित हो जायगी। चक्रवर्ती ने कुन्दकुन्द को एलाचार्य से अभिन्न माना है, पर मुख्तार सा० एलाचार्य को कुन्दकुन्द की परम्परा मे पृथक् रूप से स्वीकार करते है। इन्होंने प्रेमीजी द्वारा निर्धारित काल (१५६ ई० के बाद) पर विशेषरूप मे विचार किया है।

कुन्दकुन्द ने 'बोहपाहुड' मे अपने को भद्रबाहु का शिष्य लिखा है। यह भद्रबाहु द्वितीय भद्रबाहु है, जिनका समय वीर निर्वाण स० ५८९–६१२ के मध्य है। अत स्पष्ट है कि 'कुन्दकुन्द' वीर निर्वाण स ६०८-६९२ के बीच अर्थात् ई० ८१–१६५ के बाद हुए है।

डा० उपाध्ये ने उपर्युक्त सभी विद्वानों के मतों का आलोडन कर निम्न निष्कर्ष उपस्थित किया है—

१ कुन्दकुन्द के पूर्व दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदाय बन गये थे। उनके ग्रन्थों में श्वेताम्बरो पर आक्षेप उपलब्ध है।

२ डा० उपाध्ये कुन्दकुन्द द्वारा उल्लिखित भद्रबाहु को प्रथम भद्रबाहु ही मानते है।

३ श्रुतावतार के आधार पर कुन्दकुन्दपुर के पद्मनन्दि ने कर्म और कषाय प्राभृत विषयक ज्ञान प्राप्त करके षट्खण्डागम के आधे भाग पर टीका लिखी। यह पद्मनन्दि कुन्दकुन्द से अभिन्न है, क्योंकि कुन्दकुन्द के पूर्व के साहित्य मे इसका उल्लेख नहीं है।

षट्खण्डागम की परिकर्म नामक टीका, जिसके कर्ता कुन्दकुन्द माने जाते है, कुन्दकुन्द के शिष्य कुन्दकीर्ति द्वारा लिखित होगी। विबुध श्रीधर ने भी ऐसा कहा है।

जयसेन और बालचन्द्र टीका के अनुसार कुन्दकुन्द किसी शिवकुमार महाराज के समकालीन थे, इस बात को डा० उपाध्ये स्वीकार नहीं करते। यत. कुन्दकुन्द ने न तो स्वय ही इस व्यक्ति का उल्लेख किया है और न टीकाकार अमृतचन्द्र सूरि ने ही।

शिवकुमार के व्यक्तित्व का आभास प्रवचनसार की टीका के आरम्भ मे प्राप्त होता है। अत शिवकुमार की घटना को यदि ऐतिहासिक मान भी लिया जाय तो यह शिवकुमार कदम्बवशीय न होकर पल्लववशीय रहा होगा।

तमिल कुरलकाव्य का रचयिता कुन्दकुन्द को तभी माना जा सकता है, जब कुन्दकुन्द का दूसरा नाम एलाचार्य मान लिया जाय। यद्यपि नन्दिसघ की गुर्वावलि मे कुन्दकुन्द के पाँच नामो का उल्लेख पाया जाता है, तथा इन नामो मे एलाचार्य भी एक नाम है, तो भी सुदृढ प्रमाण के अभाव मे उक्त निष्कर्ष के स्वीकार करने मे हिचक होती है।

अतएव उपर्युक्त प्रमाणो के प्रकाश मे कुन्दकुन्द के समय के सम्बन्ध मे यह निष्कर्ष निकलता है कि परम्परानुसार ई० पू० प्रथम शती के उत्तरार्ध और ई० सन् की प्रथम शती के पूर्वार्ध मे कुन्दकुन्द हुए होगे। यदि षट्खण्डागम की समाप्ति कुन्दकुन्द के पूर्व मान ली जाय तो उनका समय ई० सन् दूसरी शती है। कुन्दकुन्द का पल्लव नरेश शिवस्कन्द के समकालीन होना और कुरलकाव्य के रचयिता के रूप मे स्वीकार करना उन्हे ई० सन् की द्वितीय शती का निश्चित करता है।

डा० उपाध्ये ने अन्तिम निष्कर्ष निकालते हुए लिखा है कि कुन्दकुन्द का समय ई० सन् का प्रारम्भ है। परम्परा के अनुसार भी ई० पू० ८ से ई० सन् ४४ तक कुन्दकुन्द का समय माना जाता है। अतएव ई० सन् की द्वितीय शती के अनन्तर कुन्दकुन्द का काल कभी नही माना जा सकता है[1]।

कुन्दकुन्द की रचनाएँ— प्राकृत साहित्य के रचयिताओ मे कुन्दकुन्द आचार्य का मूर्धन्य स्थान है। इनकी सभी रचनाएँ शौरसेनी प्राकृत मे है (१) प्रवचनसार, (२) समयसार (३) पञ्चास्तिकाय ये तीन ग्रन्थ विशाल है और जैनधर्म के तत्त्वज्ञान को समझने मे कुञ्जी है। शेष रचनाओ का भी अध्यात्म विषय की दृष्टि मे महत्त्व है।

प्रवचनसार—यह ग्रन्थ अमृतचन्द्र सूरि और जयसेनाचार्य की सस्कृत टीकाओ सहित रायचन्द्र जैन शास्त्र माला बम्बई से प्रकाशित है। इसमे तीन अधिकार है ज्ञान, ज्ञेय और चारित्र। ज्ञानाधिकार मे आत्मा और ज्ञान का एकत्व और अन्यत्व, सर्वज्ञ की सिद्धि, इन्द्रिय और अतीन्द्रिय सुख, शुभ, अशुभ और शुद्धोपयोग तथा मोहक्षय आदि का प्ररूपण है। ज्ञेयाधिकार मे द्रव्य, गुण, पर्याय का स्वरूप, सप्तभगी, ज्ञान, कर्म और कर्मफल का स्वरूप मूर्त और अमूर्त द्रव्यो के गुण, कालादि के गुण और पर्याय, प्राण, शुभ और अशुभ उपयोग, जीव का लक्षण, जीव और पुद्गल का सम्बन्ध; निश्चय और व्यवहार का अविरोध और शुद्धात्मा आदि का प्रतिपादन है। चारित्र अधिकार में श्रामण्य के चिह्न, छेदोपस्थापक श्रमण, छेद का स्वरूप, युक्त आहार, उत्सर्ग और अपवाद मार्ग, आगम ज्ञान का लक्षण, मोक्षतत्त्व आदि का कथन किया है।

१. प्रवचनसार, परमश्रुत प्रभावक मण्डल बम्बई, १९३५-ई०, प्रस्तावना, पृ० १०–२५

अमृतचन्द्र आचार्य की टीका के अनुसार इसकी गाथा सख्या २७५ है और जयसेन की टीका के अनुसार ३१७ है। ये बढ़ी हुई गाथाएँ निम्न तीन वर्गों मे विभक्त की जा सकती है :—

(१) नमस्कारात्मक ।

(२) व्याख्यान विस्तार विषयक ।

(३) अपर विषय विज्ञापनात्मक ।

प्रथम दो विषयो की गाथाएँ इस प्रकार की तटस्थ है, जिनका अभाव खटकता नही है। उनके रहने पर भी प्रवचनसार के विषय मे किसी प्रकार की वृद्धि नही होती। तृतीय विभाग की १८ गाथाएँ विचारणीय है। ये गाथाएँ निर्ग्रन्थ साधुओ के लिए वस्त्र, पात्रादि का तथा स्त्रियो के लिए मुक्ति का निषेध करती है। इन गाथाओ के विषय यद्यपि कुन्दकुन्द के अन्य ग्रन्थो के विपरीत नही है, पर श्वेताम्बर सम्प्रदाय के विरुद्ध अवश्य है। अत अमृतचन्द्राचार्य के द्वारा इनके छोड जाने के सम्बन्ध मे डा० उपाध्ये का कथन है "अमृतचन्द्र इतने आध्यात्मिक व्यक्ति थे कि वे साम्प्रदायिक वाद-विवाद मे पडना नही चाहते थे, अत इस बात की इच्छा रखते थे कि उनकी टीका सक्षिप्त एव तीक्ष्ण साम्प्रदायिक आक्रमणो का लोप करती हुई कुन्दकुन्द के अति उदात्त उद्गारो के साथ सभी सम्प्रदायो का स्वीकृत हो।

पर डा० उपाध्ये का उक्त कथन हमे पूर्णतया उचित नही जँचता है। क्योंकि अमृतचन्द्र ने तत्त्वार्थसूत्र के पद्यवार्तिक मे लिखा है—

> सग्रन्थोऽपि च निर्ग्रन्थो ग्रास हारी च केवली ।
> रुचिरेव विधा यत्र विपरीत हि तत्स्मृतम् ।।—५-६

अत इसका कारण हमारी दृष्टि मे कुछ और होना चाहिए।

२. **समयसार**[1] यह सर्वोत्कृष्ट आध्यात्मिक ग्रन्थ है। समय शब्द के दो अर्थ है—समस्त पदार्थ और आत्मा। जिस ग्रन्थ मे समस्त पदार्थों अथवा आत्मा का सार वर्णित हो, वह समयसार है। यह भेद विज्ञान का निरूपण करता है। अनेक पदार्थों को स्व-स्व लक्षणो से पृथक् पृथक् नियत कर देना और उनमे से उपादेय पदार्थ को लक्षित और उसमे अन्य समस्त पदार्थो को उपाक्षन कर देने को भेद विज्ञान कहा जाता है। यह ग्रन्थ दस अधिकारो मे विभक्त है—

प्रथम जीवाजीवाधिकार मे स्वसमय, परसमय, शुद्धनय, आत्मभावना और सम्यक्त्व का प्ररूपण है। जीव को काम, भोग विषयक बन्ध कथा ही सुलभ है, किन्तु आत्मा का

१ इस ग्रन्थ के कई सस्करण उपलब्ध है, अग्रेजी टीका सहित—भारतीय ज्ञानपीठ काशी से प्रकाशित है।

एकत्व दुर्लभ है। एकत्व विभक्त आत्मा को निजानुभूति द्वारा ही जाना जाता है। जीव प्रमत्त-अप्रमत्त दोनो दशाओं से पृथक् ज्ञायक भाव मात्र है। ज्ञानी के दर्शन-ज्ञान-चरित्र व्यवहार से कहे जाते है, निश्चय से नही। निश्चय से ज्ञानी एक शुद्ध ज्ञायक मात्र ही है। इस अधिकार मे व्यवहार नय को अभूतार्थ और निश्चय को भूतार्थ कहा है। दूसरे कर्तृकर्माधिकार मे आस्रव बन्ध आदि की पर्यायाओ का विवेचन किया गया है। आत्मा के मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति ये तीन परिणाम अनादि है जब इन तीन प्रकार के परिणाम का कर्तृत्व होता है, तब पुद्गल द्रव्य स्वय कर्मरूप परिणमन करता है। पर-द्रव्य के भाव का जीव कभी भी कर्त्ता नहीं है। तीसरे पुण्यपाप अधिकार मे शुभाशुभ कर्म के स्वभाव वर्णित है। अज्ञान पूर्वक किये गये व्रत, नियम, शील और तप मोक्ष का कारण नही है। जीवादि पदार्थों का श्रद्धान, उनका अधिगम और रागादि भाव का त्याग मोक्ष का मार्ग बतलाया है। चौथे आस्रवाधिकार मे मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद योग, और कषाय आस्रव के कारण है। वस्तुत राग-द्वेष-मोहरूप परिणाम ही आस्रव है। ज्ञानी के आस्रव का अभाव रहता है, यत राग-द्वेष-मोहरूप परिणाम के उत्पन्न न होने से आस्रव प्रत्ययो का अभाव कहा जाता है। पाँचवे सवर अधिकार मे सवर का मूल भेद-विज्ञान बताया है। इस अधिकार म सवर के क्रम का भी वर्णन है। छठवें निर्जराधिकार मे द्रव्य-भाव रूप निर्जरा का विस्तार पूर्वक निरूपण किया है। ज्ञानी व्यक्ति कर्मो के बीच रहने पर भी कर्मों से लिप्त नही होता है, पर अज्ञानी कर्मरज से लिप्त रहता है। सातवे बन्धाधिकार मे बन्ध के कारण रागादि का विवेचन किया है। आठवें मोक्षाधिकार म मोक्ष का स्वरूप और नवे सर्वविशुद्ध ज्ञानाधिकार मे आत्मा का विशुद्ध ज्ञान की दृष्टि से अकर्तृत्व आदि सिद्ध किया है। अन्तिम दसवें अधिकार मे स्याद्वाद की दृष्टि से आत्म स्वरूप का विवेचन किया गया है।

आचार्य अमृतचन्द्र के टीकानुसार ४१५ गथाएं और जयसेनाचार्य की टीका के अनुसार ४३९ गाथाएँ है। शुद्ध आत्मा का इतना सुन्दर और व्यवस्थित विवेचन अन्यत्र दुर्लभ है। इस ग्रन्थ की तुलना उपनिषद् साहित्य से की जा सकती है।

३ **पञ्चास्तिकाय**[1]—इस ग्रन्थ मे कालद्रव्य से भिन्न जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म और आकाश इन पाँच अस्तिकायो का निरूपण किया गया है। बहुप्रदेशी द्रव्य को आचार्य ने अस्तिकाय कहा है। द्रव्य लक्षण, द्रव्य के भेद, सप्तभगी, गुण, पर्याय, कालद्रव्य एव सत्ता का बहुत सुन्दर प्रतिपादन किया है। यह ग्रन्थ दो अधिकारो में विभक्त है। प्रथम अधिकार मे द्रव्य, गुण और पर्यायो का विवेचन है और द्वितीय

---

१ इसके कई सस्करण प्रकाशित है, अंग्रेजी टीका के साथ आरा जैन पब्लिसिग हाउस का संस्करण प्रसिद्ध है।

अधिकार मे पुण्य, पाप, जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, सवर, निर्जरा एव मोक्ष इन सात पदार्थों के साथ मोक्षमार्ग का निरूपण किया है।

इसमें अमृतचन्द्राचार्य की टीका के अनुसार १७३ गाथाएँ और जयसेनाचार्य के अनुसार १८१ गाथाएँ है। द्रव्य के स्वरूप को अवगत करने के लिए यह ग्रन्थ बहुत उपयोगी है।

४. नियमसार—आध्यात्मिक दृष्टि से यह ग्रन्थ महत्वपूर्ण है। इसमे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र को नियम—मोक्ष प्राप्ति का मार्ग कहा है। अतएव सम्यग्दर्शनादि का स्वरूप कथन करते हुए उसके अनुष्ठान करने एव मिथ्यादर्शनादि के त्याग का विधान किया है। इस पर पद्मप्रभ मलधारि देव की सस्कृत टीका भी उपलब्ध है।

५. बारस अणुवेक्खा (द्वादशानुप्रेक्षा)—इसमे अध्रुव, अनित्य, अशरण, एकत्व, अन्यत्व, ससार, लोक, अशुचित्व, आस्रव, सवर, निर्जरा, धर्म और बोधि दुर्लभ इन बारह भावनाओं का ९१ गाथाओं मे वर्णन है।

६. दसणपाहुड—इसमे धर्म के मूल सम्यग्दर्शन का ३६ गाथाओं मे विवेचन किया गया है। सम्यग्दर्शन से भ्रष्ट व्यक्ति का निर्वाण प्राप्त नहीं हो सकता है।

७. चारित्तपाहुड—सम्यक् चारित्र का निरूपण ४४ गाथाओं मे किया गया है। सम्यक् चारित्र के दो भेद किये है—सम्यक्त्वचरण और सयमचरण। सयमचरण के सागार और अनगार, इन दो भेदो द्वारा श्रावक और मुनिधर्म का सक्षेप मे निर्देश किया है।

८. सुत्तपाहुड—२७ गाथाओं मे आगम का महत्त्व बतलाते हुए उसके अनुसार चलने की शिक्षा दी गयी है।

९. बोहपाहुड—६२ गाथाएँ है। इनमे आयतन, चैत्यगृह, जिनप्रतिमा, दर्शन, जिनबिम्ब, जिनमुद्रा, आत्मज्ञान, देव, तीर्थ, अर्हन्त और प्रव्रज्या इन ग्यारह बातो का बोध दिया गया है।

१०. भावपाहुड—१६३ गाथाओं मे चित्तशुद्धि की महत्ता का वर्णन किया है। बताया है कि परिणाम शुद्धि के बिना ससार-परिभ्रमण नहीं रुक सकता है और न बिना भाव के कोई पुरुषार्थ ही सिद्ध होता है। इसमे कर्म की अनेक महत्वपूर्ण बातो का विवेचन है।

११. मोक्खपाहुड—इस ग्रन्थ मे १०६ गाथाओं मे मोक्ष के स्वरूप का निरूपण किया गया है। आत्मा के बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा इन तीनो भेदो का स्वरूप समझाया है। मोक्ष—परमात्मपद की प्राप्ति किस प्रकार होती है, इसका निर्देश किया है।

१२. **लिंगपाहुड**—२२ गाथाएँ है। श्रमणलिङ्ग को लक्ष्य कर मुनिधर्म का निरूपण किया गया है।

१३. **सीलपाहुड**—४० गाथाएँ हैं। शील ही विषयासक्ति को दूर कर मोक्ष प्राप्ति मे सहायक होता है। जीवदया, इन्द्रियदमन, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, सन्तोष, सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और तप को शील के अन्तर्गत परिगणित किया है।

१४. **रयणसार**—इस ग्रन्थ मे रत्नत्रय का विवेचन है। १६७ पद्य है, और किसी-किसी प्रति मे १५५ पद्य भी मिलते है। गृहस्थ और मुनियो को रत्नत्रय का पालन किस प्रकार करना चाहिए, यह इसमे वर्णित है। डा० ए० एन० उपाध्ये इस ग्रन्थ को गाथाविभेद, विचार पुनरावृत्ति, अपभ्रंश पद्यो की उपलब्धि एव गण-गच्छादि के उल्लेख मिलने से कुन्दकुन्द के होने मे आशका प्रकट करते है। वस्तुत हमे भी यह रचना कुन्दकुन्द की प्रतीत नही होती है।

१५. **सिद्ध-भक्ति**—१२ गाथाओ मे सिद्धो क गुण, भेद, सुख, स्थान, आकृति और सिद्धि मार्ग का निरूपण किया गया है।

१६. **श्रुत-भक्ति**—११ गाथाएँ है और श्रुतज्ञान का स्वरूप स्तुतिरूप मे वर्णित है।

१७. **चारित्र-भक्ति**—१० अनुष्टुप छन्द है। पाँच चारित्रो का वर्णन है।

१८. **योगि-भक्ति**—२३ गाथाओ मे योगियो की अनेक अवस्थाओ का वर्णन है।

१८ **आचार्य-भक्ति**—१० गाथाओ मे आचार्य के गुणो का निरूपण है।

२०. **निर्वाण-भक्ति**—२७ गाथाओ मे निर्वाण का स्वरूप, निर्वाण प्राप्त तीर्थंकरो की स्तुति की गयी है।

२१. **पचगुरुभक्ति**—७ पद्यो मे पञ्चपरमेष्ठी की स्तुति की गयी है।

२३. **कोस्सामि थुदि**—८ गाथाओ मे तीर्थंकरो की नामोल्लेख पूर्वक स्तुति वर्णित है।

निस्सन्देह प्राकृत आगम ग्रन्थो के रचयिताओ मे कुन्दकुन्द का महत्त्वपूर्ण स्थान है।

यतिवृषभ और उनका साहित्य

करणानुयोग सम्बन्धी साहित्य निर्माताओ मे आचार्य यतिवृषभ का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इन्द्रनन्दि ने अपने श्रुतावतार मे कषाय प्राभृत नामक द्वितीय श्रुतस्कन्ध के चूर्णि सूत्रो का इन्हे कर्त्ता बताया है। लिखा है कि[1] गुणधर आचार्य ने कषाय प्राभृत का जिन

1 पार्श्वे तयोरप्यधीत्य सूत्राणि तानि यतिवृषभ ।
यतिवृषभ नामधेयो बभूव शास्त्रार्थनिपुणमति. ॥
तेन ततो यतिपतिना तद्गाथा वृत्तिसूत्ररूपेण ।
रचितानि षट्सहस्रग्रन्थान्यथ चूर्णि सूत्राणि ॥ श्रुतावतार श्लो० १५५-५६

नागहस्ति और आर्यमक्षु मुनियो के लिए व्याख्यान किया था, उन दोनो के पास यतिवृषभ नामक श्रेष्ठ यति ने उसे पढा और उस पर छह हजार श्लोक परिमाण चूर्णि-सूत्र रचे। जयधवला टीका मे "सो विनिसुत्तकत्ता जइवसहो मे वरं देउ।" कहकर इन्हे आर्यमक्षु और नागहस्ति का शिष्य कहा है।

यतिवृषभ का समय श्री पं० नाथूराम प्रेमी ने अनेक प्रमाणो के आधार पर शक सवत् ३६५ माना है और तिलोय पण्णत्ति का रचनाकाल शक सवत् ४०५ (वि० स० ५४०) लगभग माना है। श्री प० जुगलकिशोर मुख्तार ने यतिवृषभ और कुन्दकुन्द के समय की आलोचना करते हुए कुन्दकुन्द का यतिवृषभ से पूर्ववर्त्ती सिद्ध किया है। आर्यमक्षु और नागहस्ति के समय पर विचार करते हुए श्वेताम्बर परम्परानुसार उन दोनो के समय मे पर्याप्त अन्तर सिद्ध किया है।

यतिवृषभ की रचनाओं मे चूर्णि सूत्रो के अतिरिक्त तिलोयपण्णत्ति[1] नामक ग्रन्थ उपलब्ध है। ग्रन्थ के अन्तिम भाग मे बताया गया है कि—अट्ठसहस्सपमाण तिलोयपण्णत्तिणामाए" अर्थात् आठ हजार श्लोक प्रमाण मे इस ग्रन्थ की रचना की गयी है।

तिलोयपण्णत्ति मे तीन लोक के स्वरूप, आकार, प्रकार, विस्तार, क्षेत्रफल और युगपरिवर्तनादि विषय का निरूपण किया है। प्रसगवश जैनसिद्धान्त, पुराण और भारतीय इतिहास विषयक सामग्री भी निरूपित है। यह ग्रन्थ नौ महा-अधिकारो मे विभक्त है— (१) सामान्य जगत्स्वरूप (२) नारकलोक (३) भवनवासिलोक (४) मनुष्यलोक (६) व्यन्तरलोक (७) ज्योतिर्लोक (८) सुरलोक और (९) सिद्धलोक। अवान्तर अधिकारो की सख्या १८० है। द्वितीयादि महाधिकारो के अवान्तर अधिकार क्रमश १५, २४, १६, १६, १७, १७, २१, ५ और १३ है। चतुर्थ महाधिकार के जम्बूद्वीप, धातकीखण्ड द्वीप और पुष्कर द्वीप नामके अवान्तर अधिकारो के पुन सोलह-सोलह अवान्तर अधिकार है। इस प्रकार इस ग्रन्थ मे विषय का बहुत ही विस्तृत रूप मे निरूपण किया गया है।

इस ग्रन्थ मे भूगोल और खगोल का विस्तृत निरूपण है। प्रथम महाधिकार मे २८३ गाथाएँ है और तीन गद्य भाग है। इस अधिकार मे अठारह प्रकार की महाभाषाएँ और सात सौ प्रकार की क्षुद्र भाषाएँ उल्लिखित है। राजगृह के विपुल, ऋषिशैल, वैभार, छिन्न और पाण्डु नामके पाँच शैलो का उल्लेख है। दृष्टिवाद सूत्र के आधार पर त्रिलोक की मोटाई, चौडाई और ऊँचाई का निरूपण किया है। दूसरे महाधिकार में ३६७ गाथाएँ हैं, जिनमे नरक लोक के स्वरूप का वर्णन है। तीसरे महाधिकार मे

१. डॉ० ए० एन० उपाध्ये और डॉ० हीरालाल जैन द्वारा सम्पादित जीवराज जैन ग्रन्थमाला शोलापुर से सन् १९४३ और सन् १९५१ मे दो भागो मे प्रकाशित है।

२४३ गाथाएँ हैं। इनमे भवनवासी देवो के प्रासादो मे जन्मशाला, अभिषेकशाला, भूषणशाला, मैथुनशाला, ओलगसाला—परिचर्या गृह और मन्त्रशाला आदि शालाओ तथा सामान्यगृह, गर्भगृह, कदलीगृह, चित्रगृह, आसनगृह, नादगृह एव लतागृह आदि का वर्णन है। अश्वस्थ, सप्तपर्ण, शाल्मलि, जबू, वेतस, कदम्ब, प्रियगु, शिरीष, पलाश और राजद्रुम नाम के दस चैत्यवृक्षो का उल्लेख है। चौथे महाधिकार मे २९६१ गाथाएँ है। इसमे मनुष्य लोक का वर्णन करते हुए विजयार्ध के उत्तर और दक्षिण अवस्थित नगरियो का उल्लेख है। आठ मगलद्रव्यो मे भृगार, कलश, दर्पण, व्यञ्जन, ध्वजा, छत्र, चमर और सुप्रतिष्ठ के नाम आये है। भोगभूमि मे स्थित दस कल्पवृक्ष, नर-नारियो के आभूषण, तीर्थंकरो की जन्मभूमि, नक्षत्र, आदि का निर्देश किया गया है। बताया गया है कि नेमि, मल्लि, महावीर, वासुपूज्य और पार्श्वनाथ कुमारवस्था मे और शेष तीर्थंकर राज्य के अन्त मे दीक्षित हुए है। समवशरण का ३० अधिकारो मे विस्तृत वर्णन है। पाँचवें महाधिकार मे ३२१ गाथाएँ है, इसमे गद्यभाग भी है। इसमे जम्बूद्वीप, लवणसमुद्र, धातकीखण्ड, कालोदसमुद्र, पुष्करवर द्वीप आदि का विस्तार सहित वर्णन है। छठवे महाधिकार मे १०३ गाथाएँ है, जिनमे १७ अन्तराधिकारो द्वारा व्यन्तरदेवो के निवास क्षेत्र, उनके भेद, चिन्ह, उत्सेध, अवधिज्ञान आदि का वर्णन है। सातवे महाधिकार मे ६१९ गाथाएँ है, जिनमे ज्योतिषी देवो का वर्णन है। आठवे महाधिकार मे ७०३ गाथाएँ है, जिनमे वैमानिक देवो का विस्तृत कथन है। नौवें महाधिकार मे सिद्धो के क्षेत्र, उनकी सख्या, अवगाहना और सुख का प्ररूपण है। जहाँ-तहाँ सूक्तियाँ भी पायी जाती है —

अन्धो णिवडइ कूवे बहिरो ण सुणेदि साधु उवदेसं।
पेच्छंतो णिसुणतो णिरए जं पडइ तं चोज्जं॥

अन्ध कूप मे गिर जाता है और बहरा साधु का उपदेश नही सुनता है, यह आश्चर्य की बात नही है। आश्चर्य इस बात का है कि जीव देखता और सुनता हुआ नरक मे जा पडता है।

श्री प० फूलचन्द्र जी सिद्धान्ताचार्य उपलब्ध तिलोयपण्णत्ति को यतिवृषभ की प्राचीन कृति नही मानते है, उन्होने जैन सिद्धान्त भास्कर के ११ वे भाग की पहली किरण मे एक निबन्ध लिखा है, जिसमे तिलोयपण्णत्ति को वि० स० ८७३ के अनन्तर की रचना माना है और उसके कर्त्ता भी यतिवृषभ को नही स्वीकार किया है। श्री प० जुगलकिशोर मुख्तार ने उक्त पडित जी के प्रमाणो पर पर्याप्त ऊहा-पोह कर यह निष्कर्ष निकाला है कि तिलोयपण्णत्ति प्राचीन रचना ही है। ग्रन्थ के ज्योतिष और गणित सम्बन्धी सूत्रो से तो यह स्पष्ट हो जाता है कि वे प्राचीन परम्परा प्राप्त हैं, उनका अस्तित्व ई० सन् की

प्रथम शताब्दी मे भी वर्तमान था। अत हम भी पडित जी के उस विचार से सहमत नही है। वस्तुत यह ग्रन्थ विक्रम सवत् ५ वी शती से पूर्व ही रचा गया है।

वट्टकेर और उनका साहित्य

आचार्य वट्टकेर के गण और गच्छ के सम्बन्ध मे निश्चित जानकारी उपलब्ध नही है। पर इतना सत्य है कि ये प्राचीन आचार्य है। श्री प० जुगलकिशोर मुख्तार ने लिखा है कि "वट्टक का अर्थ वर्तक-प्रवर्तक है, 'इर' गिरा वाणी सरस्वती को कहते हैं, जिसकी वाणी प्रवर्तिका हो—जनता को सदाचार एव सन्मार्ग मे लगाने वाली हो—उसे 'वट्टकेर' समझना चाहिए। दूसरे, वट्टको-प्रवर्तको मे जो इरि-गिरि-प्रधान-प्रतिष्ठित हो अथवा ईरि समर्थ शक्तिशाली हो, उसे वट्टकेरि जानना चाहिए। तीसरे वट्ट नाम वर्तन-आचरण का है और 'ईरक' प्रेरक तथा प्रवर्तक को कहते है, सदाचार मे जो प्रवृत्ति करने वाला हो, उसका नाम वट्टकेर है।"[1] इस प्रकार मुख्तार साहब ने वट्टकेर का अर्थ प्रवर्तक, प्रधान पद प्रतिष्ठित अथवा श्रेष्ठ आचारनिष्ठ किया है और इस कुन्दकुन्दाचार्य का विशेषण बताया है। अत इनके मत से कुन्दकुन्द ही वट्टकेर है।

श्री प० नाथूराम प्रेमी ने दक्षिण भारत मे बेट्टगेरि या बेट्टकेरी नाम के ग्राम तथा स्थानो के पाये जाने से मूलाचार के कर्त्ता को बेट्टगेरि या बेट्टकेरी ग्राम का रहनेवाला बताया है। जिस प्रकार कोण्डकुन्द के रहनेवाले होने से कुन्दकुन्द नाम प्रसिद्ध हुआ, उसी प्रकार वेट्टकेरि के रहनेवाले होने से मूलाचार के कर्त्ता भी 'वट्टकेर' कहलाये।[2]

इसमे सन्देह नही कि वट्टकेर एक स्वतन्त्र आचार्य हैं और ये कुन्दकुन्दचार्य से भिन्न है। विषय निरूपण कुन्दकुन्द के अनुसार होने पर भी भाषा की दृष्टि से मूलाचार मे कई भिन्नताएँ है। अत मूलाचार कुन्दकुन्द की रचना नही है। वट्टकेर का समय अनुमानत कुन्दकुन्द के पश्चात् मानना उचित है।

मूलाचार मे मुनियो के आचार का निरूपण है। इसकी अनेक गाथाएँ आवश्यक निर्युक्ति, पिण्डनिर्युक्ति, भत्तपइण्णा, और मरण समाही आदि श्वेताम्बर ग्रन्थो मे मिलती है।[3]

१. जैन साहित्य और इतिहास पर विशद प्रकाश, वीरसेवा मन्दिर, सरसावा, पृ० १००।

२ जैनसिद्धान्त भास्कर भाग १२ किरण १ पृ० ३८-३९।

३ विशेष के लिए देखें—डॉ० ए० एम० घाटगे का दशवैकालिक निर्युक्ति, लेख—सन् १९३५ की इण्डियन हिस्टोरिकल क्वार्टर्ली। इसमे मूलाचार की तुलना दशवैकालिक निर्युक्ति के साथ की गयी है।

इस ग्रन्थ में १२ अधिकार और १२५२ गाथाएँ हैं। पहले मूलगुणाधिकार में पाँच महाव्रत, पाँच समिति, पाँच इन्द्रियों का निरोध, छह आवश्यक, केशलुञ्च, अचेलकत्व, अस्नान, क्षितिशयन, अदन्त-धावन, स्थिति-भोजन और एकबार भोजन इस प्रकार २८ मूल गुणो का निरूपण किया है। बृहत्प्रत्याख्यान संस्तव अधिकार में क्षपक को समस्त पापों का त्याग कर मृत्यु के समय में दर्शनाराधना आदि चार आराधनाओ में स्थिर रहने और क्षुधादि परीषहो को जीतकर निष्कषाय होने का कथन किया है। संक्षेप में प्रत्याख्यानाधिकार में सिंह, व्याघ्र आदि के द्वारा आकस्मिक मृत्यु उपस्थित होने पर कषाय और आहार का त्याग कर समताभाव धारण करने का निर्देश किया है। सम्यक् आचाराधिकार मे दस प्रकार के आचारो का वर्णन है। आर्यिकाओ के लिए भी विशेष नियम वर्णित हैं। पंचाचाराधिकार में दर्शनाचार, ज्ञानाचार आदि पाँच आचार और उसके भेदो का विस्तार सहित वर्णन है। लोकादि मूढताओ मे प्रसिद्ध होनेवालों के उदाहरण भी प्रस्तुत किये गये है। स्वाध्याय सम्बन्धी नियमो में आगम और सूत्र ग्रन्थों के स्वरूप भी बतलाये गये है। पिण्डशुद्धि अधिकार मे मुनियो के आहार सम्बन्धी नियमो का विवेचन है। षडावश्यक अधिकार मे सामायिक आदि छह आवश्यको का नाम आदि निक्षेपो द्वारा प्ररूपण किया है। कृति कर्म और कायोत्सर्ग के दोषो का भी वर्णन है। अनगार भावनाधिकार में लिङ्ग, व्रत, वसति, विहार, भिक्षा, ज्ञान, शरीर, सस्कार-त्याग, वाक्य, तप और ध्यान सम्बन्धी शुद्धियो का पालन करनेवाले ही मोक्ष प्राप्त करते है, का निर्देश है। समयसाराधिकार मे शास्त्र के सार का प्रतिपादन करते हुए चारित्र को सर्वश्रेष्ठ कहा है। द्वादश अनुप्रेक्षा अधिकार मे अनित्य, अशरण आदि द्वादश भावनाओ का स्वरूप वर्णित है। पर्याप्ति अधिकार मे छह पर्याप्तियो का निरूपण है। पर्याप्ति के सज्ञा, लक्षण, स्वामित्व, सख्यापरिमाण, निर्वृत्ति और स्थितिकाल से छह भेद किये है। शील गुण नामक अधिकार में शील के अठारह हजार भेदो का निरूपण किया है।

यह ग्रन्थ आगम विषय को समझने और विशेषत: मुनियो के आचार को जानने के लिए अत्यन्त उपयोगी है। भाषा और विषय दोनो ही प्राचीन हैं।

शिवार्य और उनकी भगवती आराधना

भगवती आराधना एक प्राचीन ग्रन्थ है। इसके रचयिता आचार्य शिवार्य हैं। ग्रन्थ के अन्त[1] में आयी हुई प्रशस्ति से अवगत होता है कि आर्य जिननन्दि गणि, आर्य सर्वगुप्त

१ अज्जजिणणंदिगणि अज्जमित्तणंदीण।
अवगमियपायमूले सम्मं सुत्तं च अत्थं च ॥ २१६१ ॥
पुव्वायरियणिबद्धा उपजीवित्ता इमा ससत्तीए।
आराहणा सिवज्जेण पाणिदलभोइणा रइदा ॥ २१६२ ॥

गणि और आर्य मित्रनन्दि गणि के चरणो मे अच्छी तरह सूत्र और उनका अर्थ समझ कर तथा पूर्वाचार्यों की रचना को उपजीव्य बनाकर 'पाणितल भोजी', शिवार्य ने इस ग्रन्थ की रचना की।

प्रशस्ति में जिन तीन गुरुओ का नाम आया है, उनके पूर्व आर्य विशेषण है। इससे ज्ञात होता है कि इनके नाम मे भी आर्य शब्द विशेषण ही है। इसी कारण श्री प्रेमी जी ने अनुमान किया था कि आर्य शिवनन्दि, शिवगुप्त, शिवकोटि या ऐसा ही कुछ नाम रहा होगा, जो सक्षेप मे शिव हो गया है।

शिवकोटि का पुरातन उल्लेख जिनसेन के आदिपुराण मे पाया जाता है। राजाबलि कथे एव आराधना कथाकोष मे समन्तभद्र के शिष्य शिवकोटि का उल्लेख मिलता है, पर आदिपुराण के उल्लेख के आधार पर उन्हे समन्तभद्र का शिष्य नही माना जा सकता है। कवि हस्तिमल्ल ने विक्रान्त कौरव मे समन्तभद्र के शिवकोटि और शिवायन दो शिष्य बतलाये है और उन्ही के अन्वय मे वीरसेन, जिनसेन को बताया है। शिवार्य का समय विक्रम की तीसरी शती है। यह भी सभव है कि कुन्दकुन्द के कुछ ही समय पश्चात् इनका जन्म हुआ हो। ये यापनीय सघ के आचार्य माने जाते है। पर यह अभी विचारणीय है।

इस ग्रन्थ मे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र और सम्यक्तप इन चार आराधनाओ का निरूपण किया गया है। इस ग्रन्थ मे २१६६ गाथाएँ और ४० अधिकार हैं। इस ग्रन्थ पर अपराजित सूरि की विजयोदया टीका, आशाधर की मूलाराधना दर्पण टीका, प्रभाचन्द्र की आराधना-पञ्जिका और शिवजिद् अरुण की भावार्थ दीपिका टीका उपलब्ध है। इससे इसकी लोकप्रियता जानी जा सकती है। इसकी कई गाथाएँ आवश्यक निर्युक्ति, बृहत्कल्पभाष्य, भत्तपइण्णा, सथारग आदि श्वेताम्बर आगम ग्रन्थो मे भी पायी जाती है।

इस ग्रन्थ मे १७ प्रकार के मरण बताये गये है इनमे पडित-पडित मरण, पडित-पडित मरण और बाल पण्डित मरण को श्रेष्ठ कहा है। पडित मरण मे भक्त प्रतिज्ञामरण को प्रशस्त माना गया है। लिङ्गाधिकार मे आचेलक्य, लोच, देह से ममत्व त्याग और प्रतिलेखन ये चार निर्ग्रन्थ लिङ्ग के चिन्ह बताये है। अनियताधिकार मे नाना देशो मे विहार करने के गुणो के साथ अनेक रीतिरिवाज, भाषा और शास्त्र आदि की कुशलता प्राप्त करने का विधान है। भावनाधिकार मे तपोभावना, श्रुतभावना, सत्यभावना, एकत्वभावना और धृतिबलभावना का प्ररूपण है। सल्लेखनाधिकार मे सल्लेखना के साथ बाह्य और अन्तरग तपो का वर्णन किया है। आर्यिकाओ को किस प्रकार सघ मे रहना चाहिए, इसके लिए अनेक नियमो का प्रतिपादन किया गया है। मार्गणा अधिकार में आचार, जीत और कल्प का उल्लेख है। आचेलक्य का समर्थन किया है

और टीकाकार अपराजित सूरि ने आचारांग, सूत्रकृतांग, निशीथ, बृहत्कल्पसूत्र और उत्तराध्ययन के प्रमाण भी उपस्थित किये हैं। आभ्यन्तर शुद्धि पर पूरा जोर दिया है। बताया है —

घोडयलद्दिसमाणस्स तस्स अब्भंतरंम्मि कुधिदस्स।
बाहिरकरणं कि से काहिदि वगणिहुदकरणस्स॥

अर्थात्—जैसे घोड़े की लीद बाहर से चिकनी दिखाई देती है, पर भीतर से दुर्गन्ध के कारण महा मलिन है। इसी प्रकार जो मुनि बाह्य आडम्बर तो धारण करता है, पर अन्तरंग शुद्ध नही रखता है, उसका आचरण बगुले के समान होता है।

चालीसवें अधिकार मे मुनियो के मृतक संस्कार का वर्णन है। इस प्रसंग में कुछ ऐसी बातें भी वर्णित है, जो आज अनुचित सी प्रतीत होती है।

स्वामिकार्त्तिकेय और उनकी कत्तिगेयाणुवेक्खा (कार्त्तिकेयानुप्रेक्षा)

कुमार कार्त्तिकेय के सम्बन्ध मे निश्चित रूप मे कुछ भी नही कहा जा सकता है। हरिषेण, श्रीचन्द्र और नेमिदत्त के कथाकोषो मे बताया गया है कि कार्त्तिकेय ने कुमारावस्था मे ही मुनिदीक्षा धारण की थी। इनकी बहन का विवाह रोहेड नगर के राजा कौंच के साथ हुआ था और इन्होने दारुण उपसर्ग सहन कर स्वर्गलोक प्राप्त किया था। ये अग्नि नामक राजा के पुत्र थे। तत्त्वार्थराजवार्त्तिक मे अनुत्तरोपपाद दशांग के वर्णन प्रसंग मे दारुण उपसर्ग सहन करने वालो मे कार्त्तिकेय का भी नाम आया है। इससे इतना स्पष्ट है कि कार्त्तिकेय नाम के कोई उग्र तपस्वी हुए है, जिन्होने 'बारस अणुवेक्खा' नामक ग्रन्थ रचा है। इस ग्रन्थ का रचना काल प० जुगलकिशोर मुख्तार डॉ० वट्टकेर और शिवार्य के समान ही प्राचीन मानते है, पर डॉ० ए० एन० उपाध्ये योगसार के एक दोहे को परिवर्तित गाथा रूप मे प्राप्तकर इसे ६ वी शती के अनन्तर की रचना मानते है।

कार्त्तिकेयानुप्रेक्षा पर आचार्य शुभचन्द्र की संस्कृत टीका भी है। इस ग्रन्थ में ४८९ गाथाएँ हैं। अध्रुव, अशरण, ससार, एकत्व, अन्यत्व, अशुचित्व, आस्रव, सवर, निर्जरा, लोक, बोधिदुर्लभ और धर्म इन बारह अनुप्रेक्षाओं का विस्तार पूर्वक वर्णन किया है। प्रसंगवश जीव, अजीव आस्रव, बन्ध, सवर, निर्जरा और मोक्ष इन सात तत्त्वों का स्वरूप भी वर्णित है। जीवसमास, मार्गणा के निरूपण के साथ द्वादश व्रत, पात्रो के भेद, दाता के सात गुण, दान की श्रेष्ठता, माहात्म्य, सल्लेखना, दशधर्म, सम्यक्त्व के आठ अंग, बारह प्रकार के तप एव ध्यान के भेद-प्रभेदो का निरूपण किया गया है। आचार का स्वरूप एवं आत्मशुद्धि की प्रक्रिया इस ग्रन्थ में विस्तार पूर्वक वर्णित है। संसार में कामिनी और कंचन के साम्राज्य का विवेचन करते हुए कहा है—

को ण वसो इत्थि-जणे कस्स ण मयणेण खंडियं माणं।
को इंदिएहि ण जिओ को ण कसाएहि संतत्तो ॥ २८१ ॥

इस लोक में स्त्रीजन के वश में कौन नही है ? काम ने किसका मान खण्डित नही किया ? इन्द्रियो ने किसे नही जीता और कषायो से कौन सन्तप्त नही हुआ। ग्रन्थकार ने उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर में कहा है—

सो ण वसो इत्थि जणे सो ण जिओ इन्दिएहि मोहेण।
जो ण य गिणहृदि गंथं अब्भं तर-बाहिरं सव्वं ॥ २८२ ॥

जो मनुष्य बाह्य और अभ्यन्तर, समस्त परिग्रह को ग्रहण नही करता, वह मनुष्य न तो स्त्रीजन के वश में होता है और न मोह तथा इन्द्रियो के द्वारा जीता जा सकता है।

आचार्य नेमिचन्द्र और उनका साहित्य

आचार्य नेमिचन्द्र देशीयगण के है। ये गगवशीय राजा राचमल्ल के प्रधान मन्त्री और सेनापति चामुण्डराय के समकालीन थे। इन्होने आचार्य अभयनन्दि, वीरनन्दि और कनकनन्दि को अपना गुरु माना है।

आचार्य नेमिचन्द्र अत्यन्त प्रभावशाली और सिद्धन्तशास्त्र के मर्मज्ञ विद्वान् थे। इन्होने स्वय गोम्मटसार के अन्त मे कहा है—"जिस प्रकार चक्रवर्त्ती षट्खण्ड पृथ्वी को अपने चक्र द्वारा आधीन करता है, उसी प्रकार मैने अपने बुद्धिरूपी चक्र से षट्खण्डागम को सिद्धकर अपनी इस कृति मे भर दिया है।" इसी सफलता के कारण उन्हे सिद्धान्त चक्रवर्ती की उपाधि प्राप्त हुई।

आचार्य नेमिचन्द्र का शिष्यत्व चामुण्डराय ने ग्रहण किया था। इसने श्रवणबेलगाल में चैत्रशुक्ला पञ्चमी रविवार २२ मार्च सन् १०२८ मे विश्व प्रसिद्ध गोम्मट स्वामी बाहुबलि की मूर्त्ति प्रतिष्ठित की थी। यह मूर्त्ति अपनी विशालता और कलात्मकता के लिए विश्व में अतुलनीय है। अतएव आचार्य नेमिचन्द्र का समय ई० सन् ११ वी शती है। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ प्रसिद्ध हैं—

(१) गोम्मटसार—
(२) त्रिलोकसार
(३) लब्धिसार
(४) क्षपणासार
(५) द्रव्यसग्रह

गोम्मटसार दो भागो मे विभक्त है—(१) जीवकाण्ड और (२) कर्मकाण्ड जीवकाण्ड मे ७३३ गाथाएँ और कर्मकाण्ड में ९६२ गाथाएं है। इस ग्रन्थ पर सस्कृत

मे दो टीकाएँ लिखी गयी हैं—(१) नेमिचन्द्र द्वारा जीव प्रदीपिका और (२) अभयचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती द्वारा मन्दप्रबोधिनी। गोम्मटसार पर केशववर्णी द्वारा एक कन्नड़ वृत्ति भी लिखी मिलती है। टोडरमलजी ने सम्यग्ज्ञान चद्रिका नाम की वचनिका लिखी है।

गोम्मटसार षट्खण्डागम की परम्परा का ग्रन्थ है। जीवकाण्ड में महाकर्मप्राभृत के सिद्धान्त सम्बन्धी जीवस्थान, क्षुद्रबन्ध, बन्धस्वामी, वेदनाखण्ड और वर्गणाखण्ड इन पाँच विषयो का वर्णन है। गुणस्थान, जीवसमास, पर्याप्ति, प्राण, सज्ञा, चौदह मार्गणा और उपयोग इन बीस अधिकारो मे जीव की अनेक अवस्थाओ का प्रतिपादन किया गया है।

कार्मकाण्ड मे प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन, बन्धोदय, सत्त्व, सत्त्वस्थान भंग, त्रिचूलिका, स्थान समुत्कीर्त्तन, प्रत्यय, भावचूलिका और कर्मस्थिति रचना नामक नौ अधिकारों में कर्म की विभिन्न अवस्थाओ का निरूपण किया है।

त्रिलोकसार—इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ में १०१८ गाथाएँ हैं। यह करणानुयोग का प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इसका आधार त्रिलोकप्रज्ञप्ति ग्रन्थ है। इसमे सामान्य लोक, भवन, व्यन्तर, ज्योतिष, वैमानिक और नर-तिर्यक् लोक ये अधिकार हे। जम्बूद्वीप, लवण-समुद्र, मानुष क्षेत्र, भवनवासियो के रहने के स्थान, आवास भवन, आयु, परिवार आदि का विस्तृत वर्णन किया है। ग्रह, नक्षत्र, प्रकीर्णक, तारा एव सूर्य-चन्द्र के आयु, विमान, गति, परिवार आदि का भी साङ्गोपाङ्ग वर्णन पाया जाता है। त्रिलोक की रचना के सम्बन्ध मे सभी प्रकार की जानकारी इस ग्रन्थ से प्राप्त की जा सकती है।

लब्धिसार—आत्मशुद्धि के लिए पाँच प्रकार की लब्धियाँ आवश्यक हैं। इन पाँच लब्धियो मे करण लब्धि प्रधान है, इस लब्धि के प्राप्त होने पर मिथ्यात्व से छूटकर सम्यक्त्व की प्राप्ति हो जाती है। इस ग्रन्थ मे तीन अधिकार हैं—(१) दर्शन लब्धि (२) चरित्र लब्धि (३) क्षायिक चारित्र। इन तीनो अधिकारो मे आत्मा की शुद्धि रूप लब्धियो को प्राप्त करने की विधि पर प्रकाश डाला है।

क्षपणसार- कर्मों को क्षय करने की विधि का निरूपण इस ग्रन्थ में किया गया है। इसकी प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि माधवचन्द्र त्रैविद्य ने बाहुबलि मन्त्री की प्रार्थना से सस्कृत टीका लिखकर सन् १२०३ में पूर्ण किया है।

द्रव्यसंग्रह—यह छोटा सा ग्रन्थ बहुत ही उपयोगी है, इसमें कुल ५८ गाथाएँ हैं। जीव, अजीव, धर्म, अधर्म, आकाश, काल, कर्म, तत्त्व ध्यान आदि की चर्चा सक्षेप में व्यवस्थित ढग से की गयी है। समस्त विषय को तीन अधिकारो में विभक्त किया है—(१) जीवाधिकार (२) सातपदार्थ निरूपण अधिकार (३) मोक्षमार्ग अधिकार। प्रथम अधिकार में २७ गाथो में षट्द्रव्य और पञ्चास्तिकाय का वर्णन किया है। दूसरे अधिकार में ११ गाथाओ में साततत्त्व और नौ पदार्थों का तथा तीसरे अधिकार में

२० गाथाओं में निश्चय और व्यवहार मार्ग का निरूपण किया है। द्रव्य, अस्तिकाय और तत्त्वों को संक्षेप में समझने के लिए यह ग्रन्थ उपयोगी है।

अन्य आगम साहित्य

कर्म सिद्धान्त का एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ अभी हाल में 'पञ्च संग्रह' नामका प्रकाशित हुआ है। इस पञ्चसंग्रह के कर्ता और रचनाकाल के सम्बन्ध में निश्चित जानकारी प्राप्त नहीं है। पर इतना सत्य है कि यह ग्रन्थ ८ वीं शती के पहले का है। इसमें कर्मस्तव, प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन, जीवसमास, शतक और सप्ततिका ये पाँच प्रकरण हैं। इस ग्रन्थ में मूल गाथाएँ ४४५ और भाष्य गाथाएँ ८६४, इस प्रकार कुल १३०६ गाथाएँ हैं। इसके अतिरिक्त कर्म प्रकृतियों को गिनानेवाला बहुत सा अंश प्राकृत गद्य में है। प्रस्तुत रचना गोम्मटसार से भी मिलती जुलती है।

एक प्राकृत पञ्चसंग्रह श्वेताम्बर सम्प्रदाय के आचार्य पार्श्वर्षि के शिष्य चन्द्रर्षि का है। इनका समय अनुमानतः छठी शती है। इस ग्रन्थ में ९६३ गाथाएँ हैं। ग्रन्थ शतक, सप्तति, कषायपाहुड, षट्कर्म और कर्मप्रकृति नामक पाँच द्वारों में विभक्त है। इस पर मलयगिरि की टीका भी उपलब्ध है।

शिवशर्म कृत कम्मपयडि (कर्म प्रकृति) ग्रन्थ में ४७५ गाथाएँ हैं। बन्धन, संक्रमण, उद्वर्तन, अपवर्तन, उदीरणा, उपशमना, उदय और सत्ता इन आठ करणों अध्यायों में विभाजित है। इस पर चूर्णि तथा मलयगिरि की टीका भी उपलब्ध है।

शिवशर्म की दूसरी रचना शतक नामक भी है। कम्मविवाग (कर्म विपाक), गर्गर्षिकृत, सडसीइ (षडशीति) जिनवल्लभगणि कृत एवं कम्मत्थय (कर्मस्तव) सामित्त (बन्ध स्वामित्व) और सप्ततिका अनिश्चित कर्त्ताओं की रचनाएँ उपलब्ध हैं। उपर्युक्त छहों रचनाएँ प्राचीन कर्मग्रन्थ के नाम से प्रसिद्ध हैं। इनपर चूर्णि, भाष्य एवं वृत्ति आदि टीकाएँ भी प्राप्य हैं।

ईस्वी की १३ वीं शती में जगच्चन्द्र सूरि के शिष्य देवेन्द्रसूरि ने कर्मविपाक (६० गा०), कर्मस्तव (३४ गा०), बन्ध स्वामित्व (गा० २४), षडशीति (८६ गा०) और शतक (१०० गा०) इन पाँच कर्मग्रन्थों की रचना की है, जो नये कर्म ग्रन्थों के नाम से प्रसिद्ध हैं।

विशेषणवति की रचना जिनभद्र गणि ने ६ वीं शती में की है। इसमें ४०० गाथाएँ हैं। ज्ञान, दर्शन, जीव, अजीव आदि का प्ररूपण किया गया है।

जीव समास नामक एक प्राचीन रचना २८६ गाथाओं में पूर्ण हुई है। उसमें सत् संख्या आदि सात प्ररूपणाओं द्वारा जीवादि द्रव्यों का स्वरूप समझाया गया है। इस ग्रन्थ पर मलधारी हेमचन्द्र की एक बृहद्वृत्ति भी उपलब्ध है।

करणानुयोग सम्बन्धी एक प्रसिद्ध ग्रथ मुनि पद्मनन्दि का है। इस ग्रथ का नाम जम्बूदीवपण्णत्ति (जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति) है। इसमे २३८६ गाथाएँ है। तिलोयपण्णत्ति के आधार पर इसकी रचना की गयी है। इसमें तेरह उद्देश्य प्रकरण है—उपोद्घात, भरत-ऐरावत वर्ष, शैल-नन्दी भोगभूमि, सुदर्शन मेरु, मदर जिनभवन, देवोत्तरकुरु, कक्षाविजय, पूर्वविदेह, अपरविदेह, लवणसमुद्र, द्वीपसागर, अधः-ऊर्ध्व-सिद्ध-लोक, ज्योतिर्लोक और प्रमाण परिच्छेद। इस ग्रथ मे ढाई द्वीप का बहुत विस्तृत विवेचन किया गया है। इस ग्रथ के अन्त मे बताया गया है कि विजय गुरु के समीप जिनागम को सुनकर उन्ही के प्रसाद से यह रचना माघनन्दि के प्रशिष्य तथा सकलचन्द्र के शिष्य श्रीनन्दि गुरु के निमित्त की है। इन्होने स्वय अपने को वीरनन्दि का प्रशिष्य और बालनन्दि का शिष्य कहा है। ग्रथ रचना का स्थान पारियात्र देश के अन्तर्गत वारानगर कहा है और वहाँ के राजा सति या सन्ति का उल्लेख किया है।

श्वेताम्बर परम्परा मे सूर्य चन्द्र और जम्बूद्वीप के विषय निरूपण से सम्बद्ध जिन-भद्र गणि कृत क्षेत्रसमास और सग्रहणी उल्लेखनीय है। इन रचनाओ के परिमाण में बहुत परिवर्द्धन हुआ है और उनके लघु एव बृहद् सस्करण टीकाकारो ने प्रस्तुत किये है। उपलब्ध बृहत् क्षेत्र समास का दूसरा नाम त्रैलोक्य दीपिका है। इसमे ६५६ गाथाएँ है तथा पाच अधिकार है। बृहत्सग्रहणी के सकलनकर्त्ता मलधारी हेमचन्द्र सूरि के शिष्य चन्द्र सूरि है। इसमे ३४६ गाथाएँ है। देव, नरक, मनुष्य और तिर्यञ्च इन चार अधिकारो मे विषय का निरूपण किया गया है। लघु क्षेत्रसमास रत्नशेखर सूरि कृत २६२ गाथाओ मे उपलब्ध है। रचनाकाल १४ वीं शती है। बृहत्क्षेत्रसमास सोम-तिलक सूरि कृत ४८६ गाथाओ मे पाया जाता है। इसका भी रचनाकाल १४ वी शती है। इसमे अढाई द्वीप प्रमाण मनुष्य लोक का वर्णन है। विचारसार प्रकरण भी एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इसमे ६०० गाथाएँ है, जिनमे कर्मभूमि, भोगभूमि, आर्य, अनार्य देश, राजधानियाँ, तीर्थंकरो के पूर्वभव, माता-पिता, स्वप्न, जन्म, समवशरण, गणधर, अष्टमहाप्रातिहार्य, कल्कि, शक, विक्रम, काल गणना, दशनिह्नव, चौरासी लाख योनियाँ एव सिद्ध स्वरूप आदि विषयो का प्रतिपादन किया गया है। इसके रचयिता देवसूरि के शिष्य प्रद्युम्न सूरि है। इनका समय १३ वो शती है।

ज्योतिष्करण्डक नामक प्रकीर्णक ३७६ गाथा प्रमाण है। इसमे सूर्यप्रज्ञप्ति के विषय का ही सक्षेप में निरूपण किया है। यह ज्योतिष विषय से सम्बद्ध है। इसमे विषुप लग्न का सुन्दर वर्णन किया है। यह लग्न प्रणाली ग्रीक पूर्व है और इसका सम्बन्ध नक्षत्र के साथ है। एक प्रकार से यह नक्षत्र लग्न है।

न्याय विषयक प्राकृत साहित्य

स्याद्वाद, अनेकान्तवाद और नयवाद का विवेचन प्राकृत साहित्य में पाया जाता है। यद्यपि आगम साहित्य में आरम्भ से ही प्रमाण, नय, निक्षेप के स्वरूप और भेद बतलाये गये है तथा बीज रूप में अनेकान्त सिद्धान्त भी आरम्भ से ही पाया जाता है। आचार्य सिद्धसेन ने पाँचवी-छठी शताब्दी मे सम्मइसुत्त (सन्मति सूत्र) नामक ग्रन्थ लिखा है। यह ग्रन्थ श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनो ही मान्यताओ मे समान रूप से मान्य है। इसपर अभयदेव कृत २५०० श्लोक प्रमाण तत्त्वबोध विधायिनी नामक टीका है। ग्रन्थ का सामान्य परिचय निम्न प्रकार है।

इस[1] ग्रन्थ के रचयिता आचार्य सिद्धसेन हैं। इनका समय गुप्तकाल है। इस ग्रन्थ की प्रत्येक गाथा सूत्र कही गयी है। समस्त ग्रन्थ तीन काण्डो में विभक्त है। प्रथम काण्ड में ५४, द्वितीय में ४३ और तृतीय में ६७, इस प्रकार कुल १६७ गाथाएँ हैं। प्राकृत भाषा में लिखा गया दर्शन का यह पहला ग्रन्थ है, जिसमे नय, ज्ञान, दर्शन प्रभृति का दार्शनिक दृष्टि से विचार किया है। आचार्य ने बताया है कि अर्थ की जानकारी नयज्ञान से ही होती है, केवल ग्रन्थो का अध्ययन कर लेने से कोई भी अर्थ का वेत्ता नही हो सकता है। नयवाद दृष्टि का विस्तार करता है, अतः यथार्थ अर्थ का बोध इसीकी जानकारी से सभव है। यथा—

सुत्तं अत्थनिमेणं न सुत्तमेत्तेण अत्थपडिवत्ती।
अत्थगई उण णयवायगहणलीणा दुरभिगम्मा ॥ ३।६४

ग्रन्थकार ने द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक (पर्यायास्तिक) इन दोनो मूलनयो को मानकर अन्य समस्त नयो को इन्ही का विकल्प माना है। यथा—

तित्थयरवयणसंगह-विसेसपत्थारमूलवागरणी।
दव्वट्ठिओ य पज्जवणओ य सेसा वियप्पा सिं ॥ १।३

इन तीनो काण्डो को नयकाण्ड, उपयोगकाण्ड और अनेकान्तवादकाण्ड नामो से अभिहित भी किया गया है। इस ग्रन्थ मे नयवाद का बहुत ही विस्तृत और सूक्ष्म विवेचन है।

इसकी भाषा जैनमहाराष्ट्री है। यश्रुति का पालन सर्वत्र किया गया है। यश्रुति की व्यवस्था वररुचि के व्याकरण मे नही मिलती है। प्राकृत वैयाकरणो मे आचार्य हेमचन्द्र ने ही यश्रुति का उल्लेख सर्वप्रथम किया है। अर्धमागधी के अनन्तर उत्तर-पश्चिम के

---

१. श्री प० सुखलालजी संघवी और श्री प० बेचरदास दोशी द्वारा सम्पादित, एव अनूदित (हिन्दी संस्करण) ज्ञानोदय ट्रस्ट, अहमदाबाद से १९६३ ई० में प्रकाशित।

जैन प्राकृत साहित्यकारों ने खुलकर पाँचवी-छठी शती से ही इस भाषा का व्यवहार किया है। यहाँ यश्रुति के कुछ उदाहरण द्रष्टव्य हैं—

तित्थयर (तीर्थंकर) १।३, वयण (वदन), १।३, सुहुमभेया (सूक्ष्मभेदा), पयडी (प्रकृति) १।४, णयवाया (नयवादा.) १।२५, वियप्प (विकल्प) १।३३, वयण (वदन) १।४ , सत्तवियप्पो (सप्तविकल्प.) १।४१, जइयव्व (यतितव्यम्), ३।६५, सुयणाण (श्रुतज्ञान) २।२७, सयले (सकले) २।२८, सायार (साकार) २।१०, सया (सदा) २।१०, णिय (निज) २।१४ आदि।

महाराष्ट्री की अन्य प्रवृत्तियों मे प्रथमा विभक्ति के एकवचन मे ओकार का पाया जाना भी उपलब्ध है। यथा—पज्जवणओ (पर्यायार्थिकनय.) १।३, विसओ (विषय) १।४, ववहारो (व्यवहार) १।४, दविओवओगो (द्रव्योपयोग) १।८, ससारो (ससार) १।१७, समूहसिद्धो (समूहसिद्धः) १।२७, अत्थो (अर्थ) १।२७, अणाइणिहणो (अनादिनिधन) १।३७ आदि। सप्तमी विभक्ति के एकवचन मे 'म्मि' का व्यवहार भी पाया जाता है—थोरम्मि, ससमयम्मि ३।२५, तम्मि ३।४, दसणम्मि २।२४, चक्खुम्मि २।२४ आदि। इस प्रकार इस ग्रन्थ की भाषा जैनमहाराष्ट्री है।

स्याद्वाद और नय का स्वरूप प्रतिपादन करने वाले आचार्य देवसेन बहुत ही प्रसिद्ध है। इन्होने ८७ गाथाओ मे लघुनयचक्र और माइल धवल ने ४२३ गाथाओ मे बृहन्नयचक्र नामक ग्रन्थ लिखे है। लघुनयचक्र मे द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक के साथ नैगमादि नयो के भेद-प्रभेदो का विस्तृत वर्णन किया गया है। बृहन्नयचक्र मे नय और निक्षेपो का विस्तार पूर्वक विवेचन किया है। स्याद्वाद और नयवाद का स्वरूप अवगत करने के लिए यह ग्रन्थ बहुत उपयोगी है।

तर्क शैली या न्यायशैली की उक्त रचनाएँ भी सिद्धान्त आगम साहित्य के अन्तर्गत है।

आचार विषयक प्राकृत साहित्य

वट्टकेर कृत मूलाचार और शिवार्य कृत भगवती आराधना इस प्रकार के ग्रन्थ है, जिनमे साधुओ के आचार का निरूपण किया गया है। मुनि आचार का प्रतिपादन करने वाले तत्त्व आचाराङ्ग आदि सूत्र ग्रन्थों म भी उपलब्ध होते है। प्राकृत साहित्य का सूत्रपात आत्मोत्थान के हेतु हुआ है। अत इस साहित्य में आरम्भ से ही आचार सूचक तत्त्व समाहित होते रहे है। प्रस्तुत सन्दर्भ मे श्रावक गृहस्थ आचार विषयक साहित्य का अतिसक्षिप्त परिचय दिया जा रहा है। श्रावको के आचार विषयक अनेक ग्रन्थ प्राकृत मे पाये जाते है।

सावयपण्णत्ति[1] (श्रावक प्रज्ञप्ति) श्रावकाचार का प्राचीन ग्रन्थ है। इसमे

---

१. ज्ञानप्रसार मडल द्वारा बम्बई से वि० स० १९६१ में प्रकाशित

४०१ गाथाएँ हैं। इसका रचयिता उमास्वाति को मानते है। कुछ विद्वान् इसे आचार्य हरिभद्र की कृति बतलाते है। इस ग्रन्थ मे पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रतो का निरूपण किया है। अहिंसाव्रत का निरूपण विस्तारपूर्वक लगभग ८०-९० गाथाओ मे किया गया है। डॉ० हीरालाल जी जैन[1] ने बताया है कि ग्रन्थ के अन्त परीक्षण मे यह हरिभद्र का ही प्रनीत होता है, उमास्वाति की अन्य कोई श्रावक प्रज्ञप्ति संस्कृत मे रही होगी।

सावयधम्मविहि[2] (श्रावक धर्मविधि) रचना भी हरिभद्र सूरि की है। इसमे १२० गाथाओ मे सम्यक्त्व और मिथ्यात्व का वर्णन करते हुए श्रावक धर्म का सक्षेप मे निरूपण किया है तथा मानदेव सूरि ने इस पर विवृत्ति भी लिखी है।

समत्तसत्तरि[3] (सम्यक्त्व सप्तति)—इस ग्रन्थ का दूसरा नाम दसण-सत्तरि भी है। यह रचना भी हरिभद्र सूरि (आठवी शती) की है। इसमें ७० गाथाओ मे सम्यक्त्व का स्वरूप बतलाया गया है। अष्ट प्रभावको में वज्रस्वामी, मल्लवादि, भद्रबाहु, विष्णुकुमार आर्यखपुट, पादलिप्त और सिद्धसेन का चरित वर्णित है। इस पर सिंघ-तिलक सूरि (चौदहवी शती) की वृत्ति भी उपलब्ध है।

वीरचन्द्रसूरि के शिष्य देवसूरि ने ई० सन् ११०५ मे जीवानुशासन नामक ग्रन्थ की रचना की है। इसमे ३२३ गाथाएँ है। इसमे बिम्बप्रतिष्ठा, बन्दनकत्रय, मघ, मासकल्प, आचार और चरित्रसत्ता के ऊपर प्रकाश डाला गया है।

धम्मरयणपगरण[4] (धर्मरत्न प्रकरण) विक्रम की बारहवी शती मे शान्तिसूरि ने धर्मरत्नप्रकरण की रचना की है। इस पर इनकी स्वोपज्ञ वृत्ति भी है। श्रावकपद की योग्यता के लिए प्रकृति साम्य, लोकप्रिय, भीरु, लज्जालु, दीर्घदर्शी आदि २१ गुणों का निरूपण किया है। भावश्रमण का निरूपण भी किया है। इसमें १८१ गाथाएं है।

धम्मविहिपयरण[5] (धर्मविधि प्रकरण)—बारहवी शती की एक अन्य रचना श्री प्रभदेव की धर्मविधि प्रकरण है। इस पर उदयसिंह सूरि ने वृत्ति लिखी है। धर्मविधि के द्वारा धर्मपरीक्षा, धर्म के दोष धर्म के भेद, गृहस्थ धर्म आदि विषयो का निरूपण किया गया है। प्रसगवश इलापुत्र, उदयन, कामदेव श्रावक, जम्बूस्वामी, मूलदेव, विष्णुकुमार आदि की कथाएँ भी वर्णित हैं।

---

१. देखें—भारतीय सस्कृति मे जैनधर्म का योगदान, पृ० ११०

२ आत्मानन्द सभा भावनगर द्वारा प्रकाशित, सन् १९२४

३ देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार ग्रन्थमाला से सन् १९१६ में प्रकाशित।

४ वि० स० १९५३ मे अहमदाबाद से प्रकाशित।

५ सन् १९२४ मे अहमदाबाद से प्रकाशित।

उवासयाज्झयणं[1] (उपासकाध्ययनं)—प्राकृत गाथाओ द्वारा आचार्य वसुनन्दि ने इस ग्रन्थ मे श्रावकधर्म का विस्तृत निरूपण किया है। इसमे ५४६ गाथाएँ है। रचयिता ने ग्रन्थ के अन्त मे दी गयी प्रशस्ति मे बताया है कि कुन्दकुन्दाम्नाय मे श्रीनन्दि, नयनन्दि, नेमिचन्द्र और वसुनन्दि हुए। वसुनन्दि के गुरु नेमिचन्द्र है, इन्होके प्रासाद से आचार्य परम्परागत प्राप्त उपासकाध्ययन को वात्सल्य और आदर भाव से भव्य जीवो के कल्याण हेतु मैने रचा है। इस ग्रन्थ के रचनाकाल का निश्चित पता नही है, पर इतना निश्चित है कि पडित आशाधर जी के ये पूर्ववर्ती है। आशाधर जी ने सागारधर्मामृत की टीका मे वसुनन्दि का स्पष्ट उल्लेख किया है। अत इनका समय ई० १२३९ के पहले है।

इस ग्रन्थ मे श्रावक के आचार-विचार का निरूपण किया गया है। श्रावक की ग्यारह प्रतिमाओ का निरूपण करना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। बताया है कि सम्यक्त्व के बिना ग्यारह प्रतिमाओ का वर्णन सभव नही है, अत- सम्यक्त्व का वर्णन करना भी आवश्यक है। इस प्रकार जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, सवर, निर्जरा और मोक्ष तत्त्व का निरूपण किया है। सम्यक्त्व के आठ अगो मे प्रसिद्ध होनेवाले अजन चार, अनन्तमनी, उदयनराजा आदि का नामोल्लेख भी किया है।

सम्यक्त्व को विशुद्ध करने के लिए पञ्च उदुम्बर फल और सप्तव्यसन का त्याग करना आवश्यक है। द्यूतसेवन, मद्यसेवन आदि का स्वरूप विस्तारपूर्वक बतलाया है। श्रावक के अन्य कर्त्तव्यो का निम्न प्रकार विवेचन किया है—

विणओ विज्जाविच्चं कायकिलेसो य पुज्जणविहाणं।
सत्तीए जहजोग्गं कायव्व देस–विरएहि ॥ ३१९ ॥

अर्थात् देशविरत श्रावक को अपनी शक्ति के अनुसार यथायोग्य विनय, वैयावृत्य, कायक्लेश और पूजन विधान करना चाहिए।

कायक्लेश के अन्तर्गत पचमी व्रत, रोहिणीव्रत, अश्विनीव्रत, सौख्य-सम्पत्तिव्रत, नदीश्वरपक्तिव्रत, और विमानपक्तिव्रत का स्वरूप एव विधि का निरूपण किया है। प्रतिमा-विधान, प्रतिष्ठा-विधान, द्रव्यपूजा, क्षेत्रपूजा, कालपूजा, भावपूजा, पिण्डस्थ, पदस्थ, रूपातीत ध्यान आदि विषयो का निरूपण इस ग्रन्थ मे किया गया है। श्रावकधर्म को विस्तृतरूप मे समझने के लिए यह ग्रन्थ अत्यन्त उपयोगी है। इसमे कुल ५४६ गाथाएँ है।

विधिमार्गप्रपा[2] नामक विधिविधान सम्बन्धी जिनप्रभ सूरि की रचना है।

---

१. सन् १९५२ ई० में भारतीय ज्ञानपीठ, काशी से प्रकाशित।

२ सन् १९४१ ई० में निर्णयसागर प्रेस, बम्बई से प्रकाशित।

ईस्वी सन् १३०६ में अयोध्या में इस ग्रन्थ को समाप्त किया गया है। इसमें साधु और श्रावको की नित्य एव नैमित्तिक क्रियाओ की विधि का वर्णन किया है। इस ग्रन्थ में ४१ द्वार है। सम्यक्त्व व्रत आरोपणविधि, परिग्रहपरिमाणविधि, सामायिक आरोपणविधि एव मालारोपणविधि आदि का निरूपण किया हे। मालारोपणविधि मे मानदेव सूरि रचित ५४ गाथाओ का उवहाणविहि नामक प्राकृत का प्रकरण उद्धृत किया है। इसके पश्चात् प्रौषधविधि, प्रातक्रमणविधि, तपोविधि, नन्दिरचना, लोचकरणविधि, उपयागविधि, अनध्यायविधि, स्वाध्यायविधि, योगनिक्षेपणविधि का सुन्दर निरूपण किया है।

आगम साहित्य की साहित्यिक उपलब्धियाँ

आगम साहित्य का विषय की दृष्टि से तो महत्त्व है ही, पर साहित्यिक दृष्टि से भी कई विशेषताएँ पायी जाती है। यहाँ प्रमुख विशेषताओ का उल्लेख किया जाता है—

१ गाथा, इन्द्रवज्रा, स्रग्धरा, उपजाति, दोधक, शार्दूल-विक्रीडित, वसन्ततिलका, मालिनी प्रभृति अनेक छन्दो का प्रयोग किया गया है। उत्तराध्ययन और तिलोयपण्णत्ति मे छन्द वैविध्य दर्शनीय है। तिलोयपण्णत्ति मे इन्द्रवज्रा, स्रग्धरा, उपजाति, दोधक, शार्दूल विक्रीडित, वसन्ततिलका और मालिनी छन्द पाये जाते है। इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, वसन्ततिलका छन्द उत्तराध्ययन मे प्रयुक्त हुए है। गाथाओ के भेद-प्रभेद रूप मे लक्ष्मी, ब्राह्मणी और क्षत्रिया आदि का निरूपण भी पाया जाता है। अर्थात् गाथाओ के उपभेदो का व्यवहार भी आगम साहित्य में हुआ है।

२ उत्प्रेक्षा, रूपक, उपमा, श्लेष और अर्थान्तरन्यास अलकारो का सुन्दर प्रयोग हुआ है। काव्य की दृष्टि से भी आगम साहित्य का महत्त्व कम नही है। यहाँ उदाहरणार्थ एक-दो पद्य उद्धृत किये जाते है —

जहा पवग्गी पउरिधणे वणे।
समारुओ नोवसमं उवेइ।
एविंदियग्गी वि पगामभोइणो॥
न बंभयारिस्स हियाय कस्सई॥—उत्तरा० ३२।११

इस पद्य मे विविध प्रकार के रस युक्त भोजन को प्रचुर इन्धन युक्त वन एव इन्द्रिय लालसा को दवाग्नि की उपमा दी गई है। आचार्य ने इसी उपमा के सहारे स्वादिष्ट, सरस आहार को सयमी के लिए त्याज्य बताया है। जिस प्रकार प्रचुर इन्धनयुक्त वन में वायुसहित उत्पन्न हुई दवाग्नि शान्त नही होती, उसी प्रकार विविध प्रकार के रसयुक्त पदार्थों का उपभोग करने वाले सयमी की इन्द्रियरूपी अग्नि शान्त नही होती। अर्थात् स्वादिष्ट भोजन करने से विषय-वासना प्रबल होती जाती है।

रुवेसू जो गिद्धिमुवेइ तिव्वं
अकालियं पावइ से विणास ।।
रागाउरे से जह वा पयंगे,
आलोयलोले समुवेइ मच्चु ।।—उत्तरा० ३२।२४

इस पद्य मे जीव का पतग, विषयो को दीपक, आसक्ति को आलोक की उपमा दी गयी है। दीपक के प्रकाश पर अत्यन्त आसक्त रहने वाला पतग जिस प्रकार विनाश को प्राप्त करता है, उसी प्रकार रूपादि विषयो मे अत्यन्त आसक्त रहने वाला व्यक्ति भी विनाश को प्राप्त करता है।

वेढेदि विसयहेदुं कलत्तपासेहिं दुव्विमोचेहिं।
कोसेण कोसकारो य दुम्मदी मोहपासेसु ।।
—तिलोयपण्णत्ति ४ अ० ६२६ गा०

इस पद्य मे रेशम का कीडा उपमान, उपमेय जीव के लिए प्रयुक्त है और रेशम का तन्तुजाल दुर्विमोच स्त्री-रूपीपाश के लिए व्यवहृत है। अत. उपमा का स्फोटन करने पर अर्थ निकला कि जिस प्रकार रेशम का कीडा रेशम के तन्तुजाल से अपने आपको वेष्टित करता है, उसी प्रकार दुर्मतिर्जीव मोहपाश मे बँधकर विषय के निमित्त दुर्विमोच स्त्रीरूप के पाशो से अपने को मोहजाल मे फँसा लेता है।

मिच्छत्त वेयतो जीवो विवरीय—दंसणो होइ।
ण य धम्म रोचेदि हु महुरं खु रसं जहा जरिदो ।।
—धवलाटीका जिल्द १, गा० १०६

यहाँ मिथ्यात्व को पित्तज्वर और तत्त्व श्रद्धान का मधुररस का उपमान दिया गया है। मिथ्यात्वभाव का अनुभव करने वाले विपरीत श्रद्धानी व्यक्ति को तत्त्वश्रद्धान उसी प्रकार रुचिकर नही होता है, जैसे पित्तज्वरवाले के लिए मधुर रस।

३ आगम साहित्य मे गद्य-पद्य का मिश्रण पाया जाता है। विषय निरूपण मे गद्य-पद्य दोनो का स्वतन्त्र अस्तित्व है। गद्य और पद्य दोनो ही समान रूप से विषय को विकसित और पल्लवित करते है। अतएव यह प्रणाली आगे चम्पूकाव्य या गद्य-पद्यात्मक कथा काव्य के विकास का मूल मानी जा सकती है। चाम्पूकाव्य के विकास मे शिलालेख और यजुर्वेद की ऋचाओ के समान प्राकृत आगम को भी आधार मानना तर्क सगत है।

४. कथाओ के विकास के समस्त बीज सूत्र आगम साहित्य मे उपलब्ध है। वस्तु, पात्र, कथोपकथन, चरित्र चित्रण प्रभृति तत्त्व आगम ग्रन्थो मे, विशेषत णाया धम्मकहाओ उवासग दशाओ, चूर्णियो और भाष्यो मे पाये जाते है। सरस प्रेमाख्यान की परम्परा के कई आधार आगम साहित्य मे वर्तमान है।

५. तर्क प्रधान दर्शन शैली का विकास भी आगम साहित्य से ही होता है। वस्तुत. आगम ग्रन्थो की सामग्री बहु विषयक है। विषयो का स्वतन्त्र रूप मे विकास उत्तर काल में हुआ है।

६. अर्धमागधी, शौरसेनी और महाराष्ट्री—इन तीनो प्राकृत भाषाओ के विकास क्रम को अवगत करने के लिए भी आगम साहित्य का महत्वपूर्ण स्थान है। भाषा के रूप गठन, शब्दावलि, वाक्य सगठन एव अर्थ विकास और अर्थ परिवर्त्तन के क्रम को सुव्यवस्थित रूप से अवगत करने के लिए आगम साहित्य बहुत उपयोगी है। समस्यन्त पदो का प्रयोग तथा सन्धि आदि की विभिन्न समस्याएँ इस साहित्य से ज्ञात की जा सकती हैं।

७. सस्कृति और समाज के इतिहास का यथार्थ परिज्ञान आगम साहित्य के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। कला और साहित्य के अनेक प्राचीन रूप इसमे सुरक्षित है।

८. जीवन और जगत् के विविध अनुभवो की जानकारी इस साहित्य मे निहित है।

९. प्रबन्ध काव्यो के तत्त्व वस्तुवर्णन, इतिवृत्त और सवाद आगम साहित्य मे प्रचुर परिमाण मे पाये जाते है। अत प्रबन्धो की परम्परा को व्यवस्थित रूप देने के लिए आगम साहित्य से सम्बन्ध जोडना उपयुक्त है।

द्वितीयोऽध्यायः

शिलालेखी साहित्य

प्राकृत भाषा का शिलालेखी साहित्य अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। प्राप्त शिलालेख भाषा और साहित्य की दृष्टि से संस्कृत भाषा के शिलालेखो की अपेक्षा कई बातो मे विशिष्ट है। उपलब्ध शिलालेखी साहित्य मे प्राकृत भाषा के शिलालेख ही सबसे प्राचीन है। आरम्भ से ईस्वी सन् की प्रथम शती तक के समस्त शिलालेख प्राय प्राकृत में ही है। इन शिलालेखो मे किसी व्यक्ति विशेष का केवल यशोगान ही निबद्ध नही है, बल्कि मानवता के पोषक सिद्धान्त अंकित है, हमारा विश्वास है कि इस कोटि का साहित्य विश्व मे बहुत कम मिलेगा। प्राकृत शिलालेखो मे साहित्य के विकास की अनेक विधाओ के बीज वर्तमान है। अतः प्राकृत साहित्य के इतिहास पर विचार करते समय शिलालेखो पर चिन्तन करना आत्यावश्यक है।

दूसरी बात यह है कि साहित्य के व्यवस्थित अध्ययन की परम्परा सबसे अधिक शिलालेखो मे सुरक्षित रहती है। यत शिलालेखी साहित्य मे किसी भी प्रकार का संशोधन और परिवर्तन सभव नही है। शिलापट्टो पर उत्कीर्ण साहित्य समय के शाश्वत प्रवाह मे तदवस्थ रहता है। यही कारण है कि शिलालेखो का अध्ययन किसी भी भाषा और साहित्य की परम्परा के लिए नितान्त आवश्यक होता है।

प्राकृत मे सबसे प्राचीन शिलालेख प्रियदर्शी सम्राट् अशोक के है। ये शिलालेख ई० पू० २६६ में राज्याभिषेक के बारह वर्ष पश्चात् गिरनार, कालसी, धौलि, जौगढ एव मनसेहरा आदि स्थानो पर उत्कीर्ण कराये गये है। इन शिलालेखो की सबसे बडी विशेषता यह है कि इनके द्वारा सम्राट् अशोक ने प्रजा में अहिंसा के प्रति आस्था उत्पन्न करने का प्रयास किया है। समाज मे सदाचार, सुव्यवस्था एव निश्छल प्रेम उत्पन्न करने का प्रयास शिलालेखो द्वारा किया गया है। त्याग, आत्म-सयम एव राग रहित प्रवृति को जागृत करने के लिए धर्मादेश प्रचारित किये गये है। अशोक ने कलिंग के अभिलेख मे कहा है—"मेरी प्रजा मेरे बच्चो के समान है और मैं चाहता हूँ कि सबको इस लोक तथा परलोक में सुख तथा शान्ति मिले"। अशोक के शिलालेखो से उपलब्ध होनेवाले तथ्य निम्न प्रकार है—

१. मौर्य साम्राज्य पश्चिमी भाग में अफगानिस्तान से उडीसा तक तथा हिमालय की तराई से (नेपाल की तराई का स्तम्भ लेख रुम्मनदेई तथा कालसी के लेख) मद्रास प्रान्त के येरुगुडी (करनूल जिला) तक व्याप्त था। क्योकि शिलालेख का

सीमाक्षेत्र उपर्युक्त ही है। अशोक के द्वितीय तथा तेरहवें शिलालेख मे राजाओ की जो नामावलि आयी है, उसमे भी उक्त तथ्य की पुष्टि होती है।

२ मौर्यकालीन शासन व्यवस्था का परिज्ञान भी अशोक के शिलालेखो से होता है। पाँचवें स्तम्भलेख मे धर्ममहामात्य नामक नये कर्मचारी की नियुक्ति का वर्णन है। तीसरे में रज्जुक, प्रादेशिक तथा युक्त नामक पदाधिकारियो को प्रजाहित के लिए राज्य मे परिभ्रमण करने की आज्ञा दी गयी है। चौथे स्तम्भ लेख मे अशोक ने स्वय रज्जुक के विभिन्न कार्यों का विवेचन किया है। उन्होने प्रजा के हित के चिन्तन पर विशेष बल दिया है। अभिलेखो से स्पष्ट है कि पाटलिपुत्र, कौशाम्बी, तक्षशिला, उज्जयिनी, तोसल्ली, सुवर्णगिरि नामक प्रान्तो मे शासन विभक्त था।

३ शिलालेखो मे प्रधान कर्त्तव्यो का विवेचन किया गया है। बताया गया है कि माता-पिता की सेवा, प्राणियो के प्राणो का आदर, विद्यार्थियो को आचार्य की सेवा एव जाति भाइयो के साथ उचित व्यवहार करना चाहिए। दूसरो के धर्म और विश्वासो के साथ सहानुभूति रखने का निर्देश करते हुए द्वादश शिलालेख मे लिखा है —"देवताओ के प्रिय प्रियदर्शी विविधदान और पूजा मे गृहस्थ तथा सन्यासी सभी साम्प्रदायवालो का सत्कार करते है। किन्तु देवताओ के प्रिय दान या पूजा की इतनी परवाह नही करते, जितनी इस बात की कि सब सम्प्रदायो के सार की वृद्धि हो। सम्प्रदायो के सार की वृद्धि कई प्रकार से होती है, पर इसकी जड वाक्सयम है अर्थात् लोग केवल अपने ही साम्प्रदाय का आदर और दूसरे सम्प्रदाय की निन्दा न करे।" तृतीय शिलालेख मे बताया है "माता पिता की सेवा करना, मित्र, परिचित, स्वजातीय, ब्राह्मण और श्रमणो को दान देना अच्छा है, कम खर्च करना और कम सचय करना हितकर है।"

४ यात्रियो की सुखसुविधा का निरूपण करते हुए सप्तम स्तम्भ लेख मे बताया गया है—"सडको पर मनुष्य और पशुओ को छाया देने के लिए बरगद के पेड लगवाये, आम्रवाटिकाएँ लगवायी, आध-आध कोस पर कुएँ खुदवाये, सराएँ बनवायी और जहाँ-तहाँ पशुओ तथा मनुष्यो के उपकार के लिए अनेक पौसर बैठाये।" रोगी मनुष्य और पशुओ की व्यवस्था का प्रतिपादन द्वितीय शिलालेख मे किया गया है। "दोनो—मनुष्य और पशुओ के लिए चिकित्सा का पूरा प्रबन्ध था। औषधियाँ जहाँ-जहाँ नही थी, वहाँ लायी और रोपी गयी"।

५ द्वितीय स्तम्भ लेख मे धर्म के स्वरूप का विवेचन करते हुए बताया है—"अपासिनवे बहुकयाने दया दाने सचे य सोचये"—पाप से दूर रहना, बहुत अच्छे कार्य करना तथा दया, दान, सत्य और शौच का पालन करना धर्म है। धर्म का यह असाम्प्रदायिक और सार्वजनीन रूप मानवमात्र के लिए उपादेय है।

६ जीवन मे अहिंसा को उतारने के लिए आहार-पान की शुद्धि का भी निर्देश शिलालेखो मे है।

सम्राट् खारवेल का हाथी गुंफा शिलालेख

उडीसा में जैनधर्म का प्रवेश शिशुनाग वंशीय राजा नन्दवर्धन के समय मे ही हो गया था तथा खारवेल के पूर्व भी उदयगिरि पर्वत पर अर्हन्तो के मन्दिर थे। सम्राट् सम्प्रति के समय मे वहाँ चेदिवश का राज्य था। इसी वंश में जैन सम्राट् खारवेल हुआ, जो उस समय का चक्रवर्ती राजा था। उसका एक शिलालेख उडीसा के भुवनेश्वर तीर्थ के पास उदयगिरि पर्वत की एक गुफा मे खुदा मिला है, जो हाथीगुफा के नाम से प्रसिद्ध है। इसमे प्रतापी राजा खारवेल के जीवन वृत्तान्तो का वर्णन है। इस शिलालेख से ज्ञात होता है कि खारवेल ने मगध पर दो बार चढाई की और वहाँ के राजा वहसति मित्र को पराजित किया। श्री काशी-प्रसाद जायसवाल ने पुष्यमित्र और वहसति मित्र को एक अनुमान किया है। शुङ्गवंशी अग्निमित्र के सिक्के के समान ठीक उसी रूप का सिक्का वहसति मित्र का मिलता है।

दक्षिण आन्ध्र वशी राजा शातकर्णी खारवेल का समकालीन था। शिलालेख से ज्ञात होता है कि शातकर्णी की परवाह न कर खारवेल ने दक्षिण मे एक बडी भारी सेना भेजी, जिसने दक्षिण के कई राज्यो को परास्त किया। सुदूर दक्षिण के पाण्ड्य राजा के यहा से खारवेल के पास बहुमूल्य उपहार आते थे। उत्तर से लेकर दक्षिण तक समस्त भारत में उसकी विजयपताका फहराई।

खारवेल एक वर्ष विजय के लिए प्रस्थित होता था, तो दूसरे वर्ष महल आदि बनवाता, दान देता तथा प्रजा के हित के कार्य करता था। उसने अपनी ३५ लाख प्रजा पर अनुग्रह किया था, विजययात्रा के पश्चात् राजसूय यज्ञ किया और ब्राह्मणो को बडे-बडे दान दिये, उसने एक बडा जैन सम्मेलन बुलाया था, जिसमें भारत भर के जैन-यतियो, तपस्वियो, ऋषियो तथा पण्डितो को बुलाया था। जैनसघ ने खारवेल को खेम-राजा, भिक्षुराजा और धर्मराजा की पदवी प्रदान की थी। यह शिलालेख ई० पू० १५-१०० के लगभग का है। ऐतिहासिको का मत है कि मौर्यकाल की वशपरम्परा तथा काल गणना की दृष्टि से इसका महत्त्व अशोक के शिलालेखो मे भी अधिक है। देश में उपलब्ध शिलालेखो मे यही एक ऐसा लेख है, जिसमे वश तथा वर्ष सख्या का स्पष्ट उल्लेख हुआ है। प्राचीनता की दृष्टि से यह अशोक के बाद का शिलालेख माना जाता है। इसमे तत्कालीन सामाजिक अवस्था और राज्य व्यवस्था का सुन्दर चित्रण है। १७ पक्तियो के इस शिलालेख को ज्यो के त्यो रूप मे उद्धृत किया जाता है। भारत वर्ष का सर्व प्रथम उल्लेख इसी शिलालेख की दशवी पक्ति में भरधवस (भारतवर्ष) के रूप में मिलता है। इस देश का भारतवर्ष नाम है, इसका पाषाणोत्कीर्ण प्रमाण यही शिलालेख है। साहित्य की दृष्टि से भी इसका महत्व अत्यधिक है।

प्राकृत मूलपाठ

(१)

नमो अरहंतान [।] नमो सवसिधान [।] एरेन महाराजन माहामेघवाहनेन चेतिराजवसवधनेनपसथ-सुभलेखनेन चतुरंतलुठितगुनोपहितेन कलिंगाधिपतिना सिरिखारवेलेन.

(२)

पंदरवसानि सिरि-कडार-सिरि-वता कीडिता कुमारकीडिका [।] ततो लेख-रूपगणना-ववहारविधि-विसारदेन सवविजावदातेन नववसानि योवरज पसासित [।] सपुण-चतु वीसति-वसो तदानि वधमानसेसयोवेनाभिविजयो ततिये

(३)

कलिंगराजवस पुरिसयुगे माहाराजाभिसेचन पापुनाति [।] अभिसितमतो च पधमे वसे वात-विहत-गोपुर-पाकार-निवेसन पटिसखारयति [।] कलिंगनरि [f] खबीर-इसि ताल-तडाग-पाडियो च बधापयति [।] सवुयान पटिसंठपन च

(४)

कारयति [।।] पनतीसाहि सतसहसेहि पकतियो च रंजयति [।] दुतिये च वसे अचितयिता सातकंणि पछिमदिस हय-गज-नर-रध-बहुल दंड पठापयति [।] कन्हबेंना गताय च सेनाय वितासित मुसिकनगर [।] ततिये पुन वसे

संस्कृतच्छाया

(१)

नमोऽर्हद्भ्य [।] नमः सर्वसिद्धेभ्य. [।] ऐलेन महारायेन महामेघवाहनेन चेदिराजवशवर्धनेन प्रशस्तशुभलक्षणेन चतुरन्त-लुठितगुणोपहितेन कलिङ्गाधिपतिना श्रीखारवेलेन

(२)

पञ्चदश वर्षाणि श्रीकडारशरीर-वता-क्रीडिता कुमारक्रीडा [।] ततो लेख्य-रूपगणनाव्यवहारविधिविशारदेन सर्वविद्यावदातेन नववर्षाणि यौवराज्य प्रशासितम् [।] सम्पूर्ण-चतुर्विंशतिवर्षस्तदानी वर्धमान-शैशवो येनाभिविजयस्तृतीये

(३)

कलिंगराजवंश-पुरुष-युगे माहाराज्याभिषेचन प्राप्नोति [।] अभिषिक्तमात्रश्च प्रथमे वर्षे वातविहत गोपुर-प्रकारनिवेशन प्रतिसंस्कारयति [।] कलिङ्गनगर्याम् खबीरर्षि-तल्ल तडाग-पालीश्च बन्धयति [।] सर्वोद्यानप्रतिसंस्थापनञ्च

(४)

कारयति [।।] पञ्चत्रिंशद्भिः शत-सहस्रैः प्रकृतीश्च रञ्जयति [।] द्वितीये च वर्षे अचिन्तयित्वा सातकर्णि पश्चिमदेश हय-गज-नर-रथ बहुलं दण्ड प्रस्थापयति [।] कृष्णवेणा गतया च सेनया वित्रासित मूषिकनगरम् [।] तृतीये पुनर्वर्षे

(५)

गधव-वेदबुधो दप-नत'गीत-वादित सदसनाहि उसव-समाज-कारापनाहि च कीडापयति नगरिं तथा च बुथे वसे विजाधराधि-वास अहत-पुव कालिंगयुवराज-निवेसित ...वितधमुकुट सबिलमढिते च निखित-छत

(५)

गन्धर्ववेदबुधो दम्प-नृत्त-गीतवादादित्र-सन्दर्शनैरुत्सव-समाज-कारणैश्च क्रीडयति नगरीम् [।] तथा चतुर्थे वर्षे विद्याधराधिवास अहतपूर्व कालिङ्गपूर्वराजनिवेशितं वितथमकुटान् साधितबिल्माश्च निक्षिप्तछत्र

(६)

भिंगारे हित-रतन-सापतेये सवरठिक भोजके पादे वदापयति [।] पचमे च दानी वसे नदराज-तिवस सत-ओघाटित तनसुलियवाटा पनाडि नगर पवेस [च] ति [।] सो भिसितो च राजसुय [ ] सदस-यतो सव-कर-वण

(६)

भृङ्गारान् हृत-रत्न'स्वापतेयान् सर्वराष्ट्रिक भोजकान् पादावभिवादयते [।] पञ्चमे चेदानी वर्षे नन्दराजस्य त्रिशत-वर्षे अवघट्टिता तनसुलियवाटात् प्रणाली नगर प्रवेशयति [।] सो (ऽ पि च वर्षे षष्ठे) ऽभिषिक्तश्च राजसूय सन्दर्शयन् सर्व-कर-पणम्

(७)

अनुगह-अनेकानि सतसहसानि विसजति पोर जानपद [।] सतम च वस पसासतो वजिरघर व [ॅ] ति-घुसितघरिनीस [मतुक-पद] पुना [ति कुमार].. . . . . [।] अठमे च वसे महता सेना . गोरध गिरिं

(७)

अनुग्रहाननेकान् शतसहस्र विसृजति पौराय जानपदाय [।] सप्तम च वर्षं प्रशासनो वज्रगृहवती घुषिता गृहिणी [सन्मातृक पद प्राप्नोति ?] [कुमार]... [।] अष्टमे च वर्षे महता सेना .गोरथगिरिं

(८)

घातापयिता राजगह उपपीडापयति [।] एतिन च कमापदान-सनादेन सवित सेन-वाहनो विपमुंचित मधुर अपयातो यवनराज डिमित [सो ?] यछति [वि] पलव .

(८)

घातयित्वा राजगृहमुपपीडयति [।] एतेषा च कर्मावदान-सनादेन सवीतसैन्य-वाहनो विप्रमोक्तु मथुरामपयानो यवनराजः डिमित [मो ?] यच्छति [वि] पल्लव ..

(९)

कपरूखे हय-गज-रध-सह-यते सवघरा-वास-परिवसने स-अगिण-ठिया [।] सव-गहन च कारयितु बम्हणान जाति परिहार ददाति [।] अरहता व . न.. गिय

(९)

कल्पवृक्षान् हयगजरथान् सयन्तॄन् सर्व-गृहावास-परिवसनानि साग्निष्ठिकानि [।] सर्वग्रहण च कारयितु ब्राह्मणाना जाति परिहार ददाति [।] अर्हंत व न गिया [?]

(१०)

.. [क] ो . मान [ति] रा [ज]–सनिवास महाविजय पासाद कारयति अठतिमाय सातसहसहि । ।] दसमे च वसे दड-सधी साम-मयो भरध-वस-पठान महि जयन . ति कारापयति . .. [निरितय] उयातान च मनि-रतना [नि] उपलभते [।]

(१०)

[क] . ो . मानति (?) राज-सन्निवास महाविजय प्रासाद कारयति अष्टात्रिंशता शतसहस्रै. [।] दशमे च वर्षे दण्डसन्धि-साममयो भारतवर्ष-प्रस्थान मही-जयन ति कारयति [निरित्या ?] उद्यातानां च मणिरत्नानि उपलभते [।]

(११)

.... . मड च अवराज-निवेसित पीथुड-गदभ-नगलेन कासयति [।] जनस दभावन च तेरसवस-सतिक [०] तु भिदति तमरदेह-सघात [। वारसमे च वसे हस के ज. सवसेहि वितासयति उतरापध-राजनो .

(११)

मण्ड च अपराजनिवेशित पृथुल-गर्दभ-लाङ्गलेन कर्षयति जिनस्य दम्भापन त्रयादश-वर्ष-शतिक तु भिनति तामरदेह-सघातम् [।] द्वादशे च वर्षे . . भि वित्रासयति उत्तरापथराजान्

(१२)

.. मगधान च विपुल भय जनेतो हथी सुगंगीय [० [पाययति [।] मागध च राजान बहसतिमित पादे वदापयति नन्दराजनीतं च कालिंग-जिन सनिवेस . गह-रतनान पडिहारेहि अगमागधवसु च नेयाति [।]

(१२)

. ..मागधानाञ्च विपुल भय जनयन् हस्तिन सुगाङ्गेय प्रापयति [।] मागधञ्च राजान बृहस्पतिमित्र पादावभिवादयते [।] नन्दराजानीतञ्च कालिङ्गजिन-सन्निवेश गृहरत्नाना प्रतिहारैराङ्ग-मागधवसूनि च नाययति [।]

(१३)

— तु [०] जठर-लिखिल-बरानि सिहरानि निवेसयन्ति सत-वेसिकनं परिहारेन [।] अभुत मछरिय च हथि-नावन परीपुरं सव-देन हय-हथी-रतन [मा] निक पडराजा चेदानि अनेकानि मुतमणिरतनानि अहराप यति इध सतो

(१४

सिनो बसीकरोति [।] तेरसमे च वसे सुपवत-विजय-चक-कुमारीपवते अरहिते [य] प-खीण-ससिते हि कायनिसीदीयाय याप-आवकेहि राजभितिनि चिनवातानि वसासितानि [।] पूजाय रतउवास-खारवेल सिरिना जीवदेह-सिरिका परिखिता ।]

(१५)

[मु] कति - समणासुविहितान (नु १) च सत-दिसान (नु) जानिन तपसि-इसिन संधियन (नु १) [ ] अरहतनिसीदिया समीपे पभारे वराकर समुथपिताहि अनेक योजनाहि ताहि प. सि ओ सिलाहि सिंहपथरानिसि [ ] धुडाय निसयानि

(१६)

घटालक्तो चतरे त वेडूरियगभे थभे पतिठापयति [,] पान-तरिया सत-सहसेहि [।] मुरिय-काल-वोछिन च चोयठि अग सतिक तुरिय उपादयति [।] खेमराजा स वढराजा स भिखुराजा धमराजा पसतो सुनतो अनुभवनो कलाणानि

(१३)

......तु जठरोल्लिखितानि वराणि शिखराणि निवेशयति शत-वेशिकाना परिहारेण [।] अद्भुतमाश्चर्यञ्च हस्तिनाथां पारिपूरम् सर्वदेयम् हय-हस्ति-रत्न-माणिक्य पाण्ड्यराजात् चेदानीमनेकानि मुक्तामणि-रत्नानि आहारयति इह शक्त [।]

(१४)

मिनो वशीकरोति [।] त्रयोदशे च वर्षे सुप्रवृत्त-विजय-चक्रे कुमारी पर्वतेऽर्हिते प्रक्षीया ससृतिभ्य कायिकानिषीद्या यापज्ञापकेभ्य राजभृतीश्चीर्णव्रता. [एव] शासिता [।] पूजाया रतोपासेन खारवेलेन श्रीमता जीवदेहश्रीकता परीक्षिता [।]

(१५)

. सुकृति श्रमणाना सुविहिताना शतदिशाना तपस्विऋषीणा सङ्घिना [।] अर्हन्निषीद्या. समीपे प्राग्भारे वराकरस-मुत्थापिताभिरनेकयोजनाहृताभि. . . .. शिलाभि. सिंहप्रस्थीयायै राज्ञे सिन्धुडाये नि श्रयाणि

(१६)

घटालक्तः [१], चतुरश्च वैडूर्य गर्भान् स्तम्भान् प्रतिष्ठापयति [,] पञ्चसप्तशतमहस्त्रै [।] मौर्यकालव्यवच्छिन्नञ्च चतुःषष्टिकाङ्गसप्तिक तुरीयमुत्पादयति [।] क्षेमराज स वर्द्धराज. स भिक्षुराज धर्मराज पश्यन् शृण्वन्ननुभवन् कल्याणानि

(१७)	(१७)
... गुण-विसेस-कुसलो सवपासड-पूजको सव-देवायतन-सकारकारको [अ] [अ] पति-हत-चकि-वाहि-निबलो चकधुरो गुतचको पवत-चको राजसि-वस-कुल-विनि-सितो महाविजयो राजा खारवेल-सिरि	गुण-विशेष-कुशलः सर्वपाषण्डपूजकः सवदेवायतन-सस्कारकारकः [अ] प्रतिहत-चक्रिवाहिनी-बल.चक्रधुरोगुप्त-चक्रः प्रवृत्त-चक्रो राजर्षिवशकुल-विनि सृतो महाविजयो राजा खारवेलश्री.

प्राकृत भाषा मे लिखे गये अन्य शिलालेखो मे पल्लवराजा शिवस्कन्दवर्मन् और पल्लवयुवराज विजयबुद्धवर्मन् की रानी के दानपत्र, कक्कुक का घटयाल प्रस्तरलेख एवं सोमदेव के ललित विग्रहराज नाटक के उत्कीर्ण-अश परिगणित है। ईस्वी सन् १४६ मे नासिक मे उत्कीर्ण वासिष्ठीपुत्र पुलुमावि का शिलालेख भी प्रसिद्ध है। दक्षिण भारत के शासक सातवाहन वश के लेखो एव मुद्रालेखो मे प्राकृत का व्यवहार किया गया है। इतिहास से सिद्ध है कि जूनागढ के अतिरिक्त नहपान कालीन सभी अभिलेख (नासिक, जूनार, कार्ले आदि) तथा क्षत्रप मुद्रालेख प्राकृत भाषा मे है। मिलिन्द का विजौर का लेख तथा सभी शासको के खरोष्ठी मुद्रा लेख भी प्राकृत मे है। "मिनेद्रस महरजस कटि अस दिवस" (विजौर लेख) तथा महरजस त्रतरस हेरमयस" (मुद्रालेख) उदाहरणार्थ प्रस्तुत किये जाते है। उनके उत्तराधिकारी पहलव नरेशो के मुद्रालेख भी प्राकृत में उपलब्ध है। यथा—"रजदिरजस महतस मोअस। महरजस, महतस अमिलिषस, इन दोनो गद्य खण्डो मे मे पहला गद्यखण्ड राजा मोग की मुद्राओ पर और दूसरा अयिलिष की मुद्राओ पर उत्कीर्ण है।

कुषाण राजा वीमकदफिस तथा कनिष्क समूह के शासको के अभिलेख या मुद्रालेख प्राकृत मे खोदे गये थे। वीमकदफिस की स्वर्णमुद्रा पर निम्नलिखित लेख अकित है।

"महरजस रजरजस सवलोग ईश्वरस महीश्वरस"

कनिष्क तथा उसके उत्तराधिकारी पेशावर मे राज्य करते रहे, जहाँ पर अशोक के समय से ही खरोष्ठी का प्रसार था। उस लिपि मे जितने लेख है, प्राय प्राकृत में ही हैं। यह सत्य है कि कनिष्क के प्राकृत लेख सस्कृत भाषा से प्रभावित है। उनके पजाब से उपलब्ध लेखो मे "अषडस मसस—कनिष्कस" प्राकृत भाषा मे है तो दूसरे मे 'महरजस्य रजतिरजस्य देवपुत्रस्य कनिष्कस्य" सस्कृत-प्राकृत मे है। हुविष्क का मथुरा लेख, लखनऊ सग्रहालय के जैनप्रतिमालेख एव वासुदेव का मथुरा प्रतिमा-अभिलेख सस्कृत मिश्रित प्राकृत मे है।

वासिष्ठी पुत्र पुलुमावि और गौतमीपुत्र शातकर्णी के नासिकवाले शिलालेखो का इतिहास की दृष्टि से जितना महत्त्व है, प्राकृत साहित्य की दृष्टि से भी उससे कम नही। गौतमी बलश्री के द्वारा कैलास पर्वत के शिखर के सदृश त्रिरश्मि पर्वत के शिखर पर

श्रेष्ठ विमान की भाँति महासमृद्धि युक्त एक गुफा के खुदवाने का उल्लेख है। यथा—

सिरि-सातकणिसमातुय महादेवीय गोतमीय बलसिरीय स च वचन दान क्षमा-हिसनिरताय तप-दम-नियमोपवासतपराय राजरिसिवधु-सदमखिलमनुविधीय-मानाय कारितदेयधम (कैलास पवत)—सिखर-सदि से (ति) रण्हुपवत-सिखरे विमा (न) वरनिविसेसमहिढीकं लेण[1]।

कक्कुक का घटयाल प्रस्तर लेख

जोधपुर से २० मील उत्तर की ओर घटयाल नाम के गाँव मे कक्कुक का एक प्राकृत शिलालेख उत्कीर्ण है। इस शिलालेख का प्रकाशन मुंशी देवीप्रसाद ने सन् १८९५ मे जॅर्नल ऑफ द रायल एशियाटिक सोसाइटी के पृ० ५१३ पर किया है। शिलालेख की तिथि वि० सं० ९१८ (ई० सन् ८६१) है। इसमे बताया गया है कि कक्कुक ने एक जैन मन्दिर का निर्माण किया था। उसने एक बाजार भी लगवाया था। इसने दो कीर्तिस्तम्भ भी स्थापित किये थे, एक मड्डोअर मे और दूसरा रोहिन्स कूप नामक ग्राम मे। यहाँ अर्थसहित शिलालेख दिया जाता है।

ओ सग्गायवग्गमग्गं पढमं सयलाण कारणं देवं।
णीसेस दुरिअदलण परम गुरु णमह जिणनाह ॥ १ ॥
रहुतिलओ पडिहारो आसो सिरि लक्खणोत्ति रामस्स।
तेण पडिहार वंसो समुण्णइं एत्थ सपत्तो ॥ २ ॥
विप्पो हरिअंदो भज्जा असि त्ति खत्तिआ भद्दा।
ताण सुओ उप्पणो वीरो मिरि रज्जिलो एत्थ ॥ ३ ॥
अस्स वि णरहड णामो जाओ सिरि णाहडो त्ति एअस्स।
अस्स वि तणाओ ताओ तस्स वि जसवद्धणो जाओ ॥ ४ ॥
अस्स वि चंदुअ णामो उप्पण्णो सिल्लुओ वि एअस्स।
झोटो भिल्लुअस्स तणुओ अस्स वि सिरि भिल्लुओ चाई ॥ ५ ॥
सिरि भिल्लुअस्स तणुओ सिरिकक्को गुरुगुणेहि गारविओ।
अस्स वि कक्कुअ नामो दुल्लहदेवीए उप्पणो ॥ ६ ॥
ईसि विआसं हसिअ, महुरं भजिअं पलोइअ सोम्मं।
णमय जस्स ण दोणं रो (सा) थेओ थिरा मेत्ती ॥ ७ ॥
णो जंपिअं ण हसिअं ण कयं ण पलोइअं ण संभरिअं।
ण थिअं, ण परिब्भमिअं जेण जणे कज्ज परिहीणं ॥ ८ ॥

---

१. प्राचीन भारतीय अभिलेखों का अध्ययन–मोतीलाल बनारसीदास सन् १९६१ ई०

सुत्था दुत्थ वि पया अहमा तह उत्तिमा कि सोक्खेण ।
जणणि व्व जेण धरिआ णिच्चं णिय मंडले सव्वा ॥ ९ ॥
उअरोह रामअच्छर लोहेहि इ णायवज्जिअं जेण ।
ण कओ दोण्ह विसेसो ववहारे कवि मणयं पि ॥ १० ॥
दिअवर दिण्णाणुज्जं जण जण य रंजिऊण मयलं पि ।
णिमच्छरेण जणिअ दुट्ठाण वि दडणिट्ठवणं ॥ ११ ॥
धण रिद्ध समिद्धाण वि पउराणं निअकरस्स अब्भहिअ ।
लक्ख मयं च सरिसन्तणं च तह जेण दिट्ठाइं ॥ १२ ॥
णव जोव्वण रूअपसाहिएण सिंगार-गुण गरुवकेण ।
जणवय णिज्जमलज्ज जेण जणे णेय सचरियं ॥ १३ ॥
बालाण गुरु तरुणाण सही तह गयवयाण तणओ व्व ।
इय सुचरिएहि णिच्चं जेण जणो पालिओ सव्वो ॥ १४ ॥
जेण णमतेण सया सम्माण गुणथुई कुणंतेण ।
जंपतेण य ललिअं दिण्णं पणईण धण-निवह ॥ १५ ॥
मरु माड वल्ल-तमणी-परिअंका-मज्ज गुज्जरत्तासु ।
जणिओ जेन जणाणं मच्चरिअगुणेहि अणुराहो ॥ १६ ॥
गहिऊण गोहणाइं गिरिम्मि जाल्गउ ला। ओ पल्लीओ ।
जणिआओ जेण विसमे वउणाणय-मंडले पयडं ॥ १७ ॥
णीलुप्पलदलगन्धा रम्भा मायन्द-महुअ विन्देहिं ।
वरइच्छु पण्णच्छण्ण एमा भूमि कया जेण ॥ १८ ॥
वरिस-सएसु अणवसु अट्ठारसमग्गलेसु चेत्तम्मि ।
णवखत्ते विहुहत्थे बुहवारे धवल बीआए ॥ १९ ॥
सिरिकक्कुएण हट्टं महाजण विप्प पयइ वणि बहुल ।
रोहिसकूअ गामे णिवेसि अं कित्तिविड्डीए ॥ २० ॥
मड्डोअरम्मि एक्को बीओ रोहिसकूअ-गामम्मि ।
जेण जसस्स व पुंजा एए त्थम्भा समुत्थविआ ॥ २१ ॥
तेण सिरिकक्कुएणं जिणस्स देवस्स दुरिअ णिच्छलणं ।
कारविअं अचलमिमं भवणं भत्तीए सुह जययं ॥ २२ ॥
अप्पिअमेअं भवणं सिद्धस्स गणेसरस्स गच्छम्मि ।
तह सन्त जंब अबय वणि, भाउड-पमुह-गोट्ठीए ॥ २३ ॥

स्वर्ग और मोक्ष के मार्ग का निरूपण करनेवाले, समस्त कल्याणो के करनेवाले और समस्त पापो को नष्ट करनेवाले परम गुरु सर्वज्ञ भगवान् को नमस्कार करो ॥ १ ॥

जिस प्रकार रघुकुल तिलक राम के लिए लक्ष्मण प्रतिहार—सेवक थे, उसी प्रकार प्रतिहार वंश मे रघुकुल तिलक हुआ, जिसमे प्रतिहार वंश उन्नति को प्राप्त हुआ ।। २ ।।

हरिश्चन्द्र नामक ब्राह्मण की भद्रा नाम की क्षत्रियाणी पत्नी थी। इस दम्पति से अत्यन्त पराक्रमी रज्जिल नाम का एक पुत्र उत्पन्न हुआ ।। ३ ।।

उस रज्जिल का नरभट्ट नाम का पुत्र उत्पन्न हुआ तथा उसका णाहड नाम का पुत्र हुआ। णाहड का ताट और ताट का पुत्र यशोवर्द्धन हुआ ।। ४ ।।

इस यशोवर्द्धन का चन्दुक, चन्दुक का शिल्लुक, शिल्लुक का झोट नाम का पुत्र उत्पन्न हुआ और झोट का भिल्लुक पुत्र हुआ ।। ५ ।।

इस भिल्लुक का पुत्र कक्कुक हुआ, जो महान् गुणो से युक्त था। यह कक्कुक दुर्लभ-देवी से उत्पन्न हुआ था ।। ६ ।।

वह कक्कुक मन्दमुस्कानवाला था, मधुर वाणी बोलनेवाला, सौम्य दृष्टि से देखने-वाला, अत्यन्त नम्र एव दीन और अनाथो पर कभी क्रुद्ध नही होनेवाला था। यह अत्यन्त उदार था और इसकी मित्रता स्थिर—स्थायी तथा क्रोध क्षणविध्वसी था ।। ७ ।।

वह प्रजा एव लोकहित के कार्यो को छोडकर अन्य व्यर्थ के कार्यों के सम्बन्ध मे न बोलता था, न हँसता था, न कोई कार्य करता था, न स्मरण करता था, न बैठता था और न घूमता ही था ।। ८ ।।

कक्कुक ने अपने राज्य मे सदैव अधम, मध्यम, उत्तम, सुखी अथवा दुखी सभी प्रकार की प्रजा का पालन सच्ची माता के समान हितैषी बनकर किया था ।। ९ ।।

न्याय वर्जित विरोध, विघ्न, बाधा, राग-द्वेष, मात्सर्य एव लोभ आदि से प्रभावित होकर जिसने न्याय करने मे कभी भी भेद भाव नही किया था ।। १० ।।

द्विज श्रेष्ठो द्वारा प्रदत्त आज्ञा से जिसने समस्त प्रजा का मनोरजक करते हुए बिना किसी ईर्ष्या, द्वेष एव अहकार के दुष्टजनो को कठोरदण्ड देने की व्यवस्था की ।। ११ ।।

सभी प्रकार की सम्पत्तियो एव समृद्धियो से युक्त नागरिक जनो को उसने अपने राजस्व की आय से भी अधिक सैकडो लाखो की सम्पत्ति समय आनेपर बाँट दी ।। १२ ।।

नव यौवन, रूप-प्रसाधन एव महान् शृङ्गार से युक्त होते हुए भी जिसने जनपद के लोगो मे अपने प्रति निन्दा एव निर्लज्जता का भाव जागृत नही होने दिया ।। १३ ।।

वह कक्कुक बच्चो के लिए गुरु, युवको के लिए मित्र तथा वयोवृद्धो के लिए पुत्र के समान था। इस प्रकार उसने अपने सुचरित द्वारा समस्त प्रजा का भली प्रकार पालन-पोषण किया ।। १४ ।।

वह नम्रता पूर्वक सदैव लोगो का सम्मान करता था। सद्गुणो की निरन्तर प्रशसा करता था, मधुर वाणी बोलता था तथा आश्रय ग्रहण करने वाले प्रेमी व्यक्तियो को नित्य ही धन समूह दान मे देता था ॥ १५ ॥

मारवाड, वल्लतमणी तथा गुजरात आदि देशो के लोगो मे जिसने अपने सदाचार आदि सद्गुणो के प्रति अनुराग उत्पन्न कर दिया ॥ १६ ॥

पर्वत मे अग्नि लगाकर और पल्लियो से गोधन लेकर जिसने वटनामक मण्डल मे आतक उत्पन्न कर दिया ॥ १७ ॥

तथा वटनामक मडल की भूमि का नीलकमलो की सुगन्धि मे युक्त, माकन्द और मधूक वृक्षो से रमणीक एव श्रेष्ठ इक्षुओ के पत्तो से आच्छादित कर दिया ॥ १८ ॥

वि० स० ९१८ चैत्र शुक्ला द्वितीया बुधवार को हस्त नक्षत्र मे श्री कक्कुक ने अपनी कीर्त्ति की वृद्धि के लिए रोहिन्सकूप नाम के ग्राम मे महाजनो, ब्राह्मणो, सेना एव व्यापारियो के लिए एक बाजार बनवाया ॥ १९–२० ॥

कक्कुक ने मड्डोअर और रोहिन्सकूप नामके ग्रामो मे एक-एक कीर्त्ति-स्तम्भ बनाकर अपने यश.समूह का विस्तार किया ॥ २१ ॥

उस कक्कुक ने सभी प्रकार के पापो को नष्ट करनेवाले एव सुख देनेवाले वीतरागी भगवान् के मन्दिर को भक्तिपूर्वक बनवाया ॥ २२ ॥

मन्दिर निर्माण के उपरान्त उस कक्कुक ने वह मन्दिर सिद्ध धनेश्वर के गच्छ मे होनेवाले सन्त, जम्ब, अम्बय, वणिक्, भाकुट आदि प्रमुखो की गोष्ठी को अर्पित कर दिया ॥ २३ ॥

मथुरा के शिलालेखो मे भी प्राकृत है। पर इन शिलालेखो की प्राकृत भाषा सस्कृत मिश्रित है। अनुमानत ई० पू० १५० के एक शिलालेख की एक पक्ति उद्धृत की जाती है।

समनस माहरखितास आतेवासिस वछीपुत्रग सावकास उतरदासक [T] स पासादोतोरनं [॥]

अर्थात् माधरक्षित के शिष्य वात्सी माता के पुत्र उत्तरदासक श्रावक का दान इस मन्दिर का तोरण है।

मथुरा के प्राय सभी प्राचीन लेख प्राकृत मे है।

इलाहाबाद के पास प्राप्त हुए **पभोसा** (प्रभास या प्रभात) के शिलालेख भी प्राकृत मे है। इनका समय ई० पू० प्रथम या द्वितीय शती है। भाषा और साहित्य का रूप निम्न प्रकार है—

अधियछात्रा राञो शोनकायनपुत्रस्य वंगपालस्य
पुत्रस्य राञो तेवणीपुत्रस्य भागवतस्य पुत्रेण
वैहिदरीपुत्रेण आषाढसेनेन कारितं [॥]

अधिछत्रा के राजा शौनकायन के पुत्र राजा वगपाल के पुत्र और त्रैवर्ण राजकन्या के पुत्र राजा भगवत के पुत्र तथा वैहिदर–राजकन्या के पुत्र आषाढसेन ने गुफा बनवायी ।

इस प्रकार प्राकृत शिलालेख भाषा, साहित्य और इतिहास इन तीनो दृष्टियो से महत्त्वपूर्ण है ।

तृतीयोऽध्यायः

प्राकृत के शास्त्रीय महाकाव्य

काव्य शान्ति के परिपूर्ण क्षणो मे रची गयी कोमलशब्दो, मधुर कल्पनाओ तथा उद्रेकमयी भावनाओं की मर्मस्पृक भाषा है। सहजरूप मे तरगित भावो का मधुर प्रकाशन है। दूसरे शब्दो मे यो कहा जा सकता है कि 'काव्य भाषा के माध्यम से अनुभूति और कल्पना द्वारा जीवन का पुन' सृजन' है। प्राकृत भाषा मे काव्य प्रणयन उसके प्रादुर्भाव काल से ही होना आ रहा है। प्राकृत भाषा जनभाषा थी, अत यह साहित्य जनता का साहित्य है। नभोमण्डल मे अवतरित होती चिरकुमारी उषा-नर्तकी के अधखुले लावण्य मे मुग्ध होकर ही प्राकृत के आचार्यों ने अपनी मनोवीणा के तार झकृत नही किये है और न उन्होने अमर्त्य शृगार के अभिनन्दन के हेतु ही अपने का मुखरित किया है। बल्कि प्राकृत भाषा के कवियो ने सिसकती और आहे भरती मानवता का करुणक्रन्दन सुना, उनका हृदय द्रवीभूत हो गया और करुणाभिभूत आदि-कवि बाल्मीकि की वाणी के समान मानवता के त्राण के हेतु वे भी काव्य रचना मे प्रवृक्त हुए। वैदिक यज्ञ-समाज और पौराणिक ब्राह्मण समाज की उन विकृतियो के प्रति प्राकृत भाषा के मनीषियो ने अपनी विचार असहमति प्रकट की, जिसम राजाओ, सामन्तो एव पुरोहितो का अखण्ड साम्राज्य था। सामान्य जनता को अपने विचार और विश्वास प्रकट करने का अवसर नही दिया जाता था। समाज मे एक प्रकार की घुटन उत्पन्न हो रही थी। सम्भ्रान्तवाद का व्यापक प्रभाव सभी पर पड रहा था दलित और दीन समाज मे कष्ट पा रहे थे। ऐसी परिस्थिति मे प्राकृत के मनीषियो ने वैदिक साहित्य के समानान्तर एक नयी विचारधारा को प्रादुर्भूत किया। फलत प्राकृत आगम ग्रन्थो मे सिद्धान्तो के साथ आख्यान, सास्कृतिक उपाख्यान, ऐतिहासिक कथाएँ, रूपकात्मक आख्यायिकाएँ एव लोककथाओ के मूलरूप भी समाविष्ट हुए, उच्च और अभिजात वर्ग की सामन्तशाही का प्रतिरोध करने से प्राकृत साहित्य मे रूढिवादिता प्रविष्ट न हो पायी। फलत मानवता की फौलादी नीव पर भारतीय सस्कृति और साहित्य की अट्टालिका खडी होकर अपनी गुरुता और महत्ता से आकाश को चुनौती देने लगी।

प्राकृत मे जनवादी या मानवतावादी साहित्य तो लिखा ही गया है, पर रसमय साहित्य की भी कमी नही है। यह सत्य है कि इस रसमय साहित्य की आत्मा भी मानवतावाद से पुष्ट है। तिरस्कृत एव दलित पात्र काव्यों के नायक हैं अथवा राजा, महाराजा,

सेठ, साहूकार यदि नायक भी कही है, तो रूढिवादी नही हैं। कट्टरता का पूर्णतया उनमें अभाव है। कवि वाक्पति राज ने कहा है—

णवमत्थ—दंसणं संनिवेस सिसिराओ बन्ध-रिद्धीओ।
अविरलमिणमो आभुवण-बन्धमिह णवर पययम्मि ॥ गउडवहो ९२॥

अर्थात्—सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आज तक प्रचुर परिमाण मे नूतन-नूतन अर्थो का दर्शन तथा सुन्दर रचनावाली प्रबन्ध-सम्पत्ति यदि कही भी है, तो केवल प्राकृत मे है।

प्राकृत भाषा के ललित और सुकुमार होने से काव्य रचना आरम्भ से ही होती आ रही है। प्राकृत भाषा के प्रबन्ध काव्यो का वर्गीकरण निम्न प्रकार किया जा सकता है।

२, शास्त्रीय महाकाव्य या केवल रसमय महाकाव्य

३ खण्डकाव्य

४. चरितकाव्य

यह सत्य है कि प्राकृत के शास्त्रीय महाकाव्य सस्कृत महाकाव्यो की शैली पर ही निर्मित है। शृङ्गाररस की इतनी सुन्दर व्यञ्जना अन्यत्र सम्भवत नही मिल सकेगी। प्राकृत के कवियो ने सस्कृत महाकाव्यो से रूप सयोजन और कलात्मक प्रौढि को ग्रहण किया है। अत शास्त्रीय प्राकृत महाकाव्यो मे निम्नलिखित तत्त्व पाये जाते है।

१ कथात्मकता और छन्दोबद्धता।

२ सर्गबद्धता या खण्डविभाजन और कथा का विस्तार।

३ जीवन के विविध और समग्र रूप का चित्रण।

४ लोकगीत और लोककथाओ के अनेक तत्त्वो के सम्मिश्रण से सघटित कथानक निर्माण।

५ शैली की गम्भीरता, उदात्तता और मनोहारिता

वस्तुत. शास्त्रीय महाकाव्य कलात्मक प्रतिभा की सर्वोत्तम देन है। इनमे जातीय गुणो, सर्वोत्कृष्ट उपलब्धियो और परम्परागत अनुभवो का पुजीभूत ऐसा रसात्मक रूप दृष्टिगोचर होता है, जो समग्र सामाजिक जीवन का प्रतिनिधि है। यद्यपि उसके बाह्य स्वरूप मे देश-काल के भेद के साथ निरन्तर परिवर्तन होता रहता है, तो भी उसके आन्तरिक मूल्य और स्वाभाविक गुण शाश्वत एव चिरन्तन होते है। संक्षेप मे महाकाव्य वह छन्दोबद्ध कथात्मक काव्यरूप है, जिसमे क्षिप्र कथा-प्रवाह, अलकृत वर्णन और मनोवैज्ञानिक चित्रण से युक्त ऐसा सुनियोजित, साङ्गोपाङ्ग और जीवन्त कथानक होता है, जो रसात्मकता या प्रभान्विति उत्पन्न करने मे पूर्ण सक्षम है। शास्त्रीय प्राकृत महाकाव्यो मे यथार्थ कल्पना या सम्भावना पर आधारित ऐसे चरितो का विन्यास किया गया है, जो अपने युग के सामाजिक जीवन का

किसी न किसी रूप में प्रतिनिधित्व करते है। महत्प्रेरणा और महदुद्देश्य भी इन काव्यो में प्रतीकात्मक या अप्रत्यक्षरूप मे विद्यमान रहता है। रसात्मकता के साथ घटनाओ का संश्लिष्ट और समन्वित रूप समग्र जीवन के विविध रूपो को उपस्थित करता है। फलत: प्राकृत महाकाव्यो के उद्देश्य के मूल म कोई महत्प्रेरणा रहती है, जो समस्त महाकाव्य को प्राणवन्त बनाती है। प्रेरणा उत्पन्न करनेवाली वस्तुएँ और घटनाएँ बहुत-सी हो सकती है, या उनकी अनुभूति की गहराई सबके लिए एक समान नही हो सकती है। प्राकृत महाकाव्यो मे उपदेश और धर्मतत्त्व भी यत्र-तत्र बिखरा मिल सकता है, पर वास्तव मे उनका अवसान भी किसी न किसी रस मे हो जाता है। इसमे सन्देह नही कि कवि का मानसिक धरातल जितना ही ऊँचा होगा, उतनी ही गरिमा और उच्चता उसके महाकाव्य मे समाविष्ट होगी।

महाकाव्य के सम्बन्ध मे लक्षण ग्रन्थो मे बताया गया है कि गुरुत्व के अभाव मे कोई भी महाकाव्य महाकाव्य की श्रेणी मे परिगणित नही किया जा सकता। गुरुत्व का समवाय उच्च विचारो से होता है तथा गाम्भीर्य उसकी भर्यादा और भावाभिव्यक्ति की गहनता मे उत्पन्न होता है।

महाकाव्य मे युगविशेष के समग्र जीवन का चित्रण किसी कथावस्तु के माध्यम से होता है। जिसका चरम बिन्दु कोई महत्वपूर्ण कार्य और आश्रय कोई प्रधान पात्र होता है। चिन्तक कवि का मानस-क्षितिज इतना व्यापक और विशाल होता है कि युग का समग्र रूप उसमे स्वभावत. समाविष्ट हो जाता है। मानव प्रकृति, मानसिक दशाएँ, मानवीय प्रवृत्तियाँ और उपलब्धियाँ, मानव और प्रकृति का सम्बन्ध और संघर्ष, मानव-मानव का पारस्परिक सम्बन्ध और संघर्ष एवं तत्कालीन सामाजिक कार्यव्यापार काव्य-मे समाविष्ट होकर अपने युग का पूर्ण चित्र प्रस्तुत करते है। अत महाकाव्य मे विविध घटनाओ का प्रवाह फल प्राप्ति की ओर ही अग्रसर रहता है।

शास्त्रीय महाकाव्य और चरित महाकाव्य की कथावस्तु मे अन्तर रहता है। चरित काव्य की कथा नायक के चरित का विश्लेषण करती है पर उपदेश, धर्मतत्त्व और आचार सम्बन्धी निष्ठाएँ इतनी अधिक रहती है, जिससे कथा का आयाम शास्त्रीय महा-काव्य की अपेक्षा बड़ा होता है। घटनाएँ सूचीबद्ध रहने पर भी मूल मे अधिक बिखरी रहती हैं, जिससे विस्तार दिखलायी पड़ता है नुकीलापन नहीं। महाकाव्य की कथा का आयाम समचतुरस्र होता है, जबकि चरितकाव्य की कथावस्तु का आयाम समानान्तर चतुरस्र। दोनो के कथानको मे पर्याप्त विस्तार होता है, सम्पूर्ण जीवन का चित्रण किसी विशेष सीमा रेखा के भीतर आबद्ध किया जाता है। कथानक मे कार्यान्वयन की क्षमता का रहना आवश्यक माना गया है। संवाद, सक्रियता और औचित्य का कथावस्तु में रहना भी अनिवार्य है।

चरित काव्य और महाकाव्य मे दूसरा अन्तर घटनाओ की प्रवाह गति का भी है। चरितकाव्य की घटनाओं की गति दीर्घवर्तुल होती है, जबकि शास्त्रीय महाकाव्य की कथावस्तु की गति वर्तुल रूप होती है। दीर्घवर्तुल और वर्तुल मे अन्तर इतना ही है कि एक का प्रवाह ढोलक के समान धक्का देता हुआ-सा है और दूसरे का प्रवाह पनडुब्बी के समान है, जो अपनी स्वेच्छया गति से कही तेजधारा को काटकर और कही यो ही उचटकर आगे बढती है। शास्त्रीय महाकाव्य की घटनाएँ कही सघर्षो के बीच से आगे बढती है, तो कही यो ही ऊपर-ऊपर होकर निकल जाती है। वहाँ वस्तुत. कल्पना और अलकरण का ऐसा चमत्कार रहता है, जिससे घटनाओ की गति कही मडूकप्लुत हो जाती है और कही कच्छप के समान वर्णनो के आवेष्टन मे अवगुण्ठित हो पाठक के मानस-नेत्रो के सम्मुख अत्यन्त आकर्षक चित्र उपस्थित कर शनै शनै. आगे बढती है। पर चरितकाव्य के लिए यह आवश्यक नही है। उसके घटना प्रवाह मे ऐसा धक्का लगना चाहिए जिससे चरित्र का साक्षात्कार दृष्टिगोचर होने लगे, वर्णन अपना प्रवाह वही तक सीमित रखते है, जहाँ तक रागात्मक सम्बन्ध के उद्घाटन मे बाधा उत्पन्न नही होती है। अतएव प्राकृत काव्यो का विश्लेषण स्पष्टत शास्त्रीय महाकाव्य और चरितमहाकाव्य इन दोनो श्रेणियो मे करना उचित है। यहाँ शास्त्रीय महाकाव्य मे हमारा तात्पर्य शुद्ध रसात्मक काव्यो से है, जो मानव मात्र की रागात्मिका वृत्ति को उद्बुध करने की पूर्ण क्षमता रखते है।

सेतुबन्ध[1]

कथात्मक सगठन और घटनात्मक विकास की दृष्टि से यह महाकाव्य अद्वितीय है। सस्कृत का कोई भी महाकाव्य इस दृष्टि से इसकी समकक्षता प्राप्त नही कर सकता है। इस महाकाव्य मे दो मुख्य घटनाएँ है —सेतुबन्धन और रावणवध। इन दोनो घटनाओ के आधार पर इसका नाम सेतुबन्ध अथवा रावणवध रखा गया है। जिस उत्साह और विस्तार से कवि ने सेतु रचना का वर्णन किया है, उससे यही लगता है काव्य का फल रावणवध भले ही हो, पर समस्त घटना का केन्द्र सेतु रचना ही है। अतएव इसका सार्थक नाम सेतुबन्ध है। इस महाकाव्य मे १२९१ गाथाएँ है, जो १५ आश्वासो में विभक्त है। रामदास भूपति ने अपनी टीका के प्रारम्भिक छन्दो मे "रामसेतुप्रदीपम्" कहकर इसका नाम रामसेतु बताया है।

इस महाकाव्य का रचयिता प्रवरसेन नामक महाकवि है। आश्वासो के अन्त मे प्राप्त पुष्पिकाओ मे " पवरसेण विरइए" के साथ 'कालिदासकए' पद भी पाया जाता है। सेतुबन्ध के टीकाकार रामदास भूपति वि० स० १६५२ ने इस महाकाव्य का रचयिता कालिदास को माना है.—

१ सन् १९३५ में निर्णयसागर प्रेस, बम्बई से प्रकाशित।

धीराणां काव्यचर्चा चतुरिमविधये विक्रमादित्यवाचा
यं चक्रे कालिदासः कविकुमुदविधुः सेतुनामप्रबन्धम् ।
तद्व्याख्या सौष्ठवार्थं परिषदि कुरुते रामदासः स एव,
ग्रन्थं जल्लालदीन्द्रक्षितिपतिवचसा रामसेतुप्रदीपम् ।।

टीकाकार ने पुनः इसी बात को दुहराते हुए कहा--

"इह तावन्महाराजप्रवरसेननिमित्तं महाराजाधिराज विक्रमादित्येनाज्ञप्तो निखिलकविचक्रचूडामणि कालिदासमहाशय सेतुबन्धप्रबन्ध चिकीर्षु. ।

उपर्युक्त उल्लेखो से सेतुबन्ध का रचयिता कौन है ? कालिदास अथवा प्रवरसेन, यह विवादास्पद है ।

सेतुबन्ध की कुछ पाण्डुलिपियाँ इस प्रकार की भी उपलब्ध है, जिनमे केवल प्रवरसेन का ही नाम उपलब्ध होता है । अतएव प्रवरसेन इस काव्य ग्रन्थ के रचयिता है, यह सर्वमान्य है । पर कालिदास के नाम से यह भ्रम किस प्रकार व्याप्त हुआ, यह भी विचारणीय है । इसके लिए एक तर्क यह हो सकता है कि कालिदास ने इस काव्य की रचना कर इसे प्रवरसेन को समर्पित कर दिया हो अथवा दोनो ने मिलकर इसकी रचना की हो । अथवा यह भी सभव है कि कालिदास ने प्रवरसेन को इसकी रचना मे सहायता दी हो । इस तीसरी सभावना का समर्थन सेतुबन्ध १।६ से होने की बात कही जाती है । पर उस गाथा से इतना ही ज्ञात होता है कि रचना मे सशोधन और सुधार किये गये है । सशोधन कर्त्ता कवि स्वयं भी हो सकता है ।

डॉ० रामजी उपाध्याय ने 'प्राकृत महाकाव्यो का अध्ययन' शोध प्रबन्ध मे रामदास भूपति के भ्रम के सम्बन्ध मे लिखा है—"वह सभवत 'कुन्तलेश्वरदौत्य' पर आधारित भ्रामक परम्परा से प्रभावित हुआ है । क्षेमेन्द्र के अनुसार इसकी रचना कालिदास ने विक्रमादित्य के द्वारा प्रवरसेन के पास दूत रूप मे भेजे जाने के अनन्तर की है और प्रवरसेन और कालिदास की यह मित्रता भ्रम का मूल कारण हो गयी होगी ।" इस कथन से भी स्पष्ट है कि कालिदास और प्रवरसेन मे मित्रता रहने का कोई भी प्रमाण उपलब्ध नही है । अन्य लेखक या कवियो ने सेतुबन्ध का जहाँ भी उल्लेख किया है वहाँ प्रवरसेन के साथ कालिदास का नाम बिल्कुल नही लिया है ।

महाकवि बाण ने हर्षचरित (१।१४।५) मे सेतुबन्ध का नामोल्लेख निम्नप्रकार किया है--

कीर्त्तिः प्रवरसेनस्य प्रयाता कुमुदोज्ज्वला ।
सागरस्य परं पारं कपिसेनेव सेतुना ।।

बाण का समय सातवी सदी माना जाता है, जो प्रवरसेन के सर्वाधिक निकटवर्ती है । यदि उनके समय मे इस काव्य का कर्त्ता कालिदास प्रचलित रहा होता, तो वे

अवश्य ही कालिदास का नामोल्लेख करते। अतः स्पष्ट है कि इस कृति का कर्त्ता कालिदास नही है।

कम्बुज के[1] एक शिलालेख से भी बाण की उक्ति का समर्थन होता है। इस शिला-लेख के आधार पर कह सकते है कि दसवी सदी के प्रारम्भ तक सेतुबन्ध काव्य का रचयिता प्रवरसेन ही माना जाता था। लेख मे बताया है –

येन प्रवरसेनेन धर्मसेतुं विवृण्वता।
पर प्रवरसेनोऽपि जित. प्राकृतसेतुकृत ॥

अर्थात्—यशोवर्मा (८८६–९०६ ई०) अपनी प्रवरसेना द्वारा स्थापित धर्मसेतुओ मे दूसरे प्रवरसेन को पीछे छोड गया, क्योकि उसने केवल एक साधारण प्राकृत सेतु (सेतुबन्ध महाकाव्य) का निर्माण किया है।

क्षेमेन्द्र ने अपने औचित्यविचार चर्चा नामक ग्रन्थ मे[2] एक उदाहरण के प्रसग मे सेतुबन्ध की एक गाथा उद्धृत की है। अतएव उक्त साक्ष्यो के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सेतुबन्ध का कर्त्ता प्रवरसेन है, कालिदास नही। यदि यह काव्य कालिदास का रचा होता तो बाण जैसे परवर्ती उसका अवश्य उल्लेख करते।

पुष्पिका मे प्रवरसेन के साथ कालिदास का नाम जोडे जाने के सम्बन्ध मे कहा गया है कि कालिदास नामक किसी लिपिक ने ग्रन्थ की प्रतिलिपि करने के बाद अपना नाम प्रवरसेन के नामके साथ जोड दिया, जो बाद मे भ्रम से महाकवि कालिदास समझ लिया गया है।

कुछ कवियो ने प्रवरसेन को कुन्तलेश्वर[3] माना है। क्षेमेन्द्र की मान्यता है कि प्रवरसेन ही कुन्तलेश्वर था, जिसके यहाँ कालिदास ने दौत्यकर्म किया।

यह कुन्तलेश्वर कौन है ? इसका विचार करते हुए कहा है कि साधारणत. दक्षिण महाराष्ट्र तथा मैसूर के उत्तरभाग को कुन्तलदेश कहा जाता है। मैसूर राज्य के शिमोगा जिले मे तालगुण्ड नामक स्थान मे कदम्बो का एक शिलालेख मिला है। उसमे ऐसा उल्लेख किया गया है कि 'काकुस्थवर्मन् नामक राजा ने अपनी बेटी का विवाह गुप्तराज के साथ किया था।' इससे बम्बई के सेट जेवियर कालेज के अध्यापक फादर हैराम ने यह अनुमान निकाला कि चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने इस राजा की कन्या को अपने राज-कुमार के लिए माँगा होगा और उस विवाह सम्बन्ध को जोड़ने के लिए कालिदास को अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजा होगा।

१ इसक्रिप्शस ऑव कम्बोज, लेख न० ३३ पृ० ९९।३४
२. काव्यमाला प्रथम गुच्छक पृ० १२७ पर सेतुबन्ध की 'दणुइदरुहिर' १।२ उद्धृत।
३. डॉ० मिराशीकृत कालिदास पृ० ३८

कुछ विद्वानो ने कुन्तलेश्वर को चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का नाती वाकाटक द्वितीय प्रवरसेन कहा है। इतिहास साक्षी है कि चन्द्रगुप्त ने अपनी बेटी प्रभावती गुप्ता वाकाटक घराने के राजा द्वितीय रुद्रसेन को दी थी। प्रो० विसेन्ट स्मिथ ने बताया है कि ईस्वी सन् ३९५ के लगभग यह विवाह सम्पन्न हुआ होगा।

इतिहास मे प्रवरसेन नाम के चार राजा उपलब्ध होते है, दो कश्मीर मे और दो दक्षिण के वाकाटक वंश मे। प्रथम प्रवरसेन का समय ईस्वी सन् प्रथम शताब्दी (राज० ३। ९६–१०१) और द्वितीय प्रवरसेन का समय ईस्वी सन् द्वितीय शताब्दी आता है (रा० ३। १०९– ७५)। विचार करने पर कश्मीर के इन दोनो ही प्रवरसेनो का सम्बन्ध सेतुबन्ध के रचयिता के साथ स्थापित करना संभव नहीं जान पड़ता।

वाकाटक वंश मे भी दो प्रवरसेन हुए है। वाकाटकों का कार्यक्षेत्र विदिशा और विदर्भ है। विन्ध्यशक्ति के पुत्र प्रवरसेन प्रथम ने २७५ ई० से ३३५ ई० तक शासन किया। इस वंश के इसी राजा ने सम्राट् की उपाधि ग्रहण की थी और इसी ने वाकाटक राज्य का समस्त दक्षिण में विस्तार किया था। इसके बाद रुद्रसेन प्रथम ने अपने पितृव्य का स्थान ग्रहण किया (३३५ ई० से ३६० ई०) और पश्चात् उनके पुत्र पृथ्वीसेन प्रथम ने राज्य किया। इसी समय कुन्तल वाकाटक राज्य मे सम्मिलित हुआ था। पृथ्वीसेन के समय मे ही राजकुमार रुद्रसेन द्वितीय से गुप्तसम्राट् चन्द्रगुप्त की पुत्री प्रभावती का विवाह हो चुका था। रुद्रसेन द्वितीय पाँच वर्ष ही राज्य कर सका और उसकी मृत्यु के पश्चात् प्रभावती ने अपने पिता के संरक्षण मे राज्य का भार सभाला। सन् ४१० ई० मे प्रभावती के द्वितीय पुत्र ने प्रवरसेन द्वितीय के नाम से राज्यभार सभाला। इनका राज्यकाल ४४० ई० तक रहा। यही प्रवरसेन प्रस्तुत सेतुबन्ध नामक महाकाव्य का रचयिता है। प्रवरसेन ने वैष्णव धर्मानुयायी होने के कारण विष्णु के अवतार रूप मे रामकथा को अपने इस महाकाव्य का आधार बनाया है। अत इस काव्य का रचनाकाल पाँचवी शताब्दी है। इसमे सन्देह नही कि इस काव्य की रचना कालिदास के अनन्तर और अन्य संस्कृत महाकाव्यो से पूर्व सम्पन्न हुई होगी।

निष्कर्ष यह है कि सेतु बन्ध का रचयिता या संशोधक कालिदास नही है, बल्कि वाकाटक वंशी द्वितीय प्रवरसेन है। क्योंकि विचारो, कल्पनाओ और उद्भावनाओ की दृष्टि से दोनो कवियो के क्षेत्र नितान्त भिन्न है। कालिदास सामान्यत कोमल कल्पना के आचार्य है तो प्रवरसेन विराट् के। सेतुबन्ध कालिदास के काव्य की अपेक्षा अधिक अलंकृत है। इसकी महाराष्ट्री प्राकृत कालिदास के नाटको की शौरसेनी प्राकृत की अपेक्षा भिन्न है।

कथावस्तु—इस काव्य की कथा का आधार वाल्मीकि-रामायण का युद्ध काण्ड है। कथावस्तु मे कोई विशेष परिवर्तन नही दिखलायी पड़ता है। काव्य की कथा का प्रारम्भ

शरद ऋतु के वर्णन से हुआ है। राम ने बालिवध करके सुग्रीव को राजा बना दिया और निष्क्रियता की स्थिति मे वर्षाकाल अत्यन्त क्लेश पूर्वक व्यतीत हुआ। शरद ऋतु का आरम्भ नवीन प्रेरणा के रूप मे होता है। सीतान्वेषण के लिए गये हुए हनूमान का अधिक दिन हो जाने के कारण राम सीता के वियाग मे दु खी है। राम सीता की स्मृति होने से रोमाञ्चित होते है तथा रावण के ऊपर क्रुद्ध भी। सेना सहित राम लङ्काभियान करते है तथा विन्ध्य और सह्य पर्वतो को पार करते हुए दक्षिण सागर-तट पर पहुँच जाते है। वे विराट् समुद्र का दर्शन करते है। 'समुद्र किस प्रकार लाँघा जाय' इस भावना से चिन्तित वानरो को सम्बोधित करके सुग्रीव ने ओजस्वी भाषण दिया। सुग्रीव के भाषण से वानरसेना म हर्षोल्लास व्याप्त हो गया। जाम्बवान् ने सभी वानरो का समझाया और उचित कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसी समय आकाश मार्ग से विभीषण आता है और हनूमान उसे राम के सम्मुख प्रस्तुत करते है। वह राम के चरणो मे झुक जाता है। राम ने विभीषण की प्रशसा करके उसका अभिषेक कर दिया।

जब राम के द्वारा प्रार्थना करने पर भी समुद्र विचलित न हुआ तो राम को क्रोध आ गया और उन्होने धनुष पर बाण आरोपित किया। सागर पर बाण चलाते ही वह बाण की ज्वाला से क्षुब्ध हो जाता है, जल मे रहनेवाले जीवजन्तु व्याकुल हो जाते है। सागर बाहर निकलता है और सेतु निर्माण के लिए प्रार्थना करता है। सेतु निर्माण के लिए बडे-बडे विशाल पर्वतो को उखाड कर लाया जाता है और उन पर्वतो को सागर मे गिराने से सागर विक्षुब्ध हो उठता है। वानरो के इस प्रकार प्रयत्नशील होने पर भी सेतु निर्मित नही हुआ, जिससे वानरसेना बहुत हतोत्साहित हुई। सुग्रीव ने नल के साथ परामर्श किया। नल ने नियमपूर्वक सेतुनिर्माण का कार्य आरम्भ किया। कुछ ही समय मे सेतु निर्माण का कार्य सम्पन्न हो गया। वानरसेना सेतुपथ द्वारा सागर पार करती है और सुवेल पर्वत पर डेरा डालती है। वानरसेना के उस पार पहुँच जाने पर राक्षस रावण की आज्ञा की अवहेलना करने लगते है और राम का प्रताप बढ जाता है।

रावण जब सीता को अन्य किसी उपाय से वश नही कर पाता तो वह राम का मायाशीश सीता को दिखाता है। सीता बेहोश हो जाती है और होश मे आने पर विलाप करती है। त्रिजटा उसे नाना तरह से आश्वासन देती है, पर सीता का विलाप कम नही होता। प्रात कालीन वानरो के कल-कल नाद को सुनकर सीता को राक्षसी माया का विश्वास हो जाता है। रावण का युद्ध वाद्य बजना आरम्भ होता है। राक्षस जाग जाते हैं और सभोगरत ललनाओ से अलग होते है। राक्षससेना तैयार होती है और दोनो का आमने-सामने उपस्थित होकर युद्ध आरम्भ हो जाता है। दोनो सेनाओ मे सघर्ष आरम्भ

होती है और आक्रमण-प्रत्याक्रमण होने लगते हैं। रावण को सम्मुख न पाकर राम खिन्न हो जाते हैं और वे राक्षसो पर बाण प्रहार करते हैं। मेघनाद राम-लक्ष्मण को नागपाश में बाँधता है। राम-लक्ष्मण को नागपाश मे बँधे हुए देखकर देवता व्याकुल हो जाते हैं और वानरसेना किंकर्त्तव्य विमूढ हो जाती है। सेना मे हाहाकार होने लगता है। राम गरुड का आवाहन करते है। गरुड के आते ही उनको नाग-पाश से मुक्ति हो जाती है। अनन्तर रावण की सेना के अनेक योद्धा मारे जाते हैं। बन्धुजनो के निधन के बाद रावण अट्टहास करता हुआ युद्धभूमि में प्रवेश करता है। वह राम-बाण से आहत होकर लका मे घुस जाता है। कुम्भकर्ण को जगाता है। कुम्भकर्ण असमय मे जागकर युद्ध करने के लिए दौडता है। वानरसेना कुम्भकर्ण के आते ही त्रस्त हो जाती है। भयंकर युद्ध के अनन्तर कुम्भकर्ण युद्ध मे मारा जाता है। विभीषण की मन्त्रणानुसार इन्द्रजीत का भी लक्ष्मण द्वारा बध होता है। राम-रावण का भयकर युद्ध होता है। राम रावण के सिरो और हाथो को काटते है, पर वे पुन निकल आते है। अन्त मे वे एक ही बाण द्वारा रावण के दसो सिरो को काट-गिराते है। रावण की मृत्यु होती है। विभीषण रुदन करता है। रावण का अन्तिम सस्कार किया जाता है और अग्नि मे विशुद्ध हुई सीता को लेकर राम अयोध्या आ जाते है।

समीक्षा—सेतुबन्ध महाराष्ट्री का महाकाव्य है। प्राकृत महाकाव्यो मे सर्ग के स्थान पर आश्वास का प्रयोग होता है, अत इस महाकाव्य मे भी सर्ग के स्थान पर आश्वास का प्रयोग हुआ है। इसकी प्रबन्ध कल्पना बहुत ही उदात्त है। इसकी कथावस्तु मे नाटकीयता का समावेश है। इस काव्य मे जिस प्रकार शरद ऋतु का वर्णन कथा की स्थापना के रूप मे किया गया है, उसी प्रकार सागर भी कथा का अग है। अतएव समुद्र का वर्णन, वानरो पर प्रभाव, सुग्रीव का ओजस्वी भाषण, जाम्बवान की शान्तवाणी आदि के प्रयोग कथावस्तु को आकर्षक और प्रवाह पूर्ण बनाते है। विभीषण के आगमन प्रसग को सक्षिप्त कर प्रधानकथा को अबाधित गति से विकसित दिखलाया है। सेतु निर्माण का लम्बा प्रसग कथाविकास मे व्यवधान नही है, अपितु राम-रावण के कठिन युद्ध के प्रारम्भ होने के पूर्व एक उचित विराम बन गया है। इसके पश्चात् घटनाएँ क्षिप्रगति से आगे बढ़ने लगती है। कवि ने व्यर्थ के वर्णनो से अपनी कथा को शिथिल नहीं होने दिया है। दसवें आश्वास मे सन्ध्या, रात्रि एव चन्द्रोदय के वर्णन राक्षस कामिनियो के संयोग वर्णन के उद्दीपन रूप मे किये गये है। इस सन्दर्भ मे रावण की कामपीड़ा का प्रतिपादन भी काव्य कौशल का परिचायक है। बारहवें आश्वास से युद्धारम्भ की पीठिका के रूप में प्रात.काल का वर्णन किया है। अतएव सेतुबन्ध का घटना क्रम सुचिन्तित और सुगठित है। इसमें वैसी ही घटनाओ को स्थान दिया गया है, जिनसे कथानक की गति तीव्र बनी रहे। चमत्कारवादिता और ऊहात्मकता को

इसमे स्थान नही दिया है। घटनाओ के विस्तार और वर्णनो ने चरित्रो के विकास में बाधा उत्पन्न नही की है।

इस काव्य के नायक राम का अपना व्यक्तित्व है। राम आदर्श धीरोदात्त नायक हैं। कवि ने जहाँ राम के चरित्र में अनेक गुणो का समावेश किया है, वहाँ उनके चरित्र में यह कमजोरी भी दिखलायी है कि वे निरूपाय समय मे निराश हो गये हैं। कार्य की दिशा ज्ञात हो जाने पर—सिद्धि का उपाय स्पष्ट हो जाने पर वे क्षणभर के लिए बिलम्ब नही करते। वीरोचित उत्साह की राम मे कमी नही है। सागर के सम्मुख राम किंकर्त्तव्यविमूढ दिखलायी पडते है, गम्भीर भाव मे इस समस्या पर विचार करते हुए प्रतीत होते है, पर उनमें आत्मविश्वास की कमी नही दिखलायी पडती। प्रार्थना न सुनने पर राम सागर को बाण द्वारा अनुशासित करते है। वीर होने के साथ वे नीतिकुशल भी हैं। वियोग जन्य कातरता वही तक रहती है, जहाँ तक कर्त्तव्यपथ उनके समक्ष नही आता। कर्त्तव्य के उपस्थित होने पर वे तुरन्त क्रियाशील हो जाते है। नाग-पाश में बन्धे राम निराश मालूम होते है, पर यह निष्क्रियता अधिक समय तक नही रहती। गरुड को याद कर वे नागो को भगा देने के कार्य मे प्रवृत्त हो जाते हैं। राम के चरित्र में क्षमाशीलता तथा अपने प्रियजनो के प्रति कृतज्ञता की भावना विशेषरूप से पायी जाती है।

काव्य की नायिका सीता है। सेतुरचना और रावण-वध इन दोनो प्रमुख घटनाओ का केन्द्र सीता ही है। सीता का चरित्र अनेक बार सामने नही आता। राम के माया-शीश के प्रसग में सीता प्रत्यक्ष होती है। रावण के अशोक-वन मे वन्दिनी सीता की विरह वेदना तथा उसके मलिन रूप की कल्पना प्रथम सर्ग मे ही हमारे सामने साकार हो जाती है। शील-मूर्त्ति सीता का दृढ चरित्र प्रत्येक रमणी के लिए आदर्श है।

प्रतिनायक रावण का चरित्र भी विकसित है। वह राम की अपेक्षा कायर है। राम के बाणो से भयभीत होकर वह लका भाग जाता है। भागते हुए वह वानरो की हँसी को चुपचाप सह लेता है। युद्धभूमि में वह राम का यथार्थ प्रतिद्वन्द्वी सिद्ध होता है। रावण के चरित्र मे उदारता की कमी नही है। वह सीता का अपहरण करने के बाद भी उसपर बल प्रयोग नही करता। वह सीता को प्रसन्न किये बिना अपनाना नहीं चाहता। उसके हृदय मे कोमलता भी है, वह अपने पुरजन और परिजनो से स्नेह करता है। सक्षेप मे इस काव्य मे कथात्मक योजना मे आनेवाले सभी पात्रो का चरित्र अपने-अपने स्थान पर सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया है।

कथोपकथन की दृष्टि से यह महाकाव्य सफल है। वार्तालाप पर्याप्त सजीव हैं, अतः कथावस्तु में एकरसता नही आने पायी है और चारित्रिक विकास मे स्वाभाविकता का समावेश होता गया है। भावात्मक परिस्थितियो के चित्रण में भी कथोपकथन सहायक

हैं। हनुमान जब सीता का कुशल समाचार राम से निवेदित करते हैं तो भिन्न-भिन्न प्रकार का प्रभाव व्यञ्जित होता गया है। भावात्मक परिस्थिति का प्रत्यक्ष दर्शन इस स्थल पर हुआ है। सागर के तट पर सुग्रीव ने हतोत्साहित कपिसैन्य को एक लम्बा भाषण दिया है। यह ओजपूर्ण तर्क शैली से युक्त है। सुग्रीव वानर वीरों की प्रशंसा कर उनमें आत्मविश्वास जगाना चाहते हैं, राम की शक्ति का स्मरण दिलाकर उनके मन से भय और सन्देह दूर करना चाहते हैं। कथोपकथनों में पर्याप्त मार्मिकता भी है!

विभिन्न मनोभावों की अभिव्यक्ति के क्षेत्र में यह काव्य कालिदास के काव्यों के निकट है। इस महाकाव्य में मनुष्य के मन के नाना भाव अनेक प्रकार से अभिव्यक्त हुए हैं। 'हनुमान के जाने के बहुत समय बीत जाने पर सीता मिलन के आशा-सूत्र के अदृश्य होने के कारण अश्रुप्रवाह के रुक जाने पर भी राम के मुख पर रुदन का भाव बना था।' इस चित्र में कवि ने राम के मन की निराशा, पीडा, क्लेश और उनकी निरुपायस्थिति की सुन्दर व्यञ्जना की है। सुग्रीव के गम्भीर भाषण के अनन्तर जाम्बवान की गम्भीर तथा विचारशील मुद्रा के अंकन द्वारा उनके आन्तरिक भावों की अभिव्यञ्जना भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। नल के कथन के समय की भंगिमा द्वारा उनका आत्मविश्वास, उद्विग्नता एवं आदरभाव एक साथ अभिव्यक्त हुए हैं। मानसिक भावस्थितियों का सूक्ष्म चित्रण गहन मुद्राओं के सहारे किया गया है। वानरसेना की विभिन्न मानसिक परिस्थितियों का कविने कितना सुन्दर चित्रण किया है।

कह वि ठवेंति पवंगा समुद्ददंसणविसाअविमुहिज्जन्तम्।
गलिअगमणाणुराअं पडिवन्थणिअन्तलोअण अप्पाणम्॥ २। ४६

सागर को देखकर उत्पन्न विषाद से व्याकुल, जिनका वापस लौट जाने का अनुराग नष्ट हो गया है तथा पलायन के मार्ग में लौट आये हैं नेत्र जिनके, ऐसे वीर वानर किसी किसी प्रकार अपने आपको ढाढस बधा रहे है।

इसी प्रकार पात्रों की विभिन्न क्रियात्मक स्थितियों को नाना रूपों में व्यंजित किया गया है। वस्तुस्थिति के वर्णन प्रसंग में कवि ने अनेक सुन्दर भावात्मक चित्र उपस्थित कर चमत्कार उत्पन्न किया है। अतएव भावाभिव्यञ्जना की दृष्टि से यह महाकाव्य रमणीय है।

सेतुबन्ध में प्रकृति का विस्तार कथा से सम्बद्ध होकर प्रस्तुत हुआ है। प्राकृतिक स्थानों में 'सेतुबन्ध' में पर्वत, वन, सागर, सरिता तथा आकाश का वर्णन प्रमुख है। वानरसेना द्वारा पर्वतों को उखाडना, उन्हें आकाश मार्ग से ले जाकर समुद्र में फेंकना, पर्वतों का सागर में उतराना आदि रूप में पर्वतों की विभिन्न स्थितियाँ चित्रित है। पर्वतों के साथ वन, नदियाँ, निर्झरों और पशुओं का भी चित्रण किया है। सागर के निरूपण में कवि ने जिस प्रकार विराट् कल्पनाओं का आश्रय ग्रहण किया है, उसी

प्रकार सुवेल पर्वत के चित्रण में आदर्श कल्पनाओ का । दसवें आश्वास में कवि ने सायं-काल तथा रात्रि का वर्णन करते हुए सूर्यास्त, अन्धकार-प्रवेश, चन्द्रोदय के सुन्दर चित्र प्रस्तुत किये हैं। प्रकृति के चित्र क्रमश. उपस्थित किये गये है, जिसमे वे शृखलाबद्ध प्रतीत होते हैं और उनका समवेत प्रभाव दृश्यबोध पर गतिशील रूप में चलचित्र के समा। जान पड़ता है। इस काव्य मे केवल सौन्दर्य की अनुकृति ह प्रकृति मे नही पायी जाती, बल्कि सौन्दर्य के अनेक भावात्मक प्राकृतिक दृश्य चित्र भी उपलब्ध होते है।

इस काव्य में चित्रात्मक शैली का समावेश है। अप्रस्तुत योजना द्वारा अनेक रमणीय चित्रो का सूक्ष्म अकन किया गया है। यहाँ एकाध उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है।

पीणपओहरलग्गं दिसाणं पवसंतजलअसमअविइण्णम्।
सोहग्गपढमइण्हं पम्माअइ सरसणहवअं इंदधणुम्॥ १–२४

प्रवास के समय वर्षाकाल रूपी नायक ने दिशा—नायिका के मेघरूपी पीन पयोधरो मे इन्द्रधनुष के रूप मे प्रथम सौभाग्य चिन्ह स्वरूप नखक्षत लगाये थे, वे अब बहुत अधिक मलिन हो गये हैं।

इस चित्र मे भावव्यञ्जना के स्थान पर वैचित्र्य पूर्ण रूपाकार का आरोप ही प्रधान है। कवि ने मानव जीवन के व्यापक विश्लेषण के हेतु प्रकृति को स्वय ही इति-वृत्त बनाया है। प्रकृति के उपकरण जीवन्त पात्रो के समान क्रिया व्यापार करते हुए दृष्टिगोचर होते है। सागर का विराट् रूप स्वय घटना तो है ही, साथ ही उसमे प्रकृति का अलौकिक सौन्दर्य भी छिपा है। अनेक स्थलो पर पात्रो के चरित्र का सकेत भी प्राप्त हो जाता है, यत. इस काव्य मे प्रकृति को मानवीय सम्बन्धो के धरातल पर उपस्थित किया है। प्रकृति मे मानवीय सहानुभूति भी पायी जाती है।

अलंकार योजना - कल्पना-शक्ति और सौन्दर्यबोध का उपस्थित करने के लिए अलकारो का प्रयोग भी किया गया हैं। प्रस्तुत वर्ण्यवस्तु को अधिक प्रत्यक्ष, बोधगम्य तथा सुन्दर रूप मे चित्रित करने के लिए अलकारो का नियोजन आवश्यक होता है। अलकारो द्वारा वर्ण्यवस्तु के विवेचन मे रमणीयता आ जाती है। सेतुबन्ध में उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, दृष्टान्त, श्लेष, अर्थान्तरन्यास आदि अलकार प्रयुक्त है। कवि ने आकाश के विराट् रूप को निम्नलिखित उपमा अलकार द्वारा उपस्थित किया है।

रइअरकेसरणिवहं सोहइ धवलब्भदलसहस्सपरिगअम्।
महुमहदंसणजोग्गं पिआमहुप्पत्तिपङ्कअं व णहअलम्॥ १–१७

शरद् ऋतु का आकाश भगवान् विष्णु की नाभि से निकले हुए उस अपार विस्तृत कमल के समान सुशोभित हो रहा है, जिससे ब्रह्मा की उत्पत्ति हुई है। सूर्य की किरणें ही जिसमे केसर है और बादलो के सहस्रो खण्ड दल है।

यहाँ विस्तृत कमल उपमान है और आकाश उपमेय। कमल भी सामान्य नहीं है, इसमें सहस्र दल हैं और केसर भी। आकाश में सहस्रों बादल है और रविकिरणें। इस प्रकार कवि ने उपमा के द्वारा आकाश का भव्य और विशाल रूप प्रत्यक्ष कर दिखलाया है।

सोह व्व लक्खणमुहं वणमाल व्व विअडं हरिवइस्स उरम्।
कित्ति व्व पवणतणअं आण व्व बलाइँ से विलग्गइ दिट्ठी ॥१-४८॥

राम की दृष्टि वानरराज सुग्रीव के कठोर वक्षस्थल पर वनमाल की तरह, पवनपुत्र हनुमान पर कीर्ति के समान, वानरसेना पर आज्ञा के समान तथा लक्ष्मण के मुखमण्डल पर शोभा के समान पड़ी।

इस पद्य मे सहोपमा तथा साधर्म्य उपमा के साथ यथासख्य तथा उत्प्रेक्षा का प्रयोग भी वर्तमान है। राम की दृष्टि के यहाँ कई उपमान है। वनमाल, कीर्त्ति, आज्ञा एव शोभा ये चार उपमान भिन्न-भिन्न अर्थों की अभिव्यक्ति करते है।

उत्प्रेक्षा के भी सुन्दर उदाहरण इस काव्य मे प्राप्त है—

उक्खअदुमं व सेलं हिमहअकमलाअर व लच्छिविमुक्कम्।
पीअमइरं व चसअं बहुलपओसं व मुद्धचन्दविरहिअम् ॥ २-११ ॥

सागर मानो वृक्ष हीन पर्वत है। यह सागर ऐसा प्रतीत होता है मानो कमलोंवाला सरोवर हो, मदिरा पीकर खाली किया गया प्याला हो अथवा अन्धेरी रात ही हो। इस उत्प्रेक्षा द्वारा सागर का विराट् रूप, विस्तार तथा आतंकित करनेवाला रूप व्यंजित हुआ है। कवि उत्प्रेक्षाओं का धनी है, वह नयी-नयी कल्पनाओं के द्वारा सुन्दर उत्प्रेक्षाएँ प्रस्तुत करता है।

महाकवि प्रवरसेन ने रूपकों का भी सफल प्रयोग किया है। रूपकों के प्रयोग से काव्य की चारुता अधिक पुष्ट हो गयी है तथा वर्ण्य विषय अतीव मार्मिक हो गया है। उपमेय और उपमानों की सटीक योजना भी जीवन्त और मर्मस्पर्शी है। कुछ रूपकों का सौन्दर्य द्रष्टव्य है—

ववसाअरइपओसो रोसगइन्ददिढसिङ्खलापडिबन्धो।
कह कह वि दासरहिणो जअकेसरिपञ्जरो गओ घणसमओ ॥ १।१४

प्रस्तुत रूपक मे राम के उद्यम सूर्य के लिये रात्रिकाल, आकाश रूपी महागज के लिये अर्गलाबन्ध तथा विजय सिंह के लिये पिंजड़ा है। इसमे राम की मन स्थिति का मार्मिक वर्णन किया गया है साथ ही राम की किंकर्तव्यविमूढता की गूढ व्यंजना भी की गई है।

कविवर प्रवरसेन ने सागरूपक की जहाँ योजना की है, वहाँ वर्णन और काव्यात्मकता में चारुता आ गयी है।

मम्महधणुणिग्घोसो कमलवणक्खलिअतेच्छिणेउर सद्दो ।
सुव्वइ कलहंसरओ महुअरिवाहिन्तणलिणिपडिसंलाओ ॥१।२३॥

यहाँ हसो के नाद को कामदेव के धनुष की टंकार, कमलवन पर सचरण करने वाली लक्ष्मी के नुपूर की ध्वनि को नलिनी के ऊपर मडरानेवाली भ्रमरी के सवाद के रूप कहता है ।

उपमा से अनुप्राणित रूपको का सौन्दर्य भी सेतुबन्ध मे अत्यन्त मनभावन लगता है–

अह व सुवेलालग्गं पेच्छह अज्जेअ भग्गरक्खसविडवम् ।
सीअकिसलअसेसं मञ्झ भुआअड्ढिअं लअं मिव लङ्कम् ॥ ३।६२ ॥

अर्थात् जिसके विटप राक्षस है । सीता किसलय है, ऐसी लता के समान लका सुवेल सी लगी । यहाँ रूपक और उपमा की ससृष्टि से लंका की सुन्दरता पूर्णरूपेण स्पष्ट हो गयी है, साथ ही दृश्यबोध मे प्रेषणीयता भी आ गयी है ।

दीसन्ति गअउलणिहे ससिधवलमइन्दविद्दुए तमणिवहे ।
भवगच्छाहिसमूहा दीहा णीसरिअकद्दमपअच्छाआ ॥ १०।४७ ॥

प्रस्तुत पद्य मे कवि ने कल्पना रूपक की योजना की है । इस रूपक में गजकुल के ऊपर तमोनिवह का आरोप किया है और धवलशशि पर मृगेन्द्रका । कवि ने यह आरोप कल्पना और वन्यपशुशक्ति जन्य भावो के मिश्रण के आधार पर किया है । कवि के मानस क्षितिज म यह सत्य अकित है कि मृगेन्द्र के दर्शनमात्र से वनगजघटा तितिर-वितिर हो जाती है । इसी तथ्य द्वारा इस रूपक की सृष्टि हुई है ।

अर्थान्तरन्यास अलकार की योजना भी कवि ने सुन्दर की हे । यथा –

तुम्ह च्चिअ एस भरो आणामेत्तप्फलो पहुत्तणसद्दो ।
अरुणो छाआवहणो विसअं विअसंति अप्पणा कमलसरा ॥ ३।६ ॥

सुग्रीव वानरो से कहते है—'हे वानर वीरो ! प्रस्तुत कार्यभार तुम्हारा ही है; प्रभु शब्द का अर्थ होता हे, केवल आज्ञा देनेवाला, क्योकि सूर्य तो प्रभामात्र विस्तारित करता है, पर कमल सरोवर अपने आप खिल जाते है ।

यहाँ सामान्य का विशेष से साधर्म्य द्वारा समर्थन किया गया है । अत, अर्थान्तरन्यास है । इससे वर्ण्य प्रसग मे उत्कर्ष आ गया है और वर्णन अधिक बोधगम्य हो गये है ।

निदर्शना अलकार की योजना कर वस्तुओ के परस्पर सम्बन्ध द्वारा उनके बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव का बोध कराया गया है ।

केच्चिरमेत्तं व ठिईएअ विसंवाइआ ण मोच्छिहि रामम् ।
कमलम्मि समुप्पण्णा तं चिअ रअणीसु किं ण मुंचइ लच्छी ॥३।३०॥

क्या अधिक समय बीतने पर इस प्रकार विचलित रामको धैर्य छोड़ न देगा ? कमल से उत्पन्न लक्ष्मी क्या रात में उसका त्याग नही कर देती।

छन्दो की दृष्टि से इस महाकाव्य मे १२९१ छन्दो मे से १२४७ आर्यागीति—गाथा छन्द है और ४४ विविध प्रकार के है। इसमे संस्कृत महाकाव्यो के समान सर्ग के अन्त में भी छन्द परिवर्तन नही हुआ है।

सांस्कृतिक निर्देश—इस महाकाव्य में अवतारवाद का पूर्ण विकास परिलक्षित होता है। ब्रह्म ही विष्णु है और विष्णु ने अनेक अवतार ग्रहण किये है। ये विष्णु इन्द्र से महान् है, क्योंकि इन्होंने देवराज के यश को उखाड फेंका है। इसमे त्रिदेव की स्थापना की गयी है। सामाजिक वातावरण मे मैत्री का निर्वाह पवित्र कर्त्तव्य माना गया है। उपकार का बदला चुकाना अनिवार्य है। आत्मनिर्भरता आत्मसंयम, उत्साह, वीरता आदि गुणो को मानवता का निर्माण करनेवाला कहा है। आचरण नीति के अतिरिक्त एक व्यवहार नीति भी होती है। राजा अपने सेनापति पर विश्वास करता है, सेनापति के सहयोग के बिना विजय संभव नही है। आभूषण, अङ्गराग एव सुगन्धित पदार्थों का प्रयोग समाज मे होता था। आमोद-प्रमोद का जीवन ही समाज की विशेषता है। इसके लिए क्रीडागृह, प्रमद वन, लता-कुञ्ज आदि का कथन आया है। इस काव्य मे सुन्दर नगरो की कल्पनाएँ आयी है। स्फटिक तथा नीलमणि के फर्शवाले ऊँचे भवन, उद्यान और उपवन सभी आना और आकृष्ट करते है। धनुर्विद्या के साथ खड्ग, शूल, परिघ, मूसल और असि आदि अस्त्रों का उल्लेख आया है। चक्रव्यूह, चक्रवध, द्वन्द्वयुद्ध तथा मुष्टयुद्ध का वर्णन भी आया है। नाग एव यक्ष संस्कृति का निरूपण भी इनमे आया है। इस प्रकार यह काव्य रसमय होते हुए भी संस्कृति के अनेक तत्वो पर प्रकाश डालता है।

गउडवहो[1]

यह एक ऐतिहासिक काव्य है। इसका रचयिता वाक्पतिराज है। यह कवि कन्नौज के राजा यशोवर्मा के आश्रय में रहता था। इस काव्य मे उसने कन्नौज राजा यशोवर्मा द्वारा गौड देश—मगध के किसी राजा के वध किये जाने का वर्णन किया है। इसमें १२०६ गाथाएँ है। ग्रन्थ का विभाजन सर्गों में न होकर कुलको मे हुआ है। सबसे बड़े कुलक मे १५० पद्य और सबसे छोटे कुलक मे ५ पद्य है।

रचयिता—काव्य के रचयिता वाक्पतिराज निश्चयत अपने आश्रय दाता का समकालीन है। उसने अपने पूर्ववर्ती कवियो का नामोल्लेख किया है। भास, कालिदास, सुबन्धु, भवभूति, हरिश्चन्द्र आदि कवियो का नाम निर्देश इस काव्य मे पाया जाता है।

१. सन् १९२७ में ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना से प्रकाशित।

काव्य में उल्लिखित भवभूति के नाम से ऐसा प्रतीत होता है कि कवि भवभूति का समकालीन रहा है। यथा—

भवभूइ-जलहि णिग्गय-कव्वामय रस कणा इव फुरन्ति।
जस्स विसेसा अज्जवि वियडेसु कहा-णिवेसेसु ॥ ७९९ ॥

इस गाथा मे आये हुए 'अज्जवि' शब्द मे प्रतीत होता है कि भवभूति वाक्पतिराज से पहले हुए थे और यशोवर्मा के राज्यकाल के पूर्वार्ध मे उनकी प्रसिद्धि हो चुकी थी।

कल्हण कृत 'राजतरगिणी' से विदित होता है कि वाक्पतिराज का नाम भवभूति के साथ लिया गया है।

कविर्वाक्पतिराजश्रीभवभूत्यादिसेवित ।
जितो ययौ यशोवर्मा तद्गुणस्तुतिवन्दिताम् ॥ ४।१४४

राजतरगिणी ४।१३४ मे कल्हण ने बतलाया है कि कश्मीर के राजा ललितादित्य मुक्तापीड ने कन्नौज के राजा यशोवर्मा को परास्त किया था। डा० स्टीन का मत है कि यह घटना सन् ७३६ ई० के पूर्व की नही हो सकती। वाक्पतिराज ने अपने इस काव्य में यशोवर्मा का यशोगान किया है। इस काव्य के अधूरे होने से प्रतीत होता है कि वाक्पतिराज ने अपने काव्य की रचना यशोवर्मा के विजयी दिनो मे आरम्भ की थी, किन्तु कश्मीर के राजा ललितादित्य के हाथो यशोवर्मा का पराजय होने पर उसे अधूरा ही छोड दिया। अत इससे अनुमान किया जा सकता है कि वाक्पतिराज का समय ई० सन् ७६० के लगभग है।

वाक्पतिराज ने यशोवर्मा की बहुत प्रशसा की है। बताया है कि यह साधारण राजा नही है। यह पौराणिक राजा पृथु से भी महान् है, जिस पृथु ने दानवो द्वारा समस्त पृथ्वी की रक्षा की थी। यशोवर्मा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि नश्वर और अपूर्णता मे युक्त इस जगत मे केवल यशोवर्मा ही ऐसा व्यक्ति है, जिसकी कीर्त्ति और सद्गुण सुनने योग्य है। कवि ने यशोवर्मा को विष्णु के अवतार रूप मे चित्रित किया है। इस यशोवर्मा की प्रसिद्धि भूमण्डल पर सर्वत्र व्याप्त है।

इस कवि के महुमहविअअ (मधुमथ विजय) नामक काव्य का भी उल्लेख मिलता है। अभिनव गुप्त ने ध्वन्यालोक १५३।१५ टीका में तथा हेमचन्द्र के काव्यानुशासन की अलकार चूडामणि वृत्ति १।२४ पृ० ८१ मे इस काव्य ग्रन्थ की एक गाथा उद्धृत मिलती है। दुर्भाग्यवश यह महुमहविअअ ग्रन्थ आज उपलब्ध नही है।

वाक्पतिराज प्रतिभाशाली लोकप्रिय कवि है। सस्कृत के काव्यो से पूर्णतया प्रभावित हैं। ऋतु वर्णन और प्रकृति चित्रण पर सस्कृत काव्यों का पूर्ण प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। यह न्यायशास्त्र, छन्दशास्त्र और पुराण आदि विषयो का ज्ञाता था।

कथावस्तु—काव्य का आरम्भ विभिन्न देव-देवियों के नमस्कार एवं आदर्शों की लम्बी परम्परा से होता है। प्रारम्भ के ६१ पद्यों में विष्णु के विभिन्न अवतारों, गणेश, गौरी, सरस्वती, चन्द्र, सूर्य और लक्ष्मी की स्तुति की गयी है। ६२ वें पद्य से ९८ वें पद्य तक कवि प्रशंसा कुलक मे महाकवि, सुकवि, सामान्य कवि आदि की प्रशंसा और स्वरूप विश्लेषण के अनन्तर प्राकृत भाषा और प्राकृत काव्य की महत्ता बतलायी गयी है।

काव्य का आरम्भ करते हुए कवि ने नायक यशोवर्मा के गुणों का वर्णन करते हुए लिखा है कि यशोवर्मा ऐसा राजा है, जिसने पृथ्वी के सभी दुःखों को समाप्त कर इन्द्र को प्रसन्न कर दिया है, जिसके गुण पृथ्वी की चारों दिशाओं मे व्याप्त है। जब वह अपनी सेना के साथ चलता है तो पैरों से उठी हुई धूल से स्वर्ग भी आच्छादित हो जाता है और इस भार से पृथ्वी को धारण करनेवाला शेषनाग भी दुःख का अनुभव करता है। इसके पश्चात् ९३ गाथाओं में यशोवर्मा की महाशक्ति और सौन्दर्य का वर्णन किया है। यशो-वर्मा की समर शक्ति को देखकर देवाङ्गनाओं के मन में भी मन्मथ विकार उत्पन्न हो जाता है। पर्वतों के पक्षों को छिन्न करनेवाला इन्द्र भी यशोवर्मा के साथ एकासन पर बैठने की इच्छा करता है। यशोवर्मा शत्रुओं को अपने पराक्रम से नष्ट कर देता है। शत्रु राजा उसके अधीन हो जाते हैं। वह शत्रु राजाओं की वापियों में वाराङ्गनाओं के साथ जलक्रीडा करता है।

कवि ने अपने काव्य के नायक को बालक हरि का अवतार कहा है, जो प्रलय मे अवशेष रह जाता है। अनन्तर विश्वदहन का मनोहर और रोमाञ्चक वर्णन प्रस्तुत करते हुए कहा है कि सुवर्ण मेरु पर्वत के द्रवीभूत होने से सोने के स्रोत निकल कर उत्तर दिशा की ओर प्रवाहित हुए। यह दृश्य ऐसा मालूम पडता था, मानो नीचे की ओर प्रज्वलित लहरें ही हों। देवताओं का नन्दन वन भी पुष्पचयन करनेवाली सुन्दरियों तथा धूम्र मे उलझे हुए भ्रमरो सहित दग्ध हो रहा था। इस अग्नि की प्रचण्डता से कुबेर का कोष भी जलने लगा, जिससे कोष रक्षक सर्पों ने उस दहन से बचाने के लिए अपने विषरूपी जल की वर्षा की।

कवि ने यशोवर्मा के शत्रुओं की विधवाओं का जीवन्त वर्णन किया है। युद्ध मे मृत्यु प्राप्त शत्रुओं की स्त्रियाँ नाना प्रकार से विलाप कर रही हैं। उनके केश बिखरे हुए हैं और वे धैर्य धारण करने पर भी स्थिर नहीं रह पाती। आँखों से अविरल अश्रुधारा प्रवाहित हो रही है।

यशोवर्मा वर्षा ऋतु के समाप्त होने पर विजय-यात्रा के लिए प्रस्थान करता है। राजमहल छोडते ही शुभ शकुन प्रारम्भ हो जाते है। आकाश से पुष्प-वृष्टि होती है और नन्दन वन की सुगन्धित वायु प्रवाहित होने लगती है। सुन्दर युवतियाँ अपने

भवनो के वातायन से इस यात्रोत्सव को देखने लगती हैं। वे आनन्दातिरेक के कारण अपने प्रसाधन को भी भूल जाती हैं और आभूषणो को गलत स्थान मे धारण कर लेती हैं। सभा के बड़े-बडे कवि तथा चारण माङ्गलिक वाद्यो द्वारा राजा की स्तुति करते हैं। इन्द्र भी यशोवर्मा के प्रताप के समक्ष नम्रीभूत हो जाता है। विजय-यात्रा के प्रारम्भ होते ही शरद ऋतु आ जाती है। सैनिको के प्रयाण से शालि के खेत नष्ट होने लगते है। वहाँ से वह विन्ध्य पर्वत की ओर गमन करता है और वहाँ विन्ध्यवासिनी देवी की स्तुति करता है। मन्दिर के भीतर दीपक प्रज्वलित हो रहा है, द्वार पर तोरण और घण्टे लगे हुए है। महिषासुर का मस्तक देवी के पैरो से भिन्न हो रहा है। पुष्प एवं धूप आदि सुगन्धित पदार्थों से आकृष्ट होकर भ्रमर गुंजार कर रहे है। स्थान-स्थान पर रक्त की भेंट चढाई गयी है। कपालो के मण्डल बिखरे हुए है। साधक लोग अक्षत, पुष्प एव मुण्ड आदि से साधना कर रहे है। अरुण पताकाएँ फहरा रही है। भूत-प्रेतात्माएँ रुधिर आसव का पान कर सन्तोष प्राप्त कर रही है। देवी-श्मशान मे साधक लोग महा मास की विक्री कर रहे हे। गौड—मगध नृपति यशोवर्मा के भय से पलायन कर गया है। उसके सहायक राजा लौट आये है। यशोवर्मा की सेना के साथ उनका युद्ध होता है, जिसमे मगध का राजा मारा जाता है। इस प्रकार गौडवध की प्रमुख घटना को लेकर ही इस काव्य का नाम गउडवध पडा है।

तदनन्तर यशोवर्मा ने एला से सुरभित समुद्र तट के प्रदेश मे प्रयाण किया। वहाँ से बग देश की ओर प्रस्थान किया। यह देश हाथियो के लिए प्रसिद्ध था। बगराज को पराजित कर मलय पर्वत को पारकर दक्षिण की ओर बढा और समुद्र तट पर पहुँचा। पुन पारसीक जनपद मे पहुंच कर वहाँ के राजा के साथ युद्ध किया और कोकण को विजय कर नर्मदा के तट पर पहुँचा। तदनन्तर मरुदेश की ओर गमन किया। वहा से श्रीकण्ठ गया। तत्पश्चात् कुरुक्षेत्र मे पहुंच कर जलक्रीडा का आनन्द लिया। वहाँ से यशोवर्मा हरिश्चन्द्र की नगरी अयोध्या के लिए रवाना हुआ। महेन्द्र पर्वत के निवासियो पर विजय प्राप्त कर उत्तर दिशा की ओर चला।

कवि ने इस प्रसग मे १४६ पद्यो द्वारा विजय-यात्रा मे आये हुए तालाब, नदी, पर्वत, वन, वृक्ष आदि का सुन्दर वर्णन किया है। यशोवर्मा विजय-यात्रा के अनन्तर कन्नौज लौट आता है। उसके सहायक राजा अपने-अपने घर चले जाते है। सैनिक अपनी पत्नियो से मिलकर बड़े प्रसन्न होते है। वन्दिजन यशोवर्मा का जय-जयकार करते हैं। यशोवर्मा की यह विजय-यात्रा रघुवश मे वर्णित रघु की दिग्विजय-यात्रा के समान ही है। वर्णन क्रम बहुत अशो मे समान है।

तत्पश्चात् कवि ने अपनी प्रशस्ति लिखी है। कवि यशोवर्मा के दरबार में रहता था। न्याय, छन्द एव पुराणो का वह पण्डित था। पण्डितो के अनुरोध से ही उसने

इस काव्य की रचना की है। कवि की इस कथावस्तु से स्पष्ट है कि नायक के उत्तरार्द्ध जीवन की कथा इस महाकाव्य में नहीं वर्णित है।

समालोचना—यह एक सरस काव्य है। इसमें ऋतु, वन, पर्वत, सरोवर, सन्ध्या, प्रातः, उषा, रात्रि नदी आदि का सुन्दर वर्णन किया हैं। जीवन के मधुर और कठोर-कटु दोनों ही चित्र समानान्तर रूप में अंकित किये गये है। चित्रो की रेखाएँ इतनी सन्तुलित हैं, जिससे उनमें भद्दापन नही आ पाया है। उदाहरण के लिए ग्रामो के चित्र प्रस्तुत किये जाते हैं—

टिविडिक्किअ-डिम्भाणं णव-रंगय-गव्व गरुय-महिलाण।
णिक्कंप-पामराणं भद्द गामूसव-दिणाण ॥ ५९८ ॥

ग्रामोत्सव के दिन कितने सुन्दर है, जबकि बालको को प्रसाधित कर नये रंग-विरंगे वस्त्रो को धारण कर स्त्रिया गर्व का अनुभव करती है और ग्रामवासी निश्चेष्ट खड़े रहकर खेल आदि देखते है।

फल-लम्भ मुइय डिम्भा सुदारु घर-संणिवेस रमणिज्जा।
एए हरन्ति हियय अजणाइण्णा वण-गामा ॥ ६०७ ॥

गाँवो मे फलो को प्राप्त कर बालक प्रसन्न होते है। लकडी के बने हुए घरो के कारण ग्राम रमणीक जान पडते है और वहाँ बहुत लोग निवास नही करते है, ऐसे वन-ग्राम किसका मन मुग्ध नही करते ? तात्पर्य यह है कि गाँवो मे घनी बस्ती नहीं रहती। वहाँ घर फैले हुए दूर-दूर रहते है, फलत. वे स्वास्थ्यप्रद होने के साथ सुन्दर भी प्रतीत होते है।

किं पि दुम जज्जरेसुं हियर्य घोसावबद्ध-धूमेसु।
लग्गइ विरल ट्ठिय-वायसेसु उव्वत्थ गामेसु ॥ ६०८ ॥

घरा के बीच से उत्पन्न हुए वृक्षो से घरो की दीवाले जर्जरित हो रही है। गोकुलो में से निकलनेवाले धूम और विरलरूप में स्थित गृहो पर बैठे कौवे किसके मनको सुन्दर नही लगते है ?

वृक्ष, खलिहान, सरोवर, कुँए आदि गाँवो मे किस प्रकार अपनी मनमोहक छटा द्वारा लोगो को आकृष्ट करते रहते है, इसका सुन्दर निरूपण किया है। ग्राम शोभा के ऐसे रमणीय चित्र अन्यत्र बहुत ही कम मिल सकेंगे। आम्रवृक्ष की शोभा का प्रतिपादन करता हुआ कवि कहता है—

इह हि हलिद्दा-हय दविड-सामली-गण्ड मण्डलानीलं।
फलमसअल-परिणामावलम्बि अहिहरइ चूयाण ॥ ६०१ ॥

हल्दी से रंगे हुए द्रविड देश की सुन्दरियो के कपोल मण्डल के समान, अध-पका आम का फल वृक्ष पर लटकते हुए कितना सुन्दर मालूम पडता है। यहाँ आम्रफल की स्वाभाविक सुन्दरता का बहुत ही रुचिर चित्रण किया है। यह पद्य आम के अधपके फलो सहित आम्रवृक्ष का साङ्गोपाङ्ग चित्र प्रस्तुत करने मे पूर्ण सक्षम हैं। वस्तुतः ग्राम्य सौन्दर्य नैसर्गिक होता है, कवि ने इसका चित्रण बहुत ही सुन्दर किया है।

अलंकार योजना—चित्तवृत्तियाँ या भावनाएँ प्रपंचात्मक विश्व का प्रतिभासमात्र होती है। जिस प्रकार प्रपञ्चात्मक विश्व अनन्त है, उसी प्रकार उसकी प्रतिच्छाया-रूपिणी भावनाएँ भी अनन्त ही होती है। यही अनन्तता काव्य की अनेकरूपता की विधायिका होती है। भावना सर्वदा सापेक्षिणी होती है। अत. भावक्षेत्र मे व्यक्ति वैचित्र्य का त्याग नही किया जा सकता। इस प्रपञ्चात्मक विश्व के कार्यादि का अवलोकन और चित्रण कवि अनेक रूपो मे करता है। अनेक व्यक्ति जिन भावनाओ का अनुभव करते है, उनमे एकसूत्रता और एकरूपता लाने के लिए रस और अलकारो का नियोजन कवि करता है। वस्तुव्यापार, मन स्थिति, विविध सौन्दर्य के चित्रण मे कवि को अलकारो का नियोजन करना ही पडता है। कवि वाक्पतिराज ने भी चित्तवृत्तियो की विभिन्न स्थितियो के विश्लेषण के लिए उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, व्यग्योक्ति, अर्थान्तरन्यास, दृष्टान्त आदि अलकारो की योजना की है। उपमा के प्रयोग द्वारा ग्राम्य जीवन के चित्र और दृश्यो को बड़े ही सुन्दर ढग मे उपस्थित किया है। उपमा के निम्न उदाहरण द्रष्टव्य हैं—

तं णमह पीय-वसणं जो वहइ सहाव-सामलं-च्छायं।
दिअस-णिसा लय णिग्गम विहाय-सबलं पिव सरीरं॥ २७॥

इस गाथा मे निरूपित श्याम शरीरवाले पीतवस्त्र धारी हरि का सौन्दर्य रात्रि और दिन के मिश्रण के समान बताया है। यहाँ पीत वस्त्रो के लिए दिवस उपमान और श्याम के लिए रात्रि उपमान है। कवि ने रात्रि और दिन के प्रवेश-निगर्मन काल—प्रात सन्ध्या और साय-सन्ध्या के मिश्रित श्याम-धवल रूप के तुल्य हरि को बताया है।

गण-वइणो सइ-संगय-गोरी-हर पेम्म-राय-विलियस्स।
दंतो वाम-मुहद्धन्त-पुञ्जिओ जयइ हासो व्व॥ ५४॥

हँसी समूह के समान पार्वती के साथ रहनेवाले गणेश जय को प्राप्त हो। यहाँ गणेश के गौर वर्ण की अभिव्यञ्जना 'हासो व्व' उपमान द्वारा बहुत ही सुन्दर की गयी है।

उत्प्रेक्षा अलकार द्वारा कवि ने बताया है कि यशोवर्मा की युद्ध प्रवीणता को देखकर देवाङ्गनाओ के मन में भी काम विकार उत्पन्न हो जाता है। यथा—

इय जस्स समर-दंसण-लीला निम्मविय-वाम्मह-वियारा।
तियस-तरुणीओ अज्जवि मण्णे निहुयं किलम्मन्ति॥ ११३॥

विन्ध्यवासिनी देवी के मन्दिर के वर्णन मे कवि ने उपमा, उत्प्रेक्षा के साथ रूपक अलकार का भी व्यवहार किया है। सिरकमल देवी के समक्ष किस प्रकार लोटने लगता है। कवि कहता है—

हा हा तं चेय करिल्ल पिययमा वाहु-सयण-दुल्ललियं।
उवहाणीकय-वम्मीय-मेहलं लुलइ सिर-कमलं॥ ३४२॥

प्रियतमाओ के बाहुशयन से दुर्ललित वल्मीक मेखला को तकिया बनाये हुए शिर-कमल विन्ध्यवासिनी देवी के समक्ष समर्पित है।

इस प्रकार कवि ने अत्यन्त अलकृत वर्णनो, दूरूढ कल्पनाओ, विद्वत्तापूर्ण सन्दर्भों तथा आवश्यक वस्तुव्यापार वर्णन से काव्य का कलेवर मडित किया है।

निष्कर्ष—शास्त्रीय महाकाव्य के लक्षणो की दृष्टि से इस काव्य मे अनेक त्रुटियाँ दिखलायी पडती है। कथा सर्गबद्ध नही है। प्रारम्भ मे मगलाचरण, पूर्व कवियो की प्रशसा, आदि ऐसी बातें है, जिनके कारण इसमे आख्यायिका के गुण अधिक आ जाते हैं। कथान्तर रूप में प्रलय वर्णन इस प्रकार का अप्रासगिक वर्णन है, जिसके कारण इसमे महाकाव्यत्व की पूर्ण प्रतिष्ठा नही हो पाती है। यशोवर्मा के दिग्वजय प्रसग मे बीच-बीच में उसकी प्रशस्ति भी आ जाती है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि वाक्पति-राज ने इसे बाणभट्ट के हर्षचरित की शैली पर छन्दोबद्ध किया है। अलकृत वर्णन निस्सन्देह इसे शास्त्रीय महाकाव्य की कोटि मे उपस्थित करते है। यशोवर्मा के आक्रमण के समय शत्रुस्त्रियो की विभिन्न भावनाओ का वर्णन इस काव्य मे पर्याप्त चारुता उत्पन्न करता है। वस्तुव्यापार वर्णन भी प्राय. सटीक है। वर्णनो मे कवि ने अपनी प्रतिभा का पूरा परिचय दिया है। निम्न पद्य दर्शनीय है—

पत्थिव-घरेसु गुणिणोवि णाम जइ कोवि सावयासव्व।
जण-सामण्णं तं ताण किं पि अण्णं चिय निमित्तं॥ ८७६॥

यदि कोई गुणी व्यक्ति राजमहलो में पहुँच जाता है तो इसका कारण यही हो सकता है कि जनसाधारण की वहाँ तक पहुँच है अथवा इसमे अन्य कोई कारण हो सकता है, उसके गुण तो इसमे कदापि कारण नही है।

स्पष्ट है कि राजघरो से आतंक को कवि ने काव्यशैली मे उपस्थित किया है। राजमहलों में पहुँचना सबके लिए संभव नही है, जो व्यक्ति गुणी है या अन्य किसी कारण वश जिसमें किसी भी प्रकार की अलौकिकता है, वही व्यक्ति राजमहलों में पहुँच पाता है। सीधी और सामान्य बात को व्यग्योक्ति द्वारा कवि ने निबद्ध किया है।

अतएव परम्परा प्राप्त इस महाकाव्य मे शास्त्रीय शैली के अल्पगुण रहने पर भी अपनी उदात्तता के कारण यह महाकाव्य है, परम्पराबद्ध शास्त्रीय महाकाव्य की अनेक रूढ़ियो का निर्वाह इस काव्य मे किया गया है।

'साहित्य दर्पण' में आश्वास को सर्ग का पर्याय माना गया है, पर एक मान्यतानुसार कुलक भी सर्ग का पर्याय है। यद्यपि कुलको में असमानता है, कोई कुलक बहुत ही बड़ा है और कोई बहुत छोटा। इस त्रुटि के रहने पर भी गउडवहो शास्त्रीय महाकाव्य है। इसमें महोद्देश्य की पूर्ति उदात्तशैली में की गयी है।

द्वयाश्रयकाव्य[1]

कुमारपाल चरित स्वरचित– प्राकृत व्याकरण के नियमो को स्पष्ट करने के लिए जैनाचार्य हेमचन्द्र ने इस महाकाव्य की रचना की है। इसमे आठ सर्ग हैं। आरम्भ के छ सर्गों मे महाराष्ट्रीय प्राकृत के उदाहरण और नियम वर्णित है और शेष दो सर्गों मे शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिका पैशाची और अपभ्रंश भाषा के उदाहरण प्रयुक्त है। इस काव्य का प्राकृत मे वही महत्त्व और स्थान है, जो सस्कृत मे भट्टिकाव्य का। यह शास्त्रीय काव्य है। इस पर पूर्णकलश गणि की सस्कृत टीका भी है।

रचयिता—द्वयाश्रयकाव्य के रचयिता आचार्य हेमचन्द्र का जन्म वि० स० ११४५ कार्त्तिकी पूर्णिमा को गुजरात के अन्तर्गत धन्धुका नामक गाँव मे हुआ था। यह गाँव वर्तमान में भाधर नदी के दाहिने तट पर अहमदाबाद से उत्तर-पश्चिम मे ६२ मील की दूरी पर स्थित है। इनके पिता शैवधर्मानुयायी मोढकुल के वणिक् थे। इनका नाम चाचदेव या चाचिगदेव था। चाचिगदेव की पत्नी का नाम पाहिनी था। एक रात को पाहिनी ने सुन्दर स्वप्न देखा। उस समय वहाँ चन्द्रगच्छ के आचार्य देवचन्द्र सूरि पधारे हुए थे। पहिनी देवी ने अपने स्वप्न का फल उनसे पूछा। आचार्य देवचन्द्र सूरि ने उत्तर दिया—'तुम्हे एक अलौकिक प्रतिभाशाली पुत्ररत्न की प्राप्ति होगी। वह पुत्र ज्ञान, दर्शन और चरित्र से युक्त होगा तथा साहित्य एव समाज सेवा में सलग्न रहेगा।' स्वप्न के इस फल को सुनकर पाहिनी बहुत प्रसन्न हुई।

समय पर पुत्र का जन्म हुआ। इनकी कुलदेवी 'चामुण्डा' और कुल यक्ष 'गोनस' था; अत माता-पिता ने देवता के प्रीत्यर्थ उक्त दोनो देवताओ के आद्यक्षर लेकर बालक का नाम चाङ्गदेव रक्खा। लाडप्यार से चाँगदेव का पालन-पोषण होने लगा। शिशु चाँगदेव बहुत होनहार था। पालने मे ही उसकी भवितव्यता के शुभ लक्षण प्रकट होने लगे थे।

१. सन् १९३६ में ओरियन्टल इन्स्टीटयूट, पूना द्वारा प्रकाशित।

एक बार आचार्य देवचन्द्र अणहिल्लपत्तन से प्रस्थान कर भव्यजनों के प्रबोधहेतु धन्धुका गाँव में पधारे। उनकी पीयूषमयी वाणी का पान करने के लिए श्रोताओं और दर्शनार्थियों की अपार भीड़ एकत्र थी। पाहिनी भी चाँगदेव को लेकर गुरुवंदना के लिए गयी। सहजरूप और शुभ लक्षणों से युक्त चांगदेव को देखकर आचार्य देवचन्द्र उस पर मुग्ध हो गये और पाहिनी से उन्होंने कहा—'बहिन! इस चिन्तामणि को तुम मुझे अर्पित करो। इसके द्वारा समाज और साहित्य का बड़ा कल्याण होगा। यह यशस्वी आचार्य पद प्राप्त करेगा।'' यहां ध्यातव्य है कि पाहिनी जैन कुल की थी और चाचदेव शैव था अतः पाहिनी आचार्य के आदेश का उल्लंघन न कर सकी और पुत्र को आचार्य को सौंप घर चली आयी।

देवचन्द्र सूरि उस पुत्र को लेकर कर्णावती पहुँचे और वहां उदयन मन्त्री के यहाँ उसे रख दिया। उदयन उस समय जैनधर्म का सबसे बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति था। अतः उसके संरक्षण में चाँगदेव को रखकर आचार्य देवचन्द्र चिन्तामुक्त हुए।

चाचिग जब ग्रामान्तर से लौटा तो पुत्र सम्बन्धी समाचार को सुनकर बहुत दुःखी हुआ और पुत्र को वापस लाने के लिए तत्काल ही कर्णावती को चल दिया। आचार्य ने चाचिग को उदयन मन्त्री के पास भेज दिया। मन्त्रिवर ने बड़ी चतुराई के साथ वार्तालाप किया। उसका खूब आदर-सत्कार किया। मन्त्री की उदारता और स्नेह ने उसे आर्द्र कर दिया। अतः वह चांगदेव को वहीं छोड़कर चला आया।

आठ वर्ष की अवस्था में हेमचन्द्र—चाँगदेव की दीक्षा सम्पन्न हुई। दीक्षा के उपरान्त चाँगदेव का नाम सोमचन्द्र रखा गया। सोमचन्द्र की प्रतिभा अत्यन्त प्रखर थी। अतः उन्होंने तर्क, व्याकरण, काव्य, अलंकार, छन्द और आगम आदि ग्रन्थों का गम्भीर अध्ययन अल्प समय में ही समाप्त कर दिया।

इक्कीस वर्ष की अवस्था में इनको सूरिपद प्रदान किया गया और इनका नाम सोमचन्द्र के स्थान पर हेमचन्द्र कर दिया गया। सूरिपद की प्राप्ति वि० सं० ११६६ में हुई थी।

हेमचन्द्र के पाण्डित्य से महापराक्रमी गुर्जरेश्वर जयसिंह सिद्धराज बहुत प्रभावित हुए और सिद्धराज के आदेश से सिद्धहैम नामक व्याकरण ग्रन्थ की रचना की। इस ग्रन्थ में सात अध्याय संस्कृत भाषा के अनुशासन के सम्बन्ध में है और एक प्राकृत भाषा के अनुशासन पर लिखा गया है।

हेमचन्द्र का कुमारपाल के साथ भी गुरु-शिष्य का सम्बन्ध था। उन्होंने सात वर्ष पहले ही कुमारपाल को राज्य प्राप्त होने की भविष्यवाणी की थी। एक बार जब राजकीय पुरुष उसे पकड़ने आये तो हेमचन्द्र ने उसे ताडपत्रों में छिपा दिया था। कुमारपाल का राज्याभिषेक वि० सं० ११९९ में मार्गशीर्ष कृष्णा चतुर्दशी को सम्पन्न हुआ।

आचार्य हेमचन्द्र की साहित्य साधना विशाल एवं व्यापक है। व्याकरण, छन्द, अलकार, कोश, काव्य एव चरितकाव्य विषयक इनकी रचनाएँ बेजोड़ है। इनके काव्य रोचक, मर्मस्पर्शी एव सजीव हैं। पश्चिम के विद्वान् इनके साहित्य पर इतने मुग्ध हैं कि इन्होने इन्हे ज्ञान का महासागर कहा है। हैम व्याकरण (१) सूत्रपाठ (२) धातुपाठ (३) गणपाठ (४) उणादि प्रत्यय एव (५) लिंगानुशासन इन पाचो अंगो से परिपूर्ण है। इस ग्रन्थ मे लगभग पाँच हजार सूत्र है। आचार्य हेम ने इस ग्रन्थ पर छ. हजार प्रमाण लघुवृत्ति और अठारह हजार श्लोक प्रमाण बृहद् वृत्ति लिखी है। बृहद्वृत्ति सात अध्यायो पर ही प्राप्त है, आठवे अध्याय पर नही।

चरित काव्य में त्रिषष्टि-शलाका-पुरुषचरित, अलकार मे काव्यानुशासन, छन्द में छन्दोनुशासन, न्याय मे प्रमाणमीमासा, कोष ग्रन्थो मे अभिधानचिन्तामणि, अनेकार्थ-सग्रह, निघण्टु और देशीनाममाला, योग विषय पर योगशास्त्र एव स्तोत्रो मे द्वात्रिंशिकाएँ लिखी हैं। साहित्य के क्षेत्र मे हेमचन्द्र का यश अति प्रसिद्ध है। इनकी रचनाए अपने विषय की अनुपम मणियाँ है।

कथावस्तु—अणहिलपुर नगर मे राजा कुमारपाल शासन करता था। इसने अपने भुजबल से राज्य की सीमा को बहुत विस्तृत किया था। प्रात काल स्तुतिपाठक अपनी स्तुतियाँ सुनाकर राजा को जागृत करते थे। शयन से उठकर राजा नित्यकर्म कर तिलक लगाता और द्विजो से आशीर्वाद प्राप्त करता था। वह सभी लोगो की प्रार्थनाएँ सुनता, मातृगृह मे प्रवेश करता और लक्ष्मी की पूजा करता था। तत्पश्चात् व्यायामशाला मे जाकर व्यायाम करता था। इन समस्त क्रियाओ के अनन्तर वह हाथी पर सवार होकर जिनमन्दिर में दर्शन के लिए जाता था। वहाँ जिनेन्द्र भगवान् की विधिवत् पूजा-स्तुति करने के अन्तर सगीत का कार्यक्रम आरम्भ होता था। तदनन्तर वह अपने अश्व पर आरूढ़ होकर धवलगृह में लौट आता था।

मध्याह्नोत्तर कुमारपाल उद्यान क्रीड़ा के लिए जाता था। इस प्रसग मे कवि ने वसन्त ऋतु की सुषमा का व्यापक वर्णन किया है। क्रीडा मे सम्मिलित नर-नारियो की विभिन्न स्थितियाँ वर्णित है।

वसन्त ऋतु के अनन्तर अब ग्रीष्म ऋतु का प्रवेश होता है, तो कवि ग्रीष्म की उष्णता और दाह का वर्णन करता है। इस प्रसग में राजा की जलक्रीडा का निरूपण किया गया है। वर्षा, हेमन्त और शिशिर इन तीनो ऋतुओ का चित्रण भी सुन्दर किया है। उद्यान से लौटकर राजा कुमारपाल अपने महल मे आ जाता है। सान्ध्यकर्म करने में संलग्न हो जाता है।

चन्द्रोदय होता है। कवि आलंकारिक शैली में चन्द्रोदय का वर्णन करता है। कुमारपाल मण्डपिका मे बैठता है, पुरोहित मन्त्रपाठ करता है, बाजे बजते है और

वारवनिताएँ थाली मे दीपक रखकर उपस्थित होती है। राजा के समक्ष सेठ, सार्थवाह आदि महाजन आसन ग्रहण करते है। तत्पश्चात् सान्धिविग्रहिक राजा के बल-वीर्य का यशोगान करता हुआ विज्ञप्ति पाठ आरम्भ करता है।

"हे राजन्! आपकी सेना के योद्धाओ ने कोकण देश मे पहुँचकर मल्लिकार्जुन नामक कोकणाधीश की सेना के साथ युद्ध किया और मल्लिकार्जुन को परास्त किया है। दक्षिण दिशा को जीत लिया गया है। पश्चिम का सिन्धु देश आपके अधीन हो गया है। यवननरेश ने आपके भय से ताम्बूल का सेवन त्याग दिया है। वाराणसी, मगध, गौड, कान्यकुब्ज, चेदि, मथुरा और दिल्ली आदि नरेश आपके वशवर्ती हो गये है।"

इन क्रियाओ के अनन्तर राजा शयन करने चला जाता है। सोकर उठने पर परमार्थ की चिन्ता करता है। आठवें सर्ग मे श्रुतदेवी के उपदेश का वर्णन है। इसमे मागधी, पैशाची, चूलिका पैशाची और अपभ्रंश के उदाहरण आये है। इस सर्ग मे आचार सम्बन्धी नियमो के साथ, उनकी महत्ता एव उनके पालन करने का फल भी प्रतिपादित है।

आलोचना - इस महाकाव्य की कथावस्तु एक दिन की प्रतीत होती है। यद्यपि कवि ने कथा को विस्तृत करने के लिए ऋतुओ तथा उन ऋतुओ मे सम्पन्न होनेवाली क्रीडाओ का व्यापक चित्रण किया है। तो भी कथा का आयाम महाकाव्य की कथा—वस्तु के योग्य बन नहीं सका है। विज्ञप्ति निवेदन में दिग्विजय का चित्रण आ गया है, पर यह भी कथा प्रवाह मे साधक नहीं है। कथा की गति वर्तुलाकार सी प्रतीत होती है और दिग्विजय का चित्रण उस गति मे मात्र बुल-बुला बनकर रह गया है। अतः सक्षेप मे इतना ही कहा जा सकता है कि इस महाकाव्य की कथावस्तु का आयाम बहुत छोटा है। एक अहोरात्र की घटनाएँ रस सचार करने की पूर्ण क्षमता नहीं रखती है।

नायक का सम्पूर्ण जीवन चरित समक्ष नहीं आ पाता है। उसके जीवन का उतार चढाव प्रत्यक्ष नही हो पाया है। अत धीरोदात्त नायक के चरित का समग्रतया उद्घाटन न होने के कारण कथावस्तु में अनेकरूपता का अभाव है। अवान्तर कथाओ की योजना भी नही हो पायी है। विज्ञप्ति मे निवेदित घटनाएँ नायक के चरित का अग बनकर भी उससे पृथक् जैसी प्रतीत होती है। अतएव कथावस्तु में शैथिल्य दोष होने के साथ कथानक की अपर्याप्तता नामक दोष भी है।

वस्तु वर्णन की दृष्टि से यह महाकाव्य सफल है। ऋतु वर्णन, सन्ध्या, उषा, प्रात. एव युद्ध आदि के दृश्य सजीव है। व्याकरण के उदाहरणो को समाविष्ट करने के कारण कृत्रिमता अवश्य है, पर इस कृत्रिमता ने काव्य के सौन्दर्य को अपकर्षित नहो किया है। प्राकृतिक दृश्यो के मनोरम चित्रण और प्रौढव्यजनाओ ने काव्य को प्रौढता प्रदान की है। इसमें सन्देह नहीं कि इस शास्त्रीय काव्य मे व्याकरण के जटिल-जटिल नियमो

के उदाहरण उपस्थित करने के हेतु कथानक में सर्वाङ्गपूर्णता का सन्निवेश होना कठिन हो गया है। वस्तुविन्यास में प्रबन्धात्मक-प्रौढता आडम्बर युक्त उदाहरणो के कारण नही आने पायी है, फिर भी कथानक मे चमत्कार और कमनीयता का अभाव नही है।

यह काव्य कलावादी है। इसमे शाब्दी क्रीडा भी वर्तमान है। सुन्दर-सुन्दर वर्णनो की योजना कर कवि ने उक्त कथावस्तु मे अलकार-वैचित्र्य और कल्पना शक्ति के मिश्रण द्वारा चमत्कृत करने की सफल योजना की है। कवि हेमचन्द्र की अनेक उक्तियो मे स्वाभाविकता, व्यग्य तथा पाण्डित्य भरा हुआ है। कुमारपाल की दिनचर्या पाठको को सुसस्कृत जीवन बनाने के लिए प्रेरणा देती है। जिनेन्द्र वन्दन एव अन्य धार्मिक कार्यों में राजा का प्रति दिन भाग लेना वर्णित है। इस काव्य मे केवल राजा के विलासी जीवन का ही वर्णन नही है, अपितु उसके कर्मठ एव नित्य कार्य करने मे अप्रमादी जीवन का चित्रण है। नायक का चरित्र उदात्त और भव्य है। उसके महनीय कार्यों का सटीक वर्णन किया गया है।

अलंकार योजना—अलकार की प्रवृत्ति मानव-जीवन मे सार्वकालिक, सार्वजनीन और सार्वत्रिक है। अलकरण का सम्बन्ध सौन्दर्य से है। प्रत्येक कालाकार अपनी रचना को सुन्दर बनाना चाहता है, अत उसे अलकारो की योजना करनी पडती। रमणी के शरीर पर आभूषणो की जो उपयोगिता है, वही उपयोगिता कविता मे अलकारो की। काव्य मे स्वाभाविक माधुर्य और सौन्दर्य के रहने पर ही अलकार सौन्दर्याधान का कार्य करते है। महाकवि हेमचन्द्र ने उपमा, उत्प्रेक्षा, दृष्टान्त, दीपक, अतिशयोक्ति, रूपक आदि अलकारो की सुन्दर योजना की है। यहाँ कुछ अलकारो के उदाहरण प्रस्तुत किये जाते है। कवि ने पूर्णोमा का प्रयोग कर भावो को कितना तीव्र बनाया है, यह दर्शनीय है—

> विज्जु-चलं महुर-गिरो दिन्तो लच्छि जणो छुहत्ताण।
> भिसओ खु जहा सरओ दिसाण पाउस-किलन्ताण॥ १।९॥

अणहिलपुर के निवासी अपनी लक्ष्मी को चचल और नश्वर समझ कर प्रियवचन-पूर्वक भूखे-प्यासे व्यक्तियो को उसी प्रकार दान देते है, जिस प्रकार शरत्काल वर्षा ऋतु में मलिन और कलुषित हुई दिशाओ को स्वच्छ बनाता है। वहाँ के वैद्य भी जनता का उपचार करुणाभाव पूर्वक करते है। नीरोगता प्राप्त रोगी वैसे ही प्रसन्न दिखलायी पडते है, जैसे शरत्काल मे दिशाएँ। इस पद्य में कवि ने पूर्णोमा द्वारा अणहिलनगर के व्यक्तियो की दानशीलता और कर्त्तव्यपरायणता का निरूपण किया है।

उत्प्रेक्षा अलकार के व्यवहार द्वारा कवि हेम ने सरसता के साथ काव्य मे कमनीय भावनाओ का सयोजन किया है। निम्न उदाहरण दर्शनीय है—

भव्यसरा वण-वारे सद्दिम विक्कव-पउत्थ-वहु-वन्द्रा ।
भद्दं व भद्दसिरिणो पढिउं लग्गा पिगी महुणो ॥ २।३४ ॥

बसन्त के आगमन के समय उसका स्वागत करने के लिये वन के द्वार पर कोयलें मधुर ध्वनि में मंगल पाठ कर रही हैं। यह मगल पाठ ऐसा मालूम होता है, जैसे कामविह्वल प्रोषित पतिकाएँ अपने पतियों के स्वागत के लिये मधुर वाणी मे स्तुतिपाठ करती हों। उत्प्रेक्षा का सुन्दर प्रस्तुतीकरण है।

अतिशयोक्ति के प्रयोग द्वारा तथ्य का स्पष्टीकरण मनोरम रूप में उपस्थित किया है—

जत्थ भवणाण उवरि देवं नागेहि विम्हया दिट्ठो ।
रमइ मणोसिल-गोरो मणसिल-लित्तो मयच्छि-जणो ॥ १।१३

गौरवर्ण के नागरिक अपनी अपनी पत्नियों सहित भवनों के ऊपर रमण करते हुए देव और नागकुमारो द्वारा आश्चर्यपूर्वक देखे जाते है। अर्थात् वहाँ की नारियाँ अपने सौन्दर्य से अप्सराओ को और पुरुष देवों को तिरस्कृत करते है।

जस्सि सकलंकं वि हु रयणी-रमणं कुलन्ति अकलंकं ।
सहुघर-संख भंगोज्जलाओ भवणंसु-भंगीओ ॥ १।१६ ॥

जिस नगर के भवनो मे लगे हुए शख मुक्ता आदि रत्न अपनी ज्योतिर्मयी किरणो के प्रभाव से सकलक चन्द्रमा को निष्कलक बनाते हैं। यहाँ शख, मुक्ता, सीप आदि की कान्ति का वर्णन मार्यादा का अतिक्रमण करनेवाला है। अत अतिशयोक्ति अलकार है।

हरि हर विहिणो देवा जत्थन्नाद वि वसंति देवाइं ।
एयाए महिमाए हरिओ महिमा सुर–पुरीए ॥ १ । २६ ॥

इस नगर मे ब्रह्मा, विष्णु, शिव एव सूय आदि अनेक देवो के मन्दिर है। अत यह नगरी अपनी महिमा से स्वर्गपुरी को तिरस्कृत करती हैं। क्योकि स्वर्गपुरी में अकेला इन्द्र ही रहता है और इस नगरी में अनेक देव रहते हैं। अपने महत्त्व द्वारा स्वर्गपुरी का तिरस्कृत करना अतिशयोक्ति है।

राजा कुमारपाल के अनुपम सौन्दर्य और दानशीलता की समता कोई भी नही कर सकता है। इन्द्रादि सभी देवो को अतुलनीय सिद्ध कर दिया है।

जइ सक्को न उण नरो उणो नारायणो वि सारिच्छो ।
जस्स पुणाइ पुणाइ वि भुवणाभय-दाण ललिअस्स ॥१।४५॥

कुमारपाल की तुलना न इन्द्र कर सकता है, न अर्जुन कर सकता और न नारायण ही। यह तीन लोको के समस्त प्राणियो को अभय दान देने वाला होने से सबसे ललित

और मनोहर है । यद्यपि शौर्यादि गुणों में इन्द्र कुमारपाल के समान हो सकता है, किन्तु अविरत रहने के कारण वह भी इस राजा की समता नहीं कर सकता है ।

छठवें सर्ग में चन्द्रोदय के वर्णन में प्रश्नोत्तर रूप अलकृत शैली का प्रयोग किया है । बताया है—

साहसु कीए रत्तो बोल्लसु अन्ना वि किं पिआ तुज्झ ।
सङ्कसु किमहं मुक्का चवसु मए किं कयं विलिअं ॥६।२॥

कोई प्रियतमा अपने प्रिय से प्रश्न करती है कि बताओ कि अन्य स्त्री में आसक्त हो क्या ? बताओ क्या मुझे छोड अन्य कोई भी तुम्हारी प्रिय बल्लभा है ? बताइये क्या मुझे आपने त्याग दिया है ? बताइये कि मैंने कौन-सा अपराध किया है ?

भ्रान्तिमान अलकार का कवि ने कितना सुदर प्रयोग किया है—

न बुहुक्खिओ वि चक्को निय-छाहिं निअवि णोरवीअ बिसं ।
निअ-पक्ख-वीजणेहिं वोज्जन्तो घरणि-सङ्काए ॥६ ५॥

चक्रवाक पक्षी अपनी छाया को पत्नी समझ गया, अत. भ्रान्तिमान होता हुआ भूखा होने पर भी मृणालदण्ड का भक्षण नही कर रहा है । भ्रान्ति के कारण अपनी छाया को प्रिया समझ लेने से प्रिया के सङ्गम सुख मे निमग्न है, अत: उसने मृणालदण्ड का खाना बन्द कर दिया है ।

इस प्रकार आचार्य हेम ने अलकार योजना द्वारा चमत्कार उत्पन्न किया है ।

रस-भाव यो-ना—रस और भावाभिव्यञ्जन की दृष्टि से भी यह काव्य उच्च-कोटि का है । शृङ्गार, शान्त और वीर इन रसो से सम्बन्धित अनेक श्रेष्ठ पद्य आये हैं । एक विट पुरुष आसन पर -ठी हुई अपनी प्रिया की आँखें बन्द कर प्रेमिका का चुम्बन कर लेता है । कवि हेम ने इस सन्दर्भ का सरस वर्णन किया है । कहा है—

आमण ठिआइ घरिणीइ गह-वई झम्पिऊण अच्छीइं ।
हसिरो मोत्तुं सङ्कं चुम्बिअ अन्नं सढो मुइओ ॥ ३।७४ ॥
मा सोउआण अलिअं कुप्प मईआ सि तुम्हकेरो हं ।
इअ केण वि अणुणीआ णिअय-पिआ पाणिणीअजडा ॥ ३।७५ ॥

एक आमन पर स्थित अपनी प्रेमिका को आँखे बन्दकर किसी विट पुरुष ने दूसरी प्रेमिका का चुम्बन ले लिया । जब उस प्रियतमा को उसकी धूर्तता का आभास मिला तो वह उससे रुष्ट हो गयी । अत. वह उसको प्रसन्न करता हुआ चाटुकारितापूर्वक कहने लगा —'प्रिये ! झूठी बात सुनकर क्रोध मत करो, मैं तुम्हारा हूँ और तुम मेरी हो । भला तुम्हारे अतिरिक्त मैं अन्य किसी से प्रेम कर सकता हूँ । तुम्हे भ्रम हो गया है, इस प्रकार चाटुकारी बातें कर उस विचक्षण नायिका को वह प्रसन्न करता है ।

दशार्णपति को जीतकर कुमारपाल की सेना ने उसकी नगरी को लूटकर सारा धन ले लिया। कवि ने युद्ध के इस प्रसग का निम्न प्रकार वर्णन किया है—

अणकढिअ दुद्ध मुइ-जम पयाव-घम्मट्टिआरि-जस-कुसुम ।
तुह गण्ठिअ-व्रूहेणं विरोल्लिओ तस्स पुर-जलही ॥
मन्थिअ दहिणो तुप्प व घुमल्लिआ तस्स नयरओ कणयं ।
गिण्हन्तेहिं तुह सेणिर्गाह अवअच्छिआ अम्हे ॥ ६–८१।८२ ॥

अमथित दुग्ध के समान स्वच्छ कीर्तिधारी आपके तेज और प्रताप की उष्णता ने दशार्ण नृपति के कीर्तिरूपी पुष्प को म्लान कर दिया है। आपकी सेना ने समुद्र मन्थन के समान नगर का मन्थन कर सुवर्ण, रत्नादि को लूट लिया है। दशार्णपति का नगर समुद्र के समान विशाल था, इसी कारण कवि ने रूपक द्वारा उसे जलधि कह दिया है। इन पद्यों मे कवि ने रूपक अलकार की योजना कर वीरता का वर्णन किया है। सेना द्वारा दशार्णपति के नगर को लूटे जाने का सुन्दर और सजीव चित्रण किया है।

भावो की विशुद्धि पर बल देता हुआ कवि कहता है कि गगा, यमुना आदि नदियो मे स्नान करने से शुद्धि नही हो सकती। शुद्धि का कारण भाव है, अत जिसकी भावनाएँ शुद्ध है, आचार-विचार पवित्र है, वही मोक्ष-सुख को प्राप्त करता है। कवि ने कहा है—

जमुण गमेप्पि गमेप्पिणु जन्हवि ।
गम्पि सरस्सइ गम्पिणु नम्मद ॥
लोउ अजाणउ ज जलि बुड्डइ ।
त पसु किं नीरइ सिव सर्मद ॥ ८।८० ॥

गगा, यमुना, सरस्वती और नर्मदा नदियों में स्नान करने से यदि शुद्धि हो तो महिष आदि पशु इन नदियो मे सदा ही डुबकी लगाते रहते है, अत उनकी भी शुद्धि हो जानी चाहिये, जो लोग अज्ञानतापूर्वक इन नदियो मे स्नान करते हैं और अपने आचार-विचार को पवित्र नही बनाते, उन्हे कुछ भी लाभ नही हो सकता है। भावनाओ और क्रिया व्यापारो को पवित्र रखनेवाला व्यक्ति ही मोक्ष सुख को पाता है। इसीको पुष्ट करने के लिए कवि कहता है—

अन्तु करेप्पि निरानिउ कोहहो ।
अन्तु करेप्पिणु सव्वइ माणहो ॥
अन्तु करेविणु माया जाल हो ।
अन्तु करेवि नियत्तसु लोहहो ॥ ८।७७

क्रोध, मान, माया और लोभ का अन्त विनाश किये बिना व्यक्ति का अन्तरग शुद्ध नही हो सकता है। अत जो व्यक्ति अपनी आन्तरिक शुद्धि की कल्पना करता है, उसे अपने विकारो को दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

इस प्रकार आचार्य हेम ने रस और भावो की सुन्दर और सजीव अभिव्यञ्जना की है।

इस काव्य में गाथा छन्द के अतिरिक्त वदनक, झंवटक, दोहक, मनोरमा आदि अन्य मात्रिक छन्दो का व्यवहार भी किया गया है। सर्गान्त में छन्द बदला हुआ है। वर्णिक छन्दो में इन्द्रवज्रा का प्रयोग अनेक स्थानो पर हुआ है।

शास्त्रीय दृष्टि से इसमे महाकाव्य के सभी लक्षण घटित होते है। कथा सर्गबद्ध है और शास्त्रीय लक्षणो के अनुसार आठ सर्गों में विभक्त है। वस्तुवर्णन, सवाद, भावाभिव्यञ्जन एव इतिवृत्त मे सन्तुलन है।

लीलावइ[1]

लीलावती – अलकारिको ने लीलावइ कहा का उदाहरण कादम्बरी के समान पद्य-कथा के लिए उद्धृत किया है। दिव्यमानुषी कथा के नाम से इसका उल्लेख मिलता है, पर वस्तुत यह पद्य-कथा न होकर शास्त्रीय महाकाव्य है। यद्यपि डा० ए० एन० उपाध्ये ने इसे कथा कहा है, किन्तु आचार्य जिनविजय जी ने इसे महाकाव्य माना है। रुद्रट की परिभाषा के अनुसार इसमे महाकाव्य के लक्षण भी घटित होते हैं। पर यथार्थत शास्त्रीय दृष्टि से परीक्षण करनेपर इसमे शास्त्रीय महाकाव्य और कथा-आख्यायिका इन दोनो की विशेषताओ का सम्मिश्रण है। अत शुद्ध रूप मे न तो यह महाकथा है और न महाकाव्य हो। महाकाव्य के स्वरूप विकास पर विचार करने से ज्ञात होगा कि इस कृति मे रोमाण्टिक महाकाव्य के प्रचुर लक्षण वर्तमान है। यत. प्रेमकथा की अनन्तरात्मा और स्थापन पद्धत्ति मे महाकाव्य की शैली का उपयोग किया गया है। रोमाण्टिक कथावस्तु की योजना कवि ने नाटकीय शैली मे की है। घटनाओ का विस्तार न होकर वस्तु-व्यापार, मनःस्थिति, विविध सौन्दर्य आदि का सूक्ष्म और प्रचुर वर्णन है। इस कृति का लक्ष्य केवल मनोरञ्जन नही है, अपितु किसी महत् उद्देश्य की सिद्धि है। लीलावइ मनोरञ्जन या किसी धार्मिक या नैतिक तथ्य का उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए नही लिखी गयी है। कथा का लक्षण इसमे इतना ही है कि विविध घटनाएँ और अवान्तर कथाएँ अपना जाल बिछाये है। पाठक की जिज्ञासा वृत्ति को बनाये रखने के लिए घटनाओ में चमत्कार भी सन्निविष्ट हैं। पर एक बात है कि वस्तु-व्यापार और भावाभिञ्जन का गाम्भीर्य इतना अधिक है, जिससे इसे रोमाण्टिक महाकाव्य मानने में कोई बाधा नही आती है।

---

१ डा० ए० एन० उपाध्ये द्वारा सम्पादित होकर सिंघी जैन ग्रन्थमाला, बम्बई से सन् १९४९ में प्रकाशित।

इसे पद्यबद्ध कथाकाव्य भी नही कहा जा सकता है, क्योंकि इसकी शैली उससे भिन्न है। प्रारम्भ में देवताओं की स्तुति, सज्जन स्तुति और दुर्जन निन्दा, कविवंशपरिचय, कवि और उनकी पत्नी के बीच संवाद रूप मे कथा का प्रारम्भ, प्रधान कथा के भीतर अनेक प्रासंगिक कथाओं का अस्तित्व एवं धारा प्रवाह कथा वर्णन ऐसे तत्त्व है, जिनके कारण इस कृति को कथाकाव्य माना जा सकता है।

अलंकृति, वस्तु-व्यापार वर्णन, प्रेम की गम्भीरता और विजय की महत्ता स्थापित करने का महदुद्देश्य, रसो और भाव सौन्दर्य की अभिव्यक्ति, उदात्तशैली एवं महाकाव्योचित गरिमा प्रभृति तत्त्व है जिनके कारण इसे महाकाव्य भी मानना तर्कसंगत है। हिन्दी के प्रेमाख्यानक काव्यो की शैली का विकास प्राकृत के इसी कोटि के काव्यो से हुआ है। अतएव प्रस्तुत ग्रन्थ का विवेचन महाकाव्य की श्रेणी मे करना अधिक उचित है।

रचयिता— इस महाकाव्य का रचयिता कोऊहल कवि है। इन्होने अपने वंश का परिचय देते हुए लिखा है कि उनके पितामह का नाम बहुलादित्य था, जो बहुत बड़े विद्वान् और यज्ञयागादि अनुष्ठानो के विशेषज्ञ थे। ये इतना अधिक यज्ञानुष्ठान करते थे कि चन्द्रमा भी यज्ञ धूम से काला हो गया था। इनका पुत्र भूषणभट्ट हुआ, वह भी बहुत बड़ा विद्वान् था। इनका पुत्र असाधारमति कौतूहल कवि हुआ। इस ग्रन्थ मे कवि ने अपने नाम का साफ उल्लेख नही किया है, पर जिस क्रम से अपना वंश परिचय दिया है, उससे कौतूहल नाम भी उचित जान पड़ता है। यशस्तिलक और पउमचरिउ (स्वयभू) काव्य ग्रन्थो मे कोहल का उल्लेख मिलता है, अत यदि कोऊहल और कोहल दोनो एक है, तो निश्चय ही कवि का नाम कोऊहल (कौतूहल) है।

इस महाकाव्य की रचना कब और कहाँ हुई है, इसका स्पष्ट उल्लेख नही मिलता है। बहिरंग प्रमाणो से इसकी समय सीमा निम्न प्रकार निर्धारित की जा सकती है— १४ वी शती के विद्वान् वाग्भट्ट, १३ वी शती के त्रिविक्रम, १२ वी शती के हेमचन्द्र और ६ वी शती के आनन्दवर्धन ने अपने ध्वन्यालोक मे इसका उल्लेख किया है। अतः इसकी समय सीमा ६ वी शती के पश्चात् नहीं मानी जा सकती है।

ग्रन्थ के अन्तरंग अध्ययन से ज्ञात होता है कि इस पर कादम्बरी और समराइच्चकहा का प्रभाव है, अतएव सातवी शती के पूर्व भी इसका रचनाकाल नही हो सकता। अनुमान है कि कोऊहल हरिभद्र के अनन्तर और आनन्दवर्धन से पूर्व हुए हैं। अतः उनका समय ६ वी शताब्दी का प्रथम पाद है। कवि वैष्णव धर्मानुयायी है।

कथावस्तु— काव्य का नायक प्रतिष्ठान का राजा सातवाहन है। इसका विवाह सिंहलद्वीप की राजकुमारी लीलावती के साथ हुआ था। अत नायिका के नाम पर ही काव्य का नामकरण किया गया है। कुवलयावली राजर्षि विपुलाशय की अप्सरा रम्भा से उत्पन्न कन्या थी। उसने गन्धर्वकुमार चित्रांगद से गन्धर्व विवाह कर लिया। उसके

पिता ने कुपित होकर चित्रांगद को शाप दिया और वह भीषणानन राक्षस बन गया। कुवलयावली आत्महत्या करने को उद्यत हुई, पर रम्भा ने आकर उसको धैर्य बँधाया और उसे नलकूबर के संरक्षण मे छोड दिया। यक्षराज नलकूबर का विवाह वसन्तश्री नाम की विद्याधरी से हुआ था, जिसमे महानुमति का जन्म हुआ। महानुमति और कुवलयावली दोनों सखियो मे बडा स्नेह था। एक बार वे विमान पर चढकर मलय पर्वत पर गयी। वहाँ सिद्धकुमारियो के साथ झूला झूलते हुए महानुमति और सिद्धकुमार माधवानिल की आँखें चार हुई। घर लौटने पर महानुमति बहुत व्याकुल रहने लगी। उसने कुवलयावली को पुन. मलय प्रदेश भेजा। परन्तु वहाँ जाकर पता लगा कि माधवानिल को कोई शत्रु भगाकर पाताललोक मे ले गया है। वापस जाकर उसने दु खी महानुमति को सान्त्वना दी। दोनो गोदावरी के तट पर भवानी की पूजा करने लगी।

यहाँ तक अवान्तर कथाओ का वितान है। अब प्रधान कथा का प्रवेश होता है। सिंहलराज की पुत्री लीलावती का जन्म वसन्तश्री की बहन विद्याधरी शारदश्री से हुआ था। एक दिन लीलावती प्रतिष्ठान के राजा सातवाहन के चित्र को देखकर मोहित हो गयी। बाद मे उसने उसे स्वप्न मे भी देखा। माता-पिता की आज्ञा लेकर वह अपने प्रिय की खोज मे निकल पडी। उसका दल मार्ग मे गोदावरी तटपर ठहरा, जहाँ उसे अपनी मौसी की लडकी महानुमति मिल गयी। तीनो विरहिणिया एक साथ रहने लगी।

अपने राज्य का विस्तार करते हुए सातवाहन ने सिंहलराज पर आक्रमण करना चाहा। पर उसके सेनापति विजयानन्द ने सलाह दी कि सिंहल से मैत्री रखना ही अच्छा होगा। राजा सातवाहन ने विजयानन्द को ही दूत बनाकर भेजा। विजयानन्द नौका टूट जाने के कारण गोदावरी के तट पर ही रुक गया। उसे पता लगा कि सिंहलराज की पुत्री लीलावती यही निवास करती है। उसने आकर सातवाहन को सारा वृत्तान्त सुनाया। सातवाहन सेना लेकर उपस्थित हुआ और लीलावती से विवाह करने की इच्छा प्रकट की। परन्तु लीलावती ने यह कहकर इन्कार किया कि जबतक महानुमति का प्रिय नही मिलेगा, तबतक मै विवाह नही करूँगी। राजा पाताल पहुँचा और माधवानिल को छुडा लाया। उसने भीषणानन राक्षस पर आक्रमण किया, चोट खाते ही वह पुन राजकुमार हो गया।

संयोगवश इसी समय यक्षराज नलकूबर, विद्याधर हंस और सिंहलनरेश वहाँ एकत्र हो जाते हैं। उन्होंने अपनी-अपनी पुत्रियो का विवाह उनके अभीष्ट राजकुमार वरो के साथ कर दिया। यक्षो, गन्धर्वो, सिद्धो, विद्याधरो, राक्षसो और मानवो ने अनेक सिद्धियाँ वर-वधुओ को उपहार में दी।

समीक्षा—यह पहले ही लिखा जा चुका है कि यह कथाकाव्य मिश्रित शास्त्रीय महाकाव्य है। कवि ने इसमें प्राकृतिक दृश्यो का कलात्मक वर्णन किया है। इसमें प्रेम

का सयत और सन्तुलित चित्रण सफलतापूर्वक किया गया है। प्रेमी और प्रेमिकाओ की दृढ़ता की दीर्घ परीक्षा करके ही उन्हे विवाह बन्धन में बाँधा गया है। राजाओ के जीवन का चित्रण विस्तृत और काव्यात्मक है। प्रबन्ध मे उतार-चढ़ाव कार्य व्यापारो के अनुसार घटित हुआ है। मर्मस्थल की पहचान कवि को है। सवाद भी बडे सरस हैं। अलकारो के प्रयोग तो इस रचना में सर्वाधिक उपलब्ध होते है। यहाँ कुछ अलकारो का निरूपण किया जाता है। उपमा—

> णिय-तेय-पसाहिय-मंडलस्स ससिणो व्व जस्स लोएण।
> अक्कंत-जयस्स जए पट्ठी ण परेहि सच्चविया॥ ६९॥

राजा सातवाहन की प्रशसा करते हुए कवि कहता है कि जिस प्रतापी राजा ने अपने पराक्रम से समस्त ससार को जीत लिया है, पर उसकी पीठ शत्रुओ ने कभी भी उसी प्रकार नही देखी है, जिस प्रकार अपने तेज से ससार को उज्ज्वल करनेवाले चन्द्रमा का पृष्ठभाग किसी ने नही देखा है। यहाँ चन्द्र का पृष्ठभाग उपमान है और राजा का पृष्ठभाग उपमेय। इसी प्रकार चन्द्रमा का तेज उपमान है और राजा का पराक्रम उपमेय। उपमान एव उपमेय के इस आयोजन द्वारा कवि ने राजा सातवाहन के पराक्रम की सुन्दर व्यञ्जना की है।

> ओसहि सिहा-पिसंगाण वोलिया गिरि गुहासु रयणीओ।
> जस्स पयावाणलकन्ति-कवलियाणं पिव रिऊणं॥ ७०॥

राजा सातवाहन के शत्रुओ की रात्रियाँ पर्वत की कन्दराओ मे औषधियो की शिखा ज्वाला से रक्तवर्ण होकर व्यतीत होती थी। वे उसकी प्रतापाग्नि की कान्ति से ग्रस्त थे।

इस पद्य मे औषधियो की शिखा को प्रतापाग्नि की कान्ति से उपमा दी गयी है। यहाँ पर अपह्नुति अलकार होने जा रहा था, पर कवि ने इव शब्द का प्रयोग कर उपमा ही रहने दिया है। कवि की उपमा सम्बन्धी यह कुशलता उच्चकोटि की है।

उत्प्रेक्षा—

> चंदुज्जुयावयंसं पवियंभिय-सुरहि-कुवलयामोयं।
> णिम्मल तारा लोयं पियइ व रयणी-मुहं चंदो॥ ७१॥

कुमुद के अवतस—कर्णाभूषण को धारण करनेवाली रात्रि के मुख का पान चन्द्रमा कर रहा है तथा इस रात्रि मे नीलकमल की गन्ध बह रही है और निर्मल ताराओ का प्रकाश है।

यहाँ उत्प्रेक्षा के साथ 'रयणीमुह' रात्रिमुख मे नायिका मुख का श्लेष भी है। उत्प्रेक्षा द्वारा कवि ने चन्द्रमा द्वारा रजनीमुख के चुम्बन की स्थिति पर प्रकाश डाला है।

हेतूत्प्रेक्षा—

केत्तिय मेत्तं संझायवस्स सेसं ति दंसणत्थं व ।
आरूढा तिमिर-चर व्व वासतरुसेहरं सिहिणो ॥ २६२ ॥

सायंकाल का सूर्यप्रकाश अब कितना शेष रहा है, यह देखने के लिये मानो मयूर, तिमिर चर—अन्धकार के दूत के सदृश अपने निवासवृक्षों के शिखर पर चढ़ गये ।

रूपक—

तं जह मियंक केसरि-कर-पहरण दलिय-तिमिर-करि-कुम्भे ।
विक्खित्त-रिक्ख-मुत्ताहलुज्जले सरय-रयणीए ॥ ३३ ॥

चन्द्रमारूपी सिंह के किरणरूपी हाथ के प्रहार से अन्धकाररूपी गजकुमार के ध्वस्त होने पर बिखरे,हुए नक्षत्ररूपी मोतियो से उज्ज्वल शरद्‌ कालीन रात्रि थी ।

चन्द्रमा मे सिंह का, किरणो मे हाथ का, अन्धकार मे गजकुमार का और नक्षत्रों मे मोतियो का आरोप किया गया है ।

व्यतिरेक—

जस्स पिय-बंधवेहि व चउवयण-विणिग्गएहि वेएहि ।
एक्क वयणारविंदट्ठिएहि बहु-मण्णिओ अप्पा ॥ २१ ॥

इसके प्रिय बान्धवों ने ब्रह्मा के चार मुखो से निकले चार वेद इसके एक ही मुख मे स्थित होने मे अपने को कृतार्थ समझा ।

चारो मुखो से निर्गत चारों वेदो को एक ही मुख मे स्थित करना व्यतिरेक है । कवि ने बहुलादित्य की विद्वत्ता प्रदर्शित करने के लिये इस अलकार की योजना की है ।

समासोक्ति—

जोण्हाऊरिय कोसकंति-धवले सव्वंग-गंधुक्कडे ।
णिव्विग्घं घर-दीहियाए सुरसं वेवंतओ मासलं ॥
आसाएइ सुमजु-गुंजिय-रवो तिगिच्छि-पाणासवं ।
उम्मिल्लंत-दलावली- परियओ चंदुज्जुए छप्पओ ॥ २४ ॥

भ्रमर मकरन्द—पुष्परस को पी रहा है, जबकि कुमुदिनी ज्योत्स्ना से पूरित होने के कारण उसका आभ्यन्तर भाग प्रकाशित हो रहा है । सुगन्ध तीव्रता से बढ़ रही है । घर की दीर्घिका—बावड़ी में कम्पायमान होता हुआ तथा मधुर गुञ्जार करता हुआ और विकसित पत्र-पंक्ति से घिरा हुआ यह भ्रमर कुमुदिनी का रसपान कर रहा है ।

अपह्नुति—

अज्ज वि महग्गि-पसरिय-धूम-सिहा-कलुसियं व वच्छयलं ।
उव्वहइ मय कलंकच्छलेण मयलंछणो जस्स ॥ १९ ॥

जिनकी हवन-कुण्डो में प्रज्वलित महाग्नियो की प्रसरित धूम शिखा से काले हुए वक्षस्थल रूप लाछन को चन्द्रमा मृगलाछन के बहाने से धारण किये हुए है।

यहाँ वास्तविक मृगलाछन का अपह्नव कर धूमशिखा से वक्षस्थल के कलुषित कालिमा युक्त होने की कल्पना की गयी है।

मालादीपक

इमिणा सरएण ससी ससिणा वि णिसा णिसाए कुमुय-वणं।
कुमुय-वणेण व पुलिण पुलिणेण व सहइ हंस उल॥ २५॥

इस शरत्काल मे शशि सुशोभित होता है, शशि से रात्रि, रात्रि से कुमुदवन, कुमुदवन से पुलिन और पुलिन से राजहंस श्रेणि सुशोभित होती है।

भ्रान्तिमान —

घर-सिर-पसुत्त-कामिणि-कवोल-संकन्त-ससिकला वलय।
हंसेहि अहिलसिज्जइ मुणाल सद्धालुएहि जहिं॥ ६०॥

जहाँ पर घर की छतो के ऊपर सोई हुई कामिनियो के कपोलो मे प्रतिबिम्बित चन्द्रकला के समूह को मृणाल के इच्छुक श्रद्धालु हस प्राप्त करने की इच्छा करते है।

विरोधाभास—

णितच्छरा वि रामाणुलंघिओ णिव्विसो विसमइओ।
करि तुरय-वज्जिओ वि हु पडिरक्खिय-माहिहरुग्घाओ॥ १६९॥

यद्यपि वहाँ से अप्सराएँ निकल चुकी है, फिर भी स्त्रिया से आक्रान्त है, (विरोध) परिहार—अप्सराएँ निकल गया है और राम ने उसका उल्लंघन किया है। निर्विष होने पर भी विषमय था — जलमय था। ऐरावत हाथी और वाजिश्रवा अश्व से रहित होते हुए भी वह नरेशो की प्रतिरक्षा करनेवाला है—पर्वत के समूह की रक्षा करता है।

अमुरो वि सया मत्तो वि अमुक्क-णियय-मज्जाओ।
मज्जाय संठिओ वि हु विरसो वि सयाणिओ च्चेव॥ १७०॥

सुरा रहित होने पर भी सदा मत्त था (विरोध)—परिहार, लहरो से सदा चलायमान रहता था अथवा विष्णु को धारण करने के कारण वह सदा मत्त—गौरव का अनुभव करता था। वह मत्त होने पर भी अपनी मर्यादा नही छोड़ता था और मर्यादा स्थित तथा विरस—खारी होते हुए भी सुपानीय-सुगमता से पिया जा सकता था—परिहार—पानी सहित था।

निदर्शना—

इय केण णियय-विण्णाण नयडणुप्पण्ण-हियंग-भावेण।
अविहाविय-गुण दोसेण पाइया सप्पिणी खीरं॥ १८०॥

इस प्रकार किसने अपने विज्ञान को प्रकट करने की हृदय की इच्छामात्र से बिना गुण दोष का विचार किये सर्पिणी को दूध पिलाया है। अर्थात् स्वभावत सुन्दरी इस रमणी को अलकृत करने की किसने असफल चेष्टा की है।

दृष्टान्त —

जइ सो तेणं चिय उयणमेइ ता साहृ किं पयासेण।
वायाए जो विवज्जइ विसेण कि तस्स दिण्णेण॥ १५५॥

यदि सिहल नरेश उतने से ही नम्रभूत हो जाय तो फिर प्रयास करने से क्या लाभ ? जो शब्द द्वारा ही मारा जाय, उसे विष देने से क्या लाभ ?

इस पद्य मे बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव होने से दृष्टान्तालकार है।

काव्यलिङ्ग —

ता तत्थ सिय-जडा हार-विणय वेवंत-कधरा-बंधो।
वय-परिणामोहामिय लायण्ण विओइयावयवो ॥ २०४॥

तब मैंने श्वेत जटाओ के भार से झुके हुए कन्धोवाले नग्न पाशुपति को देखा, जो नम्रीभूत था। अवस्था विशेष के कारण जिसका लावण्य दूर हो गया था। यद्यपि उपर्युक्त लक्षण आयुजन्य है, वृद्धावस्था के कारण पाशुपति की उक्त स्थिति है, पर कवि ने कल्पना द्वारा निरूपण किया है।

इस प्रकार इस महाकाव्य म अलकृत वर्णना की बहुलता है।

शृगार और वीर रस का चित्रण भी बहुत ही सुन्दर हुआ है। हाँ सर्ग विभाजन न होने स यह कृति भी गउडवहो के समान ही पूर्णरूपेण महाकाव्य के पद पर प्रतिष्ठित होने मे अक्षम है। इसकी भाषा महाराष्ट्री प्राकृत है।

सिरिचिंधकव्व

सिरिचिंधकव्व (श्री चिन्ह काव्य) की रचना वररुचि के प्राकृत-प्रकाश और त्रिविक्रम के प्राकृत व्याकरण के नियमो को स्पष्ट करने के लिए की गयी है। जिस प्रकार आचार्य हेम ने द्वयाश्रय काव्य की रचना अपने प्राकृत व्याकरण के उदाहरणो का समावेश करने के लिए की है, उसी प्रकार कृष्णलीला शुक कवि ने वररुचि के प्राकृत उदाहरणो के प्रयोग इस काव्य मे किये हैं।

इस काव्य का दूसरा नाम गोविन्दाभिषेक भी है। इसमे बारह सर्ग हैं। प्रत्येक सर्ग श्रीशब्द से अंकित होने के कारण यह श्रीचिन्ह काव्य कहलाता है। इस महाकाव्य के आदि के आठ सर्ग कृष्णलीलाशुक द्वारा रचे गये है और अन्तिम चार सर्ग उनके शिष्य दुर्गाप्रसाद द्वारा रचित है। इसकी शैली सस्कृत के महाकाव्यो के समान है। कवि का

समय १३ वीं शती माना जाता है। दुर्गाप्रसाद की संस्कृत टीका विद्वत्तापूर्ण है। इस टीका की सहायता के बिना ग्रन्थ को समझना कठिन है।

कविता का नमूना निम्न प्रकार है—

ईसि-पिक्क फल पाअवे महा-
वेडिसे विअण पल्लवे वणे।
सो जणो अमुइणो अ पावइ-
गालअम्मि लसिओ मिअंगिओ॥ १–६॥

सोरिचरित (शौरिचरित)

इस काव्य ग्रन्थ का रचयिता मलावार कोलत्तुनाड के राजा केरल वर्मन की राज-सभा का बहुश्रुत विद्वान् श्रीकण्ठ है। ई० सन् १७८० के लगभग इस काव्य की रचना हुई है। इस महाकाव्य के अभी तक चार ही आश्वास प्राप्य है, शेष आश्वास लुप्त है। श्रीकण्ठ के शिष्य रुद्रमिश्र ने शौरिचरित पर विद्वत्तापूर्ण संस्कृत टीका लिखी है। इस काव्य में श्रीकृष्ण की कथा वर्णित है। अलंकारों की योजना भी कवि ने यथास्थान की है। कृष्ण की क्रीडा का एक चित्र दखिये —

जोणिच्चो राअंतो रमावई सो वि गव्व-चोराअंतो।
वअ-वहुबद्धो संतो सद्दो व्व ठिइ-च्चुओ अबद्धो संतो॥

जो नित्य शोभा को प्राप्त होते हुए, गायों के दूध की चोरी करते हुए, व्रजवनिता यशोदा के द्वारा बाँध दिये गये, फिर भी वे शान्त रहे। मर्यादा मे च्युत शब्द के समान वे अबद्ध रहे।

इस प्रकार प्राकृत भाषा में महाकाव्य लिखे जाते रहे। ये सभी महाकाव्य महाराष्ट्री प्राकृत मे लिखे गये है। स्पष्ट है कि काव्य की भाषा महाराष्ट्री स्वीकृत हो चुकी थी।

प्राकृत-खण्डकाव्य

जीवन की बिखरी अनुभूतियो को समेटकर जब कवि उन्हे शब्द और अर्थ के माध्यम से एक कलापूर्ण रूप देता है, तब काव्य का जन्म होता है ! अनुभूति जन्य आनन्द जब अपनी सीमा तोडकर आगे बढ जाता है, तो मनीषी कवि को उसे वाणी का रूप देना पडता है । अतएव अनुभूति काव्य का अन्तरग धर्म है और अभिव्यक्ति बाह्य । पर अनुभूति और अभिव्यक्ति का अविच्छेद्य सम्बन्ध है । यत भाव की अनुभूति काव्य की आत्मा से सम्बन्धित है और भाव का विधान या अभिव्यक्ति उसके शरीर पक्ष से । आत्मा के बिना शरीर निर्जीव है तो शरीर के बिना आत्मा की महत्ता नही । काव्य के ये दोनो ही तत्त्व अभिन्न अग है ।

खण्डकाव्य की परिभाषा साहित्य दर्पण में महाकाव्य के एकदेश का अनुसरण करने रूप कही गयी है । वस्तुत खण्डकाव्य भी महाकाव्य के समान प्रबन्ध प्रधान काव्य है। इसमे भी प्रबन्ध के समस्त तत्त्वो का रहना आवश्यक माना गया है । अलकृति, वस्तु-व्यापार वर्णन, रस-भाव एव सवाद तत्त्व इस काव्यविधा मे भी पाये जाते है । महाकाव्य मे समस्त जीवन का चित्रण रहता है, पर खण्डकाव्य मे जीवन के एक पक्ष का । यह जीवन के किसी मर्मस्पर्शी पक्ष को अभिव्यञ्जित करता है । पर यह ध्यातव्य है कि जीवन का एक अग भी अपने मे पूर्ण होता है और उसकी अनुभूति भी पूर्ण ही होती है ।

खण्डकाव्य मे जीवन सम्पूर्ण रूप मे कवि को प्रभावित नही करता है, एक अंश या खण्डरूप मे ही वह प्रभावित होता है । अत: किसी एक मर्म को कवि चुनता है और उसकी अभिव्यक्ति समग्ररूपेण करता है । कवि की सारग्राहिणी प्रतिभा एक छोटे से कथा खण्ड मे चरित्र विकास की प्रतिष्टा करती है । इसमे काल और प्रभाव की एकता अपेक्षित होती है । कथावस्तु का विकास धीरे-धीरे होता जाता है । खण्डकाव्य के नायक को पौराणिक या ऐतिहासिक होना आवश्यक नही । इसका चयन लोकजीवन से भी किया जाता है । पौराणिक काव्य भी किसी प्रेरणा या महत् उद्देश्य को लेकर लिखे जाते हैं । खण्डकाव्य के लिए मानव जीवन की बहुमुखी परिस्थितियो का समावेश एव प्रासंगिक कथा के साथ अवान्तर कथाओ का सन्निवेश आवश्यक नही है ।

संक्षेप मे खण्डकाव्य प्रबन्ध-काव्य का वह अग है, जिसमें मानव जीवन के किसी एक साधारण अथवा मार्मिक पक्ष की अनुभूति का काव्यात्मक अभिव्यञ्जन होता है । प्राकृत में खण्डकाव्य बहुत कम लिखे गये हैं । इन उपलब्ध प्राकृत खण्डकाव्यो मे कवियो ने अपनी सारग्राहिणी प्रतिभा के बलपर जीवन के किसी एक अश का ही प्रतिपादन किया

है, इसमें युग का कोई महत् संदेश अभिव्यञ्जित नहीं हुआ है। कथावस्तु का विकास भी धीरे-धीरे ही हुआ है। प्राकृत के खण्डकाव्यों में निम्नि तत्त्वों का समावेश किया गया है—

१. लोक जीवन—लोक-हृदय की सामान्य एवं सहज प्रवृत्तियाँ।

२. वीरभाव - वीरनायक के आख्यान का समावेश, फलत युद्ध और शृंगार का समन्वय कर घृणा, क्रोध, भय आदिका अन्वयन।

३. प्रेमतत्त्व—जनरुचि के अनुकूल प्रेमतत्त्व का सन्निवेश।

४. पौराणिकता—पौराणिक कथानकों के कारण पौराणिक मान्यताओं का समावेश।

५ अहिंसा, वीरता, तप, त्याग आदि का सन्देश तथा विभिन्न साधनाओं का रसमय रूप।

उपलब्ध प्राकृत खण्डकाव्य निम्न लिखित हैं, इनका संक्षिप्त विवेचन प्रस्तुत किया जाता है।

कंसवहो[1]

इस काव्य के नाम से ही स्पष्ट है कि इसमें 'कंसवध' का आख्यान वर्णित है। नाम-करण प्राकृत के 'गउडवहो' और संस्कृत के 'शिशुपालवध' के आधार ही किया गया प्रतीत होता है। यह एक सरस काव्य है, इसमे लोक जीवन, वीरता और प्रेमतत्त्व का एक साथ समावेश किया गया है। उद्धव श्रीकृष्ण और बलराम को धनुषयज्ञ के बहाने गोकुल से मथुरा ले जाता है। वहाँ पहुँचने पर श्रीकृष्ण के द्वारा कंस की मृत्यु हो जाती है। कथा-नक का आधार श्रीमद्भागवत है। शैली पर कालिदास, भारवि और माघ की रचनाओं का प्रभाव प्रचुर परिमाण मे दिखलायी पड़ता है।

रचयिता—इस काव्य के रचयिता रामपाणिवाद मलावर प्रदेश की नम्बियम् जाति के थे। इनका व्यवसाय नाट्य प्रदर्शन के समय मुरज या मृदङ्ग बजाना था। यही यथार्थत पाणिवाद नामकी सार्थकता है। इस प्रकार कवि साहित्य और नृत्यकला की परम्परा से सुपरिचित था।

कवि का जन्म ई० सन् १७०७ के लगभग दक्षिण मलावर के एक ग्राम मे हुआ था। बाल्यकाल में उसने अपने पिता से ही शिक्षा प्राप्त की थी। अनन्तर उस समय के एक प्रसिद्ध विद्वान् नारायणभट्ट से काव्य साहित्य की शिक्षा प्राप्त की। विद्वान् कवि होने के अनन्तर ये उत्तर मलावार के कोलतिरि राजा के आश्रय मे चले गये। राजा उन दिनों अपने पड़ोसी राजा से युद्ध करने मे उलझा हुआ था, अतएव कवि की ओर

१ डॉ० ए० एन० उपाध्ये द्वारा सम्पादित और हिन्दी ग्रन्थरत्नाकर कार्यालय, बम्बई द्वारा १९४९ ई० में प्रकाशित।

वह विशेष ध्यान न दे सका। राजा की इस उदासीनता से कवि को पर्याप्त मानसिक क्लेश हुआ, जिसका वर्णन निम्नलिखित पद्य मे किया है—

कोलनृपस्य नगरे वासरा हरिवासराः।
मशकैः मत्कुणैश्चापि रात्रयः शिवरात्रयः॥

अर्थात्—कोल नरेश के नगर में मेरे सभी दिन उपवास मे बीतते थे और रात्रियाँ मच्छरो तथा खट्मलो के कारण शिवरात्रि के समान जागरण करते हुए व्यतीत होती थी।

यहाँ से चलकर ये क्रमशः राजा वीरराय, कोचीन के एक ताल्लुकेदार मुरियनाडु, चेम्पक केसरी के राजा देवनारायण, वीरमार्त्तण्ड वर्मा एव कार्तिक तिरूनाल आदि राजाओ के आश्रय मे रहे। इनकी मृत्यु सभवत पागल कुत्ते के काटने ई० सन् १७७५ के लगभग हुई थी।

कवि यावज्जीवन ब्रह्मचारी रहा। सस्कृत, प्राकृत और मलयालम इन तीनो भाषाओ मे उसने समान रूप से रचनाओ का प्रणयन किया है। सस्कृत मे इनके चार नाटक, तीन काव्य और पाँच स्तोत्र ग्रन्थ उपलब्ध है। इनके दो टीका ग्रन्थ भी मिले है। मलयालम में इनकी बहुत सी रचनाएँ है, जिनमे कृष्णचरित, शिवपुराण, पचतन्त्र एवं रुक्मागद चरित विख्यात हैं।

प्राकृत भाषा का कवि महान् पण्डित है। इन्होने वररुचि के प्राकृत प्रकाश पर 'प्राकृत वृत्ति' नामक टीका लिखी हैं तथा दो खण्ड काव्य—कसवहो और उषानिरुद्ध।

कथावस्तु—इस कसवहो नामक खण्डकाव्य में चार सर्ग और २३३ पद्य है। बताया गया है कि एक बार श्रीकृष्ण अपने बड़े भाई बलराम के साथ सायकाल के समय व्रज में चक्रमण कर रहे थे। उसी समय गन्दिनी पुत्र अक्रूर उनके पास आया। कृष्ण ने उसका स्वागत किया और अक्रूर ने उनकी स्तुति की। अनन्तर उसने दुःख के साथ प्रकट किया कि मथुरा मे कस छल से उन्हे मारने का कूट-जाल रच रहा है और उसीके लिए उसने श्रीकृष्ण को धनुष यज्ञ का निमन्त्रण भेजा है। बलराम को धनुष यज्ञ देखने का कौतुक उत्पन्न हुआ, किन्तु साथ ही उक्त कपटजाल के कारण उनके मन में भय भी उत्पन्न हुआ। श्री कृष्ण ने निमन्त्रण स्वीकार कर लिया और अक्रूर के साथ ही जाने का निश्चय किया। प्रस्थान के समय उन्हे रथारूढ देखकर गोपियाँ विलाप करने लगी। अक्रूर ने उन्हे आश्वासन दिया कि कृष्ण उन्हे सदा के लिए छोडकर नहीं जा रहे हैं, बल्कि एक महत्वपूर्ण कार्य सिद्ध कर वे पुन उनसे आकर मिलेंगे। तत्पश्चात् कृष्ण और बलराम अपने परिजनो सहित चलकर यमुना के तीर पर आये और वहाँ स्नान कर मथुरा में प्रविष्ट हुए।

कृष्ण और बलराम राजमार्ग से जा रहे थे। उन्हे कस का धोबी मिला, जिससे उन्होने कुछ वस्त्रो की याचना की। उत्तर मे उसका व्यवहार कटु पाकर क्रुद्ध हो

श्रीकृष्ण ने उसे पछाड़ दिया, जिससे उसके प्राण पखेरू उड़ गये। कुछ और दूर आगे बढ़ने पर उन्हे कस की कुब्जा शिल्पकारिका दासी मिली, जो कस के लिए केशर, चन्दन आदि सुगन्धित पदार्थ ले जा रही थी। उसने हर्ष और विनय पूर्वक वे केशर-चन्दन आदि सभी पदार्थ कृष्ण को अर्पण किये। प्रसन्न होकर कृष्ण ने उसके कुब्ज को छू दिया, जिससे उसका कुबड़ापन दूर हो गया और वह एक सुन्दर युवती बन गयी। उसने कृष्ण से प्रेम की भिक्षा मांगी, जिसे उन्होंने यह कहकर टाल दिया कि अभी इसके लिए अवकाश नही है, फिर देखा जायगा। वहाँ से चलकर वे धनुषशाला मे प्रविष्ट हुए और वहाँ रखे हुए धनुष को तोड़कर फेंक दिया। रक्षको के विरोध करने पर उन्होंने उन्हे यमगेह का अतिथि बना दिया। अनन्तर वे मथुरा नगरी की शोभा देखने लगे। सन्ध्या समय वे अपने निवास स्थान पर लौट आये।

प्रातःकाल होनेपर वन्दीजनो ने प्रभात वर्णन एव स्तुति-पाठ द्वारा श्रीकृष्ण को जगाया। कृष्ण और बलराम प्रातः क्रियाओ मे निवृत्त होकर पुनः नगर की ओर चल पड़े। नगर द्वार पर अम्बष्ट ने कुवलयापीड नामक उन्मत्त हाथी उनको रोकने के लिए खड़ा कर दिया था। कृष्ण ने उस हाथी को भी पछाड़ा और अम्बष्ट को भी। आगे चलने पर चाणूर और मुष्टिक नामक मल्ल मिले, जिन्हे कृष्ण और बलराम ने मल्लयुद्ध करके स्वर्ग पहुँचा दिया। इस समाचार से क्रुद्ध होकर कस स्वय ढाल, तलवार लेकर उठा ही था कि तत्क्षण ही कृष्ण ने उसे पछाड़ कर अपने खड्ग द्वारा उसका नाम शेष कर दिया। उनके इस पराक्रम के कारण दिव्य पुष्प वृष्टि हुई, दुन्दुभि बाजे बजने लगे और देवाङ्गनाएँ आकाश मे नाच उठी।

कस की मृत्यु से समस्त जनता को आनन्द और सन्तोष हुआ। कृष्ण ने उग्रसेन को भोज और अन्धको का चक्रवर्ती बनाया और अपने माता-पिता वसुदेव और देवकी को बन्दीगृह से छुड़ाया। पिता ने स्नेह से गद्गद् होकर उन्हे आशीर्वाद दिया। अक्रूर ने स्तुति के रूप मे कृष्ण की समस्त लीला का वर्णन किया, जिसे सुनकर कृष्ण के माता पिता अत्यन्त प्रसन्न हुए और उन्होने पुनः आशीर्वाद दिया।

समीक्षा – प्रस्तुत काव्य का कथानक श्रीमद्भागवत पर आधृत है और कथावस्तु कृष्ण के व्रज से मथुरा की ओर प्रस्थान से आरम्भ होती है, तथापि अन्तिम सर्ग में अक्रूर के मुख से कवि ने कृष्ण का पूर्व वृत्तान्त वर्णन कराकर उसे एक प्रकार से कृष्ण का कंस वध तक का पूर्ण जीवन चरित बना दिया है। इस रचना मे कवि पर कालि-दास, भारवि और माघ आदि सस्कृत के महाकवियो का स्पष्ट प्रभाव लक्षित होता है। अक्रूर का आगमन, स्वागत और स्तुति हमे, 'किरातार्जुनीयम्' मे किरात के तथा 'शिशुपालवध' में नारद के आगमन वृत्तान्त का स्मरण कराते है। तृतीय सर्ग के आदि में वैतालिको द्वारा प्रभात का वर्णन शिशुपालवध के प्रभात वर्णन से बहुत कुछ मिलता-जुलता

है। रघुवंश के पाँचवें सर्ग में अज के उद्बोधन के लिए किये गये बन्दिजनों के पाठ से भी अनुप्राणित प्रतीत होता है, क्योंकि कृष्ण वहाँ मथुरा अधिपति नहीं है, बल्कि गोप-समुदाय के साथ एक जननायक के रूप में ही गये थे। यहाँ काव्य की दृष्टि से कृष्ण को बन्दियों द्वारा न जगाकर कंस को बन्दियों द्वारा जगाया जाना चाहिए था। यत: अधिपति का वैतालिकों द्वारा उद्बोधन करना ही काव्य का औचित्य है। एक बात और खटकनेवाली है कि जिस प्रमुख घटना के आधार पर इस काव्य का नामकरण किया गया है, उस प्रमुख घटना का विस्तार से वर्णन नहीं हुआ है। कवि ने दो एक पद्य में ही चलता वर्णन कर दिया है। इसकी अपेक्षा तो धाबी और चाणूर आदि मल्लों का वध अधिक विस्तार के साथ वर्णित है तथा यह वर्णन वीरोचित भी नहीं है। पर कंस के वध के निरूपण में वीररस का परिपाक नहीं हो पाया है, उद्दीपन और आलम्बन आदि भाव-विभावों को उद्दीप्त होने का अवसर ही नहीं मिला है। अत: प्रमुख घटना का वर्णन-शैथिल्य इस काव्य का एक बहुत बड़ा दोष है।

इतना होने पर भी यह तो मानना ही पड़ेगा कि कथावस्तु का केन्द्र कंसवध की घटना है। समस्त कथावस्तु इसी केन्द्रबिन्दु के चारों ओर चक्कर लगाती है। अत: प्रधान घटना के आधार पर काव्य के नामकरण का औचित्य सिद्ध हो जाता है।

कवि ने बलराम का अन्तर्द्वन्द्व मनोविज्ञान की आधार शिलापर प्रस्तुत किया है। यद्यपि यह वर्णन पूर्णतया शिशुपालवध से प्रभावित है और एक प्रकार से उसीका संक्षिप्त रूप है, तो भी प्रतिपादन करने की प्रक्रिया कवि की अपनी है। कवि कहता है—

पवट्टए चावमहं ति कोदुअं।
णिवट्टए वंचण-सहणं ति तं॥
दुहा बसे भादर भाव-बंधण॥
महत्ति तं जंपइ रोहिणी-सुओ॥ १।२७॥
इदं वओ भणइ वण्णमालिणा।
अलं कवित्थेण पलंव-सूअण॥
अकज्ज-सज्जाण हि सत्तु संभवो।
कुदो भअं कज्ज-पहुम्मुहाण णो॥ १।२८॥

रोहिणी सुत बलराम कहने लगे—भई! मेरा मन बड़ी दुविधा में पड़ा है। धनुष यज्ञ हो रहा है, उसे देखने का बड़ा कौतुक है। पर ऐसा भी मालूम पड़ रहा है कि वह हमें धोखा देने का एक साधनमात्र है। इस कारण मन चिन्ता में पड़ गया है, जाने की इच्छा होते हुए भी मन को पीछे हटाना पड़ रहा है। कृष्ण उत्तर देते हैं।

—प्रलम्ब को पछाडनेवाले आपको इस प्रकार का सन्देह करना उचित नही। शत्रु की संभावना तो उनको करनी चाहिए जो अकार्य मे प्रवृत्त होते हैं। जब हम कर्त्तव्य-परायण हैं, तब हमें किसी से क्या भय ?

इस प्रसंग में बलराम और कृष्ण की विचारधारा का सुन्दर विश्लेषण हुआ है।

भाव, भाषा और शैली की दृष्टि से यह काव्य संस्कृत से बहुत प्रभावित है। इसमें प्राकृत के गाथा छन्द का प्रयोग नही हुआ है। कवि ने सस्कृत के वशस्थ, वसन्ततिलका प्रहर्षिणी, इन्द्रवज्रा, उपजाति, उपेन्द्रवज्रा, पृथिवी, मन्दाक्रान्ता, मालिनी, शिखरिणी आदि छन्दो का प्रयोग किया है। प्राकृत का अपना छन्द गाथा है, जिसका इसमे अत्यन्त भाव है।

अलंकार – सस्कृत की शैली पर इस काव्य के लिखे जाने के कारण इसमें अलकारो की समुचित योजना की गयी है। उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, दृष्टान्त, निदर्शना आदि अलकार प्रयुक्त है। उपमा द्वारा कवि ने भावो में कितनी स्फीति उत्पन्न की है, यह दर्शनीय है। यथा—

हरिस्स रूवं चिअ संभरेह हो,
हरिम्मणी सामल कोमल-प्पहं ।
सिणिद्ध-केसचिअ-मोर पिंछिअं
विसट्ट-कन्दोट्ट-विमाल-लोअणं ॥ १।८१ ॥

हरितमणि के समान कोमल श्याम प्रभावाले-मयूरपख से सुशोभित स्निग्ध केश वाले और विकसित कमल के समान विशाल नेत्र वाले कृष्ण के रूप का स्मरण करो।

यहाँ कृष्ण के रूप के लिए हरित मणि का उपमान, उनके केशो के लिए मयूरपख का उपमान, एव उनके नेत्रो के लिए विकसित कमल का उपमान प्रयुक्त किया गया है।

मुहं रहम्मि चिचअ हम्मिओवमे ,
सअं सअता गमिऊण जामिणि ।
पगे समं संमिलिदेहि माहवो ,
स णंद-गोव-प्पमुहेहि पट्ठिओ ॥ १।३४ ॥

राजभवन की उपमावाले उस रथ में सुखपूर्वक सोते हुए रात्रि व्यतीत करके वह श्रीकृष्ण नन्द आदि प्रमुख गोपो के साथ सम्मिलित होकर प्रात.काल मे वहाँ से चल दिये।

यहाँ रथ के लिए हर्म्य – भव्य प्रासाद का उपमान प्रयुक्त हुआ है। इस उपमान ने अर्थ वैचित्र्य के साथ भाव का व्यापकत्व प्रदान किया है।

जिअं जिअं मे णअणेहि जेहि दे
सुजाअ-सुंदेर-गुणेक्क-मंदिरं।
पसण्ण पुण्णामअ-मोह-सच्छहं
मुहं पहासुज्जलमज्ज पिज्जए ।। १।१७ ।।

मेरे नेत्रो की आज विजय हुई, जिन्होने सौन्दर्य-गुणो के अद्वितीय मन्दिर स्वरूप प्रसन्न पूर्णमासी के चन्द्रमा की अमृतमय किरणो के समान तथा अपनी हँसी के कारण उज्ज्वल हुए आपके मुख को पिया है।

प्रस्तुत पद्य मे हँसी युक्त मुख को अमृतमय किरणो से सहित पूर्णमासी के चन्द्रमा की उपमा दी गई है।

भावो का प्रसार और रसोत्कर्ष के हेतु कवि ने उत्प्रेक्षा अलकार की भी सुन्दर योजना की है। कवि की कल्पनाएँ हृदयग्राही और मार्मिक है। हृदय में रहनेवाले बिम्बो को उत्प्रेक्षाओ द्वारा सहज अभिव्यञ्जना प्रदान की है। यथा—

इमस्स कज्जस्स सरीरमेरिसं
जहि खु पाणाअइ विप्पलंभणं।
ण वच्च वा णंदअ वच्च वा तुवं
विही-णिसेहो वि ण दूअ-कत्तओ ।। १।२६ ।।

इस कार्य का शरीर तो ऐसा है, जिसमे छल कपट साँसे भर रहा है। हे नन्दपुत्र आप इसमे सम्मिलित हो या नही, क्योकि विधि या निषेध दूत का कार्य नही है।

इस पद्य मे धनुष-यज्ञ मे सम्मिलित होने रूप कार्य की उत्प्रेक्षा मानव शरीर से की गयी है। मानव शरीर मे साँस आती जाती है और श्वास का आना-जाना ही जीवन है। इस कार्य मे छल-कपट भरा हुआ है, अत • इसमे भी छल-कपट की साँसें निकल रही हैं। तथ्य यह है कि यह षड्यन्त्र छल-कपट से पूर्ण है। कवि ने कल्पना द्वारा षड्यन्त्र की गम्भीरता पर प्रकाश डाला है।

मउंद-वेणूअर-णित बधुर
स्सणाम आसाअ-विरूढ-पल्लवा।
दवुम्ह सुक्का वि वणंत पाअवा
जहि खु गिम्हा अवमाणुणंति णा ।। १।४७ ।।

दवाग्नि से शुष्क वनान्त के वृक्षों के पत्ते कृष्ण की वासुरी से निकली मधुर अमृत ध्वनि का रसास्वादन कर प्रादुर्भूत होने के कारण हम लोगो की गर्मी के दु.खों को शान्त करते हैं। यहाँ पर कवि ने किसलयों के निकलने का कारण कृष्ण की बाँसुरी की मधुर ध्वनि को कल्पित किया है। यह उत्प्रेक्षा का सुन्दर उदाहरण है।

रूपक का व्यवहार कवि ने भावो को प्रेषणीय एवं चमत्कारपूर्ण बनाने के लिए किया है। निम्नलिखित रूपक द्रष्टव्य हैं—

जहि च वुंदावणमेक मंदिरं
मणि-प्पदीवो मअ-लंछणो सअं।
णवा अ सेज्जा तरु-पल्लवावली
वसंत-पुप्फाइ अ भूसणाइ णो ॥ १।५० ॥

प्रस्तुत पद्य मे कवि ने वृन्दावन को मन्दिर का रूपक दिया है। मन्दिर में मणि-प्रदीप प्रज्वलित होते है, यहाँ चन्द्रमा ही मणि-प्रदीप है। मन्दिर में शय्या रहती है, यहाँ वृक्षो के पल्लव ही शय्या है। मन्दिर मे आभूषण धारण किये जाते हैं, यहाँ वसन्त के पुष्प को आभूषण हैं।

फुरंत-दंतुज्जल-कन्ति चंदिमा
समग्ग सुंदेर-मुहेदु-मंडलं
विसुद्ध-मोत्ता-गुण-कोत्थुह प्पहा
पलित्त वच्छं फुड-वच्छ-लंछणं ॥ १।४२ ॥

कृष्ण के दाँतो की उज्ज्वल कान्ति चन्द्रमा है जिससे मुखरूपी चन्द्रमण्डल सुशोभित हो रहा है। उनका वक्षस्थल भुजा की मालाओ और कौस्तुभ-मणि से दीप्त है तथा श्रीवत्सचिन्ह से सुशोभित है।

विओअ सोउम्हल गिम्ह ताविअं
वइत्थिआ सत्थअ-चादई-उलं
वअंबु-धाराहि सु-सीअलाहि सो
सुहावए माहव-दूअ-वारिओ ॥ १।६० ॥

वियोग से उत्पन्न शोकरूपी उष्णता के ताप से सतप्त व्रजाङ्गनारूपी उस चातक समूह को श्रीकृष्ण के दूतरूपी सजल मेघ ने अपनी वाणीरूपी शीतल-जलधारा से आश्वस्त किया।

प्रस्तुत पद्य मे दूत पर मेघ का आरोप, शोक पर उष्णता का आरोप और व्रजाङ्ग-नाओ पर चातक समूह का आरोप किया है।

अपह्नुति—

पहाण पाणाणि खु णो जणद्दणो
स जेण दूरं गमिओ दुरप्पणा।
कअंत दूओ च्चिअ सो समागओ
ण कंस-दूओ त्ति मुणेह गोविआ ॥ १।३९ ॥

इस पद्य में कंस दूत का अपह्नव कर कृतान्त - यमराज के दूत का आरोप किया गया है।

दृष्टान्त—

अमुद्धअंदम्मि व संभु-मत्थए
अकोत्थुहम्मि विव विण्हु वच्छए।
अणंदए णंद-घरम्मि का सिरी
हआ हआ हंत वअं वअंगणा ॥ ११३६ ॥

शम्भू के मस्तक पर यदि पूर्ण विकसित चन्द्रमा न हो और विष्णु के वक्षस्थल पर यदि कौस्तुभमणि न हो तो उनकी शोभा ही क्या ? ठीक इसी प्रकार नन्दपुत्र के बिना नन्द के गृह की शोभा ही क्या ? हम सभी व्रजाङ्गनाएँ तो हतभाग्य हो गयी।

यहाँ बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव होने से दृष्टान्त अलकार है।

भाषा—

कसवहो की भाषा के सम्बन्ध मे भी थोडासा विचार कर लेना आवश्यक है। डॉ० एन० उपाध्ये ने इसपर बहुत विस्तार से विचार किया है। इस काव्य की भाषा मे अल्प-प्राण क, ग, आदि मध्यवर्ती व्यञ्जनो का लोप, महाप्राण ख, फ, के स्थान पर ह का आदेश, पूर्वकालिक क्रिया का रूप ऊण प्रत्ययान्त, कारक रचना मे सप्तमी एक वचन मे म्मि प्रत्यय आदि महाराष्ट्री के लक्षण पाये जाते है। मागधी के उदाहरण भी इसमें वर्तमान हैं, यहाँ अह के स्थान पर अहके और क्वचित् र, के स्थान पर ल—यथा कालण (कारण), गलुल (गरुण), मुहल (मुखर) आदि पाये जाते है। इसी प्रकार अनेक शब्दो के मध्य में त, का लोप न होकर द, आदेश पाया जाता है। यथा—अदिहि<अतिथि, तदो<तत, वामदा<वामता आदि। लम्भदो, करादो, सूरादा आदि शब्दो मे पञ्चमी विभक्ति में दा प्रत्यय पाया जाता है। हादु, अहिदादु जैसे रूपो मे 'तु' के स्थान पर 'दु' पाया जाता है। उक्त उदाहरणो मे शौरसेनी की प्रवृत्तियाँ वर्तमान है। इस प्रकार इस काव्य मे महाराष्ट्री, शौरसेनी और मागधी इन तीनो भाषाओ के प्रयोग वर्तमान है। यद्यपि महाराष्ट्री कोई स्वतन्त्र प्राकृत नहीं हैं, यह शौरसेनी की ही प्रवृत्ति है, तो भी भाषा की दृष्टि से इस काव्य को व्याकरण सम्मत कहा जा सकता है।

उषानिरुद्ध[1]

इस काव्य के रचयिता भा रामपाणिवाद है। यह कसवहो से पूर्व की रचना है। इसकी कविता कसवहो की अपेक्षा निम्नस्तर की है। यद्यपि संस्कृत काव्यों का प्रभाव इस काव्य पर भी विद्यमान है, तो भी कसवहो जैसी प्रौढता नही है।

१ सन् १९४३ मे अडियार लाइब्रेरी, मद्रास से प्रकाशित।

इस खण्डकाव्य में चार सर्ग है। इसकी कथा का आधार भी श्रीमद्भागवत ही है। इसमे बाणासुर की कन्या उषा का श्रीकृष्ण के पौत्र अनिरुद्ध के साथ विवाह होना वर्णित है। प्रेम काव्य की दृष्टि से यह मध्यम कोटि का काव्य है। कवि ने शृंगार का परिष्कृत रूप निरूपित किया है।

कथावस्तु—बाण की कन्या उषा रात्रि मे स्वप्न में अनिरुद्ध को देखती है। उसे प्रच्छन्न रूप से उषा के घर लाया जाता है और वह वहाँ पर अपनी प्रेमिका के साथ नाना प्रकार की क्रीडाएँ करता है। एक दिन नौकरो को पता लग जाता है और वे इस प्रणय व्यापार का समाचार राजा को द देते है। राजा अनिरुद्ध को पकड कर जेल मे डाल देता है। उषा अपने प्रेमी के विरह मे नाना प्रकार से विलाप करती है।

कृष्ण को जब यह वृत्तान्त अवगत होता है कि उनके पौत्र को कारागृह में बन्द कर दिया गया है, तो वे बाण के साथ युद्ध करने के लिए आते है। बाण की सेना पराजित हो जाती है। बाण की सहायता करने वाले शिव कृष्ण की स्तुति करने लगते हैं। बाण अपनी कन्या का विवाह अनिरुद्ध से कर देता है। कृष्ण द्वारिका लौट आते हैं।

नगर की नारियाँ अपना काम छोडकर उषा और अनिरुद्ध को देखने के लिए शीघ्रता पूर्वक आती है। शीघ्रतावश भ्रान्ति के कारण वे नारियाँ कमर मे हार और गले में मेखला धारण कर लेती है। कोई शीघ्रता से चलने के कारण अपनी नीवी को हाथ में पकड कर चलती है। उषा और अनिरुद्ध नाना प्रकार की क्रीडाएँ करते हुए अपना समय यापन करते है।

यह खण्डकाव्य प्रबन्ध काव्य के गुणो से सम्पृक्त है। कथावस्तु सरस है और कवि ने नायक अनिरुद्ध और नायिका उषा के चरित को प्रणय की चौरस भूमि पर अङ्कित किया है। घटनाओ के वर्णन का क्रम इस प्रकार का अन्यत्र शायद ही मिल सकेगा।

उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, काव्यलिङ्ग, अलकारो का नियोजन भी सुन्दर किया गया है। वीर और शृङ्गार रस का भव्यचित्रण प्रस्तुत किया है। कविता पर सस्कृत कवियो की शैली, छन्दोयोजना एव वर्णन क्रम का प्रभाव सर्वत्र दिखलायी पडता है। इस काव्य पर कर्पूरमजरी का प्रतिबिम्ब भी है।

भृङ्गसन्देश[१]

मेघदूत के अनुकरण पर मन्दक्रान्ता छन्द मे यह काव्य लिखा गया है। इसमे एक विरही व्यक्ति अपनी प्रिया के पास भृङ्ग द्वारा सन्देश भेजता है। माया के प्रभाव के

१ इस काव्य की छः गाथाएँ डॉ० ए० एन० उपाध्ये ने प्रिंसिपल करमरकर कॉमोमोरेशन वोल्यूम, पूना, १९४८ में प्रकाशित की हैं।

कारण उसका वियोग अपनी पत्नी से हो जाता है। इस ग्रन्थ के कर्त्ता का भी पता नही है। ग्रन्थ की प्रति भी त्रिवेन्द्रम् के पुस्तकालय मे अधूरी मिली है। इस पर संस्कृत टीका-कार का नाम अज्ञात है।

कविता की शैली निम्न प्रकार की है—

आलावं से अह सुमहुरं कूइअं कोइलाणं
अङ्गं पाओ उण किसलअं आणणं अम्बुजम्मं।
णेत्तं भिंगं सह पिअअयं तस्स माआ पहावा
सो कप्पंतो विरह सरिसिं तं दसं पत्तवन्तो॥

चतुर्थोऽध्याय:

प्राकृत-चरितकाव्य

यह पूर्व में लिखा जा चुका है कि प्राकृत साहित्य का प्रादुर्भाव धार्मिक क्रान्ति से हुआ है। अत आगम सम्बन्धी मान्यताओ का प्राप्त होना और तत्सम्बन्धी साहित्य का प्रचुररूप मे लिखा जाना स्वाभाविक है। इस साहित्य मे भी लौकिक साहित्य के निम्न बीज सूत्र वर्तमान है, जिनके आधार प्रबन्धात्मक काव्य एव कथा साहित्य के विकास की परम्परा स्थापित की जा सकती है।

(१) धार्मिक भावो के स्पष्टीकरण के लिए रूपक, और उपमाओ के प्रयोग

(२) कथात्मक आख्यान

(३) सवाद–प्रश्नोत्तर के रूप म कथोपकथनो की शृङ्खला

(४) उपदेशात्मक या नीति सम्बन्धी गद्य-पद्य

(५) छन्दो की अनेक रूपता

(६ प्रसगवश अलकृत वर्णन

(७) वश और जातियो के सकेत

(८) आचार, दर्शन एव प्राकृतिक वस्तुओ के इतिवृत्त

(९) साधनाओ के उदाहरण

उपर्युक्त बीज सूत्रो के आधार पर चरितकाव्यो का प्रणयन प्राकृत कवियो ने किया है। सस्कृत के चरित काव्यो का मूलस्रोत जिस प्रकार वेद है, प्राकृत के चरित काव्यो का मूलस्रोत उसी प्रकार आगम साहित्य है। वस्तुत चरित काव्य प्रबन्ध की ही एक रूप योजना है। जहाँ पात्र पौराणिक-ऐतिहासिक है और कालक्रम के तिथिगत एवं तथ्यगत ब्योरो से पुष्ट है, वहाँ भी प्रसगो की उद्भावना और मनोभावो की व्यञ्जना के चलते ही वे चरितकाव्य के विषय बनते है। कल्पना और सहानुभूति के अभाव में ऐतिहासिक या पौराणिक पात्र सीप रह जाते है, मुक्तामणि नही हो पाते। जीवधर्म की रसानुवक्ता प्रज्ञा और तीव्र भावना के चलते पात्रो के शील मे रुचि, रस, अनुराग और सार्थकता का समावेश होता है और चरित काव्य की परम्परा आरम्भ हो जाती है।

चरितकाव्य, भवितव्यता की कोटि मे परिगणित है, वे मात्र भूतकाव्य नही। मात्र-भूत से अभिप्राय विचित्र और कुतूहल वर्धक घटनाओ के शृखला क्रम से है। केवल 'होना' एक घटना है, किसी मे कुछ हो जाना केवल 'क्रिया' है। चरित काव्य 'क्रिया' का नही, बल्कि कर्म का प्रबन्ध है। 'कर्म' इच्छा शक्ति के चलते होता है। इच्छा शक्ति

को सक्रिय करता है और कोई न कोई 'भाव' ही शील को, चरित की आधार शिला है। यही कारण है कि चरितकाव्य का नायक मोक्ष पुरुषार्थ को प्राप्त करने का प्रयास करता है। उसकी समस्त भाव-शक्ति अपने लक्ष्य की ओर प्रवृत्त रहती है। कभी-कभी चरितकाव्य का, प्रबन्ध का अन्त पाठक की कल्पना के प्रतिकूल भी देखा जाता है। यत. काव्य का फल जहाँ मनोविकारो का न्यायसगत परिणाम न होकर अन्यथा हो, वहाँ घटना भवितव्यता का रूप धारण कर लेती है। फलत काव्य मे सहज में ही उदत्तता का समावेश हो जाता है।

वशरेतस् परम्परा के चलते (Heredity), माता-पिता, पूर्वज परिवार के रक्त सम्बन्ध आदि के कारण कभी-कभी चरितो मे विकृतियाँ दिखलायी पड़ती है, जिसके परिणाम स्वरूप काव्य का सार आभ्यन्तरिक दुर्दैव की शाश्वत और व्यापक महिमा का हो जाता है। इस कोटि के चरितकाव्य भी प्राकृत साहित्य मे उपलब्ध है।

चरितकाव्यो मे प्रबन्ध के अनेक रूप दिखलायी पडते है। यहाँ कुछ प्रबन्ध प्रारूपो का विवेचन किया जाता है—

१ मन प्रधान प्रबन्ध— जहाँ चरित मन की ग्रन्थियो, शैशव की दमित वासनाओ, बाधित रतिचेष्टाओ, चेतनाओ के स्तरो या तलो, स्थिरभूत दशाओ, उन्नतकर्त्तव्यो, नाना विकल्पो आदि के आधार पर वैज्ञानिक कारण-कार्य स्वरूप का विधान प्रस्तुत करते हैं। इस श्रेणी के प्रबन्धो मे मन की विभिन्न स्थितियो का मनोवैज्ञानिक ऐसा चित्रण रहता है, जिससे चरित का उद्घाटन होता हैं।

२. चेतना-प्रधान—जहाँ चेतना की सरणि प्रस्तुत की जाती है और चेतना मे उठनेवाले बुद्-बुद्, विचार धाराएँ विकारो के साथ स्वचालित शब्दावली मे प्रस्तुत की जाती है। उपयोग की विशुद्धता का चरित के माध्यम से प्रकट होना चेतना प्रधान प्रबन्ध है।

३ जीव-परक—नायक या नायिका के यश वर्णन से सम्बद्ध होते है। घटनाओ और कार्यों का चयन, सगति और मर्यादा बहुधा एक पक्षीय रहती है। ऐसे चरितकाव्य प्रतीति कम उत्पन्न करते है, रीति से लगते हैं, अलकार और रूपको के मोह जाल में खो जाते हैं, अतिशयोक्ति से काम लेते है। विभावन गुण की अल्पता के कारण रस सचार की क्षमता कम रहती है। जीव की लोक एषणा या वित्त एषणा का उद्घाटन करना जिस चरित का लक्ष्य रहना है, वह जीव-परक प्रबन्ध है।

४. जगत-परक—इस कोटि के चरित काव्यो मे नायक का चरित तो व्याज या निमित्त रहता है, पर देश या युग का चित्रण प्रधान होता है।

साहित्य विधाओ के विकास पर दृष्टिपात करने मे ज्ञात होता है कि कथा, वर्णन एव आचार विषयक मान्यताओ के अनन्तर ही चरितकाव्य का सृजन आरम्भ होता

है। इसके प्रारूप में चरित और काव्य दोनो के तत्त्व मिश्रित हैं। घटनाविन्यास, और कतूहल ये दोनो तत्त्व कथा या आख्यानो से ग्रहण किये जाते है अथवा कथा और आख्यानो के अध्ययन से घटना विन्यास मे कौतूहल तत्त्व का समन्वय कर ऐसे चरित की स्थापना की जाती है, जो उत्तरोत्तर रसानुभूति उत्पन्न करने की क्षमता रखता हो पर अलङ्कृत कम हो। श्रेष्ठ चरितकाव्य मे निम्नाङ्कित तथ्यो का रहना परम आवश्यक है—

१. कथावस्तु मे व्यास का अधिक समावेश रहता है।

२ सूक्ष्म भावो या उ दशाओ की चारत्र्यमूलक उपस्थापना अपेक्षित होती है।

३ घटनाओ, पात्रो या परिवेश की सन्दर्भ पुरस्सर व्याख्या अथवा वातावरण के सौरभ की व्यज्जना रहना है।

४ सन्धि स्थलो पर सयोजक का कार्य—सन्धियो का सयोजन संश्लिष्ट रूप मे प्रस्तुत करना। कथावस्तु के प्रवाह एव उसकी मार्मिकता के निर्वाह के लिए सन्धि-सयोजन आवश्यक है।

५. कथानक मे चमत्कार उत्पन्न करने के लिए परिस्थितियो का नियोजन तथा जीवन या जगत् सम्बन्धी नीति या उपदेश प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

६. मूलकथानक के चुने तथ्यो के अतिरिक्त लोक से इधर-उधर प्रवृत्ति देश, काल और व्यक्ति के उन व्योरो को प्रस्तुत करना, जो अतिरिक्त से मालूम पडने है, पर रुचि का पोषण करते है तथा कथावस्तु को कृत्रिम होने से बचाते है। गौण व्योरो की प्रचुरता न हो और सभी व्योरे सत्य सगत हो, इस बात का भी ध्यान रखना आवश्यक है।

७ कोई भी चरितकाव्य तभी कथाकोटि से आगे बढता है, जब उसमे अन्योक्ति गर्भित अनुभव की सरणि के आधार पर चरित का द्वान्द्वात्मक विकास दिखलाया जाता है। कथावस्तु के साधारण विवेचन मे तो चरितकाव्य भी कथा ही बनकर रह जाता है।

८. पाश्चात्य समीक्षको का मत है कि जहा शील वैचित्र्य नही है, अविकारी चरित वर्णित है, वहाँ साधारणीकरण की स्थिति नही आ पाती। अत. चरित काव्य के लिए एक या अनेक चरितो मे स्वाभाविकता का रहना आवश्यक है। पात्रो का अस्वाभाविक दैवी रूप चरित काव्य को पुराण बना देता है, काव्य नही। यद्यपि चरितकाव्यो में पुराण के अनेक तत्त्व रहते है। आत्मा के आवागमन, स्वर्गनरक, भूत-प्रेत, रूपपरिवर्त्तन आदि विषय चरित काव्यो मे भी पाये जाते है और पुराणो मे भी। पर चरित काव्यो की यह विशेषता होती है कि वहाँ पर उक्त विषयो का समावेश रसानुभूति के उस धरातल पर प्रतिष्ठित किया जाता है, जिस धरातल पर पाठक मनोरंजन के साथ भावो का तादात्म्य भी स्थापित करता है।

९. जीवन के विभिन्न व्यापारो और परिस्थितियो का चित्रण—जैसे प्रेम, विवाह, मिलन, कुमारोदय, सगीत-समाज, दूत-प्रेषण, सैनिक-अभियान, नगरावरोध, युद्ध, दीक्षा, तपश्चरण, नाना उपसर्ग एव विघ्नो का निरूपण रहता है।

१० नायक के चरित में इस प्रकार की परिस्थितियो का नियोजन होना चाहिए, जिससे उसका चरित्र क्रमशः उद्घाटित होता चला जाय। कथानक बिखरा हुआ न होकर सूचीबद्ध रहे तथा उसका प्रवाह नदी की शान्त स्वभाव से बहने वाली धारा के समान न होकर आवर्त-विवर्तमयी धारा के समान हो। सयमित कथानक ही समन्वित प्रभाव उत्पन्न करता है।

११. घटना और वर्णन दोनो मे समन्वय की स्थापना चरित काव्य का प्राण है। घटनाओ की प्रधानता उसे कथा कोटि मे और वर्णनो की प्रधानता विशुद्ध काव्यकोटि मे स्थापित कर देती है। अत समन्वय की स्थित ही चरित काव्य की आधार शिला है।

१२. रस की उत्पत्ति पात्रो, और परिस्थितियो के सम्पर्क, सघर्ष और क्रिया-प्रतिक्रिया द्वारा प्रदर्शित करना आवश्यक है।

१३. चरित काव्यो का मूल आगम और पुराणो मे है, अतः इसमे मानवमात्र के हृदय में प्रतिष्ठित धार्मिक वृत्तियो, पौराणिक और निजन्धरी विश्वासो और आश्चर्य तथा औत्सुक्य की सहज-प्रवृत्तियाँ भी पायी जाती है।

१४ मूलकथा और अवान्तर-कथाओ के अतिरिक्त वस्तुओ, पात्रो और भाव-अनुभावो का निरूपण भी आवश्यक है। चरितकाव्य का रचयिता चरित्रोद्घाटन के लिए किसी व्यक्ति के जीवन की आवश्यक घटनाओ का ही चुनता है, पर जीवन की समग्रता का चित्रण करने के हेतु वह अपनी कल्पना से जीवन की अन्य आवश्यक वस्तुओ और व्यापारो का चित्रण भी करता है। जीवन के रूपो और पक्षो का वैविध्य चरित्र विकास के लिए आवश्यक है।

१५. चरित काव्य की शैली मे गम्भीरता, उदात्तता और रुचिरता अपेक्षित है। प्रभावान्विति को नुकीली बनाने के लिए शैली मे उक्त गुणो का समावेश नितान्त आवश्यक है।

प्राकृत चरितो की कथावस्तु राम, कृष्ण, तीर्थंकर या अन्य महापुरुषो के जीवन तथ्यो को लेकर निबद्ध की गयी है। तिलोयपण्णत्ति मे चरित काव्यो के प्रचुर उपकरण वर्तमान हैं। कल्पसूत्र एव जिनभद्र क्षमाश्रमण के विशेषावश्यक भाष्य में चरित-काव्यो के अर्धविकसित रूप उपलब्ध है। विमल सूरि का पउमचरिय, वर्धमान सूरि का आदिनाथ चरित, सोमप्रभ का सुमतिनाथ चरित, देवसूरि का पद्मप्रभ स्वामी चरित, यशोदेव का चन्द्रप्रभ चरित, अजितसिंह का श्रेयांसनाथ चरित, नेमिचन्द्र का अनन्तनाथ चरित, देवचन्द्र का शान्तिनाथ चरित, जिनेश्वर का मल्लिनाथ चरित, श्रीचन्द्र का मुनिसुव्रत

चरित एवं नमिचद्र का रयणचूडरायचरित प्रसिद्ध चरितकाव्य है। कुछ ऐसे पौराणिक चरित भी उपलब्ध है, जिनमें एक से अधिक व्यक्तियो के जीवन तथ्य सकलित हैं। चरित काव्यों की यह परम्परा सस्कृत और अपभ्रश भाषाओ में भी वर्तमान है। प्राकृत में कुछ ऐसे भी चरितकाव्य है, जिसके नायक न तो पौराणिक पुरुष है और न ऐतिहासिक या अर्ध ऐतिहासिक ही। ऐसा प्रतीत होता है कि लोकजीवन मे ख्याति प्राप्त महर्नीय चरित ग्रहण कर उक्त श्रेणि के चरित काव्यो का प्रणयन किया गया है, यही कारण है कि इस प्रकार के चरित काव्यों में लोकतत्वो का प्राचुर्य है। जीवन का अनेक पक्षो के साथ प्रधानतः धार्मिक जीवन का विश्लेषण भी किया गया है। आख्यानो मे अलकरण के तत्त्वो का समावेश कर चरितकाव्यो को पूर्ण सरस बनाया है। यहाँ प्रमुख चरित-काव्यों का अनुशीलन प्रस्तुत किया जा रहा है।

पउमचरियं[1]

यह रामकथा से सम्बद्ध सर्व प्रथम प्राकृत-चरितकाव्य है। सस्कृत साहित्य मे जो स्थान वाल्मीकि रामायण का है, प्राकृत मे वही स्थान इस चरितकाव्य का। इसके रचयिता विमल सूरि नाम के जैन आचार्य है। ये आचार्य राहु के प्रशिष्य, विजय के शिष्य और नाइलकुल के वशज थे। प्रशस्ति मे इनका समय ई० सन् प्रथम शती है, पर ग्रन्थ के अन्तःपरीक्षण से इसका रचना काल ई० सन् ३-४ शती प्रतीत होता है। इस ग्रन्थ मे महाराष्ट्री प्राकृत का परिमार्जित रूप विद्यमान है, अतः दूसरी शती के पूर्व इसकी रचना कभी भी सभव नही है। इसके समय की उत्तर सीमा ७ वी शती है, क्योकि इसी शताब्दी मे महाकवि रविषेण ने इसी चरितकाव्य के आधार पर सस्कृत 'पद्मचरितम्' की रचना की है। अतः ७ वी शती के पूर्व इनका स्थितिकाल सुनिश्चित है। इस ग्रन्थ मे उज्जैन के स्वतन्त्र राजा सिहोदर का दशपुर के अपने अधीनस्थ राजा से युद्ध का होना, दूसरी शती ई० के महाक्षत्रपो की ओर सकेत करता है। दीनार का उल्लेख एव श्रीपर्वतवासियो का उल्लेख भी इस बात का प्रमाण है कि विमलसूरि का समय द्वितीय शताब्दि के पश्चात् होना चाहिए। उत्तरकालीन छन्दो के प्रयोग भी उक्त मत की पुष्टि करते हैं।

कथावस्तु—अयोध्या नगरी के अधिपति महाराज दशरथ की अपराजिता और अमित्रा दो रानियाँ थी। एक समय नारद ने दशरथ से आकर कहा कि आपके पुत्र द्वारा सीता के निमित्त से रावण का वध होने की भविष्यवाणी सुनकर विभीषण आपको मारने आ रहा है। नारद से इस सूचना को प्राप्त कर दशरथ छद्मवेश मे राजधानी छोड़कर चले गये। सयोगवश कैकेयी के स्वयवर मे पहुँचे। कैकेयी ने दशरथ का वरण

१. डॉ० हर्मन जेकोबी द्वारा भावनगर से प्रकाशित--सन् १९१४ ई०।

किया, जिससे अन्य राजकुमार रुष्ट होकर युद्ध करने के लिए तैयार हो गये। युद्ध में दशरथ के रथ का सचालन कैकेयी ने बडी कुशलता के साथ किया, जिससे दशरथ विजयी हुए। अत प्रसन्न होकर दशरथ ने कैकेयी को एक वरदान दिया।

अपराजिता के गर्भ से एक पुत्र का जन्म हुआ, जिसका मुख पद्म जैसा सुन्दर होने से पद्म नाम रखा गया। इनका दूसरा नाम राम है, जो पद्म की अपेक्षा अधिक प्रसिद्ध है। इसी प्रकार सुमित्रा के गर्भ से लक्ष्मण और कैकेयी के गर्भ से भरत का जन्म हुआ।

एक बार राम-पद्म अर्ध बर्बरो के आक्रमण से जनक की रक्षा करते हैं, जनक प्रसन्न हो अपनी औरस पुत्री सीता का सम्बन्ध राम के साथ तय करते है। जनक के पुत्र भामण्डल को शैशवकाल मे ही चन्द्रगति विद्याधर हरण कर ले जाता है। युवा होने पर अज्ञानतावश सीता से उसे मोह उत्पन्न हो जाता है। चन्द्रगति जनक से भामण्डल के लिए सीता की याचना करता है। जनक असमंजस मे पड़ जाते है और सीता स्वयवर मे धनुष यज्ञ रचते है। सीता के साथ राम का विवाह हो जाता है।

दशरथ रामको राज्य देकर भरत सहित दीक्षा धारण करना चाहते हैं। कैकेयी भरत को गृहस्थ बनाये रखने के हेतु वरदान स्वरूप दशरथ से भरत के राज्याभिषेक की याचना करती है, दशरथ भरत को राज्य देने के लिये तैयार हो जाते है। भरत के द्वारा अनाकानी करने पर भी राम उन्हे स्वय समझा-बुझाकर राज्याधिकारी बनाते हैं। और स्वय अपनी इच्छा से लक्ष्मण तथा सीता के साथ वन चले जाते है। दशरथ श्रमण दीक्षा धारण कर तप करने लगते है। इधर अपराजिता और सुमित्रा अपने पुत्र के वियोग से बहुत दु खी होती हैं। कैकेयी से यह देखा नही जाता, अत वह पारियात्र वन मे जाकर उनको लौटाने का प्रयत्न करती है, पर राम अपनी प्रतिज्ञा पर अटल रहते हैं।

जब राम दण्डकारण्य में पहुँचते है, तो लक्ष्मण को एक दिन तलवार की प्राप्ति होती है। उसकी शक्ति की परीक्षा के लिए वे एक झुरमुट को काटते हैं। असावधानी से शबुक की हत्या हो जाती है, जो कि उस झुरमुट मे तपस्या कर रहा था। शबुक की माता चन्द्रनखा, जो कि रावण की बहन थी, पुत्र की खोज मे वहाँ आ जाती है। वह राकुमारो को देखकर प्रथमत क्षुब्ध होती है, पश्चात् उनके रूप से मोहित होकर वह दोनो भाइयो मे से किसी एक को अपना पति बनने की याचना करती है। राम-लक्ष्मण द्वारा चन्द्रनखा का प्रस्ताव ठुकराये जाने पर वह क्रुद्ध होकर अपने पति खरदूषण को उलटा-सीधा समझा कर उनके वध के लिए भेजती है। इधर रावण भी अपने बहनोई की सहायता के लिए वहाँ पर पहुँचता है। रावण सीता के सौन्दर्य पर मुग्ध हो राम और

लक्ष्मण की अनुपस्थिति मे सीता हरण कर लेता है। खरदूषण को मारने के अनन्तर राम सीता को न पाकर बहुत दुःखी होते हैं। उसी समय एक विद्याधर विराधित राम को अपनी पैतृक राजधानी पातालपुर लंका में ले जाता है, जिसे खरदूषण ने विराधित के पिता का वधकर छीन लिया था।

सुग्रीव अपनी पत्नी तारा का विट-सुग्रीव के चगुल से बचाने के लिये राम की शरण मे जाता है और राम सुग्रीव के शत्रु विट-सुग्रीव को पराजित कर वानर वशी सुग्रीव का उपकार करते है। लक्ष्मण सुग्रीव की सहायता से रावण का वध करते है। सीता को साथ लेकर राम लक्ष्मण सहित अयोध्या लौट आते है।

अयोध्या लौटने पर कैकेयी और भरत दीक्षा धारण करते है। राम स्वय राजा न बनकर लक्ष्मण को राज्य देते है। कुछ समय पश्चात् सीता गर्भवती होती है, पर लोकापवाद के कारण राम उसका निर्वासन करते है। सयोगवश पुण्डरीक पुर का राजा सीता को भयानक अटवी से लेजाकर अपने यहाँ बहन की तरह रखता है। वहाँ पर लवण और अकुश का जन्म होता है। वे देश विजय करने के पश्चात् अपनी माता के दुःख का बदला लेने के लिए राम पर चढाई करते है और अन्त मे पिता के साथ उनका प्रेम पूर्वक समागम होता है। सीता की अग्निपरीक्षा होती है, जिसमे वह निष्कलक सिद्ध होती है और उसी समय साध्वी बन जाती है। लक्ष्मण की अकस्मात् मृत्यु हो जाने पर राम शोकाभिभूत हो जाते है और भ्रातृ मोह मे उनका शव उठाकर इधर-उधर भटकते है। जब उनका मनोद्वेग शान्त हो जाता है, तब वे दीक्षा ग्रहण कर लेत है और कठोर तप करके निर्वाण प्राप्त करते है।

समीक्षा - इस चरित काव्य में पौराणिक प्रबन्ध और शास्त्रीय प्रबन्ध दोनो के लक्षणो का समावेश है। वाल्मीकि रामायण की कथावस्तु में किञ्चित् सशोधन कर यथार्थ बुद्धिवाद की प्रतिष्ठा की है। राक्षस और वानर इन दोनो को नृवशीय कहा है। मेघवाहन ने लका तथा अन्य द्वीपो की रक्षा की थी, अत रक्षा करने के कारण उसके वश का नाम राक्षसवश प्रसिद्ध हुआ। विद्याधर राजा अमरप्रभ ने अपनी प्राचीन परम्परा को जीवित रखने के लिए महलो के तोरणो और ध्वजाओ पर वानरो की आकृतियाँ अकित करायी थी तथा उन्हे राज्य-चिन्ह की मान्यता दी, अत उसका वश वानर वश कहलाया ये दोनो वश दैत्य और पशु नही थे, बल्कि मानव जाति के ही वश विशेष थे। इसी प्रकार इन्द्र, सोम, वरुण इत्यादि देव नही थे, बल्कि विभिन्न प्रान्तो के मानव वशी सामन्त थे। रावण को उसकी माता ने नौ मणियो का हार पहनाया, जिससे उसके मुख के नौ प्रतिबिम्ब दृश्यमान होने के कारण पिता ने उसका नाम दशानन रखा।

इसी प्रकार हनुमान विद्याधर राजा प्रह्लाद के पुत्र पवनञ्जय और उनकी पत्नी अञ्जनासुन्दरी के औरस पुत्र थे। सूर्य को फल समझकर हनुमान द्वारा ग्रसित किये

जाने का वृत्तान्त इस चरितकाव्य में नही है। हनुरूहपुर मे जन्म होने के कारण उनका नाम हनुमान रखा गया था।

सीता की उत्पत्ति भी हल की नोक से भूमि खोदे जानेपर नही हुई है। वह तो राजा जनक और उनकी पत्नी विदेहा की स्वाभाविक औरस पुत्री थी।

हनुमान् कोई पर्वत उठाकर नही लाये। वे विशल्या नामक एक स्त्री चिकित्सक को घायल लक्ष्मण की चिकित्सा के लिए सम्मानपूर्वक लाये थे।

चरितकाव्य का सबसे प्रधानगुण नायक के चरित्र का उत्कर्ष दिखलाना है। दशरथ द्वारा भरत को राज्य देने का समाचार सुनकर राम अपने पिता को धैर्य देते हुए कहते हैं कि पिताजी आप अपने वचन की रक्षा करें। मैं नही चाहता कि मेरे कारण आपका लोक मे अपयश हो। जब भरत राज्य ग्रहण करने मे आनाकानी करते है, तब राम उन्हे अपने पिता की विमल कीर्ति बनाये रखने और माता के वचन की रक्षा करने का परामर्श देते है। जब भरत अनुरोध स्वीकार नही करते तो राम स्वयं ही अपनी इच्छा से वन चले जाते है। यह नायक की स्वाभाविक उदारता का निदर्शन है। युद्ध के समय जब विभीषण राम से कहता है कि विद्यासाधना में ध्यानमग्न रावण को क्यों नही बन्दी बना लिया जाय, तब राम क्षात्रधर्म बतलाते हुए कहते है कि धर्म – कर्तव्य मे लगे व्यक्ति को धोखे से बन्दी बनाना अनुचित है। परिस्थिति-वश लोकापवाद के भय से राम सीता का निर्वासन करते है, यह भी अनुचित है। किन्तु सीता की अग्नि परीक्षा के अनन्तर राम बहुत पछताते है। और क्षमा याचना करते है।

रावण स्वय धार्मिक और व्रती पुरुष अंकित किया गया है। सीता की सुन्दरता पर मोहित होकर रावण ने अपहरण अवश्य किया, किन्तु सीता की इच्छा के विरुद्ध उसपर कभी बलात्कार करने की इच्छा नही की। जब मन्दोदरी ने बलपूर्वक सीता के साथ दुराचार करने की सलाह रावण को दी, तो उसने उत्तर दिया--"यह सभव नहीं है, मेरा व्रत है कि किसी भी स्त्री के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध बलात्कार नहीं करूँगा।" वह सीता को लौटा देना चाहता था, किन्तु लोग कायर न समझ लें, इस भय से नही लौटाता। उसने मन मे निश्चय किया था कि युद्ध में राम और लक्ष्मण को जीतकर परम वैभव के साथ सीता को वापस करूँगा। इससे उसकी कीर्त्ति मे कलङ्क नही लगेगा और यश भी उज्ज्वल हो जायगा। रावण की यह विचारधारा रावण के चरित्र को उदात्तभूमि पर ले जाती है। वास्तव में विमल सूरि ने रावण जैसे पात्रो के चरित्र को भी उन्नत दिखलाया है।

दशरथ राम के वियोग में अपने प्राणो का त्याग नही करते, बल्कि निर्भयवीर की तरह दीक्षाग्रहण कर तपश्चरण करते है। कैकेयी ईर्ष्यावश भरत को राज्य नही दिलाती

किन्तु पति और पुत्र दोनों को दीक्षा ग्रहण करते देखकर उसको मानसिक पीड़ा होती है। अत: वात्सल्य भाव से प्रेरित हो अपने पुत्र को गृहस्थी में बाँध रखना चाहती है। राम स्वयं वन जाते हैं, वे स्वय भरत को राजा बनाते है। राम के वन से लौटने के पश्चात् कैकेयी प्रव्रजित हो जाती है और राम से कहती है, कि भरत को अभी बहुत कुछ सीखना है। भरत के दीक्षित हो जानेपर वह घर मे नही रह पाती, इसी कारण शान्तिलाभ के लिए वह दीक्षित होती है। इस प्रकार 'पउमचरिय' में सभी पात्रो का उदात्त चरित्र अकित किया गया है।

यह प्राकृत का सर्व प्रथम चरित महाकाव्य है। इसकी भाषा महाराष्ट्रीय प्राकृत है, जिसपर यत्र-तत्र अपभ्रंश का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। भाषा मे प्रवाह, तथा सरलता है। वर्णनानुकूल भाषा ओज, माधुर्य और प्रसाद गुण युक्त होती गयी है। उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, अर्थान्तरन्यास, काव्यलिङ्ग, श्लेष आदि अलकारो का प्रचुर प्रयोग पाया जाता है। वर्णन सक्षिप्त होनेपर भी मार्मिक है, जैसे दशरथ के कचुकी की वृद्धावस्था, सीताहरण पर राम का क्रन्दन, युद्ध के पूर्व राक्षस सैनिको द्वारा अपनी प्रियतमाओ से विदा लेना, लका मे वानर-सेना का प्रवेश होनेपर नागरिको की घबडाहट और भगदौड, लक्ष्मण की मृत्यु से राम की उन्मत्त अवस्था आदि। माहिष्मती के राजा की नर्मदा में जलक्रीडा तथा कुलङ्गनाओ द्वारा गवाक्षो से रावण को देखने का वर्णन भी मनोहर है।

समुद्र, वन, नदी, पर्वत, सूर्योदय, सूर्यास्त, ऋतु, युद्ध आदि के वर्णन महाकाव्यो के समान है। इस काव्य मे ११८ सर्ग है। घटनाओ की प्रधानता होने के कारण वर्णन लम्बे नही है। भावात्मक और रसात्मक वर्णनो की कमी नही है। उदाहरणार्थ कुछ पद्य प्रस्तुत किये जाते है।

वर्षा ऋतु का उद्दीपन और आलम्बन के रूप मे चित्रण करते हुए बादलो की गड़गडाहट, बिजली की चमक, भूमि पर गिरती हुई जलधारा, प्रोषित-पतिकाओ की पतियो से मिलने की उत्सुकता का रूपक और उपमा द्वारा सजीव वर्णन किया है।

ववगयसिसिरनिदाहे गंगातीरट्ठियस्स रमणिज्जे।
गज्जन्तमेहमुहलो, संपत्तो पाउसो कालो॥
धवलवलायाधयवड विज्जुलया कणयबन्धकच्छा य।
इन्दाउह कयभूसा-झरन्तनवसलिलदाणोहा॥
अजण गिरिसच्छाया, घणहत्थी पाहुडं व सुरवइणा।
संपेसिया पभूया रक्खनाहस्स अइगुरुया॥
अन्धारियं समत्थं गयणं रवियरपणट्ठगहचक्कं।
तडयडसमुट्ठियरवं धारासरभिन्नभुवणयलं॥

कवि विमलसूरि की दृष्टि मे प्रकृति शुद्ध या निष्काम आनन्द का अनुभव कराती है। जीवन तथा साहित्य दोनो मे ही उसका महत्वपूर्ण स्थान है। प्रकृति का सौन्दर्य कवि के भाव-स्फोट का प्रबल प्रेरक है। हमारे हृदय के राग-क्षेत्र की परिस्थिति बहुत विशाल है। कवि ने शरद् ऋतु की स्वच्छता, मनमोहकता और सुन्दरता का ऐसा सटीक वर्णन किया है, जिससे उसने मानसिक स्वर्ग की सृष्टि की है। कवि कहता है –

ववगयघणसेवालं, ससिहंसं धवलतारयाकुसुमं।
लोगस्स कुणइ पीई, नभसलिलं पेच्छिउं सरए॥
चक्कायहंससारस अन्नोन्नरसन्तकयसमालावा।
निप्फण्णसव्वसस्सा, अहियं चिय रेहए वसुहा॥

नख-शिख चित्रण मे भी कवि पटु है। उसने सीता के अङ्गो, वेशभूषाओ, आभूषणो के अतिरिक्त उसके अङ्गो की गठन, स्निग्धता, सुडौलता, मृदुलता एव सुकुमारता आदि का भी सजीव चित्रण किया है।

वरकमलपत्तनयणा, कोमुइरयणियरसरिसमुहसोहा।
कुन्ददलसरिसदसणा, दाडिमफुल्लाहरच्छाया॥
कोमलबाहालइया, रत्तासोउज्जलाभकरजुयला।
करयलसुगेज्झमज्झा, वित्थिण्णनियम्बकरभोरू॥
रत्तुप्पलसमचलणा, कोमुइर्यणियरकिरणसंघाया।
ओहासिउं व नज्जइ, रयणियरं चेव कन्तीए॥२६।९९–१०२॥

इन पद्यो मे सीता के नयनो को कमलपत्रो के समान, मुख को चन्द्रिका के समान, दन्तपक्ति को कुन्ददल के समान, अधरो को अनार की कली के समान, बाहुओ को लता के समान, हाथो को रक्ताशोक के समान, विशाल नितम्ब और उरू को करभ के समान, चरणो को रक्तोत्पल के समान, हास्य को चन्द्रमा की किरणो के समूह के समान और कान्ति को चन्द्र के समान बताया है।

अलकार योजना मे भी कवि किसी से पीछे नही है। वसन्त को सिह का कितना सुन्दर रूपक प्रदान किया है।

अंकोलतिक्खणक्खो, मल्लियणयणो असोयदलजीहो।
कुरवयकराल्दसणो- सहयारसुकेसरासणिओ॥
कुसुमरयपिंजरंगो, अइमुत्तलयासभूसियकरग्गो।
पत्तो वसन्तसीहो, गयवहयाणं भयं देन्तो॥ ९२।७–८॥

इस वसन्त सिंह का अकोल तीक्ष्ण नख है, मल्लिका पुष्प नेत्र हैं, अशोक पल्लव जिह्वा है, कुरुवक भयकर दाँत हैं और मुक्तकलता कराग्र है।

उत्प्रेक्षा द्वारा कवि ने वर्णनों को बहुत सरस और अभिव्यञ्जना पूर्ण बनाया है। सन्ध्याकालीन अन्धकार द्वारा सभी दिशाओं को कलुषित होते देखकर कवि उत्प्रेक्षा करता है कि यह तो दुर्जन स्वभाव है, जो सज्जनों के उज्ज्वल चरित्र पर कालिख पोतता है।

उच्छरइ तमो गयणो मइलन्तो दिसिवहे कसिणवण्णो।
सज्जणचरिउज्जोयं नज्जइ ता दुज्जण सहावो ॥ २।१०० ॥

नदी में सीता और राम जलक्रीडा कर रहे हैं। इस मनोविनोद के अवसर पर कवि ने भ्रान्तिमान अलकार की सुन्दर योजना की है। कवि कहता है कि सीता के मुखकमल मे राम को कमल की भ्रान्ति हो जाती है, अत वह सीता के मुखकमल को लेने के लिए झपटते हैं।

अह ते तत्थ महुपरा, रामेण समाहया परिभमेउं।
सीयाएँ वयणकमले, निलेंति पउमाहिसकाए ॥

इसमे सन्देह नही कि इस काव्य मे विषय की उदात्तता, घटनाओ का वैचित्र्य पूर्ण विन्यास तथा भाषा का सौष्ठव पूर्णतया पाया जाता है। रचना शैली, विचारो की मनोहारिता तथा रमणीय दृश्यो के चित्रण के कारण यह चरितकाव्य सर्वोत्कृष्ट है। मानव अन्त. प्रकृति का जैसा स्वाभाविक, सूक्ष्म एव सुन्दर विश्लेषण इस काव्य मे हुआ है, वैसा ही बाह्य प्राकृतिक दृश्यो का भी सजीव और यथातथ्य चित्रण हुआ है। इसमे पौराणिक विश्वास, धार्मिक कथन, उपदेश वर्णन, वशो और जातियो के निरूपण ऐसे तत्त्व हैं, जिनके कारण इसे शास्त्रीय शैली का महाकाव्य न मानकर चरित महाकाव्य माना जायगा। यत. उपर्युक्त प्रसग पात्रो के चरित्र विश्लेषण के लिए प्रयुक्त हुए है।

इस काव्य मे भाषा को सजीव बनाने के लिए सूक्तियो का प्रचुर परिमाण मे उपयोग किया गया है। हनुमान् रावण को समझाते हुए सूक्ति का प्रयोग करते है—

पत्ते विणासकालो नासइ बुद्धि नराण निक्खुत्तं-५३।१३८

विनाशकाल प्राप्त होने पर मनुष्य की बुद्धि नष्ट हो जाती है। मन्दोदरी रावण को समझाते हुए कहती है—

किं दिणयरस्स दीवो दिज्जइ वि हु मग्गणट्ठए। ७०।२७

—क्या सूर्य को भी मार्ग दिखलाने के लिए दीपक दिया जाता है।

उच्च और वैभवशाली कुल मे जन्म लेने पर भी महिला को परगृह मे जाना ही पड़ता है। आशय यह है कि कन्या परकीय धन है, इस सूक्ति वाक्य की पुष्टि निम्न वाक्य मे की गयी है—

परगेहसेवणं चिय एस सहावो महिलियाणं। ६।२२

महिलाओ का स्वभाव परगृह मे जाना ही हैं—कन्या परकीय धन है।

कवि ने गाथा छन्द का प्रयोग प्रधानरूप से किया है। प्रत्येक सर्ग के अन्त मे छन्द परिवर्तित हो गया है। वर्णिक छन्दो मे वसन्ततिलका, उपजाति, मालिनी, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, रुचिरा एव शार्दूलविक्रीडित का प्रयोग उल्लेखनीय है। कवि ने आठ वर्णों के प्रमाणिका छन्द का ऐसा सुन्दर प्रयोग किया है, जिससे युद्धसगीत के ताल और लय के साथ सैनिको के पैर भी उठते प्रतीत होते हैं—

स सामिकज्जउज्जया, पवंगघायदारिया।
विमुक्कजीवबन्धणा, पडंति तो महाभडा॥
सहावतिक्खनक्खया, लसन्त चारुचामरा।
पवंगमाउहाहया, खयं गया तुरंगमा॥
पवंगभिन्नमत्थया, खुडन्तदित्तमोत्तिया।
पणट्ठदाणदुद्दिणा, पडन्ति मत्तकुंजरा॥ ५३।१०० १०२

इस चरित-महाकाव्य की निम्न प्रमुख विशेषताएं हैं—

१. कृत्रिमता का अभाव।
२ रस, भाव और अलकारो की स्वाभाविक योजना।
३. प्रसगानुसार कर्कश या कोमल ध्वनियो का प्रयोग।
४. भावाभिव्यक्ति मे सरलता और स्वाभाविकता का समावेश।
५ चरितो की तर्कसगत स्थापना।
६. बौद्धिकवाद की प्रतिष्ठा।
७. उदात्तता के साथ चरितो मे स्वाभाविकता का समवाय।
८ कथा के निर्वाह के लिए मुख्य-कथा के साथ अवान्तर कथाओ का प्रयोग।
९. महाकाव्योचित गरिमा का पूर्ण निर्वाह।
१०. सौन्दर्य के उपकरणो का काव्यत्व वृद्धि के हेतु प्रयोग।
११ आर्यजीवन का अकृत्रिम और साङ्गोपाङ्ग वर्णन।
१२. सामाजिक और राजनैतिक परिस्थितियो पर पूर्ण प्रकाश।

विमलसूरि का एक अन्य चरितकाव्य कृष्ण कथा के आधार पर 'हरिवंस चरिय' भी है, पर यह काव्य आज उपलब्ध नही है।

सुरसुन्दरीचरियं[1]

यह एक प्रेमाख्यानक चरित-महाकाव्य है। इसमे १६ परिच्छेद या सर्ग है और प्रत्येक परिच्छेद मे २५० पद्य हैं। इस महत्वपूर्ण चरित-काव्य के रचयिता धनेश्वर

---

१ सन् १९२३ मे जैन विविध साहित्य शास्त्रमाला से मुनिराज राजविजय जी द्वारा सम्पादित होकर प्रकाशित।

सूरि हैं। इन्होंने इस ग्रन्थ के अन्त में जो प्रशस्ति लिखी है, उसमे बतलाया है कि महावीर स्वामी के शिष्य सुधर्म स्वामी, सुधर्म स्वामी के शिष्य जम्बू स्वामी, उनके शिष्य प्रभव स्वामी, प्रभव स्वामी के शिष्य वज्र स्वामी, इनके शिष्य जिनेश्वर सूरि, जिनेश्वर सूरि के शिष्य अल्लकोपाध्याय उद्योतन सूरि), इनके वर्धमान सूरि और वर्धमान सूरि के दो शिष्य हुए—जिनेश्वर सूरि और बुद्धिसागर सूरि। यही जिनेश्वर सूरि धनेश्वर सूरि के गुरु थे। जिनेश्वर सूरि ने लीलावती नामकी प्रेम कथा लिखी है। धनेश्वर नाम के कई सूरि हुए है। ये किस गच्छ के थे, इस सम्बन्ध मे निश्चित रूप से कुछ नही कहा जा सकता। प्रशस्ति से इतना ही ज्ञात होता है कि इस ग्रन्थ की रचना चड्डावलि (चन्द्रावलि) स्थान मे विक्रम स० १०९५ (ई० सन् १०३८) भाद्रपद कृष्ण द्वितीया गुरुवार को धनिष्ठा नक्षत्र में की गयी है।[1]

परिचय और समीक्षा—इस चरित काव्य मे ४००१ गाथाएँ जो १६ सर्ग या परिच्छेदो मे विभक्त है। नायिका के नाम पर ही काव्य का नामकरण किया गया है। नायिका के चरित का विकास दिखलाने के लिए कवि ने मूलकथा के साथ प्रासगिक कथाओ का गुम्फन घटना-परिकलन के कौशल का द्योतक है। परिस्थिति विशेष मे मानसिक स्थितियो का चित्रण, वातावरण की सुन्दर सृष्टि, चरित्रो का मनोवैज्ञानिक विकास, राग-द्वेष रूपी वृत्तियो के मूल सघर्ष एव चरित्र के विभिन्न रूपो का उद्घाटन इस चरित काव्य के प्रमुख गुण है। कवि ने इस काव्य में जीवन के विविध पहलुओ के चित्रण के साथ प्रेम, विराग और पारस्परिक सहयोग का पूर्णतया विश्लेषण किया है। ससार के समस्त व्यापार और प्रवृत्तियो मे वासना के बीज वर्तमान है, अत. राग-द्वेषात्मक व्यापार के मूल मे भी प्रेम का ही अस्तित्व रहता है। लेखक ने धार्मिक भावना के साथ जीवन की मूल वृत्ति काम-वासना का भी विश्लेषण किया। चरित्रो के मनोवैज्ञानिक विकास, प्रवृत्तियो के मार्मिक उद्घाटन एव विभिन्न मानवीय व्यापारो के निरूपण मे कवि को पूर्ण सफलता मिली है।

भिल्लो की क्रूरता, कनकप्रभ की वीरता, प्रियगुमजरी की जातिस्मरणहोने पर विह्वलता, सुरसुन्दरी और कमलावती का विलाप एव शत्रुञ्जय और नरवाहन का युद्ध प्रभृति कथानक इस काव्य की कथावस्तु का सरस ही नही बनाते, बल्कि उसमे गति एव चमत्कार भी उत्पन्न करते है। चरित्र की भावात्मक सत्ता का विस्तार मानव जीवन की विविध परिस्थितियो तक व्याप्त है। महच्चरित से विराट् उत्कर्ष को इस काव्य में

१ चड्डावलि पुरिठियो स गुरुणो आणाए पाढतरा।
कासी विक्कम-वच्छरम्मि य गए बाणक सुन्नोडुपे ॥
मासे भद्द गुरुम्मि कसिणो बीया-धणिट्ठादिने ॥—१६।२५०–२५१

अंकित किया गया है। धार्मिक सिद्धान्तो के जहाँ-तहाँ आ जाने पर भी चरित विकास की काव्यात्मक दिशाएँ इतनी विस्तृत है, जिससे प्रेम की विभिन्न अवस्थाओ के अकन के साथ राग-विरागो के बीच विविध सघर्ष अंकित किये गये है।

अवान्तर कथाओ के अतिरिक्त अधिकारी कथा का कथानक बहुत सक्षिप्त और सरल है। धनदेव सेठ एक दिव्यमणि की सहायता से चित्रवेग नामक विद्याधर को नागो के पाश से छुडाता है। दीर्घकालीन विरह के पश्चात् चित्रवेग का विवाह उसकी प्रियतमा के साथ हो जाता है। वह सुरसुन्दरी को अपने प्रेम, विरह और मिलन की आशा-निराशामयी कथा सुनाता है। सुरसुन्दरी का विवाह भी मकरकेतु के साथ सम्पन्न होता है। अन्त मे ये दोनो दीक्षा ले लेते हैं। अवान्तर कथाओ का जाल इतना सघन है कि काव्य की नायिका का नाम पहली बार ग्यारहवे परिच्छेद मे आता है। काव्य का नामकरण सुरसुन्दरी नाम की नायिका के नाम पर हुआ है, यत समस्त कथावस्तु नायिका के चारो ओर चक्कर लगाती है। इसमे सन्देह नही कि कवि ने नायिका का रूप अमृत, पद्म, सुवर्ण, कल्पलता एव मन्दारपुष्पो मे सँभाला है। वास्तव मे यह नायिका कवि की अद्भुत मानस सृष्टि है। इस नायिका के जीवन के दोनो पहलुओ को उपस्थित किया है।

वस्तुवर्णनो मे भीषण अटवी, मदनमहोत्सव, वर्षाऋतु, वसन्त, सूर्योदय, सूर्यास्त, पुत्रजन्मोत्सव, विवाह, युद्ध, समुद्रयात्रा, धर्मसभाएँ, नायिकाओ के रूप-सौन्दर्य, उद्यान क्रीडा आदि का समावेश है। वर्णनो को सरस बनाने के लिए लाटानुप्रास, यमक, श्लेष, उपमा, उत्प्रेक्षा, अर्थान्तरन्यास, रूपक आदि का उचित प्रयोग किया है। विरहावस्था के कारण बिस्तरे पर करवट बदलते हुए और दीर्घ निश्वास छोडकर सन्तप्त हुए पुरुष की उपमा भाड मे भूने जाते हुए चनो के साथ दी है। कवि कहता है —

> भट्ठियचणगो वि य सयणीये कीस तडफडसि ॥ ३।१४८ ॥

इसी प्रकार एक उपमा द्वारा बताया गया है कि कोई प्रियतमा अपने पति के मुख सौन्दर्य को देखते हुए नही अघाती और उसकी दृष्टि उसके मुख से हटने में उसी प्रकार असमर्थ है, जिस प्रकार कीचड मे फँसी हुई दुर्बल गाय कीचड से निकलने मे।

> एयस्स वयण-पंकय पलोयणं मोत्तु मह इमा दिट्ठी।
> पंक निवुड्ढा दुब्बल गाइ व्व न सक्कए गंतुं ॥

एक अन्य उपमा मे बताया है कि जिस प्रकार खरगोश पाकशाला में आ जानेपर अपने प्राण भागकर नही बचा सकता है, उसी राजा के विरुद्ध कार्य करनेवाला व्यक्ति कभी भी त्राण नही पा सकता है। कवि कहता है—

काउं रायविरुद्धं नासंतो कत्थ छुट्टसे पावं।
सूयार-साल-वडिओ ससउ व्व विणस्ससे इण्हि ॥

राग को प्रेम का उत्पादक मानकर उसे सहस्रो दुःखो का कारण बताया है। प्रेम की व्यञ्जना इस गाथा में सुन्दर हुई है।

तावच्चिय परमसुहं जाव न रागो मणम्मि उच्छरइ।
हंदि ! सरागम्मि मणे दुक्ख सहस्साइं पविसंति ॥

जब तक मन मे राग-प्रेम का उदय नहीं होता, तभी तक सुख है। प्रेम करने से संसार में किसी को सुख प्राप्त नहीं होता, क्योंकि राग सहित चित्तवाले के मन मे सहस्रो दुःखों का समावेश होता है।

उद्यान मे क्रीडा करते हुए सुरसुन्दरी और मकरकेतु का विनोदपूर्ण प्रश्नोत्तर पहेली और समस्या काव्य का स्वरूप स्पष्ट करता है।

किं धरइ पुन्नचंदो किं वा इच्छसि पामरा खित्ते।
आमंतसु अंतगुरुं किं वा सोक्खं पुणो सोक्ख ॥
दट्ठूण किं विसट्टइ कुसुमवणं जणियजणमणाणंदं।
कह णु रमिज्जइ पढमं परमहिला जारपुरिसेहिं ॥

इन प्रश्नो का उत्तर—'ससंकं' है—

अर्थात्—प्रथम प्रश्न मे बताया गया है कि पूर्णचन्द्र किसे अपने मे धारण करता है ?—सस—शश हरिण को।

द्वितीय प्रश्न मे कहा है कि किसान खेत मे किसकी इच्छा करते है—क—जल की।

तृतीय प्रश्न मे बताया है कि अन्त गुरु क्या है—स सगण।

चतुर्थ प्रश्न मे सुख क्या—सं—शं—शान्ति या कषाय का शमन।

पञ्चम प्रश्न है कि पुष्पो का समूह किसे देखकर विकसित होता है—ससकं—शशाङ्क—चन्द्रमा को।

परस्त्री जार पुरुष से किस प्रकार रमण करती है—ससकं—सशंक—शंकित होकर।

रसनिष्पत्ति की दृष्टि से यह काव्य उत्कृष्ट है। विविध रसो का समावेश होनेपर भी शान्तरस का निर्मल स्वच्छ प्रवाह अपना पृथक् अस्तित्व व्यक्त कर रहा है। सुरसुन्दरी सन्यास ग्रहण कर घोर तपश्चरण करती है। कषाय और इन्द्रिय निग्रह की क्षमता उसमे अपूर्व शान्ति का संचार करती है। शत्रुञ्जय और नरवाहन के युद्ध के प्रसंग में वीर रस के साथ बीभत्स एवं भयानक रस का भी सुन्दर चित्रण हुआ है। शत्रु के आमन्त्रण के अवसर पर गाँव खाली कर दिया जाता था, तथा वहाँ के निवासी तालाब और कुओं के जल को अपेय बना देते थे।

इस चरितकाव्य की भाषा पर अपभ्रंश का प्रभाव है। यो तो महाराष्ट्री में यह काव्य लिखा गया है। समान्यतः इस काव्य की निम्न लिखित विशेषताएँ है—

१. समस्त काव्य प्रौढ एव उदात्त शैली में लिखा है।

२ जीवन के विराट् रूप का सासारिक सघर्ष के बीच विश्लेषण किया है।

३. प्रकृति चित्रण का समावेश है।

४. सरल एव ओजपूर्ण सवादो का नियोजन है।

५. लक्ष्य सिद्धि के हेतु दार्शनिक और आचारात्मक मान्यताओ की योजना की गयी है।

६. स्वभावोक्ति, अतिशयोक्ति, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, दृष्टान्त आदि का समुचित सन्निवेश है।

७ नायिका के चरित का शनै शनै. विकास, फलत आरम्भ मे वासनात्मक जीवन की रगरेलियाँ, अन्त मे विरक्ति और तपश्चरण का विवेचन हुआ है।

सुपासनाहचरिय[1]

इस चरितकाव्य के रचयिता लक्ष्मण गणि है। इस ग्रन्थ की रचना धधुकनगर मे आरम्भ की थी तथा इसकी समाप्ति कुमारपाल के राज्य में मण्डलपुरी मे की गयी है। इनकी गुरुपरम्परा मे बताया गया है कि जयसिह सूरि के शिष्य अभयदेव सूरि और अभयदेव सूरि के शिष्य हेमचन्द्र सूरि थे। इन हेमचन्द्र के विजयसिह सूरि, श्रीचन्द्र सूरि और लक्ष्मण गणि आदि चार शिष्य हुए। लक्ष्मण गणि ने विक्रम सवत् ११९९ मे माघ शुक्ला दशमी गुरुवार के दिन इस रचना को समाप्त किया।[2]

इस चरित काव्य के नायक सातवें तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ है। लगभग आठ हजार गाथाओ मे इस ग्रन्थ की समाप्ति की गयी है। समस्त काव्य तीन भागो मे विभक्त है—पूर्वभव प्रस्ताव में सुपार्श्वनाथ के पूर्वभवो का वर्णन किया गया है और शेष प्रस्तावो में उनके वर्तमान जीवन का।

संक्षिप्तकथावस्तु–पूर्वभव प्रस्ताव में सुपार्श्वनाथ के मनुष्य और देवभवो का विस्तार पूर्वक वर्णन किया है। बताया गया है कि सम्यक्त्व और सयम के प्रभाव से ही व्यक्ति अपने जीवन का निर्माण करता है तथा चरित्र का विकास होने से ही निर्वाण पथ की ओर अग्रसर होता है। सुपार्श्वनाथ ने अनेक जन्मो में सयम और सदाचार का पालनकर सत्संस्कारो का अर्जन किया और तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध कर सातवें तीर्थंकर हुए।

---

१. जैन विविध-शास्त्र-माला, वाराणसी द्वारा प्रकाशित।

२. विक्कमसएहिं एक्कारसेहिं नवनवइवास अहिएहिं''' ।

सुपासनाहचरिय प्रशस्ति गा॰ १५-१६

दूसरे प्रस्ताव में तीर्थंकर का जन्मोत्सव और विवाह आदि का वर्णन किया है। इसी प्रस्ताव में उनके निष्क्रमण का भी प्रतिपादन किया गया है।

केवलज्ञान नाम के तीसरे प्रस्ताव मे छट्ठ, अट्ठम आदि उग्र तपो के कथन के पश्चात् केवलज्ञानोत्पत्ति का वृत्तान्त है। समवशरण और धर्मोपदेश सभा का कथन किया गया है। इस प्रस्ताव मे अनेक रोचक कथाएँ आयी है। सम्यक्त्व की महत्ता के लिए चम्पकमाला की कथा वर्णित है। यह चूडामणि शास्त्र की पण्डिता थी और इस शास्त्र की सहायता से यह जानती थी कि उसका पति कौन होगा और उसे कितनी सन्ताने प्राप्त होगी। पुत्रोत्पत्ति के लिए कालिदेवी की उपासना की जाती है। पुत्रो को अब्रह्म का हेतु बतलाया है। सम्यक्त्व के आठ अगो के महत्त्व के लिए आठ अवान्तर कथाएँ वर्णित हैं। शंकातिचार के लिए मणिसिंह, आकाक्षातिचार के लिए सुन्दर वणिक्, विचिकित्सातिचार के लिए भास्कर द्विज, पाखण्डिसस्तवातिचार के लिए भीम-कुमार और प्रशमातिचार के लिए मन्त्रितिलक की कथा आयी है। अहिंसाणुव्रत के लिए विजयचन्द्र कुमार, बन्धातिचार के लिए बन्धुराज, वधातिचार के लिए श्रीवत्सविप्र, छविच्छेदातिचार के लिए राहुटमन्त्री, अतिभारारोपण के लिए सुलस श्रेष्ठि और भक्तपान-निरोध के लिए सिंहमन्त्री का वृत्तान्त आया है। सत्याणुव्रत के लिए कमल श्रेष्ठि, रहोऽभ्याख्यानातिचार के लिए धरण, स्वदारमन्त्रभेदातिचार के लिए मदन, मृषोपदे-शातिचार के लिए पद्मवणिक् एव कूटलेखातिचार के लिए बन्धुदत्त की चरित रेखाएँ अंकित की गयी है। अचौर्याणुव्रत के लिए देवयश, स्तेनाहृतकर्यातिचार के लिए नाहट स्तेनप्रयोगातिचार के लिए मदन, विरुद्धराज्यातिक्रमातिचार के लिए सागरचन्द्र के आख्यान वर्णित है। इसी प्रकार अन्य श्रावक व्रतो और उनके अतिचारो के सम्बन्ध मे कथाएँ प्रतिपादित है।

आलोचना—इस चरितकाव्य मे प्रेम, आश्चर्य, राग-द्वेष एव अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितियो के बीच नाना प्रकार के भावो की व्यञ्जना की गयी है। मूलकथा के नायक से कही ज्यादा अवान्तर कथा के नायको का चरित्र विकसित है। चरित्रो के विकास के लिए वातावरण का सृजन भी किया गया है। प्राय सभी अवान्तर कथाएँ धर्मतत्त्व के उपदेश के हेतु ही निर्मित है। एक प्रकार के वातावरण मे एक-सी ही कथाएँ—जिनमे काव्यतत्त्व प्राय नगण्य ही है, वर्णनो का आकर्षण भी नही है, मनको उबा देनेवाली हैं। यो तो कवि ने कथासूत्रो को समेटने का पूरा प्रयास किया है और मूल चरित को रसमय बनाने के लिए भी सतत जागरूकता वर्तमान रखी है, तो भी मूल चरित का जैसा विकास होना चाहिए, नही हो पाया है। ऐसा मालूम होता है कि कवि सामान्यत: नर-नारी के व्रतो का विधान काव्य के परिधान मे कर रहा है। नायक का चरित प्रधान होते हुए भी अवान्तर कथाओ के भीतर दबा हुआ है।

घटनाओ की बहुलता रहने से वर्णनो की सख्या अत्यल्प है। यद्यपि नगर, गाँव, वन, पर्वत, चैत्य, उद्यान, प्रात , सन्ध्या, ऋतु आदि के प्रभावोत्पादक दृश्य वर्णित हैं, तो भी इसमे महाकाव्य के परिपार्श्व का अभाव है। भीमकुमार की कथा मे नरमुण्ड की माला धारण किये हुए कापालिक का सजीव वर्णन है। कापालिक श्मशान मे मण्डल बनाकर साधना करता है। उसकी विद्यासिद्धि की प्रक्रिया भी वर्णित है। इसी प्रसङ्ग मे नरमुण्डो से मण्डित कालिदेवी का भी भयङ्कर रूप चित्रित किया है। यद्यपि इस वर्णन का स्रोत हरिभद्र की समराइच्च कहा का 'चण्डियायरण' ही है।

सूक्ति और धर्मनीतिया द्वारा चरित को मर्मस्पर्शी बनाने का आयास किया गया है। मित्र और अमित्र का निरूपण करत हुए कहा है—

भवगिह मज्झम्मि पमायजलणजलियम्मि मोहनिद्दाए।
जो जग्गवइ सो मित्तं वारन्तो सो पुण अमित्तं ॥

प्रमादरूपी अग्नि द्वारा ससाररूपी घर के प्रज्वलित होने पर जो मोहरूपी निद्रा से सोये हुए पुरुष को जगाता है, वह मित्र है, और उस जगाने से रोकता है, वह अमित्र है। तात्पर्य यह है कि जो ससार मे आसक्त प्राणी को उद्बुद्ध करता है, वही सच्चा हितैषी है।

अतएव प्रत्येक व्यक्ति को समय रहते ही सचेत होकर आत्मसाधन करने मे प्रवृत्त होने का प्रयास करना चाहिए। कवि ने कहा है—

जाव न जरकडपूयाण सव्वगय गसइ।
जाव न रोयभुयंगु उग्गु निद्दउ डसइ ॥
ताव धम्मि मणु दिज्जउ किज्जउ अप्पहिउ।
अज्ज कि कल्लि पयाणउ जिउ निच्चप्पहिउ ॥

जब तक जरारूपी राक्षसी समस्त अङ्गो को नही डँसती है, उग्र और निर्दय रोग-रूपी सर्प नही काटते है, उससे पहले ही धर्मसाधना मे चित्त लगाकर आत्महित करना चाहिए। यह शरीर तो आज या कल अवश्य ही छूट जायगा। अतएव साधना में लगना मानव का कर्त्तव्य होना चाहिए।

इस चरितकाव्य की भाषा पर अपभ्रंश का पूरा प्रभाव है। सस्कृत की शब्दावली भी अपनायी गयी है। कवि ने उपमा, उत्प्रेक्षा और रूपक अलङ्कार की कई स्थलो पर सुन्दर योजना की है। वर्णनो की सजीवता ने चरितो को सरस बनाया है। अलंकृत वर्णन काव्यतत्त्व का समावेश करते है।

काव्य के साथ इस कृति मे सांस्कृतिक तत्त्वो का भी प्रचुर परिमाण में समावेश हुआ है। कापालिक वेदान्त एव संन्यासी मत के आचार सम्बन्धी विचार भी इसमें निबद्ध हैं। बुद्धि माहात्म्य एवं कलाकौशल के निदर्शन भी पाये जाते हैं।

सिरिविजयचंद केवलिचरियं[1]

इस चरितकाव्य के रचयिता श्री चन्द्रप्रभ महत्तर है। ये अभयदेवसूरि के शिष्य थे। इसकी रचना वि० स० ११२७ मे हुई है। प्रशस्ति मे बताया गया है —

सिरिनिव्वुयवंसमहा-धयस्स सिरि अभयदेवसूरिस्स।
सीसेण तस्स रइयं, चंदप्पहमहयरेणेयं ॥ १४९ ॥
देयावडवरनयरे रिसहजिणंदस्स मंदिरे रइयं।
नियवीरदेव सीसस्स साहुणो तस्स वयणेणं ॥ १५१ ॥
मुणिकमरुद्दंककुए काले सिरिविक्कमस्स वट्टं ते।
रइयं फुडक्खरत्थ चंदप्पहमहयरेणेयं ॥ १५२ ॥

इस चरितकाव्य का उद्देश्य जिनपूजा का माहात्म्य प्रकट करना है। अष्टद्रव्यो मे पूजा किये जाने का उल्लेख है। प्रत्येक द्रव्य से पृथक्-पृथक् पूजा का फल बतलाने के लिए कथानको का प्रणयन किया गया है। उत्थानिका मे बताया है –

भरत क्षेत्र मे रत्नपुर नामका नगर है। उसमे राजा रिपुमर्दन शासन करता था। इसकी भार्या का नाम अनगरति था। इसी दम्पति का पुत्र विजयचन्द्र हुआ। यह यथार्थ नामवाला था, चन्द्रमा के समान सभी के मन को प्रसन्न करता था। इसकी दो भार्याएँ थीं मदनसुन्दरी और कमलश्री। क्रमश इन दोनो के दो पुत्र हुए, जिनके नाम कुरुचन्द्र और हरिचन्द्र थे। एक समय वहाँ आचार्य पधारे। राजा रिपुमर्दन सपरिवार आचार्य के दर्शन के लिए गया। उनका धर्मोपदेश सुनकर उसे ससार से विरक्ति हो गयी। अत वह विजयचन्द्रको राज्य देकर प्रव्रजित हो गया। कुछ समय तक राज्य सुख भोगने के अनन्तर विजयचन्द्र भी कुसुमपुर नगर का अधिकारी हरिचन्द्र को और सुरपुर नगर का अधिकारी कुरुचन्द्र को बनाकर दीक्षित हो गया। विजयचन्द्र ने घोर तपश्चरण कर केवलज्ञान की प्राप्ति की। विजयचन्द्र केवली विहार करता हुआ कुसुमपुर मे आया और नगरी के बाहर उद्यान मे समवशरण सभा आरम्भ हुई। नागरिको के साथ राजा हरिचन्द्र भी केवली की वंदना के लिए आया। उसने केवली से अष्ट प्रकार की पूजा का माहात्म्य पूछा। केवली ने प्रत्येक द्रव्य से की जानेवाली पूजा का कथाओ द्वारा निरूपण किया।

ये सभी कथाएँ अपने मे स्वतन्त्र होती हुयी भी आपस मे सम्बद्ध है। विजयचन्द्र केवली द्वारा कथित होने से उनके चरित मे ही इनको सम्बद्ध कर दिया गया

---

१ श्री शुभकर मुनि, प्राप्तिस्थान केशवलाल प्रेमचंद कसारा (खभात) वि० सं० २००७

है। कथानक बड़े ही मनोरंजक और शिक्षाप्रद है, अतएव इनका संक्षिप्त सार देना आवश्यक है।

पहली कथा में बताया गया है कि वैताढ्य पर्वत की दक्षिण श्रेणी में गजपुर नाम के नगर में जयसूर नाम का विद्याधर राजा अपनी शुभमति भार्या के साथ राज्य करता था। एक समय इसकी पत्नी गर्भवती हुई और उसे जिनपूजा तथा तीर्थवन्दना का दोहद उत्पन्न हुआ। विद्याधर राजा उसे विमान मे बैठाकर अष्टापद पर्वत पर ले गया और वहाँ उन्होंने गाजे-बाजे के साथ भगवान की पूजा की। पूजा करने के उपरान्त रानी ने राजा से कहा—'स्वामिन्! कहीं से बड़ी दुर्गन्ध आ रही है। तलाश करना चाहिए कि यह दुर्गन्ध कहाँ से आ रही है'। घूमते हुए उन लोगो ने एक शिलापट्ट पर एक मुनि को ध्यान मग्न देखा। धूप और धूल के कारण मुनिराज के शरीर से गन्दा पसीना निकल रहा था, अत उन्हीके शरीर से दुर्गन्ध निकल रही थी। रानी शुभमती ने राजा से कहा—'स्वामिन्! इस ऋषिराज को प्रासुक जल से स्नान कराके चन्दनादि सुगन्धित पदार्थों का लेप कर देना चाहिए, जिससे इनके शरीर की दुर्गन्ध दूर हो जाये।

रानी के परामर्शानुसार मुनिराज के शरीर का प्रक्षालन किया गया और सुगन्धित पदार्थो का लेप कर दिया गया। वे विद्याधर दम्पति वहा से अन्यत्र यात्रा करने चले गये। इधर सुगन्धित पदार्थों की गन्ध से आकृष्ट हो भौरे मुनिराज के शरीर से आकर चिपट गये, जिससे उनको अपार वेदना हुई, पर ध्यानाभ्यासी मुनिराज तनिक भी विचलित नही हुए। जब कई दिनो के पश्चात् वे विद्याधर दम्पति तीर्थवन्दना से लौटे, तो उन्हे आकाशमार्ग से वह मुनिराज दिखलायी नहीं पड़े। कौतूहलवश वे लोग नीचे आकर मुनिराज की तलाश करने लगे। उन्होंने देखा कि मुनिराज के चारो ओर इतने अधिक भौरे एकत्र थे, जिससे वह दिखलाई नहीं पडते। उन लोगो ने सावधानीपूर्वक भौरो को भगाया और उनके शरीर के सुगन्धित लेप को दूर किया। मुनिराज ने भौरो के उपद्रव को शान्तिपूर्वक सहन कर घातिया कर्मों का नाश किया और केवलज्ञान प्राप्त किया। दम्पति केवली को प्रणाम कर नगर को चले गये।

दोहद सम्पन्न होने पर शुभमती ने सुन्दर सुहावने समय मे पुत्ररत्न को जन्म दिया। शिशु का नाम कल्याण रखा गया। कल्याण के वयस्क होने पर राजा उसे राज्य देकर दीक्षित हो गया। आयुक्षय होने पर वह सौधर्म स्वर्ग मे देव हुआ। शुभमती भी मरकर उसीकी देवाङ्गना हुई। वहाँ से च्युत हो शुभमती का जीव हस्तिनापुर के जितशत्रु राजा के यहाँ मदनवाली कन्या के रूप मे उत्पन्न हुआ। इसका विवाह शिवपुर निवासी सिंहध्वज के साथ हुआ। कुछ समय के पश्चात् मदनावली का शरीर अत्यन्त दुर्गन्धित हो गया, जिससे नगर में जनता का रहना असंभव प्रतीत होने लगा। अतः

राजा सिंहध्वज ने जंगल में एक महल बनवा दिया और उसके रहने की सारी व्यवस्था वहीं कर दी। एक दिन एक शुक ने शुभमती के भव का वर्णन करते हुए मुनिराज के शरीर से निकलने वाली दुर्गन्धि से घृणा करने के कारण शरीर के दुर्गन्धित होने की बात कही और प्रतीकार के लिए गन्ध द्वारा भगवान् की पूजा करने को कहा। मदनावली ने गन्ध से भगवान की पूजा की और उसका शरीर पूर्ववत् स्वस्थ हो गया। राजा रानी को हाथी पर सवार कर नगर में ले आया।

वसन्तोत्सव की तैयारियाँ होने लगीं। उसी समय नगर के मनोरम नामक उद्यान में अमृत तेज मुनि को केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। राजा वसन्तोत्सव छोड़कर देवी के साथ केवली की वन्दना के लिए गया। रानी ने केवली से पूछा—भगवन्! मुझे सूचना देनेवाला शुक कौन था।

केवली—भद्रे! वह तुम्हारा पूर्व जन्म का पति था। तुमको ज्ञान देने के लिए आया था। वह इन देवों के बीच में हीरे कान में कुण्डल और शरीर में आभूषण पहने हुए है। शुक उस देव के पास गया और कहने लगा—'आपने मेरा बड़ा उपकार किया है। मैं आपके इस उपकार का बदला तो नहीं चुका सकता हूँ पर समय पड़ने पर यथाशक्ति आपकी सेवा करूँगा'।

देव—'आज से सातवें दिन मैं स्वर्ग से च्युत होऊंगा। आप भी अवसर आने पर मुझे प्रतिबोधित कीजियेगा।

मदनावली को विरक्ति हुई और वह अपने पति की आज्ञा से आर्यिका हो गयी। इधर वह देव स्वर्ग से च्युत हो विद्याधर कुमार हुआ और उसका नाम मृगाङ्क कुमार रखा गया। युवावस्था प्राप्त होने पर वह रत्नमाला से विवाह करने के लिए जा रहा था कि मार्ग में उसे मदनावली तपश्चरण करती हुई मिली। उसके रूप-सौन्दर्य को देखकर मृगाङ्क कुमार मोहित हो गया और उसकी तपस्या में विघ्न करने लगा, पर मदनावली अपने तपश्चरण में दृढ़ रही। मृगाङ्क कुमार को अपनी भूल पर पश्चात्ताप हुआ और वह वन्दना कर चला गया।

आलोचना— इस चरित काव्य में आयी हुई अवान्तर कथाओं का स्वतन्त्र अस्तित्व है। प्रत्येक कथा अपने में पूर्ण है और हर एक का घटना चक्र किसी विशेष उद्देश्य को लेकर चलता है। जन्म-जन्मान्तर की घटनाएँ उसी प्रमुख उद्देश्य के चारों ओर चक्कर लगाती रहती हैं। कथाओं में वातावरण की योजना सुन्दर रूप में हुई है। कथानक सरल हैं, वक्रता नाम की वस्तु नहीं आने पायी है। घटनाओं का बाहुल्य रहने से मनोरंजन स्वल्पमात्रा में रह गया है। कथानक का गठन असंलक्ष्य नहीं है, स्पष्ट सूत्र में आबद्ध है। भिन्न-भिन्न कार्यव्यापारों को एक ही सूत्र में पिरोया है। जिससे जटिलता न रहने से जिज्ञासावृत्ति जागृत नहीं हो पाती।

यह चरित-काव्य काव्य न होकर कथाओ का संग्रह बन गया है। मुख्य-कथा से अवान्तर कथाओ का कोई भी सम्बन्ध नही है। अत' कथानक का गठन चरित-काव्य की शैली में नही हो पाया है। वर्णनो में भी काव्य-तत्त्व की अपेक्षा आख्यान तत्त्व अधिक है। कथानक में नाटकीय सन्धियो का भी अस्तित्व नही है। प्रकृति वर्णन, शाब्दिक चमत्कार, कमनीयता और व्यापकता का समावेश भी नही पाया जाता है। प्रभावशाली सवादो एव काव्योचित दृश्यो का समावेश नही हो सका है। प्रौढ व्यजना प्रणाली तथा वस्तु-विन्यास मे प्रबन्धात्मकता का परिस्फुटन भी चरित-काव्य के योग्य नही है।

चरित्र चित्रण की दृष्टि से प्राय ये सभी कथाएँ सफल है। इन लघु कथाओ मे प्रधान-अप्रधान पात्रो के कर्त्तव्य और अकर्त्तव्यो की भली प्रकार योजना की गयी है। गुरु या आचार्य का सम्पर्क प्राप्त करते ही पात्र कुछ से कुछ बन जाते है, यह इन लघु कथाओ से स्पष्ट है। ऐश्वर्य और सौन्दर्य पात्रो को रागात्मक बन्धन के लिए प्रेरित करता है, सभी पात्र जगत के मायाजाल मे उलझते है, किन्तु गुरु के सम्पर्क से वे ससार, शरीर और भोगो से निरक्त होकर आत्म-कल्याण करने मे लग जाते हैं। पात्रो मे जातिगत, वर्गगत और साम्प्रदायिक विशेषताएँ भी वर्तमान है।

भक्ति या अर्चा मे अद्भुत शक्ति है। इस रागमयी भावना से भी इस प्रकार का सरल और सहज मार्ग प्रस्तुत हा जाता है, जिसपर कोई भी व्यक्ति बिना आयास के चलता है। जीवन-शोधन के अन्य मार्ग कठोर हो सकते है, पर भक्ति-मार्ग बहुत ही सहज है। भक्त या प्रेमी अपने भावो को रसायन बनाकर भगवत् चरणो मे अर्पित कर देता है। वह यह अनुभव करने लगता है कि जो ये है वही मैं हूँ। मेरे भीतर भी उसी ज्योति का प्रकाश है, अपना ज्ञान, दर्शन, वीर्य और सुख का सागर लहरा रहा है। अत. प्रतिकूल भावो का द्वन्द्व ऊर्जस्वित हो स्वयमेव शुद्ध और उत्कर्ष का प्राप्त होने लगता है। जीवन मे आनेवाले ज्वार-भाटो को भक्ति शान्त कर देती है और इस योग्य भावभूमि प्रस्तुत कर देती है, जिससे भक्त आचार्य या उपदेशक का सम्पर्क प्राप्त करते ही तपश्चरण की ओर प्रवृत्त हो जाता है। प्रस्तुत चरित-काव्य की सभी कथाओ मे यह भक्ति का गुण पूर्णरूप में पाया जाता है। काव्य के रचयिता का उद्देश्य जनता मे भगवद्भक्ति को उद्बुध करना है और इस उद्देश्य मे उसे पूर्ण सफलता प्राप्त भी हुई है।

भाषा सरल है। महाराष्ट्री प्राकृत मे इस ग्रन्थ की रचना की गयी है। यत्र-तत्र अर्ध-मागधी का भी प्रभाव है। इस काव्य मे कुल १०६३ गाथाएँ है। कवि ने इस ग्रन्थ के महत्त्व के सम्बन्ध में स्वय लिखा है—

नियकंठंमि निवेसह नियजाया-बाहुजुयलं व्व।

× × ×

तं निम्मलगुणकलियं, दइयं पिव रयणमालियं दट्ठुं ॥

—गाथा ४६, ४७ पृ० ३६

प्रस्तुत चरित-काव्य मे ऋषि-मुनियो के आदर्श चरितो की स्थापना हुई है और विजयचद केवली के चरित को भी स्पष्ट किया है। सरसवर्णन, अलकारनियोजन और और विभाव अनुभावो के चित्रण मे कवि को सफलता नही मिली है।

महावीरचरियं[1] (पद्यबद्ध)

प्राकृत मे महावीरचरिय के नाम से दो चरित-काव्य उपलब्ध है। इस चरित-काव्य के रचयिता चन्द्रकुल के बृहद्गच्छीय उद्योतन सूरि के प्रशिष्य और आम्रदेव सूरि के शिष्य नेमिचन्द्र सूरि है। आचार्य पद प्राप्त करने के पूर्व इनका नाम देवेन्द्रगणि था। इस चरितग्रन्थ की रचना वि० स० ११४१ मे हुई है। इसकी कथावस्तु निम्न-लिखित है—

कथावस्तु—आरम्भ मे बताया है कि अपर विदेह में बलाहिवपुर मे दानी, दयालु और धर्मात्मा एक श्रावक रहता था। वह किसी समय राजा की आज्ञा मे अनेक व्यक्तियो के साथ लकडी लाने के लिए वन मे गया। वहाँ उसने भीषण वन मे लकडियो को काटना आरम्भ किया। भोजन के समय उसे अनेक साधुओ सहित एक आचार्य मार्ग भूल जाने के कारण इधर-उधर भटकते हुए मिले। मुनियो को देखकर वह सोचने लगा कि मेरे बडे भाग्य है, जिससे इन महात्माओ के दर्शन हुए। उसने उन मुनियो का अभिवादन किया और पूछा—भगवन्! आप कहाँ से आये है और किस मार्ग से इस भयकर वन मे परिभ्रमण कर रहे है। आचार्य ने धर्मलाभ का आशीर्वाद दिया और बतलाया कि हमलोग भिक्षाचर्या के लिए ग्रामान्तर को जा रहे थे, पर मार्ग भूल जाने से इधर आ गये है। अचानक आपसे भेट हो गयी। आचार्य के इन वचनो को सुनकर उस श्रावक ने उनको ग्रामान्तर मे पहुचा दिया। आचार्य से आत्मशोधन के लिए उसने अहिंसाधर्म का उपदेश ग्रहण किया। उन्होंने उपदेश मे बतलाया कि जो व्यक्ति जीवन में नीति, धर्म और मर्यादा का पालन नही करता, वह समय निकल जाने पर पश्चात्ताप करता है। दान, शील, तप और सद्भावनाएँ व्यक्ति को वैयक्तिक और सामाजिक जीवन में सभी प्रकार की सफलताएँ प्रदान करती है।

वह आचार्य के इस उपदेश से बहुत प्रभावित हुआ और धर्माचरण करने लगा। फलत आयु क्षयकर वह अयोध्या नगरी के षट्खण्डाधिपति भरतचक्रवर्ती का पुत्र उत्पन्न हुआ। भगवान् ऋषभदेव के समवशरण में आगामी तीर्थंकर, चक्रवर्ती और नारायण आदि के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त करने के लिए भरत ने पूछा—प्रभो! तीर्थंकर

१ वि० सं० १९७३ में आत्मानन्द सभा, भावनगर द्वारा प्रकाशित।

कौन-कौन होंगे ? क्या हमारे वंश मे भी कोई तीर्थंकर होगा ? इस प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बतलाया— इक्ष्वाकुवश मे मारीच तीर्थंकर पद प्राप्त करेगा।

मारीच अपने सम्बन्ध मे भगवान् की भविष्यवाणी सुनकर प्रसन्नता से नाचने लगा। उसने अनेक मत-मतान्तरो का प्रवर्त्तन किया। अन्त मे २६ वें भव मे अन्तिम तीर्थंकर महावीर नामका हुआ।

आलोचना— लेखक ने इस चरित ग्रन्थ को रोचक बनाने की पूरी चेष्टा की है। कथावस्तु की सजीवता के लिए वातावरण का मार्मिक चित्रण हुआ है। भौतिक और, मानसिक दोनो ही प्रकार के वातावरणो की चारुता इसका प्राण है। अनुकूल और प्रतिकूल दोनो ही प्रकार के वातावरणो से राग-द्वेष की अनुभूतियाँ किस प्रकार घटित होती है तथा मानवीय राग-विस्तृत होना है, इसका लेखा-जोखा बहुत ही सटीक उपस्थित किया गया है। मिथ्यात्व और सम्यक्त्व की अभिव्यञ्जना पात्रो के क्रिया-व्यापारो द्वारा बहुत ही सुन्दर हुई है।

इस चरित काव्य मे मनोरजन के जितने तत्त्व है, उनसे कही अधिक मानसिक तृप्ति के साधन भी विद्यमान है। मारीच अपने अहभाव द्वारा जीवन के आधारभूत विवेक और सम्यक्त्व की उपेक्षा करता है, फलत, उसे अनेक बार अधिक जन्म ग्रहण करना पडता है। श्रावक के जन्म मे परोपकार करने मे वह जीवनोत्थान की सामग्री का सचय करता है, पर अहकार के कारण शील और सद्भावना की उपेक्षा करने से वह अपने ससार की सीमा बढाता है। चरित ग्रन्थ होते हुए भी लेखक ने मर्मस्थलो की पूरी योजना की है। जिज्ञासा तत्त्व अन्ततक बना रहता है। जीवन के समस्त राग-विरागो का चित्रण बडी निपुणता के साथ किया गया है। वर्णनो की सजीवता कथा मे गतिमत्व धर्म उत्पन्न करती है। यथा—

> तस्स सुओ उववन्तो सव्वङ्गोवङ्गसुंदरो जुइयं।
> धम्मप्पिओ अक्कूरो मारीचित्ति नामेण विक्खाओ॥
> सो तारुण्णो पत्तो पञ्चपयारे य भुञ्जए भोए।
> नियपासायवरगओ इट्ठो नियजणणिजणयाणं॥

म० च० पृ० ३, गा० ५०-५१॥

समस्त ग्रन्थ पद्यबद्ध है। कुल २३८५ पद्य है। भाषा सरल और प्रवाहमय है। चमत्कार लाने के लिए अलकारो की योजना भी की गयी है।

सुदंसणाचरियं[1]

इस चरित-काव्य की रचना देवेन्द्रसूरि ने की है। इसके गुरु का नाम जगच्चन्द्रसूरि

१ सन् १९३२ में आत्मवल्लभ ग्रन्थ-सीरिज, वलाद (अहमदाबाद) से प्रकाशित

है। देवेन्द्र सूरि को गुर्जर राजा की अनुमति से वस्तुपाल मन्त्री के समक्ष अर्बुदगिरि—आबू पर सूरिपद प्रदान किया था। इनका समय लगभग ई० सन् १२७० के है। इसमें चार हजार पद्य हैं, जो कि आठ अधिकार और सोलह उद्देशो में विभक्त है। इस चरित-काव्य का नाम नायिका के नाम पर रखा गया है। इस काव्य की नायिका सुदर्शना विदुषी और रूप-माधुर्य से युक्त है।

कथावस्तु—कथा की उत्थानिका के अनन्तर बताया गया है कि सुदर्शना का जन्मोत्सव धूम-धाम पूर्वक सम्पन्न किया जाता है। शैशवकाल में वह विद्याध्ययन के लिए उपाध्यायशाला मे जाकर लिपि, गणित, साहित्य आदि का अभ्यास करती है। पण्डिता होने पर जब वह घर लौटकर आती है तो उसके कलाभ्यास की परीक्षा ली जाती है। उसे जातिस्मरण हो जाता है। भृगुकच्छ का ऋषभदत्त नाम का सेठ राजा के पास भेंट लेकर राजसभा मे उपस्थित होता है। सुदर्शना के पिता अपनी कन्या की परीक्षा करने के लिए कुछ पहेलियाँ पूछते है। सुदर्शना उन पहेलियो के उत्तर बहुत अच्छी तरह देती है। राजा बहुत प्रसन्न होता है और बेटी सुदर्शना के ज्ञान की प्रशंसा करता है। एक दिन राजसभा में ज्ञाननिधि नामका पुरोहित आता है। वह ब्राह्मण धर्म का उपदेश देता है, पर सुदर्शना उसके उपदेश का खण्डन कर श्रमणधर्म का निरूपण करती है।

शीलमती का विवाह विजयकुमार के साथ होता है। एक विद्याधर शीलमती का हरण कर लेता है। विजयकुमार और विद्याधर मे युद्ध होता है। अनन्तर धर्मयश नाम के चारण श्रमण आते हैं और उनको धर्म-देशना होती है। सुदर्शना अपने माता-पिता के साथ सिंहलद्वीप से भृगुकच्छ—भड़ौच के लिए प्रस्थान करती है। अन्य लोग बन्दरगाह पर ही रह जाते है, पर सुदर्शना शीलमती के साथ जहाज में बैठकर आगे बढ़ जाती है। जहाज विकलगिरि पहुँचता है, यहाँ महामुनि के उपदेश से सुदर्शना के मन में वैराग्य-भावना उदित हो जाती है। वह भृगुकच्छ के अश्वावबोध तीर्थ में मुनिसुव्रतनाथ का मन्दिर निर्माण कराती है और जिनबिम्ब-प्रतिष्ठा विधि सम्पन्न की जाती है। नर्मदा के किनारे शकुनिका विहार नामक जिनालय के पूर्ण होने पर उसकी प्रशस्ति आदि की विधि की जाती है। अनन्तर शीलमती सुदर्शना के साथ रत्नावली आदि विविध प्रकार के तपश्चरण करती है। धनपाल समय रैवतगिरि की यात्रा करता है और महासेन दीक्षित हो जाता है।

समीक्षा—इस चरित काव्य में तत्कालीन सामाजिक परिस्थिति का चित्रण किया गया है। मूलकथा वस्तु के साथ अवान्तर कथाओ का सुन्दर गुम्फन हुआ है। सुदर्शना का चरित मन्द-गति से विकासित होता हुआ आगे बढ़ा है। उसकी प्रतिभा का विकास प्रारम्भ से दृष्टिगोचर होने लगता है। विद्या और कलाओ के अभ्यास से उसकी बुद्धि निर्मल हो जाती है। वह आजन्म ब्रह्मचारिणी रहकर आत्मसाधना करती है।

प्रत्युत्पन्न मतित्व उसमें सर्वाधिक है। मुनि और साधको के प्रति उसके मन मे अपार श्रद्धा है। वह मुनिराज का उपदेश सुनकर विरक्त हो जाती है। विशुद्ध दान के सम्बन्ध में दी गयी वीरभद्र की कथा और शील के सम्बन्ध मे कलावती का उदाहरण उसके चरित के विकास की वह दिशा है, जहाँ से उसे प्रेरणा और प्रकाश प्राप्त होता है। कवि ने सिंहलद्वीप की कल्पना तथा इस सिंहल द्वीप की राजकुमारी सुदर्शना की कल्पना कर शिव और सौन्दर्य का मेल प्रदर्शित किया है। श्रेयासकुमार की कथा, मरुदेवी के गर्भ से ऋषभदेव का अवतरण, नरसुन्दर राजा के शौर्य और पराक्रम सम्बन्धी वृत्तान्त किसी भी व्यक्ति के जीवन को आन्दोलित करने की पूर्ण क्षमता रखते हैं। समुद्रयात्रा एव रैवतगिरि की यात्रा भी चरित्र के विकास मे सहायक है। कवि ने चरित को रसमय बनाने का पूर्ण प्रयास किया है। शील को परिष्कृत करने के हेतु उसने वर्णन एव उपदेशो का समावेश भी किया है। समुद्र, पशु, पक्षी, पर्वत, वन, जिनालय, सन्ध्या, प्रात., उत्सव आदि सन्दर्भों का रसमय वर्णन कर काव्य मे उदात्त तत्त्व का समावेश हुआ है। यद्यपि इस चरित-काव्य मे पौराणिक विश्वास एव उपदेश तत्त्व इतने अधिक परिमाण में है, जिनसे कथा या आख्या के गुण अधिक रूप मे समाविष्ट हो गये है, तो भी रसमय वर्णन चरित काव्यत्व की प्रतिष्ठा करने मे पूर्ण क्षम है।

कवि ने इसमे जीवन के कई तथ्यो का स्फोटन किया है। जीवन की तीन विडम्बनाओ का कथन करते हुए कहा गया है—

तक्कविहूणो विज्जो लक्खणहीणो य पंडिओ लोए।
भावविहूणो धम्मो तिण्णि वि गरुई विडम्बणया ॥

तर्क हीन विद्या, लक्षण हीन—व्याकरणशास्त्र हीन पडित और भावविहीन धर्म ये तीन जीवन की महान् विडम्बनाएँ समझनी चाहिए।

इस ग्रन्थ की भाषा अपभ्रंश और संस्कृत से प्रभावित है। बीच-बीच मे संस्कृत के श्लोक भी पाये जाते है।

कुम्मापुत्त चरियं[1]

इस चरितकाव्य में राजा महेन्द्रसिंह और रानी कूर्मा के पुत्र धर्मदेव के पूर्वजन्मो एव वर्तमान जन्म की कथावस्तु वर्णित है। इसके रचयिता अनन्तहंस है, जिनका समय १६वी शती माना जाता है। इनके गुरु का नाम जिनमाणिक्य कहा गया है। ये तपागच्छीय आचार्य हेमविमल की परम्परा में हुए हैं। इनको दो गुजराती रचनाएँ भी उपलब्ध हैं। इस ग्रन्थ में १९८ पद्य है।

---

१. के० वी० अभ्यंकर गुजरात कालेज, अहमदाबाद, सन् १९३३

संक्षिप्त कथावस्तु—दुर्गमपुर मे द्रोण राजा राज्य करता था, इसकी पटरानी का नाम द्रुमा था। इनके कामदेव के समान सुन्दर और गुणो का आगार दुर्लभकुमार नामक पुत्र हुआ। एक दिन दुगिला नामक उद्यान मे सुलोचन नाम के केवली का समावशरण आया। इस उद्यान मे भद्रमुखी नाम की यक्षिणी वटवृक्ष के नीचे अपना आवास बनाकर निवास करती थी। उसने केवली से पूछा—'प्रभो! पूर्वभव मे मैं मानवती नामक मनुष्य स्त्री थी, मेरा पति मुझे अत्यन्त प्यार करता था। मैं आयुक्षय के अनन्तर यहाँ भद्रमुखी नामकी यक्षिणी हुई हूँ। कृपया यह बताइये कि मेरे उस प्रेमी पति ने कहाँ जन्म लिया है?'' केवली ने उत्तर दिया—

"इस नगरी के द्रोण नृपति के यहाँ तुम्हारा पति उत्पन्न हुआ है और उसका नाम दुर्लभकुमार रखा गया है'।

केवली के उत्तर को सुनकर वह यक्षिणी बहुत प्रसन्न हुई और मानवती का रूप धारण कर कुमार के पास पहुँची। उसने कुमार से कहा—"यहा क्या क्रीडा कर रहे हो, चलो उद्यान मे चलकर क्रीडा की जाय।' वह कुमार को अपने आवास पर ले गयी। कुमार उसके रत्नमय सुन्दर भवन को देखकर आश्चर्य चकित हो गया। कुमार की इस स्थिति को देखकर भद्रमुखी ने कहा—'नाथ! मै आपकी पूर्वभव की पत्नी हूँ। मैंने यक्ष पर्याय प्राप्त की है। हम लोगो का मिलन बडे पुण्योदय से हुआ है।" कुमार भद्रमुखी के प्रम मे पडकर वही रहने लगता है। कुमार के माता पिता पुत्र के चले जाने से बहुत दु.खी हुए और एक दिन केवली से पुत्र के सम्बन्ध मे पूछा—

केवली "तुम्हारा पुत्र पूर्वभव के स्नेह के कारण भद्रमुखी व्यन्तरी के प्रेमपाश मे फँस गया है और जब तुम लोग व्रत धारण करोगे, तभी समागम होगा।'

राजा द्रोण ने अपने छोटे पुत्र को राज्यभार सौपकर पटरानी सहित प्रव्रज्या ग्रहण कर ली।

अल्पायु रह जानेपर वह दुर्लभकुमार केवली के निकट गया और वहाँ उसने श्रमण दीक्षा धारण कर ली। तपस्या के प्रभाव से वह महाशुक्र विमान मे देव उत्पन्न हुआ। वहाँ से च्युत होकर वह राजगृह मे राजा महेन्द्रसिंह और रानी कूर्मा के यहाँ धर्मदेव नाम का पुत्र हुआ। माता के नाम पर यही कुम्मापुत्त कहा जाने लगा। कुम्मापुत्त आरम्भ से ही सयम का पालन करने लगा और प्रव्रजित होकर घोर तपश्चरण द्वारा उसने केवल ज्ञान प्राप्त किया।

समीक्षा—इस चरितकाव्य मे सवाद बहुत अच्छे बन पड़े है। बताया गया है कि व्यक्ति सयम और विशुद्ध भावना के बल से अपने चरित्र का इतना विकास कर सकता है कि वह गृहस्थावस्था मे रहते हुए भी सिद्धि प्राप्ति की क्षमता अपने भीतर उत्पन्न

कर ले सकता है। जिस प्रकार कपड़े छोड़ते ही भरत चक्रवर्ती को केवल ज्ञान प्राप्त हो गया, उसी प्रकार साधना के कारण कुम्मापुत्त को भी।

इस चरितकाव्य में दान, शील, तप और भावशुद्धि की महत्ता वर्णित है। चरित का विकास भी उक्त चारो तत्त्वो द्वारा ही होता है।

कवि ने वर्णनो को भी सरस बनाया है। राजकुमार भद्रमुखी यक्षिणी के आवास पर पहुँचता है और वहाँ के सौन्दर्य को देखकर मुग्ध हो जाता है। कवि ने इस वर्णन-प्रसङ्ग का अच्छा चित्रण किया है।

रयणमयखम्भपंती कंतीभरभरिअभितरपएसं।
मणिमयतोरणधोरणि तरुणपहाकिरणकब्बुरिअं॥ २५॥
मणिमयखंभअहिट्ठिअ पुत्तलिआकेलिखोभिअजणोहं।
बहुभत्तिचित्तचित्ति अगवक्खसदोहकयसाहं॥ २६॥

यक्षिणी के आवासगृह के खम्भो की पंक्ति रत्नमयी थी और उनकी कान्ति से दीवालें प्रकाशित होती थी। मणिमय तोरण लगे हुए थे तथा उनकी उज्ज्वल किरणो की प्रभा सर्वत्र व्याप्त थी। मणिमय खभो के ऊपर शालभंजिकाएँ स्वर्ण और रत्नमय निर्मित थी। दीवालो के ऊपर नाना प्रकार के चित्र अंकित किये गये थे।

तथ्य के रूप मे कई सूक्तियाँ लिखी गयी है, जिनसे काव्य मे चारुता उत्पन्न हो गयी है—

तित्थयरा य गणहरा चक्कहरा सबलवासुदेवा य।
अइबलिणी वि न सक्का काउं आउस्स सन्धाणं॥ ५१॥

तीर्थङ्कर, चक्रवर्ती, गणधर, शक्तिशाली वासुदेव और अतिबलवान् प्रतिनारायण आदि भी अपनी आयु को एक क्षण भी नही बढा सकते हैं।

शैली और भाषा दोनो प्रौढ है। जहाँ तहाँ अपभ्रंश का प्रभाव है। बीच-बीच मे संस्कृत पद्य भी आये है। अलकारो का नियोजन भी स्वाभाविक रूप मे हुआ है। चरितो की स्थापना सुन्दर हुई है।

अन्यचरितकाव्य

अन्य चरित-काव्यो मे सोमप्रभ सूरि का ९००० गाथा-प्रमाण सुमतिनाहचरियं, वर्धमान सूरि के आदिनाह चरिय, और मनोरमाचरिय, देवेन्द्र सूरि का कण्हचरिय एवं जिनेश्वर सूरि का चंदप्पहचरिय (चन्द्रप्रभचरितम्) प्रसिद्ध और सरस चरित-काव्य हैं। चन्द्रप्पहचरियं ४० गाथाएँ और कण्हचरिय (कृष्णचरित) में ११६३ गाथाएँ हैं। इन चरित काव्यो में नायकों के चरित का विकास दिखलाया है। काव्यतत्त्व भी प्रचुर

रूप में पाये जाते हैं। चन्दप्पहचरिय में चन्द्रप्रभ नाम की सार्थकता का चित्रण करते हुए लिखा है—

पई गब्भत्थे जणणीइ चन्दपाणम्मि दोहलो जेण।
चन्दप्पहुत्ति नाम तुह जायन्तेण अभिरामं॥ १२॥

अर्थात् माता को गर्भकाल में चन्द्रपान का दोहल उत्पन्न हुआ, इस कारण इनका नाम चन्द्रप्रभ रखा गया।

कृष्ण चरित मे पूर्वभव के वर्णनों के साथ जन्म, कंसवध, द्वारिका निर्माण, पाण्डवों की परम्परा, द्रौपदी के पूर्वभव, जरासन्ध और कृष्ण का युद्ध, राजीमति का जन्म, नेमिनाथ के साथ विवाह की तैयारी, नेमिनाथ को विरक्ति और दीक्षाग्रहण का मार्मिक चित्रण हुआ है। द्रौपदी का अपहरण और गजमुकुमाल वृत्तान्त, रथनेमि और राजीमति का सवाद, द्वीपायन का द्वारिका दहन रोचक प्रसङ्ग है।

हेमचन्द्राचार्य के गुरु देवचन्द्र सूरि ने सन्तिनाहचरिय, नेमिचन्द्र के शिष्य शान्तिसूरि ने मुनिचन्द्र के अनुरोध से सन् १००८ मे पुहवीचन्द चरिय, मलधारी हेमचन्द्र ने नेमिनाह-चरिय और उनके शिष्य श्रीचन्द्र ने सन् ११३५ ई० मे मुणिसुव्वयसामिचरिय एवं देवेन्द्र सूरि के शिष्य श्रीचन्द्र सूरि ने सन् ११५४ ई० मे सणकुमारचरिय की रचना की है।

श्रीचन्द्र सूरि के शिष्य वाटगच्छीय हरिभद्र ने चौबीस तीर्थङ्करो के जीवन चरित लिखे है। इनमे चन्दप्पहचरिय, मल्लिनाहचरिय और नेमिनाहचरिय उपलब्ध हैं। मुनि-भद्र ने सन् १३५३ मे सतिनाहचरिय की रचना की है। नेमिचन्द्र सूरि का अनन्तनाह-चरिय भी उपलब्ध है। इसमें भक्ति और अर्चा का माहात्म्य वर्णित है।

गद्य-पद्य मिश्रित चरित-काव्य

प्राकृत भाषा मे कुछ इस प्रकार के चरित-काव्य है, जो गद्य-पद्य मिश्रित शैली में लिखे गये हैं। इनकी शैली चम्पूकाव्य से भिन्न है। यद्यपि चम्पूकाव्य के विकास मे इन गद्य-पद्य मिश्रित चरितो का स्थान महत्वपूर्ण है और इनसे चम्पूकाव्यो के विकास की परम्परा जोडी जा सकती है, तो भी इन्हे चम्पूकाव्य नही माना जा सकता। यदि इनके विकास की क्रम परम्परा का निर्धारण किया जाय तो ऐतरेय ब्राह्मण की, जो गद्य-पद्य मिश्रित परम्परा सस्कृत साहित्य मे आविर्भूत हुई, जिसमें हरिश्चन्द्रोपाख्यान जैसे चरित ग्रन्थ लिखे गये और उत्तरकाल मे पञ्चतन्त्र-प्रणाली प्रादुर्भूत हुई, उसी परम्परा का किञ्चित् विकसित रूप ये प्राकृत के चरित-काव्य है। संस्कृत साहित्य मे दशकुमार चरित और हर्षचरित गद्यात्मक चरित होते हुए भी आख्यायिका है, काव्य नही। इन ग्रन्थो की वर्णन शैली अपूर्व है। काव्य सौन्दर्य भी यथा स्थान समाविष्ट होता गया है। पर चरित-काव्य के लक्षण प्रस्फुटित न होने से इन्हे चरित काव्य नहीं कहा जा सकता। यह पहले ही लिखा जा चुका है कि चरित काव्य मे पौराणिक तत्त्वो का समावेश भी अलकृत शैली में होता है।

प्राकृत के गद्य-पद्य मिश्रित चरित-काव्यो मे निम्नलिखित विशेषताएँ पायी जाती है।

१ जीवन चरित का काव्यात्मक शैली मे गुम्फन रहता है।

२. चरित की परस्पर-सम्बद्ध कार्य शृखला रहती है।

३ जीवन के विविध सम्बन्धो की उचित और न्याय पूर्ण व्याख्याएँ की गयी है।.

४. नैतिक और आचारमूलक अवधारणाओ की स्थापनाएँ और व्याख्याएँ है।

५- नायक के चरित का महत्व बतलाने के हेतु पौराणिक मान्यताओ का काव्य के रूप मे प्रस्तुतीकरण किया है।

६. व्यापक और स्थायी उद्देश्यो का क्रमश विकास हुआ है।

७ मूलचरित का विकास और विस्तार प्रकट करने के लिए प्रासगिक चरितो का विन्यास किया गया है।

८ लोकरञ्जन की अपेक्षा व्यक्ति पक्ष अधिक मुखरित हुआ है।

९ काव्य-सौन्दर्य एव शोभातिशायक अलकारो का मणिकाचन सयोग होने पर भी चम्पू जैसी प्रौढ़ता नही है।

१० चरित का पौराणिक स्रोत होनेपर भी शब्दो का सुन्दर विन्यास, भावो का समुचित निर्वाह, कल्पना की ऊँची उड़ान एव प्रकृति के सजीव चित्रण किये गये हैं।

११. गद्य भाग में सीधे-साधे वर्णन ही आते है, पर पद्य भाग मे शब्द और अर्थ का मनोहर सामञ्जस्य हुआ है।

१२. काव्य, कथा और दर्शन इन तीनो का उचित रूप मे मिश्रण है।

१३. चरित-काव्यों का उद्देश्य महान् है—निर्वाण आदि की प्राप्ति। नायक के आदर्श पर पाठको को चलने की प्रेरणा दी गयी है।

१४. धर्मशास्त्र के तत्त्वो और सन्दर्भों को काव्यात्मक आवरण देकर प्रस्तुत किया है, अत भावात्मक वर्णन पद्यो मे और दृश्यात्मक वर्णन गद्य मे न होने से चम्पूविधा की पुष्टि नही हो पायी है।

१५. मूलवृत्तियो का उदात्तीकरण किया है।

इस कोटि के प्रमुख चरित-काव्यों का परिशीलनात्मक परिचय प्रस्तुत किया जाता है।

चउप्पन-महापुरिस-चरियं[१]

जैन साहित्य मे महापुरुषो की मान्यता के सम्बन्ध मे दो विचार धाराएँ उपलब्ध होती है—एक प्रति वासुदेवो के साथ गणना कर ५४ शलाका पुरुष मानती है और दूसरी प्रतिवासुदेवो की गणना स्वतन्त्र रूप से मानकर ६३ शलाका पुरुष। प्रस्तुत चरित ग्रन्थ विशालकाय है। इसमे चरित शैली मे ५४ शलाका पुरुषो के जीवन-सूत्र ग्रथित किये गये है। इस चरित ग्रन्थ के रचयिता श्री शीलकाचार्य है। ये निर्वृतिकुलीन मानदेव सूरि के शिष्य थे। इनके दूसरे नाम शीलाचार्य और विमलमति भी उपलब्ध होते है। आचार्यपद प्राप्त करने के पूर्व एव उसके पश्चात् ग्रन्थकार का नाम क्रमश. विमलमति और शीलाचार्य रहा होगा। ऐसा मालूम होता है कि शीलाङ्क ग्रन्थकार का उपनाम है। इस चरित-काव्य के अन्त मे जो प्रशस्ति उपलब्ध है, उसमे भी इनके समय पर कोई प्रकाश नही पडता। पर विद्वानो ने अनेक प्रमाणो के आधार पर इसका रचनाकाल ई० सन् ८६८ निर्धारित किया है।

इस चरित-काव्य मे ऋषभदेव, भरत चक्रवर्ती, शान्तिनाथ, मल्लिस्वामी और पार्श्वनाथ के चरित पर्याप्त विस्तारपूर्वक वर्णित है। मूल चरितो मे नायको के पूर्व-भव एव अवान्तर कथाओ का सयोजन कर इन्हे पर्याप्त सरस बनाया है। सुमतिनाथ, सगर चक्रवर्ती, सनत्कुमार चक्रवर्ती, सुभौमचक्रवर्ती, अरिष्टनेमि, कृष्ण, बलदेव, ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती और वर्धमान स्वामी के चरितो में विविध प्रसगो के आख्यानो का मिश्रण कर रोचकता उत्पन्न की गयी है।

१ ई० सन् १९६१ में प्राकृत-ग्रन्थ-परिषद्, वाराणसी द्वारा प्रकाशित।

इस चरित-काव्य का उद्देश्य शुभाशुभकर्म बन्ध के परिणामो का दिग्दर्शन कराना है। इस उद्देश्य में यह काव्य सफल है। कवि ने जन्म-जन्मान्तर के सस्कारो, निदान, विकारो के प्रमुख एव ससार विषयक आसक्तियो के विश्लेषण चरितो द्वारा किये हैं। वरुण कथानक और मुनिचन्द्र के कथानक मे ससार आकर्षण के केन्द्र नारी की निन्दा एव उसके विश्वासघात का विवेचन किया गया है। वर्णन शैली और वस्तु निरूपण की परम्परा पर समराइच्चकहा का प्रभाव लक्षित होता है।

यो तो लेखक ने अपने इस चरित ग्रन्थ की रचना करने के लिए अपने से पूर्ववर्ती साहित्य से स्रोत ग्रहण किये है, पर तो भी उसने चरितो मे अनेक तथ्य अपनी ओर से जोडे है। प्रसङ्गवश वर्णनो मे सास्कृतिक सामग्री भी प्रचुर परिमाण मे उपलब्ध है। युद्ध, विवाह, जन्म एव उत्सवो के वर्णन प्रसङ्ग मे अनेक बाते इस प्रकार की आयी है, जिनमें तत्कालान प्रथाओ और रीति-रस्मो का पर्याप्त निर्देश वर्तमान है। चित्रकला, सगीत कला एव पुष्पमाला के गुच्छो मे हॅस, मृग, मयूर, सारस एव कोकिल आदि की आकृतियो का गुम्फन किये जाने का निर्देश है।[1]

चरितो मे उदात्ततत्त्व उपलब्ध है। परिसवादो मे अनेक नैतिक तथ्यो का समावेश हुआ है। उदाहरणार्थ एक सवाद उद्धृत किया जाता है:—

धन सार्थवाह के एक प्रधान कर्मचारी से एक वणिक् ईर्ष्यावश पूछता है कि तुम्हारे सार्थवाह के पास कितना धन है? उसमे कौन-कौन गुण है? वह क्या दे सकता है? इस प्रश्न के उत्तर मे मणिभद्र अपने सेठ का परिचय देते हुए कहता है कि हमारे स्वामी म एक ही वस्तु है और वह है विवेक-भाव और जो एक वस्तु नही है, वह है अनाचार। अथवा दो वस्तुएँ है—परोपकारिता तथा धर्म की अभिलाषा, जो दो वस्तुएं नही है, वे है अहकार और कुसगति। अथवा तीन वस्तुएं उनमे है और तीन नही हैं। उनमे कुल, शील एव रूप है, जब कि दूसरे को नीचा दिखाना, उद्धतता और परदार-गामित्व नही है। अथवा उनमे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष ये चार वस्तुएँ है और फल की अभिलाषा, बडप्पन की भावना, विषयान्धता एव दु.खी को कष्ट पहुँचाना ये चार बातें नही है। अथवा उनमें ज्ञान, विज्ञान, कृतज्ञता और आश्रितो का पोषण ये पाँच बातें पायी जाती है एव दुराग्रह, असयम, दीनता, अनुचित व्यय और कर्कश भाषा प्रयोग ये पाँच बातें नही पायी जाती हैं।[2]

---

१ कुसुमकरडयाओ हस-मय-मयूर-सारस-कोइलकुलल्वयविण्णासपरियप्पिय सयल-कुसुमसामिद्धसमिद्ध ''चउ० म० पृ० २११

२ भणिओ य तेणमणिभद्दो जहा—अहो भद्दमुह। किं तुम्ह सत्यवाहस्स अत्यजाय-मत्थि? केरिसा वा गुणा? किं पभूयं वित्तं, किं वा दाउं समत्थो त्ति। '' '' 'इह

इस प्रकार वार्तालापों द्वारा नैतिक तथ्यों पर तो प्रकाश डाला ही गया है, पर साथ ही काव्य में संवादों द्वारा सरसता समाविष्ट की गई है। प्रजापति राजा की रानी मृगावती के सौन्दर्य का वर्णन करते हुए बताया है —

मणिकिरणकरबियकुसुमदामसंवल्लियपम्हपब्भारो।
घणसण्हकिण्हणिद्धो णिज्जियसिहिकुन्तलकलावो ॥ २ ॥
मयलकलालयसमिविम्बविम्हयुगारकन्तिपडहत्थं।
वयणं मयणुम्मिल्लतपंडुगंडयलराहिल्लं ॥ ३ ॥
अण्णोण्णपीडणुब्भडपरिणाहाअरुद्धवच्छयल।
उवरिपहोलिरहारं अलद्धविवर थणावीढं ॥ ४ ॥
णिज्जियमेसुवमाणं मणिमयकडयुच्छलन्तहलवोलं।
परिणाहपीवरावं दुराहय बाहुजुयल से ॥ ५ ॥—पृ० ९५

मणियों की किरणों से मिश्रित कमल पुष्प की मालाओं से युक्त घनी, काली और स्निग्ध केशराशि सुशोभित होती थी। वह समस्त कलाओं का आलय थी और उसका पूर्ण मुख चन्द्रमा की कान्ति से युक्त था और कामदेव की आभा के मिलने से उसके गडस्थल—कपोल पाण्डुवर्ण के हो रहे थे। उसके उन्नत वक्षःस्थल पर हारावलि सुशोभित थी, जो कि स्तनों पर लहरा रही थी। समस्त उपमानों को फीका कर देनेवाली उसकी उन्नत और स्थूल बाहुएँ थीं, जिनमें मणिमय ककण उछलते हुये आवाज कर रहे थे।

इस चरितकाव्य में प्रसगवश विबुधानन्द नामक एकाङ्की नाटक भी निबद्ध है।

भाषा की दृष्टि से इस कृति में उद्वृत्तस्वरों के सन्धिलोप, श्रुतभेदादि प्रयोग, समसरकृत प्रयोग, सिद्धसरकृत प्रयोग, विभक्तिव्यत्यय, विसर्गलोप और वर्णव्यत्यय आदि अनेक महत्त्वपूर्ण प्रयोग उपलब्ध हैं। छन्द का मेल बैठाने के लिए जहाँ-तहाँ दीर्घ स्वर का ह्रस्व और ह्रस्व का दीर्घ स्वर भी मिलता है। 'वेमाहियउ जइ सिय केणइ अलद्धमज्झ, जुवइचरिउ जइसिय अइकुडिलमग्ग''—। आदि में अपभ्रंश भाषा भी मिलती है। चर्चरीगीत, कालनिवेदकगीत और प्रहेलिका में प्राय अपभ्रश का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। साहित्य की दृष्टि से भी उक्त गीतों का मूल्य कम नहीं है। इस चरितकाव्य की प्रमुख विशेषताएँ निम्न प्रकार हैं—

१. सूर्योदय, वसन्त, वन, सरोवर, नगर, राजसभा, युद्ध, विवाह, विरह, समुद्रतट, उद्यानक्रीडा एवं ग्रामों का सुन्दर काव्यात्मक वर्णन आया है।

२ महाकाव्य की गरिमामयी शैली से वस्तुवर्णन है।

अम्ह सामियस्स एक्क चेव अत्थि विवेइत्तण, एक्का च णत्थि अणायारो। —पउ० म० पृ० ११

३. जीवन के विराटरूप का सासारिक सघर्ष के बीच प्रदर्शन किया है।

४. जीवन के व्यापक प्रभावो का पात्रो के जीवन मे अकन है।

५. अनेक रूपात्मक सवेदनाओ का एकत्र प्रदर्शन है।

६. एक ही कथा केन्द्र की परिधि में विविध कथानको की मार्मिक योजना वर्तमान है।

७. रागात्मक बुभुक्षा की परितृप्ति के लिए स्वतन्त्र कल्पना का प्रयोग किया है।

जंबुचरियं[1]

जबुचरिय (जम्बूचरितम्) एक श्रेष्ठ चरित-काव्य है। इसके रचयिता गुणपाल मुनि है। ये नाइलगच्छीय वीरचद्रसूरि के प्रशिष्य थे। इनकी एक अन्य कृति 'रिसिदत्ता-चरिय' नामकी बतायी जाती है, जिसकी ताडपत्रीय प्रति पूना मे सुरक्षित है। गुणपाल ने अपने गुरु प्रद्युम्न सूरि को वीरभद्र का शिष्य बतलाया है। अत अवगत होता है कि उद्योतन सूरि के सिद्धान्तगुरु वीरभद्राचार्य और गुणपाल मुनि के प्रगुरु वीरभद्रसूरि दोनो एक ही रहे होगे। इस ग्रन्थ के रचनाकाल पर प्रकाश डालते हुए मुनि जिनविजय जी ने लिखा है—" "प्रस्तुत 'चरिय की रचना कब हुई इसका सूचक कोई उल्लेख इसमे नही किया गया है। पर ग्रन्थ की रचना-शैली आदि से अनुमान होता है कि विक्रम सवत् ११वी शताब्दी मे या उसके कुछ पूर्व मे इसकी रचना हुई होगी। जेसलमेर मे प्राप्त ताडपत्र की प्रति के देखने से ज्ञात होता है कि १४ वी शताब्दी के पूर्व की लिखी होनी चाहिए।।" हमारा अनुमान है कि इस ग्रन्थ की रचना ९ वीं शती के आस-पास मे हुई होगी।

कथावस्तु—इस चरितकाव्य की कथावस्तु १६ उद्देशो मे विभक्त है। काव्य के नायक जम्बूस्वामी है। आरम्भ मे चार उद्देशो मे चरितकाव्य की उत्थापना वर्णित है। अनन्तर जम्बूस्वामी के प्रथम भव भवदेव का बडा ही रोमाण्टिक वर्णन किया है। भवदेव नागिला पर इतना आसक्त है कि तपस्वी हो जाने पर भी अपनी उस नवोढा का सर्वदा स्मरण करता रहता है। भवदेव का बडा भाई भवदत्त उसे अनेक प्रकार से समझाता है, धर्म में दृढ करता है, किन्तु भवदेव को एक भी उपदेश रुचता नही। भवदत्त के स्वर्गारोहण के अनन्तर भवदेव अपने गाँव में आता है और नागिला द्वारा उसे उपदेश मिलता है। अत' नारी द्वारा प्रताडित हो भवदेव तपश्चरण मे सलग्न हो जाता

---

१. सन् १९५९ मे सिघी जैन शास्त्र शिक्षापीठ, भारतीय विद्याभवन, बम्बई द्वारा प्रकाशित।

है और स्वर्गलाभ करता है। वहाँ से च्युत होकर वह विदेह में पद्मरथ राजा के यहाँ शिवकुमार नाम का पुत्र उत्पन्न होता है। शिवकुमार युवक होने पर कनकवती का दर्शन करता है और यही उसके हृदय मे प्रेम का अंकुर उत्पन्न हो जाता है। दोनो का विवाह सम्पन्न होता है। एक दिन शिवकुमार भवदत्त के जीव सागरदत्ताचार्य का उपदेश सुनता है और अपनी पूर्वभवावलि उसमें जानकर विरक्त हो जाता है। तपश्चरण के अनन्तर स्वर्ग प्राप्त करता है और वहाँ से च्युत हो राजगृह में ऋषभदत्त सेठ के यहाँ जन्म ग्रहण करता है। सुधर्म स्वामी का राजगृह मे आगमन होता है और वहाँ उनकी धर्म-देशना सुनने के लिए राजगृह निवासी एकत्र होते है। जम्बूकुमार भी उपदेश सुनने जाता है और गृहस्थ धर्म के व्रतो के साथ आजन्म ब्रह्मचर्य व्रत भी धारण कर लेता है। माता-पिता के सन्तोष के लिए जम्बूकुमार का आठ सुन्दरियो के साथ विवाह होता है। वह प्रत्येक सुन्दरी को ससार के कष्टो का परिज्ञान करने के लिए दृष्टान्त स्वरूप कथाएँ कहता है। ये कथाएँ मनोरंजक होने के साथ शिक्षाप्रद भी है। सभी पत्नियाँ विरक्त होकर प्रव्रजित हो जाती है। जम्बूस्वामी भी दीक्षित हो जाते है और घोर तपश्चरण करने लगते है। सुधर्म स्वामी को केवलज्ञान होने के पश्चात् श्रमणसघ का सारा दायित्व जम्बूस्वामी को सभालना पडता है। अन्तिम केवली होते है और वीर नि० स० ६४ मे निर्वाण लाभ करते है।

समीक्षा – इस चरितकाव्य का स्रोत वसुदेवहिंडी है। लेखक ने पौराणिक चरित को पर्याप्त सरस बनाने का प्रयास किया है। भवदेव के चरित का कवि ने पूरा विकास दिखलाया है। जम्बूकुमार के चरित्र का विविध परिस्थितियो और प्रसगो का आश्रय लेकर विकसित करने का प्रयास किया है। किन्तु इस चरित का आरम्भ मे ही इतना अधिक आदर्श बनाने का प्रयास है जिससे उसमें उत्थान और पतन की विकास परम्परा निश्चित नहीं हो पायी है। काव्य का रचयिता चरित मे विकास-परम्परा की योजना करता है, पर इस चरित मे पूर्वभवो में उत्थान-पतन की परम्परा दिखलाकर मुख्य भव को इतना आदर्श चित्रित कर दिया है जिससे काव्य की सरसता मे न्यूनता आ गयी है। जबू के चरित म आदर्श की गरिमा और महत्ता इतनी अधिक विद्यमान है, जिससे पाठक उसे देखभर सकता है, पर उसका स्पर्श नही कर सकता। उनका चरित्र साधारण मानव का नही हो सकता है। अत साधारणीकरण की स्थिति की सभावना ही नही आ पाती है।

नायक की आठ पत्नियाँ है, नायक उन्हे वैराग्यवर्धक कथानक सुनाकर उपदेश द्वारा तपस्विनी बना देता है। विषय-भोग की सामग्री के बीच रहते हुए भी नायक अपनी ली गयी प्रतिज्ञा का निर्वाह बडी दृढता से करता है। सवाद तत्त्व भी कथावस्तु को रसमय बनाने मे योगदान देते है।

धार्मिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए लिखे गये इस चरित काव्य मे साहित्यिक गुणो की कमी नही है। गम्भीर तत्त्वो, दार्शनिक सिद्धान्तो और आचारगत नियमो का विश्लेषण चरित के माध्यम से किया गया है अलकृत प्रयोगो ने साधारण घटनाओ को भी प्रभावोत्पादक बनाने का प्रयास किया है। इस काव्य का प्रधान उद्देश्य जीवन की चिरन्तन समस्याओ पर प्रकाश डालना तथा सासारिक, दुःख और सन्तापो से निवृत्ति प्राप्त करना है। उपदेशो को भी वक्रोक्तियो द्वारा सरस बनाने का पूर्ण प्रयास वर्तमान है। यथा—

उवयारसहस्सेहिं वि, वंकं को तरइ उज्जुयं काउं।
सीसेण वि वुब्भंतो, हरेण वंको चिय मयंको ॥ १५।३४

हजारो उपकार करने पर भी टेढे व्यक्ति को सीधा नही किया जा सकता है। शकर चन्द्रमा को अपने सिर पर धारण करते है, पर वह टेढे का टेढा ही है, सीधा नही बन सकता है।

कवि ऋतुओ के चित्रण मे बहुत प्रवीण है। शरत् का वर्णन करता हुआ कहता है—

वियसंतकमलसंडो संपत्तो तक्खणं सरओ ॥
उप्फुल्लकुवलयच्छी, वियसियसयवत्तपहसिरी सहइ।
दट्ठूण सरयदइयं, पुहइवहू गरुयराएण ॥
पुड्डुरपओहराओ, वियसियसियकासकुसुमवत्थाओ।
घणसमयदइयविरहे, जासाओ दियाओ तणुयाओ ॥
सियकासकुसुमदसणुच्छलन्तकिरणाए सरयलच्छीए।
सरयागमे पहसियं, तह जह जायं नहं विमलं ॥ ५।१७–२० ॥

उसी समय कमल वन को विकसित करता हुआ शरत्काल प्रविष्ट हुआ। फूली हुई कुमुदिनी के समान नेत्रवाली विकसित शतपत्र कमलश्री पृथ्वी को वधू शरत् लक्ष्मी को अत्यन्त अनुरागपूर्वक देखकर सुशोभित होती है।

पाण्डुरग के पयोधर —बादलो से युक्त विकसित श्वेत काँस-पुष्प रूपी वस्त्रो से सुशोभित दिशाएँ—बालाएँ घन समय—वर्षाऋतु—अधिक समय पर्यन्त पति से वियुक्त रहने के कारण दुर्बल—क्षीण हो गयी हैं।

शरद् लक्ष्मी के हँसते समय श्वेत कासरूपी दाँतो की कान्ति से आकाश निर्मल हो गया है।

प्रस्तुत सन्दर्भ में शरत् लक्ष्मी के वर्णन मे कवि ने उत्प्रेक्षाओ की सुन्दर योजना की है।

विद्युतमाली का वर्णन करते हुए उपमाओ की झड़ी लगा दी है। यथा—

मयरद्धउ व्व रूपी इन्दो इव सयलसंपया कलिओ।
चंदाइरेयसोमो कंतिल्लो दिवसनाहो व्व ॥ ४।३ ॥

वह कामदेव के समान सुन्दर, इन्द्र के समान समस्त सम्पत्तियो से युक्त, चन्द्रमा के समान सौम्य और सूर्य के समान कान्तिवाला था।

नारी सौन्दर्य निरूपण मे अनेक उपमानो का प्रयोग किया है। नख-शिख चित्रण में कवि किसी भी महाकवि मे न्यून नही है। यथा--

मुहयंदकंतिपसरियपहमियसंपुन्नचदसोहाओ।
पम्हलतारसमुज्जललोलविरायंतनयणाओ ॥
पीणुन्नयकलपीवरथणकलसविरायमाणवलयाओ ।
वेल्लहलभुयलयाओ ललणविरायंत मज्झाओ ॥
पिहुलनियंबयडट्ठियरसणाकलघोसमुहलियदिसाओ ।
करिकरसरिसोरगनेउरायंत चलणाओ त्ति ॥
५।१८२-१८४

कनकवती के मुखचन्द्र की कान्ति से सम्पूर्ण चन्द्र प्रकाशित होता है। सुन्दर पक्ष्म-लोमो मे चचल नेत्र सुशोभित हो रहे है। वक्ष स्थल पर उन्नत और पीन-स्थूल स्तन-कलश सुशोभित है। उसकी भुजाएँ लता के समान और कटि कृश होती हुई सुशोभित हो रही है। पृथुल विकट नितम्बो के ऊपर शोभित करधनी मे लगी हुई क्षुद्र घटिकाएँ अनुरण कर रहा है। हाथी के शुण्डादण्ड के समान पैरो मे पहनी हुई पाजेब सर्प के तुल्य प्रतीत होती है।

इस प्रकार कवि ने वर्णनो और चित्रणो में रसमयता का पूरा समावेश किया है। उपदेश और दर्शन तत्त्व का विवेचन करते हुए कवि ने श्रावकाचार और श्रमणाचार के निरूपण के साथ रत्नत्रय का भी विवेचन किया है। श्रमणधर्म का निरूपण करते हुए कहा है—

खंती गुत्ती य मद्दवज्जव, मुत्ती तवसंजण तहा।
सच्चं सोयं आकिंचणं च बंभं च जइधम्मो ॥
पचासवाणि विरई, पंचिंदियनिग्गहो कसायजओ।
दंडतिगस्स य विरई, अह एसो संयमो भणिओ ॥५।१८४-१८५॥

क्षमा, गुप्ति, मार्दव, आर्जव, तप,--सयम, सत्य, शौच, आकिचन और ब्रह्मचर्य ये यतिधर्म है। पाँच प्रकार के आस्रवो से विरक्ति, पञ्च इन्द्रियो का निग्रह, कषाय जय, मन-वचन-काय की उदण्डता का त्याग सयम कहलाता है। श्रमण को इस सयम का और यतिधर्म का पालन करना आवश्यक है।

इस चरित काव्य मे सूक्तियो का व्यवहार कवि ने किया है। प्रेम और विरक्ति के प्रसंग में कई सूक्तियाँ इस रूप मे व्यवहृत हुई है कि विषय के स्पष्टीकरण के साथ काव्यात्मक चमत्कार उत्पन्न हो गया है। यथा--

दूरयरदेसपरिसंठियस्स पियसंगमं महंतस्स।
आसाबंधो च्चिय माणुसस्स परिक्खए जीयं ॥ ४।२८ ॥

दूरतर देश मे स्थित प्रिया के सगम की इच्छा करते हुए मनुष्य के जीवन की आशा का तन्तु ही रक्षा कर सकता है।

उपर्युक्त गाथा की तुलना मेघदूत के निम्न पद्यांश के साथ की जा सकती है—

आशाबन्ध. कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनानाम्।
सद्य. पाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणाद्धि ॥ पूर्वमेघ ९ ॥

गयकन्नतालसरिसं, विज्जुलयाचंचल हवइ जीयं।
सुविणसमा रिद्धीओ बंधवभोगा घनेभा य ॥ ४।४२ ॥

जीव—वर्तमान शरीर मे प्राणो का रहना बिजली के समान चचल है, धन-धान्यादि वैभव स्वप्न के समान है और बन्धु-बान्धव एव भोग-ऐश्वर्य बादल की छाया के समान क्षणिक है।

जं कल्ले कायव्व अज्जं चिय तं करेह तुरमाणा।
बहुविग्घो य मुहुत्तो मा अवरण्हं पडिक्खेह ॥ ६।२०४ ॥

जो कल करना है, उसे आज ही जल्दी से कर डालो। प्रत्येक मुहूर्त विघ्नकारी है, अतएव अपराह्न की अपेक्षा मत करो।

इस चरित काव्य मे प्रयुक्त गद्य मे समस्यन्त पदावलि का व्यवहार किया गया है। कुमार जिन मन्दिर से निकल कर अपने वासगृह मे प्रविष्ट हुआ। वासगृह का सुन्दर चित्रण किया है।

"कयपणामपूयोवयारो सहरिसपईयमाण-सयलसमागयलोयमग्गो नोहरिओ जिणभवणाओ। तेणेव य विहिणा संपत्तो नियमंदिरं ति। तत्थ वि सुरहिपइन्न-कुसुमदामविलंबियपवराहिरामं, कप्पूररेणुकुंकुमकेसरलवंगकत्थरियसुरहिगंधड्ढ-पूरपूरियं, विप्फुरमाणुब्भडपोमरायसमुज्जोइयओवरं नाणावयारचीणंसुयमहास-मुल्लोयकयपवरवित्थरं चलमाणमत्तमहुयरझंकारमुहलियमुहरवं पविट्ठो कुमारो वासहरं ति।

रयणचूडरायचरिय[1]

काव्य के रचयिता चन्द्रकुल के बृहद्गच्छीय उद्योतन सूरि के प्रशिष्य और आम्रदेव के शिष्य नेमिचन्द्र सूरि हैं। आचार्य पद प्राप्त करने के पहले इनका नाम देवेन्द्रगणि था। ये मुनिचन्द्र सूरि के धर्म सहोदर थे। इस गच्छ में प्रद्युम्नसूरि, मानदेव सूरि, सुप्रसिद्ध देवसूरि, उद्योतन सूरि तथा अम्बदेव उपाध्याय हुए हैं। इन्होंने कई प्राकृत ग्रन्थों का प्रणयन किया है। वि० सं० ११२९ में उत्तराध्ययन की सुखबोध टीका तथा वि० सं० ११४० में महावीरचरिय की रचना की है। चरित-काव्य के रचनाकाल का पता नहीं लगता है। प्रशस्ति में रचना के आरम्भ और समाप्त करने का स्थान निर्दिष्ट है।

डिडिल्लवद्दनिवेसे पारद्धा संठिएण सम्मत्ता।
चड्डावल्लिपुरीए एसा फग्गुणचउम्मासे ॥ २२ ॥
पज्जुन्नसूरिणो धम्मनत्तुणं तु नुयणुसारेण।
गणिणा जसदेवेण उद्धरिया एत्थ पढमपई ॥ २३ ॥

प्रशस्ति मे[2] दिये गये गद्यवाक्य से ही स्पष्ट है कि इस ग्रन्थ की प्राचीन प्रति कुमारपाल के अधीनस्थ धारावर्ष के राज्य में चक्रेश्वर सूरि-परमानन्द सूरि के उपदेश से चड्डापल्लि के निवासी पुना श्रावक ने लिखवायी थी। अतः यह अनुमान लगाना सहज है कि यह रचना वि० सं० ११२९ और वि० सं० ११४० के बीच तैयार की गयी होगी।

कथावस्तु इस चरित काव्य की कथावस्तु को तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है (१) रत्नचूड का पूर्वभव। (२) जन्म, हाथी को वश करने के लिए जाना, तिलकसुन्दरी के साथ विवाह और (३) रत्नचूड का सपरिवार मेरु गमन और देशव्रत स्वीकृति।

कथा के प्रथम खण्ड में बताया गया है कि कञ्चनपुर में वकुल नाम का माली रहता था। यह अपनी भार्या पद्मिनी सहित जिन जन्ममहोत्सव के पुष्प विक्रय के लिये ऋषभदेव के मन्दिर में गया और वहाँ लक्ष्मीमत पत्नी से जिन सेवा करने की इच्छा उसके मन में जागृत हुई। उसने एक महीने में अपनी इच्छा पूर्ण की और जिन पूजन भक्ति के प्रसाद से वह गजपुर में कमल सेना रानी के गर्भ से रत्नचूड नामक पुत्र उत्पन्न हुआ।

---

१ पन्यास मणिविजय गणिवर ग्रन्थमाला में सन् १९४२ में अहमदाबाद से काव्यरूप में प्रकाशित है।

२ रयणचूडरायचरिय पृ० ६७

रत्नचूड ने बचपन में विद्या और कला ग्रहण करने में खूब परिश्रम किया। पूर्वजन्म के शुभ सस्कारो के कारण उसने अश्वबन्धन, मोचन, वशीकरण एव हस्ति-सचालन, हस्तिवशीकरण आदि कलाओ मे पूर्ण पाण्डित्य प्राप्त किया। एक दिन राजसभा मे एक शबर ने एक अपूर्व हाथी के[1] वन मे आने का समाचार सुनाया, इसे सुनकर रत्नचूड उस हाथी को वश करने के लिए वन को चल पडा। रत्नचूड ने अपनी अद्भुत कला से उस हाथी को वश कर लिया और वह उसके ऊपर सवार हो गया। हाथी रत्नचूड को लेकर भागा। राजा की सेना ने उसका पीछा किया, पर हाथी का उसे पता न लगा। हाथी अत्यन्त दूर घने अरण्य मे पहुँचा और वहाँ एक सरोवर मे कमल पर आरूढ एक तपस्वी के उसने दर्शन लिये। तपस्वी के अनुरोध से कुमार रत्नचूड आश्रम मे गया और वहाँ उसने एक सुन्दरी राजकन्या को देखा। तपस्वी के मुख से कन्या का परिचय सुनकर कुमार रत्नचूड बहुत प्रसन्न हुआ। गुरु प्रदत्त स्तम्भनी विद्या द्वारा विद्याधर से तिलक सुन्दरी को मुक्त किया। पश्चात् अद्भुत रूपलावण्यवाली तिलकसुन्दरी के साथ कुमार रत्नचूड का विवाह सम्पन्न हो गया। तिलकसुन्दरी का विद्याधर अपहरण कर लेता है। वह पति से वियुक्त होने के कारण नाना प्रकार से शोक करती है। रत्नचूड तिलक सुन्दरी की तलाश करता हुआ रिष्टपुर मे आता है। उसे रिष्टपुर नगर का राजभवन शून्य मिलता है और वहाँ राजकुमारी सुरानन्दा की रक्षा करता हुआ यक्ष मिलता है। अनन्तर सुरानन्दा के साथ रत्नचूड का विवाह सम्पन्न हो जाता है। रत्नचूड अनेक विद्याधरो से मिलता है और उसके अन्य भी कई विवाह होते है। राज्यश्री के साथ विवाह कार्य हो जाने पर उसे महान् राज्य प्राप्त होता है। मदनकेशरी का पराजय कर रत्नचूड तिलकसुन्दरी को पुन प्राप्त कर लेता है। तिलकसुन्दरी अपनी शील रक्षा का समस्त वृत्तान्त सुनाती है। समस्त सुन्दरियो के साथ कुमार रत्नचूड नन्दिपुर मे तिलक सुन्दरी के माता-पिता तथा गजपुर मे अपने माता-पिता से मिलता है।

कथा वस्तु के तीसरे खण्ड मे रत्नचूड सपरिवार मेरुपर्वत की यात्रा करता है और वहाँ सुरप्रभ मुनि के दर्शन कर उनका धर्मोपदेश सुनता है। मुनिराज दानधर्म की महत्ता बतलाते है तथा राजश्री के पूर्वभवो का वर्णन करते है, जिससे राजश्री को जातिस्मरण हो जाता है। शील का माहात्म्य बतलाने के लिए पद्मश्री के पूर्वभव, तपगुण का माहात्म्य बतलाने के लिए राजहसी के पूर्वभव का तथा भावनाधर्म का महत्व बतलाने के लिए सुरानन्दा के पूर्वभव का वर्णन करते है। कुमार रत्नचूड तथा उसकी सभी रानियाँ

१ 'हाथी का आना और लेकर भाग जाना'— प्रतिज्ञा यौगन्धरायण नाटक से साम्य है। उदयन को यहाँ पर भी कृत्रिम हाथी लेकर भाग जाता है। घटनाएँ बहुत कुछ मिलती-जुलती है।

अपने-अपने पूर्वभव का वृत्तान्त अवगत कर विरक्त हो जाती है। कुमार रत्नचूड देशव्रत स्वीकार कर लेता है। धर्माराधना के फल से कुमार अच्युत स्वर्ग मे देवपद प्राप्त करता है और वहाँ मे च्युत हो महाविदेह मे मोक्षलाभ करता है।

समीक्षा—इस चरित काव्य मे नायक का सर्वाङ्गीण चरित वर्णित है। उसका चारित्रिक विकास किस प्रकार होता है तथा वह उत्तरोत्तर अपने गुणो का किस तरह अभ्युदय करता है, यह पूर्णतया दिखलाया गया है। कथावस्तु अत्यन्त सरस है, तिलकसुन्दरी का वियोग और उसका प्रेमपत्र तथा प्रेमपत्र के उत्तर मे राजकुमार का प्रेमपत्र लिखना इम चरित काव्य के मर्मस्थल है। रत्नचूड का प्रेमपत्र आधुनिक प्रेमपत्र है। वह अपनी परिणीता प्रेमिका का किस प्रकार आश्वासन देता है, यह द्रष्टव्य है।

स्वस्ति वेयड्ढदाहिणसेढिसंट्ठियरहनेउरचक्कवालनयराओ रयणचूडरायातिलयसुन्दरी पियपिययमं ससिणेहं परिरंभिऊण भणइ। देवीए नियकुसललेहसपेसणेण पावियं परमनेव्वुइं मे हियय उत्तारिओ दुव्वहो चिंताभारो। जओ—

नरयसमाणं रज्जं, विसव विसया दुहंकरा लच्छी।
तुहविरहे मह सुदरि, नयरमरणव्व पडिहाई॥ १॥
पुरओ य पिट्ठिओ य, पासेसु य दीसले तुमं सुयणु।
दहइ दिवसावलयमिणं, मन्ने तुह चिन्तरिच्छोली॥ २॥
चित्ते य वट्टसि तुमं, गुणेसु नय खुट्टसे तुमं सुयणु।
सेज्जाए पलोट्टसि तुमं, विवट्टसि दिसामुहे तसि॥ ३॥
बोल्लंमि वट्टसि तुमं, कव्वपबंधे पयट्टसि तुमंति।
तुहविरहे मह सुंदरि, भुवणंपि हु तंमयं जायं॥ ४॥
अन्नं च न नए सतप्पियव्वं। जओ
कस्स न होइ कम्मवसगस्स विसमो दसाविभागो।

—रयणचूड० पत्र ४४ का पूर्व पृष्ठ

स्वस्ति बैताढ्य की दक्षिणश्रेणि मे स्थित रथनूपुर चक्रवाल नामक नगर से राजा रत्नचूड प्रियप्रियतमा तिलकसुन्दरी को सस्नेह आलिङ्गन करता है, देवि! तुम्हारे कुशलपत्र को प्राप्तकर परम सन्तोष हुआ और चिन्ता का कठिन भार हलका हुआ।

तुम्हारे विरह मे राज्य मुझे नरक समान प्रतीत हो रहा है, विषय भोग विष के समान मालूम होते है। यह सुन्दर नगर अरण्यवत् प्रतीत हो रहा है। हे सुतनु! आगे पीछे और आस-पास जहाँ तक तुम दिखलायी देती हो, वहाँ तक यह समस्त दिग्मण्डल जलता हुआ जान पडता है। तुम शय्या पर शयन करती हुई प्रतीत होती हो तुम मेरे हृदय में सदा स्थित हो। मुझे ऐसा अनुभव हो रहा है कि तुम जिस प्रकार करवट लेती थी, मेरा मन उस-उस दिशा मे घूमता रहता है। प्राणप्यारी सुन्दरि! तुम

प्रत्येक शब्द में निवास करती हो, काव्य प्रबन्ध मे बसती हो। तुम्हारे विरह के कारण यह सारा ससार तद्रूप दु खी और विरहयुक्त दिखलायी पड रहा है।

तुम्हे अब अधिक सन्तप्त नही होना चाहिए। कर्म के वश से - भाग्यवश किसी की दशा विषमता को प्राप्त नही होती है। अब मेरा तुमसे शीघ्र ही मिलन होगा। प्यारी। धैर्य मत खोना और अपने प्राणो को धारण किये रहना।

यह प्रेमपत्र कितना मार्मिक है। प्रेमी हृदय की वास्तविक स्थिति को स्पष्ट करने की इसमे पूर्ण क्षमता है।

वस्तुवर्णनो मे नदी, पर्वत वन, सरोवर, चैत्यालय, सन्ध्या, उषा, युद्ध, आश्रम, आदि के काव्यात्मक वर्णन प्रशसनीय है। मदनकेशरी और रत्नचूड के युद्ध का बहुत ही सजीव वर्णन है। आरम्भ मे मदनकेशरी रत्नचूड के दूत को तिरस्कृत कर राजसभा से निकाल देता है और जब रत्नचूड की सेना चढकर आ जाती है तो रणभेरी बजाकर अपनी सेना तैयार करता है और युद्ध के लिए प्रस्थान कर देता है। रणभूमि मे दोनो ओर के युद्धा भिड जाते है। तलवार, भाले, छुरिका आदि शस्त्रो के प्रहार होने लगते है। किसी योद्धा के पेट की आँतें अस्त्रघात मे बाहर निकल आती है। रुड-मुड भूमि पर नृत्य करने लगते है। वीरो की मर्म भेदी ललकारें रोमाञ्चित कर देती है। उनके रक्त खौलने लगते है और चारो ओर से वीरता का रोमाचक दृश्य उपस्थित हो जाता है। इस अवसर पर कवि ने अस्त्र-शस्त्रो की चमक-दमक का भी सजीव चित्रण किया है। यथा—

तओ निसियसरनियरेहि अंधारमंबरं कुणंता कयतकायकालेहिं करवालेहिं अङ्गाइ लुणंता चारूचामीयरविच्छुरियाहि जमजीहासरिसच्छुरियाहि उदराइं विहाडंता कयपाणविवाएहि निट्ठुरमुट्ठिघाएहि वच्छत्थलं ताडंता वज्जसारेहि पण्डिपहारेहिं पंसुहड्डाइं मोडंता रोसप्फुरंतेहि तिक्खदंतजंतेहि नासियाओ तोडंता कमेण पडिवक्खस्स पहरंति सुहडा। खुरूप्पच्छिन्ना पडंति उत्तुंगधय-वडा। परोप्परावलियउद्दंडसुंडाइं चलणतलमलियनररूंडाइं तडत्ति तुट्टंतदंत-खंडाइं जलंतरोसानलचंडाइं मोडियसुरकरिमरट्टाइ भिडंति दप्पिट्ठदोघट्ट थट्टाइं।— रयणचूड० ४५

युद्ध का इतना सजीव और आतक पूर्ण चित्रण अन्यत्र कम ही उपलब्ध होगा। वर्णनो को सरिस बनाने के लिए सुभाषितो का बहुत सुन्दर प्रयोग किया गया है। तिलक-सुन्दरी के अपहरण के समय तापस भयविह्वल और अधीर तिलकसुन्दरी को धैर्य देता हुआ कहता है—

को एत्थ सया सुहिओ, जणस्स जीयं व सासयं कस्स।
कस्स न इत्थ विओगो, कस्सव लच्छी थिरा लोए ॥१॥ पत्र ९
जं विहिणा नम्मवियं, तं चिय उवणमइ एत्थ सुहमसुहं।
इय जाणिऊण धीरा, वसणेवि न कायरा होंति ॥२॥—पत्र ९

इस विश्व मे कौन सदा सुखी है, कौन सर्वदा जीवित रहता है, इष्ट वियोग किसको नही होना और लक्ष्मी किसकी स्थिर है ?

विधाता ने जो कुछ निर्मित किया है, उसीका शुभाशुभ फल भोगना पड़ता है। इस प्रकार ससार के स्वरूप का अवगत कर धीर व्यक्ति विपत्ति आने पर भी कायर नही होते है।

उत्तमकुल मे उत्पन्न गुणी व्यक्तियो को भी विपत्ति भोगनी पडती है। क्षीर समुद्र मे उत्पन्न अमृतमय चन्द्रमा को भी राहुग्रह का कवल बनना पडता है। अत ससार के उत्थान-पतन का विचार कर धैर्य धारण करना चाहिए।

अवान्तर कथानको मे धनपाल सेठ की भार्या ईश्वरी के स्वभाव का बहुत ही सुन्दर चित्रण किया गया है। कटुभाषिणी और उग्र नारी अतिथियो का कितना अपमान करती है और घर की श्री को फीका बना देती है, यह उक्त नारी मे स्पष्ट है।

नगरो के सौन्दर्य वर्णन द्वारा भी कवि ने चरित्रो का विकास उपस्थित किया है। सौन्दर्य चित्रण द्वारा भावाभिव्यञ्जन मे स्पष्टता आ गयी है जिसमे भावो के साथ चरित्रो की स्पष्ट रेखाएँ अङ्कित हो गयी है। यथा—

दिट्ठं च तत्थ बाहिं बहुपूगपुन्नागनागनारंगजबुजंबीर विज्जऊरिसहयार-केलिनालियरितरुसमिद्धेण जाइमल्लियवत्तिकुदकणियारकणवीरपाडलाकुसुम-सोहियारोप्पएण आरामेण संगयं महुरवारिभरियं मणोहरवाविकलियं उत्तुङ्ग-मणहरनिम्माणं देवभवणं। काऊण चलणसोयणाइयं विस्सामनिमित्तं पविट्ठा तत्थ। निरूवियं च तं समंतओ। पवरसालभंजियारेहिरकरोडं बहुविहजंतुरूव-यविराइयदारूसाहुत्तरंगदेहलियं। दिट्ठा तत्थ वामपासे रइ व्व रूववई सद्ध (पस त्ति भगमणोरमा थंभ सालभंजिया। तं च दट्ठूण चिंतियमसरदत्तेण। अहो केसकलावो। अहो नयणनिक्खेवो। अहो संपुन्नमुहयंकया। अहो पयो हरकलससारया।—पत्र ५९ पूर्वार्द्ध

पाटलिपुत्र के बाहर सुपाडी, पुन्नाग, नागकेशर, नारङ्गी, जामुन, जबीर, नीबू, खजूर, आम्र, नारियल आदि विविध वृक्षो से समृद्ध तथा चमेली, कुन्द, कनेर, कणवीर, गुलाब, चम्पा आदि विभिन्न पुष्पो से सुशोभित वाटिका मे मधुर और शीतल जल से परिपूर्ण मनोहर वापिका से युक्त उन्नत और विशाल देव भवन देखा। वह देव भवन सुन्दर शालिभाञ्जकाओ से शोभित था। उसके काष्ठनिर्मित कपाट और देहली अनेक

प्रकार के जन्तुरूपक—खचित जन्तु मूर्तियो से सुशोभित थे। वहाँ बाईं ओर रति के समान रमणीक एक स्तम्भ—शालभञ्जिका निर्मित थी, जिसके केशकलाप, नयननिक्षेप, मुखाकृति एव अङ्ग-प्रत्यग आकर्षक थे।

मनोभावनाओ का भी सुन्दर चित्रण किया गया है। प्रेमी-प्रेमिकाओ, वीरो, योद्धाओ, तपस्वियो, भिक्षुओ, गृहपतियो एव दरिद्रो की विभिन्न अवसरो पर उत्पन्न होनेवाली विभिन्न भाव-वृत्तियो का सूक्ष्म चित्रण किया है। उदाहरणार्थ एक मनस्विनी नायिका की सपत्नी विद्वेष की भावना उपस्थित की जाती है। मनस्विनी अपनी सखी को लक्ष्य कर कहती है—"मर जाना अच्छा है, गर्भ मे नष्ट हो जाना श्रेयस्कर है, बर्छियो के द्वारा घायल हो जाना उत्तम है, प्रज्वलित दावानल मे भस्म हो जाना श्रेष्ठ है, हाथी के द्वारा कुचल कर मर जाना श्रेयस्कर है, दोनो नेत्रो का फूट जाना उत्तम है, पर अपने पति को अन्य नारियो के साथ रमण करते देखना अच्छा नही। जीवन भर दरिद्रता का उपभोग करना, अनाथ रहना, रोग से पीडित रहना, अनाडी बने रहना, कुरूप होना, निर्गुण रहना, लूला-लगडा बने रहना, भिक्षा माँगकर खाना उत्तम है, किन्तु सपत्नियो को देखना उत्तम नही। वह स्त्री सर्वदा दुखी है, जिसका पति कई पत्नियो से विवाह किये हुए है।" यथा

> वरिहं मुय वीर गब्भियगब्भ वरि सेल्लेहि सल्लिय।
> वरि जालावलिपज्जलंति दावानलि घुल्लिय॥
> वरि करि कवलिय नयणजुयलु वरि महु सहि फुट्टउ।
> मं ढोल्लउ सण्हन्तु अन्न नारिहिं महुदिट्ठउ॥ १॥
> तहा वरि दारिद्दउ वरि अणाहु वरि वरु दुल्लालिउ।
> वरि रोगाउरु वरि कुरुवु वरि निग्गुणु हालिउ॥

इस काव्य की प्रमुख विशेषताएँ निम्न प्रकार है—

१ कथानक का विकास अप्रत्याशित ढग से हुआ है।

२ कार्य व्यापार की तीव्रता आद्योपान्त है।

३ एक ही चित्र द्वारा अनेक भावो का निरूपण किया गया है।

४ घटना, चरित्र, वातावरण, भाव और विचारो मे अन्विति है।

५. उपदेश या सिद्धान्तो का निरूपण कथानको द्वारा ही किया है।

६ सवाद अल्परूप मे गठित किये है, पर उनमे कथानक को गतिशील बनाने की क्षमता वर्तमान है।

७. सुभाषितो द्वारा चरित्र चित्रण करने का प्रयास किया है। इसी कारण सुभाषितो में कथानक तत्त्व का गुम्फन उपलब्ध होता है।

८. मोक्ष पुरुषार्थ को उद्देश्य बनाकर ही चरित्रो का विकास दिखलाया गया है।

६ पूर्वभव की घटनाएँ वर्तमान जीवन के चरित का स्फोटन करती हैं।

७. अद्भुत शब्दजाल, प्राकृत के साथ अपभ्रंश का प्रयोग, लम्बे-लम्बे समास और वर्णनानुसार भाषा का प्रयोग काव्य को सरल बनाने मे सहायक है।

सिरिपासनाहचरिय [1]

इस चरित काव्य के रचयिता देवभद्र या गुणचन्द्र गणि है। सूरिपद प्राप्त करने के पूर्व इनका नाम गुणचन्द्र था[2]। इनके द्वारा रचित चार ग्रन्थ उपलब्ध है—महावीर चरिय, पासनाहचरिय, आख्यानमणिकोश और कहारयण कोस। कथारत्न कोश की प्रशस्ति मे बताया गया है कि चन्द्रकुल मे वर्द्धमान सूरि हुए। इनके दो शिष्य थे—जिनेश्वर और बुद्धिसागर सूरि। जिनेश्वर सूरि के शिष्य अभय देव सूरि और इनके शिष्य सर्वशास्त्र प्रवीण प्रसन्नचन्द्र हुए। प्रसन्नचन्द्र के शिष्य सुमति वाचक और इनके शिष्य देवभद्र सूरि हुए। इन्होने गोवर्द्धन श्रेष्ठि के वंशज वीर श्रेष्ठि के पुत्र यशदेव श्रेष्ठि की प्रेरणा से इस चरित ग्रन्थ की रचना वि० स० ११६८ मे की है।[3]

कथावस्तु—समस्त कथावस्तु पांच प्रस्तावो मे विभक्त है। आरम्भ के दो प्रस्तावो मे पार्श्वनाथ की पूर्व भवावलि वर्णित है। पार्श्वनाथ के जीव मरुभूति के साथ कमठ के पूर्वजन्मो की शत्रुता तथा उसके द्वारा किये गये उपसर्गों का जीवन्त चित्रण है। मरुभूति कई जन्मो के पश्चात् वाराणसी नगरी के अश्वसेन राजा और वामादेवी रानी के पुत्ररूप मे जन्म ग्रहण करते है। उनका नाम पार्श्वनाथ रखा जाता है। धूमधाम से पुत्र जन्मोत्सव सम्पन्न किया जाता है। पार्श्वकुमार के वयस्क होने पर कुशस्थल से प्रसेनजित राजा के मन्त्री का पुत्र आता है। पार्श्वकुमार उसके साथ कुशस्थल पहुचते है। कलिंगादि राजा, जो पहले विरोध कर रहे थे, वे सभी पार्श्वकुमार के सेवक हो जाते है।

पार्श्वकुमार वाराणसी लौट आते है। एक दिन वे वन विहार करते हुए एक तपस्वी के पास पहुँचते है वहाँ अधजले काष्ठ से सर्प निकलवाते है। पार्श्व इस सर्प युगल को पञ्चनमस्कार मन्त्र देते है, जिससे वे दोनो धरणेन्द्र और पद्मावती के रूप मे जन्म ग्रहण करते हैं।

वसन्त के समय पार्श्वकुमार लोगो के अनुरोध से वन विहार के लिए जाते है और और वहाँ भित्ति पर नेमि जिनका चित्र देखकर विरक्त हो जाते है। लौकान्तिक देव आकर उनके वैराग्य की पुष्टि करते है। पार्श्वकुमार माता-पिता से दीक्षा लेने की अनुमति मांगते है, पर पिता अनुमति नही देना चाहते। पुत्र के प्रस्ताव को सुनकर पिता शोका-

१. अहमदाबाद से सन् १९४५ मे प्रकाशित।

२. कथा-र० को० प्र० पृ० ८

३. वीरसुएण य जसदेवसेट्ठिणा पासनाह च० पृ० ५०३

भिभूत हो जाते है। पार्श्वकुमार उनको समझाते है। माता-पिता से स्वीकृति लेकर वे तीनसौ राजकुमारो के साथ दीक्षा धारण कर लेते हैं। पारणा के लिए धन श्रेष्ठि के घर गमन करते हैं। अनन्तर वे अंगदेश को विहार कर जाते है। कलि पर्वत पर पार्श्वप्रभु को देखकर हाथी को जातिस्मरण हो जाता है और वह सरोवर से कमल लेकर प्रभु की पूजा करता है, कमठ का जीव मेघमाली नाना प्रकार का उपसर्ग देता है। धरणेन्द्र और पद्मावती आकर उपसर्ग का निवारण करते है। प्रभु को केवलज्ञान की प्राप्ति हो जाती है। भगवान् के समवशरण मे अश्वसेन राजा सपरिवार जाता है। महारानी प्रभावती भगवान् की धर्म-देशना सुनकर दीक्षित हो जाती है। भगवान् के दस गणधर नियत होते है। यहाँ इन सभी गणधरो के पूर्वजन्म के वृत्तान्त दिये गये है।

इसके पश्चात् पार्श्वप्रभु का समवशरण मथुरा नगरी मे पहुँचता है। अनेक राजकुमार दीक्षा धारण करते है। मथुरा से भगवान् का समवशरण काशी आदि नगरियो मे जाता है। सम्मेदशैल पर प्रभु निर्वाण प्राप्त कर लेते है।

समीक्षा—यह एक श्रेष्ठ चरितकाव्य है इसमे, उत्कृष्ट भावो या मनोवृत्तियो का सुन्दर चित्रण किया गया है। यत॰ असाधारण वीर्य-विक्रम सम्पन्न नायक का पुरुषार्थ स्वाभाविक रूप मे विकसित होता जाता है। कमठ के जीव द्वारा नाना प्रकार के कष्ट दिये जाने पर भी मरुभूति का जीव अनेक भवो मे भी अपनी दृढता नही छोडता। उनके भाव, कर्म या वचन मे गाम्भीर्य सदा ही लक्षित होता है। इस चरित-काव्य मे प्रलोभना और उत्तेजनाओ का इस प्रकार का समवाय घटित हुआ है, जिससे नायक पार्श्व अनेक भाव-भूमियो मे भी जल मे रहनेवाले कमलपत्र के समान अलिप्त रहते है। कमठ के जीव द्वारा नाना प्रकार के उपसर्ग और कष्ट दिये जाने पर भी उनके मन मे प्रतिशोध की अग्नि प्रज्वलित नही होती। एकागी शत्रुता का यह उदाहरण साहित्य मे बेजोड है। शक्ति के रहने पर भी भौतिक बल की सारग-टकार न करना कुछ विचित्र-सा लगता है। क्योकि चरित्र को पूर्ण विकसित दिखलाने के लिए यह आवश्यक है कि मानव में दैवी और मानवीय दोनो ही प्रकार की प्रवृत्तियो का समवाय दिखलाया जाय तथा अवसर आने पर नायक को प्रतिशोध न करने पर भी प्रतिरोध करना आवश्यक हो जाय। कवि ने नायक मे आरम्भ से ही जाति और काल प्रवाह का लोकातिशय-विस्तार दिखलाया है। तीर्थंकर पार्श्वनाथ को वर्तमान भव मे तो तीर्थगुण विशिष्ट रहने के कारण लोकातिशय सम्पन्न होना ही चाहिए, किन्तु कई भव पहले से उनके उस रूप की प्रतिष्ठा काव्यतत्त्व मे मात्र पौराणिकता का ही चमत्कार उत्पन्न करती है, चरित-काव्य का नही।

यही कारण ही है कि कवि ने मूलचरित के विकास, विस्तार और आयाम वृद्धि के हेतु द्वीपजात पुरुष कथानक, विजयधर्म-धनधर्म नवभव कथानक, कृष्ण गृहपति कथानक, अग-बंग नृप-कथानक, पाताल कन्या कथानक, सुदर्शना पूर्वभव कथानक, वसन्त-

सेना-देविल कथानक, हस्तिपूर्व-भव कथानक, अहिच्छत्र कथानक, ईश्वरनृप कथानक, जयमगल-कथानक, द्रोणकथानक, मुनिपूर्वभव कथानक, ज्वलन द्विज कथानक, श्रीदत्त कथानक, विजयानन्द कथानक, विजयवेग कुमार कथानक, नरवाहन कथानक, शिवदत्त कथानक, देवल कथानक, विक्रमसेन कथानक, कपिल-नागदत्त-जक्षिणी-सोमिल-शकरदेव-लक्ष्मीधर-विजयबलनृप-सुरेन्द्रदत्त-ब्रह्मदत्त-बाहु-सुबाहु-सोमिलकथानकों की योजना की है। इन कथानकों द्वारा मूलचरित में एक ऐसी शक्ति का विकास दिखलाया है, जिससे नायक पार्श्वनाथ के चरित्र से दिव्य, तरल और तेजोमय किरणों का प्रकाश फूटता हुआ दृष्टि-गोचर होता है। इस चरित-काव्य की उक्त विशेषता से प्रभावित होकर मणिविजय गणि-वर ग्रन्थमाला के कार्य सम्पादक श्री बालचन्द्र ने लिखा है—"अन्यच्चानेककेवल-सूरिवराणा भिन्न-भिन्नप्रतिपादकावैराग्यखानयो धर्मदेशना प्राचीनाश्चाश्रुतपूर्वा कथा स्थले स्थले प्रदर्शिता. तथैव चास्मिंश्चरित्रे महान् विषयोऽयं, यत् श्रीमद्भ-गवता शुभदत्तादिदशगणधराणा पूर्वभववृत्तान्ता वैराग्यजनकरीत्या भिन्न-भिन्नगुणनिरूपका कथितास्सन्ति, येऽन्यचरित्रेषु न दृश्यन्ते, यान् श्रुत्वा भव्य जनाना चित्तप्रसन्नतावबोधवृद्धिश्च भवेत्। कथ्यते च चरित्रमिद पर वास्तविक-रीत्याऽनेकपदार्थविज्ञानप्रतिपादकत्वात् ग्रामनगरनृपादिवर्णात्मकत्वाच्चाय ग्रन्थो-ऽनुमीयते[1]"।

अतएव स्पष्ट है कि अवान्तर कथाओं द्वारा विराट् चरित्र की स्थापना की गयी है। पार्श्वनाथ का जीव एक भव में वज्रनाभ का जन्मधारण करता है। उस भव में इनका विवाह वनाधिपति की कन्या विजया के साथ सम्पन्न होता है। इस कन्या का कुमारा-वस्था में एक विद्याधर अपहरण कर लेता है। राजा अपने गुरु भागुरायण के आदेशा-नुसार कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि को श्मशान में लाल कनेर के पुष्पों की माला धारण कर बेताल मन्त्र का जाप करता है। वनपति चण्डसिंह की साधना से बेताल आकृष्ट होता है और प्रसन्न हो कुमारी का पता बतला देता है। चण्डसिंह विद्याधर से कुमारी को छुड़ाकर लाता है और व्रजनाभ के साथ उसका विवाह हो जाता है।

केवलज्ञान प्राप्ति के अनन्तर जब महाराज अश्वसेन के प्रश्न के उत्तर में शुभदत्त, आर्यघोष आदि दस गणधरों की पूर्व भवावलि का पार्श्वनाथ निरूपण करते हैं तो कापालिक मत के समस्त सिद्धान्तों का भी स्पष्टीकरण कर देते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वज्रयानी शाखा के सिद्धों के तन्त्र-सम्प्रदाय का प्रचार १२ वीं शती में अधिक था। तन्त्र-मन्त्र की साधना अनेक प्रकार की बतलायी गयी है। इसमें हस्ति-तापसों का भी उल्लेख है। ये लोग हाथी को मार कर बहुत दिनों तक उसका माँस

१ पार्श्वनाथचरित प्रस्तावना पृ० ४

भक्षण करते थे। इनकी मान्यता थी कि अनेक जीवो का वध करने की अपेक्षा एक जीव का वध करना उत्तम है। थोडा सा दोष लगने पर यदि बहुत गुणो की प्राप्ति का लाभ हो तो उत्तम है। जिस प्रकार अँगुली मे साँप के काट लेने पर शरीर की रक्षा के लिए अँगुली का काट लेना उत्तम माना जाता है, उसी प्रकार साधनादि गुणो की प्राप्ति के लिए थोडा पाप—मास भक्षण रूप किया जा सकता है। प्रसगवश इस चरित काव्य मे मन्त्र-तन्त्र की विभिन्न साधनाएँ भी वर्णित की गयी है। रचयिता ने आख्याना के माध्यम से इस कोटि की वीभत्स और पाप—आडम्बर पूर्व साधनाओ का खण्डन कर सम्यक् चरित्र की प्रतिष्ठा की है। रचयिता का अभिमत है कि मनुष्य का उत्थान आत्म-शुद्धि के द्वारा ही सभव है। अहिंसा की साधना तप और त्याग का भावना के साथ ही विकसित होती है। श्रमण को जीव जगत् के प्रति पूर्ण साम्य दृष्टि रखना चाहिए। ससार मे पशु-पक्षी, कीट-पतगादि जितने प्राणी है, सबकी आत्मा मे समान शक्ति है। अतएव अहिंसक साधक व्यक्ति इन्द्रिय-निग्रह करता हुआ समदृष्टि होता है। विश्व के समस्त प्राणियो के प्रति वह दयालु होता है। राग-द्वेष-मोह रूप विदोष का त्याग कर देने से साधक उत्तरोत्तर निर्मलता को प्राप्त होता जाता है।

इस प्रकार इस चरित-काव्य मे चरित्रो का विकास पूर्णतया दिखलाया गया है। चरित मे काव्य तत्त्व उत्पन्न करने के हेतु सवादो की भी सरस योजना है। पञ्चम प्रस्ताव मे शिव, सुन्दर, साम और जय के सवाद, भागुरायण और चन्द्रसिंह का सवाद सुन्दर है।

इस चरित-काव्य मे विवाहोत्सव का सजीव वर्णन है। उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, काव्यलिंग, दृष्टान्त, श्लेष, यथासख्य प्रभृति अलकारो का भी प्रयोग पाया जाता है। पद्य की भाषा की अपेक्षा गद्याश की भाषा क्लिष्ट है। वीर-वीभत्स एव शान्त रसो का सुन्दर निरूपण हुआ है।

सक्षेप मे इस काव्य की निम्न लिखित विशेषताए है—

१. नायक के चरित मे सहिष्णुता गुण की पराकाष्ठा है।

२. अनेक भवो—जन्मो के मध्य नायक के चरित का विकास होता है और पूर्णता प्राप्त होती है।

३. जीवटपना—भीतर की उष्मा—जब बीज के भीतर उष्मा प्रकट होती है तो अकुर फूटता है और बीज फल फूलवाला वृक्ष बनकर अपनी सार्थकता सिद्ध करता है। मानव चरित मे भी इस उष्मा का रहना आवश्यक है। इस चरित मे नायक की उष्मा जागृत है, जो काव्य के चारो ओर अपना भामण्डल बनाये हुए है।

४ सिन्धु, पर्वत, गगन, ऋतु, उद्यान, केश, कपोल, वसन्त, मधु-माधवी-रजनी प्रभृति के रसमय चित्र है, इन चित्रो के कारण ही इसमे काव्यत्व का सन्निवेश हुआ है।

५ जीवन की समग्रता के हेतु विकृत और अविकृत सभी प्रकार की साधनाओ का चित्रण है।

६. उक्ति वैचित्र्य के हेतु उपदेश और आचरतत्त्व की अभिव्यञ्जना भी अवान्तर कथाओ के जमघट के मध्य विकसित की है।

७ सकेत द्वारा भी नायक के चरित्र का विकास—अवान्तर घटनाओ के आधार पर नायक की मनोवृत्तियो का उद्घाटन किया है।

८ सघर्ष के अनन्तर घटित होनेवाली घटनाओ के परिणामो का प्रदर्शन उपलब्ध है।

९ रसमय भावो की अभिव्यजना के हेतु वर्णन और घटनाओ की उचित योजना की गयी है।

महावीरचरियं[1] (गद्य-पद्य-मय)

यह महावीरचरियं गुणचन्द्र सूरि का है। इस चरितकाव्य के रचयिता गुणचन्द्र प्रसन्नचन्द्र सूरि के शिष्य थे। इन्हीं के उपदेश से और छत्रावली (छत्राल) निवासी सेठ शिष्ट और वीर की प्रार्थना से वि० स० ११३९ ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया सोमवार के दिन इस ग्रन्थ की रचना की है। शिष्ट और वीर का परिचय देते हुए बताया गया है कि इनके पूर्वज गोवर्धन कर्पट वाणिज्यपुर के रहनेवाले थे। गोवर्धन के चार पुत्र हुए। इन पुत्रो मे से जज्जगण छत्रावलि मे जाकर रहने लगा। इसकी पत्नी का नाम सुन्दरी था। इस दम्पति के शिष्ट और वीर ये दो पुत्र हुए थे।

आचार्य गुणचन्द्र ने सिद्धान्त निरूपण, तत्त्व निर्णय और दर्शन की गूढ समस्याओ को सुलझाने और अन्य अनेक गम्भीर विषयों को स्पष्ट करने के हेत [illegible] का प्रणयन किया है [illegible] जीवन की विकृतियां [illegible]

आचार्य ने समाज और व्यक्ति के जीवन की विकृतियां को प्रस्तुत करने के लिये ही इस चरित काव्य का प्रणयन किया है। नायक के चरित को प्रस्तुत करने के लिये ही इस चरित काव्य का प्रणयन किया है। कथानक मे सम्पूर्ण जीवन को सरस चरित-काव्योचित शैली मे प्रस्तुत किया गया है। कथानक मे पूर्वजन्मो की घटनाओ का सम्मिश्रण हो जाने से सर्वाङ्गीणता आ गयी है। कार्य व्यापारो मे विशेष प्रकार का उतार-चढाव वर्तमान है। नायक के चरित्र का उद्घाटन अनेक परिस्थितियो और वातावरणो के बीच दिखलाया गया है। सवादो की योजना अत्यन्त चुस्त है। सजीव, स्वाभाविक और सरस कथोपकथन चरित्रो के स्पष्टीकरण के

[1] सन् १९२९ में देवचन्द्र लालाभाई ग्रन्थमाला से प्रकाशित।

नदमिहिरुद्दसखे वोक्कते विक्कमाओ कालम्मि।
जेट्ठस्स सुद्धतइया तिहिम्मि सोमे समत्तमिम ॥
—म० च० पृ० ३४१ गा० ८३

साथ कथावस्तु को अग्रसर करने मे पूर्ण सहायक हैं। इस कलात्मकता ने ही नाटकीयता का भी प्रभाव प्रचुर परिमाण मे उत्पन्न कर दिया है।

इस चरितकाव्य मे आठ प्रस्ताव हैं—सर्ग है। इसके आरम्भ के चार सर्गों मे भगवान् महावीर के पूर्वभवो का वर्णन है और शेष चार मे उनके वर्तमान भाव का। इस पर कालिदास, भारवि और माघ के सस्कृत काव्यो का पूर्ण प्रभाव परिलक्षित होता है। महाराष्ट्री प्राकृत के अतिरिक्त बीच-बीच मे अपभ्रंश और सस्कृत के पद्य भी आये है। देशी शब्दो के स्थान पर तद्भव और तत्सम शब्दो के प्रयोग अधिक मात्रा मे उपलब्ध है।

कथावस्तु—

आरम्भ मे सम्यक्त्व प्राप्ति का निरूपण है। दूसरे प्रस्ताव मे ऋषभ, भरत, बाहुबलि एव मारीचि के भवो का प्रतिपादन किया है। तीसरे प्रस्ताव मे विश्वभूति की वसन्त क्रीडा, रणयात्रा तथा सभूति आचार्य के उपदेश से विश्वभूति की दीक्षा का निरूपण किया गया है। इस प्रस्ताव मे त्रिपृष्ठ का अजय ग्रीव के साथ युद्ध एवं प्रियमित्र चक्रवर्ती के दिग्वजय और उनकी प्रव्रज्या का वर्णन है। चौथे प्रस्ताव मे प्रियमित्र का जीव नन्दन होता है। नन्दन पोट्टिल नामके आचार्य से नरविक्रम का परिचय पूछता है और आचार्य उस चरित का कथन करते है। अत. चतुर्थ प्रस्ताव मे नरविक्रम का चरित्र वर्णित है। नन्दन का जीव ही क्षत्रिय कुण्ड के महाराज सिद्धार्थ के यहाँ महावीर के रूप मे जन्म ग्रहण करता है। बालक का नाम वर्धमान रखा जाता है। वर्धमान का वार्धापन समारोह सम्पन्न किया जाता है। पराक्रमशील होने के कारण इनका नाम महावीर पड जाता है। २८ वे वर्ष मे माता-पिता के स्वर्गवास के अनन्तर नन्दिवर्द्धन का राज्याभिषेक सम्पन्न होता है। महावीर अपने भाई से अनुमति प्राप्त कर प्रव्रज्या धारण कर लेते हैं। पाँचवे प्रस्ताव मे शूलपाणि और चण्डकौशिक के प्रबोध का वृत्तान्त है। महावीर ने क्षत्रिय कुण्डग्राम से बाहर ज्ञातृखण्ड नामक उद्यान मे श्रमण दीक्षा ग्रहण की और कुम्मारग्राम मे पहुँचकर ध्यानावस्थित हो गये। इस ग्राम मे उन पर गोप ने उपसर्ग किया। भ्रमण करते हुए वर्धमान ग्राम पहुँचे, वहाँ शूलपाणि ने उपसर्ग किया। महावीर ने उसे प्रबुद्ध बनाया। अनन्तर कनखल आश्रम मे पहुँचकर चण्डकौशिक को प्रबुद्ध किया। छठवें प्रस्ताव में गोशाल की उद्दण्डता का वृत्तान्त है। राजगृह के पास नालन्दा नामक सन्निवेश में महावीर और गोशाल का मिलाप हुआ था। यह गोशाल मंखली नामक गृहपति का पुत्र था, अत यह मखलीपुत्र कहलाता था। सातवें प्रस्ताव में महावीर के परीषह सहन और केवलज्ञान प्राप्ति का कथन है। राजगृह के विपुलाचल पर सम्पन्न हुई धर्मसभा एव अन्यत्र विहार का प्रतिपादन किया है। आठवें प्रस्ताव मे महावीर के निर्वाणलाभ का कथन है। इस प्रस्ताव में चन्दनबाला की

दीक्षा, चतुर्विध सघ की स्थापना, रानी मृगावती की दीक्षा, श्रावस्ती मे गोशालक का आगमन, उसका जिनत्व का अपलाप, तेजोलेश्या का प्रयोग आदि वर्णित हैं।

आलोचना—इस चरित काव्य मे नायक महावीर के चरित का विकास अनेक भवो के मध्य मे दिखलाया है। चरित-नायक महावीर सम्यक्त्व प्राप्ति के अनन्तर तीर्थंकर ऋषभदेव के मुँह से अपने निर्वाणलाभ को निश्चित जानकर अहकाराभिभूत हो जाते हैं। इसी कारण उन्हे अनेक भव धारण करने पड़ते है। महावीर के चरित को उदात्त और सरस बनाने के लिए हरिवर्मा, सत्यश्रेष्ठि, सुरेन्द्रदत्त, वासवदत्ता, जिनपालित, रविपाल, कोरट, कामदेव, सागरदेव, सागरदत्त-जिनदास और साधुरक्षित के आख्यानो का सन्निवेश कर कपिलदीक्षा और मारीचि के कृत्या का वर्णन प्रौढ शैली मे किया है। वर्धमान की बालक्रीडाएँ, लेखशाला मे प्रदर्शित बुद्धिकौशल एव चरित को सरस बनाने के लिए गोशाल का आख्यान ऐसे तत्त्व है, जिनके मध्य से महावीर के चरित का धारा फूटना है। आद्योपान्त कवि का यही प्रयास रहा है कि महावीर के चरित का अनेक दृष्टियो से उपस्थित कर उसमे इस प्रकार के आवर्त-विवर्त उत्पन्न किये जायँ, जिनमे यह काव्य पूर्णतया सफल हो सके।

चरित को उज्ज्वल और निर्मल बनाने के लिए अहिंसा, सत्य, अचौर्य आदि महाव्रता के आख्यानो का सयोजन किया है। धर्म के रूप और साधनाएँ भी अकित है।

नगर, वन, अटवी, उत्सव, विवाह, विद्यासिद्धि, उद्यान, धर्मसभा, श्मशान भूमि, ग्राम, युद्ध, आदि का वर्णन बहुत ही सरस हुआ है। आलकारिक वर्णन इसे चम्पूकाव्य बनाते है, पर पौराणिक मान्यताए, धार्मिक सिद्धान्त एव चरित्र का विश्लेषणात्मकरूप इसे चरित-काव्य की सीमा मे ही आबद्ध कर देते है। चम्पकमाला के सौन्दर्य का वणन करते हुए कवि ने बताया है कि वह अपने सौन्दर्य से देवाङ्गनाओ को भी परास्त करती थी। सैकडो जिह्वाओ से भी उसके सौन्दर्य का वर्णन करना शक्य नही है—

> नियरूवविजियसुरवहुजोव्वणगव्वाए कुवलयच्छीए।
> उब्भडसिंगारमहासमुद्ददुद्धरिसवेलाए ॥ १ ॥
> को तीए भणिय विब्भम नेवत्थच्छेययागुणसमूहं।
> वण्णेउ तरइ तूरंतओऽवि जीहासएणंपि ॥ २ ॥

चतुर्थ प्रस्ताव

वर्णन क्षमता कवि की अपूर्व है। घोराशिव नाम का योगी श्मशान भूमि मे साधना करता है। कवि ने श्मशान भूमि के भयकर और बीभत्स दृश्य का ऐसा सुन्दर चित्रण किया है, जिससे उसका दृश्य पाठको के सामने उपस्थित हो जाता है। इस प्रकार के सजीव वर्णन बहुत कम काव्यो मे पाये जाते है—

निलीणविज्जसाहगं, पवूढपूयवाहगं ।
करोडिकोडिसंकडं रडन्तधूयकक्कुडं ।।
सिवासहस्सपंकुलं, मिलन्तजोगिणीकुलं ।
पभूयभूयभीसणं, कुसत्तसत्तनासणं ।।
पघुट्ठदुट्ठसावयं, जलन्तनिव्वपावयं ।
भमन्त डाइणीगण, पवित्तमंसमग्गण ।। १ ।।
कहकहकहट्टहासो वलक्खगुरुक्ख लक्खदुपेच्छं ।
अइरुक्खरुक्खमम्बद्धगिद्धपारद्धघोरव ।। २ ।।
उत्तालतालसदुम्मिलंतवेयालविहियहलबोलं ।
कीलावण व विहिणा विणिम्मियं जमनरिन्दस्स ।। ३ ।।

युद्ध का वर्णन भी कवि ने रोमाञ्चक किया है । योद्धा परस्पर मे किस प्रकार अस्त्रो का प्रहार करते हुए युद्ध करते है और एक दूसरे को ललकारते है तथा उत्तेजित करने के लिए किस प्रकार गाली-गलौज करते है, इसका आँखो देखा जैसा वर्णन किया गया है—

मियभल्लय सव्वलसिल्लसूल, अवरोप्परु मेल्लहि भिंडिमाल ।
वज्जावहि तक्खणि तद्धरक्ख पुण, परइ जय जस सव्वपक्ख ।। १ ।।

पञ्चमोऽध्यायः

प्राकृत-चम्पूकाव्य

प्राकृत-भाषा मे यथार्थतः चम्पूकाव्य प्राय नही है। पूर्व मे जिन गद्य-पद्य मिश्रित-चरितकाव्यों का इतिवृत्त उपस्थित किया गया है, वे भी इस कोटि मे परिगणित नही किये जा सकते है। केवल गद्य-पद्य के मिश्रणमात्र मे किसी भी काव्य को चम्पू नहीं कहा जा सकता है। चम्पू की शास्त्रीय परिभाषा यह है कि जिस काव्य मे वस्तु और दृश्यो का रूप चित्रण गद्य मे किया गया हो और उसकी पुष्टि के हेतु भावो या विभावादि का पद्य मे निरूपण हो, वह चम्पू काव्य है। कथावस्तु का गुम्फन भी महाकाव्यो एव चरित या पुराण काव्यो की अपेक्षा भिन्न शैली मे किया जाता है तथा गद्य और पद्य दोनो का परस्पर ऐसा सम्बन्ध रहता है जिससे किसी एक के एकाध अश के निकाल देने पर अधूरापन प्रतीत होने लगता है। सस्कृत मे भी उत्तम कोटि के कम ही चम्पूकाव्य है, जिनमे चम्पू की पूर्णतया शास्त्रीय परिभाषा घटित हो।

प्राकृत मे समराइच्चकहा, महावीरचरिय प्रभृति चम्पूकाव्य के उदाहरण नही है। यदि विकास परम्परा पर दृष्टिपात किया जाय तो कुवलयमाला काव्य अवश्य चम्पूकाव्य की श्रेणी मे स्थान प्राप्त कर सकता है। इस काव्य मे निम्नलिखित चम्पू के लक्षण घटित होते है :—

१ दृश्यो और वस्तुओ के चित्रण मे प्राय गद्य का प्रयोग किया गया है।

२. विभाव, अनुभाव और सचारी भावो का चित्रण प्राय पद्यो मे ही किया है।

३ गद्य और पद्य कथानक के सुश्लिष्ट अवयव हैं। दोनो मे से किसी एक के एकाध अश के निकाल देने पर कथानक मे विशृखलता आ जाती है। अत. इसमे सश्लिष्ट रूप मे गद्य पद्य का सद्भाव पाया जाता है।

४ शैली की दृष्टि से कवि ने चम्पूविधा का अनुकरण किया है। यहाँ शैली से तात्पर्य उस प्रक्रिया से है, जिसके द्वारा कवि ने रूपचित्रो को विभावादि द्वारा रसमय बनाया है। महाकाव्यो मे पद्य-बद्धता के कारण दृश्य और भावो के चित्रण मे शैली भेद परलक्षित नही होता। कथा या आख्यायिकाओ मे गद्याश की प्रमुखता रहने से भावो का निरूपण भी गद्य मे रहता है, जिससे दृश्य और भावो की अभिव्यञ्जना मे शैलीगत भेद दिखलायी नही पडता। परन्तु चम्पूकाव्यो मे दृश्य और भावो के चित्रण में शैलीगत भिन्नता की सीमा रेखा निर्धारित की जा सकती है। इस प्रकार का शैली भेद कुवलय-माला मे है।

५. वस्तुविन्यास मे प्रबन्धात्मकता आद्योपान्त व्याप्त है। काव्य के परिवेश मे ही घटनावलि को प्रस्तुत किया है।

६ धर्मतत्त्व के रहने पर भी काव्य की आत्मा दबी नही है, कवि ने काव्यत्व का पूरा नि ाह किया है।

७. चरित, आख्यान, पात्रो की चेष्टाएँ, नायक या नायिका के क्रियाकलाप आलकारिक रूप में प्रस्तुत किये गये है।

८ अन्योक्तियो द्वारा चरित्रो की व्यजना की है।

कुवलयमाला

कुवलयमाला प्राकृत चम्पूकाव्य का अनुपम रत्न है। इसके रचयिता दाक्षिण्य चिन्ह उद्योतन सूरि है। ये आचार्य हरिभद्र सूरि के शिष्य थे। इनसे इन्होने प्रमाण, न्याय और धर्मादि विषयो की शिक्षा प्राप्त की थी। इस कृति की रचना इन्होनो राजस्थान के सुप्रसिद्ध नगर जावालिपुर (वर्तमान जालोर) मे रहते हुए वीरभद्र सूरि के बनवाये ऋषभदेव के चैत्यालय मे बैठकर की है। इस चम्पू ग्रन्थ का रचना काल शक सवत् ७०० मे एक दिन कम बताया गया है।[1]

कथावस्तु—मध्य देश मे विनीता नाम की नगरी थी। इस नगरी मे दृढवर्मा नाम का राजा राज्य करता था। इसकी पटरानी का नाम प्रियगुश्यामा था। एक दिन राजा आस्थान मडप मे बैठा हुआ था कि प्रतिहारी ने आकर निवेदन किया—'देव! शबर सेनापति का पुत्र सुषेण उपस्थित है, आपके आदेशानुसार मालव की विजय कर लौटा है।' राजा ने उसे भीतर भेजने का आदेश दिया। सुषेण ने आकर राजा का अभिवादन किया। राजा ने उसे आसन दिया और बैठ जाने पर पूछा—'कुमार! कुशल है।'

कुमार—'महाराज! आप के चरण-युगल प्रसाद से इस समय कुशल है।'

राजा—'मालव-युद्ध तो समाप्त हो गया'?

सुषेण—'देव की कृपा से हमारी सेना ने मालव की सेना को जीत लिया। हमारे सैनिको ने लूट मे शत्रुओ की अनेक वस्तुओं के साथ एक पाँच वर्ष का बालक भी प्राप्त किया है।'

राजा ने उस बालक को आस्थान-मण्डप मे बुलवाया। बालक के अपूर्व सौन्दर्य को देखकर राजा मुग्ध हो गया और बालक का आलिङ्गन कर कहने लगा—'वह माता धन्य है, जिसने इस प्रकार के सुन्दर और गुणवान् पुत्र को जन्म दिया है।'

बालक अपने को निराश्रय जानकर रोने लगा। उसे रोते देखकर राजा के हृदय मे ममता जाग्रत हुई, उसने अपने चादर के छोर से उसके आँसू पोछे तथा परिजनो द्वारा

---

१. जावालिउर अट्ठावय "एग दिणेणूणेहिं रइया अवरण्हवेलाए। कुव० पृ० २८२ अनु० ४३०

जल मगवाकर उसका मुँह धोया। राजा ने मन्त्रियो से पूछा—'मेरी गोद मे आने पर यह बालक क्यो रोया ? मंत्रियो ने उत्तर दिया—स्वामि ! यह अल्पवयस्क बालक माता-पिता विहीन है, अत. निराश्रय हो जाने के कारण रुदन कर रहा है। राजा ने बड़े प्रेम भाव से पूछा—'कुमार महेन्द्र बताओ क्यो रो रहे हो ?'

महेन्द्र—'आपकी गोद मे आने पर मैने सोचा—इन्द्र और विष्णु के समान पराक्रमशाली राजा का पुत्र होने पर भी मुझे शत्रु की गोद मे जाना पड रहा है। इस बात की चिन्ता के कारण मेरी आँखो से आँसू निकल पड़े है।'

राजा दृढवर्मा ने कहा—कुमार महेन्द्र बडा बुद्धिमान प्रतीत होता है। इस छोटी सी आयु मे इतनी अधिक चतुराइ है।

मन्त्रियो ने कहा—प्रभो ! जिस प्रकार घुघची के समान एक छोटा-सा अग्निकण भी बड-बडे नगर और गाँवो को जलाकर भस्म कर देता है, उसी प्रकार तेजस्वियो के पुत्र लघु वयस्क होनेपर भी तेजस्वी ही होते है। क्या सर्प का छोटा सा बच्चा विषैला नही होता।

राजा ने कुमार महेन्द्र को सान्त्वना देते हुए कहा—कुमार ! मै तुम्हे अपना पुत्र मानता हूँ। तुम निर्भय होकर रहो। यह राज्य अब तुम्हारा है। यह कहकर अपने गले का रत्नहार उसे पहना दिया।

इसी समय अन्त पुर से महत्तरिका आई और राजा के कान मे कुछ कहा। राजा कुछ समय के उपरान्त प्रियगुश्यामा के वासभवन मे गया। पुत्र न होने से रानी को उदास पाकर उसने उसे अनेक प्रकार से समझाया। मन्त्रियो के परामर्शानुसार उसने राज्यश्री भगवती की उपासना की और देवी ने उसे पुत्रप्राप्ति का वरदान दिया।

प्रियंगुश्यामा ने रात्रि के अन्तिम प्रहर में स्वप्न मे ज्योत्स्ना पारपूर्ण निष्कलंक पूर्णचन्द्र को कुवलयमाला से आच्छादित देखा। प्रात काल होनेपर राजा ने दैवज्ञ को बुलाकर इस स्वप्न का फल पूछा। दैवज्ञ ने स्वप्नशास्त्र के आधार पर कहा—चन्द्रमा के दर्शन से रानी को अत्यन्त सुन्दर पुत्र उत्पन्न होगा। कुवलयमाला से आच्छादित रहने के कारण उसकी प्रियतमा कुवलयमाला होगी।

समय पाकर रानी ने पुत्र प्रसव किया और पुत्र का नाम कुवलयचन्द्र रक्खा गया। श्रीदेवी के आशीर्वाद से उत्पन्न होने के कारण इस कुमार का दूसरा नाम श्रीदत्त भी था। कुमार कुवलयचन्द्र का विद्यारम्भ सस्कार कराया गया। थोडे ही समय मे इसने सभी विद्याओ और कलाओ मे प्रवीणता प्राप्त कर ली। एक दिन समुद्र कल्लोल नाम का अश्व कुमार कुवलयचन्द्र को भगाकर जंगल की ओर ले चला, मार्ग मे अचानक ही किसी ने अदृश्यरूप मे घोडे पर छुरिका का प्रहार किया। घोडा भूमि पर ढेर हो गया। कुमार कुवलयचन्द्र सोचने लगा—घोड़ा मुझे क्यो भगाकर लाया और किसने इस पर

प्रहार किया है ? इसी समय आकाशवाणी हुई कि दक्षिण की ओर जाइये, वहाँ आपको अपूर्व वस्तु दिखलाई पड़ेगी।

आकाशवाणी के अनुसार आश्चर्य चकित कुमार दक्षिण दिशा की ओर चला तो उसे घोर विन्ध्याटवी मिली। थोडी दूर और चलने के बाद इस अटवी मे उसे एक विशाल वटवृक्ष दिखलायी पडा। इस वृक्ष के नीचे एक साधु ध्यान मग्न था और साधु के दाहिनी ओर एक सिंह बैठा हुआ था, जो अत्यन्त शान्त और गम्भीर था। मुनि ने गम्भीर शब्दो मे कुमार का स्वागत किया। कुमार ने अश्वापहरण और आकाशवाणी का रहस्य मुनि से पूछा। मुनिराज कहने लगे—

वत्सनाम के देश मे कौशाम्बी नाम की सुन्दर नगरी है। इसमे पुरन्दरदत्त नाम का राजा शासन करता था। इसका वासव नाम का प्रधानमन्त्री था। एक दिन उद्यानपाल हाथ मे आम्रमजरी लेकर आया और उसने वासव मन्त्री को सूचित किया कि वसन्त का आगमन हो गया है। उद्यान मे एक आचार्य भी अपने शिष्यो सहित पधारे है। मन्त्री ने उद्यानपाल को पचास हजार स्वर्णमुद्राएँ देकर कहा—'तुम अभी आचार्य के पधारने की बात को गुप्त रक्खो, जिससे वसन्तोत्सव सम्पन्न हो सके।

राजा ने उद्यान मे जाकर धर्मानन्द आचार्य का शिष्यो सहित दर्शन किया। राजा ने मुनिराज से उनकी विरक्ति का कारण पूछा। मुनिराज ने ससार दुःखो का वर्णन करते हुए क्रोध, मान, माया, लोभ और मोह के कारण ससार परिभ्रमण करने वाले चण्डसोम, मानभट, मायादित्य, लोभदेव और मोहदत्त के जन्म-जन्मान्तरो के आख्यान निरूपित किये। मुनिराज ने बताया कि प्रव्रज्या ग्रहण कर इन्होने सयम का पालन किया। वहाँ से मरण कर ये सौधर्म कल्प मे उत्पन्न हुए। इन्होने वहा पर आपस मे एक दूसरे को सम्बोधित करने की प्रतिज्ञा की थी। इस समय इन पाँचो मे से एक वणिक् पुत्र, दूसरा राजपुत्र, तीसरा सिंह चौथा कुवलयमाला और पाँचवा कुवलयचन्द के रूप मे उत्पन्न हुआ है।

कुवलयमाला का नाम सुनते ही कुमार ने मुनिराज से पूछा—'प्रभो! यह कौन है ? और उसे किस प्रकार सम्बोधित किया जायगा।

मुनिराज ने बताया—दक्षिणापथ मे विजया नाम की नगरी है। इसमे विजयसेन नाम का राजा राज्य करता है। इसकी भार्या का नाम भानुमती है। बहुत दिनो के उपरान्त उसका कुवलयमाला नाम की पुत्री उत्पन्न हुई है। यह कन्या समस्त पुरुषो से विद्वेष करती है, किसी पुरुष का मुँह भी नही देखना चाहती। इसके वयस्क होने पर राजा ने एक मुनिराज से इसके विवाह के सम्बन्ध मे पूछा—मुनिराज ने बताया कि इसका विवाह विनीता—अयोध्या नगरी के राजा दृढवर्मा के पुत्र कुवलयचन्द के साथ होगा। वह स्वय ही यहाँ आयेगा और समस्या पूर्ति द्वारा कुमारी का अनुरञ्जन करेगा।

मुनिराज ने अपनी बात को आगे बढाते हुए कहा—तुम्हारे घोडे को भी यहाँ तुम्हे सम्बोधित करने के लिए लाया गया है और मायावी ढग से उसे मृत दिखलाया गया है। तुम यहाँ से दक्षिण की ओर विजया नगरी को चले जाओ। कुमार कुवलयचन्द वहाँ पहुँचा और समस्यापूर्ति द्वारा कुमारी को अनुरक्त किया। इधर कुमार महेन्द्र भी कुवलयचन्द की तलाश करता हुआ वहाँ पहुँचा और उसने कुवलयचन्द का परिचय राजा को दिया। विवाह होने के उपरान्त पति पत्नी बहुत समय तक आनन्दपूर्वक मनोविनोद करते रहे। अन्त मे वे आत्मकल्याण मे प्रवृत्त हुए।

आलोचना—इस चम्पूकाव्य मे धर्म, कथा, काव्य और दर्शन का एक साथ समन्वित रूप वर्तमान है। इसमे प्रधान रूप से क्रोध, मान, माया, लोभ और मोह इन पाचो विकारो का परिणाम प्रदर्शित करने के लिए अनेक अवान्तर कथानको का गुम्फन किया गया है। पत्ते के भीतर पत्तेवाले कदलीस्तम्भ के समान कथाजाल का सघटन काव्यगुणो से युक्त है। कथानक का जितना विस्तार है, उसमे कही अधिक वर्णनो का बाहुल्य है, पर कथावस्तु का विभाजन आश्वासो मे नही किया गया है। अन्धविश्वास, मिथ्यात्व, वितण्डावाद एव क्रोधादि विकारो का विश्लेषण तर्कपूर्ण दार्शनिक शैली मे किया है।

इस चम्पूकाव्य म चरित्र वर्गविशेष का ही प्रतिनिधित्व करते है, सस्कृत काव्यो के समान चरित्रो में व्यक्तित्व का प्रतिष्ठा नही हो पायी है। अभिजात्यवर्ग के चरित्रो मे पूरा उदात्तीकरण उपलब्ध है।

इसमें सन्देह नही कि इस चम्पूकाव्य मे हरिभद्र की अपेक्षा काव्यात्मकता अधिक है। कथात्मक सकेत आरम्भ से ही उपलब्ध होने लगते है। लूट मे कुमार महेन्द्र का प्राप्त होना राजा दृढवर्मा को पुत्र प्राप्ति का सकेत करता है। इतना होने पर भी मूल कथा मे अवान्तर कथाओ की सघटना, उनके पारस्परिक सम्बन्ध एव चरित्रो के विश्लेषण क्रम के लिए उद्योतन सूरि अपने पूर्ववर्ती प्राकृत काव्यो के आभारी हैं। कथानकगठन की दृष्टि से इस कृति मे निम्न प्रमुख विशेषताएँ पायी जाती हैं।

१. कथावस्तु के विकास मे कथानको का चमत्कार पूर्ण योग है।

२. मनोरजन के साथ उपदेश तत्त्व की योजना और लक्ष्य की दृष्टि से आद्यन्त एक रूपता है।

३. मूल वृत्तियाँ—क्रोध, मान, माया, लोभ और मोह के शोधन, मार्जन और विलयन के अनेक रूप वर्णित है।

४. कथानक का आधार आश्चर्यजनक घटना, कथावस्तु के विकास मे जन्म-जन्मान्तर के सस्कारो का एक सघन जाल, कथानक रूढियो का प्रयोग एव पात्र वैविध्य प्रदर्शित है।

५. सवादों मे काव्योचित प्रभावोत्पादकता पायी जाती है।

६. चम्पूविधा के योग्य कथा सकेतो का सुन्दर सन्निवेश किया गया है।

७. कथा को गतिशील और चमत्कारपूर्ण बनाने के लिए स्वप्न दर्शन, अश्वापहरण एव पूर्व जन्म के वृत्तान्त को सुनकर प्रणयोद्बोध प्रभृति कथानक रूढियो का प्रयोग हुआ है, पर इनसे काव्यतत्त्व बाधित नही है।

८ हूणराज तोरमान की लूटपाट जैसे ऐतिहासिक तथ्यो की योजना भी है।

९. वाग्वैदग्ध्य और व्यग्यापकर्षक काव्य की छटा अनेक स्थानो पर उपलब्ध है।

१०. समासान्त पदावली, नये-नये शब्दो का प्रयोग, पदविन्यास की लय, सगीतात्मक गति, भावतरलता एव प्रवाहमय भाषा का समावेश वर्तमान है।

११. चण्डसोम, मानभट, मायादित्य प्रभृति नामकरणो मे संज्ञाओ के साथ प्रतीक-तत्त्व भी अन्तर्हित है। चण्डसोम शब्द परिस्थिति और वातावरण का विशदीकरण ही नही करता, अपितु क्रोध का प्रतीक है। इस प्रतीक द्वारा कृतिकार ने क्रोध की भीषणता को कहा नही है, बल्कि व्यग्यरूप मे उपस्थित कर दिया है।

१२ जन्म-जन्मान्तर के सस्कारो का जाल पूर्व के ग्रन्थकारो के समान ही अपनाया है, पर सयोग या वात्सलतत्त्व मे कुतूहल का मिश्रण कर वस्तु विन्यास मे सरसता उत्पन्न की है।

१३ विषय और कथा विस्तार की दृष्टि मे यह कृति समृद्ध है। कथानको का सघटन कुशलतापूर्वक किया गया है।

१४ जो जाणइ देसीओ भासाओ लक्खणाइं धाऊ य।
वय-णय-गाहा छेयं कुंवलयमालं वि सो पढउ'॥

१५ आश्वासो मे कथावस्तु का विभाजन न होने से सर्गबद्धता का अभाव है, जिससे चम्पू विधा का वृत्तान्त निदर्शन आख्यान के गठन में प्रस्फुटित नही हो पाया है। कथाविराम — आश्वास चम्पू मे ऐसे आराम स्थल उत्पन्न करते है, जिनसे पाठक विश्राम ग्रहण करता हुआ वर्णन चमत्कारो के द्वारा रसोद्बोध की प्रवृत्ति का परिष्कार करता है। यह गुण इस कथावस्तु में नही है।

कुवलयमाला में प्रौढ समस्यन्त गद्य का प्रयोग किया गया है। यहाँ उदाहरणार्थ उद्धरण प्रस्तुत किये जाते है। इन उद्धरणो में कवि ने दृश्यो का साकार चित्रण किया है। यह गद्य का प्रौढरूप किसी भी चम्पूकाव्य के गद्य से कम महत्त्वपूर्ण नही है यथा —

"इओ देव समाएसेणं तहि चेय दिवसे परिय-महा-करि-तुरय-रह-णर-सय-सहस्सुच्छलंत-कलयलाराव संघट्ट-घुट्टमाण-णहयलं गुरुभर दलंत-महियलं जण-

१ कुव० पृ० २८१ अनु० ४२६

सय-संबाह-रुंभमाण-दिसावहं उद्दण्ड-पोडरीय-संकुलं सपत्तं देवस्स संतियं बलं। जुज्झं च समाढत्तं। तओ देव, सर मय-णिरंतरं खग्गग्ग-खणखणा-सद्द-बहिरिय-दिसिवहं दलमाण संणाह-च्छणच्छणा-सघट्टुट्ठ त-जलण-जाला-कराल-भीसणं संपलग्गं महाजुद्धं"।

—कुवलयमाला पृ० १०, अनु० २२

इस गद्य खण्ड में कवि ने सुषेण द्वारा मालवनरेन्द्र के साथ दृढवर्मा की सेना के साथ किये गये युद्ध का वर्णन किया है। कवि ने तलवारों की सरसराहट और खनखनाहट का अनुरणनात्मक ध्वनियों द्वारा सजीव चित्रण किया है। तलवारों की परस्पर टकराहट से उत्पन्न होनेवाली अग्नि चिनगारियों का जाज्वल्यमान रूप उपस्थित किया है। इसी सन्दर्भ में शबर सेनापति सुषेण अपनी सेना के पराक्रम का चित्रण करता हुआ युद्ध की भीषणता का दृश्य उपस्थित करता है—

"ताव य देव, अम्ह बलेण विघडंत छत्तय णिवडत चिधय पडत कुञ्जरं रडत-जोहयं खलंत आसय फुरंत कोंतयं सरत सर वर दलत-रह-वर भग्गं रिउ-बलं ति"।

—कुव० पृ० १०, अनु० २२

कवि रूप चित्रण मे कितना पटु है, यह निम्न उदाहरण से स्पष्ट है—

वयण-मियंकोहामिय-कमलं कमल-सारच्छ-सुपिंजर थणयं।
थणय-भरेण सुणामिय-मज्झं मज्झ सुराय-सुविहुल णियंबं॥
विहुल-णियंब-समंथर-ऊरु ऊरु भरेण सुसाहिय-गमणं।
गमण विराविय णेउर कडयं णेउर कडय सुसाहिय-चलणं॥

—वही, पृ० १८, अनु० ३५

कवि ने रानी प्रियंगुश्यामा के मुख, स्तन, कटि, नितम्ब, ऊरु और चरण आदि अंगों का बहुत ही सजीव चित्रण किया है। रूपक अलंकार की योजना भी उक्त पद्य मे द्रष्टव्य है।

प्रकृति चित्रण मे कवि ने अपूर्व कौशल प्रदर्शित किया है। सन्ध्या और निस्सन्तान रानी का एक साथ चित्रण करता हुआ कहता है—

कुंकुम रसारुणंगो अह कत्थ वि पत्थिओ त्ति णाउं जे।
संझा-दूई राईएँ पेसिया सूर-मग्गेण॥
णिच्चं पसारिय-करो सूरा अणुराय णिब्भरा सझा।
इय चिंतिऊणराई अणुमग्गेणेअ संपत्ता॥
संझाएं समासत्तं रत्तं दट्ठूण कमल वण-णाहं।
वहइ गुरु मच्छरेण व सामायंतं मुहं रयणी॥

पच्चक्ख विलय दंसण-गुरु-कोबायाव-जाय संतावे ।
दीसंति सेय बिंदु व्व तारया रयणि देहम्मि ॥
उत्तार-तारयाए विलुलिय तम-णियर कसिण केसीए ।
चन्द कर धवल-दसण राईए समच्छरं हसियं ॥
पुव्व-दिसाएँ सहीय व दिण्णा-णव-चद-चंदण णिडाली ।
रवि विरह जलण संतावियम्मि नयणम्मि रयणीए ॥
ससियर पंडर देहा कोसिय-हुंकार राव णित्थामा ।
अह झिज्जिउं पयत्ता रएण राई विणा रावणा ॥
अरुणारुण-पीउट्ठि आयम्बिर तारयं सुरय-झीणं ।
दट्ठूण पुव्व-सझं राई रोसेण व विलीणा ॥
इय-राई-रवि-सझा तिण्ह पिहु पेच्छिउं इम चरियं ।
पल्हत्थ-दुद्ध-धवलं अह हसियं दियह-लच्छीए ॥

—वही पृ० १५-१६, अनु० ३८

उपर्युक्त गाथाओं मे कवि ने रूपक अलकार द्वारा सन्ध्या मे दूती का आरोप किया है। *सन्ध्या के समय सूर्य का अरुण देखकर मात्सर्य के कारण ही सन्ध्या लालिमा* युक्त दिखलायी पड़ती है। कवि सन्ध्योपरान्त तारागणों के उदय पर उत्प्रेक्षा करता हुआ कहता है कि क्रोध के कारण रात्रिरूपी नायिका के मुख पर श्वेत पसेव बिन्दु ही है। चाँदनी को रात्रिका हास्य और अन्धकार का काले केश कहा गया है। चन्द्रमा के उदय को रात्रिरूपी नायिका का पाण्डुशरीर कहा है, क्योंकि वह सूर्य के विरह के कारण सतप्त रहने से पीली पड गयी है और अब पति के बिना क्षीण होने लगी है। अतएव ब्राह्ममुहूर्त्त के समय अबर का लालिमा मे तारागण विलीन होने लगे है।

यहाँ कवि ने एक साथ रानी-प्रियगुश्यामा, सूर्य और सन्ध्या इन तीनो के चरित्र को व्यजना की है।

गर्भवती होने पर रानी किस प्रकार शोभित होती है, इसका चित्रण कवि ने उपमा द्वारा किया है—

"अह देवी त चेय दियहं घेत्तूण लायण्ण-जल-प्पवड्ढिया इव कमलिणी अहि-ययरं रेहिउं पयत्ता। अणुदियह-पवड्ढमाण-कला-कलाव कलंक-परिहीणा विय चंदिमा-णाह-रेहा सव्व-जण-मणोहरा जाया"।

वही, पृ० १७ अनु० ४२

इस प्रकार इस चम्पू काव्य मे अलकार, रस एव भावादि की अभिव्यञ्जना सम्यक् प्रकार सम्पन्न हुई है। इसमे सूक्तियो की भी बहुलता है, कवि ने सूक्तियो द्वारा भावो को चमत्कारपूर्ण किया है। कवि अग्नि स्वभाव और शत्रुता का चित्रण करता है—

जहा गुञ्जाहल-फल-प्पमाणो वि जलणो दहणसहावो, सिद्धत्थपमाणो वि वद्दर-विसेसो गुरु-सहावो" ।

—वही, पृ० ११, अनु० २५

अर्थात्–जिस प्रकार घु घची के समान अग्नि कण ज्वलन स्वभाव का होता है, उसी प्रकार सरसो के समान छोटा सा वैर भी महान् फलवाला होता है। क्रोध का चित्रण करते हुए कहा है—

"आबद्ध निवलि तरंग-विरइय भिउडी णिडालवट्टेण रोम फुरफुरायमाणा-हरेण अमरिस वस विलसमाण-मुवया लएणं···· - " ।

वही, पृ० ४७, अनु० ९७

स्पष्ट है कि क्रोध के कारण उत्पन्न हुई विकृति का स्वच्छ रूपाकन है।

भाषा की दृष्टि से भी यह काव्य महत्त्वपूर्ण है। पैशाची का उदाहरण इसमे आया है।

षष्ठोऽध्यायः

प्राकृत-मुक्तककाव्य

पूर्वापर निरपेक्ष स्वत.' पर्यवसित काव्य को मुक्तक काव्य कहते हैं। केशवकृत शब्द कल्पद्रुम मे बताया है—

> विनाकृतं विरहितं व्यवच्छिन्नं विशेषितम् ।
> भिन्नं स्यादथ निर्व्यूहे मुक्तं यो वाति शोभन. ॥

इस पद्य में आये हुए विनाकृत, विरहित, व्यवच्छिन्न, विशेषित और भिन्न अर्थ लगभग एक ही है। इन अर्थों से सिद्ध है कि जो काव्य अर्थ-पर्यवसान के लिए परापेक्षी न हो, वह मुक्तक कहलाता है। प्रबन्ध काव्य मे अर्थ का पर्यवसान प्रबन्ध-गत होता है, पर मुक्तक मे निर्व्यूह अर्थात् स्वत पर्यवसायी रहता है। तात्पर्य यह है कि मुक्तक काव्य मे रस की समस्त विशेषताएँ और चमत्कृति के सारे उपकरण एक ही पद्य मे अपेक्षित होते है।

सक्षेप मे मुक्तक काव्य वह है जिसके पद्य परत निरपेक्ष रहते हुए पूर्ण अर्थ की अभिव्यक्ति मे समर्थ हो, काव्य के लिए अपेक्षित चमत्कृति आदि विशेषताओ से युक्त हो, अपनी काव्यगत विशेषताओ के कारण जो आनन्द देने मे समर्थ हो, जिनका गुम्फन अत्यन्त रमणीय हो और जिनका परिशीलन ब्रह्मानन्द-सहोदर रसचर्वणा के प्रभाव से हृदय की मुक्तावस्था को प्रदान करनेवाला हो। मनीषियो ने मुक्तक काव्य मे प्रबन्ध के समान रसधारा को नही माना है, प्रबन्ध काव्य मे कथा-प्रसग के कारण पाठक अपने को भूला रहता है, पर मुक्तक मे रस के ऐसे छीटे रहते है, जिनके कारण उसकी हृदय कलिका विकसित हो जाती है। अतः प्रबन्धकाव्य को वनस्थली कहा है तो मुक्तक को गुलदस्ता। मनोरम वस्तुओ और व्यापारो का प्रबन्ध के आश्रय बिना ही वर्णन करना पडता है, जिससे कल्पना की समाहार शक्ति के साथ भाषा की समास शक्ति भी अपेक्षित रहती है।

प्राकृत भाषा मे मुक्तको का विकास छान्दस् की मुक्तक शैली के आधार पर हुआ है। सभ्यता के अरुणोदयकाल में हमे दो महान् मुक्तक-सग्रह उपलब्ध होते हैं—एक ऋग्वेद और दूसरा अथर्ववेद। विषय की दृष्टि से इनमे दो प्रकार की प्रमुख विचारधाराएँ उपलब्ध होती हैं—लौकिक या ऐहिकतापरक और दूसरी परलौकिक या आमुष्मिकता परक। ये दोनो प्रकार की विचारधाराएँ अत्यन्त प्राचीनकाल से प्रवाहित होती चली आ रही हैं।

ऐतिहासिक मुक्तकों के अन्यान्य प्रकारो मे नीति एव उपदेशात्मक मुक्तको की रचना सर्वप्रथम ऐतरेय ब्राह्मण के अन्तर्गत आये हुए उन कथानको के बीच हुई है, जो गद्य मे ही लिखे गये है। शुनःशेफ कथानक के बीच उपदेशात्मक पद्य गुम्फित हुए है, जिनका रूप मुक्तको का है। यथा--

चरन् वै मधु विन्दति चरन्मास्वादुमुदुम्बरम्।
सूर्यस्य पश्य श्रेयाण यो न तन्द्रयते चरंश्चरेवेति।

ऐत ब्रा. प्र ३३ अ. पृ. ८४५

इस पद्य मे मधु शब्द मे श्रेय और प्रेय का समन्वयपूर्ण भाव है और भौतिक सुख का प्रतीक है उदुम्बर। सूर्य कर्म और उद्योग का प्रतीक है। इस प्रकार प्रतीको की योजना कर सुन्दर उपदेश दिया गया है।

पुत्र की प्रशसा करते हुए इसी ग्रन्थ मे बताया गया है—

शाश्वत्पुत्रेण पितरोऽत्यायन्बहुलं तमः आत्मा।
हि जज्ञ आत्मन. स इरावत्य तितारिणी।

ऐतरेय ब्रा० प्रथम खड ३३वाँ अ० -४

ऐयरेय ब्राह्मण की इस शैली से ज्ञात होता है कि आरम्भ मे मुक्तक पद्य ऐसे था ग्रन्थो मे प्रयुक्त हुए है, जो उपदश या प्रवचन के लिए लिखे गये है।

आगे चलकर मुक्तक स्वतन्त्र मुक्तक छन्दो के रूप मे गृहीत किये जाने लगे। प्रा त और सस्कृत मे गाथाओ और आर्याओ का मुक्तक रूप में जो विकास दीख पडता है, वह परम्परा अनुसार कथाओ और कल्पनाओ से सदा सम्बद्ध रहा है। मुक्तक का बाह्य रूप अवश्य आत्मपर्यवसित है, पर उसका वास्तविक रहस्य अवगत करने के लिए किसी जीवन प्रबन्ध की कल्पना करनी पडती है। अतएव मुक्तक प्राचीन कथातत्त्व के ही कलात्मक, विकसित एव सक्षिप्त रूप हैं। यही कारण है कि एक-एक मुक्तक अनेक कथाओ के बराबर रस प्रदान करके की क्षमता रखते हैं।

प्राकृत भाषा में मुक्तक काव्य का विकास वस्तुत. आगम-साहित्य की उस प्रवचन पद्धत्ति मे हुआ है, जिसमे उपदेश की बात को सरस पद्य में कह दिया जाता था। वैराग्य भाव या सिद्धान्त के अतिरिक्त प्रकृति के चित्र भी इस काव्य में पाये जाते है। रामायण और महाभारत मे नीति और उपदेशात्मक पद्यो का गुम्फन मुक्तक काव्य का स्वरूप स्पष्ट करता है। आनन्दवर्द्धन ने मुक्तक काव्य की जो परिभाषा और व्याख्या प्रस्तुत की है, उसके अनुसार मुक्तक काव्य की रचना का श्रेय सस्कृत को न मिलकर प्राकृत भाषा को ही मिलता है। लोक भाषा के रूप में जब प्राकृत भाषा समृद्ध हो गयी, तब प्राकृत में रसमय रचनाएँ होने लगी, जिन रचनाओ से सस्कृत साहित्य भी प्रभावित

हुआ। इसमें सन्देह नहीं प्राकृत साहित्य ने यदि सस्कृत से कुछ ग्रहण किया है, तो उसने सस्कृत को कुछ दिया भी है।

मुक्तक काव्य की बिल्कुल नवीन परम्परा का आरम्भ गाथासप्तशती से होता है। इस मुक्तक की प्रौढ परम्परा इस बात की ओर भी इंगित करती है कि प्राकृत में इस काव्य ग्रन्थ के पूर्व भी इस कोटि की रचनाएँ अवश्य रही होगी। गोवर्द्धनाचार्य, अमरुक और भर्तृहरि जैसे कवियो ने अपने मुक्तक काव्यों की रचना मे प्राकृत-मुक्तको का अवश्य आधार बनाया है।

प्राकृत के मुक्तक स्तुति, स्तवन या स्तोत्र रूप में आविर्भूत होकर भी ऐहिकतापरक पाये जाते है। धार्मिक पृष्ठभूमि के साथ जीवन की अन्य प्रवृत्तियो का भी अपनाये रहने के कारण प्राकृत मुक्तको मे जीवन के विभिन्न चित्र सहज रूप मे अंकित हो सके है।

कुछ विद्वान् 'गाथासप्तशती' के शृंगारिक मुक्तको पर आभीर जाति के लोगो का ससर्ग मानते हैं। यह सत्य है कि आभीरो का ससर्ग भारतीयो से इसी प्राकृत काल मे आरम्भ होने लगा था। इसकी भाषा ने प्राकृत भाषा को भी प्रभावित किया। आभीरो की अपनी उपासना पद्धति थी, जिसके साथ मिलकर भागवत-धर्म एक दूसरी ओर ही मुड गया है। गोप-गोपिकाओ की शृंगारिक भावनाओ का प्रचार भी आभीरो के सम्पर्क से हुआ है। अतएव प्राकृत के मुक्तको की इस नवीन धारा मे बहती हुई ऐहिकतापरक प्रवृत्ति को मनीषियो ने आभीरो की देन माना है। गाथासप्तशती मे शृंगारिक भावनाओं और चेष्टाओ का बहुत ही सुन्दर विश्लेषण हुआ है।

प्राकृत-मुक्तक आमुष्मिकता के आधार पर निर्मित हुए थे, पर गाथासप्तशती के काल में भाव एव विधान इन दोनों ही दृष्टियों से उनमे परिष्कार हुआ। सस्कृत में कालिदास ने शृंगारिक मुक्तको की रचना की, पर भर्तृहरि ने इस क्षेत्र मे आकर वैराग्य और नीति के भी मुक्तक रचे। शृंगार शतक का नारी सौन्दर्य वर्णन से और वैराग्य का सासारिक अस्थिरता से आरम्भ हुआ है। अमरुक ने अपने अमरुक शतक मे शृंगार की जितनी अवस्थाएँ सम्भव्य हैं,उन सभी का सुन्दर चित्रण किया है। गोवर्द्धनाचार्य ने आर्या-सप्तशती मे ग्रामीण एव गार्हस्थिक वातावरण का सुन्दर विश्लेषण किया है। नीति एवं उपदेशात्मक मुक्तको के अन्तर्गत चाणक्य नीति, तथा बाण, मयूर आदि कवियो के स्तोत्र संग्रह भी आते हैं।

आभीर और हूणो के ससर्ग से प्राकृत भाषा के उच्चारण और वाक्यविन्यास में धीरे-धीरे परिवर्तन हो रहा था। फलत लोक भाषा ने अपभ्रंश का रूप धारण किया। अन्य काव्य-विधाओ के समान अपभ्रश मे भी मुक्तक रचनाएँ लिखी जाने लगी। प्राकृत का गाथा छन्द अपभ्रंश में दोहा या दूहा बनकर आ गया। कुन्दकुन्द, स्वामिकार्त्तिकेय, वट्टकेर, नेमिचन्द्र, हरिभद्र प्रभृति प्राकृत लेखको के आमुष्मिकतापरक सैद्धान्तिक मुक्तक-

काव्यों की शैली पर जोगीन्दु का योगसार और परमात्म प्रकाश, रामसिंह मुनि का 'पाहुड दोहा, देवसेन का 'सावय धम्म दोहा' आदि रचनाएँ प्रस्तुत की गयी है। आचार्य हेमचन्द्र के शृंगार, वीर और करुण रस सम्बन्धी मुक्तक पद्य प्रसिद्ध हैं।

इस प्रकार प्राकृत भाषा मे मुक्तक-काव्यो की परम्परा धर्म और सिद्धान्त के आधार पर आरम्भ हुई और ऐहिकता का समावेश हो जाने पर शृगार का विभिन्न रूपो मे विकास हुआ है। अत. प्राकृत मे मुक्तक काव्यो की परम्परा बहुत ही व्यवस्थित और वैविध्य पूर्ण है। इसमे एक ओर धर्म तत्त्व है, तो दूसरी ओर शृगारतत्त्व। कतिपय मुक्तक काव्यो का विवेचन प्रस्तुत किया जायगा।

गाहासत्तसई[1] (गाथासप्तशती)

गाथासप्तशती इस प्रकार का रसमुक्तक काव्य है, जो सहृदयो मे चमत्कार का सचार करने मे पूर्ण समर्थ है। इसमें रमणीय दृश्यो एव परिस्थितियो का चित्रात्मक और भावपूर्ण वर्णन विद्यमान है। नायक और नायिका के विभिन्न मनोभावो का कवि ने एक चित्रकार की भाँति साङ्गोपाङ्ग निरूपण किया है। विलास की अगणित ललित क्रीडाओ का सजीव वर्णन इस मुक्तक में आद्योपान्त अकित है। ऐन्द्रिय या भौतिक अनुभूतियो के माध्यम से आध्यात्मिक अनुभूति का सूक्ष्मरूप उपस्थित किया गया है।

इस मुक्तक में सयोग पक्ष के अन्तर्गत आलम्बन-रूप-नायक-नायिका, सखी, दूती, षट्ऋतु और अनुभाव, सात्त्विकभाव, नायिकाओ के स्वभावज अलकार आदि का मनोहर वर्णन विस्तार पूर्वक किया गया है। वियोग पक्ष में पूर्व राग, मान, प्रवास के साधन, गुणश्रवण, चित्रदर्शन, प्रत्यक्षदर्शन, मान-मोचन के अनेक उपाय और वियोग जन्य काम दशाएँ वर्णित है। नख-शिख वर्णनो के साथ वय सन्धि के वर्णनो में केवल परम्परा भुक्त उपमानो का ही प्रयोग नही हुआ है, बल्कि उसमे निरूपण के द्वारा रस-लिप्सु चेतना का ऐसा असन्दिग्ध निरूपण किया गया है, जिससे प्रेम विह्वलता, लालसा, अतृप्ति, सम्मिलन-सुख की आत्म-विस्मृति के मर्मस्पर्शी चित्र अकित हो गये है।

इस काव्य मे नायिकाओ के प्राणो के भीतर की सिहरन, प्रेमिल हृदय की अगणित वृत्तियो का अकन, भावो में स्वाभाविकता के साथ सरलता का मजुल मिश्रण, अनुराग लीलाओ की अलौकिकता का निर्देश एव हावो और भावो की रमणीय योजना उपस्थित की गयी है। यही कारण है कि गोवर्द्धन की आर्यासप्तशती इसीका अनुकरण मात्र है।

प्रेम की पीर की अभिव्यञ्जना अत्यन्त गम्भीर है। पार्थिव प्रेम की सम्पूर्ण श्यामलता एव उज्ज्वलता, विलासिता एव नैसर्गिकता, कुरूपता एव कमनीयता एक साथ प्रतिफलित हुई हैं। प्रेम एव सौन्दर्य के चित्रण उत्तरोत्तर-सूक्ष्म एव अभौतिक होते गये

१ चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी १, सन् १९६१

हैं। शृङ्गार मे होनेवाले स्तम्भ, रोमाञ्च, स्वरभंग, कम्प तथा निर्बलता का हेतु भय या त्रास भी पूर्ण रूपेण वर्णित है।

इस मुक्तक मे शृंगार रस की अभिव्यक्ति किन्ही विशेष प्रकार के नायक-नायिकाओ को लक्ष्य करके नही की गयी है, अपितु, कवि ने सामान्यत नायक नायिकाओ की उन मानसिक दशाओ का चित्रण किया है, जो किसीके भी विषय मे सभव है।

इस मुक्तक काव्य मे सर्वश्रेष्ठ कवि और कवयित्रियो की चुनी हुई लगभग सात सौ गाथाओ का सकलन है। पहले इसे गाहाकोस (गाथाकोश) कहा जाता था। महाकवि बाणभट्ट ने अपने हर्ष चरित मे इसे इसी नाम से उल्लिखित किया है। इसके सम्बन्ध मे कहा जाता है कि एक करोड प्राकृत गाथाओ मे से रमणीयार्थ प्रतिपादक केवल सात सौ गाथाएँ ही इसमे सग्रहीत की गयी हैं। इन गाथाओ की रसमयता की प्रशंसा बाण, रुद्रट, मम्मट, वाग्भट्ट, विश्वनाथ और गोवर्धन आदि आचायो ने मुक्तकण्ठ से की है। बाण ने लिखा है—

अविनाशिनमग्राम्यमकरोत्सातवाहनः।
विशुद्धजातिभि. कोष रत्नैरिव सुभाषितै ॥—हर्षचरित श्लो० १३

इस काव्य का प्रत्येक पद्य अपने आप मे स्वतन्त्र और आमुष्मिकता की चिन्ता से बिलकुल मुक्त है। इस काव्य मे लोकजीवन के विविध पटलो की सजीव अभिव्यक्ति हुई है। गाथाओ के दृश्य अधिकतर सरल ग्राम्य जीवन मे लिये गये है। वहाँ के लोग नगर की विलास सामग्रियो मे भले ही वचित हो, पर प्रेम, दया, सहृदयता, एकनिष्ठता जैसे भावो के धनी है। गाथाओ में तत्कालीन सामाजिक प्रथाओ का भी सुन्दर चित्रण हुआ है। शृगार के अतिरिक्त इसमे प्रकृति-चित्रण एव नीति विषयिक सूक्तियाँ भी पायी जाती है। गाथाओ मे तत्कालीन सामाजिक अवस्थाओं के सुन्दर चित्रण प्रस्तुत किये गये है। प्रत्येक गाथा मे किसी न किसी प्रकार का चमत्कार माधुर्य या सौष्ठव तो है ही, साथ ही व्यग्यार्थ की सुन्दर छटा सर्वत्र दर्शनीय है। अलकारो की योजना द्वारा कवि ने भावो को उदात्त बनाया है। निम्न पद्य में उत्प्रेक्षा का चमत्कार दर्शनीय है —

रेहंति कुमुअदलणिच्चलट्ठिआ मत्तमहुअरणिहाआ।
ससिअरणीसेसपणासिअस्स गण्ठि व्व तिमिरस्स ॥ ५६१ ॥

मरकत की सुई से बिधे मोती के समान, तृण की नोक पर चमकते जल-बिन्दु को मृग चाट रहे हैं, कहीं काले मेघो के प्राणो की भाँति बिजली धुक्-धुक् काँप रही है।

कही कुमुददलो पर निश्चल भाव से बैठे काले भौंरे अन्धकार की ग्रन्थियो के सदृश प्रतीत हो रहे है।

चमत्कारपूर्ण सूक्तियों की बहुलता है। बताया है कि संसार में बहरों और अंधों का ही समय सुख से बीतता है; क्योंकि बहरे कटु शब्द सुन नहीं सकते और अंधे दुष्टों की समृद्धि नहीं देख पाते। कृपण के लिए उसका फल उसी प्रकार निष्फल है, जिस प्रकार ग्रीष्म की कड़ी धूप में व्याकुल पथिक के लिए उसकी अपनी छाया।

वक्र—टेढ़े स्वभाव और अवक्र—सीधे स्वभाव वालों का साथ कभी नहीं निभ सकता ? तभी तो सीधे बाण को टेढ़ा धनुष दूर फेंक देता है। कवि ने इस तथ्य का बहुत ही सुन्दर चित्रण किया है—

चावो सहावसरलं विच्छिवइ सरं गुणम्मि वि पडतं।
वंकस्स उज्जुअस्स अ संबंधो किं चिरं होई॥ ४२४॥

ग्रामीण जीवन के चित्र भी कवि ने अनूठे खींचे हैं। किसान की मुग्धा पुत्रवधू को एक नयी रंगीन साड़ी मिली है, उसका उल्लास इतना असीम हो रहा है कि गाँव के चौड़े रास्ते में भी वह तन्वी नहीं समा रही है। गावों की दरिद्रता के करुण दृश्य भी बड़े हृदय स्पर्शी हैं। कृषक पति अपनी गर्भवती पत्नी से उसकी दोहद-अभिलाषा पूछता है। पति को आर्थिक कष्ट न हो, अतएव वह केवल अपनी जल की इच्छा ही प्रकट करती है। मूसलाधार पानी बरस रहा है, झोपड़ी में टप-टप पानी चू रहा है, कृषक पत्नी अपने प्यारे बच्चे को बचाने के लिए उस पर झुककर पानी की बूंदें अपने सिर प ले रही है, पर कीव [illegible] है कि [illegible] नहीं पता कि इस प्रकार वह अपने नयनों से झरते जल से उसे भिगो रही है।

गाथासप्तशती में प्रेम और करुण भाव के साथ प्रेमियों की रसमयी क्रीड़ाओं का सजीव चित्रण हुआ है। अहीर-अहीरिनों की प्रेम गाथाएँ, ग्रामवधुओं की शृंगार चेष्टाएँ, चक्की पीसती हुई युवतियों की विभिन्न भावावलियाँ, पौधों को सींचती हुई सुन्दरियों के मोहक चित्र, युवक-युवतियों की विभिन्न क्रीडाएँ, सास-ननद और युवतियों के व्यंग्याभिभाषण एवं ऋतुओं के मोहक चित्र प्रस्तुत किये गये हैं। ग्रीष्म ऋतु ने अपनी उष्णता के कारण चारों ओर एक विचित्र भाव उत्पन्न कर दिया है। एक उदाहरण यहाँ प्रस्तुत किया जाता है—

गिरिसोत्तो त्ति भुअंगं महिसो जीहइ लिहइ संतत्तो।
महिसस्स कह्नवत्थरझरो त्ति सप्पो पिअइ लालं॥ ५५१॥

ग्रीष्म सन्ताप से सन्तप्त महिष—भैंसा गिरि-स्रोत समझ कर सर्प को अपनी जिह्वा से चाट रहा है और सर्प भी काले पत्थर का झरना समझ कर उसका लार पी रहा है।

अज्जं गओत्ति अज्जं गओत्ति अज्जं गओत्ति गणरीए।
पढम व्विअ दिअहद्धे कुड्डो रेहाहि चित्तलिओ॥ २०८॥

मेरा पति आज गया है, आज गया है, इस प्रकार एक दिन मे एक लकीर खींचकर दिन गिननेवाली नायिका ने दिन के प्रथमार्ध में ही दीवाल रेखाओ से चित्रित कर डाली।

उपर्युक्त गाथा मे कवि ने एक नायिका के वियोग शृगार का बहुत ही सूक्ष्म एवं सुरुचिपूर्ण चित्रण उपस्थित किया है। वियोग से आक्रान्त नायिका मे इतना सामर्थ्य नही कि वह एक क्षण के लिए भी अपने प्रिय से अलग रह सके।

कवि ने विरहाग्नि का बहुत सुन्दर गम्भीर चित्रण किया है। कवि कहता है कि नायिका के हृदय मे वियोगाग्नि धधक रही है और उसे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह अग्नि उसे भस्मसात् किये बिना नही रहेगी। कोई नायिका किस प्रकार आँखो में आँसू भर कर अपने प्रियतम का रोकने की चेष्टा करती है।

एक्को वि कह्लसारो ण देइ गन्तुं पआहिणवलंतो।
किं उण वाहाउलिअं लोअणजुअलं पिअअमाए॥ १२५॥

कृष्णसार मृग का यात्रा के समय बाई ओर से दाहिनी ओर आना अपशकुन समझा जाता है। फिर, भला प्रियतमा के आँसुओ से भरे हुए दो नेत्र रूपी काले मृगो के सामने आ जाने पर यात्रा किस प्रकार हो सकती है।

अपने प्रियतम के प्रात काल विदेश जाने का निश्चय अवगत कर नायिका सोचती है। कवि ने उसकी विचारधारा का बहुत ही सुन्दर विश्लेषण किया है

कल्लं किल खरहिअओ पवसिहिइ पिओत्ति सुण्णइ जणम्मि।
तह बड्ढ भअवइ णिसे जह से कल्लं विअ ण होइ॥ १४६॥

ऐसा सुना जाता है कि मेरा क्रूर हृदय प्रियतम प्रात प्रवासार्थ जायेगा, हे निशा-देवि, तुम इस प्रकार बढ जाओ कि प्रात ही न हो।

प्रवासगमनेच्छु व्यक्ति की भार्या घर-घर घूमकर विदाई के समय प्राणधारण करने का रहस्य उन महिलाओ मे पूछती फिर रही है, जिन्होने प्रिय का विरह सहन किया है।

भावना की पराकाष्ठा वहाँ पर हो जाती है, जहाँ प्रियतम के लौटने पर भी नायिका इसलिए वस्त्राभरण नही धारण करती कि अभी उसका पडोसी नही लौटा है, और उसके शृगार करने से उसकी पडौसिन को कष्ट होगा।

भोजन बनाने मे संलग्न नायिका का काला हाथ उसके मुँह से लग जाता है। नायक गृहिणी के मुख पर लगी कालिमा को देखकर हँसता हुआ कहता है कि वाह! तुम्हारे मुख और चन्द्रमा मे तनिक भी अन्तर नहीं है।

घरिणीए महाणसकम्मलग्गमसिमलिएण हत्थेण।
छित्तं मुहं हसिज्जइ चन्दावत्थं गअं पइणा॥ १३॥

रसोई बनाते समय कही पत्नी के कालिख लगे हाथ से मुँह पर काला धब्बा लग गया, उसे देखकर मुसकुराता हुआ पति कहने लगा—अब तो तुम्हारा मुख चन्द्रमा ही बन गया है। कलक की जो कमी थी, वह भी पूरी हो गयी है।

गाथासप्तशती की प्रत्येक गाथा में किसी न किसी भाव या रस की अभिव्यक्ति अवश्य हुई है। नायिका के मुख की समता चन्द्रमा नही कर सकता, इस तथ्य का निरूपण कवि ने अन्योक्ति अलकार द्वारा कितना सुन्दर किया है।

तुह मुहसारिच्छं ण लहइ त्ति संपुण्णमंडलो विहिणा।
अण्णमअं व्व घडइउं पुणो वि खंडिज्जइ मिअंको॥ २०७॥

जब ब्रह्मा ने देखा कि पूर्णचन्द्र बनाने पर भी वह नायिका के मुख की समता नही कर सका, तब वह उसे पुन. बनाने के लिए खण्ड-खण्ड कर डालता है। एक अन्य सुकुमार अन्योक्ति भी दर्शनीय है—

जाव ण कोसविकासं पावइ ईसीस मालई कलिआ।
मअरन्दपाणलोहिल्ल भमर तावच्चिअ मलेसि॥४४॥

जब तक मालतीकलिका—कोष कुछ बढ़ नही जाता, तब तक रसपानलोलुप भ्रमर, तुम कालिका के मर्दनमात्र से ही सन्तोष प्राप्त कर रहे हो।

सक्षेप मे गाथासप्तशती की गाथाओ को वर्ण्य विषय की दृष्टि से निम्न वर्गों मे विभक्त किया जा सकता है।

१. नायक-नायिकाओ की विशेष दशाओ का चित्रण।
२ सामान्य कोटि और निम्न श्रेणी की नायिकाओ की भावदशाओं का चित्रण।
३. प्रेम-प्रसग के वर्णन में सामयिक रीति-नीति, आचार-व्यवहार का चित्रण।
४. कृषक एव उनकी युवतियो की विभिन्न दशाएँ।
५. ग्रामीण सौन्दर्य और ग्राम्य चित्रो का प्रस्तुतीकरण।
६ ऋतुओ के मार्मिक चित्रण।
७. सामाजिक रीति-नीति के साथ देश और काल की परिस्थिति पर प्रकाश।
८. काम की विभिन्न दशाओ का चित्रण।
९ नारी सौन्दर्य की अभिव्यञ्जना।
१० केलि-क्रीडाओ के विभिन्न चित्र।
११. दाम्पत्य जीवन की अनेक रोचक कथाएँ।

सस्कृत साहित्य के प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ कीथ ने लिखा है कि गाथा-सप्तशती की इन गाथाओं में केवल ४३० गाथाएँ ऐसी है, जो कि अब तक उपलब्ध होनेवाली समस्त प्रतियो में मिलती हैं। इससे ज्ञात होता है कि इस पुस्तक मे परिवर्तन एव परिवर्धन पर्याप्तमात्रा में हुआ है। आज जिस रूप मे यह कृति उपलब्ध है, वह शृङ्गाररस का

प्रशान्त समुद्र है। इसने स्वय को ही नही, प्राकृत भाषा को भी अमर बना दिया है। काव्य-जगत् मे इसकी समकक्षता करने वाला कोई भी ग्रन्थ नही है। व्यञ्जना का सुन्दर और सुमधुर समावेश इसमे हुआ है। यह वैदर्भी शैली मे लिखा गया काव्य है। अलकारो का स्थान-स्थान पर सुन्दर और उचित प्रयोग हुआ है। व्यग्य का तो ऐसा साम्राज्य है कि एक भी पद्य इसमे वंचित नही है। व्यग्यार्थ अपने चरम उत्कर्ष को प्राप्त है।

लक्षण शास्त्र की दृष्टि से यह जितना महत्त्वपूर्ण है, वर्ण्य विषय की दृष्टि से भी उतना ही। समाज के प्रत्येक वर्ग का इसमे प्रतिनिधित्व किया गया है। एक ओर नागरिक जीवन के प्रौढ चित्र है, तो दूसरी ओर ग्रामीण जीवन के भोले और मधुर चित्रो की कमी नही है।

इस काव्य का रचयिता शैव-धर्मावलम्बी प्रतीत होता है। यो हाल को जैनधर्मावलम्बी और जैनतीर्थों का उद्धारक कहा जाता है। सस्कृत एव प्राकृत साहित्य मे ऐसे सन्दर्भ आते है, जिनसे सातवाहन दानी, धर्मात्मा, पराक्रमी, लोकहितैषी एव विद्यानुरागी सिद्ध होता है। हेमचन्द्र और मेरुतुङ्ग ने उसे नागार्जुन का शिष्य बतलाया है। हाल कवि विलासी रुचि और शृङ्गार प्रेमी प्रतीत होता है। इस ग्रन्थ का रचना काल साधारणत ई० प्रथम शती माना जाता है। कुछ विद्वान् इसका समय ४–५ ई० शती मानते है।

यह एक सकलन ग्रन्थ है। इसका प्राचीन नाम गाथाकोष आया है और दशवी शताब्दी तक यह ग्रन्थ इसी नाम से प्रसिद्ध भी रहा है। इसमे प्रवरसेन, सर्वसेन, मान, देवराज, वाक्पतिराज, कणराज, अवन्तिवर्मन, ईशान, दामोदर, मयूर, बप्पस्वामी, वल्लभ, नरसिंह, अरिकेसरी, वत्सराज, वराह, माउरदेव, त्रिअट्ठ, धनञ्जय, कविराज, माधवसेन एव नरवाहन आदि का नामोल्लेख पाया जाता है। इस कारण कुछ विद्वान् इसका सकलन काल दसवी शताब्दी तक ले जाते है।

वज्जालग्गं[1]

हाल की गाथासप्तशती के समान वज्जालग्ग भी एक सुन्दर मुक्तककाव्य सग्रह है। इसमे भी अनेक प्राकृत कवियो की सुभाषित गाथाएँ सग्रहीत है। श्वेताम्बर मुनि जयवल्लभ ने इस ग्रन्थ का सकलन किया है। हाल की सप्तशती के समान इसमे ७९५ गाथाओ का सग्रह है।

वज्जा शब्द देशी है, इसका अर्थ अधिकार या प्रस्ताव है। एक विषय से सम्बन्धित

---

१. प्रोफेसर जुलियस लेवर द्वारा सपादित होकर कलकत्ता से सन् १९४४ मे रॉयल एसियाटिक सोसाइटी ऑव बगाल द्वारा प्रकाशित

गाथाएँ एक वज्जा के अन्तर्गत आती हैं। जिस प्रकार भर्तृहरि के नीति शतक में पद्धत्तियाँ हैं और एक पद्धत्ति में एक विषय के पद्य सग्रहीत है, उसी प्रकार एक वज्जा मे एक विषय से सम्बद्ध गाथाएँ सकलित हैं। जयवल्लभ ने मगलाचरण के अनन्तर बताया है—

विविहकइविरइयाणं गाहाणं वरकुलाणि घेत्तूण।
रइयं वज्जालग्गं विहिणा जयवल्लहं नाम ॥ ३ ॥
एक्कत्थे पत्थावे जत्थ पढिज्जन्ति पउरगाहाओ।
तं खलु वज्जालग्गं वज्ज त्ति य पद्धई भणिया ॥ ४ ।

नाना कवियो द्वारा विरचित श्रेष्ठ गाथाओं को ग्रहण कर इस वज्जलग्ग काव्य की रचना की जा रही है।

एक प्रस्ताव या अधिकार मे उन गाथाओ का सकलन किया गया है, जो उस प्रस्ताव के विषय से सम्बद्ध हैं। अत वज्जा शब्द पद्धत्ति का भी पर्यायवाची है। इस काव्य मे अनेक विषयो या प्रस्तावो से सम्बन्धित गाथाएँ सग्रहीत की जा रही है।

इस ग्रन्थ मे श्रोतृ, गाथा, काव्य, सज्जन, दुर्जन, मित्र, स्नेह, नीति, धीर, साहस, दैव, विधि, दीन, दारिद्र्य, प्रभु, सेवक, सुभट, धवल, विन्ध्य, गज, सिंह, हरिण, करभ, मालती, भ्रमर, सुरतरु, हस, चन्द्र, विदग्धजन, पञ्चम, नयन, स्तन, लावण्य, सुरत, प्रेम, मान, प्रवसित- विरह, अनग, पुरुषोल्लास, प्रियानुराग, दूती, विरहपीडिता, प्रवासित, धन्य, हृदयसवरणा, सुगृहिणी, सती, असती, ज्योतिषिक, लेखक, धार्मिक, मान्त्रिक, मुसल, बालासवरण, कुट्टिणी शिक्षा, वेश्या, कृपण, खनक, कृष्ण, रुद्र, प्रहेलिका, शशक, वसन्त, ग्रीष्म, प्रावृट्, शरत्, हेमन्त, शिशिर, जरा, महिला, पूर्वकृतकर्म, स्थान, गुण, गुणनिन्दा, गुणश्लाघा, पुरुषनिन्दा, कमल, कमलनिन्दा, हसमान, चक्रवाक, चन्दन, वट, ताल, पलाश, वडवानल, रत्नाकर समुद्रनिन्दा, सुवर्ण, आदित्य, दीपक, प्रियोल्लास एव वस्त्रव्यवसायी विषय वर्णित हैं।

इस काव्य पर रत्नदेव गणि ने सवत् १३९३ मे सस्कृत टीका लिखी है। इसमे हेमचन्द्र और सदेशरासक के लेखक अब्दुल रहमान की गाथाएँ भी सकलित है। इसका रचनाकाल चौथी शती होना चाहिए। अत स्पष्ट है कि हेमचन्द्र और अब्दुल रहमान की गाथाएँ जयवल्लभ द्वारा सग्रहीत नहीं है। हमारा अनुमान है कि टीकाकार ने इन गाथाओ को पीछे से जोड दिया है। ग्रन्थ की विषय सामग्री का आन्तरिक परीक्षण करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि इस काव्य का सकलन जयवल्लभ के पीछे भी होता रहा है। टीकाकार रत्नदेव गणि ने भी इसके कलेवर की वृद्धि मे सहयोग दिया है।

वज्जालग्ग मे जीवन के जितने क्षेत्रो की अनुभूतियाँ समाविष्ट हैं, गाथासप्तशती में नही। इस काव्य की गाथाएँ पाठको को केवल शृङ्गार के घेरे मे न रखकर सच्ची मानवता के प्रसार का सन्देश देती हैं। मानव जीवन मे शृङ्गार का महत्त्व तो सर्वमान्य ही है,

पर उसके साथ यह भी स्वीकार करना पड़ेगा कि शृङ्गार मनुष्य को 'स्व' तक ही सीमित कर देता है और वह लोक जीवन से हटाकर व्यक्ति को एकान्त कक्ष की ओर जाने को बाध्य करता है। जो कविता व्यक्ति की ऐकान्तिकता को दूर कर उसे लोकजीवन के बीच जाने की मगलमयी प्रेरणा देती है, वही ऊँची कविता है। उसीका जीवन से गहरा सम्बन्ध है। व्यक्तिहित वा वैयक्तिक सुख से सामाजिक या सामूहिक सुख उत्तम है। जो काव्य मानव को लोक मगल की ओर प्रेरित करे श्रेष्ठ काव्य कहलाने का अधिकारी है। भारतीय सस्कृति समूह के हित का विधान करती है, केवल व्यक्ति के हित का नही, अतएव इस काव्य मे लोकसग्रह की भावना अन्तर्निहित है। इस दृष्टि से यह गाथासप्तशती की अपेक्षा श्रेष्ठ है। लोकमगल का आधान इसके द्वारा होता है। यहाँ एक दो वज्जा का साराश देकर उत्तम काव्य के महत्त्व को सिद्ध करने की चेष्टा की जायगी।

सज्जणवज्जा के आरम्भ में कवि आश्चर्य प्रकट करता है कि समुद्र मन्थन से चन्द्रमा, कल्पवृक्ष और लक्ष्मी की उत्पत्ति हुई है, पर इनसे भी बढकर सुन्दर एव सुखद इस सज्जन का उत्पत्ति कहा से हुई है, यह नही कहा जा सकता। सज्जन व्यक्ति का स्वभाव शुद्ध होता है। दुर्जन व्यक्ति यदि सज्जन को मलिन भी करना चाहे तो वह मलिन नही होता, बल्कि क्षार या राख मे मले दर्पण के समान और अधिक चमकने लगता है। सज्जन कभी क्रोधित नही होता और यदि क्रोधित भी हुआ तो पाप करने की बात नही सोचता है। यदि कदाचित् सोच भी लेता है तो उसे कहता नही और कह भी देता है तो लज्जित हो जाता है। क्रोध करने पर भी व्यक्ति अपने मुख से कटु भाषण नही करता। जिस प्रकार चन्द्रमा राहु के मुख में जाने पर भी अमृत की वर्षा करता है, उसी प्रकार पीड़ा दिये जाने पर भी सज्जन व्यक्ति अन्य लोगो को सुख पहुँचाता है। सज्जन व्यक्ति देखते ही दूसरो के दु.ख को दूर करता है और उसके वचनमात्र से भी सभी प्रकार के सुख प्राप्त होते हैं। विधाता ने इस ससार में समस्त सुखो के सारभूत सज्जन का निर्माण किया है। सज्जन न तो किसीकी हँसी उडाता है और न अपनी आत्मश्लाघा करता है, यह तो सज्जन का स्वभाव है। ससार मे उपकार करने या न करने पर उपकार करने वाले दिखलायी पडते है किन्तु बुराई करने पर जो हित साधन करें, ऐसे सज्जन व्यक्ति इस ससार में दुर्लभ हैं।

सामान्यत: मनुष्य का स्वभाव है कि प्रिय उपकार करने वाले व्यक्ति का वह प्रिय-उपकार करता है, पर. सज्जन का यह स्वभाव है कि अप्रिय करने वाले का भी प्रिय साधन करता है। सज्जन कठोर नही बोलता, अत: कवि कहता है कि पता नही सज्जन का स्वभाव किसके समान है। सज्जन किसी का अपकार करना नही चाहता

है, वह नित्य उपकार करने की इच्छा करता है। दूसरो के द्वारा अपराध किये जाने पर भी वह क्रोधित नही होता। सज्जन व्यक्ति के अधिक गुणो की क्या प्रशसा की जाय, उसके दो गुणो का उल्लेख करना ही पर्याप्त है। उसका क्रोध बिजली की चमक के समान अस्थिर और मित्रता पत्थर रेखा के समान स्थायी होती है। अब कलियुगरूपी मदोन्मत्त गजराज को गर्जना करने का समय नही है, क्योकि इस समय सज्जन पुरुष-रूपी सिह शावक के चरणो से भूमि अकित हो गयी है। दीनो का उद्धार करना, शरणागत की रक्षा करना और अपराधी के अपराध को क्षमा करना केवल सज्जन ही जानते है। दो व्यक्ति ही इस पृथ्वी को धारण किये हुए है अथवा वे ही दो इस पृथ्वी को धारण करने मे समर्थ है। प्रथम वह व्यक्ति है, जिसकी बुद्धि उपकार करने मे प्रवृत्त है और दूसरा वह व्यक्ति है जो दूसरे व्यक्ति के किये हुए उपकार का स्मरण रखता है। दुःख या विपत्ति के आने पर भी सज्जन व्यक्ति बदलता नही, वह पाषण रेखा के समान सदा अटल रहता है। प्रलयकाल मे पर्वत विचलित हो जाते है, समुद्र भी अपनी मर्यादा का अतिक्रमण कर देता है, पर सज्जन व्यक्ति उस समय भी स्वीकार की गयी प्रतिज्ञा को नही छोडता है। चन्दन वृक्ष के समान फल रहित होने पर भी सज्जन व्यक्ति अपने शरीर द्वारा परोपकार करते है।

सस्कृत साहित्य मे भी सज्जनो के स्वभाव और गुणो की प्रशसा की गयी है। पर इतना उत्कृष्ट और स्वच्छ निरूपण भर्तृहरि या अन्य किसी कवि ने नही किया है।

इसी प्रकार कवि ने आदर्श गृहिणी का बहुत ही हृदय स्पर्शी चित्रण प्रस्तुत किया है। कवि कहता है —

> भुज्जइ भुञ्जियसेस सुप्पइ सुप्पम्मि परियणे सयले।
> पढम चेय बिबुज्झइ घरस्स लच्छी न सा घरिणी ॥ ४५५ ॥
> दुग्गय घरम्मि घरिणी रक्खन्ती आउलत्तणं पइणो।
> पुच्छिमदोहलसद्धा उदययं चिय दोहलं कहइ ॥ ४५७ ॥
> पत्ते पियपाहुणए मंगलवलयाइ विक्किणन्तीए।
> दुग्गयघरिणी कुलवालियाए रोवाविओ गामो ॥ ४५८ ॥
> बंधवमरणे विहुहा दुग्गयघरिणीए वि न तहा रुणं।
> अप्पत्त बलिविलक्खे वल्लहकाए समुड्डीणे ॥ ४५९ ॥

सुघरिणीवज्जा

पूरे परिवार के भोजन कर लेने पर जो कुछ बच जाता है, उसे ही खाकर सन्तुष्ट रहती है, समस्त कुटुम्बियो के सो जाने के अनन्तर सोती है और प्रातःकाल सबसे पहले जाग जाती है, ऐसी स्त्री गृहिणी नही, गृहलक्ष्मी होती है।

गरीब के घर की गृहिणी अपने पति की चिन्ता से रक्षा करती हैं, गर्भ की दशा

मे जब पति उसकी इच्छा को जानना चाहता है कि उसे किस वस्तु के खाने का दोहद है तो वह केवल पानी की इच्छा प्रकट करती है।

गरीब घर की गृहिणी के यहाँ कोई अत्यन्त प्रिय अतिथि आ गया, घर मे उसको भोजन कराने योग्य अन्न नही है, इस स्थिति मे वह अपने घर की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए अपना मंगलकंकण—विवाह के समय सौभाग्य चिह्न के रूप मे प्राप्त कंकण को भी बेचकर भोजन सामग्री का प्रबन्ध करती है। उसकी यह विवशता सारे गाँव को रुला देती है।

प्रोषितपतिका के घर की छत पर एक कौवा आ बैठा। पर उस गरीब के घर एक रोटी का टुकडा तक नही था, जिसे शकुन बतलानेवाले कौवे को वह दे। इस बेचैनी या विह्वलता की स्थिति के कारण वह इतना रोई, जितना वह बाँधव के मरने पर भी नही रोई थी।

स्पष्ट है कि उपर्युक्त गाथाओ मे नारी के उस उज्ज्वल चरित्र का अकन किया गया है, जो भारतीय नारी का सनातन आदर्श है। भारतीय नारी देवी के समान पूजनीया मानी गयी है, इन गाथाओ मे उसके सच्चे रूप का प्रतिबिम्ब प्रस्तुत किया गया है। देश निर्माण के लिए इस प्रकार की कविताएँ, जिनमे त्याग, सेवा एव परोपकार की वृत्ति अन्तर्हित है, बडी उपयोगी है। धनहीन परिवार का निम्न चित्र द्रष्टव्य है—

संकुयइ संकुयंते वियसइ वियसन्तयम्मि सूरम्मि।
सिसिरे रोरकुडुम्ब पंकयलीलं समुव्वहइ ॥ १४६ ॥

दरिद्दवज्जा

उपर्युक्त पद्य मे कवि ने एक दरिद्र परिवार की दयनीय स्थिति का सुन्दर और सहानुभूति पूर्ण चित्रण किया है। कवि कहता है कि सूर्य के सकुचित होने पर सकुचित हो जाता है और उसके विकसित होने पर—उदित होने पर विकसित हो जाता है, शिशिर ऋतु मे दरिद्र परिवार कमल का आचरण ग्रहण कर लेता है। आशय यह है कि सूर्य के डूबने पर सारा परिवार ठिठुर कर सिकुडा रहता है और उसके निकलते ही धूप में लोग बैठकर ठंढक मिटाते हैं।

दरिद्रता का वर्णन करते हुए कवि ने निम्न गाथा में बहुत ही सुन्दर और हृदयग्राह्य तथ्य की ओर सकेत किया है।

दारिद्दय तुज्झ नमो जस्स पसाएण एरिसी रिद्धी।
पेच्छामि सयललोए ते मह लोया न पेच्छन्ति ॥ १३९ ॥

दरिद्दवज्जा

हे दरिद्रता तुझे नमस्कार करता हूँ, क्योकि तुम्हारी कृपा से मुझे ऐसी ऋद्धि प्राप्त हो गयी है कि मैं तो सब लोगो को देख लेता हूँ, किन्तु मुझे कोई भी नही देखता।

कवि ने उक्त गाथा मे मर्मभेदी तथ्य को गिने-चुने शब्दो मे रख दिया है। इस प्रकार वज्जालग्ग का विषय केवल शृगार नही है। उसमे जीवन के सभी मार्मिक पक्षो का उद्घाटन किया है।

वज्जालग्गं का परवर्ती काव्यो पर प्रभाव—जिस प्रकार गाथासप्तशती का प्रभाव हिन्दी के महाकवि बिहारी, सस्कृत के गोवर्धनचार्य, अमरुक प्रभृति पर पडा, उसी प्रकार वज्जलग्ग का प्रभाव आचर्य भामह, भर्तृहरि तथा हिन्दी के महाकवि तुलसीदास, रहीम, बिहारी प्रभृति कवियो पर पडा है। यहाँ तुलना के लिए कुछ पद्य प्रस्तुत किये जाते हैं—

छप्पय गमेसु कालं आसवकुसुमाइ ताव मा मुयमु।
यन्न जियन्तो पेच्छसि पउरा रिद्धी वसंतस्स ॥ २४४ ॥

इन्दिन्दिरवज्जा

पण्डितराज जगन्नाथ ने यही उपदेश कोकिल को देते हुए लिखा है—

तावत्कोकिल विरसान् यापय दिवसान् वनान्तरे निवसन्।
यावन्मिलदलिमाल. को पि रसाल. समुल्लसति ॥ ७ ॥

भामिनी विलास

हे कोकिल! तब तक इन नीरस दिनो को बन के भीतर छिपकर चुपचाप काट ले, जब तक भौरो से घिरा हुआ कोई आम का वृक्ष खिल न जाय।

वज्जालग्ग का कवि जो बात भौरे से कहता है, वही बात पण्डितराज कोयल से कहते हैं।

दूरयरदेस परिस-ठियस्स पियसगम महंतस्स।
आशाबंधो च्चिय मा-णसस्स अत्तलम्बए जाव ॥ ७८६ ॥

पियोल्लासवज्जा

प्रियतम के दूर देश चले जाने पर वियोग के कठिन समय मे मनुष्य के प्राणो की रक्षा आशा का बन्धन ही करता है।

कविकुल गुरु कालिदास ने भी मेघदूत मे इस तथ्य को निम्न प्रकार अभिव्यक्त किया है—

आशाबन्ध. कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनाना।
सद्यःपाति प्रणयि-हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि ॥ ९ ॥

पूर्वमेघ श्लो०

प्राय: स्त्रियो के कुसुम के समान शीघ्र ही मुरझा जानेवाले प्रेमी हृदय को वियोग में आशाबन्ध ही सुरक्षित रख पाता है।

इस संग्रह की गाथाएँ पुरातन हैं, अत. सभव है कि महाकवि कालिदास ने उस प्राकृत गाथा से भावचयन किया हो।

सद्दावसद्दभीरू पए पए किंपि चिंतंतो।
दुक्खेहि कहवि पावइ चोरो अत्थं कई कव्वं ॥ २३ ॥

कव्ववज्जा

शब्द और और अपशब्द से डरने वाला, पद-पद पर कुछ कुछ सोचता हुआ बड़े दुःख से चोर धन को और कवि काव्य को पाता है। उक्त अर्थ की समता करनेवाला हिन्दी का निम्न दोहा प्रसिद्ध है।

चरन धरत चिन्ता करत, चहत न नेकहु सोर।
सुवरन को खोजत फिरत, कवि व्यभिचारी चोर ॥

अन्य गाथा की तुलना कबीर के साथ की जा सकती है--

छायारहियस्स निरा-सयस्स दूरवरदावियफलस्स।
दोसेहि समा जा का वि तुंगिया तुज्झ रे ताल ॥ ७३७ ॥

तालवज्जा

हे ताड़ के पेड़! छाया-हीनता, आश्रयत्वहीनता और बहुत ऊँचाई पर दृष्टि आनेवाली फलवत्ता, इतने दुर्गुणों के साथ रहकर तेरी ऊँचाई भला किस काम की है।

कबीर की सखी से तुलना--

बड़ा भया तो क्या भया, जैसे पेड़ खजूर।
पंछी को छाया नहीं फल लागै अति दूर ॥

तुलसीदास पर भी वज्जालग्ग का प्रभाव वर्तमान है। यहाँ उदाहरणार्थ केवल एक पद्य उद्धृत किया जाता है--

चिन्ता-मन्दर-मन्थाण मन्थिए वित्थरम्मि अत्थाहे।
उप्पज्जन्ति कई-हियय-सायरे कव्व रयणाइं ॥ १९ ॥

कव्ववज्जा--

चिन्ता के मन्दराचल की मथानी से मथने पर विस्तृत एवं अथाह कवि हृदयरूपी सिन्धु से काव्य-रत्न निकलते हैं।

पेमु अमिअ मंदरु बिरहु भरतु पयोधि गंभीर।
मथि प्रगटेउ सुर साधु हित कृपासिन्धु रघुबीर ॥

रा० च० मा० अयो० का० दो० २३८

विषमबाणलीला

विषम बाणलीला का उल्लेख आनन्दवर्धन ने किया है। उन्होंने अपने ध्वन्यालोक में इस कृति का उल्लेख करते हुए इसकी एक प्राकृत गाथा उद्धृत की है। आचार्य हेमचन्द्र ने काव्यानुशासन की अलंकार चूड़ामणि (१-२४ पृ० ८१) में मधुमथ विजय के साथ

विषमवाणलीला का भी उल्लेख किया है। यह कृति भी एक मुक्तक काव्य प्रतीत होती है। कविता की शैली निम्न प्रकार है—

तं ताण सिरिसहोअररयणा हरणम्मि हिअयमिक्करसं।
बिबाहरे पिआणं निवेसियं कुसुमबाणेण ॥

प्राकृत पुष्करिणी[1]

श्री डा० जगदीशचन्द्र जैन ने अलकार ग्रन्थो मे उदाहरणो के रूप मे प्रयुक्त गाथाओ का संकलन प्राकृत पुष्करिणी के नाम से किया है। अलंकार ग्रन्थो मे जितने उदाहरण आये हैं, वे सभी एक से एक सुन्दर और सरस है। प्रत्येक पद्य अपने पीछे प्रबन्ध की परम्परा लिए हुए है। अत इन मुक्तक पद्यो का अपूर्व सौन्दर्य है। प्राय. ये सभी पद्य शृङ्गार रस के है। यहाँ एकाध उदाहरण उपस्थित किया जाता है—

अइपिहुलं जलकुम्भं घेत्तूण समागदम्हि सहि ! तुरिअम्।
समसेअसलिलणीसासणीसहा वीसमामि खणम् ॥ काव्य० प्र० ३,१३

हे सखि ! मैं बहुत बडा जल का घडा लेकर जल्दी-जल्दी आई हूँ, इससे श्रम के कारण पसीना बहने लगा है और मेरी साँस चलने लगी है, जिसे मैं सहन नही कर सकती, अतएव क्षणभर के लिए मै विश्राम कर रही हूँ। प्रस्तुत पद्य मे चोरी-चोरी की गयी रति की ध्वनि व्यक्त की गई है।

अज्ज सुरअंमि पिअसहि ! तस्स विलक्खत्तणं हरंतीए।
अकअत्थाए कअत्थो पिओ मए उणिअ मवऊढो ॥

—शृङ्गार ४७, २२९

हे प्रिय सखि ! आज सुरत के समय उसकी लज्जा अपहरण करते हुए मुझ अकृतार्थ द्वारा कृतार्थ किया हुआ प्रियतम पुन. पुन मेरे द्वारा आलिंगन किया गया।

अवसर रोउं चिअ णिम्मिआइ मा पुससु मे हअच्छीइं।
दंसणमेत्तुम्मत्तेहिं जेहि हिअअं तुह ण णाअम् ॥

—ध्वन्या० उ० ३ पृ० ३३१

हे शठ नायक ! यहाँ से दूर हो, मेरी अभागी आँखे विधाता ने रोने के लिए ही बनायी है, इन्हे मत पोछ, तेरे दर्शनमात्र मे उन्मत्त हुई ये आँखें तेरे हृदय को न पहचान सकी।

इस सग्रह की अधिकाश गाथाएँ गाथा सप्तशती की है। कुछ ही गाथाएँ नयी है। शृङ्गार रस के मर्म को समझने के लिए ये गाथाएँ उपयोगी है।

१ चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी १ द्वारा प्रकाशित

प्राकृत के रसेतर मुक्तक

रसेतर मुक्तक काव्य दो रूपो मे मिलते है—नैतिक और आचार मूलक काव्य तथा स्तोत्र काव्य। नैतिक और आचार मूलक मुक्तक काव्यो मे गौरवमय जीवन व्यतीत करने के हेतु शरीर की क्षणभगुरता, सत्यभाषण, शम, दम, विवेक, विद्वत्ता, विद्या का महत्त्व, मनस्विता, तेजस्विता, धर्म, भक्ति, विनय, क्षमा, दया, उदारता, शील, सन्तोष प्रभृति गुणो की उपादेयता पर प्रकाश डालने के साथ-साथ आत्मोत्थान के निमित्त गुणस्थान जैसे जीवनमार्गों का भी विवेचन किया गया है। इन काव्यो मे काम, क्रोध, लोभ, मोह, छल-कपट, अहकार, मात्सर्य, कार्पण्य की भर्त्सना और उनके दोषो का कथन भी वर्तमान है। प्राकृत-भाषा के कवियो ने मानव को आदर्श की ओर प्रवर्त्त करने के लिए गर्भवास, विभिन्न गतियो के दु ख, सासारिक आताप, मृत्यु की अनिवार्यता का उल्लेख किया है। यौवन सुलभ दोषो को दिखलाते हुए तारुण्य तथा निर्बलता का अनादर व्यक्त किया है। सक्षेप मे प्राकृत-साहित्य मे निबद्ध-रसेतर मुक्तक काव्यो के विषय को निम्नलिखित तीन वर्गो मे विभक्त किया जा सकता है.—

१ प्रशस्य—तप, त्याग, वैराग्य, अहिसा, मोहानवृत्ति, धर्म, आत्मानुभूति, विवेक, सम्यग्ज्ञान, गुणस्थानारोह आदि।

२. निन्द्य - पाप, दुराचार, तारुण्य, कषाय, विकार, ससार-शरीरभोग, वासना, विषयासक्ति आदि।

३. मिश्रित मार्गणा, अनुप्रेक्षा—चिन्तन प्रक्रिया, ससार सम्बन्ध, प्रभृति।

यो नीतिकाव्यो मे शारीरिक, आत्मिक, सामाजिक एव राष्ट्रीय व्यवस्थाओ का काव्य के परिप्रेक्ष्य मे निरूपण रहता है। यदि ये व्यवस्थाएँ केवल व्यवस्था का रूप ग्रहण कर लें तो निश्चयत. शास्त्रकोटि मे आ जाती है। यद्यपि कुछ इतिहासकार शास्त्र-काव्य को भी काव्य-श्रेणी मे परिगणित कर इतिहास का लेखन करते है, पर वस्तुत कोराशास्त्र काव्यत्व को प्राप्त नही हो सकता है। जहाँ अन्योक्ति जन्य या वर्णनसम्बन्धी कोई चमत्कार है, वही काव्यत्व माना जा सकता है। प्राकृत भाषा के अधिकाश रसेतर काव्य मुक्तक है शास्त्र नही। अतएव प्रस्तुत इतिहास मे उनका सामान्य निर्देश आगम साहित्य के इतिहास के अन्तर्गत कर दिया गया है। प्राकृत कवियो ने उक्त नीतियो का स्फोटन निम्न प्रकार किया है—

शारीरिक नीति—शरीर की क्षणभगुरता दिखलाने के लिए उसका चित्रण जल-बुलबुलो और प्रभात नक्षत्रो के समान किया गया है। सामान्यत. मनुष्य अपने यौवन, सौन्दर्य, शक्ति आदि के कारण दृप्त होकर अनैतिक मार्गका अनुसरण करता है। अतएव

उसे सचेत या सावधान करने के लिए शरीर की क्षणभगुरता और मृत्यु की अनिवार्यता का निरूपण किया गया है। विषयी जीवन मे निःश्रेयस की प्राप्ति संभव नही है। त्याग और तपके अभाव में कल्याण का मार्ग व्यक्ति को प्राप्त नही हो सकता है। अतः सत्कार्य करने के लिए प्रेरित किया है।

वाचिक नीति—हित-मित-प्रिय वाणी ही सम्बन्धोको मधुर बना सकती है। व्यक्ति और समाज का कार्य सत्यवचनो मे ही चलता है। धोखा या मिथ्याभाषण करने से आत्मवञ्चना के साथ परवञ्चना भी होती है। अतएव वचन-सम्बन्धी नीतियो का विवेचन प्राकृत काव्य मे पर्याप्त विस्तार के साथ पाया जाता है।

मानसिक नीति—मनका सन्तुलन जीवनोत्थान के लिए आवश्यक है। विवेक द्वारा मानसिक शान्ति प्राप्त होती है। मनकी अशाति शरीर और वचन को भी अशान्त बना देती है।

आत्मिक नीति—इन्द्रिय और मनका निग्रह तभी सम्भव है, जब काम, कोध, लोभ, मोह, मान, मात्सर्य का त्याग किया जाय, अत. आत्मिक नीति मे उक्त उपायो पर प्रकाश डाला जाता है।

सामाजिक नीति—समाज-सुधार, वर्णाश्रम-संस्कार, सामाजिक सम्बन्ध, धन-सम्पत्ति की अस्थिरता, नारीनिन्दा—वासना की निन्दा, बाह्य आडम्बरो की निस्सारता प्रभृति का विवेचन इस श्रेणी की नीतियो मे किया जाता है।

प्राकृत भाषाके कवियो ने उपनिषद्, चाणक्य, भर्तृहरि प्रभृति संस्कृत के नीति-काव्यो की परम्परा का अनुसरण किया है। भारतीय वाङ्मय मे नीति या सूक्तियो का प्रयोग अथर्ववेद से आरम्भ होता है। उपनिषद् काव्य मे आत्मिक और मानसिक नीतियो एव सासारिक प्रपञ्चो की निस्सारता का निरूपण दीप्तस्वर में हुआ है। इस परम्परा का अनुसरण चाणक्य, भर्तृहरि एव सूक्तिनिर्माता अन्य कवियो ने भी किया है। शरीर की क्षणभगुरता और आत्मा की अमरता का स्वर उपनिषदो में उठाया गया, पर इस स्वर को व्यावहारिक रूप प्रदान करने का श्रेय नीतिकाव्य निर्माताओ को है। यहाँ धर्मशास्त्र के उपदेश को जन जीवन मे पहुँचाने का कार्य कवियो के द्वारा ही सम्पन्न होता है। काव्य के मूल्य जीवन को मधुमय बनाते है। जीवन की गुत्थियो को सुलझाते है और रसके आकर्षण में वे पाठको को तथ्य और सत्य भी उपस्थित कर देते हैं।

प्राकृत काव्यो मे नीतिका प्रारम्भ आगम ग्रन्थोंमें आयी हुई आत्मिक, मानसिक और वाचिक अभ्युत्थानो से होता है। दशवैकालिक, उत्तराध्ययन, मूलाचार, स्वामि-कार्त्तिकेयानुप्रेक्षा प्रभृति ग्रन्थ एक प्रकार से नीतिकाव्य हैं। इन काव्यो में आयी हुई नीति की बातों को यदि पृथक् कर दिया जाय तो स्वतन्त्र रूप से नीतिकाव्यों के कई संकलन प्रस्तुत किये जा सकते हैं। आचार्य कुन्दकुन्द के प्राभृत, पद्मनन्दि का धर्मरसायन,

अजितब्रह्मकृता कल्याणालोचना, जिनचन्द्र का सिद्धान्तसार, वैराग्यशतक (अज्ञात कवि) और लक्ष्मीलाभ का वैराग्य रसायन प्रकरण इस श्रेणी के काव्य हैं। प्राकृत भाषा मे नीति काव्यो की रचना और भी अनेक कवियो ने की है।

प्राकृत भाषा में निबद्ध नीतिकाव्यों मे निम्नलिखित शैलियाँ परिलक्षित होती है। यद्यपि इन शैलियो का प्रयोग सस्कृत नीतिकाव्यो में भी पाया जाता है पर क्रान्तिमूलक प्राकृत काव्य ने इन शैलियो का सम्भवत: सर्वप्रथम प्रयोग किया होगा। धर्म की आचार पद्धति और आध्यात्मिक मान्यताओ का निरूपण उपनिषदो के समानान्तर प्राकृत के कवि करते आ रहे हैं। यत. विवेकहीन आचार जीवन के लिए कभी भी अभिप्रेत नही रहा है। गम्भीर भावो को सरल एव जनग्राह्य बनाने के लिए प्राकृत कवियो ने अनेकान्त विचारधारा का प्रवर्तन किया और जीवनसत्यो को मधुमय काव्यवाणी मे उपस्थित कर ऐहिक मनोवासनाओ को दमित करने का सकेत किया। जो प्राणी जिस स्तर का है, उसके लिए उसी स्तर के जीवन मूल्यो का अकन अधिक फलप्रद होता है। शारीरिक आवश्यकताओ की कोटि से ऊपर उठने पर ही आध्यात्मिक आवश्यकताओ को अनुभूति व्यक्ति को हो पाती है। अत: कविवर्ग जनजीवन में उतर कर आचार के नियमो का प्रणयन करता है। ये नियम ही काव्यशैली मे निबद्ध रहने के कारण नीतिकाव्य की सज्ञा प्राप्त करते है।

(१) तथ्यनिरूपक शैली
(२) उपदेशक शैली
(३) आत्माभिव्यंजक शैली
(४) प्रश्नोत्तर शैली
(५) कथात्मक शैली
(६) व्याख्यात्मक शैली
(७) अन्यापदेशात्मक
(८) नैतिक उपमानो की शैली

वैराग्य शतक

इस नीतिकाव्य के रचयिता का नाम एवं परिचय अज्ञात है। आद्योपान्त पढ जाने के अनन्तर भी रचयिता का परिचय उपलब्ध न हो सका। इस काव्य पर गुणविनय ने वि० सं० १६४७ में सस्कृत वृत्ति लिखी है। जिस प्रति के आधार पर इसका मुद्रण किया गया है वह कार्त्तिक वदि षष्ठी वि० स० १६६३ की है।

इस शतक का नामकरण भर्तृहरि के वैराग्य शतक के आधार पर किया गया है। शृङ्गार, नीति और वैराग्य ये तीन संज्ञाएँ प्रमुख भावनाओं के आधार पर ही घटित

की गयी हैं। इस शतक मे १०५ गाथाएँ है और वैराग्य उत्पन्न करने के हेतु शरीर, यौवन और धन की अस्थिरता का चित्रण किया गया है। बताया है—

रूवमसासयमेयं विज्जुलयाचंचलं जए जीयं।
संझाणुरागसरिसं खणरमणीयं च तारुण्ण॥ वै० श० ३६॥

शारीरिक सौन्दर्य रोगादि के द्वारा विकृत होने के कारण अनित्य है, जीवन विद्युत् लता के समान क्षणविध्वसी है और यौवनसध्याकालीन अरुणिमा के समान क्षणपर्यन्त सुन्दर प्रतीत होता है। अतएव सावधान होकर सकल्प करना चाहिए—

जं कल्ले कायव्व तं अज्जं चिय करेह तुरमाणा।
बहुविग्घो हु मुहुत्तो मा अवरण्हं पडिक्खेह॥ ३॥
ही !! ससारसहावं, चरियं नेहाणुरागरत्ता वि।
जे पुव्वण्हे दिट्ठा, ते अवरण्हे न दीसन्ति॥ वै० श० ४

जिस काम को कल करना है, उसे आज ही कर लेना चाहिए। प्रत्येक समय मे अनेक विघ्न उत्पन्न होते है अत समय की प्रतीक्षा नही करनी चाहिए।

इस ससार के स्वभाव और चरित को देखकर कष्ट होता है क्योंकि जो स्नेह सम्बन्धी पूर्वाह्न मे दिखलाई पडते है वे ही सध्या के समय दिखलाई नही पडते है। अत ससार की क्षणभगुरता को जानकर आत्मोत्थान के कार्यों मे विलम्ब नही करना चाहिए। तथा—

विहवो सज्जणसगो, विसयसुहाइं विलासललियाइं।
नलिणीदलग्गघोलिर–जललवपरिचंचलं सव्वं॥ वै० श० १४॥

वैभव, सज्जनसगति, विषयसुख और सुन्दर विलास सामग्री कमलपत्ते पर सलग्न जलबिन्दु के समान क्षणस्थायी है। वायु के चलते ही जिस प्रकार कमल-पत्र के जलकण नष्ट हो जाते है उसी प्रकार धन-वैभव, माता पिता आदि स्वजनो का साथ भी बिछुड जाता है।

इस पद्य मे प्रयुक्त कमलपत्रपर स्थित जलबिन्दु की चचलता द्वारा कवि ने धन वैभव, कुटुम्ब, परिवार की अस्थिरता का निर्देश किया है। 'सज्जणसगो', में भी लक्षणा से माता-पिता और परिवार का ससर्ग ग्रहण किया गया है।

कवि आत्मोत्यान के लिए प्रमादी व्यक्ति को सावधान करते हुए कहता है कि जो एक क्षण को भी धर्म से रहित होकर व्यतीत करता है वह बहुत बडी भूल कर रहा है। वह उस व्यक्ति के समान है जो घर मे आग लग जाने पर भी निश्चिन्त हो शयन करता है। यथा—

निसाविरामे परिभावयामि गेहे पलित्ते किमहं सुयामि।
डज्झंतमप्पाणमुविक्खयामि जं धम्मरहिओ दिअहे गमामि॥ वही ३९॥

इस पद्य से व्यञ्जना द्वारा यह ध्वनित हो रहा है कि कर्माग्नि से जलते हुए—कर्मोदय से नाना प्रकार के कष्टो को उठाते हुए आत्मकल्याण की उपेक्षा करना अत्यन्त अनुचित है।

माता-पिता भाई बन्धु आदि कोई भी कुटुम्बी मृत्यु से प्राणी की उस प्रकार रक्षा नही कर सकता है, जिस प्रकार सिंह के द्वारा पकड़े जानेपर मृगको कोई नही बचा पाता है—

जहेह सीहो व मियं गहाय, मच्चू नरं णेइ हु अंतकाले।
ण तस्स माया व पिया न भाया कालंमि तंमिऽसहरा भवंति ॥ वही ४३ ॥

मनुष्य जिन माता, पिता, स्त्री, पुरुष, पुत्र, बन्धु आदि कुटुम्बियो के भरण-पोषण के हेतु धनार्जनार्थ जो पाप कर्म करता है उसके फल नरक और तिर्यञ्च योनियो मे अकेले ही उसे भोगने पडते है, कोई भी व्यक्ति उसकी रक्षा करने मे असमर्थ है। इस तथ्य की अभिव्यञ्जना कवि ने बहुत सुन्दर की है—

पियपुत्तमित्तघरघरणिजाय, इहलोइअ सवि नियसुहसहाय।
नवि अत्थि कोइ तुह सरणि मुक्ख ! इक्कल्लु सहसि तिरिनरयदुक्ख ॥ वही ७१ ॥

इस प्रकार इस नीतिकाव्य मे कवि ने वैराग्य की पुष्टि के लिए सासारिक वस्तुओ की अस्थिरता का चित्रण किया है। काव्यकला की दृष्टि से यह ग्रन्थ अच्छा है।

वैराग्य-रसायन-प्रकरण

इस नीतिकाव्य के रचयिता लक्ष्मीलाभगणि है। कवि के समय, जीवन परिचय आदि के विषय मे जानकारी उपलब्ध नही है। ग्रन्थ के अन्त में 'रइय पगरणमय' लाच्छी लाहेण वरमुणिणा (१०२ गा०) अकित उपलब्ध होता है। इस वैराग्यरसायन मे १०२ गाथाएँ है। कषाय और विकारो को दूर करने के लिए उपदेश दिया गया है। कवि ने बताया है कि वैराग्य उसी व्यक्ति को प्राप्त होता है जो भवभीरु है। भवभीरुता के अभाव में वैराग्य के वचन भी विष के समान प्रतीत होते हैं। जिस साधक को अपनी आत्मा का उद्धार करना अभीष्ट है वह ससार से अनासक्त रहता है। यथा—

वेरग्ग इह हुवई तस्स य जीवस्स जोहु भवभीरू।
इयरस्स पुणो वेरग्ग-रंगवयणं पि विससरिसं ॥ वेरा० ३ ॥

कवि रूपक अलकार की योजना करता हुआ कहता है कि मानव शरीर रूपी कमल के रस का पान मृत्युरूपी भ्रमर नित्य करता रहता है। अत. जिस प्रज्वलित क्रोधाग्नि में शरीर रूपी तृणकुटीर जल रहा है, उसकी शाति सवेगरूपी शीतल क्षमा जल से करनी चाहिए। शरीर रूपी गहनवन मे उत्पन्न मानरूपी उन्मत्त गजेन्द्र को मृदुभावरूपी अंकुश के द्वारा वश में करना चाहिए। अत्यन्त कुटिल और आत्मपुरुषार्थ को विघातक बनाने

वाली माया-सर्पिणी को आर्जवरूपी महासर्प से वश करना एवं जीवन नृपति के देहश्रीरूपी घर से गुणसमूह को चुरानेवाले भयकर तृष्णाचोर को वश करना चाहिए। इस सन्दर्भ में कवि ने रूपक अलंकार का बहुत सुन्दर और उचित प्रयाग किया है। मानवीय विकारों को उनके स्वरूप और गुणो के अनुसार उपमान प्रदान किये हैं। कवि की यह उपमान योजना प्रत्येक काव्यरसिक को आकृष्ट कर लेती है। यथो—

नरखित्तदीहकमले दिसादलड्ढेवि नागनालिल्ले।
निच्चं पि कालभमरो, जणमयरंदं पियइ बहुहा॥ वही ११॥
कोहानलं जलंतं पज्जालंतं शरीरतिणकुडीरं।
संवेगसीयसीयल खमाजलेणं च विज्झवह॥ वही १२॥
तनुगहणवणुप्पन्नं उम्मुलंतविवेयतरुमणहं।
मिउभावअंकुसेणं माणगयंदं वसीकुणह॥ वही १३॥
जा अइकुडिला डसइ अप्पापुरिसं च विस्सदोहयरा।
अज्जवमहोरगेण तं मायासप्पिणिं जिणह॥ वही १४॥
सुहं देहसिरिघराओ जीवनिवइणो य गुणगणनिहाण।
गिण्हन्तं हो! साहह, तण्हाचोरं महाघोरं॥ वही १५॥

कवि रूपक अलंकार का परम धनी है। उसने चार कषायों को वृक्ष का रूपक दिया है। इस वृक्ष की हिंसा जड़ है, विषय वासना शाखाएँ हैं और जन्मजरा तथा मरणरूपी फल है। अत: जो इस वृक्ष के कटु फलो को छोड़ना चाहता है उसे इसको जड़ से उखाड़ कर फेंक देना चाहिए। यथा—

चउव्विहकसायरुक्खो हिंसादढमूलविसयबहुसाहो।
जम्मजरामरणफलो उम्मूलेयव्वो य मूलाओ॥ वही १८॥

कवि वैराग्य को पद्म सरोवर का रूपक देकर कहता है कि इसमें आगमरूपी जल-भरा है, इसमें करुणारूपी कमलकर्णिका है और इस सरोवर में क्रीड़ा करनेवाले बारह भावनारूपी हंस हैं। इस वैराग्य सरोवर में साधक को स्नान कर अपने को पवित्र बनाना चाहिए। यथा—

करुणाकमलाइन्ने आगमउज्जलजलेण पडिपुन्ने।
बारस भावणहंसे, झीलह वेरग्गपउमदहे॥ वही २०॥

इस गाथा में 'झीलह' क्रियापद भाषा की दृष्टि से विचारणीय है। यह देशी रूप है। 'झील' एक बड़े सरोवर का वाचक है, इसका व्यवहार देशी भाषाओं में होता है। आज्ञा अर्थ में 'स्नान करो', भाव को व्यक्त करने के लिए 'झीलह' क्रियापद का व्यवहार किया गया है। झील धातुरूप में व्यवहृत होने पर स्नान के अर्थ में आता है। अतः

कवि ने इस क्रिया के प्रयोग द्वारा सरोवर की विशालता, गहनता, रम्यता एवं सरसता इन चारो गुणो की अभिव्यञ्जना एक साथ कर दी है।

कवि उपमा अलंकार की योजना द्वारा बतलाता है कि यह प्राणी भोगो की आसक्ति में ही अपने समय को व्यतीत कर देता है, पर उनको छोड़ता नही। पर वे भोग पुरुष को उस प्रकार छोडकर चले जाते है जिस प्रकार फल नष्ट हो जानेपर पक्षी वृक्ष का त्याग कर देते है। साधारणतः देखा जाता है कि जबतक वृक्ष पर पक्व मधुर फल रहते हैं जब तक पक्षी उस पर निवास करते है। पर जैसे ही ऋतु की समाप्ति होते ही फल नष्ट हो जाते हैं, पक्षी उसे छोडकर अन्यत्र चले जाते है। इसी प्रकार ससार के ये भोग भी यौवन अवस्था के रहने पर भागे जाते है। शक्ति या पुरुषार्थ के क्षीण होते ही भोग विलास व्यक्ति का त्याग कर देते है। कवि ने इस तथ्य को बहुत ही सुन्दर रूप मे प्रस्तुत किया है। यथा—

अंचेइ कालो य तरंति राइओ, नयावि भोगा पुरिसाण निच्चा।
उविच्च भोगा पुरिसं चयंति, दुमं जहा खीणफलं व पक्खी ॥ वही ६२ ॥

कवि समाधि इच्छुक विरक्त श्रमण की भावना का विश्लेषण करता हुआ कहता है कि शुद्ध और सात्त्विक भोजन की इच्छा करे अर्थात् आहार इस प्रकार का हो जो किसी भी प्रकार की विकार-प्रवृत्ति को प्रोत्साहन न दे तथा जिसके सेवन से आत्मध्यान और इन्द्रियसंयम के पुरुषार्थ मे बाधा उत्पन्न न हो। सगति या सहायता इस प्रकार की प्राप्त होनी चाहिए जिससे विवेक जागृत हो। घर इस प्रकार के स्थान और वातावरण से युक्त हो जिससे विवेक बराबर बना रहे और अविषयो मे प्रवृत्ति न हो। यथा —

आहारमिच्छे मियमेसणिज्जं, साहायमिच्छे निउणट्ठबुद्धिं।
निकेयमिच्छेज्ज विवेगजुग्ग समाहिकामो समणो विरत्तो ॥ वही ७५ ॥

कवि जीवन को सुखी बनाने का नुस्खा आकिंचन को ही मानता है। अत: वह कहता है कि दु:ख के नष्ट होने से मोह नष्ट हो जाता है, मोह के नष्ट होने से तृष्णा, तृष्णा के नष्ट होने से लोभ और लोभ के नष्ट होने से सभी प्रकार के भय-विषाद नष्ट हो जाते हैं। यथा—

दुक्खं हयं जस्स न होइ मोहो, मोहो हओ जस्स न होइ तण्हा।
तण्हा हया जस्स न होइ लोहो, लोहो हओ जस्स न किंचणाइ ॥ वही ७९ ॥

जिस प्रकार वन में दावाग्नि के लगने पर प्रचुर परिमाण में सूखे इन्धन के मिलने से शान्त नही होती। उसी प्रकार सरस और स्वादिष्ट भोजन के करने से पञ्चेन्द्रिय की अग्नि के वृद्धिगत होने से अब्रह्म की भावना अन्त नही होती। यथा—

जहा दवग्गी पउरिंधणे वणे, सामरुओ नोवसमं उवेइ।
पंचिंदियग्गीवि पगामभोइणो, न बंभयारिस्स हियाय कस्सइ ॥ वही ८१॥

पञ्चेन्द्रियो के विषय रूप, रस, गन्ध, स्पर्श और शब्द की आसक्ति के सम्बन्ध में कवि आसक्ति के त्याग का निरूपण करता है। यथा –

रूवेसु जो गिद्धिमुवेइ तिव्वं अकालियं पावइ सो विणासं।
रागाउरो सो जहवा पयंगो, अलोयलोलो समुवेइ मच्चुं ॥ ८६ ॥
सद्देसु जो गिद्धीमुवेइ तिव्वं, अकालियं पावइ सो विणासं।
रागाउरो सो हरिणुव्व गिद्धो सद्दे अतित्तो समुवेइ मच्चुं ॥ वही ८७ ॥

इस प्रकार कवि ने उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, यथा-सख्य आदि अलकारो का प्रयोग कर इस धर्ममूलक काव्य को उच्चता प्रदान की है। उपदेशक और तथ्यनिरूपक शैली के प्रयोग के साथ नैतिक उपमानो की कवि ने झड़ी लगा दी है। तथ्य–प्रतिपादन के साथ अन्यापदेशिक शैली का भी व्यवहार किया है। यह नीतिकाव्य का उत्कृष्ट उदाहरण है। अनेक स्थानो पर सकेत रूप मे विषय सेवन के त्याग का निरूपण किया है। भाव, भाषा, अलंकार, गुण, आदि की दृष्टि से भी यह अच्छा काव्य है।

धम्मरसायण

प्रस्तुत धम्मरसायण—धर्म रसायन ग्रन्थ के रचयिता पद्मनन्दि मुनि हैं। ग्रन्थ के अन्त में कवि का नाम आया है।[1] प्राकृत और संस्कृत कवियो मे इस नाम के कई कवि और आचार्य हुए है, अतः यह कह सकना सम्भव नही कि इस ग्रन्थ के रचयिता कौन पद्मनन्दि हैं? जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति के कर्त्ता और पद्मनन्दी पञ्चविंशतिका के कर्त्ता पद्मनन्दि से ये भिन्न है अथवा उन्ही में से है। पद्मप्रभदेव के पार्श्वनाथ स्तोत्र मे भी एक पद्मनन्दि का नाम आया है, ये[2] यहाँ पर तर्क, व्याकरण, नाटक, काव्य आदि में प्रसिद्ध बतलाये गये हैं। निश्चित प्रमाणो के अभाव मे रचयिता के विषय मे यथार्थ प्रकाश डालना कठिन है।

इस काव्य ग्रन्थ में १९३ गाथाएँ है। धर्मरसायन नाम के मुक्तक काव्य प्राकृत भाषा के कवियो ने एकाध और भी लिखे है। इस नाम का आशय यही रहा है कि जिन मुक्तको मे

१. भवियाण बोहणत्थं इय धम्मरसायण समासेण।
वरपउमणंदिमुणिणा रइय जमा[ि]णयमजुत्तेण ॥

—धम्मरसायण—
सिद्धान्तसारादि के अन्तर्गत मा॰ दि॰ जैन ग्र॰ बम्बई स॰ १९०९ गाथा १९३

२. तर्के व्याकरणे च नाटकचये काव्याकुले कौशले।
विख्यातो भुवि पद्मनन्दिमुनिपस्तत्त्वस्यकोषनिधि. ॥
—पार्श्वनाथ स्तोत्र, सिद्धान्त॰ पृ॰ १९२, पद्य ९

संसार, शरीर और भोगो से विरक्त होने के साथ आचार और नैतिक नियमों को चर्चित किया जाता है, इस प्रकार की रचनाएँ धर्मरसायन के अन्तर्गत आती हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ का भी मूल वर्ण्य विषय यही है। यद्यपि इस ग्रन्थ मे काव्यतत्त्व की अपेक्षा धर्मतत्त्व ही मुखरित हो रहा है तो भी जीवन के शाश्वतिक नियमो की दृष्टि से इसका पर्याप्त मूल्य है। नैतिक काव्य के प्राय: सभी गुण इसमे वर्तमान हैं। कवि धर्म को त्रिलोक का बन्धु बतलाता हुआ कहता है कि इसकी सत्ता से ही व्यक्ति पूजनीय त्रिभुवन प्रसिद्ध एवं मान्य होता है।—

धम्मो तिलोयबंघू धम्मो सरणं हवे तिहुयणस्स।
धम्मेण पूयणीओ होइ णरो सव्वलोयस्स॥ धम्म० ३॥

आगे धर्म के प्रभाव से सुकुल, धन-वैभव, दिव्यरूप, आरोग्य, जय, कीर्ति, श्रेष्ठ भवन, वाहन, शय्या आसन, भोजन, सुन्दरी पत्नी, वस्त्राभूषण आदि समस्त लौकिक सुख साधनो की प्राप्ति का कथन करता हुआ कहता है।—

धम्मेण कुलं विउलं धम्मेण य दिव्वरूवमारोग्गं।
धम्मेण जए कित्ती धम्मेण होइ सोहग्गं॥ ४॥
परभवणजाणवाहणसयणासणयाणभोयणाणं च।
परजुवइवत्थुभूसण संपत्ती होइ धम्मेण॥ वही ५॥

कवि इस धर्मरसायन को सामान्यतया वर्णित करता हुआ रसभेद से उसकी भिन्नता उपमा द्वारा सिद्ध करता है। यथा—

खीराइं जहा लोए सरिसाइं हवंति वण्णणामेण।
रसभेएण य ताइं पि णाणागुणदोसजुत्ताइं॥ वही ९॥
काइं वि खीराइं जए हवंति दुक्खावहाणि जीवाणं।
काइं वि तुट्ठि पुट्ठि करंति वरवण्णमारोग्गं॥ वही १०॥

जिस प्रकार वर्णमात्र से सभी दूध समान होते है पर स्वाद और गुण की दृष्टि से भिन्नता होती है, उसी प्रकार सभी धर्म समान होते है पर उनके फल भिन्न-भिन्न होते हैं। आक-मदार या अन्य प्रकार के दूध के सेवन से व्याधि उत्पन्न हो जाती है पर गो-दुग्ध के सेवन से आरोग्य और पुष्टिलाभ होता है। इसी प्रकार अहिंसा धर्म के आचरण से शान्तिलाभ होता है पर हिंसा के व्यवहार से अशान्ति और कष्ट प्राप्त होता है।

कवि ने चारो गतियो के प्राणियो को प्राप्त होनेवाले दु:खो का मार्मिक विवेचन किया है। मनुष्य, तिर्यञ्च, नारकी और देव इनको अपनी-अपनी योनियो में पर्याप्त कष्ट होता है। जिसे इन कष्टो से मुक्ति प्राप्त करने की आवश्यकता है वह धर्म रसायन का सेवन करे। कवि ने इसमें वीतरागी और सरागी देवो की भी परीक्षा की है तथा बतलाया है कि जिसे अपने हृदय को रागद्वेष से मुक्त करना है उसे वीतरागता का आचरण

करना चाहिए। कवि बतलाता है कि जो विषयवासना के अधीन हो जाता है और कामाग्नि से पीडित हो हमारे ही समान नाना प्रकार के दुराचार करता है, उसे परमात्मा नही कहा जा सकता। यथा—

कामग्गितत्तचित्तो इच्छयमाणो तिलोयमारूवं।
जो रिच्छो भत्तारो जादो सो किं होइ परमप्पो॥ वही १०४॥

सम्यक्त्व मे सलिल का आरोप कर रूपकालंकार द्वारा कर्म बालुका के बन्धाभाव का निर्देश करते हुए कहा है —

सम्मत्तसलिलपवहो णिच्चं हिययम्मि पवट्टए जस्स।
कम्मं वालुयवरणं तस्स बंधो च्चिय ण एइ॥ वही १४०॥

कवि ने कर्म मे वन का और तप मे अग्नि का आरोप कर प्राप्त होने वाले सिद्धसुख का वर्णन किया है। यथा —

डहिऊण य कम्मवणं उग्गेण तवाणलेण णिस्सेसं।
आपुण्णभवं अणतं सिद्धिसुहं पावए जीओ॥ वही १८१॥

इस प्रकार कवि की इस रचना मे जहाँ तहाँ काव्य चमत्कार भी पाया जाता है।

धार्मिक स्तोत्र

धार्मिक मुक्तक परम्परा का मूलस्रोत ऋग्वेद मे समुपलब्ध होता है। ऋग्वेद मे दोनो प्रकार के मुक्तक वर्तमान है—स्तोत्ररूप मे और सिद्धान्त प्रतिपादन रूप मे। धार्मिक जगत् मे यह परम्परा सदा से अपना अधिकार बनाये चली आ रही है।

प्राकृत साहित्य मे भी तीर्थङ्करो, मुनियो, गुरुओ और वाङ्मय की भक्ति मे स्तोत्रो की रचना हुई है। इन स्तोत्रो मे आराध्यो की प्रशसा के साथ दार्शनिक विचारो की महत्ता भी प्रदर्शित की गयी है। अधिकाश प्राकृत स्तोत्र सासारिक सुखभोगो की कामना से नही लिखे गये है। प्राकृत के कवियो ने आध्यात्मिक तत्त्व की प्राप्ति के हेतु स्तोत्रो का प्रणयन किया है। इसमे सन्देह नही कि प्राकृत स्तोत्रो मे कुछ ही ऐसे स्तोत्र है, जो सासारिक कामना से लिखे गये है। भक्ति-विभोर होकर आत्म-समर्पण की प्रवृत्ति भारतीय साहित्य मे प्राचीनकाल से ही चली आ रही है। प्राकृत के कवियो को ऋग्वेद की स्तोत्र साहित्य सम्बन्धी भावभूमि के साथ जैनागम मे वर्णित तीर्थङ्करो के शुद्ध आध्यात्मिक रूप, उनकी वीतरागता, विशेष चमत्कार एव अलौकिक शक्तियो के चमत्कार विरासत के रूप मे उपलब्ध हुए थे, फलत. प्राकृत कवियो ने अपने हृदय की मधुर रागात्मक वृत्तियो को स्तोत्रो के रूप मे प्रकट किया। प्राकृत स्तोत्रो मे निम्नलिखित काव्य के तत्त्व पाये जाते हैं—

१. रागतत्त्व—कवियो ने आराध्य को विभिन्न शक्तियो का निरूपण करने के हेतु हृदय के राग-भाव की पूर्ण अभिव्यञ्जना की है।

२ आराध्य के शुद्ध स्वरूप—आत्मरूप की अभिव्यक्ति की गयी है ।

३ कल्पनातत्त्व—आराध्य के स्वरूप का सर्वाङ्गीण विवेचन करने के लिए उपमा, उत्प्रेक्षा आदि अलकारो द्वारा विश्लेषण किया है ।

४ बुद्धितत्त्व—दार्शनिक मान्यताओ को स्तोत्रो मे समाविष्ट करने के लिए बुद्धितत्त्व का उपयोग किया है। जो सिद्धान्त बडे-बडे ग्रन्थो मे वर्णित किये गये हैं, उन सिद्धान्तो को एकाध पद्य मे ही निरूपित करने की समास शैली का आयोजन किया है ।

कुछ स्तोत्रो का इतिवृत्त प्रस्तुत किया जाता है ।

ऋषभ पञ्चासिका[1]

शोभन कवि के भाई धनपाल द्वारा रचित ५० पद्यो की प्राकृत स्तुति है। कवि का समय लगभग दशवी शताब्दी है। इस स्तोत्र के प्रारम्भ मे ऋषभदेव की जीवन घटनाओ पर प्रकाश डाला गया है और अन्तिम भाग मे उनकी प्रशसा की गयी है। बताया है कि "आप चिन्ता द्वारा भी प्राप्त न किये जा सकने वाले मोक्षफल को देनेवाले अपूर्व कल्पवृक्ष है। जब आपका जन्म हो गया, तब मानो लज्जित होकर कल्पवृक्ष मृत्युलोक को छोडकर कही जा छिपा।" इसी प्रकार जहाँ ऋषभदेव का जन्माभिषेक हुआ तथा जहाँ उन्होने शिव निर्माण सम्पत्ति प्राप्त की, वे दोनो पर्वतकुलो मे मूर्धन्य है। जो लोग ऋषभदेव के सौन्दर्य को देखकर मुग्ध नही होते, वे या तो केवली है या हृदयहीन। यथा—

तुह रूवं पेच्छन्ता न हुन्ति जे नाह हरिसपडिहत्था ।
समणावि गयमणच्चिअ ते केवलिणो जइ न हुन्ति ॥ २१ ॥

आगे कवि कहता है कि हे प्रभो ! आप जैसे वीतरागी की निन्दा वचनप्रवीण चतुर व्यक्ति भी करे, तो वह भी मूर्ख बन जाता है। आपके श्रेष्ठ वीतरागी गुण सभी सरागियो को वीतरागी बनाने का सामर्थ्य रखते है। यथा—

दोसरहिअस्स तुह जिण निन्दावसरम्मि भग्गपसराए ।
वायाइ वयणकुसला वि बालिसा हुन्ति मच्छरिणो ॥२३॥

कवि ने भगवान् ऋषभदेव के विभिन्न गुणो का विवेचन करते हुए बताया है कि प्रभो ! आपके वचन कर्णकुहरो मे प्रविष्ट होकर मिथ्यात्व, विषय और कषाय का नाश मन्त्र की शक्ति के समान कर देते है। जिस प्रकार कोई साधक मन्त्र का जाप कर अपनी कामनाओ की पूर्ति करता है, उसी प्रकार आपका वचन समस्त दोषो का विनाश कर मोक्ष प्राप्ति मे सहायक होता है ।

---

१ काव्यमाला के सप्तम गुच्छक मे प्रकाशित—सन् १९२६

मित्थत्तविसयसुत्ता सचेयणा जिण न हुन्ति किं जीवा ।
कम्मम्मि कमइ जइ कित्तिअं पि तुह वयणमन्तस्स ॥३८॥

अन्त में कवि भव-भ्रमण के भय को दूर करने की प्रार्थना करता हुआ कहता है—

भमिओ कालमणंतं भवम्मि भीओ न नाह दुक्खाणम् ।
दिट्ठे तुमम्मि संपइ जायं च भयं पलायं च ॥४८॥

इस प्रकार विभिन्न पहलुओ द्वारा कवि धनपाल ने भगवान् ऋषभदेव की स्तुति की है ।

उवसग्गहर स्तोत्र[1]

उपसर्गहर स्तोत्र महत्वपूर्ण माना जाता है। इस स्तोत्र मे २० गाथाएँ है। इसके रचयिता भद्रबाहु स्वामी माने गये हैं। यह स्तोत्र इतना लोकप्रिय रहा है, जिससे इसकी समस्यापूर्त्ति कर तेजसागर ने पृथक् पार्श्वनाथ स्तोत्र की रचना की है। इस स्तोत्र के सम्बन्ध मे यह प्रसिद्धि है कि जो व्यक्ति इसकी आराधना करता है, उसके समस्त दुःख-दोष नष्ट हो जाते है और सभी सुखो को प्राप्त होता है। फल प्राप्त करनेवाले प्रियङ्कर नृप की कथा भी प्रचलित है। इस स्तोत्र पर बृहद् और लघु वृत्तियाँ भी उपलब्ध हैं।

इसमे पार्श्वनाथ की स्तुति की गयी है और आरम्भ मे ही उन्हे सर्प आदि के विष का विनाशक तथा समस्त कल्याणो का साधक कहा है। मन्त्रसहित जो इस स्तोत्र का पाठ करता है, उसके ग्रह, रोग, दुष्टज्वर तथा अन्य सभी प्रकार की आधि-व्याधियाँ दूर हो जाती हैं। कवि ने विभिन्न दृष्टिकोणो से पार्श्वनाथ की स्तुति करते हुए मन्त्रगर्भित इस स्तोत्र की रचना की है। कहा है—

उवसग्गहरं पासं, पासं वंदामि कम्मघणमुक्कं ।
विसहरविसनिन्नासं, मंगलकल्लाणआवासं ॥ १ ॥
विसहरफुलिङ्गमंतं, कंठे धारेइ जो सया मणुओ ।
तस्स गह-रोग-मारी-दुट्ठजरा जंति उवसामं ॥ २ ॥
ॐ अमरतरु-कामधेणु-चिन्तामणिकामकुंभमाइया ।
सिरिपासनाहसेवाग्गहाण सव्वे वि दासत्तं ॥ ४ ॥

इस प्रकार स्तोत्र को कल्पवृक्ष, चिन्तामणिरत्न, कामधेनु प्रभृति विशेषणो से अलकृत किया गया है। काव्य की दृष्टि से भी यह स्तोत्र सरस है।

अजिय संतिथय[2]

नन्दिषेण द्वारा रचित यह अजितनाथ तीर्थङ्कर और शान्तिनाथ तीर्थङ्कर का सम्मिलित स्तोत्र है। सम्मिलित स्तोत्र लिखने का कारण यह बतलाया

जाता है कि दोनो तीर्थङ्करो ने अपने वर्षावास शत्रुञ्जयपर्वत पर ही व्यतीत किये थे। इस स्तोत्र की रचना कवि ने उस पर्वत की तीर्थयात्रा करते समय की है। नन्दिषेण का समय ९वी शताब्दी के पहले है। इस स्तोत्र का अनुकरण परवर्ती कई कवियो ने किया है। १२ वी शताब्दो मे जयवल्लभ ने अजित-शान्ति स्तोत्र लिखा है। वीरगन्दी का 'अजिय-संतिथय' स्तुति भी प्रसिद्ध है।

शाश्वतचैत्यास्तव[3]

देवेन्द्र सूरि ने प्राकृत भाषा में आदिनाथ और शाश्वत-चैत्यालय स्तोत्रो की रचना की है। ये जगच्चन्द्र सूरि के शिष्य थे। इन्होने अनेक ग्रन्थो की रचना की है। इनका समय तेरहवीं शताब्दी माना जाता है। प्रस्तुत स्तोत्र मे २४ गाथाएँ हैं। आरम्भ मे ऋषभदेव, वर्द्धमान, चन्द्रानन और वारिषेण नामक शाश्वत चार जिनेन्द्रो को नमस्कार कर त्रिकालवर्ती अकृत्रिम जिनचैत्यालयो की सख्या का वर्णन किया गया है। बताया गया है कि नन्दीश्वर द्वीप मे ५२ चैत्यालय हैं। कुण्डल नामक द्वादश द्वीप में चार और रुचक नामक अठारहवें द्वीप मे चार इस प्रकार कुल ६० शाश्वत् जिनालय है, जिनमे प्रत्येक मे १२४ जिन प्रतिमाएँ हैं। इस प्रकार इस स्तोत्र में नन्दीश्वर द्वीप, कुण्डल द्वीप, रुचक द्वीप आदि द्वीपो की लम्बाई, चौडाई, ऊँचाई आदि का भी निरूपण किया गया है।

इस स्तोत्र में अनुत्तरविमान, ग्रैवेयक, वैमानिक, व्यन्तर, भवन वासी, ज्योतिषी देव, काञ्चनगिरि, वैताढ्य पर्वत, गजदन्त, मेरु, वक्षार पर्वत, कुलगिरि, रुचक द्वीप, कुण्डल, आदि ३७ स्थानो मे प्रासादसख्या, प्रतिमासख्या, बिम्बसख्या, बिम्बमान, आयाम, विष्कम्भ एव उद्यानो का निरूपण किया है। श्वेताम्बर सम्प्रदाय द्वारा मान्य भूगोल का परिज्ञान भी इस स्तोत्र से प्राप्त होता है। प्रतिमा के स्वरूप का वर्णन करते हुए कवि ने कहा है—

कणगमयजाणु जंघा तणुजङ्घा नाससवणभालोरू।
पलिअंकनिसण्णाणं उय पडिमाणं भवे वण्णो ॥१०॥

पर्याङ्कासन स्थित प्रतिमाओ का वर्ण स्वर्णमय होता है। जंघा आदि अंग भी स्वर्ण मय होते हैं।

भवस्तोत्राणि

धर्मघोष सूरि ने आदिनाथ के तेरह भवो का वर्णन आदिनाथ भवस्तोत्र में, चन्द्रप्रभ के सात भवो का वर्णन चन्द्रप्रभ भवस्तोत्र में, शान्तिनाथ के बारह

१.–३. प्राचीन साहित्य और ग्रन्थावलि में सग्रहीत—सन् १९३२ में साराभाई मणिलाल नवाब द्वारा प्रकाशित

भवो का वर्णन शान्तिनाथ भवस्तोत्र मे, मुनिसुव्रत के नौ भवो का वर्णन मुनिसुव्रतनाथ भवस्तोत्र मे, नेमिनाथ के नौ भवो का वर्णन नेमिनाथ भवस्तोत्र मे, पार्श्वनाथ के दस भवो का वर्णन पार्श्वनाथ भवस्तोत्र मे और महावीर स्वामी के सत्ताइस भवो का वर्णन वीरभवस्तोत्र में किया है। ये आचार्य तपागच्छीय थे। इनका समय विक्रम की चौदहवी शती माना जाता है। चन्द्रप्रभ स्तोत्र के प्रारम्भ मे कहा है —

महसेणलक्खणसुअं चंदपहं चंदचिन्हमिंदुनिहं।
सत्तभवकित्तणेणं थुणामि सड्ढसयधणुम्माण ॥ १ ॥

महासेन नृप के पुत्र चन्द्रमा के समान कान्तिधारी और डेढ सौ धनुप-प्रमाण उन्नत शरीरवाले चन्द्रप्रभ स्वामी के सात भवो का वर्णन करता हूँ। इन भवो मे प्राय. सक्षिप्त रूप मे तीर्थङ्करो की जीवन गाथाएँ भी उपलब्ध हो जाती है।

कवि ने प्राय सभी तीथङ्करो के वंश परिचय, शरीर की कान्ति और ऊँचाई का प्रतिपादन प्रत्येक स्तोत्र मे किया है। नेमिनाथ स्तोत्र के आरम्भ मे बताया है—

नेमिरायमइजुअं थोसामि सिवासमुद्दविजयसुअं।
दसधणुहतणु माणेणं नवभवकहणेण सखंकं ॥ १ ॥

× × ×

नवहत्थ नीलाहं वामंगजमाससेणयं पासं।
भवदहुगसंथवेणं थोसामि दुहावराहिगयं ॥ १ ॥

पार्श्वनाथ स्तोत्र

× × ×

तिसलासिद्धत्थसुअं सीहं कं सत्तहत्थ कणयनिह।
भवसत्तावीसकहणेणं वद्धमाणं थुणामि जिणं ॥

वीरस्तोत्र

निर्वाणकाण्ड

प्राकृत का प्राचीन स्तोत्र निर्वाणकाण्ड है। इसमे चौबीस तीर्थंकर एव अन्य ऋषि-मुनियो के निर्वाण स्थानो का निर्देश किया गया है इस स्तोत्र मे तीर्थों का उल्लेखकर वहाँ से मुक्ति पानेवालो को नमस्कार किया है। इस स्तोत्र मे अष्टापद, चम्पा, ऊर्जयन्त (गिरनार), सम्मेदशिखर, तारउर, पावागिरि, गजपन्था, तुगीगिरि, सुवर्णगिरि, रेवा-नदी, बडवानी, चेलना नदी चूलगिरि, द्रोणगिरि, मेढगिरि, कुन्थुगिरि, कोटिशिला, रेसिन्दीगिरि स्थानो से निर्वाण लाभ करने वाले महापुरुषो को नमस्कार किया है। निर्वाण काण्ड में कुल २१ गाथाएँ है। आरम्भ में बताया गया है —

अट्ठावयम्मि उसहो चंपाए वसुपुज्ज जिणणाहो।
उज्जंते णेमि जिणो पावाए णिव्वुद्धो महावीरो ॥ १ ॥

वीसं तु जिण-वरिंदा अमरासुर-वंदिदा धुद किलेसा।
सम्मेदे गिरि-सिहरे णिव्वाण-गया णमो तेसिं ॥ २ ॥

ऋषभदेव तीर्थंकर अष्टापद—कैलास पर्वत से, वासुपूज्य स्वामी ने चम्पापुर से, नेमिनाथस्वामी ने ऊर्जयन्त—गिरिनार से और महावीर स्वामी ने पावापुर से निर्वाण प्राप्त किया। देव-असुरों द्वारा वन्दित और समस्त कर्मकलङ्क का नष्ट करनेवाले शेष बीस तीर्थंकरों ने सम्मेदशिखर से निर्वाण प्राप्त किया। मैं उन समस्त तीर्थंकरों को नमस्कार करता हूँ।

यह निर्वाणकाण्ड स्तोत्र दिगम्बर सम्प्रदाय में अत्यन्त प्रामाणिक स्तोत्र माना जाता है। तीर्थस्थानों का इतिहास इस स्तोत्र में निहित है। चक्रवर्ती, नारायण, प्रतिनारायण, एवं अन्य महान् तपस्वी, जिन्होंने घोर तपश्चरण कर निर्वाण प्राप्त किया है, इस स्तोत्र में उल्लिखित है।

प्राकृत भाषा में धर्मवर्धन का पासजिनथव, जिनपद्म का संतिनाहथव, जिनप्रभसूरि का पासनाहलघुथव, मानतुंग का भयहर, अभयदेव सूरि का जयतिहुयण, धर्मघोषसूरि का इसिमंडल थोत्त, नन्नसूरि का सत्तरिसयथोत्त, महावीरथव आदि प्रसिद्ध स्तोत्र है। इनके सिवाय जिनचन्द्र सूरि का नमुक्कार फलपगरण, देवेन्द्रसूरि का चत्तारि-अट्ठदसथव, पुंडरीकस्तव, जिनराजस्तव आदि स्तोत्र भी महत्वपूर्ण हैं।

लघ्वजित-शान्तिस्तवनम्[1]

यह पहले ही बताया गया है कि अजित और शान्तिनाथ की स्तुति में छोटे बड़े सभी प्रकार के कई स्तोत्र लिखे गये है। नवाङ्गवृत्ति के रचयिता अभयदेवसूरि के शिष्य जिन-वल्लभ[2]सूरि ने १७ पद्यों में स्तोत्र का प्रणयन किया है। यह स्तोत्र काव्यकला की दृष्टि से अच्छा है। पद्य मनोहर है, कवि ने सरस शैली में अपने आराध्यों का महत्त्व प्रकट

१ यह स्तोत्र वैराग्यशतकादिग्रन्थपञ्चकम् में पृ० ५० पर देवचन्द लालभाई पुस्तको-द्धारफण्ड, सूरत से सन् १९४१ में प्रकाशित है।

२. तस्याभयगुरोः पार्श्वादुपसम्पन्नतोऽभवत्। जिनवल्लभशिष्योऽथ सर्वसिद्धान्तपारग.।
क्रमशोऽभयसूरीणा पट्टकन्दरकेसरी। जिनवल्लभसूरीन्द्रो, द्रव्यलिङ्गिगजार्दन ॥

खरतरगच्छसुविहितसूरिपरम्पराप्रशस्ति, पद्य ४३ ४४

सुगुरुजिनेसरसूरि नियमि जिणचंदु सुसजमि,
अभयदेउ सव्वगु नाणि जिणवल्लहु आगमि।
जिण दत्तसूरि ठिउ पट्टि तहि जिण उज्जोइउ जिणवयणु,
सावईह परिक्खिवि परिवरिउ सुल्लि जीव रयणु ॥

वि० सं० ११७० में धारा नगरी में कविपाल्हकृत पट्टावली, गा० ४

किया है। धर्मतिलक मुनि ने इस स्तोत्र पर वि० स० १३२२ में वृत्ति लिखी है। स्तोत्र का रचनाकाल विक्रम सवत् की बारहवी शताब्दी[1] है।

प्रस्तुत स्तोत्र मे कुल १७ पद्य हैं। कवि ने मालिनी और शार्दूलविक्रीडित छन्दो में इसकी रचना की है। स्तोत्रकाव्य होने पर भी इसमे मुक्तकाव्य का समग्र रस वर्तमान है। कवि उत्प्रेक्षा द्वारा प्रतिज्ञा करता हुआ कहता है—

उल्लासिक्कमनक्खनिग्गयपहादंडच्छलेणं अगिणं,
वंदारूण दिसंत इव्व पयडं निव्वाणमग्गावलिं।
कुंदिदुज्जलदंतकंतमिसओ नीहंतनाणंऽकुरु-
क्केरे दोवि दुइज्जसोलसजिणे थोसामि खेमंकरे ॥१॥

अजितनाथ और शान्तिनाथ स्तुति करनेवाले प्राणियो के लिए अपने नखो की कान्ति के बहाने मोक्षमार्ग को प्रकट करते है। तथा कुन्दपुष्प और चन्द्रमा के समान उज्ज्वल कान्ति से प्राणियो के अज्ञानान्धकार को नष्ट कर देते है। उन कल्याण करनेवालो की मैं स्तुति करता हूँ।

कवि स्तुति के सम्बन्ध मे अपनी असमर्थता व्यक्त करता हुआ कहता है।

चरमजलहिनीरं जो मिणिज्जंऽजलीहिं,
खयसमयसमीरं जे जिणिज्जा गईए।
सयलनहयलं वा लंघए जे पएहिं,
अजियमहव संतिं सो समत्थो थुणेउं ॥ १ ॥

जो स्वयम्भूरमण समुद्र के जल को अंजुलि के द्वारा नापने मे समर्थ हैं, तूफान को अपने पैरो की गति के द्वारा जीतने मे समर्थ हैं और समस्त आकाश को अपने पैरो से लाघने में समर्थ है वे ही उक्त दोनो तीर्थंकरो को स्तुति करने मे समर्थ हो सकते है। यहाँ अन्योक्ति द्वारा भगवान् के अनन्तगुणो के वर्णन करने की असमर्यता प्रकट की गयी है।

कवि भगवान् के चरणारविन्द मे की गई भक्ति का प्रभाव दिखलाता हुआ कहता है—

पसरइ वरकित्ती वड्ढए देहदित्ति,
विलसइ भुवि मित्ती जायए सुप्पवित्ती।

---

१. श्रीजिनवल्लभसूरीणा सत्तासमय प्रतीत एवेतिहासविदां पट्टावल्यादिना द्वादशशताब्द्या मध्यकालीनो वैक्रमीयः।

सटीक वैराग्यशतकादिग्रन्थपञ्चकम्—देवचन्द लालभाई पुस्तकोद्धारफण्ड, सूरत, सन् १९४१, प्रस्तावना पृ० ४.

फुरइ परमतित्ती होइ संसारछित्ती,
जिणजुयपयभत्ती ही अचिंतोरुसत्ती ॥ ५ ॥

भगवान् की चरण भक्ति करने से श्रेष्ठ कीर्ति वृद्धिगत होती है, मैत्रीभाव बढ़ता है, सुप्रवृत्तियाँ उत्पन्न होती है, परम सन्तोष प्राप्त होता है और ससार-संसरण—जन्म-जरा-मरण के दु खो से छुटकारा प्राप्त होता है ।

उपर्युक्त पद्य मे 'त्ती' की अनुवृत्ति अनुप्रासजन्य रमणीयता के साथ संगीत का भी मधुर सृजन करती है । सगीत और ध्वनिशास्त्र की दृष्टि से यह पद्य मनोहर है ।

भगवान् के गुण वर्णन का प्रभाव दिखलाता हुआ कवि कहता है—

अरिकरिहरितिण्हुण्हंबुचोराहिवाही,
समरडमरमारीरुद्दखुद्दोवसग्गा ।
पलयमजियसंतीकित्तणे झत्ति जंती,
निबिडतरतमोहाभक्खरालुंखियव्व ॥ १० ॥

अजित-शान्तिनाथ के गुणो का वर्णन करने से शत्रु, दुष्ट, हाथी, सिंह, घास, आतप, जल, चौर, आधि—मानसिकव्यथा, व्याधियाँ-ज्वर, भगदर, सग्राम, डामर-राजकृत उपद्रव, मारी भूतपिशाचादिकृत प्राणिक्षय, क्रूर और भयानक कष्ट उस प्रकार नष्ट हो जाते है, जिस प्रकार सूर्य का उदय होने से सघन अन्धकार नष्ट हो जाता है ।

भगवान् की भक्ति देवाङ्गनाएँ भी करती है, उनके द्वारा वन्दनीय प्रभुचरण समस्त प्राणियो के लिए शरणप्रद होते है । कवि इसी तथ्य का वर्णन करता हुआ कहता है—

छणससिवयणाहिं फुल्लनीलुप्पलाहिं,
थणभरनमिरीहिं मुट्ठिगिज्झोदरीहिं ।
ललियभुयलयाहिं पीणसोणित्थलीहिं,
सय सुररमणीहिं वंदिया जेसि पाया ॥ १४ ॥

जिसके चरणकमल पूर्ण चन्द्रमा के समान मुखवाली, विकसित नीलकमल के समान नेत्रवाली, कुचभार के कारण नताङ्गी, कृशोदरी सुन्दर भुजलतावाली और उपचित स्थूल कटितटवाली देवाङ्गनाओ के द्वारा पूज्य हैं, वे भगवान् मेरे ऊपर कृपा करें ।

प्रस्तुत पद्य में शृगार के द्वारा भक्तिभाव की स्थापना की गयी है । काव्यकला की दृष्टि से भी सुन्दर है ।

कवि भगवान् से समस्त रोगो को दूर करने के लिए प्रार्थना करता है । भक्त की दृष्टि से उसे विश्वास है कि प्रभुकृपा से समस्त कार्य सिद्धि हो जाते हैं, रोग-शोक, भय-बाधा आदि नष्ट हो जाते है । वह कहता है—

अरिसकिडिभकुट्ठगंठिकासाइसार-
क्खयजरवणलूआसाससोसोदराणि ।

नहमुहदसणच्छोकुच्छिकन्नाइरोगे,
महु जिणजुयपाया सप्पसाया हरंतु ॥ १५ ॥

भगवान् के चरण प्रसाद से अर्श—बवासीर, कुष्ठ, गठिया, अतिसार ज्वर, व्रण, लूता, श्वास, शोष, उदररोग, खाँसी, अतिसार, मकडी का कष्ट, नाक, मुख, दाँत, नेत्र सम्बन्धी रोगो का शमन होता है।

कवि ने स्तुति के प्रसग मे नयवाद का स्वरूप मार्मिक रूप मे अभिव्यक्त किया है। लिखा है—

बहुविहनयभंगं वत्थु णिच्चं अणिच्चं,
सदसदणभिलप्पालप्पमेगं अणेगं।
इय कुनयविरुद्धं सुप्पसिद्धं च जेसिं,
वयणमवयणिज्जं ते जिणे संभरामि ॥

नित्य-अनित्य, सत्-असत्, अभिलाप्य-अनभिलाप्य, एक-अनेक कुनय-विपरीत एव सुप्रसिद्ध सप्तनय ग्राह्य वस्तु का विवेचन जिन्होने किया है, उन अजित और शान्ति की स्तुति करता हूँ।

इस पद्य में कवि ने सप्तभगी और नयवाद का विस्तारपूर्वक निरूपण किया है। इस प्रकार यह स्तोत्र काव्य गुणमडित है। यथास्थान अलकारो की योजना की गयी है।

निजात्माष्टकम्[1]

इस अष्टक के रचयिता आचार्य योगेन्द्रदेव है। इनकी योगसार और परमात्म-प्रकाश नामक अपभ्रश भाषा की रचनाएँ प्रसिद्ध है। सस्कृत भाषा मे अमृताशीति नामक रचा गया मुक्तक काव्य भी उपलब्ध है। योगेन्द्रदेव के समय के सम्बन्ध मे डा० ए० एन० उपाध्ये ने परमात्म प्रकाश[2] की भूमिका मे पर्याप्त विचार किया है। इनका समय हमारे विचार से छठी शताब्दी है।

प्रस्तुत स्तोत्र मे आठ स्रग्धरा पद्य है। कवि ने निजात्मा की स्तुति की है और प्रत्येक पद्य के अन्त में "सोह झायेमि णिच्च परमपयगओ णिव्वियप्पो णियप्पो" चरण को समाहित किया है। कवि ने आरम्भ मे ही बताया है कि अर्हन्त, सिद्ध, गणधर, आचार्य, उपाध्याय और साधुओ ने शुद्ध परमात्मस्वरूप निजात्माका अनुसरण कर मोक्ष

१. यह स्तोत्र सिद्धान्तसारादि संग्रह मे पृ० १०० पर मा० दि० जैन ग्रन्थमाला बम्बई से वि० सं० १९०९ में प्रकाशित है।

२ देखें डा० ए० एन० उपाध्ये द्वारा सम्पादित परमात्म प्रकाश की अग्रेजी प्रस्तावना, परमश्रुतप्रभावक मण्डल, बम्बई, १९३७ ई० पृ० ५७–६८

को प्राप्त किया है क्योंकि परमपद को प्राप्त निर्विकल्प निजात्मा मैं हूँ, इस ध्यान से निर्वाण पद की प्राप्ति सदा सभव है। यथा—

णिच्चं तेलोक्कचक्काहिवसयणमिया जे जिणिंदा य सिद्धा,
अण्णे गंथत्थसत्था गमगमियमणा उवज्झायसूरिसाहू
सव्वे सुद्धण्णियादं अणुसरणगुणा मोक्खसंपंतितम्मा,
सोहं झायेमि णिच्चं परमपयगओ णिव्वियप्पो णियप्पो ॥ १ ॥

निजात्मा निरूपम, निष्कलङ्क, अव्याबाध, अनन्त, अगुरुलघुगुण से युक्त, स्वयम्भू, निर्मल और शाश्वत है। ध्यान करने से इस आत्मा की प्राप्ति सम्भव है। यथा—

णिस्सो णिव्वाणमंगो णिरुवि णिरुवमो णिक्कुलो णिक्कुलंको,
अव्वाबाहो अणंतो अगुरुगलघुगो णायिमज्झावसाणो।
सम्भावत्थो सयंभू गयपयडिमलो सासओ सव्वकालं,
सोहं झायेमि णिच्चं परमपयगओ णिव्वियप्पो णियप्पो ॥ २ ॥

इस दार्शनिक स्तोत्र मे कवि ने आत्मा के स्वरूप का विश्लेषण करते हुए उसे स्त्रीलिंग, पुल्लिङ्ग, नपुसकलिंग मे रहित मन-वचन-काय के सम्बन्धो से रहित, लोकालोक को प्रकाशित करने वाला, ऊर्ध्वगमन स्वभाववाला, अलिप्त एव समस्त पर सम्बन्धो से रहित बतलाया है। कवि का अभिमत है कि यह आत्मा रूप, रस गन्ध से रहित, निर्विकार निर्मल, इष्टानिष्ट शुभाशुभ विकल्पो स मुक्त है। यथा—

सव्वण्णवण्णगंधाइयरविरहिया णिम्ममा णिव्विआरो,
रूवातीदस्सरूओ सयलविमलसद्दस्सणण्णाणबीओ।
इट्ठाणिट्ठप्पयाया सुहअसुहवियप्पा सया भावभूओ,
सोहं झायेमि णिच्चं परमपयगओ णिव्वियप्पो णियप्पो ॥ ७ ॥

स्तोत्र का प्रधान वर्ण्यविषय आत्मतत्त्व है। भाषा प्रौढ और प्रवाहगुण युक्त है।

अरहतस्तवनम्[1]

इस स्तोत्र के रचयिता समन्तभद्र माने गये है। पर निश्चयरूप से प्रमाणो के अभाव में यह नही कहा जा सकता कि इसके रचयिता कौन से समन्तभद्र है? प्रसिद्ध आचार्य समन्तभद्र के अतिरिक्त इस नाम के भट्टारक भी हुए है। स्तोत्र भाषा और शैली की दृष्टि से मध्यकालीन प्रतीत होता है। इसमे अरहन्त के स्वरूप पर प्रकाश डाला गया है। रूपक और उपमा अलंकार के नियोजन के कारण इसमे पर्याप्त सरसता है। कवि ने बताया है—"जिन्होने मोहरूपी वृक्ष को जला दिता है, जो विस्तीर्ण अज्ञानरूपी समुद्र से उत्तीर्ण हो गये है, जिन्होने अपने विघ्नो के समूह को नष्ट

१. यह स्तोत्र अनेकान्त वर्ष १८ किरण ३ में प्रकाशित है।

कर दिया है। जो अनेक प्रकार की बाधाओ से रहित हैं, अचल हैं, कामदेव के प्रताप को नष्ट करनेवाले हैं और जिन्होने तीनो कालो को विषय करने रूप तीन नेत्रो से सकल पदार्थों के सार को देख लिया है, ऐसे अर्हन्त को नमस्कार करना चाहिए। ये अर्हन्त त्रिपुर—राग, द्वेष और मोह को भस्म करने वाले हैं और इन्होने सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चरित्र रूप त्रिशूल को धारण करके मोह रूपी अन्धकासुर के कबन्ध-वृन्द का हरण कर लिया है। यथा—

दलिय-मयण-प्पयावा तिकाल-विसएहि तीहि णायणेहि।
दिट्ठ-सयलट्ठ-सारा सदद्ध-तिउरा मुणि-व्वइणो ॥ २ ॥
तिरयण-तिसूलधारिय मोहंधासुर-कबंध विद-हरा।
सिद्ध-सयलप्प-रूवा अरहंता दुण्णय-कयंता ॥ ३ ॥

यह छोटा सा स्तोत्र काव्यगुणो की दृष्टि से अच्छा है। दार्शनिक स्तोत्र होने पर भी कवि ने रूपक अलकार की योजना कर भावाभिव्यक्ति को सशक्त बनाया है।

सप्तमोऽध्यायः

प्राकृत के नाटक और सट्टक

लोक साहित्य के प्राय दो ही अङ्ग माने जाते है—(१) काव्य और (२) कथा। प्राकृतभाषा में सैकडो वर्षो तक काव्य और कथा साहित्य का प्रणयन होता रहा है। नाट्याचार्यों ने दस प्रकार के रूपक और अठारह प्रकार के उपरूपक गिनाये हैं। इन भेदो मे भाण, डिम, वीथी, त्रोटक, सट्टक गोष्ठी, प्रेखण, रासक-हल्लीशक और भाणिका लोक नाट्य के प्रकार होने के कारण मूलत प्राकृत मे ही रहे होगे। प्रकरण और प्रहसन भी प्राकृत की ही रचनाएँ रही होगी। रूपक-उपरूपक के उक्त भेदो में प्रायः वे ही पात्र आते है, जिनसे नाटककार प्राकृत बुलवाते है। भाण मे धूर्त्त अथवा विट, प्रहसन मे पाखण्डी, चेट, चेटी, विट, नीच पात्र और नपुंसक, डिम में गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, भूत, प्रेत, पिशाच आदि और भाणिका मे मूर्ख पात्र होते है तथा ये सभी पात्र प्राकृत का व्यवहार करते है। त्रोटक मे विदूषक का व्यापार अधिक होता है। सट्टक की सम्पूर्ण रचना ही प्राकृत मे होती है। प्रेंखण का नायक भी हीन पुरुष होता है। हल्लीश मे एक ही पुरुष होता है, स्त्रियाँ आठ-दस होती हैं। रासक या रासो की लोक परम्परा बहुत पुरानी है। परन्तु इन सबके उदाहरण संस्कृत मे ही प्राप्य हैं, प्राकृत में एक-दो रूपको की कृतियाँ ही समुपलब्ध है।

सस्कृत मे रूपको के उदाहरण मिलने के कई कारण हो सकते है। राजाश्रय प्राप्त होने के कारण प्राकृत नाटको के कुछ अश सस्कृत में रूपान्तरित हो गये होगे। मृच्छ-कटिक, त्रिपुरदाह, रैवत-मदनिका, विलासवती, मेनकाहित और विन्दुमती पहले प्राकृत में ही रहे हो और फिर धीरे-धीरे सस्कृत छाया के व्यवहार की वृद्धि के साथ-साथ मिश्रित भाषा में कर दिये गये हो।

नाटक-शास्त्र के इतिहास पर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है कि भारत वर्ष में रूपको का विकास बहुत पहले हो चुका था। अश्वघोष के आंशिक रूप में उपलब्ध नाटक बहुत ही प्रौढ है, उनसे यह अनुमान सहज में लगाया जा सकता है कि भारत वर्ष में भास, कालिदास और शूद्रक के पूर्व भी नाटको की व्यवस्थित परम्परा वर्तमान थी। भरतमुनि ने नाट्य शास्त्र के नियमो का प्रतिपादन अवश्य नाटको के अध्ययन के उपरान्त ही किया है।

भारतीय परम्परा नाटक की उत्पत्ति अलौकिक सिद्धान्त के आधार पर मानती है।

भरतमुनि[1] ने अपने नाट्यशास्त्र में बताया है कि ब्रह्माजी ने ऋग्वेद से पाठ्य (संवाद) सामवेद से संगीत, यजुर्वेद से अभिनय तथा अथर्ववेद से रस के तत्त्वो को लेकर नाट्य-वेद का निर्माण किया। आधुनिक विद्वानो[2] ने वैज्ञानिक अनुसन्धानो के आधार पर नाटक की उत्पत्ति के विषय में कई विचारधाराएँ उपस्थित की है। नाटक के प्रधान तत्त्व सवाद, संगीत, नृत्य और अभिनय है। अधिकाश विद्वान् इन चारो तत्त्वो को वेद मे उपलब्ध होने स नाटक की उत्पत्ति वैदिक सूक्तो मे मानते है तथा नाटको का विकास वैदिक साहित्य मे।

रामायण और महाभारतकाल मे आकर नाटक का कुछ और स्पष्ट उल्लेख मिलता है। विराट पर्व मे रगशाला का उल्लेख पाया जाता है। हरिवंश मे रामायण की कथा पर आश्रित एक नाटक के खेले जाने का उल्लेख है। रामायण म भी नट, नर्तक, नाटक और रग-मच का कई स्थलो पर वर्णन मिलता है। पाणिनि ने (४।३।११०) नटसूत्र और नाट्यशास्त्र का उल्लेख किया है। स्पष्ट है कि पाणिनि के समय मे या उनके पूर्व ही अनेक नाटक रचे जा चुके होगे, जिनके आधार पर इन नट सूत्रो का निर्माण हुआ, यत. लक्षण ग्रन्थो की रचना लक्ष्य ग्रन्थो के उपरान्त ही होती है। पतं-जलि के महाभाष्य (३।२।१११) मे कसवध और बालिबन्धन नामक दो नाटको का स्पष्ट उल्लेख है। अतएव सिद्ध है कि नाटक लिखने की परम्परा भारतवर्ष मे बहुत पहले आरम्भ हो चुकी थी। इसमे सन्देह नही कि प्राचीन नाटक धार्मिक है और उनका प्रदर्शन राजप्रासादो मे शिक्षित समुदाय के मनोरजन के लिए होता था।

नाटक की उत्पत्ति के सम्बन्ध में पहले निर्देश किया गया है कि नाटक वैदिक साहित्य से उत्पन्न हुए है। पर एक विचारधारा नाटक की उत्पत्ति लोक प्रचलित नृत्य और सगीत के उपकरणो से मानती है। महिम भट्ट के निम्नलिखित सिद्धान्त से भी उक्त कथन की पुष्टि होती है कि नाटक का आविर्भाव देशी उपकरणो से हुआ है।

अनुभावविभावाना वर्णनं काव्यमुच्यते।
तेषामेव प्रयोगस्तु नाट्यगीतादिरंजितम् ॥

व्य० वि० अ० १, पृ० २०

अनुभाव-विभावादि के वर्णन से जब आनन्दोपलब्धि होती है, तो रचना काव्य कहलाती है और जब गीतादि से रजित, नटो द्वारा उसका प्रयोग दिखाया जाता है, तब वह नाटक बन जाती है।

१ जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि ॥ १ । १७ ॥

२ Keith : Sanskrit Drama PP. 12-77

पाणिनि ने नाट्य की उत्पत्ति नट् धातु से मानी है (४।३।१२६) और रामचन्द्र गुणचन्द्र ने नाट्यदर्पण मे इसका उद्भव नाट् धातु से माना है (पृ० २८), वेबर और मोनियर विलियम्स का मत है कि नट् धातु नृत् धातु का प्राकृत रूप है। सिद्धान्त कौमुदी के तिङन्त प्रकरण मे नाट्य की व्युत्पत्ति इस प्रकार बतायी ?—'नट्' नृतौ। इत्थमेव पूर्वमपि पठितम्। तत्रायं विवेक। पूर्वपठितस्य नाट्यमर्थ। यत्कारिषु नटव्यपदेश.। वाक्यार्थाभिनयो नाट्यम्। पदार्थाभिनयो नृत्यम्। गात्रविक्षेपमात्रं नृत्तम्।— भ्वादि नट-नृत्तौ। इससे स्पष्ट है कि नट् धातु का अर्थ गात्र विक्षेपण एव अभिनय दोनो ही था। किन्तु कालान्तर मे नृत् धातु का प्रयोग गात्रविक्षेपण के अर्थ मे होने लगा और नट् का प्रयोग अभिनय के अर्थ मे। दशरूपक मे नृत, नृत्य और नाट्य का अन्तर स्पष्ट किया है। नृत्त ताललय के आश्रित होता है, नृत्य भावाश्रित होता है, किन्तु नाट्य रसाश्रित[1] होता है।

उपर्युक्त विवेचन से यह निष्कर्ष निकालना कठिन नही है कि नाटक की उत्पत्ति लोक प्रचलित नृत्य और संगीत से हुई है। यही कारण है कि नाट्यशास्त्र के लक्षण ग्रथो मे विशेष विशेष प्रणाली के नाट्यो को विशेष-विशेष नामो से अभिहित किया गया है। नाचना, हाव-भाव सहित नाचना और सगीत की मधुर झकार के साथ अभिनय प्रदर्शित करना लोकरजन के अग है। अतएव नृत्य, हाव-भाव प्रदर्शन एव सगीत इन तीन तत्त्वो के मूलरूप से नाटको की उत्पत्ति हुई। आरम्भ मे नाटक को रूपक ही कहा जाता था, पर रूपक और नाटक इन दोनो मे सूक्ष्म अन्तर है–नाटक मे अवस्थाओ की अनुकृति को प्रधानता दी जाती है, किन्तु रूपक मे अवस्थाओ की अनुकृति के साथ-साथ रूप का आरोप भी आवश्यक होता है अर्थात् अवस्थानुकृति और रूपानुकृति का मिश्रित रूप रूपक कहलाने का अधिकारी बनता है।

सस्कृत साहित्य मे नाटक का भी प्राय काव्य ही माना गया है। महिमभट्ट ने लिखा है—'सामान्येन उभयमपि च तत् शास्त्रवद् विधि-निषेध-विषयव्युत्पत्तिफलम् केवलं व्युत्पाद्यजनजाड्याजाड्यतरमपेक्षया काव्यनाट्यशास्त्ररूपोऽयम्, उपायमात्रभेद, न फलभेद (व्य० वि० अ० १, पृ० २०) अर्थात् दोनो का मुख्य उद्देश्य आनन्द प्राप्ति है। दोनो का गौण उद्देश्य उपदेश एव व्युत्पत्ति भी विधि निषेध के रूप मे समान रीति से उपलब्ध है। केवल उद्देश्य प्राप्ति के साधन मे भेद है। अतएव नाटक की उत्पत्ति मूलत लोक जीवन मे हुई है, किन्तु विकसित होने पर नाटक काव्य बन गया है। आरम्भ मे रूपक शब्द ही नाटक के लिए व्यवहृत होता होगा।

---

१. अन्यद्भावाश्रय नृत्यम्, नृत्त ताललयाश्रयम्। अवस्थानुकृतिर्नाट्यम्, दशधैव रसाश्रयम्।—दशरूपक प्रथम प्रकाश श्लो० ७।६।

सट्टक की उत्पत्ति और विकास

यह सर्वमान्य सत्य है कि जनता अपने वातावरण तथा रुचि के अनुकूल विनोद का साधन स्वभावत· निकाल लेती है। पठित समाज के सदृश अपठित तथा अर्द्धपठित समाज मे भी प्रतिभाशाली व्यक्ति होते रहते है, जो अपने समुदाय के अनुरूप जनकाव्य और जन-नाटक का सृजन करते रहते हैं। उनकी रचना द्वारा लक्ष-लक्ष ग्रामीण जनता दृश्य तथा श्रव्यकाव्य का रसास्वादन करती रहती है। अतएव काव्य की समस्त विधाओ का मूलस्रोत साधारण जनसमुदाय ही होता है। भले ही परिष्कृत रूप के प्रणेता मनीषी कवि या लेखक माने जायँ। रूपक का विकास भी जनसमुदाय के बीच हुआ है। अलंकार शास्त्रियो ने रूपक और उपरूपक के भेदो का विवेचन करते हुए रूपक के मुख्य दस भेद और उपरूपक के अठारह भेद बताये है। धनञ्जय ने दशरूपक में नाटक, प्रकरण, भाण, व्यायोग, समवकार, डिम, ईहामृग, अक, वीथि और प्रहसन ये दस भेद रूपक के गिनाये है। आचार्य हेमचन्द्र ने पाठ्यकाव्य के बारह भेद बताये है। उन्होने रूपक के उक्त दश भेदो मे नाटिका और सट्टक को भी जोड दिया है। रामचन्द्र गुणचन्द्र ने नाट्यदर्पण मे अभिनय काव्य के नाटिका और प्रकरणी को मिलाकर बारह भेद बताये हैं।

रूपको के समान उपरूपको की संख्या के सम्बन्ध मे भी विद्वानो मे पर्याप्त मतभेद है। नृत्य पर आधारित होने के कारण रूपको की अपेक्षा उपरूपको में अधिक विकास होता गया है। धनञ्जय ने दशरूपक मे उपरूपको का प्रसङ्ग नही उठाया है। भावप्रकाश और साहित्य दर्पण में उपरूपको पर विचार उपलब्ध होता है, इससे यह अनुमान सहज मे लगाया जा सकता है कि नृत्य पर आश्रित दृश्यकाव्य को साहित्य की कोटि मे पीछे परिगणित किया गया है। बहुत दिनो तक इस प्रकार के दृश्य जनता के बीच ही वर्तमान रहे। अग्नि पुराण में १७ उपरूपको के नाम उपलब्ध होते है, किन्तु न तो उन्हे उपरूपक की सज्ञा दी गयी और न उनके लक्षण या उदाहरण ही दिये गये हैं। इसी प्रकार मध्य-कालीन लेखको ने "डोम्बी श्रीगदितं भाणो, भाणी प्रस्थानरासका." इत्यादि निर्देश तो किया है, पर लक्षण आदि नही लिखे हैं। अभिनवगुप्त ने डोम्बिका, भाण, प्रस्थान, भाणिका, प्रेक्षणक, रामाक्रीड, हल्लीशक, रासक नामक उपरूपको का निर्देश किया है, पर लक्षणो का निर्धारण नही किया। हेमचन्द्र ने अपने काव्यानुशासन में श्रीगदित और गोष्ठी को भी संयुक्त कर दिया है।

शारदातनय ने तोटक, नाटिका, गोष्ठी, संलाप, शिल्पक, डोम्बी, श्रीगदित, भाणी, प्रस्थान, काव्य, प्रेक्षणक, सट्टक, नाट्यरासक, लासक, उल्लोप्यक, हल्लीश, दुर्मल्लिका, मल्लिका, कल्पवल्ली और पारिजातक उपरूपको की व्याख्या की है। इन बीस उपरूपकों में अग्निपुराण का कर्ण, नाट्यदर्पण का नर्तनक, साहित्य दर्पण का विलासिका और अभिनव गुप्त द्वारा संकेतित तीन उपरूपक और जोड दिये जायें तो

उपरूपको की संख्या २६ हो जाती है। शारदातनय के पूर्व रामचन्द्र ने नाट्यदर्पण में[1] सट्टक, श्रीगदित, दुर्मोलिता, प्रस्थान, गोष्ठी, हल्लीशक, नर्त्तनक, प्रेक्षणक, रासक, नाट्यरासक, काव्य, भाण और भाणिका का परिभाषा सहित निर्देश किया है। उपरूपको को व्यवस्थितरूप देने का श्रेय साहित्यदर्पण के रचयिता विश्वनाथ को है। विश्वनाथ ने लिखा है—"अष्टादश प्राहुरुपरूपकाणि मनीषिण:" अर्थात् विश्वनाथ के समय तक १८ उपरूपक मान्य बन गये थे। इसी कारण इन उपरूपको की पूरी व्याख्या और उनके उदाहरण देने की उन्हे आवश्यकता प्रतीत हुई। भरत मुनि की दृष्टि मे उपरूपको का न आना इस बात का प्रमाण है कि उनके समय तक नृत्य रूपको को साहित्यिक रूप प्राप्त नही हुआ था। भरत ने जिन नृत्य प्रकारो का वर्णन किया है, उनमे से कतिपय कोहल तक उपरूपक की स्थिति को प्राप्त हो चुके थे। अत: कोहल तथा अन्य व्याख्याकारो ने उपरूपको की साहित्य विधा मे गणना की। हर्ष की तोटक नामक उपरूपक की व्याख्या, जिसका उल्लेख शारदातनय ने बारहवी शताब्दी मे किया है, इस बात का प्रमाण है कि हर्ष के समय मे भी उपरूपको को साहित्यिक मान्यता प्राप्त होने लगी थी। यह सत्य है कि उपरूपको का साहित्यिक महत्त्व रूपको के बाद ही प्राप्त हुआ होगा। रूपक शब्द भी प्राचीन होते हुए, जिस अर्थ मे लक्षण ग्रन्थो मे व्यवहृत है, वह रूप धनञ्जय के द्वारा प्रदान किया गया है। धनञ्जय ने ही रूपक के दस भेदो को रूपक नाम से अभिहित किया है। इसी प्रकार विश्वनाथ ने नृत्य पर आधृत प्रबन्धो को उपरूपक नाम दिया है। रामचन्द्र ने "अन्यान्यपि च रूपकाणि" कहकर सट्टकादि उपरूपको का निर्देश किया है। अभिनवगुप्त ने एक स्थान पर लिखा है—"एते प्रबन्धा नृत्तात्मका· न नाट्यात्मका नाटकादिविलक्षण:" अतएव स्पष्ट है कि नृत्त पर अवलम्बित प्रबन्धो को उपरूपको या रूपको की श्रेणी मे पीछे स्थान प्राप्त हुआ है। रूपक प्रेक्षको के अन्त:करण में स्थित स्थायी भाव को रसस्थिति तक पहुँचाते है, तो उपरूपक उपयुक्त भावभगिया के द्वारा प्रेक्षको के सम्मुख किसी भाव विशेष को प्रदर्शित करते है। इनका प्रचार प्राचीन समय से ही चला आ रहा है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि सट्टक की गणना नाटिका और त्रोटक के समान कुछ विद्वानो ने रूपको मे और कुछ ने उपरूपको मे की है। जिस प्रकार नाटक और प्रकरण सजातीय है, उसी प्रकार नाटिका और सट्टक भी। नाट्यशास्त्रो मे नाटक और प्रकरण के मिश्रण से नाटिका की उत्पत्ति मानी गयी है। धनञ्जय इसका समावेश नाटक के

१. अन्यान्यपि च रूपकाणि दृश्यन्ते। यदाहु—
विष्कम्भक-प्रवेशक-रहितो यस्त्वेकभाषया भवति—
अप्राकृत-संस्कृतया स सट्टको नाटिकाप्रतिमः॥ नाट्यदर्पण पृ० १९०-१९१-१९२

अन्तर्गत करते हैं तो हेमचन्द्र और रामचन्द्र इसे रूपक के समकक्ष ही मानते है। साहित्य-दर्पण में सट्टक को उपरूपक कहा गया है।

रूपक और उपरूपक के भेदो का विकास किस क्रम से हुआ और इनके विकास का ऐतिहासिक क्रम क्या है, इस पर आज तक विचार नही किया गया हैं। हाँ, तत्त्वो के आधार पर इनके विकास की एक आनुमानिक परम्परा स्थापित की जा सकती है। यह सत्य है कि नाटक जैसी समृद्ध रसभावशबलित विधा एकाएक समाज में विकसित नही हुई होगी। इसे कई स्थितियो और विरामो को पार करना पड़ा होगा। रूपक और उपरूपको में आये हुए कुछ शब्द इस बात का द्योतन करते है कि इन भेद-प्रभेदो मे कुछ ऐसे शब्द भी हैं, जिनका सस्कृत रूप नही दिया जा सकता है। दूसरे शब्दो मे यो कह सकते हैं कि ये शब्द सस्कृत भाषा के नही हैं। देशी भाषा के है, समाज मे इनका व्यवहार नृत्य, गान और अभिनय के शबलित रूप मे होता था, अत. ये शब्द अपने अर्थविशेष के कारण सस्कृत के पारिभाषिक शब्द बन गये। इस प्रकार की शब्दावलि मे डोम्बी, हल्लीशक, सट्टक और रासक शब्द आते है। डोम्बी का अर्थ डोम जाति की स्त्री विशेष है। डोम्बी उपरूपक वह था, जिसमें उस डोम्बी का नृत्य विशेषरूप से होता था। मेरा अनुमान है कि डोम्बी उपरूपक स्वाग से विकसित हुआ है अथवा स्वाग और डोम्बी एक ही है। विक्रम की नवी शती के विद्वान् सिद्धकह्णपा ने डोमिनी के आह्वान-गीत मे स्वाग का निर्देश किया है–

नगर बाहिरे डोबी तोहारि कुडिया छइ छोइ जाइ सो ब्रह्म नाडिया।
आलो डोंबि ! तोए सम करबि य साँग निघिण कणइ कपाली जोइलाग ॥
एक सो पदमा चोसट्ठि पाखुड़ि तोहि चढ़ि नाचअ डोबी वापुडी॥

यद्यपि यह उद्धरण वज्रयानियो की योगतन्त्र साधना से सम्बन्ध रखता है, तो भी इतना स्पष्ट है कि डोमनियाँ पुरुष वेश मे पुरुष पात्र का स्त्रियो के बीच अभिनय करती थी। इसी अभिनय का नाम डोबी था।

इसी प्रकार हल्लीसक भी एक प्रकार का लोकनृत्य था, जिसमे आठ-दस स्त्रियाँ मण्डलाकार रूप में नृत्य करती थी। संगीत, ताल और लय के साथ नृत्य पूर्वक अभिनय का जब प्रदर्शन होने लगा तो हल्लीश नृत्य ही हल्लीशक उपरूपक बन गया।

सट्टक भी इसी प्रकार नृत्य, नाच या हाव-भाव पूर्वक नृत्य से निकला है। डॉ० ए० एन० उपाध्ये ने[1] चन्दलेहा सट्टक की प्रस्तावना में लिखा है—"सभवत: यह द्राविड भाषा का शब्द है। क प्रत्यय को हटा देने पर इसमें दो शब्द रह जाते हैं—स और अट्ट या आट्ट। संभवत: पहले यह किसी लुप्त विशेषण का विशेष्य था। द्राविड शब्द

1. चन्दलेहा—अंग्रेजी प्रस्तावना, पृ० २९

आट्ट या आट्टम का अर्थ नृत्य या अभिनय होता है, जो मूल धातु अट्ट या आट्ट से बना है, जिसका अर्थ नाचना या हाव-भाव दिखलाना होता है यदि मूल अर्थ नाचना होगा तब लुप्त शब्द रूपक होगा। अतएव नृत्य युक्त नाटकीय प्रदर्शन को सट्टक कहा जायगा।" सट्टक में नृत्य का बाहुल्य रहता है। शारदातनय ने भी नृत्यभेदात्मक सट्टक को कहा है।

वर्तमान में जो सट्टक साहित्य उपलब्ध है तथा सट्टक के सम्बन्ध मे लक्षणग्रन्थो में जो चर्चाएँ आयी हैं, उनसे यह स्पष्ट है कि सट्टक एक ऐसा रूपक या उपरूपक है जिसका विषय प्रेम प्रधान होता है। कैशिकी और भारती वृत्तियाँ रहती है तथा नृत्य प्रधान रहने के कारण यह एक प्राचीन नाटक विधा है। आचार्य हेमचन्द्र ने कर्पूरमञ्जरी को देखकर सट्टक को रूपको मे ही स्थान दिया है। पर इसका अर्थ यह नही कि सट्टक इनके पहले था ही नही। सट्टक का प्रचार ग्यारहवी शती के पूर्व ही हो चुका था और यह विधा भी लोक रूपो मे विकसित होकर साहित्यरूप धारण करने लगी थी।

भरत मुनि द्वारा सट्टक का निर्देश न होने से इसकी प्राचीनता मे किसी भी प्रकार की कमी नही आ सकती है। क्योंकि रूपको का विकास नृत्यो से होता है। सट्टक मे नृत्य का प्राण प्रतिष्ठान रहता है, अतः सट्टक सामान्यजन के बीच बहुत पहले से वर्तमान था। हाँ इसको परिष्कृत रूप अवश्य पीछे ही प्राप्त हुआ है। प्राकृत भाषा में सट्टक का लिखा जाना भी उसकी प्राचीनता का सबल प्रमाण है। ई० पू० २०० के भरहुत के शिलालेख मे प्रयुक्त सादिक या सट्टिक शब्द भी सट्टक का पूर्वरूप ज्ञात होता है। ऐसा मालूम होता है कि जनता के बीच सट्टक का प्रचार ई० सन् के पूर्व ही था और वह इतना अधिक जन-मानस मे समाहित हो गया था कि लक्षणकारो का ध्यान इस लोक नृत्य-अभिनय की ओर बहुत काल तक न जा सका।

एक तथ्य और विचारणीय है कि संस्कृत को राजश्रय प्राप्त था। राजसभाओं में ऐसे ही नाटक खेले जाते थे, जिनमे सस्कृत भाषा का व्यवहार होता था। फलतः सामान्य युग में साहित्यिक क्षेत्र मे प्राकृत प्रधान सट्टक को विद्वानो ने प्रविष्ट होने से रोका हो। यही कारण है कि भरत मुनि सट्टक के सम्बन्ध में मौन हैं। अन्यथा जन-मानस ने जिस विद्या मे सर्व प्रथम नृत्य के साथ अभिनय का समन्वय किया, उसे लक्षण ग्रन्थो मे क्यो स्थान नही मिला? राजशेखर ने भी अपने को सट्टक का प्रथम प्रणेता नही लिखा है। उनकी परिभाषा से यह ज्ञात होता है कि राजसभा में सट्टक का प्रवेश बहुत समय के बाद हुआ। इसी कारण लक्षणग्रन्थो में इसे बाद में स्थान मिला।

कुछ विचारक नाटिका को शास्त्रीय मान्यता प्रदान कर सट्टक को उसके बाद का विकास मानते है, पर बात उलटी ही हैं। नृत्य बहुल, अभिनय से परिपूर्ण कथानक, और अद्भुत भावो से युक्त प्राकृत भाषा में निबद्ध सट्टक अवश्य ही रोचक और

आकर्षक रहा है। यह स्पष्ट कर देना उचित है कि यहाँ भाव का अर्थ वासना (Passion) है, इसमे रस के सचारियो के मानसिक उच्च धरातल का भ्रम न करना चाहिए। इस प्रसग मे सगीत और नृत्य को भी उनके प्राथमिक स्वतन्त्र क्रीडा रूप (Freeplay) मे मानना उचित होगा। सट्टक का मूल हमारी भावातिरेक (Passionate) और क्रीडात्मक (Playful) प्रवृत्तियो मे हो सकता है। नृत्य और सगीत के साथ उसमे अभिनयात्मक कथानक भी जुटा हुआ है। अत नाटिका को सट्टक का शास्त्रीय सस्करण मानना तर्क सगत है। स्पष्ट है कि राजसभाओ मे राजाओ और पुरोहितो का वार्तालाप सस्कृत मे होना चाहिये, अतएव प्राकृत मे लिखे गये सट्टक के कुछ अश को सस्कृत मे रूपान्तरित कर प्रेम प्रधान नाटिका का रूप गठित किया गया है।

सभी कलाओ के क्षेत्र मे यह देखा जाता है कि आरम्भ मे कला का कोई विशिष्ट उद्देश्य नही होता, किन्तु जैसे-जैसे समय व्यतीत होता जाता है, रूप परिष्कार के साथ उद्देश्य मे भी दृढता और विशिष्टता आती जाती है। साधारण, सीधासादा सट्टक भी राजा एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियो की रुचि की तृप्ति के हेतु नाटिका का रूप धारण कर गया, तो इसमे आश्चर्य की क्या बात है?

सट्टक का स्वरूप और उसकी विशेषताएँ

सट्टक प्राकृत भाषा मे रचित होता है। इसमे प्रवेशक, विष्कम्भक का अभाव और अद्भुत रस का प्राधान्य रहता है। इसके अको को जवनिका कहते है। इसमे अन्य बाते नाटिका के समान होती है। कर्पूर मजरी मे राजशेखर ने स्वय कहा है—

सो सट्टओ त्ति भणइ दूरं जो णाडिआइं अणुहरइ[1]।
किं उण एत्थ पवेसअ-बिक्कंभाइं ण केवलं होंति ॥ १। ६

नाटिका के समान इसकी भी कथावस्तु काल्पनिक होती है। नायक प्रख्यात धीर ललित राजा होता है। शृङ्गाररस प्रधान होता है। ज्येष्ठ, प्रगल्भ, राजकुलोत्पन्न, गभीर और मानिनी महारानी होती है और इसीके कारण नायक का नूतननायिका से समागम होता है। प्राप्य नायिका मुग्धा, दिव्या एव राजकुलोत्पन्ना कोई सुन्दरी होती है। अन्त पुर इत्यादि के सम्बन्ध से देखने तथा सुनने से नायक का उसमे उत्तरोत्तर प्रेम बढ़ता जाता है। नायक महिषी के भय से भीतर ही भीतर आतंकित रहता हुआ

---

१ सो सट्टओ सहअरो किल णाडि आए, ताए चउज्जवणिअतर-वधु रगो।
चित्तत्थ-सुत्तिअ-रसो परमेक्क-भासो, विक्खभ आदि-रहिओ कहिओ बुहेहि ॥
—चंदलेहा १।५

भी नवीन नायिका की ओर प्रवृत्त होता है। स्त्रीराज्य दिखलायी पडता है, शृङ्गार का वर्णन प्रचुर परिमाण मे रहता है। महिषी के शासन में राजा रहता है।

नायक अपने राज्यभार को मन्त्रियो पर सौप कर विलास एव वैभव के भोग में अपने को लगा देता है, उसके जीवन का उद्देश्य ऐहिक आनन्द लेना ही होता है। विदूषक उसके प्रणय-व्यापार मे बहुत सहायता देता है। सक्षेप मे सट्टक को निम्न विशेषताएँ है—

१. चार जवनिकाएँ होती हे।

२. कथावस्तु कल्पित होती है और सट्टक का नामकरण नायिका के नाम पर होता हे।

३ प्रवेशक और विष्कम्भका का अभाव रहता है।

४. अद्भुत रस का प्राधान्य रहता है।

५. नायक धीरललित होता है।

६. पटरानी गम्भीरा और मानिनी होती है। इसका नायक के ऊपर पूर्ण शासन रहता है।

७ नायक अन्य नायिका से प्रेम करता है, पर महिषी उस प्रेम मे बाधक बनती हैं। अन्त मे उसीकी सहमति से दोनो मे प्रणय-व्यापार सम्पन्न होता है।

८ स्त्री—पात्रो की बहुलता होती है।

९. प्राकृत भाषा का आद्योपान्त प्रयोग किया जाता है।

१० कैशिकी वृत्ति के चारो अगो द्वारा चार जवनिकाओं का गठन किया जाता है।

११. नृत्य की प्रधानता रहती है।

१२. शृङ्गार का खुलकर वर्णन किया जाता हे।

१३. अन्तमे आश्चर्यजनक दृश्यो की योजना अवश्य की जाती है।

कर्पूरमञ्जरी

यह प्राकृत मे चार अङ्को का एक सट्टक है। इसका कथानक रत्नावली के समान है। इसमे राजा चण्डपाल और कुन्तल राजकुमारी कर्पूरमजरी की प्रणय-कथा वर्णित है। यद्यपि इसका कथानक लघु है और चरित्र-चित्रण भी विशद नही हुआ है, तो भी इस सट्टक मे कई विशेषताएँ है।

रचयिता—इसका रचयिता यायावर वशीय राजशेखर है। तिलक मञ्जरी और उदय सुन्दरी मे उसको 'यायावर' या 'यायावर कवि' कहा गया है। कवि के पिता का नाम दुर्दुक और माता का नाम शीलवती था। उनके पितामह 'महाराष्ट्र चूडामणि'

अकाल जलद थे। उनके वंश में सुरानन्द, तरल और कविराज जैसे यशस्वी कवि हुए थे। उनका विवाह चाहमान (चौहान) जाति की अवन्तिसुन्दरी नामक एक सुशिक्षित महिला के साथ हुआ था। अत कुछ विद्वान् इन्हे क्षत्रिय मानते है तथा कुछ लोगो का मत है कि राजशेखर ब्राह्मण जाति के थे और इन्होंने अवन्तिसुन्दरी से अनुलोम विवाह किया था।

राजशेखर ने कर्पूरमञ्जरी मे अपने सम्बन्ध मे 'बालकवि', कविराज। एव सर्व-भाषाचतुर' आदि विशेषणो का उपयोग किया है। कवि ने अपने को निर्भयराज (महेन्द्र-पाल) का गुरु बतलाया है। राजा महेन्द्रपाल के पुत्र और उत्तराधिकारी राजा महीपाल ने भी इनका अपना सरक्षक बनाया था। कवि धनार्जन की इच्छा से कन्नौज गया था। कान्यकुब्जनरेश महेन्द्रपाल ही इसका शिष्य था। बालरामायण मे कवि ने अपने सम्बन्ध मे लिखा है—

> बभूव बल्मीकभव. कवि: पुरा तत प्रपेदे भुविभर्तृमेण्ठताम्
> स्थित. पुनर्यो भवभूतिरेखया स वर्तते सम्प्रति राजशेखर ॥१।१६॥

इस पद्य मे उन्होने अपने को बाल्मीकि, भर्तृमेण्ठ तथा भवभूति का अवतार कहा है।

सियदोनी के शिलालेख मे महेन्द्रपाल की ९०३–४ ई० और ई० सन् ९०७–८ ई० तिथियाँ निर्दिष्ट की गयी है। अत अत राजशेखर का स्थितिकाल ९ ० ई० के लगभग है। राजशेखर ने उद्भट (ई० ८००) तथा आनन्दवर्धन (ई० ८५०) का उल्लेख किया है। दूसरी ओर यशस्तिलक (ई० ९५९), तिलकमञ्जरी (ई० १०००) और व्यक्ति विवेक (ई० ११५०) मे राजशेखर का उल्लेख किया गया है। अत इनका समय दशवी शताब्दी का पूर्वार्ध निश्चित है।

राजशेखर ने कर्पूरमञ्जरी, विद्धशालभजिका, बालरामायण और बालभारत ये चार नाटक लिखे है। काव्यमीमासा नामक एक अलंकार ग्रन्थ भी है। हेमचन्द्र ने इनके हर-विलास नामक महाकाव्य का भी उल्लेख किया है। काव्यमीमासा मे भुवनकोश नामक एक भौगोलिक ग्रन्थ का भी उल्लेख मिलता है।

कथावस्तु — प्रस्तावना के अनन्तर राजा चन्द्रपाल, रानी विभ्रमलेखा, विदूषक और अन्य सेवक रगमच पर आते है। राजा और रानी परस्पर वसन्तोत्सव और मलयानिल का वर्णन करते है। इस अवसर पर विदूषक और विचक्षणा मे वसन्त वर्णन की क्षमता पर झगड़ा हो जाता है। विदूषक रूठकर चला जाता है और भैरवानन्द नामक अद्भुत सिद्धयोगी को साथ लेकर आता है। राजा योगी से कोई आश्चर्य दिखाने का अनुरोध करता है। विदूषक की सलाह से विदर्भ नगर की राजकुमारी को भैरवानन्द अपनी योगशक्ति से सबके सामने ला दिखाता है। राजा उसके अनुपम सौन्दर्य पर मुग्ध हो जाता है और

उससे प्रेम करने लगता है। यह राजकुमारी कर्पूरमञ्जरी रानी विभ्रमलेखा की मौसी शशिप्रभा की पुत्री थी। अतः रानी भैरवानन्द से अनुरोध करती है कि कर्पूरमञ्जरी को कुछ दिनों के लिए मेरे पास ही छोड़ दिया जाय।

राजा कर्पूरमञ्जरी की याद मे विह्वल रहने लगता है। विचक्षणा राजा को कर्पूरमञ्जरी द्वारा लिखा हुआ एक केतकी-पत्रलेख देती है तथा स्वय मुख से राजा के वियोग मे उसकी दीनदशा का वर्णन करती है। विदूषक भी विचक्षणा के समक्ष राजा की दीनावस्था का वर्णन करता है। अनन्तर राजा और विदूषक आपस मे कर्पूरमञ्जरी की शोभा का वर्णन करते है। विदूषक द्वारा यह सूचित किये जाने पर कि हिन्दोलन चतुर्थी के अवसर पर महारानी गौरी पूजा के बाद कर्पूरमञ्जरी को झूले पर झुलायेगी और मरकतकुञ्ज मे बैठ कर महाराज कर्पूरमञ्जरी को झूलती हुई देख सकेंगे। राजा और विदूषक दोनो कदलीगृह मे चले जाते है और कर्पूरमञ्जरी को झूलती हुई देखते है। एकाएक कर्पूरमञ्जरी झूले पर से उतर पडती है। राजा उसके सौन्दर्य का स्मरण करता रह जाता है। दोनो मरकत कुञ्ज मे बैठे रहते है। इसी अवसर पर विचक्षणा आकर कहती है कि महारानी ने कुरवक, तिलक और अशोक के वृक्ष लगाये है और कर्पूरमञ्जरी को उनका दोहद करने को कहा है। विचक्षणा के परमार्शानुसार राजा तमालवृक्ष की ओट से कर्पूरमञ्जरी का दर्शन करता है। सन्ध्याकाल हो जाने पर सभी चले जाते है।

राजा कर्पूरमञ्जरी के ध्यान मे मग्न है। राजा और विदूषक अपने-अपने स्वप्न सुनाते है। उन दोनो म प्रेम, यौवन और सौन्दर्य पर बात-चीत आरम्भ होती है। इस अवसर पर नैपथ्य मे कर्पूरमञ्जरी और कुरंगिका की बात-चीत द्वारा पता चलता है कि कर्पूरमञ्जरी राजा के वियोग मे व्याकुल है। इधर से राजा और विदूषक आगे बढते है और उधर कर्पूरमञ्जरी और कुरंगिका आती है। कर्पूरमञ्जरी और राजा एक दूसरे को देखकर स्तब्ध रह जाते है। राजा कर्पूरमञ्जरी का हस्तस्पर्श करता है। सयोग से दीपक बुझ जाता है और सभी लोग सुरग के रास्ते प्रमदोद्यान मे चले आते है। इधर रानी को कर्पूरमञ्जरी के राजा से मिलने का वृत्तान्त ज्ञात हो जाता है। अतः वह घबड़ाकर सुरग के रास्ते रक्षागृह मे चली जाती है।

रानी ने कर्पूरमञ्जरी पर कठोर नियन्त्रण लगा दिया है। वह राजा से मिल नही पाती। इधर सारंगिका महाराज को केलिविमान प्रासाद पर चढकर वटसावित्री महोत्सव देखने का निमन्त्रण दे आती है। राजा और विदूषक वहाँ जाते हैं। वहाँ पर सारंगिका रानी की ओर से राजा के पास सन्देश लाती है कि आज सायकाल राजा का विवाह होगा। राजा के द्वारा पूछे जाने पर वह कहती है कि रानी ने गौरी की प्रतिमा बनवा कर भैरवानन्दन से जब गुरुदक्षिणा के लिए बड़ा आग्रह किया तो उन्होने कहा कि यह

दक्षिणा महाराज को दो। लाट देश के राजा चण्डसेन की पुत्री घनसारमञ्जरी का राजा से विवाह करा दो। ज्योतिषियो ने उसको चक्रवर्ती राजा की रानी होना लिखा है। इस प्रकार राजा भी चक्रवर्ती हो जायँगे और मुझे भी दक्षिणा मिल जायगी।

रानी घनसारमञ्जरी को कर्पूरमञ्जरी से भिन्न समझती थी। राजा का विवाह घनसारमञ्जरी से सम्पन्न होता है और अन्त मे भेद खुल जाता है।

समीक्षा—सट्टक का नायक चन्द्रपाल है। यह धीर ललित, निश्चिन्त, सुखी और मृदुस्वभाव वाला है। कर्पूरमञ्जरी को देखते ही वह उस पर मुग्ध हो जाता है, उनके लेशमात्र वियोग को भी सहन करने मे असमर्थ है। रानी विभ्रमलेखा चन्द्रपाल को चक्रवर्तीपद प्राप्त कराने की अभिलाषा से घनसारमञ्जरी के साथ उनका विवाह सम्पन्न हो जाने देती है।

इस सट्टक मे आरम्भ से अन्त तक शृगार और प्रेम का वातावरण पाया जाता है। विदूषक राजा से पूछता है कि यह प्रेम क्या है? राजा उत्तर देता है कि एक दूसरे से मिले हुए स्त्री-पुरुषो का कामदेव की आज्ञा से उत्पन्न हुआ भाव प्रेम कहलाता है।[१] कवि कहता है—

जस्सि विअप्पघडणाइकलंकमुक्को
अन्तोणअस्स सरलत्तणमेइ भावो।
एक्केक्कअस्स पसरन्तरसप्पवाहो,
सिंगारवड्ढिअमणोहवदिण्ण सारो॥३।१०॥

जिस भाव के उत्पन्न होने पर एक दूसरे के चित्त के विचार सशय आदि भावो से रहित हो जाते हैं, जिसमे आनन्द का स्रोतमा बहता है और शृङ्गार से प्रवृद्ध कामदेव के द्वारा जिसमे उत्कर्ष आ जाता है तथा सरलता आ जाती है, वह भाव प्रेम कहलाता है।

इस सट्टक में चर्चरी नामक नृत्य का भी प्रयोग किया है, जिसमे हाव-भाव का प्रधान स्थान है।

पदलालित्य तो अनुपम है। गीति-सौन्दर्य एव अनुप्रास माधुर्य का एकत्र समवाय पाया जाता है। यथा—

रणतमणिणेउरं झणझणन्तहारच्छडं।
कलक्कणिदकिङ्किणीमुहरमेहलाडम्बरं॥

---

१. अण्णोण्णमिलिदस्स मिहुणस्स मअरद्धअसासणे प्परूढ प्पणअग्गंठि पेम्मेति छइल्ला भणति।

३।१० के पहलेवाला गद्यांश—

बिल्लोलबलआवलीजणिदमञ्जुसिंजारवं
ण कस्स मणमोहणं ससिमुहीअ हिन्दोलण ॥२।३२॥

झूले पर झूलती हुई सुन्दरी का रमणीय शब्द चित्र है। कवि कहता है कि मणिनूपुरों की झंकार से युक्त, हारावली के झन्-झन् शब्द से पूर्ण, करधनी की छोटी-छोटी घंटियों के मधुर शब्द से भरा हुआ तथा चंचल कंकणों से उत्पन्न मधुर शब्द वाला यह चन्द्रमुखी कर्पूर मंजरी का झूलना किसके मन को अच्छा नहीं लगता ?

कर्पूरमंजरी में हास्य रस का भी बड़ा अनूठा चित्रण हुआ है। तृतीय जवानिकान्तर में विदूषक का स्वप्न वर्णन बड़ा ही सरस और विनोद पूर्ण है। राजा की स्मरपीड़ा और विदूषक की विनोद प्रियता का एक साथ चित्रण किया गया है, जो रोचक और परिहास पूर्ण है। विदूषक की अनूठी उक्तियाँ नाटक के संवादों को सजीव बना देती हैं।

इस सट्टक में सभी शास्त्रीय लक्षण पाये जाते हैं। कविता की दृष्टि से इसके प्रायः सभी पद्य बहुत ही सुन्दर हैं। इसमें कुल १४८ पद्य हैं, जिनमें शार्दूलविक्रीडित, वसन्ततिलका, स्रग्धरा आदि १७ प्रकार के छन्द प्रयुक्त हैं।

प्रसंगवश कवि के कौलधर्म का व्याख्यान भी उपस्थित किया है। वसन्त वर्णन सन्ध्यावर्णन और चन्द्रिकावर्णन बहुत ही प्रभावोत्पादक है। झूले के दृश्य का वर्णन दर्शनीय है —

विच्छाअन्तो णअररमणीमंडलस्साणणाइं
विच्छालन्तो गअणकुहरं कन्तिजोण्हाजलेण।
पेच्छन्तीण हिअअणिहिदं णिद्दलन्तो-अ दप्पं
दोलालीलासरलतरलो दीसदे से मुहेन्दू ॥ २।३० ॥

प्रत्येक रमणी के मुखारविन्द को फीका करता हुआ, अपने रूपलावण्य की द्रवीभूत चन्द्रिका से गगनमण्डल को तरंगित करता हुआ, अन्य युवतियों के अभिमान को दलित करता हुआ चन्द्रमा के समान उसका मुखमण्डल दिखाई देता है, जब कि वह झूलती हुई सीधे आगे-पीछे झोंके लेती है।

नारी सौन्दर्य के चित्रण में कवि बहुत कुशल है। निम्न उदाहरण दर्शनीय है—

अंगं लावण्णपुण्णं सवणपरिसरे लोअणे फारतारे
वच्छं थोरत्थणिल्लं तिबलिवलइअं मुट्ठिगेज्झं च मज्झं।
चक्काआरो णिअम्बो तरुणिमसमए किं णु अण्णेण कज्जं
पञ्चेहिं चेअ बाला मअणजअमहावेजअन्तीअ होन्ति ॥ ३।१९

युवावस्था में सुन्दरियों का शरीर लावण्य से भरपूर हो जाता है, आँखें भी आकर्षक और बड़ी लगने लगती है, वक्षः स्थल पर स्तन खूब उभर आते हैं, कमर पतली हो

जाती है तथा उस पर त्रिवलियाँ पड जाती है। नितम्ब भाग खूब सुडौल और गोल हो जाता है। इन पाँचो अगो से ही बालाएँ कामदेव की विजय में पताका का काम करती हैं—सबसे आगे रहती हैं, किसी और की आवश्यकता ही क्या है।

चंदलेहा

रस-भाव-शबलित इस सट्टक की रचना पारशव वश के कवि रुद्रदास ने की है। पारशव के सम्बन्ध मे मनुस्मृति मे बतया गया है कि ब्राह्मण पिता द्वारा शूद्र स्त्री से उत्पन्न सन्तान पारशव कहलाती है। केरल मे पारशव वह जाति मानी जाती है, जो मन्दिरो की मेवा करती है, जिसका काम देव-मन्दिरो मे सफाई करना तथा अन्य सभी प्रकार से देव मन्दिरो की सेवा करना है। यह जाति एक प्रकार से क्षत्रिय होती है। हमारा कवि इस जाति मे उत्पन्न हुआ है। इस पारशव जाति की यह प्रमुख विशेषता है कि इसमे सस्कृत भाषा और साहित्य का प्रचार अत्यधिक है। इस जाति के प्राय सभी लोग सस्कृत के धुरन्धर विद्वान् होते हे।

कवि ने रुद्र और श्रीकण्ठ को अपना गुरु माना है। ये दोनो महानुभाव कालिकट के रहनेवाले थे। कवि केरल निवासी है और सस्कृत, प्राकृत भाषाओ का पूर्ण पण्डित प्रतीत होता है।

कवि ने इस चन्दलेहा (चन्द्रलेखा) सट्टक की रचना सन् १६६० के आस-पास की है। सट्टक का नायक मानवेद कवि का समकालीन प्रतीत होता।

कथावस्तु—इस सट्टक मे चार जवनिकान्तर है और इसमे मानवेद तथा चन्द्रलेखा के विवाह का वर्णन है। कथावस्तु का गठन कर्पूरमञ्जरी के समान ही है, कवि ने सट्टक के समस्त लक्षणो का निर्वाह इसमे किया है।

नान्दी और आशीर्वचन के अनन्तर सूत्रधार का प्रवेश होता है। यह शिव और पार्वती की स्तुति करता है। तदनन्तर परिपार्श्विक आता है और दोनो सट्टक पर अपना विचार व्यक्त करते है। प्राकृत भाषा की सरसता स्वीकार कर राजा मानवेद के विचक्षण सभासदो को प्रेरणा का निर्देश किया गया है।

वसन्त का आगमन हो गया है। राजा मानवेद चक्रवर्ती होने की चिन्ता मे मग्न है। वह अपनी महिषी को ऋतुराज वसन्त के आगमन पर नगर का सौन्दर्य उपभोग करने की प्रार्थना करता है। इसमे चन्द्रिका और विदूषक भी सहयोग देते है। सभी मरकत आश्रम में आते हैं। मञ्जुकण्ठ और मधुरकण्ठ नामक दो वन्दीजन राजा का स्वागत करते हैं। वे राजा के गुणो की श्लाघा करते हुए उपवन का सौन्दर्य अवलोकन करने के लिए प्रेरित करते है। इसी समय राजा सिन्धुनाथ का मन्त्री सुमति, सुमुख के साथ आता है। वह समस्त कामनाओं की पूर्ति

करनेवाला चिन्तामणि रत्न राजा मानवेद को प्रदान करता है। राजा उस चिन्तामणि रत्न को प्राप्त कर प्रसन्न होता है और राजा के परामर्शानुसार विदूषक उक्त रत्न के अधिष्ठाता देव से विश्व की परम सुन्दरी नारी को लाने की प्रार्थना करता है। मणि के प्रभाव से शीघ्र ही एक परम सुन्दरी रमणी आ उपस्थित होती है। राजा उसके रूप को देखकर मोहित हो जाता है और वह भी राजा पर आसक्त हो जाती है। रानी उस सुन्दरी को अन्त.पुर मे ले जाती है। राजा उसके वियोग से व्याकुल हो जाता है।

राजा मानवेद एक चमरवाहिका के साथ आता है। राजा नायिका के अगो का स्मरण कर विह्वल हो जाता है। चमरवाहिका किसी प्रकार वसन्त वर्णन कर उसका ध्यान अन्यत्र हटाना चाहती है। विदूषक राजा की काम विह्वलता देखने के लिए आता है। राजा विदूषक से नायिका के प्रति अपनी आसक्ति का कथन करता है। विदूषक राजा को चन्द्रलेखा के हाथ से लिखित पत्र देता है। राजा रोमाचित होकर पत्र पढता है और साथ ही चन्दनिका और चन्द्रिका के छन्दो को भी पढता है। विदूषक बतलाता है कि चन्द्रिका से विदित हुआ है कि रानी नायिका की सगीत निपुणता को जानती है और उसने पद्मरागाराम मे उसके सगीत का आयोजन किया है। राजा छिपकर चन्द्रलेखा के संगीत को सुनता है। उसका मदनज्वर और बढ जाता है। लौटते समय राजा और विदूषक नक्तमालिका और तमालिका के परस्पर सवाद को सुनते हैं। उनके सम्भाषण से विदित होता है कि रानी को राजा और नायिका के प्रेम की शंका हो गयी है। कश्मीर की रानी शारदा ने उसे एक विलक्षण स्मृतिवाली सारिका दी थी। रानी ने राजा की बातो का पता लगाने के लिए उसे एक मूर्ति के कठ मे बैठाकर राजसभा में रखवा दिया था। उसीको तमालिका अब ले जा रही है। इस सवाद को सुनकर राजा उदास हो गया।

नायिका के प्रेम से विह्वल राजा को विदूषक समझाते हुए कहता है कि उसे चन्दनिका से ज्ञात हुआ है कि राजकुमारी भी काम पीडित है। उपचार के हेतु सरोवर तट पर कदलीगृह में लायी गयी है। पर्याप्त शीतलोपचार के अनन्तर भी उसका कामज्वर कम नही होता। राजा इस समाचार को सुनकर बहुत व्यग्र हो जाता है। वह उसकी रक्षा के हेतु पर्णशय्या पर लेटी हुई चन्द्रलेखा के पास आता है। चन्दनिका और चन्द्रिका उसकी शुश्रूषा कर रही हैं। राजा के स्वागत के लिए नायिका उठने का प्रयत्न करती है, किन्तु राजा उसका हाथ पकड़ कर बैठा देता है। राजा का स्पर्श होते ही नायिका में अचानक परिवर्तन आ जाता है। उसे मालूम हुआ कि अग्नि की लपटो में से निकाल कर अमृत समुद्र में निमग्न कर दिया गया है। रानी का आगमन सुनकर राजा छिप जाता है।

राजा नायिका के विरह मे उदास है। विदूषक आकर राजा से कहता है कि उस कदलीगृह मे नायिका और राजा के मिलन की बात जान कर रानी बहुत क्रुद्ध हुई, किन्तु एक घटना के कारण उसका क्रोध शीघ्र शान्त हो गया। उसका मौसेरा भाई चन्द्रकेतु आता है और अपनी बहन चन्द्रलेखा के अचानक चम्पावन मे गायब हो जाने की सूचना देता है। रानी यह सुनकर बहुत दुःखी होती है। अन्त मे राजा की प्रार्थना से चिन्तामणि रत्न का अधिष्ठाता देव चन्द्रलेखा को उपस्थित कर देता है। इस पर सभी आश्चर्य मे पड जाते है। रानी सहर्ष अपनी बहन से मिलती है। अधिष्ठाता देव घोषणा करता है कि चन्द्रलेखा से विवाह करनेवाला व्यक्ति चक्रवर्ती सम्राट् होगा। अतएव रानी को उन दोनो के विवाह सम्बन्ध की स्वीकृति देनी पडती है। राजा का चन्द्रलेखा के साथ विवाह हो जाता है।

समीक्षा—इस सट्टक का नायक मानवेद कर्पूरमञ्जरी के नायक चन्द्रपाल के समान ही गुणो से समन्वित है। इसमे चक्रवर्ती बनने की महत्त्वाकांक्षा आरम्भ से ही पायी जाती है। फलत सट्टक के आरम्भ मे ही वह उक्त पद की प्राप्ति के लिए चिन्तित दिखलायी पडता है। कवि ने रचना-नैपुण्य और कल्पना वैभव का परिपाक पूर्णतया प्रदर्शित किया है। वस्तु रचना इतनी सरस है कि पाठक कथावस्तु से परिचित होता हुआ आगे बढता जाता है। अनेक रोचक घटनाओ एव अवस्थाओ की सृष्टि सट्टक को आद्योपान्त सरल एव रोचक बनाये रखती है। चन्द्रलेखा सुन्दरी तो है ही, उसका रूप-लावण्य विधाता ने संसार की समस्त सुन्दर वस्तुओ का सार लेकर प्रस्तुत किया है तथा अंगाधिराज चन्द्रवर्मन की पुत्री चन्द्रलेखा नायिका के समस्त गुणो से परिपूर्ण है। वह प्रेम करना जानती है। कवि ने तपोराग आराम मे सगीत गोष्ठी की योजना कर नायक और नायिका का साक्षात्कार बहुत ही नाटकीय ढग से उपस्थित किया है।

कथानक मे कौतूहल तत्त्व का पूर्ण समावेश है। घटनाएँ नाटकीय ढग से घटित होती जाती है। मदनातुर चन्द्रलेखा से मानवेद का कदलीगृह मे मिलने का दृश्य बडा ही रोचक है। काव्य सौन्दर्य के साथ इसमे सट्टक के अन्य समस्त गुण भी समाविष्ट हैं। यद्यपि पात्रो का चरित्र पूर्णतया सामने नही आ पाया है, पर यह दोष कवि का नही, सट्टक शैली का है। सट्टको मे सगीत और नृत्य की प्रमुखता रहने से चरित्र चित्रण मे कमी रह जाती है।

इस सट्टक मे विलासमय प्रणय का रंगीन चित्रण किया गया है। पर एक बात यह भी पायी जाती है कि भारतीय मर्यादा की रक्षा इसमे की गयी है। सवादो मे नाटकीयता वर्तमान है। विदूषक और राजा का सवाद, नक्तमालिका और तमालिका का संवाद, चन्दनिका और चन्द्रिका के सवादो मे प्रवाह और सहज स्वाभाविकता के दर्शन होते है। इसमे नाटकीयता पूर्णतया समाविष्ट है। आरम्भ से अन्ततक प्रणय का विकास इस सट्टक में पाया जाता है।

शैली सरल है, पर भाषा मे कृत्रिमता अवश्य आ गयी है। काव्य की दृष्टि से इस कृति का महत्त्व अधिक है। वसन्त के समय नगर की शोभा का वर्णन करता हुआ कवि कहता है—

तारुण्णएण रमणि व्व सुरूव-रम्मा
जोण्हा-रसेण रअणि व्व फुरंत-चंदा।
फुल्लुग्गमेण लदिअ व्व पवाल-पुण्णा
रेहेइ हंत णअरीमहु-संगमेण ॥१।१६॥

—युवावस्था मे जिस प्रकार रमणी सुशोभित होती है, ज्योत्स्ना से जिस प्रकार रजनी सुशोभित होती है और विकसित पुष्प तथा दलावलि से युक्त जिस प्रकार लता सुशोभित होती है, उसी प्रकार वसन्त आगमन से यह नगरी सुशोभित हो रही है।

चामरग्राहिणी वसन्त का वर्णन करती हुई कहती है—

सूणाहिंतो पिबतो भमइ महुअरो मंदमंदं मरंद।
चूआहिंतो पडतो महमहइ स-भंगाणु बंध्ये सुअंधो ॥
मूलाहिंतो हसंतो विलसइ पहिउक्केर-सोओ असोओ।
सिंगाहिंतो वलतो मलऊ-सिहरिणो वाइ सीओ अ वाओ ॥

—२।२

मन्द-मन्द रूप मे मकरन्द का पान करती हुई भ्रमरावलि भ्रमण कर रही है। आम्रमञ्जरी के ऊपर भ्रमर-पंक्ति के गिरने से मञ्जरी टूट जाती है, जिससे सर्वत्र सुगन्ध व्याप्त है। अशोक वृक्ष पथिकों के शोक को दूर करता हुआ सुशोभित हो रहा है और वह मूल से हसता हुआ सा प्रतीत हो रहा है। मलयानिल मलय पर्वत के शिखर का स्पर्श करता हुआ शीतल रूप मे प्रवाहित हो रहा है।

नारी सौन्दर्य का चित्रण भी कवि ने बहुत ही सुन्दर किया है। वसन्त रूपश्री का वर्णन करता हुआ कवि कहता है —

णेत्त कंदोट्ट-मित्तं अहर-मणि-सिरि बंधुजीएक्क-बंधू
वाणी पीऊस-वेणी णव-पुलिण-अल-त्थोर-बिंबो णिअंबो।
गत्तं लाअण्ण-सोत्तं घण-सहिण-भरच्चंत-दुज्झंत-मज्झं
उत्तेहि किं बहूहिं जिणइ मह चिरा जम्म-फुल्ल फलिल्लं ॥

—२।३॥

उसके नीलकमल के समान नेत्र हैं, बन्धुक पुष्प के समान अधर-मणि हैं, पीयूषवेणी के समान वाणी है, नवपुलिनतल के समान स्थूल नितम्ब है। वक्षःस्थल पर उभरे हुए कुचद्वय है, कमर क्षीण है। अधिक क्या कहा जाय, उसका जन्म मेरे लिए उसी तरह है, जिस प्रकार पुष्प से फल की उत्पत्ति होती है।

चंदण-चच्चिअ-सव्व-दिसंतो
चारु-चओर-सुहाइ कुणंतो।
दीह-पसारिअ-दीहिइ-बुंदो
दीसइ दिण्ण-रसो णव-चंदो ॥

—३।२१

समस्त दिशाओ को चन्दन से चर्चित करता हुआ, सुन्दर चकोर पक्षिओ को सुख प्रदान करता हुआ, अपनी किरणो के समूह को दूर तक प्रसारित करता हुआ सरस नूतन चन्द्रमा दिखलाई दे रहा है।

इस सट्टक मे गद्य के प्रयोग बहुत ही प्रौढ और समस्यन्त है। गद्य की तुलना भवभूति के उत्तररामचरित से की जा सकती है। पद्य की अपेक्षा गद्य मे अधिक कृत्रिमता है। भाषा वररुचि के प्राकृतप्रकाश सम्मत महाराष्ट्री है। इसकी शैली कर्पूरमञ्जरी से बहुत मिलती-जुलती है। कथोपकथनो में लम्बे-लम्बे समासो के कारण कृत्रिमता दृष्टिगोचर होती है।

इसमें गीति, पृथ्वी, वसन्ततिलका, स्रग्धरा आदि १५ प्रकार के छन्दो का प्रयोग किया गया है।

आनन्दसुन्दरी[1]

आनन्दसुन्दरी प्राकृत का वह सट्टक है, जिसकी कथावस्तु का गठन कर्पूरमञ्जरी की शैली पर नही हुआ है। यह एक मौलिक सट्टक है। कई स्थानो पर हास्य का पुट दिया गया है। इस सट्टक का रचयिता महाराष्ट्रचूडामणि कवि घनश्याम है।

रचयिता—कवि घनश्याम सस्कृत, प्राकृत और देशी इन तीनो भाषाओ में समान रूप से कविता करते थे। कवि ने अपना परिचय देते हुए स्वय लिखा है—

ईसो जस्स खु पुव्वओ उण महादिव्वो पिदा अज्जुआ
कासी जस्स अ सुन्दरी पिअअमा साअंभरी अस्ससा।
सत्तद्वोत्ति-लिवि-प्पहू गुण-खणी चोडाजि बालाजिणो
पोत्तो बाविस-हाअणो चउरहो जो सव्वभासा-कई ॥२।५॥
पडु छब्भासा-कव्वं णाडअ-भाणा रसुम्मिलो चंपू।
अण्णावदेस-सदअं लीलाए विरइदं जेण ॥२।६॥

इससे स्पष्ट है कि कवि के पिता का नाम महादेव, माता का नाम काशी, दादा का चोडाजि-बालाजि, बड़े भाई का नाम ईसा और बहन का नाम शाकम्भरी था। कवि की

१ सन् १९५५ में डॉ० ए० एन० उपाध्ये द्वारा सम्पादित होकर मोतीलाल बनारसीदास द्वारा प्रकाशित।

दो पत्नियां थी, जिनके नाम सुन्दर और कमला थे। गोवर्द्धन और चन्द्रशेखर नाम के इनके दो पुत्र थे। इनका जन्म ई० सन् १७०० के लगभग हुआ था और ई० सन् १७५० तक जीवित रहे। २६ वर्ष की अवस्था में ये तन्जोर के तुक्कोजि प्रथम के मन्त्री नियुक्त हुए। इनका परिवार धार्मिक और साहित्यिक प्रवृत्ति का था। इनकी पत्नियाँ संस्कृत-काव्य-रचना के समय इनक सहायता करती थी। घनश्याम को सार्वजनिक कवि, कविकंठीरव एवं चौडाजि कवि आदि आदि नामो से अभिहित किया जाता था। कवि सरस्वती का बडा भारी भक्त था, अत अपने को सरस्वती का अवतार मानता था। इसने अपने को सात-आठ भाषओ और लिपियो मे निष्णात लिखा है। घनश्याम ने ६४ सस्कृत मे, २० प्राकृत मे और २५ रचनाएँ देशी भाषा मे लिखो है। ये ग्रन्थ नाटक, काव्य, चम्पू, व्याकरण, अलकार, दर्शन आदि विषयो पर लिखे गये है। इनमे तीन सट्टक है— (१) वैकुण्ठचरित, (२) आनन्दसुन्दरी और (३) एक अन्य। इन तीनो सट्को मे एक मात्र आनन्दसुन्दरी ही उपलब्ध है। इसको कवि ने २२ वर्ष की आयु मे लिखा है।

घनश्याम ने अपने को सर्वभाषाकवि घोषित किया है। उनका अभिमत है कि जो एक भाषा मे कविता करता है, वह एक देश कवि है जो अनेक भाषाओ मे कविता करता है, वही सर्वभाषा कवि कहलाता है। प्रकृतया कवि दम्भी प्रतीत होता है,और यही कारण है कि अपने समय के कवियो मे वह यश प्राप्त नही कर सका। यह महाराष्ट्र का निवासी था।

कथावस्तु—राजा शिखण्डचन्द्र गुणी और प्रतापी है, वह सिन्धुदुर्ग के शासक को अपने अधीन करने के लिए अमात्य डिण्डीरक को भेजता है। पुत्र न होने के कारण राजा चिन्तित रहता है। अगराज की कन्या आनन्दसुन्दरी सम्राट् शिखण्डचन्द्र के गुणो से आकृष्ट होकर अपने पिता से आज्ञा ले उससे मिलने के लिए चल पडती है। वह पुरुष के वेश मे आती है और अपना नाम पिगलक रख लेती है। राजा शिखण्डचन्द्र ने राज्य का प्रबन्धक मन्दारक को नियत कर दिया है। ज्योतिषियो ने भविष्य वाणी की है, कि उसे एक सुन्दर पुत्र रत्न प्राप्त होगा। वन्दीजन प्रात.काल के अर्चन-वन्दन द्वारा राजा का अभिनन्दन करते हैं। राजा नाटक देखने की इच्छा व्यक्त करता है। गर्भ नाटक का आयोजन किया जाता है। पिगलक और मन्दारक भी नाटक देखने के लिए आमन्त्रित किये जाते है। गर्भनाटक मे दर्शको के चरित्र प्रतिबिम्बित होने के कारण विदूषक सबको हँसी उडाता है। इसी नाटक मे राजा आनन्दसुन्दरी के सौन्दर्य पर मुग्ध हो जाता है। दोपहर के भोजन की घोषणा होती है और सभी उठकर स्नान के लिए चले जाते है।

विदूषक महाराज को सूचना देता है कि हेमवती ने महारानी के समक्ष रहस्योद्घाटन कर दिया है। फलस्वरूप मन्दारक को वन्दी बना दिया जाता है और आनन्दसुन्दरी को आभूषण के बक्से में बन्दकर दिया जाता है और उसकी रखवाली के लिए पचास दासियाँ

नियत कर दी जाती है। राजा इस समाचार से मर्माहत हो जाता है। वह उसकी दयनीय स्थिति पर चिन्ता प्रकट करता है। विदूषक राजा को सौभाग्य-वृद्धि का अशीर्वाद देता है। चिन्तित राजा का ध्यान परिवर्तित करने के लिए कवि परिजात—कान्तिस्व अपनी काव्यात्मक क्षमताओ का वर्णन करते हुए प्रवेश करता है। अलकृत शैली परिमार्जित भाषा और पौराणिक सन्दर्भो के माध्यम से वह राजा के गुणो की भूरि-भूरि प्रशंसा करता है। राजा कवि को पुरस्कार देना चाहता है, पर कवि लेने से इकार कर देता है। राजा अपना ध्यान दूसरी ओर आकर्षित करने के लिए विदूषक को प्रस्तावित करता है कि वह नायिका आनन्दसुन्दरी के अग-प्रत्यगो का वर्णन करे। राजा तीव्र मदन ज्वर से सन्तप्त है। वह अनुभव करता है कि रानी को प्रसन्न किये बिना आनन्दसुन्दरी की प्राप्ति सभव नही।

राजा प्रसन्नमुद्रा मे दिखलायी पडता है, क्योकि उसने महारानी का समर्थन प्राप्त कर लिया है। विदूषक महाराज से रानी की प्रसन्नता प्राप्त करने का कारण पूछता है। राजा बतलाता है कि वह रानी से किस प्रकार शयनकक्ष मे मिला, कितनी प्रार्थनाओ के अनन्तर महारानी प्रसन्न हुई और आनन्दसुन्दरी के साथ विवाह करने की अनुमति प्रदान की। विवाहोत्सव की तैयारी होने लगती है। आनन्दसुन्दरी विवाह के वस्त्रो से आच्छादित हो सेविकाओं के साथ प्रवेश करती है। विवाहोत्सव धूम-धाम से सम्पन्न किया जाता है। दम्पति को सभी लोग आशीर्वाद देते है और उनका अभिनन्दन करते है।

राजा विवाहोत्सव सम्पन्न होने के अनन्तर शृगारवन मे चले जाते है। नायिका को विभिन्न वृक्षो से परिचित कराया जाता है। बन्दीजन उदित होते हुए चन्द्रमा का वर्णन करते है। नायिका शयन-कक्ष मे चली जाती है समयानुसार आनन्दसुन्दरी को गर्भधान होता है। राजा उसकी समस्त इच्छाओ को पूर्ण करता है।

गर्भांक नाटक की योजना की जाती है और इसमे मन्त्री की विजय दिखलायी जाती हैं और बतलाया जाता है डिण्डीरक किस प्रकार शत्रु को वश करता है। राजा प्रसन्न होकर बहादुर मन्त्री को समस्त राज्य देने को प्रस्तुत है। इस समय राजकुमार के जन्म की सूचना प्राप्त होती है। राजा बच्चे को गोद मे उठा लेता है। भाट मगल-प्रशस्ति का गायन करते है।

समीक्षा—इस सट्टक पर कर्पूरमञ्जरी का प्रभाव नही है। कवि घनश्याम ने इसमे मौलिकता का पूर्ण समावेश किया है। हास्य और व्यग्य का पुट भी पर्याप्त मात्रा मे वर्तमान है। नायक और नायिका के चरित्र का विकास इसमे पूर्णतया नही हो पाया नायक धीरललित है, उसमें उदारता भी पूर्णतया वर्तमान है। वह कवि और मन्त्री को अपना समस्त राज्य देने मे भी हिचकता नही है। पुत्र प्राप्ति की लालसा उसे सदैव चिन्तित बनाये रखती है। आनन्दसुन्दरी के सौन्दर्य से मुग्ध होकर वह पुत्र-प्राप्ति के हेतु

उससे विवाह करना चाहता है। महारानी उसके प्रणय-व्यापार मे बाधक है, फिर भी वह निराश नही। महारानी को प्रसन्न करने के लिए सभी प्रकार के प्रयत्न करता है। अन्तमे सफलता मिल जाती है और उसका विवाह आनन्दसुन्दरी के साथ हो जाता है।

कवि ने इसमे दो गर्भनाटको की योजना कर कथानक को गतिशील बनाया है। ये दोनो गर्भाक नाटक के उद्देश्य की सिद्धि मे सहायक है। कवि का यह अभिमत है कि गर्भ नाटक की योजना के बिना सट्टक अधूरा रहता है। प्रथम गर्भनाटक द्वारा आनन्द-सुन्दरी को पिंगलक नामक पुरुष के वेश मे उपस्थित किया गया है। कवि ने निकट से नायिका के सौन्दर्य अवलोकन का अवसर राजा को प्रदान किया है। राजा के हृदय मे अकुरित प्रेम को विदूषक अपने हास्य द्वारा उभारता है। दूसरे गर्भ नाटक मे जहाजी बेडे के सघर्ष का दृश्य है, जिसमे डिण्डीरक बहुत ही चालाकी मे सिन्धुदुर्ग पर चढाई करता है और दर्पण प्रतिबिम्ब के माध्यम से राक्षसो की एक छोटी टुकडी उपस्थित कर शत्रुओ को साफ कर देता है।

इस सट्टक की कथावस्तु को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि कवि ने इसका प्लॉट सस्कृत मे सोचा था और प्राकृत मे उसे अनूदित कर दिया है। इसी कारण इसमे स्वाभाविकता नही है, कृत्रिमता का समावेश हो गया है। वररुचि के प्राकृतप्रकाश के आधार पर भाषा का रूप गढा है। प्राकृत मे जिस प्रकार की नैसर्गिक अभिव्यक्ति राज-शेखर की पायी जाती है, वैसी घनश्याम की नही। यद्यपि घनश्याम ने इस सट्टक मे पाठको की उत्सुकता को बनाये रखने के लिए विदूषक द्वारा हास्य और व्यग्य का भी समावेश किया है, तो भी पूर्णतया नाटकीयता की रक्षा नही हो सकी है। विदूषक के अश्लील हास्य चित्र हल्के प्रतीत होते है। गम्भीर परिस्थितियो का चित्रण करने की क्षमता इन हास्य चित्रो मे नही है।

नाटक मे कथोपकथन का स्थान बहुत ऊँचा रहता है। नाटककार श्रेष्ठ दृश्यो की योजना इन्ही के द्वारा करता है। अत. नाट्यकला को व्याख्यात्मक शिल्प के स्थान पर सर्जनात्मक कला के रूप मे प्रतिष्ठित करने के लिए उनके कार्य, दृश्य तथा सवादो में गत्यात्मक सामजस्य आवश्यक है। कवि घनश्याम ने इस नाटक मे स्पष्ट और सारगर्भित सवादो की योजना की है।

इस सट्टक की चारो जवनिकाएँ प्राकृत मे है, पर प्रथम जवनिका मे दो बार और चतुर्थ जवनिका मे एक बार सस्कृत का प्रयोग आया है। कविता की दृष्टि मे यह सट्टक उत्तम कोटि का है। आनन्दसुन्दरी को समर्पित करते हुए धात्री कहती है—

जम्मणो पहुदि वड्ढिदा मए
लालणेहि विविहेहि कण्णआ।

संपदं तुह करे समप्पिआ
से पिओ गुरुअणो सही तुमं ।।१।२९

जन्म से विविध प्रकार के लालन-पालन के द्वारा जिस कन्या को मैंने बड़ा किया, उसे अब मैं तुम्हारे हाथ सौंप रही हूँ। अब तुम इसके लिए प्रिय, गुरुजन और सखी सभी कुछ हो।

स्पर्श सुख की शीतलता और मनोहारिता का वर्णन करता हुआ कवि कहता है—

ससिअर-पज्झरंत-चंदकंतो,
चणअ हिमंबु विहिट्ठ चंदण वा।
सुरउल-पडिदो सुहारसो कि
पिअ-जण-फंस-वसा ण होइ एव्वं ।।१।२६।।

यह हस्तस्पर्श ऐसा प्रतीत हो रहा है, जैसे चन्द्रमा की किरणों से चन्द्रकान्त मणि द्रवित हो रहा हो, चने के पौधों में शीतल ओसबिन्दु ही वर्तमान हो अथवा चन्दन का लेप किया गया हो। क्या यह स्वर्ग से च्युत हुई अमृत की धारा तो नहीं है। अर्थात् हस्तस्पर्श की शीतलता संसार की समस्त वस्तुओं की शीतलता की अपेक्षा उत्कृष्ट है।

राजा के वियोग का मार्मिक वर्णन करते हुए कवि कहता है—

अच्चुण्हा मे पिहुल-पिहुला होंति णीसासदण्डा
जीहा सुक्खा सलिल-कलिलं लोअणं तत्तमगं।
कप्पाआमं वजइ णिमिसो कण्ठ-णालो सिढिल्लो
दोहा मोहा ण रुचइ जणो हंत तीए विओए ।।२।१३।।

राजा विरहवेदना पीडित होकर विदूषक से कहता है—मदन ज्वर का तीव्र संताप बढ़ जाने से महती वेदना हो रही है, गर्म-गर्म लम्बी-लम्बी साँसें आ रही हैं, जिह्वा सूख रही है, आँखों में आँसू भरे हुए हैं और शरीर तप रहा है। एक-एक क्षण कल्पकाल के समान व्यतीत हो रहा है। उसके वियोग में मूर्छा बढ़ रही है और कुछ भी अच्छा नहीं लगता है। इस प्रकार काव्यकला की दृष्टि से यह सट्टक उत्तम है।

रम्भामञ्जरी[१]

यह सट्टक कर्पूरमञ्जरी से प्रेरणा लेकर लिखा गया है। कवि ने इसे कर्पूरमञ्जरी की अपेक्षा श्रेष्ठ माना है। बताया है—

कप्पूरमंजरी जह पुव्वं कविरायसेहरेण कया।
नयचंदकई विरयइ इन्हि तह रंभमंजरिं एयम् ।।१।१३।।

१ रामचन्द्र दीनानाथ शास्त्री द्वारा सम्पादित तथा निर्णयसागर प्रेस बम्बई द्वारा प्रकाशित।

कप्पूरमंजरीए कह रंभामंजरी न अहिययरा।
कप्पूराउ न रंभा रंभाओ जेण कप्पूरो॥१।१४॥

जिस प्रकार राजशेखर कवि ने कर्पूरमञ्जरी नामक सट्टक की रचना की है, उसी प्रकार नयचन्द कवि रम्भामजरी की इस समय रचना कर रहा है। कर्पूर से रम्भामजरी अधिक सुन्दर सट्टक अवश्य है। क्योंकि कर्पूर से रम्भा की उत्पत्ति नही होती, किन्तु रम्भा से ही कर्पूर की उत्पत्ति होती है।

रचयिता—इस सट्टक का रचयिता नयचन्द्र नामक जैन मुनि है। इनके गुरु का नाम प्रसन्नचन्द्र था। कवि ब्राह्मण है, यह पहले विष्णु का उपासक था और पीछे जैन धर्म मे दीक्षित हो गया। कवि को छ भाषाओ मे काव्य रचने का सामर्थ्य है और राजाओ का मनोरजन करने मे भी वह पूर्ण कुशल है। नयचन्द्र ने इस सट्टक मे अपने आपको श्रीहर्ष और अमरचन्द्र कवि के समान प्रतिभाशाली बताया है। कवि ने लिखा है कि इसमे कवि अमरचन्द्र का पद लालित्य और श्रीहर्ष की व्याप्योक्ति वर्तमान है।

इस कवि ने हम्मीर महाकाव्य की भी रचना की है। स्तोत्रादि अन्य ग्रन्थ भी पाये जाते है। कवि का समय चौदहवी शताब्दी का पूर्वार्द्ध माना जाता है। कवि के पाण्डित्य का परिचय स्वय इस ग्रन्थ मे निम्न प्रकार उपलब्ध होता है—

नयचन्द्रकवे काव्यं रसायनमिहाद्भुतम्।
सन्त. सुर्दान्ति जीवन्ति श्रीहर्षाद्या. कवीश्वरा.॥१।१७॥
लालित्यमयरस्येह श्रीहर्षस्येव वक्रिमा।
नयचन्द्रकव. काव्ये दृष्टं लोकोत्तर द्वयम्॥१।१८॥

कथावस्तु—इस सट्टक मे तीन जवनिकाएँ है। इसमे वाराणसी के राजा जैत्रचन्द्र और लाटनरेश देवराज की पोत्री रम्भा के प्रणय-व्यापार का वर्णन है। इन दोनो का परस्पर मे विवाह सम्बन्ध हो जाता है।

कवि ने आरम्भ मे वराह को नमस्कार किया है। सूत्रधार और नटी के वार्तालाप के अनन्तर मल्लदेव और चन्द्रलेखा के पुत्र जैत्रचन्द्र का वर्णन आया है। यह राजा वाराणसी का रहनेवाला था। इस जैत्रचन्द्र राजा की सात स्त्रियाँ थी और आठवी रम्भा सुन्दरी से वह विवाह करना चाहता है। राजा की प्रधान महिषी वसन्तसेना है और इसकी सखी कर्पूरिका है। विदूषक और कर्पूरिका वसन्त का वर्णन करते हैं। राजा मदनज्वर से पीडित होकर लाटदेश के राजा देवराज की पुत्री रम्भा का समाचार लाने के लिए नारायणदास को भेजता है। नारायणदास देवी रम्भा को साथ लेकर लौट आता है। राजा जैत्रचन्द्र के जन्म दिवस के अवसर पर सभी लोग उसकी प्रशसा करते है। बतलाया जाता है कि किर्मीर वश मे उत्पन्न हुए मदनवर्मा राजा की पुत्री और

देवराज की पौत्री हंसराजा के लिए दिये जाने पर भी मामा शिव के द्वारा अपहृत्य कर लायी गयी है। राजा का रम्भा के साथ विवाह सम्पन्न हो जाता है।

सन्ध्या और चन्द्रवर्णन के अनन्तर प्रतिहारी सहित राजा वाटिका मे भ्रमण करते हुए रम्भा का स्मरण करता है। राजा रम्भा के वियोग के कारण अत्यधिक स्मर ज्वर से पीडित है। इसी समय रोहक और कर्पूरिका का प्रवेश होता है। राजा कर्पूरिका से रम्भा का समाचार पूछता है। वह रम्भा का सन्देश देती हुई कहती है कि उनका कहना है कि एक स्थान पर रहते हुए भी किस पाप के उदय से स्वामी का मुख भी देखने मे असमर्थ है। यदि महाराज आकर दर्शन दे सके तो बडी कृपा हो। राजा कहता है—यदि इतना प्रगाढ प्रेम है तो उसने प्रेमपत्र क्यो नही लिखा। कर्पूरिका उत्तर देती है—उन्होंने प्रेमपत्र लिखना आरम्भ किया था, पर मूर्छित हो जाने से रात्रि समाप्त हो गयी और 'स्वस्ति' पद के आगे कुछ न लिखा जा सका। राजा रम्भा से मिलने के लिए अत्यन्त उत्कण्ठित हो जाता है। रोहक अपने स्वप्न की घटना सुनाता है।

राजा को रम्भा का अल्पकालीन वियोग भी चिरकाल के समान प्रतीत होता है। राजा अधिक स्त्रियो के कारण तथा महारानी वसन्तसेना के कठोर नियन्त्रण के कारण तत्काल रम्भा के साथ सयोग करने मे असमर्थ है। रोहक राजा की ओर देखकर कर्पूरिका से कहता है—"तुम अशोक वृक्ष की शाखा का अवलम्बन लेकर खिडकी के द्वार से प्रविष्ट हो चन्द्रमा की चाँदनी के समान उसे नीचे उतार कर ले आओ।" वह रम्भा को नीचे ले आती है और राजा नव किसलय की शय्या पर रम्भा को सुला देता है। पुन महादेवी के आगमन-भय से उसे यथास्थान पहुँचा देता है।

अनन्तर महादेवी कर्पूरिका के साथ आती है। राजा रानी को वामाङ्क मे स्थापित कर लेता है। दोनो काम क्रीडाएँ करते है। तृप्ति के अनन्तर रानी राजा से कहती है कि मै अब निद्रा सुख का अनुभव करना चाहती हूँ और आप रम्भा सुख का अनुभव करें। अनन्तर कर्पूरिका के साथ रम्भा का प्रवेश होता है। राजा रम्भा की गोद मे बैठकर मनोविनोद करता है। बहुत समय तक सयोग जन्य आनन्द लेते रहने पर भी वह समय क्षणार्ध के समान व्यतीत हो जाता है।

समीक्षा—यह सट्टक अपूर्ण प्रतीत होता है, इसमे चार जवनिकाओ के स्थान मे तीन ही जवनिकाएँ पायी जाती है। कवि ने इसे कर्पूर मजरी से श्रेष्ठ बनाने की प्रतिज्ञा की है, पर यह कर्पूरमजरी से अच्छा बन नही सका है। इस सट्टक का उद्देश्य क्या है, यह अन्त तक अवगत नही हो पाता है और न फल की ही प्राप्ति हो पाती। कथा का अन्त किस प्रकार हुआ, यह जिज्ञासा अन्त तक बनी रहती है। अत: अवश्य ही यह त्रुटित सट्टक है। नायक का चरित्र स्पष्ट नही हो पाया है तथा यह सामन्तवादी

नायक है और इसके जीवन में किसी भी प्रकार की मर्य्यादा नहीं है। सात रानियों के रहने पर भी रम्भा के साथ विवाह करता है, और वह भी भी उस स्थिति में जबकि रम्भा का विवाह अन्य किसी व्यक्ति के साथ हो गया है। रम्भा का अपहरण करा लेना और उसके साथ विवाह कर लेना, आभिजात्य संस्कार नहीं है। अतएव इस सट्टक का उद्देश्य कुछ दिखलायी नहीं पड़ता। कथावस्तु में मौलिकता तो अवश्य है, पर रोचकता नहीं। कविता अच्छी है, वर्णन-प्रसंग रस-भाव से युक्त है। कवि ने वसन्तागमन के अवसर पर विरहिणी की दशा का चित्रण करते हुए लिखा है—

मयंको सपंका मलयपवणा देहतवणा
कहू सद्दो रुद्दो सुमसरसरा जीविदहरा।
वराईयं राई उवजणइ णिद्दंपि ण खण
कहं हा जीविस्से इह विरहिया दूर पहिया ॥१।४०॥

वसन्तागम के समय जिसका पति विदेश गया हुआ है, वह विरहिणी कैसे जीवित रहेगी? उसे मृगाक—चन्द्र सर्पाङ्क के समान प्रतीत होता है, शीतल मलयानिल देह को सन्तप्त करता है। कोकिल की कूक रौद्र मालूम होती है। कामदेव के वाण जीवन को अपहरण करनेवाले जान पड़ते है। बेचारी विरहिणी को रात्रि में एक क्षण के लिए भी नींद नहीं आती।

चन्द्रोदय का वर्णन भी दर्शनीय है—

तमभरप्पसराण णिरोहगो
विरहिणीविरहग्गिविबोहगो।
ससहरो गयणम्मि समुट्ठिदो
सहि ण कस्स मणस्स विणोयगो ॥१।४१॥

रानी चन्द्रमा को उदित देखकर सखी से कहती है कि हे सखि! आकाश में चन्द्रमा उदित हो गया है। यह किस प्राणी के मन को अनुरंजित नहीं करता है। यह अन्धकार को दूर करनेवाला और विरहिणी नायिकाओं की विरहाग्नि को प्रज्वलित करनेवाला है।

कवि नायिका के अंगों में सौन्दर्य जन्य विषमता को देखकर कल्पना करता है कि इस नायिका का निर्माण एक विधाता ने नहीं किया है, बल्कि अनेक विधाताओं ने किया है। यदि एक विधाता निर्माण करता तो यह अनेकरूपता या विषमता किस प्रकार उत्पन्न होती? अतः इस विषमता का कारण अनेक विधाता ही हैं। यथा—

बाहू जेण मिणालकोमलयरे तेण न घट्टा थणा।
दिट्ठी जेण तरंगभंगतरला तेणं न मंदा गई॥
मज्झं जेण कियं न तेण घडिय थोरं नियंबत्थलं।
एयाए विहिणा वि तन्न घडिदा एगेण मन्ने तणू ॥१।५६॥

जिस विधाता ने इसकी मृणाल के समान कोमल बाहुओं को बनाया है, वह इसके कठोर स्तनों को नहीं बना सकता। अत बाहुओं का निर्माता पृथक् विधाता है और कठोर स्तनों का निर्माता पृथक् विधाता। जिसने इसकी चचल दृष्टि बनायी है, वह मंद गति इसे नहीं बना सकता। जिस विधाता ने इसकी कमर को क्षीण बनाया है, वह इसके नितम्बों को स्थूल नहीं बना सकता। अत. इसका निर्माण एक विधाता ने नहीं किया, बल्कि अनेक विधाताओं ने इसका निर्माण किया होगा।

इस सट्टक मे सस्कृत का प्रयोग हुआ है। गद्य और पद्य दोनों रूपों मे प्राकृत के साथ सस्कृत व्यवहृत है। वर्णन सौन्दर्य एव काव्यकला की दृष्टि से यह सट्टक अच्छा है।

शृगारमंजरी[1]

इस सट्ट का रचयिता कवि विश्वेश्वर है। कवि अल्मोडा का निवासी था। इनके गुरु अथवा पिता का नाम लक्ष्मीधर था। ये १८ वी शती के पूर्वार्ध मे हुए है। दस वर्ष की अवस्था से ही कवि ने लिखना आरम्भ कर दिया था। कहा जाता है कि इनकी कुल अवस्था ४० वर्ष की थी और २० से अधिक ग्रन्थों का प्रणयन किया है। इन रचनाओं मे नवमालिका नाम का नाटिका और शृगारमजरी नामक सट्टक मुख्य हैं।

कथावस्तु—इस सट्टक की कथावस्तु बहुत ही रोचक है। राजा राजशेखर स्वप्न मे एक सुन्दरी को देखने के बाद विरह से व्याकुल हो जाता है। देवी रूपरेखा की दासी वसन्ततिलका उसे चित्र बनाने को कहती है। चित्र को वह पहचान लेती है और राजा को बताती है कि यह सुन्दरी मेरी सखी है और वह भी आपके लिए विह्वल है। देवी राजा को मदनपूजा पर बुलाती है। इधर उद्यान मे वसन्ततिलका और शृङ्गार-मजरी झगड पडती है। देवी राजा को इनका झगडा निपटा देने के लिए कहती है इस अवसर पर राजा अपनी नायिका को देख लेता। इसके अनन्तर रात्रि मे वसन्त-तिलका आकर सूचित करती है कि शृङ्गार मजरी विरह व्यथा से तग आकर आत्म-हत्या करने जा रही है। राजा उसे बचाने के लिए निकल पडता है। वे दोनो कुञ्ज में मिलते हैं और प्रेमालाप करते है।

महारानी राजा के इस प्रेम-व्यापार को जान लेती है और सपत्नी-ईर्ष्या से अभि-भूत होकर विदूषक, वसन्ततिलका और शृङ्गारमजरी को वन्दी बना देती है। पार्वती-मन्दिर मे पूजा करते हुए महारानी को दिव्य वाणी सुनाई देती है कि तुम राजा के प्रति कर्त्तव्य का पालन करो। इस सकेत को पाकर देवी उन सभी को मुक्त कर देती है। शृङ्गारमजरी का विवाह राजा से हो जाता। अन्त मे यह भेद भी खुल जाता है कि शृङ्गारमजरी अवन्तिराज जटाकेतु की पुत्री है।

---

१. काव्यमाला सीरिज भाग ८ मे बम्बई से प्रकाशित।

समीक्षा—राजशेखर की कर्पूरमजरी और इस कवि की शृङ्गारमजरी में अनेक समानताएँ पायी जाती है। इस सट्टक पर भास की वासवदत्ता और श्रीहर्ष की रत्नावलि का पूरा प्रभाव है। कथावस्तु के गठन मे कवि ने उक्त नाटको से प्रेरणा ही नही, प्रभाव भी ग्रहण किया है। पद्यो मे कालिदास के मालविकाग्नि मित्र की छाया स्पष्ट दिखलायी पडती है। इस सट्टक का शिल्प पुरातन रहने पर भी कथा गठन एव वर्णनो मे मौलिकता के दर्शन होते है। भाषाशैली प्रसादगुण सम्पन्न है। वसन्त, सन्ध्या, कुज, रात्रि, चन्द्रोदय आदि के वर्णन बडे ही विशद और कवित्वपूर्ण हैं। कविता भी उच्चकोटि की है। प्रतीयमान अर्थ को स्पष्ट करने के हेतु व्यग्य अर्थ का अभिधान कई स्थलो मे सुन्दर हुआ है। पदशय्या इतनी ममृण एव उदार है कि भाषा मे अपूर्व रमणीयता आ गयी है।

चरित्र-चित्रण और सवाद की दृष्टि से भी यह सट्टक समीचीन है। राजा का चरित सट्टको मे जिस प्रकार का स्त्रैण्य चित्रित किया जाता है, वैसा ही इसमे किया गया है। उदारता गुण की नायक मे कमी नही है। नायिका भी प्रणय करने मे अग्रगण्य है। नायक से जब मिलन की सभावना कम हो जाती है और विरहवेदना बढ जाती है, तो वह आत्महत्या करने को प्रस्तुत हो जाती है। राजा उसे बचाने को निकल पडता है और रत्नावली नाटिका के नायक उदयन के समान ही महारानी द्वारा पकडा जाता है। इसी कारण देवी विदूषक, वसन्ततिलका और नायिका को बन्दी बना देती है। सट्टककार ने पार्वतीमन्दिर मे दिव्यवाणी सुनवाकर देवी को राजा के अनुकूल बनाया है। देवी इसी दिव्यवाणी मे प्रभावित होकर शृङ्गारमजरी का विवाह राजा के साथ हो जाने को सहमत होती है। सवादो मे वसन्ततिलका और शृङ्गारमजरी विदूषक और राजा, राजा एव महादेवी के सवाद उल्लेख्य है। इनमे दृश्यकाव्य के सभी गुण पाये जाते है।

अन्य सट्टक

साहित्यदर्पण मे विलासवती का नाम निर्देश पाया जाता है। प्राकृत सर्वस्व के रचयिता मार्कण्डेय की यह रचना है। इसका रचनाकाल १७ वी शताब्दी है। यह कृति अनुपलब्ध है। प्राकृत सर्वस्व मे निम्न लिखित गाथा निर्दिष्ट मिलती है—

पाणाअ गओ भमरो लब्भइ दुक्खं गइंदेसु।
सुहाअ रज्ज किर होइ रण्णो॥

—प्राकृत स० (५।१३१)

इस प्रकार प्राकृत भाषा मे सट्टको का प्रणयन होता रहा। इन सभी सट्टको मे नायक-नायिकाओ का व्यक्तित्व प्राय: एक समान है। ढाँचा एव रूप विन्यास मे भी कोई विशेष अन्तर नही आ पाया है। हाँ, रस की दृष्टि से ये सट्टक विशेष महत्त्वपूर्ण है।

नाटक-साहित्य में प्राकृत

जिस प्रकार प्राकृत मे सट्टको का सृजन हुआ, उसी प्रकार सस्कृत नाटको मे भी प्राकृत भाषा का प्रयोग पाया जाता है। यद्यपि सट्टको मे पहले सस्कृत नाटक ही लिखे गये थे, और उनमे प्राकृत भाषा का प्रयोग हुआ था, पर यहाँ पर हमने शुद्ध प्राकृत मे रचे जाने के कारण सट्टको का निर्देश पहले किया है। सस्कृत नाट्यशास्त्र के नियमो के अनुसार राजा, राजपत्नी, उच्चवर्ग के पुरुष और महिलाए, भिक्षुणी, मन्त्री, मन्त्रियो की पुत्रिया एव कलाकार महिलाएं सस्कृत मे भाषण करती है तो श्रमण, तपस्वी, विदूषक, उन्मत्त, बाल, निम्नवर्ग के स्त्री-पुरुष, अनार्य, अप्सराएँ एव स्त्रीपात्र प्राकृत मे। इसी कारण सस्कृत नाटको का प्राय अर्धभाग प्राकृत मे रहता है और अर्धभाग सस्कृत मे।

कही-कही रानी का वार्तालाप भी प्राकृत मे आता है। मृच्छकटिक मे विदूषक कहता है कि दो वस्तुएँ हास्य की सृष्टि करती है— स्त्री के द्वारा सस्कृत भाषा का प्रयोग और पुरुष के द्वारा धीमे स्वर मे गाना। सूत्रधार सस्कृत मे बात करता पाया जाता है, पर ज्यो ही वह स्त्रियो को सम्बोधित करता है तो प्राकृत का व्यवहार करने लगता है। नाटक को जीवन की वास्तविक अनुकृति कहा गया है, अत विचारो और भावो के माध्यम की अनुकृति भी तो आवश्यक है। १२ वी शती तक लिखे गये नाटको मे जन-साधारण के लिए प्राकृत का व्यवहार स्वाभाविक ही था। यत प्राकृत का प्रयोग उस समय तक जनबोली के रूप मे होता था। अत शिष्टवर्ग को छोड शेष जनसामान्यवर्ग प्राकृत का प्रयोग करता था। इस कारण यह अनुमान भी कोरा अनुमान नही कहा जायगा कि सट्टको के समान अन्य नाटक भी आद्योपान्त प्राकृत मे लिखे गये हो तो आश्चर्य क्या है ? जनसामान्य की बोली मे नाटक एव कथाओ का सृजन होता ही है। अतएव कथाओ के समान नाटक भी प्राकृत मे अवश्य ग्रथित किये गये होगे।

प्राकृत का सर्वप्रथम नाटकीय प्रयोग अश्वघोष —(ई० १०० के आस-पास) की कृतियो मे पाया जाता है। इन नाटको मे मागधी, अर्धमागधी और शौरसेनी के प्राचीनरूप उपलब्ध है। शारिपुत्र प्रकरण नौ अको का प्रकरण है। इसमें मौद्गलायन और शारिपुत्र का गौतम बुद्ध द्वारा अपने धर्म मे दीक्षित किये जाने का वर्णन किया है। इन नाठको की प्राकृत भाषाएं अशोक के शिलालेखो की प्राकृतो से मिलती-जुलती है।

अश्वघोष के अनन्तर भास के १३ नाटक—आते हैं। भास का समय ई० सन् २०० के लगभग माना जाता है। इन नाटको मे अविमारक और चारुदत्त मे प्राकृत का प्राधान्य है। इन्हे प्राकृत नाटक कहना अधिक उपयुक्त होगा। अविमारक छ: अको का

नाटक है। इसमे राजा कुन्तिभोज की रूपवती कन्या कुरगी के साथ सम्पन्न हुए अविमारक नामक राजकुमार के प्रच्छन्न विवाह की कथा वर्णित है। चारुदत्त के द्वितीय अक मे संस्कृत का प्रयोग नही पाया जाता है। चतुर्थ अक मे केवल एक पात्र संस्कृत बोलता है। अन्य दो अको मे प्राकृत भाषा का अधिक प्रयोग हुआ है और संस्कृत का कम। इस नाटक मे सदाशय ब्राह्मण चारुदत्त और गुण-ग्राहिणी वेश्या वसन्तसेना का सच्चा स्नेह मार्मिक ढग मे वर्णित है। मृच्छकटिक प्रकरण इसी नाटक के आधार पर लिखा गया है। स्वप्नवासवदत्ता सात अको का नाटक है। इसमे मन्त्री यौगन्धरायण की दूरदर्शिता से वासवदत्ता का अग्नि मे जलकर भस्म हो जाने का प्रवाद प्रचारित कर उदयन का विवाह मगध राजकुमारी पद्मावती के साथ सम्पन्न होता है। यह भास की नाट्यकला कुशलता का चूडान्त निदर्शन है। इसके सभी अको मे प्राकृत का प्रयोग हुआ है। प्रतिमा नाटक मे भी सात अक है। इसमे रामवनवास से लेकर रावणवध तक की घटनाओ का वर्णन है। महाराज दशरथ की मृत्यु के बाद भरत ननिहाल से लौटते हुए मार्ग मे अयोध्या के समीप प्रतिमामन्दिर मे जब अपने दिवगत पूर्वजो के साथ दशरथ की भी प्रतिमा देखते है, तब उन्हे दशरथ की मृत्यु का पता चल जाता है। इस घटना के आधार पर इस नाटक का नाम प्रतिमा रखा गया है। इसकी प्राकृत भाषा प्राचीन प्रतीत होती है। भास ने शौरसेनी प्राकृत का प्रयोग किया है। इनकी भाषा का निम्नलिखित उदाहरण दर्शनीय है—

अत्थ अमादिदो भअवं सुय्यो दीसइ दहिपिंडपंडरेसु पासादेसु अ अग्गावण-लिन्देसु पसारिअगुलमदुरसंगदो विअ। गणिआजणो णाअरिजणो अ अण्णोण्णवि-सेदमंडिदा अत्ताणं दंसइदुकामा तेसु तेसु पासादेसु सविब्भमं सचरंति। अह तु तादिसाणि पेक्खिअ उम्मादिअमाणस्स तत्तहोदो रत्तिसहाओ होमि त्ति णअरादो णिग्गदो म्हि।

—अविमारक अंक २।

विदूषक कहता है कि भगवान् सूर्य अस्ताचल को पहुँच गये है, जिसमे दधिपिण्ड के समान श्वेत वर्ण के प्रासाद और अग्रभाग की दूकानो के अलिन्दो—कोठो में मानो मधुर गुड प्रसारित हो गया है। गणिकाएँ तथा नगरवासी विशेषरूप से सज्जित हो अपने आपको प्रदर्शित करने की इच्छा से उन प्रासादो मे विभ्रमपूर्वक सचार कर रहे है। मै उन लोगो को इस अवस्था मे देखकर उन्मादयुक्त हो रात्रि के समय आपका सहायक बनूँगा, यह सोचकर नगर से बाहर भाग आया हूँ।

कविकुलगुरु कालिदास प्रसिद्ध नाटककार है। मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय और अभिज्ञानशाकुन्तल ये तीन इनके नाटक प्रसिद्ध है। शाकुन्तल मे दुष्यन्त और शकुन्तला की प्रणय-कथा का निरूपण है। इस नाटक मे तत्कालीन सामाजिक,

राजनीतिक एव धार्मिक जीवन का सच्चा चित्र उपस्थित किया है । वर्णाश्रम धर्म की पूर्ण प्रतिष्ठा की गयी है। इसमे प्रेम एवं सौन्दर्य के अपूर्व चित्र प्रस्तुत किये गये है।

शाकुन्तल मे मछुए, पुलिस-कर्मचारी और सर्वदमन मागधी का, महिलाएँ और शिशु महाराष्ट्री का एव ज्योतिषी, नपुसक-- काचुकी और विक्षिप्त शौरसेनी का प्रयोग करते है। प्राकृत के सुकुमार शब्द-विन्यास के कारण एव चुस्त मुहावरो और लोकोक्तियो के कारण नाटक मे अपूर्व रमणीयता आ गयी है। मालविकाग्निमित्र का कथानक प्राकृत सट्टकों की परम्परा मे आता है । इसमे राजमहिषी की परिचारिका मालविका और राजा अग्निमित्र की प्रणयकथा है । रानी की कैद मे पडी मालविका से मिलने के लिए अग्निमित्र अनेक प्रयत्न करता है । अन्त मे यह प्रकट हो जाता है कि मालविका जन्म से राजकुमारी है और उसका विवाह अग्निमित्र के साथ सम्पन्न हो जाता है । नाटक मे अधिकतर स्त्री-पात्र है और उनकी भाषा प्राकृत है। प्राकृत के सवाद बडे सरस और सजीव है । विक्रमोर्वशीय तो एक प्रकार से प्राकृत नाटक है। इसमे राजा पुरुरवा और अप्सरा उर्वशी की प्रेम कथा वर्णित है। मेनका, रम्भा, सहजन्या, चित्रलेखा, उर्वशी आदि अप्सराएँ, विदूषक, राजमहिषी, चेटी, किराती, यवनी और तापसी आदि पात्र प्राकृत बोलते है। इस प्रकार कालिदास के नाटको मे प्राकृत का प्रयोग प्रचुर परिमाण मे हुआ है । शाकुन्तल मे प्रयुक्त शौरसेनी का स्वरूप निम्न प्रकार है—

महन्ते ज्जेव पच्चूसे दासीए पुत्तेहि साउणिअ लुद्धेहि क्रिण्णोवघादिणा वणगमण-कोलाहलेण पबोधीआमि। एत्तिकेणावि दाव पीडा ण वुत्ता जदो गण्डस्स उवरि विप्फोडओ सवुत्तो। जेण किल अम्हेसुं अवहीणेसुं तत्थभवदा मआणु सरिणा अस्समपद पविट्ठेण मम अधण्णदाए सउन्तलाणाम कोवि ताव-सकण्णा दिट्ठा। तं पेक्खिअ सम्पदं णअर गमणस्स कन्धं पि ण करेदि। एदं ज्जेव चिन्तअन्तस्स मम पहादा अच्छीसुं रअणी।

—शाकुन्तल अंक २।

बहुत सवेरे-सवेरे दासीपुत्र शाकुनिक बहेलिए मुझे वनगमन के कर्णभेदी कोलाहल से जगा देते है। इतना होते हुए भी मेरा क्लेश समाप्त नहीं होता, क्योंकि फोडे के ऊपर फुडिया निकल आयी है। यत: कल हमे पीछे छोड जाने के बाद महाराज मृग का पीछा-करते-करते कण्व ऋषि के आश्रम मे प्रविष्ट हुए और मेरी अधन्यता से उन्हे शकुन्तला नाम की कोई तापस-कन्या दिखलायी पडी। उसे देखकर अब वे नगर जाने की बात तक नही करते। यही सोचते-सोचते मेरी आँखो मे ही रात कट गयी।

शकुन्तला की विदाई के कारण पशु-पक्षियो और वनस्पति के दु:ख का वर्णन करता हुआ कवि कहता है—

उल्ललिअ-दब्भकवला मई परिच्चत्तणच्चणा मोरा।
ओसरिअ-पंडु-वत्ता मुअन्ति अंसूइं व लआओ॥
—चतुर्थ अङ्क।

मृगी ने दुःखी होकर दर्भ के कौर को उगल दिया है, मयूर ने नृत्य करना छोड दिया है और लताएँ आँसुओ के बहाने पीले-पीले पत्तो को गिरा रहो हैं।

शूद्रक का मृच्छकटिक प्राकृत-भाषा की दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। इस प्रकरण मे दस अक हैं। इसमें नाटककार ने प्रेम के कथानक को राजनीतिक घटनाओ के साथ सम्बद्ध किया है। यह एकमात्र चरित्र-चित्रण प्रधान नाटक है। कवि शूद्रक ने अपनी इस कृति मे सभी प्रकार के पात्रो की सृष्टि कर तत्कालीन समाज का बडा ही सजीव एव यथार्थ चित्रण किया है। इसमे सूत्रधार, नटी, नायिका आदि ११ पात्र शौरसेनी मे, विदूषक प्राच्या शौरसेनी मे, वीरक आवन्ती मे, चन्दनक दाक्षिणात्य महाराष्ट्री मे, चाण्डाल चाण्डाली मे, जुआरी ढक्की मे, शकार, स्थावरक और कुम्भीलक मागधी मे बातचीत करते है। इस नाटक मे प्रयुक्त प्राकृत भाषाएँ भरत के नाट्यशास्त्र के अनुसार व्यवहृत हुई है।

राजा का साला शकार मागधी मे वसन्तसेना वेश्या का चित्रण करता है।

एशा णाणकमूशिकामकशिका मच्छाशिका लाशिका,
णिण्णाशा कुलणाशिका अवशिका कामस्स मंजूशिका।
एशा वेशवहू शुवेशणिलआ वेशंगणा वेशिआ,
एशे शे दशमाणके मयि कले अज्जावि मं णेच्छदि॥ १।२३॥

यह धन की चोर, काम की कशा (कोडा), मत्स्यभक्षी, नर्तिका, नकटी, कुल की नाशक, स्वछद, काम की मजूषा, वेशवधू, सुवेशयुक्त और वेश्यागना इन दस नामो से युक्त अर्थात् मेरे द्वारा इसके दस नाम रखे गये है, फिर भी यह मुझे नही चाहती।

महाराष्ट्री का उद्धरण—

विचलइ णेउर जुअलं, छिज्जन्ति अ मेहला मणि-क्खइआ।
वलआ अ सुन्दरअरा रअणंकुर-जाल-पडिबद्धा॥ ४। १९॥

नूपुर-युगल विचलित हो रहा है, मणि-खचित मेखला टूट गयी है। साथ ही सुन्दरतर बाजूबन्द (वलय) रत्नाकुरजाल से प्रतिबद्ध है।

शौरसेनी—

चिरआदि मदणिआ। ता कहिं णु हु सा (गवाक्षेण दृष्ट्वा) कधम् एसा केणावि पुरिसकेण सह मंतअंती चिट्ठदि। जधा अदिसिणिद्धाए णिच्चलदिट्ठीए आपिवंती विअ एदं णिज्झाअदि, तधा तक्केमि एसो सो जणो एवं इच्छदि अभु-

जिस्सं कादुं। ता रमदु रमदु, मा कस्सावि पीदिच्छेदो भोदु। ण हु सद्दाविस्सम्।

—चतुर्थ अंक।

× × ×

वसंत०—तदो मए पढमं संतप्पिदव्वं। (सानुनयम्) हञ्जे, गेण्ह एदं रअणावलिं। मम बहिणिआए अज्जा धूदाए गदुअ समप्पेहि। भणिदव्वं च 'अहं सिरिचारुदत्तस्स गुणणिज्जिदा दासी, तदा तुम्हाणं पि। ता एसा तुह ज्जेव कण्ठाहरण होदु रअणावली।

—छठवाँ अंक।

मदनिका को बहुत देर हो गयी। वह कहाँ चली गयी? (झरोखे में से देखकर) अरे! वह तो किसी पुरुष से बातचीत कर रही है। मालूम होता है अत्यन्त स्निग्ध निश्चल दृष्टि से उसका पान करती हुई उसके ध्यान में वह रत है। मालूम होता है कि यह पुरुष उसका उपभोग करना चाहता है। अस्तु, कोई बात नहीं, वह आनन्द से रमण करे। किसी की प्रीति भंग न हो। मैं उसे न बुलाऊँगी।

× × ×

वस—तब तो पहले मुझको ही खलेगा (अनुनय के साथ) अरी, ले यह रत्न-माला। मेरी बहन बाई धूता के पास जाकर दे आ। उससे कहना कि मैं श्री चारुदत्त के गुणों से निर्जित दासी हूँ, वैसी ही तुम्हारी भी, तो यह रत्नमाला तुम्हारे ही गले का आभूषण बने।

श्रीहर्ष के प्रियदर्शिका, रत्नावली और नागनन्द में प्राकृत का प्रचुर प्रयोग हुआ है। नाटिकाओं में प्राकृत से संस्कृत कम हैं। इनमें पुरुष पात्र थोड़े हैं। स्त्रियाँ, नौकर और विदूषक आदि की भाषा प्राकृत है। नागानन्द में संस्कृत का प्राधान्य है। इसमें भी नटी, विदूषक, चेटी, नायिका मलयवती, विट, किंकर, वृद्धा, प्रतिहारी आदि लगभग आधी संख्या में पात्र प्राकृत बोलते हैं। प्रियदर्शिका और रत्नावली के पद्यों में महाराष्ट्री प्राकृत का प्रयोग हुआ है और पद्य में सौरसेनी का अरिण्यका का गीत द्रष्टव्य है—

घणबंधणसंरुद्धं गअणं दट्ठूण माणसं एदुं।
अहिलसइ राअहंसो दइअं घेऊण अप्पणो वसइं॥

—बादलों के बन्धन से संरुद्ध आकाश को देखकर राजहंस अपनी प्रिया को लेकर मानसरोवर में जाने की अभिलाषा करता है।

रत्नावली में मदनिका गाते हुए कहती है—

कुसुमाउह-पिय दूअओ मउलाइअ-बहु-चूअओ।
सिढिलिअ-माण-ग्गहणओ वाअइ दाहिण-पवणओ॥

विरह्-विबड्ढिअ सोअओ कंखिअ-पिअ-अण-मेलओ।
पडिबालणासमत्थओ तम्मइ जुवई-सत्यओ ॥
इह पढमं महुमासो जणस्स हिअआइं कुणाइ मउआइ।
पच्छा विज्झइ कामो लद्ध-प्पसेरहिं कुसुम-बाणेहि ॥

कुसुमायुध–कामदेव का प्रिय दूत, आमो को मुकुलायित करनेवाला (स्त्रियों के) मान-ग्रहण को शिथिल करनेवाला दक्षिण पवन बह रहा है।

विरह-विवद्धित शोकयुक्त प्रियजन के मिलने को उत्कण्ठित तथा अपने प्रतिपालन मे असमर्थ युवतिदल कुम्हला रहा है।

यहाँ मधुमास पहले लोगो के हृदयो को मृदुल बनाता है, पीछे कामदेव अवसर लाभ करके—बे-रोक-टोक कुसुम-बाणो से उन्हे बींधता है।

भवभूति के महावीरचरित, मालतीमाधव और उत्तररामचरित नाटको मे संस्कृत का ही प्राधान्य है। विशाखदत्त के मुद्राराक्षस मे अनेक दृश्य प्राकृत के है, पर इस नाटक की रुझान भी संस्कृत की ओर अधिक है। चन्दनदास, सिद्धार्थक, क्षपणक, चाण्डाल और नौकर-चाकर प्राकृत का व्यवहार करते है। किन्तु प्रधान पात्रो—चाणक्य, चन्द्रगुप्त, राक्षस, भागुरायण, विराधगुप्त आदि की भाषा संस्कृत है। अधिक क्या पहाडी राजा मलयकेतु भी संस्कृत बोलता है।

भट्टनारायण के वेणीसंहार मे शौरसेनी की ही प्रधानता है। तीसरे अंक के आरम्भ मे राक्षस और उसकी पत्नी मागधी मे वार्तालाप करते है।

सोमदेव के ललितविग्रहराज नाटक मे महाराष्ट्री, शौरसेनी और मागधी का व्यवहार पाया जाता है।

महादेव के अद्भुतदर्पण मे सीता, सरमा और त्रिजटा आदि स्त्रीपात्र तथा विदूषक और महोदर आदि प्राकृत मे बात-चीत करते है।

इस प्रकार संस्कृत नाटकों मे प्राकृत का व्यवहार पाया जाता है।

शीलाङ्काचार्य ने चउप्पन्नमहापुरिसचरिय मे एक 'विबुधानन्द' नाम का एक अंक का नाटक भी लिखा है। यह नाटक रंगमच के योग्य है। इसमें सूत्रधार का वार्तालाप संस्कृत मे है और विदूषक तथा चेटी प्राकृत मे बात-चीत करते है। कञ्चुकी और राजकुमार भी संस्कृत में बात-चीत करते है। अतएव स्पष्ट है कि प्राकृत के रचनाकार होकर भी शीलाङ्क ने नाटक को संस्कृत और प्राकृत इन दोनो ही भाषाओ में लिखा है।

अष्टमोऽध्यायः

प्राकृत कथा-साहित्य

कथा-साहित्य उतना ही पुरातन है, जितना मानव। मनोविनोद और ज्ञानवर्धन का जितना सुगम और उपयुक्त साधन कथा है, उतना साहित्य की अन्य विधा नही। कथाओं में मित्र-सम्मत अथवा कान्ता-सम्मत उपदेश प्राप्त होता है, जो सुनने मे बड़ा मधुर और आचरण से सुगम जान पड़ता है। यही कारण है कि मानव नेत्रोन्मीलन से लेकर अन्तिम श्वास तक कथा कहानी कहता और सुनता है। इसमे जिज्ञासा और कुतूहल की ऐसी अद्भुत शक्ति समाहित है, जिससे यह आबाल-वृद्ध सभी के लिए आस्वाद्य है।

भारतीय साहित्य मे अर्थवाद के रूप मे कथा का प्राचीनतम रूप ऋग्वेद के यम-यमी, पुरूरवा-उर्वशी, सरमा और पणिगण जैसे लाक्षणिक संवादो, ब्राह्मणो के सौपर्णी-काद्रव जैसे रूपात्मक आख्यानो, उपनिषदो के सनत्कुमार-नारद जैसे ब्रह्मर्षियो की भावमूलक आध्यात्मिक व्याख्याओ एव महाभारत के गगावतरण, शृङ्ग, नहुष, ययाति, शकुन्तला, नल आदि जैसे उपाख्यानो मे उपलब्ध होता है। पालिजातक ग्रन्थ तो सरस और उपदेश प्रद कथाओ के लिए अत्यन्त प्रसिद्ध है। जातको की कथाओ मे आगम और दर्शन की अनेक महत्त्वपूर्ण बाते निबद्ध की गयी है।

अर्धमागधी आगम-ग्रन्थो मे छोटी-बडी सभी प्रकार की सहस्रो कथाएँ प्राप्त हैं। है। प्राकृत-आगम-साहित्य मे धार्मिक आचार, आध्यात्मिक तत्त्व-चिन्तन तथा नीति और कर्त्तव्य का प्रणयन कथाओ के माध्यम से किया गया है। सिद्धान्त-निरूपण, तत्त्व-चिन्तन तथा नीति और कर्त्तव्य का प्रणयन कथाओ के माध्यम से किया गया है। सिद्धान्त-निरूपण, तत्त्वनिर्णय, दर्शन की गूढ समस्याओ को सुलझाने और अनेक गम्भीर विषयो को स्पष्ट करने के लिए आगम-ग्रन्थो मे कथाओ का अवलम्बन ग्रहण किया गया है। गूढ से गूढ विचारो और गहन से गहन अनुभूतियो को सरलतमरूप मे जन मन तक पहुँचाने के लिए तीर्थंकर, गणधरो एवं अन्यान्य आचार्यों ने कथाओं का आधार ग्रहण किया है। कथा साहित्य की इसी सार्वजनिक लोकप्रियता के कारण आलोचको ने कहा है[१]—"साहित्य के माध्यम से डाले जाने वाले जितने प्रभाव हो सकते हैं, वे रचना के

१ डा० जगन्नाथप्रसाद शर्मा—'कहानी का रचनाविधान' हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय, वाराणसी, सन् १९५६, पृ० ४-५।

इस प्रकार मे अच्छी तरह से उपस्थित किये जा सकते है। चाहे सिद्धान्त प्रतिपादन अभिप्रेत हो, चाहे चरित्र चित्रण की सुन्दरता इष्ट हो, किसी घटना का महत्व निरूपण करना हो अथवा किसी वातावरण की सजीवता का उद्घाटन ही लक्ष्य बनाया जाय, क्रिया का वेग अंकित करना हो या मानसिक स्थिति का सूक्ष्म विश्लेषण करना इष्ट हो – सभी कुछ इसके द्वारा सम्भव है।'' अतएव स्पष्ट है कि प्राकृत कथाओ का आविर्भाव आगम-साहित्य से हुआ है। तिलोयपण्णत्ति मे तीर्थंकरो के माता-पिताओ के नाम, जन्म स्थान, आयु, तपस्थान आदि का निरूपण है। चरित-ग्रन्थो के लिए इस प्रकार के सूत्ररूप उल्लेख ही आधार बनते है। ज्ञाताधर्मकथा, उवासगदसा, आचाराग प्रभृति ग्रन्थो मे रूपक और उपमानो के साथ घटनात्मक कथाएँ भी आयी है, जिनके महत्वपूर्ण उपकरणो से कथाओ का निर्माण विस्तृत रूप मे हुआ है

काव्य और कथा इन दोनो की उत्पत्ति उपमान, रूपक और प्रतीको की त्रयी से होती है। आरम्भ मे सिद्धान्त और तत्त्वो को उक्त तीनो के माध्यम से व्यक्त किया जाता था। आचार्य या ऋषि अपने कठोर सिद्धान्तो को तर्क द्वारा तो उपस्थित करते ही, पर साथ ही कोई उदादहरण या रूपक उपस्थित कर उसका स्वारस्य भी प्रतिपादित करते थे। अतएव कथा-साहित्य का विकास प्राकृत मे अर्धमागधी और शौरसेनी आगम-ग्रन्थो मे ही मानना युक्तिसगत है।

''प्रबन्धकल्पना कथा[1]'' प्रबन्ध कल्पना को कथा कहा गया है। सस्कृत लक्षणग्रन्थो के आचार्यों ने कथा मे निम्न लिखित तत्त्वो को समाविष्ट किया है।

१ कवि कल्पित कथा —कल्पना तत्त्व, कथा का कथानक कवि द्वारा कल्पित होता है। कवि ऐतिहासिक या पौराणिक आख्यानो मे अपनी कल्पना द्वारा कुछ हेर फेर कर रोचकता गुण उत्पन्न करता है।

२ वक्ता स्वय नायक अथवा अन्य कोई व्यक्ति होता है।

३. कथानक का विभाजन परिच्छेदो मे या अध्यायो मे होता है, यद्यपि परिच्छेदो मे कथाविभाजन का क्रम कुछ विद्वान् आख्यायिका में ही स्वीकार करते है, कथा मे नही, पर सस्कृत मे कथा और आख्यायिकाएँ इतनी मिली-जुली है, जिससे सीमा-विभाजक रेखा खीचना अनुचित-सा है।

४. कन्याहरण, सग्राम, विप्रलम्भ, सूर्योदय, चन्द्रोदय आदि वस्तु वर्णना का समावेश भी कथा में पाया जाता है।

५ कथा मे अभिप्रायविशेष से प्रयुक्त होनेवाले शब्दो (Catchwords) का समावेश रहता है।

---

१. अमरकोष १।५।६।

आधुनिक विद्वान् कथा मे मानव की व्यक्तिगत बाह्य और आन्तरिक तथा सामाजिक क्रियाओं और प्रतिक्रियाओ की अनन्त सभावनाएँ मानते है। अतएव निम्नलिखित तत्त्व कथा के अग माने जाते है—

१ वस्तु—कथावस्तु—कथामत्र (थीम), मुख्यकथानक (प्लॉट) और अवान्तर कथाएँ (एपीसोड)

२ पात्र—वे व्यक्ति जिनके द्वारा घटनाएँ घटित होती है अथवा जो उन घटनाओ से प्रभावित होते है। इन्ही व्यक्तियो के क्रिया-कलापो से कथानक और कथावस्तु का निर्माण होता है। पात्रो का प्रयोग चरित्र चित्रण के लिए किया जाता है। यत कथा-साहित्य का मूलाधार चरित्र-चित्रण ही है, अन्य कुछ नही।

३ सवाद या कथोपकथन- सवाद पात्रो को सजीव तो बनाते ही है, साथ ही कथावस्तु के विकास और पात्रो के चरित्र चित्रण मे भी यथोचित सहयोग प्रदान करते है।

४. देशकाल - पात्रो के समान देशकाल का भी अपना व्यक्तित्व होता है। स्थानीय रग या प्रादेशिक विवरण के साथ युगविशेष की सभ्यता सस्कृति का निरूपण भी आवश्यक होता है।

५ शैली - कथा साहित्य मे समग्र जीवन का एक संश्लिष्ट चित्र उपस्थित किया जाता है, अत शैली द्वारा लेखक विभिन्न तत्त्वो का नियोजन करता है। सकेत—प्रतीक रूपको का अवलम्बन लेकर कथावस्तु के माध्यम से जीवन की अभिव्यञ्जना प्रस्तुत की जाती है।

६ उद्देश्य — कथा का कोई न कोई परिणाम होता है। कथानक की परिस्थितियो या चारित्रिक विशेषताओ मे किसी-न-किसी विशिष्ट जीवन दृष्टि का समावेश रहता है। कथासूत्र के साथ लेखक की जीवन दृष्टि का भी समावेश रहता है। कथासूत्र के साथ लेखक जीवन दृष्टि को मूर्तरूप देने लगता है। अतः जीवन दर्शन के किसी विशेष पहलू पर प्रकाश डालना कथा का उद्देश्य है।

यह पहले ही लिखा जा चुका है कि प्राकृत कथा-साहित्य का आविर्भाव आगमकाल मे ही हो चुका था। उदाहरण, दृष्टान्त, उपमा, रूपक, सवाद और लोककथाओ द्वारा सयम, तप और त्याग का विवेचन किया गया है। धन्य सार्थवाह और उसकी चार पतोहुओ की कथा एक सुन्दर उपदेश-कथा है, इसमे लोककथा के सभी तत्त्व वर्त्तमान हैं। जिन पालित और जिनरक्षित का कथानक मनोरजक होने के साथ-साथ प्रलोभनो पर विजय प्राप्त करने के लिए एक सुन्दर आख्यान है। सरोवर मे रहनेवाले मेढक और समुद्र मे रहनेवाले मेढक का सवाद अपने साथ आख्यान की समस्त सामग्री समेटे हुए है। सूत्रकृताङ्ग के द्वितीय खण्ड के प्रथम अध्ययन मे आया हुआ पुण्डरीक का दृष्टान्त

तो कथा साहित्य के विकास का अद्वितीय नमूना है एक सरोवर जल और कीचड मे भरा हुआ है। उसमे अनेक श्वेतकमल विकसित हैं। सबके बीच मे खिला हुआ श्वेतकमल बहुत ही मनोहर दिख रहा है। पूर्व दिशा से एक पुरुष आता है और इस श्वेतकमल पर मोहित हो उसे लेने लगता है, परन्तु कमल तक न पहुँच कर बीच मे ही रह जाता है। अन्य तीन दिशाओ से आये हुए पुरुषो की भी यही दुर्गति होती है। अन्त मे एक वीत-रागी और तरण कला का विशेषज्ञ भिक्षु वहाँ आता है। वह कमल और इन फँसे हुए व्यक्तियो को देखकर सम्पूर्ण रहस्य हृदयगम कर लेता है। अतएव सरोवर के किनारे खडे होकर युक्ति से उस कमल को प्राप्त कर लेता है। व्याख्याप्रज्ञप्ति—भगवतीसूत्र मे पार्श्वनाथ और महावीर की जीवन-घटनाओ का अकन है। २।१ सूत्र मे आयी हुई कात्यायन गोत्री स्कन्द की कथा सुन्दर है। उसकी घटनाओ मे रसमत्ता है और घटनाएँ कथातत्त्व का सृजन करने मे पूर्ण सक्षम है। नायाधम्मकहाओ तो कथाओ का श्रेष्ठ सग्रह है। इस ग्रन्थ की कथाओ के अध्ययन से कथासाहित्य के विकास की एक सुन्दर और व्यवस्थित शृखला जोडी जा सकती है। इसमे उपदेशकथाओ के साथ जन्तुकथाएँ भी वर्णित है। उवासगदसाओ की दिव्य जीवन गाथाएँ चरित्रवाद या व्यक्तिवाद की स्थापना करने मे सक्षम है। इनसे दस आख्यानो मे प्रतिपादित चरित्र पारिवारिक जीवन की भित्ति पर आधारित है जो सामाजिक और धार्मिक जीवन की प्रयोगशाला के रूप मे स्वीकार्य है। इन कथाओ मे वर्णित परिणामो की चर्चा एव व्यक्तित्व के अतिवादी पहलुओ के नियमन के लिए अतिचारो की व्यवस्था आदि चरित्र गठन और व्यक्तित्व गठन के आवश्यक तत्त्वो के रूप मे ग्राह्य है। अन्तकृद्दशा मे उनका तपस्वी स्त्री-पुरुषो की कथाएँ है जिन्होने अपने कर्मो का अनाकर निर्वाण लाभ प्राप्त किया है। कथा साहित्य की दृष्टि से विपाकसूत्र महत्त्वपूर्ण है। इसमे प्राणियो द्वारा किये गये अच्छे या बुरे कर्मो का फल बतलाने के लिए बीस कथाएँ आयी है। इनमे मृगापुत्र कथा सुन्दर है। इसमे घटनाओ की क्रमबद्धता के साथ घटनाओ मे उतार चढाव भी है। प्रश्नोत्तर शैली का आश्रय लेकर कथोपकथनो को प्रभावोत्पादक बनाया है। उत्तराध्ययन सूत्र म कपिल कथानक, हरिकेशी कथा, चित्तसभूति आख्यान, रथनेमि और राजीमति सवाद कम महत्त्वपूर्ण नही है।

टीका, नियुक्ति और भाष्य ग्रन्थो मे कथासाहित्य का विकास बहुत कुछ आगे बढा हुआ दिखलायी पडता है। सबसे पहली चीज, जो टीकायुगीन कथाओ को अपने पूर्ववर्ती कथासाहित्य से अलग करती है—वह है शैली गत विशेषता। आगम साहित्य की कथाएँ 'वण्णाओ' द्वारा बोझिल थी। चम्पा या अन्य किसी नगरी के वर्णन द्वारा ही समस्त वर्णनो को अवगत कर लेने की ओर सकेत कर दिया जाता था। पर टीका-ग्रन्थो मे आई हुई कथाओ मे वर्णनो की छटा सरस है तथा विषयो के चुनाव, निरूपण और

सम्पादन हेतुओ में विविधता का प्रयोग दृष्टिगोचर होता है । नवीनता की दृष्टि से पात्र, विषय, प्रवृत्ति, वातावरण, उद्देश्य, रूपगठन एव नीतिसश्लेष आदि सभी मे नवीनता का आधान ग्रहण किया गया है । इस युग की कथाओ मे सभावित लघुता का समावेश और उद्देश्य के प्रति सजगता अपनी विशेषता है ।

निर्युक्तियो और चूर्णियो में ऐतिहासिक, अर्धऐतिहासिक, धार्मिक और लौकिक आदि कई प्रकार की कथाएँ उपलब्ध है । लालच बुरी बलाय मे एक गीदड की लोभ-प्रवृत्ति का फल दिखलाया गया है, जिसने मृत हाथी, शिकारी और सर्प के रहने पर भी धनुष की डोरी को खाने की चेष्टा की और फलस्वरूप वह डोरी टूटकर तालू में लग जाने से वही ढेर हो गया । पडित कौन है ? मे एक तोते की सुन्दर कथा है । दशवैकालिक चूर्णि मे ईर्ष्या मत करो, अपना-अपना पुरुषार्थ और गीदड की राजनीति अच्छी लोककथाएँ है । ईर्ष्या मत करो में एक ईर्ष्यालु वृद्धा का चित्रण है, जो पडौसी के सर्वनाश के लिये अपना भी सर्वनाश करती है । अपने-अपने पुरुषाथ मे चार मित्रो की कथा वर्णित है, जो परदेश मे जाकर अपने-अपने भाग्य और पुरुषार्थ से सम्मान तथा धन प्राप्त करते है । इस कथा मे सयोग-तत्त्व की अभिव्यञ्जना भी सुन्दर हुई है । निशीथचूर्णि मे अन्याय के के प्रतीकार के लिये कालकाचार्य की कथा आयी है । सूत्रकृताङ्ग चूर्णि मे आर्द्रक कुमार कथा, हस्तितापस निराकरण कथा, अर्थलोभी वणिक् की कथा आदि कई सुन्दर प्राकृत कथाएँ अकित है ।

व्यवहारभाष्य और बृहत्कल्पभाष्य मे प्राकृत कथाएं बहुलता मे उपलब्ध है । इन भाष्यो की अधिकाश कथाएँ लोककथा और उपदेशप्रद नीति कथाएँ है । व्यवहारभाष्य मे भिखारी का सपना, छोटे-बडे काम कैसे कर सकते हैं, कार्य ही सच्ची उपासना है प्रभृति तथा बृहत्कल्पभाष्य मे अक्ल बडी या भैंस, बिना विचारे काम, मूर्ख बडा या विद्वान्, वैद्यराज या यमराज, शव, सच्चा भक्त, जमाई परीक्षा, बहरो का सवाद, रानी चेलना आदि कथाएँ वर्णित है । ये सभी कथाएँ मनोरजक और उपदेशप्रद है । भिखारी का सपना शेखचिल्ली के सपने के नाम से भारत के कोने-कोने मे व्याप्त है ।

उत्तराध्ययन की सुखबोध टीका मे छोटी-बडी सभी मिलाकर लगभग एक-सौ-पच्चीस कथाएं वर्णित हैं । इस टीका के रचयिता बृहद् गच्छीय आचार्य नेमिचन्द्र है । इनका दूसरा नाम देवेन्द्रगणि भी है । इन कथाओ मे रोमान्स, परम्परा प्रचलित मनोरंजक वृत्तान्त, जीव-जन्तु कथाएँ, जैन साधुओ के आचार का महत्त्व प्रतिपादन करने वाली कथाएँ, नीति-उपदेशात्मक कथाएँ एव ऐसी कथाएँ भी गुम्फित है, जिनमे किसी राजकुमारी का वानरी बन जाना, किसी राजकुमार का हाथी द्वारा जगल मे भगाकर ले जाना, पंचाधिवासितो द्वारा राजा का निर्वाचन करना वर्णित है । कल्पना के पखो का सहारा लेकर कथा लेखक ने बुद्धि और राग को प्रसारित करने की पूरी चेष्टा की

है और अपने कथानकों को पूर्णतया चमत्कारी बनाया है। हास्य और व्यंग्य की भी कमी नही है ।

इसमे सन्देह नही टीका साहित्य कथा और आख्यानो का अक्षय भडार है। प्राकृत भाषा के साथ सस्कृत मे भी कथाएँ निबद्ध है।

प्राकृत कथाओ मे ऋतुओ, वन, पर्वत, अटवी, उद्यान, जलक्रीडा, सूर्योदय, चन्द्रोदय, सूर्यास्त, नगर, राजा, सैनिको का युद्ध, भीलो का आक्रमण, मदन महोत्सव, पुत्रजन्मोत्सव, विवाहोत्सव, स्वयवर, स्त्रीहरण, जैन साधुओ का उपदेश वर्णन, युद्ध, गीत-नृत्य वादित्र एवं विभिन्न सस्थाओ के वर्णनो का समावेश है। सामान्य जीवन के भी अनेक चित्र आये है। कथाओ के नाटक राजा, मन्त्री, सेठ, सार्थवाह और सेनापति आदि ही नही है, बल्कि सामान्य व्यक्ति भी नायक है। लेखको ने समाज और परिवार के ऐसे सजीव चित्रण प्रस्तुत किये है, जिनमे उस युग के समाज का स्पष्टरूप दिखलायी पडता है। कलहकारिणी सासुओ, दिनरात प्राणपण से घर की सेवा करनेवाली बहुओ, कठोर और क्रूर स्वभाव की गृहिणियो, अतिथि सेवा के लिये सर्वस्व समर्पण करनेवाली नारियो, अहर्निश कठोर श्रम करने पर भी कठिनाई से भोजन-छादन का प्रबन्ध करने वाले गृहपतियो के जीवन चित्र किस व्यक्ति को अपनी ओर आकृष्ट नही करते। मन्त्र चमत्कार और जादू-टोनो की भी कमी नही है। मुहूर्त्त, शकुन, ज्योतिष, निमित्त आदि का भी प्रभाव वर्णित है। जनता मे अन्धविश्वास और लोकपरम्पराएँ किस प्रकार प्रविष्ट थी, यह भी प्राकृत कथाओ से स्पष्ट है। अभिजात्यवर्ग के व्यक्ति निम्नवर्ग के व्यक्तियो के साथ किस प्रकार का व्यवहार करते थे और निम्नवर्ग के लोगो को कितना सताया जाता था, उन्हे सामाजिक अधिकारो से कितना वचित किया गया था, आदि सब कुछ इन प्राकृत कथाओ में चित्रित है।

प्राकृत कथाओं के प्रकार

प्राकृत कथाओ के विकास की एक लम्बी कहानी है। इस लम्बे समय में परिस्थितियो और वातावरण की भिन्नता के कारण कथाओ के शिल्प मे भी यथेष्ट विकास होता चला आ रहा है। प्राकृत कथाओ के भेद-प्रभेदो का विवेचन कथाग्रन्थो मे विवेचित सामग्री के आधार पर ही किया जायगा।

दशवैकालिक मे कथा के तीन भेद बतलाये है—अकथा, कथा और विकथा मिथ्यात्व के उदय से अज्ञानी मिथ्यादृष्टि जिस कथा का निरूपण करता है, वह ससार परिभ्रमण का कारण होने से कथा कहलाती है। तप, सयम, दान, शील आदि से पवित्र व्यक्ति लोककल्याण के हेतु अथवा विचारशोधन के हेतु जिस कथा का निरूपण करता है, वह कथा कहलाती है। इस कथा को ही मनीषियो ने सत्कथा कहा है।

प्रमाद, कषाय, राग, द्वेष, स्त्री, भोजन, राष्ट्र, चोर एव समाज को विकृत करनेवाली कथा विकथा कहलाती है। तथ्य यह है कि हमारे मन मे सहस्रो प्रकार की वासनाएँ सचित रहती हैं। इनमे कुछ ऐसी अवाछनीय वासनाएँ भी है, जो अप्रकाशित रूप मे ही दबी रह जाती है। अत. अज्ञानमन मे अपनी दबी-दबाई और कुठित इच्छाओ को विस्थापन या सक्षिप्तीकरण के कारण व्यक्ति उद्‌बुद्ध करता है। इस प्रक्रिया द्वारा हमारी सवेदनाओ और आवेगो का शुद्धीकरण होता रहता है। नैतिक मन सुपर इगो नैतिकता के आधार पर हमारी क्रियाओ की आलोचना अव्यक्त रूप मे करता है। कथाएँ ऐसा सरस और गम्भीर सस्कारोत्पादक निमित्त है, जिसमे व्यक्ति की वासनाएँ या कुण्ठाएँ उद्‌बुद्ध अथवा शुद्ध होती है। अत. विकथा और अकथा के द्वारा जीवन मे नैतिकता नही आ सकती। कथाकार का उद्देश्य कुण्ठा का परिष्कार कर नैतिकजीवन का निर्माण करना है और नैतिक मन की क्रियाओ को गतिशील बनाना है। अतएव मानवसमाज को सुखी बनाने के लिए सत्कथा ही श्रेयस्कर है।

प्रत्येक व्यक्ति सुख चाहता है और सुख का मूल है शान्ति तथा शान्ति का मूल है भौतिक आकर्षण मे बचना। भौतिकता के प्रति जितना अधिक आकर्षण होता है, उतना ही मनुष्य का नैतिक पतन सभव है। पदार्थ, सत्ता, अधिकार और अहभाव ये चारो ही भौतिकता के मूल है। विकथा और अकथा भौतिकता का आकर्षण उत्पन्न करती है, किन्तु कथा या सत्कथा जीवन मे शान्ति और सुख उत्पन्न करती है अतएव सत्कथा ही उपादेय है।

प्राकृत कथाओ के विभिन्न रूपो का वर्गीकरण विषय, पात्र, शैली और भाषा इन चार दृष्टियो से उपलब्ध होता है। विषय की दृष्टि से दशवैकालिक मे कथाओ के चार भेद उपलब्ध होते है —

(१) अर्थकथा, (२) कामकथा, (३) धर्मकथा और (४) मिश्रित-कथा, इन चारो प्रकार की कथाओ मे से प्रत्येक प्रकार की कथा के अनेक भेद है।[1]

धर्म-अर्थादि पुरुषार्थों के लिए उपयोगी होने से धर्म, अर्थ और काम का कथन करना कथा है। जिसमे धर्म का विशेष निरूपण रहता है, वह आत्मकल्याणकारी और ससार

---

१. अत्थकहा कामकहा धम्मकहा चेव मीसिया य कहा। - दश० गा० १८८ पृ० २१२, एत्थ सामन्नओ चत्तारि कथाओ हवंति। त जहा—अत्थकहा, कामकहा, धम्मकहा सकिण्णकहा य—समराइच्चकहा पृ० २। तत्थ य सामन्नेण कहाउ मन्नति ताव चत्तारि। अत्थकहा कामकहा धम्मकहा तह य सकिन्ना॥ जबु० प० उ० गा० २२। पुरुषार्थोपयोगित्वात्त्रिवर्गकथन कथा। तत्रापि सत्कथा धर्म्यामामनन्ति मनीषिण॥ तत्फलाभ्युदयागत्वादर्थकामकथा कथा। अन्यथा विकथैवासावपुण्यास्रवकारणम्॥
—जिनसेन महापुराण प्र० प० श्लो० ११८, ११९।

के शोषण तथा उत्पीडन से दूर कर शाश्वत सुख को प्रदान करनेवाली सत्कथा, धर्म कथा है। धर्म के फलस्वरूप जिन अभ्युदयो की प्राप्ति होती है, उनमे अर्थ और काम भी मुख्य है। अत धर्म का फल दिखलाने के लिए अर्थ और काम का वर्णन करना भी कथा के अन्तर्गत है। यदि अर्थ और काम की कथा धर्मकथा से रहित हो तो वह विकथा कहलायेगी। लौकिक जीवन मे अर्थ का प्राधान्य है। अर्थ के बिना एक भी सासारिक कार्य नही हो सकता है सभी सुखो का मूलकेन्द्र अर्थ है। अत मानव की आर्थिक समस्याओ और उनके विभिन्न प्रकारो के समाधानो का कथाओ, आख्यानो और दृष्टान्तो के द्वारा व्यग्य या अनुमित करना अर्थकथा है। अर्थ कथाओ को सबसे पहले इसीलिए रखा गया है कि अन्य प्रकार की कथाओ मे भी इसकी अन्वीति है।

दशवैकालिक मे[1] विद्या शिल्प, उपाय- प्रयास अर्थार्जन के लिए किया गया प्रयास, निर्वेद—सचय, साम, दण्ड और भेद का जिसमे वर्णन हो या ये विषय जिसमे अनुमित या व्यग्य हो, वह अर्थकथा है। अर्थ प्रधान होने से अथवा आजीविका के साधनो—असि, मषि, कृषि, सेवा, शिल्प और वाणिज्य अथवा धातुवाद आदि अर्थ प्राप्ति के विविध साधनो का जिसमे निरूपण हो, वह अर्थकथा है। तात्पर्य यह है कि जिसकी कथावस्तु का सम्बन्ध अर्थ से हो, वह अर्थकथा कहलाता है। इस विभाग मे राजनैतिक कथाओ का भी समावेश हो जाता है। प्राकृत कथाओ मे सचय के प्रति विगर्हणा तथा परिग्रह परिमाण के प्रति आसक्ति का विवेचन कर समाजवादी, साम्यवादी एव पूँजीवादी समस्याओ और विचारधाराओ का विवेचन किया है। देखने मे प्राकृत कथाएँ पुराण जैसी ही प्रतीत होती है, पर कथा के जो तत्त्व और लक्षण है, उनका समावेश प्रचुर परिमाण मे पाया जाता है।

सौन्दर्य, अवस्था—युवावस्था, वेश, दाक्षिण्य आदि विषयो की तथा कला की शिक्षा का दृष्ट, श्रुत, अनुभूत और सथव—परिचय प्रकट करना कामकथा है। सेक्स—यौन सम्बन्ध को लेकर कथाओ के लिखे जाने की परम्परा प्राकृत मे पुरानी है। कामकथाओ मे रूप-सौन्दर्य के अलावा सेक्स-समस्या पर कलात्मक ढग से विचार किया जाता है। इस प्रकार की कथाओ मे समाज का भी सुन्दर विश्लेषण अकित रहता है। प्रेम एक सहज मानवीय प्रवृत्ति है और यह मानव समाज की आदिम अवस्था से ही काम करती आ रही है। प्रेम मानव के हृदय मे स्वभावत जाग्रत होता है और एक विचित्र प्रकार की आत्मीयता का आश्रय ग्रहण कर विकसित होता है। कामकथाओ में प्रेम कथाओ का भी अन्तर्भाव रहता है। प्रेमी और प्रेमिका के उत्कट प्रेम उनके मिलन मार्ग की बाधाएँ, मिलन के लिए नाना प्रकार के प्रयत्न तथा अन्त मे उनके मिलन के

---

१ दशवैकालिक गा० १८९ पृ० २१२ और समरा० क० पृ० ३।

वर्णन बडे रोचक ढग मे रहता है। रोमान्स का प्रयोग भी काम कथाओ मे पाया जाता है। हरिभद्र की वृत्ति में प्रेम के वृद्धिगत होने के निम्न पाँच कारण बतलाये है—

सइ दंसणाउ पेम्मं पेमाउ रई रईय विस्संभो।
विस्संभाओ पणओ पंचविहं वड्ढए पेम्मं॥

—दश० हारि पृ० २१९

सदा दर्शन, प्रेम, रति, विश्वास और प्रणय इन पाँच कारणो से प्रेम की वृद्धि होती है। पूर्ण सौन्दर्य वर्णन मे शरीर के अग-प्रत्यग, केश, मुख, भाल, कान, भौह, आँख, चितवन, अधर, कपोल, वक्षस्थल, नाभि, जघन, नितम्ब आदि अगो के सौन्दर्य निरूपण को परिगणित किया जाता है। सौन्दर्य के साथ वस्त्र, सज्जा और अलकारो का घनिष्ठ सम्बन्ध भी वर्णित रहता है।

धर्मकथा मे क्षमा, मार्दव, आर्जव, तप, सयम, सत्य, शौच और किसी साधना या अनुष्ठान विशेष का प्रतिपादन किया जाता है। इस धर्मकथा के द्रव्य, क्षेत्र, तीर्थ, काल, भाव, महाफल और प्रकृत के सात अग है। उद्योतन सूरि ने नाना जीवो के नाना प्रकार के भाव-विभाव का निरूपण करनेवाली कथा धर्मकथा बतलायी है। इसमे जीवो के कर्मविपाक, औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक भावो की उत्पत्ति के साधन तथा जीवन को सभी प्रकार से सुखी बनानेवाले नियम आदि की अभिव्यजना होती है। धर्मकथाओ मे शील, सयम, तप, पुण्य और पाप के रहस्य के सूक्ष्म विवेचन के साथ मानव जीवन और प्रकृति की सम्पूर्ण विभूति के उज्ज्वल चित्र बडे सुन्दर पाये जाते है। जिन धर्मकथाओ मे शाश्वत सत्य का निरूपण रहता है, वे अधिक लोकप्रिय रहती है। इनका वातावरण भी एक विशेष प्रकार का होता है। धर्मकथाओ की सबसे बडी विशेषता यह है कि पहले कथा मिलती है, पश्चात् धार्मिक या नैतिक ज्ञान। जैसे अगूर खानेवाले को प्रथम रस और स्वाद मिलता है पश्चात् बल-वीर्य। जिस धर्मकथा का स्थापत्य शिथिल होता है, उसमे अवश्य ही कथाकार उपदेशक बन जाता है। धर्मकथाओ मे जीवन निरीक्षण, मानव की प्रवृत्ति और मनोवेगो की सूक्ष्म परख, अनुभूत-सत्यो और समस्याओ का सुन्दर समाहार भी कम नही पाया जाता है।

धवलाटीकाकार वीरसेनाचार्य ने धर्मकथा के भेदो का निम्न प्रकार निरूपण किया है।

अक्खेवणी णिक्खवणी सवेयणी णिव्वेयणी चेदि चउव्विहाओ कहाओ वण्णेदि। तत्थ अक्खेवणी णाम छद्दव्वणवपयत्थाणं सरूवं दिगतरसमयातर-निराकरण सुद्धि करात परूवेदि। णिक्खेवणी णाम पर-समएण स-समयं दूसंती पच्छा दिगतर-सुद्धि करेता स समयं थावंतो छद्दव्व-णवपयत्थे परूवेदि। सवेयणी णाम पुण्णफल-संकहा। संसार सरीर-भोगेसु वेरग्गुप्पाइणी णिव्वेयणी णाम। धवलाटीका पुस्तक १, पृ० १०४।

अर्थात् धर्म कथा के आक्षेपिणी, विक्षेपणी, सवेदनी एव निर्वेदनी ये चार भेद है। आक्षेपणी कथा मे छह द्रव्य और नव पदार्थों का स्वरूप, काल और स्थान की शुद्धि पूर्वक निरूपण किया जाता है अर्थात् स्वागतानुसार छह द्रव्य और नव पदार्थों का स्वरूप कथन करने के अनन्तर दूसरो की मान्यता मे दोषोद्भावन करना आक्षेपिणी है। विक्षेपिणी कथा मे प्रथम दूसरो की मान्यताओ का निराकरण किया जाता है, तदन्तर स्वमत का प्रतिपादन। सवेदनी मे पुण्य-पाप के फलो का विवेचन कर विरक्ति की ओर ले जाया जाता है। निर्वेदनी मे ससार, शरीर और भोगो मे विरक्ति उत्पन्न की जाती है।

दशवैकालिक मे उक्त कथाओ के अनेक भेद-प्रभेदो का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया है।

मिश्र या सकीर्ण कथा की प्रशसा सभी प्राकृत-कथाकारो ने की है। अर्थकथा, कामकथा और धर्मकथा इन तीनो का मिश्रण इस विधा मे पाया जाता है। इसमे कथासूत्र, थीम, कथानक, पात्र और देशकाल या परिस्थिति आदि प्रमुख तत्त्व वर्तमान रहते है। मनोरजन और कुतूहल के साथ जन्म-जन्मान्तरो मे कथानको की जटिलता सुन्दर ढग से वतमान रहती है, सकीर्ण कथाओ के प्रधान विषय राजाओ या वीरो के शौर्य, प्रेम, ज्ञान, दान, शील और वैराग्य, समुद्री यात्राओ के साहस, अगम्य स्थानो के अस्तित्वो एव स्वर्ग नरकादि के कष्टो का विवेचन है।

पात्रो के प्रकारो के आधार पर प्राकृत साहित्य मे कथाओ के भेद दिव्य, मानुष और दिव्य-मानुष ये तीन भेद किये गये है।[1] जिन कथाओ मे दिव्य लोक के व्यक्ति पात्र हो और उन्ही के द्वारा घटनाएं घटित होती हो, वे दिव्य कथाएँ कहलाती है। मनुष्य पात्र रहने पर मानुष तथा देव और मनुष्य दोनो वर्ग के पात्रो का अस्तित्व रहने पर दिव्य-मानुष कथा कही जाती है। भारतीय आख्यान साहित्य मे जिस प्रकार पशु-पक्षियो की कथाएँ वर्णित है, उसी प्रकार देवो की कथाएं भी। आलोचको ने परी कथा—फेयरीटेल्स इसी प्रकार की कथाओ को कहा है। इस श्रेणी की कथाओ मे घटनाओ की बहुलता तो रहती ही है, साथ ही मनोरजक गुण भी। कुतूहल की सघनता काव्यादि के शृङ्गार रसो की निबद्धता एव शैली की स्वच्छता दिव्य कथाओ के प्रमुख गुण है। इन कथाओ का सबसे बडा दोष यह है कि दिव्य लोक के पात्र इतनी ऊँचाई पर स्थित रहते है, जिससे पाठक उन तक पहुच नही पाता और न उनके चरित्र से आलोक ही ग्रहण कर पाता है। वे मात्र श्रद्धेय होते है उनके प्रति श्रद्धा उत्पन्न की

१ दिव्व, दिव्वमाणुस माणस च। तत्थ दिव्व नाम जत्थ केवलमेव देवचरिअ वण्णिज्जइ। सम० पृ० २।

त जह दिव्वा तह दिव्वमाणुसी माणुसी तहच्चेय—लीला० गा० ३५।

जा सकती है, उनके भयकर कार्यों से भयभीत हुआ जा सकता है, पर उनके साथ घुल-मिलकर रहा नही जा सकता।

मानुष कथा में पात्र मनुष्य लोक के रहते है। उनके चरित्र मे पूर्ण मानवता रहती है। चरित्र की कमियाँ, उनके आदर्श एव उत्थान-पतन की विभिन्न स्थितियाँ, मनोविकारो की बारीकियाँ और मानव की विभिन्न समस्याएँ इस कोटि की कथाओ मे विशेषरूप से पायी जाती है।

दिव्य मानुषी कथा बहुत सुन्दर मानी गयी है। इस मे मनुष्य और देव दोनो प्रकार के पात्र रहते है। इस कोटि की कथा का कथाजाल बहुत ही सघन और कलात्मक होता है। कौतूहल कवि ने 'लीलावई' मे बताया है—

> एमेय मुद्ध-जुयइ-मणोहरं पाययाए भासाए।
> पविरल-देसि-सुलक्खं कहसु कह दिव्वमाणुसियं ॥ ४१ ॥
> तं तह सोऊण पुणो भणियं उव्बिब-बाल-हरिणच्छि।
> जइ एवं ता सुव्वउ सुसंधि बंधं कहा वत्थुं ॥ ४२ ॥

अर्थात् दिव्य मानुषी कथा युवतियो के लिए अत्यन्त मनोहर होती है। इसमें देशी शब्द तथा ललित पदावलि रहती है। दैवी तथा मानुषी घटनाओ का चमत्कार रहने से इस प्रकार की कथा सभी को अपनी ओर आकृष्ट करती है। दिव्य मानुषी कथा मे व्यजक घटनाएँ और वार्तालाप गम्भीर मनोभावो का सृजन करते है। परिस्थितियो के विशद और मार्मिक चित्रणो मे नाना प्रकार के घात-प्रतिघात लक्षित होते है। विभिन्न वर्गों के सस्कार जिनका सम्बन्ध देव और मनुष्यो से है, स्पष्ट दृष्टिगोचर होते है। प्रेम का पुट और सयोग तत्त्व (चाँस) इन कथाओ में अवश्य रहता है।

प्राकृत साहित्य मे कथाओ का तीसरा वर्गीकरण भाषा के आधार पर भी उपलब्ध है। स्थूल रूप से सस्कृत, प्राकृत और मिश्र ये तीन भेद बताये है।

> अण्णं सक्कय पायय-संकिण्ण-विहा सुवण्ण-रइयाओ।
> सुव्वंति महा-कइ पुंगवेहि विविहाउ सुकहाओ ॥ ३६ ॥ लीलावई

उद्योतन सूरि ने स्थापत्य के आधार पर कथाओ के पाँच भेद किये है।

तओ पुण पंच कहाओ। तं जहा—सयलकहा, खंडकहा, उल्लावकहा, परिहासकहा। तहावरा कहियत्ति—संकिण्ण कहत्ति।—कुवलयमाला पृ० ४, अनुच्छेद ७।

अर्थात्—सकल कथा, खण्ड कथा, उल्लाप कथा, परिहास कथा और संकीर्ण कथा।

जिसके अन्त मे समस्त फलो—अभीष्ट वस्तु की प्राप्ति हो जाय, ऐसी घटना का वर्णन सकल कथा मे होता है। सकल कथा की शैली महाकाव्य की होती है। शृङ्गार, वीर और शान्त रसो मे से किसी एक रस का प्राधान्य रहता है। यद्यपि अग

रूप मे सभी रस निरूपित रहते है। नायक कोई अत्यन्त पुण्यात्मा, सहनशील, और आदर्श चरित वाला व्यक्ति ही होता है। इसमे नायक के साथ प्रति नायक का भी नियोजन रहता है तथा प्रतिनायक अपने क्रिया-कलापो से सर्वदा नायक को कष्ट देता है। जन्म-जन्मान्तर के संस्कार अत्यन्त सशक्त होते है।

जिसका मुख्य इतिवृत्त रचना के मध्य मे या अन्त के समीप मे लिखा जाय, उसे **खण्ड कथा** कहते है। खण्ड कथा की कथावस्तु छोटी होती है, जीवन का लघु चित्र ही उपस्थित किया जाता है। दूसरे शब्दो मे यो कह सकते है कि यह प्राकृत कथा साहित्य की वह विधा है, जिसके मध्य स्थान मे मार्मिकता रहती है। मध्य मे निहित उपदेश जल पर छोडे गये तैलबिन्दु के समान प्रसरित होते रहते है।

उल्लाव कथा एक प्रकार की साहसिक कथाएँ है जिनमे समुद्र यात्रा या साहस पूर्वक किये गये कार्यो का निरूपण रहता है। इनमे असभव और दुर्घट कार्यो की व्याख्या भी प्रस्तुत की जाती है। उल्लाव कथा का उद्देश्य नायक के महत्वपूर्ण कार्यों को उपस्थित कर पाठक को नायक के चरित्र की ओर ले जाता है। इसकी शैली वैदर्भी रहती है। छोटी छोटी ललित पदावलि मे कथा लिखी जाती है।

परिहास कथा हास्य-व्यग्यात्मकता का सृजन करने म सहायक होती है।

मिश्र कथाओ की शैली वैदर्भी होती है तथा इनम अनेक तत्वो का मिश्रण होने से जनमानस को अनुरजित करने की अधिक क्षमता होती है। रोमाण्टिक धर्म-कथाएँ तथा प्रबन्धात्मक चरित इसी श्रेणी मे आते है। मिश्र कथा गद्य-पद्य मिश्रित शैली मे ही लिखी जाती है। यही कारण है कि प्राकृत साहित्य मे कथाएँ गद्य-पद्य मिश्रित शैली मे लिखी गयी है। उपदेश का मध्य मे इस प्रकार निहित किया जाता है, जिससे पाठक के मनमे जिज्ञासा वृत्ति उत्तरोत्तर विकसित होती जाती है।

इस प्रकार प्राकृत कथा-साहित्य विभिन्न वर्गो मे विभक्त है। कुछ विद्वानो ने चरित-काव्यो का भी कथा-साहित्य के अन्तर्गत ही रखा है। क्योकि प्राकृत के चरित काव्यो मे काव्य के जितने तत्त्व प्राप्त है उनमे अधिक कथा के तत्त्व है। अत. प्रबन्धात्मक चरितो का अन्तर्भाव भी कथाओ मे किया जा सकता है।

इस विचारधारा का यथार्थ विश्लेषण करने पर यह प्रतीत होता है कि चरित-काव्यो का रागतत्त्व और चरित्र-निरूपण का प्रकार कथाओ की अपेक्षा अत्यन्त भिन्न है। अत चरित-ग्रन्थो को पृथक् स्थान देना और उनका पृथक् रूप से विचार करना भी आवश्यक है। यही कारण है कि प्रस्तुत रचना मे चरित-ग्रन्थो का चरित-काव्य विधा मे प्रतिपादन किया गया है। कथानक और पात्रो का अस्तित्वमात्र ही कथा का कारण नही होता।

प्राकृत के महत्वपूर्ण कथाग्रन्थो का परिचय प्रस्तुत करना नितान्त आवश्यक है।

तरंगवती

तरगवई एक प्राचीन कथा कृति है। यद्यपि आज यह ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है, पर यत्र तत्र उसके उल्लेख अथवा तरग लोला नाम का जो सक्षिप्त रूप उपलब्ध है उससे ज्ञात होता है कि यह एक धार्मिक उपन्यास था, इसकी ख्याति लोकोत्तर कथा के रूप मे अधिक थी। निशीथचूर्णि मे निम्नलिखित उदाहरण उपलब्ध होता है।

अणेगित्थीहि[1] जा कामकहा। तत्थ लोइया णरवाहणदत्तकहा, लोउत्तरिया तरगवईमगधसेणादीणि।

विशेषावश्यक भाष्य[2] मे इस ग्रन्थ का बडे गौरव के साथ उल्लेख किया गया है। यथा —

जहवा निदिट्ठवसा वासवदत्ता तरंगवइयाई।
तह निदेसगवसओ लोए मणु-रक्खवाउत्ति॥

जिनदास गणि ने दशवैकालिक चूर्णि मे धर्मकथा के रूप मे तरगवती का निर्देश किया है।

तत्थ लोइएसु जहा भरइ रामायणादिसु वेदिगेसु जन्नकिरियादीसु सामइगेसु तरंगवइगासु धम्मत्थकामगहियाओ कहाओ कहिज्जति[3]।

उद्योतन सूरि ने श्लेषालकार द्वारा कुवलयमाला मे बतलाया है कि जिस प्रकार पर्वत से गगा नदी प्रवाहित हुई है, उसी प्रकार चक्रवाक युगल से युक्त सुन्दर राजहसो का आनन्दित करनेवाली तरगवती कथा पादलिप्त सूरि से निस्सृत हुई है।[4]

इस कथा ग्रन्थ की प्रशसा वि० स० १०२९ मे 'पाइयलच्छीनाममाला' के रचयिता धनपाल ने तिलकमजरी[5] मे और वि० स० ११९९ मे 'सुपासनाहचरिय' के रचयिता लक्ष्मण गणि ने[6] एव प्रभावकचरित म प्रभाचन्द्र सूरि ने की[7] है।

१ सक्षिप्त तरगवती या तारगलोला की प्रस्तावना मे उद्धृत पृ० ७।

२ विशेषावश्यकभाष्य गाथा १५०८।

३ दसवेयालियचुण्णि पत्र १०९।

४. चक्काय-जुवल सुहया रम्मत्तण-रायहस-कयहरिसा।
जस्स कुल-पव्वयस्स व वियरइ गगा तरगवई॥—कुवल० पृ० ३ गा० २०

५. प्रसन्नगाम्भीरपथा रथागमिथुनाश्रया।
पुण्या पुनाति गगेव मा तरगवती कथा॥—स० त० प्रस्तावना पृ० १७।

६ को ण जणो हरिसिज्जइ तरगवइ-वइयर सुणेऊण।
इयरे पबध सिधु वि पाविया जीए महुरत्त॥ —सुपास० पुव्वभव प० गा० ९।

७ सीस कहवि न फुट्ट— प्र० च० चतुर्वि० प्र० पृ० २९।

तरगवती (तरगवई) कथा का दूसरा नाम तरंगलोला[1] भी प्रतीत होता है। इस कथा ग्रन्थ के सक्षिप्तकर्ता नेमिचन्द्र गणि ने भी सक्षिप्त तरगवती के साथ तरगलोला नाम भी दिया है।

इस कथा-ग्रन्थ के रचयिता पादलिप्त सूरि है। इनका जन्म नाम नगेन्द्र था। साधु होने पर पादलिप्त कहलाये। प्रभावक चरित मे बताया गया है कि अयोध्या के विजय ब्रह्मराजा के राज्य मे ये एक कुलश्रेष्ठि के पुत्र थे। आठ वर्ष की अवस्था मे विद्याधर गच्छ के आचार्य आर्य नागहस्ती से उन्होने दीक्षा ली थी। दसवें वर्ष मे ये पट्ट पर आसीन हुए। ये मथुरा मे रहते थे। इनका समय वि० स० १५१–२१९ के मध्य मे है।

पादलिप्त सूरि गाथासप्तशती के सम्पादन कर्ता सातवाहनवशी राजा हाल के दरबारी कवि थे। बृहद्कथा के रचयिता कवि गुणाढ्य इनके समकालीन रहे होगे। बताया गया है कि मुरुण्ड का पादलिप्त सूरि के ऊपर खूब स्नेह था। यह मुरुण्ड कनिष्क राजा का एक सूबेदार था। अत इनका समय ई० सन् ७८-१६२ के मध्य भी सभव है। विशेषावश्यकभाष्य और निशीथचूर्णि मे इनका उल्लेख आने से भी इनका समय पर्याप्त प्राचीन प्रतीत होता है। पादलिप्त सूरि के सम्बन्ध म प्रभावकचरित और प्रबन्धकोश इन दोनो मे विस्तारपूर्वक उल्लेख विद्यमान है। यह निश्चित है कि तरगवती का रचनाकाल वि० स० की दूसरी शती के पूर्व ही है। कहा जाता है कि पादलिप्त की माता का नाम प्रतिमा और पिता का नाम फुल्ल था।

तरगवती आज मूल रूप मे प्राप्त नही है। इसका सक्षिप्तरूप, जिसका दूसरा नाम तरगलोला भी है, प्राप्य है। इस ग्रन्थ का वीरभद्र आचार्य के शिष्य नेमिचन्द्र गणि ने तरगवती कथा के लगभग १०० वर्ष पश्चात् यश नामक अपने शिष्य के स्वाध्याय के लिए लिखा है। इसमे १६४२ गाथाएँ है। नेमिचन्द्र के अनुसार पादलिप्त ने तरगवती की रचना देशी भाषा मे की थी। यह कथा अद्‌भुतरस युक्त और विस्तृत थी। इसकी सक्षिप्त कथावस्तु दी जा रही है।

कथावस्तु—सक्षिप्त तरगवती या तरगलोला की कथावस्तु को चार भागो मे विभक्त किया जा सकता है।

१ तरगवती का आर्यिका के रूप मे राजगृह मे आगमन।

२ आत्मकथा के रूप में अपनी कथा को कहना तथा हस-मिथुन को देखकर प्रेम का जागृत होना।

३ प्रेम की तलाश में सलग्न हो जाना और इष्ट प्राप्त होने पर विवाह-बधन में बँध जाना।

---

१ स० २००० में नेमिविज्ञान ग्रन्थमाला द्वारा प्रकाशित।

४. विरक्ति और दीक्षा।

प्रथम भाग मे बताया गया है कि राजगृह नगरी मे चन्दनबाला गणिनी का सघ आता है। तपस्विनियो के इस सघ मे सुव्रता नाम की एक धार्मिक शिष्या है। इसी सुव्रता का दीक्षा ग्रहण करने से पहले का नाम तरगवती है। राजगृह मे जिस उपाश्रय मे यह सघ ठहरा हुआ है, उसके निकट धनपाल सेठ का भवन है। इस सेठ की शोभा नाम की धर्मात्मा पत्नी है। एक दिन आर्यिका सुव्रता भिक्षाचर्या के लिए इसी सेठ के घर जाती है। शोभा उसके अनुपम रूप-सौन्दर्य को देखकर मुग्ध हो जाती है और उससे धर्मोपदेश देने के लिए कहती है। सुव्रता अहिंसा धर्म का उपदेश देती है तथा मानव जीवन मे नैतिक आचार पालन करने पर जोर देती है। शोभा सुव्रता की मधुरवाणी से अत्यधिक प्रभावित होती है। वह उससे पूछती है कि आप त्रिलोक का सारा सौन्दर्य लेकर क्यो विरक्त हुई? मेरे मन मे आपका परिचय जानने की तीव्र उत्कंठा है।

द्वितीय खण्ड मे वह अपनी कथा आरम्भ करती है। वह कहती है कि वत्सदेश मे कोशाम्बी नाम की नगरी मे उदयन नाम का राजा अपनी प्रिय पत्नी वासवदत्ता के सहित राज्य करता था। इस नगरी मे ऋषभदेव नाम का एक नगरसेठ है। उसके आठ पुत्र थे। कन्या-प्राप्ति के लिए उसने यमुना से प्रार्थना की, फलत तरगो के समान चचल और सुन्दर होने से उसका नाम तरगवती रखा गया। यह कन्या बडी कुशाग्र बुद्धि थी। गणित, वाचन, लेखन, गान, वीणावादन, वनस्पति शास्त्र, रसायन शास्त्र, पुष्प-चयन एव विभिन्न कलाओ मे इसने थोड़े ही समय मे प्रवीणता प्राप्त कर ली। एक दिन शरद ऋतु के अवसर पर वह अपने अभिभावको के साथ वन-विहार के लिए गयी। और वहाँ एक हस-मिथुन को देखकर इसे पूर्वजन्म का स्मरण हो आया।

अगदेश मे चम्पा नाम की नगरी थी। इस नगरी मे गगा नदी के किनारे एक चकवा-चकवी रहते थे। एक दिन एक शिकारी आया। उसने जगली हाथी को मारने के लिए बाण चलाया, पर यह बाण भूल से चकवा को लगा। चकवा की मृत्यु देखकर चकवी बहुत दु.खी हुई। इधर उस शिकारी को चकवे के मर जाने से बहुत पश्चात्ताप हुआ। उसने लकडियाँ एकत्र कर उस चकवा का दाह-सस्कार किया। चकवी भी प्रेमवश उसी चिता की अग्नि मे जल गयी। उसी चकवी का जीव मै तरगवती के रूप मे उत्पन्न हुई हूँ। पूर्वभव की इस घटना के स्मरण आते ही उसके हृदय मे प्रेम का बीज अकित हो गया। उसके मानस मे अपने प्रिय से मिलने की तीव्र उत्कठा जागृत हो गयी। एक क्षण भी उसे अपने पूर्वभव के प्रिय के बिना युग के समान प्रतीत होने लगा।

तृतीय खण्ड मे तरंगवती द्वारा प्रिय की प्राप्ति के लिए किये गये प्रयत्नो का वर्णन किया गया है। उसने सर्वप्रथम उपवास आदि के द्वारा अपनी आत्मा को प्रेम की

उदात्त भूमि मे पहुँचाने का अधिकारी बनाया। पश्चात् एक सुन्दर चित्रपट बनाया, जिसमे अपने पूर्वजन्म की घटना को अंकित किया। उस चित्र को अपनी सखी सारसिका के हाथ नगर मे सभी ओर घुमाया, पर पूर्वजन्म के प्रेमी का पता न लगा। एक दिन जब नगर मे कात्तिकी पूर्णिमा का महोत्सव मनाया जा रहा था, सारसिका उस चित्र को लेकर नगर की चौमुहानी पर गयी। सहस्रों आने-जानेवाले व्यक्ति उस चित्र को देखकर अपने मार्ग से आगे बढने लगे, किसी के मन मे कोई भी प्रतिक्रिया उत्पन्न न हुई। कुछ समय पश्चात् धनदेव सेठ का पुत्र पद्मदेव अपने मित्रो सहित उसी चौराहे पर आया। उस चित्र को देखते ही उसका मन प्रेम-विभोर हो गया और उसे अपने पूर्वभव का स्मरण हो आया। उसने अपने मित्र के द्वारा इस बात का पता लगाया कि इस चित्र को नगरसेठ ऋषभसेन की पुत्री तरगवती ने बनाया है। उसे निश्चय हो गया कि तरगवती उसके पूर्वभव की पत्नी है। अत वह तरवती की प्राप्ति के लिए बेचैन हो गया और उसके अभाव मे रुग्ण रहने लगा। पिता ने उसे स्वस्थ रखने के हेतु अनेक उपाय किये, पर सब उपाय व्यर्थ सिद्ध हुए। अतः उसने पुत्र के अस्वस्थ रहने के कारण का पता लगाया।

तरंगवती के प्रति उसके हृदय मे प्रेम का आकर्षण जानकर उसने तरंगवती के पिता ऋषभसेन से तरंगवती की याचना की, पर नगरसेठ के लिए यह अपमान की बात थी कि उसकी पुत्री का विवाह किसी साधारण सेठ के लडके से सम्पन्न हो। अत. उसने स्पष्टरूप से इकार कर दिया और कहलवाया कि विवाह सम्बन्ध समान शील, गुणवाले के साथ ही सम्पन्न होता है। अतएव तरगवती का विवाह पद्मदेव के साथ सम्पन्न नही हो सकता है। ऋषभसेन द्वारा इन्कार किये जाने से पद्मदेव की अवस्था और बिगड़ने लगी, प्रेम का उन्माद उत्तरोत्तर बढता जाता था और उसका प्रेमज्वर अपनी पराकाष्ठा पर पहुँच रहा था।

जब तरगवती को अपनी सखी द्वारा पद्मदेव का समाचार प्राप्त हुआ और पिता द्वारा विवाह करने से इन्कार कर वृत्तान्त अवगत हुआ तो उसने अपने प्रेमी से मिलने का निश्चय किया। एक रात को वह अपने घर के समस्त वैभव और ऐश्वर्य को छोड़कर चल पडी, अपने प्रिय से मिलने के लिए मध्य रात्रि में वह पद्मदेव से मिली और दोनो ने निश्चय किया कि नगर छोडकर हमलोग बाहर चलें, तभी हमलोग शान्तिपूर्वक रह सकते है। जन्म-जन्मान्तर के प्रेम को सार्थक बनाने के लिए नगर त्याग के अतिरिक्त अन्य कोई उपाय नही है। फलत ये दोनो नगर से बाहर जगल की ओर चल पड़े। चलते-चलते वे एक घने जंगल में पहुँचे, जहाँ चोरो की बस्तियाँ थी। वे चोर अपने स्वामी के आदेश से कात्यायनी देवी को प्रसन्न करने के लिए नरबलि देना चाहते थे। उनका विश्वास था कि नरबलि देने से कालि देवी प्रसन्न हो जायँगी, जिससे लूट-पाट में

उन्हे खूब धन प्राप्त होगा। चोरो ने मार्ग मे जाते हुए पद्मदेव को पकड लिया और बाँध कर बलिदान के निमित्त लाये। तरगवती ने इस नयी विपत्ति को देखकर विलाप करना शुरू किया। इसके करुण क्रन्दन के समक्ष पाषाण शिलाएँ भी द्रवित हो जाती थी। एक सहायक चोर का हृदय पिघल गया और उसने किसी प्रकार पद्मदेव को बन्धन मुक्त कर दिया एव अटवी से बाहर निकाल दिया। वे दोनो अनेक गाँव और नगरो में घूमते हुए एक सुन्दर नगरी मे पहुँचे।

इधर तरगवती के माता-पिता उनके अकस्मात् घर मे चले जाने के कारण बहुत दुःखी थे। उन्होने तरगवती की तलाश करने के लिए अपने निजी व्यक्तियो को चारो ओर भेजा। कुल्माष नामक भृत्य उसी नगरी मे तलाश करता हुआ आया। वह उन्हे कौशम्बी ले गया और वहाँ पर उनका विवाह सम्पन्न हो गया।

कथा के अन्तिम खण्ड मे बताया गया है कि ये दोनो पति-पत्नी बसन्त ऋतु मे एक समय वन-विहार के लिए गये। वहा उन्हे एक मुनि के दर्शन हुए। मुनिराज ने अपनी आत्मकथा सुनायी, जिससे उन्हे वैराग्य हो गया। ये दोनो दीक्षित हो गये। वह बोली—मै वही तरगवती हूँ।

आलोचना—यह समस्त कथा उत्तमपुरुष मे वर्णित है। इसमे करुण, शृगार आदि विभिन्न रसो, प्रेम की विविध परिस्थितिया, चरित की ऊँची-नीची अवस्थाओ एव बाह्य और अन्त.सघर्षों के द्वन्द्वो का बहुत स्वाभाविक और विशद चित्रण हुआ है। इसमे प्रेम का आरम्भ नारी की ओर से होता है। यह प्रेम विकास की शुद्ध भारतीय पद्धति है। यद्यपि प्रेम का आकर्षण दोनो ओर है, प्रेमी और प्रेमिका दोनो ही मिलने के लिए व्यग्र है, पर तो भी वास्तविक प्रयत्न प्रेमिका की ओर से ही किया गया है। तरगवती त्याग, सहिष्णुता एव नि स्वार्थ सेवा आदि गुणो से पूर्ण है। उसका प्रेम अत्यन्त उदात्त है। अपने प्रेमी मे उसकी एकनिष्ठता, नि स्वार्थ-भाव और तन्मयता प्रशंस्य है। मनोविज्ञान के प्रकाश मे इस प्रेम की पटभूमि मे विशुद्ध वासनामूलक रागतत्त्व ही दृष्टिगोचर होगा। पर इसे निरारसिक प्रेम नही कहा जा सकता है। इसमे वासनात्मक प्रेम का पूरा उदात्तीकरण हुआ है। मानसिक और आत्मिक योग का इतना आधिक्य है, जिससे इसमे शारीरिक सयोग को नगण्य स्थान प्राप्त होगा। यह प्रेम शारीरिक सयोग की स्थिति से ऊपर उठकर आत्मशोधन की स्थिति को प्राप्त हो जाता है तथा राग विराग के रूप को प्राप्त हो गया है। तरगवती जैसी प्रेमिका को मुनिराज का दर्शन भोगविलास से विरक्त कर सुव्रता जैसी साध्वी बना देता है। ईस्वी सन् की आरम्भिक शताब्दियो मे इस प्रकार के धार्मिक उपन्यास का लिखा जाना कम आश्चर्य की बात नही है। इसमे घटनाओ का सयोजन इस क्रम से किया गया है, जिससे पाठक अपना अस्तित्व भूलकर लेखक के अनुभव और भावनाओ मे डूब जाता है।

समस्त घटनाएँ एक ही केन्द्र से सम्बद्ध है। एक भी ऐसा कथानक नही है, जिसका केन्द्र से सम्बन्ध न हो। देश, काल और वातावरण का चित्रण भी प्रभावान्विति मे पूर्ण सहायक है। सक्षेप मे इतना ही कहा जा सकता है कि इस धार्मिक उपन्यास की कथा-वस्तु पूर्णतया सुसठित है, शिथिलता तनिक भी नही है।

शील-निरूपण की दृष्टि से इतना अवश्य कहा जा सकता है कि नायक-नायिका के शील का विकास एक निश्चित धारा मे हुआ है। यद्यपि पात्रो के रागो और मनोवेगो का खुलकर निरूपण किया गया है, उनमे स्वच्छन्द गति और सकल्प शक्ति की कमी नही है, फिर भी पात्रो मे वैयक्तिकता की न्यूनता है। नायिका के चरित्र-चित्रण मे लेखक को पर्याप्त सफलता प्राप्त हुई है। लेखक ने कृति का नामकरण भी नायिका के नाम के आधार पर ही किया है। नायक का चरित्र उस प्रकार दबा हुआ है, जिस प्रकार पहाडी शिला के नीचे मधुर जलस्रोत। कृतिकार ने अवरोधक चट्टान को तोडने की चेष्टा नही की है। नायक के प्राय समस्त गुण अविकसित रूप मे पाये जाते है।

कथानक मे जहाँ-तहाँ तनाव और सघर्ष की स्थिति भी वर्तमान है। वातारण का निर्माण करते हुए रहस्यात्मक प्रभाव को अभिव्यक्त करने की चेष्टा की गयी है। चकवा-चकवी की रहस्यात्मक घटना से परिपूर्ण चित्रपट किसके मन मे आश्चर्य और कौतूहल का सचार नही करता है। इस कथा के विवरण और इतिवृत्त (Description and Narration) दोनो ही महत्त्वपूर्ण है। रोमाण्टिक चेतना का विकास उत्तरोत्तर होता गया है। सयोग और कार्य-कारण-बोध के स्थान पर दैव-सयोग, तथा 'भाग्य' को विश्व की नियामक शक्ति के रूप मे स्वीकार किया गया है। दैव-सयोग किसी एक भव मे अर्जित नही हुआ है, उसमे जन्म-जन्मान्तरो के अनेक सयोजन घटित हुए है। पर इस तथ्य को आँखो से ओझल नही किया जा सकता कि भाग्यवाद का विकास आगे बढने पर मानवतावाद के रूप मे हो गया है। भाग्यवाद का कार्य केवल सामग्री को प्रस्तुत करना ही है, पर इस सामग्री का उपयोग कर अपने पुरुषार्थ द्वारा जीवन-शोधन मे प्रवृत्त होना भी है। इसी कारण इस कृति मे सृजनात्मक कार्य की चेतना (Consciousness of the creative act) पूर्णतया वर्तमान है।

आत्मकथा की शैली मे रसवादी भाव भूमियो का गठन भी इस कृति मे किया गया है। वन मे मुनिराज का संयोग प्राप्त कर नायिका का मन विरक्ति से भर जाता है, साथ ही वह अपने जीवन के समस्त चित्रो का सिंहावलोकन करती है और जीवन-शोधन के लिए प्रवृत्त हो जाती है। नायक पद्मदेव जब नायिका को दीक्षित होते देखता है, तो वह भी दीक्षित हो जाता है। कथातत्त्व के साथ घटनाओ का दार्शनिक

उन्हे खूब धन प्राप्त होगा। चोरो ने मार्ग मे जाते हुए पद्मदेव को पकड लिया और बाँध कर बलिदान के निमित्त लाये। तरगवती ने इस नयी विपत्ति को देखकर विलाप करना शुरू किया। इसके करुण क्रन्दन के समक्ष पाषाण शिलाएँ भी द्रवित हो जाती थी। एक सहायक चोर का हृदय पिघल गया और उसने किसी प्रकार पद्मदेव को बन्धन मुक्त कर दिया एवं अटवी से बाहर निकाल दिया। वे दोनो अनेक गाँव और नगरो मे घूमते हुए एक सुन्दर नगरी मे पहुचे।

इधर तरगवती के माता पिता उनके अकस्मात् घर से चले जाने के कारण बहुत दुःखी थे। उन्होने तरगवती की तलाश करने के लिए अपने निजी व्यक्तियो को चारो ओर भेजा। कुलमाष नामक भृत्य उसी नगरी मे तलाश करता हुआ आया। वह उन्हे कौशाम्बी ले गया और यहाँ पर उनका विवाह सम्पन्न हो गया।

कथा के अन्तिम खण्ड मे बताया गया है कि ये दोनो पति-पत्नी वसन्त ऋतु मे एक समय वन-विहार के लिए गये। वहाँ उन्हे एक मुनि के दर्शन हुए। मुनिराज ने अपनी आत्मकथा सुनायी, जिससे उन्हे वैराग्य हो गया। वे दोनो दीक्षित हो गये। वह बोली—मै वही तरगवती हू।

आलोचना—यह समस्त कथा उत्तमपुरुष मे वर्णित है। इसमे करुण, शृंगार आदि विभिन्न रसो, प्रेम की विविध परिस्थितियो चरित की ऊँची-नीची अवस्थाओ एव बाह्य और अन्त सघर्षो के द्वन्द्वो का बहुत स्वाभाविक और विशद चित्रण हुआ है। इसमे प्रेम का आरम्भ नारी की ओर से होता है। यह प्रेम विकास की शुद्ध भारतीय पद्धति है। यद्यपि प्रेम का आकर्षण दोनो ओर है, प्रेमी और प्रेमिका दोनो ही मिलने के लिए व्यग्र है, पर तो भी वास्तविक प्रयत्न प्रेमिका की ओर से ही किया गया है। तरगवती त्याग, सहिष्णुता एव नि स्वार्थ सेवा आदि गुणो से पूर्ण है। उसका प्रेम अत्यन्त उदात्त है। अपने प्रेमी मे उसकी एकनिष्ठता, नि स्वार्थ-भाव और तन्मयता प्रशस्य है। मनोविज्ञान के प्रकाश मे इस प्रेम की पटभूमि मे विशुद्ध वासनामूलक रागतत्त्व ही दृष्टिगोचर होगा। पर इसे निरारसिक प्रेम नही कहा जा सकता है। इसमे वासनात्मक प्रेम का पूरा उदात्तीकरण हुआ है। मानसिक और आत्मिक योग का इतना आधिक्य है, जिससे इसमे शारीरिक सयोग को नगण्य स्थान प्राप्त होगा। यह प्रेम शारीरिक सयोग की स्थिति से ऊपर उठकर आत्मशोधन की स्थिति को प्राप्त हो जाता है तथा राग विराग के रूप को प्राप्त हो गया है। तरगवती जैसी प्रेमिका को मुनिराज का दर्शन भोगविलास से विरक्त कर सुव्रता जैसी साध्वी बना देता है। ईस्वी सन् की आरम्भिक शताब्दियो मे इस प्रकार के धार्मिक उपन्यास का लिखा जाना कम आश्चर्य की बात नही है। इसमे घटनाओ का सयोजन इस क्रम से किया गया है, जिससे पाठक अपना अस्तित्व भूलकर लेखक के अनुभव और भावनाओ मे डूब जाता है।

समस्त घटनाएँ एक ही केन्द्र से सम्बद्ध हैं। एक भी ऐसा कथानक नही है, जिसका केन्द्र से सम्बन्ध न हो। देश, काल और वातावरण का चित्रण भी प्रभावान्विति में पूर्ण सहायक है। सक्षेप मे इतना ही कहा जा सकता है कि इस धार्मिक उपन्यास की कथा-वस्तु पूर्णतया सुसठित है, शिथिल्ता तनिक भी नही है।

शील-निरूपण की दृष्टि से इतना अवश्य कहा जा सकता है कि नायक-नायिका के शील का विकास एक निश्चित धारा मे हुआ है। यद्यपि पात्रो के रागो और मनोवेगो का खुलकर निरूपण किया गया है, उनमे स्वच्छन्द गति और सकल्प शक्ति की कमी नही है, फिर भी पात्रो मे वैयक्तिकता की न्यूनता है। नायिका के चरित्र-चित्रण मे लेखक को पर्याप्त सफलता प्राप्त हुई है। लेखक ने कृति का नामकरण भी नायिका के नाम के आधार पर ही किया है। नायक का चरित्र उस प्रकार दबा हुआ है, जिस प्रकार पहाडी शिला के नीचे मधुर जलस्रोत। कृतिकार ने अवरोधक चट्टान को तोडने की चेष्टा नही की है। नायक के प्राय समस्त गुण अविकसित रूप मे पाये जाते है।

कथानक मे जहाँ-तहाँ तनाव और सघर्ष की स्थिति भी वर्तमान है। वातारण का निर्माण करते हुए रहस्यात्मक प्रभाव को अभिव्यक्त करने की चेष्टा की गयी है। चकवा-चकवी की रहस्यात्मक घटना से परिपूर्ण चित्रपट किसके मन मे आश्चर्य और कौतूहल का सचार नही करता है। इस कथा के विवरण और इतिवृत्त (Description and Narration) दोनो ही महत्त्वपूर्ण है। रोमाण्टिक तनाव का विकास उत्तरोत्तर होता गया है। सयोग और कार्य-कारण-बोध के स्थान पर दैव-सयोग, तथा 'भाग्य' को विश्व की नियामक शक्ति के रूप मे स्वीकार किया गया है। दैव-सयोग किसी एक भव मे अर्जित नही हुआ है, उसमे जन्म-जन्मान्तरो के अनेक सयोजन घटित हुए है। पर इस तथ्य को आँखो से ओझल नही किया जा सकता कि भाग्यवाद का विकास आगे बढने पर मानवतावाद के रूप मे हो गया है। भाग्यवाद का कार्य केवल सामग्री को प्रस्तुत करना ही है, पर इस सामग्री का उपयोग कर अपने पुरुषार्थ द्वारा जीवन-शोधन मे प्रवृत्त होना भी है। इसी कारण इस कृति मे सृजनात्मक कार्य की चेतना (Consciousness of the creative act) पूर्णतया वर्तमान है।

आत्मकथा की शैली मे रसवादी भाव भूमियो का गठन भी इस कृति मे किया गया है। वन मे मुनिराज का सयोग प्राप्त कर नायिका का मन विरक्ति से भर जाता है, साथ ही वह अपने जीवन के समस्त चित्रो का सिंहावलोकन करती है और जीवन-शोधन के लिए प्रवृत्त हो जाती है। नायक पद्मदेव जब नायिका को दीक्षित होते देखता है, तो वह भी दीक्षित हो जाता है। कथातत्त्व के साथ घटनाओ का दार्शनिक

विश्लेषण भी महत्त्वपूर्ण है। चोरो द्वारा पद्मदेव के पकडे जाने पर तरंगवती की करुण-दशा और उसका हृदय-द्रावक क्रन्दन इस कथा का सबसे कोमल मर्मस्थल है।

वसुदेवहिण्डी[1]

वसुदेवहिण्डी का भारतीय कथा-साहित्य मे ही नही, बल्कि विश्व-कथा-साहित्य में महत्त्वपूर्ण स्थान है। जिस प्रकार गुणाढ्य ने पैशाची भाषा मे नरवाहनदत्त की कथा लिखी है, उसी प्रकार सघदास गणि ने प्राकृत भाषा मे वसुदेव के भ्रमण-वृत्तान्त को लिखकर वसुदेव हिण्डी की रचना की है। ये वसुदेव श्रीकृष्ण के पिता थे, इसी कारण इस कथा-कृति को वसुदेव-चरित भी कहा जाता है। यह कथा-कृति पर्याप्त प्राचीन है। आवश्यकचूर्णी के कर्त्ता जिनदास गणि ने इसका उपयोग किया है। इस ग्रन्थमे हरिवश की महत्ता के साथ कौरव पाण्डवो के कथानक को गौण रूप मे गुम्फित किया है। निशीथ-चूर्णि मे सेतु और चेटक कथा के साथ इस ग्रन्थ का भी उल्लेख है।

इस ग्रन्थ मे दो खण्ड है—प्रथम और द्वितीय। प्रथम खण्ड मे २९ लम्भक और ग्यारह हजार श्लोक प्रमाण ग्रन्थ का विस्तार है। द्वितीय खण्ड मे ७१ लम्भक और सत्रह हजार श्लोक प्रमाण ग्रन्थ का विस्तार है। समस्त ग्रन्थ मे सौ लम्भक है।

प्रथमखण्ड के रचयिता सघदास गणि और द्वितीय खण्ड के रचयिता धर्मदास गणि माने जाते है। इस ग्रन्थ का रचना काल अनुमानत चौथी शती है। इसमे पञ्चतत्र के समान कृतघ्न ... और शाकटिक आदि के लौकिक आख्यान आये है, जिनसे ऐसा ज्ञान होता है कि पञ्चतन्त्र के निर्माण मे इस ग्रन्थ की कथाओं का उपयोग किया गया है।

धर्मदास गणि ने अपना कथामूत्र २९ लम्भक से आगे नही चलाया है, किन्तु १८ वें लम्भक की कथा प्रियगुसुन्दरी के साथ अपने ७१ लम्भको के सन्दर्भ का जोडा है और इस प्रकार सघदास की वसुदेवहिण्डी के पेट मे अपने ग्रन्थ को भरा है। अतएव धर्मदास गणि द्वारा विरचित अश वसुदेवहिडी का मध्यम खण्ड कहलाता है। तथ्य यह है कि सघदास गणि का २९ लम्भको वाला ग्रन्थ अलग अपने आपमे परिपूर्ण था, पश्चात् धर्मदास गणि ने अपना ग्रन्थ अलग बनाया और बडी कुशलता से अपने पूर्ववर्ती ग्रन्थ की खूंटी से इसे टाँग दिया।

वसुदेवहिण्डी मे कथोत्पत्ति प्रकरण के अनन्तर ५० पृष्ठो का धम्मिलहिण्डी नाम का एक महत्त्वपूर्ण प्रकरण उपलब्ध है। इस धम्मिल हिडी प्रकरण मे धम्मिल नामक

१. सन् ३०–३१ मे मुनि पुण्यविजयजी द्वारा सपादित होकर आत्मानन्द जैन ग्रन्थमाला भावनगर की ओर से प्रकाशित। इस ग्रन्थ का मात्र प्रथम खण्ड ही दो अशो में प्रकाशित है, जिसमें १९–२६ वें लम्भक अनुपलब्ध हैं और २८ वाँ अपूर्ण पाया जाता है।

किसी सार्थवाह पुत्र की कथा वर्णित है, जिसने देश-देशान्तरो मे भ्रमण कर ३२ विवाह किये थे। मूलग्रन्थ में यह धम्मिल-चरित कहा गया है। धम्मिल शब्द की व्युत्पत्ति मे बताया गया है कि कुसग्गपुर में जितशत्रु राजा अपनी रानी धारिणी देवी सहित राज्य करता था। इस नगरी मे इन्द्र के समान वैभवशाली सुदेन्द्रदत्त नाम का सार्थवाह अपनी पत्नी सुभद्रा सहित सुखपूर्वक निवास करता था। गर्भकाल में उसे दोहद उत्पन्न हुआ। लिखा है—'कमेण य से दोहलो जातो—सव्वभूतेसु अभयप्पयाणेणं, धम्मिग्रजणेण वच्छल्लया, दीणाणुकंपया बहुतरो य दाणपसंगो'[1]।''

अतएव स्पष्ट है कि इसकी माता को धर्माचरण के विषय मे दोहद उत्पन्न हुआ था, इसी कारण पुत्र का नाम धम्मिल रखा गया। धम्मिलहिंडी का वातावरण सार्थवाहो के संसार से लिया गया है। इसे अपने आप मे स्वतन्त्र रचना माना जा सकता है, जिसकी कथा का मूलकेन्द्र नरवाहनदत्त है, जिसने वसुदेव के समान अनेक विवाह किये है। धम्मिलहिंडी की कई कथाएँ बहुत सुन्दर है।

शीलमती, धनश्री विमलसेना ग्रामीण गाडीवान, वसुदत्ताख्यान, रिपुदमन नरपति आदि आख्यान बहुत ही सुन्दर लोक कथानक है, इनमे लोककथाओ के सभी गुण और तत्त्व विद्यमान है। अन्त मे धम्मिल के सुनन्दभव और सरहभव के आख्यान भी सम्मिलित है, इसमे धनवती सार्थवाह के पुत्र धनवसु के विषय मे उल्लेख है कि उसने जहाज लेकर यवनदेश की व्यापारिक यात्रा की थी और अपने साथ बहुत से सायन्त्रिक व्यापारियो को ले गया था। इससे स्पष्ट है कि धम्मिलहिंडी मे सास्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उल्लेख वर्तमान है।

वसुदेवहिंडी मे धम्मिलहिंडी के अतिरिक्त छः विभाग है - कथोत्पत्ति, पीठिका, मुख, प्रतिमुख, शरीर और उपसंहार। कथोत्पत्ति, पीठिका और मुख मे कथा का प्रस्ताव हुआ है। प्रथम कथोत्पत्ति में जम्बूस्वामीचरित, जम्बू और प्रभव का सवाद, कुवेरदत्तचरित, महेश्वरदत्त का आख्यान, बल्कलचीरि प्रसन्नचन्द्र का आख्यान, ब्राह्मणदारक की कथा, अणाढियदेव की उत्पत्ति आदि वर्णित है। महेश्वरदत्त के आख्यान में बताया गया है कि ताम्रलिप्ती नगरी मे महेश्वरदत्तनाम का सार्थवाह रहता था। उसके पिता का नाम समुद्रदत्त था। परिग्रह सचय एव अधिक लोभवृत्ति के कारण वह मर कर उसी नगर में महिष हुआ। समुद्रदत्त की भार्या भी पापाचार के कारण मर कर उसी नगर मे बहुला नाम की कुतिया उत्पन्न हुई। महेश्वरदत्त की पत्नी का नाम गाँगिला था। यह गुरुजनो के न रहने से स्वैरिणी हो गयी। एक दिन महेश्वरदत्त के घर मे साउह नाम का व्यक्ति उसकी पत्नी के साथ रमण करने आया। महेश्वरदत्त ने उस विट को मारा, जिससे वह थोडी दूर जाकर भूमि पर गिर पडा और सोचने लगा कि मैंने अनाचार का

१. वसुदेवहिंडी—प्रथम खण्ड—प्रथम अंश पृ० २७।

फल प्राप्त कर लिया। इस प्रकार पश्चात्ताप करने से विशुद्ध परिणाम होने के कारण वह गागिला के गर्भ मे पुत्र रूप मे जन्मा। एक वर्ष के अनन्तर महेश्वरदत्त ने पिता का वार्षिक श्राद्ध करने के लिए उस महिष को खरीदा और नाना प्रकार के व्यजनो के साथ उसका मास भी पकाया गया। एक साधु चर्या के अर्थ भ्रमण करता हुआ वहाँ आया और इस दृश्य को देखकर वापस लौट गया। महेश्वरदत्त साधु को लौटते हुए देखकर चिन्तित हुआ और उस साधु को बुलाने के लिए उसके पीछे दौडा। थोडी दूर जाकर उसने उस साधु को प्राप्त कर लिया और वापस लौटने का कारण पूछा। साधु ने माता-पिता और पुत्र के पूर्व जन्म का आख्यान बताया और कहा कि तुम्हारा पूर्वजन्म का शत्रु ही पुत्र है, जिस पिता की वार्षिकी कर रहे हो उसी का मास तुम खिला रहे हो, तुम्हारी माता कुतिया बनी है। इस प्रकार अपने कुटुम्बियो का परिचय प्राप्त कर महेश्वरदत्त को विरक्ति हुई और उसने श्रमण-दीक्षा ग्रहण कर ली।

पीठिका मे प्रद्युम्न और शबकुमार की कथा, राम-कृष्ण की अग्रमहिषियो का परिचय, प्रद्युम्नकुमार का जन्म और उसका अपहरण, प्रद्युम्न के पूर्वभव, प्रद्युम्न का अपने माता-पिता से समागम और पाणिग्रहण आदि वर्णित है। देवताओ मे स्त्रियाँ पुत्र की याचना किया करती थी। बत्तीस नाट्य-भेदो का उल्लेख है। गणिकाओ की उत्पत्ति के सम्बन्ध मे लिखा है—

आसि किर पुव्व भरहो नाम राया मंडलवती। सो एगाए इत्थीए अणुरत्तो। सामंतेहि य से कण्णाओ पेसियाओ, ताओ समगं पेसियाओ। दिट्ठाओ य पासायगयाए देवीए सह राइणा। पुच्छिओ अणाए राया—कस्स एसो खंधावारो ? तेण य से कहिय—कुमारीओ मम सामतेहिं पेसियाओ। ताए चिंतियं——'अणागय से करेमि तिगिच्छियं, एत्तियमित्तीसु कयाइ एगा बहुगा वा वल्लभाओ होज्ज त्ति चिंतिऊण भणइ—एयाहि इहमतिगयाहि सोयग्गिणा डज्झमाणी दुक्ख मरिस्स। राया भणइ—जइ तुज्झ एस निच्छाओ तो न पविसिहंति गिहं। सा भणइ—जइ एतं सच्चयं तो बाहिरोवत्थाणे सेवंतु। तेण 'एवं' ति पडिवण्णं। तो छत्त-चामरधारीहिं सहियाउ सेवंति। कमेण गणाण विदिण्णाओ।—पृ० १०३।

अर्थात् एक बार राजा भरत के सामन्त राजाओ ने अपने स्वामी के लिए बहुत सी कन्याएँ भेजी। राजा के साथ बैठी हुई सुन्दरियो को देखकर महिषी को बहुत बुरा लगा। उसने राजा से कहा—अब तो मैं शोकाग्नि मे जलकर निश्चित मृत्यु को प्राप्त हो जाऊँगी। महिषी के इस व्यवहार को देख कर भरत ने उन्हे गणो को प्रदान कर दिया, तभी से वे गणिका कही जाने लगी।

मुख नामक अधिकार का आरम्भ शंब और भानु की ललित क्रीडाओ से हुआ है। भानु के पास शुक था और शब के पास सारिका। दोनो परस्पर मे सुभाषित कहते है। शुक ने कहा—

सतेसु जायते सूरो, सहस्सेसु य पंडिओ।
वत्ता सयसहस्सेसु, दाया जायंति वा ण वा॥
इंदियाण जए सूरो, धम्मं चरंति पंडिओ।
वत्ता सच्चवओ होइ, दाया भूयहिए रओ॥

—पृ० १०५।

सैकडो मे एकाध शूर होता है, सहस्रो मे एकाध पडित होता है, लाखो मे एकाध वक्ता होता है और दाता व्यक्ति क्वचित् ही उत्पन्न होता है।

इन्द्रियो का विजयी शूर कहलाता है, धर्माचरण करनेवाला पण्डित, सत्य-वचन बोलने वाला वक्ता एव प्राणियो के कल्याण मे सलग्न रहने वाला दाता कहा जाता है।

सारिका शबु द्वारा प्रेरित होकर सुभाषित पाठ करती है -

सव्वं गीयं विलवियं, सव्व नट्टं विडंबियं।
सव्वे आभरणा भारा, सव्वे कामा दुहावहा॥

समस्त सरस गान केवल विलापमात्र है, समस्त नाट्य विडम्बना के अतिरिक्त और कुछ नही है, समस्त आभरण भार के अतिरिक्त और कुछ नही और समस्त सासारिक भोग दु.खप्रद होने के सिवाय और कुछ नही है।

इस प्रकार इस सन्दर्भ मे सुभाषितो का समावेश हुआ है।

प्रतिमुख अधिकार मे अन्धकवृष्णि का परिचय देते हुए उसके पूर्वभवो का विवेचन किया गया है। अन्धकवृष्णि के पुत्रो में ज्येष्ठ पुत्र का नाम समुद्र विजय और छोटे पुत्र का नाम वासुदेव था। वासुदेव की आत्मकथा का आरम्भ करते हुए ब ाया गया है कि सत्यभामा के पुत्र सुभान के लिए १०८ कन्याएँ एकत्र की गयी, किन्तु विवाह रुक्मिणीपुत्र शाम्ब से कर दिया गया। इस पर प्रद्युम्न ने वसुदेव से कहा 'देखिये! शाम्ब ने अन्त.पुर मे बैठे-बैठे १०८ बधुएँ प्राप्त कर ली, जब कि आप सौ वर्षो तक भ्रमण कर सौ मणियो को प्राप्त कर सके। इसके उत्तर मे वसुदेव ने कहा—शाम्ब तो कुँए का मेढक है, जो सरलता से प्राप्त भोग से सन्तुष्ट हो गया। मैंने तो पर्यटन करते हुए अनेक सुख और दु.खो का अनुभव किया है। मैं मानता हूँ कि दूसरे किसी पुरुष के साथ मे इस तरह का उतार-चढ़ाव नही आया होगा। पर्यटन से नाना प्रकार के अनुभवो का भण्डार सचित होता है तथा ज्ञान वृद्धि होती है।

"अज्जय ! तुब्भेहिं वाससयं परिभमंतेहिं अम्हं अज्जियाओ लद्धाओ, पस्सह संबस्स परिभोगे, सुभाणस्स पिंडियाओ कण्णओ ताओ संबस्स उवट्ठियाओ। वसुदेवेण भणिओ पज्जुण्णो -संबो कूवदद्दुरो इव सुहागयभोगसंतुट्ठो: 'मया पुण परिब्भमंतेण जाणि सुहाणि दुक्खाणि ण अणुभूयाणि ताणि अण्णेण पुरिसेण दुक्करं होज्ज त्ति चिंतेमि।—पृ० ११०

इसके अनन्तर वसुदेव ने अपना परिभ्रमण वृत्तान्त कहना आरम्भ किया। वसुदेव का रूप सौन्दर्य अप्रतिम था, अत उनके नगर मे परिभ्रमण करने से नाना प्रकार के अनर्थ हो जाते थे। फलत राजा ने उनके नगर परिभ्रमण पर रोक लगा दी थी। अतएव वसुदेव गुप्तरूप से घर से निकल कर देश-विदेश मे भ्रमण करने लगे। इन्होंने सौ वर्षों तक भ्रमण किया और सौ विवाह किये।

शरीर-अध्ययन अधिकार मे २९ लम्भक है। सामा-विजया नामक प्रथम लम्भक मे समुद्रविजय आदि नौ वसुदेवो के पूर्वभावो का वर्णन है। यहाँ आस्था बुद्धि उत्पन्न करने के लिए सुमित्रा की कथा आयी है। सामली लभक मे सामली का परिचय दिया गया है। गन्धर्वदत्ता लभक मे विष्णुकुमार का चरित, त्रिष्णुगीतिका की उत्पत्ति, चारुदत्त की आत्मकथा, गन्धर्वदत्त का परिचय एव अमितगति विद्याधर का परिचय दिया गया है।

वाणिज्य-व्यापार के लिए व्यापारी वर्ग चीनस्थान, सुवणभूमि, कमलपुर, यवनद्वीप, सिंहल, बर्बर, सौराष्ट्र एव उम्बरावती के तट पर जाया-आया करता था। पिप्पलाद को अथर्ववेद का प्रणेता कहा गया है। वाराणसी मे सुलसा नाम की एक परिव्राजिका रहती थी। त्रिदण्डी याज्ञवल्क्य से वाद-विवाद मे पराजित होकर उनकी सेवा-शुश्रुषा करने लगी। इन दोनो से पिप्पलाद का जन्म हुआ। पिप्पलाद को उसके माता-पिता ने बचपन मे ही छोड दिया था, जिससे रुष्ट होकर उसने मातृमेध और पितृमेध जैसे यज्ञों का प्रतिपादन करनेवाला अथर्ववेद रचा।

ऋषभ तीर्थंकर का चरित नीलजलसा लभक मे वर्णित है। ऋषभदेव ने प्रजा को भोजन बनाने, प्रकाश करने और अग्नि जलाने आदि का उपदेश दिया था। इस लभक में कौवे और गीदड़ की मनोरञ्जक पशु-कथाएँ भी दी गयी है।

सोमसिरि-लंभ मे ऋषभ-निर्वाण, भरत-बाहुबली के युद्ध, नारद-पर्वत-वसु-सवाद, माहण-उत्पत्ति प्रभृति वर्णित है। इस लभकी कथाएँ पौराणिक है। सातवें लभक के पश्चात् प्रथम खण्ड का द्वितीय अश आरम्भ होता है। इसमे पौराणिक चरित निबद्ध है। रामचरित भी इसमे वर्णित है। सीता के सम्बन्ध में बताया गया है कि यह मन्दोदरी की पुत्री थी। उसे एक सन्दूक में रखकर राजा जनक की उद्यान-भूमि में गड़वा दिया था, अतएव हल चलाते समय उसकी प्राप्ति हुई। प्रियगुसुन्दरी लभ मे विमलाभा और सुप्रभा की आत्मकथा वर्णित है।

धर्मसाधन करने के लिए किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं बताया गया है। कामपताका नामक वेश्या श्राविका के व्रत ग्रहण कर आत्मसाधना करती है। केतुमती लंभक मे शान्ति जिन का चरित वर्णित है। त्रिविष्टु और वासुदेव का सम्बन्ध अमिततेज श्रीविजय, अशनिघोष और सतार के पूर्वभवो के साथ है। इन पूर्वभवो की सरस कथाएँ वर्णित हैं। कुन्थु और अरहनाथ के चरित भी वर्णित है। देवकी लभक मे कस के पूर्वभव का वर्णन है। पूर्वभव मे कस ने तपस्या की थी। इसने मासोपवास का नियम ग्रहण किया और यह भ्रमण करता हुआ मथुरापुरी मे आया। महाराज उग्रसेन ने उसे पारणा का निमन्त्रण दिया। पारणा के दिन चित्त विक्षिप्त रहने के कारण उग्रसेन को पारणा कराने की स्मृति ही नही रही और वह तपस्वी राजप्रासाद से यो ही बिना भोजन किये लौट गया। उग्रसेन ने स्मृति आने पर पुन उस तापसी को पारणा के लिए आमन्त्रण दिया, किन्तु दूसरी और तीसरी बार भी उसे वे पारणा कराना भूल गये। संयोगवश समस्त राजपरिवार भी ऐसे कार्यों मे व्यस्त रहता था, जिससे पारणा कराना सभव नही हुआ। उस तापसो ने उसे उग्रसेन का कोई षड्यन्त्र समझा और उसने निदान बाँधा कि अगले भव मे इसका वध करूँगा। निदान के कारण उग्र तापसो उग्रसेन के यहाँ कस के रूप मे जन्मा।

इस प्रकार इस कथा ग्रन्थ मे अनेक आख्यानो, कथानको, चरितो एव अर्धऐतिहासिक वृत्तो का संकलन है।

समीक्षा—वसुदेवहिडी मे चरित, कथा और पुराण इन तीनो के तत्त्व मिश्रित है। यही कारण है कि इसमे सस्कृति, सभ्यता और अध्यात्म सम्बन्धी अनेक महत्वपूर्ण बातें समाविष्ट है। इस ग्रन्थ में छोटी-बडी अनेक कथाएँ आयी हैं। भार्याशीलपरीक्षा-कथा चरित्र-चित्रण की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसमे नारी-चरित्र के दो पहलू चित्रित हैं। प्रथम पीठिका में शील की अवहेलना करनेवाली नारी का चरित दृष्टिगत होता है, तो द्वितीय में शील-रक्षा के लिए वीरता का परिचय देनेवाली नारी की वीरता प्रस्तुत होती है। नारी की वीरता इस कथा मे बड़े ही सुन्दर रूप में चित्रित की गयी है। समुद्रदत्त अपनी पत्नी की परीक्षा वेष बदल कर लेता है, पर इस परीक्षा में उसे वह पूर्णतया उत्तीर्ण पाता है। धनश्री अपनी चतुराई एव वीरता से शील की रक्षा तो करती ही है, साथ ही नारी-समाज के लिए एक नया आदर्श भी स्थापित कर देती है। धनश्री का आदर्श-मार्ग आज भी नारी के लिए अनुपम वस्तु है।

वसुदेवहिण्डी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह कथा ग्रन्थ अनेक प्राकृत, संस्कृत और अपभ्रंश के काव्यो का उपजीव्य है। इसके छोटे-छोटे आख्यानो को सूत्र मानकरउत्तर काल मे अनेक काव्य-ग्रन्थ लिखे गये हैं। अगडदत्त के चरित का विकास इसी कथा ग्रन्थ से आरम्भ होता है। जम्बू-चरितो का मूलस्रोत भी यही है। हरिभद्र

के समराइच्चकहा का स्रोत भी यही ग्रन्थ है। कम के पूर्व जन्म का आख्यान ही सम-राइच्चकहा का प्रथम भव है, इसीसे समग्र ग्रन्थ का निर्माण हुआ है।

तीर्थंकरो के कई चरित इसमे निबद्ध है। यद्यपि इन चरितो का विकास स्वतन्त्र रूप मे भी हुआ है। इसमे एक ओर सदाचारी, श्रमण, सार्थवाह व्यवहार पटु व्यक्तियो के चरित अंकित है, तो दूसरी ओर तपस्वी, कपटी ब्राह्मण, कुट्टिनी, व्यभिचारिणी स्त्रियो एव हृदयहीन वेश्याओ का चरित्र भी अंकित है। प्रत्येक कथानक सरस और सरल शैली मे लिखा गया है। कही विलास का विकास हृदय को उन्मत्त कर रहा है, कही सौन्दर्य का सौरभ अन्तरात्मा को बेसुध बना रहा है एव कही हास की कोमल लहरी मानस तल को अनूठे ढग से तरगित कर रही है। इस कथा के सभी पात्र सजीव और वास्तविक प्रतीत होते है। तत्कालीन सामाजिक प्रथाओ का विश्लेषण भी वर्तमान है।

प्रमुख विशेषताएँ निम्न लिखित है—

१. लोककथा के समान तत्त्वो का समावेश।

२ अद्भुत कथाओ और उनके साहसी प्रेमियो, राजाओ, सार्थवाहो के षड्यन्त्र, राजतन्त्र, छल-कपट हास्य और युद्धो, पिशाचो और पशु-पक्षियो की गढी हुई कथाओ का सुन्दर जाल।

३. मनोरजन, कुतूहल और ज्ञानवर्द्धन के साधनो का समवाय।

४. प्रेम के स्वच्छ और सबल चित्र।

५. कथा मे रस बनाय रखने के लिए चोर, विट्, वेश्या, धूर्त, ठग, लुच्चे और बदमाशो के चरितो का अजायबघर।

६. तरगित शैली मे लघु और वृहद् कथाओं मे वर्णन-प्रवाह की तीव्र धारा।

७. विशद चरित्र-चित्रण, नैसर्गिक शैली, बुद्धि-विलास, शिष्ट परिहास, और विष-यान्तरो का समाहार।

८ कथानक-रूढियो का समुचित प्रयोग।

९. भोजन मे नमक की चुटकी के समान कथाओ के मध्य मे धर्म-तत्त्वो का समावेश।

१०. चूर्णि ग्रन्थो की प्राकृत भाषा के समान महाराष्ट्री प्राकृत का प्रयोग, जिसमे सस्कृत के पदो का अविकृत रूप मे अस्तित्व।

११. सुभग एव मनोरम वैदर्भी गद्य-शैली का प्रयोग रोचकता की वृद्धि के लिए मध्य मे यत्र-तत्र पद्यो का भी समावेश।

१२ वाक्य-विन्यास सहज और स्वाभाविक अभिव्यजना-युक्त।

भाषा और शैली का स्वरूप अवगत करने के लिये निम्नलिखित उदाहरण द्रष्टव्य है:—

विदितं च एयं कारणं कयं पण्णत्तीए पज्जुण्णस्स पारियत्तवो य कण्हो वास-घरमुवगतो। पज्जुण्णस्स चिता जाया—सच्चभामा अम्मयाए सह समच्छरा, जइ तीसे मम सरिसो पुत्तो होइ ततो तेण सह मम पीई न होज्ज, किह कायव्वं ?। चिंतियं चाणेण—जंबवतीदेवी अम्माय माउसंबधेण भगिणी, त वच्चामि तीसे समीवे। गंतुं जंबवइभवण पणओ, दत्तासणो भणति—अम्मो! तुब्भं मम सरिसो पुत्तो रोयइ ? त्ति। तीए भणियं—किं तुमं मम पुत्तो न होसि ? सच्चभामानिमित्ते देवो नियमेण ट्ठितो, किह मम तव सरिसो पुत्तो होइहि ? त्ति। सो णं विण्णवेइ—तुज्झं अहं ताव पुत्तो, बितिओ जइ होइ णणु सोहणयरं। सा भणइ—केण उवाएण ? पज्जुण्णेण भणिया—'तुब्भं सच्चभामा-सरिसं रूव होहित्ति सज्झाविरामसमए, जाव पसाहणा—देवयच्चणविक्खित्ता ताव अविलबियं देवसमीवं वच्चेज्जाहि' त्ति वोत्तूण गतो नियगभवणं पज्जुण्णो। पण्णत्तीए य जंबवती सच्चभामासरिसी कया। चेडीए भणिया—देवि! तुब्भे सच्चभामासरिसी संवुत्ता। ततो तुट्ठा छत्त चामर-भिंगारधरीहिं चेडीहिं सह गया पतिसमीव, पवियारसुहमणुभविऊण य हारसोहिया दुतमवक्कंता।—पृ० ९७

समराइच्चकहा[1]

इस कथा कृति का प्राकृत मे वही महत्त्व है, जो सस्कृत मे बाण की कादम्बरी का। अन्तर इतना ही है कि कादम्बरी प्रेम-कथा है और यह धर्म-कथा। विलास, वैभव, प्रकृति एव वस्तुओ के भव्य चित्रण दोनो ग्रन्थो मे प्राय समान है।

रचयिता - इस कृति के रचयिता हरिभद्र श्वेताम्बर सम्प्रदाय के विद्याधर गच्छ के शिष्य थे। गच्छपति आचार्य का नाम जिनजट्ट, दीक्षागुरु का नाम जिनदत्त एव धर्म माता साध्वी (जो कि इनके धर्म परिवर्तन मे मूल निमित्त हुई) का नाम याकिनी महत्तरा था। इनका जन्म राजस्थान के चित्रकूट-चित्तौड नगर से हुआ था। ये जन्म के ब्राह्मण थे और अपने अद्वितीय पाण्डित्य के कारण वहाँ के राजा जितारि के राज-पुरोहित थे। दीक्षा ग्रहण करने के पश्चात् जैन साधु के रूप मे इनका जीवन राजपूताना और गुजरात मे विशेषरूप से व्यतीत हुआ। प्रभावक चरित से अवगत होता है कि इन्होने पोरवालवश को सुव्यवस्थित किया था।

आचार्य हरिभद्र के जीवन-प्रवाह को बदलनेवाली घटना उनके धर्म-परिवर्तन की है। इनकी यह प्रतिज्ञा थी कि जिसका वचन न समझूगा, उसका शिष्य हो जाऊँगा। एक दिन राजा का मदोन्मत्त हाथी आलानस्तम्भ को लेकर नगर मे दौडने लगा। हाथी ने अनेक लोगो को कुचल दिया। हरिभद्र हाथी से बचने के लिए एक जैन उपाश्रय मे

---

१. १९२३ में कलकत्ता से प्रकाशित और १९३८-४२ में अहमदाबाद से प्रकाशित।

प्रविष्ट हुए। वहाँ याकिनी महत्तरा नामकी साध्वी को निम्न गाथा का पाठ करते हुए सुना—

चक्कीदुगं हरिपणगं पणगं चक्कीण केसवो चक्की[1]।
केसव चक्की केसव दु चक्की केसव चक्की य॥

इस गाथा का अर्थ उनकी समझ में नही आया और उन्होंने साध्वी से उसका अर्थ पूछा। साध्वी ने उन्हे गच्छपति आचार्य जिनदत्त के पास भेज दिया। आचार्य से अर्थ सुनकर वे वही दीक्षित हो गये और बाद मे अपनी विद्वत्ता तथा श्रेष्ठ आचार के कारण आचार्य ने इनको ही अपना पट्टधर आचार्य बना दिया। जिस याकिनी महत्तरा के निमित्त से हरिभद्र ने धर्म परिवर्तन किया था, उसको इन्होंने अपनी धर्ममाता के रूप में पूज्य माना है और अपने को याकिनीसूनु कहा है।

समय निर्णय—आचार्य हरिभद्र का समय अनेक प्रमाणो के आधार पर वि० स० ८८४ माना गया है।[2] यत हरिभद्र सूरि वि० स० ८८४ (ई० ८२७) के आस-पास में हुए मल्लवादी के समसामयिक विद्वान् थे कुवलयमाला के रचयिता उद्योतन सूरि ने हरिभद्र को अपना गुरु बताया है और कुवलयमाला की रचना ई० सन् ७७८ मे हुई है। मुनि जिनविजय जी ने हरिभद्र का समय ई० सन् ७००–७७० माना है, पर हमारा विचार है कि हरिभद्र का समय ई० सन् ८००–८३० के मध्य होना चाहिये। इस समय सीमा को मान लेने पर भी उद्योतन सूरि के साथ गुरु शिष्य का सम्बन्ध जुट सकता है।

रचनाएँ—आचार्य हरिभद्र सूरि जैन साहित्य के बहुत ही मेधावी और विचारशील लेखक है। इनके धर्म, दर्शन, न्याय, कथासाहित्य एव योगसाधनादि सम्बन्धी विभिन्न विषयो पर गम्भीर और पाण्डित्यपूर्ण रचनाएँ उपलब्ध है। यह आश्चर्य की बात है कि समराइच्चकहा और धूर्ताख्यान जैसे सरस मनोरजक आख्यान प्रधान ग्रन्थो का रचयिता अनेकान्तजयपताका जैसे क्लिष्ट न्यायग्रन्थ का रचयिता हो सकता है। एक ओर हृदय की सरसता टपकती है तो दूसरी ओर मस्तिष्क की प्रौढता। हरिभद्र की साहित्य प्रतिभा को दो श्रेणियो मे विभक्त किया जा सकता है—(१) भाष्य, चूर्णि और टीका के रूप में तथा (२) मौलिक ग्रन्थ रचना के रूप मे।

आचार्य हरिभद्र को १४४४ प्रकरणो का रचयिता माना गया है। राजशेखर सूरि ने अपने प्रबन्धकोश मे इनको १४४० प्रकरणो का रचयिता लिखा है। इनकी प्रसिद्ध रचनाएँ निम्नलिखित हैं—

१. याकोबी द्वारा लिखित समराइच्चकहा की प्रस्तावना, पृ० ८।

२. देखें—हरिभद्र के प्राकृत कथासाहित्य का आलोचनात्मक अध्ययन–'समय निर्णय'

(१) अनुयोगद्वारविवृत्ति।
(२) आवश्यकसूत्रविवृत्ति।
(३) ललितविस्तरा।
(४) जीवाजीवाभिगमसूत्रलघुवृत्ति।
(५) दशवैकालिकबृहद्वृत्ति।
(६) श्रावकप्रज्ञप्तिटीका।
(७) न्याय प्रवेश टीका।
(८) अनेकान्तजयपताका।
(९) योगदृष्टिसमुच्चय।
(१०) शास्त्रवार्तासमुच्चय।
(११) सर्वज्ञसिद्धि।
(१२) अनेकान्तवादप्रवेश।
(१३) उपदेशपद।
(१४) धम्मसंगहणी।
(१५) मार्गबिन्दु।
(१६) षड्दर्शनसमुच्चय।
(१७) योगशतक।
(१८) समराइच्चकहा।
(१९) धूर्त्ताख्यान।
(२०) सवाहपगरण।

कथावस्तु—समराइच्चकहा की प्रवृत्ति प्रतिशोध की भावना है। समरादित्य उज्जैन का राजकुमार है। इसमे उक्त राजकुमार के नौ भवों की कथा वर्णित है। समरादित्य का नाम पूर्वजन्म मे गुणसेन था और उनके प्रतिद्वन्द्वी—प्रतिनायक का अग्निशर्मा। बताया गया है कि जम्बूद्वीप के ऊपर विदेह मे क्षिति प्रतिष्ठित नाम के नगर मे पूर्णचन्द्र राजा राज्य करता था, इसकी पटरानी का नाम कुमुदिनी देवी था। इस दम्पति को गुणसेन नाम का पुत्र हुआ। इसे राजा का यज्ञदत्त नाम का पुरोहित था, जिसके अग्निशर्मा नामक एक कुरूप पुत्र उत्पन्न हुआ। कौतूहलपूर्वक कुमार गुणसेन बच्चो की टोली के साथ अग्निशर्मा को गधे पर सवार कराकर और उसके सिर पर टूटे पुराने सूप का छत्र लगाकर ढोल, मृदंग, बाँसुरी, कांस्य आदि बाजे बजाते हुए नगर की सडको पर घुमाया करता था। राजकुमार गुणसेन के इस व्यवहार से अग्निशर्मा बहुत दुःखी था, उसे प्रतिदिन अत्यन्त अपमान का अनुभव होता था। अतएव अपने इस जीवन से ऊबकर वह कौडिन्य नामक के तापस कुलपति के यहाँ गया और वहाँ तापस दीक्षा ग्रहण कर ली।

पूर्णचन्द्र राजा कुमार गुणसेन को राज्याभिषिक्त कर कुमुदिनी देवी के साथ तपोवन मे निवास करने लगा। गुणसेन के चरणो मे अनेक राजा, सामन्त और शूरवीर नतमस्तक होते थे। उसने बडी चतुराई और योग्यता से अपना शासन आरम्भ किया।

एक दिन गुणसेन वनभ्रमण के लिए गया और वहाँ सहस्राम्र नामक उद्यान मे विश्राम करने लगा। इसी बीच नारंगियो की टोकरी लिये हुए दो तापस कुमार आये। उन्होने राजा का अभिनन्दन किया तथा उसे आशीर्वाद दिया। तापसियो ने कहा—"महाराज ! हमे कुलपति ने आपका कुशल-समाचार अवगत करने के लिये भेजा है।"

राजा गुणसेन—"वह भगवान् कुलपति कहा रहते है ?

तापसी—"बहुत नही, यही पास मे सुपरितोष नामक तपोवन मे निवास करते है।"

तापसियो की उक्त बातो को सुनकर राजा कुलपति के दर्शनार्थ आश्रम मे गया और उन्हे सपरिवार अपने घर भोजन का नियन्त्रण दिया। कुलपति ने निमन्त्रण स्वीकार कर कहा है कि हमारे यहा अग्निशर्मा नाम का एक मासोपवासी महातपस्वी है, वह प्रतिदान आहार ग्रहण नही करता। मासान्त मे एक बार भोजन के लिए जाता है और प्रथम गृह मे भिक्षार्थ प्रवेश करता है, वहाँ भिक्षा मिले या न मिले, वह लौट आता है और पूर्ववत् साधना मे संलग्न हो जाता है। अतः अग्निशर्मा तपस्वी को छोड, शेष सभी तपस्वी तुम्हारे यहाँ भोजन ग्रहण करने के लिये जावेंगे।

राजा ने कहा—भगवन् ! मै कृतार्थ हो गया, वह महातपस्वी कहा है ? मै उस महातपस्वी के दर्शन करना चाहता हू।

कुलपति—वत्स ! वे उग्रतपस्वी उस आम्रवीथिका मे ध्यान कर रहे है। राजा शीघ्रतापूर्वक आम्रवीथिका मे पहुचा और हर्षवश रोमाञ्चित हो, उन्हे प्रणाम किया। तपस्वी ने राजा को आशीर्वाद दिया। राजा सुखासन पर बैठकर पूछने लगा—"भगवन् ! आपके इस महादुष्कर तपश्चरण का क्या कारण है ?"

अग्निशर्मा—"राजन् ! दरिद्रता का दुःख, दूसरो के द्वारा किया गया अपमान, कुरूपता एवं कल्याणमित्र कुमार गुणसेन ही मेरी विरक्ति के कारण है।"

अपना नाम सुनकर सशंकित हो राजा ने कहा—'भगवन् ! दारिद्र्य आदि दुःख आपकी इस तपस्या के कारण हो सकते है, पर राजकुमार गुणसेन किस प्रकार आपका कल्याणमित्र है।"

अग्निशर्मा—"राजन् ! उत्तम पुरुष स्वयं धर्म धारण करते है, मध्यम प्रकृतिवाले व्यक्ति दूसरो से प्रेरित करते है। मुझे मात्र गुणसेन से तप ग्रहण करने की प्रेरणा प्राप्त हुई। यदि वे मेरा अपमान नही करते, तो मै सम्भवत. इस मार्ग की ओर प्रवृत्त

नहीं होता। अतएव अच्छे कार्य मे प्रवृत्त होने की प्रेरणा देने के कारण कुमार गुणसेन मेरे कल्याण मित्र है।"

तपस्वी के उक्त विचारो को सुनकर राजा गुणसेन ने निवेदन किया—"भगवन्! मुझे अत्यन्त पश्चात्ताप है। आपको तग करनेवाला मै ही अगुणसेन हूँ। अतएव आप मुझे क्षमा कीजिये।"

अग्निशर्मा—"महाराज! आपका स्वागत है। मै वस्तुत आपका ऋणी हूँ। यह आपकी महत्ता है, जो आप अपने को धिक्कार रहे है। आप मेरे भारी उपकारी है।"

राजा—"धन्य महाराज! सत्य है, तपस्वीजन प्रिय बात को छोड अन्य कुछ कहना ही नही जानते। यत चन्द्रबिम्ब मे अमृत की ही वर्षा होती है, अङ्गारो की नही।"

"भगवन्! आपकी पारणा का दिन कब आता है? यदि आपको कोई आपत्ति न हो तो आप मेरे घर ही पारणा ग्रहण करने की कृपा करे। मै अपना सौभाग्य समझूँगा कि आप जैसे तपस्वी की चरणरज मेरे घर पर पडे।"

अग्निशर्मा—"राजन्! पहले से क्या कार्यक्रम बनाना है। समय आने पर जैसा उचित होगा, किया जायगा। हाँ, मै आपके आग्रह के कारण आपके यहाँ पधारूँगा।

राजा गुणसेन महलो मे चला गया और अगले दिन उसने समस्त तपस्वियो को सुस्वादु भोजन कराया। पाँच दिन बीत जाने पर जब पारणा का समय आया तो तपस्वी अग्निशर्मा पारणा के हेतु राजा गुणसेन के भवन मे प्रविष्ट हुआ। उस दिन किसी तरह गुणसेन राजा को अपूर्व शिरोव्यथा उत्पन्न हुई जिससे सभी पुरजन-परिजन राजा के उपचार मे लग गये। अग्निशर्मा वहाँ पहुँचा और किसी के द्वारा कुछ भी न पूछे जाने पर निकल आया और पुन मासोपवास ग्रहण कर तपस्या मे संलग्न हो गया। जब राजा की शिरोव्यथा कम हुई तो उसे अग्निशर्मा की पारणा करने की बात याद आयी और वह वन की ओर दौडा तथा आश्रम के निकट अग्निशर्मा को प्राप्त कर विनीत-भाव से निवेदन किया कि प्रभो! मेरी अस्वस्थता के कारण ही परिजन अपने कार्य मे शिथिल हो गये, अत. आपकी पारणा न हो सकी। कृपया लौट चलिये और पारणा कर वापस आइये।

अग्निशर्मा—"राजन्! मैं अपनी प्रतिज्ञा को छोड नही सकता हूँ। मैं मासोपवास के अनन्तर एक ही घर मे एक बार पारणा के लिए जाता हूँ। पारणा न होने पर पुन. ध्यान मे लीन हो जाता हूँ।"

कुलपति के द्वारा समझाये जाने पर अगली पारणा का निमन्त्रण अग्निशर्मा ने स्वीकार किया। राजा अपने भवन में लौट आया।

समय जाते देरी नही लगती। अग्निशर्मा तपस्वी को तपश्चरण करते हुए एक मास समाप्त हो गया। पारणा के दिन सेना के स्कन्धावार से आये हुए राजा के व्यक्तियो ने निवेदन किया---"अत्यन्त विषम पराक्रम मे गर्वित मानभङ्ग नृपति ने आपकी सेना के ऊपर आक्रमण कर दिया है। सेना इधर-उधर छिन्न-भिन्न हो गयी है।"

स्कन्धावार से आये हुए व्यक्ति के इन वचनो को सुनकर राजा का कोपानल प्रज्वलित हो गया। उसने प्रयाण भेरी बजाने का आदेश दे दिया। प्रयाण भेरी के सुनते ही मेघ घटाओ के समान हाथी, बलाका पक्तियो के समान उन्नत ध्वजाएँ, विद्युत के समान तीक्ष्ण तलवार, भाले एव गर्जते हुए बादल के समान दसों दिशाओ का शख, काहल, तुरही के शब्दो से आपूरित करते हुए अकाल दुर्दिन की तरह राजा की सेना सन्नद्ध होने लगी। राजा गुणसेन रथ पर आरूढ हुआ, उसके सम्मुख जल से पूर्ण स्वर्ण कलश स्थापित किया गया। मङ्गलवाद्य बजने लगे और बन्दीजन विविध प्रकार के मङ्गलगान गाने लगे। इसी समय अग्निशर्मा तपस्वी पारणा के लिए राजा के घर मे प्रविष्ट हुआ। इस समय राजा के प्रयाण की हडबडी के कारण किसी ने भी उस पर ध्यान नही दिया। कुछ काल तक वह इधर-उधर टहलता रहा, पर मदोन्मत्त हाथी और घोडो से कुचल जाने के भय से राज भवन से निकल गया। इधर ज्योतिषियो ने प्रयाण करने का शुभ मुहूर्त्त बतलाया।

राजा गुणसेन ने कहा— आज अग्निशर्मा तपस्वी का पारणा दिन है। उन्होने कुलपति के आग्रह से मेरे घर मे आहार ग्रहण करना स्वीकार कर लिया है। अत. उस महात्मा के आ जाने पर और उन्हे भोजन करा के तभी मै प्रस्थान करूँगा। राजा के इस कथन को सुनकर किसी कुलपुत्र ने कहा—"देव! उन महानुभाव ने घर मे प्रवेश किया था, पर मदोन्मत्त हाथी और घोडो के भय मे वे लौट गये। इस बात को सुनते ही राजा घबडाकर तपस्वी के रास्ते मे चल पडा। नगर के बाहर अभी थोडी ही दूर वह गया था। अत: राजा की उससे मार्ग मे ही मुलाकात हो गयी। राजा गुणसेन रथ से उतर कर अग्निशर्मा के पैरो मे गिर गया और बोला— 'प्रभो! आप भवन के भीतर भी नही गये है, अत. लौट चलिये। प्रस्थान करना अभीष्ट होने पर भी आपके आने की प्रतीक्षा करता हुआ रुका हुआ हूँ। कृपया आहार ग्रहण करने के पश्चात् जाइये।

अग्निशर्मा—"महाज! आप मेरी प्रतिज्ञा-विशेष के सम्बन्ध मे जानते ही है, अत: इस प्रकार का आग्रह करना व्यर्थ है। तपस्वी व्यक्ति प्राण जाने तक अपनी प्रतिज्ञा का पालन करते है।"

राजा—"भगवन् मैं इस प्रमादपूर्ण आचरण के कारण लज्जित हूँ। तीव्र तप जन्य क्षुधा के कारण उत्पन्न हुई शरीर-पीडा से भी मुझे अधिक पीडा है। मेरे मन और आत्मा सन्ताप के कारण जल रहे है। मै अपनी आत्मा को पाप कर्म करने-वाला मानता हूँ।"

अग्निशर्मा ने अपने मन मे विचार किया—अरे! इन महाराज की यह बडी उदारता है। मेरे पारणा न करने से यह इतने दु:खी हो रहे है। इन्हे मुझे पारणा कराये बिना शान्ति लाभ नही हो सकता है। अत: कहने लगा —

"निर्विघ्न रूप से पारणा दिवस के आने पर मै पुन आपके ही भवन मे आहार ग्रहण करूँगा, अत आप सन्ताप न करे।"

पृथ्वी पर दोनो घुटनो को टेक कर और हाथ जोडकर राजा ने कहा 'भगवन्! आपकी इस कृपा के लिए मै आभारी रहूगा।'

राजा के अनेक मनोरथो के साथ पारणा दिवस आया। पारणा के दिन सयोग से राजा गुणसेन की रानी वसन्तसेना को पुत्रलाभ हुआ। अत. राजभवन मे पुत्र जन्मोत्सव मनाया जाने लगा। सभी परिजन एव नागरिक वार्द्धापनोत्सव सम्पन्न करने मे सलग्न हो गये। इधर अग्निशर्मा तपस्वी पारणा के हेतु राजभवन मे प्रविष्ट हुआ, पर वहाँ पारणा की तो बात ही क्या, वचनमात्र से भी किसीने सत्कार नही किया। अत वह आर्तध्यान से दूषित मन हो शीघ्र ही राजभवन से बाहर निकल गया। वह सोचने लगा-यह राजा बचपन से ही मुझसे द्वेष करता आ रहा है। यह अकारण मुझे तग कर रहा है। मेरे समक्ष तो मनानुकूल मधुर-मधुर वचन बोलता है, पर आचरण इसके विपरीत करता है।

क्षुधा की पीडा के कारण अज्ञान तथा क्रोध के अधीन हो उस मूढ-हृदय ने निदान किया कि यदि मेरे इस धर्माचारण का कोई फल हो तो इस गुणसेन को मारने के लिए मेरा जन्म हो। मै इससे अपनी शत्रुता का बदल चुकाऊ। जो व्यक्ति अपने प्रियजनो का प्रिय तथा शत्रुओ का अप्रिय नही करता है, उसके जन्म लेने से क्या? वह तो जन्म लेकर केवल अपनी माता के यौवन का ही नाश करता है।

अनिशर्मा क्रोधाधिक्य के कारण कुलपति से बिना मिले ही आम्रमण्डप में चला गया और वहाँ निर्मल शिला के बने आसन पर बैठकर राजा गुणसेन के बिरोध में सोचता रहा। उसने जीवन पर्यन्त के लिए आहार का त्याग कर दिया। अन्य तपस्वियो ने उसे बहुत समझाया, पर उसने किसी की बात न सुनी। राजा गुणसेन के प्रति उसके मन मे नाना प्रकार के मिथ्या सकल्प-विकल्प उत्पन्न होने लगे।

कुलपति ने भी उसे समझाया और राजा के ऊपर क्रोध न करने की सलाह दी।

इधर राजा गुणसेन और उसके परिजन असमय मे सम्पादित महोत्सव का आनन्द लेने लगे, जिससे पारणा का समय बीत जाने पर राजा को स्मरण आया। वह अपने को धिक्कारने लगा कि मेरी असावधानी के कारण उस महातपस्वी को महान् कष्ट हुआ है। मैंने बहुत बडा अपराध किया है। अब मै उस महातपस्वी से मिलने में भी असमर्थ हूँ। इस प्रकार सोच विचार कर राजा ने अपने पुरोहित सोमदेव को उस तपस्वी का समाचार लाने के लिए भेजा। सोमदेव ने तपोवन मे जाकर समस्त बातो का पता लगाया और राजा से निवेदन किया कि राजन्! वह बहुत क्रुद्ध है। अत उनके आश्रम मे अब आपका जाना उचित नही। राजा गुणसेन पुरोहित द्वारा निषेध किये जाने पर भी कुलपति के आश्रम मे गया और उसने कुलपति के निवेदन किया—'प्रभो मैं अत्यन्त पापी हूँ। मै उन महातपस्वी अग्निशर्मा के दर्शन करना चाहता हूँ। कृपया आप मुझे अनुमति दीजिये'।

कुलपति ने उत्तर दिया—'महाराज इतना सन्ताप मत कीजिये। अब अन्न-पानी का त्याग कर उन्होंने समाधि ग्रहण कर ली है, अत आपका उनसे मिलना उचित नही है। आप मन मे दु खी न हो, तपस्वी अन्तिम समय मे उपवास द्वारा ही शरीर त्याग करते है।

राजा गुणसेन बहुत दु.खी हुआ और वह वसन्तपुर को छोडकर क्षितिप्रतिष्ठित नगरी में चला आया।

एक दिन उसने विजयसेनाचार्य का दर्शन किया। उनसे विरक्ति का कारण पूछा। उन्होंने अपनी विरक्ति की कथा आद्योपान्त कह सुनायी। गुणसेन को विरक्ति हो गयी और वह अपने पुत्र को राज्य देकर दीक्षित हो गया। एक दिन वह प्रतिमायोग धारण किये था कि अग्निशर्मा के जीव विद्युत्कुमार ने देखा और पूर्वजन्म का वैर स्मृत हो आया। अतएव क्रोधाभिभूत हो उसने तप्त धूलि की वर्षा की। गुणसेन तपश्चरण मे सलग्न रहा। फलत शान्तिपूर्वक प्राणो का त्याग कर चन्द्रानन विमान मे वह देव हुआ।

इस प्रकार इस ग्रन्थ में उन दोनो के नौ भवो की कथा वर्णित है। दूसरे भव मे अग्निशर्मा राजा सिंहकुमार का पुत्र बनकर बदला चुकाता है। इस द्वितीय भव मे वे पिता और पुत्र के रूप मे सिंह, आनन्द, तृतीय भव मे पुत्र और माता के रूप मे शिखि और जालिनी, चतुर्थ भव में पति-पत्नी के रूप मे धन और धनश्री, पचम भव में सहोदर के रूप मे जय और विजय, षष्ठ भव में पति और भार्या के रूप में धरण और लक्ष्मी' सप्तम भव मे चचेरे भाई के रूप मे सेन और विसेन; अष्टम भव में गुण और वानव्यन्तर एव नवम भव में समरादित्य और गिरिसेन के रूप में जन्म ग्रहण करते है। अग्निशर्मा गुणसेन को निरन्तर कष्ट देता है। अन्त मे समरादित्य के भव में गुणसेन मुक्ति लाभ करता है और अग्निशर्मा गिरिसेन के रूप में नरक जाता है।

आलोचना—समराइच्चकहा में नौ भव या परिच्छेद हैं। प्रत्येक भव की कथा किसी विशेष स्थान, काल और क्रिया की भूमिका मे अपना पट परिवर्तन करती है। जिस प्रकार नाटक में पर्दा गिरकर या उठकर सम्पूर्ण वातावरण को बदल देता है, उसी प्रकार इस कथा कृति मे एक जन्म की कथा अगले भव की कथा के आने पर अपना वातावरण काल और स्थान को परिवर्तित कर देती है। यो तो प्रत्येक भव की कथा स्वतन्त्र है, अपने मे उसकी प्रभावान्विति नुकीली है, पर है नौ भवो को कथा एक ही। तथ्य यह है कि कथा की प्रकाशमान चिनगारियाँ अपने भव मे ज्वलन कार्य करती हुई, अगले भव को केवल आलोकित करती है। प्रत्येक भव की कथा मे स्वतन्त्र रूप से एक प्रकार की नवीनता और स्फूर्ति का अनुभव होता है। कथा की आद्यन्त गतिशील स्निग्धता और उत्कर्ष अपने मे स्वतन्त्र है।

समराइच्चकहा मे प्रतिशोध की भावना विभिन्न रूपो मे व्यक्त हुई है। अग्निशर्मा ने निदान बाँधा था कि गुणसेन से अगले भव मे बदला चुकाऊँगा। दर्शन की भाषा मे इस प्रकार की प्रवृत्ति को निदान कहा जाता है। निदान शब्द शल्य के अर्थ मे प्रयुक्त होता है। किसी अच्छे कार्य को कर उसके फल की आकाक्षा करना निदान है। वैद्यक शास्त्र के अनुसार अपथ्य सेवन से उत्पन्न धातुओ का विकार, जिसके कारण रोग उत्पन्न होता है, निदान कहलाता है। इसी प्रकार अशुभ कर्म जिनका प्राणियो के नैतिक सघटन पर प्रभाव पडता है, जो अनेक जन्मो तक वर्तमान रहकर व्यक्ति के जीवन को रुग्ण—नाना गतियो मे भ्रमण करने का पात्र बना देता है, निदान है। छठवे भव मे निदान का विश्लेषण करते हुए लिखा है—

"नियाणं च दुविह् हवइ, इह् लोइयं परलोइयं च। तत्थ इह् लोइय अपच्छा-सेवणजणिओ वायाइधाउक्खोहो, पारलोइयं पावकम्मं।"

—षष्ठ भव याकोबी संस्करण, पृ० ४८१।

अग्निशर्मा गुणसेन के प्रति तीव्र घृणा के कारण निदान बाँधता है। यह घृणा ज्यो की त्यो आगे वाले भवो में दिखलायी पडती है। जब भी वह गुणसेन के जीव—पुनर्जन्म के कारण अन्य पर्याय को प्राप्त हुए के सम्पर्क मे पहुँचता है प्रतिशोध की भावना उत्पन्न हो जाती है। अग्निशर्मा का निन्द्याचरण क्रोध, मान, माया, लोभ, मोह आदि विभिन्न प्रवृत्तियो के रूप में व्यक्त हो जाता है और वह पुन पापाचरण करके भावी कर्मों की निन्द्य परम्परा का अर्जन करता है।

समराइच्चकहा में नायक सदाचारी और प्रतिनायक-दुराचारी के जीवन-सघर्ष की कथा, जो नौ जन्मो तक चलती है, लिखी गयी है। नायक शुभ-परिणति को शुद्ध परिणति के रूप मे परिवर्तित कर शाश्वत सुख प्राप्त करता है और प्रतिनायक या खल नायक अनन्त ससार का पात्र बनता है। इस कथा कृति में गुणसेन का व्यक्तित्व

गुणात्मक गुणवृद्धि से रूप में और अग्निशर्मा का व्यक्तित्व भावात्मक या मागात्मक भाग वृद्धि के रूप में गतिमान और संघर्षशील है। इन दोनो व्यक्तियो ने कथानक की रूप रचना में ऐसी अनेक मोड़ें उत्पन्न की हैं, जिनसे कार्य व्यापार की एकता और परिपूर्णता सिद्ध होती है। यह कथा कृति किसी व्यक्ति विशेष का इतिवृत्तमात्र ही नही है, किन्तु जीवन चरित्रो की सृष्टि को मानवता की ओर ले जानेवाली है। धार्मिक कथानक के चौखटे में सजीव चरित्रो को फिट कर कथा को सप्राण बनाने की चेष्टा की है।

देश, काल के अनुरूप पात्रो के धार्मिक और सामाजिक सस्कार घटनाओ को प्रधान नही होने देते, प्रधानता प्राप्त होती है उनकी चरित्र-निष्ठा को। घटना-प्रधान कथाओ में जो सहज आकस्मिकता और कार्य की अनिश्चित गतिमत्ता आ जाती है, उससे निश्चित ही यह कथा संक्रमित नही है—यहाँ सभी घटनाएँ कथ्य है और जीवन की एक निश्चित शैली में वे व्यक्ति के भीतर और बाहर घटित होती है। घटनाओ के द्वारा मानव प्रकृति का विश्लेषण और उनके द्वारा तत्कालीन सामन्तवर्गीय जनसमाज एव उसकी रुचि तथा प्रवृत्तियो का प्रकटीकरण इस कथाकृति को देश-काल की चेतना से अभिभूत करता है।

इसके अतिरिक्त गुणसेन की समस्त पर्यायो मे भावनाओ का उत्थान-पतन मानव की मूल प्रकृति में व्यस्त मनोवैज्ञानिक ससार को चित्रित करता है। क्रोध, घृणा आदि मौलिक आधारभूत वृत्तियो को उनकी रूप व्याप्ति और सस्थिति मे रखना हरिभद्र की सूक्ष्म सवेदनात्मक पकड का परिचायक है। भोगवाद और शारीरिक स्थूल आनन्दवाद का नश्वररूप उपस्थित कर वैयक्तिक वेदना का साधारणीकरण कर दिया गया है, जिससे चरित्रो की वैयक्तिकता सार्वभौमिकता को प्राप्त हो गयी है।

नौ भवो की कथा मे चरित्र सृष्टि, घटनाक्रम और उद्देश्य ये तीनो एक साथ घटित हो कथा-प्रवाह को आगे बढाते हैं। दो प्रतिरोधी चरित्रो का विकास अनेक अवान्तर कथाओ के बीच दिखलाया गया है। अवान्तर कथाओ का मूल कथा के साथ पूर्ण सम्बन्ध है। निदान तत्त्व के विश्लेषण की क्षमता सभी अवान्तर कथाओ की है। जन्म-जन्मान्तर के कर्मफलो का विवेचन करना ही इसका उद्देश्य है। अवान्तर कथाओ के द्वारा प्रधान पात्र मे सासारिक नश्वरता और वैराग्य की चेतना को जागृत करना ही लक्ष्य है। ये सर्वदा एक ही रूप में सुनिश्चित स्थापत्य के अनुसार आती हैं। नायक का साक्षात्कार आत्मज्ञानी मुनि से होता है, जो अपनी विरक्ति की आत्मकथा सुनाता है। इसमें अनेक जन्म-जन्मान्तरो के कथा सूत्र गुथे रहते हैं।

रूप विधान की दृष्टि से ये कथाएँ बीज धर्मा हैं। प्रतिशोध के लिए किया गया निदान रूप *छोटा सा बीज विशाल वट वृक्ष बन जाता है। अनेक जन्मो तक यह* प्रतिशोध की भावना चलती रहती है।

इस कथाकृति में प्रतीकों के प्रयोग—मुख्य कथा की निष्पत्ति के लिए अनेक प्रतीकों का प्रयोग कर भावों की सुन्दर और स्पष्ट अभिव्यंजना की है। यह सत्य है कि प्रतीक कथा के प्रभाव को स्थायित्व ही प्रदान नहीं करते हैं, बल्कि उसमें एक नवीन रस उत्पन्न करते हैं। तृतीय भव की कथा में स्वर्ण घट के टूटने का स्वप्न प्रतीक है। गर्भ धारण के इस हिरण्य रूपक में वर्ण, विलास या धातु भावना है। घट उदर का रहस्य का, जीव के मण्डलाकार का प्रतीक है। टूटना गर्भ विनाश के प्रयास और अन्ततोगत्वा गर्भस्थ प्राणी की हत्या की अभिव्यञ्जना करता है। घटना घटित होने के पूर्व ही अस्थापदेशिक शैली में प्रतीकों का प्रयोग कर घटनाओं के भविष्य की सूचना दे दी गयी है। इसी भव में प्रयुक्त नारियल का वृक्ष अनेक जन्मों की पीठिका का प्रतीक है। जन्म-जन्मान्तर के कर्मों की परम्परा का रहस्य दिखलाया गया है।

संक्षेप में इस कथाकृति का प्रधान शिल्प कथोत्थप्ररोह शिल्प है—प्याज के छिलकों के समान अथवा केले के स्तम्भ के परत के समान एक कथा से दूसरी कथा और दूसरी कथा से तीसरी कथा और तीसरी कथा से चौथी कथा निकलती जाती है तथा वट प्रारोह के समान शाखा पर शाखाएँ फूटकर एक घना वृक्ष बन जाती हैं। इस प्रकार इस कृति में मूल कथाओं के साथ अवान्तर कथाओं की संख्या सौ से अधिक हैं और सभी छोटे-बड़े आख्यान आपस में सम्बद्ध हैं।

इस कथाकृति में वर्णन-विविधता, प्रणयोन्माद, प्रकृति के रमणीय चित्र, तत्कालीन सामाजिक रीति-रिवाज, विशिष्ट दार्शनिक सम्प्रदाय एवं संयम के उज्ज्वलरूप वर्तमान है। हरिभद्र ने अलंकारों का समुचित प्रयोग कर अपूर्व रमणीयता का संचार किया है। लम्बे-लम्बे समास गिरिनदी के उद्दाम प्रवाह के समान है, अनेक स्थानों पर श्लिष्ट उपमाएँ इन्द्रधनुष की आभा उत्पन्न कर रही हैं। गद्य के साथ पद्य का प्रयोग कर अपूर्व चमत्कार उत्पन्न किया है। कादम्बरी अटवी का वर्णन दर्शनीय है।

वसहमयमहिससद्दूलकोलसयसंकुलं महाभीमं।
माइन्दविन्दचन्दणनिरुद्धससिसूरकरपसरं॥
फलपुट्ठतरुवरट्ठियपरपुट्ठविमुक्कविसमहलबोलं।
तरुकणइकयन्दोलणवाणरवुक्काररमणिज्जं॥
मयणाहदरियरुंजियसद्दसमुत्तत्थफिडियगयजूहं।
वणदवजालावेढियचलमयरायन्तगिरिनियरं॥
निद्दयवराहघोणाहिघायजज्जरियपल्ललोयन्तं।
दप्पुद्धुरकरिनिउरुम्बदलियहिन्तालसंघायं॥
तीए वहिऊण सत्थो तिण्णि पयाणाइ पल्ललसमीवे।
आवासिओ य पल्ललजलयरसंजणियसंखोहं॥

—छट्ठो भवो, भावनगर संस्करण, पृ० ५१०।

साहित्य की दृष्टि से इस कथाकृति का जितना महत्व है, उससे कहीं अधिक संस्कृति की दृष्टि से है। चाण्डाल, डोम्बलिक, रजक, चर्मकार, शाकुनिक, मत्स्यबन्ध और नापित जाति के पात्रो का चरित्र भी इसमे चित्रित किया है। व्यापारी और सार्थवाहो का अनेक व्यापारिक नियमो के साथ उनके सघठन तथा विभिन्न यात्राओ का सजीव वर्णन है, परिवार गठन, सयुक्त परिवार के घटक, विवाह सस्था, स्वयवर प्रथा, दास प्रथा, समाज में नारी का स्थान, उसकी शिक्षा पद्धति, भोजन पान, वस्त्राभूषण, नगर और ग्रामो की स्थिति, आवास स्थान, पशु-पक्षी, क्रीडा, विनोद, उत्सव एवं गोष्ठियो के विविध रूप वर्णित है। शिक्षा के अन्तर्गत आठवें भव मे लेख, गणित, आलेख्य, नाट्य, गीत, वादित्र, स्वरगत, पुष्करगुत, समताल, द्यूत, जनवाद, काव्य, प्रहेलिका, आभरण-विधि, स्त्री-पुरुष लक्षण, ज्योतिष, मन्त्र शास्त्र, हय-गज-गोवृष आदि का लक्षण शास्त्र, धनुर्वेद, व्यूह-प्रतिव्यूह शिक्षा, हिरण्य सुवर्ण-मणिवाद, युद्धकला एवं शकुन शास्त्र का उल्लेख किया है। समराइच्चकहा मे ठकुर शब्द का प्रयोग पाया जाता है। बताया है।

आवडियं पहाणजुज्झं, पाडिया कुलउत्तया, भग्गा धाडी, वाणरेहिं विय वुक्कारियं सबरेहिं। तओ अमरिसेण नियत्ता ठकुरा, थेवा सबरत्ति वेढिया अ ससाहणेणम्। संपलग्गं जुज्झं। महया विमद्देण निज्जिया सबरा। पाडिया कुमारपल्लीवई, गहिया च णेहिं। कुमाचरिएण विम्हिया ठकुरा को उण एसो त्ति चिन्तियमणेहिं॥

—सप्तमभव, भावनगर संस्करण, पृ० ६६९।

इससे स्पष्ट है कि प्राचीनकाल से ही ठाकुर जाति युद्ध प्रिय होती थी। यह जाति भी शवरो के समान युद्ध किया करती थी।

इस प्रकार समराइच्चकहा मे सामुद्रिक व्यापार, अश्वो की विभिन्न जातियाँ आदि अनेक सास्कृतिक बातो का समावेश हुआ है।

धूर्त्ताख्यान[1] (धुत्ताक्खान)

आचार्य हरिभद्र सूरि की व्यग्य प्रधान रचना धूर्त्ताख्यान है। इसमे पुराणो मे वर्णित असम्भव और अविश्वसनीय बातो का प्रत्याख्यान पाँच धूर्तों की कथाओं के द्वारा किया गया है। भारतीय कथा साहित्य मे शैली की दृष्टि से इस कथा ग्रन्थ का मूर्धन्य स्थान है। लाक्षणिक शैली मे इस प्रकार की अन्य रचना दिखलायी नही पड़ती है। दृढता पूर्वक कहा जा सकता है कि व्यग्योपहास की इतनी पुष्ट रचना अन्य किसी भाषा मे सभवतः उपलब्ध नही है। धूर्तों का व्यग्य प्रहार ध्वसात्मक नही, निर्माणात्मक है।

१ सिंघीराज द्वारा प्रकाशित।

बताया गया है कि उज्जयिनी के पास एक सुरम्य उद्यान में ठग विद्या के पारगत सैकडो धूर्तों के साथ मूलदेव, कंडरीक, एलाषाढ, शश और खडपाना ये पाँच धूर्त नेता पहुँचे। इनमें प्रथम चार पुरुष थे और खण्डपाना स्त्री थी। प्रत्येक पुरुष धूर्तराज के पाँच सौ पुरुष अनुचर थे और खण्डपाना के पाँच सौ स्त्री अनुचर। जिस समय ये लोग उद्यान मे पहुँचे घनघोर वर्षा हो रही थी। सभी धूर्त वर्षा की ठढक से ठिठुरते हुए और भूख से कुडमुडाते हुए व्यवसाय का कोई साधन न देखकर इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि बारी बारी से पाँचो नेता मण्डली को अपने जीवन अनुभव सुनायें और जो धूर्त नेता उसको अविश्वसनीय और असत्य सिद्ध कर दे, वह सारी मण्डली को आज भोजन कराये। और जो महाभारत, रामायण, पुराणादि के कथानको से उसका समर्थन करते हुए उसकी सत्यता मे सबको विश्वास दिला दे, वह सब धूर्तो का राजा बना दिया जाय। इस प्रस्ताव से सब सहमत हो गये और सभी ने रामायण, महाभारत तथा पुराणो की असभव बातो का भडाफोड करने के लिए निमित्त कल्पित आख्यान सुनाये। खण्डपाना ने अपनी चतुराई से एक सेठ द्वारा रत्नजटित मुद्रिका प्राप्त की और उसे बेचकर बाजार से खाद्य सामग्री खरीदी गयी। सभी धूर्तों को भोजन कराया गया।

इस प्रकार इस कृति मे अन्यापदेशिक शैली द्वारा असभव, मिथ्या और कल्पनीय निन्द्य आचरण की ओर ले जानेवाली बातो का निराकरण कर स्वस्थ, सदाचारी और सभव आख्यानो की ओर सकेत किया है।

आलोचना—आक्रमणात्मक शैली को न अपनाकर व्यग्य और सुझावो के माध्यम से असम्भव और मनगढन्त बातो का त्याग करने की ओर सकेत किया है। कथानक बहुत सरल है पर शैली में अद्भुत आकर्षण है। नारी की विजय दिखलाकर मध्यकालीन गिरे हुए नारी समाज को उठाने की चेष्टा की है। नारी को व्यक्तिगत सम्पत्ति समझ लिया गया था, उसे बुद्धि और ज्ञान से रहित समझा जाता था। अत हरिभद्र ने खण्डपाना के चरित्र और बौद्धिक चमत्कार द्वारा अपनी सहानुभूति प्रकट की है। साथ ही यह भी सिद्ध किया है कि नारी किसी भी बौद्धिक क्षेत्र मे पुरुष की अपेक्षा हीन नही है। वह अन्नपूर्णा भी है, अत. खण्डपाना द्वारा ही सभी सदस्यो के भोजन का प्रबन्ध किया गया है।

इस कथाकृति मे कथानक का विकास कथोपकथनो और वर्णनो के बीच से होता है। इसमे मुख्य घटना, उसकी निष्पत्ति का प्रयत्न, अन्त, निष्कर्ष, उद्देश्य और वैयक्तिक परिचय आदि सभी आख्यान अंश उपलब्ध हैं। धूर्तो द्वारा कही गयी असम्भव और काल्पनिक कथाएँ क्रमिक और एक इकाई मे बन्द हैं। अतिशयोक्ति और कुतूहल तत्त्व भी मध्यकालीन कथाओ की प्रवृत्ति के अनुकूल हैं। समानान्तर रूप में पौराणिक गाथाओ से मनोरजक और साहसिक आख्यानो को सिद्ध कर देने में लेखक का व्यग्य गर्भत्व परिलक्षित होता है।

धूर्तों की कथाएँ—जो उन्होंने अपने अनुभव को कथात्मक रूप से व्यक्त किया है, कथाकार की उद्भावना शक्ति के उद्घाटन के साथ कथा आरम्भ करने की पद्धति की परिचायिका हैं। हरिभद्र ने कल्पित कथाओ द्वारा उन पौराणिक गाथाओ की निस्सारता और असंगति दिखलायी है जो बुद्धि सगत नही हैं। अनेक कथानक रूढ़ियाँ भी इसमें निबद्ध है। संक्षेप में प्राकृत साहित्य की अमूल्य मणियो मे गाथा सप्तशती, समराइच्च कहा, कुवलयमाला एवं पउमचरिय के समान ही इस कृति का महत्वपूर्ण स्थान है। इस कृति में कथा के माध्यम से निम्नांकित मान्यताओ का निराकरण किया है—

१. सृष्टि—उत्पत्तिवाद

२. सृष्टि—प्रलयवाद

३ त्रिदेव स्वरूप—ब्रह्मा, विष्णु और महेश के स्वरूप की विकृत मिथ्या मान्यताएँ।

४. अन्ध-विश्वास

५. अस्वाभाविक मान्यताएँ—अग्नि का वीर्यदान—तिलोत्तमा की उत्पत्ति आदि।

६. जातिवाद—अभिजात्य वर्ग पर व्यग्यप्रहार

७. ऋषियो के सम्बन्ध में असभव और असंगत कल्पनाएँ

८. अमानवीय तत्त्व

लघुकथाएँ—

आचार्य हरिभद्र ने समराइच्चकहा जैसा बृहद्काय कथा-ग्रन्थ और धूर्ताख्यान जैसा व्यग्यप्रधान कथा-ग्रन्थ लिखा, उसी प्रकार छोटी-छोटी कथाएँ भी लिखी है। दशवैकालिक टीका में ३० महत्वपूर्ण प्राकृत कथाएँ और उपदेशपद में लगभग ७० प्राकृत कथाएँ आयी हैं। उपदेशपद की कथायें उदाहरण या दृष्टान्त के रूप में लाक्षणिक और प्रतीकात्मक शैली में निबद्ध हैं। इस ग्रन्थ के टीकाकार मुनिचन्द्र ने इन कथाओ को पर्याप्त विस्तृत रूप दिया है। इन लघुकथाओ को निम्न वर्गों मे विभक्त किया जा सकता है—

१ कार्य और घटना प्रधान—इस श्रेणी की कथाएँ—

क—उचित उपाय (दश० हारि० गा० ६९ पृ० ८९)

ख—एक स्तम्भ का प्रासाद (द० हारि० गा० ६२ पृ० ८१)

ग—दृढ संकल्प (दश० हारि० गा० ८१ पृ० १०४)

घ—सुबन्धु-द्रोह (दश० हारि० गा० १७७ पृ० १८२)

ङ—तीन कोटि स्वर्णमुद्राएँ (द० हारि० गा० ११७ पृ० १८५)

च—चार मित्र द० हारि० गा० १८८–१८९ पृ० २१४)

छ—इन्द्रदत्त (उप० गा० १२ पृ० २८)

ज—धूर्तराज (उप० गा० ८६)

झ—शत्रुता (उप० गा० ११७ पृ० ८६)

२. चरित्र प्रधान—

क—शीलपरीक्षा (द० हा० गा० ७३ पृ० ९२)

ख—सहानुभूति (द० हा० गा० ८७ पृ० ११४)

ग—विषयासक्ति (द० हा० गा० १७५ पृ० १७७)

घ—कान्ताउपदेश (द० हा० गा० १७७ पृ० १८८)

ङ—मूलदेव (उप० गा० ११ पृ० २३)

च—विनय (उप० गा० २० पृ० ३४)

छ—शीलवती (उप० गा० ३०–३४ पृ० ४०)

ज—रामकथा—(उप० गा० ११४ पृ० ८४)

झ—वज्रस्वामी (उप० गा० १४६ पृ० ११५)

ञ—गौतम स्वामी (उप० गा० १४२ पृ० १२७)

ट—आर्य महागिरि (उप० गा० २०३–२११ पृ० १५६)

ठ—आर्य सुहस्ति (उप० गा० २०३–२११ पृ० १५८)

ड—विचित्र कर्मोदय (उप० गा० २०३—२११ पृ० १६०)

ढ—भीमकुमार (उप० गा० २४५–२५० पृ० १७५)

ण—रुद्र (उप० गा० ३९५–४०२ पृ० २२७)

त—श्रावकपुत्र (उप० गा० ५०६–५१० पृ० २५३)

थ—पाखण्डी (उप० गा० २५८ पृ० १७१)

द—कुरुचन्द्र (उप० गा० ९५२–९६९ पृ० ३९३)

ध—शङ्खनृपति (उप० गा० ७३६–७६२ पृ० ३४१)

न—ऋद्धि सुन्दरी (उप० गा० ७०८ पृ० ३२८)

प—रतिसुन्दरी (उप० गा० ७०३ पृ०३ २५)

फ—गुणसुन्दरी (उप० गा० ७१३ पृ९ ३३१)

ब—नृपपत्नी (उप० गा० ८६१–८६८ पृ० ३८०)

३. भावना और वृत्ति प्रधान—

क—साधु (द० हा० गा० ५६ पृ० २७)

ख—चण्डकौशिक (उ० गा० १४७ पृ० १३०)

ग—गालव (उप० गा० ३७८–३८२ पृ० २२२)

घ—मेघकुमार (उप० गा० २६४–३७२ पृ० १८२)

ङ—तोते की पूजा (उप० गा० ९७५–९९६ पृ० ३६८)

च—मुग्धा नारी (उप० गा० १०२०–१०३० पृ० ४१९)

४. व्यंग्य प्रधान—

क—संचय (द० हा० गा० ५५ पृ० ७०)

ख—हिंगुशिव (द० हा० गा० ६७ पृ० ८७)

ग—हाय रे भाग्य (द० हा० पृ० १०६)

घ—स्त्रीबुद्धि (द० हा० पृ० १९३)

ङ—भक्ति-परीक्षा (द० हा० पृ० २०८)

च—कच्छप का लक्ष्य (उप० गा० १३ पृ० ३१)

छ—युवकों से प्रेम (उप० गा० ११३ पृ० ८४)

५. बुद्धि-चमत्कार प्रधान

क—अश्रुत पूर्व (द० हा० पृ० ११२)

ख—ग्रामीण गाड़ीवान (द० हा० गा० ८८ पृ० ११८)

ग—इतना बड़ा लड्डू (द० हा० पृ० १२१)

घ—चतुररोहक (उप० गा० ५२—७४ पृ० ४८-५५)

ङ—पथिक के फल (उप० गा० ८० पृ० ५८)

च—अभयकुमार (उप० गा० ८२ पृ० ५९)

छ—चतुर वैद्य (उप० गा० ८० पृ० ६१)

ज—हाथी की तौल (उप० गा० ८७ पृ० ६२)

झ—मन्त्री की नियुक्ति (उप० गा० ९०)

ञ—व्यन्तरी (उप० गा० ९४ पृ० ६५)

ट—कल्पक की चतुराई (उप० गा० १०८ पृ० ७३)

ठ—मृगावती कौशल (उप० गा० १०८ पृ० ७३)

६. प्रतीक प्रधान

क—घड़े का छिद्र (द० हा० गा० १७७ पृ० १८७)

ख—धन्य की पुत्रवधुएँ (उप० गा० १७२—१७९ पृ० १४४)

ग—वणिक् कथा (दा० हा० गा० ३७ पृ० ३७—३८)

७. मनोरञ्जन प्रधान

क—जामाता परीक्षा (उप० गा० १४३ पृ० १२९)

ख—राजा का न्याय (उप० गा० १२० पृ० ९१)

ग—श्रमणोपासक (द० हा० गा० ८५ पृ० १०९)

घ—विषयी शुक (उप० पृ० ३९८)

८. नीति या उपदेश प्रधान

क—सुलसा (द० हा० पृ० १०४)

ख—उपगूहन (द० हा०पृ० २०४)

ग—निरपेक्षजीवी (द० हा० पृ० ३६१–६२)

घ—सवलित रत्न (उप० गा० १० पृ० २३)

ङ सोमा (उप० गा० ५५०–५६७)

च—वरदत्त (उप० गा० ६०५–६६३ पृ० २८८)

छ—गोवर (उप० गा० ५५०–५९७ पृ० २६६)

ज—सत्सगति (उप० गा० ६०८–६६३ पृ० २८६)

झ—कलि (उप० गा० ८६७ पृ० ३६)

ञ—कुन्तलदेवी (उप० गा० ४६७ पृ० २५०)

ट—सूरतेज (उप० गा० १०१३–१०१७ पृ० ४१७)

६. प्रभाव प्रधान

क—ब्रह्मदत्त (उप० गा० ६ पृ० ४)

ख—पुण्यकृत्य की प्राप्ति (उप० गा० ८ पृ० २१)

ग—प्रभाकर चित्रकार (उप० गा० ३६२–३६६ पृ० २१७)

घ—कामासक्ति (उप० गा० १४७ पृ० १३२)

ङ—माषतुष (उप० गा० १६३ पृ० १५२)

उपर्युक्त समस्त कथाओ का विश्लेषण और विवेचन करना संभव नही है । पर एकाध लघुकथा उद्धृत की जाती है :—

अश्रुतपूर्व लघुकथा में बताया गया है कि एक नगर मे एक परिव्राजक सोने का पात्र लेकर भिक्षाटन करता था। उसने घोषणा की कि जो कोई मुझे अश्रुत पूर्व बात सुनायेगा, उसे मै इस स्वर्णपात्र को दे दूँगा। कई लोगो ने बहुत-सी बातें सुनायी, पर उसने उन सबो को श्रुत—पहले सुनी हुई है, कहकर लौटा दिया। एक श्रावक भी वहाँ उपस्थित था, उसने जाकर परिव्राजक से कहा—तुम्हारे पिता ने मेरे पिता से एक लाख रुपये कर्ज लिये थे। यदि मेरा यह कहना आपको श्रुतपूर्व है, तो मेरे पिता का कर्ज आप लौटा दीजिये और अश्रुतपूर्व है तो आप अपना स्वर्णपात्र मुझे दे दीजिये। लाचार होकर परिव्राजक को अपना स्वर्णपात्र देना पड़ा। यह कथा बुद्धि चमत्कार प्रधान है। श्रावक के बुद्धिचमत्कार का निर्देश किया गया है।

परिग्रह पर व्यग्य करते हुए एक कथा में बताया गया है कि एक स्थान पर दो भाई रहते थे। उन्होने सौराष्ट्र मे जाकर सहस्रो रुपये अर्जित किये। उन रुपयो को थैली में भरकर चलने लगे। वह थैली को बारी-बारी से लेकर चलने लगे। थैली जिसके हाथ में रहती वह सोचता कि इस दूसरे भाई को मार दूँ तो ये रुपये मेरे हो जायेंगे। इस प्रकार वे दोनों ही एक दूसरे के वध का उपाय सोचते रहे। जब वे एक नदी के

किनारे आये तो छोटा भाई सोचने लगा कि मुझे धिक्कार है, जो मैं अपने बड़े भाई की हत्या करने की बात सोच रहा हूँ। वह अपने कुत्सित विचारसे दुःखी होकर रोने लगा। बड़े भाई ने रोने का कारण पूछा—तो उसने यथार्थ बात कह सुनायी। अब तो बड़े भाई से भी रहा न गया और उसने भी अपने मन के विचार कह दिये। उन्होंने निश्चय किया कि यह रुपयो की थैली ही इन दूषित विचारो की उत्पत्ति का कारण है, अत. उन्होने उस थैली को नदी में डाल दिया और घर चले आये। कुछ दिनो के उपरान्त उनके घर की दासी बाजार से मछली लायी, उस मछली के पेट से थैली निकली। दासी ने जल्दी ही उस थैली को छिपा लिया पर घर की वृद्धा ने उसे देख लिया। वृद्धा उस थैली को लेने के लिये झपटी, पर दासो ने उसे धक्का देकर मार डाला। इसी समय वे दोनो घर में प्रविष्ट हुए और झगडे का कारण तथा वृद्धा की मृत्यु का कारण उस थैली को समझकर कहने लगे—''अत्थो अणत्थजुओ'' धन ही अनर्थ—पाप का कारण है। इस प्रकार आचार्य हरिभद्र ने अपनी लघुकथाओ को मनोरंजक और सरस बनाने के साथ उपदेशप्रद भी बनाया है।

निर्वाण लीलावती कथा

इस कथाग्रन्थ को जिनेश्वर सूरि ने आशापल्ली मे वि० स० १०८२ और १०९५ के मध्य में लिखा है। यह समस्त ग्रन्थ प्राकृत पद्यो मे लिखा गया है। मूल कृति अभी तक अनुपलब्ध है, पर इसका साररूप सस्कृत भाषा मे जिनरत्न सूरि का प्राप्य है। क्रोध, मान आदि विकारो के साथ हिंसा, झूठ, चोरी, व्यभिचार और परिग्रह-सचय आदि पापो का फल जन्म-जन्मान्तर तक भोगना पडता है, का विवेचन इस कथाग्रन्थ में किया गया है।

कथावस्तु और समीक्षा—राजगृह नगरी में सिंहराज नाम का राजा अपनी लीलावती रानी सहित शासन करता था। इस राजा का मित्र जिनदत्त श्रावक था। इसके संसर्ग से राजा जैनधर्म का श्रद्धालु हो जाता है। किसी समय जिनदत्त के गुरु समरसेन राजगृह नगरी में आये। जिनदत्त के साथ राजा और रानी भी मुनिराज का उपदेश सुनने के लिये गये। राजा ने आचार्य के अप्रतिम सौन्दर्य और अगाध पाण्डित्य को देख आश्चर्य-चकित हो उनसे उनका वृत्तान्त पूछा।

आचार्य कहने लगे—वत्सदेश की कौशाम्बी नगरी में विजयसेन नामक राजा, जयशासन मन्त्री, सूर पुरोहित, पुरन्दर श्रेष्ठी, एव धन सार्थवाह, ये पाँचो मित्रतापूर्वक रहते थे। किसी समय सुधर्म नाम के आचार्य उस नगरी में पधारे। इन आचार्य के दर्शन के लिये ये पाँचो ही व्यक्ति गये और इन्होने वहाँ आचार्य का उपदेश सुना। आचार्य ने पाँच पापो का फल प्राप्त करनेवाले व्यक्तियों की कथाएँ सुनाई। हिंसा और

क्रोध के उदाहरण के लिए रामदेव नामक राजपुत्र की कथा, असत्य और मान के उदाहरणस्वरूप सुलक्षण नामक राजपुत्र की कथा, चोरी और कपट के उदाहरण में वसुदेव नामक वणिक् पुत्र की कथा, कुशील-सेवन और मोह के उदाहरण में वज्रसिंह राजकुमार की कथा एवं परिग्रह और लोभ के दृष्टान्त में कनकरथ राजपुत्र की कथा कही है। स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रियों के विपाक-वर्णन में उक्त पाँचो व्यक्तियों के पूर्वभव की कथाएँ बतलायी हैं। कथामय इस धर्मोपदेश को सुनकर वे पाँचो ही विरक्त हुए और सुधर्म स्वामी के सम्मुख दीक्षित हो गये। इन्होंने घोर तपश्चरण किया। फलत आयुक्षय के उपरान्त ये पाँचो सौधर्म स्वर्ग मे देव हुए थे और वहाँ से च्युत हो भरत क्षेत्र के विभिन्न स्थानो मे उत्पन्न हुए।

रसनेन्द्रिय विपाक-वर्णन मे जिस जयशासन मन्त्री की कथा कही गयी है, उसका जीव मलयदेश के कुशावर्तपुर मे राजा जयशेखर के यहाँ पुत्र हुआ और इसका नाम समरसेन रखा गया। यह समरसेन आखेट का बडा प्रेमी था। सदैव मृगयासक्त होकर प्राणिहिंसा मे प्रवृत्त रहता था। उसका पूर्वभव का मित्र सूर पुरोहित का जीव, जो देवगति मे विद्यमान था, आकार उसे सम्बोधित करता है। यह प्रतिबुद्ध हो धर्मनन्दन गुरु से दीक्षा ग्रहण करता है।

कथा का मूल नायक सिंहराज कौशाम्बी के विजयसेन राजा का जीव है और रानी लीलावती कपट और चोरी के उदाहरण मे वर्णित वणिक् पुत्र वसुदेव का जीव है। पूर्वभव के मित्रभाव को लक्ष्यकर जयशासन मन्त्री का जीव समरसेन सूरि इन्हे सम्बोधित करने आया है। सूरि के उपदेश मे प्रतिबुद्ध होकर सिंहराज और रानी लीलावती ये दोनो व्यक्ति भी दीक्षा धारण कर तपश्चरण करते है। अन्त मे ये सभी निर्वाण प्राप्त करते है। इस प्रकार दस व्यक्तियो के जन्म-जन्मान्तरो के कथाजाल से इसकी कथावस्तु गठित की गयी है।

इस धर्मकथा मे कथापन विद्यमान है। कौतूहल गुण सर्वत्र है। क्रोधी, मानी, मायावी और लोभी जीवो के स्वाभाविक चित्र उपस्थित किये गये हैं। प्रासगिक स्थलो को पर्याप्त रोचक बनाया गया है। कथा के मर्मस्थलो का उपयोग सिद्धान्तो के आद्यन्त निर्वाह के लिए किया गया है। नीरसता और एक रूपता से बचने के लिए कथाकार ने दृष्टान्त और उदाहरणो का अच्छा सकलन किया है।

इस कथाग्रन्थ की शैली और कथातन्त्र में कोई नवीनता नहीं है। पूर्ववर्ती आचार्यों के कथाजाल का अनुकरण किया है। यद्यपि उदाहरण कथाओ में आई हुई अधिकांश कथाएँ नवीन है। घटनाएँ सीधी सरल रेखा में चलती हैं। उनमें घुमाव या उस प्रकार के चमत्कार का अभाव है, जो पाठक के मर्मका स्पर्श कर उसे कुछ क्षणों के लिए सोचने का अवसर देता है। कुछ स्थानों में कथातत्त्व की अपेक्षा उपदेशतत्त्व ही प्रधान हो गया है। अतः साधारण पाठक को इसमें नीरसता की गन्ध आ सकती है।

कथाकोषप्रकरण

इस कृति के रचयिता जिनेश्वर सूरि है। ये नवीन युग संस्थापक माने जाते हैं। इन्होंने चैत्यवासियो के विरुद्ध आन्दोलन आरम्भ किया और त्यागी तथा गृहस्थ दोनो प्रकार के समूहो ने नये प्रकार के सगठन किये। चैत्यो की सम्पत्ति और सरक्षण के अधिकारी बने शिथिलाचारी यतियो को आचारप्रवण और भ्रमणशील बनाया। इस सत्य से कोई इकार नही कर सकता है कि ११ वी शताब्दी मे श्वेताम्बर सम्प्रदाय के यतियो मे नवीन स्फूर्ति और नयी चेतना उत्पन्न करने का कार्य प्रमुखरूप से जिनेश्वर सूरि ने किया है। जिनदत्त सूरि ने 'सुगुरुपारतन्त्र्यस्तव' मे जिनेश्वर सूरि के सम्बन्ध मे तीन गाथाएँ लिखी हैं[1]

पुरओ दुल्लहमहिवल्लहस्स अणहिल्लवाडए पयडं।
मुक्का वियारिऊणं सीहेणव दव्वलिंगिया॥

—सुगुरुपारतन्त्र्यस्तव गा० १०।

स्पष्ट है कि गुजरात के अणहिलवाड के राजा दुर्लभराज की सभा मे नामधारी आचार्यों के साथ जिनेश्वर सूरि ने वाद-विवाद कर, उनका पराजय किया और वहाँ वसतिवास की स्थापना की।

जिनेश्वर सूरि के भाई का नाम बुद्धिसागर था। ये मध्यदेश के निवासी और जाति के ब्राह्मण थे। इनके पिता का नाम कृष्ण था। इन दोनो भाइयो के मूल नाम क्रमश. श्रीधर और श्रीपति थे। ये दोनो भाई बडे प्रतिभाशाली और विद्वान् थे। ये धारा नगरी के सेठ लक्ष्मीपति की प्रेरणा से वर्द्धमान सूरि के शिष्य हुए थे। दीक्षा के उपरान्त श्रीधर का नाम जिनेश्वर सूरि और श्रीमति का नाम बुद्धिसागर रखा गया। जिनेश्वर सूरि ने जैनधर्म का खूब प्रचार और प्रसार किया। इसके द्वारा रचित निम्न पाँच ग्रन्थ हैं—

(१) प्रमालक्ष्म, (२) निर्वाणलीलावतीकथा, (३) षट्स्थानकप्रकरण (४) पञ्चलिङ्गीप्रकरण और (५) कथाकोषप्रकरण।

प्रस्तुत ग्रन्थ कथाकोषप्रकरण की रचना वि० स० ११०८ मार्गशीर्ष कृष्ण पञ्चमी रविवार को समाप्त हुई। कवि ने अपने गुरु वर्द्धमान सूरि का उल्लेख भी इस ग्रन्थ के अन्त में किया है।[2]

१. देखें—कथाकोषप्रकरण की प्रस्तावना पृ० ९६।
२. विक्कमनिवकालाओ ⋯ दिवसे परिसमत्त।

—प्रशस्तिगाथा।

परिचय समीक्षा—इस ग्रन्थ में मूल ३० गाथाएँ हैं, इन गाथाओ में जिन कथाओ का नाम निर्दिष्ट है, उनका विस्तार वृत्ति मे किया गया है। वृत्ति में मुख्य कथाएँ ३६ और अवान्तर कथाएँ ४-५ हैं। इन कथाओ में भी बहुत सी कथाएँ पुराने ग्रन्थों में भी मिलती हैं, पर इतनी बात अवश्य है कि वे कथाएँ नयी शैली मे नये ढंग से लिखी गयी हैं। इस कृति मे कुछ कल्पित कथाएँ भी पायी जाती है। लेखक ने स्वयं कहा है—

जिणसमयपसिद्धाइं पायं चरियाइं हंदि एयाइं।
भवियाणगुग्गहट्ठा काइं पि परिकप्पियाइं पि ॥
—क० को० गा० २६ पृ० १७९

अर्थात्—भव्य या भावुक जनों को सत् क्रिया मे प्रवृत्ति और असत् से निवृत्ति कराने के लिए कुछ पौराणिक चरितो को निबद्ध किया है, किन्तु कुछ कथानक परिकल्पित भी निबद्ध किये गये है।

आरम्भ की सात कथाओ मे जिनपूजा का फल, आठवी मे जिनस्तुति का फल, नौवी मे वैयावृत्त्य का फल, दसवी से पच्चीसवी तक दान का फल, आगे की तीन कथाओ मे जैनशासन की उन्नति का फल, दो कथाओ मे साधुओ के दोषोद्भावन के कुफल, एक कथा मे साधुओ के अपमान निवारण का फल, एक मे धर्मोत्साह की प्रेरणा का फल, एक मे धर्म के अनाधिकारी को धर्मदेशना का वैयर्थ्यसूचक फल एव एक कथा मे सद्देशना का महत्त्व बतलाया गया है।

इस कथाकोष की कुछ कथाएँ बहुत ही सरस और सुन्दर है। उदाहरणार्थ एकाध कथा उद्धृत की जाती है।

सिंहकुमार[1] नामका एक राजकुमार है, इसका सुकुमालिका नामक एक बहुत ही सुन्दर और चतुर राजकुमारी के साथ पाणिग्रहण हुआ है। दोनो मे प्रगाढ स्नेह है। राजकुमार बहुत ही धर्मात्मा है। वह एक दिन धर्माचार्य की वन्दना करने जाता है और अतिशय ज्ञानी समझ कर उनसे प्रश्न करता है—'प्रभो! मेरी पत्नी का मेरे ऊपर यो स्वाभाविक अनुराग है अथवा पूर्वजन्म का कोई विशेष बन्धन कारण है?' धर्माचार्य उसके पूर्वजन्म की कथा कहते है।

कौशम्बी नगरी मे मालिवाहन नाम का राजा था, इसकी महादेवी प्रियंवदा नाम की थी। इनके ज्येष्ठ पुत्र का नाम तोसली था। यह बडा रूपवान्, रतिविचक्षण एव युवराज पद पर आसीन था। इसी कौशाम्बी नगरी में धनदत्त सेठ अपनी नन्दा नामक भार्या और सुन्दरी नामक पुत्री सहित निवास करता था। सुन्दरी का विवाह उसी नगरी के निवासी सागरदत्त सेठ के पुत्र यशवर्द्धन के साथ सम्पन्न हुआ था। यह बहुत ही

---

१. कथाकोषप्रकरण पृ० ३६-५०

कुरूप था और सुन्दरी को बिल्कुल ही पसन्द नही था। सुन्दरी भीतर से उससे घृणा करती थी।

किसी समय यशवर्द्धन व्यापार के निमित्त परदेश जाने लगा। उसने अपनी पत्नी सुन्दरी को भी साथ ले जाने का आग्रह किया, पर अत्यन्त निर्विण्ण रहने के कारण सुन्दरी ने बहाना बनाकर कहा—"मेरा शरीर अस्वस्थ है, पेट मे शूल उठता है, निद्रा भी नहीं आती हैं, अत इस असमर्थ अवस्था मे आपके साथ मेरा चलना अनुचित है।"

जब सागरदत्त को यह बात मालूम हुई तो उसने अपने पुत्र को समझाया—"बेटा! जब बहू की जाने की इच्छा नही है तो उसे यही छोड़ जाना ज्यादा अच्छा है। यशवर्द्धन व्यापार के लिए चला गया और सागरदत्त ने सुन्दरी के रहने की व्यवस्था भवन की तीसरी मजिल पर कर दी। एक दिन वह दर्पण हाथ मे लिए हुए प्रासाद के झरोखे मे बैठकर अपने केश सँवार रही थी। इतने मे राजकुमार तोसली अपने कतिपय स्नेही मित्रो के साथ उसी रास्ते से निकला। दोनो की दृष्टि एक हुई। सुन्दरी को देखकर राजकुमार ने निम्न गाथा पढ़ी।

अणुरूवगुणं अणुरूवजोव्वण माणुसं न जस्सत्थि।
किं तेण जियं तेणं पि मामि नवरं मओ एसो॥ क० को० पृ० ४८।

अर्थात्—जिस स्त्री के अनुरूप गुण और अनुरूप यौवन वाला पुरुष नही है, उसके जीवित रहने से क्या लाभ? उसे तो मृतक ही समझना चाहिए।

सुन्दरी ने उत्तर दिया—

परिभुंजिउ न याणइ लच्छि पत्तं पि पुण्णपरिहीणो।
विक्कमरसा इ पुरिसा भुंजंति परेसु लच्छीओ॥ वही पृ० ४८।

पुण्य हीन व्यक्ति लक्ष्मी का उपभोग करना नही जानता। साहसी पुरुष ही पराई लक्ष्मी का उपयोग कर सकता है।

राजकुमार तोसली सुन्दरी का अभिप्राय समझ गया। वह एक दिन रात्रि के समय गवाक्ष में से चढकर उसके भवन मे पहुँचा और उसने पीछे से आकर उस सुन्दरी की आँखें बन्द कर ली। सुन्दरी ने कहा—

मम हिययं हरिऊणं गओसि रे किं न जाणिओ तं सि।
सच्चं अच्छिनिमोलणमिसेण अंधारयं कुणसि॥
ता बाहुलयापासं दलामि कंठम्मि अज्ज निब्भंतं।
सुमरसु य इट्ठदेवं पयडसु पुरिसत्तणं अहवा॥ वही पृ० ४८।

क्या नही जानता कि तू मेरे हृदय को चुराकर ले गया और अब मेरी आंखें मीचने के बहाने तू सचमुच अँधेरा कर रहा है। आज मैं अपने बाहुपाश को तेरे कठ में डाल रही हूँ। तू अपने इष्टदेव का स्मरण कर या फिर अपने पुरुषार्थ का प्रदर्शन कर।

सुन्दरी और कुमार तोसली बहुत दिनो तक आनन्दोपभोग करने के उपरान्त वे दोनों वहाँ से दूसरे नगर मे चले गये और पति-पत्नी के रूप मे दोनो रहने लगे। ये दोनो दम्पति दानी, मन्दकषायी और धर्मात्मा थे। इन्होने भक्ति-भावपूर्वक मुनियों को आहारदान दिया, जिसके पुण्य-प्रभाव के कारण ये दोनो जीव सिंहकुमार और सुकुमालिका के रूप में उत्पन्न हुए हैं।

इस कथाकोष की अन्य कथाएँ भी रोचक है। शालिभद्र की कथा मे श्रेष्ठी वैभव का बड़ा ही सुन्दर वर्णन आया है। अन्य कथाओ मे भी वस्तु चित्रण के अतिरिक्त मानवीय भावनाओ का सूक्ष्म विश्लेषण पाया जाता है। मूल कथावस्तु के आकर्षक वर्णनो के साथ प्रासगिक वर्णनो का आलेखन सजीव और प्रभावोत्पादक हुआ है। तत्कालीन सामाजिक नीतिरीति, आचार-व्यवहार, जन-स्वभाव, राजतन्त्र एव आर्थिक तथा धार्मिक सगठनो का सुन्दर चित्रण हुआ है। कर्म के त्रिकालाबाधित नियम की सर्वव्यापकता एव सर्वानुमेयता सिद्ध करने की दृष्टि से सभी कथाएँ लिखी गयी है। प्रत्येक प्राणी के वर्तमान जन्म की घटनाओ का कारण उसके पहले के जन्म का कृत्य है। इस प्रकार प्राणियों की जन्म परम्परा और उनके सुख-दुखादि अनुभवो का कार्यकारण-भाव बतलाना तथा उनके छुटकारा पाने के लिए व्रताचरण का पालन करना ही इन कथाओ का लक्ष्य है।

इस कथाकोष की कथाएँ प्राकृत गद्य मे लिखी गयी हैं। प्रसंगवश प्राकृत पद्यो के साथ सस्कृत और अपभ्रश के पद्य भी मिलते है। कथाओ की भाषा सरल और सुबोध है। व्यर्थ का शब्दाडम्बर और लम्बे-लम्बे समासो का अभाव हैं।

कथागठन की शैली प्राचीन परम्परा के अनुसार ही है। कथातन्त्र भी कर्मसंस्कारो के ताने-बानो से बना गया है। कथानको की कोड़े अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। लेखक ने चमत्कार और कौतूहल को बनाये रखने के लिए प्ररोचन शैली को अपनाया है। इन धार्मिक कथाओ मे भी शृगार और नीति का समावेश विपुल परिमाण मे हुआ है, जिससे कथाओ मे मनोरक गुण यथेष्टमात्रा में वर्तमान है।

टीकायुगीन प्राकृत कथाओ में जिस सक्षिप्त शैली को अपनाया गया था, उसी शैली का पूर्णतया परिमार्जन इन कथाओ मे पाया जाता है। लघु कथाओं में कथाकार ने लघुकथातत्त्वों का समावेश पूर्वरूप से किया है। वातावरणो के संयोजन में कथाकार ने अपूर्व कुशलता का प्रदर्शन किया है।

संवेग-रंगशाला

इस कथा-ग्रन्थ के रचयिता जिनेश्वरसूरि के शिष्य जिनचन्द्र है। इन्होने अपने लघु गुरुबन्धु अभयदेव की अभ्यर्थना से इस ग्रन्थ की रचना वि० स० ११२५ मे की है। नवागवृत्तिकार अभयदेव सूरि के शिष्य जिनवल्लभसूरि ने इसका सशोधन किया है। इस कृति मे सवेग भाव का प्रतिपादन किया है। इसमे शान्तरस पूर्णतया व्याप्त है।

परिचय और समीक्षा—सवेगभाव का निरूपण करने के लिये कृति मे अनेक कथाओ का गुम्फन हुआ है। मुख्यरूप से गौतमस्वामी महासेन राजर्षि की कथा कहते है। राजा ससार का त्याग कर मुनिदीक्षा धारण करना चाहता है। इस अवसर पर राजा और रानी के बीच सवाद होता है। रानी अपने तर्कों के द्वारा राजा को घर मे ही बाँधकर रखना चाहती है, वह तपश्चरण, उपसर्ग और परीषह का आतक दिखलाता है, पर राजा महासेन ससार बन्धन को तोड दीक्षा धारण कर लेता है।

लेखक ने आराधना के स्पष्टीकरण के लिए मधुराजा और सुकोशल मुनि के दृष्टान्त उपस्थित किये है। आराधना के स्वरूप विस्तार के लिए चार मूल द्वार बताये गये है। अनन्तर अर्हत्, लिग, शिक्षा, विनय, समाधि, मनोशिक्षा, अनियतविहार, राजा और परिणाम नाम के द्वारो को स्पष्ट करने के लिए क्रम से वकचूल, कूलवाल, मगु आचार्य, श्रेणिक, नमिराजा, वसुदत्त, स्थविरा, कुरुचन्द्र और वज्रमित्र के कथानक दिये गये है। जिनभवन, जिनबिम्ब, जिनपूजा और प्रौषधशाला आदि दस स्थानो का निरूपण किया गया है।

कथानको के रहने पर भी इस कृति मे दार्शनिक तथ्यो की बहुलता है। आचार और धर्म सम्बन्धी सिद्धान्तो का विवेचन लेखक ने खूब खुलकर किया है। यही कारण है कि इस कृति मे कथात्मक पारवेशो का प्राय. अभाव है। ऐसा मालूम होता है कि उपासना, आराधना, प्रभृति को सार्वजनीन बनाने के लिए लेखक ने कथानको को पौराणिक शैली मे अपनाया है। पात्रो के नाम और उनके कार्य तो बिल्कुल पौराणिक हैं ही, पर शैली भी टीका युगीन कथाओ के समान ही है। इतने बड़े ग्रन्थ मे प्राय कथाप्रवाह या घटनाओ मे तारतम्य नही आ पाया है। पात्रो के चरित्रो का विकास भी नहीं हुआ है। हाँ, पात्रो के विचार और मनोवृत्तियो का कई स्थलो पर सूक्ष्म विश्लेषण विद्यमान है।

उद्देश्य की दृष्टि से यह कृति पूर्णतया सफल है। लेखक ने सभी कथानको और पात्रो को एक ही उद्देश्य के डोरे मे बाध दिया है। सवेग की धारा सर्वत्र प्रवाहित दिखलायी पड़ती है। जिस प्रकार मिट्टी के बने कच्चे घड़े जल के छीटे पड़ते ही टूट जाते हैं, उसी प्रकार सवेग के श्रवण से सहृदयो के हृदय द्रवीभूत हो जाते हैं। संवेगरस

की प्राप्ति के अभाव में कायक्लेश सहन करना या श्रुताध्ययन करना निरर्थक है। लेखक ने सभी आख्यानो और दृष्टान्तो मे उक्त उद्देश्य की एकरूपता रखी है।

जीवन के अभाव, चारित्रिक दुर्बलताएँ एवं सासारिक कमियों का निर्देश कथा के माध्यम से नही हो पाया है। कथारस में भी तरलता ही पायी जाती है, गाढापन नही। सूच्य या साकेतिक रूप मे घटनाओ का न आना भी इसके कथारूप मे अरोचकता उत्पन्न करता है। इतना होने पर भी इस कृति मे जीवन के स्वस्थरूप का उद्घाटन पौराणिक पात्रो द्वारा बडे सुन्दर ढग से हुआ है। प्रत्येक द्वार के आख्यान अलग-अलग रहने पर भी सब एक सूत्र में पिराये हुए है।

कथाकोषप्रकरण की कथाओ की शैली बडी ही स्वच्छ है। लेखक ने पात्रो की भावनाओ का चित्रण बहुत ही स्पष्ट रूप मे किया है। यहाँ उदाहरण के लिए कनकमती की भावनाओ का विश्लेषण किया जाता है। विद्याधर ने कनकमती का अपहरण कर आकाश से उसे समुद्र मे गिरा दिया है। कनकमती समीपवर्त्ती कुलपति के आश्रम में जाकर वन में एकाकिनी विलाप करती है। कवि ने उसका चित्रण निम्न प्रकार किया है[1] —

"भयवईओ वणदेवयाओ, परिणीया केवलमह भत्तारेण, न य मए तस्स किंचि उवयरियं। तेण पुण मज्झ कए किं किं न कयं। पलोइओ य मए निच्चिं दिणाणि समुद्दतीरे, नोवलद्धो दइओ। ता तेण विरहियाए मह जीविएज न पओयण। तस्स सरीरे भलेज्जह त्ति भणिऊण विरइओ पासओ। समारूढा रुक्खे जाव अप्पाण मिल मुयइ ताव अहं हाहारव सद्दगब्भिण 'मा साहस मा साहस' भणमाणो धाविओ तयाभिमुह। सखुद्धा य एसा जाव पलोइओ अह, विलिया फेडिऊण पासआ उवविट्ठा तरुवरस्स हेट्ठओ। मए समीववत्तिणा होऊण आसासिया— 'पुत्ति, किं निमित्त तुम अप्पाण वावाएसि ? किं तुह भत्ता समुद्दमि केणइ पक्खितो जेण तस्स तीरं पलोइएसि ?' तओ तीए न किंचि जपियं। केवल मुत्ताहलसच्छहेहिं थूलेहिं असुविंदूहिं रोविउ पउत्ता। एय च रुयती पेच्छिऊण मह अईव करुणा सवुत्ता। "

स्पष्ट है कि लेखक ने कुलपति के द्वारा कनकमती की विरह-भावना को मूर्तिमान रूप दिया है।

लेखक जहाँ किसी नगरी या देश का चित्रण करता है वहाँ उसकी शैली बडी ही सरल हो जाती है। जैसे[2] .—

---

१. दे० पृ० १४५–१४६ (सिघी सीरीज ग्रन्थाङ्क २५)।

२ वही पृ० ३२.

"इहेव भारहे वासे साकेयं नाम नयरं। तत्थ वलो नाम राया, रई से देवी। तीसे धूया सूरसेणा नाम। रूवेण जोव्वणेण य उक्किट्ठा। सा दिण्णा कंचीए नयरीए सूरप्पहस्स रन्नो धणसिरीए देवीए पुत्तस्स तोसलिकुमारस्स नियभाइणिज्जस्स।"

नाणपंचमीकहा

इस कथा-ग्रन्थ के रचयिता महेश्वरसूरि है। महेश्वरसूरि नाम के आठ आचार्य प्रसिद्ध हैं[1]। ज्ञानपञ्चमी कथा के रचयिता महेश्वरसूरि के सम्बन्ध मे निम्न प्रशस्ति उपलब्ध है।

दोपक्खुज्जोयकरो दोसासंगेण वज्जिओ अमओ।
सिरिसज्जणउज्झाओ अउव्वचंदुव्व अक्खत्थो॥
सीसेण तस्स कहिया दस वि कहाणा इमे उ पंचमिए।
सूरिमहेसरएणं भवियाण–बोहणट्ठाए[2]॥

इससे स्पष्ट है कि महेश्वर सूरि सज्जन उपाध्याय के शिष्य थे। ज्ञानपञ्चमी कथा अथवा पञ्चमी माहात्म्य की पुरानी से पुरानी ताडपत्रीय प्रति वि० सं० ११०९ की उपलब्ध होती है[3]। अतः ज्ञानपञ्चमी का रचनाकाल वि० स० ११०९ से पहले हैं।

ज्ञानपञ्चमी कथा मे भविष्यदत्त का आख्यान आया है। इसी आख्यान को बीज मानकर धनपाल ने अपभ्रश मे 'भविसयत्तकहा' नामक एक सुन्दर कथा ग्रन्थ लिखा है, जो अपभ्रंश का महाकाव्य है। डॉ० याकोवी के अनुसार भविसयत्त कहा की रचना १० वी शती के बाद ही हुई होगी। डॉ० भायाणी ने स्वयम्भू के बाद और हेमचन्द्र के पहले धनपाल का समय माना है[4]। श्री गोपाणी जी ने लिखा है"—

'भविसयत्तकहा' ना रचनार धनपाल के विन्टरनित्झ, याकोवीने अनुसरी, दिगम्बर जैन श्रावक कहे छे, धर्कटवश एज उपकेश—ऊकेश वंश अने ऊकेश एटले ओसवालवंश एवुं पण कथन जोवामां आवे छे, सारांश ए के विक्रमनी अगीआरमी सदीमां के ते पहेला थई गमेला श्वेताम्बराचार्य श्रीमहेश्वरसूरि विरचित प्राकृत गाथामय पंचमी कथाना दसमा कथानक भविष्यदत्त उपरथी ईसवी सननी बारमी सदीमा थयेल मनाता धर्कटवंश वणिक् दिगंबर जैन धनपाले 'भविस्सयत्तकहा' अथवा 'सुयपंचमीकहा' अपभ्रंश भाषामा रची[5]।"

---

१. ज्ञानप० प्रस्तावना पृ० ८–९।
२. ज्ञानपं० १०/४९६-४९७ गा०।
३. ज्ञानपं० प्रस्तावना पृ० ७–८।
४. अपभ्रंश-साहित्य, हरिवश कोछड़ पृ० ९५।
५. ज्ञानपं० प्रस्तावना पृ० ३।

कथावस्तु और समीक्षा—इस कथाकृति में श्रुतपञ्चमी व्रत का माहात्म्य बतलाने के लिए दस कथाएँ संकलित हैं। कथाकार का विश्वास है कि इस व्रत के प्रभाव से सभी प्रकार की सुख-सामग्रियाँ प्राप्त होती हैं।

इसमें जयसेणकहा, नंदकहा, भद्दा-कहा, वीर-कहा, कमला-कहा, गुणाणुरागकहा, विमलकहा, धरणकहा, देवी-कहा एवं भविस्सयत्तकहा ये दस कथाएँ निबद्ध की गयी हैं। समस्त कृति में २८०४ गाथाएँ है। उक्त दस कथाओं में से 'भविस्सयत्तकहा' की संक्षिप्त कथावस्तु देकर इस कृति के कथास्वरूप को उपस्थित किया जाता है।

कुरुजांगल देश के गजपुर नगर में कौरव वंशीय भूपाल नाम का राजा राज्य करता था। इस नगर में वैभवशाली धनपाल नाम का व्यापारी रहता था, इसकी स्त्री का नाम कमलश्री था। इस दम्पत्ति के भविष्यदत्त नाम का पुत्र उत्पन्न हुआ। धनपाल सरूपा नामक एक सुन्दरी से विवाह कर लेता है और परिणामस्वरूप अपनी पहली पत्नी तथा पुत्र की उपेक्षा करने लगता है। धनपाल और सरूपा के पुत्र का नाम बन्धुदत्त रखा जाता है। बन्धुदत्त वयस्क होकर पाँच-सौ व्यापारियो के साथ कंचन द्वीप को निकल पडता है। इस काफिले को जाते देख भविष्यदत्त भी अपनी माँ से अनुमति ले, उनके साथ चल देता है। भविष्यदत्त को साथ जाते देख सरूपा अपने पुत्र से कहती है—"तह पुत्त ! करेज्ज तुमं भविस्सदत्तो जइ न एइ"[1]—पुत्र ऐसा करना जिससे भविष्यदत्त जीवित लौट कर न आवे। समुद्र यात्रा करते हुए ये लोग मैनाक द्वीप पहुँचते है और बन्धुदत्त धोखे से भविष्यदत्त को यही छोड आगे बढ जाता है। भविष्यदत्त इधर-उधर भटकता हुआ एक उजड़े हुए किन्तु समृद्ध नगर में पहुँचता है। वह एक जिनालय मे जाकर चन्द्रप्रभ भगवान् की पूजा करता है। जिनालय के द्वार पर दो गाथाएँ अंकित है, उन्हे पढ़कर उसे एक दिव्य सुन्दरी का पता लगता है। उस सुन्दरी का नाम भविष्यानुरूपा है। उसका विवाह भविष्यदत्त के साथ हो जाता है। जिस असुर ने इस नगर को उजाड़ दिया था, वह असुर भविष्यदत्त का पूर्वजन्म का मित्र था। अत भविष्यदत्त की सब प्रकार से सहायता करता है।

पुत्र के लौटने में बिलम्ब होने से कमलश्री उसके कल्याणार्थ श्रुतपञ्चमी व्रत का अनुष्ठान करती है। इधर भविष्यदत्त सपत्नीक प्रचुर सम्पत्ति के साथ घर लौटता है। मार्ग में उसकी बन्धुदत्त से पुनः भेंट हो जाती है, जो अपने साथियों के साथ व्यापार में असफल हो विपन्न दशा में था। भविष्यदत्त उसकी सहायता करता है। प्रस्थान के समय भविष्यदत्त पूजा करने जाता है, इसी बीच बन्धुदत्त उसकी पत्नी और प्रचुर धनराशि के साथ जहाज को रवाना कर देता है। बन्धुदत्त वहीं रह जाता है। मार्ग में जहाज तूफान में फँस जाता है, पर जिस किसी तरह बन्धुदत्त धनराशि के साथ

1. णाणपंचमी कहा १०।४८।

गजपुर पहुँच जाता है। वह भविष्यानुरूपा को अपनी भावी पत्नी घोषित करता है और निकट भविष्य में शीघ्र ही उसके विवाह की तिथि निश्चित हो जाती है। इधर भविष्यदत्त एक पक्ष की सहायता से गजपुर पहुँचता है। वह राजा भूपाल के दरबार में बन्धुदत्त की शिकायत करता है और प्रमाण उपस्थित कर अपनी सत्यता सिद्ध करता है। भविष्यानुरूपा भविष्यदत्त को मिल जाती है। राजा भविष्यदत्त से प्रसन्न हो जाता है और उसे आधा राज्य देकर अपनी कन्या सुतारा का विवाह भी उसके साथ कर देता है। भविष्यदत्त दोनों पत्नियों के साथ आनन्दपूर्वक समय यापन करता है। निर्मलबुद्धि मुनि से अपनी पूर्वभवावली सुनकर वह विरक्त हो जाता है और प्रव्रज्या धारण कर घोर तपश्चरण करता है। आयुक्षय कर सातवें स्वर्ग में हेमांगद देव होता है। कमलश्री और भविष्यानुरूपा भी मरण कर देव गति प्राप्त करती है। कथा में आगे की भवावली का भी वर्णन मिलता है।

अवशेष नौ कथाएँ भी ज्ञानपञ्चमी व्रत के माहात्म्य के दृष्टान्त के रूप में लिखी गई हैं। सभी कथाओं का आरम्भ, अन्त और शैली प्राय. एक सी है, जिससे कथाओं की सरसता क्षीण हो गयी है। एक बात अवश्य है कि लेखक ने बीच-बीच मे सूक्तियो, लोकोक्तियो एवं मर्मस्पर्शी गाथाओ की योजना कर कथाप्रवाह को पूर्णतया गतिशील-बनाया है। कथानको की योजना मे भी तर्कपूर्ण बुद्धि का उपयोग किया है। सत् और असत् प्रवृत्तियो वाले व्यक्तियो के चारित्रिक द्वन्द्वो को बड़े सुन्दर रूप मे उपस्थित किया है। भविष्यदत्त और बन्धुदत्त, कमलश्री और सरूपा दो विरोधी प्रवृत्तियो के पुरुष एव स्त्रियो के जोड़े है। कथाकार ने सरूपा मे सपत्नी सुलभ ईर्ष्या का और कमलश्री मे दया का सुन्दर चित्राङ्कन किया है।

प्रथम कथा मे नारी की भावनाओ, चेष्टाओ एव विचारो का अच्छा निरूपण हुआ है। कथातत्त्व की दृष्टि से भी यह कथा सुन्दर है। दूसरी नन्दकथा में नन्द का शील उत्कर्ष पाठको को मुग्ध किये बिना नही रहेगा। तीसरी भद्राकथा मे कथा के तत्त्व तो पाये जाते हैं, पर चरित्रो का विकास नही हो पाया है। इसमें कौतूहल और मनोरञ्जन दोनो तत्त्वो का समावेश है। वीर-कहा और कमला-कहा में कथानक रूढ़ियाँ प्रयुक्त हैं तथा आन्तरिक द्वन्द्वो का निरूपण भी किया गया है। गुणानुराग कहा एक आदर्श कथा है। नैतिक और आध्यात्मिक गुणो के प्रति आकृष्ट होना मानवता है। जिस व्यक्ति मे उदारता, दया, दाक्षिण्य आदि गुणो की कमी है, वह व्यक्ति मानव कोटि मे नही आता है। विमल और धरण कहाओ मे कथा का प्रवाह बहुत तीव्र है। लघु कथाएँ होने पर भी इनमें कथारस की न्यूनता नही है।

इस कथा-कृति की सभी कथाओ में अलौकिक सत्ताओ एव शक्तियो का महत्त्व प्रदर्शित किया गया है। इस कारण कथात्मक रोचकता के रहने पर भी मानव-सिद्ध

सहज सुलभता नहीं आ पायी है। इन समस्त कथाओ की अधिकाश घटनाएँ पुराणों के के पृष्ठो से ली गयी हैं। चरित्र, वार्तालाप और उद्देश्यो का गठन कथाकार ने अपने ढंग से किया है। 'भविस्सयत्तकहा' इन सभी कथाओ मे सुन्दर और मौलिक है। मानव के छल-कपट और रागद्वेषो के वितान के साथ इसमे मनुष्यता और उसकी सस्थाओं का विकास सुन्दर ढंग मे चित्रित किया गया है। इन कथाओ मे मानव जीवन के मध्याह्न की स्पष्टता चाहे न मिले, पर उसके भोर को धुँधलाहट अवश्य मिलेगी। काव्यात्मक कल्पनाएँ भी इस कृति में प्रचुर परिमाण मे विद्यमान हैं।

कवि ने इस कृति मे नीति और सूक्ति गाथाओ का सुन्दर समावेश किया है। यहाँ उदाहरणार्थ दो-एक नीति गाथाएँ उद्धृत की जाती है :—

वयणं कज्जविहूणं धम्मविहूणं च माणुसं जम्मं।
निरवच्चं च कलत्तं तिन्नि वि लोए ण अग्घंति ॥ १०।१९१

कार्यहीन वचन, धर्महीन मनुष्य जन्म और सन्तानहीन स्त्री ये तीनो ही लोक मे मान्य नही होते है।

नेहो बंधणमूलं नेहो लज्जाइनासओ पावो।
नेहो दोग्गइमूलं पइदियहं दुक्खओ नेहो ॥ ११७५

समस्त बंधन का कारण स्नेह है, स्नेहाधिक्य से ही लज्जा नष्ट हो जाती है, स्नेहातिरेक ही दुर्गति का मूल है और स्नेहाधीन होने से ही मनुष्य को प्रतिदिन दुःख प्राप्त होता है।

कहारयणकोष

देवभद्रसूरि या गुणचन्द्र की तीसरी रचना कथारत्नकोष है। वि० स० ११५८ मे भरुकच्छ (भडोच नगर के मुनिसुव्रत चैत्यालय में इस ग्रन्थ की रचना की गयी है। प्रशस्ति में बताया है—

वसुवाण रुद्दसंखे वच्चंते विक्कमाओ कालम्मि।
लिहिओ पढमम्मि य पोत्थयम्मि गणिअमलचंदेण ॥

—कथा० र० प्रशस्ति गा० ९।

इस कथारत्नकोष में कुल ५० कथाएँ हैं। इस ग्रन्थ में दो अधिकार हैं— धर्माधिकारि सामान्य गुणवर्णनाधिकार और विशेष गुणवर्णनाधिकार। प्रथम अधिकार में ३३ कथाएँ और द्वितीय में १७ कथाएँ हैं। सम्यक्त्व के महत्त्व के लिए नरवर्मनृप की कथा, शङ्कातिचार दोष के परिमार्जन के लिए मदनदत्त वणिक् की कथा, कांक्षातिचार परिमार्जन के लिए नागदत्त कथा, विचिकित्सातिचार के लिए गङ्गवसुमती की कथा, मूढदृष्टित्वातिचार के लिए शंखकथानक, उपबृंहातिचार के लिए रुद्राचार्यकथा, स्थिरीकरणा-

तिचार के लिए भवदेवराजर्षिकथा, वात्सल्य गुण के लिए धनसाधु कथा, प्रभावनातिचार के लिए अचल कथा, पञ्चनमस्कार के लिए श्रीदेवनृप कथा, जिनबिम्बप्रतिष्ठा के लिए महाराज पद्म की कथा, जिन पूजा के लिए प्रभकर कथा, देवद्रव्यरक्षण के लिए भ्रातृद्वय कथा, शास्त्रश्रवण के लिए श्रीगुप्तकथा, ज्ञानदान के लिए धनदत्त कथा, अभयदान का महत्त्व बतलाने के लिए जयराजर्षि कथा, यति को उपष्टम्भ देने के लिये सुजयराजर्षि कथा, कुगृहत्याग के लिये विलोमोपाख्यान, मध्यस्थगुण की चिन्ता के लिये अमरदत्त कथा, धर्मार्थिव्यतिरेक चिन्ता के लिये सुन्दर कथा, आलोचक पुरुषव्यतिरेक के लिये धर्मदेवकथा, उपायचिन्ता के लिये विजयदेव कथा, उपशान्त गुण की अभिव्यक्ति के लिये सुदत्ताख्यान, दक्षत्व गुण की अभिव्यक्ति के लिये सुरशेखरराजपुत्र कथा, दाक्षिण्यगुण की महत्ता के लिये भयदेव कथा, धैर्य गुण की चिन्ता के लिये महेन्द्रनृप कथा, गाम्भीर्यगुण की चिन्ता के लिये विजयाचार्य कथा, पञ्चेन्द्रियों की विषय बतलाने के लिये सुजस-सेठ और उसके पुत्र की कथा, पैशुन्य दोष के त्याग का महत्त्व बतलाने के लिये धनपाल-बालचन्द्र कथा, परोपकार का महत्त्व बतलाने के लिये भरतनृप कथा, विनयगुण की अभिव्यञ्जना के लिये सुलसाख्यान, अहिंसाणुव्रत के स्वरूप विवेचन के लिये यज्ञदेव कथा, सत्याणुव्रत के महत्त्व के लिये सागरकथा, अचौर्याणुव्रत के लिये परशुराम कथा, ब्रह्म-चर्याणुव्रत के लिये सुरप्रियकथा, परिग्रहपरिमाणुव्रत के लिये धरणकथा, दिग्व्रत के लिये भूति और स्कन्द की कथा, भोगोपभोगपरिमाणव्रत के लिये मेहश्रेष्ठि कथा, अनर्थ-दण्ड त्याग के लिए चित्रगुप्त कथा, सामायिक शिक्षा के लिये मेघरथ कथा, देशावकाश के लिये पवनञ्जय कथा, प्रोषधोपवास के लिये ब्रह्मदेव कथा, अतिथिसंविभागव्रत के लिये नरदेव चन्द्रदेव की कथा, द्वादशावर्त और वन्दना का फल दिखलाने के लिये शिवचन्द्रदेव कथा, प्रतिक्रमण के लिये सोमदेव कथा, कायोत्सर्ग का महत्त्व बतलाने के लिये शशिराज कथा, प्रत्याख्यान के लिये भानुदत्त कथा, एवं प्रव्रज्या के निमित्त उद्योग करने के लिये प्रभाचन्द्र की कथा आयी है।

इस कथा-ग्रन्थ की सभी कथाएँ रोचक हैं। उपवन, ऋतु, रात्रि, युद्ध, श्मशान, राजप्रासाद, नगर आदि के सरस वर्णनों के द्वारा कथाकार ने कथा प्रवाह को गतिशील बनाया है। जातिवाद का खण्डन कर मानवतावाद की प्रतिष्ठा इन सभी कथाओं में मिलती है। जीवन शोधन के लिए यह आवश्यक है कि व्यक्ति आदर्शवादी हो। इस कृति की समस्त कथाओं में एक ही उद्देश्य व्याप्त है। वह उद्देश्य है आदर्श गार्हस्थिक जीवन-यापन करना। इसी कारण शारीरिक सुखों की अपेक्षा आत्मिक सुखों को महत्त्व दिया गया है। भौतिकवाद के घेरे से निकालकर कथाकार पाठक को आध्यात्मिक क्षेत्र में ले जाता है। सम्यक्त्व, व्रत और संयम के शुष्क उपदेशों को कथा के माध्यम से पर्याप्त सरस बनाया है। धार्मिक कथाएँ होने पर भी सरसता गुण अक्षुण्ण है। कथा-नकों की क्रमबद्धता बहुत ही शिथिल है। टेकनिक भी पुरानी है। हाँ, धर्म-

कथाकार होने पर भी अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय देने में लेखक पूरा तत्पर है।

साहित्यिक महत्त्व की अपेक्षा इन कथाओ का सास्कृतिक महत्त्व अधिक है। जिस गुण या व्रत की महत्ता बतलाने के लिए जो कथा लिखी गयी है, उस गुण या व्रत का स्वरूप, प्रकार, उपयोगिता प्रभृति उस कथा मे निरूपित है। मुनि पुण्यविजयजी ने अपनी प्रस्तावना में इस ग्रन्थ की विशेषता बतलाते हुए लिखा है—

"बीजा कथाकोशग्रन्थोमा एकनी एक प्रचलित कथाओ संग्रहाएली होय छे त्यारे आ कथासंग्रहमां एक न थी; पण कोई-कोई आपवादिक कथाने बाद करीए तो लगभग बधीज कथाओ अपूर्व ज छे; जे बीजे स्थले भाग्येज जोवामां आवे आ बधी धर्मकथाओ ने नाना बालकोवी बाल-भाषामां उतारवामां आवे तो एक सारी जेवी बालकथानी श्रेणि तैयार थई शके तेम छे।"

इसकी कुछ कथाएँ अनेकार्थी हैं। इनमें रसो की अनेकरूपता और वृत्तियो की विभिन्नता विद्यमान है। नागदत्त के कथानक मे कुलदेवता की पूजा के वर्णन के साथ नागदत्त की कष्ट सहिष्णुता और कुलदेवता को प्रसन्न करने के निमित्त की गयी पाँच दिनो तक निराहार उपासना उस काल के रीति-रिवाजो पर ही प्रकाश नही डालती है, किन्तु नायक के चरित्र और वृत्तियो को भी प्रकट करती है। सुदत्त कथा मे गृहकलह का प्रतिपादन करते हुए गार्हस्थिक जीवन के चित्र उपस्थित किये गये हैं। कथानक इतना रोचक है कि पढ़ते समय पाठक की बिना किसी आयास के इसमें प्रवृत्ति होती है। सास, बहू, ननद और बच्चो के स्वाभाविक चित्रण में कथाकार ने पूरी कुशलता प्रदर्शित की है। सुजसश्रेष्ठि और उसके पुत्रो की कथा मे बालमनोविज्ञान के अनेक तत्त्व वर्तमान है। धनपाल और बालचन्द्र की कथा में वृद्धविलासिनी वेश्या का चरित्र बहुत सुन्दर चित्रित हुआ है।

यह ग्रन्थ गद्य-पद्य दोनो में लिखा गया है। पद्य की अपेक्षा गद्य का प्रयोग कम हुआ है। अपभ्रंश और संस्कृत के प्रयोग भी यत्र-तत्र उपलब्ध हैं। शैली मे प्रवाह गुण है।

नम्मयासुन्दरीकहा[1]

इस कथा के रचयिता महेन्द्रसूरि हैं और रचनाकाल वि० सं० ११८७ है। यह गद्य-पद्य मय है, किन्तु पद्यों की प्रधानता है। इसमें १११७ पद्य हैं और कुल ग्रन्थ का प्रमाण १७५० श्लोक है। इसमें महासती नर्मदा सुन्दरी के सतीत्व का निरूपण किया गया है।

१. सिंघीग्रन्थमाला से ग्रन्थांक ४८ मे प्रकाशित।

कथावस्तु—नायिका सुन्दरी का विवाह महेश्वरदत्त के साथ हुआ। महेश्वरदत्त नर्मदा सुन्दरी को साथ लेकर धन कमाने के लिए भवनद्वीप गया। मार्ग में अपनी पत्नी के चरित पर आशंका हो जाने के कारण उसने उसे सोते हुए वहीं छोड़ दिया। नर्मदा-सुन्दरी जब जागी तो अपने को अकेला पाकर विलाप करने लगी। कुछ समय पश्चात् उसे उसका चाचा वीरदास मिला और वह नर्मदा सुन्दरी को बब्बरकूल ले गया। यहाँ पर वेश्याओं का एक मोहल्ला था, जिसमें सात सौ वेश्याओं की स्वामिनी हरिणी नामक वेश्या रहती थी। सभी वेश्याएँ धनार्जन कर उसे देती थी और वह अपनी आमदनी का चतुर्थांश राजा को कर के रूप में देती थी। हरिणी को जब पता लगा कि जम्बूद्वीप का वीरदास नामक व्यापारी आया है, तो उसने अपनी दासी को भेजकर वीरदास को आमन्त्रित किया। वीरदास ने आठ सौ द्रम्म दासी के द्वारा भिजवा दिये, पर वह नहीं गया। हरिणी को यह बात बुरी लगी। दासियों की दृष्टि नर्मदासुन्दरी पर पड़ी और वे युक्ति से उसे भगाकर अपनी स्वामिनी के पास ले गयी। वीरदास ने नर्मदासुन्दरी की बहुत तलाश की, पर वह उसे न पा सका। इधर हरिणी नर्मदासुन्दरी को वेश्या बनने के लिए मजबूर करने लगी। कामुक पुरुषों द्वारा उसका शील भंग कराने की चेष्टा की गयी, पर वह अपने व्रत पर अटल रही।

करिणी नामक एक दूसरी वेश्या को नर्मदासुन्दरी पर दया आयी और उसे अपने यहाँ रसोई बनाने के कार्य के लिए नियुक्त कर दिया। हरिणी की मृत्यु के अनन्तर वेश्याओं ने मिलकर नर्मदासुन्दरी को प्रधान गणिका के पद पर प्रतिष्ठित किया। बब्बर के राजा को जब नर्मदासुन्दरी के अनुपम सौन्दर्य का पता लगा तो उसने उसे पकड़वाने के लिये अपने दण्डधारियों को भेजा। वह स्नान और वस्त्राभूषणों से अलंकृत हो शिविका में बैठकर राजा के यहाँ के लिए रवाना हुई। मार्ग में एक बावड़ी में पानी के लिए उतरी। वह जानबूझ कर एक गड्ढे में गिर गयी और उसने अपने शरीर से कीचड़ लपेट ली और पागलों का अभिनय करने लगी। राजा ने भूतबाधा समझ कर उपचार किया, पर उसे कोई लाभ न हुआ। नर्मदासुन्दरी हाथ में खप्पर लेकर पागलों के समान भिक्षाटन करने लगी। अन्त में उसे जिनदेव नामक श्रावक मिला। नर्मदासुन्दरी ने अपना समस्त आख्यान उससे कहा। धर्मबन्धु जिनदेव ने उसे वीरदास के पास पहुँचा दिया। नर्मदासुन्दरी को संसार से बहुत विरक्ति हुई और उसने सुहस्ति सूरि के चरणों में बैठकर श्रमणदीक्षा ग्रहण कर ली।

आलोचना—इस कथा में कथानक का उतार-चढ़ाव पूर्णतया पाया जाता है। नायिका के शीलव्रत की परीक्षा के अनेक अवसर आते हैं, पर वह अपने व्रत में अटल है। महेश्वरदत्त कापुरुष और शंकाशील व्यक्ति है। उसे अकारण ही अपनी पत्नी के आचरण

पर शंका उत्पन्न होती है। कवि ने कथावस्तु के गठन और चरित्र-चित्रण, इन दोनो में अपनी पूर्ण कुशलता प्रदर्शित की है। वार्तालाप बडे ही सजीव हैं।

कथातत्त्वों की अपेक्षा इसमें काव्यतत्त्व भी प्रचुर परिमाण में पाये जाते हैं। नर्मदासुन्दरी के रूप का वर्णन द्रष्टव्य है।

> छणचंदसमं वयणं तीसे जइ साहियो सुयणु तुज्झ।
> तो तक्कलंकपंको तम्मि समारोविओ होइ ॥ २०१ ॥
> संबुक्कसमं गीवं रेहातिगसंजुय त्ति जइ भणिमो।
> वंकत्तणेण सा दूसिय त्ति मन्नइ जणो सव्वो ॥ २०२ ॥
> करिकुंभविब्भमं जइ तीसे वच्छत्थलं च जंपामो।
> तो चम्मथोरयाफासफरुसया ठाविया होइ ॥ २०३ ॥
> विसहलकमलनालोवमाउ बाहाउ तीएँ जो कहइ।
> तो तिक्खकंट याहिट्ठियत्तदोसं पयासेइ ॥ २०४ ॥
> किंकिल्लिपल्लवेहिं तुल्ला करपल्लवि त्ति बितेहिं।
> नियमा निम्मलनहमणिमंडणयं होइ अंतरियं ॥ २०५ ॥

—यदि उसके मुख को चन्द्रमा के समान कहा जाय तो चन्द्रमा में कलक रहता है, अत. मुख पर भी कलक आरोप हो जायगा। यदि शख के समान उसकी गर्दन को कहा जाय तो शख वक्र होता है, अत. उसकी ग्रीवा में भी वक्रत्व आ जायगा। यदि उसके वक्षस्थल को करिकुम्भ के समान कहा जाय तो उसमें रूक्ष स्पर्श का दोष आ जायगा। उसकी बाहुओ को कमलनाल कहा जाय तो तीक्ष्ण कण्टक कमलनाल मे रहने से बाहुओ मे दोष आ जायगा। यदि हाथ की हथेलियो को अशोक-पल्लव कहा जाय तो भी उचित नही है। वस्तुतः नर्मदा सुन्दरी ससार की समस्त सुन्दर वस्तुओ के सारभाग से निर्मित हुई थी।

गद्य-भाग भी पर्याप्त प्रौढ है। कवि महेन्द्र सूरि ने ऋषिदत्ता की यौवनश्री का चित्रण करते हुए लिखा है :—

'इत्थंतरे रिसिदत्ता संपत्ता तरुणजणमणमयकोवणं जोव्वणं—जायाइं तसियकुरंगिलोअणसरिच्छाइं चंचलाइं लोयणाइं, पाउब्भूओ पओहरुग्गमो, खामीभूओ मज्झभागो पसाहिओ य तीहि बलयरेहाहि, समुट्ठिया य नाभिपउमस्स नालायमाणा रोमराई, पवित्थरियं नियंबफलयं, अलंकियाओ जंघाओ हंससगमणलीलाए। किं बहुणा? उक्कंठियाए व्व सव्वंगमालिंगिया एसा जोव्वणलच्छीए।'[1]

---

[1] नम्मयासुन्दरीकहा, सिंघीसीरिज, पृ० ३–४।

ऋषिदत्ता का युवकों के मन को क्षुब्ध करनेवाला यौवन आरम्भ हुआ। त्रस्त हरिणी के समान उसके चंचल नेत्र हो गये, पयोधर—स्तन उभड़ आये, कटिभाग क्षीण हो गया, उदर पर त्रिवली शोभित होने लगी, नाभि-कमल के चारों ओर रोमराजि सुशोभित होने लगी, नितम्ब विस्तृत हो गये और जंघाएँ हंसगमन लीला के योग्य सुशोभित हो गईं। अधिक क्या यौवन श्री ने उत्कंठापूर्वक उसके समस्त शरीर का आलिंगन किया।

नर्मदासुन्दरी तर्कपूर्वक वीतरागी देव की पूजा-अर्चा का समर्थन करती है। महेश्वरदत्त कहता है कि वीतरागी देव रुष्ट नहीं होते, अतः वे किसी को दण्ड नहीं दे सकते। वीतरागी का प्रसन्न होना भी सम्भव नहीं है, अतः वह आराधना करनेवाले को कुछ फल भी नहीं दे सकता है। इस स्थिति में वीतरागी की पूजा करने से क्या लाभ ? इस शंका का सयुक्तिक उत्तर देती हुई नर्मदा सुन्दरी कहती है कि मणि, मन्त्र, तन्त्र अचेतन हैं, फिर भी आराधक को भावना के अनुसार फल प्रदान करते हैं। जो विधिपूर्वक उनकी आराधना करता है, उसे इच्छित फल प्राप्त होता है और जो विधिपूर्वक अनुष्ठान नहीं करता, उसे अनिष्ट फल मिलता है। इसी प्रकार वीतरागी की उपासना से भी इष्ट फल प्राप्त हो जाता है :—

'तुम्ह संतिओ, वीयरागदेवो न रुट्ठो निग्गहसमत्थो, न तुट्ठो कस्स वि पसिज्जइ। ता किं तस्साराहणेण ? तो नम्मयासुंदरीए भणियं—'एए हासतो-ससावाणुग्गहप्पयाणभावा सव्वजणसामन्ना, ता देवाण जणस्स य को विसेसो ? जं च भणसि "सावाणुग्गहप्पयाणविगलस्स किमाराहणेण" ? तत्थ सुण। मणिमंताइणो अचेयणा वि विहिसेवगस्स समीहियफलदाइणो भवंति, अविहि-सेवगस्स अवयारकारिणो भवंति। एवं वीयरागा वि विहिअविहिसेवगाण कल्ला-णाकल्लाणकारणं संपज्जंति'। पुणो भणियं महेसरदत्तेण—'जइ न रूससि ता अन्नं पि किं पि पुच्छामि'। तीए भणियं—'पुच्छहि को धम्मवियारे रूसणस्सा-वगासो' ? इयरेण भणियं—'जइ तुम्ह देवो वीयरागो ता कीसन्हाइ कीसगंध-पुप्फाइनट्टगीयाइं वा पडिच्छइ'। तओ ईसि हसिऊण भणियं नम्मयाए— 'अहो निउणबुद्धीओ तुमं अओ चेव अरिहो सि धम्मवियारस्स, ता निसामेह परमत्थं। अरहंता भगवंतो मुत्तिपयं संपत्ता। न तेसिं मोगुवमोगेहिं पओयणं। जं पुण तप्पडिमाणं ण्हाणाइ कीरइ एस सव्वो वि ववहारो सुहभावनिमित्तं धम्मियजणेण कीरइ, तओ चेव सुहसंपत्ती भवइ त्ति'[1]।

वस्तुतः यह कथाकृति चम्पू शैली में निर्मित है। उत्सव, मंगलपाठ, यात्रा, प्रलाप, विरह-व्यथा, अरण्य, नगर प्रभृति का चित्रण काव्यरूप में किया गया है। नर्मदा सुन्दरी

१. वही, पृ० २३–२४।

के विवाहोत्सव का बहुत ही सुन्दर चित्रण किया है। इस अवसर पर घर-घर मे तोरण बाँधे गये थे, घर-घर में मगलवाद्य बज रहे थे, परमानन्द का प्रवाह सर्वत्र व्याप्त था। यथा—

तमायण्णिऊण[१] नम्मयासुंदरीए विवाहो त्ति हरिसिओ नयरलोगो। उब्भियाइं घरे-घरे तोरणाइं, ठाणे ठाणे पिणद्धाओ वंदणमालाओ, मंदिरे मंदिरे पवज्जियाइं मंगलतूराइं, पणच्चियाओ सुहवनारीओ, जाओ परमाणंदसमुद्दनिबुड्डो इव सुहियओ पुरिसवग्गो।

वज्जंततूरमणहरं, नच्चंतलोयसुहयरं,
पढंतभट्टचट्टयं, पए पए पयट्टयं,
पमोइयासेसमग्गणं, जणसंवाहविसट्टहारखडमडियघरंगणं;
कीरंतकोउयमंगलसोहणं, सयलपेच्छय जणमणमोहणं॥

कवि ने कथानक को सुन्दर ढग से सजाने मे कमनीय काव्यकला का विन्यास किया है। कथा को सरस बनाने के लिये बीच-बीच में सूक्तियो का प्रयोग भी किया गया है। उदाहरणार्थ दो-एक सूक्तियाँ उद्धृत की जाती है।

धनेश्वर चिन्तन करता है कि परदेश मे अधिक धनी बनने से भी क्या लाभ? क्योंकि धन का वास्तविक उद्देश्य तो स्वजनो का उपकार करना और दुष्टो को दण्ड देना है। जो व्यक्ति अपने धन द्वारा उक्त कार्य को सम्पन्न नही कर सकता है, उसके धनिक होने से निकट सम्पर्कियों को क्या लाभ है? यथा—

किं तीए लच्छीए नरस्स जा होइ अन्नदेसम्मि।
न कुणइ सुयणाण सुहं खलाण दुक्खं च नो कुणइ॥ ६९५॥

धनप्राप्ति के लिये मनुष्य परदेश मे नीच कर्म भी करता है, क्योकि वहाँ कोई उन देखनेवाला नहीं है। स्वजनो के मध्य नीच कार्य करने मे लज्जा का अनुभव होता है। मनुष्य परदेश में छोटे-बड़े सभी प्रकार के कार्य करके धनार्जन कर सकता है।—

उच्चं नीयं कम्मं कीरइ देसंतरे धणनिमित्त।
सहवड्ढियाण मज्झे लज्जिज्जइ नीयकम्मेण॥ ६९४॥

स्नेहपूर्वक किया गया है विवाह ही सफल होता है। जहाँ दम्पति में स्नेह भाव नहीं, वहाँ विवाह मे स्थायित्व नही आता है।—

नेहं विणा विवाहो आजम्मं कुणइ परिदाहं॥ ३९॥

इस प्रकार कथा की समस्त घटनाओ को लेखक ने सरस बनाने का पूरा प्रयास किया है।

---

१ नम्मयासुन्दरीकहा—सिंघी जैनग्रन्थमाला, भारतीय विद्याभवन, बम्बई वि० स० २०१६, पृ० २६

कुतूहल और जिज्ञासा गुण कथा में आद्योपान्त व्याप्त है। मनोरंजन तथा कथारस पर्याप्त मात्रा में वर्तमान है। एक अन्य नर्मदासुन्दरी कथा देवचन्द्र सूरि की भी है। यह भी पद्यबद्ध है।

कुमारपालप्रतिबोध[1] (कुमारवालवडिबोह)

चारित्रिक निष्ठा को जागृत करने के लिए सोमप्रभ सूरि ने इस कथा ग्रन्थ की रचना की है। सोमप्रभ का जन्म प्राग्वाट कुल के वैश्य परिवार में हुआ था। ये संस्कृत और प्राकृत के प्रकाण्ड पण्डित थे। आचार्य हेमचन्द्र के उपदेश से प्रभावित होकर चालुक्य वंशी राजा कुमारपाल ने जैनधर्म स्वीकार किया था। इस कथाग्रन्थ की रचना कुमारपाल की मृत्यु के ग्यारह वर्ष के पश्चात् की गयी है। रचनाकाल वि० सं० १२४१ (ई० सन् ११८४) माना जाता है। यह कथा ग्रन्थ महाराष्ट्री प्राकृत में लिखा गया है। बीच-बीच मे संस्कृत एवं अपभ्रंश के प्रयोग भी उपलब्ध हैं। इसके पाँच प्रस्तावों में से पाँचवाँ प्रस्ताव अपभ्रंश में है। इसमे कुल ५८ कथाएँ हैं।

अहिंसाव्रत के समर्थन के लिए अमरसिंह, दामन्नक, अभयसिंह और कुन्द की कथाएँ आयी हैं। इस ग्रन्थ में मूलत. वे शिक्षाएँ संग्रहीत हैं, जो समय-समय पर आचार्य हेमचन्द्र ने कुमारपाल को दी थी। श्रावक के बारह व्रतों और प्रत्येक व्रत के पाँच-पाँच अतिचारों का उपदेश संग्रहीत है। व्रतो का रहस्य अवगत कराने के लिए ही कथाएँ उदाहरण रूप मे लिखी गयी है। द्यूतक्रीडा का दोष दिखलाने के लिए नल कथा, परस्त्री सेवन का दोष बतलाने के लिए प्रद्योत कथा, वेश्या सेवन के दोष के लिए अशोक कथा, मद्यपान का दोष बतलाने के लिए द्वारिकादहन तथा यादवकथा, चोरी के दोष के लिये वरुणकथा, देवपूजा का माहात्म्य बतलाने के लिये देवपाल कथा, सोम-भीम कथा, पद्मोत्तर कथा और दीपशिख की कथाएँ आयी है। सुपात्रदान के लिये चन्दनबाला-कथा, धन्यककथा और कृतपुण्यकथा, शीलव्रत के महत्त्व को सूचित करने के लिये शीलवती कथा, मृगावती कथा, ताराकथा, जयसुन्दरी कथा और तापसी रुक्मिणी कथा, क्रोध का भयंकर परिणाम दिखलाने के लिए सिंह व्याघ्रकथा, मान का परिणाम बतलाने के लिए गोधन कथा, माया के लिये नागिनी कथा, लोभ के दुष्परिणाम के लिये सागर श्रेष्ठि कथा एवं द्वादशव्रतो के लिए द्वादश कथाएँ आयी हैं। अन्त में विक्रमादित्य, स्थूलभद्र, दशार्णभद्र कथाएँ भी निबद्ध हैं।

यद्यपि इन कथाओ का सम्बन्ध मूलकथा – कुमारपाल सम्बोध के साथ जुड़ा हुआ है, तो भी ये स्वतन्त्र हैं। इन कथाओ में सभी प्रकार के पात्र आये हैं और उन पात्रो का चरित्र भी स्पष्ट अंकित हुआ है। उपदेश तत्त्व की प्रधानता रहने के कारण चारी-

---

१. सन् १९२० में गायकवाड़ ओरियण्टल सीरिज, बड़ौदा से प्रकाशित।

रिक, मानसिक और आध्यात्मिक वातावरण में जनसमुदाय की चेतना के बीच क्या सम्बन्ध है, दोनो के पारस्परिक सम्पर्क से कौन-कौन सी क्रियाएँ और प्रतिक्रियाएँ उत्पन्न होती हैं, इसकी सजीव उपलब्धि नही है, पर कथानको का चयन आत्मनिष्ठा की आन्तरिक गहराई में प्रविष्ट हो चेतना की आवेगमयी तरलता के रूप में किया गया है। मनुष्य के भीतर भाव और विचारो का जो भावात्मक प्रवाह चला करता है, उसे भाषा में बाँधने की पूरी चेष्टा की गयी है। आत्मनिष्ठ जटिल-भावो को अत्यधिक निवृत्ति और मानसिक संवेदनाओ के विस्तृत विवरण रहने के कारण जीवन के उन्नायक तत्त्वो की कमी है, जिससे आन्तरिक चेतना का प्रवाह चरमलक्ष्य की ओर नही बढ़ सका है।

चरित्रो की विविधता भी पाठक को एक बिन्दु पर नही ठहरने देती है, फिर भी नैतिक उत्थान एव चरित्र परिमार्जन के लिए किया गया प्रयास प्रशसनीय है। भाग्य की प्रबलता और कर्म की दुर्निवार्यता की अभिव्यक्ति के लिये व्रतो के अनुष्ठानो का निरूपण किया गया है। धर्म को जीवन का अभिन्न अग बतलाने के लिए तथा जीवन में धार्मिक कृत्यो एव विधि-विधानो को महत्त्वपूर्ण सिद्ध करने के लिए मूलदेव, अमरसिंह लक्ष्मी और कूलवाल की कथाएँ विशुद्ध लोककथाएँ कही जा सकती हैं।

इस कथा ग्रन्थ में शीलवती की बहुत सुन्दर कथा आयी है। बताया गया है कि यह अजितसेन की पत्नी थी। एक दिन आधीरात के समय घडा लेकर अपने घर के बाहर गयी और बहुत बिलम्ब के बाद लौटी। उसके श्वसुर को जब इस बात का पता लगा तो उसे शीलवती के चरित्र पर आशङ्का हुई और उसने विचार किया कि दुश्चरित्र बहू को घर मे रखना ठीक नही है। अत: वह बहू को रथ मे बैठाकर उसके नैहर पहुँचाने के लिये चल दिया। मार्ग में एक नदी आयी। शीलवती के श्वसुर ने अपनी पतोहू से कहा—'तुम जूते उतार कर नदी पार करो', किन्तु उसने जूते नही उतारे। श्वसुर ने सोचा बहू बडी अविनीता है। आगे चलने पर मूंग का एक खेत मिला। श्वसुर ने कहा—"देखो यह खेत कितना अच्छा फल रहा है। खेत का मालिक इस धन का उपयोग करेगा।" शीलवती ने उत्तर दिया—"बात ठीक है, पर यह यदि खाया न जाय तो।" श्वसुर सोचने लगा कि बहू उट-पटांग बातें करती है। आगे चलकर वे एक नगर में पहुँचे। वहाँ के लोगो को आनन्दमग्न देखकर श्वसुर ने कहा—"यह नगर कितना सुन्दर है।" शीलवती ने उत्तर दिया—'ठीक है. पर कोई इसे उजाड़ न दे तो।" कुछ दूर और आगे चलने पर उन्हें एक कुलपुत्र मिला। श्वसुर ने कहा—"यह कितना शूरवीर है।" शीलवती ने उत्तर दिया, "यदि पीटा न जाय तो।" कुछ दूर और आगे चलने के अनन्तर शीलवती का श्वसुर एक वटवृक्ष के नीचे विश्राम करने बैठ गया। शीलवती दूर ही बैठी रही। श्वसुर ने विचार किया कि यह सदा

उलटा ही काम करती है। थोड़ी दूर और चलने के पश्चात् वे लोग एक गाँव में पहुँचे। इस गाँव में शीलवती के मामा ने उसके श्वसुर को बुलाया। भोजन करने के पश्चात् उसका श्वसुर रथ के अन्दर लेट गया और शीलवती रथ की छाया मे बैठा गयी। इसी समय बबूल के पेड पर बैठे हुए एक कौवे ने काँव-काँव की आवाज की। उसकी इस आवाज का सुनकर शीलवती ने कहा—

"अरे तू थकता क्यो नही। एक बार पक्षियो की बोली सुनकर कार्य करने से तो मुझे घर से निकाला जा रहा है, अब क्या दुबारा तुम्हारी बोली को सुनकर आचरण करूँ? आधी रात के समय गीदड का शब्द सुनकर मुझे पता चला कि एक मुर्दा पानी मे बहा जा रहा है और उसके शरीर पर बहुमूल्य आभूषण है। मै शीघ्र ही घडा लेकर नदी पर पहुची और मुर्दे के शरीर से आभूषण उतारकर अपने पास रख लिये। इस प्रकार एक बार पशु-पक्षियो की बोली के अनुसार कार्य करने से तो यह विपत्ति आयी। अब तुम कौवे कह रहे हो कि इस बबूल के वृक्ष की जड मे बहुत सा सुवर्ण गडा हुआ है। क्या इसे लेकर और दूसरी विपत्ति मोल लूँ।"

शीलवती का श्वसुर इन समस्त बातो को सुन रहा था, वह मन ही मन बहुत प्रसन्न हुआ। उसने बबूल के पेड के नीचे से गडा हुआ धन निकाल लिया। वह पुत्रबधू की प्रशसा करने लगा और उसे रथ मे बैठाकर वापस ले आया। मार्ग मे उसने शील-वती से पूछा 'तुम बड की छाया मे क्यो नही बैठी ?' शीलवती ने उत्तर दिया—"वृक्ष की जड मे सर्प का भय रहता है और ऊपर से पक्षी बीट करते है, अतः दूर बैठना ही बुद्धिमत्ता है। अनन्तर श्वसुर ने कुलपुत्र के सम्बन्ध मे पूछा। शीलवती ने उत्तर दिया—"शूरवीर मार खाते है और पीटे जाते है, पर वास्तविक शूर वही है, जो पहले प्रहार करता है।" नगर के सम्बन्ध मे उसने बताया कि जिस नगर के लोग आगन्तुको का स्वागत नही करते, उसे नगर नही कहा जाता।" नदी के सम्बन्ध मे उसने उत्तर दिया—"नदी में जीव-जन्तु और काँटो का डर रहता है, अतः नदी पार करते समय मैंने जूते नही उतारे।"

शीलवती की उपर्युक्त बातो से उसका श्वसुर बहुत प्रसन्न हुआ और उसने उसे घर की स्वामिनी बना दिया।

इस कथा ग्रन्थ की समस्त कथाओ में निम्न गुण वर्तमान हैं—

१ जिज्ञासा और कौतूहल का निर्वाह।
२ सुन्दर और सरस सवादो की योजना।
३. लघुकथानको के बीच आदर्श चरितो की स्थापना।
४ उपदेशो के रहने से कथा रस की कमी, पर सास्कृतिक सामग्री की प्रचुरता।
५. लोककथानको में धार्मिक व्रतो का महत्त्व योजित कर उनका नये रूप में प्रस्तुतीकरण।

६. गद्य-पद्य का प्रयोग तथा पद्यों में नीति एवं उपदेशों का समावेश।

इस ग्रन्थ की शैली का उदाहरण निम्नलिखित है :—

जओ-सयल-कला-सिरोमणि-भूयं सउण रुयं अहं सुणोमि। तओ अइक्कंत-दिण-रयणीए सिवाए वासंतीए साहियं, जहा-नईए पूरेण वुब्भमाण मडयं कड्ढिऊण सयं आहरणाणि गिण्हसु। मम भक्खं तं खिवसु। इमं सोऊण गयाहं घेत्तूण घडगं। तं हियए दाऊण पविट्ठा नई। कड्ढियं मडय। गहियाणि आह-रणाणि। खित्तं सिवं सिवाए। आगया अहं गिहं। आभरणाणि घडए खिविऊण निखियाणि खोणीए एवं एक्क-दुन्नयस्स पभावेण पत्ता एत्तियं भूमि।

—कुमारपाल प्रतिबोध (तृतीय प्रस्ताव)
शीलवतीकथा

आख्यानमणिकोश

धर्म के विभिन्न अंगो को हृदयङ्गम कराने के लिए उपदेशप्रद लघु कथाओ का सक-लन इस ग्रथ मे किया गया है। इसके रचयिता नेमिचन्द्र सूरि है। आम्रदेव सूरि ने (ई० ११३४) मे इस ग्रन्थ पर टीका लिखी है। यह टीका भी प्राकृत पद्य मे है तथा मूल ग्रन्थ भी पद्यो मे रचित है। टीका मे यत्र तत्र सस्कृत पद्य एव प्राकृत गद्य भी वर्तमान है।

इसमें ४१ अधिकार और १४६ आख्यान है। बुद्धिकौशल को बताने के लिए चतुर्विध बुद्धि-वर्णन अधिकार मे भरत, नैमित्तिक और अभय के आख्यानो का वर्णन है। दान स्वरूप वर्णन अधिकार मे धन, कृतपुण्य, द्रोण, शालिभद्र, चक्रधर, चन्दना, मूलदेव और नागश्री ब्राह्मणी के आख्यान है। शीलमाहात्म्यवर्णन अधिकार मे सीता, रोहिणी, सुभद्रा एव दमयन्ती की कथाएँ आई है। तप का महत्व और कष्टसहिष्णुता का उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए तपोमाहात्म्यवर्णन अधिकार मे वीरचरित, विशल्या, शौर्य और रुक्मिणीमधु के आख्यान वर्णित है। विशुद्ध भावना रखने से वैयक्तिक जीवन में कितनी सफलता मिलती है तथा व्यक्ति सहज मे आत्मशोधन करता हुआ लौकिक और पार-लौकिक सुखो को प्राप्त करता है। सद्गति के बन्ध का कारण भी भावना ही है। इसी कारण भावना विशुद्धि पर अधिक बल दिया गया है। भावना विशुद्धि के तथ्य की अभिव्यञ्जना करने के लिए भावनास्वरूपवर्णन अधिकार मे द्रमक, भरत और इलापुत्र के आख्यान संकलित है। सम्यक्त्ववर्णन अधिकार मे सुलसा तथा जिनबिम्ब दर्शनफलाधि-कार में सेज्जभव और आर्द्रककुमार के आख्यान है। यह सत्य है कि श्रद्धा के सम्यक् हुए बिना जीवन की भव्य इमारत खड़ी नही की जा सकती है। जिस प्रकार नीव की ईंट के टेढ़ी रहने से समस्त दीवाल भी टेढ़ी हो जाती है अथवा नीचे के वतन के उलटा

रहने से ऊपर के वर्तन को भी उलटा ही रखना पड़ता है; इसी तरह श्रद्धा के मिथ्या रहने से ज्ञान और चरित्र भी मिथ्या ही रहते है। सुलसा-आख्यान जीवन में श्रद्धा का महत्त्व बतलाता है और साथ ही प्राणी किस प्रकार सम्यक्त्व को प्राप्त कर अपनी उन्नति करता है, का आदर्श भी उपस्थित करता है। जिनपूजा फलवर्णनाधिकार में दीपकशिखा, नवपुष्पक और पद्मोत्तर तथा जिनवन्दनफलाधिकार में वकुल और सेदुवक तथा साधु-वन्दन फलाधिकार में हरि की कथाएँ है। इन कथाओ मे धर्मतत्त्वो के साथ लोक कथा-तत्त्व भी पर्याप्त मात्रा में विद्यमान हैं। सामायिकफलवर्णनाधिकार मे सम्राट् सम्प्रति एव जिनागमश्रवणफलाधिकार म चिलातीपुत्र और रोहिणेय नामक चोरो के आख्यान हैं। इन आख्यानो द्वारा लेखक ने जीवनदर्शन का सुन्दर विश्लेषण किया है। चोरी का नीच कृत्य करनेवाला व्यक्ति भी अच्छी बातो के श्रवण से अपने जीवन में परिवर्तन ले आता है और वह अपने परिवर्तित जीवन मे नाना प्रकार के सुख प्राप्त करता है। आगम के वाचन और श्रवण दोनो ही मे अपूर्व चमत्कार है। नमस्कारपरावर्त्तन फलाधिकार मे गाय, भैंस और सर्प के आख्यानो के साथ सोमप्रभ एव सुदर्शन के भी आख्यान आये हैं। इन आख्यानो मे जीवनोत्थान की पर्याप्त सामग्री है।

स्वाध्यायाधिकार मे यव और नियमविधान फलाधिकार में दामन्नक, ब्राह्मणी, चण्डचूडा, गिरिडुम्ब एव राजहस के आख्यान है। मिथ्यादुष्कृतदानफलाधिकार में क्षपक, चण्डरुद्र और प्रसन्नचन्द्र एव विनयफलवर्णनाधिकार मे चित्रप्रिय और वनवासि यक्ष के आख्यान है। प्रवचनोन्नति अधिकार मे विष्णुकुमार, वैरस्वामी, सिद्धसेन, मल्लवादी समित और आर्यखपुट नामक आख्यान है। जिनधर्माराधनोपदेशाधिकार में योत्करमित्र, नरजन्मरक्षाधिकार मे वणिक्पुत्रत्रय तथा उत्तमजनसंसर्गिगुणवर्णनाधिकार में प्रभाकर, वरशुक और कम्बल-सबल के आख्यान है। इन आख्यानो में ऐतिहासिक तथ्यो का सक-लन भी किया गया है। रोचकता के साथ भारतीय सस्कृति के अनेक तत्त्वो का समावेश किया गया है।

इस कथाकोश मे निम्न विशेषताएँ हैं—

१. प्रायः सभी कथाएँ वर्णन प्रधान हैं। लेखक ने वर्णनो को रोचक बनाने की चेष्टा नही की है।

२. सभी कथाओं में लक्ष्य की एकतानता विद्यमान है।

३. आख्यानो में कारण, कार्य, परिणाम अथवा आरम्भ, उत्कर्ष और अन्त उतने विशद रूप में उपस्थित नही किये गये हैं, जितने लघु आख्यानों में उपस्थित होने चाहिए। पर आदर्श प्रस्तुत करने का लक्ष्य रहने के कारण कथानकों में कार्य-कारण परिणाम की पूरी दौड पायी जाती है।

४. कथानक सिद्धरूप में किसी एक भाव, मनःस्थिति और घटना का स्वरूप चित्र-वत् उपस्थित करते हैं। चण्डचूड का आख्यान मानव स्वभाव पर प्रकाश डालता है।

उपकोशा और तपस्वी के आख्यान में मानसिक द्वन्द्व पूर्णतया वर्तमान है। इन्द्रियवश-वर्तित्व को छोड़ देने से ही व्यक्ति सुखशान्ति प्राप्त कर सकता है। जीवन का उद्देश्य आत्मशोधन के साथ सेवा एव परोपकार करना है।

५ प्राचीन पद्धति पर लिखे गये इन आख्यानों में मानव-जीवन सम्बन्धी गहरे अनुभवो की चमत्कारपूर्ण अभिव्यक्ति हुई है। सभी कोटि के पात्र जीवन के गहरे अनुभवो को लिये हुए हैं। आदर्श और यथार्थ जीवन का वैविध्य भी निरूपित है।

६ कतिपय आख्यानो मे घटनाओ की सूचीमात्र है, किन्तु कुछ आख्यानो मे लेखक के व्यक्तित्व की छाप है। व्यसनशतजनकयुवतो अविश्वासवर्णनाधिकार में दत्तकदुहिता का आख्यान और इसी प्रकरण में आया हुआ भावट्टिका का आख्यान बहुत ही रोचक है। इन दोनो आख्यानो मे कार्य व्यापार को सुन्दर सृष्टि हुई है। परीकथा के सभी तत्त्व इनमें विद्यमान है। लेखक ने विविध मनोभावो का गम्भीरता पूर्वक निरूपण किया है। स्त्री स्वभाव का मर्मस्पर्शी वर्णन किया गया है।

७ धार्मिक, नैतिक और आध्यात्मिक नियमो की अभिव्यञ्जना कथानक के परिधान में की गयी है। वणिक्पुत्री, नाविकनन्दा और गुणमती के आख्यानो मे मानसिक तृप्ति के पर्याप्त साधन हैं।

८. भारतीय पौराणिक और लोक प्रचलित आख्यानो को जैनधर्म का परिधान पहन कर नये रूप मे उपस्थित किया गया है। इससे कथारस मे न्यूनता आ गयी है।

९. चरित्रो के वैविध्य के मध्य अर्ध ऐतिहासिक तथ्यो की योजना की गयी है। घटनाओ को रोचक और कुतूहलवर्धक बनाया गया है। 'हत्थत्थककणाण कि कज्ज दप्पणेणऽहवा (हाथ कंगन को आरसी क्या) और 'कि छालोए मुहे कुभड माइ' (क्या बकरी के मुँह में कुम्हड़ा समा सकता है) जैसे मुहावरो के प्रयोग द्वारा रोचकता उत्पन्न की गयी है।

१०. विषय वैविध्य की दृष्टि से यह कोश प्राकृत कथाओ मे सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इसमें जीवन और जगत् से सम्बद्ध सभी प्रकार के तथ्यो पर प्रकाश डाला गया है।

काव्यकला की दृष्टि से भी यह कथाकोष उत्तम है। अभय आख्यान मे राजगृह नगरी का काव्यात्मक वर्णन करता हुआ कवि कहता है—

दाहिणभरहद्धरसारमणीवयणे विसेसयसमाण।
सिरिरायगिह नयरं नयरंजियजणवयं आसि ॥ १ ॥
नीहारधराधरसिहरसरिसउत्तुगपवरपायारो ।
सहसकररहतुरंगमगमणक्खलणं जणइ जत्थ ॥ २ ॥
पायारतलपरिट्ठियपरिहासं कंततारयुक्केरो।
जत्थ रयणीसु रेहइ निम्मलमुत्ताहलभरो व्व ॥ ३ ॥

गयभासियं पि विगयं रायविहूणं विसिट्ठरायं पि ।
हयमइसामंतं पि हु पसिद्धसामंतमइरम्मं ।। ४ ।।
देवउलधवलमाला निम्मलकलहोयकलसकयसोहा ।
सारयजलहरसिहरावलि व्व तडिसंजुया जत्थ ।। ५ ।।
उन्नयपओहरभरो खणरुइरुइरो कलाविकयसोहो ।
जत्थ विलासिणिविसरो पाउससोहं समुव्वहइ ।। ६ ।।
वरचित्तरयणजुत्तो सुजाणवत्तो सुहारसहिओ य ।
गुरुकमलासियहियओ नयरजणो जत्थ जलहि व्व ।। ७ ।।
फलिहसिलामलकुट्टिमतलेसु पडिमागयाओ रमणीओ ।
पायालपुरंधीओ व्व जम्मि दीसंति लोएण ।। ८ ।।

—आ० म० पृ० ९

उपर्युक्त गाथाओ में उत्तु ग प्राकार, परिखा, भवन, सरोवर एव दीवालो का काव्यमय चित्रण किया गया है ।

इस नगरी में राज्य करनेवाले महाराज प्रश्रेणिक की वीरता का सजीव चित्रण करते हुए कहा है —

जस्स रिउरमणिमाणसमज्झे पजलियपयावदवजलणो ।
लक्खिज्जइ दीहर-उण्हसासधूमण्हवाहेहिं ।। ११ ।।
जस्स जयलच्छिलालसमणस्स अवमाणमसहमाण व्व ।
धोयकलहोयकता कित्ती वच्चइ दिसिमुहेसु ।। १२ ।।
जस्स तुरंगखुररवणियखोणिउड्डीणरेणुपूरेण ।
अंधारितो दिसिमुहसमेयबंभंड खंडउड ।। १३ ।।
झलकतकुंतविरइय विज्जुज्जोयप्पयासियदिसोहो ।
गंभीरसिंधुरघडागलगज्जियभरियभुवणयलो ।। १४ ।।
चलचवलधवलधयवडबलायपतिप्पहासियदियतो ।
सामंतमउडमणिकिरणफुरणकोदडडंबरिओ ।। १५ ।। वही पृ० ९

इस कोश मे आर्या या गाथा के अतिरिक्त उपेन्द्रवज्रा छन्द भी प्रयुक्त है । वृत्तिकार ने सस्कृत, प्राकृत और अपभ्रश को त्रिवेणी प्रवाहित की है । ऋतु, नगर, पर्वत, युद्ध, जन्मोत्सव, समुद्र, स्कन्धावार, श्मशान के वर्णनो मे अलकारो की सुन्दर योजना की गयी है । सूक्तियो का प्रयोग भी पाया जाता है ।

किर कस्स थिरा लच्छी, कस्स जए सासयं पिए पेम्मं ।
कस्स व निच्चं जीयं, भण को व ण खंडिओ विहिणा ।।

पृ० २०९, गा० ५५२

छिज्जउ सीसं अह होउ बंधणं, वयउ सव्वहा लच्छी।
पडिवन्नपालणे सुपुरिसाण जं होइ तं होउ॥

—पृ० १९६ गा० १०२

× × ×

जाई रूवं विज्जा तिन्नि वि निवडंतु गिरिगुहाविवरे।
अत्थो च्चिय परिवड्ढउ जेण गुणा पायडा हुंति॥

—पृ० २२२ गा० २१

जिनदत्ताख्यान

इस कथा कृति के रचयिता आचार्य सुमति सूरि है। यह पाडिच्छय गच्छीय आचार्य सर्वदेव सूरि के शिष्य थे। यह सुमतिसूरि दशवैकालिक के टीकाकार से भिन्न है। ग्रन्थ-कर्त्ता के समय के सम्बन्ध में निश्चितरूप से कुछ नही कहा जा सकता है, पर प्राप्त हुई हस्तलिखित प्रति वि० स० १२४६ की लिखी हुई है। अत यह निश्चित है कि इस ग्रन्थ की रचना इससे पहले हुई है।

जिनदत्ताख्यान नाम की एक अन्य कृति भी किसी अज्ञातनामा आचार्य की मिलती है। इसकी पुष्पिका में "वि० सवत् ११८६ अद्येह श्रीचित्रकूटे लिखितेय मणिभद्रेण यतिना यतिहेतवे साधवे वरनागाय। स्वस्य च श्रेयकारणम्। मङ्गलमस्तु वाचकजनानाम्।"

यह एक सरस कथा ग्रन्थ है। इसमे जीवन के हर्ष और शोक, शील और दुर्बलता, कुरूपता और सुरूपता इन सभी पक्षो का उद्घाटन किया गया है। लेखक ने विषयासक्त मानव को जीवन के सात्त्विक धरातल पर लाने के लिए ही इस आख्यान को लिखा है। जीवन की जटिलता, विषमता और विविधता का लेखा-जोखा धार्मिक वातावरण मे ही उपस्थित किया है। साधु परिचर्या या मुनि-आहारदान से व्यक्ति अपनी कितनी शुद्धि कर सकता है, यह इस आख्यान से स्पष्ट है। जीवन शोधन के लिए व्यक्ति को किसी सबल की आवश्यकता होती है। अत आख्यानकार ने इस सीधे कथानक मे भी श्रीमती और रतिसुन्दरी के प्रणय सम्बन्ध तथा नायक द्वारा उनकी प्राप्ति के लिए किये गये साहसिक कार्यो का उल्लेख कर जीवन की विविधता के साथ दान और परोपकार का मार्ग प्रदर्शित किया है। जिनदत्त की द्यूतासक्ति और उसके परिभ्रमण का निरूपण कर लेखक ने मूल कथावस्तु के सौन्दर्य को पूरी तरह से चमकाया है। यह सत्य है कि यह आख्यान सोद्देश्य है और जिनदत्त को वसन्तपुर के उद्यान मे शुभकर आचार्य के समक्ष दीक्षा दिलाकर मात्र आदर्श ही उपस्थित किया है। इसे फलागम की स्थिति तो कहा जा

सकता है, पर कथा की वह मार्मिकता नही है, जो पाठक को झटका देकर विलास और वैभव से विरत कर 'पेट भरो, पेटी न भरो' की ओर ले जा सके।

नायक के चरित्र मे सहृदयता, निष्पक्षता और उदारता इन तीनो गुणो का समावेश है। इतना सब होते हुए भी इस आख्यान मे मानव की समस्त दुर्बलताओ और सबलताओ का अकन नही हो पाया है। अत राग-द्वेष का परिमार्जन करने के लिए पाठक नायक के साथ पूर्णतया तादात्म्य नही स्थापित कर पाता है।

पात्रो के कथोपकथन तर्कपूर्ण है। उदाहरणार्थ विमलमति और जिनदत्त का उद्यान मे मनोरजनार्थ किया गया प्रश्नोत्तररूप वार्तालाप उद्धृत किया जाता है, विमल मति ने पूछा—

'किं मरुथलीसु दुलहं ! का वा भवणस्स भूसणी भणिया। कं कामइ सेलसुआ ? कं पियइ जुवाणओ तुट्ठो ॥ १०० ॥

पढियाणंतरमेव लद्धं जिणयत्तेण—'कं ता हरं'

अर्थ—मरुस्थली मे कौन वस्तु दुर्लभ है ? भवन का भूषण स्वरूपा कौन है ? शैलसुता पार्वती किसको चाहती है ? प्रिया के किस अग से युवक सन्तुष्ट रहते है ?

जिनदत्त ने उत्तर दिया—'कंताहरं' अर्थात् प्रथम प्रश्न के उत्तर मे कहा कि मरुभूमि मे जल की प्राप्ति दुर्लभ है। द्वितीय प्रश्न के उत्तर मे कहा कि घर की भूषण स्वरूपा—कान्ता—नारी है। तृतीय प्रश्न के उत्तर मे कहा कि 'हर'—शिव को पार्वती चाहती है और चतुर्थ प्रश्न के उत्तर मे कहा—कताहर'—कान्ताधर युवको को प्रिय है।

रचनाविधान की दृष्टि से विचार करने पर ज्ञात होता है कि पूर्वजन्म के सस्कारो का फल दिखलाने के लिए जिनदत्त के पूर्वभव की कथा वर्णित है। घटित होनेवाली छोटी-छोटी घटनाएँ सगठित तो है, पर स्थापत्यकला की विशेषताएँ प्रकट नही हो पायी है। समूची कथा का कथानक ताजमहल की तरह निर्मित नही है, जिसकी एक भी ईट इधर-उधर कर देने से समस्त सौन्दर्य विघटित हो जाता है। यो तो कथा मे आरम्भ और अन्त भी शास्त्रीय आधार पर घटित नही हुए है, किन्तु सक्षिप्त कथोपकथन मर्मस्पर्शी और प्रभावोत्पादक हैं।

जिनदत्त का जीव पूर्वभव में अवन्ती देश के दर्शनपुर नगर मे शिवधन और यशोमति के यहा शिवदेव नाम का पुत्र उत्पन्न हुआ। शिवदेव जब आठ वर्ष का था, तभी शिवधन की मृत्यु हो गई और शिवदेव ने उज्जयिनी के एक वणिक् के यहाँ नौकरी कर ली। एक दिन उसे वन में धर्मध्यान में स्थित एक मुनिराज मिले। उसने उनकी परिचर्या की और माघ पूर्णिमा के दिन उन्हे आहारदान दिया, जिस पुण्य के प्रभाव से शिवदेव वसन्तपुर में जीवदेव या जिनदास सेठ और जीवयशा सेठानी के यहाँ जिनदत्त नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। वयस्क होने पर जिनदत्त का विवाह चम्पा नगरी के विमल सेठ की पुत्री विमलमति के साथ हुआ।

जिनदत्त ने एक दिन मनबहलाव के लिए जुआ खेला और जुए में अपार धन हार गया। धन की माँग करने पर जब घर से धन नही मिला, तो वह उदास हुआ। जिनदास और विमलमति को जब यह समाचार मिला तो उन्होंने धन दे दिया और जिनदास ने पुत्र को समझाते हुए कहा—'वत्स ! धन का व्यय सत्कार्य में होना चाहिए, द्यूतव्यसन में नही।

धनहानि के कारण जिनदत्त उदास रहने लगा। उसकी अर्धांङ्गिनी विमलमति को यह खटका और मनबहलाव के हेतु वह जिनदत्त को चम्पापुर ले आई। यहाँ ससुराल में आकर भी जिनदत्त प्रसन्न न रह सका। अत· वेषपरावर्तिनी गुटिका द्वारा वेष बदल कर वह दधिपुर चला गया। यहाँ एक दरिद्र सार्थवाह के यहाँ कार्य करने लगा और अपनी सेवा से उसे प्रसन्न कर उसके साथ सिंहल गया। यहाँ पृथ्वीशेखर राजा की कन्या श्रीमती की व्याधि दूर की। राजा ने प्रसन्न होकर इस कन्या का विवाह जिनदत्त के साथ कर दिया। जिनदत्त ने यहाँ बहुत-सा धन भी अर्जित किया। लौटते समय मार्ग मे दरिद्र सार्थवाह ने धोखे से जिनदत्त को समुद्र मे गिरा दिया। वह समुद्र मे लकड़ी के सहारे बहता चला जा रहा था कि रथनूपुर चक्रवाल नगर के विद्याधर अशोकश्री की कन्या अगारवती के लिए वर का अन्वेषण करते हुए एक विद्याधर आया और उसने जिनदत्त को समुद्र से निकाला तथा अगारवती के साथ विवाह कर दिया। एक दिन जिनदत्त अगारवती के साथ विमान मे सवार हो भ्रमण के लिए निकला और चम्पापुर मे आया, जहा विमलमति श्रीमती साध्वी के समक्ष व्रताभ्यास कर रही थी। वह उद्यान में उतर गया और रात्रि मे अगारवती को वही छोडकर चला गया। अगारवती भी उन दोनो के साथ व्रताभ्यास करने लगी।

एक दिन चम्पा नगरी के राजा का हाथी बिगड गया। राजा ने घोषणा करा दी कि जो व्यक्ति इस हाथी को वश मे करेगा, उसे आधा राज्य और अपनी कन्या दूँगा। जिनदत्त बौने का रूप धारण कर वहाँ आया और उसने हाथी को वश कर लिया। राजा को उसका कुरूप देखकर चिन्ता हुई कि इसके साथ इस सुन्दरी कन्या का विवाह कैसे किया जाय ? जिनदत्त ने अपना वास्तविक रूप प्रकट किया। राजा ने अपने प्रतिज्ञानुसार उसे आधा राज्य दे दिया और रतिसुन्दरी का विवाह भी उसके साथ सम्पन्न कर दिया।

कुछ समय के उपरान्त जिनदत्त अपनी चारो पत्नियो के साथ वसन्तपुर में अपने पिता के यहाँ आया। माता-पिता अपने समृद्धशाली पुत्र से मिलकर बहुत प्रसन्न हुए। कुछ समय के पश्चात् शुभकर आचार्य के समक्ष अपनी पूर्वभवावली सुनकर उसे विरक्ति हुई और उसने जिन दीक्षा धारण कर ली। आयु पूर्णकर वह स्वर्ग में देव हुआ।

यह कथा गद्य-पद्य दोनो में लिखी गई है। ग्रन्थकार ने स्वयं कहा है—

केसिंचि पियं गज्जं पज्जं केसिंचि वल्लहं होइ ।
विरएमि गज्ज-पज्जं, तम्हा मज्झत्थवित्तीए ॥ ॥ ८ ॥ पृ० १

अर्थात्—किसी को गद्य प्रिय है, किसी को पद्य प्रिय है, अत. मैं गद्य-पद्य मिश्रित मध्यम वृत्ति में इस ग्रन्थ को रचना करता हूँ ।

सिरिसरिवालकहा

इस कथा ग्रन्थ के सकलिता बृहद् गच्छीय वज्रसेन सूरि के प्रशिष्य और हेमतिलक सूरि के शिष्य रत्नशेखर सूरि है । ग्रन्थ के अन्त में सन्नद्ध प्रशस्ति मे बताया गया है कि वि० स० १४२८ मे रत्नशेखर सूरि ने इसका सकलन किया और उनके शिष्य हेमचन्द्र साधु ने इसे लिपि बद्ध किया[1] ।

यह कथा बहुत ही रोचक है और इसका उद्देश्य सिद्धचक्रपूजा का माहात्म्य प्रदर्शित करना है । कथावस्तु निम्न प्रकार है ।

उज्जयिनी नगरी मे पृथ्वीपाल नामका राजा था । इसकी दो पत्नियाँ थी—सौभाग्य-सुन्दरी और रूप-सुन्दरी । सौभाग्य सुन्दरी के गर्भ से सुरसुन्दरी और रूपसुन्दरी के गर्भ से मदनसुन्दरी का जन्म हुआ । सुरसुन्दरी ने मिथ्यादृष्टि के पास शिक्षा प्राप्त की और वह तथाकथित रूप मे शिक्षा, व्याकरण, नाटक, गीत-वाद्य आदि सभी कलाओ मे निपुण हो गयी । मदनसुन्दरी ने सम्यग्दृष्टि के पास सात तत्त्व, नव पदार्थ एव कर्म सिद्धान्त के साथ साहित्य, व्याकरण, दर्शन आदि की शिक्षा प्राप्त की । राजा ने दोनो की परीक्षा ली । वह सुरसुन्दरो के लौकिक ज्ञान से बहुत प्रभावित हुआ और उसका विवाह कुरु जाङ्गलदेश के अन्तर्गत शखपुरो नगरी के राजा दमितारि के पुत्र अरिदमन के साथ कर दिया । कर्म सिद्धान्त की पक्षपातिनी होने के कारण राजा मदनसुन्दरी से बहुत असन्तुष्ट हुआ और उसका विवाह एक उम्बर राजा से कर दिया, यह उम्बर कुष्ठ व्याधि से पीडित सात सौ कोढियो के बीच रहता था । उम्बर—विशेष कुष्ठ रोग से पीड़ित होने से ही वह उम्बर राजा कहलाता था ।

विवाह के पश्चात् मदन सुन्दरी उम्बर राजा के साथ ऋषभदेव भगवान् के चैत्यालय में दर्शन करने गयी और वहाँ स्थित मुनिचन्द्र नामक गुरु से सिद्धचक्र विधान करने का उपदेश लेकर आयी । उसने विधिपूर्वक सिद्धचक विधान सम्पन्न किया । सिद्धयन्त्र के गन्धोदक के छीटे लगते ही उम्बर राजा का कुष्ठरोग दूर हो गया । उसका शरीर कञ्चन जैसा शुद्ध निकल आया । अन्य सातसौ कोढ़ी भी स्वस्थ हो गये । विधान समाप्त होते ही

---

१. सिरिवज्जसेण गणहरपट्टपदहेमतिलयसूरीणं ।
सीसेहिं रयणसेहरसूरीहिं इमाहु सकलिया ॥
..................चउदस अट्ठावीसे लिहिया ॥

मदनसुन्दरी अपने पति श्रीपाल सहित मन्दिर से बाहर निकली कि उन दम्पति को सड़क पर एक वृद्धा नारी मिली। कुमार श्रीपाल उसे देखकर आश्चर्य चकित हुआ और उसका चरण वन्दन कर कहने लगा 'माँ आप मुझे छोड़कर कहाँ चली गयी थी? वह बोली—"वत्स! मैं तुम्हारे रोग के प्रतिकार के लिए कौशाम्बी मे एक वैद्य के यहाँ गयी थी, पर वह वैद्य तीर्थयात्रा के लिए बाहर चला गया है। मैंने वहा एक मुनिराज से तुम्हारे रोग के सम्बन्ध मे पूछा तो उन्होंने कहा कि पत्नी के सहयोग से तुम्हारे पुत्र का रोग दूर हो गया है। मै मुनिराज की बात का विश्वास कर यहाँ आयी हूँ।" पश्चात् यह समाचार रूपसुन्दरी और पृथ्वीपाल को मिला। इन्होंने कुमार की माता से उसका परिचय पूछा। वह कहने लगी —

"अंग देश मे चम्पा नाम की नगरी है। इसमे पराक्रमी सिंहरथ नामका राजा राज्य करता था, उसकी कमलप्रभा नामकी पत्नी थी, जो कोंकण देश के स्वामी की छोटी बहन थी। इस राजा को बहुत दिनो के बाद पुत्र उत्पन्न हुआ, अत राजा ने अपनी अनाथ लक्ष्मी का पालन करनेवाला होने से पुत्र का नाम श्रीपाल रखा गया। श्रीपाल दो वर्ष का था, तभी शूलरोग मे राजा सिंहरथ की मृत्यु हो गयी। मतिसागर मन्त्री ने बालक श्रीपाल को राज्य का अधिकारी बनाया और स्वयं राज्य का सचालन करने लगा। इधर श्रीपाल के चाचा अजितसेन ने राज्य हड़पने के लिए कुमार श्रीपाल और मतिसागर मन्त्री को मर डालने का षड्यन्त्र किया। जब मतिसार मन्त्री को यह समाचार ज्ञात हुआ तो उसने रानी कमलप्रभा को सलाह दी कि वह राजकुमार को लेकर कही चली जाय। कुमार जीवित रहेगा तो राज्य की प्राप्ति उसे हो ही जायगी। अतः रानी मध्य रात्रि मे कुमार को लेकर चल पड़ी। जगल मे सात-सौ कुष्ठ रोगियो से उसकी भेंट हुई। उन्होंने रानी को अपनी बहन बना लिया। कुमार कोढियो के सम्पर्क मे रहने से उम्बर नामक कुष्ठ रोग से आक्रान्त हुआ। महारानी कमलप्रभा उज्जयिनी में आकर अपने आभूषण बेचकर कुमार का पालन-पोषण करने लगी। कुमार सात सौ कोढ़ियों का अधिपति होकर उम्बर राजा के नाम से प्रसिद्ध हो गया। इसी उम्बर राजा के साथ मदनसुन्दरी का विवाह हुआ है।"

श्रीपाल वहाँ कुछ दिनो तक रहा। अनन्तर अपने कुल गौरव को प्राप्त करने के हेतु वह माता और पत्नी से आदेश लेकर विदेश चला गया। यहाँ उसे रासायनिक पदार्थ, जलतरिणी और परशस्त्रनिवारणी तन्त्र शक्तियाँ प्राप्त हुई। श्रीपाल ने इस यात्रा में मदनमजूषा और मदनमजरी से विवाह किया तथा राज्य भी प्राप्त कर लिया।

समीक्षा—इस कथा मे धार्मिक उपन्यास के सभी गुण हैं। पात्रो के चरित्र का उत्थान-पतन, कथा प्रवाह की गति मे विभिन्न प्रकार के मोड, सरसता और रोचकता आदि गुण वर्तमान हैं। कथावस्तु और कथानक गठन की दृष्टि से इस धार्मिक उपन्यास में प्रासंगिक कथाओ का गुम्फन बड़ी कुशलता के साथ किया गया है। पृथ्वीपाल जैसा

निष्ठुर पिता, जो रुष्ट होकर अपनी कन्या को एक कोढी को समर्पित कर देता है, आधुनिक यथार्थवादी पिता है। माँ के हृदय की ममता और पिता के हृदय की कठोरता रूप विरोधाभास का सुन्दर समन्वय है। भाग्यवादिनी मदनसुन्दरी भी आधुनिक अप-टू-डेट नारी से कम नही है। उसमें अपूर्व विश्वास और आत्मबल है। लेखक ने अपने युग की परम्परा के अनुसार श्रीपाल के कई विवाह कराकर उसकी चारित्रिक विशेषताओ को उभड़ने नही दिया है। धवल सेठ जैसे कृतघ्नी पात्रो की आज भी समाज में कमी नहीं है। ऐसे निम्न स्वार्थी व्यक्ति सदा से समाज के लिए कलक रहते आये है। अजितसेन जैसे राज्य लम्पटी व्यक्ति और मतिसागर जैसे विश्वासभाजन आज भी विद्यमान हैं। राजकुमारी मदनमञ्जरी का त्याग और मानसिक द्वन्द्व किसी भी कथाकृति के लिए उपकरण बन सकते है। पात्रो की चारित्रिक दुर्बलताओ और सबलताओ का चित्रण बडी व्यापकता और गहराई के साथ किया गया है।

इस कथा कृति मे भावुकता को उभारने की पूरी शक्ति है। दुधमुँहे श्रीपाल का अपने चाचा के अत्याचारो और आतको से आतकित हो माँ के साथ जगल मे चला जाना और वहाँ कुष्ठ रोगियो के सम्पर्क मे रहने से उम्बर-कुष्ठ विशेष से पीडित होना प्रत्येक पाठक को द्रवित करने मे समर्थ है। दूसरी ओर अपनी सुन्दरी और गुणवती कन्या को स्पष्टवादिता से रुष्ट हो कोढ़ो से उसे व्याह देना भी हृदयहीनता का परिचायक है। जीवन दर्शन को लेखक ने अपनी इस कथाकृति मे समझाने का पूरा यत्न किया है। परिवार का स्वार्थ के कारण विघटन होता है और यह विघटित परिवार सदा के लिए दुःखी हो जाता है। अत सामाजिक सम्बन्धो को स्थिर रखने के लिए समाज के सभी घटको और उनकी प्रतिक्रियाओ को उदार भाव से स्थान देना होगा। प्रेम, सेवा, सहयोग, सहिष्णुता, अनुशासन, आज्ञा पालन और कर्त्तव्यपालन आदि गुणो को जीवन में अपनाये बिना व्यक्ति स्वस्थ समाज का निर्माण नही कर सकता है। श्रीपाल निरन्तर श्रम करता है, जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास भी करता है और साथ ही अपने जीवन मे सयम को अगीकार करता है, तभी उसे सिद्धि प्राप्त होती है।

इस कृति में सहिष्णुता और साहस का सुन्दर आदर्श उपस्थित किया गया है। मदनसुन्दरी अपने साहस और त्याग के बल से ही अपने पति तथा उसके सात सौ साथियो को स्वस्थ बनाती है। उसकी धार्मिक दृढ आस्था ही उसके जीवन में सबल बनती है। इस प्रकार लेखक ने जीवन का सन्देश भी कथा के वातारण में उपस्थित किया है।

रयणसेहर निवकहा

इस कथा ग्रन्थ के रचयिता जिनहर्ष सूरि हैं। इन्होंने अपने गुरु का नाम जयचन्द मुनीश्वर बतलाया है। इस कथाग्रन्थ की रचना चित्रकूट नगर में हुई है। जिनहर्ष

सूरि ने सम्यक्त्व कौमुदी नामक एक अन्य ग्रन्थ भी लिखा है। इस ग्रन्थ की प्रशस्ति में इसका रचनाकाल वि० सं० १४८७ बताया गया है अत: रयणसेहरनिवकहा का रचना-काल १५ वी शताब्दी है।

यह जायसीकृत पद्मावत का पूर्वरूप है। इसमें पर्वदिनों में धर्मसाधन करने का माहात्म्य बतलाया गया है। रत्नशेखर रत्नपुर का रहनेवाला था, इसके प्रधानमन्त्री का नाम मतिसागर था। राजा वसन्त विहार के समय किन्नर दम्पति के वार्तालाप मे रत्नावली की प्रशंसा सुनता है और उसे प्राप्त करने के लिए व्याकुल हो जाता है। मतिसागर जोगिनी का रूप धारण कर सिंहलद्वीप की रजकुमारी रत्नवती के पास पहुँचता है रत्नवती अपनी वर-प्राप्ति के सम्बन्ध मे प्रश्न करती है और जोगिनी वेष में मन्त्री उत्तर देता है कि जो कामदेव के मन्दिर में द्यूतक्रीडा करता हुआ तुम्हारे प्रवेश को को रोकेगा, वही तुम्हारा वर होगा।

मन्त्री लौटकर राजा को समाचार सुनाता है, राजा रत्नशेखर सिंहलद्वीप को प्रस्थान कर देता है और वहाँ कामदेव के मन्दिर में पहुँचकर मन्त्री के साथ द्यूतक्रीडा करने लगता है। रत्नवती भी अपनी सखियो के साथ कामदेव की पूजा करने को आती है। यहाँ रत्नवती और राजा का साक्षात्कार होता है और दोनो का विवाह हो जाता है। पर्व के दिनो मे राजा अपने शीलव्रत का पालन करता है, जिससे उसके लोक-परलोक दोनो सुधर जाते है।

समीक्षा—यह सुन्दर प्रेमकथा है। प्रेमिका की प्राप्ति के लिए रत्नशेखर की ओर से प्रथम प्रयास किया जाता है। अत इस प्रेम पद्धति पर विदेशी प्रभाव स्पष्ट है। लेखक ने प्रेम के मौलिक और सार्वभौमिक रूप का विविध अधिकरणो में ढाल का निरूपण किया है। इसमे केवल मानव प्रेम का ही विश्लेषण नहीं किया गया है, अपितु पशु-पक्षियो के दाम्पत्य प्रेम का भी सुन्दर विवेचन हुआ है। रत्नवती और रत्न-शेखर के निश्छल, एकनिष्ठ और सात्त्विक प्रेम का सुन्दर चित्रण हुआ है। इन्द्रियों के व्यापारो और वासनात्मक प्रवृत्तियो के विश्लेषण द्वारा लेखक पाठको के हृदय मे आनन्द का विकास करता हुआ विषय-वासना के पक मे निकालकर उन्मुक्त भावक्षेत्र में ले गया है तथा राग का उदात्तीकरण विराग के रूप में हुआ है, पाशविक वासना परिष्कृत हो आध्यात्मिक रूप को प्राप्त हुई है। अस्वस्थ और अमर्यादित स्थूल भोगलिप्सा को दूर कर वृत्तियो का स्वस्थ और सयमित रूप प्रदर्शित किया गया है। लेखक की दृष्टि में काम तो केवल बाह्य वस्तु है, पर प्रेम जन्म-जन्मान्तरो के संस्कारो से उत्पन्न होता है। यह सुपरिपक्व और रसपेशल है, इसकी अपूर्व मिठास जीवन में अक्षय आनन्द का सचार करती है। रत्नशेखर प्रेमी होने के साथ सयमी भी है। पर्व के दिनों में संभोग के लिए

की गयी अपनी प्रेमिका की याचना को ठुकरा देता है, और वह कलिंग नृपति को उसकी तुच्छता का दण्ड भी नही देता। पर पर्व समाप्त होते ही विजयलक्ष्मी उसीका वरण करती है।

इसमे एक उपन्यास के समस्त तत्त्व और गुण वर्तमान है। कथावस्तु, पात्र तथा चरित्र चित्रण, सवाद, वातावरण और उद्देश्य की दृष्टि से यह कृति सफल है। घटनाओ और पात्रो के अनुसार वातावरण तथा परिस्थितियो का निर्माण सुन्दर रूप मे किया गया है। निर्मित वातावरण मे घटनाओ के चमत्कारपूर्ण सयोजन द्वारा प्रभाव को प्रेषणीय बनाया गया है। सभी तत्त्वो के सामञ्जस्य ने कथा के शिल्प विधान को पर्याप्त गतिशील बनाया है। मूलकथा से प्रासङ्गिक कथाओ का एक ताता लगा हुआ है। लेखक ने इन प्रासङ्गिक कथाओं को मूलकथा के साथ गूँथने की पूरी चेष्टा की है। मूल कथा-वस्तु भी सावयव है। प्रत्येक घटना एक दूसरी से अङ्गों के रूप मे सम्बद्ध है। घटनाएँ भी निर्हेतुक नही घटती है, बल्कि इनके पीछे तर्क का आधार रहता है।

राजा के प्रोषध उपवास के दिन ऋतुस्नाता रत्नवती पुत्र की इच्छा से उसके पास आती है, राजा अपने ब्रह्मचर्य व्रत मे अटल है। रानी को राजा के इस व्यवहार से बहुत निराशा होती है और कुपित हो एक दास के साथ भाग जाती है। अन्त पुर के कोलाहल को सुनकर राजकर्मचारी और राजा सभी रानी का पीछा करते हे। रानी कहती है—"रमणीए मह भणिअं न कयं, ता मह कयं विलोएसु" इतना कह सामने से अदृश्य हो जाती है। राजा जङ्गल मे उसका पीछा करने पर भी रानी को नही प्राप्त करता है। वह सोचते हुए कुछ दूर चलता है कि—ताव न अरण्णं, न तं बंभण-जुअलं पिच्छइ राया, किन्तु निय-आवासे रयणमय-सिंहासणट्ठ ···रयणवइ पट्टदेवी संजुअं अप्पाणं पासइ। तओ 'किमेअं इन्द्रजालं जाय ? किंवा सच्चं ? न उसे रत्नवती मिलती है और न वह जङ्गल ही, बल्कि वह अपने को रत्नमयी सिंहासन पर महारानी रत्नवती सहित दरबार मे बैठा पाता है, तब वह सोचता है कि क्या यह इन्द्र-जाल है ? या सत्य है ? इस समय मृतात्मा मतिसागर अदृश्य शक्ति के रूप में उसकी परीक्षा की बात कहकर भ्रम दूर कर देता। कथा के इस स्थल पर चरम परिणति अवश्य है, किन्तु लेखक पुरातन रूढिगत परम्परा का त्याग नही कर सका है। अत आधुनिक पाठक इन घटनाओ पर विश्वास नही कर पाता और न वह इन दैवी चमत्कारों को प्राप्त ही कर पाता है। आरम्भ से कथा की गति ठीक उपन्यास के रूप मे चलती रही है, पर चरम परिणति दैवी चमत्कारो मे दिखलायी गयी है।

यह कथा सरस और परिमार्जित शैली मे लिखी गयी है। गद्य और पद्य दोनो का प्रयोग हुआ है। सरसशैली का उदाहरण निम्न है—

तओ इइ चिंतक्कंत-मणो राया निअ-रूव-पाराहव-जाय-रोसेण मयरद्धयरा-इणा अवसरं लहिऊण निअ-निबिड-बाण-धोरणि-गोअर-कओ न कत्थवि धिइं लहइ। जोईसर व्व तग्गय-चित्तो झायंतो न जंपइ, न ससइ, न हसइ।

—रयण०, बनारस सस्करण १९१८ ई०, पृ० ६

संसारे हय-विहिणा महिला रूवेण मंडिए पासे।
वज्झंति जाणमाणा अयाणमाणावि वज्झंति ॥—पृ० ८
चिंता-सहस्स-भरिओ पुरिसो सव्वोवि होइ अणुवरयं।
जुव्वण-भर-भरिअंगी जस्स घरे वट्टए कन्ना ॥—पृ० २५

महिवालकहा

महिवाल कथा के रचयिता वीरदेव गणि हैं। इस ग्रन्थ की प्रशस्ति से अवगत होता है कि देवभद्र सूरि चन्द्रगच्छ मे हुए थे। इनके शिष्य सिद्धसेन सूरि और सिद्धसेन सूरि के शिष्य मुनिचन्द्र सूरि थे। वीरदेव गणि मुनिचन्द्र के शिष्य थे।

विन्टरनित्स ने एक सस्कृत 'महीपाल चरित' का भी उल्लेख किया है, जिसके रचयिता चरित्र सुन्दर बतलाये है। इसका रचनाकाल १५ वी शती का मध्य भाग है। परि-कथा और निजन्धरी इन दोनो का यह मिश्रित रूप है[1]।

प्रस्तुत कथा ग्रन्थ भाषा शैली के आधार पर चौदहवी-पन्द्रहवी शती का प्रतीत होता है। पद्यो पर पूर्णतया आधुनिक छाप है।

उज्जैनी नगरी के राजा नरसिंह के यहाँ कलाविचक्षण महिपाल नाम का राजपुत्र रहता था। राजा ने रुष्ट होकर महिपाल को अपने राज्य से निकाल दिया। वह अपनी पत्नी के साथ घूमता-फिरता भडौच मे आया और वहाँ से जहाज पर सवार होकर कटाहद्वीप की ओर चला। रास्ते मे जहाज भग्न हो गया और बडी कठिनाई से वह किसी तरह किनारे लगा। कटाहद्वीप के रत्नपुर नगर मे पहुँच कर उसने राजकुमारी चन्द्रलेखा के साथ विवाह किया। अनन्तर वह चन्द्रलेखा के साथ जहाज मे बैठकर अपनी पूर्वपत्नी सोमश्री की खोज में निकला। साथ मे रत्नपुर नरेश ने अपने अथर्वण नाम के मन्त्री को महिपाल की देखरेख के लिए भेजा। राजपुत्री और धन के लोभ मे आकर अथर्वण ने महिपाल को समुद्र में धक्का दे दिया। राजपुत्री चन्द्रलेखा बहुत दु:खी हुई और वह चक्रेश्वरी देवी की उपासना करने मे लीन हो गयी। इधर महिपाल समुद्र पार कर एक नगर मे आया और यहाँ जितशत्रु राजा की पुत्री शशिप्रभा से उसका विवाह हो गया। शशिप्रभा से उसने खट्वा, लकुट और सवकामित विद्याएँ सीखी। अनन्तर महिपाल रत्नसंचयपुर नगर में आता है और यहाँ चक्रेश्वरी देवी के मन्दिर मे उसे

1 Indian litereture vol ii, page 536

अपनी तीनों स्त्रियाँ मिल जाती हैं। नगर का राजा महिपाल को सर्वगुण सम्पन्न समझ कर अपना मंत्री निर्वाचित करता है और अपनी पुत्री चन्द्रश्री के साथ उसका विवाह भी कर देता है। महिपाल अपनी चारो स्त्रियो के साथ उज्जैन चला आता है और नरसिंह राजा के यहाँ रहने लगता है। अनन्तर धर्मघोष मुनि से क्रोध, मान, माया और लोभ के सम्बन्ध मे कथाएँ सुनकर पूर्णतया विरक्त हो जाता है और श्रमण दीक्षा धारण कर उग्र तपस्या करता है और अन्त में निर्वाण पद पाता है।

यह कथा सरस है। कथानक के निर्माण मे देव तथा सयोग की उपस्थिति दिखला-कर कथाकार ने अनेक तत्कालीन सामाजिक और सास्कृतिक बातो पर प्रकाश डाला है। यद्यपि कथाकार ने आरम्भ और अवसान में कोई प्रमुख चमत्कार नही दिखलाया है, तो भी चरित्र निर्माण मे घटनाओ को पर्याप्त गतिशील बनाया है। इसमे सामन्त, राजा, सेठ, मन्त्री प्रभृति नाना व्यक्तियो के चरित्र, उनके छल कपट, प्रेम के विभिन्न पक्ष, मध्यवर्गीय सवेदनाएँ और कुण्ठाएँ सुन्दर रूप मे अभिव्यक्त हुई है।

चरित्र चित्रण मे अभिनयात्मक और विश्लेषणात्मक शैलियो का मिश्रित प्रयोग किया गया है। इसमे मानवीय मनोवेग, भावावेश, विचार, भावना, उद्देश्य, प्रयोजन आदि का सुन्दर आकलन हुआ है। अथर्वण जब जहाज पर से महिपाल को धक्का देता है, उस समय की उसकी मन स्थिति अध्ययनीय है। महिपाल के स्वभाव और प्रकृति के अनुसार ही सारी घटनाएँ प्रसूत होती है। उसके चरित्र को स्वाभाविकता और वास्तविकता प्रदान करने के लिए ही लेखक ने देशकाल और वातावरण का निर्माण किया है। उज्जैनी छोडकर बाहर जाना, समुद्र यात्रा मे विपत्ति एव आश्रम मे जाकर तापसी दीक्षा आदि बाते ऐसी है, जिनके द्वारा महिपाल के चरित्र का विकास दिखलायी पड़ता है।

चन्द्रलेखा का प्रत्युत्पन्नमतित्व और अपनी शील रक्षा के लिए उसका कपट प्रेम ऐसे स्थल है, जो मानव जीवन मे एक नयी दिशा और स्फूर्ति प्रदान करते है। चण्डी-पूजा, शासन देवता की भक्ति, यक्ष और कुल देवी की पूजा, भूतो का बलि, जिनभवन का निर्माण, केवल ज्ञान के समय देवो द्वारा पुष्प वर्षा एव विभिन्न कलाओ का विवेचन पठनीय है।

एक सामन्तकुमार को यह साहसपूर्ण कथा है। कथा का मूल स्रोत बहुत प्राचीन है, लेखक ने पौराणिक आख्यानो से कथावस्तु लेकर एक नयी कथा का प्रणयन किया है। अवान्तर कथाओ मे लोभ के दोष का निरूपण करने के लिए नन्द सेठ की कथा बहुत सुन्दर है। इसमें "लोहविमूढा जीवा किच्चाकिच्चं पि न हु वियारंति"— लोभी व्यक्ति को कार्याकार्य का विवेक नही रहता है, इस सिद्धान्त का बडा सुन्दर विश्लेषण किया गया है। "जं वाविय विसरुक्खो विसफले चेव पावेइ"— विषवृक्ष का रोपण कर विषफल ही प्राप्त होते हैं, अमृत फल नही, उक्तियो द्वारा अवान्तर कथा

की शिक्षा स्पष्ट की गयी है। हरिभद्र की समराच्चकहा के सप्तम भव से चित्रमयूर द्वारा हार के भक्षण का आख्यान ज्यो के त्यो रूप में ग्रहण किया गया है।

लोकोक्तियो की इसमे भरमार है। इनका इतना सुन्दर प्रयोग अन्यत्र कम ही पाया जाता है। कुछ लोकोक्तियाँ तो अत्यन्त हृदयस्पर्शी है। "**रखीणो वि ससी रिद्धि पुणो वि पावइं न ताराओ**" क्षीण चन्द्रमा ही समृद्धि को प्राप्त होता है, तारागण नही; "**ववसायपायवेसु पुरिसाण लच्छी सया वसइ**"—व्यापार में ही लक्ष्मी का निवास है, एव "**न हीणसत्ताण सिज्जए विज्जा**" -निर्बल व्यक्ति को विद्या नही आ सकती। इस प्रकार लेखक ने भाषा को सशक्त और मुहावरेदार बनाया है। उपमा और रूपक भी पर्याप्त सुन्दर हैं।

पाइअकहासंगहो

पद्मचन्द्रसूरि के किसी अज्ञातनामा शिष्य ने 'विक्कमसेणचरिय' नामक प्राकृत कथा ग्रन्थ की रचना की है। इस कथा प्रबन्ध मे आयी हुई चौदह कथाओ मे से इस सग्रह में बारह प्राकृत कथाएँ सग्रहीत है। इन कथाओं के रचयिता और समय आदि के सम्बन्ध मे कुछ भी जानकारी नही है। इस कथा सगह की एक प्रति वि० स० १३९८ की लिखी हुई उपलब्ध हुई है, अत मूल ग्रन्थकार इससे पहले ही हुआ होगा। इस संग्रह में दान, शील, तप, भावना, सम्यक्त्व, नवकार एव अनित्यता आदि से सम्बन्ध रखनेवाली सरस कथाएँ है।

इस सग्रह मे दान के महत्त्व को प्रकट करने के लिए धनदेव-धनदत्त कथानक, सम्यक्त्व का प्रभाव बतलाने के लिये धन श्रेष्ठि कथानक, दान के विषय में चडगोप कथानक, दान देने मे कृपणता दिखलाने के लिये कृपण श्रेष्ठि कथानक, शील का प्रभाव बतलाने के लिये जयलक्ष्मी देवी कथानक और सुन्दरिदेवी कथानक, नमस्कार मन्त्र का फल अभिव्यक्त करने के लिये सौभाग्य सुन्दर कथानक, तप का महत्त्व बतलाने के लिये मृगाङ्कुरेखा कथानक और अघट कथानक, भावना का प्रभाव व्यजित करने के लिये धर्मदत्त और बहुबुद्धि कथानक एव अनित्यता के सम्बन्ध मे समुद्रदत्त कथानक आये हैं।

समीक्षा—इन लघुकाय कथाओ मे नामावली का अनुप्रास बहुत ही सुन्दर आया है। कवि ने नामो की परम्परा मे नादतत्त्व की सुन्दर योजना की है। उदाहरणार्थ निम्न नामावली उपस्थित की जाती है।

धणउरमत्थि पुरवरं धणुद्धरो नाम तत्थ भूवालो।
सेट्ठी धणाभिहाणो धणदेवी भरिया तस्स॥
धणचन्दो धणपालो धणदेवो धणगिरी इमे चउरो।
संजाया ताण सुया गम्भीरा चउसमुद्दव्व॥

धंधो-धामी-घणदी-धणसिरि नमाउ ताण अह कमसो ।
जायाओ भज्जाओ निच्च नेहेण जुत्ताओ ॥

—सम्यक्त्वप्रभावे धनश्रेष्ठि कथानकम् पृ० ६

अर्थात्—धनपुर नगर मे धनुर्द्धर नाम का राजा शासन करता था। इस नगर में धनदेव नाम का सेठ अपनी धनदेवी नाम की पत्नी सहित रहता था। इस दम्पति के धनचन्द्र, धनदेव, धनपाल और धनगिरि ये चार पुत्र थे। ये चारो पुत्र समुद्र के समान गम्भीर थे। इनकी क्रमश धन्धी, धानी, धनदी और धनश्री नाम की भार्याएं थी, जो अत्यन्त स्नेहपूर्वक निवास करती थी।

उक्त गाथाओ मे कवि ने नगर से लेकर राजा, सेठ, सेठानी सभी के नामो मे धन शब्द का योग रखकर इन व्यक्तिवाचक सज्ञाओ मे अपूर्व नादतत्त्व की योजना की है। पद्य मे कथा के लिखे जाने के कारण इस प्रकार की अनुप्रास योजना केवल भाषा को ही अलकृत नही बनाती, अपितु उनमे एक विशेष प्रकार का सौष्ठव भी उत्पन्न करती है।

अनुरजन के लिये कवि ने परिस्थिति और वातावरण का बहुत ही सुन्दर चित्रण किया है। कृपण श्रेष्ठी कथा मे लक्ष्मीनिलय नाम के एक कृपण सेठ का बडा ही जीवन्त चित्र प्रस्तुत है। यह खान-पान, रहन-सहन, दान-पूजा आदि में एक कौडी भी खर्च नही करता है। अपने पुत्र को पान खाते हुये देखकर उसे अपार वेदना होती है। लेखक ने उसकी कृपणता को व्यंजित करने के लिए कई मर्म-स्थल उपस्थित किये हैं। उसकी पत्नी को बच्चा होने पर वह उसे भोजन देने मे कंजूसी करता है। कही दान न देना पड़े, अत- सन्त महापुरुषो के दर्शन भी करने नही जाता। इस प्रकार वातावरण और परिस्थिति नियोजन में कवि की प्रवीणता दिखलायी पडती है।

सुन्दरी की प्रेम कथा तो इतनी सरस और मनोरजक है कि उसे समाप्त किये बिना पाठक रह नही सकता है। धनसार सेठ की कन्या सुन्दरी विक्रम राजा के गुण सुनकर उससे प्रेम करने लगी। माता-पिता ने उसका विवाह सिंहल द्वीप के किसी सेठ पुत्र के साथ तय कर दिया। सुन्दरी ने अपनी चतुराई से एक रत्नो के थाल के साथ एक तोता राजा को भेंट मे भिजवाया। राजा ने तोते का पेट फाडकर देखा तो उसमे एक सुन्दर हार और कस्तूरी से लिखा हुआ प्रेमपत्र मिला। पत्र मे लिखा था—"प्राणनाथ ! मैं सदा तुम्हारे गुणो मे लीन हूँ, वह अवसर कब आयगा, जब मैं अपने इन नेत्रो से आपका साक्षात्कार करूँगी। वैशाख वदी द्वादशी को सिंहलद्वीप के निवणाग नामक सेठ-पुत्र के साथ मेरा विवाह होनेवाला है। नाथ ! मेरे इस शरीर का स्पर्श आपके अतिरिक्त अन्य नही कर सकता, आप अब जैसा उचित हो, करें।" राजा अपने अग्निवेताल भृत्य की

सहायता से रत्नपुर पहुँचा और उसने सुन्दरी से विवाह किया। इस प्रकार इस कथा संग्रह मे मर्मस्पर्शी स्थलो की कमी नही है। इस संकलन की कथाओ की निम्न विशेषताएँ हैं —

१. कथानक संयोग और देवी घटनाओ पर आश्रित।
२. कथाओ मे सहसा दिशा का परिवर्तन।
३. समकालीन सामाजिक समस्याओ का उद्घाटन।
४ पारिवारिक जीवन के लघु और कटु चित्र।
५. सवाद-तत्त्व की अल्पता या अभाव, किन्तु घटना सूत्रो द्वारा कथाओ में गतिमत्व धर्म की उत्पत्ति।
६ विषयवस्तु मे जीवन के अनेक रूपो का समावेश।
७ कथाओ के मध्य मे धर्मतत्त्व या धर्म सिद्धान्तो का नियोजन।
८ मध्य बिन्दु तक रोचकता का सद्भाव इसके आगे कथानक की एक रूपता के कारण आकर्षण की कमी।
९. जीवन के शाश्वत मूल्यो का सयोजन— यथा प्रेम, त्याग, शील प्रभृति की घटनाओ द्वारा अभिव्यञ्जना।
१० भाषा के सरल और सहज बोधगम्य रहने से प्रासाद गुण का पूर्ण समावेश।

इन प्रमुख कथाकृतियो के अतिरिक्त सघतिलक सूरि द्वारा विरचित आरामसोहा कथा, पडिअधणवालकहा, पुण्यचूलकथा, रोहगुप्तकथा, आरोग्यद्विजकथा, वज्रकर्णनृपकथा, शुभमतिकथा, मल्लवादीकथा, भद्रबाहुकथा, पादलिप्ताचार्यकथा, सिद्धसेन दिवाकर कथा, नागदत्तकथा, बाह्याभ्यन्तर कामिनीकथा, मेतार्य मुनिकथा, द्रवदतकथा, पद्मशेखरकथा, संग्राममयूरकथा, चन्द्रलेखाकथा, एव नरसुन्दर कथा आदि बीस कथाएँ उपलब्ध हैं। देवचन्द्र सूरि का कालिकाचार्य कथानक, एव अज्ञात नामक कवि की मलयसुन्दरी कथा विस्तृत कथाएँ है।

उपदेशप्रद कथाओ मे धर्मदास गणि की उपदेशमाला, जयसिंह सूरि की धर्मोपदेशमाला, जयकीर्त्ति की शीलोपदेशमाला, विजयसिंह सूरि की भुवन सुन्दरी, मलधारी हेमचन्द्र सूरि की उपदेश माला, साहड की विवेक मञ्जरी, मुनिसुन्दर सूरि का उपदेश रत्नाकर, शुभवर्धन गणि की वधमान देशना एव सोमविमल की दशदृष्टान्तगीता आदि रचनाएँ महत्त्वपूर्ण हैं।

———

नवमोऽध्यायः

रसेतर विविध प्राकृत साहित्य

प्राकृत में व्याकरण, छन्द, ज्योतिष, द्रव्यपरीक्षा, धातुपरीक्षा, भूमिपरीक्षा रत्न-परीक्षा आदि विभिन्न विषयो पर भी रचनाएँ होती रही है। इन रचनाओ में काव्यत्व आल्पपरिमाण में है, पर सस्कृति और सभ्यता की एक सुव्यवस्थित परम्परा निहित है।

व्याकरण-शास्त्र

भाषा परिज्ञान के लिए व्याकरण ज्ञान की नितान्त आवश्यकता है। जब किसी भी भाषा के वाङ्मय की विशाल राशि सचित हो जाती है, तो उसकी विधिवत् व्यवस्था के लिए व्याकरण ग्रन्थ लिखे जाते है। प्राकृत के जनभाषा होने से आरम्भ मे इसका कोई व्याकरण नही लिखा गया। वर्तमान मे प्राकृत भाषा के अनुशासन सम्बन्धी जितने व्याकरण ग्रन्थ उपलब्ध है, वे सभी सस्कृत भाषा में लिखे गये हैं। आश्चर्य यह है कि जब पालि भाषा का व्याकरण पालि भाषा मे लिखा हुआ उपलब्ध है, तब प्राकृत भाषा का व्याकरण प्राकृत मे ही लिखा हुआ क्यो नही उपलब्ध है? अर्धमागधी के अगणित ग्रन्थो में शब्दानुशासन सम्बन्धी जितनी सामग्री पाई जाती है, उससे यह अनुमान लगाना सहज है कि प्राकृत भाषा का व्याकरण प्राकृत मे लिखा हुआ अवश्य था, पर आज वह कालकवलित हो चुका है। यहाँ उपलब्ध फुटकर सामग्री पर विचार करना आवश्यक है।

प्राकृत भाषा मे प्राकृत व्याकरण के सिद्धान्त—आयाराग मे (द्वि० ४, १ सू० ३६६) तीन-वचन-लिंग-काल का विवेचन किया गया है। ठाणांग (अष्टम) में आठ कारको का निरूपण पाया जाता है। इन सभी बातो के अतिरिक्त अनेक नये तथ्य अनुयोग द्वारा सूत्र में विस्तार पूर्वक वर्णित हैं।

इस ग्रन्थ मे समस्त शब्दराशि को निम्न पाँच भागो मे विभक्त किया हैं।[1]

१. नामिक—सुबन्तो का ग्रहण नाम मे किया है। जितने भी प्रकार के सज्ञा शब्द हैं, वे नामिक के द्वारा अभिहित किये गये है। यथा अस्सो, अस्से = अश्वः आदि।

---

१. पचणामे पचविहें पराणत्ते, त जहा—(१) नामिक, (२) नैपातिकं, (३) आख्यातिकम्, (४) औपसर्गिक, (५) मिश्र—अणुओगदारसुत्त १२५ सूत्र।

२. **नैपातिक**—अव्ययो को निपातन से सिद्ध माना है। अतः अव्यय तथा अव्ययो के समान निपातन से सिद्ध अन्य देशी शब्द नैपातिक कहे गये है। यथा—खलु, अहवो, जह, जहा आदि।

३. **आख्यातिक**—धातु मे निष्पन्न क्रियारूपो की गणना आख्यातिक में की है। यथा—धावइ, गच्छइ आदि।

४—**औपसर्गिक**—उपसर्गों के सयोग से निष्पन्न शब्दो को औपसर्गिक कहा गया है। यथा—परि, अणु, अव आदि उपसर्गो के सयोग मे निष्पन्न अणुभवइ, परिधावइ प्रभृति।

५ **मिश्र**—मिश्र शब्दावली के अन्तर्गत इस प्रकार के शब्दो की गणना की गयी है, जिन्हे हम समास, कृदन्त और तद्धित के पद कह सकते है। इस कोटि के शब्दो के उदाहरणो मे 'सयत' पद प्रस्तुत किया है, वस्तुत· विशेषण शब्दो को मिश्र कहना अधिक तर्कसगत है।

नाम शब्दो की निष्पत्तियाँ चार प्रकार से वर्णित है। आगम, लोप, प्रकृतिभाव और विकार।[1]

१ **वर्णागम**—वर्णागम कई प्रकार मे होता है। वर्णागम भाषाविकास मे सहायक होता है। इस वर्णागम का कोई निश्चित सिद्धान्त नहीं है। दुर्गाचार्य ने निरुक्त का लक्षण बतलाते हुए वर्णागम, वर्णविपर्यय (Meta thesis) वर्णविकार (change o Syllable), वर्णनाश (Elision of Syllable) और अर्थ के अनुसार धातु के रूप की कल्पना करना—इन सिद्धान्तो को परिगणित किया है। अनुआगदारसुत्त मे इसका उदाहरण 'कुण्डानि' आया है।

२ **लोप**—भाषा के विकास का प्रस्तुत करने वाला दूसरा सिद्धान्त लोप है, प्रयत्न लाघव की दृष्टि से इस सिद्धान्त का महत्त्वपूर्ण स्थान है। वर्णलोप के भी कई भेद होते है—आदि वर्णलोप, मध्यलोप और अन्त्य वर्णलोप। यहाँ पर पटा + अत्र = पटोऽत्र, घटो + अत्र = घटोत्र उदाहरण उपस्थित किये गये है।

३ **प्रकृतिभाव**—मे दोनो पद ज्यो के त्यो रह जाते है, उनमे सयोग होने पर भी विकार उत्पन्न नही होती। यथा—माले + इमे = माले इमे, पटूइमौ आदि।

४. **वर्णविकार**—दो पदो के सयोग होने पर उनमे विकृति होना अथवा ध्वनि-परिवर्तन के सिद्धान्तो के अनुसार वर्णों मे विकार का उत्पन्न होना वर्णविकार है। यथा—बधू = बहू, गुफा = गुहा, दधि + इद = दधीद, नदी + इह = नदीह।

---

१. चउणामे चउव्विहे पराणत्ते। त जहा - (१) आगमेणं (२) लोवेण (३) पयइए (४) विगारेणं।—अणुओगदारसुत्त १२४ सू०।

नाम—पदो के स्त्रीलिङ्ग, पुल्लिङ्ग और नपुसकलिंग की अपेक्षा से तीन भेद होते हैं। अकारान्त, इकारान्त, उकारान्त और ओकारान्त शब्द पुलिङ्ग होते हैं। स्त्रीलिङ्ग शब्दो में ओकारान्त शब्द नही होते हैं। नपुसकलिङ्ग शब्दो मे अकारान्त और उकारान्त शब्द ही परिगणित हैं। यथा—

तं पुण णामं तिविहि इत्थी पुरिसं णपुंसगं चेव।
एएसि तिण्हं पि अंतम्मि अ परूवणं वोच्छ॥ १॥
तत्थ पुरिसस्स अंता आ-इ-उ-ओ हवंति चत्तारि।
ते चेव इत्थिआओ हवंति ओकार परिहीणा॥ २॥
अंतिम-इंतिअ-उंतिअ अंताउ णपुंसगस्स बोद्धव्वा।
एतेसि तिण्हं पि अ वोच्छगामि निदंसणे एत्तो॥ ३॥
आगारंतो 'राया' ईगारंतो गिरि अ सिहरी अ।
उगारंतो विण्हू दुमो अ अताउ पुरिसाणं॥ ४॥
आगारंता माला ईगारंता 'सिरी' अ 'लच्छी' अ।
ऊगारंता 'जंबू' 'बहू' अ अंताउ इत्थीणं॥ ५॥
अकरंतं 'धन्न' इंकरंतं नपुंसगं 'अत्थि'।
उंकारंतं पीलु 'महुं' च अंता णपुंसाणं॥ ६॥

—अणुओगदारसुत्त, ब्यावर सस्करण, स० २०१० सूत्र १२३।

इसी ग्रन्थ मे भावनाम से चार भेद दिये गये है—समास, तद्धित, धातु और निरुक्त। समास के सात भेद बतलाये गये है [1]—द्वन्द्व, बहुव्रीहि, कर्मधारय, द्विगु, तत्पुरुष, अव्ययीभाव और एकशेष। यथा—

दंदे अ बहुव्वीहि कम्मधारय दिग्गु अ।
तत्पुरिस अव्वईभावे, एक्कसेसे अ सत्तमे॥ १॥

बहुब्रीहि का उदाहरण देते हुए लिखा है—फुल्ला इमम्मि गिरिम्मि कुडुयकयबा सो इमो गिरिफुल्लिए कुडुयकयबो।

कर्मधारय—धवलो वसहो = धवलसहो, किण्हो मियो = किण्हमियो। द्विगु—तिण्णि कडुगाणि = तिकडुग, तिण्णि मुहराणि = तिमहुरं, तिण्णि गुणाणि = तिगुण, सत्तगया = सत्तगयं, नवतुरगा = नवतुरग।

तत्पुरुष – तित्थे कागो = तित्थकागो, वणेहत्थी = वणहत्थी, वणेमयूरो = वणमयूरो, वणेवराहो = वणवराहो, वणेमहिसो।

अव्ययीभाव—अणुगामं, अणुणइय, अणुचरिय।

---

१. अणुओगदारसुत्तं—सूत्र १३०।

एकशेष—जहा एगो पुरिसो तहा बहवे पुरिसा, जहा एगो करिसावणो तहा बहवे करिसावणा, जहा एगो साली तहा बहवे साली।

तद्धित के आठ भेद बतलाए हैं[2]—

१. कर्मनाम— तणहारए, कट्ठहारए, पत्तहारए, कोलालिए।

२. शिल्पनाम—तंतुवाए, पट्टकारे, मुजकारे, छत्तकारे, दंतकारे।

३. सिलोक नाम—समणे, माहणे, सव्वातिही।

४ संयोग नाम—रण्णो, ससुरए, रण्णो जामाउए, रण्णो साले।

५. समीप नाम—गिरिसमीवे णयर गिरिणयर, वेन्नायड।

६ समूह नाम—तरगवइक्कारे, मलयवइक्कारे।

७. ईश्वरीय नाम—स्वाम्यर्थक—राईसरे, तलवरे, इब्भे, सेट्ठी।

८ अपत्य नाम—अरिहतमाया, चक्कवट्टिमाया।

कम्मे सिप्पसिलाए संजोग समीअवो अ संजूहो।
इस्सरिअ अवच्चेण य तद्धितणामं तु अट्ठविहं॥

यद्यपि उपर्युक्त सन्दर्भ तद्धितान्त नामो के वर्णन के समय आया है, तो भी तद्धित प्रकरण पर इससे प्रकाश पड़ता है। इन्हे कर्मार्थक, शिल्पार्थक, सयोगार्थक, समूहार्थक, अपत्यार्थक आदि रूप मे ग्रहण करना चाहिए।

इस ग्रन्थ मे आठो विभक्तियो का उल्लेख है, तथा ये विभक्तियाँ किस-किस अर्थ में होती है, इसका भी निर्देश किया गया है।

निद्देसे पढमा होइ, बित्तिया उवएसणे।
तइया करणम्मि कया, चउत्थी संपयावणे॥ १॥
पंचमी अ अवायाणे छट्ठी सस्सामिवायणे।
सत्तमी सण्णिहाणत्थे पढमाऽऽमंतणी भवे॥ २॥

—अणुओगदारसुत्त, सू० १२८।

अर्थात्—निर्देश—क्रिया का फल कर्त्ता मे रहने पर प्रथमा विभक्ति होती है। यथा—स, इमो, अह आदि प्रथमान्तरूप है। उपदेश में—क्रिया के द्वारा कर्त्ता जिसको सिद्ध करना चाहता है, द्वितिया विभक्ति होती है, यथा सो गाम गच्छइ। करण में तृतीया होती है यथा—तेण कय, मए वा कय आदि। सम्प्रदान मे चतुर्थी और अपादान में पञ्चमी विभक्ति होती है। स्वामि-स्वामित्व भाव मे षष्ठी तथा सन्निधानार्थ—अधिकरणार्थ में सप्तमी और आमन्त्रण-सम्बोधन में प्रथमा विभक्ति होती हैं।

इस प्रकार प्राकृत भाषा में लिखित शब्दानुशासन सम्बन्धी सिद्धान्त पाये जाते हैं।

---

२ वही सूत्र १३०।

संस्कृत भाषा में लिखित प्राकृत व्याकरण

संस्कृत भाषा में लिखे गये प्राकृत भाषा के अनेक शब्दानुशासन उपलब्ध हैं। भरतमुनि का नाट्यशास्त्र ऐसा ग्रन्थ है, जिसके १७वे अध्याय में विभिन्न भाषाओ का निरूपण करते हुए ६-२३ वें पद्य तक प्राकृत व्याकरण के सिद्धान्त बतलाये है और ३२ वें अध्याय मे उदाहरण प्रस्तुत किये है। पर भरत के ये अनुशासन सम्बन्धी सिद्धात इतने सक्षिप्त और अस्फुट है कि इनका उल्लेख मात्र इतिहास के लिए ही उपयोगी है।

प्राकृत लक्षण

कुछ विद्वान पाणिनि का प्राकृत लक्षण नाम का प्राकृत व्याकरण बतलाते है। डा० पिशल ने भी अपने प्राकृत व्याकरण मे इस ओर संकेत किया है, पर यह ग्रन्थ न तो आजकल उपलब्ध ही हुआ है और न इसके होने का ही कोई सबल प्रमाण मिलता है। उपलब्ध शब्दानुशासनो मे वररुचि के प्राकृत प्रकाश को कुछ विद्वान् प्राचीन मानते है और कुछ चण्डकृत प्राकृत लक्षण को। प्राकृत लक्षण सक्षिप्त रचना है। इसमे जिस सामान्य प्राकृत का जो अनुशासन किया गया है, वह प्राकृत अशोक की धर्मलिपियो की जैसी प्राचीन भाषा प्रतीत होती है और वररुचि द्वारा प्राकृत प्रकाश मे अनुशासित प्राकृत उसके पश्चात् की है। इस शब्दानुशासन के मत से मध्यवर्ती अल्पप्राण व्यञ्जनो का लोप नही होता है, वे वर्त्तमान रहते हैं। वर्ग के प्रथम वर्णों मे केवल 'क' और तृतीय वर्णों मे 'ग' के लोप का विधान मिलता है। मध्यवर्ती 'च', 'ट', 'त' और 'प' वर्ण ज्यो के त्यो रह जाते है। भाषा की यह प्रवृत्ति महाकवि भास के नाटको में भी पायी जाती है। अत: प्राकृत लक्षण का रचनाकाल ईस्वी सन् द्वितीय-तृतीय शती मानने मे कोई बाधा नही आती है।

इस ग्रन्थ में कुल सूत्र९९ या १०३ है और चार पदो मे विभक्त है। आरम्भ मे प्राकृत शब्दो के तीन रूप तद्भव, तत्सम और देशज बतलाये है। तीनो लिंग और विभक्तियो का विधान सस्कृत के समान ही पाया जाता है। प्रथम पाद के ५ वे सूत्र से अन्तिम ३५ वें सूत्र तक सज्ञाओ और सर्वनामो के विभक्ति रूपो का निरूपण किया है। द्वितीय-पाद के २९ सूत्रो मे स्वर परिवर्त्तन, शब्दादेशो एव अव्ययो का कथन किया गया है। पूर्वकालिक क्रिया के रूपो में तु, त्ता, च्च, ट्ट, तु, तूण, ओ एव प्पि प्रत्ययो को जोडने का नियमन किया है। तृतीय पाद के ३५ सूत्रो मे व्यञ्जन परिवर्त्तन के नियम दिये गये है। चतुर्थ पाद मे केवल चार सूत्र ही है, इनमें अपभ्रंश का लक्षण, अधोरेफ का लोप न होना, पैशाची की प्रवृत्तियाँ, मागधी की प्रवृत्ति र् और स् के स्थान पर ल् और श् का आदेश एवं शौरसेनी मे त के स्थान पर विकल्प से द का आदेश किया गया है।

प्राकृत प्रकाश

चण्ड के उत्तरवर्ती समस्त प्राकृत वैयाकरणो ने रचनाशैली और विषयानुक्रम की दृष्टि से प्राकृत लक्षण का अनुकरण किया है। चण्ड के पश्चात् प्राकृत शब्दानुशासकों मे वररुचि का नाम आता है। इनका गोत्र नाम कात्यायन कहा गया है। डा० पिशल ने अनुमान किया था कि प्रसिद्ध वार्तिककार कात्यायन और वररुचि दोनो एक ही व्यक्ति हैं, किन्तु इस कथन की पुष्टि के लिए एक भी सबल प्रमाण उपलब्ध नही है। एक वररुचि कालिदास के समकालीन भी माने जाते हैं, जो विक्रमादित्य के नवरत्नो में से एक थे। प्रस्तुत प्राकृत प्रकाश चण्ड के पीछे का है, इसमे कोई सन्देह नही। प्राकृत भाषा का शृङ्गार काव्य के लिए प्रयोग ईस्वी सन् की प्रारम्भिक शतियो के पहले ही होने लगा था। हाल कवि ने गाथाकोष मे प्राकृत कवियो की ३८४ गाथाओ का सकलन किया है। याकोबी का मत है कि महाराष्ट्री प्राकृत का व्यापक प्रयोग ईस्वी तीसरी शताब्दी के पहले ही होने लगा था। अत: प्राकृत प्रकाश मे वर्णित अनुशासन पर्याप्त प्राचीन है, अतएव वररुचि को कालिदास का समकालीन मानना अनुचित नही है।

प्राकृत प्रकाश मे कुल ५०६ सूत्र है। भामहवृत्ति के अनुसार ४८७ और चन्द्रिका टीका के अनुसार ५०९ सूत्र उपलब्ध है। प्राकृत प्रकाश की चार प्राचीन टीकाएँ भी प्राप्य है—

१—मनोरमा—इस टीका के रचयिता भामह हैं।

२—प्राकृत मञ्जरी—इस टीका के रचयिता कात्यायन नाम के विद्वान् है।

३—प्राकृत संजीवनी—यह टीका वसन्तराज द्वारा लिखित है।

४—सुबोधिनी—यह टीका सदानन्द द्वारा विरचित है और नवम परिच्छेद के नवम सूत्र की समाप्ति के साथ समाप्त हुई है।

इस ग्रन्थ मे बारह परिच्छेद हैं। प्रथम परिच्छेद में स्वर विकार एव स्वरपरिवर्त्तन के नियमो का निरूपण किया गया है। विशिष्ट-विशिष्ट शब्दो में स्वर सम्बन्धी जो विकार उत्पन्न होते है, उनका ४४ सूत्रो में विवेचन किया है। दूसरे परिच्छेद का आरम्भ मध्यवर्त्ती व्यंजनो के लोप से होता है। मध्य मे आनेवाले क, ग, च, ज, त, द, प, य और व का लोप विधान किया है। तीसरे सूत्र से विशेष-विशेष शब्दो के असंयुक्त व्यंजनो के लोप एवं उनके स्थान पर विशेष व्यजनो के आदेश का नियमन किया गया है। यह प्रकरण अन्तिम ४७ वें सूत्र तक चला है। तीसरे परिच्छेद में सयुक्त व्यञ्जनो के लोप, विकार एवं परिवर्त्तनो का निरूपण है। इस परिच्छेद में ६६ सूत्र हैं और सभी सूत्र विशिष्ट-विशिष्ट शब्दो में सयुक्त व्यञ्जनों के परिवर्त्तन का निर्देश करते हैं। चौथे परिच्छेद में ३३ सूत्र हैं, इनमें संकीर्णविधि—निश्चित शब्दो के अनुशासन वर्णित हैं।

इस परिच्छेद में अनुकारी, विकारी और देशज इन तीनो प्रकार के शब्दों का अनुशासन आया है। पाँचवें परिच्छेद के ४७ सूत्रों मे लिंग और विभक्ति का आदेश वर्णित हैं। छठवें परिच्छेद में ६४ सूत्र हैं, इन सूत्रों में सर्वनामविधि का निरूपण है अर्थात् सर्वनाम शब्दों के रूप एवं उनके विभक्ति-प्रत्यय निर्दिष्ट किये गये है। सप्तम परिच्छेद मे तिङन्त विधि है। धातुरूपो का अनुशासन सक्षेप में लिखा गया है। इसमे कुल ३४ सूत्र है। अष्टम परिच्छेद में धात्वादेश निरूपित है। इसमे कुल ७१ सूत्र है। संस्कृत की किस धातु के स्थान पर प्राकृत में कौनसी धातु का आदेश होता है, इसका विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। प्राकृत भाषा का यह धात्वादेश सम्बन्धी प्रकरण बहुत ही महत्त्व-पूर्ण माना जाता है। नौवाँ परिच्छेद निपात का है। इसमे अव्ययो के अर्थ और प्रयोग दिये गये है। इस परिच्छेद में १८ सूत्र है। दशवें परिच्छेद मे पैशाची भाषा का अनु-शासन है। इसमें १४ सूत्र है। ग्यारहवें परिच्छेद मे मागधी प्राकृत का अनुशासन वर्णित है। इसमें कुल १७ सूत्र है। बारहवाँ परिच्छेद शौरसेनी प्राकृत के नियमन का है। इसमें ३२ सूत्र है और इनमे शौरसेनी प्राकृत की विशेषताएँ वर्णित है। तुलनात्मक दृष्टि से विचार करने पर अवगत होता है कि वररुचि ने चण्ड का अनुसरण किया है। चण्ड द्वारा निरूपित विषयो का विस्तार अवश्य इस ग्रन्थ मे पाया जाता है। अतः शैली और विषय विस्तार के लिए वररुचि पर चण्ड का ऋण मान लेना अनुचित नही कहा जायगा।

इस सत्य से कोई इकार नही कर सकता है कि भाषाज्ञान की दृष्टि से वररुचि का प्राकृत प्रकाश बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। सस्कृत भाषा की ध्वनियो मे किस प्रकार के ध्वनि परिवर्त्तन होने से प्राकृत भाषा के शब्द रूप गठित है, इस विषय पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। उपयोगिता की दृष्टि से यह ग्रन्थ प्राकृत अध्येताओ के लिए ग्राह्य है।

सिद्धहेमशब्दानुशासन

इस व्याकरण मे सात अध्याय सस्कृत शब्दानुशासन पर है और आठवें अध्याय में प्राकृत भाषा का अनुशासन लिखा गया है। आचार्य हेम का यह प्राकृत व्याकरण उपलब्ध समस्त प्राकृत व्याकरणो मे सबसे अधिक पूर्ण और व्यवस्थित है। इसके ४ पाद है। प्रथम पाद में २७१ सूत्र हैं। इनमे सन्धि, व्यञ्जनान्त शब्द, अनुस्वार, लिंग, विसर्ग, स्वर-व्यत्यय और व्यंजन-व्यत्यय का विवेचन किया गया है। द्वितीय पाद के २१८ सूत्रों में संयुक्त व्यंजनो के परिवर्त्तन, समीकरण, स्वरभक्ति, वर्णविपर्यय, शब्दादेश, तद्धित, निपात और अव्ययो का निरूपण है। तृतीय पाद मे १८२ सूत्र हैं, जिनमें कारक, विभक्तियो तथा क्रियारचना सम्बन्धी नियमो का कथन किया गया है। चौथे पाद में ४४८ सूत्र हैं। आरम्भ के २५६ सूत्रों में धात्वादेश और आगे क्रमशः शौरसेनी,

मागधी, चूलिका पैशाची और अपभ्रंश भाषाओ की विशेष प्रवृत्तियो का निरूपण किया गया है। अन्तिम दो सूत्रों मे यह भी बतलाया गया है कि प्राकृत में उक्त लक्षणों का व्यत्यय भी पाया जाता है तथा जो बात वहाँ नही बतलाई है, उसे संस्कृतवत् सिद्ध समझना चाहिए। सूत्रो के अतिरिक्त वृत्ति भी स्वय हेम की लिखी है। इस वृत्ति में सूत्रगत लक्षणों को बडी विशदता से उदाहरण देकर समझाया गया है।

आचार्य हेम ने प्राकृत शब्दो का अनुशासन सस्कृत शब्दो के रूपो को आदर्श मानकर किया है। हेम के मत से प्राकृत शब्द तीन प्रकार के हैं—तत्सम, तद्भव और देशी। तत्सम और देशी शब्दो को छोडकर शेष तद्भव शब्दो का अनुशासन इस व्याकरण द्वारा किया गया है।

आचार्य हेम ने 'आर्षम्' ८।१।३ सूत्र मे आर्ष प्राकृत का नामोल्लेख किया है। और बतलाया है "आर्षं प्राकृतं बहुलं भवति, तदपि यथास्थानं दर्शयिष्याम.। आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्पयन्ते" अर्थात् अधिक प्राचीन प्राकृत आर्ष-आगमिक प्राकृत है। इसमें प्राकृत के नियम विकल्प से प्रवृत्त होते है।

हेम का प्राकृत व्याकरण रचना शैली और विषयानुक्रम के लिए प्राकृत लक्षण और प्राकृत प्रकाश का आभारी है। पर हेम ने विषय विस्तार मे बडी पटुता दिखलाई है। अनेक नये नियमो का भी निरूपण किया है। ग्रन्थन शैली भी हेम की चण्ड और वररुचि की अपेक्षा परिष्कृत है। चूलिका और अपभ्रंश का अनुशासन हेम का अपना है। अपभ्रंश भाषा का नियमन ११६ सूत्रो मे स्वतन्त्र रूप से किया है। उदाहरणो में अपभ्रंश के पूरे दोहे उद्धृत कर नष्ट होते हुए विशाल साहित्य का सरक्षण किया है। इसमें सन्देह नही कि आचार्य हेम के समय में प्राकृत भाषा का बहुत अधिक विकास हो गया था और उसका विशाल साहित्य विद्यमान था। अतः उन्होने व्याकरण की प्राचीन परम्परा को अपना कर भी अनेक नये अनुशासन उपस्थित किये हैं।

त्रिविक्रमदेव का प्राकृत शब्दानुशासन

जिस प्रकार आचार्य हेम ने सर्वाङ्गपूर्ण प्राकृत शब्दानुशासन लिखा है, उसी प्रकार त्रिविक्रम देव ने भी। इनकी स्वोपज्ञवृत्ति और सूत्र दोनो ही उपलब्ध हैं। इस शब्दानुशासन में तीन अध्याय और प्रत्येक अध्याय मे ४-४ पाद हैं। इस प्रकार कुल बारह पादो में यह शब्दानुशासन पूर्ण हुआ है। इसमें कुल १०३६ सूत्र हैं। त्रिविक्रम देव ने हेम के सूत्रो में ही कुछ फेर-फार करके अपने सूत्रो की रचना की है। विषयानुक्रम हेम का ही है। ह, दि, स और ग आदि संज्ञाएँ त्रिविक्रम की नई हैं, पर इन संज्ञाओं से विषयनिरूपण में सरलता की अपेक्षा जटिलता ही उत्पन्न हो गयी। इस व्याकरण में देशी शब्दो का वर्गीकरण कर हेम की अपेक्षा एक नयी दिशा की सूचना दी है।

यद्यपि अपभ्रंश के उदाहरण हेम के ही है, पर संस्कृत छाया देकर इन्होंने अपभ्रंश के दोहो को समझने मे पूरा सौकर्य प्रदर्शित किया है।

त्रिविक्रम ने अनेकार्थक शब्द भी दिये है। इन शब्दो के अवलोकन से तात्कालिक भाषा की प्रवृत्तियों का परिज्ञान तो होता ही है, पर इसमे अनेक सास्कृतिक बातो पर भी प्रकाश पडता है। यह प्रकरण हेम की अपेक्षा विशिष्ट है इनका यह कार्य शब्द शासक का न होकर अर्थशासक का हो गया है।

षड्भाषा चन्द्रिका

लक्ष्मीधर ने त्रिविक्रम देव के सूत्रो का प्रकरणानुसारी सकलन कर अपनी नयी वृत्ति लिखी है। इस सकलन का नाम ही षड्भाषा चन्द्रिका है। इस सङ्कलन मे सिद्धान्त कौमुदी का क्रम रखा गया है। उदाहरण सेतुबन्ध, गउडवहो, गाहासत्तसई, कर्पूरमजरी आदि ग्रन्थो से दिये गये है। लक्ष्मीधर ने लिखा है—

वृत्तिं त्रैविक्रमीगूढां व्याचिख्यासन्ति ये बुधा.।
षड्भाषाचन्द्रिका तैस्तद् व्याख्यारूपा विलोक्यताम्॥

अर्थात्— जो विद्वान् त्रिविक्रम की गूढ वृत्ति को समझना और समझाना चाहते है, वे उसकी व्याख्यारूप षड्भाषाचन्द्रिका को देखे।

प्राकृत भाषा की जानकारी प्राप्त करने के लिए षड्भाषा चद्रिका अधिक उपयोगी है। इसकी तुलना हम भट्टोजिदीक्षित की सिद्धान्तकौमुदी से कर सकते है।

प्राकृत रूपावतार

त्रिविक्रमदेव के सूत्रो को ही लघुसिद्धान्त कौमुदी के ढङ्ग पर सकलित कर सिहराज ने प्राकृतरूपावतार नामक व्याकरण ग्रन्थ लिखा है। इसमे सक्षेप मे सन्धि, शब्दरूप, धातुरूप, समास, तद्धित आदिका विचार किया है। व्यावहारिक दृष्टि से आशुबोध कराने के लिए यह व्याकरण उपयोगी है। हम सिहराज की तुलना वरदाचार्य से कर सकते हैं। इनका समय ई० सन् १५ वी शती है।

प्राकृत सर्वस्व

मार्कण्डेय का प्राकृत सर्वस्व एक महत्त्वपूर्ण व्याकरण है। इसका रचनाकाल १५ वी शती है। मार्कण्डेय ने प्राकृत भाषा के भाषा, विभाषा, अपभ्रश और पैशाची—ये चार भेद किये है। भाषा के महाराष्ट्री, शौरसेनी, प्राच्या, अवन्ती और मागधी, विभाषा के शकारी, चाण्डाली, शबरी, आभीरी और ढक्की, अपभ्रश के नागर, व्राचड और उपनागर एवं पैशाची के कैकेयी, शौरसेनी और पञ्चाली आदि भेद किये है।

मार्कण्डेय ने आरम्भ के आठ पादो मे महाराष्ट्री प्राकृत के नियम बतलाये है। इन नियमो का आधार प्राय· वररुचि का प्राकृत प्रकाश ही है। ६ वें पाद में शौरसेनी

के नियम दिये गये हैं। दसवें पाद मे प्राच्या भाषा का नियमन किया गया है। ११ वें में अवन्ती और बाल्हीकी का वर्णन है। १२ वें मे मागधी के नियम बतलाए गये हैं, इनमें अर्धमागधी का भी उल्लेख है। ९ से १२ तक के पादो का भाषा-विवेचन नाम का एक अलग खण्ड माना जा सकता है। १३ वें से १६ वें पाद तक विभाषा का नियमन किया है। १७ वें और १८ वें अपभ्रंश भाषा का तथा १९ वें और २० वें पाद मे पैशाची भाषा के नियम दिये है। शौरसेनी के बाद अपभ्रंश भाषा का नियमन करना बहुत ही तर्क सङ्गत है।

ऐसा लगता है कि हेम ने जहाँ पश्चिमीय प्राकृत भाषा की प्रवृत्तियो का अनुशासन उपस्थित किया है, वहाँ मार्कण्डय ने पूर्वीय प्राकृत की प्रवृत्तियो का नियमन प्रदर्शित किया है।

इन व्याकरण ग्रन्थो के अतिरिक्त रामतर्कवागीश का 'प्राकृतकल्पतरु' , १७ वी शी शुभचन्द का शब्दचिन्तामणि, श्रुतसागर का औदार्य चिन्तामणि अप्पय दीक्षित का 'प्राकृत मणि दीप' (१६ वी शती) रघुनाथ कवि का प्राकृतानन्द (१८ वी शती) और देवसुन्दर का प्राकृत युक्ति भी अच्छे ग्रन्थ है। इस प्रकार प्राकृत भाषा के साहित्यिक स्वरूप का यथार्थ विवेचन प्राकृत व्याकरणो मे पाया जाता है।

छन्दश्शास्त्र

मनुष्य अनादिकाल से छन्द का आश्रय लेकर अपने ज्ञान को स्थायी और अन्यजन ग्राह्य बनाने का प्रयत्न करता आ रहा है। छन्द, ताल, तुक और स्वर सम्पूर्ण मनुष्य को एक करते है। इनके आधार पर मनुष्य का भाव सहज ही दूसरे तक पहुँच जाता है। इनके समान एकत्व विधायिनी अन्य शक्ति नहीं है। मनुष्य को मनुष्य के प्रति संवेदनशील बनाने का सबसे प्रधान साधन छन्द है। इसी महान् साधन के बल पर मनुष्य ने अपनी आशा-आकाक्षाओ को, अनुराग-विराग को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक एक पीढी से दूसरी पीढी तक और एक युग से दूसरे युग तक भेजा है। वैद्यक, ज्योतिष, व्यापार-वाणिज्य और नीति विषयक अनुभवो को छन्द के बल पर ही सर्वग्राह्य बनाया गया है। काव्य मे छन्द का व्यवहार विषयगत मनोभावो के सचार के लिए किया गया है।

जिस प्रकार किसी भवन को बनाने के पूर्व उसका नक्शा बना लिया जाता है और लम्बाई-चौडाई का समानुपात निश्चित कर लेने के उपरान्त ही भवन का निर्माण किया जाता है, उसी प्रकार कविता मे सतुलन और प्रेषणीयता लाने के लिए छन्द. की आवश्यकता होती है। मात्रा, वर्ण और यतिनियोजन भावो को स्पन्दित करते है। लय द्वारा भावोमें विविध मोडे उत्पन्न की जाती हैं। अतएव छन्द शास्त्र का आरम्भ ऋग्वेद काल

से माना जाता है। प्राकृत भाषा का सम्बन्ध लोकजीवन के साथ होने के कारण छन्दों का विकास नृत्य और सगीत के आधार पर हुआ माना जा सकता है। इसमें मात्रा या तालछन्दों का बाहुल्य भी इस बात का समर्थन करता है।

वृत्तजातिसमुचय

प्राकृत भाषा में वृत्तजातिसमुच्चय नामक छन्द ग्रन्थ उपलब्ध है। इस के रचयिता विरहाक नाम के कवि है। ये कवि जाति के ब्राह्मण और संस्कृत तथा प्राकृत के विद्वान् थे। इनका समय ईस्वी सन् की छठी शती है। यह वृत्तजातिसमुच्चय पद्यात्मक है। मात्राछन्द और वर्णछन्दो के सम्बन्ध में विचार किया गया है। यह ग्रन्थ छः नियम—अध्यायो में विभक्त है। प्रथम नियम—अध्याय मे प्राकृत के समस्त छन्दो के नाम गिनाये गये है। तृतीय नियम मे ५२ प्रकार के द्विपदी छन्दो का प्रतिपादन किया है। चतुर्थ नियम मे २६ प्रकार के गाथा छन्द का वर्णन है। पाँचवे नियम मे ५० प्रकार के सस्कृत के वार्णिक छन्दो का निरूपण किया गया है। छठे नियम मे प्रस्तार, नष्ट, उद्दिष्ट लघुक्रिया, संख्या और अध्वान नाम के छ प्रत्ययो का लक्षण वर्णित है। इस छन्द ग्रन्थ मे आभीरी भाषा का अड्डिला, मारवाडी का ढोसा, मागधी का मागधिका और अपभ्रंश का रड्डा छन्द बताया गया है।

कविदर्पण

इस ग्रन्थ का रचना काल ईस्वी सन् की १३ वी शती है। रचयिता का नाम नही ज्ञात है। इसमें छः उद्देश्य है। प्रथम उद्देश्य में मात्रा, वर्ण और दोनो के मिश्रण के भेद से तीन प्रकार के छन्द बतलाये हैं। द्वितीय उद्देश्य मे ११ प्रकार के मात्रा छन्दो का वर्णन है। तृतीय उद्देश्य मे सम, अर्धसम और विषम वार्णिक छन्दो का स्वरूप वर्णित है। चतुर्थ उद्देश्य मे समच्चतुष्पदी, अर्ध समचतुष्पदी और विषमचतुष्पदी का विवेचन किया गया है। पाँचवें उद्देश्य मे उभय छन्दो और छठे उद्देश्य मे प्रस्तार, सख्या, नष्टोद्दिष्ट का स्वरूप प्रतिपादित किया है।

गाहालक्खण

प्राकृत छन्दो पर लिखी गयी यह रचना महत्त्वपूर्ण है। इसके रचयिता नन्दिताढ्य नाम के आचार्य है। इस ग्रन्थ मे ९२ गाथाएँ है। रचयिता का समय सन् १००० ई० के लगभग है। कवि जैनधर्मानुयायी है। इसमे अपभ्रंश भाषा के प्रति तिरस्कार (गाथा ३१) प्रकट किया है। गाथा छन्द के भेद और लक्षणो पर विस्तारपूर्वक विचार किया है।

प्राकृतपैंगलम्[1]

प्राकृत पैंगलम् एक महत्त्वपूर्ण छन्दो ग्रन्थ है। यह एक संग्रहग्रन्थ है, पर संग्रहकर्त्ता का नाम अज्ञात है। इसमें पुरानी हिन्दी के आदिकालीन कवियो द्वारा प्रयुक्त वार्णिक तथा मात्रिक छन्दो का विवेचन किया गया है। इस ग्रन्थ मे मेवाड़ के राजपूत राजा हम्मीर की वीरता का सुन्दर चित्रण किया है। राजशेखर की कर्पूरमञ्जरी के पद्य भी उद्धृत हैं, अत. इस संग्रह के कर्त्ता का समय ईस्वी सन् १४ वी शती है। इस ग्रन्थ पर ईस्वी सन् की १६ वी शताब्दी के प्रारम्भ में सस्कृत टीकाएँ भी लिखी गयी हैं। यह दो परिच्छेदो में विभक्त है—प्रथम परिच्छेद्र मे मात्रिक छन्दो का और द्वितीय परिच्छेद में वर्णवृत्तो का निरूपण है। छन्दो के उदाहरणो में विभिन्न ग्रन्थो के उद्धरणो को प्रस्तुत किया गया है। इसमें आये हुए उदाहरण काव्य की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं। अतएव कुछ उदाहरणो का विवेचन प्रस्तुत किया जायगा। कवि ने मालाधरा, चन्द्रमाला और गीता छन्दो के उदाहरणों में वसन्त ऋतु का सुन्दर वर्णन किया है—

वहइ मलआणिला विरहिचेउसंतवणा,
रअइ पिक पंचमा विअसु केसु फुल्ला वणा।
तरुण तरु पेल्लिआ मउलु माहवीवल्लिआ
वितर सहि णेत्तआ समअ माहवा पत्तआ॥ २।१७१

मलयानिल बह रहा है, विरहियो के चित्त को सन्तापित करनेवाला कोकिल पञ्चम स्वर मे बोल रहा है। किंशुक विकसित हो गये है, वन फूल गया है, वृक्षो में नये पल्लव आ गये हैं, माधवी लता मुकलित हो गयी है। हे सखि, नेत्रो को विस्तारित करो, देखो वसन्त का समय आ गया है।

अमिअकर किरण धरु फुल्लु णव कुसुम वण,
कुविअ भइ सर ठवइ काम णिअ धणु धरइ।
रवइ पिअ समअ णिक कन्त तुअ थिर हिअलु,
गमिअ दिण पुण ण मिलु जहि सहि पिअ णिअलु॥२।१९१

अमृतकर—चन्द्रमा किरणो को धारण कर रहा है, वन में नये फूल फूल गये हैं, क्रुद्ध होकर कामदेव बाणो को स्थापित कर रहा है तथा अपने धनुष को धारण कर रहा है। कोयल कूक रही है समय भी सुन्दर है, तेरा प्रिय भी स्थिर हृदय है, हे सखि बीते दिन फिर नही आते, तू प्रिय के समीप जा।

जह फुल्ल केअइ चारु चंपअ चूअमंजरि वंजुला,
सब दीस दीसइ वेसुकाणण पाण वाउल भम्मरा।

---

१. प्राकृत ग्रन्थ परिषद् वाराणसी से दो भागो में प्रकाशित

वह पोम्मगंध विबंध बंधुर मंद मंद समीरणा,
पियकेलिकोतुकलासलंगिम लग्गिआ तरुणीजणा ।। २।१९७

केतकी, सुन्दर चम्पक, आम्रमजरी तथा बजुल फूल गये हैं, तब दिशाओ में किंशुक का वन दिखाई दे रहा है और भौंरे मधुपान के कारण व्याकुल मस्त हो रहे हैं। पद्म-सुगन्धयुक्त तथा मानिनियो के मान भंजन मे दक्ष मन्द-मन्द पवन बह रहा है, तरुणियाँ अपने पति के साथ केलि कौतुक तथा लास्य भंगिमा मे व्यस्त हो रही हैं।

फुल्लिअ केसु चंप तह पअलिअ मंजरी तेज्जइ चूआ,
दक्खिण वाउ सीअ भइ पवहइ कंप विओइणिहीआ।
केअइ धूलि सव्व दिस पसरइ पीअर सव्वइ भासे,
आउ वसंत काइ सहि करिअइ कंत ण थक्कइ पासे ।। २। २०३

किंशुक फूल गया है, चम्पक प्रकट हो गये हैं, आम बौर छोड़ रहा है, दक्षिण पवन शीतल होकर चल रहा है, वियोगिनी का हृदय काँप रहा है, केतकी का पराग सब दिशाओ में फैल गया है, सब कुछ पीला दिखाई दे रहा है, हे सखि, वसन्त आ गया है, क्या किया जाय, प्रिय तो समीप है ही नही। इसी छन्द के उदाहरण मे शरत् ऋतु का चित्रण करते हुए लिखा है—

णेत्ताणंदा उग्गो चंदा धवलचमरसम सिअकरविंदा,
उग्गे तारा ते आहारा विअसु कुमुअवण परिमलकंदा ।।
भासे कासा सव्वा आसा महुरपवण लहु लहिअ करंता,
हंसा सद्द फुल्ला बंधू सरअ समअ सहि हिअअ हरंता ।। २। २०५

नेत्रो को आनन्दित करनेवाला धवल चमर के समान श्वेत किरणो वाला चन्द्रमा उदित हो गया है, तेजोयुक्त तारे उग आये है, सुगन्ध से भरे कुमुद खिल गये हैं, सब दिशाओ में काश सुशोभित हो रहा है, मधुर पवन मद-मद गति से बह रहा है, हंस शब्द कर रहे हैं, बधूक पुष्प फूल गये है, हे सखि शरत् ऋतु हृदय को हरता है।

मजीरा छन्द का उदाहरण उद्धृत करते हुए वर्षा का सजीव चित्रण निम्न प्रकार किया गया है:—

गज्जे मेहा णीलाकारउ सद्दे मोरउ उच्चा रावा,
ठामा ठामा विज्जू रेहउ पिंगा देहउ किज्जे हारा।
फुल्ला णीवा पीवे भम्मरु दक्खा मारुअ वीअंताए,
हंहो हंजे काहा किज्जउ आओ पाउस कीलंताए ।। २।१८१

नीले मेघ गरज रहे हैं, मोर ऊँचे स्वर से शब्द कर रहे हैं, स्थान-स्थान पर पीले देहवाली बिजली सुशोभित हो रही है, मेघो द्वारा बिजली का हार धारण किया जा रहा है, कदंब फूल गये हैं, भौंरे गुंजार कर रहे है, यह चतुर पवन चल रहा है। हे सखि, बता क्या करें, वर्षा ऋतु क्रीडा करती आ गई।

उदाहरणों में कुछ उदाहरण काशीराज की वीरता के सम्बन्ध में आये हैं, जिनमें वीररस का सुन्दर परिपाक हुआ है। कवि ने पद्मावती छन्द का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए काशी नरेश के युद्ध प्रयाण का रोमाञ्चकारी चित्र उपस्थित किया है।

भअ भज्जिअ वंगा भंगु कलिंगा तेलंगा रण मुक्कि चले।
मरहट्ठा धिट्ठा लग्गिअ कट्ठा सोरट्ठा भअ पाअ पले॥
चंपारण कंपा पव्वअ झंपा ओत्था ओत्थी जीव हरे।
कासीसर राणा किअउ पआणा विज्जाहर भण मंतिवरे॥ १। १४५

बगदेश के राजा भय से भाग गये, कलिंग के राजा भाग गये, तैलगदेश के राजा युद्ध छोड़कर चले गये, धृष्ट मराठे दिशाओं मे लग गये—पलायमान हो गये। सौराष्ट्र के राजा भयसे पैरों पर गिर पड़े, चम्पारन का राजा काँपकर पर्वत में छिप गया और उठ-उठ कर अपने जीवन को किसी तरह त्याग रहा है। मन्त्रिश्रेष्ठ विद्याधर कहते हैं कि काशीश्वर राजा ने युद्ध के लिए प्रयाण किया है।

इसी राजा के विजयों का निर्देश दुर्मिला छन्द के उदाहरण मे प्रस्तुत करते हुए बताया है—

जेइ किज्जिअ धाला जिण्णु णिवाला भोट्टंता पिट्टंत चले,
भंजाविअ चीणा दप्पहि हीणा लोहावल हाकंद पले।
ओड्डा उड्डा विअ कित्ती पाविअ मोडिअ मालवराअबले,
तेलंगा भग्गिअ बहुरिण लग्गिअ कासीराआ जखण चले॥ १।१९८

जिस काशीश्वर राजा ने व्यूह बनाया, नेपाल के राजा को जीता, जिससे हार कर भोट देश के राजा अपने सिरको पीटते हुए भाग गये, जिसने चीन देश के दर्पहीन राजा को भगाया तथा लोहावल में हाहाकार उत्पन्न कर दिया, जिसने उड़ीसा के राजा को उड़ा दिया—हरा दिया, कीर्त्ति प्राप्त की और मालव राजा के कुल को उखाड़ फेंका, वह काशीनरेश जिस समय रण के लिए चला उस समय अत्यधिक ऋणग्रस्त तैलग नरेश भाग गये।

राअह भग्गंता दिअ लग्गंता परिहरि हअ गअ घर घरिणी।
लोरहि भरु सरवरु पअ परु परिकरु लोट्टइ पिट्टइ तणु धरणी॥
पुणु उट्ठइ संभलिकर दंतंगुलि बाल तणअ कर जमल करे।
कासीसर राआ णेहलु काआ करु माआ पुणु थप्पि घरे॥ १।१८०

अपने हाथी, घोड़े, घर और पत्नी को छोड़कर राजा लोग भाग कर दिशाओं में छिप गये हैं। उनके आँसुओं से सरोवर भर गये हैं। उनकी स्त्रियाँ पैरों पर गिर कर पृथ्वी पर लोट रही हैं तथा अपना शरीर पीट रही हैं। पुनः संभल कर हाथ की अंगुलियों दाँत में लेकर, छोटे पुत्र से हाथ की अंजलि बँधा रही है। स्नेहशील काशीनरेश ने दया करके उन राजाओं के राज्य फिर से स्थापित कर दिये हैं।

कवि ने हम्मीर की युद्धयात्रा का भी सजीव वर्णन किया है। लीलावती छन्द का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा है—

घर लग्गइ अग्गि जलइ धह-धह कइ दिग मग णहपह अणल भरे,
सब दीस पसरि पाइक्क लुलइ धणि थणहर जहण दिआव करे।
भअ लुक्किअ थक्किअ वइरि तरुणि जण भइरव भेरिअ सद्द पले,
महि लोट्टइ पट्टइ रिउसिर टुट्टइ जक्खण वीर हमीर चले॥ १।१९०

जिस समय वीर हमीर युद्ध यात्रा के लिए चला, उस समय शत्रु राजाओ के घरो में आग लग गई है, वह धू-धू कर जलती है तथा दिशाओ का मार्ग और आकाशपथ अग्नि से व्याप्त हो गया है, उसकी पदाति सेना सब ओर फैल गई है तथा उसके डर से भागती हुई रमणियो का स्तनभार जघाओ के टुकड़े-टुकड़े कर रहा है; शत्रुओ की तरुणियाँ भय से थक कर वन में छिप गई है, भेरी का भैरव शब्द सुनाई पड रहा है, शत्रु राजा पृथ्वी पर गिरते हैं, सिर को पीटते है तथा उनके सिर टूट रहे है।

युद्ध वर्णन का एक चित्र और प्रस्तुत किया जाता है, भाषा परिवर्त्तन की दृष्टि से इस चित्र का जितना महत्त्व है, उससे कही अधिक वीररस की दृष्टि से।

गअ गअहि ढुक्किअ तरणि लुक्किअ तुरअ तुरअहि जुज्झिआ,
रह रहहि मीलिअ धरणि पीडिअ अप्प पर णहि बुज्झिआ।
बल मिलिअ आइअ पत्ति धाइउ कंप गिरिवरसीहरा,
उच्छलइ साअर दीण काअर वइर वड्ढिअ दीहरा॥ १।१९३

हाथी हाथियो से भिड़ गये, सेना के चलने से इतनी धूल उडी, जिससे सूर्य छिप गया। घोड़े घोड़ो से जूझ गये, रथ रथो से भिड़ गये, पृथ्वी पीड़ित हुई और अपने पराये का भेद लुप्त हो गया। दोनो सेनाएँ आकर मिली, पैदल दौड़ने लगे, पर्वतो के शिखर काँपने लगे, समुद्र उछलने लगा, कायर लोग दीन हो गये और शत्रुता अत्यधिक बढ़ गयी।

इस प्रकार इस ग्रन्थ का पुरानी हिन्दी के मुक्तक पद्यो की दृष्टि से अत्यधिक महत्त्व है। मध्ययुगीन हिन्दी छन्दःशास्त्रियो ने इस ग्रन्थ की छन्दः परम्परा का पूरा अनुकरण किया है।

प्राकृत के अन्य छन्दग्रन्थो में छन्द.कोश, छन्दोलक्षण और छन्दःकली के विवरण भी उपलब्ध होते हैं। छन्दःकोश वज्रसेन सूरिके शिष्य रत्नशेखर सूरि ने १४ वी शती के उत्तरार्ध में लिखा है। इसमे ७४ गाथाएँ हैं। नन्दिषेण कृत अजित शान्तिस्तव के ऊपर लिखी गयी जिनप्रभ की टीका में छन्दोलक्षण सम्मिलित है। कविदर्पण के टीकाकार ने छन्दःकली का निर्देश किया है। स्वयंभू का छन्दग्रन्थ प्रसिद्ध है, इसमें अपभ्रंश छन्दो के उदाहरण आये हैं।

अलङ्कार साहित्य

जिस प्रकार भाषा के अध्ययन के लिए व्याकरण शास्त्र की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार आलोचना ज्ञान के लिए अलंकार शास्त्र के अध्ययन की। काव्य के मर्म को अलंकार शास्त्र की सहायता से ही समझा जा सकता है। काव्य का स्वरूप, रस, गुण, दोष, रीति, अलकार एवं काव्य चमत्कार का निरूपण अलकार शास्त्र में पाया जाता है। प्राकृत भाषा में निबद्ध किये गये अलकार ग्रन्थो की संख्या अत्यल्प है, पर संस्कृत के जितने अलंकार ग्रन्थ हैं, सभी में रस, व्यञ्जना, ध्वनि, लक्षणा, गुण, दोष और अलंकारों के चमत्कारपूर्ण उदाहरण प्राकृत भाषा मे आये हैं। सरस और सुन्दर उदाहरण प्राकृत ग्रन्थो से चयन कर निबद्ध किये गये उपलब्ध होते हैं। काव्यादर्श (७ वी शती) में दण्डी ने भाषा के चार भेद किये हैं—सस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और मिश्र (का० १।३२) सूक्ति प्रधान होने के कारण महाराष्ट्री को उत्कृष्ट प्राकृत कहा है। शौरसेनी गौडी, लाटी, एव अन्य देशो मे बोली जाने वाली भाषाओ को प्राकृत कहा है। अपभ्रश को गोप, चाण्डाल और शकार की भाषा बतलाया गया है। रुद्रट ने (९ वीं शती) काव्यालकार में भाषा के छः भेद स्वीकार किये हैं—प्राकृत, सस्कृत, मागधी, पैशाची, शौरसेनी और अपभ्रंश। रुद्रट ने छहो भाषाओ के उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए प्राकृत गाथाओ की भी रचना की है। ध्वन्यालोक (ई० सन् ९वी शती) के रचयिता आनन्दवर्धन और उसके टीकाकार अभिनवगुप्त ने प्राकृत की ४६ गाथाएँ उद्धृत की हैं। उदाहरणार्थ एक नीति गाथा उद्धृत की जाती है—

चन्दमऊएहि णिसा णलिनी कमलेहि कुसुमगुच्छेहि लआ।
हंसेहि सरसोहा कव्वकहा सज्जणेहि करइ गरुइ॥ २।५० टीका

रात्रि चन्द्रमा की किरणो से, नलिनी कमलो से, लता पुष्प के गुच्छो से, शरद् हसों से और काव्य कथा सज्जनो से शोभा को प्राप्त होती है।

दशरूपक (ई० १० वी शती) में धनञ्जय और उसके टीकाकार धनिक ने २६ प्राकृत पद्य उद्धृत किये हैं। स्वकीया नायिका के शील का चित्रण करते हुए कहा है।

कुलबालिआए पेच्छह जोव्वणलाअण्णविब्भमविलासा।
पवसंति व्व पवसिए एन्ति व्व पिये घरं एन्ते॥ २।१५ टीका

कुलवती बालिकाओ के यौवन, लावण्य तथा शृङ्गार चेष्टाएँ प्रिय के प्रवास में चले जाने से चली जाती हैं, तथा उसके घर पर लौट आने पर वापस लौट आती हैं।

सम्भोग नर्म का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए लिखा है—

सालोए च्चिअ सूरे घरिणी घरसामिअस्स घेत्तूण।
णेच्छन्तस्स वि पाए धुअइ हसन्ती हसन्तस्स॥ २।५० टीका

सूर्य के दृष्टिगोचर रहते हुए गृहिणी हँसते हुए गृहस्वामी के पैरों को पकड़ कर, उसके इच्छा न करने पर भी हँसती हुई हिला रही है

कामवती मध्या के सम्बन्ध मे बताया है—

ताव च्चिअ रइसमए महिलार्ण विब्भमा विराअन्ति।
जाव ण कुवलयदलसच्छहाइं मउलेन्ति णअणाइं ॥ २।१६ टीका

रात्रि के समय स्त्रियो की शृङ्गार चेष्टाएँ तभी तक सुशोभित होती हैं, जब तक कि कमलो के समान स्वच्छ कान्तिवाले उनके नेत्र मुकुलित नही हो पाते।

भोजराज ने (ई० सन् ९९६–१०५१) शृङ्गार प्रकाश और सरस्वती कण्ठ-भरण की रचना की है। शृङ्गार प्रकाश में शृङ्गार रस प्रधान प्राकृत पद्य उद्धृत हैं और सरस्वती कंठाभरण में ३३१ प्राकृत पद्य गाथा सप्तशती, सेतुबन्ध, कर्पूरमञ्जरी आदि ग्रन्थो से उद्धृत किये गये है। साहित्यिक सौन्दर्य की दृष्टि से सभी पद्य अच्छे हैं। किसी पथिक के प्रति नायिका श्लेष मे कहती है :—

कत्तो लंभइ पत्थिअ सत्थरअ एत्थ गामणिघरम्मि।
उण्णपओहरे पेक्खिअ उण जइ वससि ता वससु ॥ प्रथम परिच्छेद

हे पथिक ! यहाँ ग्रामीण के घर मे तुझे विस्तार कहाँ से मिलेगा ? यदि उन्नत पयोधर देखकर तू यहाँ ठहरना चाहता है तो ठहर जा।

प्रेमी और स्वामी का अन्तर बतलाते हुए लिखा है—

दूणन्ति जे मुहुत्तं कुविआ दासव्विअ ते पसाअन्ति।
ते च्चिअ महिलाण पिआ सेसा सामिच्चिअ वराआ ॥ पञ्चम परिच्छेद

जो थोड़े समय के लिए भी अपनी कुपित प्रिया को देखकर दुखी होते हैं और उन्हें चाटुकारिता द्वारा दास की तरह प्रसन्न करते है, वे ही सचमुच मे महिलाओं के प्रिय कहलाते हैं, शेष व्यक्ति तो स्वामी है, प्रिय नही।

अलङ्कार सर्वस्व के कर्त्ता राजानक रुय्यक ने अपने इस अलकार ग्रन्थ मे १० प्राकृत पद्य उद्धृत किये हैं। मम्मट (ई० सन् १२ वी शती) के काव्यप्रकाश में प्राकृत की ४९ गाथाएँ उपलब्ध होती हैं। आर्थी व्यञ्जना का उदाहरण उपस्थित करते हुए लिखा है—

अइपिहुलं जलकुम्भं घेत्तूण समागदह्मि सहि ! तुरिअम्।
समसेअ सलिलणीसासणीसहा वीसमामि खणम् ॥ ३।१३

हे सखि ! मैं बहुत बड़ा जल का घड़ा लेकर जल्दी-जल्दी आई हूँ, इससे श्रम के कारण पसीना बहने लगा है और मेरी साँस चलने लगी है, जिसे मैं सहन नही कर सकती, अतएव क्षणभर के लिए मैं विश्राम ले रही हूँ। (यहाँ चोरी-चोरी की गयी रति की ध्वनि व्यक्त होती हैं।)

ओण्णिद्दं दोब्बल्लं चिंता अलसंतणं सणीससिअम्।
मह मंद भाइणीए केरं सहि ! तुहवि अहह परिभवइ ॥ ३।१४

हे सखि ! कितने दुःख की बात है कि मुझ अभागी के कारण तुझे भी अब नींद नहीं आती, तू दुर्बल हो गई है, चिन्ता से व्याकुल है, थकावट का अनुभव करने लगी है और लम्बी सांसो से कष्ट पा रही। यहाँ दूती नायिका के प्रेमी के साथ रति सुख का उपभोग करने लगी है, इसकी व्यञ्जना की गयी है।

आक्षेप अलकार का उदाहरण देते हुए लिखा है—

ए एहि किंपि कीएवि कएण णिक्किव ! भणामि अलमहवा।
अविआरिअकज्जारम्भआरिणी मरउ ण भणिस्सम् ॥ १०।४७१

अरे निष्ठुर ! जरा यहाँ तो आ, मुझे उसके बारे मे तुमसे कुछ कहना है, अथवा रहने दे, क्या कहूँ, बिना विचारे मनमाना करनेवाली यदि वह मर जाय तो अच्छा है, अब मैं कुछ नही कहूँगी।

हेमचन्द्र ने काव्यानुशासन (१२ वीं शती) का प्रणयन किया है। इसमें शृङ्गार, नीति और वीरता विषयक ७८ प्राकृत पद्य सग्रहीत हैं। ये पद्य गाथासप्तशती सेतुबन्ध, कर्पूरमञ्जरी, और रत्नावलि आदि ग्रन्थो से ग्रहण किये गये हैं। युद्ध के लिए प्रस्थान करते हुए नायक की मनोदशा का चित्र द्रष्टव्य है—

एकत्तो रुअइ पिआ अण्णत्तो समरतूरनिग्घोसो।
नेहेण रणरसेण य भडस्स दोलाइयं हिअअम् ॥ ३।२ टीका १८७

एक ओर प्रियारुदन कर रही है, दूसरी ओर रणभेरी बज रही है। इस प्रकार स्नेह और युद्ध रस के बीच योद्धा का हृदय दोलायमान—चलायमान हो रहा है।

कविराज विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण (ई० सन् १४ वी शती) की रचना काव्य प्रकाश की आलोचना के रूप में की है। इसमे २४ प्राकृत पद्य उद्धृत है, इनमें से अधिकाश गाथासप्तशती से लिये गये है, कुछ पद्य लेखक के द्वारा भी लिखित हैं। कवि ने निम्नलिखित गाथा को अपनी कहकर अंकित किया है :—

पन्थिअ ! पिआसिओ विअ लच्छी असि जासि ता किमण्णत्तो।
ण मणं वि वारओ इध अत्थि घरे घणरसं पिअंताणं ॥ ३।१२८

हे पथिक ! तू प्यासा मालूम होता है, तू अन्यत्र कहाँ जाता हुआ दिखाई देता है। मेरे घर में गाढरस का पान करने वालो की कोई रोक नही है। यहाँ रतिरस के पान की अभिव्यञ्जना को गयी है।

विरहिणी की दयनीय अवस्था का चित्रण करते हुए कहा है—

भिसणीअलसअणीए निहिअं सव्वं सुणिच्चलं अंगं।
दीहो णीससहरो एसो साहेइ जीअइ त्ति परं ॥ ३।१९२

कमलिनी दल की शय्या पर समस्त अङ्ग निश्चल रूप से स्थापित कर दिये गये हैं, जिससे नायिका मृतक की भाँति दिखलायी पड़ती है, किन्तु उसके दीर्घ निश्वास की आकुलता से पता लगता है कि वह अभी जीवित है।

वेणीबन्धन के उपलक्ष में एक नायिका अपनी सखि को उपलम्भ देती हुई कहती है—

एसा कुडिलघणेण चिउरकडप्पेण तुह णिबद्धा वेणी।
मह सहि ! दारइ दंसइ आअसजट्ठिव्व कालउरइव्व हिअअं ॥ ३।१७०

हे मेरी सखि ! कुटिल और घने केशलाप से बद्ध तुम्हारी यह वेणी लोहे की यष्टि की भाँति हृदय में घाव करती है और कालसर्पिणी की भाँति डस लेती है।

चन्द्रमा की चाँदनी का वर्णन करते हुए कहा है—

एसो ससहरबिंबो दीसइ हेअंगवीणपिंडो व्व।
एदे अअस्स मोहा पडंति आसासु दुद्धधारव्व ॥ ७।१५

यह चन्द्रमा का प्रतिबिम्ब घृतपिण्ड की भाँति मालूम होता है और इसकी फैलती हुई किरणें दूध की धारा के समान प्रतीत होती हैं।

विरहिणी की कामविह्वल अवस्था का चित्रण करते हुए कहा है—

ओवट्टइ उल्लट्टइ परिवट्टइ सअणे कहिंपि।
हिअएण फिट्टइ लज्जाइ खुट्टइ दिहीए सा ॥ ७।४

विरहिणी शय्या पर कभी नीचे मुँह करके लेट जाती है, कभी ऊपर को मुँह कर लेती है और कभी इधर-उधर करवटें बदलती है। उसके मन को जरा भी चैन नहीं, लज्जा से वह खेद को प्राप्त होती है और उसका धीरज टूटने लगता है।

पंडितराज जगन्नाथ (ई० सन् १७ वीं) ने रसगंगाधर में उदाहरणों के लिए प्राकृत पद्य उद्धृत किये हैं। काव्य की दृष्टि से इन पद्यों का भी मूल्य है। अमरचन्द्र सूरि के अलंकार प्रबोध मे प्राकृत के अनेक सुन्दर पद्य आये हैं।

अलङ्कारदप्पण

अलंकार दर्पण की हस्तलिखित प्रति वि० स० ११६१ की प्राप्त है, अतः इस ग्रन्थ का रचना काल इससे पूर्व है, इसमें सन्देह नहीं। प्राकृत भाषा मे अलंकार विषय पर लिखा गया यह एक स्वतन्त्र ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ मे १३४ गाथाएँ हैं और श्रुत-देवता को नमस्कार करने के कारण इसका रचयिता जैन है, इसमे आशंका नहीं। यह ग्रन्थ अभी तक अप्रकाशित है। अलंकारो के लक्षण, उदाहरण, काव्यप्रयोजन, प्रभृति पर प्राकृत भाषा में पद्य लिखे गये हैं। कर्त्ता का नाम अज्ञात है।

कोषग्रन्थ

किसी भी भाषा के शब्दसमूह का रक्षण और पोषण कोष-साहित्य द्वारा ही सम्भव है। कोष की महत्ता के सम्बन्ध में बताया गया है—

कोशश्चैव महीपालां कोषाश्च विदुषामपि ।
उपयोगो महान्नेष क्लेशस्तेन विना भवेत् ॥

जिस प्रकार राजाओ या राष्ट्रो का कार्य कोश (खजाना) के बिना नही चल सकता है, कोश के अभाव में शासन सूत्र के सचालन में क्लेश होता है, उसी प्रकार विद्वानो को शब्दकोश के बिना अर्थग्रहण में क्लेश होता है। शब्दो में सकेत ग्रहण की योग्यता कोशसाहित्य के द्वारा ही आती है।

शब्द केवल एक व्यक्ति के लिए ही नही बने हैं, बल्कि वे सामाजिक सम्बन्धो का मूल्य निर्धारण करने के लिए उसी प्रकार बनाये गये है, जिस प्रकार आर्थिक मूल्य निर्धारण का व्यवहार चलाने के लिए सिक्के बनाये जाते है। अतः प्रत्येक भाषा के चिन्तक विद्वान् कोष का प्रणयन करते है, क्योंकि विशेष-विशेष अर्थों की अभिव्यक्ति के लिए कोषो की आवश्यकता होती है। यहाँ प्राकृत शब्दकोषो का इतिवृत्त प्रस्तुत किया जायगा।

पाइयलच्छी नाममाला[1]

सस्कृत के अमरकोष के समान प्राकृत मे धनपाल कवि की यह नाममाला है। *धनपाल ने अपनी छोटी बहन सुन्दरी के अध्ययनार्थ इस कोश की विक्रम संवत् १०२९* (सन् ९७३ ई०) मे धारा नगरी में रचना की है। ग्रन्थ के अन्त में दी हुई प्रशस्ति मे महाकवि ने लिखा है:—

विक्कमकालस्स गए अउणत्तीसुत्तरे सहस्सम्मि ।
मालवर्नारदधाडीए लूडिए मन्नखेडम्मि ॥ १ ॥
धारानयरीए परिट्ठिएण मग्गेठिआए अणवज्जे ।
कज्जे कणिट्ठबहिणीए 'सुन्दरी' नामधिज्जाए ॥ २ ॥
कइणो अंध जण किवा कुसल त्ति पयाणमंतिमा वण्णा ।
नामम्मि जस्स कमसो तेणेसा विरइया देसी ॥ ३ ॥
कव्वेसु जे रसड्ढा सद्दा बहुसा कईहि बज्झंति ।
ते इत्थ मए रइआ रमंतु हिअए सहिअयाणं ॥ ४ ॥

अर्थात् वि० सं० १०२९ मे जबकि मालवनरेन्द्र का निर्वासित कर दिया गया था, धारा नगरो के अन्तर्गत मानखेट गाँव में कवि धनपाल ने अपनी छोटी बहन सुन्दरी के लिए इस निर्दोष ग्रन्थ की रचना की है। जो काव्यो का रसास्वादन करनेवाले हैं, वे कवियो के द्वारा प्रयुक्त नाना प्रकार की शब्दावली को इस कृति के द्वारा अवगत कर सकेंगे।

---

1. वि० सं० २००३ में केसरबाई जैन ज्ञानमन्दिर, पाटण द्वारा प्रकाशित।

धनपाल कवि का उल्लेख कवि हेमचन्द्र ने 'अभिधान चिन्तामणि' की स्वोपज्ञ वृत्ति में "व्युत्पत्तिर्धनपालतः" कहकर किया है। अतः यह सिद्ध है कि कोषकार धनपाल, हेमचन्द्र के समय तक पर्याप्त यश अर्जन कर चुके थे।

इनके पिता का नाम सर्वदेव था। ये काश्यपगोत्रीय ब्राह्मण थे। इनका मूल निवास-स्थान 'शंकास्य' नामक ग्राम था। ये आजीविका के निमित्त धारा नगरी में आये थे। इनके पिता वैष्णव धर्मानुयायी थे। आधी आयु बीत जाने पर धनपाल ने महेन्द्रसूरि के निकट जैनधर्म की दीक्षा ग्रहण की थी। इन्होने धारा नगरी मे जैनो के प्रवेश पर लगी हुई रोक को हटाया था। जैनधर्म मे दीक्षित होने के उपरान्त ही धनपाल ने 'पाइअलच्छी-नाममाला' की रचना की है।

यह पद्यबद्ध कोश है, इसमें कुल २७५ गाथाएँ और ९९८ शब्दो के पर्याय संग्रहीत हैं। इस कोश मे सस्कृत व्युत्पत्तियो से सिद्ध प्राकृत शब्द तथा देशी शब्द इन दोनों प्रकार के शब्दो का संकलन किया गया है। उदाहरण के लिए भ्रमर के पर्यायवाची शब्दो को लिया जा सकता है:—

फुल्लंधुआ रसाऊ भिंगा भसला य महुअरा अलिणो।
इंदिंदिरा दुरेहा धुअगाया छप्पया भमरा॥ ११॥

फुल्लंधुअ, रसाऊ, भिंग, भसल, महुअर, अलि, इंदिंदर, दुरेह, धुअगाय, छप्पय और भमर ये ग्यारह नाम भ्रमर के है। इनमे भसल, इंदिंदर और धुअगाय ये तीन शब्द देशी है। फुल्लंधुअ की व्युत्पत्ति पुष्पन्धय से और रसाऊ की रसायुष् से जोड़ी जा सकती है। पुष्पन्धय का अर्थ पुष्परस का पान करनेवाला भ्रमर है, अतः उक्त दोनो शब्दो को व्युत्पत्ति से सिद्ध होने पर भी धनपाल ने देशी माना है।

सुन्दर शब्द के पर्यायवाचियो में लट्ठं का प्रयोग पाया जाता है, यह भी देशी शब्द है। इस कोश में कुछ ऐसे भी शब्द आये है, जिनका प्रयोग आज भी लोकभाषाओ मे होता है। उदाहरण के लिए अलस या आलस के पर्यायवाचियो मे एक मट्ठ (गाथा १५) शब्द आया है। ब्रजभाषा में आज भी आलसी के अर्थ में इस शब्द का प्रयोग पाया जाता है। इसी प्रकार नूतन पल्लवो के अर्थ में कुपल शब्द का प्रयोग किया गया है। यह शब्द ब्रजभाषा, भोजपुरी और खड़ी बोली इन तीनो मे प्रयुक्त होता है।

इस कोश के अन्त में प्रत्ययो के अर्थ बतलाये गये है। इर प्रत्यय को स्वभावसूचक तथा इल्ल, इत्त और आल प्रत्यय को मत्वर्थक[1] बताया गया है। महाकवि धनञ्जय ने सभी प्रकार के नामो मे संस्कृत निष्पन्न नामों के साथ देशी नामो का भी निरूपण किया है। कवि हाथी के पर्यायवाची नामो का निर्देश करता हुआ कहता है—

१. इर सच्छीले। इत्तो आलो य मउअत्थे॥ २७५॥

पीलू गओ मयगलो मायंगो सिंधुरो करेणू य ।
दोघट्टो दंती वारणो करी कुंजरो हत्थी ॥ ९ ॥

देशीनाममाला या देशीशब्द संग्रह[1] (रयणावली)

आचार्य हेमचन्द्र का देशी शब्दो का यह शब्दकोष बहुत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी है। इस प्राकृत कोष के आधार पर आधुनिक आर्यभाषाओ के शब्दो की सांगोपाङ्ग आत्मकहानी लिखी जा सकती है। प्राकृत भाषा का शब्द भण्डार तीन प्रकार के शब्दो से युक्त है—तत्सम, तद्भव और देशी। तत्सम वे शब्द हैं, जिनकी ध्वनियाँ संस्कृत के समान ही रहती हैं, जिनमे किसी भी प्रकार का वर्णविकार उत्पन्न नही होता, जैसे नीर, कक, कंठ, ताल, तीर, देवी आदि। जिन शब्दो को सस्कृत ध्वनियो में वर्णलोप, वर्णागम, वर्णविकार अथवा वर्णपरिवर्तन के द्वारा अवगत किया जाये, वे तद्भव कहलाते हैं, जैसे अग्र = अग्ग, इष्ट = इट्ठ, धर्म = धम्म, गज = गय, ध्यान = धाण, पश्चात्=पच्छा आदि। जिन प्राकृत शब्दो की व्युत्पत्ति—प्रकृति प्रत्यय विधान सम्भव न हो और जिनका अर्थ मात्र रूढि पर अवलम्बित हो, ऐसे शब्दो को देश्य या देशी कहते हैं, जैसे अगय=दैत्य, आकासिय=पर्याप्त, इराव=हस्ति, पलविल=धनाढ्य, छासी=छाया, चोड=विल्व। देशी नाममाला में जिन शब्दो का संकलन किया गया है, उनका स्वरूप निर्धारण स्वय ही आचार्य हेम ने किया है—

"जो शब्द न तो व्याकरण से व्युत्पन्न हैं और न संस्कृत कोशो में निबद्ध हैं तथा लक्षणा शक्ति के द्वारा भी जिनका अर्थ प्रसिद्ध नही है, ऐसे शब्दो का सकलन इस कोश मे करने की प्रतिज्ञा आचार्य हेम ने की है। देशी शब्दो से यहाँ महाराष्ट्र, विदर्भ, आभीर आदि प्रदेशो मे प्रचलित शब्दो का सकलन भी नही समझना चाहिये। यत. देश विशेष में प्रचलित शब्द अनन्त है, अत: उनका सकलन सम्भव नही है। अनादि काल से प्रचलित प्राकृत भाषा ही देशी है।[2]

हेम ने उपर्युक्त प्रतिज्ञावाक्य मे बताया है कि जो व्याकरण से सिद्ध न हो, वे देशी शब्द है और इस कोष मे इसी प्रकार के देशी शब्दो के सकलन की प्रतिज्ञा की गयी है, पर इसमें आधे से अधिक ऐसे शब्द हैं, जिनकी व्युत्पत्तियाँ व्याकरण के नियमो के आधार पर सिद्ध हो जाती है।

इस कोष में ३९७८ शब्द संकलित हैं। इनमें तत्सम शब्द १८० + गर्भित तद्भव १८५० + सशययुक्त तद्भव ५२८ + अव्युत्पादित प्राकृत शब्द १५०० = ३९७८। वर्णक्रम से लिखे गये इस कोष मे आठ अध्याय है और कुल ७८३ गाथाएँ हैं। उदाहरण के रूप

---

१ गुजराती सभा, बम्बई द्वारा वि० सं० २००३ में प्रकाशित।

२. देशीनाममाला १।३-४।

में इसमें ऐसी अनेक गाथाएँ उद्धृत हैं, जिनमे मूल मे प्रयुक्त शब्दो को उपस्थित किया गया है, इन गाथाओ का साहित्यिक महत्त्व भी कम नही है। कितनी ही गाथाओ में विरहिणियो की चित्तवृत्ति का सुन्दर विश्लेषण किया गया है। उदाहरणो की गाथाओ का रचयिता कौन है, यह विवादास्पद है। शैली और शब्दो के उदाहरणो को देखने से ज्ञात होता है कि इनके रचयिता भी आचार्य हेम होने चाहिये। इस कोष की निम्नांकित विशेषताएँ हैं :—

१. साहित्यिक सुन्दर उदाहरणो का सकलन किया गया है।

२. सकलित शब्दो का आधुनिक भारतीय भाषाओ के साथ सम्बन्ध स्थापित किया का सकता है।

३. ऐसे शब्दो का संकलन किया है, जो अन्यत्र उपलब्ध नही है।

४. ऐसे शब्द संकलित है, जिनके आधार पर उस काल के रहन-सहन और रीति-रिवाजो का यथेष्ट परिज्ञान प्राप्त किया जा सकता है।

५. परिवर्त्तित अर्थवाले ऐसे शब्दो का संकलन किया गया है, जो सास्कृतिक इतिहास के लिये अत्यन्त महत्त्वपूर्ण और उपयोगी है।

साहित्यिक सौन्दर्य

उदाहृत गाथाओ मे से अनेक गाथाओ का सरसता, भावतरलता एवं कलागत-सौन्दर्य की दृष्टि से गाथासप्तशती के समान ही मूल्य है। इनमे शृङ्गार, रति-भावना, नख-शिख चित्रण, धनिको के विलासभाव, रणभूमि की वीरता, सयोग, वियोग, कृपणो की कृपणता, प्रकृति के विभिन्न रूप और दृश्य, नारी की मसृण और मासल भावनाएँ एव नाना प्रकार के रमणीय दृश्य अकित है। विश्व को किसी भी भाषा के कोष मे इस प्रकार के सरस पद्य उदाहरणो के रूप में नही मिलते। कोषगत शब्दो का अर्थ उदाहरण देकर अवगत करा देना हेमचन्द्र की विलक्षण प्रतिभा का ही कार्य है। नमूने के लिये दो-एक गाथा उद्धृत की जाती है —

आयावलो य बालयवम्मि आवालयं च जलणियडे।
आडोवियं च आरोसियम्मि आराइयं गहिए॥ १।७०

अर्थात्—आयावलो = बालतप., आवालयं = जलनिकटम्, आडोविय = आरोपितम् और आराइय = गृहीतम् अर्थ मे प्रयुक्त हैं। इन शब्दो का यथार्थ प्रयोग अवगत करने क लिये उदाहरणरूप मे निम्नांकित गाथा उपस्थित की गयी है .—

आयावले पसरिए किं आडोवसि रहंग ! णियदइयं।
आराइयबिसकन्दो आवालठियं पसाएसु॥

—५८ (७०)—प्रथम वर्ग

हे चक्रवाल सूर्य के बाल आतप के फैल जाने पर—उदय होने पर तुम अपनी स्त्री के ऊपर क्यो क्रोध करते हो ? तुम कमलनाल लेकर जल के निकट बैठी हुई अपनी भार्या को प्रसन्न करो।

अङ्कारो अत्थारो साहिज्जे अत्थुडं लहुए।
अङ्कुतं च पवुड्ढे, अंबोच्ची पुप्फलावीए॥ १।९

अकारो तथा अत्थारो = साहाय्यम्, अत्थुड = लघु, अक्कत = प्रवृद्धम्, अबोची = पुष्पलावी।

कुसुमाउह अंकारं अंबोचीणं च कुणइ अत्थारं।
मलयसमीरो अइअत्थुडो वि काहो किं अक्कुंतो॥
—६ (९) प्रथम वर्ग

अत्यन्त मन्द चलनेवाला मलयानिल कामदेव और पुष्पचयन करनेवाली महिला की सहायता करता है, पर तेजी से चलनेवाला वायुमण्डल कुछ नही कर सकता।

अंकेल्ली अ असोए अज्झेल्ली दुहियदुज्झघेणुए।
अंबेट्टी मुट्ठिजूए, अन्नाण विवाहबहुदाणे॥ १।७

अकेल्ली = अशोकतरु, अज्झेली दुग्धदोह्या धेनु!—या पुन. पुनर्दुह्यते, अंबेट्टी = मुष्टिद्यूतम्, अन्नाण = विवाहवधूदान—विवाहकाले वध्वै यद् दीयते यद्वा विवाहार्थं वध्वा एव वराय यत् दानम्।

अङ्केल्लितलासीणो मा रम अम्बेट्टिआइ पुत्त ! तुमं।
अज्ज तए दायव्वा अज्झेल्ली बहिणिअन्नाणे॥
(४।७) प्रथम वर्ग

हे पुत्र ! अशोक वृक्ष के नीचे बैठकर मुष्टिद्यूत—जुआ मत खेलो, क्योंकि आज तुमको अपनी बहिन के विवाह मे एक दुधारु गाय का दान भी देना है। यह दिन तुम्हारे लिए द्यूतक्रीडा का नही है, तुम अपनी बहिन के विवाह की तैयारी करो, जिसमें तुम्हे एक बार-बार दुही जानेवाली गाय भी देनी है।

आचार्य हेम अक्कोड और अणप्प शब्दो का प्रयोग बतलाते हुए एक राजा को सबल के प्रति वीरता दिखलाने का सकेत प्रकट करते है। कमजोर या दीनो की हिंसा करना व्यर्थ है, यतः पराक्रम सर्वदा सबल के ऊपर ही दिखलाना चाहिये। यथा—

णिव ! मा अक्कोड-असार-अल्लयं कुण अणप्पं इमिणा हि।
भरिआ अरिकरिमुत्ताहिं दिसि अवारा विदिसि अवारीओ॥
९ (१२) प्रथम वर्ग

हे राजन् ! इस दीन बकरे पर अपनी तलवार की परीक्षा मत कीजिये; क्योंकि यह तलवार रणक्षेत्र मे हाथियो के गण्डस्थलो को विदीर्ण कर दिशा-विदिशाओ के बाजार

में गजमुक्ताओं को पहुँचायेगी। इस गाथा से सबल के ऊपर ही पराक्रम दिखलाने की ध्वनि निकलती है।

खणमित्तकलुसियाए तुलियालयवल्लरी समोत्थरियं।
भमरभर ओहुरयं पंकयं व भरिमो मुहं तीए॥

क्षण भर के लिये उदास मुँहवाली स्त्री के मुख पर लटकती हुई केशावली कमल पर आसीन भ्रमर पंक्ति को याद दिलाती है।

इस प्रकार इस कोष में सरस उदाहरण निबद्ध किये गये है, जिनसे शब्दो के अर्थ तो स्पष्ट होते ही हैं, साथ ही कलागत सौन्दर्य भी प्रकट होता है।

आधुनिक भाषा शब्दों से साम्य

इस कोश में ऐसे अनेक शब्द सग्रहीत है, जिनसे मराठी, कन्नड, गुजराती, अवधी, ब्रजभाषा और भोजपुरी के शब्दो की व्युत्पत्ति सिद्ध की जा सकती है। सम्प्रति हिन्दी शब्दो की व्युत्पत्तियाँ संस्कृत-शब्दावली से सिद्ध की जा रही हैं, पर यथार्थ में अनेक ऐसे शब्द है, जिनका संस्कृत शब्दो से कोई सम्बन्ध नही है। यहाँ इस प्रकार के देशी शब्दो की एक तालिका दी जाती है, जिनसे हिन्दी के शब्दो का सीधा सम्बन्ध है।

अगालिअं इक्षुखण्डम् (१।२८)—यह शब्द ईख के उस टुकड़े के अर्थ में आया है, जो निस्सार होता है, जहाँ ईख की पत्तियाँ लगी रहती है। यह पशुओ के चारे के काम में आता है। भोजपुरी, ब्रजभाषा और अवधी मे अगोला शब्द प्रचलित है। इसकी व्युत्पत्ति अगालिअं से स्पष्ट है।

अम्मा (१।५)—हिन्दी की विभिन्न ग्रामीण बोलियों मे यह इसी अर्थ में प्रयुक्त है।

उक्खली पिठरम् (१।८८)—अवधी मे ओखरी; राजस्थानी, ब्रजभाषा और भोजपुरी मे ओखली, उखली, ओखरी और ओखड़ी, बुन्देली में उखरी शब्द आता है।

चुल्लीह उल्लि-उद्दाणा (१।८७)—भोजपुरी, राजस्थानी, ब्रजभाषा और अवधी मे चूल्हा, गुजराती में चूलो; बुन्देली में चूलौ और खड़ी बोली में चूल्हा।

उत्थल्ला परिवर्तनम् (१।९३)—हिन्दी में उथल।

उल्लुटं मिथ्या (१।७६)—हिन्दी की सभी ग्रामीण बोलियो में उलटा।

उसीरं विसतन्तु : (१।९४)—अवधी, भोजपुरी और ब्रजभाषा मे उशीर, यह शब्द कमलनाल या खश के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। इसकी व्युत्पत्ति सस्कृत से भी सिद्ध है।

उब्भिदो माषधान्यम् (१।९८)—ब्रजभाषा उड़द; भोजपुरी उरिद; खड़ी बोली उड़द; गुजराती अडद, राजस्थानी उड़िद या उड़द और बुन्देली में उरदन।

उड्डसो मत्कुणः (१।६६)—भोजपुरी में उडिस या उड़ीस; बंगला और मैथिली में उड़ीस ।

उत्तालं, उव्वेत्तालं द्वावप्येतौ निरन्तरस्वररुदिते (१।१०१)—हिन्दी की समस्त ग्रामीण बोलियो में उक्त अर्थ मे ही उत्ताल शब्द पाया जाता है ।

उव्वाओ खिन्नार्थ (१।१०२)—ब्रजभाषा और अवधी मे ऊबना, भोजपुरी मे उबना और ऊबना, अवधि-कोश मे बतलाया गया है कि यह 'औबा' से सम्बद्ध है अर्थात् वैसे ही घबराना, जैसे ओबा की बीमारी से लोग घबराते हैं । इससे स्पष्ट है कि अवधि-कोशकार ऊबना का सम्बन्ध 'ओबा' से मानते है, पर यह ठीक नही है । ऊबना का सम्बन्ध उव्वाओ से ठीक बैठता है ।

उत्थल्ल-पत्थल्ला पार्श्वद्वयेन परिवर्त्तनम् (१।१२२)—हिन्दी में उथल-पुथल; गुजराती मे उथल-पाथल ।

ओज्झरी अन्त्रावरणम् (१।१५७)—आँत या पेट ब्रजभाषा में ओज्झ, ओझर, भोजपुरी में ओज्झरी ।

ओड्ढणं उत्तरीयम् (१।१५५)—राजस्थानी ओढनी, ब्रजभाषा, अवधी और गुजराती मे ओढनी । ब्रजभाषा सूर-कोश मे बताया गया है कि ओढ़नी स्त्रियो के ओढ़ने के वस्त्र, उपरैनी, चादर फरिया है । स० अवधान शब्द से इसका सम्बन्ध जोड़ा जा सकता है ।

कट्टारी क्षुरिका (२।४)—हिन्दी की सभी ग्रामीण बोलियो में कटारी । स० शब्द कर्त्तरी से सम्बद्ध किया जा सकता है ।

कन्दो मूलशाकम् (२।१)—हिन्दी, बंगला और मैथिली में कन्द । यह संस्कृत में भी प्रयुक्त है ।

काहारो जलादिवाहो कर्मकार : (२।२७)—हिन्दी की सभी ग्रामीण बोलियो में काहार या कहार ।

कुकुसो धान्यादितुष· (२।३६)–हिन्दी का कन-कूकस मुहवरा इसीसे निकाला है ।

कोइला काष्ठाङ्गारः (२।४९)—हिन्दी कोयला ।

कोल्हुओ इक्षुनिपीडनयन्त्रम् (२।६५)—हिन्दी की सभी बोलियो में कोल्हू ।

खट्टिको शौनिकः (२।७०)—हिन्दी और गुजराती में खटीक ।

खड्डा खनिः (२।६६)—हिन्दी में खड्डा ।

खडक्की लघुद्वारम् (२।७१)—खड़ी बोली में खिडकी, ब्रजभाषा खिड़की, भोजपुरी में खिरकी और बुन्देली मे भी खिरकी ।

खली तिलपिण्डिका (२।६६)—हिन्दी में खली ।

खाइया परिखा (२।७३)—हिन्दी की सभी बोलियो मे खाई ।

खल्ला चर्म (२।६६)—हिन्दी में खाल।

गड्डुरी छागो (२।८४)—हिन्दी की प्राय सभी बोलियों में बकरियो को चराने और पालनेवाली जाति को गड़ेरी कहते हैं।

गंडीरी इक्षुखण्डम् (२।८२)—हिन्दी मे गडेली या गंडेरी।

गोवरं करीषम् (२।९६)—हिन्दी गोबर।

घग्घरं जघनस्थवस्त्रभेद: (२।१०७)—ब्रजभाषा और राजस्थानी मे घांघरा।

घट्टो नदीतीर्थम् २।१११)—हिन्दी घाट। सस्कृत मे यह शब्द प्राकृत से गया है।

चाउला तण्डुला (३।८)—हिन्दी चावल।

छइल्लो विदग्ध: (३।२४)—हिन्दी छैला। हिन्दी में छबीला भी पाया जाता है, जो स० छवि+ल (सुन्दर) से सम्बद्ध है।

छिणालो जार· (३।२७)—हिन्दी छिनाल।

छेंडो लघुरथ्या (३।३१)—ब्रजभाषा मे छेडो।

छल्ली त्वक् (३।२४)—खडी बोली मे छाल।

जोण्णालिआ धान्यम् (३।५०)—ब्रजभाषा जुणरी, जुनरी, भोजपुरी में जनरी, राजस्थानी मे जोणरी या जुणरी और अगिका मे जोणरा या जनेरा।

झमालं इन्द्रजालम् (३।५३)—हिन्दी झमेला।

झाडं लतागहनम् (३।५७)—हिन्दी झाड।

झुट्ठं अलीकम् (३।५८)—हिन्दी की सभी बोलियो में झूठ।

टिप्पी तिलकम् (४।३)—हिन्दी टिपकी या टिप्पी।

ठल्लो निर्धन। (४।५)—हिन्दी ठल्ला।

डाली शाखा (४।९)—हिन्दी डाली।

ढंकणी पिधानिका (४।१४)—हिन्दी ढकना, ढकनी।

ढेंका कूपतुला (४।१७)—हिन्दी ढेंका या ढेकुल।

तग्गं सूत्रम् (५।१) हिन्दी तागा।

पलही, कर्पास: (६।४)—ब्रजभाषा मे पहेला, पैला।

मम्मी, मामी मातुलानी (६।११२)—हिन्दी की सभी बोलियो मे मामी तथा प्यार की बोली में मम्मी।

सोहणी-सम्मर्जनी (८।१७)—हिन्दी सोहनी।

हरिआली दूर्वा (८।६४)—हिन्दी हरियाली।

विशेष शब्द—इस कोश में कुछ ऐसे शब्द भी संकलित हैं, जिनके समक्ष अन्य किसी भाषा में उन अर्थों को अभिव्यक्त करनेवाले शब्द नही हैं। यथा **चिच्चो** (३।९) शब्द चिपटी नाक या चिपटी नाकवाले के लिए, **अज्झेली** (१।७।) शब्द सतत दूध

देनेवाली गाय के लिए, जंगा (३।४०) गोचरभूमि Pasture land के लिए, अन्नाणं (१।७) शब्द विवाह के समय वरपक्ष की ओर से बधू को दी जानेवाली भेंट के लिए, अंगुट्ठी (१।६) शब्द सिरगुन्थी के लिए, अणुवज्जिअं (१।४१) जिनकी सेवा-शुश्रूषा की जाती है, उसके लिए, कक्कसो २।१४ दधि और भात मिलाकर खाने या मिले हुए दही-भात के लिए, उलुहलिओ (१।११७) शब्द उस व्यक्ति के लिए प्रयुक्त होता है, जो कभी तृप्ति को प्राप्त नही होता, परिहारिणी (६।३१) शब्द उस भैंस के लिए आया है, जो भैंस पांच वर्षों से प्रजनन नही कर रही है; अहिविण्ण (१।२५) शब्द उस स्त्री के लिए आया है, जिसके पति ने दासी-स्त्री से विवाह किया है, आइप्पण (१।७४) शब्द उत्सव के समय घर को चूने से पुतवाने के अर्थ में, पड्डी (६।१) पहले-पहल बच्चा देनेवाली गाय के लिए, एवं पोउआ (६।६१) शब्द सूखे गोबर की अग्नि के लिए आया है। यहाँ इस प्रकार के शब्दो की एक छोटी-सी तालिका दी जाती है।

अयाली (१।१३)—मेघो से घिरे दुर्दिन के लिए।

अलयलो (१।३५)—बलवान् जबरदस्त साँड के लिए।

अवअच्छिअं (१।४०)—दाढी बनाकर साफ किये गये मुँह के लिए।

अवअच्छं (१।२५)—अधोवस्त्र, विशेषतः जँघिया के अर्थ में पेटीकोट या अण्डरविया।

अइगयं (१।५७)—सडक के पीछे के हिस्से के लिए।

अक्कसाला (१।५८)—कुछ उन्मत्त हुई स्त्री के लिए।

अचलं (१।५३)—घर का पश्चिमी भाग।

उच्छुअं (१।९५)—भय या आतंकपूर्ण की गयी चोरी।

उच्छडिअं (१।११२)—चोरी का माल।

उज्झरिअं (१।१।३३)—काने का दृष्टिपात।

उड्डणो (१।१२३)—बूढा बैल।

कुप्पढो (२।३६)—गृह समुदायाचार या घरेलू नियम-प्रतिनियम।

झोटी (३।५९)—कीमती भैस।

झेरो (३।५६)—पुराना घण्टा।

दुम्मइणी (५।४७)—लडाकू स्त्री।

घण्णाउसो (५।५८)—वाचनिक आशीर्वाद—जो आशीर्वाद हृदय से नहीं, केवल वचन से दिया जाय।

धम्मओ(५।६३)—चण्डी देवी के लिए उपस्थित की गयी पुरुषबलि।

पंघुच्छुहणी (६।३५) श्वसुर के घर प्रथम बार लायी गयी बहू।

हुंजओ (८।६१)—शरीर छूकर की गयी शपथ।

संस्कृति-सूचक शब्द

इस कोश में संस्कृति-सूचक बहुत से शब्दो का सकलन किया गया है। इन शब्दों के आधार पर उस काल की सभ्यता और सस्कृति का इतिहास प्रस्तुत किया जा सकता है। यहाँ उदाहरण के लिए कुछ शब्दो का विवरण उपस्थित किया जाता है।

केशरचना के लिए इस प्राकृत कोष मे कई प्रकार के शब्द प्रयुक्त हुए है। उन शब्दो के अध्ययन से अवगत होता है कि उस समय केश-विन्यास के कई तरीके प्रचलित थे। सामान्य केश-रचना के लिए बब्बरी (६।९०), रूखे केश-बन्ध के लिए फुंटा (९।८४); केशो का जूडा बाँधने के लिए ओअग्गिअं (१।१७२), सीमान्त—सुन्दर ढंग से सजाये गये केश विन्यास के लिए कुंभी (२।३४), रूखे बालो को साधारण ढग से लपेटने के अर्थ मे ढुमंतओ (५।४७), सिरपर रगीन कपडा लपेटने के अर्थ में अणराहो (१।२४) एव किसी लसदार पदार्थ को लगाकर सिर के अवगुठन के अर्थ में णीरंगी (५।३१) शब्द आया है। ये शब्द इस बात को प्रकट करते हैं कि उस समय समाज में रहन-सहन का स्तर पर्याप्त उन्नत था।

इस कोष में आषाढमास में गौरी-पूजा के निमित्त होनेवाले उत्सव-विशेष का नाम भाउअं (६।१०३), श्रावणमास में शुक्लपक्ष की चतुर्दशी को होनेवाले उत्सव-विशेष के लिए वोरल्ली (७।८१), भाद्रपदमास मे शुक्लपक्ष की दशमी को सम्पन्न होनेवाले उत्सव के लिए णेडुरिया (४।४५), आश्विनकृष्णपक्ष मे सम्पादित होनेवाले श्राद्धपक्ष के लिए महालवक्खो (६।१२७), आश्विनमास मे शरत्पूर्णिमा जैसे महोत्सव के लिए पोआलओ (६।८१)—इस उत्सव में पति पत्नी के हाथ से पूओ का भोजन करता था, माघ महीने मे एक ऐसा उत्सव सम्पन्न किया जाता था, जिसमे ऊख की दतवन की जाती थी, इस उत्सव के लिए अवयारो (१।३२); वसन्तोत्सव के लिए फग्गू (६।८२) एव नवदम्पति परस्पर एक दूसरे का नाम लेते थे, उस समय जो उत्सव सम्पादित किया जाता था, उसके लिए लयं (७।१६) शब्द का प्रयोग किया है। इन उत्सव वाची शब्दो को देखने से ज्ञात होता है कि उस समय का समाज अपना मनोरञ्जन करने के लिए नाना प्रकार के उत्सव सम्पन्न करता था। पोआलोओ, फग्गू और अवयारो उत्सव सार्वजनिक थे। इनमे सभी स्त्री-पुरुष समान रूप से भाग लेते थे।

रीति-रिवाज सूचक शब्दो को भी इस कोष मे कमी नही है। एमिणिआ (१।१४५) शब्द उस स्त्री का वाचक है, जो अपने शरीर को सूत से नापकर उस सूत को चारो दिशाओ मे फेंकती है। आणंदवडो (१।७२) शब्द का अर्थ है कि जिसका विवाह कुमारी अवस्था में हो जाय, वह स्त्री जब प्रथम बार रजस्वला हो, उसके रजोलिप्त वस्त्र को देखकर पति या पति के अन्य कुटुम्बी जो आनन्द प्राप्त करते हैं, वह आनन्द इस शब्द के द्वारा व्यक्त किया गया है।

इसमें कुछ खेल के वाचक शब्द भी संकलित हैं। इन शब्दों से उस काल के खेल विषयक मनोरंजन के साधनो पर सुन्दर प्रकाश पड़ता है। यहाँ उदाहरणार्थ दो-एक खेल को ही लिया जाता है। जो खेल आँखो का थका देनेवाला या आँखो को अतिप्रिय लगने वाला होता था, उसके लिए गंदीणी (२।८३) शब्द आया है। लुका छिपी के खेल के लिए आलुंकी (१।१५३); ऊना-पूरा—मुट्ठी में पैसे लेकर अन्य व्यक्ति से पैसों की संख्या सम या विषम रूप मे पूछना और उसके उत्तर पर जय-पराजय का निर्णय करना, इस प्रकार के खेल के लिए अम्बेट्टी (१।७) प्रयुक्त हुआ है। रीति-रिवाज-सूचक तथा रहन-सहन सूचक शब्दो की संक्षिप्त तालिका निम्न प्रकार है--

अज्झोज्झिया—क्रोडाभरणे मौक्तिकरचना (१।३३)--गले के हार में अथवा वक्ष स्थल के आभूषण मे मोतियो का लगाना।

अद्धजंघा—मोचकं पादत्राण (१।३३) —एक प्रकार का जूता, जो आजकल के चप्पल के समान होता था।

अम्बोच्ची—पुष्पलावी (१।६) पुष्प-चयन करने वाली मालिन।

अवअच्छं - कन्यावस्त्रम् (१।२६)--कटि पर पहने जानेवाला वस्त्र, पुरुषो के लिए धोती, स्त्रियो के लिए घग्घर—घाघरा। प्रयोग की दृष्टि से इस शब्द का अर्थ जाँघिया या पेटीकोट है।

अवरेइआ (१।७१)—शराब वितरित करने का बर्तन।

अंबसमी (१।३७) रात मे रखा भोजन, बासी भोजन के अर्थ मे।

अवडओ (१।२०, १।५३)—घास का आदमी बनाकर खड़ा करना—विज्जुका।

आमलयं (१।६७)—अलंकरण करने का घर (Dressing Room)

उआली (१।६०)—सोने के बने कर्णाभूषण।

उल्लरयं (१।१६०)—कौडियो के बने आभूषण।

खुंपा (२।७५)—घास का बना छप्पर।

चडुलातिलयं (३।८)--स्वर्णजटित रत्नहार। इस हार में रत्नों की प्रधानता रहती थी और सोना थोड़ा-सा लगा रहता था।

चिरिक्का (३।२१)—पानी भरने के लिए चमड़े का बना बर्तन।

झज्झरी (३।३४)--एक छडी, जिसे चाण्डाल अपना अस्पर्शत्व सूचित करने के लिए रखता था।

टेंटा (४।३)—जिस स्थान पर जूआ खेला जाता था, उस स्थान के लिए टेंटा और जूआ खेलने के लिए आफरो (१।६३) शब्द आया है। जूआ के खिलाड़ियों के लिए डंभिओ (४।८) शब्द प्रयुक्त है।

झोडप्पो (३।५९)—चने के भूसे के लिए।

डुंघो (४।११)—नारियल की बनी बालटी या डोल।

डोओ (४।११)—लकड़ी का बना चम्मच।

डोगिली (४।१२)—पानदान।

णीसारो (४।४१)—एक बड़ा पण्डाल।

पिड्डुलं (६।४७)—सुन्दर और श्रेष्ठ बजने वाली बासुरी।

पाडुच्ची (६।३६) घोड़े का साज।

वण्णयं (७।३७) चन्दन-चूर्ण। धनिक लोग ग्रीष्म ऋतु मे इसका उपयोग करते थे। शरबत भी इसका बनाया जाता था।

वहू (७।३१)--सुगन्धित द्रव्यो का बनाया गया चूण या पाउडर। सुगन्धित लेप के अर्थ में चिविडा और वहू दोनो शब्द व्यवहृत है।

इस प्रकार यह प्राकृत कोष साहित्य और सस्कृति-विषयक शोध और अध्ययन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।

अन्य प्राकृत कोष-ग्रन्थ

आचार्य हेमचन्द्र ने अपनी देशीनाममाला (रयणावली) नामक कोष-ग्रन्थ मे धनपाल, देवराज, गोपाल, द्रोण, अभिमानचिह्न, पादलिप्ताचार्य और शीलाक नामक कोशकारो का उल्लेख किया है। धनपाल की रचना 'पाइयलच्छी नाममाला' तो उपलब्ध है, पर अन्य कोशकारो की रचनाएँ उपलब्ध नही है। देशीनाममाला में आये हुए उद्धरणो से इतना स्पष्ट है कि प्राकृत भाषा में अन्य कोष-ग्रन्थ भी लिखे गये है।

अन्य विषयक साहित्य

प्राकृत भाषा में ज्योतिष, राजनीति, अर्थशास्त्र, आयुर्वेद आदि विभिन्न विषयो का साहित्य पाया जाता है, पर इस प्रकार के साहित्य का इतिवृत्त उपस्थित कर ग्रन्थ का कलेवर बढ़ाना निरर्थक है क्योंकि रस या आनन्दानुभूति की दृष्टि से उक्त विषयक साहित्य उपयोगी नहीं है अतएव अतिसक्षेप मे निर्देश करने के उपरान्त इस अध्याय को समाप्त किया जायगा।

ज्योतिषशास्त्र पर 'जयपाहुड' बहुत प्राचीन रचना है। इसमें अतीत, अनागत और वर्तमानकालीन निमित्तो के आधार पर प्रश्नो का उत्तर दिया गया है। भट्टवोसरि का आयज्ञानतिलक भी ८वी शती की रचना है। इसमें आयो के द्वारा फलादेश का निरूपण किया गया है। ऋषिपुत्र मे १८७ गाथाओ में वर्षा, उत्पात आदि का विवेचन किया है। यह ग्रन्थ भी १० वी शती का प्रतीत होता है। अङ्गविज्जा मे अङ्ग, स्वर, लक्षण, व्यंजन, स्वप्न, छींक, भौम, अन्तरिक्ष निमित्तो द्वारा फलादेश का विवेचन किया है। इस बृहद्-काय ग्रन्थ में ६० अध्याय हैं। ज्योतिष के अतिरिक्त सांस्कृतिक सामग्री की प्रचुरता है।

इसमें आयुर्वेद, वनस्पतिशास्त्र, समाजशास्त्र, मानसशास्त्र, इतिहास, शिल्प, व्यवसाय, धान्य, जलयान, स्थलयान, भोज्यपदार्थ, उत्सव, संगीत, पशु, पक्षी एवं पुष्प-फल आदि के सम्बन्ध मे प्रचुर सामग्री विद्यमान है। पूर्वाचार्यों की इस रचना में अंगविद्या को समस्त निमित्तो का फल कहा है।--

जधा णदीओ सव्वाओ ओवरंति महोदधिं।
एवं अंगोदधिं सव्वे णिमित्ता ओतरंतिह ॥ १।७ पृ० १।

जिस प्रकार समस्त नदियाँ समुद्र मे मिल जाती है, उसी प्रकार समस्त निमित्त अगोदधि मे समाहित हो जाते है। इस ग्रन्थ के मनन-अध्ययन से मानव-जीवन के समस्त सुख-दु.खो की जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं। बताया है--

जयं पराजयं वा राजमरणं वा आरोग्गं वा रण्णो आतंक वा उवद्दवं वा मा पुण सहसा वियागरिज्ज णाणी। लाभा-ऽलाभं सुह-दुक्खं जीवितं मरणं वा सुभिक्ख दुब्भिक्खं वा अणावुट्ठि सुवुट्ठि वा धणहाणि अज्झप्पवित्तं वा काल-परिमाण अंगहिमं तत्तत्थणिच्छियमई सह॥ उ ण वागरिज्जं णाणी।—सप्तम अध्याय गद्यांश, पृ० ७।

जय-पराजय, राजमरण, सुभिक्ष, दुर्भिक्ष, अनावृष्टि, सुवृष्टि, धनहानि, आरोग्य, रण, आतक, उपद्रव, अध्ययन-प्रवृत्ति, कालपरिमाण, अगहित और निश्चितमति आदि का परिज्ञान किया जाता है। इस ग्रन्थ से प्राचीन भारत की समृद्धि का पूर्णतया ज्ञान प्राप्त होता है। सुवर्ण[1], रजत, ताम्र, लोह, त्रपु (रागा), कालालोह, आरकुड (फूलकासा), सर्पमणि, गोमेद, लोहिताक्ष, प्रवाल, रक्तक्षारमणि, लोहितक, शंख, मुक्ता, स्फटिक, विमलक, श्वेतक्षारमणि, सस्सक (मरकत), प्रभृति धातुओ और खनिज पदार्थों के उल्लेख प्राप्त होते है।

इस ग्रन्थ से उस समय के रहन-सहन पर पूरा प्रकाश पडता है। नारियाँ अपने शरीर को उत्तम वस्त्राभूषणो से सजाती थी। विभिन्न प्रकार के आभूषण पहनने का प्रचार था। सिंहभडक[2] एक सुन्दर आभूषण था, जिसमें सिंह के मुख की आकृति बनी रहती थी और उसके मुख मे से मोतियो के झुग्गे लटकते हुए दिखलाये जाते थे। मकराकृति आभूषण दो मकरमुखो की आकृतियो को मिलाकर बनाया जाता था और दोनो के मुख से मुक्ताजाल लटकते हुए दिखाये जाते थे। इसी प्रकार वृषभक बैल की आकृतिवाला, हस्तिक हाथी की आकृतिवाला और चक्रकमिथुनक चक्रवाक मिथुन की आकृतिवाला

१, रयत-कचण-पवाल-सख-मणि-वइर-मुत्तिका ·· अध्याय ३७, पृ० १७३ तथा ५७ अध्याय, पृ० २२१।

२. तिरीड मउडो चेव तथा सीहस्स भडक।
अलकस्स पदिक्खेवो अथवा मत्यककटक ॥—पृ० ६४, गाथा—१४७-१५१।

होता था। णिडालमासक—माथे की गोल टिकुली, तिलक, मुहफलक—मुखफलक, विशेषक, कुण्डल, तालपत्र, कर्णापीड, कर्णफूल, कान की कील और कर्णलोढक का व्यवहार होता था। कर्णलोढक अंग्रेजी का वोल्यूट (Voluet) आभूषण है। इसका उपयोग कुषाणकालीन मथुरा की स्त्री-मूर्तियों मे किया गया है। केयूर, तलव, आमेंढक और और पारिहार्य—विशेष प्रकार का कड़ा, वलय—चूडियाँ, हस्तकलापक, और ककण भी हाथ के आभूषण थे। हस्तकलापक मे बहुत सी पतली चूड़ियो को किसी तार से एकमें बांधकर पहना जाता था। यह आभूषण मथुराशिल्प मे भी पाया जाता है। सिर में ओचूलक—चोटी मे गूँथने का आभूषण, यह मुक्ता या स्वर्ण की चैन के रूप में होता था और आधुनिक रिबन के समान काम मे लाया जाता था। णदिविणद्धक—मागलिक आभूषण, संभवतः मछलियो की आकृति की बनी हुई स्वर्णपट्टी, जो बालो में बाईं ओर सिर के बीच से गुद्दी तक खोसकर पहनी जाती थी, अपलोकणिका—यह स्वर्ण और रत्नो द्वारा निर्मित गवाक्षजाल या झरोखे जैसा होता था और मस्तक पर धारण किया जाता था, सीसोपक—स्वर्ण और चन्द्रकान्तमणि द्वारा निर्मित शिरोभूषण—शीशफूल, सिर के अग्रभाग में धारण किया जाने वाला आभूषण का उल्लेख पाया जाता है।[1] कर्णभूषणो[2] में तालपत्र, आबद्धक, पलिकामदुघनक, कुण्डल, जणक, ओकासक, कण्णे-पुरक, और कण्णुप्पीलक के धारण किये जाने का भी निर्देश प्राप्त होता है। जणक और ओकासक आधुनिक टोप्स जैसे होते थे। ये स्वर्ण और मणियो से बनाये जाते थे। कण्णे-पुरक को साधारण व्यक्ति धारण करते थे। कुण्डल स्त्रियो के साथ पुरुष भी पहनते थे। गले मे धारण करनेवाले आभूषण विविध धातुओ से बनते थे और विविध आकृ-तियो के होते थे। सुवण्णसुत्तक—सूवर्णसूत्र आधुनिक जजीर का प्रतिनिधि था।

तिपिसाचक[3]—त्रिपिशाचक नामक हार के टिकरे में तीन यक्षो की आकृतियाँ बनायी जाती थी। विज्जाधारक नामक हार के टिकरे मे विद्याधरो की आकृतियाँ अकित रहती थी। आसीमालिका के गुरियो या दाने खड्ग की आकृति के होते थे। पुच्छक हार गोपुच्छ या गोस्तन के समान होता था। आवलिका या एकावली हार एक लड़ का

---

१. तत्थ सिरसि ओचूलका-णदिविणद्धक-अपलोकणिका-सीसोपकाणि य आभरणाणि बूया।—पृ० १६२।

२. कण्णेसु तलपत्तकाऽऽबद्धक-पलिकामदुघनक-कुंडल-जणक-ओकासक-कण्णेपूरक-कण्णु-प्पीलकाणिय बूया।—पृ० ६२।

३. कंठेसु वण्णसुत्तकं तिपिसाचक विज्जाधारक आसीमालिका-हार-अद्धहार-पुच्छलक-आवलिका-मणिसोमाणक-अट्ठमंगलक-पेचुका-वायुमुत्ता-वुप्पसुत्त-पडिसरालारमणी कट्ठेवट्टका वेति आभरणजोणी —पृ० १६२–१६३।

बनाया जाता था। मणिसोमणक—विमानाकृति मनको का बना हुआ हार था, जिसे सौभाग्यवती नारियाँ धारण करती थी। सोमाणक दामनकट क्रिया द्वारा निर्मित स्वर्णहार था, जिसमें छील-छालकर सुवर्ण को चमकाया जाता था। अट्ठमंगलक माङ्गलिक आठ चिह्नो की आकृति के टिकरो का बनाया जाता था। यह हार ग्रहारिष्ट निवारण के हेतु प्रयुक्त होता था। इसके सम्बन्ध में बताया गया है कि यह रत्नजटित स्वर्णहार था। साँची के तोरण पर भी मागलिक चिह्नो से बने हुए कठुले उत्कीर्ण मिले हैं। महाकवि बाण ने इसे अष्टमंगलकमाला कहा है। महाव्युत्पत्ति की आभूषण सूची मे इसका नाम आया है[1]। पेचुका—हसुली, वायुमुक्ता—मोतियो की माला, वुप्फसुत्त—स्वर्णशेखर सूत्र एव कट्ठेवट्टक—हारविशेष (कठला) का भी उल्लेख मिलता है। कण्ठाभरणो मे शिरीष-मालिका, नलीयमालिका, ओराणी—धनिये के आकार के दानो की माला, सिद्धार्थिका—रवेदार माला, णितरिंगी—लहरियेदार माला, कटकमाला—नुकीले दानो की माला, घन-पिच्छलिका—मोरपिच्छी की आकृति के दानो से घनी गूँथी हुई माला, विकालिका—घटिका जैसे दानो की माला, पिप्पलमालिका—मटरमाला, हारावली और मुक्तावली का उल्लेख आया है।

कमर के आभूषणो मे काची[2], रशना, मेखला, जबूका, कटिका, संपखिका प्रधान थे। पैरो मे नूपुर, परिहरेक—पैरो के कड़े, खिखिणिका, घूँघरु, खत्तियधम्मक, पाद-मुद्रिका, पादोदक, पादसूत्रिका, पादघट्टिका एवं वसिका—झाझर आभूषण पहने जाते थे। भुजाओ मे अंगद और तुडिय-टड्डे, हाथो में हस्तकटक, रुचक और कटक एव अगु-लियो मे अंगुलेयक, मुद्दयक और वेंट पहनने का रिवाज था। इस प्रकार इस ग्रन्थ में सास्कृतिक सामग्री का प्राचुर्य है। चर्या—चेष्टा और निमित्तो द्वारा फलादेश वर्णित है। जोणिपाहुड भी निमित्तशास्त्र का महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसके रचयिता धरसेनाचार्य (ई० सन् १–२ शती) माने जाते हैं। बद्धमाणविज्जाकप्प जिनप्रभसूरि की वि० सं० १४ वी शती की रचना है। याकिनीसूनु हरिभद्र की लग्गसुद्धि (लग्नशुद्धि) १३३ गाथा प्रमाण रचना है। रत्नशेखर ने १४४ गाथाओ मे दिनसुद्धि (दिनशुद्धि) नामक रचना लिखी है। करलक्खण ६१ गाथा प्रमाण सामुद्रिक शास्त्र का महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। दिगम्बर सम्प्रदाय के प्रसिद्ध आचार्य दुर्गदेव ने रिट्ठसमुच्चय (रिष्टसमुच्चय) नामक महत्वपूर्ण ग्रन्थ वि० स० १०८९ में लिखा है। इन्ही दुर्गदेव का एक अर्घकाण्ड भी उपलब्ध है। जोइसहीर नाम का ग्रन्थ २८७ गाथा प्रमाण उपलब्ध है। इसके कर्त्ता का नाम ज्ञात नही है। इसमे तिथि, ग्रह, शुभाशुभयोग एव विभिन्न कार्यों के मुहूर्तों का वर्णन है। अज्ञातकर्तृक ज्योतिषसार नाम का एक ग्रन्थ और पाया जाता

---

१. भूमिका पृ० ६० और पृ० ६२।

२. कंची व रसणा व त्ति जबूका '' पृ० ७१, गाथा ३४७ तथा ३४९–३५०।

है। इसमें चार द्वार हैं—प्रथम दिनशुद्धि नामक द्वार में ४२ गाथाएँ हैं, जिनमे वार, तिथि एव नक्षत्रो में सिद्धयोग का प्रतिपादन किया गया है। व्यवहारद्वार में ६० गाथाएँ हैं, जिनमें ग्रहों की राशि, स्थिति, उदय, अस्त और वक्री होने की दिनसंख्या वर्णित है। गणितद्वार में ३८ गाथाएँ और लग्नद्वार में ९८ गाथाएँ है। ज्योतिष का एक अत्यन्त प्राचीन और महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ 'लोकविजययन्त्र' नाम का प्राप्य है। इसमें ३० गाथाएँ हैं, जिनमें सुभिक्ष और दुर्भिक्ष का सुन्दर वर्णन किया गया है।

राजनीति पर देवीदास की एक रचना डेक्कन कालेज भण्डार पूना में है। रत्न-परीक्षा पर ठक्कुरफेरु की रत्नपरीक्षा नामक कृति प्राप्य है। इसमे १३२ गाथाएँ हैं, जिनमें रत्नो की उत्पत्ति स्थान, जाति और मूल्य आदि का विस्तारपूर्वक वर्णन किया है। द्रव्यपरीक्षा नामक एक ग्रन्थ वि० स० १३७५ का लिखा मिला है। इसमे १४९ गाथाएँ है। इसमे अनेक मुद्राओ का भी उल्लेख आया है। धातूत्पत्ति पर ५७ गाथा प्रमाण एक रचना है। इसमे पीतल, तांबा, सीसा, रांगा, कांसा, पारा, हिंगुलक, सिंदूर, कर्पूर, चन्दन आदि का विवेचन किया है। ठक्कुरफेरू का वास्तुसार नामक ग्रन्थ भूमि-परीक्षा और भूमिलक्षण प्रभृति विविध विषयो से युक्त प्रकाशित है।

इस प्रकार प्राकृत मे विविध विषयक साहित्य उपलब्ध है। मुद्रा-विषय पर भी एक अपूर्व रचना हस्तलिखित है, जिसमे अनेक ज्ञातव्य तथ्यो पर प्रकाश डाला गया है।

प्राकृत-साहित्य की उपलब्धियाँ

भारत के धार्मिक, सास्कृतिक और साहित्यिक जीवन को सहस्रो वर्षो तक प्राकृत साहित्य ने अभिवृद्ध किया है। अत इस साहित्य मे तात्कालीन सामाजिक जीवन के विविध रूप दृष्टिगोचर होते है। इतिहास और सस्कृति के निर्माण मे प्राकृत-साहित्य की उपलब्धियाँ बहुत ही महत्वपूर्ण है। अभी तक अधिकाश साहित्य का अध्ययन और अनुशीलन कर उनके तथ्यो का उपयोग इतिहास के निर्माण मे नहीं हो सका है। प्राकृत-साहित्य रूप और विषय की दृष्टि से बड़ा ही महत्त्वपूण है। भारतीय सस्कृति के सर्वाङ्ग अनुशीलन के लिए इसका अद्वितीय स्थान है। इसमे उन समस्त लोक-भाषाओ का प्रतिनिधित्व पाया जाता है, जिन्होंने वैदिक काल और सम्भवत. उससे भी पूर्वकाल से लेकर देश के नाना भागो को गगा, जमुना आदि महानदियो के समान आप्लावित किया है और साहित्य के विविध क्षेत्रो को उर्वर बनाया है। ई० पूर्व छठी शती से लेकर प्राय· वर्तमान समय तक प्राकृत भाषा मे ग्रन्थ-रचना होती चली आ रही है। यद्यपि शास्त्रीय दृष्टि से प्राकृत भाषाओ का विकास ई० सन् १२०० तक ही माना जाता है, यत- इस काल के पश्चात् हिन्दी, गुजराती, मराठी, बङ्गला आदि आधुनिक भाषाओ का युग आरम्भ हो जाता है, तो भी साहित्य का प्रणयन वर्तमान काल तक होता चला आ रहा

है। अतएव इस साहित्य में लगभग पच्चीसौ वर्षों की विचार-भावधारा वर्तमान है। इसमें मगध से लेकर दर्द प्रदेश (पश्चिमोत्तर भारत) तक तथा हिमालय से लेकर सिंहलद्वीप तक लोक-भाषा और लोक-साहित्य का रूप सुरक्षित है। इस साहित्य का बहुभाग जैन कवियो और लेखको द्वारा लिखित है, तो भी उसमे तत्कालीन लोक-जीवन का जैसा स्पष्ट प्रतिबिम्ब अकित है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। विभिन्न काल और विभिन्न देशीय ऐतिहासिक, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक और सास्कृतिक छवियाँ उपलब्ध हैं, जिनका भारतीय इतिहासमे यथोचित मूल्याकन होना शेष है।

लोक-भाषाओ और लोक-जीवन की विभिन्न झाँकियो के अतिरिक्त धार्मिक, दार्शनिक आचारात्मक एव नैतिक समस्याओ के व्यवस्थित समाधान इस साहित्य मे ढूँढ़े जा सकते हैं। दर्शन, आचार और धर्म की सुदृढ एव विकसित परम्परा प्राकृत-साहित्य मे वर्तमान है। काव्य, कथा, नाटक, चरितकाव्य, छन्द, अलकार, वार्ता, आख्यान, दृष्टान्त, उदाहरण, सवाद, सुभाषित, प्रश्नोत्तर, समस्यापूर्ति एव प्रहेलिका प्रभृति नानारूप और विधाएँ प्राकृत साहित्य मे पायी जाती है। कर्म सिद्धान्त, खण्डन-मण्डन, विविध सम्प्रदाय और मान्यताएँ सहस्रो वर्षों का इतिहास अपने साथ समेटे हुए है। दिगम्बर साहित्य के भगवतीआराधना और मूलाचार मे अनेक प्राचीन मान्यताएँ वर्णित है, इन ग्रन्थो पर से जीवन, मरण और रहन-सहन सम्बन्धी अनेक प्राचीन बातों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। कुन्दकुन्द के अध्यात्म साहित्य का अध्ययन उपनिषदो के अध्ययन में बहुत सहायक हो सकता है। अध्यात्म और वेदान्त का तुलनात्मक अध्ययन कुन्दकुन्द के समयसार के अध्ययन बिना अधूरा है। भारतीय चिन्तन का सर्वाङ्गपूर्ण ज्ञान प्राकृत-साहित्य के ज्ञान के अभाव मे अपूर्ण है। इतना ही नही प्राकृत साहित्य शोध-खोज के लिए भी समृद्ध कोष है।

संस्कृत, अपभ्र श और हिन्दी म प्रेमकथाओ का विकास प्राकृत-कथाओं से हुआ है। 'नायाधम्मकहाओ' मे मल्लि का आख्यान आया है, जिससे छः राजकुमार प्रेम करते हैं। तरङ्गवती तो स्वतन्त्ररूप से एक प्रेमाख्यान है। इसने अपने प्रेमी को एक चित्र के सहारे प्राप्त किया है। भाष्य और निर्युक्तियों मे एक-से-एक सुन्दर प्रेमकथाएँ आयी हैं। इन सभी प्राचीन कथाकृतियो का प्रमुख उद्देश्य शुद्ध प्रेम सम्बन्धी घटनाओं का वर्णन करना ही नही है, अपितु व्रताचरण द्वारा प्रेम का उदात्तरूप दिखलाना है। साधारणत. प्राकृत-साहित्य मे प्रेम का उदय, प्रत्यक्ष भेंट, स्वप्नदर्शन, चित्रदर्शन, गुण श्रवण, पक्षिदर्शन आदि के द्वारा दिखलाया गया है। प्राकृत-साहित्य मे राजकुमार और राजकुमारियो को ही प्रेमी, प्रेमिका के रूप में चित्रित नही किया गया, अपितु मध्यम वर्ग के सार्थवाह, सेठ-साहूकार, ब्राह्मणकुमार एव निम्न वर्ग के जुलाहा, चाण्डाल, रजक आदि में भी प्रेम की विभिन्न स्थितियाँ दिखलायी गयी हैं।

संस्कृत की चम्पूविधा का विकास शिलालेख-प्रशस्तियो की अपेक्षा गद्य-पद्य मिश्रित प्राकृत चरितकाव्यो और कथाओ द्वारा मानना अधिक तर्कसङ्गत है। यत प्राकृत मे चरितकाव्यो और कथाओ को रोचक बनाने के लिए गद्य-पद्य दोनो का ही प्रयोग किया गया है। वस्तुत पद्य भावना का प्रतीक है और गद्य विचार का। प्रथम का सम्बन्ध हृदय से है और द्वितीय का मस्तिष्क से। अतएव प्राकृत के कवियो ने अपने कथन की पुष्टि, कथानक के विकास, धर्मोपदेश, सिद्धान्तनिरूपण एव प्रेषणीयता लाने के लिए गद्य में पद्य की छौंक और पद्य मे गद्य की छौंक लगाई है। सस्कृत में त्रिविक्रम भट्ट के मदालसाचम्पू एव नलचम्पू के पहले का कोई चम्पू-ग्रन्थ नही मिलता। चम्पू की परिभाषा दण्डी ने दी है, इससे अवगत होता है कि दण्डी ने पूर्ववर्ती किसी रचना को देखकर ही उक्त परिभाषा लिखी है। हमारा अनुमान है कि दण्डी की उक्त परिभाषा का आधार तरङ्गवती और वसुदेवहिण्डी जेसी रचनाएँ ही है। समराइच्चकहा और महावीरचरिय मिश्रित शैली के उत्कृष्ट उदाहरण है।

प्राकृत के चरित-काव्यो से ही सस्कृत मे चरित-काव्यो की परम्परा आरम्भ होती है। पउमचरिय की शैली पर ही सस्कृत मे चरितकाव्यो का प्रणयन किया गया है। चरित-काव्यो के मूल बीज प्राकृत मे ही सुरक्षित हे।

प्राकृत-कथाएँ लोक-कथा का आदिम रूप है। वसुदेवहिण्डी मे लोककथाओ के मूलरूप सुरक्षित है। गुणाढ्य की बृहत्कथा, जो कि पैशाची प्राकृत मे लिखी गयी थी, लोककथाओ का विश्वकोश है। अत लोककथाओ को साहित्यिकरूप देने मे प्राकृत-कथासाहित्य का योगदान उल्लेखनीय है। 'हिन्दी साहित्य का बृहत् इतिहास' मे बताया गया है[1]— "अपभ्रश तथा प्रारम्भिक हिन्दी के प्रबन्धकाव्यो मे प्रयुक्त कई लोककथात्मक रूढियो का आदि स्रोत प्राकृत-कथासाहित्य ही रहा है। पृथ्वीराजरासो प्रभृति आदिकालीन हिन्दी-काव्यो मे ही नही, बाद के सूफी प्रेमाख्यान काव्यो मे भी लोककथात्मक रूढियाँ व्यवहृत हुई है तथा इन कथाओ का मूल स्रोत किसी-न-किसी रूप मे प्राकृत-कथा-साहित्य मे विद्यमान है।"

प्राकृत के मुक्तक काव्यो ने संस्कृत और हिन्दी के मुक्तक काव्यो को बहुत कुछ दिया है। विषय की दृष्टि से प्राकृत के मुक्तक काव्य दो वर्गो मे विभक्त है—(१) उपदेशात्मक और (२) शुद्ध साहित्यिक। निर्युक्तियो, सैद्धान्तिक ग्रन्थो मे भी यत्र-तत्र ऐसे नीतिपरक मुक्तक पाये जाते है, जो मूलत प्राकृत मुक्तक है। प्राकृत की शुद्ध मुक्तक-काव्यपरम्परा की सच्ची वाहक यो तो गाथासप्तशती और वज्जालग्गं की गाथाएँ है, पर इनसे भी पूर्व आगम-साहित्य में भावप्रवण मुक्तको का

---

१. हिन्दी साहित्य का बृहत् इतिहास प्रथम भाग, खण्ड २, अध्याय २, पृष्ठ २०९, काशी ना० प्र० सभा, वि० स० २०१४।

समावेश पाया जाता है। प्राकृत मुक्तको का और विशेषत गाथासप्तशती का भर्तृहरि, अमरुक, शीला भट्टारिका, विज्जिका, विकटनितम्बा जैसी शृङ्गारी संस्कृत के मुक्तक कवि–कवयित्रियों पर साक्षात् या गौणरूप से प्रभाव मानना अनुचित नही है। गोवर्धन की आर्यासप्तशती तो गाथासप्तशती की छाया ही प्रतीत होती है; प्राकृत के शृङ्गारी मुक्तको के प्रभाव से जयदेव का गीतगोविन्द भी नही बच पाया है।

केवल संस्कृत, हिन्दी मुक्तक काव्य ही प्राकृत-काव्य से विकसित और प्रभावित नहीं है, किन्तु काव्यशास्त्रीय सिद्धान्तो का प्रतिपादन करते समय श्रेष्ठ और सरस गाथाओं को उदाहरणो के लिए आनन्दवर्धन, मम्मट, विश्वनाथ या बाद के आलकारिको ने प्राकृत मुक्तको की शरण ली है। अतएव स्पष्ट है कि जितने सरस और सुन्दर मुक्तक प्राकृत मे है, उतने संस्कृत मे नही। प्राकृत शृङ्गारी मुक्तको की यही परम्परा संस्कृत के माध्यम से हिन्दी मे आयी है। बिहारी, मतिराम और रहीम के दोहो में यह धारा बहती हुई स्पष्ट देखी जा सकती है। गाथासप्तशती और वज्जालग्ग की अनेक गाथाएँ ज्यो-के त्यो रूप मे शब्दो का चोला बदल कर दिखलायी पड़ती हैं।

अपभ्रंशकालीन 'रासक' परम्परा का विकास प्राकृत साहित्य से माना जा सकता है। अनुमान है कि प्राकृत का अपना लोकमञ्च रहा है तथा प्राकृत-कथाओ में रास और चर्चरी गान आता भी है। यह रास और चर्चरी गान ही 'रासक' साहित्य का पूर्वज है।

प्राकृत साहित्य मे छन्दपरम्परा का विकास स्वतन्त्ररूप मे हुआ है। वैदिक तथा लौकिक संस्कृत साहित्य की छन्दपरम्परा मूलत वार्णिक छन्दो की है। प्राकृत साहित्य का विकास लोक जीवन की भित्ति पर होने से नृत्य और सङ्गीत के आधार पर छन्दोविधान का प्रचलन पाया जाता है। फलत. प्राकृत मे ही सर्वप्रथम मात्रा-छन्दो या तालछन्दो, ध्रुवाओ का विवरण पाया जाता है। यह सत्य है कि प्राकृत का गाथाछन्द संस्कृत मे आर्या के रूप मे आया है। आर्या छन्द का क्रमिक विकास इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि इसका मूल रूप गाथा मे निहित है। प्राकृत भाषा मे संस्कृत के वर्णिक वृत्त भी पाये जाते है। भरत मुनि के नाटयशास्त्र में[1] प्राकृत भाषा मे निबद्ध गायत्री, उष्णिक्, बृहती, पङ्क्ति, त्रिष्टुप और जगती जैसे वैदिक छन्दो के उदाहरण भी आये हैं।

वज्जाहयरुंडो डाहज्जरसुतो
एसो गिरिराआ भूमि विसलम्बा ॥
—गायत्री

---

१ भरतमुनि—नाटयशास्त्रम्, अध्याय ३२, पृ० ३८९–३९५, चौखम्बा संस्करण सन् १९२८।

तडिसंणद्धं घणसंरुद्धं
जलाधाराहिं रुवदीवं भं ॥
—घनपंक्ति

पवणो पंथवाही मदणं दिवअंतो।
अद्विंशदो ....शिशिरे संवलन्ते ॥—उष्णिक्
घणगब्भगेहपरिखित्तो अरुणप्पहाविहिअसोहो।
गअणंगणे विहरमाणो ण विभाति दिशेम्णा रहिएन्दू ॥—पंक्ति
मेहखाउलं कन्दरवसामिमदिवाअरं।
रूअदि विअ णहअलम् ॥—गायत्री

अतएव छन्दो विषयक प्राकृत साहित्य की उपलब्धियाँ महत्वपूर्ण है। मात्राछन्दो की परम्परा प्राकृत और अपभ्रश से होती हुई हिन्दी मे आयी है। अतः मात्राछन्दो की देन प्राकृत की है।

उपदेश और जन्तु कथाओ का विकास भी प्राकृत-कथाओ से हुआ है। सस्कृत मे गुप्तसाम्राज्य के पुनर्जागरण के पश्चात् नीति का उपदेश देने के लिए पशु-पक्षी-कथाएँ गढी गयी है। पर नायाधम्मकहाओ मे कुएँ का मेढक, जगल के कीड़े, दो कछुए आदि कई सुन्दर जन्तु-कथाएँ अकित है। आचार और धर्म का उपदेश देने के लिए उक्त प्रकार की कथाएँ गठित की गयी है। निर्युक्तियो मे हाथी, वानर आदि पशुओ की कई कथाएँ उपलब्ध है।

प्राकृत-साहित्य मे ऐहिक समस्याओ के चिन्तन, पारलौकिक समस्याओ के समाधान, धार्मिक-सामाजिक परिस्थितियो के चित्रण, अर्थनीति-राजनीति के निदर्शन, जनता की व्यापारिक कुशलता के उदाहरण एव शिल्पकला के सुन्दर चित्रण आये हैं। मानवता के पोषक दान, शील, तप और सद्भावना रूप धर्म का निर्देश किया है।

भारत के सांस्कृतिक इतिहास का सर्वाङ्गीण और सर्वतोमुखी मानचित्र तैयार करने के विभिन्न उपकरण प्राकृत-साहित्य मे वर्तमान है। कालाओ के विविध रूप और शिक्षा प्रणाली की रूपरेखा भी इस साहित्य मे अकित है। आचार-व्यवहार, संस्कार, राजतन्त्र, वाणिज्य-व्यवसाय एव अर्थार्जन के अनेक रूप इस साहित्य मे पाये जाते है।

सट्टक साहित्य तो प्राकृत का अद्वितीय है। ऐतिहासिक, अर्ध ऐतिहासिक, धार्मिक, लौकिक एव राजनैतिक कथानक जीवन की विविध व्याख्याएं प्रस्तुत करते हुए काव्य, नाटक और कथाओ के कलेवर मे प्रादुर्भूत हुए है। हिन्दी के पद्मावत जैसे काव्य 'रयणसेहरनिवकहा' के वर्ण्य विषय और शैली की दिशा में आभारी हैं। निस्सन्देह शृङ्गार रस का समुद्र तो प्राकृत मे ही है, यहीं से शृङ्गार की धारा अन्यत्र पहुँची है।

ग्रन्थ और ग्रन्थकार नामानुक्रमणिका

अग्निपुराण ४०८
अजितब्रह्मा ३८७
अजितसिंह ३११
अजियसंतिथय ३९६
अजीवकल्प १९९
अट्ठकथा २०
अणुओगदारसुत्त ५२०, ५२१
अथर्ववेद ३, ४, १४, ३६४, ४०६
अद्भुतदर्पण ४३७
अनन्तनाथ चरित ३११
अनन्तनाहचरियं ३३३
अनन्तहंस ३३३
अनुत्तरोपपातिकदशा १७७
अनुत्तरोपपाद १[illegible]३
अनुयोगद्वार २०९
अनुयोगद्वारविवृत्ति ४६५
अनुयोग द्वार सूत्र १५१, २०६
अनेकान्त ४०३
अनेकान्तजयपताका ४६५
अनेकान्तवादप्रवेश ४६५
अनेकार्थसंग्रह २८३
अन्त:कृद्दशा १७५, ४४१
अन्तःकृद्दशांग १६३
अपराजितसूरि २३४, २३५
अप्पयदीक्षित ६२७
अब्दुल रहमान १०३, ३७८
अभयचन्द्र २१७
अभयनन्दि २३६
अभयदेव ३५, १७१, १७९, २०२, ३२६, ४८६
अभयदेव सूरि ३२३, ३९९
अभिज्ञानशाकुन्तल ४३३, ४३४
अभिधानचिन्तामणि २८३, ६३९
अभिधानप्पदीपिका २५
अभिनवगुप्त २७५, ४०८, ६३३
अभिनव प्राकृत व्याकरण १५२
अभिमानचिह्न २०, ६४८
अमरकोष ४३९
अमरचन्द्र ४२७, ६३६
अमरुककवि ३७१, ६५४, ६५५
अमरुकशतक ३७१
अमृतचन्द्र सूरि २२५, २२६, २२७, २२८
अमृताशीति ४०२
अमोलक ऋषि १८४
अम्बदेव उपाध्याय ३४६
अरहंतस्तवना ४०१
अरिकेसरी १७७
अर्घकाण्ड ६५१
अर्हद्दत्त २१२
अर्हद्बलि २१२
अर्हबलि १२३, २२३
अलंकारदर्पण ६१६
अलंकार प्रबोध ६११
अलंकार सर्वस्व ६३४
अल्लकोपाध्याय १२०
अवन्तिवर्मन १७७
अविमारक ४३२, ४३३
अश्वघोष १७, ३६, ७१, ४०५, ४३२
अष्टाध्यायी ५
आकाशगता चूलिका १८०

आख्यानमणिकोष ३५२, ५०१
आचारदशा १८७
आचरांग १६३, १६५, १६६, १७४
१९९, २००, २०१, २३५, २४१
आचार्य वीरसेन ६१
आतुर प्रत्याख्यान १९७, १९८
आदिनाथचरित ३११
आदिपुराण २३४
आदिनाथभवस्तोत्र ३९७
आदिनाहचरियं ३३५
आनन्दवर्धन २९०, ३८३, ४१४,
५३३, ५५४
आनन्दसुन्दरी ४२२, ४२३
आम्रदेव ३३८, ३४५
आम्रदेवसूरि ५०१
आयज्ञानतिलक ५४८
आयारांग ५१८
आयारंगसुत्त ३१
आराधनाकथाकोष २३४
आराधनापंजिका २३४
आरामसोहाकहा ५१७
आरोग्यद्विजकथा ५१७
आर्यखपुर २४२
आर्यनन्दि २१६
आर्यप्राकृतव्याकरण ७८
आर्यमंगु १९९
आर्यमंसु २१३, २१८, २१९,
२३०
आर्यश्याम १९९
आर्यसमुद्र १९९
आर्यासप्तशती ३७१, ३७२
५५४, ५५५
आल्सडोर्फ १००
आवश्यक १९२, १९५ २००, २०१
आवश्यकचूर्णि ४५६
आवश्यक निर्युक्ति २३२, २३४
आवश्यकसूत्रनिर्वृत्ति ४६५
आशाधर २३४, २४३
इन्ट्रोडक्शन टू कम्परेटिव फिलोलॉजी ७
इन्ट्रोडक्शन टू प्राकृत १५
इण्डियन एन्टेक्वेरी १०१
इण्डियन हिस्टोरिकल क्वार्टर्ली २३२
इन्द्र ३
इन्द्रनन्दि २२९
ईशानकवि ३७७
उत्तररामचरित ४२२, ४३७
उत्तराध्ययन १९२, १९५, १९७ २००,
२०१, २०२ २३५, २४४,
३४५ ३८६, ४४२
उदयसिंहसूरी २४२
उद्भट ४१४
उद्योतन ३३६
उद्योतनसूरी ३२०, ३३०, ३४?
३६१, ४४६
उपदेशपद ४६५, ४७६
उपदेशमाला ५१७
उपदेशरत्नाकर ५१७
उपाध्ये २२४, २२६
उपासकदशा १७७
उपासकाध्ययन १६३, १७३
उमास्वाति २२३
उवसग्गहरस्तोत्र ३९६
उवसागदसाओ ३५
उवासयाज्झयण (उपासकाध्ययन) २४३
उवाराज्झयणसुत्त ३१
उषानिरुद्ध २९९, ३०५
ए० एन० उपाध्ये १०१, २२२, २३०
२३८, २८३, ३०५
४०२, ४१०

एम० एम० घाटगे २३२
एन० वी० वैद्य १७३
एम० दुत्रुइल दराँ ६९
एलफ्रेड सी० वुलनर १५, १००
एलाचार्य २२४, २२५
एस० पी० पण्डित १०१
एस० मित्रा ६९
ऐतरेय ब्राह्मण ३७०
ओघनिर्युक्ति २०१
ओल्डेनवर्ग ६९
औदार्यचिन्तामणि ५२७
औपपातिक १८०
आरेलस्टेन ६६
अगविज्जा ५४८
अंगविद्या १९९
कच्चायन व्याकरण २८
कण्हचरिय ३३५
कथाकोष २३५
कथाकोषप्रकरण ४८२, ४८७
कनकनन्दि २२६
कनकाभर १०४
कप्पूरमजरी ६२६
कमलाकहा ४८१
कम्मणिवाग २३८
कम्मत्थ (कर्मस्तव) २३८
कम्मपयडि २३८
कम्परेटिव ग्रामर ३४ पा०
कम्परेटिव ग्रामर ऑफ मिडल इण्डोआर्यन् ५१, ५३, ५७, ६६, ६८
कम्परेटिव स्टडी ऑफ अशोक इन्स्क्रिप्शंस ५३
करकंडुचरिउ १०४
करलक्खण ६५१
कर्णराज २७७
कर्मकाण्ड २३६, २३७
कर्मप्राभृत (षड्खण्डागम) ३१
कर्पूरमजरी १३, ४१२, ४१३, ४१४, ४१८, ४२२, ४२४, ४२६, ४२७, ५३४, ५३५
कल्प १९१, २०१
कल्पसूत्र ३११
कल्पावतंसिका १८५
कल्पिका १८५
कल्याणालोचना ३८७
कल्हण २७५
कवचप्रकरण १९९
कविदर्पण ५२७
कविराज ३७७
कबीर ३८१
कषायप्राभृत २२४, २२९
कसाय पाहुड .२, १६३, २१३, २१८
कहारयणकोस (कथारत्नकोष) ३५२, ४९१
कंसवध ४०६
कंसवहो २९८, २९९, ३०५
काण्ह १०४
कात्यायन ७८, ५२३
कादम्बरी २९०
कार्तिकेयानुप्रेक्षा २३५
कालकाचार्य ४७२
कालिकाचार्य कथानक ५१७
कालिदास १७, ७५, १०१, २६३, २६४, २६५, २६६, २७०, २७४, २९८, ३००, ३७१, ३८२, ४०५, ४३३, ५२३
काव्यानुशासन २७५, २८३, ३८३, ४०८, ५३५
काव्यप्रकाश ५३४
काव्यमीमांसा १०२, ४१४

काव्यालंकार १४, ९९, १०१
किरातार्जुनीयम् ३००
कोष ७३, १००, ४०६
कुन्दकीर्ति २२४
कुन्दकुन्द ४४, २१२, २१३, २१६, २२१, २२२, २२३, २२४, २२६, २३०, २३२, २३४, ३७१, ३८६, ५५२, ५५३
कुमारपालचरित २८१
कुमारवालपडिबोह (कुमारपालप्रतिबोध) ४९८, ५०१
कुम्मापुत्तचरिय ३३३
कुरलकाव्य २२५
कुवलयमाला ९०, ९८, ३६०, ३६१, ३६५, ३६६, ४४८, ४६४
केशववर्णी २३७
कैयट ९९
कैलाशचन्द्र शास्त्री २१३
कोऊहल २९०
कोस्सामिशुदि २२९
कौतूहल ४४८
कौनो (डॉ०) २५, २६
कौषीतकि ब्राह्मण ५
क्रमदीश्वर ३५, १०४
कृष्णचरित २९९
कृष्णलीलाशुक २९५
क्षपणासार २३६, २३७
क्षेत्रसमास २३९
क्षेमकीर्ति २०२
क्षेमेन्द्र २६५
गउडवहो १४, २६१, २७३, २९८, ५२६
गच्छाचार १९७, १९८
गजसुकुमाल १७६
गणिविज्जा १९७, १९८
गर्गार्षि २३८
गाइगर २४
गाथाकोष ३७७, ५२३
गाथासप्तशती १५९, ३७१, ३७७, ३८४, ४५१, ५३४, ५३५, ५६४, ५५८
गायगिर २६, २७, १२५
गाहाकोस (गाथाकोश) ३७३
गाहालक्षण ५२८
गाहासत्तसई (गाथासप्तशती) ३७२, ३७४, ५२६
गीतगोविन्द १३, ५५४, ५५५
गुणचन्द्र ३५२, ३५६, ४०७
गुणाढ्य ४५१, ४५६, ५५३
गुणधर १६३, २१३
गुणपाल ३४१
गुणाणुरागकहा ४८९
गृध्रपिच्छ २२३
गृद्धपिच्छाचार्य २२२
गोपथब्राह्मण १७
गोपाणी १८५, ४८८
गोपाल २०, ५४८
गोभिल ३६
गोम्मटसार २३६, २३७, २३८
गोम्मटसार जीवकाण्ड ४९
गोवर्द्धन ३७२, ३७३, ५५४, ५५५
गोवर्द्धनाचार्य ३७१
गोविन्दाभिषेक २९५
गौतम स्वामी ४८६
ज्ञातृधर्मकथा १७१
ज्ञातृधर्मकथांग १६३
ग्रियर्सन २५, २६, २७, ९०, १०१, १०३, १०४
घनश्याम ४२२, ४२३, ४२४
चउप्पनमहापुरिसचरियं ३३८, ४३७

चक्रेश्वरसूरि ३४६
चटर्जी १००
चण्ड ३४, ७८, ९९, ५२२
चतु:शरण १९७
चत्तारि-अट्ठदसथव ३९९
चन्दप्पहचरियं ३३५, ३३६
चन्दलेहा ४१०, ४१८
चन्द्रप्रभ ३११
चन्द्रप्रभभवस्तोत्र २९७
चन्द्रप्रभमहत्तरि ३२६
चन्द्रप्रज्ञप्ति १६७, १८४
चन्द्रलेखाकथा ५१६
चन्द्रवर्ती २२२, २२४
चन्द्रर्षि २३८
चन्द्रसूरो २३९
चन्द्रिका टीका ६२३
चरित्रसुन्दर ५१३
चाणक्य ३८६
चारित्तपाहुड २२८
चारित्रभक्ति २२९
चारुदत्त ४३२
चूडामणिटीका २१६
चूलिकासूत्र १९९
चौकसी १८५
छन्द:कली ६३२
छन्द:कोश ६६२
छन्दोनुशासन २८३
छन्दोलक्षण ६३२
जगच्चन्द्रसूरी २३८, ३३१, ३६७
जगदीश चन्द्र जैन ३८४
जगन्नाथ (पंडितराज) ३८२, ६३६
जंबुचरियं ३४१
जम्बूदीवपण्णत्ति २३९
जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति १६७, १८३, २०१.३९२
जयकीर्ति ६१७
जयचन्द्र २८३, ६१०
जयदेव ६६४, ६५६
जयधवला २१३, २१८, २३०
जयपाहुड ६४८
जयवल्लभ ३७७, ३७८, ३९७
जयसिंहसूरि ९४, ३२३, ६१७
जयसेणकहा ४८९
जयसेन २२४, २२५, २२६, २२७
जलगता १८०
जसहरचरिउ १०४
जायसी ६११
जिनचन्द्र ३८७, ४८६
जिनचन्द्र सूरि ३९९
जिनदत्त ४६३
जिनदत्तसूरि ४८२
जिनदत्ताख्यान ६०६
जिनदास १८९, २०१, ४९६
जिनदासगणि ४९०
जिनदास महत्तरि १६४
जिननन्दि गणि २३३
जिनपद्म ३९९
जिनप्रभ सूरि २४३, ३९९, ६५१
जिनभद्र २०१
जिनभद्र क्षमाश्रमण ३११
जिनभद्र गणि १९२, २३८, २३९
जिनमाणिक्य ३३३
जिनरत्न सूरि ४८०
जिनराजस्तव ३९९
जिनवल्लभगणि २३८
जिनवल्लभ सूरि ३९९, ४८६
जिनविजय २८९, ३४१
जिनहर्ष ६१०
जिनेश्वर ३११

जिनेश्वर सूरि ३२०, ३३५, ४८०, ४८२, ४८६
जिनसेन ३२ पा०, २१६, २१८, २३४
जीतकल्प १८७, २०१
जीतकल्पसूत्र १९२
जीवकाण्ड २३६, २३७
जीवविभक्ति १९९
जीवाजीवाभिगमसूत्रवृत्ति ४६५
जीवानुशासन २४२
जीवप्रदीपिका २३७
जीवाभिगम १८१, २०१
जुगलकिशोर २३१, २३२, २३५
जुगलकिशोर मुख्तार २२२
जुवचर २२९
जैनसाहित्य और इतिहास पर विशद प्रकाश २३२
जैनसिद्धान्तभास्कर २१२, २३१, २३२
जैनसूत्र १७
जोइसहीर ५५१
जोगीन्दु ३७२
जोणिपाहुड ५५१
ज्यूल १००
ज्यूल्स ब्लाक ६९
ज्योतिरीश्वर १०३
ज्योतिष्करण्डक १९९, २३९
ज्योतिषसार ५५१
टोडरमल २३७
ठक्कुरफेरू ५५१, ५५२
ठाणांग ५१८
डॉ० प्रबोध बेचरदास पंडित ४, ११
डॉ० ग० वा० तगारे १०१
डॉ० सम्पूर्णानन्द ६
डॉ० हरदेव बाहरी ९
णायकुमारचरिउ १०४
तगारे (डॉ०) १०४
तत्त्वार्थराजवार्तिक २३५
तरंगलोला ४५०, ४५१
तरंगवती ४५०, ४५१, ५५३, ५५४
तंदुलवैचारिक १९७, १९८
ताण्ड्यब्राह्मण ६
तायाधम्मकहाओ ५५३
तिथिप्रकीर्णक १९९
तिलकमजरी ४१३, ४१४, ४५०
तिलोयपण्णत्ति २३०, २३१, २३९, २४५, ३११, ४३९
तीर्थोद्गार १९९
तुम्बुलूराचार्य २१६
तुलसीदास ३८३
तेजसागर ३९६
तैत्तिरीय आरण्यक ८
तैत्तिरीय संहिता ८
तोरणाचार्य २२३
त्रिलोकप्रज्ञप्ति २३७
त्रिलोकसार २३६, २३७
त्रिविक्रम १०४, २९०, २९५
त्रिविक्रमदेव ५२५, ५२६
त्रिविक्रमभट्ट ५५३, ५५४
त्रैलोक्यदीपिका २३९
थिरुकुरल २२४
दण्डी ९९, १५१, ५५४, ५५७
दर्शनबीज (मुनि) ७५
दर्शनसार २२१, २२३
दशदृष्टान्तगीता ५१७
दशरूपक १२, ४०८, ५३३
दशवैकालिक १९२, १९५, १९७, २००, २०१, ३८६, ४४४, ४४५, ४४७, ५०१
दशवैकालिकचूर्णि ४४२
दशवैकालिकनिर्युक्ति २३२

दशवैकालिकवृत्ति ४६५, ४७६
दशाश्रुतकल्प २०१
दशाश्रुतस्कन्ध १८७, १९१, २००
दंसणपाहुड २२१
दंसणसत्तरि २४२
दामोदर ३७७
दिनशुद्धि ५६१
दिनसुद्धि ५५१, ५५२
दुर्गदेव ५५१
दुर्गप्रसाद २९५, २९६
दूष्यगणि १९९
दृष्टिवाद १६३, १६४, १७९, १८०, २३०
देवचन्द्र २८१, २८२, २८३, ३११
देवचन्द्र सूरि ३३६, ५१७
देवभद्र ३५२
देवभद्र (गुणचन्द्र) ४६१
देवभद्रसूरि ५१३
देवराज ३७७, ५५८
देवर्द्धिगणि १७१
देवर्द्धिगणिक्षमाश्रमण १६४
देवसुन्दर ५३७
देवसूरि २३९, २४२, ३११, ३४६
देवसेन २२१, २४१, २८३, ३५२
देवीकहा ४८९
देवीदास ५५१, ५५२
देवेन्द्रगणि २०१, ३३०, ३४६, ४४२
देवेन्द्रसूरि २३८, ३३१, ३३५, ३९७, ३९९
देवेन्द्रस्तव १९७, १९९
देवेर्द्धिगणि १८९
देशीकोष २०
देशीनाममाला १९, २०, २८३, ५४८
देशीनाममाला (रयणावलि) ५३९, ५४८
दोहाकोष १०४
द्रव्यपरीक्षा ५५१, ५५२
द्रव्यसंग्रह २३६, २३७
द्रोण २०, ५४८
द्रोणाचार्य २०२
द्वयाश्रयकाव्य २८१, २९५
द्वात्रिंशिका २८३
द्वीपसागर प्रज्ञप्ति १६७, १९९
धनञ्जय ३७७, ४०७, ५३३, ५३८
धनपाल ३९५, ४५०, ४८८, ५३७, ५४८
धनिक १२, ५३३
धनेश्वर सूरि ३१९
धम्मरयण २४२
धम्मरसायण (धर्मरसायन) ३९२, ३९३
धम्मिलहिंडी ४५६, ४५७
धम्मविहिपयरण २४२
धम्मसंगहणी ४६५
धरणकहा ४८९
धरसेन २२३
धरसेनाचार्य ४३, १६३, २११, ५५१
धर्मघोष ३९७
धर्मतिलकमुनि ४००
धर्मदासगणि ४५६, ५१७
धर्मोपदेशमाला ५१७
धर्मरसायन ३८६
धर्मवर्धन ३९९
धवला २०३, २४५
धवलाटीका ६१, २११, ४४६
धूर्ताख्यान ४६५, ४७४
ध्वन्यालोक २७५, २९०, ३८३, ५३३
नंदकहा ४८९
नन्दिचूर्णि १६४
नन्दिताढ्य ५२८
नन्दिषेण ३९६, ३९७
नन्दिसूत्र १७१, १९९

नन्दी २०१
नम्नसूरि ३९९
नमिसाधु १४, १०३
नमुक्कारफलपगरण ३९९
नम्मया सुन्दरीकहा ४९३
नयचन्द्र ४२७
नयनन्दि २४३
नरवाहन ३७७
नरसिंह १३, ३७७
नरसुन्दरकथा ५१७
नलचम्पू ५५३, ५५४
नवमालिकानाटिका ४३०
नागदत्तकथा ५१७
नागानन्द ४३६
नागार्जुन १९९, ३७७
नागहस्ति १९९, २१३, २१८
२१९, २३०
नाट्यदर्पण ४०७, ४०८, ४०९
नाट्यशास्त्र ३६, ३७, ७२, ९८,
४०५, ५२२, ५५५
नागपंचमीकहा (ज्ञानपंचमीकथा) ४८८
नाथूराम प्रेमी २३०, २३२, २८२
नायाधम्मकहाओ ४४१, ५५३, ५५६
नारायण १३
नारायण भट्ट २९८
निघण्टु २८३
निजात्माष्टकम् ४०२
नियमसार २२८
निर्युक्ति २००
निर्वाणकाण्ड ३९८
निर्वाणभक्ति २२९
निर्वाणलीलावतीकथा ४८०, ४८२
निशीथ १८७, २०१, २३५
निशीथचूर्णि ४४२, ४५०, ४५१
नीतिशतक ३८७
नेमिचन्द्र २०१, २३७, २४२, ३११,
३१२, ३३६, ३४६, ३७१,
४४२, ४५१
नेमिचन्द्र सूरि ३३०, ५०१
नेमिदत्त २३५
नेमिनाथभवस्तोत्र ३९८
नेमिनाहचरियं ३३६
न्यायप्रवेशांक ४६०
पउमचरिउ १००, २९०, ३११, ३१२,
५५४, ५५७
पतञ्जलि ९८, ४०६
पद्मचन्द्रसूरि ५१९
पद्मचरितम् ३१२
पद्मनन्दि २२१, २२४, २३९,
३८६, ३९२
पद्मनन्दि पंचविंशतिका ३९२
पद्मनन्दि मुनि ३९२
पद्मप्रभदेव ३९२
पद्मप्रभस्वामीचरित ३११
पद्मावत ५११
पद्मशेखरकथा ५१७
परमात्मप्रकाश ३७२, ४०२
परमानन्दसूरि ३४६
परिकर्म २१६
परिकर्मटीका २२४
पर्यन्ताराधना १९९
पंचकल्प १८७, १९२, २०१
पंचगुरुभक्ति २२९
पंचतन्त्र २९९, ४५६
पंचलिंगीप्रकरण ४८२
पंचसंग्रह २३८
पंचास्तिकाय २२३, २२५, २२७
पंडिअधणवालकहा ५१७
पाइअकहासंगहो ५१५

पाइअलच्छीनाममाला २०, ४५०, ६३७, ६४८
पाइअ-सद्द-महण्णवो २५ पा०
पाठक २२२, २२३
पाणिनि १, ३, ५, ९, १४, ४०६, ४०७, ६११
पाणिनी शिक्षा १
पादलिप्त २४२, ६४८
पादलिप्ताचार्य २०, ६४८
पादलिप्ताचार्यकथा ६१७
पादलिप्तसूरि ४५०, ४५१
पार्श्वनाथचरित ३६४
पार्श्वनाथभवस्तोत्र ३९८
पार्श्वनाथस्तोत्र ३९२, ३९६
पार्श्वर्षि २३८
पालिजातक ४३८
पालिमहाव्याकरण २५ पा६०
पालि लिटरेचर एण्ड लैंग्वेज २४, २६ पा.
पालि साहित्य का इतिहास २४, २५
पासजिनथव ३९९
पासनाहचरियं ३६२
पासनाहलघुथव ३९९
पाहुडदोहा ३७२
पिण्डनिर्युक्ति १९२, १९६, १९७, २०१, २३२
पिण्डविशुद्धि १९९
पिशल १२, १४, ७३, १००, ६२२, ६२३
पी० डी० गुणे ७
पुण्डरीकस्तव ३९९
पुष्पचूला १८६
पुष्पचूलाकहा ६१७
पुण्यविजय (मुनि) ४९३
पुरुषोत्तम १००
पुष्पदन्त ४३, १०३, १०४, १८९, २१२, २२३
पुष्पनन्दि २२३
पुष्पिका १८६
पृथ्वीराजरासो ६१४
प्रज्ञापना १८२
प्रद्युम्नसूरि २३९, ३४१, ३४६
प्रतिमानाटक ४३३
प्रबन्धकोश ४६१, ४६४
प्रबोधचन्द्रोदय ३७
प्रभावकचरित ४५०, ४६१
प्रभाचन्द्र २२३, २३४, ४५०
प्रमाणमीमांसा २८३
प्रमालक्ष्म ४८२
प्रवचनसार ४८, २२५
प्रवदन्त कथा ६१७
प्रवरसेन १९८, २६३, २६४, २६५, २६६, २७२, ३७७
प्रश्नव्याकरण १६३, १७७
प्रसन्नचन्द्र ३६२, ३६६, ४२७
प्राकृतकल्पतरु ६२७
प्राकृतचन्द्रिका १०४
प्राकृतानन्द ६२७
प्राकृत पुष्करिणि ३८४
प्राकृत पैंगलम् ६२९
प्राकृत प्रकाश ८०, २९५, ४२२, ६२२, ६२३
प्राकृतभाषा ४
प्राकृतभाषाओं का व्याकरण १२, १६
प्राकृत मणिदीप ६२७
प्राकृत मंजरी ६२३
प्राकृत युक्ति ६२७
प्राकृतरूपावतार ६२६
प्राकृतलक्षण ३४ पा० ७५, ८०, ६२२
प्राकृत शब्दानुशासन ६२५

प्राकृत शब्द प्रदीपिका १३
प्राकृत सर्वस्व १२, ३५ पा०
१०४, १०५, ४३१, ६२६
प्राकृत संजीवनी ६२३
प्रियदर्शिका ४३६
प्रीतकल्प २०१
प्रेमीजी २२३
फूलचन्द्र शास्त्री २१३, २३१
बद्धमाणविज्जाकप्प ६५१
बप्पस्वामिस्व २३८
बप्पस्वामी ३७७
बलदेव उपाध्याय ७८
बल्लभ ३७७
बाण १५१, २६४, ३७३
बारस अणुवेक्खा २२८, २३५
बालचन्द्र २२८, २२४, ३६४
बालिबन्धन ४०६
बालभारत ४१४
बालमन्दिर २३६
बालरामायण १४, ४४१
बाल्मीकि ४१४
बाल्मीकि रामायण ३१२
बाह्याभ्यन्तरकामिनीकथा ५१७
बुद्धघोष २०
बुद्धिसागर ३५२, ४८२
बुद्धिसागरसूरि ३२०
बुद्धिस्टिक स्टडीज २५
बृहत्कथा ४५१, ५५३
बृहत्कल्पभाष्य २३४, ४४२
बृहत्कल्पसूत्र २३५
बोप्पदेव २१६
बोधपाहुड २२३, २२४, २२८
ब्राह्मणसाहित्य ४
भगवा १००
भक्तपरिज्ञा १९७, १९८
भगवती आराधना २३३, २४१, ५५२
भट्टनारायण ४३७
भट्टबोसरि ६५८
भट्टोजिदीक्षित ५२६
भण्डारकर १८०
भद्दाकहा ४८९
भद्रबाहु ४३, १९७, १९९, २०१,
२२४, २४५, ३१६
भद्रबाहुकथा ६१७
भद्रबाहु श्रुतकेवली १६३, २२३
भरत ३६
भरत का नाट्यशास्त्र १०१
भरतमुनि ७२, ९८, ४०५,
४०६, ५२२, ६६५
भरतसिंह उपाध्याय २४
भर्तृमेण्ठ ४१४
भर्तृहरि ९९, ३७१, ३७८, ३८६,
३८७, ६५४, ६६५, ३७८
भवभूति २७४, २७५, ४१४,
४२२, ४३७
भवस्तोत्र ३९७
भविस्सयत्तकहा ४८८, ४८९, ४९१
भामिनीविलास ३८२
भामह ७८, ९९
भामहवृत्ति ६२३
भायाणी ४८८
भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी ३, ४
भारतीय संस्कृति में जैनधर्म का योग २४२
भारवि २९८, ३००
भावपाहुड २२८
भावप्रकाश ४०८
भावार्थदीपिका २३४
भास १७, २७४, ४०५, ४३२
भिक्षु जगदीश काश्यप २०
भिक्षु सिद्धार्थ २०

भुवनकोश ४१४
भुवनसुन्दरी ५१७
भूतबलि ४३, २१२, २२३
भूमंडेश ३०६
मेतार्यकथा ६१७
भोजराज ६३४
मतिराम ५५४
मदनकृष्णा २३२, २३४
मदालसाचम्पू ५५३, ५५४
मधुकर अनन्त मेहेंडल ५३
मधुमथ विजय ३८३
मनुस्मृति ४१८
मनोरमा ६२३
मनोरमाचरियं ३३५
मन्दबोधिनी २३७
मम्मट ३७३, ५३४, ५५४
मयूर ३७७
मरणसमाधि १९७, १९९
मरणसमाही २३२
मलधारी हेमचन्द्र २०२, २३८, २३९
मलयगिरि १८१, २०२
मलयसुन्दरीकथा ६१७
मल्लवादि २४२
मल्लवादीकथा ६१७
मल्लिनाथचरित ३११
मल्लिनाहचरिय ३३६
महागिरि १९९
महानिशीथ १८७, १८९
महापुराण ४४, १००, १०४
महाप्रत्याख्यान १९७, १९८
महाबन्ध २११, २१४
महाभारत १०२, ४०६
महाभाष्य ९८, ४०६
महावीरचरित ४३७
महावीरचरियं (पद्यबद्ध) ३३०, ३४५, ३५२, ३५६, ३६०, ५६४, ५५७
महावीरस्तव ३९९
महिमभट्ट ४०६
महीपालकहा ५१३
महीपालचरित ५१३
महुमहविअअ (मधुमथविजय) २७१
महेन्द्रसूरि ४९३, ४९५
महेश्वर सूरी ४८८
माउरदेव ३७७
माघ १५१, २९८, ३००
माघनन्दि २१२, २२३, २३९
माधवचन्द्र त्रैविद्य २३७
माधवसेन ३७७
मान ३७७
मानदेव ३३८, ३४५
मानदेवसूरी २४४
मायागता चूलिका १८०
मार्कण्डेय १२, ३५, ९०, ९१, ९५, १०४, १०५, ४३१, ६३५, ६२७
मालती माधव ४३७
मालविकाग्निमित्र ४३३, ४३४
मालारोपणविधि २४४
मित्रनन्दि २३४
मिराशी २६५
मुख्तार स० २४४
मुणिसुव्वयचरियं ३३६
मुद्राराक्षस ३७, ४३७
मुनिचन्द्र ३३६, ४७६, ५१३
मुनिचन्द्रसूरि ३४६, ५१५
मुनिभद्र ३३६
मुनिसुन्दर ५१७
मुनिसुव्रतचरित ३११
मुनिसुव्रतभवस्तोत्र ३९८

मु० बनर्जी १४
मूलाचार २३२, २४१, ३८६, ५५२
मूलाराधनादर्पण २३४
मृच्छकटिक ७३, ७४, ९५, ४३२, ४३३, ४३५
मेघदूत ३०६
मेरुतुंग ३७७
मैक्सवेलेसर २५
मोक्खपाहुड २२८
मोनियर विलियम्स ४०७
यजुर्वेद ४०६
यतिवृषभ २१८, २२९, २३०, २३१
यशस्तिलक २९०, ४१४
यशोदेव ३११
याकोबी १००, १०१, १०४, ४८८, ५२३
योगदृष्टिसमुच्चय ४६५
योगभक्ति २२९
योगशतक २६५
योगशास्त्र २८३
योगसार २३५, ३७२, ४०२
योगीन्द्रदेव ४०२
योनिप्राभृत १९९
रघुनाथ कवि ६२७
रघुवंश ५०१
रत्नदेव गणि ३७८
रत्नपरीक्षा ५५१, ५५२
रत्नावली ४१३, ४३६, ५३५
रत्नशेखर २३९, ५३२, ५५१
रत्नशेखर सूरि ५०८
रयणचूड ३४८
रयणचूडरायचरियं ३१२, ३४६
रयणसार २२९
रयणसेहरनिवकहा ५१०, ५११, ५५६
रविषेण ३१२
रसगंगाधर ६२६
रसिक सर्वस्वटीका १३
रहीम ५५४
रंभामंजरी ४२६
राजतरंगिणि २७०
राजप्रश्नीय १८७
राजशेखर १५, १०१, ४११, ४१२, ४१३, ४१४, ४६४
रामचन्द्र ४०७, ४०८
रामचरितमानस ३८३
रामजी उपाध्याय २६४
रामतर्क वागीश ५२७
रामदास भूपति २६३, २६४
रामपाणिवाद २९८, ३००
रामशर्मा १०४
रामसिंह मुनि ३७२
रामायण ४०६
रावणवध २६३
राहु आचार्य ३१२
राहुलक २०
रिट्ठ समुच्चय ५५१
रीजडेविड्स २५
रुक्मांगद २९९
रुद्र ४१८
रुद्रट १४, १०१, २८९, ३७३, ५३३
रुद्रदास ४१८
रुद्रमिश्र २९६
रूप्यक ५३४
रूपगता चूलिका १८०
ऋग्वेद २, ३, ४, ८, १७, ३९४, ४०६, ४३८
ऋषभपञ्चाशिका ३९५
ऋषिपुत्र ६४८
ऋषिभाषित २०१
रोहगुप्त कथा ५१७
लंकेश्वर १०४

लक्ष्मण गणि ३२३, ४५०

लक्ष्मीधर १३, १४, १५, १०४, ५२६

लक्ष्मीलाभ ३८७

लक्ष्मीलाभ गणि ३८९

लगनसुद्धि ५५१

लग्नशुद्धि ५५१

लघु क्षेत्र समास २३९

लघुनयचक्र २४१

लघुसिद्धान्तकौमुदी ५२६

लघ्वजितशान्तिस्तवनम् ३९९

लब्धिसार २३६, २३७

ललितविग्रहराज ४३७

ललितविस्तरा ४६५

लास्सन ३७

लाहा (डॉ०) २५ पाद०, २६ पाद०

लिंगपाहुड २२९

लिंग्विस्टिक सर्वे ऑव इण्डिया १०१, १०२, १०३

लीलावई २९८, ४४८

लीलावती ३२०

लोकविजय यन्त्र ५५१, ५५२

लोहाचार्य २१२

ल्यूडर्स ३६

वज्जलग्ग १५९

वज्जालग्गं ३७७, ३७८, ३८२, ५५४, ५५५

वज्जकर्णनृपकथा ५१७

वज्रसेन सूरि ५०८, ५३२

वज्रस्वामी १८९, २४०

वटुकनाथ शर्मा ७८

वट्टकेर २३२, २३६, २४१, ३७१

वड्डमाणविज्जाकप्प ५५१

वत्सराज ३७७

वरदाचार्य ५२६

वररुचि ३७, ७८, १०४, १२०, १२१, १४०, २१५, ४२२, ५२२, ५५३

वराह ३७७

वराहमिहिर १८४

वर्धमानदेशना ५१७

वर्धमान सूरि ३११, ३२०, ३३५, ३५२, ४८२

वसुदेवहिण्डी ३४०, ४५६, ४५७, ४६१, ५५३, ५५४

वसुनन्दि २४३

वसन्तराज ७८, ५२३

वाक्पतिराज १४, २६१, २७४, २७५, ३७७

वाक्यपदीय ९९

वाग्गच्छीयहरिभद्र ३३६

वाग्भट्ट ३२ पा०, २९०, ३७३

वाग्भटालंकार १३

वाजसनेयी संहिता ८

वामट्ट ९१

वात्यकाण्ड ६

वासुदेव १३

वास्तुसार ५५१, ५५२

विभट्ट ३७७

विकटनितम्बा ५५४

विक्कमसेणचरिय ५१५

विक्रमोर्वशीय १०१, ४३३

विक्रान्तकौरव २३४

विचारसार प्रकरण २३९

विजय आचार्य ३१२

विजय गुरु २३९

विजयोदया टीका २३४

विजयसिंह ३२३

विजयसिंह सूरि ५१७

विज्जिका ५५४

विद्धसालभंजिका ३१४
विद्यापति १०३
विद्वज्जन बोधक २२३
विधिमार्ग प्रपा २४३
विधुशेखर भट्टाचार्य २०
विनयदत्त २१२
विन्टरनित्स ४८८, ६१३
विपाकश्रुत २९, १७८
विपाकसूत्र १६३, ४४१
विबुध श्रीधर २२४
विबुधानन्द ४३७
विमलकहा ४८९
विमलसूरि ३११, ३१२, ३१९
विरहांक कवि ६२८
विलासवती ४३१
विवेकमंजरी ४१७
विशाखाचार्य ४३
विशाखदत्त ४३७
विशेषावश्यकभाष्य ३११, ४९०, ४९१
विश्वनाथ ३७३, ४०९, ६३५, ६६४
विश्वेश्वर ४३०
विषमबाणलीला ३८३
विष्णुकुमार २४२
विसेन्टस्मिथ २६६
विहारी ६६४
वी. एम. बरुआ ६९
वीरकहा ४८९
वीरचन्द्र २५२
वीरचन्द्रसूरि ३७१
वीरदेव गणि ६१३
वीरनन्दि २३६, २३९, ३९७
वीरनिर्वाण और
जैन कालगणना १६४
वीरभद्र १९७, ३६१, ४६१
वीरभद्राचार्य ३४१
वीरजयस्तोत्र ३१८
वीरसेन २१६, २१८, २३४, २४६
वीरसेनाचार्य २११
वृष्णिदशा १८६
वेचरदास दोशी २४०
वेणीसंहार ४३७
वेबर ४०७
वैकुण्ठचरित ४२३
वैराग्यरसायन ३८७, ३८९
वैराग्यशतक ३८७, ३९९
व्यवहार १८७, १९०, २०१
व्यवहारकल्प २००
व्यवहारभाष्य ४४२
व्याख्याप्रज्ञप्ति १६३, १६९, २०१,
४४१ (भगवती सूत्र)
व्याख्या प्रज्ञप्ति टीका २१६
शकुन्तला १३
शतक २३८
शतपथब्राह्मण ८
शब्दचिन्तामणि ६२७
शंकर १३
शाकटायन ३
शाकल्य ३
शाक्य और बुद्धिस्ट ऑरीजिन्स २५
शान्तिचन्द्र २०२
शान्तिनाथ चरित ३११
शान्तिनाथ जयस्तोत्र ३९८
शान्तिसूरि २०१, २४२, ३३६
शामकुण्ड २१६
शारदातनय ४७९, ५११
शारिपुत्र प्रकरण ६३२
शाश्वतचैत्यास्तव ३९७
शिवकोटि २३४
शिवगुप्त २३४
शिवजित प्रकरण २३४
शिवदत्त २१२

शिवनन्दि २१४
शिवपुराण २९९
शिवशर्म २३८
शिवार्य २३३, २३४, २३५, २४१
शिशुपालवध २९८, ३००
शिष्यहितटीका २१०
शीलांक २०, २०१, ५४८
शीलांकाचार्य ३३८, ४३७
शीलाचार्य ३३८
शीला भट्टारिका ६५४, ६५५
शीलोपदेशमाला ६१७
शुक्लयजुर्वेदीयप्रातिशाख्य ८
शुभचन्द्र २३५, ६२७
शुभमतिकथा ६१७
शुभवर्धन गणि ६१७
शूद्रक ४०५, ४३५
शृंगार प्रकाश ६३४
शृंगारमंजरी ४३०
शृंगारशतक ३८७
श्रावकप्रज्ञप्ति ४६५
श्रीकण्ठ २९६, ४१८
श्रीचन्द्र २३५, ३११, ३२३, ३३६
श्रीदत्त २१२
श्रीनन्दि २३९, २४३
श्रीमद्भागवत २९८, ३००
श्रीहर्ष १५१, ४२७, ४३६
श्रुतभक्ति २२९
श्रुतसागर ६२७
श्रुतावतार २२९
श्रेयांसनाथचरित ३११
षट्खण्डागम ४४, ४५, १६३, १८९, २११, २१२, २१३, २१६, २१७, २१८, २२४, २३६, २३७
षट्खण्डागमसूत्र २०३
षट्स्थानप्रकरण ४८२
षड्दर्शनसमुच्चय ४६५
षड्भाषाचन्द्रिका १३, १४, ६२६
सकलचन्द्र २३९
सज्जन उपाध्याय ४८८
सडसीइ (षडशीति) २३८
सणंकुमारचरियं ३३५
सत्तरिसयथोत्त ३११
सदानन्द ७८, ६२३
सप्ततिका २३८
समत्तसत्तरि २४२
समन्तभद्र २१२, २१६, २३४, ४०३
समयसार २२५, २२६, ६५३
समराइच्चकहा १८१, २९०, ३६०, ४६३, ४६५, ४७४, ४७६, ५०३, ६५४
समवायांग ३३, १६३, १६८, १८०
सम्मइसुत्त (सन्मतिसूत्र) २४०
सम्यक्त्वकौमुदी १७६, ५११
सम्यग्ज्ञानचन्द्रिका २३७
सरस्वती कंठाभरण ६३४
सर्वगुप्त २३३
सर्वज्ञसिद्धि ४६५
सर्वदेवसूरि ५०५
सर्वसेन ३७७
संक्षिप्तसार ३५ पा०
संग्रहणी २३९
संग्रामसूर कथा ६१७
संघतिलक ६१७
संघदासगणि ४९६
संजीवनी टीका १३
संजीवनी व्याख्या ७८
संतिनाहचरियं ३३६
संथारग २३४
संदेशरासक १०३, ३७८
संबोहपगरण ४६५
संखित्ताहुयव ३९९

संवेगरंगशाला ४८६
संस्कृत ड्रामा ४०६
संस्तारक १९७, १९८
सागारधर्मामृत २४३
सामवेद ४०६
सारावलि १९९
सारिपुत्रप्रकरण १६
सावयधम्मदोहा ३७२
सावयधम्मविहि २४२
सावयपण्णत्ति २४१
साहृड ५१७
साहित्यदर्पण २८१, ४०८, ४०९, ५३१, ५३५
सांख्यतत्वकौमुदी १३
सिंहतिलक २४२
सिद्धकण्हप्पा ४१०
सिद्धभक्ति २२९
सिद्धसेन १८९, २४०, २४२
सिद्धसेन दिवाकर कथा ५१७
सिद्धसेन सूरि ५१३
सिद्धहैमशब्दानुशासन १२, ५२४
सिद्धान्तकौमुदी ५२६
सिद्धान्तसार ३८७, ३९२
सिरिचिंधकव्व (श्रीचिह्नकाव्य) २९५
सिरिपासनाहचरियं ३५२
सिरिविजयचंदकेवलिचरिय ३२६
सिरिसिरिवालकहा ५०८
सिंहदेव १२
सिंहदेवगणि १३
सिंहराज १०४, ५२६
सीलपाहुड २२९
सुकुमारसेन ५९, ५७, ६६
सुखबोध २०२
सुखबोध टीका ३४६
सुखलालसंघवी २४०
सुगुरुपारतंत्र्यस्तव ४८२
सुत्तपाहुड २२८
सुदंसणचरियं ३३१
सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या ३, ४, ५, १३१
सुपासनाहचरियं ३२३, ४५०
सुबन्धु २७४
सुबोधिनी ५२३
सुबोधिनी टीका ७८
सुमतिनाथचरित ३११
सुमतिनाहचरियं ३३५
सुमतिवाचक ३५२
सुमति सूरि ५०५
सुयपंचमीकहा ४८८
सुरसुन्दरीचरियं ३१९
सूत्रकृतांग १६३, १६६, १९९, २००, २०१, २३५, ४४०
सूत्रकृतांग चूर्णि ४४२
सूयगडांग ३१
सूर्यप्रज्ञप्ति १६७, १८२, १८४, २००, २३९
सेतुबन्ध २६३, २६४, २६५, २६६, २६८, २७०, ५२६, ५३४, ५३५
सेनार्ट ६९
सेवन ग्रैमर्स ऑव द डाएलैक्टस एण्ड सबडाएलैक्टस ऑव द बिहारी लैंग्वेज ३४ पा०
सोमतिलक २३९
सोमदेव ४३७
सोमप्रभ ३११, ४९८
सोमप्रभ सूरि ३३५
सोमविमल ५१७
सोरिचरित २९६
स्कन्दिल १९९
स्थलगता १८०
स्थविरावली १९९

स्थानांग १६३, १६७
स्थूलभद्र १९९
स्थूलभद्राचार्य १६५
स्फोटायन ३
स्वप्नवासवदत्ता ४३३
स्वयंभू ९९, २९०, ४८८, ६३२
स्वामिकार्त्तिकेय २३५, ३७१
स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा ४८, ३८३
हम्मीर काव्य ४२७
हम्मीर मर्दन ९४
हरविलास ४१५
हरिभद्र १८१, १८९, २०१, २४२, २९०
३६१, ३६४, ३७१, ४४६,
४६४, ४७४, ४७६, ६५१
हरिवंश ४०६
हरिवंस चरियं ३१९
हरिश्चन्द्र २७४
हरिषेण २३५
हर्षचरित २६४, ३७३
हस्तिकल्प २३४
हार्नले (डॉ०) १०३, २२३, २२४
हाल ३७७, ४५१
हाल कवि ५२३
हिन्दी साहित्य का बृहद्
इतिहास ६५४, ६५७
हिस्ट्री ऑव पालि लिटरेचर २६
हीरालाल (डॉ०) १८०, २३०, २४२
हेमचन्द्र ११, १२, १३, १९, २०, ८०,
८४, ९४, १०४, १०५, १०१,
११९, १२०, १२१, १२३,
१२४, १४६, २४०, २७५,
२८१, २८९, २९०, २९५,
३२३, ३३६, ३७२, ३७७,
३७८, ३८३, ४०७, ४१७,
४८८, ४९८, ५२७, ५३६,
५३८, ५३९, ५४८
हेमचन्द्रमलधारी ५१७
हेमचन्द्र सूरि ३१०
हेमतिलक सूरि ५०८
हेमविमल ३३३
हेमव्याकरण २८३

पात्रनामानुक्रमणिका

अक्रूर २९६
अङ्कुश ३१४
अगडदत्त ४६१
अग्निमित्र ४१४
अग्निशर्मा ४६५, ४६६, ४६७, ४६८, ४६९, ४७०, ४७१, ४७२
अंगारवती ६०७
अङ्गराज ४२३
अचल ४९२
अजयग्रीव ३५७
अजयदेवी १७८
अजातशत्रु १८५
अजितनाथ ३९६, ४०१
अजितसेन ५१०
अञ्जनचोर २४३
अञ्जनासुन्दरी ३१४, ३१५
अणाढियदेव ४५७
अथर्वणमन्त्री ५१३
अनन्तनाथ ३११
अनन्तमती २४३
अनंगरति ३२६
अन्धकवृष्णि १७५, ४५९
अपराजिता ३१२, ३१३
अभग्गसेन १७८
अभयसिंह ४९८
अमरदत्त ४९२
अमरद्रुम ३१४
अमरसिंह ४९८
अमितगति ४६०
अमिततेज ४६१
अमित्रा ३१२
अम्बड २५८
अम्बष्ट ३००
अरहनाथ ४६१
अरिदमन ५०८
अरिष्टनेमि १७६, १९४, १८६, ३३८
अविमारक ४३३
अशनिघोष ४६१
अशोक ४९८
अशोक श्री (विद्याधर) ५०७
अश्वसेन ३५२
अहिल्या १७८
आनन्द १७३, १७४, ४७०
आनन्दसुन्दरी ४२३, ४२४, ४२५
आर्द्रककुमार ५०१
आर्यखपुट २४२, ५०२
आर्यघोष ३५४
आषाढसेन २५९
इन्द्र २७५
इन्द्रजीत २६८
इलापुत्र २४२, ५०१
इषुकार १९३
उग्रसेन ३००, ४६१
उज्झित १७८
उत्तरदास (श्रावक) २५८
उदयन २४२, २४३, ४३३, ४५१
उम्बर ५०८
उम्बरदत्त १७८
उर्वशी ४३४
ऋषभदेव १८३, ३३३, ३३८, ३५७, ३९५, ३९७, ४६०
ऋषभदत्त ३३१

ऋषभदत्तसेठ ३४२
ऋषभसेनसेठ ४५२, ४५३
ऋषिदत्ता ४९५, ४९६
एलाषाढ ४७५
कक्कुक २५७
कनकप्रभ ३२०
कनकमती ४८७
कनकरथ ४८१
कनकवती ३४१, ३४४
कपिल १९३, ३५८, ४४१
कमलश्री ३२६, ४८९, ४९०
कमलप्रभा ५०९
कमलसेना ३०६
कमलावती ३२०
कर्पूरमञ्जरी ४१३, ४१४, ४१५, ४१६, ४१७, ४२०
कर्पूरिका ४२७, ४२८
कलावती ३३३
कल्याण ३२७
कांचना १७८
कामदेव १७१, २४२, ३५८
कामपताका ४६१
कुणिक १८५
कुण्डरीक १७२
कुन्तिभोज ४३३
कुन्थु ४६१
कुन्द ४९८
कुब्जा ३००
कुमारपाल २८३, २८४, २८६, २८७, २८८, ४९८
कुमुदिनी ४६५, ४६६
कुम्भकर्ण ३६९
कुम्भीलक ४३५
कुम्मापुत्र ३३४
कुरंगी ४३३
कुरंगिका ४१५
कुलचन्द्र ३२६, ४८६
कुवलयचन्द्र ३६२, ३६३, ३६४
कुवलयमाला ३६२, ३६३
कुवलयावली २९०, २९१
कुबेरदत्त ४५७
कुंडकौलिक १७३
कूर्म ३३३
कूलवाल ४८६
कृतपुण्यक ४९८, ५०१
कृपणबुद्धि ५१६
कृपणश्रेष्ठि ५१५
कृष्ण १७६, ३३६, ३३८, ४८८
केशी १९३
कैकेयी ३१२, ३१३, ३१५
कोरंट ३५८
कौण्डिन्य ४६५
कंडरीक ४७५
कंस २९९, ३००, ३०१, ३०५, ४६१, ४६२
क्षपणक ४७५
खण्डपाना ४७५
खरदूषण ३१३, ३१४
गणेश २७६
गजसुकुमाल १७२, १७६, ३३६
गन्धर्वदत्ता ४६०
गिरिडुम्ब ५०२
गिरिसेन ४७०
गुव ४७०
गुणसेन ४६५, ४६६, ४६७, ४६८, ४६९, ४७०, ४७१, ४७२
गोशालक ३५७, ३५८
गौतम गणधर १७४, १९३
गोरी २७६
गंगवसुमती ४९१

गांगिला ५५७
चक्रधर ६०१
चण्डकौशिक ३१७
चण्डचूडा ६०२
चण्डसिंह ३५४, ३५५
चण्डसोम ३६३
चन्दनक ४३५
चन्दनदास ४३७
चन्दनपाल (चण्डपाल) ४१३, ४१४
४१५, ४१६, ४२०
चन्दनबाला ३५७, ४५२, ४९८
चन्दना ६०१
चन्दुक २५७
चन्द्र २७६
चन्द्रकेतु ४२०
चन्द्रगति ३१३
चन्द्रगुप्त ४३७
चन्द्रदेव ४९२
चन्द्रनखा ३१३
चन्द्रप्रभ ३११, ३२६, ३९७
चन्द्रलेखा ४१८, ४१९, ४२०
४२७, ६१३, ६१४
चन्द्रश्री ६१४
चन्द्रवर्मन् ४२०
चन्द्रानन ३९७
चन्द्रिका ४१८
चम्पकमाला ३०४, ३५८
चाणक्य ४३७
चाणूर ३००, ३०१
चारुदत्त ४३३, ४६०
चित्रसंभूति १९३, ४४१
चित्रगुप्त ४९२
चित्रप्रिय ६०१
चित्रलेखा ४३४
चित्रवेग ३५१
चित्रांगद २९०, २९१
चिलातीपुत्र ६०१
चुल्लनीप्रिय १७६
चुल्लशतक १७३
चेटक १८५
चेल्लना १७७, १८१
चंडगोप ६१५
चंडरुद्र ६०२
जटाकेतु ४३०
जनक ३१३, ३१५, ४६०
जम्बु २६८
जम्बूस्वामी १७६, २४३, ३४१,
३४२, ४५७
जय ३५५, ४७०
जयराजर्षि ४९२
जयलक्ष्मी ६१५
जयशासन ४८०, ४८१
जयशेखर ४८१
जयसुन्दरी ४९८
जयसूर ३२७
जरासन्ध ३३६
जालिनी ४७०
जाम्बवान् २६७
जितशत्रु ३२७, ४५७, ६१३
जिनदत्त १७२, ४८०, ६०५, ६०६, ६०७
जिनदास १७८, ३५८
जिनदेव श्रावक ४९४
जिनपालित १७२, ३५८
जिनरक्ष १७२
जिनमाणिक्य ३३३
जैत्रचन्द्र ४२७
ज्ञाननिधि ३३२
झोट २५७
डिण्डीरक ४२४, ४५६

बाहड २६७
तरंगवती ४५०, ४५१, ४५२, ४५३, ४५४, ५५३
ताट २६७
तारा ४९८
तिलकसुन्दरी ३४७, ३४८
तोसली ४८३, ४८४, ४८५
त्रिजटा ४३७
त्रिपृष्ठ ३६७
त्रैवर्ण २६९
थावर्चाकुमार १७२
दमयन्ती ६०१
दशरथ ३१२, ३१३, ३१५, ४३३
दशार्णभद्र ४९८
दामन्नक ४९८, ६०२
दीपशिखा ४९८, ६०२
द्वीपायन ३३६
दुर्दर १७२
दुर्लभकुमार ३३४
दुष्यन्त ४३३
दृढवर्मा ३६१, ३६२, ३६६
देवकी १७२, ३००, ४६१
देवपाल ४९८
देवयश ३२४
देवराज ४२७
देवदत्ता १७८
द्रमक ६०१
द्रुमा ३३४
द्रोण ३३४, ६०१
द्रौपदी १७२, ३३६
धन ४७०, ६०१
धनगिरि ६१६
धनदत्त ४८३, ४९२, ६१५
धनदा ६१६
धनदेव ३२१, ६१५, ६१६
धनदेवी ६१६
धनपति १७८
धनपाल ३३२, ४५२, ४८९, ४९२, ६१६
धनवती ४६७
धनवसु ४५७
धनश्री ४६१, ४७०, ६१६
धनश्रेष्ठि ६१५
धनसाधु ४९२
धनसारसेठ ६१६
धनसार्थवाह ३३९, ४८०
धन्ना १७२
धनुर्हर राजा ६१६
धनेश्वर ४९७
धन्धी ६१६
धन्य १७७
धन्यक ४९८
धम्मिल ४५६
धरण ३२४, ४७०, ४९०, ४९२
धात्री ६१६
धर्मदत्त ६१५
धर्मनन्दन ४८१
धर्मदेव ४९२
धर्मयश ३३२
धर्मानन्द ३६३
धारिणी १७२, १७५, १७७, ४५७
नन्द ४९०
नन्दन ३६७
नन्दा १७७, ४८५
नन्दिनी प्रिय १७३, १७५
नन्दिषेण १७८
नमि १९३
नमिराजा ४८६
नरदेव ४९२
नरवर्म नृप ४९१

नरभट्ट २५७
नरवाहन ३२०, ३२२
नरवाहनदत्त ४५६, ४५७
नरविक्रम ३५७
नरसिंह ५१३
नरसुन्दर ३३३
नर्मदासुन्दरी ४१४, ४१५, ४१६, ४१८
नल २७०, ४३८, ४१८
नलकूबर २११
नवपुष्पक ५०२
नहुष ४३८
नागदत्त ४११
नागश्री ५०१
नागिला ३४१
नारायणदास ४२७
नाहट ३२४
नेमिनाथ ३३६, ३१८
पद्म ४१२
पद्मप्रभ ३११
पद्मरथ ३४२
पद्मवर्णिक् ३२४
पद्मदेव ४५३, ४५४, ४५५
पद्मावती ४३३
पद्मिनी ३४६
पद्मोत्तर ४१८
परशुराम ४१२
पवनंजय ३१४, ४१२
पादलिप्त २४२
पार्श्वनाथ ३३८
पार्श्वनाथ (पार्श्वकुमार) ३५२, ३५३, ३५४, ३१६, ४११
पिप्पल १८१
पिप्पलाद ४६०
पुण्डरीक १७५
पुरन्दरदत्त ३६३
पुरन्दरश्रेष्ठी ४८०
पुरूरवा ४३४
पूर्णचन्द्र ४६५, ४६६
पृथु २७५
पृथ्वीपाल ५०८, ५०९, ५१०
पृथ्वीशेखर ५०७
प्रजापतिराजा ३४०
प्रदेशी १८०, १८१
प्रद्युम्न ४५८, ४५९
प्रद्योत ४१८
प्रभव ४५७
प्रभंकर ४९२
प्रभाकर ५०२
प्रभाचन्द्र ४१२
प्रभावती रानी ३५३
प्रसेनजित १८०
प्रसन्नचन्द्र ४५७, ५०२
प्रह्लाद ३१४
प्रियतमा ३२१
प्रियमित्र ३५७
प्रियंगुमंजरी ३२०
प्रियंगुसुन्दरी ४५६, ४६०
प्रियंगुश्यामा ३६१, ३६२, ३६६, ३६७
प्रियंवदा ४८३
बन्धुराज ३२४
बन्धुदत्त ३२४, ४८९, ४९०
बलदेव ३३८
बलराम २९९, ३००, ३०१
बहुबुद्धि ५१९
बालचन्द्र ४१२
बालि २६७
बाहुबलि ३५७, ४६०
ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती ३३८
ब्रह्मा २७१, २७४

बृहद्देव ४९२
बृहस्पतिदत्त १७८
बेहल्लकुमार १८१
भद्रनदी १७८
भद्रबाहु २४२
भद्रमुखी ३३४
भद्रा १७७, २६७, ४९०
भयदेव ४९२
भरत १८३, ३१९, ३१६, ३३०, ३३८, ३५७, ४३३, ४६०, ४९२, ५०१
भवदत्त ३४१
भवदेव ३४१
भवदेव राजर्षि ४९२
भविष्यदत्त ४८९
भविष्यानुरूपा ४९०
भाकुट २९८
भागुरायण ३५४, ३६५, ४३७
भानु ४५९
भानुदत्त ४९२
भानुमती ३६३
भामण्डल ३१३
भास्कर द्विज ३७४
भिल्लुक २५७
भीमकुमार ३२४, ३२५
भीषणानन २९१
भूति ४९२
भूपाल ४८९
भैरवानन्द ४१४, ४१५
मकरकेतु ३२१, ३२२
मञ्जुकण्ठ ४१८
मणिसिंह ३२४
वासव मन्त्री ३६३
वासवदत्ता ३५८, ४३३, ४५२
वासुदेव १८६, ४५९, ४६१
विक्रमराजा ५१६
विक्रमादित्य ४९८
विचक्षणा ४१४, ४१५
विजयाचार्य ४९२
विजय ४७०
विजयकुमार ३३२
विजयचन्द्रकुमार ३२४, ३२६
विजयचोर १७२
विजयदेव ४९१
विजयसिंह १८१
विजयसेन ३६३, ४८० ४८१,
विजयसेनाचार्य ४७०
विजया ३५४
विजयानन्द २९१
विपुलाशय राजर्षि ४९०
विभीषण २६८, ३१२, ३१५
विभ्रमलेखा ४१४, ४१५
विमल ४९०
विमलसेठ ५०६
विमलमती ५०६, ५०७
विमलाभा ४६०
विराधगुप्त ४६७
विराधित ३१४
विशल्या ३१५, ५०१
विश्वभूति ३५७
विष्णु २७१, २७४, २७५
विष्णुकुमार २४२, ४६०, ५०२
विसेन ४७०
वीरक ४३१
वीरचरित ५०१
वीरदास ४९४
वीरभद्र ३३३
वैरस्वामी ५०२
वैश्रवण २९९

वंकचूल ४८६
वंसपाल २५९
शकट १७८
शकार ४३५
शकुन्तला ४३३, ४३४, ४३८
शश ४७५
शशिराज ४९२
शशिप्रभा ५१३
शान्तिनाथ २११, ३३८, ३९६, ३९७, ३९९, ४०१
शारदश्री २९१
शारिपुत्र ४३२
शालिनीप्रिय १७३, १७४
शालिभद्र ४८५, ५०१
शिखण्डचन्द्र ४२३
शिखिन् ४७०
शिल्लूक २५७
शिव ३५५
शिवकुमार ३४२
शिवचन्द्र ४९२
शिवदेव ६०६
शीलमती ३३२
शीलवती ४९८, ४९९, ५००
शुकमुनि १७२
शुभदत्त १५४
शुभमति ३२७
शुभंकर ६०५, ६०७
शूलपाणि ३५७
शृंग ४३८
शृंगारमंजरी ४३०
शौनकायन २५९
शंबुक ३११
शंबकुमार ४५८, ४५९
शंख ४९१
श्रीकृष्ण २९६, २९९, ३००, ३०१, ३०२, ३०६, ३११
श्रीगुप्त ४९२
श्रीदेवनृप ४९३
श्रीपाल ६०९, ६१०
श्रीवत्सविप्र ३२४
श्रीविजय ४६१
श्रेणिक १७१, १७७, १८३, ४८६, ६०४
श्रेयांसकुमार ३३३
श्रेयांसनाथ ३११
सगरचक्रवर्ती ३३८
सत्यभामा ४५९
सत्यश्रेष्ठी ३५८
सद्दालपुत्र १७३, १७४, १७५
सनत्कुमार ३३८
समरादित्य ४६५, ४७०
समरसेन ४८०, ४८१
समित ५०२
समुद्रदत्त ४५७, ४६१, ५१५
समुद्रपालित १९३
समुद्रविजय ४५९, ४६०
सम्प्रति सम्राट ६०२
सरमा ४३७
सरस्वती १७६
सरह ४५७
सरूपा ४८९
साउह ४५७
सागरचन्द्र ३२४
सागरदत्त १७२, ३५८
सागरदत्ताचार्य ३४२
सागरदत्तसेठ ४८३, ४८४
सागरदेव ३५८
सातवाहन २९०, २९१, ३९२

साधुरक्षित ३५८
सामश्री ४६०
सारसिका ४५३
सारंगिका ४१५
सालिवाहन ४८३
सिन्धुनाथ ४१८
सिद्धार्थक ४३७
सिद्धसेन २४२, ६०२
सिंहकुमार ४७०, ४८३, ४८५
सिंहध्वज ३२७, ३२८
सिंहमन्त्री ३२४
सिंहरथ ६०९
सिंहराज ४८०, ४८१
सिंहलराज २९१
सिंहोदर ३१२
सीता २६७, २६८, २६९, ३१३, ३१४, ३१६, ३१७, ४३७, ४६०, ६०१
सुकुमालिका ४८३, ४८५
सुकोशलमुनि ४८६
सुग्रीव २६७, २७०, २७२, ३१४
सुजयराजर्षि ४९२
सुजससेठ ४९२
सुजात १७८
सुतारा ४९०
सुदर्शन ६०२
सुदर्शना ३३२, ३३३
मतिसागर ६०९, ६११, ६१२
मदन ३२४
मदनकेसरी ३४९
मदनदत्त वणिक् ४९१
मदनमंजरी ६१०
मदनवर्मा ४२७
मदनसुन्दरी ३२६, ६०८, ६०९, ६१०
मदनावली ३२७, ३२८
मदनिका ४३६
मधुरकण्ठ ४१८
मधु राजा ४८६
मन्त्रितिलक ३२४
मन्दारक ४२३
मन्दोदरी ४६०
मरुदेवी ३३३
मरुभूति ३६२
मलयकेतु ४३७
मल्लदेव ४२७
मल्लवादिन् २४२
मल्लवादी ६०२
मल्लिकुमारी १७२
मल्लिनाथ ३११
मल्लिस्वामी ३३८
महाचन्द्र १७८
महानुमति २९१
महाबल १७८
महावीर १७२, ३५६, ३५७, ३५८, ४४१
महाशतक १७३
महासेन ३३२, ३९८
महासेन राजर्षि ४८६
महिपाल ६१३, ६१४
महेन्द्र ३६२, ३६४
महेन्द्रनृप ४९२
महेन्द्रसिंह ३३३, ३३४
महेश्वरदत्त ४५७, ४५८, ४९४, ४९६
माकन्दी १७२
माघरक्षित २५८
माधवानल २९१
मानभट ३६३
मालवती ३३४
मालवेद ४१८, ४१९, ४२०
मायादित्य ३६३
मारीचि ३३१, ३५७, ३५८

मालविका ४३४
मिश्रसूर ४८१
मुनिचन्द्र ६०८
मुनिसुव्रत ३३१, ३९८
मुष्टिक ३००
मूलदेव २४२, ४७६, ६०१
मृगापुत्र १७८, १९३, ४४१
मृगावती ३४०, ३९८, ४९८
मृगांककुमार ३२८, ६१५
मेघकुमार १७१
मेघनाद २६८
मेघमाली ३६३
मेघरथ ४९२
मेघवाहन ३१४
मेनका ४३४
मोहदत्त ३६३
मौद्गलायन ४३२
मंखलीपुत्र गोशाल १७४, १७५
मंगु आचार्य ४८६
यज्ञदत्त ४६५
यज्ञदेव ४९२
ययाति ५३८
यशावर्द्धन ४८३, ४८४
यशोमति ६०६
यशोवर्मा २७४, २७५, २७६, २७७, २८०
यशोवर्द्धन २५७
याज्ञवल्क्य ४६०
यौगन्धरायण ४३३
रक्तसुभद्रा १७८
रज्जिअ २५७
रतिसुन्दरी ६०७
रत्नचूड ३४६, ३४७, ३४८, ३४९
रत्नमाला ३२८
रत्नशेखर ६११, ६१५
रत्नावली (रत्नवती), ६११, ६१३
रथनेमि १९३, १९४, ३३६, ४४१
रम्भा ४३४
रम्भामञ्जरी ४३७
रम्भासुन्दरी ४३७, ४३८, ४३९
रविपात ३९८
राजशेखर ४३०
राजीमती ३३६, ४४१
राम २६७, २६८, २६९, २७०, २७१, २७२, २७४, ३१२, ३१३, ३१४, ३१५, ३१६, ४९८
रामदेव ४८१
रावण २६७, २६८, २६९, २७०, ३१३, ३१५, ३१६
राहडमन्त्री ३२४
राक्षस ४३७
रिपुमर्दन ३२६
रुक्मिणी तापसी ४९८
रुक्मिणीमधु ६०१
रुद्राचार्य ४९१
रूपरेखा ४३०
रूपसुन्दरी ६०८, ६०९
रोहिणी ६०१
रोहिणेय ६०२
लवण ३१५
लक्ष्मण २६८, ३१३, ३१४, ३१५, ३१६
लक्ष्मणादेवी १८९
लक्ष्मी २७६, ४७०
लीलावती २९०, २९१, ४८०, ४८१
लोभदेव ३६३
वकुल ६०२
वकुलमाली ३४६
वज्रनाभ ३५४

वज्रमित्र ४८६
वज्रसिंह ४८१
वज्रस्वामी १८९, २४२
वरदत्त १७८
वरधुक ५०२
वरुण ४९८
वर्धमान ३३८, ३९७
वसन्ततिलका ४३०
वसन्तश्री २९१
वसन्तसेना ४२७, ४२८, ४३३, ४३५
वसुदत्त ४८६
वसुदेव ३००, ४५७, ४५९, ४६०
वसुदेव वणिक् ४८१
वानव्यन्तर ४७०
वामादेवी ३५२
वारिषेण ३९७
सुदत्ता ४९२
सुधर्मस्वामी ३४२, ४८०
सुन्दर ३५६
सुन्दर वणिक् ३२४
सुन्दरी ४८३, ४८४, ४८५, ५१६
सुन्दरीदेवी ५१५
सुनन्द ४५७
सुपार्श्वनाथ ३२३
सुबाहु १७८
सुप्रभा ४६०
सुभद्रा १८६, ५०१
सुभानु ४५९
सुभौमचक्रवर्ती ३३८
सुमतिनाथ ३११, ३३२
सुमति मन्त्री ४१८
सुमित्रा ३१३
सुरप्रिया ४९२
सुरप्रभ मुनि ३४७
सुरशेखर ४९२
सुरसुन्दरी ३२०, ३२१, ३२२, ५०८
सुरादेव १७३
सुरकन्या ३४७
सुरेन्द्रदत्त ३१८, ४५७
सुलक्षण ४८१
सुलसश्रेष्ठी ३२४
सुलसा ४६०, ४९२, ५०२
सुलोचना ३३४
सुवास १७८
सुव्रता १८६, ४५२
सुश्रुत ४१८
सुषेण ३६१
सुहस्ति ४९४
सूर पुरोहित ४८०
सूर्य २७६
सूर्याभदेव १८०, १८१
सेडुवक ५०२
सेन ४७०
सेलग राजर्षि १७२
सोम ३५५
सोमदेव ३७०, ४९२
सोमप्रभ ५०२
सोमभीम ४९८
सोमश्री ५१३
सोमिल १७६, १८६
सोरियदत्त ६७८
सौभाग्यसुन्दर ५१५
सौभाग्यसुन्दरी ५०८
सयती १९३
स्कन्द ४४१, ४९२
स्थावरक ४३५
स्थविरा ४८६
स्थूलभद्र ४९८
हरि ५०२
हरिकेशी ४४१
हरिश्चंद्र ३२६
हरिश्चन्द्र २५७
हरिणी ४९४
हरिवर्मा ३५८
हनुमान २६७, २७०, २७२, ३१४
हेमविमल ३३३
हंस विद्याधर २९१

नगर, जनपद् और देश नामानुक्रमणिका

अणहिलपत्तन २८२
अणहिलपुर २८३, २८५
अणहिलवाड ४८२
अफगानिस्तान २४७
अयोध्या ३२, २७७, ३१२, ३१४
अवन्ती २७, ५०६
अवाह १७०
अहमदाबाद २८१
अंग १७०, १८२, ४५२
अहिरौरा ५०२
आन्ध्र ५९
इरातुडी ४९, ५०
इलाहाबाद ५८, २५८
उज्जैन ३१२
उज्जयिनी २४८, ४७५, ५०८, ५०९, ५१३, ५१४
उड़ीसा ३१, ४३, २४७, २४९, ५३१
उत्तरप्रदेश ५
उत्तरभारत ७, १६३
उदीच्य ५
कच्छ १७०
कज्जलपुर ३४६
कनखल ३५७
कन्नौज (कान्यकुब्ज) १०३, २७४, २७५, २८४, ४१४
कमलपुर ४६०
कम्बुज २६५
करनूल २४७
कर्णवती २८२
कर्णाटक प्रदेश ४३
कलिंग ४३, ५८, ५३१
कश्मीर २६६
काकन्दी १७७
काञ्चीवरम् २२४
काठियावाड़ ४३
कालसी ३१, ४९, २४७
काशी १७०, ५३१
काशी-कोशल ३३
कौंपिल्य १६८
कांगड़ा ५९
कुन्तल प्रदेश २६५
कुम्भारग्राम ३५७
कुरुक्षेत्र २७७
कुरुजांगल देश ४८९
कुरुमरई २२१
कुसगंपुर ४५७
कुसुमपुर ३२६
केकयदेश १८२
केरल ४१६
कोचीन २९९
कोच्छ १७०
कोण्डकुन्दपुर २२१, २२२, २२४, २३०
कोलत्तुनाड २९६
कोल्लाग सन्निवेश १७३
कोल्लुआ ग्राम १७३
कोशल २८, १७०
कोंकण २७७, २८४
कौशाम्बी २८, ५८, १६३, १९३, २४८, ३६३, ४५२, ४८०, ४८१, ४८३
क्षितिप्रतिष्ठित ४६५
क्षत्रियकुण्डग्राम ३५७
खानदेश १८२

गच्छ १७०
गजपुर १२७, ३४६, ३४७, ४८९, ४९०
गणीमठ ५०
गान्धार ५
गिरनार २६, ४३, ७६, २११, २१२, २४७
गुजरात १०२, २५८, २८१
गौडदेश २७४, २८४
घटयाल ग्राम २५५
चड्डावलि (चन्द्रवलि) ३२०
चम्पा (चम्पापुर) १६८, १९१, ३९८, ३९९, ४५२, ५०६, ५०७, ५०९
चम्पारन ५३१
चीनदेश ५३१
चीनस्थान ४६०
चेदि २८४
छत्रावली (छत्राल) ३५६
जाबालिपुर ३६१
जेसलमेर ३४१
जौगड़ ३१, ४९, ५०, २४७
टक्क १०२
टोपरा (दिल्ली) ४९, ५८
ढक्क प्रदेश ९६
तक्षशिला ५, २७, २४८
तंजोर ४२३
ताम्रलिप्ति ४५७
तालगुण्ड २६५
तैलंगदेश ५३१
तोसली २४७
त्रिवेन्द्रम् ३०७
दक्षिणापथ ३६३
दक्षिणभारत १६३
दशपुर ३१२
दधिपुर १०७
दर्शनपुर ५०६
दशार्ण २८९
द्वारका ३५५
द्वारकावती १८६, ४९८
द्वारावती १७५
दिल्ली २८५
दुर्गमपुर ३३७
धनपुर ५१६
धन्धुकनगर २८१, २८२, ३२३
धान्यखेट १०२
धारानगरी ४३७
धौली ३१, ४९, ५०, २४७
नन्दिपुर ३४७
नालन्दा ३५७
नासिक २५४
निग्लिव ५०
नेपाल २४७, ५३१
परिमतमाल नगर १८३
पल्कोगुण्ड्र ५०
पश्चिम भारत ४३
पश्चिमोत्तर भारत १०२
पश्चिमोत्तर सीमाप्रान्त ५
पाटलिपुत्र २५, १६४, २४८
पाढ १५०
पाण्ड्यदेश ६०
पातालपुरलंका ३१४
पारसीक जनपद २७७
पावापुर ३९९
पिदथुनाडु २२१
पुण्डरीकपुर ३१४
पूना ३४१
पैठन ४१
प्रतिष्ठान २९०
पंचनद १०२
पंजाब ५, १०३
बंग १७०, १८२, २७७, ३५४, ५३१

बंगाल ९६
बब्बरकूल ४१४
बलभी ३१, १६४, १६५
बलाहियपुर ३१०
ब्रह्मगिरि ४९
बाटग्राम २१६
बुन्देलखण्ड १०२, १०३
भटाथान (भाथान) १०२
भरुयकच्छ (भृगुकच्छ) ३३२
भड़ौच ५१३
मानसेहरा ४९, ५०, ५१, ५२, ५३, २४७
मगध ४३, १६३, १६४, १८२, १८५, २४९, २७४, २७७
मथुरा २८, ३२, ५९, १६४, १६८, २८४, २९८, २९९, ३००, ३५३
मध्यदेश २८, ३६१, ४८२
मरुदेश २७७
मलय १६८
मलाबार २१६, २९८
मद्रास २४७
मानखेट गाँव ६३७
मानभूम ४३
मारकी ४९
मारवाड़ २५८
मालव १०३, १७०, १८९, ६३१
माहिष्मती ३१६
मिथिला १६८
मिर्जापुर १०२
मुल्तान १०३
मेरठ ४९
मेवाड़ ५२९
मैसूर २६५
मोटदेश ५३१
मौलि १७०
येरगुडी २४७
रत्नपुर ३२६, ५१३, ६१७
रथनूपुर ३४८, ५०७
राजगृह १५८, १०१, १९१, २३०, ३४२, ३५७, ४५१, ४५२, ४८०, ५०३
राजस्थान १०२
रामपुरवा २७, ४९
रामेश्वर ४९, ५०
रिट्ठपुर ३४७
रूपनाथ ४९
रुम्मिनदेई ५०, ५८
रोहिन्सकूप ग्राम २५८
रोहेड नगर ३३१
लंका १६७, २६१, ३१६
लाटदेश ४२७
लाढ १७०
लौरिया ४९
वज्जि १७०
वत्सदेश ३६३
वर्धमान ग्राम ३५७
वल्लमतणी २५८
वसन्तपुर ५०७
वाणिज्य ग्राम १७३
वाणिज्यपुर ३५६
वाराणसी १६८, २८४, ३५२, ४६०
विजया ३६३, ३६४
विनीता ३६१
विहार ५
वेट्टगेरि (वेल्लकेरि) २३२
वैराट ४९
वैशाली १७०, १७३
व्रज २९९, ३००
शालातुर गाँव ५
शाहबाजगढ़ी ४९, ५०, ५१, ५२, ५३, ७६

शिवपुर ३२७
शूरसेन ३२
श्रावस्ती १६८, १९३, ३५८
श्रीकण्ठ २७७
संकाश्य (शंकास्य) २८, ५३८
संमुत्तर १७०
सप्तसिन्धु प्रदेश ४, ५
सहसराम ४९
साँची ५०, ५८
साकेत १६८
सारनाथ २७, ५८
सिंहभूमि ४३
सिंहल २८, ४६०, ५०७, ५११, ५१६
सिद्धपुर ४९, ५०
सिन्धुदुर्ग ४२३
सिन्धुदेश १८९, २८४
सियदोनी ४१४
सुरपुर ३२६
सुवर्णगिरि २४८
सुवर्ण भूमि ४६०
सोपारा ४९
सौराष्ट्र जनपद २११, २१२
हस्तिनापुर १६८, ३२७
हस्तिग्राम वनखण्ड १६७

नदी नामानुक्रमणिका

उम्बरावती ४६०
एरावती १६८
गंगा १६८, २८८
गोदावरी २९१
चेलतानदी ३९८
नर्मदा २८८, ३१६
माघरनदी २८१
मही नदी १६८
यमुना १६८, २८८
विपाशा १०२
सतलज १०२
सरयू १६८
सरस्वती १०२, २८८
सिन्धु १०२

उद्धृत प्राकृत पद्यानुक्रमणिका

अंकरंतं घम्मं	६२०	अमिअकर किरण	६२९
अंकारो मत्थारो	६४१	अमुद्ध अंदम्मि	३०६
अंकेल्लो अ असोए	६४१	अरुणाअरण	३६७
अंकेल्लितलासोणो	६४१	अरिसकिडिभकुट्ठ	४०१
अंकोलतिक्खणक्खो	३१७	अरिकरिहरि	४०१
अंगं लावण्णपुण्णं	४१७	अवसर रोउं	३८४
अंचेइकालो	३११	अस्स विणरहड	२५५
अंजण गिरिसच्छाया	३१६	अस्स वि चंदुअ	२५५
अंतिम हंतिम उतिम	६२०	असुरो वि सया	२६४
अंतु करेघि	२८८	अह व सुवेलालग्ग	२७३
अंधो णिवडइ	२३१	आउज्जाणं आ०	१८
अंधारिय समत्थं	३१६	आगारंता माला	५२०
अइपिहुलं	३८४	आगारंतो राया	५२०
अइपिहुलं जलकुंभ	३३४	आयावले पसरिए	६४०
अच्चुण्हा मे पिहुल	४२६	आयावलो य	६४०
अज्जजिणणंदिगणि	२३३	आलावंसे अह	३०७
अज्ज वि महग्गि	२९३	आलेक्खं णट्टं आ०	१८
अज्ज सुरअंमि	३८४	आसण-ठिआइ	२८७
अज्ज गओत्ति	३७४	आसस्स पुण पमाणं आ०	१७
अट्ठावयम्मि	३९८	आहारमिच्छे	३९१
अणकढिअदुद्ध	२८८	आलोन्तदिसाओ आ०	२
अण्णं सक्कय	४४८	इदं वओ भगइ	३०१
अणुणिअलणलद्ध आ०	३	इदियाण जए सूरो	४५९
अणुल्लवगुणं	४८४	इमस्स कज्जस्स	३०३
अण्णोण्णपीडणु	३४०	इमिणा सरएण	२९४
अण्णे विहु होंति आ०	७	इयकेण	२९४
अत्तणाणं घणं सीलं आ०	५	इय जस्स समर-दंसण	२८०
अत्थिअमेअं	२५६	इय-राई-रखि-संझा	३६७
अत्थियच्छाया	२५९	इह पठमं महुमासो	४३७
अत्थं च न तए	३४८	इह हि हलिद्दा-हय	२७८
अभिमं पाउअकव्वं आ०	१	ईसि-पिक्क	२९६

ईसि-रिण-वासं	२५५
ईसो जस्स खु	४२२
उ अरोह	२८६
उक्खअदुमं	२७२
उच्च नीयं कम्मं	४९७
उच्छरइ तमो	३१८
उत्तालताल	३५९
उत्तार-तारयाए	३६७
उद्धच्छो पिबइ	आ० ३
उन्नयपओहरभरो	५०४
उप्फुल्ल	३४३
उल्ललिय दब्भकवला	४३५
उल्लासिक्कमनक्ख	४००
उवयारसहस्सेहिं	३४३
उवसग्गहरं	३९६
उवसमेण	१९६
ए एहि किंपि	५३५
एकत्तो रुअइ पिआ	५३५
एक्कत्थे पत्थावे	३७८
एक्को वि कल्लसारो	३७२
एमेय मुद्ध-जुअइ-मणोहरं	४४८
एयप्पमाण-जुत्ता	आ० १७
एयस्स वयण-पंकय	३२१
एसा णाणकमूसिका	४३५
एसा कुडिलघणेण	५३६
एसो ससहरबिंबो	५३६
ऐहिइ सो वि	आ० ३
ओं अमरतरुकामधेणु	३९६
ओ सग्गापवग्ग	२५५
ओरिएणद्ध दोव्वल्लं	५३५
ओवट्टइ उल्लट्टइ	५३६
ओसहि सिहा	२१२
कइणो मंचजण	५३७
कइ वि ठवेंति	२७०
कणकुण्डगं	११४
कणगमयजाणु	३९७
कत्तो लंभइ	५३४
कमलासणो सयभू	२०
कम्मे सिप्पसिलाए	५२१
करिकुंभविब्भमं	४९१
करुणाकमलाइन्ने	३९०
कप्पूरमंजरी	४१६
कप्पूरमंजरीए-कह	४२७
कम उत्तरेण	११२
कव्वेसु जे रसड्ढा	५३७
कल्लं किल	३७६
कहकहकहट्टहासो	५५९
काइ वि खीराइ	३९३
काउं रायविरुद्धं	३१२
कामग्गितत्तचित्तो	३९४
कालायास-कम्मं	आ० १८
किं पि दुम-जज्जरेसुं	२७८
किं किसलपल्लवेहिं	४९५
किं तीए लीच्छए	४९५
किं दिणयरस्स	३१८
किं धरइ पुन्नचंदो	३२२
किर कस्स थिरा	५०४
किसिणिज्जंति लयंता	आ० ५
कुलबालिआए	५३३
कुसुमरय	३१७
कुसुमाउहपिय	४३६
कुसुमावह मंकारं	५४१
कुंकुम-रसारुणंगो	३६६
केच्चिरमेत्तं	२७३
केत्तियमेत्तं	२९३
केसिंचि पियं	५०८

को एत्थ सया ३५०
को ण जणो हरिसिज्जइ ४५०
को ण वसो हत्थिजणे २३६
को तीए भणिय ३५८
कोमलबाहा ३१७
कोहानलं जलंतं ३९०
खंती गुत्ती ३४४
खणमित्तकलुसियाए ५४२
खीराइ जहालोए ३९३
गय गयहि ढुक्किअ ५३२
गए वइणो २७९
गज्जे मेहा ५३०
गयमासियं ५०४
गयकलसालसरिसं ३५५
गहिऊण गोह २५६
गिरिसोत्तो त्ति ३७४
घणगब्भगोह ५५६
घणबंधणसंरुद्धं ४३६
घर लग्गइ अग्गि ५३२
घर-सिर-पसुत्त २९४
घरिणीए ३७५
घोडयलक्खिसमाणस्स २३५
चंदण वलिअ ४५२
चदमऊएहि ५३३
चंदुज्जुआवयंसं २९२
चउव्विहकसाय रुक्खो ३९०
चउवीस अंगुलाइं आ० १७
चक्काय-जुवल-सुहया ४५०
चक्कायहंस ३१७
चक्केवुगं ४६४
चडुआवलि ३२०
चरमजलहिनीरं ४००
चलचवलचवल ५०४
चावो सहावसरलं ३७४
चित्ते य वट्टसि ३४८
चिन्तामन्दरमन्थाण ३८३
चिन्ता-सहस्स-भरिओ ५१३
छणचंदसमं ४९५
छणससिवयणाहि ४०१
छप्पय गमेसु कालं ३८२
छायारहियस्स ३८३
छिज्जउ सीस ५०५
जं कल्ले कायव्वं ३४५
जं जि खमेइ समत्थो आ० ५
जं विहिणा ३५०
जइ पउमणंदि णाहो २२१
जइ सक्को न उए २८६
जइ सो तेणं २१५
जत्थ भवणाण २८६
जधा एदाओ ५४९
जमुए गमेप्पि २८८
जम्मणो पहुदि ४२५
जरा जाव १९६
जस्स तुरंगखुर ५०४
जस्स जयलच्छि ५०४
जस्स पिय-बंधवेहि २९३
जस्स रिउरमणि ५०४
जस्सि विअप्पघडणाइ ४१६
जस्सि सकलंकं २८६
जहवा निद्दिट्ठ ४५०
जहा दव्वगो ३९१
जहा पवग्गो २४४
जहि च वुंदावण ३०४
जहेह सीहो व ३८९
जा अइकुडिला ३९०
जाई रूवं विज्जा ५०५

जावण	३७६	तं पुण णामं विविहिं	५२०
जाव न जरकडपूयणि	३२५	तं जह मियंक	२९३
जिअ बिअ	३०३	तक्कविहूणो	१३३
जिणदत्तसूरि	३९९	तडिसंणद्धं	५५६
जिएसमयपसिद्धाहं	४८३	तत्थपुरिसस्स	५२०
जेइ किंजिअवाला	५३१	तनुमहणवणुप्पत्तं	३१०
जे जे गुणिणो जे जे	भा० ५	तमभरप्पसराण	४२९
जेण एमंतेण	२५६	तस्स मुबो	३३१
जे लक्खणेणसिद्धा	१८	तह्मा वीर दारिद्द	३५१
जो जाएइ देसीओ	३६०	ता तत्थ सिय-जडा	२९५
जो एिच्चो	२९६	ता बाहुलयापास	४८४
जोएहाऊरिय	२९३	तारुण्णएए	४११
झलकंलकुंतविरइय	५०४	तावच्चिअ	५३४
टिविडिक्किअ-डिम्भाए	२७८	तावच्चिय	३२२
डहिऊण य कम्मवणं	२९४	तित्थएरवयण	२४०
डिंडिलवद्दनिवेसे	३४६	तित्थयरा य गणहरा	३३५
ण य लच्चा ण य	भा० ४	तिरयण-तिसूलधारिय	४०४
णवजोव्वण	२५६	तिरीडं मउडो	५४९
णि तच्छरो वि	२९४	तिसलासिद्धत्थसुम	३९८
णिच्च तेलोक्कचक्काहिव	४०३	तीए वहिऊए सत्थो	४७३
णिच्चं पसारिय	३६६	तुम्ह च्चिम	२७३
णिब्भियसेसु	३४०	तुह मुहसारिच्छं	३७६
णिप-तेय पसाहिय	२९२	तुह रुवं पेच्छता	१९५
णिव मा बक्कोड-पसार	५४१	तेए सिरि कक्कुएणं	२५६
णिसग्गचंगस्स वि	भा० ४	टत-कय तंब-कयं	भा० १८
णिस्सो णिव्वाणमंगो	४०३	ददे म बहुव्वीहि	५२०
णीलुप्पलदलगंधा	२५६	दट्ठुए किं	३२२
णेत्तं कंदोट्ट-मित्तं	४२१	दलिये-मयण-प्पयावा	४०४
णेताएंदा उगे	५१०	दारिद्दय तुज्झ नमो	३८१
णेहभरिय	भा० ३	दाहिए मरहट्ठरसा	५०३
णो अंपिमं	२५५	दिअबर	२५६
तं एमह पीय-वसणं	२७९	दीसति गअउलएिहे	२७३
तं ताण सिरिसहोअर	३८४	दुक्खं हयं जस्स	३९१

दुग्गय घरम्मि ३८०

दूरांति जे मुहुत्त ५३४

दूसमदेस ३८२

दूसमदेसपरिस ३४५

दोबावइवरनयरे ३२६

देवउलधवल १०४

देसविसेसपसिद्धीइ १९

दोपक्खुज्जोयकरो ४८८

दोसरहियस्स ३९५

धणी-धामी-धणदो ५१६

धणउरमत्थि ५१५

धणचंदो धणपालो ५१३

धण रिद्ध २५६

धम्मेण कुलं विचलं ३९३

धम्मो तिलोयबंधू ३९३

धवलवलाया ३१६

धाउव्वाओ प्रा० १८

धारानयरीए ५३७

नंदिसिहि ३५६

न तहा तवेइ तवणो प्रा० ५

न कुडुक्खिओ २८७

नरखित्तदीहकमले ३९०

नरयसमाणं ३४८

नवहत्थं नीलाइ ३९८

निद्दयवराह ४७३

निद्देसे पढमा ५२१

नियकंठम्मि ३२९

नियकव्वविजिय ३५८

निवीएणभिक्खसाहगं ३५९

निसाविरामे परिभावयामि ३८८

नीहारवराबर ५०३

नेमिरायमहरिसं ३९८

नेह विणा ४९७

नेहो बंधणमूलं ४९१

पंचमी भज्जवायाणे ५२१

पंचासवाणि ३४४

पंथिअ पिआसिओ ५३५

पई गब्भत्थे ३३६

पक्खस्स विलय-दंसण ३६७

पज्जुन्नसूरिणो ३४६

पडु छम्मासाकव्वं ४२२

पत्ते विणासकाले ३१८

पत्ते पियपाहुणए ३८०

परिखवघरेसु २८०

परमोहसेवणं ३१८

परभवणजाण ३९३

परिभुंजिउ ४८४

पवट्टए चावमह ३०१

पवणो पंथवाहो ५५६

पवणखुहियनीरं प्रा० ६

पवरभिक्ख ३१९

पसरइ-वरकित्ती ४००

पहाए-पाणाणि ३०४

पाणाम गन्नो ४३१

पायारतल ५०३

पियपुत्तमित्त ३८९

पिहुलणियंब ३४४, ३६६

पीणयओहरलग्गं २७१

पीणुन्नयकल ३४४

पोलु गओ भयगलो ५३९

पुंडुरयओहराओ ३४३

पुरओ दुल्लह ४८२

पुरओ अ पिट्ठिओ ३४७

पुव्व-दिसाए ३६७

पुव्वायरियणिबद्धा २३६

पेसु अमिअ ३६६

फलपुट्ठुतथवर ४७३
फलसम्म-मुद्दय-डिमा २७८
फलिहसिलामल १०४
फुरंत दंतुज्जल २०४
फुल्लिय वेसु चंप ६३०
फुल्लंधुआ रसाऊ ६३०
बंधवमरणे ३८०
बलाहयरुंडो ५५५
बत्तीस अंगुलाइं प्रा० १७
बहुविहनयभंगं ४०२
बानर पुरिसो २०२
बालाण गुरु २५६
बाहू जेण मिणाल ४२९
बेढेंदि निसयहेदुं २४५
बोल्लंमि वट्टसि ३४८
भम मज्जिय्र बंगा ५३१
भट्ठिय चणगो ३२१
भमिओ कालमणंतं ३९६
भवगिह मज्झम्मि ३२५
भवमुइजलहि २७५
भवियाण बोहणत्थं ३९२
भव्वसरा २८६
भिसणी-अलसअणीए ६३८
भुक्खइ भुक्खियसेसं ३८०
मरंद-वेणूअर ३०३
मह्लोअरम्मि २५६
मणिकिरणकरंबिय ३४०
मणिमयखंभ ३३५
मम्महूधणु २७३
मम हियय हरिऊणं ४८४
मयणाहदरिय ४७३
मयरद्धउ व्व ३४४
मयंको सयंको ४२९
मरु माडवल्ल २५५
महसेण लक्खणसुअं ३९८
मा सोउआण २८७
मिच्छत वेयंतो २४५
मिच्छत्तविसयसुत्ता ३९६
मुणिकमरुद्दंक ३४५
मुहयंदकंति ३४७
मुहं रहम्मि ३०२
मेहरवाउलं ५५६
यस एतविद्य ६९
रइअरकेसरणिवहं २७१
रणतमणिणेउर ४१६
रत्तुप्पलसमचलणा ३१७
रयणमयखंभयंती ३३५
रवि विरह-जलणं ३६७
रहुतिलओ २५५
राअह भग्गंता दिअ ६३१
रूवमसासयमेयं ३८८
रूवेसु जो गिद्धिमुवेइ २४५
रेहंति कुमुअदल ३७३
वअंततूरमणहरं ४९७
वयण-मियंकोहामिय ३४६
वयणं कज्जविहूणं ४९१
वरकमलपत्तनयणा ३१७
वरचित्तरयणजुत्तो ९०४
वरजुवइविलसिएणं प्रा० ४
वरिस-सएसु २५६
वरिहं मुयवीर ३५१
विअहलकमल ४९५
ववगयसिसिर ३१४
ववगयघणसेवालं ३१७
ववसाअरइपओसो २७२
वसइ जहि चेव प्रा० ५

वसहमयमहिस ४७३
वसुवाण रुद्दसंखे ४९१
वहइ मलमाविला ६२९
वियोय-सोउम्हल ३०४
विक्कम कालस्स गए ६३७
विक्कमसएहिं ३२३
विचलइ णेउर-जुयलं ४३६
विज्झायंतो ४१७
विज्जु-चलं २८५
विणओ विज्जाविक्खं २४३
विण्णोहरिअंदो २२५
विभवेण जो न भुल्लइ आ० ४
वियसंत ३४३
विविहकइविरइयाणं ३७८
विसहरफुलिंगमंतं ३९६
विहवो सज्जणसंगो ३८८
वीसं तु जिण-वरिंदा ३९९
वेरग्ग इह हवइ ३८९
संकुयइ संकुयते ३८१
संखं जेगो वारिसगुणा आ० १८
संखाए समासत्तं ३६६
संखुक्कसमं ४९५
संसारे हय-विहिणा ६१३
सइ दंसणाउ पेम्मं ४४६
सतेसु जायते सूरो ४५९
सद्दवियारो हूओ २२३
सद्दावसद्दभीरु ३८३
सद्देसु जो गिद्धिमुवेइ ३९२
सन्भावसलिलपवहो ३९४
सयलाओ इमं वाया १५
सयलकलालय ३४०
सव्वणवण्णगंध ४०३
सव्वं गीयं ४५९
स सामिकज्ज ३१९
ससियर-पंडर-देहा ३६७
ससिअर-पह्नरंत ४९६
सहावतिक्ख ३१९
सा मागधी मूलभासा २८
सा लोए च्चिय ६३१
साहसु कीए २८७
सियकासकुसुम ३४३
सियमल्लय ३५९
सिरिकक्कुएण २५६
सिरिनिव्वुय ३२६
सिरिभिल्लुयस्स २५५
सिरिवज्जसेण ५०८
सिंगारो नामरसो २००
सील-दम-खंतिजुत्ता आ० ४
सुत्तं अत्थनिमेणं २४०
सुत्तं गणहरकहियं २०३
सुगुरुजिनेसरसूरि ३९९
सुत्था-दुत्थ २५६
सुहं देहसिरिधराओ ३९०
सूणाहितो पिबंतो ४२१
सो ण वसो इत्थिजणे २३६
सो तारुण्णो पत्तो ३३१
सो सट्टओ सहयरो ४१२
सोहव्व लक्खमुह २७२
हरिस्स रुवं ३०२
हरि-हर-विहिणो २८६
हा हा तं चेय २८०
ही !!! संसारसहावं ३८८

उद्धृत संस्कृतपद्यानुक्रमणिका

अनुभावविभावाना	४०६	नयचन्द्रकवे. काव्यं	४२७
अन्वर्था तत्र	७३	नागरो ब्राचड:	१०५
अपशब्दो हि	९९	नाना भाषात्मिका	३२
अवक्तापि स्वयं लोक:	आ० ९	पार्श्वे तयोरप्यधीत्य	४२९
अविनाशिनमग्राम्य	३७३	प्राकृत-संस्कृत	१४
आभीरो मध्यदेशीय:	१०५	प्राकृतस्यापि	७२
आत्मा बुद्धया	१	प्राच्या विदूषकादीनां	७१
आशा बन्ध:	३४५, ३८२	बभूव बल्मीकभव:	४?४
कविर्वाक्पतिराज	२७५	भिक्षुचाण्डचराणां	७२
काव्यकथासु	आ० १०	मागधी तु	७३
कीर्तिः प्रवरसेनस्य	२६४	मागध्यवन्तिजा	३६
कोलनृपस्य	२९९	येन प्रवरसेनेन	२६५
कोशश्चेव महीपानां	५३७	यौधनागरिकादीना	७३
गुणेषु ये दोष	आ० १०	व्राचटो लाट	१०४
गौडौद्रैवा	१०५	विनाकृत विरहितं	३६९
चरन् वै मधु	३७०	विष्कम्भक-प्रवेशक.	४०९
जग्राह पाठ्य	४०६	लालित्यमयरस्येह	४२७
ततोऽभवत्पञ्चसु	२२३	शब्दार्थौ सहितौ	९९
तर्के व्याकरणे च	३९२	शाम्बपुत्रेण	३७०
तस्याभयगुरो.	३९९	सग्रन्थोऽपि च	२९६
त्वद्दिव्यवागिय	४४	सर्वार्थमागधीं	३२
तावत्कोकिल	३८२	संस्कारहीनो	९९
दिव्यभाषा	३२	साहित्यपाथोनिधि	आ० १

उदाहृत शब्दानुक्रमणिका

भाषाविकास और प्राकृतविवेचन संदर्भ में प्रयुक्त उदाहरण

अइसीअं २१
अइहारा १९
अक्खि २१
अग्ग १८
अग्गि २१
अजय १९
अत्थ २६
अनार्यभाषा ७
अपभ्रंश १७
अभयणिग्गमो १९
अमेरिका-परिवार २
अरबो २०
अर्धमागधी १४, २६, २७
अलवेनियम २
अवमग्गो २२
अस्त २६
अस्सो २२
आकासिप १९
आरमेनियन २
आर्ष १७
आस्ट्रेलियाप्रशान्तीय परिवार २
इक्खु २१
इट्टु १८
इटैलिक २
इराव १९
ईरानीशाखापरिवार २
ईस १९
ईसा १८
उग्गचित्त १९
उग्गम १८
उच्छाह २१
उदीच्य या उत्तरीय विभाषा ५
उपपरिवार २
उपभाषा १, २, ४
उम्मुक्कं २१
ऊसव १९
एकाक्षरी परिवार या चीनी परिवार २
एलविल १९
कअलि २२
कउसलं २१
कड २६
कत २६
कथ्यभाषा १७
कद्द २६
कम्बोचो २१
कम्म ८
कमलजोणी २०
कमलासण २०
कयलि २२
कसण १८
कुठ १७
कंदो १९
कागो २२
कातव्व ८
कालास ८
किलिन्न ८

कोहस २१
कैल्टिक २
कोमुई २१
खज्जूर १८
खुड्डिअ १९
गअ १८
गच्छदि २२
गड्डा १९
गयसाउल १९
ग्राम्यभाषा २५
गिद्ध २१
ग्रीक २
घढ़ १९
घिणा २१
चउक्कर १९
चउमुह २०
चक्क १८
छान्दसभाषा २, ३, ४, ५, ८, ९, १०, १६-१७
छोह १८
जक्ख १८
जच्च १९
जच्चा १९
जनपदीय-भाषा २८
जनबोली १७
जनभाषा ४, ७, ९, १४, २८
जर्मन या ट्यूटानिक २
जिव्वंती २२
झाण १८
टंका १९
टढर १९
डंस १८
डोला १९
णअरं २५
णअर २६
णअल २६
णाअ २१
णाह १८
तण २१
तत्सम १८, २०
तद्भव १८, २०
तनुव ८
तामोतरो २२
तात्र ८
तिअस १८
तिण २१
तेलुक्क २१
तोमरी १९
थमिअ १९
थेर २०
थेरो १९
दंतो २२
दहवे २१
दरदशाखापरिवार २
द्रविड ४, ६
दाह १८
द्राविड़ २०
द्राविड परिवार २
दिट्ठ १८
दूडभ ८
दूणाश ८
दूलह ८
दूहार ८
देवे २२
देवो ९
देशी १९

देश्य १८
देश्यभाषा ४
धम्मपद की प्राकृत १७
धम्मिम्म १८
धम्मो ९, २२
धयण १९
धोर १८
धूलि १८
नयरं २२
नगर २६
नोषा २१
नीर १८
नीसार ८
पउरी २१
पच्छा १८, २२
पच्चा २६
पट्ट २६
पट्टणं २२
पयावई २०
परमिट्ठो २०
परिनिष्ठित विभाषा ५
परिनिष्ठित संस्कृत २८
परियाय २५
पक्षि २५
पलियाय २५
पश्चिमोबोली २६
पस्ट २६
पाटलि २५
पाडलि २५
पालि १७, २३, २४, २५, २८
पिआमह २०
पीठिआ २२
पुरोडाश १७
पुक्खिदो २२
पैशाची १८, २५, २८
प्रतिसंहाय १७
प्राकृत २, ४, ६, ७, ८, ९, १०, ११, १२, १३ १४, १५
प्राच्य या पूर्वीय विभाषा ५
प्रादेशिक भाषा १६
फंस १८
फारसी २०
बट्ट परिवार २
बाल्टैस्लैबोनिक २
बोलिया ७
भारिआ १८
भारोपीय परिवार २
म अ २१
मग २१
मध्य अफ्रिका परिवार २
मध्य देशीय विभाषा ५
महाराष्ट्री १८
माइ २१
मागधी १८, २५
माणुसो २२
माया १८
मिम २१
मिग २१
मुण्डा ४
मूलभाषा २८
मूसओ २२
मेश २६
मेस २६
मेह १८
मैलोपालीनेशियन परिवार २
यूराल अल्टाई परिवार २
रअद २६
रजत २६

राउल ८
राय २२
रिण २१
रिसि २१
रुक्ख २६
लअद २६
लामण्णं २२
लुक्ख २६
लेस १८
लोअ २६
लोक २६
लोकभाषा ३
लौकिक भाषा १०
लौकिक सस्कृत ९, १६
वअणं २२
वअण २६
वंतो २२
वचन २६
वच्छो २२
वट्टि २२
वयणं २२
वश २६
वस २६
विच्छुहु १९
विदेशी शब्द २०
विभाषा ३, ५, ९, १०
विरिंच २०
विही २०
वीर १८
वीसति २२
वैदिक भाषा २
वैदिक संस्कृत २५
वैभाषिक प्रवृत्तियाँ २
शिष्यसंस्कृत १६
शब्दवाक् १
शिलालेखी प्राकृत १७
शेष परिवार २
शौरसेनी प्राकृत १६, १७, २६
सक्को २२
सनंतनो २२
सम्मुजनी २२
सयराह १९
सयंभू २०
सरिस २१
संतो २२
संस्कृत ९-१५, २५, २६, २७
साध्यमान सस्कृत भव १२
सामान्य प्राकृत २०
सिद्धसस्कृत्त भव १२
सिया ८
सीयं २२
सीहो २२
सुव ८
सेमेटिक-परिवार २
सेलो २१
सो ९
हुलुम १९
हैमेटिक परिवार २

पालिभाषा के उदाहृत शब्द

अग्गि २९
अट्ठो २९
अपस्सं ३०
अवंगो ३०
इस्सो ३१
उजु २९
उज्जु २९
उसभो २९

शब्द	पृष्ठ	शब्द	पृष्ठ
एकारस	३०	पुग्गलो	३०
एलो	३०	पुच्छति	२९
ऐरिस	३०	पुब्बो	३१
ओज्झामुहं	२९	पुरिसो	३१
ओट्ठो	२९	पोरो	२९
कच्छा	३१	फेग्गु	२९
कप्पूरो	३०	बूहेति	२९
कप्पो	३१	मग्गो	२९
कम्म	३१	मित्तो	२९
कवि	३०	मिस्सो	३०
कंबुवति	३०	मुत्तो	३०
किण्णो	३०	मुळालो	३०
कित्तो	२९	मेत्ता	२९
कुत्ति	२९	मोरियो	२९
खग्गो	३०	रम्मो	३०
गब्बितो	३०	रुक्खो	२९
घत्तारो	३१	रुहिरो	३०
चेतिओ	२९	लग्गो	३०
दस्सनं	३१	लहु	३०
दाय	३०	वक्को	२९
दुक्खं	२९	वग्गो	३०
दुद्धो	३०	वेरुहु	२९
दुस्सहो	२९	वेळु	३०
देवो	२९	सक्करा	३०
देसो	३१	सक्को	३०
धूमायति	३०	सप्पो	३०
धेनु	२९	सब्बञ्ञो	३१
नेरंजरा	३०	सागलो	३०
पक्को	३१	साहु	३०
पच्चक्खो	३१	सुआ	३०
पज्जलति	३०	सुमन्स	३०
पब्भारो	३०	सेय्या	२९

अर्धमागधी शब्द

अक्खाविय ३९
अणुगमिय ३८
अतित ३८
अनार्य ३३
अभिहड ४२
अव्य ३४
अवन्ती ३६
अवयार ३८
अरिय ३४
अरिया ३४
अरिहा ३४
अर्धमागधी ३२, ३५, ३७
अहक्खाय ४१
अहाजात ४१
अहित ३८
आउज्जणं ४२
आउज्जो ४२
आगति ३९
आगम ३८
आगमणं ३८
आगमिस्सं ३८
आगर ३८
आगास ३८
आभासिसु ४२
आराहत ३८
आर्य ३३
आर्यक ३४
आर्येतर ३३
आवज्जणं ४२
आवज्जो ४२
इविस ३७
इंव महे इ वा ४१
ईवित्य ४०
उवणीय ४०
एदिस ३७
एवामेव ४१
ऋषिभासिता ३४
कड ४२
कताती ४०
कति ४०
कयत्थो ४०
कयाती ३८
करयल ३९
गह ४१
गच्छिसु ४२
गारव ४०
गिह ४१
गोउरं ४२
गोपुर ४२
घरं ४१
चेप्पइ ३४
चउप्पय ४०
जता ३९
जामेव ४१
जितिविय ३९
जैनशौरसेनी ३६
णदति ३९
णाराय ३८
तालउडं ४२
तालपुडं ४२
दाक्षिणात्या ३६
बियसं ४१
बियहं ४१
द्रविड ३३
नई ४०
नवो ३९

नमंसति ३९
नायपुत्त ४०
निरतित ४०
पवस्ति ३८
पज्जायो ४१
पज्जुवासति ३९
पच्छिच्छायण ४०
पविसो ३९
परिआगो ४१
परिताल ४०
परिताल ४०
परियट्टण ४०
परियागो ४१
पाल ३९
पावग ४०
पावलए ३८
प्राच्या ३४, ३६
पिय ४०
पुच्छिसु ४२
पुला ३९
पैशाची ३६
बाल्हीका ३६
बहुरो ४१
भगवं ३८
भोति ३९
मूड ४२
महाराष्ट्री ३६
मागधी ३७, ३८
मिलुक्खू ४१
मिलेक्खू ४१
मुण्डा ३३, ३४
मुसावात ३९
रातीसर ३९
लहिरं ४१
लोय ३८
वति ३८
वतिर ३९
वंदति ३९
वायणा ३८
वायव ४०
विन्नु ४०
वेदहिति ३९
शौरसेनी ३४, ३६, ३७
संलवति ४०
सावगात ३८
साति ४०
सामातित ३८
सायर ३८
सावग ३८
हुरं ४१

जैन शौरसेनी

अक्खातीदो ४६
अग्गहिद ४५
अजधा ४५
अट्ठावज्ज ४९
अण्णाणविसयम्हि ४७
अणुकूल ४६
अविरदं ४६
अस्सिऊण ४९
अस्सिदूण ४९
इच्चि ४५
इंगाल ४९
उराल ४९
एक्कम्मि ४७
एकम्हि ४७

एक्कसमयम्हि ४७
एगंतेणं ४६
एगम्हि ४७
एदेसिं ४८
ओघि ४९
ओहि ४९
कट्टु ४५, ४९
कधं ४५
कम्मविवायं ४६
करेइ ४८
काए ४६
कादूण ४९
कालादो ४८
किच्चा ४८
किण्हलेस्सिया ४५
कुणइ ४८
कुणदि ४८
खेत्तज्ज ४९
गइ ४६
गब्भम्मि ४७
गमिऊण ४९
गहिऊण ४९
गहिय ४५, ४८
चिरकालं ४६
चेदि ४५
छड्डिय ४९
जघ ४५
जलतरंग चपला ४६
जाइऊण ४९
जाणित्ता ४८
जोगम्मि ४७
णयसित्ता ४८
णाणादो ४८
णियमा ४८
णिरयगदो ४६
तप्पदेसा ४५
तित्थयरो ४७
तिव्वतिसाए ४६
तिहुवणतिलयं ४६
तेसिं ४८
दव्वसहावो ४७
नरए ४६
पदिमहिदो ४५
पयत्थ ४७
पयासदि ४५
पहुडि ४५
पुढविकाइया ४५
पेच्छित्ता ४८
बहुभेया ४७
बहुवं ४७
बिहुव ४७
मणिया ४६
मविय ४८
मुंजाविऊण ४९
मिच्छाइट्ठि ४५
मोस ४५
रहियं ४६
लोयप्पदीवयरा ४६
लोयम्मि ४७
लोयम्हि ४७
वयणेहि ४६
वाघ ४५
वालुवा ४७
विगदरागो ४५
वियाणित्ता ४८
वीयराय ४६
वेदय ४६
वेयणा ४७
सुगं ४६

सदविसिट्ठो	४७	संजाया	४६
सम्माइट्ठि	४५	सजुदो	४५
सयलं	४७	संतोसकर	४६
सव्वगयं	४६	साधारण	४६
सव्वेसि	४८	सामाइयं	४६
ससरूवम्मि	४७	सुयकेवलिमिसिणो	४६
संजदा	४५	सोधम्म	४६

शिलालेखिय प्राकृत-शब्द

अछयियं	६४	अस्तवष	५१
अज	६५	अस्ति	५४
अञ्झ	५२	अस	५६
अठ	५१, ५७, ६४	असमातं	५५
अठर	५१	असु	५६
अठवस	५१	अहकं	५८
अणत्त	५२	अहरापयति	६१
अत्य	५४	आचायिक	५५
अत्थि	५८	आनन्तरं	५५
अतिकातं	५४	आलभितु	५९
अतिक्रातं	५४	आलोचेत्वा	५६
अधि	५८	आहा	५७
अथे	५६	इअ	५२
अधिगिच्य	५७	इत्थी	५४
अनारंभो	५५	उत्तरापथ	६२
अनुभवंतो	६५	उयातानं	६४
अनुशशनं	५२	उयान	५७
अपरिजितस	६०	उसव	६४
अफाक	५७	एकतिय	५१
अभिसित	५२	एकतिए	५१
अभिसितमतो	६५	एसा	५५
अभिसितेन	५६	ओरोधनम्हि	५६
अभिहाले	५८	ओषढानि	५१
अवधाहस्स	६०	ओषुढानि	५२

कछव ५१
कटविय ५७, ५८
कटेति ५८
कतव्य ५४
कतं ६३
कथान ५७
कयाने ५८
कलण ५१
कलान ५४
कंम ५६
कालनेन ५८
काले ५६
कासयति ६३
कोडा ६४
कीडापयति ६६
क्रिट ५०
खरोष्ठी ४९
खुद ५७
खुद ५१
गणनसि ५३
गन्धव ६३
गभागारम्हि ५६
गहथ ५१
घरनो ६४
घरवति ६४
घातापयिता ६५
चत्यारो ५४
चवुथे ६५
चा ५५
चिकीछ ५५
चेति ६२
चौयठि ६४
छुद ५४
छिनस ६५
झख ५४
ञआनं ५३
ञातकेहि ६४
तत्रा ५५
तम्हि ५१
तसि ५१
तस्सि ५१
तादिस ५७
तारिस ५७
तिष्टंतो ५६
तो ५४
तुप्फे ५७
तेरस ६४
तेरसमे ६४
त्री ५४
त्रेडस ५१
थंभे ६४
द्रशन ५१
द्वादस ५४
दुवादस ५८
दुपटोवेखे ५८
देखति ५९
देखिये ५९
देवनप्रिये ५२
देवनंप्रियो ५२
देवानापिये ५६
धम्मपालस ५९
धम्मसि ५९
धाम ५५
ध्रम ५१
नंगलेन ६४
नत ६२
नवबसानि ६३
पछा ५५

पछिमदिसं ६४
पटि ६३
पटिचलितवे ५८
पटिसंठपनं ६३
पडिहार ६३
पडिहारेहि ६५
पथमे ६२
पनाडि ६३
पपते ६३
पमारे ६२
परिखिता ६२
परिसा ५६
परिसायं ६
पवेसति ६३
पसति ५५
पसथ ६४
पसंतो ६५
प्रसासतो ६३
पंड ६४
पाखि ६३
पियदसिनी ५६
पिये ५९
पीडापयति ६६
पीथुड ६२, ६३
पुब्ब ५२
पुणं ५२
पूजको ६५
पोरं ६२
प्रियो ५५
बंधापयति ६६
बमण ५२
ब्रमण ५२
बाह्मी ४९
बुद्धेसु ५०
बुधेसु ५०
भतुकं ६२
भरधवस ६५
भाता ५५
भिंगारे ६५
भुतप्रवैतदिशे ५२
भोजके ६५
मग ५४, ५८
मगव्या ५४
मजुला ५८
मझ ५७
मझम ५५
मधुर ६२
मनुश ५२
महनससि ५३
महरजस ६०
महानससि ५८
महिडा ५७
महिडायो ५६
माधूरताय ५६
म्हि ५५
मिथ ५०
मुतमणि ६१
मुरिय ६५
मुसिकनगरं ६२, ६५
मोछ ५०
मोख ५७
म्रुग ५०
यदिशं ५२
यादिस ५७
यारिस ५७
युते ५६

येतफा ५७
योवरजं ६२, ६४
रज ५२
रजनो ६३
रजो ५३
रतनानि ६५
रथ ६२
रथगिरि ६२
राजगह ६४
राजसुयं ६१
राजानो ५६
लजूका ५८
लाजा ५८
लिखयितु ५२
लिखपेशमि ५२
लिखपेशमि ५३
लोकसा ५७
लोगं ५७
वढराजा ६३
वत्त ५४
ववहार ६४
वस ६३
वसे ६३
वहसति ६४
वहस्पति ६२
चंपनेन ६३
वारसमे ६५
वास ५५
विजावर ६४
विजावदातेन ६४
वितय ६२
विनितस्मि ५१
विसजति ६२
विसारदेन ६३
वुत्त ५४
वेडुरिय ६३
वेसिकनं ६२
वेडूरियगभे ६५
ञखा ५४
रत्न ६०
श्रुतु ५३
संकारकारको ६४
सखारयति ६४
संदसन ६३
संपुण ६३, ६४
संसितेहि ६५
सकं ५५
सच ५७
सत ६३
समवायो ५६
सवं ५४
सव ५४, ५७, ६३
सवत ५८
सव्वत्त ५८
सष्टि ५४
सिरि ३५
सुकति ६२
सेकति ६२
स्ठिता ५६
स्पमिकेन ५१
स्नेठं ५१
स्नोतमिति ५१
हकं ५८
हचे ५२
हस्ति ५४
हापेसति ५६
हितं ६२
हेवं आहा ५८
होति ५८

निय प्राकृत-शब्द

अहर ६७
अलवेहिनो ६७
अवेषु ६७
अग्रिमिष ६७
इमि ६६
उठल ६८
उवितो ६६
एश्वारि ६६
कठ ६८
करंनए ६८
किड ६७
किलने ६८
कोति ६८
कोडि ६७
गच्छंनए ६८
गमिर ६८
गशन ६७
गोयरि ६७
छिन्न ६६
जेठ ६८
तण्ट ६७
तनमा ६७
त्वचा ६७
दश ६८
दिढि ६८
दिनेसि ६८
दिर्घ ६८
दुक्कति ६७
दुह ६७
देयंनए ६८
धर्म ६८
पच ६७
पज ६८
पढम ६७
पनिसरो ६८
परिम्रयति ६८
प्रछिदवो ६७
प्रातु ६७
बूम ६७
भमणाइ ६६
भवद ६६
भोयन ६७
मर्ग ६८
मघु ६८
मसु ६७
मसुरु ६७
मुतु ६७
मूलि ६६
यथा ६७
योग ६७
योक ६७
विकय ६७
विरकु ६७
विसजिदुं ६८
व्रिढ ६७
शेठ ६८
श्रुतं ६७
श्रुतेमि ६८
षगक ६८
सथर ६७
सदिह ६७
सवत्रो ६७
सम्मु ६८
समक्त ६७
समदि ६६
सव्वतो ६७
स्मिज ६७
स्याम ६८
स्वति ६७
हुवि ६७
सिहि ६८

धम्मपद की प्राकृत भाषा के शब्द

एतिविस ६९
गेहि ६९
जिवनसेव ६९
पवइतस ६९
यन ६९
यस ६९
व ६९
वि ६९

अश्वघोष के नाटकों की प्राकृत-शब्दावली

अकितव्व ७०
अहकं ७०
अहकं ७०
करिय ७१
करोथ ७१
कलमोदनाकं ७१
कलेमि ७०
कालना ७०
किरघ ७०
तुवब ७१
दुक्करो ७०
धारयितव्वो ७०
पाएडलाक ७१
पाटयमानो ७१
पेक्खामि ७१
भुजमानो ७१
मक्कडहो ७०
वुत्ते ७०
सक्खी ७१
हुञ्जन्तु ७०

महाराष्ट्री प्राकृत-शब्द

अन्तरप्पा ८०
अन्तावेई ८१
इट्ठं ८३
इत्थं ८३
इसि ८१
इंगालो ८३
उक्कंठा ८०
उप्पलं ८४
उवसग्गो ८३
अंवं ८१
अंसु ८१
अंसुं ८१
कइ ८३
कइलासो ८२
कउहा ८०
कज्जं ८३
कणओ ८३
करणिज्जं ८३
करिहिइ ८४
कहमवि ८१
कहंपि ८१
कस्सवो ८१
कासवो ८१
किति ८१
किलित्त ८२
किवा ८२

किइति ८१
केणवि ८१
केणावि ८१
केलासो ८२
खयो ८३
गआ ८२
गइंद ८१
गवओ ८२
घमिरो ८४
घोडो ८२
घडो ८२
छीणो ८३
छुहा ८०
जई ८२
जम ८३
जाइ ८३
जाव ८०
जिणहि ८४
जिणा ८४
जिणाउ ८४
जिणाओ ८४
जिणासो ८४
जिणो ८४
जोग्गो ८०
झाणं ८३
झोणो ८३
भट्टई ८३
भमिरो ८४
भरो ८३
भई ८०
णाहो ८२
णिचलो ८४
णिरक्खेसं ८०
गोमल्लिआ ८२
तंस ८१
तंस ८१
तण ८२
तिअसीसो ८१
तित्थं ८२
दक्खिट्टो ८३
दिट्ठं इति ८१
दिट्ठंति ८१
देवत्तणं ८४
देवत्तं ८४
धणुह ८०
नइसोत्तं ८१
पअड ८१
पइहरं ८१
पईहर ८१
पज्जुण्णो ८३
पठइ ८२
पडाआ ८३
पडिवआ ८०
पडिवया ८०
पडिहास ८३
पढिअ ८४
पढिउआण ८४
पढित्तं ८४
पढिऊण ८४
पढिसा ८४
पस्सइ ८१
पसिद्धो ८१
पहो ८२
पामड ८१
पासइ ८१
पासिद्धो ८१

पिएडं ८२
पुट्ठो ८३
पुढवी ८२
पुप्फं ८३
पुरिसो ८३
पुहई ८२
पेज्जं ८३
पेण्डं ८२
फंदणं ८३
फसो ८१
फसो ८१
बोर ८२
भडो ८२
मज्जं ८३
मढो ८२
माइ ८२
माउ ८२
मिरिमं ८१
मुसा ८२
मूसा ८२
मोसा ८२
रमइ ८४
रमए ८४
राउलं ८१
रिद्धि ८२
लक्खणो ८३
लोओ ८२
लोणं ८२
वम्मणं ८३
वंक ८१
वंकं ८१
वामा ८०
वाया ८०
विअणं ८१
विक्कओ ८०
विरहग्गी ८२
विस्सासो ८१
वीसासो ८१
सई ८२
सउहो ८२
संफस्सो ८१
संफासो ८१
सक्को ८०
सज्झं ८३
सत्तावीसा ८१
सद्दो ८३
समिद्धी ८१
सरिआ ८०
सरिया ८०
सरिस ८२
सवहो ८३
सहा ८२
सामिद्धी ८१
सावो ८३
साहा ८२
साहू ८२
सिन्दूरं ८२
सिमिणो ८१
सिविणो ८१
सुत्तो ८४
सुमिणो ८१
सेंदूरं ८२
सेलो ८२
सेसो ८३
हलिद्दा ८३
हसइ ८४
हसिज्जइ ८४
हसिहिइ ८४
हसीअइ ८४
हसेज्ज ८४
हसेज्जा ८४

शौरसेनी-शब्द

अअवत्त ८५
अअउत्तो ८५
अनन्तरं करणीयं दाणि आणवेदु
अय्यो ८६
अपुव्वागदं ८६
अपुरवागदं ८६
अपुरवं नाट्यं ८६
अम्हे एआए सुम्मिमआएसुपलि-
गहिदो भवं ८६
अय्यउत्तो ८५
अहह अचरिअं अच्चरिअं ८७
आगदो ८५
इक्खु ८६
इत्थो ८७
इध ८६
एदु भवं समणो भगवंमहावीरो ८५
अंदेउरं ८५
कुक्खि ८६
कज्जं ८५
कञ्जुह्या ८५
कज्जो ८७
कडुअ ८७
कडुआ ८७
कण्णा ८७
कयेदु ८५
कधं ८५
कधिदं ८५
कय्यं ८५
करित्ता ८८
करिय ८८
कजमोघवि ८७
गडुअ ८७
गिद्धो ८६
चक्खु ८६
जज्ञो ८७
जण्णो ८७
जुत्तमिमं ८६
जुत्तणिम ८६
जेव्व ८७
णं अफलोदया णं भव मे अग्गदो
चलदि ८६
तधा ८५
तस्स ८५
ता अल एदिणा माणेण ८६
ता जाव पविसामि ८६
ताव ८५
निच्चिदो ८५
पढिय ८७
परित्तायध ८६
परित्तायह ८६
पुच्छीअदि ८७
पुड्डो ८६
पुत्तो ८६
बम्हणो ८७
बह्मञ्जो ८७
मणिस्सिदि ८७
मणेस्सिदि ८७
भविय ८७
भोदि ८६
भोदूण ८७
भोत्ता ८७
भो रायं ८६

महन्दो ८५
राजपधो ८५
वट्टे ८७
वावडो ८६
विघ्न ८७
विज्ञो ८७
विण्णा ८७
वियमवमं ८५
वीरम्मि ८७
वोरंसि ८७
वोरादु ८७
वीरादो ८७
सउन्तले ८५
सरिसमिमं ८६
सरिसणिमं ८६
सुज्जो ८५
सुय्यो ८५
सुहिमा ८५
हविय ८५
हसदि ८७
हसिदे ८७
होमाणहे जीवन्तवच्छा मे जणणी ८६
होमाणहे पलिस्सन्ता हगे एदेण
    नियविधिणो दुव्ववसिदेण ८६
हो हो भो संपन्न मणोरधा पिय-
    वयस्स ८६
होला ८७
होदि ८६
होदूण ८७
होध ८६
होह ८६

मध्ययुगीन प्राकृत-शब्दावली

अइसरियं ७८
अग्घो ७७
इदं ७६
एग ७६
कज्जं ७६
कुदं ७६
कादव्वं ७७
काया ७६
कासवो ७७
कोइलो ७६
कोहो ७७
खुद्दो ७७
घडा ७६
घराइं ७९
छंड ७९
छंडण ७९
डोला ७९
तिक्खं ७६
तित्थयरो ७६
तेरह ७७
दोला ७९
दोहो ७७
दंड ७९
दंसण ७९
नई ७६
नाया ७६
पज्जरिसं ७८
पडिसिद्ध ७६
पत्थो ७७
पदिसिद्धं ७६
पिसाजो ७६
पुप्फं ७७

फुडं ७७
मोहयो ७६
मउएं ७८
महवो ७६
मुहं ७६
मेहो ७६
राई ७६
राया ७६
वइरं ७८
वणाइं ७९
वसहो ७६
वुड्ढो ७७
सवहं ७८
सज्झो ७७
सिग्घो ७६
सीसो ७७
सुक्खं ७७
सुज्जो ७६
होति ७७

मागधी-शब्द

अज्जलो ८९
अबह्यण्णं ८९
अय्युणे ८९
अहके ८९
अहिमञ्जुकुमाले ८९
आअच्छदि ९०
आलले ८९
आहं ९०
ईदिशाह ९०
उपलदि ८९
उवस्तिदे ८९
एशि ९०
ऐशे ८८
एशे ८८
कञ्जकावलणं ८९
कम्माह ९०
करोमि ८८
कले ८८
कस्ट ८८
कली ९०
कोस्टागालं ८९
गम्हिवाशले ८८
गय्यिदे ८९
गश्च ८९
तिरश्चि ८९
धनुस्खडं ८८
धीवले ९०
नले ८८
निस्फलं ८८
पक्खलदि ८८
पस्टे ८८
पुञ्ञाहं ८९
पुलिशे ८८
पेस्कदि ८९
बुहस्सदी ८८
भणामि ८९
भन्ते ८८
भस्टालिका ८८
मम ८९
मस्कली ८८
मेशे ८८
भयवदे ८९

याणादि	८९	शुदं	८८
ल⌒क्शे (राक्षसः)	८९	शुस्तुकदं	८९
लाभा	९०	शुस्तिदे	८९
वय्यिदे	८९	शोभणं	८८
विआले	८८	सव्वञ्जे	८९
विस्नुं	८८	हंशे	८८
शक्कवदालतित्थणिवासी	९०	हके	८९
शस्तवाहे	८९	हगे	८९
शालशे	८८	हडक्के	८९
शिआलके	९०	हस्ती	८८
शिआले	९०		

पैशाची-शब्द

अभिमञ्ञू	९१, ९२	तथून	९४
इंगार	९३	तद्दून	९४
एसा	९३	तातिसो	९२
कञ्चं	९२	तामोतरो	९२
कञ्जका	९१, ९२	दशवतनो	९१
कमळं	९२	दाह	९३
कसटं	९२	नत्थून	९४
का	९३	नद्दून	९४
कितसिनानेन	९३	नेन	९३
कुतुम्बकं	९२	पञ्ञा	९१
गन्तून	९४	पठितून	९४
गरुड	९३	पतिभास	९३
गिय्यते	९३	पव्वतो	९२
गुनगनयुत्तो	९३	पूजितो च नाए	९३
गकनं	९१	भगवतो	९२
गुनेन	९२	भट	९३
जिनातु	९३	भवातिसो	९२
जिनासो	९३	भारिया	९२
णिच्छरो	९१	मठ	९३
तट्ठूण	९३	मतनपरवसो	९२

मेखो	९१	सपथ	९३
यातिसो	९२	सफो	९१
युम्हातिसो	९२	सञ्लिकं	९२
रञ्ञो	९१	सब्बञ्ञो	९१
रमिय्यते	९३	ससो	९२
राचा	९१	साखा	९३
राचिञो घर्न	९१	सुञ्ञो	९३
ञोक	९३	सोभति	९२
विञ्ञानं	९१	सोभनं	९२
विसमो	९२	हितपकं	९३
सञ्ञा	९१	हुवेय्य	९३
सतनं	९२	होतु	९२

चूलिका-पैशाची-शब्द

गति	९५	पुत्तल	९७
गोलो	९४	फकवती	९४
घनो	९५	फवति	९५
चलन	९४	फवते	९५
चलनग्ग	९४	फोद्दय्य	९५
चीमूतो	९४	फोति	९५
छलो	९४	मट	९७
जमो	९५	भट्टारक	९७
झझरी	९५	मकनो	९४
टमलुको	९४	मधुलो	९४
ठका	९४	मेखो	९४
तटाकं	९४	लफसो	९४
तामोतलो	९४	लाचा	९४
धाला	९४	लामो	९४
बम्मो	९५	लोचन	९७
नियोजितं	९५	लुद्द	९४
नको	९४	वलो	९४
पाको	९४	हलं	९४

अपभ्रंश-शब्द

अग्गि	१११	कमलइं	१११
अग्गिएं	१११	करइ	११३
अग्गिणं	१११	करउं	११४
उक्खन्तं	१०९	करसि	११४
अज्जु	१०९	करह	११४
अम्ब	१०७	करहि	११४
अम्हइं	११२	करहु	११४
अम्हासु	११२	करहुं	११४
अम्हे	११२	करिउ	११४
अम्हेहिं	११२	करिमि	११४
अलसी	१०९	करिमु	११४
अवरॅक	१०६	करिवि	११४
इत्थो	११०	करेप्पि	११४
इसो	११३	करेप्पिणु	११४
उप्पाडिय	११४	करेव्वउं	११५
उम्ह	१०७	करेवा	११५
एइ	१११, ११२	करेवि	११४
एईउ	११२	करेविणु	११४
एउं	१०९	करेसइ	११४
एरिस	१०७	करेसमि	११४
एह	११२	करेससि	११४
एहई	११२	करेसहि	११४
एहाइं	११२	करेसहिं	११४
एहाउ	११२	करेसहु	११४
एहु	११२, ११३	करेसहुं	११४
एहो	११२	करेसहो	११४
ओइ	११२	करेंहिति	११४
अंसु	१०८	करोहिमि	११४
कच्छु	१०६	कलिहि	१११
कज्जय	११०	कवड	१०८
कथिदु	१०८	कवण	११२
कम्हार	१०७	कवँलु	१०९

कहइ ११३
कहाँ ११२
कहिय ११४
काण्हु १०६
किसो १०६
किरएम्बड ११५
किलिसो १०६
किविण १०७
कोल १०९
कुडुल्ली ११३
कुप्पइ ११३
कुम्भइ १११
केवँइ १०९
कोइं ११२
कि ११२
खप्पर १०८
खवण १०९
खार १०९
खेलइ १०८
खेंडुय १०७
गअ ११४
गर्जरि १०७
गय १११
गलिअ ११४
घिण्हइ ११०
गिम्हो १०९
गिम्हो १०९
गिरिसिंगहुं ११०
घिरिह्रे १११
घुम्मोहिं ११०
घेह १०६
घोरडी ११३
घोरी १०६
घटावइ १०७
घोडा १११
चउमुह ११०
चएवं ११४
चम्पयकुसुमहोमज्झि ११२
चलण १०९
चितिज्जइ १०८
चुडुल्लउ ११३
छ १०९
छण १०९
जइ १०९
जइसो ११३
जमुना १०९
जस पवसन्ते सहुं न गयऊ ११२
जसु १०९
जहाँ ११२
जित्तिउ ११३
जिवँ १०९
जीवहि मज्झे एइ ११२
जु १०७
जेत्तिय ११३
जेवडु ११३
जेहु ११३
जोइसउ १०९
जोव्वण १०७
झिज्जइ ११०
डज्झंत ११४
ढोला १०७
तइच्ची १०७
तई ११२
तउ ११२
तड १०८
तणहं १११

तणहुँ	१०७	तुहुं	११२
तणु	१०६	तुहुँ पुणु अन्नहि रेसि	११२
तदु	११२	तुम्हे	११२
तरुहुँ	१०७	तुम्हेहिं	११२
तरुहं	१११	ते	१०७, ११२
तरुहे	१११	तेण	११२
तलाउ	१०९	तेहिं	११२
तलि घल्लइ	११०	तो	११२
तले घल्लइ	११०	तोसिअ	११०
तसु	११०, ११२	तं	११२
तस्सु	११२	थोर	१०७
तहँ	११२	दइअ	१०६
तहँ होन्तउ आगदो	११२	दइवु	१०७
तहाँ	११२	दंसण	१०८
तहि	११२	दहइ	१०८
तहे	१११, ११२	दहमुह	११०
तहो	११२	दारन्तु	१११
ता	११२	दिट्ठि	१०८
ताइं	११२	दीव	१०८
ताए	११२	दोहर	११०
ताण	११२	दुल्लहहो	११०
तासु	११२	देइ	१०७
ताहुँ	११२	देव	१०६
ति	१११, ११२	देवं	११४
तिणु	१०६	देवे	११०
तुच्छउं	१०७	देवेण	११०
तुट्टइ	११३	देवें	११०
तुज्झ	११२	दोसडा	११३
तुध्र	११२	धण	१०७
तुम्हइं	११२	धणहे	१११
तुम्हासिस	११३	धन	१०७
तुम्हासु	११२	धुअ	१०८
तुम्हाइं	११२	धुआ	१०८

णूणडिमा ११३
नवि १०७
नहे ११०
निहित ११०
नेइ ११३
नेउर १०७
पइखि १०८
पइं ११२
पउर १०७
पट्ठि १०६
पडाय १०८
पडिउ १०८
पडिवत्त १०७
पथिउ ११३
पयट्ट १०९
पवसन्ते ११०
पदिस्समाण ११४
पहुल १०८
पाव १०८
पावीसु १०९
पाहुन १०९
पिप्रमाणु सविच्छोह गरु १०८
पिउ १०९
पिट्ठि १०६
पुट्ठि १०६
पुरिस १०७
पूसइ ११३
पोत्थय १०७
फेस १०८
फुट्टइ ११३
बाह १०७
भंगि १०७
भविस्सम ११३
भणइ १०९
भवंह १०९
मारत १०८
मुंजण ११४
मइ ११२
मउड १०७
मज्झहे १११
मज्झु ११२
मढ १०८
मणमाण ११४
महारिसि १०९
महुं ११२
माणु १०८
मिच्छत्त १०९
मुक्क ११४
मुणइ १०७
मुत्ताहल १०८
मेत्त १०७
मोल्ल १०७
मोग्गर १०७
यादि १०८
रहस ११०
रिण १०६
रिसहो १०६
रोच्छ १०६
लग्गइ ११३
लक्खेहि ११०
लहि ११४
लिह १०७
लोह १०७
लेह १०७
लैह १०७
वण्ण १११

वच्छहु	११०	संकरु	११०
वच्छहे	११०	समासण (रमसाण)	११०
वड्डुत्तणु	११३	सर	१०९
वड्डुत्तणहो	११३	सा	११४
वड्डप्पणु	११३	सामला	१०७
वलि	१०७	साहा	१०८
वयंसिअहु	१११	सिचंत	११४
वलुल्लडा	११३	सीय	१०७
वसहि	१०८	सीह	१०८
वम्मोह	१०९	सुअणासु	११०
वासइ	१११	सुखि	१०८
वावारउ	१०९	सुवइ	११३
विच्छु	१०९	सुवण्णरेह	१०७
विज्जुलिआ	१०९	सुहड	१०८
विट्टिए	१०८	सो	११४
विहूण	१०७	सोलस	१०९
वीढ	१०८	हउं	११४
वीस	१०८	हम्हारिस	११३
वि	११३	हर	११०
वेण	१०७	हरइ	११३
वेल्ल	१०७	हरडइ	१०७
वेल्लि	१०७	हसणाअ	११५
वासु	१०९	हसणउ	११५
सउणिहं	१११	हुअ	११४
सउमार	१०७	हे	१०७

भाषाविज्ञान के विवेचन में प्रयुक्त शब्द

अक्को	१२९	अन्तावेई	१२८
अग्गाओ	१४०	अणिउत्तयं	११८, १४२
अग्गिणो	१४७	अणिय	१४७
अग्गिस्स	१४७	अणोवय	१३३
अच्छेरं	१२६	अण्णोसि	१३६
अहिमेत्तं	१३७	अप्पइ	१३२

अप्पउ १३३
अप्पिणज १३३
अप्पिहिइ १३३
अप्पोअ १३३
अमुगो १४२
अम्हेत्थ १४१
अम्हेच्च १४१
अरिहो १३७
अलचपुरं १२५
अलिअ १२७
अलिय १२७
अव्वईभाव १५१
अवस्सं १३०
अवेरिक्ख १२७
अस्सो १३०
अस्सोत्थ १३४
अहं १४८
अहयं १४८
आइरिओ ११८
आगरिसो १४२
आगारो १४२
आणालो १२५
ऑफसो १३२
आमेलो १३१
आयरिअ १२७
आयरिओ १२६
आवाएँचिय १३६
आहिप्पाई १३२
आहिआइ १२८
आहोडइ १३२
आहोडज १३३
आहोडिहिइ १३३
आहोडीअ १३३
आहोडेज्ज १३३
इत्थ ११९
इत्थामित्त १३७
इत्थी १२३
इसि १२३
ईसालु १५२
उइद १२१
उक्ख १२७
उक्खय १२७
उच्छू ११८, १३९
उज्झाओ १३५
उत्तिम १३८
उत्तिमंग १३६
उदुक्खलं १२७
उम्हा १२५
उल्ल १२५
उवज्झाओ १२५
उवरिल्लं १२६
उवरि १४२
उवहसियं १३५
उसभमजिअं १४१
उसभं अजियं १४१
ऊमासो १३५
ऊहसियं १३५
एँ १३२
एएसि १३६
एओएत्थ १४०
एक्कसेस १५१
एग्गो १४२
एत्थ ११९
एकवारं १५२
एक्कलो १२४
एयहुत्तं १५२

एरिसो १३१
एसमो १४१
एसि १३६
ओअर्ण १४५
अंधआरो १२०
अंधल्लो १२५
अंधारो १२०
अंसु १४२
अंसु ११८
असू १२७
ओपरण १३४
ओआसो १३५
ओज्झाओ १३५
ओपणं १४५
ओसरइ १३५
ओहसियँ १३५
कअग्गहो १२१
कइम १३५
कंचुओ १४१
कंसिओ १२५
किति १४१
किपि १४१
कुंभआरो १२०
कुंभारो १२०
कुँवर १२७
कज्ज १२६
कट्टु १२९
कअसि १३६
कण्णउरं १२७
कणेरु १२५
कणेरु असिअं १३९
कणेरुसिअं १३९
कम्म १२९
कम्मधारअ १५१
कम्मो १११
करावइ १५०
करावेइ १५०
करिअरोरु १३३, १३९
कव्वइत्तो १५१
कव्वं १२९
कहमवि १४१
कहेइ १३४
कहंपि १४१
काउणं १४२
कागो १३०
कारे १५०
कालओ १३०
कालेणं १४२
कासी १४८
काही १४८
काहीअ १४८
किअं १२१
किच्चो १३०
कित्ती १२६
किमवि १४१
किलम्मइ १३८
किलेसो १३८
कुप्पिसो ११८
कुमर १२७
कुम्मआरो १४०
कुम्भारो १४०
केणवि १४१
केणावि १४१
केरिसो १३१
कोउहल्लं १२२
कोप्पर ११९

जर्णि १३६ | खुमणो ११८, १३६
जिम्णं १२५ | खोह १३७
जीवा १४३ | थोमालिया १३७
जेंसि १३६ | तं १४८
झाम्बइ १३३ | तंबो १३१
झम्बउ १३३ | तसं ११८, १४१
झम्पसी १३३ | तुं १४८
झम्बहिइ १३३ | तक्क १२८
झाएज्ज १३३ | तप्पुरिस १२१
टसरो १४६ | तवई १२०
ट्ठबरो १४६ | तहत्ति १४१
डगरो १४६ | तहात्ति १४१
ठविद १२७, १३४ | ताव ११९, १२२
ठामइ १३३ | तामोवरो १४३
ठामउ १३३ | तासि १३६
ठामसी १३३ | तिमसोसो १४०
ठाहिइ १३३ | तिम्सं १३०
ठाएज्ज १३३ | तिग्गं १२१
ठासो १४८ | तित्थयर १२१
ठाहो १४८ | तित्थ १२६
ठाहीअ १४८ | तीसा १२८
ठोणं ११८ | तुट्टइ १४६
ठोणा १३४ | तुर्म १४८
डंभो १४५ | तुरिम १३४
डंस १४६ | तुहष्ढं १२०
डोला १४६ | तुहढं १२०
णग्गणं १२१ | तूसइ १४१
णअरं १२१ | तेइच्छा १४४
णइसोत्तो १२७ | तेत्तीस १२१
णडालं १२६ | तेसि १३६
णवेला १३१, १३९ | तोएइ ११९
णिग्धोउण १३३ | थंबो १३०
णुमज्जइ १३६ | थणो १२०, १४१

थणु १२०
थोणं १२०
थोणा १३४
थुइ १२०, १४३
थूणो १३२
थेरिअं १३७
थोअं १४३
थोसं १२०
दंड महीसो १३८
दंडाहीसो १३८
दंद १५१
दरिसइ १३३
दरिसउ १३३
दरिसिहिइ १३३
दरिसीअ १३३
दरिसेज्ज १३३
दहो १२५
दाणि १२०
दाहिणो १३२
दिअहो १२१
दिगिंछा १४४
दिगिच्छइ १४४
दिग्घु १५१
दिग्घं १२६
दिट्ठंति १४१
दीवेसु एत्थ १४०
दिसेभ १३२, १३९
दुआई १३६
दुवे'क्क १३७
दुहो १२९
दुम्मेज्झ १२७
दुमओ १२५
दुविहो १३६
दुहुसं १५२
देवउलं १२२
दोंग्ग १४५
दोसिणा १४४
दोसिणी १४४
दोहर १२६
दोहलो १३०
धण एव १४१
धणमणो १५२
धणमेव १४१
धत्ती १२९
धत्थो १३०
धम्म १२९
धीमओ १२७
धीरिअं १३७
धुत्तो १२६
नइ १४८
नइ १४७
नईउ १४७
नईओ १४७
न तप्पुरिस १५१
नमिओ १३७
नवल्लो १२९
नविरो १५०
नस्सइ १४९
नहं १२२
नाहो १४४
निउरं १३१
निहुं १२७
निसाअरो १४०
निसिअरो ११८
निसीहो १४५
निहसो १४४

नेति १४९
नेच्यं १२२
नेवेच्यं १२२
नेंति १४९
पआवई १२१
पओट्टुं १२७
पइट्टा १४६
पइट्ठाण १४५
पइण्णा १४५
पईहरं १२८
पउरिसं १३६
पँत्ति १४१
पँत्ती १४१
पुंछ ११८
पच्छा ११९
पठइ १४९
पडँसुआ ११८, १२३, १४२
पडाया १४५
पडिकरइ १४५
पडिमा १४५
पडिवआ १२२, १२८
पडिसार १२८
पडिसुदं ११८
पढन्ति १४९
पढमो १४५
पढसि १४९
पढामि १४९
पढामो १४९
पढित्था १४९
पढिस्सइ १४९
पढिस्सन्ति १४९
पढिस्ससि १४९
पढिस्सामि १४९
पढिस्सामो १४९
पढिहित्था १४९
पडुमं १३५
पत्तलं १२४
परगास १४३
परेंसि १३७
पवणुद्धमं १२०
पवणोद्धमं १२०
पहावलि प्ररुणो १३९
पहुडि १४६
पहुवी १२३
पहोलि १३३
पाअडोच १३२
पाअवीडं १२०
पाअवडणं १२०
पाउसो १२२
पागुरणं १२४, १३५
पाडिवआ १२८
पाडिसार १२८
पाणिय १३७
पाक्षितप्पुरिस १५१
पायडं १३२
पारकेरं १३२
पावडणं १२०
पावासु ११८, १३६
पावीड १२०
पिअर १३३
पिआ १३३
पिक्कं १२३
पिण्ड ११९
पिह १४१
पीअं १२७
पीआ १२७
पीण १५२
पीणत्तणं १५२
पीणिमा १५२
पीवलं १२४

पुप्फं १४३
पुरिल्लं १२४, १५२
पुरिसो १३६
पुरिसोत्ति १४१
पैऊसं १३१
पेंच्छइ १३२
पेच्छइ १२७
पेढं १३१
पेंएड ११९
पोक्खर ११९
पोक्खरिणी १४३
पोक्खरं १४३
फंदणं १४३
फंसो ११८
फणसो १४३
फरसो १४३
फलिहद्दो १४३
फलिहा १४३
फलिहो १४३,१४४
फुल्लेला १३३
बंधो ११८
बहुमुहं १२७
बहुवो १२३
बहुव्वोही १५१
बहुं १४८
बहु १४७
बहुअरं १३९
बहुत्त १४७
बहुत्तरं १३९
बहुणी १४७
भअवंदा १२१
भअवं ११९
भगिणी १४७
भज्जा १४६
भणंती १५०
भणंती १५०
भणमाणा १५०
भणमाणी १५०
भणमाणो १५०
भणिउं १५०
भणिमो १३७
भणेत्तुं १५०
भणेदुं १५०
भत्तिवतो १५२
भत्तो १२९
भई १२९
भमाया १२४
भाईरही १२१
भाणु ववज्झाओ १३८
भाणूवज्झाओ १३८
भारिआ १२६, १३७
भिउडी १३६
भिक्खत्ति १३६
भिसओ १२२
भुआयंतं १२८
भुमया १२४
मअंको १२१
मअत्तो १४२
मईयं १२७
मउअत्तयाइ १२४
मउडं १३१
मउरं १३१
मउलं १३१
मउलिदा १२१
मए १४८
मंसू ११८, १५७

मग्ग	११५	मिट्ठुणं	१४४
मज्झिम	११५	मुउलो	१२१
मउय	१४५	मुओसरो	१३८
मणसिला	१२८	मुड	११८, १४२
मणुअत्त	१४०	मुणिइग्गो	१३८
मणोसिला	१४०	मुणिईसरो	१३८
मणंसिणी	१४२	मुणोणो	१३८
मणंसिला	११८, १४२	मुहं	१४४
मणंसी	११८, १४२	मेखो	१४३
मत्तो	१४८	मेहलो	१४४
ममअद्ध	१२०	मेहो	१४४
ममम्मि	१४८	मोग्गर	११९
ममस्सि	१४८	मोल्ल	११९
ममाद्दु	१४८	रअओ	१२१
ममादो	१४८	रण्णं	१२०
ममाद्धं	१२०	रमा अहोणो	१३८
ममाहि	१४८	रमा आरामो	१३८
ममे त्ति	१३२	रमा उवचिअं	१३९
मरहट्टं	१२५	रमारामो	१३८
मल्ल	११९	रमा अहोणो	१३८
मह	१४८	रमोवचिअं	१३९
महद्धं	१२०	रमणोअरो	१४०
महुल्लं	१२४	रसाअल	१२१
महिसि	१३९	रसालो	१५२
महेसी	१३२	राअउलं	११०
मार्ल	१४८	राइण्ण	१३४
माला	१४७	राउलं	१२२
मालाउ	१४७	राउल	१२०, १२२, १४०
मालाओ	१४७	राएसी	१३३
मालोहड	१३९	रावा	१४३
मिलाणं	१३८	रामाइअरो	१३९
मिलासिअं	१२४	रामेअरो	१३९
मिरुसं	१३०	रिऊ	१२४
		रिच्छो	१२४

रिच्छू १२४
रिद्धि १२४
रिणं १२४
रिसहो १२४
रिसि १२४
रुद्दो १२९
रुसइ १४९
रोअदि १२१
लंगूलं १३०
लंछणं १४१
लग्ग १२९
लहुवी १२३
लाऊं १२०
लाउ १२०
वअणं १२१
वउलं १२१
वंकं ११८, १४२
वंदिमो १३७
विमो १४१
वक्क १२९
वक्कलं १२९
वच्छेणं १४२
वच्छेसुं १४२
वणदोसिणी १४४
वणेअइइ १४०
वणोलि १३९
वम्महो १३०, १११
वयंसो ११८
वरइ १२७
वरिअं १३७
वरिसमयं १३८
वरिसं १३८
वरिसा १३८
वरिहो १३७
वहेडओ १३१
वाआ १३२
वाउणो १४७
वाउस्स १४७
वाओलि १३३
वाणारसी १२५
वारिमइ १३९
वारीमई १३९
वासइसो १३९
वासरईसरो १३९
वासरेसरो १३९
वासेसी १३९
विअ १३९
विअण १३४
विउअ १३०
विओओ १२१
विच्छिओ ११८
विज्जं १२६
विज्जभर १४४
विज्जुलोसुंभिअं १३९
विपस्ससि १२२
विमाघल्लो १५२
विलयाईसो १३९
विलयेसो १३९
विसम आवयो १३८
विसमइओ १२३
विसमावयो १३८
वोईवहत्ता १३४
वीईविअमाण १३४
वोरिअं १२६
विलिअ १३४
वोसा १२८
वीसुं १३५

वेलुवणं १३९
वेलूवणं १३९
संपआ १२२
सक्क्षं १४१
सच्चो* १३०
सज्झाओ १२५
सत्तावीसा १२८
सद्दो १२९
सप्प १२९
समिद्धी १२८
समुद्दो १२९
सम्मं ११९, १४१
सयढं १२१
सरओ १२२
सरफसं १४३
सरिअ १२२
सरिआ १२३
सरो १२२
सव्व १२९
सव्वओ १५२
सव्वतो १५२
सव्वदो १५२
सव्वोउअ १३३
सहुय १२५
सहसच्चिअ १३६
सहसेंति १३२
साअरो १२१
सामिद्धी १२८
सालाहणो १४०
सासऊसासा १३९
सासोसासा १३९
साहुउत्सवो १३८
साहू १४४
साहूसवो १३८
सिक्खविमं १२८, १३९
सिनाखाळिणं १३९
सिलोओ १३८
सिविणो १२३
सीहू १२८
सीहरो १४४
सुहल १३८
सुउरिसो १४०
सुज्जो १२६
सुण्हा १२५
सुन्दरिअं १३७
सुवह १३४
सुहुमं १२५
सूमअं १२१
सूरिओ १२६, १३७
सूरिसो १४०
सोअमल्ल १२०
सोण्ड ११९
सोत्थि १३४
सोत्थिवाअण १३४
सोमल्ल १२०
सोरिअ १३७
सोहिल्लो १५२
हणमंतो १५२
हलिआरो १२५
हलिद्दा १३०
हत्तुअं १२५
हसिउ १५०
हसिऊण १५०
हसित्ता १५०
हसिरो १५०
हसीअइ १४९
हसीअन्ति १४९
हसीअसि १४९
हसीआमि १४९
हसीआमो १४९
हसीइत्था १४९
होवइइ १४०
होंदि १४३

प्रकाशित प्राकृतग्रन्थानुक्रमणिका

(१) अंगविज्जा—सं० मुनि पुण्यविजय, प्र० प्राकृत ग्रन्थपरिषद्, वाराणसी, सन् १९५७ ई०

(२) अंतगडदसाओ तथा अणुत्तरोववाइयदसाओ—सं० डॉ० पी० एल० वैद्य, प्र० १२ कैनोट रोड, पूना, सन् १९३२ ई० ।

(३) अनंतनाहचरियं—नेमिचन्द्र सूरि, प्र० ऋषभदेवकेशरीमल श्वेताम्बर जैन संस्था, रतलाम, सन् १९३९ ई० ।

(४) अजियसंतिथव—मुनि वीरविजय, अहमदाबाद, वि० सं० १९९२ ।

(५) अट्ठपाहुड—कुन्दकुन्दाचार्य, प्र० अनन्तकीर्ति ग्रन्थमाला समिति, बम्बई, वीरनिर्वाण संवत् २४४६ ।

(६) अनुत्तरोपपातिक—अंग्रेजी भूमिका, कथानक और शब्दकोष सहित, सं० डॉ० पी० एल० वैद्य, पूना सन् १९३२ ई० ।

(७) अनुयोगद्वारसूत्र—प्र० केसरीबाई ज्ञानमन्दिर, पाटन (गुजरात), वि० सं० १९९५ ।

(८) आक्खानमणिकोस—देवेन्द्र नेमिचन्द्र, आम्रदेवकृत टीका सहित, प्र० प्राकृत टेक्स्ट सोसाइटी, वाराणसी, सन् १९६२ ई० ।

(९) आनन्दसुन्दरी—घनश्याम, सं० डॉ० ए० एन० उपाध्ये, प्र० मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी, सन् १९५५ ई० ।

(१०) आयारांगसुत्त—हर्मन याकोबी, प्रा० टे० सो० लन्दन, सन् १८८२ ई० तथा अहमदाबाद, वि० सं० १९८० ।

(११) आरामसोहाकहा—संघतिलकाचार्य, प्र० श्रीसंघ सूरत, वि० सं० १९९७ ।

(१२) आवस्सकचुण्णि—प्र० श्वेताम्बर सभा, रतलाम, सन् १९२८ ई० ।

(१३) आवस्सकवित्ति टिप्पण—हरिभद्राचार्य, प्र० देवचन्द लालभाई, अहमदाबाद ।

(१४) इसिमंडलथोत्त—सं यशोविजय, बडौत, वि० सं० २०१२ ।

(१५) उत्तराज्झयण—सं० आर० डी० वेदकर और एन० वी० वैद्य, फर्गुसन कालेज, पूना तथा अंग्रेजी प्रस्तावना, टिप्पण आदि सहित—जार्ल चार्पेंटियर, उपसाला, सन् १९१४ ई० ।

(१६) उत्तराज्झयण (सुखबोधटीका)—सं० विजयोमंग सूरि, प्र० पुष्पचन्द्र क्षेमचन्द, बलाद (अहमदाबाद) सन् १९३७ ई० ।

(१७) उवसग्गहर – भद्रबाहु, प्र० देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार ग्रन्थमाला, बम्बई, सन् १९३३ ई० ।

(१८) उवदेसपद महाग्रन्थ—हरिभद्र सूरि, प्र० लालचन्द नन्दलाल, मुक्तिकमल जैन मोहनमाला, कोठीपोल, बडौदा, सन् १९२३-२५ ई० ।

(१९) उवदेसमाला—सं० हेमसागर सूरि, प्र० धनजी भाई देवचन्द जवेरी, ५०-५४ मीरक्षास्ट्रीट, बम्बई ३, सन् १९५८ ई० तथा ऋषभदेव केशरीमल संस्था, इन्दौर, सन् १९३६ ई० ।

(२०) उवएसरयणायर (उपदेशरत्नाकर)—मुनिसुन्दर, प्र० जैन ध०वि० प्र० वर्ग पालीताना (गुजरात), वि० सं० १९६८ ।

(२१) उवासगदसाओ—सं० एन०ए० गोरे, प्र० ओरियन्टल बुक एजेंसी, शुक्रवार, पूना—२, सन् १९५३ ई० ।

(२२) ऋषभपंचाशिका – प्र० काव्यमाला ग्रन्थांक ७, निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १८९० ई० ।

(२३) औपपातिकसूत्र - मूलपाठ और पाठान्तर सहित, एन० जी० सुरु, पूना, सन् १९३६ ई० ।

(२४) कंसवहो—रामपाणिवाद, सं० डॉ० ए० एन० उपाध्ये, प्र० हिन्दी ग्रन्थरत्नाकर कार्यालय, हीराबाग बम्बई, सन् १९४६ ई० ।

(२५) कम्मथव (कर्मस्तव-कर्मग्रन्थ –२)—हिन्दी अनुवाद सहित, आगरा सन् १९१८ ई० ।

(२६) कम्मपयडी (कर्म-प्रकृति) - शिवशर्मा, मलयगिरि और यशोविजय टीका सहित, प्र० जैनधर्म प्रचारक सभा, भावनगर ।

(२७) कम्मविपाग (कर्म-विपाक-कर्मग्रन्थ – १)—सं० श्री पं० सुखलालजी, प्र० लोहामंडी, आगरा, सन् १९३९ ई० ।

(२८) कल्पसूत्र—सं० अमोलक ऋषि, प्र० सर राजा ज्वालाप्रसाद, हैदराबाद ।

(२९) कल्पव्यवहार (निशीथसूत्र)—सं० वाल्टर शूब्रिंग, लाइपजिग तथा अहमदाबाद।

(३०) कसायपाहुड (जयधवला टीकासहित)—सं० पं० फूलचन्द्र और पं० कैलाशचन्द्र शास्त्री, प्र० दि० जैनसंघ चौरासी, मथुरा, सन् १९४४-६२ ई० ।

(३१) कसायपाहुण (सूत्र और चूर्णि)—सं० पं हीरालाल सिद्धान्तशास्त्री, प्र० वीरशासन संघ, कलकत्ता, सन् १०५५ ई० ।

(३२) कहाकोसपगरण (कथाकोषप्रकरण)—जिनेश्वर सूरि, सं० मुनि जिनविजय ; प्र० सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्याभवन, बम्बई, सन् १९४९ ई० ।

(३३) कहामहोदधि—सोमचन्द्र, कर्पूर प्रकरण सहित, हो० हं० जामनगर, सन् १९१६ ई० ।

(३४) कप्पूरमंजरी—राजशेखर, सं० मनमोहन घोष, प्र० यूनिवर्सिटी ऑफ कलकत्ता, सन् १९३९ ई० तथा स्टेन कोनो का संस्करण, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, कैम्ब्रिज, सन् १९०१ ई० ।

(३५) कहारयणकोस—देवभद्र, स० मुनि पुण्यविजय, प्र० आत्मानन्द सभा भावनगर, सन् १९४४ ई० ।

(३६) कालकाचार्यकथा—प्रो० एन० डब्ल्यू ब्राउन कृत स्टोरी ऑफ कालक के अन्तर्गत, वाशिंगटन ; सन् १९३३ ई० ।

(३७) कुन्दकुन्द प्राभृत संग्रह—स० पं० कैलाशचन्द्र शास्त्री, प्र० जीवराज जैन ग्रन्थमाला, सोलापुर, सन् १९६० ई० ।

(३८) कुमारपालचरित—हेमचन्द्र, सं० डॉ० पी० एल० वैद्य, भाण्डारकर ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, पूना सन् १९३६ ई० ।

(३९) कुमारपालप्रतिबोध—सोमप्रभाचार्य, स० मुनि जिनविजय, प्र० गायकवाड़ ओरियन्टल सीरीज, बड़ौदा, सन् १९२० ई० ।

(४०) कुम्मापुत्तचरियं—अनन्तहंस, सं० और प्र० प्रो० के० वी० अभ्यंकर, गुजरात कालेज, अहमदाबाद, सन् १९३३ ई० ।

(४१) कुवलयमाला—उद्योतन सूरि, सं० डॉ० ए० एन० उपाध्ये, प्र० सिंघी जैनग्रन्थ माला, भारतीय विद्या भवन, बम्बई, वि० सं० २०१९ ।

(४२) गउडवहो—हरिपाल टीका सहित, स० शंकर पाण्डुरंग, प्र० भाण्डारकर ओरियन्टल इन्स्टीच्यूट, पूना, सन् १९२७ ई० ।

(४३) गाहासत्तसई—कवि हाल, गंगाधर भट्ट टीका सहित, काव्यमालाग्रन्थांक २१, निर्णयसागर प्रेस, बम्बई ।

(४४) गोम्मटसार (जीवकाण्ड और कर्मकाण्ड)—आचार्य नेमिचन्द्र, सं० जे० एल० जैनी, प्र० सेक्रेड बुक्स ऑफ जैन्स, आरा, ग्रन्थ ५, ६, ७ तथा हिन्दी अनुवाद सहित, रामचन्द्रशास्त्रमाला, बम्बई, सन् १९२७-२८ ई० ।

(४५) चंदप्पहचरियं—जिनेश्वर सूरि, प्र० महावीर ग्रन्थमाला, वि० सं० १९९२।

(४६) चंदलेहा—रुद्रदास, स० डॉ० ए० एन० उपाध्ये, प्र० भारतीय विद्याभवन, बम्बई, सन् १९४५ ई०।

(४७)* चउप्पन्न महापुरिसचरियं—शीलंकाचार्य, सं० अमृतलाल मोहनलाल भोजक, प्र० प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी, सन् १९६१ ई०।

(४८) छक्खंडागम (धवलाटीका सहित)—भाग १-१६—सं० डॉ० हीरालाल जैन, प्र० जैन-साहित्योद्धारक-फंड-कार्यालय, अमरावती (बरार)। सन् १९३९-१९५९ ई०।

(४९) जंबुचरियं—गुणपाल, सं० मुनि जिनविजय, प्र० सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्याभवन, बम्बई, वि० सं० २०१५।

(५०) जंबुद्दीवपण्णत्ति—पद्मनन्दि, प्र० जीवराज ग्रन्थमाला, शोलापुर, सन् १९५८ ई०।

(५१) जयन्तीचरित—स० आचार्य विजयकुमुद सूरि, प्र० मणिविजय ग्रन्थमाला मु० लींच (महेसाणा), वि० स० २००६।

(५२) जिनदत्ताख्यानद्वय—सुमति सूरि तथा अज्ञात विद्वान्, स० पं० अमृतलाल मोहनलाल भोजक, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्याभवन, बम्बई, वि० सं० २००९।

(५३) जीतकल्पसूत्र—सं० पुण्यविजय, अहमदाबाद, वि० स० १९९४।

(५४) जीवाभिगम—प्र० रायधनपति सिंह बहादुर, अहमदाबाद, सन् १९३९ ई०।

(५५) जोइसकरंडग—ऋषभदेव केशरीमल संस्था, रतलाम, सन् १९२८ ई०।

(५६) तिलोयपण्णत्ति—यतिवृषभ, प्र० जीवराज जैन ग्रन्थमाला, सोलापुर, सन् १९४३, १९५२ ई०।

(५७) तिलोयसार—नेमिचन्द्र, माधवचन्द्रकृत संस्कृत टीका सहित, प्र० माणिकचंद दि० जैन ग्रन्थमाला, बम्बई, वीरनिर्वाण संवत् २४४४।

(५८) दशवैकालिकसूत्र (हारिभद्रवृत्ति)—सं० और प्र० मनसुखलाल महावीर प्रिंटिंग वर्क्स, बम्बई।

(५९) देसीनाममाला—हेमचन्द्र, स० पिशल, प्र० भाण्डारकर ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टीच्यूट, पूना।

(६०) धर्मोपदेशमालाविवरण—जयसिंह सूरि, सं० मुनि जिनविजय, प्र० सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्याभवन, बम्बई, वि० स० २००५।

(६१) धूर्ताख्यान—हरिभद्र सूरि, सं० डॉ० एन० उपाध्ये, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्याभवन, बम्बई, सन् १९४४ ई०।

(६२) नन्दिसूत्र—अनु० हस्तिमल्ल मुनि, प्र० रायबहादुर मोतीलालजी मूथा, सतारा, सन् १९४२ ई०।

(६३) नन्दीसूत्र (मलयगिरि टीका सहित)—प्र० आगमोदय समिति, ४२६ जवेरी बाजार, बम्बई, सन् १९२४ ई०।

(६४) नन्दीसूत्रस्य चूर्णिः—हारिभद्रीया वृत्ति, प्र० श्वेताम्बर सभा, रतलाम।

(६५) नरविक्रमचरित—गुणचन्द्रसूरि, प्र० झवेरी अजितकुमार नन्दलाल राजनगर, वि० सं० २००८।

(६६) नाणपंचमीकहा—महेश्वर सूरि, स० डॉ० अमृतलाल रूवचंद गोपाणी, प्र० सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्याभवन, बम्बई, सन् १९४९ ई०।

(६७) नायाधम्मकहाओ—सं० और प्र० एन०वी० वैद्य, फर्गुसन कालेज, पूना—४, सन् १९४० ई०।

(६८) नियमसार—कुन्दकुन्दाचार्य, उग्रसेनकृत अंग्रेजी अनुवाद सहित, अजिताश्रम, लखनऊ, सन् १९३१ ई०।

(६९) निरयावलिओ (अन्तिम पाँच उपांग)—सं० पी० एल० वैद्य, पूना, सन् १९३२ ई०।

(७०) निशीथचूर्णि—प्र० आगमोदय समिति, बम्बई।

(७१) पंचसंग्रह (चन्द्रर्षि) स्वोपज्ञवृत्ति—प्र० आगमोदय समिति, बम्बई, १९२७ ई० और मलयगिरि टीका सहित, जामनगर, वि० सं० १९७७।

(७२) पंचसंग्रह (प्राकृत वृत्ति और संस्कृत टीका)—प्र० भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, सन् १९६० ई०।

(७३) पंचात्थिकाय—कुन्दकुन्दाचार्य, प्रो० चक्रवर्तीकृत अंग्रेजी अनुवाद सहित, जैनपब्लिसिंग हाउस, आरा, १९२० ई० तथा हिन्दी अनुवाद सहित रामचन्द्र शास्त्रमाला, बम्बई १९०४ ई०।

(७४) पंचवस्तुक—हरिभद्र, प्र० देवचन्द लालभाई पुस्तकोद्धारफंड ग्रन्थमाला, सन् १९२७ ई०।

(७५) पंचसूत्र—लब्धि सूरिश्वरग्रन्थमाला, सन् १९३९ ई०।

(७६) पंडिअ धणवालकहा—संघतिलकसूरि, प्र० श्रीसंघ सूरत, वि० सं० १९९७।

(७७) पउमचरियं—विमलसूरि, प्र० जैनधर्म प्रसारक सभा, भावनगर, सन् १९१४ ।

(७८) पवयणसार—कुन्दकुन्दाचार्य (अमृतचन्द्र और जयसेन संस्कृत टीका सहित)— सं० आ० एन० उपाध्ये, रायचन्द्र शास्त्रमाला, बम्बई, सन् १९३५ ई० ।

(७९) पाइअकहासंगहो—पद्मचन्द्रसूरि के शिष्य, प्र० विजयदान सूरीश्वर ग्रन्थमाला गोपीपुरा, सूरत, सन् १९५२ ई० ।

(८०) पाइअ-लच्छी नाममाला—धनपाल, सं० और प्र० [illegible] जैन, २३१, अब्दुल रहमान स्ट्रीट, बम्बई-३ ।

(८१) पासनाहचरियं—गुणचन्द्र, प्र० अहमदाबाद, सन् १९४५ ई० ।

(८२) प्राकृत पैंगलम्—सं० डॉ० भोलाशंकर व्यास, प्र० प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी तथा द एशियाटिक सोसाइटी ऑव बङ्गाल, कलकत्ता, सन् १९०२ ई० ।

(८३) बंभदत्तचरियं—प्र० गुजरात ग्रंथमाला कार्यालय, गांधीरोड, अहमदाबाद, सन् १९३७ ई० ।

(८४) बंधसामित्त (बन्धस्वामित्व-कर्मग्रंथ ३)—हिन्दी अनुवाद सहित, आगरा, सन् १९२७ ई० ।

(८५) बृहत्कल्पभाष्य – श्वेताम्बर सभा, रतलाम ।

(८६) बृहत्क्षेत्रसमास—जिनभद्र, प्र. जैनधर्मप्रसारकसभा, भावनगर, वि स. १९७७ ।

(८७) भगवती आराधना—शिवार्य प्र. अनंतकीर्ति ग्रंथमाला, बंबई, वि० सं १९८९ ।

(८८) भगवतीसूत्रशतक १-२०—प्र० मदनकुमार महता, कलकत्ता, वि० सं० २०११ यह ग्रंथ अभयदेव की टीकासहित आगमोदय समिति बम्बई द्वारा सन् १९२१ ई० में प्रकाशित है और पं० बेचरदास तथा पं० भगवानदास के गुजराती अनुवाद सहित सं० १९७९-१९८८ मे चार भागों मे प्रकाशित है ।

(८९) भवभावना—म० हेमचन्द्र, सं० ऋषभदेव, प्र० जैन श्वेताम्बर संस्था, रतलाम, वि० सं० १९९२ ।

(९०) महाबन्ध १-७—हिन्दी अनुवाद सहित, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, १९४७-५८ ।

(९१) महावीरचरियं—गुणचन्द्र, प्र० देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धारक संस्था, जवेरीबाजार, सन् १९२९ ई० ।

(९२) महावीरचरियं—नेमिचन्द्र सूरि, सं० मुनि चतुरविजय, प्र० आत्मानन्द सभा, भावनगर, वि० सं० १९७३ ।

(९३) महिवालकहा—वीरदेवगणि, सं० हीरालाल प्र० पोपटलाल, सिहोर, वि० सं० १९९८ ।

(९४) मूलाचार—वट्टकेर, प्र० मा० दि० जैन ग्रंथमाला, बम्बई, वि० सं० १९७७, १९८०।

(९५) यतिलक्षण—यशोविजय, प्र० जैनधर्म प्रसारक सभा, भावनगर, वि सं. १९६५।

(९६) रंभामंजरी—नयचन्द्र, सं० डॉ० पीटर्सन और रामचन्द्र दीनानाथ, निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १८८९ ई०।

(९७) रयणचूडरायचरियं—नेमिचन्द्र सूरि, सं० आचार्य विजयकुमुद सूरि, प्र० मणिविजय गणिवर ग्रन्थमाला, सन् १९४२ ई०।

(९८) रयणसेहरनिवकहा—जिनहर्ष सूरि, स० हरगोविन्ददास, प्र० जैन विविध शास्त्र माला, बनारस, सन् १९१८ ई०।

(९९) रायपसेणिय—सं० एन० वी० वैद्य, प्र० खादयात बुकडिपो, गांधीरोड, अहमदाबाद, सन् १९३८ ई०।

(१००) लघुक्षेत्रसमास—रत्नशेखर, प्र मुक्तिकमल जैन मोहनमाला, बड़ौदा, १९३४।

(१०१) लीलावई—कौतूहल, सं० डॉ० ए० एन० उपाध्ये, प्र० सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्या भवन, बम्बई।

(१०२) वड्ढमाणदेसना—शुभवर्द्धन, प्र० जैन धर्म प्रसारक सभा, भावनगर।

(१०३) वसुदेवहिण्डी—संघदास गणि, सं० मुनि चतुरविजय पुण्यविजय, प्र० आत्मानन्द सभा, भावनगर।

(१०४) वसुदेवहिण्डीसार—स० वीरचन्द प्रभुदास, प्र० हेमचन्द सभा, पाटन, सन् १९१७ ई०।

(१०५) वसुनन्दिश्रावकाचार—वसुनन्दि, सं० पं० हीरालाल सिद्धान्तशास्त्री, प्र० भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, सन् १९५२ ई०।

(१०६) वज्जालग्गं—सं० और प्र० प्रो० जुलियसलेबर, कलकत्ता, सन् १९१४, २१, ४४।

(१०७) विचारसार—प्रद्युम्नसूरि, प्र० आगमोदय समिति, सूरत, सन् १९२३ ई०।

(१०८) विधिमार्गप्रपा—जिनप्रभ सूरि, सं० मुनि जिनविजय, प्र० निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, सन् १९४१ ई०।

(१०९) विपाकश्रुतम्—स० मुनि ज्ञानचन्दजी महाराज, प्र० जैन शास्त्रमाला कार्यालय, जैन स्थानक, लुधियाना (पंजाब)।

(११०) विवेयमंजरी—आषाढ, बालचन्द्र-टीका, प्र० विविध साहित्यशास्त्र माला, बनारस, वि० सं० १९७५।

(१११) व्यवहारभाष्य—प्र० आगमोदय समिति, बम्बई।

(११२) शतक (कर्मग्रन्थ –६)—सं० प० कैलाशचन्द्र शास्त्री, प्र० लोहामण्डी, आगरा, सन् १९४२ ई०।

(११३) श्रीकृष्णचरितम्– देवेन्द्र सूरि, प्र० ऋषभदेव केशरीमल श्वेताम्बर, रतलाम (मालवा), सन् १९३८ ई०।

(११४) षडशीति (कर्मग्रन्थ—४)—हिन्दी अनुवाद सहित, प्र० लोहामण्डी, आगरा, सन् १९२७ ई०।

(११५) समयसार—कुन्दकुन्द, स० प्रो० चक्रवर्ती, प्र० भारतीय ज्ञानपीठ काशी, सन् १९५० ई०।

(११६) समराइच्चकहा—हरिभद्र सूरि, स० डॉ० हर्मन याकोबी, प्र० बंगाल एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता, सन् १९२६ ई०।

(११७) समाचारी—तिलकाचार्य, प्र० डाह्याभाई मोकमचंद, अहमदाबाद, वि० सं० १९९०।

(११८) सवाय-पण्णत्ति—हरिभद्र, प्र० ज्ञान प्रसारक मण्डल, बम्बई, वि० सं० १९६१।

(११९) सिद्धपाहुड—प्र० आत्मनन्द जैन सभा, भावनगर, सन् १९२१ ई०

(१२०) सिरिपासनाहचरियं—गुणचन्द्र, स० आचार्य विजयकुमुद सूरि, प्र० मणिविजय गणिवर ग्रन्थमाला, मु० लीच, अहमदाबाद, सन् १९४५।

(१२१) सिरिविजयचद केवलीचरियं—चन्द्रप्रभ महत्तरि, प्र० केशवलाल प्रेमचन्द केसारा, खंभात वाया आनन्द, वि० सं० २००७।

(१२२) सिरि सिरिवालकहा—रत्नशेखर सूरि, प्र० देवचन्द्रलाल भाई, जैन पुस्तकोद्धारक ग्रन्थमाला, भावनगर, सन् १९२३ ई०।

(१२३) सीलोवदेसमाला—जयकीर्ति, प्र० हीरालाल हंसराज, जामनगर, सन् १९०९ ई०।

(१२४) सुदसणाचरियं—देवेन्द्र, प्र० आत्मवल्लभ ग्रन्थमाला वळाद (अहमदाबाद), सन् १९३२ ई०।

(१२५) सुपासनाहचरियं—लक्ष्मण गणि, सं० हरगोविन्ददास, प्र० जैन विविध शास्त्रमाला, वाराणसी, वीर निर्वाण संवत् २४४५।

(१२६) सुरसुन्दरीचरियं—धनेश्वर सूरि, सं० हरगोविन्ददास, प्र० जैन विविध शास्त्रमाला, वाराणसी, वि० सं० १९३२।

(१२७) सूत्रकृतांग (निर्युक्ति सहित)—सं० डॉ० पी० एल० वैद्य, पूना, सन् १९२८ ई०।

(१२८) सूत्रकृतांग चूर्णि—प्र० ऋषभदेव केशरीमल श्वेताम्बर संस्था, (रतलाम) १९४१ ई०।

(१२९) सेतुबंध—प्रवरसेन, प्र० निर्णयसागर प्रेस, काव्यमाल ग्रन्थांक ४७, बम्बई।

(१३०) संखित्ततरंगवई (तरंगलोला)—नेमिचन्द्र प्र० जीवन भाई छोटा भाई झवेरी, अहमदाबाद, वि० सं० २०००।

(१३१) संवेगरंगशाला—जिनचन्द्र, निर्णयसागर, बम्बई, सन् १९२४ ई०।